
ग्रंथश्रीना
विजयशंकर.
भावनगरके दिवाणसाहेब
गौरीशंकर उदेशंकर.
श्रीमत्स्वामी
चिद्घनानन्दगिरिजी
श्रीमत्स्वामी गोविंदानंदगिरिजी

सूचना.

समस्त विद्वानोंको विदित है कि कैलासवासी परमहंसपरिव्राजकाचार्य स्वामी श्रीचिद्धनानंदगिरिजी महाराज अपने समस्तग्रंथोंका सदासर्वदा छापनेका सर्वाधिकार हमको प्रदान करगयेहैं; तभीसे हम इस ग्रंथके सिवाय भगवद्गीता, तत्त्वानुसंधान, न्यायप्रकाश आदि ग्रंथ भी प्रकाशित करके विद्वानोंके दृष्टिगोचर करचुके हैं। परंतु, कईवर्ष हुये कि स्वार्थवश, बम्बईके हरिप्रसादभागीरथजीने यह ग्रंथ निर्णयसागरप्रेसमें छपा डाला परन्तु प्रकाशित नहीं करसके-और स्वामीजीके सचेत करनेसे और हमारा पूर्णाधिकार माननेसे ये रुके। और महाराजके कैलासवास होनेके पश्चात् भी जब महाराजके स्थानापन्न परमहंसपरिव्राजकाचार्य स्वामी श्रीगोविंदानंदगिरिजीसे छापनेका अधिकार अन्योंने माँगा, तब साफ साफ नटकर उक्त स्वामीजीने हमाराही छापनेका अधिकार कायम रक्खा। तबसे संवत् १९५५ अर्थात् १६ वर्षसे ये छपे फार्म पडेही रहे, अब सहयोगीसे हमने ये छपे फार्म लेकर अपने स्वत्वसे यह चतुर्थावृत्ति प्रकाशित करीहै। अब साथही सर्वसाधारणको इस सूचनाद्वारा विदित भी कियेदेतेहैं कि भविष्यमें; कोई स्वामीजीके किसीग्रंथके छापनेका विचार करके सहयोगीकी भांति हानिमें न पडे ॥

आपका कृपाकांक्षी-

खेमराज श्रीकृष्णदास,

मालिक-श्रीवेङ्कटेश्वर स्टीम् प्रेस-बंबई.

आत्मपुराणग्रंथके अध्यायोंकीतथाउपनिषदोंकी तथासंवादोंकी अनुक्रमणिका ।

अध्याय	वेदसहितउपनिषद्.	ऋषियोंकासंवाद.
१	ऋग्वेदका ऐतरेयउपनिषदर्थवर्णन.	सनकादिकमुनियोंका वामदेवादिप्रजाकेप्रति उपदेश.
२	ऋग्वेदका कौषीतकीउपनिषदर्थवर्णन.	देवराजइंद्रका प्रतर्दनराजाकेप्रति उपदेश.
३	ऋग्वेदका कौषीतकीउपनिषदर्थवर्णन.	राजाअजातशत्रुका बालाकिब्राह्मणकेप्रति उपदेश.
४	यजुर्वेदका बृहदारण्यकउपनिषदर्थवर्णन.	दध्यङ्ऋषिका इंद्र तथाअश्विनीकुमारोंकेप्रति उपदेश.
५	यजुर्वेदका बृहदारण्यकउपनिषदर्थवर्णन.	याज्ञवल्क्यमुनिका आश्वलायनादिब्राह्मणोंकेसाथसंवाद.
६	यजुर्वेदका बृहदारण्यकउपनिषदर्थवर्णन.	याज्ञवल्क्यमुनिका जनकराजाकेप्रति उपदेश.
७	यजुर्वेदका बृहदारण्यकउपनिषदर्थवर्णन.	याज्ञवल्क्यमुनिका मैत्रेयीस्त्रीकेप्रति उपदेश.
८	यजुर्वेदका श्वेताश्वतरउपनिषदर्थवर्णन.	श्वेताश्वतरऋषिका संन्यासियोंकेप्रति उपदेश.
९	यजुर्वेदका कठवल्लीउपनिषदर्थवर्णन.	यमराजाकानचिकेताकेप्रति उपदेश.
१०	यजुर्वेदका तैत्तिरीय नारायणीयउपनिषदर्थवर्णन.	वरुणऋषिका भृगुपुत्रकेप्रति उपदेश.
११	जाबालादिकएकादशउपनिषदर्थवर्णन.	वैराग्यादिसाधनोंसहित परमहंससंन्यासकानिरूपण.
१२	सामवेदका छांदोग्यउपनिषदर्थवर्णन.	उद्दालकऋषिका श्वेतकेतुपुत्रकेप्रति उपदेश.
१३	सामवेदका छांदोग्यउपनिषदर्थवर्णन.	सनत्कुमारभगवान्का नारदमुनिकेप्रति उपदेश.

१४	सामवेदका छांदोग्यउपनिषदर्थवर्णन.	प्रजापतिका इंद्रकेप्रति तथाविरोचनकेप्रति उपदेश.
१५	सामवेदका केनउपनिषदर्थवर्णन.	ब्रह्मविद्यारूपउमादेवीका देवतावोंकेप्रति उपदेश.
१६	अथर्वणवेदका मुंडकउपनिषदर्थवर्णन.	अंगिरामुनिका शौनकऋषिकेप्रति उपदेश.
१७	अथर्वणवेदका प्रश्नउपनिषदर्थवर्णन.	पिप्पलादमुनिका सुकेशादिकषट्ऋषियोंकेप्रति उपदेश.
१८	अथर्वणकानृसिंहतापिनीयईशावास्य उपनिषदर्थवर्णन.	प्रजापतिका देवतावोंकेप्रति उपदेश.

इत्यनुक्रमणिका समाप्ता ।

क्रय्य पुस्तकें (वेदान्तग्रंथ)

नाम.	की. रु. आ.
अनुभवप्रकाश—(वेदांत) योगेश्वर श्री १०८ बनानाथजी कृत मारवाडी भाषा। इसमें-गुरुकी महिमा, योगीकी प्रशंसादि आसावरी, सोरठ, वसन्त, गूजरी आदि ... अनेक रागोंमें वर्णन किया है.	०—८
अभिलाखसागर—भाषामें स्वामी अभिलाखदास उदासी कृत। इसमें-वन्दनविचार, ग्रन्थविचार, मार्गविचार, भजनविचार, जडब्रह्मविचार, चैतन्यब्रह्मविचार, निराकारब्रह्मविचार, मिथ्याब्रह्मविचार, अहंब्रह्मविचार, ब्रह्मविचार, वर्तमान ब्रह्मविचारादि विषय अच्छीरीतिसे वर्णितहैं...	१—८
अमृतधारा—वेदान्त भाषाछन्दोंमें भगवानदास निरंजनीकृत-वेदान्तकी प्रक्रिया छन्दोंमें लिखीगई है.	०—१०
आनन्दामृतवर्षिणी—आनन्दगिरिस्वामिकृत-गीताके कठिनशब्दोंका प्रतिपादन अर्थात् यह वेदान्तका मूल है. ...	०—१२
एकादशस्कन्ध—भाषामें चतुरदासजी कृत भागवतके एकादशस्कन्धकी वेदान्त समय कथा सुगम रीतिसे वर्णितहै.	०—१२
तत्त्वानुसन्धान—भाषामें स्वामी चिद्घनानन्दकृत अर्थात् "अद्वैतचिन्ताकौस्तुभ" यह ग्रन्थ आदिसे अन्ततक देखनेसे भलीप्रकार वेदान्तके छोटे बडे ग्रन्थ आपही आप विचार सक्ते हैं	२—०
दशोपनिषद्—भाषामें। स्वामी अच्युतानन्दगिरिकृत दशोपनिषद्का सरलभाषामें मूल २ का उल्था कियागयाहै, मुमुक्षुओंको पढनेसे शीघ्र अध्यात्म बोध होताहै. ...	२—०
पक्षपातरहित अनुभवप्रकाश (कामलीवाले बाबाजी कृत) इसमें चारवेद, षट्शास्त्रोंका सार औ अठारहों पुराणोंकी कथा आदिका अध्यात्म, विषयपर अर्थ लिखागयाहै। आत्मज्ञानियोंको अत्यन्त दुर्लभहै.	२—८

पुस्तक मिलनेका पता—

मालिक—खेमराज श्रीकृष्णदास, "श्रीवेङ्कटेश्वर" स्टीम् प्रेस, बम्बई.

श्रीमान्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीस्वामीचिद्घनानन्दगिरिजीका जीवनचरित्र ।

श्रीमन्निखिलगुणगणालंकृतविद्वद्गण शिरोवतंस श्रीमत्परमहंस परिव्राजकाचार्य पूज्यपाद श्रीमत्स्वामि चिद्घनानन्दगिरिजी महाशय महोदयका जन्म किस संवत् में और कहांपर हुआ था इस बातका कुछ पता नहीं मिलता । हां इतना अवश्य मालूम हुआहै कि, इनका शरीर सिंधुदेशका था । यह बातभी स्वामीजी महाराजके मुखसे विदित नहीं हुई किंतु उस देशके रहनेवालोंके कहनेसे जाननेमें आई है । इन्होंने प्रथम ब्रह्मचर्यावस्थामें हरिद्वारके निकट 'कनखल' तीर्थमें कुछ काल पर्यंत व्याकरणादि ग्रंथोंका अभ्यास किया । फिर श्रीकाशीपुरीमें आकर "न्याय वेदान्त" शास्त्रादिकोंको पढ कितनेही समयतक अधिकारी छात्रोंको पढाया । तदनन्तर मानुषानन्दसे लेकर हिरण्यगर्भ लोक पर्यंतके विषयसुखको विषवत् परित्याग कर अर्थात् इस असार संसारको छोडकर परमपूज्य ब्रह्मविद्वरिष्ठ श्री १०८ श्रीमत्परमहंस परिव्राजकाचार्य श्रीस्वामी उद्धवानंदगिरिजी महाशयके चरणकमल में प्राप्त होकर संन्यास आश्रमको धारण किया और कितनेही काल पर्यंत स्वस्वरूपावस्थान रूप निर्विकल्पक समाधिमें स्थित रहे अर्थात् इनकी चित्तवृत्ति स्वस्वरूपसे उत्थान भावको प्राप्त नहीं होतीथी । फिर संसारके दुःखरूपी सूर्यसे संतप्त प्राणियोंके पुण्यपुंजकी प्रेरणासे श्रीस्वामीजी महाराजके मनमें रामेश्वरादि देवदर्शन करनेके लिये कुछ काल पर्यंत पर्यटन करनेकी इच्छा हुई । तदनुसार वह श्रीकाशीपुरीसे प्रस्थान कर गौतमीतटको और फिर गोदावरी तीर्थको गये । पश्चात् शनैः २ अन्यान्य तीर्थोंकी यात्रा करते हुए श्रीरामेश्वर क्षेत्रको गये । वहांपर श्रीरामेश्वरजी और सेतुका दर्शनकर श्रीद्वारिकापुरीकी यात्रा करते हुए काठियावाडके अंतर्गत भावनगर राजधानीमें पहुंचे । वहांके दीवान श्रीगौरीशंकरजी और विजयशंकरजी नागर जो अपने अनेक जन्मोंके उपार्जित पुण्योंके प्रभावसे बडे शुद्धान्तःकरण विवेकादि साधन सम्पन्न और परम प्रीतिमान् थे स्वामीजी महाराजका आगमन सुनकर बहुत प्रसन्न हुए और हाथ जोडकर इनकी शरण आये । इन्होंने स्वामीजी महाराजसे प्रार्थना की कि, महाराज हमलोग अनादि कालसे वारंवार इस जन्ममरणादि महादुःखरूपी संसारसागर में निमग्न होरहे हैं । इस कारण जिस वस्तुको पानेसे यह प्राणी जन्म मरणादिके खेदसमुद्रको तर जाते हैं उसीका कृपया हमको उपदेश दीजिये । परम श्रद्धालु गौरीशंकरजी प्रभृति अधिकारियोंका ऐसा वचन सुनकर

परम करुणानिधि श्रीस्वामीजी महाराजने उनको उपनिषद्रत्नालय रूप आत्मपुराण श्रीमद्भगवद्गीता और तत्त्वानुसंधान, तथा शारीरक भाष्यादि ब्रह्मविद्याप्रतिपादक ग्रंथोंका श्रवण कराया। इनके सुननेसे ये अधिकारीवर्य प्राप्तव्य वस्तुको प्राप्तकर परम कृतार्थ भावको पहुंच गये। इन्होंने विनय किया कि "भगवन्! इस जगत्में मंदमतिवाले मुमुक्षु बहुत हैं जिनकी संस्कृत ग्रंथके श्रवणादिमें प्रवृत्ति नहीं हो सकती उन लोगोंके लिये आत्मपुराण गीता और तत्त्वानुसंधानादि ग्रंथोंकी प्राकृत भाषामें व्याख्या कर देवें तो अति उत्तम कार्य हो, क्योंकि इन ग्रंथोंके मनन करनेसे बहुतेरे मुमुक्षु जन परमकल्याणको प्राप्त होंगे और आप महानुभावोंका शरीर केवल जिज्ञासुजनोंके हितार्थही उत्पन्न हुआ है।" उक्त अधिकारियोंकी प्रार्थना सुनकर परम कृपालु श्रीस्वामीजी महाराजने भावनगरमें १२ वर्ष पर्यंत स्थित होकर "आत्मपुराण, गीता, तत्त्वानुसंधान और न्यायप्रकाश" इन चार ग्रंथोंकी हिन्दीभाषामें व्याख्या की। पश्चात् काशीजीमें पधारकर मोहल्ला टेढीनींबमें परम पूज्य श्रीमत्स्वामी उद्धवानन्दजीकी धर्मशालामें निवास किया। यहांपर श्रीस्वामीजी महाराजका ११ वर्षतक विराजना रहा और संवत् १९५४ की कार्तिक शुक्ला १ को अनुमान ६५ वर्षके वयमें यह स्थूल शरीरादि उपाधिका परित्याग कर निर्विशेष स्वस्वरूपको प्राप्त हुए। अब इन महाराजके स्थानमें इनके शिष्य मंडलीश श्रीमत्परमहंस परिव्राजकाचार्य श्रीस्वामी गोविन्दानन्दजी महाराज विद्यमानहैं

प्रकाशक--खेमराज श्रीकृष्णदास "श्रीवेङ्कटेश्वर" स्टीम्-मुद्रणालयाध्यक्ष--मुम्बई.

अब या प्राकृतआत्मपुराणग्रंथके उत्पत्तिका देश तथा निमित्त वर्णनकरेहैं ।

गुजरातदेशविषे समुद्रकेतीरऊपर एक "भावनगर" नामाशहरहै ॥ ताभावनगरशहरविषे नागरब्राह्मणजातिकरिकैयुक्त देसाईगुलाबराइके पुत्र देसाईविजयशंकर रहैहैं ॥ सोविजयशंकर पूर्वलेपुण्यकर्मकेवशतैं यासंसारके व्यवहारतैं उपरामहोइकै केवलवेदांतशास्त्रकेश्रवणविषे तथा विचारविषे तत्परहोताभया ॥ तथा ऋग्वेदादिकोंकेऐतरेयादिकउपनिषदोंका निरंतरपाठकरताभया ॥ ताविजयशंकरनैं एकबार संस्कृत आत्मपुराणकाश्रवणकऱ्या ॥ ताआत्मपुराणविषे सर्वउपनिषदोंकेअर्थकूंश्रवणकरिकै ताकूं या प्रकारकीमनविषेइच्छाउत्पन्नहोतीभई ॥ जोयह आत्मपुराणग्रंथहीं हमारेकूं तथा सर्वमुमुक्षुजनोंकूं सर्वदा विचारकरणेयोग्यहै ॥ परंतु व्याकरणादिकसाधनोंतैंविनासंस्कृतग्रंथविषेप्रवृत्तिहोणी अत्यंतकठिनहै ॥ तथा वृद्धअवस्थाविषे व्याकरणादिकोंकापठनकरणाभी योग्यनहीं है ॥ यातैं यह आत्मपुराणग्रंथ जोकदाचित् भाषाविषेहोवै तौ हमारेकूं तथा सर्वमुमुक्षुजनोंकूं विचारणेविषेआवै ॥ ऐसीशुभइच्छाकरतेहुए दैवयोगतैं श्रीस्वामीचिद्घनानंदगिरिजी तीर्थयात्राकेनिमित्त श्रीकाशीजीतैंनिकसिकै श्रीरामेश्वरादिकतीर्थयात्राकरिकै श्रीद्वारकानाथकेदर्शनकरणेवासतैं ताभावनगरविषेआवतेभये ॥ तास्वामीचिद्घनानंदगिरिकेसमीप दर्शन करणेवासतै सोविजयशंकर जाताभया ॥ तथाकोईआत्मविचारकाप्रसंगचलावतभया ॥ तास्वामीकीब्रह्मविद्याविषे निष्ठादेखिकैएकदिनविषे किसीप्रसंगपाइकै याप्रकारकीप्रार्थनाकरताभया ॥ हेस्वामिन् हमसर्वमुमुक्षुजनोंकेहितवासतैं आप कृपाकरिकै या संस्कृत आत्मपुराणकेप्राकृतकरणेकापरिमश्रम अंगीकारकरौ ॥ ताकेप्रार्थनाकूंअंगीकारकरिकै सोस्वामीजी ताविजयशंकरके विश्वनाथमहादेवकेमंदिरविषेनिवासकरिकै ता आत्मपुराणके भाषाकरणेकाआरंभकरतेभये ॥ संवत् १९३१ शके १७९६ वैशाखसुदी ६ रविवाकूंआरंभ कऱ्या ॥ संवत् १९३४ शके १७९९ कार्तिकशुदी ११ शुक्रवारकूंसमाप्तभया ॥ ताभाषाआत्मपुराणग्रंथकी सर्वत्रप्रवृत्तिकरणेवासतैं श्रीस्वामीजीकीआज्ञातैं देसाई विजयशंकरनैं प्रथमवार प्रसिद्धकऱ्याथा ॥ उसीको अब तीसरीबार श्रीमत्परमहंस परिव्राजकाचार्य्य श्रीमत्स्वामी चिद्घनानंद गिरिजीने शुद्ध करके ग्रंथ तथा छापनेकी आज्ञादीनी सो श्रीमहाराजकी अज्ञासे हमने छापके प्रसिद्ध कऱ्याहै ॥

उक्तस्वामीजी महाराजने अपने बनाये आत्मपुराण भाषा तथा श्रीमद्भगवद्गीता गूढार्थ दीपिका भाषाटीका, तथा तत्त्वानुसन्धान और न्यायप्रकाश आदिग्रन्थ सदाके लिये सर्वाधिकार "श्रीवेङ्कटेश्वर" स्टीम्-यंत्रालयकोही प्रदान कर चुकेहैं। इस कारण कोई महाशय उक्त ग्रंथोंके छापनेका इरादा न करें कि, लाभकी आशासे इन्हीं महाराजके गीता छापनेवाले लोभियों की भांति हानि उठावें।

मुमुक्षुजनोंका कृपाकांक्षी-

क्षेमराज श्रीकृष्णदास, "श्रीवेङ्कटेश्वर" स्टीम्-यन्त्रालयाध्यक्ष खेतवाडी ७ वीं गलीखम्बाटालैन-मुंबई

उक्तस्वामीजी महाराजने अपने बनाये आत्मपुराण भाषा तथा श्रीमद्भगवद्गीता गूढार्थ दीपिका भाषाटीका, तथा तत्त्वानुसन्धान और न्यायप्रकाश आदिग्रन्थ सदाके लिये सर्वाधिकार "श्रीवेङ्कटेश्वर" स्टीम्-यंत्रालयकोही प्रदान कर चुकेहैं। इस कारण कोई महाशय उक्त ग्रंथोंके छापनेका इरादा न करें कि, लाभकी आशासे इन्हीं महाराजके गीता छापनेवाले लोभियों की भांति हानि उठावें।

मुमुक्षुजनोंका कृपाकांक्षी-

क्षेमराज श्रीकृष्णदास, "श्रीवेङ्कटेश्वर" स्टीम्-यन्त्रालयाध्यक्ष खेतवाडी ७ वीं गलीखम्बाटालैन-मुम्बई.

ॐश्रीगणेशाय नमः ॥ श्रीगुरुभ्योनमः ॥ काशीविश्वेश्वराभ्यांनमः ॥ अज्ञानतिमिरांधस्य ज्ञानांजनशलाकया ॥ चक्षुरुन्मी
लितंयेन तस्मैश्रीगुरवेनमः ॥१॥ शंकरंशंकराचार्यं केशवंबादरायणम् ॥ सूत्रभाष्यकृतौवंदे भगवंतौपुनःपुनः ॥२॥ अथपरमकृपालु
जोपरमेश्वरहै ॥ सो सृष्टिकेआदिकालविषे जीवोंकेमोक्षवासतै वेदोंकूंरचताभया ॥ तहां प्रथमकर्मकांडविषे जीवोंकेचित्तशुद्धिके
वासतै वर्णाश्रमकेधर्मोंकूं निरूपणकरताभया ॥ दूसराजोउपासनाकांडहै ताविषे जीवोंकेविक्षेपकीनिवृत्तिवासतै नानाप्रकारकीउपा
सनांवोंकूं निरूपणकरताभया ॥ तीसराजोउपनिषद्रूपज्ञानकांडहै ताविषे कर्मऔरउपासनाकरिकेशुद्धभयाहैचित्तजिनोंका ऐसेजो
मुमुक्षुहैं तिनोंके ब्रह्मभावकीप्राप्तिऔरजन्ममरणकीनिवृत्तिरूपमोक्षवासतै जीवब्रह्मकेअभेदकूं निरूपणकरताभया ॥ याकहनेतैंय
हसिद्धभया ॥ संपूर्णवेद जीवब्रह्मकेअभेदकेप्रतिपादकहैं ॥ जीवब्रह्मकेभेदकेप्रतिपादकनहींहैं ॥ काहेतेंजीवब्रह्मकेभेदकूंदेखणेवा
लाजोपुरुषहै ॥ ताकूं वेदविषेभयकीप्राप्तिकहीहै ॥ किंवा ॥ जीवईश्वरकेभेदकूंजोवेदबोधनकरै ॥ तोवेद अप्रमाणहोवेगा ॥ काहेतैं
जीवईश्वरकाभेद मैंईश्वरनहींहूं यालोकोंकेअनुभवकरिकेसिद्धहै ॥ लोकोंकरिकेनहींजान्या ऐसाजोफलवालाअर्थ ॥ ताकेबोधनक
रिकेहीं वेदोंकूंप्रमाणता शास्त्रविषेकहीहै ॥ जीवब्रह्मकाभेद लोकविषेप्रसिद्धहै ॥ और भेदज्ञानतैं मोक्षरूपफलकीभीप्राप्तिहोवैन
हीं ॥ उलटा जन्ममरणरूपदुःखकीप्राप्तिहोवैहै ॥ यातैं भेदकेजनावणेमैं वेदोंकातात्पर्यनहींहै ॥ ऐसाजोपरमेश्वरकातात्पर्य ताकूंन
जाणिकरिके भेदवादीजेनैयायिकादिकहैं॥ ते संपूर्णवेदोंका जीवब्रह्मकेभेदनिरूपणविषे तात्पर्य वर्णनकरतेभये ॥ ताजीवब्रह्मकेभेद
कूंनिश्चयकरिकै जन्ममरणरूपदुःखकूं जीव प्राप्तहोतेभये ॥ ताजीवोंकूं दुःखीदेखिकरिकै परमकृपालुजोश्रीशंकरहै ॥ सो श्रीशंक
राचार्यरूपअवतारकोंधारिकरिकै उपनिषदोंका औरश्रीव्याससूत्रोंका भाष्यकरतेभये ॥ ताभाष्यविषे भेदवादियोंकाखंडनकरिकै
सर्वउपनिषदोंका जीवब्रह्मकेअभेदबोधनविषे तात्पर्यनिरूपणकरतेभये ॥ ताभाष्यतैं उपनिषदोंकेअर्थजानणेमैं जिनोंकीबुद्धिसम
र्थनहींहै ऐसैजेमुमुक्षुहैं ॥ तिनोंपर कृपाकरिके स्वामीशंकरानंद जोजोवाक्यमुमुक्षुकेमननमैंउपयोगीहैं ॥ ताताउपनिषदोंकेवाक्यों
काअर्थ आत्मपुराणविषे निरूपणकरतेभये ॥ ताआत्मपुराणविषेभी लोकोंकेप्रवृत्तिकूंनदेखिकरिकै पंडितकाकाराम तापरि टीकाकूं

करतेभये॥ ताटीकासहितआत्मपुराणतैंभी व्याकरणादिकोंकेअभ्यासतैंरहितजोहैं भाषाकेपठनकरणेवालेमुमुक्षु॥ तिनोंकूं श्रुतिअ
र्थकाज्ञानहोवैनहीं॥ यातैं तिनोंकेवास्तै जो जोउपयोगीटीकाहै ताकूंमिलाइकै संक्षिप्तभाषाकरेंहैं ॥ तहां प्रथमअध्यायविषे
ऋग्वेदकाजोऐतरेयउपनिषद्है ताकै अर्थका निरूपणकरैंहैं ॥ ताविषे गुरुशिष्यकेसंवादरूपकरिकै प्रथम अधिकारीकालक्षण निरूप
णकरैंहैं॥ पठनकरेहैंवेदजिसनें॥ और गुरुनैंकह्याजोअर्थ ताकेधारणेमें बुद्धिहैजाकी ॥ और कृपाकरिकैयुक्तहैमनजाका ऐ
साजोकोईकमुमुक्षुहै॥ सोपंचप्रकारकेभेदज्ञानकरिकै भयकूंप्राप्तभयाजोजगत ताकूंत्यागकरिकै एककालविषे विचारकरताभया॥
सोपंचप्रकारकाभेदयहहै॥ जीवईश्वरकाभेद १ जीवोंकापरस्परभेद २ जीवजडकाभेद ३ ईश्वरजडकाभेद ४ जडजडकाभेद ॥५॥
अब ताविचारकेस्वरूपकूंकहेहैं॥ बड़ाकष्टहै॥ संपूर्णजेदेहधारीजीवहैं ते यासंसाररूपशूलकरिकै जन्ममरणरूपदुःखकूंप्राप्तहोइर
हेहैं॥ कैसायहसंसाररूपशूलहै॥ कामक्रोधादिरूपकाकोंकाहैवासाजिसविषे॥ और स्त्रीरूपध्वजकरिकैयुक्तताकूंप्राप्तभयाहै ॥ यद्यपि
स्त्रीरूपध्वज याकेसुखकाकारणनहींहै॥ उलटा याकेदुःखकाकारणहै ॥ तथापि जैसें मार्गकेचलनेतैंपरिश्रमकूंप्राप्तभयाजोपुरुषहै
ताकूं दुःखकाकारणजोपादोंकाप्रहार सोभी सुखकाकारणहोवैहै ॥ तैसे विषयोंविषेंप्रीतिहैजाकी ऐसाजोपुरुषहै ताकूं दुःखकाका
रणजोस्त्रीहै सोसुखकाकारणप्रतीतहोवैहै॥ ऐसेसंसाररूपशूलतैं सर्वप्राणियोंकूं यालोकविषे भयकाहेतैंनहींहोता ॥ ऐसाविचारक
रिकै बुद्धिमान्जोमुमुक्षुहै॥ सो अपणेगुरुकूंपूछताभया॥ हेभगवन्! यासंसारशूलकूंपरित्यागकरिकै किसउपायकरिकै पुरुष मोक्ष
कूंप्राप्तहोवै? ॥ कैसायहसंसाररूपशूलहै॥ तीक्ष्णहै॥ और अज्ञानरूपलोहहैकारणजाका ॥ और सत्व रज तम येतीनगुणरूप
शिखाकरिकैयुक्तहै॥ इसप्रकार शिष्यकरिकैपूछाहुआ कृपाकासमुद्रजोगुरुहै॥ सो शिष्यकेप्रति कहताभया॥ हेशिष्य! अज्ञानकी
निवृत्तिकाउपाय एकज्ञानहीहै॥ और कर्मउपासनादिक अज्ञानकेनिवृत्तिकेकारणनहींहैं॥ शिष्यउवाच ॥ हेभगवन्! मैंनें संसार
रूपशूलकीनिवृत्तिकाउपायपूछाहै॥ और आपनैं अज्ञानकीनिवृत्तिकाउपायकह्या॥ यातैं हमारेप्रश्नकेसमान उत्तरनहींभया॥ श्री
गुरुरुवाच॥ हेशिष्य! कामक्रोधादिरूपकाकोंका औरस्त्रीरूपध्वजकाहै निवासजाविषे ॥ ऐसाजो संपूर्णसंसाररूपशूलहै॥ सो पर

प स
मेश्वरकीमायाकरिकेउत्पन्नभयाहै ॥ ज्ञानतैंमायाकीनिवृत्तिहुए ताकाकार्यजोसंसारशूल ताकीभीनिवृत्तिबनेहै ॥ जैसे तंतुकेनाशतैं पटकानाशहोवेहै ॥ शिष्यउवाच ॥ हेभगवन्! पूर्व आपनें ज्ञानकरिकैअज्ञानकीनिवृत्तिकही ॥ और अब ज्ञानकरिकेमायाकीनिवृत्ति कही ॥ यातैं पूर्वउत्तरकहणेकाविरोधहोवेहै ॥ श्रीगुरुरुवाच ॥ हेशिष्य! माया औरअज्ञान येदोनोंशब्द एकहीअर्थकेवाचकहैं ॥ जैसे घट औरकलश येदोनोंशब्द एकहींअर्थकेवाचकहैं ॥ यातैंविरोधनहीं ॥ शिष्यउवाच ॥ पूर्व आपने ज्ञानतैंअज्ञानकीनिवृत्तिकही सोबनैनहीं ॥ काहेतैं घटपटादिकपदार्थोंकाज्ञानतो लोकोंकूंहै ॥ परंतु किसीकेअज्ञानकीनिवृत्तिहोवैनहीं ॥ श्रीगुरुरुवाच ॥ हे शिष्य! वेदांतशास्त्रकेश्रवणतैंउत्पन्नभयाजोज्ञानहै ॥ सोई अज्ञानकानिवर्त्तकहै ॥ तिसतैंभिन्नजितनेंज्ञानहैं तेसंपूर्ण अज्ञानरूपहैं ॥ यातैं तिनोंतैं अज्ञानकीनिवृत्तिहोवैनहीं ॥ जैसे सन्निपातकरिकेभ्रमकूंप्राप्तभयाजोपुरुष ॥ तानेंकह्या मेरेकूं भेरीकाशब्द श्रवणहोवेहै ॥ ताज्ञानकूं लोकविषेभीकोई यथार्थमानतानहीं॥यातैं मैंब्रह्महूं ऐसाजोवेदांतकेश्रवणतैं औरगुरुवोंकीकृपाकरिकै उत्पन्नभयाज्ञान ॥ सोईही मोक्षप्राप्तिकामार्गहै ॥ तातैं हेशिष्य! संसाररूपशूलकापरित्यागकरिके ब्रह्मभावकीप्राप्तिरूपजोमुक्तिमंडपहैताकूं प्राप्तहोवो॥ और अपणेस्वरूपकेअज्ञानकीनिवृत्तिवासतै "मैंब्रह्महूं" याज्ञानकूं वेदांतश्रवणादिकोंकरिकै अवश्यसंपादनकरो ॥ और आत्मज्ञानतैंभिन्न देहरूपबंधनकेदेणेहारे जेयज्ञादिककाम्यकर्महैं ॥ तिनोंका परित्यागकरो ॥ सोआत्मज्ञानकैसाहै ॥ संसाररूपशूलकाकारण जोअज्ञान ताका नाशकरणेहाराहै ॥ और भेदतैंरहितजोआत्मस्वरूपब्रह्म ताकी प्राप्तिकरणेहाराहै ॥ यातैं आत्माका ज्ञानहीं सर्वतैंअधिकहै ॥ अब आत्मस्वरूपब्रह्मविषे देशपरिच्छेद१कालपरिच्छेद२वस्तुपरिच्छेद३ यातीनोंपरिच्छेदोंकाअभावहै याअर्थकेजनावणेवासतैं प्रथम घटादिकअनात्मपदार्थोंविषे तीनपरिच्छेदोंकूंदिखावेहैं॥अत्यंताभावकीप्रतियोगिताकानाम देशपरिच्छेदहै ॥ जैसे भूतलविषेरह्याजोघट ताघटका अन्यदेशविषे अत्यंताभावहै ॥ ताअत्यंताभावकाप्रतियोगिपणा घटविषेहै ॥ ताकानाम देशपरिच्छेदहै ॥ प्रागभावऔरप्रध्वंसाभावकीप्रतियोगिताकानाम कालपरिच्छेदहै ॥ जैसे घटकीउत्पत्तितैंपूर्व कपालोंविषे घटकाप्रागभावरहेहै ॥ और घटकेनाशहुए ताकपालोंमें घटका प्रध्वंसाभावरहेहै ॥ तादोनोंअभावोंकाप्रतियोगीपणा घटविषेहै ॥

ताकानाम कालपरिच्छेदहै ॥ अन्योन्याभावकीप्रतियोगिताकानाम वस्तुपरिच्छेदहै ॥ जैसे पट घटनहींहै याप्रतीतितैं घटकाअन्योन्याभाव पटविषेभासेहै ॥ ताअन्योन्याभावकाप्रतियोगिपणा घटविषेहै ॥ ताकानाम वस्तुपरिच्छेदहै ॥ इसरीतिसैं सर्वअनात्मपदार्थ तीनपरिच्छेदोंकरिकैयुक्तहैं ॥ और आत्मस्वरूपब्रह्मविषे तीनपरिच्छेदोंकाअभावहै ॥ काहेतें ब्रह्म व्यापकहै यातें देशपरिच्छेद ब्रह्मविषेनहीं ॥ और उत्पत्तिनाशतैंरहितहै यातें कालपरिच्छेद ब्रह्मविषेनहीं ॥ और सर्वकाआत्माहै यातें वस्तुपरिच्छेद ब्रह्मविषेनहीं याअभिप्रायतैंहीं श्रुतिनें जीवब्रह्मकाअभेद कथनकऱ्याहै ॥ और आत्मस्वरूपब्रह्मकेप्राप्तिकासाधनज्ञानहै ॥ यातें ज्ञानकूं श्रुति ब्रह्मरूपकहतीभईहै ॥ और जैसे ज्ञानकूं ब्रह्मरूप श्रुतिविषेकह्याहै ॥ तैसे ज्ञानकूं सत्यरूपभी श्रुतिविषेकह्याहै ॥ काहेतें सत्यब्रह्मकीप्राप्तिकरणेहाराज्ञानहै ॥ यद्यपि अज्ञानकेनिवर्तकवृत्तिज्ञानकूं ब्रह्मरूपऔसत्यरूपकहणा बनैंनहीं ॥ काहेतें श्रवणादिकोंकरिकैज्ञानकीउत्पत्ति शास्त्रविषेकहीहै ॥ तथापि सत्यब्रह्मकेप्राप्तिकासाधनज्ञानहै ॥ यातें ज्ञानकूं ब्रह्मरूप औसत्यरूप कह्याहै ॥ जैसे आयुष्यकीवृद्धिकरणेहारा जोघृतहै ताकूं शास्त्रमें आयुषकहेहैं ॥ यातें ब्रह्मशब्दऔरसत्यशब्दका मुख्यअर्थ ज्ञाननहीं किंतु गौणअर्थहै ॥ आत्माही ब्रह्मऔरसत्यशब्दका मुख्यअर्थहै ॥ अब सत्यकेलक्षणकूंकहेहैं ॥ आदिकालविषे औरअंतकालविषे और मध्यकालविषे जोअपणेस्वरूपकूंनहींत्यागे किंतु तीनोंकालोंविषे एकरसहोवे ताकूं सत्यकहेहैं ॥ ऐसासत्यस्वरूपमैंहूं ॥ मेरेतेंअन्य अनात्मवस्तु सत्यनहीं ॥ इसरीतिसैं शास्त्रकरिकै सत्यशब्दकाअर्थकह्या ॥ अब लोकप्रसिद्धितैं सत्यशब्दकाअर्थकहेहैं ॥ जोवस्तु अस्ति याज्ञानका और अस्ति याशब्दका विषयहोवे ॥ सो लोकविषे सत्यशब्दकाअर्थहै ॥काहेतें वंध्यापुत्रविषे "वंध्यापुत्रोऽस्ति" याज्ञानकीविषयताहैनहीं ॥ यातैं वंध्यापुत्रकूं लोकविषे औरशास्त्रविषे कोई सत्यकहेनहीं॥ शिष्यउवाच ॥ हे भगवन् ! "घटःअस्ति" "पटःअस्ति" यारीतिसैं अस्तिशब्दऔरअस्तिबुद्धिकेविषय घटपटादिकभी सत्यहोणेचाहियें॥ और सिद्धांतमें ब्रह्मतैंभिन्न कोईसत्य पदार्थनहीं ॥ श्रीगुरुरुवाच ॥ हेशिष्य ! सत्‌चित् आनंदरूपब्रह्ममैंहूं यातें मेरीहीसत्यता सर्वअनात्मपदार्थोंविषे प्रतीतहोवेहै॥यातैं आत्मातैंभिन्नकोई सत्यनहीं ॥ तासत्यस्वरूपआत्माकूंविषयकरणेहाराजोज्ञानहै ॥ ताकूंभी सत्य श्रुतिने कह्याहै ॥ जैसे लोकवि

षे सत्यअर्थकूंबोधकरणेहारा जोविचारवानपुरुषकावचनहै ॥ ताकावचनकूं सत्यकहैहैं ॥ यातैं सत्यशब्दका परमात्माहीं मुख्यअर्थ
है ॥ और ज्ञान सत्यशब्दका गौणअर्थहै ॥ अथवा ॥ शत्रुतैंरहितजोहिरण्यगर्भहै ताकूं श्रुतिविषे सत्यकह्याहै ॥ तैसे अज्ञानऔर
अज्ञानकाकार्यप्रपंचरूपशत्रुकानाशकरणेहारा आत्मज्ञानहै ॥ यातैं ज्ञानकूं श्रुति सत्यकहैहैं ॥ शत्रुतैंरहितपणा ज्ञानविषे तैसेही
हिरण्यगर्भविषे समानहै ॥ शिष्यउवाच ॥ हेभगवन्! ज्ञानकाशत्रु जोअज्ञान औरताकाकार्यप्रपंच ॥ ताकूं आपनें असत्यकह्या सो
बनैनहीं ॥ काहेतैं तीनकालविषे जाकाअभावहोवै सो असत्यकहियेहै ॥ अज्ञानऔरताकेकार्यप्रपंचका तीनकालमैं अभावहैनहीं ॥
यद्यपि ज्ञानकालमैं अज्ञानकानाशहोवैगा ॥ तथापि वर्तमानकालविषे औरअतीतकालविषे अज्ञान विद्यमानहै ॥ काहेतैं अज्ञान
अनादिहै ॥ औरताकाकार्यप्रपंचभी वर्तमानकालविषेहै ॥ यातैं अज्ञानऔरप्रपंच असत्यनहीं ॥ श्रीगुरुरुवाच ॥ हेशिष्य! जोवस्तु
किसीकालविषेहोवै ॥ और किसीकालविषेनहींहोवै ॥ सो असत्यकहिएहै ॥ तीनकालों विषे जाकाअभावहोवै सोईहीं असत्यहो
वैहै यहनियमनहींहै ॥ यातैं अज्ञानकातो भविष्यत्कालमैंअभावहै ॥ और प्रपंचका भूतभविष्यत्दोनोंकालोंविषे अभावहै ॥ यातैं
अज्ञानऔरप्रपंच दोनों असत्यहैं जैसे वंध्यापुत्र भूतभविष्यत्कालविषेहैनहीं ॥ यातैं वर्तमानकालविषेभी ताकूं सत्यकोईकहैन
हीं ॥ यातैं आत्मातैंभिन्नसर्व वंध्यापुत्रकेसमान असत्यहैं ॥ काहेतैं जैसे वंध्यापुत्रका अपरोक्षज्ञान नहींहोवैहै ॥ तैसे कार्यसहित
अज्ञानकाभी अपरोक्षज्ञानहोवैनहीं ॥ यातैं दोनों समानहैं ॥ शिष्यउवाच ॥ हेभगवन्! आत्माकेप्रकाशकूंपाइकरिकै कार्यसहितअ
ज्ञान भासैहै ॥ और वंध्यापुत्र भासैनहीं ॥ यातैं वंध्यापुत्रतैं कार्यसहितअज्ञानमैं विलक्षणताहै ॥ श्रीगुरुरुवाच ॥ हेशिष्य! मुमुक्षुकूं
यद्यपि वंध्यापुत्रतैंअज्ञानमैंविलक्षणता प्रतीतहोवैहै ॥ तथापि ज्ञानीकूं दोनोंसमानहैं ॥ यातैं आत्माकेसत्ताप्रकाशकूंपाइके अज्ञा
न भासैहै ॥ औरवंध्यापुत्र भासैनहीं यहकहना बनैनहीं ॥ काहेतैं जोआत्माकेसत्ताप्रकाशकूंपाइके अज्ञानकूं सत्यमानोगे तो वं
ध्यापुत्रभी सत्यहोणाचाहिये ॥ जैसे लोकविषे परधनकरिकै कोई धनीकहैनहीं ॥ तैसे आत्माकेसत्ताप्रकाशकरिकै अज्ञानकूंसत्य
कहना बनैनहीं ॥ यातैं कार्यसहितअज्ञान औरवंध्यापुत्र दोनों ज्ञानीकूंसमानहैं ॥ और मुमुक्षुकीदृष्टिकूंअंगीकारकरिकै आनंदरू

पआत्माविषे अज्ञानकूं रज्जुसर्पकीन्याईं कल्पितमानैं तौभी भेदबुद्धि मिथ्याहीसिद्धहोवैहै ॥ काहेतैं कल्पितवस्तुका अधिष्ठान तैंभेदहोवैनहीं ॥ और अनेकजन्मोंकेपुण्यकरिकै मैंब्रह्महूं ऐसाजाकूंबोध उत्पन्नभयाहै ॥ ताकूं अन्यकोईअनात्मवस्तु जानणेयोग्य नहींहै ॥ काहेतैं जीवब्रह्मकाअभेदज्ञानहीं परमानंदकीप्राप्तिकरणेहाराहै ॥ तातैं परमानंदकीप्राप्तिकरणेहारा वेदांतनतं उत्पन्नभया जोज्ञान ॥ ताकापरित्यागकरिकै जन्ममरणरूपबंधनकाकारणजोकर्महै ताकूं मुमुक्षु नकरै ॥ और सत्‌चित्‌आनंद सर्वका अंतर्यामी अद्वितीय आत्माकूं जेजेजीव परित्यागकरतेभये तेसंपूर्ण ताधर्मोपश्वादिशरीरोंकूं प्राप्तहोतेभये ॥ परमेश्वरकेउत्पन्नकरे वेदोंकूं न मानणा यहही परमेश्वरकापरित्यागहै ॥ हेशिष्य! याकेविषे पुरातनइतिहासकूंकहैहैं ॥ कैसाइतिहासहै ॥ मोक्षकेसाधनकूं जनावणे हाराहै ॥ और सनकादिकऋषियोंका औरप्रजाका संवादहै ताविषे ऐसेइतिहासकूं तुम श्रवणकरो ॥ सृष्टिकआदिकालविषे ब्रह्मा सनकादिकोंकूं उत्पन्नकरताभया ॥ कैसेहैंतेसनकादिक ॥ पुरुषोंकेतर्ककेनहींविषयजोवेदकाअर्थ ताकूंजानणेहारेहैं ॥ और चक्षुआ दिकजोबाह्यइंद्रिय औरमनरूपजोअंतरइंद्रिय तिनोंकूं जिनोंनें वशकियाहै ॥ और यथालाभकरिकै संतोषकूंप्राप्त भयेहैं ॥ और तउष्णादिकजिनोंनैंसहनकियाहै ॥ और आत्मज्ञानकरिकयुक्तहैं ॥ और लोकोंकेकल्याणवासते जिनोंनें शरीरधारणकरे ऐसेजेसनकादिकहैं ॥ ते प्रजाकूं मोक्षकेसाधनआत्मज्ञानतैंरहित देखिकरिकै औरविषयोंमैं आसक्तदेखिकरिकै कृपाकरिकैकहतेभये हेप्रजा! आत्मज्ञानहीं तुमारेकूं सुखकासाधनहै ॥ तातैंभिन्नसर्व दुःखकेसाधनहैं ॥ ऐसा सनकादिकोंकावचन श्रवणकरिकैभी पूर्व संस्कारकेवशतैं मोहकूंप्राप्तभई सा प्रजा तासनकादिकोंकेवचनोंका अनादरकरिकै विषयसुखवासते कर्मोंकूं करतभये ॥ ताप्रजा विषेभी अधम मध्यम उत्तम यहतीनप्रकारकी जाताप्रसीप्रजाहै ॥ ते पापकरिकेयुक्तहुए वेदकीआज्ञाकूं नमानतेभये ॥ और पूर्वम लिनसंस्कारतैंउत्पन्नभईजोबुद्धि ताकरिकै शब्दस्पर्शादिविषयोंकूं सुखकासाधनमानतेभये ॥ ताशब्दादिविषयोंमैं सुखसाधनबुद्धि तैं तिनोंकेमनवाक्‌शरीरविषे दोष उत्पन्नहोतेभये ॥ ताविषे परधनादिकोंकीइच्छादिक मनकेदोषहैं ॥ कठोरवचन औरमिथ्याबोल ना यह वाक्‌इंद्रियकेदोषहैं ॥ और चोरीसैंआदिलेके शरीरकेदोषहैं ॥ तिनदोषोंकरिकै तीनप्रकारकेशरीरोंकूं पावतेभये ॥ तहां

कोई आकाशमैंविचरणेहारे पक्षीआदिकू होतेभये ॥ कोई भूमीविषे वृक्षादिक होतेभये ॥ कोई सर्पादिक होतेभये ॥ कैसेपक्षीआ
दिकशरीरहैं ॥ मनुष्योंकरिकैभोग्यहैं ॥ और नाशकरणेयोग्यहैं ॥ और छेदनकरणेयोग्यहैं ॥ और हस्तपादवागादिकइंद्रियजि
नोविषेनहींहैं ॥ और सुखसैंरहितहैं ॥ अतिसैंकरिकेदुखीहैं ॥ तिनोविषेभी पक्षी हस्तोंतैंरहितहैं ॥ और वृक्ष ज्ञानइंद्रियऔरक
र्मइंद्रियोंतैंरहितहैं ॥ यद्यपिपंचज्ञानइंद्रिय पंचकर्मइंद्रिय पंचप्राण मन बुद्धि यासप्तदशतत्वरूपलिंगशरीर वृक्षोंविषेभीहै ॥ यातैं
इंद्रियोंका वृक्षविषे अभावकहना बनैंनहीं ॥ तथापि जैसे मनुष्यादिकोंकेइंद्रिय प्रसिद्धहैं ॥ तैसे वृक्षादिकोंकेनहींहैं किंतु सूक्ष्महैं
॥ यातैं नहुयेसमानहैं ॥ और ग्रामऔरबनविषेरहणेहारे जेपशुहैं ॥ ते स्पष्टवाणीतैंरहितहैं ॥ काहेतैं तिनोकीवाणीतैं अर्थकाबोधहो
वैनहीं ॥ और सर्पादिक पादादिकोंतैंरहितहैं ॥ यहवार्ता सर्वलोकोंकूं प्रसिद्धहै ॥ याप्रकार तामसपुरुषोंकीगतीकही ॥ अब सात्वि
कपुरुषोंकीगतिकहणेवासते प्रथम राजससात्विकपुरुषोंकीप्रकृतियोंकूं दिखावेहैं ॥ दूसराप्रजा आत्मज्ञानकापरित्यागकरिकै वेदनैं
बोधनकरेजेयज्ञादिककर्म और अग्निसूर्यवायुआदिकदेवतावोंकीउपासना ॥ तिनोंकूं सुखकासाधनमानिकरिके करतेभये ॥ और
भिन्नभिन्नफलकेबोधकवेदवाक्योंकूंदेखिकरिकै कर्मउपासनाकरणेहारीप्रजाका दोप्रकारकाभेद होताभया ॥ तहां राजसीप्रजा स्व
र्गादिसुखवासते कर्मउपासनाकूं करतेभये ॥ और सात्विकप्रजा इसप्रकार परस्परविचारकरिकै कर्मउपासनाकूंकरतेभये ॥ ताबि
चारकेस्वरूपकूं कहेहैं ॥ वेदोंकूंजानणेहारे जेसनकादिकहैं ॥ तिनोंनैं हमारेकूं पूर्व मोक्षकासाधनआत्मज्ञान कह्याथा ॥ ताज्ञानविषे
अबीहमाराअधिकारहैनहीं ॥ काहेतैं जाकाज्ञान सुखकासाधनहै ॥ ऐसा जो त्वंपदकालक्ष्य साक्षीकूटस्थ ॥ और तत्पदकालक्ष्य
परब्रह्म ॥ तिनोंकूं हमोंनैंदेहादिकोंतैंभिन्न नहींकियाहै ॥ और वेदोंकेजानणेहारे जेपूर्वहमारे पितादिकथे ॥ तिनोंकेवचनोंकरिकेभी
सोपरमात्मा हमोंनैं नहींजान्या ॥ और आपनीबुद्धिकरिकेभी सोपरमात्मा हमोंनैं नहींजान्या ॥ और मनकीप्रवृत्तिमैंकुशलजोह
महैं ॥ तिनोंनैं मनकरिकेभी सोपरमात्मा नहींकल्पनाकऱ्या ॥ और यादेहरूपमंदिरविषे सोपरमात्मा घ्राणइंद्रियकरिकेभी हमों
नैं नहींजान्या ॥ और चक्षुआदिकइंद्रियोंकरिकै स्वप्नविषेभी सोपरमात्मा हमोंनैं नहींदेख्या ॥ और श्रुतिवाक्योंकरिकेभी सो

निर्गुणपरमात्मा हमोंनें नहींजान्या ॥ और हमोंनें आपणेश्रद्धावान्शिष्योंकेतांई भी कबीनिर्गुणपरमात्माका उपदेशनहींकन्या ॥ औ
रस्थूलशरीरतैंभिन्न औरकर्त्ता पुण्यपापकेफलकाभोक्ता आत्माहै ॥ ऐसाआत्माकास्वरूप हमोंनें जान्याहै ॥ और श्रुतिनैंभी आ
त्माकूं श्रोता द्रष्टा विज्ञाता कह्याहै ॥ और वाक्प्राणकेव्यापारविषे परस्परलयचिंतनरूप अंतरअग्निहोत्रकूंजानणेहारे कवषमुनि
केपुत्र जैसे बाह्यअग्निहोत्रतैंवैराग्यकूंप्राप्तहोतेभये ॥ तैसे यज्ञादिककर्मोंविषे वैराग्यकूंहम प्राप्तनहींभये ॥ यातैं गुरुकेसमीपजाइके
आपणेस्वरूपकेनिर्णयकरणेविषेभी हमाराअधिकारनहीं ॥ और जोहम तापरमात्माकूंनजाणिकरिके स्वर्गादिकोंकीप्राप्तिवासतै
कर्मोंकूंहींकरेंगे ॥ तो हमाराजन्म निष्फलजावेंगा ॥ काहेतें सर्वजीवोंकाशरीर परमात्मानें निर्गुणब्रह्मकेजानणेवासतेरचाहै ॥ विष
यभोगवासतेनहींरचा ॥ याकरणतेंहीं श्रुतिविषे पादकेनखाग्रतैंलेकरिके मस्तकपर्यंत उरू उदर हृदय आदिकस्थानोंविषेब्रह्मकाप्र
वेशकह्याहै ॥ तिनोंदेहोंविषेभीगुरुशास्त्रआदिकसाधनोंकरिकेयुक्त पुरुषकादेहही स्पष्टआत्मज्ञानवासतेहै ॥ काहेतें श्रुतिनें यापुरुषश
रीरविषेहीं आत्माकाअपरोक्षज्ञानकह्याहै ॥ और पूर्व सनकादिकोंने हमारेतांईश्रुतिकरिकेसिद्धि औरमोक्षकासाधन आत्मज्ञानहीं
तुमारेकूं करणेयोग्यहै ऐसाकह्याथा ॥ और सनकादिकोंनें कह्याजोआत्मज्ञान ताकेसंपादनमें आपणेसामर्थ्यकूंनदेखिकरिके और
याज्ञानविषेहमारेकूं किसप्रकारअधिकारहोवेंगा ऐसेचिंताकरिके मौनकूंधारिकै हम ईहांआवतेभयेहैं ॥ तातैं विवेकादिकसाधनच
तुष्टयरूपअधिकारकी प्राप्तिवासते कर्मऔरउपासनाकूं हमकरें ॥ ऐसाविचारकरिके प्रजा उपासनाकूंऔरकर्मोंकूं फलकीइछासें
रहितहोइकेकरतेभये ॥ ताकर्मउपासनाकरिकेशुद्धभयाहैमनजिनोंका ॥ और शमदमादिकसाधनोंकरिकेयुक्त ॥ औरआत्मज्ञानतें
रहित ॥ ऐसेजेमुमुक्षुहैं ॥ ते पुनःसनकादिकऋषियोंकूंप्राप्तहोइकरिके ब्रह्मज्ञानकीप्राप्तिवासतै तिनोकेतांई आपणासंपूर्णअभिप्राय
कहतेभये ॥ तिनोंकेवचनकूंश्रवणकरिके कृपाकरिकेयुक्त सर्वज्ञसनकादिक आत्मज्ञानकीप्राप्तिवासते तिनोंकूं कहतेभये ॥ सनकादिक
उवाच ॥ हेप्रजा! वाणीऔरमनका आत्माविषयनहींहै ॥ काहेतें जाति गुण क्रिया करिकेयुक्तवस्तुकाहीशब्दबोधनकरेहै ॥ जैसे घटय
हशब्द घटत्वजातिवालेघटकूं बोधन करेहै ॥ और नीलघट यास्थानमें नीलशब्द नीलगुणवालेका बोधनकरेहै ॥ और पाचकयहशब्द

पाकरूपक्रि ...वालेपुरुषकूं बोधनकरेहैं॥इसरीतिसैं किसीधर्मकूंग्रहणकरिकेहीं शब्द आपणे अर्थकूंबोधनकरेहै ॥ और आत्माजातिआदिकधर्मोंतैंरहितहै॥यातैं शब्दकी आत्माविषेप्रवृत्तिहोवैनहीं॥इसरीतिसैं मनवाणीकाअविषय और सत्चित्आनंदरूप आत्माकूं यद्यपिहमकहणेकूंसमर्थनहींहैं॥और तुमभी जानणेकूंसमर्थनहींहो॥तथापि निर्गुणपरमात्माविषे जगत्काआरोपणकरिके ताजगत्का निषेधरूप जोअध्यारोपअपवाद॥ताकरिकेसिद्ध जो भागत्यागलक्षणा॥ तालक्षणाकरिके परमात्माकूं हम अब तुमारेतांईकहतेहैं ॥ दृष्टांत॥जैसे सोयेहुएराजाकूं बंदीपुरुष जगावतेहैं॥तैसे वास्तवतैंशुद्ध औरअज्ञानरूपनिद्राकरिकेसोयेहुएपरमात्माकूं वेदांतशास्त्र भागत्यागलक्षणाकरिके बोधनकरेहैं॥प्रजाउवाच॥हेभगवन्! पूर्व आपनेंकह्या शुद्धआत्माकूं वेदांत बोधनकरेहै ॥ सोबनेंनहीं ॥काहेतें आत्मा अहंकारआदिकोंकरिकेविशिष्टहै ॥ यातैं प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंकरिकेसिद्धहै ॥ सनकादिकउवाच ॥ हेप्रजा! आत्माविषे जोसाकारपणाहै ॥ सो मायाकरिकेकल्पितहै ॥ यातैंमिथ्याहै ॥ और सर्वकल्पनाकाअधिष्ठानवस्तुही आत्मशब्दकाअर्थहै ॥ अब याअर्थकूं स्पष्टकरिकेदिखावेहैं॥हेबुद्धिमानप्रजा॥ शास्त्रसंस्कारतैंरहित जेलौकिकपुरुषहैं॥ और शास्त्रकेजानणेहारेजेवादीपुरुषहैं ॥तिनोंनें लोकविषे दोप्रकारकाशब्द औरदोप्रकारकाज्ञान निश्चयकियाहै ॥ और ताशब्दऔरज्ञानकाविषयरूपअर्थभी दोप्रकारकानिश्चयकियाहै ॥ तहां अहं याशब्दका और अहं याज्ञानका अंतरआत्मा अर्थहै ॥ और न अहं याशब्दका और नअहं याज्ञानका बाह्यअनात्मवस्तु अर्थहै ॥ तहां अहं याशब्दतें और अहं याज्ञानतें आत्मारूपअर्थ भिन्नहै ॥ और नअहं याशब्दतें और नअहं याज्ञानतें अनात्मरूपअर्थ भिन्नहै॥इसरीतिसैं परस्परभिन्न जे शब्द ज्ञान अर्थ॥ तिनोंकूं एकरूपजाणिकरिके भ्रांतपुरुष आत्माकूं अहंयाशब्दऔर अहंयाज्ञानका विषयमानैंहैं ॥ और अनात्मपदार्थोंकूं नअहंशयाब्दका और नअहंयाज्ञानका विषयमानैंहैं ॥ यातैं अहं और नअहं यहसर्वव्यवहार भ्रमरूपहै ॥ इसरीतिसैं घट ऐसेशब्दतें और घट ऐसेज्ञानतें घटरूपअर्थ भिन्नहै ॥ ताविषे घट ऐसाजोलोकोंकाव्यवहारहै ॥ सोभी शब्द औरज्ञान औरअर्थ रूपहै ॥ यातैं भ्रमरूपहै ॥ काहेतें लौकिकपुरुषतैं किसीनेंपूछा ॥ यहकौनवस्तुहै तब घट यहउत्तर लौकिकपुरुष कहैहैं ॥ और कैसाज्ञान तुमारेकूंभयाहै ऐसाकिसीनेंपूछा तबभी घट यहउत्तर कहैहैं॥ और कौनशब्द

तुमनें श्रवणकऱ्या ऐसाकिसीनेपूछा तबभी घट ऐसाउत्तर कहेहैं ॥ इसरीतिसैं परस्परभेदवाले शब्दज्ञानअर्थोंकूं एकरूपकरिकेजा
नणा भ्रांतिसैंविनाबनैंनहीं ॥ यातैं सर्वलोकोंकाव्यवहार भ्रमरूपहै ॥ और यहलोकोंकेव्यवाहार युक्तिकूंभी नहींसहारता ॥ यातैं
भी भ्रमरूपहै॥ काहेतैं वाकइंद्रियविषे शब्दरहेहै ॥ और हृदयविषे ज्ञानरहेहै॥ और अर्थजोघटादिकहै सो भूमीविषेरहेहै ॥ताअ
र्थकूं शब्दऔरज्ञानरूपमानणा यह पुरुषोंकीभ्रांतिसैंविना बनैंनहीं ॥ किंवा ॥ शब्दज्ञान अर्थ यातीनोंकूं एकमानणेमैं व्याघात
दोषभी होवेहै ॥ काहेतैं जब शब्दऔरज्ञान प्रकाशकहोवैं ॥ और शब्दज्ञानकाजोअर्थ सो प्रकाश्यहोवै ॥ तब शब्दज्ञान औरअ
र्थ दोनोंका परस्परभेदहींसिद्धहोवेहै ॥ काहेतैं लोकविषे प्रकाशकऔरप्रकाश्यका परस्परभेदहीं देख्याहै ॥ जैसे किसीपुरुषनें पि
ताऔरपुत्र एकस्थानविषेदेखेहोवैं ॥ और दूसरेदेशमैं तापुत्रकूंदेखिकरिके ताकेपिताकास्मरण तापुरुषकूंहोवेहै ॥ यास्थानमैं पुत्र
प्रकाशकहै ॥ औरपिता प्रकाश्यहै ॥ तिनोंकाभेद लोकविषेप्रसिद्धहै ॥ तैसे प्रकाशक जेशब्दओज्ञानहैं ॥ तिनोंका प्रकाश्यरूप
अर्थसैं जोअभेदमानोगे ॥ तो आपणेतैंआपणाभेदरूप व्याघातदोष प्राप्तहोवैंगा॥ अब पूर्वकह्याजोअर्थ ताअर्थकूं सिद्धांतविषेजोडे
हैं॥ इसप्रकार व्यवहारकालविषे अहंयाशब्दका औरअहंयाज्ञानका लोकोनें आत्मा विषयमान्याहै ॥ और नअहंशयाब्दऔरज्ञा
नका अनात्मवस्तु विषयमान्याहै ॥ तहां अहं याशब्दऔरज्ञानकापरित्यागकरिके तिनोंका जोअर्थ भेदतैंरहित बाकीरह्या ॥ सोईही
भेदतैंरहित सर्वशक्तिसंपन्न परमात्मा जगत्कीउत्पत्तितैंपूर्वहोताभया ॥ और लोकप्रसिद्ध जेशब्द औरज्ञान औरअनात्माहैं ॥ तेपूर्व
नहींहोतेभये ॥ दृष्टांत ॥ जैसे अंधकारकाविरोधीसूर्यभगवान् अंधकारकीनिवृत्तिकरिके अंधकारतैं औरताविषेविचरणेहारेपिशाचा
दिकोंतैं रहितहुआ प्रकाशेहै ॥ तैसे परमात्माभी आपणाकार्यप्रपंच आपणेविषेलयकरिके अद्वितीयरूपतैं पूर्वस्थितहोवेहै ॥ अब
याअर्थकूंही स्पष्टकरिकेदिखावेहैं ॥ दिनदिनविषे जैसे सूर्यविषे अंधकार लयकूंप्राप्तहोवेहै ॥ तैसे सत्यआनंदरूपआत्माविषे यह
संपूर्णजगत् लयकूंप्राप्तहोवेहै ॥ और जैसे संपूर्णरात्रियोंविषे सूर्यकाआच्छादनकरिके अंधकार अविद्यातैंउत्पन्नहोवेहै ॥ तैसे सत्
चित्आनंद रूपआत्माकूंआच्छादनकरिके आत्मासैंविरुद्धस्वभाववाला असत् जड दुःख अनात्मस्वरूप जगत् उत्पन्नहोवेहै ॥

अन्यदृष्टांत ॥ जैसे सर्पकीउत्पत्तितैंपूर्व रज्जुहींस्थितहै ॥ और सर्प आपणीउत्पत्तितैंपूर्वनहींहै ॥ तैसे अनात्मजगत्‌कीउत्पत्तितैंपूर्व आनंदस्वरूपआत्माहीं स्थितहोताभयाऔर अनात्माजगत् आपणीउत्पत्तितैंपूर्व नहींस्थितहोताभया ॥ प्रजाउवाच ॥ हेभग वन्! सृष्टितैंपूर्व आपनें अद्वितीयपरमात्माकह्या ॥ सोबनैंनहीं ॥ काहेतें सृष्टितैंपूर्व यद्यपि कार्यरूपप्रपंचकाअभावहै ॥ तथापि सर्व जगत्‌काकारणरूपमाया विद्यमानहै ॥ सनकादिकउवाच ॥ हेप्रजा! आत्मातैंभिन्नहोइके माया प्रतीतहोवैहै ॥ यातैं मायाकूंसत्य मानोहो ॥ अथवा प्रमाणकरिकेमायासिद्धहै ॥ यातैं मायाकूंसत्यमानोहो ॥ तहां प्रथमपक्ष बनैंनहीं ॥ काहेतें जैसे सुषुप्ति कूंप्राप्तभयापुरुष जाग्रत्स्वप्नकेअनंतसंस्काररूपगर्भकरिकेयुक्तअविद्याकूं देखताहुआभी आपणेतें ताअविद्याकूं भिन्ननहींदेख ता ॥ इसप्रकार मायावाला महेश्वर आनंदरूपआत्माभी संपूर्णजगत्‌रूपगर्भकरिकेविशिष्टमायाकूं देखताहुआभी आपणे तैंभिन्नताकूं नहींदेखता ॥ सुषुप्तिविषे औरप्रलयविषे संस्काररूपहोइके जगत् अज्ञानमैंरहैहै ॥ तहांदृष्टांत ॥ जैसे वर्षाकेनि वृत्तिहुए मंडूकोंकेसूक्ष्म अवस्थारूपसंस्कार भूमिविषेरहैहैं ॥ और वर्षाकेहुए पुनःतिनोंका प्रादुर्भावहोवैहै ॥ ऐसे संसकाररूपतैं अज्ञानविषेरह्याजोजगत् ताका सृष्टिकालमैं प्रादुर्भावहोवैहै ॥ और मायाप्रमाणकरिकेसिद्धहैयातैंसत्यहै ॥ यहदूसरापक्षभी बनैंनहीं ॥ काहेतें मायाहै ऐसीजा मायाकीसिद्धिहै ॥ सोभी मायातैंहींमायाकीसिद्धिहै ॥ प्रमाणतैं मायाकीसिद्धि विवेकीपुरुषोंनें अंगीकारकरीनहीं ॥ तहांदृष्टांत ॥ जैसे सुषुप्तपुरुषकीसुषुप्ति सुषुप्तिकरिकेही सिद्धहै ॥ किसीप्रमाणकरिकें सिद्धनहीं ॥ और जो प्रमाणअंगीकारकरे ॥ ताकूं यहपूछेहैं ॥ तासुषुप्तिरूपअविद्याविषे प्रत्यक्षप्रमाणहै ?॥ अथवा अनुमानप्रमाणहै? ॥ अथवा शब्दप्रमा णहै? ॥ अथवा इनोंतैंकोईभिन्नप्रमाणहै ॥ तहां प्रत्यक्षप्रमाणहै याप्रथमपक्षमैंभी सुषुप्तपुरुषकेप्रत्यक्षप्रमाणकरिकेसिद्धहै ॥ अथ वा अन्यपुरुषकेप्रत्यक्षप्रमाणकरिकेसिद्धहै ॥ यहदोनोंपक्ष बनैंनहीं ॥ काहेतैं इंद्रियजन्यज्ञानकानाम प्रत्यक्ष नैनायिक मानैहैं ॥ सुषुप्तिविषे इंद्रियोंकालयहोवैहै ॥ यातैं सुषुप्तपुरुष प्रत्यक्षप्रमाणकरिके सुषुप्तिकूंजाणतानहीं ॥ तैसे जागताहुआजोअन्यपुरुषहै ॥ सोभी अन्यकेसुषुप्तिकूं प्रत्यक्षप्रमाणतैंजाणतानहीं ॥ काहेतैं जैसे एकपुरुषकेज्ञानका दूसरेपुरुषकूं प्रत्यक्षहोवैनहीं ॥ तैसे अज्ञान

रूपसुषुप्तिकाभी दूसरेपुरुषकूं प्रत्यक्षहोवैनहीं॥ यातें प्रत्यक्षप्रमाणतें सुषुप्तिकीसिद्धि बनैंनहीं॥ शंका॥ हेभगवन्! यद्यपि प्रत्यक्ष
प्रमाणतें सुषुप्तिकीसिद्धिबनैंनहीं॥ तथापि यहपुरुष सुषुप्तिवालाहै इंद्रियोंकीक्रियातेंरहितहोणेतें॥ याअनुमानकरिकै सुषुप्तिरूप
अज्ञानकीसिद्धि बनैहै॥समाधान॥इंद्रियोंकेक्रियाकाअभावरूपहेतु सुषुप्तिकासाधकबनैंनहीं॥काहेतें सुषुप्तिरूपसाध्यकेअभाववा
लेजेस्वप्नऔरसमाधि॥ तिनोंविषेभी इंद्रियोंकेक्रियाकाअभावरूपहेतु रहेहै॥ यातें व्यभिचारीहै॥ साध्यकूंछोडिकरिके जोहेतु क
बीरहैनहीं॥ सोहेतु साध्यकीसिद्धिकरैहै॥ यातें अनुमानप्रमाणभी सुषुप्तिकासाधकनहींहै॥ शास्त्ररूपशब्दप्रमाण सुषुप्तिरूपअज्ञा
नकासाधकहै॥ यहतीसरापक्षभी बनैंनहीं॥ काहेतें पुरुषोंकरिकेरचाहुआशास्त्र अविद्यारूपसुषुप्तिविषे प्रमाणहै॥ अथवा अ
पौरुषेयवेद ताविषे प्रमाणहै॥ तहां प्रथमपक्षतौ बनैंनहीं॥ काहेतें प्रत्यक्षादिप्रमाणोंकरिकेसिद्धपदार्थोंकूंहीं पुरुषोंकरिकेरचाहु
आशास्त्र प्रतिपादनकरैहै॥ प्रत्यक्षादिकप्रमाण अविद्याकेसाधकहैंनहीं॥यातें लौकिकशास्त्रभी ताविषे प्रमाणनहीं॥ और वेदप्रमा
णहै यहदूसरापक्षभी बनैंनहीं॥ काहेतें फलवालेअर्थविषेहीं वेद प्रमाणहोवेहै॥ फलनाम सुखकीप्राप्तिऔरदुःखकीनिवृत्तिकाहै॥
तेदोनों जीवब्रह्मकेऐक्यज्ञानतेंहोवैहै॥अविद्याकेज्ञानतेंहोवैनहीं॥ यातें अविद्याविषे शास्त्रप्रमाणनहीं॥ शंका॥ वेदविषे मायाओ
रअविद्याकेबोधकवाक्य औरअविद्यातेंजगत्कीउत्पत्तिकेबोधकवाक्य बहुत दिखातेहैं॥ तिनोंका क्याअभिप्रायहै?॥ समाधान॥
फलकेअभावहोणेतें अविद्याकेबोधनविषे शास्त्रकातात्पर्यनहीं॥ किंतु अद्वितीयआनंदरूपआत्माकेजनावणेवास्तेहीं अविद्याकाओ
तातेंजगत्कीउत्पत्तिका वेदविषेकथनहै॥ सोकैसीअविद्याहै॥ जैसे दीपककरिके अंधकारकाज्ञानहोवैनहीं॥ तैसे प्रमाणकरिकेअवि
द्याकाज्ञानहोवेनहीं॥ किंतु अविद्यातेंहीं अविद्यासिद्धहै॥ इसप्रकार प्रलयकालविषे परमात्मा कार्यकारणपरिणामकूंनहींप्राप्तभई
जामाया तामायाकरिकेविशिष्टभीहै॥ तोभी परमात्मा मायातेंरहितकह्याहै॥ दृष्टांत॥ जैसे सूर्यभगवान् अंधकारकाकारण
जोअज्ञानताकरिकेविशिष्टभीहै॥ तोभी दिनविषे कार्यरूपअंधकारतेंरहितहै यातें सूर्य अंधकारतेंरहितकहिएहै॥ इसप्रकार
स्थितहुआपरमात्मा सृष्टिकेआदिकालविषे ऐसाविचार करताभया॥ कैसाहैसोपरमात्मा पूर्वपूर्वकल्पोंविषे सृष्टिकूंविषयकरणे

हारा जोमायाकावृत्तिरूपज्ञान तातैंउत्पन्नभयेजेसंस्कार तिनोंकरिकेयुक्तहै ॥ और जीवोंकेपुण्यपापरूपअदृष्टकरिकै प्रगटहुएहैंसं
स्कार जिसपरमात्माके ॥ सोपरमात्मा विचारकरताभया ॥ अब ताविचारकेस्वरूपकूंकहैहैं ॥ मायाउपहितमैंपरमात्माविषे पंच
भूत औरताकाकार्यब्रह्मांडसंपूर्ण सूक्ष्मरूपहोइकरिकेरह्याहै ॥ यातैं इसप्रकार स्पष्टकरिकै स्वर्ग औरआकाश औरभूमि यातीनों
लोकोंकूंरचों ॥ ईहां स्वर्गकरिके ऊपरिकेसर्वलोकोंकाग्रहणकरणा ॥ और भूमिलोककरिकै नीचेकेसर्वलोकोंकाग्रहणकरणा ॥ इ
सप्रकार विचारकरिकै सत्यसंकल्पजोपरमेश्वरहै ॥ सो ब्रह्मांडकूंरचताभया ॥ कैसाब्रह्मांडहै ॥ विराट्भगवान्‌काशरीरहै ॥ और
हिरण्यगर्भकाशरीररूपजोपंचसूक्ष्मभूत तिनोंविषेस्थितहै ॥ और भूरादिचतुर्दशलोकोंकरिकेयुक्तहै ॥ और चेतनकीसत्तातैंभिन्न
जाकीसत्तानहीं ॥ और नाम रूप क्रिया हैंशरीरजाका ॥ तहां नामकरिके शब्दरूपप्रपंचका ग्रहणकरणा ॥ और रूपकरिके अ
र्थरूपप्रपंचका ग्रहणकरणा ॥ और क्रियाकरिके नामरूपकाकारणजोकर्महैं तिनोंका ग्रहणकरणा ॥ इसप्रकार सर्वज्ञऔरस
र्वशक्तिमान्‌परमेश्वर संपूर्णजगत्‌कूंरचिकरिकै ऐसाविचार करताभया ॥ दृष्टांत ॥ जैसे असुरोंकाबालक रागद्वेषतैंरहितहुआ आ
पणीमायाकेबलतैं पदार्थोंकूंरचताहै ॥ तैसे परमेश्वर जगत्‌कूंरचताभया ॥ अब ताविचारकेस्वरूपकूंकहैहैं ॥ यहजेपंचभूतहैं॥औ
र जलहैप्रधानजिनोंविषेऐसेपंचभूतोंविषेस्थित जोयहब्रह्मांडहै ॥ और ताब्रह्मांडविषेस्थित जेयहचतुर्दशलोकहैं ॥ यहसंपूर्ण अ
चेतनहैं ॥ यातैं क्षणमात्रविषे नाशकूंप्राप्तहोवैंगे ॥ दृष्टांत ॥ जैसे स्वामीतैंरहितगृह नाशकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जैसे प्राणीतैंरहितहु
आशरीर नाशहोवैहै ॥ ऐसाविचारकरिकै पिताकीन्यांई पालनकरणेहारा जोपरमेश्वरहै ॥ सो पूर्वआपणेआपणेसत्त्वगुणादिकका
रणोंतैं उत्पन्नभये जेसंपूर्णइंद्रिय औरदेवताआदिकेजगत् ताकेप्रगटकरणेवासते ताअंडविषे नानाप्रकारकेछिद्रोंकूं करताभया॥त
हां मुखछिद्ररूपगोलककूंप्राप्तहोइके शब्दव्यवहारकरणेहारा वाक्इंद्रिय प्रगटहोताभया॥तावाक्इंद्रियतैं वैदिकयज्ञादिककर्मोंकी
सिद्धिकरणेहारा अग्निदेवताप्रगटहोताभया ॥ और नासिकाछिद्ररूपगोलककूंप्राप्तहोइके घ्राणइंद्रिय प्रगटहोताभया ॥ ताघ्राणइं
द्रियतैं गंधउपाधिवालावायुदेवता प्रगटहोताभया ॥ और अक्षिछिद्ररूपगोलककूंप्राप्तहोइके चक्षुइंद्रिय प्रगटहोताभया॥ताचक्षुइं

द्रियतैं भगवान्सूर्यदेवता प्रगटहोताभया ॥ और कर्णछिद्ररूपगोलककूंप्राप्तहोइके श्रोत्रइंद्रिय प्रगटहोताभया ॥ ताश्रोत्रइं द्रियतैं संपूर्णदिशा प्रगटहोतीयांभयां ॥ और संपूर्णदेहविषे अतिसूक्ष्मजेअनंतछिद्रहैं तिनोंतैं सर्वशरीरविषेव्यापक जोचर्म रूपत्वचाहै सोप्रगटहोताभया ॥ तात्वचारूपगोलककूंप्राप्तहोइके लोमऔरकेशसहित स्पर्शनइंद्रिय प्रगटहोताभया ॥ तास्पर्श नइंद्रियसहितलोमऔरकेशोंतैं संपूर्णऔषधिआदिकस्थावरप्रगटहोतेभये ॥ और स्थावररूपउपाधिवाला वायुदेवता प्रगटहोता भया ॥ तेकैसेस्थावरहैं सर्वजीवोंकेउपकारवासतै दिनरात्रिविषे जिनोंनें आपणेमें क्लेशकूंधारणकऱ्याहै ॥ और मांसका कमलरूपहृदयगोलक उत्पन्नहोताभया ॥ सोहृदयकैसाहै ॥ पंचछिद्रोंकरिकैयुक्तहै ॥ और अंतरआकाशविषे जाकानिवास है ॥ ताहृदयरूपगोलककूंप्राप्तहोइके मन प्रगटहोताभया ॥ तामनतैं जगत्केआनंदकरणेहाराचंद्रमादेवता प्रगटहोताभया ॥ और नाभिछिद्ररूपगोलककूंप्राप्तहोइके अपानवायुप्रगटहोताभया ॥ कैसाअपानहै दुःखसैंसहनकियाजावेहै ॥ याकारणतैंहीं प्राणायामकूं शास्त्रविषेअतिसैंकठिणकह्याहै ॥ और मुखद्वारतैंप्राप्तभयाजोअन्नऔरजल तिनोंकूं नीचेदेशविषेलेजावेहै ॥ यातैं याकूं अपानकहैहैं ॥ ताअपानतैं महान्मृत्यु प्रगटहोताभया ॥ कैसामृत्युहै ॥ सर्वप्राणियोंकूंभयकेदेणेहाराहै ॥ अपान मृत्युकाकारणहै यहवार्ता लोकोंविषेभीप्रसिद्धहै ॥ काहेतैं अन्नकेदोषोंतैंविना किसीस्थानविषेभी प्राणी मरतनहीं ॥ किंतु अन्नदोषोंतैंहीं सर्वत्रप्राणी मरतेहैं ॥ अनादिकोंकूं यह अपानवायु ग्रसेहै ॥ याकारणतैं अपानतैंमृत्युकाप्रगटहोनाकह्याहै ॥ और उपस्थछिद्ररूपगोलककूंप्राप्तहोइके वीर्यसहितउपस्थइंद्रिय प्रगटहोताभया ॥ सोकैसावीर्यहै ॥ जरायुज औरअंडज देहोंकूं विस्तारकर्त्ताहुआ लोकविषेभी प्रसिद्धहै ॥ और पंचमआहुतीकासाधनहै ॥ यहवार्ता आगेकहैंगे ॥ और षट्कोशोंवालाजोशरीर ताका कारणहै ॥ तिनोंविषे त्वचा औररुधिर औरमांस यहतीनकोश माताकेअंशतैंहोवेहैं ॥ और नाडी अस्थि मज्जा यहतीनकोश पिताकेअंशतैंहोवेहैं ॥ और वीर्यसहितताउपस्थइंद्रियतैं जलहैप्रधानजिनोंविषेऐसेजेपंचभूत तेहैंशरीरजाका ऐसाजो प्रजापतिदेवता सो प्रगटहोताभया ॥ इसप्रकार ऐतरेयउपनिषद्विषे इंद्रियऔरतिनोंकेदेवतावोंका प्रगटहोणाकह्याहै ॥ अब बाकीरहेजेदेवताऔरइंद्रिय तिनोंकाभी

श्रुतिविषेस्थित जेवाक्औरअग्निआदिकशब्द तिनशब्दोंकीलक्षणातैं ग्रहणकाप्रकार दिखावेहैं ॥ पूर्वकह्याजो मृत्युकाकारणअपान सो गुदाछिद्रतैंस्पष्टहोवेहै ॥ याकारणतैं सोअपानवायु देवतासहितपायुइंद्रिय होवेहै ॥ तात्पर्ययह॥ अपानकरिके देवतासहित पायुइंद्रियकाभी प्रगटहोणाग्रहणकरणा ॥ और घ्राणइंद्रियकूंप्राप्तहोइके गंधतैंरहितभीवायु गंधवालाहोवेहै ॥ याकारणतैं घ्राणइंद्रिय पृथिवीहै ॥ यास्थानविषे गंधसहितवायुकरिकै पृथिवीदेवताकाग्रहणकरणा ॥ और पूर्व त्वचातैंलोमोंकाप्रगटहोणाकह्या ॥ ते लोम कंपकरिकेयुक्तहैं ॥ और लोमोंविषेकंप वायुकरिकेजन्यहै ॥ यातैं ऐसानिर्णयहोवेहै ॥ लोमऔरस्पर्शनइंद्रियकरिकेयुक्तत्वचारूपगोलकतैं वायुदेवता प्रगटहोताभया ॥ और आवरणकाविरोधीअवकाशरूपलक्षण आकाशऔरदिशाका समानहै ॥ यातैं पूर्वकहीजेदिशा तेआकाशरूपहैं ॥ और पूर्वहृदयविषे मनकाप्रगटहोणाकह्या॥तहां मनकेप्रगटहुए बुद्धिका और अहंकारका और चित्तकाभी प्रगटहोणाजानिलेणा ॥ काहेतैं श्रुतिविषे मनकरिकेहीं सर्वजगत्कीउत्पत्तिकहीहै॥ और पूर्वमनकेदेवताचंद्रमाकाप्रगटहोणाकह्या ॥ ताचंद्रमाकरिके बुद्धि अहंकार चित्तके जेदेवता ब्रह्मा रुद्र महेश इनोंकाभी प्रगटहोणाग्रहणकरणा ॥ और पूर्व अपानकाप्रगटहोणाकह्या ॥ ताअपानकरिके क्रियाशक्तिवालेसर्वप्राणोंका ग्रहणकरणा ॥ और पूर्व मुखरूपगोलकविषे वाक्इंद्रियका प्रगटहोणाकह्या ॥ और ताकेदेवताअग्निका प्रगटहोणाकह्याथा ॥ तहां वाक्इंद्रियकरिके मुखरूपएकस्थानविषेरहणेहारे रसनइंद्रियकाभी प्रगटहोणाजानणा ॥ और अग्निदेवताकरिकै वरुणदेवताकाभी प्रगटहोणा ग्रहणकरणा ॥ इसप्रकार अनंतप्रकारके छिद्र अंडविषेरचिकरिकै दोहस्तोंकूं औरदोपादोंकूं परमेश्वर प्रगटकरताभया ॥ और हस्तोंतैं इंद्रदेवताकूं प्रगटकरताभया ॥ और पादोंतैं उपेंद्रदेवताकूं प्रगटकरताभया ॥ इसप्रकार विराट्भगवान्केदेहमैं जेमुखादिकछिद्रहैं॥तिनोंछिद्रोंविषे जैसे श्रुतिविषेकह्याहै तिसीप्रकार संपूर्णदेवताकूं औरसंपूर्णवाक्तैंआदिलैकेइंद्रियोंकूं परमेश्वर प्रगटकरताभया ॥ जबी कर्मऔरउपासनाकरिकै प्राप्तभया जोदेवशरीर ॥ सोभी दुःखोंकरिकेयुक्तहै ॥ तो अन्यशरीरका क्याकहणाहै॥ इसअभिप्रायकरिकैताविराट्शरीरकूं समुद्ररूपकरिकेवर्णनकरैहैं ॥ अनंतकोटियोंकूंअनंतकोटिवारगणनाकरेसैं जासंख्याहोवै इतनेंयोजनविस्तरवाला विराट्कादेहरूपसमु

द्रहै ॥ यद्यपि समुद्रकेसंख्याका शास्त्रविषेनियमलिख्याहै ॥ तथापि प्रलयकालविषेनियमनहींहै ॥ काहेतें प्रलयकालविषे योजनोंकी गणतीकरणेहारा कोईहैनहीं ॥ यद्यपि ईश्वर प्रलयकालविषेभीहै ॥ तथापि ईश्वरकूं गणतीसैंकोईप्रयोजनहैनहीं ॥ यातें योजनों कीगणतीकरैनहीं ॥ और जैसेसमुद्र देखणेकरिके सर्वप्राणियोंकूं भयकीउत्पत्तिकरैहै ॥ तैसें "सर्वात्माविराट्मैंहूं" ऐसाजोविराट्का ज्ञान तातैं परिच्छिन्नदृष्टिवालेअज्ञानीपुरुष भयकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ और पंचमहाभूतरूपजलहैंजाविषे ॥ और चतुर्दशलोकरूप तरंग मालाहै जिसविषे ॥ और जैसे समुद्र शुक्तिऔरशंखोंकरिके शोभायमानहै ॥ तैसे यह विराट्भगवान्काशरीरभी जरायुज अंडज स्वेदज उद्भिज्ज याचारप्रकारकेशरीररूप शुक्तिऔरशंखोंकरिकेशोभायमानहोइरह्याहै ॥ और कामक्रोधादिकरूपमगरोंकाआश्रय है ॥ काहेतें जैसेसमुद्रकेमगर आपणेतंतुवोंसैं पुरुषकूंबांधिकरिके समुद्रविषे गिरायदेतेहैं ॥ तैसे कामक्रोधादिकभी वासनारूप तंतुवोंसैंबांधिकरिके यापुरुषकूं संसाररूपसमुद्रविषेगेरैहैं ॥ यातें मगरकेसमानहैं ॥ और जैसे समुद्रविषे नानाप्रकारकेबंधनकरणे हारेहैं ॥ तिनोंमैंभी कोईतो समुद्रकेपारजाणेमैंप्रतिबंधकहैं ॥ जैसे हनुमानकेछायाकेग्रहणकरणेहारेराक्षसहैं ॥ और कोईक समु द्रविषे तरणेकेप्रतिबंधकहैं ॥ जैसे जलोंकेभ्रमणहैं ॥ और कोईक बाहरनिकसणेमैंप्रतिबंधकहैं ॥ जैसे ग्राहोंकेमुखहैं ॥ इसप्रका र बंधनकेकरणेहारे संचित औरक्रियमाण औरप्रारब्धकर्महैं जिसविषे ॥ ऐसाविराट्भगवान्काशरीरहै ॥ और त्वचाआदिकधा तुवोंकरिकेदुर्गंधहै ॥ और विष्ठामूत्रमलकाआश्रयहै ॥ यद्यपि दुर्गंधादिकअन्नकेदोष विराट्शरीरविषेकहणे श्रुतिसैंविरुद्धहैं ॥ त थापि व्यष्टिशरीरद्वारा ताविषेजानणे ॥ स्वभावतें ताविषे दुर्गंधादिकनहींहैं ॥ ऐसे विराट्शरीरविषे प्राप्तभये जेवागादिकदेवता ते क्षुधा औरतृषाकरिकेव्याकुलहुए औरविराट्शरीरकेतृप्तकरणेयोग्य अन्नऔजलकूंनदेखतेहुए आपनापिताजो परमेश्वरहै ताकूं क हतेभये ॥ हेभगवन्! संपूर्णजगत्जाकाशरीरहै ऐसाजोविराट्भगवान्काशरीर आपनें उत्पन्नकर्याहै ॥ याशरीरतैंभिन्न कोई अन्न और जल दीखता नहीं ॥ और याशरीरविषेहमारेकूं भोजनकरणेयोग्यअन्नादिक नहींदीखते ॥ और पानकरणेयोग्यजलन हींदीखत ॥ तातैं हेभगवन्! हमारेसुखवासतैं थोडेअन्नऔरजलकरिके जाकीतृप्तिहोवै ऐसाकोईशरीर उत्पन्न करो ॥ जिसविषेस्थि

तहाँइके हम अन्नऔरजलकूं प्राप्तहोवैं ॥ इसप्रकार वागादिकदेवतावोंकरिकेकह्याहुआ सोपरमात्मा गौकेदेहकूं रचताभया ॥ ति
सगौदेहविषे वागादिकदेवतावोंकी प्रीतिनहोतीभई ॥ काहेतें गवादिकशरीरोंविषे पूर्वकऱ्याहुआकर्महीं भोगताहै ॥ नवीनबुद्धि
औरकर्मका संपादनहोवैनहीं ॥ इसप्रकार गौकेशरीरविषे तिनोंकीप्रीतिकूं नदेखिकरिके परमात्मा पुत्रोंकीप्रीतिवासतैं अश्वकूं
उत्पन्नकरताभया॥ताअश्वविषेभी तिनोंकीप्रीति नहोतीभई॥काहेतें अश्वविषे हस्तोंका औरज्ञानकर्मोंकेसाधनोंका अभावहै॥इसप्र
कार पुत्रोंकीप्रीतिवासतैं परमेश्वर चौरासीलक्षदेहोंकूं रचताभया ॥ परंतु किसीशरीरविषेभी तिनोंकीप्रीति नहोतीभई ॥ तापश्चात्
मनुष्यशरीरकूं परमेश्वर रचताभया॥तामनुष्यशरीरकूं उत्पन्नहुआदेखिकरिके देवता तिसशरीरमें प्रीतिकरतेभये॥ और हर्षवान्
होइके परमेश्वरकेप्रति कहतेभये॥ हेपिता! यहमनुष्यशरीर आपनेहीं साक्षात्‌रचाहै ॥ किसीद्वारा नहींरचाहै ॥ यातेंहर्षकेकरणेहा
राहैं ॥ दृष्टांत ॥ जैसे बुद्धिमान्‌तक्षादिक जोआपणेहस्तसैंवस्तुरचेहैं ॥ सो रमणीयहोवेहै ॥ औरजोआपणेभृत्योंसैंवस्तुकरावै
सो रमणीयनहींहोवेहै ॥ यहलोकविषेप्रसिद्धहै ॥ और यामनुष्यशरीरविषे साक्षातईश्वरकाकार्यपणा युक्तहै ॥ काहेतें यहमनुष्य व
स्तुकूंजाणिकरिके कथनकरैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ ज्ञानइंद्रियऔरकर्मइंद्रियकरिके युक्तहै ॥ यद्यपि वानरादिकशरीरोंविषेभी चक्षुआ
दिकइंद्रियोंसैंज्ञानहोवेहै॥यातें मनुष्यशरीरविषेतिनोंतेंविशेषता बनैनहीं ॥तथापिमनुष्यसैंभिन्न वानरादिकोंकेइंद्रियोंका वस्तुकेसा
थसंबंधहुएभी सर्वप्रकार अज्ञानकीनिवृत्तिहोवैनहीं ॥और घटादिकअर्थकेसाथी इंद्रियोंकेसंबंधहुए बहुतस्थानमें मनुष्यअज्ञानतैंर
हितहोवेहै॥यातें वानरादिकोंतेंमनुष्यश्रेष्ठहै॥और कैसायहमनुष्यशरीरहै॥इसलोककेजेसुखऔरसुखकेसाधनतिनोंकूंजाणताहै॥औ
र स्वर्गादिकलोकोंकेजेसुख और तिनोंकेसाधन जेयज्ञादिककर्म तिनोंकूंभी शास्त्रसैंजाणेहै ॥ और अतीतकालविषेजोहुआकार्य औ
रआगेहोणेवालाजोकार्यहै ताकूं जाणेह ॥ औरसुखकीप्राप्तिके औरदुःखकीनिवृत्तिके जेसाधनहैं ॥ तिनोंकेजानणेवासतैं साध
नोंकेजानणेहारेजेमहात्माहैं तिनोंके समागमकाप्रकारभी यहमनुष्य जाणेहै ॥ और महात्मावोंकेसमागमहुए यहमेरेकूंकरणेयोग्य
है यहनहींकरणेयोग्य यहसंपूर्ण प्रमाणसैंजानताहै ॥ और यामनुष्यशरीरविषेहीं वेदवाक्योंतें आत्माकासाक्षात्कारहोवेहै ॥ ऐसे

मनुष्यशरीरविषेहीं संपूर्णदेवता संतोषकूंमानतेभये॥इसप्रकार हर्षकरिकेयुक्तहुएपुत्रोंकूं पिता आज्ञाकरताभया॥हे देवतावो!या व्य
ष्टिशरीरविषे आपणेआपणेगोलकरूपस्थानविषे तुम प्रवेशकरो ॥ शंका ॥ हेभगवन्! इंद्रियोंकेरहणेयोग्ययास्थानविषे हमाराप्र
वेश बनैनहीं ॥ काहेतें हम व्यापकहैं ॥ और यहअल्पस्थानहै ॥ किंवा ॥ इंद्रियोंकरिकेहीं अर्थकीसिद्धिहोवैगी ॥ हमारेप्रवेशका
कछुप्रयोजनभीनहीं ॥ समाधान ॥ हेदेवतावो! तुमारेसंबंधीजेइंद्रियहैं ॥ तिनोंविषे भेदभावकूंछोड़िकरिकै एकताअभिमानकरिकै
प्रवेशकरो॥ दृष्टांत ॥ जैसे सांचेमैंढालेहुएताम्रादिकधातूवां एकभावकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ इहांयहअभिप्रायहै ॥ एकदूसरेकीअपेक्षाकूं
नकरिकै जे आपणेआपणेकार्यकूंकरैं ॥ तिनोंका एकअधिकरणमेंरहणाहोवैनहीं ॥ इंद्रियऔरदेवतावोंकूं परस्परअपेक्षाहै ॥ का
हेतें चक्षुतैंविना प्रकाशरूपसूर्य सिद्धहोवैनहीं ॥ और सूर्यतैंविना चक्षुइंद्रिय सिद्धहोवैनहीं ॥ काहेतें सूर्यतैंविना चक्षुइंद्रिय रूपा
दिकवस्तुवोंकेज्ञानकूं उत्पन्नकरैनहीं ॥ याकारणतैंहीं अंधकारमें रूपका चक्षुजन्यज्ञानहोवैनहीं ॥ और रूपादिकवस्तुकेज्ञानरूपका
र्यतैंहीं चक्षुइंद्रियका अनुमितिज्ञानहोवैहै ॥ काहेतें इंद्रियोंका इंद्रियोंकरिकैप्रत्यक्षहोवैनहीं ॥ यातैंयहसिद्धभया ॥ सूर्यहोवै तबीरू
पादिकोंकाप्रत्यक्षज्ञानहोवै ॥ ताज्ञानरूपकार्यतैं करणरूपचक्षुका अनुमितिरूपज्ञानहोवै ॥ इसप्रकार परंपराकरिकै सूर्य चक्षुइंद्रिय
कासाधकहै ॥ इसप्रकार संपूर्णइंद्रिय औरतिनोंकेदेवता परस्परअपेक्षाकरैहैं ॥ यातें इंद्रियोंसैंमिलिकरिकै देवतावोंका व्यष्टि
शरीरविषेप्रवेश बनैहै ॥ इसप्रकार परमेश्वरकरिकैकहेहुए संपूर्णदेवता तैसेहींकरतेभये ॥ तिनोंविषे अग्निदेवता पूर्वउत्पन्नभयाजो
वाक्इंद्रिय तासैंएकताकूंप्राप्तहोइकरिकै मुखरूपगोलकविषे स्थितिकूंप्राप्तहोताभया ॥ और जलोंकापतिजोवरुणहै ॥ सो र
सनइंद्रियकेसाथ एकताअभिमानकरिकै जिव्हाकेअग्रभागरूपगोलकविषे स्थितहोताभया ॥ और गंधविशिष्टवायुदेवता घ्राण
इंद्रियकेसाथ एकताअभिमानकरिकै नासिकाछिद्ररूपगोलकविषे प्रवेशकरताभया ॥ और सूर्यदेवता चक्षुइंद्रियविषे एकताअ
भिमानकरिकै अक्षिरूपगोलकविषे प्रवेशकरताभया ॥ और दिक्देवता श्रोत्रइंद्रियकेसाथ एकताअभिमानकरिकै करणछिद्ररूप
गोलकविषे प्रवेशकरताभया ॥ और स्थावररूपउपाधिवाला जोवायुदेवताहै ॥ सो लोमसहितस्पर्शनइंद्रियविषे एकताअभिमान

करिके त्वचारूपगोलकविषे स्थितहोताभया ॥ और चंद्रमादेवता मनकेसाथ एकताअभिमानकरिकै हृदयरूपगोलकविषे प्रवेश करताभया ॥ और मृत्युदेवता पायुइंद्रियकेसाथ एकताअभिमानकरिकै गुदाछिद्ररूपगोलकविषे स्थितहोताभया ॥ और प्रजापति देवता उपस्थइंद्रियकेसाथ एकताअभिमानकरिकै शिश्नछिद्रविषे प्रवेशकरताभया ॥ इतनेदेवतावोंकाप्रवेशश्रुतिविषे कह्याहै ॥ इसरीतिसैंदूसरेभीदेवता अध्यात्मइंद्रियोंविषे और अधिदैवोंविषे वर्तमानजोभेद तासैंरहितहुए औरइंद्रियोकेसाथएकताअभि मानकूंप्राप्तहुए आपणेआपणेस्थानविषे प्रवेशकरतेभये ॥याप्रकार व्यष्टिशरीरविषे प्रवेशकरिकै अधिदैव अध्यात्म अधिभूत यहत्रि पुटि सिद्धहोवैहै ॥ तहां सूर्यादिक अधिदैवहैं ॥ और चक्षुइंद्रियादिक अध्यात्महैं ॥ और रूपादिकविषय अधिभूतहैं ॥ यहरीति सर्वइंद्रियोंविषेजानणी ॥ इसप्रकार परमेश्वररूपपितानैं सर्वदेवतावोंकूं यथायोग्यस्थान दिये ॥ तिसतैंअनंतर अशनाऔरपिपा सादेवता आपणेसैंवृद्धसर्वदेवतावोंकूं स्थानकीप्राप्तिदेखिकरिकै परमेश्वरतैं स्थानकूंयाचतेभये ॥ ताअशनापिपासादेवतावोंका पूर्व पूर्वदेवतावोंकेस्थानसैंभिन्नस्थानकूं नदेखिककरिकै परमेश्वर अध्यात्मअधिदैवरूपदेवतावोंकेविषेहीं तिनोंकूं स्थानदेताभया ॥ और परमेश्वर कहताभया ॥ हेअशनापिपासा ! इनदेवतावोंकीतृप्तिकरिकेहीं तुम्हारीतृप्तिहोवैगी ॥ इसप्रकार परमेश्वरनें तिनोंकास्था नकऱ्या ॥ सोअबीभी ऐसादेखताहै ॥ सूर्यादिकदेवतावोंकेताईं घृतादिरूपहविषदियेहुए तिनदेवतावोंके अशनापिपासाकीशां तिहोवैहै ॥ और अध्यात्मइंद्रियोंकेप्रति रूपादिकविषयरूपहविषदियेहुए किंचित्काल तिनोंकेअशनापिपासाकीशांतिहोवैहै ॥ य हहीं तिनोकीतृप्तिहै ॥ इसप्रकार तिनदेवतावोंकूं स्थानदेकरिकै अन्नप्राप्तिकीइच्छावान्‌जोदेवताहै तिनोंके उपकारवासतै तिनदेव तावोंकरिकेनहींकह्याहुआभी पिताजोपरमेश्वरहै सो ऐसाविचारकरताभया ॥ दृष्टांत ॥ जैसे लोकविषे पिता पुत्रोंकरिकेनहींकह्या हुआभीतिनोंका अन्नऔरवस्त्रादिकोंसैं पालनकरैहै ॥ यहजे इंद्रियऔरदेवतारूपहमारेपुत्रहैं ॥ ते क्षुधाकरिकेयुक्तहैं ॥ यातैं इनोंके वासते मैं अन्नकूंरचों ॥ ऐसाविचारकरिकै परमात्मा नानाप्रकारकेउपायोंकरिकै पंचभूतोंतैं बहुतप्रकारकाअन्न रचताभया ॥ काहे तैं एकप्रकारकेअन्नतैं सर्वप्राणियोंकीतृप्तिहोवैनहीं ॥ जैसे मनुष्यादिकोंका व्रीहि औरतृणादिक स्थावररूपअन्नहै ॥और सिंहादिकों

का मृगादिरूप जंगम अन्न है॥ और सर्पादिकोंका वायुऔरमूषकादिक अन्न है ॥ इसप्रकार अन्नोंकेउत्पन्नहुए याअन्नकूंतुमग्रहणक
रो ऐसेपरमेश्वरकरिकैकहेहुएभी संपूर्णदेवता अपानवायुसैंविना ताअन्नकाग्रहणकरणेमैं नसमर्थहोतेभये॥याकारणतैंहीं श्रुतिविषे
सर्वदेवतावोंका ईश्वर और अन्नाद अपानवायु कह्याहै ॥ अन्नकूंजोदेवे सोअन्नादकहियेहैं॥ यद्यपि यह अपानवायु हमारेताईं अन्न
केदेणेहाराहै ऐसामानिकरिकै सर्वदेवतावोंनैं ताअपानवायुका आश्रयणकऱ्या ॥ तथापि सो अपानवायु सर्वव्यवहारके साधकअं
तर्यामीआत्मातैंविना अन्नग्रहणकरणेकूं नसमर्थहोताभया ॥ दृष्टांत ॥ जैसे चेतनपुरुषतैंविना कुठार छेदनरूपकार्यकरणेमैं समर्थ
नहींहोवेहै ॥ ऐसादेखिकरिकै परमेश्वर तिनोंदेवतावोंकरिकैनहींकह्याहुआभी विचारकरताभया ॥ यहअधिदैवादिरूपजगत् प्रा-
णवायुकरिकैयुक्तप्रगटभयाभी॥तौभी प्रकाशरूपमैंपरमात्मातैंविना यहजडजगत् किसीप्रकारभी सिद्धहोवैनहीं ॥याकहणेतैं यहसि
द्धभया ॥ जोजो जडवस्तुहै॥सोसो प्रकाशकीअपेक्षाकरेहै ॥ दृष्टांत॥ जैसे यहअन्न भोजनकरणेयोग्यहै ॥ और यहशब्द कहणे
योग्यहै॥ और यहरूपादिक देखणेयोग्यहैं॥याप्रकारकेज्ञान भोक्ता वक्ता द्रष्टा रूपप्रकाशकआत्मातैंविना सिद्धहोवैंनहीं ॥ त
हां एकहींआत्मा प्राणविशिष्टहुआ भोक्ताकहियेहै ॥ और वाक्इंद्रियविशिष्टहुआ वक्ताकहिएहै॥और चक्षुविशिष्टहुआ द्रष्टाकहिये
है ॥ यारीतिसैं श्रोतादिकभीजानणे॥यहशास्त्ररीतिसैंदृष्टांतकह्या ॥ अब लोकप्रसिद्धदृष्टांत कहेहैं ॥ जैसे प्रकाशविना अंधकारविषे
रूपवान्घटादिपदार्थोंकूं यहलोक नहींजाणेहै ॥ शंका॥ हेभगवन्! पूर्व आपनें यहनियमकह्या ॥ जोजो जड़वस्तुहै ॥ सोसो आ
पणीसिद्धिमैं प्रकाशकीअपेक्षाकरेहै ॥ सोनियम यद्यपि घटादिकोंमैंतौ बनेहै ॥ तथापि अंधकारविषे तानियमकाव्यभिचारहै ॥
काहेतैं अंधकार जडतौहै॥ परंतु आपणीसिद्धिमैं प्रकाशकीअपेक्षाकरैनहीं ॥ उलटा प्रकाशतैंनिवृत्तहोवेहै ॥ समाधान ॥ अंधकार
यद्यपि सूर्यादिकप्रकाशकीअपेक्षानहींकरेहै॥तथापि चक्षुरूपप्रकाशकीअपेक्षाकरेहै॥याकारणतैंहीं चक्षुसैंरहितपुरुष अंधकारकूंनहीं
देखेहै ॥ अंधकारकूंप्रकाशकीअपेक्षाहै याअर्थकूं अब अनुमानप्रमाणतैंसिद्धकरैहैं ॥ जैसे घटादिकपदार्थोंकेज्ञानविषे घटादिकोंतैंभि
न्नसूर्यादिक प्रकाशकारणहै॥ तैसे अंधकारतैंभिन्नचक्षुकाप्रकाश ताअंधकारकेज्ञानमैं कारणहै ॥ अनुमानप्रकारयहहै ॥ अंधकार

धहोवैहै॥ धूम यावर्णोंसैं धूमरूपअर्थका तादात्म्यसंबंधहै ॥ औरचक्षुइंद्रियकेसंबंधतैं पुरुषोंकेवह्निज्ञानकीकारणतावालाभी धूम
है ॥ काहेतैं धूमकूंनेत्रोंसैंदेखिकरिकै पर्वतादिकोंविषे वन्हिकाज्ञान पुरुषोंकूंहोवैहै ॥ यातैं याशब्दकेलक्षणकी धूमविषेअतिव्याप्ति
होणेतैं यालक्षणतैंभी शब्दकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ अब धूमविषेअतिव्याप्तिदोषकीनिवृत्तिवासतै वादी अन्यरीतिसैं तालक्षणकरिकै श
ब्दकीसिद्धिकरैहै ॥ **शंका** ॥ वर्णोंकेसाथतादात्म्यसंबंधवालाहोवै और जामनुष्यके श्रोत्रइंद्रियकेसंबंधवालाहोवै तामनुष्यके अर्थ

ज्ञानकीकारणता शब्दका लक्षणहै ॥ यालक्षणकी धूमविषे अतिव्याप्तिनहीं ॥ काहेतें धूमका यद्यपि पूर्वकहीरीतिसें वर्णोंकेसाथता दात्म्यभीहै ॥ औरनेत्रइंद्रियकेसंबंधवालाहुआधूम मनुष्योंके वन्हिज्ञानकाकारणभीहै ॥ तथापि श्रोत्रइंद्रियकेसंबंधवालाहुवाधूम ज्ञानकाकारणनहीं ॥ और शब्दतो श्रोत्रइंद्रियकेसंबंधवालाहुआ ज्ञानकाकारणहोवैहै ॥ इहां श्रोत्रकासंबंध श्रोत्रइंद्रियजन्यज्ञानकीविषयतारूप जानणा॥ अब याशब्दकेलक्षणकूंभी शब्दतत्वजातिविषे अतिव्याप्तिदोषकरिके सिद्धांती खंडनकरैहै ॥समाधान॥ पूर्वधूमविषेअतिव्याप्तिदोषकेनिवारणवासतें लक्षणविषे श्रोत्रइंद्रियकासंबंधकह्या ॥ सोसंबंधभी शब्दकेसिद्धिकाकारणनहीं ॥ काहेतें शब्दविषेस्थित शब्दत्वजातिका वर्णोंकेसाथ तादात्म्यसंबंधहै ॥ और श्रोत्रइंद्रियकेसंबंधतें ज्ञानकीकारणताभी ताशब्दत्वविषेहै ॥ यातें शब्दत्वजातिविषे लक्षणकीअतिव्याप्तिहोवैहै ॥ यद्यपि गुणहोवै ॥ और वर्णोंकेसाथतादात्म्यसंबंधवालाहोवै ॥ और श्रोत्रइंद्रियकेसंबंधतेंज्ञानकाकारणहोवै ॥ सो शब्दकहियेहैं ॥ याप्रकार गुणपदकेनिवेशतें शब्दत्वजातिविषे अतिव्याप्तिहोवैनहीं॥ काहेतेंशब्दत्वजातिविषे गुणत्वधर्महैनहीं ॥ तथापि गुणका आगेआकाशनिरूपणविषे खंडनकरैंगे ॥ यातें यालक्षणतेंभी शब्दकी सिद्धिहोवैनहीं ॥ शंका ॥ लक्ष्यतेंभिन्नवस्तुविषे जोलक्षणरहै ॥ सो अतिव्याप्तिदोषवालाहोवैहै ॥ और पूर्वकह्यालक्षण यद्यपि शब्दत्वजातिविषे रहैहै ॥ तथापि साशब्दत्वजाति लक्ष्यशब्दतेंभिन्ननहीं ॥ काहेतें जातिऔरव्यक्तिका तादात्म्यहोवैहै ॥ यातें शब्दत्वजातिभी शब्दकेलक्षणका लक्ष्यहै ॥ समाधान ॥ शब्दत्वजातिकूं जोशब्दस्वरूपमानोगे॥ तौ शब्दकास्वरूप रूपभावकूंप्राप्त होवैगा ॥ तात्पर्ययह ॥ इंद्रियजन्यज्ञानकाविषयजोअर्थ सो रूपकहियेहैं ॥ यहरूपकालक्षण शब्दत्वादिकजातिविषेभी वर्तहै ॥ यातें संपूर्णजगतकूं नामरूपक्रियास्वरूप कथनकरणेहारीश्रुतिविषे जातिआदिक रूपकेअंतर कहेहैं ॥ अबी शब्दत्वजातिकूं जोशब्दरूपमानोगे॥तौ नामऔररूपका भेदसिद्धहोवैगानहीं॥शंका॥शब्दत्वजाति संपूर्णशब्दोंविषेरहैहै॥और शब्द सर्वत्ररहैनहीं ॥ यातें शब्दत्वजातिका औ शब्दका भेदप्रसिद्धहै ॥ समाधान ॥ जैसे संपूर्णककारोंविषे कत्वजातिरहैहै॥और संपूर्णशब्दोंविषे शब्दत्वजातिरहैहै ॥ तैसे संपूर्णघटादिकअर्थोंविषे शब्दकासंबंधभी प्रतीतहोवैहै ॥ यातें सर्वत्रअनुगतपणा शब्दत्वजातिविषे औरशब्दविषे

समानहै ॥ तात्पर्ययह॥ किसीप्रकारकरिकै रूपतैंनामकाभेद सिद्धहोवैनहीं॥ इसप्रकार नामकेअनिर्वचनीयताकूंसिद्धकरिकै अब रूप
औरक्रियाविषेभी अनिर्वचनीयता सिद्धकरेहैं॥ जैसे नाम किसीप्रकारतें सिद्धहोवैनहीं॥ तैसे रूपऔरक्रियाभी किसीप्रकारतें सिद्ध
होवैनहीं ॥ काहेतें अल्पमुख औरबड़ाउदर यह घटकास्वरूपहै ॥ सो घटतैंभिन्नहोइके जैसे प्रतीतहोवैनहीं ॥ तैसे क्रियाभी रूपतैंभि
न्नहोइके प्रतीतहोवैनहीं ॥ यातें जैसे रूप रूपतैंभिन्ननहींहै॥ तैसे क्रियाभी रूपतैंभिन्ननहींहै ॥ अब नामतैंभिन्न रूपकीअनिर्वच
नीयताकूं दिखावैहै॥ जाकारणतें संपूर्णरूप नामकेअनुकूल ज्ञानकूंउत्पन्नकरेहैं ॥ यातें रूप वास्तवनहींहै॥ किंतु विकल्पमात्रहै
॥ और श्रुतिविषेभी सर्वविकार नाममात्रकहेहैं ॥ दृष्टांत ॥ जैसे मनुष्यविषे तीक्ष्णहैअग्रभागजाकाऐसाशृंग असत्यहै ॥ तैसे रू
पभी असत्यहै ॥ शंका ॥ असत्य बंध्यापुत्र औनरशृंगविषे बंध्यापुत्रहै औरनरशृंगहै ऐसाज्ञान होवैनहीं ॥ और घटादिकपदार्थों
विषेतौ घटहै पटहै ऐसाज्ञान होवैहै ॥ यातें बंध्यापुत्रकी और घटपटादिकरूपोंकी तुल्यता होवैनहीं ॥ समाधान ॥ नरशृंगविषे
औरबंध्यापुत्रविषे नरशृंगहै और बंध्यापुत्रहै ऐसा उत्पन्नभयाजोज्ञान ॥ सो किसीकरिकै निवारणहोवैनहीं ॥ काहेतें सांख्यशास्त्र
वाले विकल्पज्ञानकाविषय बंध्यापुत्रादिकअसत्यपदार्थ मानेहैं ॥ और नैयायिक आहार्यज्ञानकाविषय मानें हैं ॥ जास्थानविषे जि
सवस्तुका अत्यंताभावहोवै ॥ तास्थानविषे तिसवस्तुकाज्ञान पुरुषकीइच्छातें जोउत्पन्नहोवै॥ सोज्ञान आहार्यकहियेहैं ॥ जैसे ज
लविषे अग्निकाअत्यंताभावहै ॥ और जलविषेअग्निकाज्ञानमेरेकूंहोवै ऐसीइच्छा जबीपुरुषकूंहोवै ॥ तबी ताइच्छातें जलअग्निवाला
है ऐसाज्ञान तापुरुषकूं उत्पन्नहोवैहै ॥ याज्ञानकूं नैयायिक आहार्यज्ञानकहेहैं ॥ याकहणेतें यहसिद्धभया ॥ जैसे घटहै पटहै या
ज्ञानकेविषय घटपटादिकहैं ॥ तैसे बंध्यापुत्रहै और नरशृंगहै याआहार्यज्ञानकेविषय बंध्यापुत्रऔरनरशृंगादिकभीहैं ॥ यातें दोनों
समानहैं॥ शंका ॥ घटहै और बंध्यापुत्रहै याज्ञानोंकी समानतानहीं॥ काहेतें घटादिकोंकाज्ञानतौ इंद्रियतेंजन्यहै ॥ और बंध्यापुत्र
काज्ञान इंद्रियकरिकैजन्यनहीं॥ समाधान॥ संपूर्णइंद्रियोंकरिकै घटादिकोंकेज्ञानजन्यहैं ॥ यातें बंध्यापुत्रकेज्ञानतें विलक्षणहै ॥
अथवा एकएकइंद्रियकरिकैजन्यहैं ॥ यातें बंध्यापुत्रकेज्ञानतें विलक्षणहैं ॥ तहां प्रथमपक्षतौ बनैंनहीं ॥ काहेतें गंधज्ञानका एकघ्रा

णइंद्रिय कारणहै ॥ चक्षुआदिकइंद्रिय कारणहैंनहीं ॥ तैसे रूपज्ञानका चक्षुइंद्रिय कारणहै ॥ अन्यइंद्रिय कारणहैंनहीं ॥ तात्पर्यय ह ॥ जैसे धनकीवृद्धिकीइच्छाकरिकै व्यापारविषेप्रवृत्तभयेपुरुषके मूलधनकीभी हानिहोइजावै॥तैसे बंध्यापुत्रतैं घटादिकोंविषेविल क्षणताकीसिद्धिवासतै सर्वइंद्रियजन्यज्ञानकीविषयतामानणेमैं गंधादिकोंकूं बंध्यापुत्रकीतुल्यताही प्राप्तहोवैहै ॥ काहेतैं गंधादि कोंमैं सर्वइंद्रियजन्यज्ञानकीविषयताहैंनहीं ॥ और एकएकइंद्रियजन्यज्ञानकीविषयता गंधादिकोंविषे है॥ असत्यनरशृंगवंध्यापुत्र विषे हैनहीं ॥ यातैं विलक्षणहै ॥ यहदूसरापक्षभीबनैनहीं ॥ काहेतैं गंधादिकोंविषे एकएकइंद्रियजन्यज्ञानकीविषयतारूप विशेष ताकूं जोअंगीकारकरोगे ॥ तौ तुमारेमतविषे नरशृंगादिकोंकाज्ञान मनरूपइंद्रियकरिकेहोवै ॥ याकेविषे कोईप्रतिबंधकहैनहीं ॥ ता त्पर्ययह ॥ याविशेषतातैंभी वंध्यापुत्रतैं गंधादिकोंकीविलक्षणता सिद्धहोवैनहीं ॥ शंका ॥ मनकरिकै बंध्यापुत्रकाज्ञान होवैनहीं ॥ काहेतैं नेत्रादिकइंद्रियोंसेंविना मन किसीज्ञानकूं उत्पन्नकरैनहीं ॥ और नेत्रादिकइंद्रियोंका बंध्यापुत्रकेसाथ संबंधहैनहीं ॥ यातैं मनकूं इंद्रियोंकीअपेक्षाही बंध्यापुत्रकेज्ञानविषे प्रतिबंधकहै ॥ समाधान ॥ संपूर्णज्ञानोंकीउत्पत्तिविषे इंद्रियोंकीअपेक्षा मन करै है यहनियमनहीं ॥ काहेतैं नेत्रादिकोंकेअविषय जेसुखदुःखादिक ॥ तिनोंका जैसे मनकरिकै ज्ञानहोवै है॥ तैसे मनकरिकै बंध्या पुत्र औरनरशृंगके ज्ञानविषेभी कोईबाधकहोवैनहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ नेत्रादिकइंद्रियोंसेंविना सुखदुःखादिकोंकेअनंतज्ञानोंकूं मन उत्पन्नकरैहै॥ तामनकूं इंद्रियोंसेंविना बंध्यापुत्रकेज्ञानकूं उत्पन्नकरणेमैं कोईभारहोवैनहीं ॥शंका॥ मनकरिकै असत्यवस्तुकाज्ञान लो कविषेप्रसिद्धहैनहीं ॥समाधान॥ जैसे वैरीविषेरह्यादुःख सुखरूपकरिकै वंध्यापुत्रकीन्यांईअसत्यहै ॥ तौभी तावैरीकेदुःखकूं सुखरू पकरिकै पुरुष जाणैहै ॥ यहलोकविषेप्रसिद्धहै ॥ तैसे असत्यबंध्यापुत्रनरशृंगकाज्ञान ॥ मनकरिकै बनैहै ॥ अबलोकप्रसिद्धितैंभी रूप नामतैंभिन्ननहीं याअर्थकूं निरूपणकरैहैं ॥ घटादिकपदार्थोंविषे पुरुषोंकी प्रवृत्तिहोवैहै ॥ साप्रवृत्ति इच्छाकरिकैजन्यहोवैहै ॥ काहेतैं इच्छासेंविना किसीवस्तुविषेप्रवृत्तिहोवैनहीं॥ और साइच्छा ज्ञानकरिकैजन्यहोवैहै॥ काहेतैं अन्यदेशविषेस्थितपदार्थोंकेज्ञान काअभावहोणेतैं तिनपदार्थोंकीइच्छा होवैनहीं ॥ यारीतिसै प्रवृत्तितैंपूर्वकालविषे इच्छाद्वाराप्रवृत्तिकाकारणज्ञान शब्दतैंविना वि

चारवान्पुरुषोंकूंहोवैनहीं ॥ किंतु शब्दकूंविषयकरताहुआज्ञान अर्थकूंविषयकरै है ॥ यातैं एकज्ञानकेविषय नामऔररूपका अभेदहीसिद्धहोवैहै ॥ याप्रकार युक्तिसैंनिरूपणकियेहुए नामरूपक्रिया सिद्धहोवैनहीं ॥ अब पंचभूतोंविषे युक्तिसेंअनिर्वचनीयता दिखावेहैं ॥ तेपंचभूत नामरूपक्रियातैंभिन्नहोइके किसीस्थानविषे रहैंनहीं ॥ यातैं अनिर्वचनीयहैं ॥ तिनपंचभूतोंविषेभी प्रथम आकाशका क्यास्वरूप तुम मानोहो? ॥ शंका ॥ अवकाशस्वरूप आकाशहै ॥ यह सर्वलोकोंकूंप्रसिद्धहै ॥ समाधान ॥ अवकाशस्वरूप आकाशहै ॥ यातुमारेकहणेतैं आवरणकेअभावकाजोअधिकरणहोवै सो आकाशहोवै है ॥ यहआकाशकालक्षण सिद्धभया सोयहलक्षण बंध्यापुत्रविषेभीरहैहै ॥ जैसे आकाशविषे आवरणकाअभावहै॥ तैसे बंध्यापुत्रविषेभी आवरणकाअभावहै॥ असत्यवस्तुविषेभी अभावकीअधिकरणता शास्त्रविषेकहीहै ॥ यातैं जैसे आकाशकूं अवकाशस्वरूप तैनें मान्याहै ॥ तैसे बंध्यापुत्र अवकाशस्वरूप काहैतैंनहीं ॥ किंतु बंध्यापुत्रकूंभी अवकाशस्वरूपताबनैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ आकाशकेलक्षणकी बंध्यापुत्रविषे अतिव्याप्तिहोवैहै ॥ यातैं यादुष्टलक्षणतैं आकाशकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ शंका ॥ जो शब्दगुणवालाहोवै ॥ और अवकाशस्वरूपहोवै॥ सो आकाशकहिये हैं ॥ बंध्यापुत्रविषे यद्यपि पूर्वकहीरीतिसैं अवकाशस्वरूपताहै ॥ तथापि शब्दगुण ताविषेहैनहीं ॥ और आकाशविषे शब्दगुणहै ॥ यातैं बंध्यापुत्रतैं आकाशकाभेदहै ॥ तात्पर्ययह ॥ याआकाशकेलक्षणकी बंध्यापुत्रविषे अतिव्याप्तिनहीं ॥ समाधान ॥ शब्दगुणकरिकैभी बंध्यापुत्रतैं आकाशकाभेद सिद्धहोवैनहीं ॥ काहेतैं सोशब्दगुण आकाशरूपगुणीतैंभिन्नहै अथवा अभिन्नहै ॥ तहां प्रथमभिन्नपक्ष बनैंनहीं ॥ काहेतैं जैसे घटतैंपटभिन्नहै ॥ यातैं घटका पट गुणहोवैनहीं ॥ तैसे आकाशरूपगुणीतैं शब्दगुणकूं जोभिन्नमानोगे ॥ तौ आकाशका शब्द गुणनहींहोवैगा ॥ और शब्दगुण आकाशतैंअभिन्नहै ॥ यहदूसरापक्षभी बनैंनहीं ॥ काहेतैं जैसे गंधगुणका गंधतैंअभेदहै ॥ तहां गंधका गंधगुणहै ऐसाकोईकहैनहीं ॥ तैसे आकाशतैं शब्दगुणकाअभेदमानोगेतौ ॥ आकाशका शब्दगुणहै याअर्थकीसिद्धिनहींहोवैगी ॥ यद्यपि शब्दकाऔरआकाशका कल्पितभेदमानणेतैं गुणगुणीभाव बनैहै ॥ तथापि जैसापक्षहोवैहै ॥ तैसाही ताकाबलीहोवैहै ॥ यारीतिसैंकल्पितभेद कल्पितआकाशकीही सिद्धिकरैगा ॥ कल्पितभेदतैं वास्तवआ

काशकी सिद्धिहोवैनहीं ॥ शंका ॥ गुणऔरगुणीका तादात्म्यसंबंधहोवैहै ॥ भेदकूंसंहारणेहाराजोअभेद सो तादात्म्यकहियेहैं ॥ सोभेदऔरअभेददोनों वास्तवहैं॥यातैं वास्तवभेदतैं वास्तवआकाशकीसिद्धिबनैंहै ॥ समाधान ॥ विरुद्धस्वभाववालेपदार्थ एकस्थानविषे रहैंनहीं ॥ जैंसे उष्णस्पर्श औरशीतस्पर्श एकवस्तुविषे रहैंनहीं ॥ याप्रकारकीयुक्तिसहित बुद्धिरूपनेत्रकरिकै समानसत्तावालेभेदऔरअभेद कहांदीखैंनहीं॥खोटाआग्रहकरिकै वास्तवभेदऔरअभेदकेअंगीकारकियेहुए पूर्वकह्याजो भेदपक्षविषे औरअभेदपक्षविषे दोष सो बलात्कारसैंप्राप्तहोवैगा ॥ यातैं वास्तवभेदऔरअभेद एकवस्तुविषे बनैंनहीं ॥ किंवा ॥ जाभेदऔरअभेदसैं वादी गुणगुणीभाव सिद्धकरेहै ताभेदऔरअभेदकास्वरूप विचारकियेतैं सिद्धहोवैनहीं ॥ काहेतैं शब्दादिकगुण औरआकाशादिकगुणीका भेदऔरअभेद जोवादी मानेंहै ॥ तासैंयहपूछाचाहिये ॥ सोभेदऔरअभेद शब्दऔरआकाशादिकवस्तुतैं अभिन्नहै अथवा भिन्नहैं तहां प्रथम अभिन्नपक्ष बनैंनहीं ॥ काहेतैं जोभेदऔरअभेद वस्तुकास्वरूप अंगीकारकरोगेतौ ॥ यहभिन्नहै औरयहअभिन्नहै औरयहदोवस्तुहैं ॥ याप्रकारकाकथन असंगतहोवैगा॥ तात्पर्ययह ॥ जैंसे घटघटकूंलेआवो पटपटकूंलेआवो याप्रकारकाशब्द किसीस्थानविषे विद्वानोंनैं उच्चारणनहींकियाहै ॥ काहेतैं यहशब्द पुनरुक्तिदूषणसहितहै ॥ एकवारउच्चारणकरेशब्दका फेरि उच्चारणकरणेकानाम पुनरुक्तिहै ॥ तैंसे भेदऔरअभेदकूं वस्तुकास्वरूपमानणेमैं यहफलवृक्षतैंभिन्नहै यहघटमृत्तिकातैंअभिन्नहै औरयहदोवस्तुहैं याकथनविषेभी पुनरुक्तिदोषहोवैहै ॥ यातैं भेदऔरअभेद वस्तुकास्वरूपनहीं ॥ औरभेदऔअभेद वस्तुतैंभिन्नहैं॥ यहदूसरापक्षभी बनैंनहीं ॥ काहेतैं भेदवालेकूंभिन्नकहैहै॥ भेदऔरअभेद वस्तुतैंभिन्नहैं ॥ याकहणेतैं वस्तुकेभेदवाले भेदऔरअभेदहैं यहसिद्धहोवैहै ॥ तहां दूसरेभेदविषे तीसरावस्तुकाभेद मानोगे ॥ तीसरेविषे चौथाभेद ॥याप्रकार भेदोंकीधारामानणेमैंअनवस्थादोष प्राप्तहोवैहै ॥ यादोषकीनिवृत्तिवासतै औरप्रथमभेदऔअभेदकीसिद्धिवासतै दूसराभेद वस्तुकास्वरूप जबीकहोगे तबी यहतेरावचन बकबंधनकीन्यांई होवैगा॥ जैंसे बकपक्षीकेबांधणेकीइच्छावाला कोईपुरुष याप्रकारकाउपाय चित्तविषेकल्पना करै ॥ माछलीविषेहैचित्तएकाग्रजाका ऐसाजो आतपविषेस्थित बकपक्षीहै ॥ ताकेमस्तकविषे माखण जाइकेमैराखों॥ सोमाखण

सूर्यकीआतपकरिकै द्रवीभावहोइके याबककेनेत्रविषेपड़े ॥ तामाखणकेपड़णेतें अंधहुएयाबककूं मैंबांधों॥ ऐसीचित्तविषेकल्पनाकरि
कै तैसाहीउपायकरै ॥ जैसे तापुरुषकाउपाय व्यर्थहै ॥ काहेतें बककेसमीपगयेविना ताकेमस्तकउपरि माखण राख्याजावैनहीं॥ जबी
ताकेसमीपगया॥ तबी ताकालविषेही ताकाबंधन बनिसकैहै॥ तैसे प्रथमभेदऔरअभेदकूं वस्तुतेंभिन्नमानिके॥ तिनोंकेसिद्धिवास्तैं
कल्पना कऱ्याजोदूसराभेद॥ ताकूंवस्तुकास्वरूपमानणेमें केवल व्यर्थप्रयासहै॥ यातें शब्दगुणकी किसीप्रकारतेंभी सिद्धिहोवैनहीं ॥
शब्दकी असिद्धिहुये आकाशकी बंध्यापुत्रतेंविलक्षणता सिद्धहोवैनहीं ॥ जैसे आकाशकाशब्दगुण युक्तिसेंसिद्धनहींभया॥ तैसे वायु
कास्पर्शगुण औरअग्निकारूपगुण औरजलकारसगुण पृथिवीकागंधगुण पूर्वकहीरीतिसेंसिद्धहोवैनहीं ॥ तिनस्पर्शादिकगुणोंकेअ
भावहोणेतें वायुआदिकभूतोंकूंभी बंध्यापुत्रकीसमानताहै॥ किंवा॥ अवकाशकूंजोदेवै सोआकाश ॥ स्पर्शकूंजोकरै सोवायु अन्नादिकों
के पाककूंजोकरे सोअग्नि ॥ तृषाकूंजोनिवारणकरै सोजल ॥ लोकोंकूंजोधारणकरै साप्टथिवी ॥ याप्रकारकेलक्षण आकाशादिकोंके
लोकप्रसिद्धहैं ॥ तिनोंतेंभी आकाशादिकोंकीसिद्धि होवैनहीं ॥ काहेतें तेआकाशादिकपंचभूत सर्वलोकोंकेतांई अवकाशादिकोंकूं
देवैहै ॥ अथवा जिसकिसप्राणीकेतांईदेवै हैं ॥ तहां प्रथमपक्षतौ असंभवदोषकरिकैयुक्तहै ॥ काहेतें वातपित्तादिधातुवोंकीन्यूनअ
धिकताकरिकै जडभावकूंप्राप्तभयेप्राणियोंकूं आकाश अवकाशकूंनहींकरेहै ॥ और वायु स्पर्शकूंनहींकरेहै ॥ और अग्नि पाकादिकों
काकारणनहीं ॥ और जल तिनोंकेतृषाकी निवृत्तिनहींकरेहैं ॥ और पृथिवी धारणनहींकरै है ॥ याप्रकार अन्यधर्मोंविषेभी सर्वत्र
अनुगमकाअभावहै ॥ और आकाशादिकभूत जिसकिसप्राणीकूं अवकाशादिक देवै हैं ॥ यहदूसरापक्ष मानणेतें आकाशादिकभू
तोंका मिथ्यापणाही सिद्धहोवैहै ॥ काहेतें जैसे स्वप्नकेपदार्थ जिसकालविषेप्रतीतहोवै हैं ॥ तिसीकालविषे हैं ॥ प्रतीतितेंपूर्वउत्तर
कालविषेहैंनहीं ॥ यातें मिथ्याहैं ॥ तैसे आकाशादिकभूतभी जिसजिसपुरुषकरिकै प्रतीतहोवै हैं ॥ तिसतिसपुरुषकेप्रतीतिकालवि
षे हैं ॥ प्रतीतितेंपूर्वउत्तरकालविषे हैंनहीं ॥ यातेंमिथ्याहै॥ जबी आकाशादिकपंचभूतहीअसत्यभये ॥ तबी तिनभूतोंकाकार्यप्रपंच
सत्यकैसेहोवैगा॥ किंतु सोप्रपंचभी असत्यहीहोवैगा ॥ दृष्टांत ॥ जैसे असत्यबंध्यापुत्रका पुत्रभी असत्यहीहोवै है ॥ सत्यहोवैन

हीं ॥ तैसे असत्यपंचभूतोंकाकार्यप्रपंचभी सत्यहोवैनहीं ॥ यातें आत्मातेंभिन्नपंचभूत औरताकाकार्यप्रपंच बंध्यापुत्रकीन्यांई असत्यहै ॥ यह सिद्धभया ॥ अब आकाशादिकप्रपंचकाकारणमायाकी असत्यरूपतानिरूपणकरेहैं ॥ तहां कार्यप्रपंचकीमायातेंवि ना अनुपपत्तिरूप अर्थापत्तिप्रमाणतें मायाकीसिद्धिहै ॥ अथवा श्रुतिप्रमाणतें मायाकीसिद्धिहै ॥ अथवा अनुभवप्रमाणतें मायाकीसि द्धिहै ॥ तहां प्रथमपक्ष बनैनहीं ॥ काहेतें जैसे असत्यबंध्यापुत्रकी मायाकरिकैभी उत्पत्तिहोवैनहीं ॥ तैसे पूर्वकहीरीतिसें प्रपंच कूंअसत्यहोणेतें ताप्रपंचकी मायाकरिकैभीउत्पत्तिसंभवैनहीं ॥ शंका ॥ लोकविषे असत्यकीभी मायातेंउत्पत्तिदेखीहै ॥ जैसे भूमि विषेस्थित मायावीनट आपणीमायाकरिकै आकाशविषेस्थित असत्यआपणादूसरास्वरूप दिखावैहै ॥ तैसे असत्यप्रपंचकीभी मा याकरिकेउत्पत्तिबनैहै ॥ **समाधान** ॥ तास्थलविषेभी निमित्तकारणरूपमायाकरिकै सत्यमायावीपुरुषकाही नानारूपकरिकैप्रादुर्भाव देखाहै ॥ तात्पर्ययह ॥ आकाशविषेस्थितस्वरूपका परिणामीउपादानकारण मायानहीं ॥ किंतु मायाकाविषयनटकाआत्माही तिस तिसस्वरूपकरिकै प्रतीतहोवैहै ॥ यातें असत्यवस्तुकीउत्पत्तिविषे माया कहांभीसमर्थनहींदेखी ॥ याकारणतें माया परतंत्रहै ॥ स्वतंत्रनहीं ॥ और माया श्रुतिप्रमाणकरिकैसिद्धहै ॥ यहदूसरापक्षभी बनैनहीं ॥ काहेतें मायाकूं जगत्केउत्पत्तिस्थितिनाशकी कारणता यद्यपि श्रुतिवाक्योंनैंकहीहै ॥ तथापि साजगत्कीकारणता मायाकूंहैनहीं ॥ माया आपहीअसत्यहै ॥ असत्यकिसीका कारण औरकार्य होवैनहीं ॥ और मायातें जगत्कीउत्पत्तिकूं बोधनकरणेहारीश्रुतिकाअद्वितीयब्रह्मकेजनावणेमैं तात्पर्यहै ॥ मायाके बोधनमैं तात्पर्यहैनहीं ॥ काहेतें फलवालेअर्थकूं श्रुतिबोधनकरेहै ॥ सोफलकीप्राप्ति अद्वितीयआत्माकेज्ञानतेंहोवैहै ॥ मायाकेज्ञानतें होवैनहीं ॥ और मायाअनुभवकरिकैसिद्धहै ॥ यहतीसरापक्षभी बनैनहीं ॥ काहेतें जाकालविषे अविवेकीपुरुष आपणेसत्‌चित्‌आ नंदस्वरूपकूंनहींअनुभवकरता ॥ ताकालविषे यहपुरुष मायाकूं मैंअज्ञानीहूं याप्रकारकेअपरोक्षज्ञानकाविषयमानैहै ॥ **दृष्टांत** ॥ जैसे सोयाहुआबालक आपणेदेहकूंराक्षसमानिकरिकै भयकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे आनंदस्वरूपआत्माभी सत्‌चित्‌आपणेस्वरूपकूं विस्मरण करिकै आत्मस्वरूपकेआवरणकरणेहारीमायाकूं आपही कल्पनाकरैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ विचाररहितभ्रांतपुरुषकंअनुभवकरिकैतौ मा

याकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ काहेतैं भ्रांतिज्ञान जोवस्तुकीसिद्धिकरै ॥ तौ शुक्तिविषेरजतकी और रज्जुविषेसर्पकीभी सिद्धिहोणीचाहिये ॥
और विचारसहितअनुभवकेउत्पन्नहुये माया ठहरैनहीं ॥ जैसे सूर्यकेउदयहुए अंधकार ठहरैनहीं ॥ यातैं माया अनुभवकरिकैसिद्ध
नहीं ॥ इसप्रकार किसीप्रमाणकरिकैमायासिद्धनहीं ॥ यातैं मैंअद्वितीयआत्माविषे मायाहैनहीं ॥ शंका ॥ जोमाया चैतन्यआत्मा
विषेनहींहै ॥ तौ मैंअज्ञानीहूं यहअनुभव किसकूंविषयकरेहै ॥ समाधान ॥ यहमाया मैंपरमात्मातैंभिन्ननहीं है ॥ किंतु मेराहीस्वरू
पहै ॥ जैसे बालककेशरीरतैं राक्षस भिन्ननहीं ॥ किंतु आपशरीरकूंहीं राक्षसमानिकै बालक भयकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ यथार्थ
ज्ञानकाअविषय आत्माकास्वरूपही माया अज्ञान अविद्या याप्रकारकेशब्दोंकरिकै कहलाताहै ॥ यातैं माया स्वतंत्रनहीं ॥ शंका ॥
माया अविद्या अज्ञान याप्रकारकेशब्द औरज्ञानकेबलतैं चैतन्यआत्मातैंभिन्न स्वतंत्र मायाकीसिद्धि काहेतैंनहींहोवै ॥ समा
धान ॥ जोशब्दऔरज्ञानकूंप्रमाणताहोवै ॥ तौ ताकेबलतैं मायाकीसिद्धिहोवै ॥ सो शब्दऔरज्ञान प्रमाणरूपहैंनहीं ॥ काहेतैं
वस्तुकेअसत्यहुएभी शब्दऔरज्ञान होवैहै ॥ याकारणतैंहीं असत्यबंध्यापुत्रविषे बंध्यापुत्रहै याप्रकारकाशब्दऔरज्ञान देखताहै ॥
यातैं शब्दऔरज्ञानकूं आपणेविषयकेसिद्धकरणेकासामर्थ्यनहीं ॥ तहां शब्दकातौ पूर्वनामकेविचारविषे खंडनकरिआयेहैं ॥ अब
ज्ञानस्वरूपबुद्धिकाखंडनकरेहैं ॥ साबुद्धि क्यास्वरूपहै? यहप्रथम विचारकियाचाहिये ॥ तात्पर्ययह ॥ साबुद्धि बोधरूपहै ॥ अथवा
अबोधरूपहै ॥ तहां अबोधरूपबुद्धिहै यहदूसरापक्ष बनैंनहीं ॥ काहेतैं जैसे अबोधस्वरूपहोणेतैं घटादिक स्वतंत्रनहीं हैं ॥ किंतु
परतंत्रहैं ॥ तैसे अबोधस्वरूपहोणेतैं बुद्धिकूंभी स्वतंत्रतासिद्धहोवैनहीं ॥ और बुद्धि बोधस्वरूपहै याप्रथमपक्षविषेभी सोबोध
धर्मरूपहै ॥ अथवा सर्वकाअधिष्ठानधर्मीस्वरूपहै ॥ तहां धर्मस्वरूपबोधहै याप्रथमपक्षविषे बोधकूं जोधर्मरूपतासिद्धहोवै ॥ तौ
बोधस्वरूपबुद्धिसिद्धहोवै ॥ परंतुविचारकियेतैं बोधकूंहीं धर्मरूपता सिद्धहोवैनहीं ॥ और धर्मीस्वरूपबोधहै ॥ यादूसरेपक्षविषे
बोधकूं अधिष्ठानमैंपरमात्मासैंअभिन्नहोणेतैं बोधरूपबुद्धिस्वतंत्रसिद्धहोवैनहीं ॥ याप्रकारकेनिर्णयकरणेवासतै प्रथम बोधकेस्वरू
पकाविचारकर्‍याचाहिये ॥ बोधकेस्वरूपकानिर्णयकरिकैहीं बोधस्वरूपबुद्धिकाभी निर्णयहोवैगा ॥ तहां प्रथम धर्मरूपबोधहै

यापक्षविषे विचारकूंकरैं हैं॥ सोबोध घटपटादिकविषयोंकाधर्महै ॥ अथवा ज्ञानकेकारणचक्षुआदिकइंद्रियोंकाधर्महै ॥ अथवा आत्माकाधर्महै॥ अथवा बुद्धिकाधर्महै ॥ तहां विषयकाधर्मबोधहै ॥ यहप्रथमपक्ष बनैंनहीं॥ काहेतें जोबोधघटादिकविषयोंकाधर्महोवै॥ तौ घटादिकविषय चेतनहोणेचाहियै ॥ जोजो बोधवालाहोवैहै ॥ सोसो चेतनहोवैहै ॥ यहनियमहै॥ शंका ॥ घटादिकविषय चेतनस्वरूपहैं ॥ यह हम अंगीकारकरैं हैं॥ समाधान ॥ घटादिकोंकूं जोचेतनस्वरूप मानोगे॥ तौ घटादिकोंकूं आपणेज्ञानमैंअन्यकीअपेक्षानहींहोवैगी॥ काहेतें चेतन स्वप्रकाशहोवैहै ॥ जो आपणीसिद्धिविषे अन्यप्रकाशकीअपेक्षानकरै॥ सो स्वप्रकाशकहियेहै॥ और घटादिक आपणीसिद्धिविषे अन्यप्रकाशकी अपेक्षाकरैहैं॥ यातें घटादिकविषयकाधर्म बोधनहीं॥ किंवा॥ जो घटादिकविषयकाधर्म बोधमानोगेतौ ॥ भोक्ताऔरभोग्यका विपरीतभाव प्राप्तहोवैगा॥ तात्पर्ययह॥ भोग्यरूपकरिकैप्रसिद्धघटादिकविषय भोक्तास्वरूपहोवैंगे ॥ और घटादिकविषयोंतैंभिन्नभोक्ता भोग्यस्वरूपहोवैगा ॥ काहेतें बोधवाला भोक्ता होवैहै ॥ यह भोक्ताकालक्षणहै ॥ और घटादिकविषयोंकूंभोक्ताकहणा अनुभवविरुद्धहै ॥ यातें घटादिकविषयकाधर्म बोधनहीं॥ और इंद्रियोंकाधर्मबोधहै ॥ यहदूसरापक्षभी बनैंनहीं॥ काहेतें जोजाकाधर्महोवैहै ॥ सो सदैव ताविषेप्रतीतहोवैहै ॥ जैसे अग्निका उष्णस्पर्शधर्महै॥किसीकालविषे अग्नि उष्णस्पर्शतैंरहित प्रतीतहोवैनहीं ॥ तैसे जोबोध इंद्रियकाधर्महोवै ॥ तौ जहांजहा इंद्रियहोवै ॥ तहांतहां नियमसैं बोध प्रतीतहोणाचाहियै ॥ औनियमसैं बोधप्रतीतहोवैनहीं किंतु कबीतौ इंद्रियकेहुवे बोध प्रतीतहोवैहै ॥ और कबी नहींभी प्रतीतहोवैहै ॥ यातें इंद्रियोंकाधर्मबोधनहीं ॥ अब नियमकेअभावकूंनिरूपणकरैहैं ॥ शब्दके विद्यमानहुएभी बधिरपुरुषकाचक्षुइंद्रिय शब्दकूंजानैंनहीं॥ तैसे रूपकेविद्यमानहुएभी अंधपुरुषकाश्रोत्रइंद्रिय रूपकूंजानैंनहीं ॥ और जिसकालविषे मनसावधाननहीं॥ ताकालविषे सन्मुखदेशविषेस्थित अथवा पृष्ठदेशविषेस्थित पुरुषकूं चक्षुइंद्रिय जानैंनहीं॥ तैसे श्रोत्रादिकइंद्रियभी शब्दादिकविषयोंकूं जानैंनहीं ॥ जो इंद्रियोंकाधर्मबोधहोवै ॥ तौ जहां इंद्रियहोवै ॥ तहां अवश्यबोध प्रतीतहुवाचाहियै ॥ और सर्वत्रबोध प्रतीतहोवैनहीं॥ यातें इंद्रियोंकाधर्म बोधनहीं॥ किंतु बोधका उपकरणइंद्रियां हैं॥

तात्पर्ययह ॥ अंतःकरणकीवृत्तिविषेआरूढचेतनकानामबोधहै ॥ सावृत्तिइंद्रियादिकोंतैंउत्पन्नहोवैहै ॥ यातें इंद्रियां बोधकेउपकरण हैं ॥ उपकरणमानणेमैं पूर्वकहेदोषोंकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ किंवा ॥ इंद्रियोंविषेस्थितजोबोधहोवै ॥ तौ तिनइंद्रियोंकाधर्महोवै ॥ सोबोध किसीइंद्रियविषे प्रतीतहोवैनहीं ॥ किंतुघटादिकअर्थविषेस्थितहुवा बोध प्रतीतहोवै है ॥ तात्पर्ययह ॥ स्फुरणकानाम बोधहै ॥ सोबोध घटस्फुरणहोवैहै ॥ औरपटस्फुरणहोवैहै याप्रकारकेअनुभवतें विषयविषेस्थितहुवा प्रतीतहोवैहै ॥ किंवा ॥ परोक्षज्ञानकेविषयभूतइंद्रियोंविषे बोधहै ॥ याविषे कोईप्रमाणभीनहीं ॥ शंका ॥ जैसे नैयायिकोंकेमतमैं आत्माविषेस्थितबोध घटादिकपदार्थोंकूं विषयकरैहै ॥ तैसे इंद्रियोंविषेस्थितबोधभी घटादिकोंकूंविषयकरैगा ॥ बोधका घटादिकविषयकेसाथ विषयतारूपसंबंध नैयायिकोंकीन्यांई इहांभीबनैहै ॥समाधान॥ जो अन्यवस्तुविषेस्थितहुवाबोध अन्यवस्तुकूं प्रकाशकरताहोवै॥ तौ तादात्म्यसंबंधतैंघटविषेस्थितहुवाबोध पटकूं काहेतेंनहींप्रकाशकरता॥ जैसे इंद्रियोंविषेस्थितबोधका घटादिकविषयकेसाथ विषयतासंबंध तुमोनैं अंगीकारकऱ्याहै ॥ तैसे घटविषेस्थितबोधका पटादिकोंकेसाथ विषयतासंबंधभी किसीतैंनिवारणहोवैनहीं ॥ यातें इंद्रियोंकाधर्म बोध नहीं ॥ किंवा ॥ जो चक्षुइंद्रियविषेस्थितबोधकरिकै घटादिकोंकाभान अंगीकारकरोगे ॥ तौ तुमारेमतविषे चक्षुइंद्रियका जैसे घटके साथसंयोगसंबंधहै ॥ और घटविषेस्थितरूपकेसाथ संयुक्तसमवायसंबंधहै ॥ तैसे घटविषेस्थितरसादिकोंकेसाथभी चक्षुका संयुक्तसमवायसंबंध संभवैहै ॥ यातें जैसे घटकारूप चक्षुइंद्रियविषेस्थितबोधविषे प्रतीतहोवैहै॥तैसे घटविषेस्थितरसादिक चक्षुइंद्रियविषेस्थितबोधविषे काहेतेंनहींप्रतीतहोते ॥ किंतु प्रतीतहोणेचाहिये ॥ और हमारेमतविषेतौ यादोषकीप्राप्तिनहीं ॥ काहेतें रूपाकारवृत्तिविषेआरूढ चेतनरूपबोधका तादात्म्यरूपविषयतासंबंध रूपविषेहै रसविषेहैनहीं ॥ यातें चक्षुइंद्रियकरिकै रसादिकोंकी प्रतीति होवैनहीं ॥ याकहणेतें यहसिद्धभया ॥ अन्यपदार्थविषेस्थितहुवाबोध अन्यपदार्थकूं प्रकाशैनहीं ॥ जो ऐसा अंगीकारकरोगे॥ तौ घटविषेस्थितहुआबोध पटकाभीप्रकाशकरैगा ॥ याअतिप्रसंगदोषकी प्राप्तिहोवैगी ॥ और जो घटादिकोंविषे धर्मरूपतैंबोधरहै ॥ तौ घटादिकोंका बोधकरिकैप्रकाशबनैं ॥ परंतु घटादिकोंविषे धर्मरूपकरिकै बोधरहैनहीं ॥ जो घटादिकोंकाधर्मबोधहोवै ॥

तौ घटादिक भोक्ताहोणंचाहिये ॥ यह पूर्वकहिआयेहैं यातैं इंद्रियोंकाधर्मबोधनहीं और आत्माकाधर्मबोधहै ॥ यहतीसरापक्षभी बनैंनहीं ॥ काहेतैं अन्यविषेस्थितहुवाबोध अन्यकूंप्रकाशेनहीं ॥ यादोषकी इहांभीप्राप्तिहोवैहै ॥ यातैं मैंआत्माविषे धर्मरूपतैं बोधरहैनहीं ॥ शंका ॥ आत्माविषेस्थितहुवाबोध घटादिकोंकूं मतप्रकाशकरै ॥ तौभी आत्माकेप्रकाशवासतैं आत्माकाधर्मबोध हम अंगीकारकरेहैं ॥ समाधान ॥ जो आत्माकाधर्मबोधहोवै तौधर्मतैंधर्मीकूंभिन्नहोणेतैं बोधतैंभिन्नमैंआत्माकूं जडता प्राप्त होवैगी ॥ किंवा ॥ जैसे घटादिकनकूं बोधप्रकाशैहै ॥ तैसे मैंआत्माकूं बोध प्रकाशैनहीं ॥ काहेतैं घटादिकपदार्थ बोधविषे कल्पितहैं ॥ यातैं अधिष्ठानस्वरूपबोध तिनोंकूं प्रकाशैहै ॥ तात्पर्ययह घटउपहितचेतनमैं घट कल्पितहै ॥ जाकालविषे अंतःकरणकीवृत्ति नेत्रद्वारानिकसिकै घटाकारहोवैहै ॥ ताकालविषे घटउपहितचेतनकेसाथ वृत्तिउपहितचेतनरूपबोधका अभेद होवैहै ॥ काहेतैं चेतनमैं परमार्थसैंतौ भेदहैनहीं ॥ किंतु उपाधिकरिकैभेदहै ॥ तेउपाधियां जबपर्यंत भिन्नभिन्नदेशविषेस्थितहोवैंहैं तबपर्यंत चेतनकाभेदकरेहैं ॥ और जबीउपाधियां एकदेशविषेस्थितहोवैंहैं ॥ तबीता उपाधिवालेचेतनोंका भेदकरैंनहीं किंतु तहां चेतनोंकाअभेदहोवैहै ॥ जैसे मठतैंभिन्नदेशविषे जबी घटरहै ॥ तबीतौ घटाकाशका और मठाकाशका भेद होवैहै ॥ और जबी मठकेभीतर घटकूंलेआवैं तबी मठाकाशकेसाथ घटाकाशका अभेदहोवैहै ॥ यारीतिसैं घटउपहितचेतनकेसाथ अभेदभावकूंप्राप्तभया जोघटाकारवृत्तिउपहितचेतनरूपबोध ॥ ताबोधविषे घटादिक कल्पितहैं ॥ ताकल्पितघटादिकनकूं अधिष्ठानस्वरूपबोध प्रकाशैहै ॥ तिसप्रकार मैंआत्माका कोईअधिष्ठानहैनहीं ॥ किंतु मैंहीं आपणीमहिमाविषेस्थितहुवा सर्वअनात्मवस्तुकाअधिष्ठानहूं ॥ और जोबोधकूं मैंआत्माकाअधिष्ठान मानोगे ॥ तौ सोबोधही आत्मासिद्धहोवैगा ॥ काहेतैं सर्वकाअधिष्ठान आत्माहीहोवैहै और मैंआत्मातैंभिन्नबोधकूं जोप्रकाशस्वरूपमानोगे ॥ तौ ताबोधकरिकै मैंआत्माकाभान होवै नहीं ॥ जैसे पुत्रकेपंडितहुएभी पिता पंडितहोवैनहीं ॥ यातैं आत्माकाधर्मबोधनहीं यहसिद्धभया ॥ और बुद्धिकाधर्मबोधहै यहचतुर्थपक्षभी बनैंनहीं ॥ काहेतैं साबुद्धि बोधतैंभिन्ननहीं ॥ बोधकेसाथ तादात्म्यभावकूंप्राप्तहुईबुद्धि ज्ञानपदवीकूं प्राप्त

होवैहै ॥ अंतःकरणकापरिणामरूपबुद्धिकूं स्वतः ज्ञानरूपताहैनहीं ॥ जबी बोध बुद्धिकाधर्ममानोंगे ॥ तबी बोधतें भिन्नहुईबुद्धि ज्ञानपदवीसें रहितहोवैगी ॥ किंवा ॥ जो बुद्धिकाधर्म बोधहोवै ॥ तौ बोधतेंभिन्नहुईबुद्धि क्यास्वरूपहै ॥ बोधतेंभिन्नहोणेतें बोधस्वरूपतौ होवैनहीं ॥ किंतु ॥ अबोधस्वरूप बुद्धि अंगीकारकरनीहोवैगी ॥ और साअबोधस्वरूपबुद्धि घटादिकोंकीन्यांई मैंआत्माविषेकल्पितहोणेतें मैंआत्माके अधीनहै स्वतंत्रनहीं ॥ यातें बुद्धिकाधर्मभी बोधनहीं ॥ यहसिद्धभया ॥ अब बोधकूंअनंतहोणेतें बुद्धिभी बोधस्वरूपहै याप्रकारकी वादीकेशंकाकीनिवृत्तिवासतें और बोधकूंएकआत्मस्वरूपताकीसिद्धिवासतें बोधकेस्वरूपविषे अन्यविचारकूंकरेहैं ॥ सोबोध जगत्विषे एकहै ॥ अथवा अनेकबोधहैं ॥ तहां एकबोधहै यहप्रथमपक्ष बनैनहीं ॥ काहेतें जोएकबोधहोवैतौ ॥ संस्कारोंकाभेद औरप्रमाणोंकाभेद औरप्रमाज्ञान औस्मृतिज्ञान औअप्रमाज्ञान इनोंका परस्परभेद नहोणाचाहिये ॥ तात्पर्ययह ॥ नाशअवस्थाकूंप्राप्तहुएज्ञानतें संस्कार उत्पन्नहोवैहैं ॥ तासंस्कारोंकाभेद ज्ञानकेभेदतेंविनाबनैनहीं ॥ और प्रत्यक्ष अनुमान उपमान शब्द अर्थापत्ति अनुपलब्धि यहषट्प्रमाणोंकाभेदभी प्रमाज्ञानकेभेदतेंविना बनैनहीं ॥ यातें एकबोधनहीं ॥ यद्यपि आगे बोधकीएकताहीसिद्धकरणीहै ॥ तथापि ताएकताकीदृढतावासतें एकताखंडनकाविकल्प प्रथमकऱ्याहै ॥ और बोधअनेकहैं यादूसरेपक्षविषेभी यहविचार कऱ्याचाहिये ॥ जैसे स्वरूपतैंघटपटकाभेदहै ॥ तैसे बोधोंका परस्पर स्वरूपतैंभेदहै ॥ अथवा जैसे घटाकाशऔरमठाकाशका महाकाशतें घटमठरूपउपाधिकरिकैभेदहै ॥ तैसे उपाधिकरिकै बोधोंकापरस्परभेदहै तहां स्वरूपतैंबोधोंकाभेदहै ॥ यहप्रथमपक्ष बनैनहीं ॥ काहेतें बोधस्वरूपता संपूर्णबोधोंविषे समानहै ॥ यातें एकबोधविषे दूसरेबोधकाभेद रहैनहीं ॥ जैसे घटविषे घटकाभेदरहैनहीं ॥ यातें स्वरूपतैंबोधकाभेदनहीं ॥ और उपाधिकेभेदतें बोधोंकाभेदहै ॥ यहदूसरापक्ष हमारेकूं अंगीकारहै ॥ काहेतें जैसे घटमठरूपउपाधियोंकेभेदकरिकै आकाश नानाहोवैनहीं ॥ किंतु घटमठरूपउपाधिविषेस्थितभेदका आकाशविषे आरोपणहोवैहै ॥ तैसे अबोधस्वरूपअंतःकरणकीवृत्तिकेभेदहुएभी सोभेद बोधविषे परमार्थतें हैनहीं ॥ किंतु वृत्तिरूपउपाधिविषेस्थितभेदका बोधविषे आरोपणहोवैहै ॥ ताआरोपितभेदकरिकेहीं प्रमाज्ञान अप्रमाज्ञान स्मृतिज्ञान या

प्रकारका भेदव्यवहारहोवैहै ॥ और बोधकेउपाधिवृत्तिरूपज्ञानकेभेदतैं संस्कारोंकाभेद औप्रमाणोंकाभेदभी बनैहै ॥ और जैसे
कल्पितमृगतृष्णाकेजलकरिकै पृथिवी गीलीहोवैनहीं ॥ और जैसे कल्पितसर्पकरिके रज्जु विषवालीहोवैनहीं ॥ तैसे आरोपितभेद
करिकै बोधविषे नानापणासिद्धहोवैनहीं ॥ किंवा ॥ बोधोंका जोपरस्परवास्तवभेदमानैहै ॥ तासैंयहपूछेहैं ॥ तेबोध परस्परअपेक्षा
वालेहैं?॥ अथवा परस्परअपेक्षातैंरहिततहैं?॥ तहां अंत्यपक्षमानणेमैं बोधोंकाभेद सिद्धहोवैनहीं ॥ काहेतैं अन्यबोधकीअपेक्षातैंरहित
एकबोधकरिकैहीं सर्वव्यवहारकीसिद्धि बनिसकैहै ॥ अनंतबोधमानणेका कछुप्रयोजननहीं॥ और बोध परस्परअपेक्षावालेहैं॥यहप्र
थमपक्षभी बनैंनहीं॥काहेतैं जोबोध आपणेप्रकाशवासतै दूसरेबोधकीअपेक्षा करताहोवै॥ तौ अबोधस्वरूपहोवैगा॥जैसे घट आपणे
प्रकाशवासतैं बोधकीअपेक्षाकरैहै॥यातैं अबोधस्वरूपहै॥याकहणेतैं बोध एकहै यहसिद्धभया ॥ अब बोधकेस्वप्रकाशताकीसिद्धिवास
तै अन्यविचारकूंकरैहैं॥ सो बोध अज्ञातहुवा सर्वव्यवहारकाकारणहै॥ अथवा ज्ञातहुवा?॥ तहां अज्ञातहुवाबोध व्यवहारकाकारणहै॥
यहप्रथमपक्ष बनैंनहीं ॥ काहेतैं ज्ञानकीविषयताकेअभावकानाम अज्ञाततताहै ॥ साअज्ञातता दोप्रकारकीहोवैहै ॥ एकतौ स्वप्रकाश
तारूप ॥ और दूसरी जडत्वधर्मविशिष्ट चेतनकेसंबंधकाअभावरूप॥ तहां बोधविषे स्वयंप्रकाशतारूप प्रथमअज्ञातताकूं सिद्धांत
रूपता आगेकहैंगे ॥ अब दूसरीअज्ञातताकूं खंडनकरैहैं ॥ जैसे घट अज्ञातहुवाभी जलकीआधारतारूपकार्यका कारणहै ॥ तैसे
यहबोधअज्ञातहुवा किसीकार्यकाकारणनहीं ॥ और जोबोधकूं अज्ञातमानोगे ॥ तौ बोधभी जडहोणेतैं बोधसैंरहितहुवा घटादिकोंके
समान होवैगा ॥ और बोध ज्ञातहुवा व्यवहारकाकारणहै ॥ यहदूसरापक्षभी बनैंनहीं ॥ काहेतैं ज्ञानकाविषयजोवस्तु सोज्ञात
कहियेहैं ॥ जो बोधकूंविषयकरणेहारा दूसराबोधमानोगे ॥ तौ बोधकूं घटादिकोंकीन्यांई अबोधरूपता एकदूषण प्राप्तहोवैहै ॥
और दूसरा अनवस्थारूपदूषण प्राप्तहोवैहै ॥ काहेतैं प्रथमबोध दूसरेबोधकाविषयहुवा व्यवहारकासाधकहै ॥ सोदूसराबोध जो
अज्ञातहुवा प्रथमबोधकीसिद्धिकरैगा ॥ तौ अज्ञातपक्षविषे जितनेपूर्वदूषणकहेहैं ॥ तिनदूषणोंकीप्राप्तिहोवैगी ॥ यातैं सोदूसराबो
धभी तीसरेबोधकाविषयहुवाहीं प्रथमबोधकीसिद्धिकरैगा ॥ सोतीसराबोध चतुर्थबोधकाविषयहुवा दूसरेबोधकीसिद्धिकरैगा ॥

याप्रकार बोधोंकीधारामानणेविषे अनवस्थादोषकीप्राप्तिहोवैहै॥ **शंका** ॥ बोधकूंसिद्धकरणेहारा कोईबोधहैनहीं ॥ यातेंअनवस्था दोषहोवैनहीं ॥ **समाधान** ॥ बोधकासाधक जोबोधनहींमानोंगे ॥ तौ जगत्‌विषेअंधताकीप्राप्तिहोवैगी॥ तात्पर्ययह ॥ किसीभीव स्तुकीसिद्धिनहींहोवैगी ॥ यातें यहबोध बोधतैंरहितनहीं॥ **शंका** ॥ बोधअज्ञातहै यापक्षविषेभी दोष पूर्वआपनेंकहे ॥ और ज्ञातप क्षविषेभी दोष पूर्वआपनैंकहे ॥ यातें तिनदोषोंकीनिवृत्तिवासतै बोधकूं स्वयंप्रकाशता हम अंगीकारकरेहैं॥ **समाधान** ॥ विचार कियेहुए सोअद्वितीयबोध स्वयंप्रकाशहै॥ याप्रकारकाअर्थ जोतेरीबुद्धिविषे आरूढहुवाहै॥ सो हमारेकूंभीइष्टहै ॥ बोधकीस्वयंप्र काशता हमभीअंगीकारकरे हैं॥ **शंका** ॥ बोधकूं स्वयंप्रकाशतामानणेविषे तुमारेकूं किसलाभकीप्राप्तिहोवैहै ॥ **समाधान** ॥ सो स्वयंप्रकाशबोधस्वरूप मैंआत्माहूं ॥ मेरेतैंभिन्न बोधनहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ जोबोध मैंआत्मातैंभिन्नहोवै ॥ तौ घटादिकोंकीन्यांई में आत्माका दृश्यहोवैगा ॥ और दृश्यवस्तु स्वयंप्रकाशहोवैनहीं॥ किंतु अन्यकरिकैप्रकाश्यहोवै है ॥ और बोधकूं अन्यकरिकैप्रका श्यमानणेमैं पूर्वकहे अनवस्थादिकदूषण प्राप्तहोवै हैं॥ यातें सोबोध मैंआत्मातैंअभिन्नहै ॥ बोधकूं आत्मस्वरूपताहुए भूमाआनं दकीप्राप्तिहीलाभहै॥ **शंका** ॥ भूमाआनंदकेप्राप्तहुएभी ताकेरक्षाकीचिंता तुमारेकूं प्राप्तहोवैगी॥ **समाधान** ॥ अनित्यवस्तुकीरक्षा होवै है ॥ नित्यवस्तुकीरक्षाहोवैनहीं॥ और सत्यस्वरूपमैंआत्माकूं अनित्यताहैनहीं ॥ यातें मैंआत्मासैंअभिन्न भूमाआनंदकूंभी अनित्यतासंभवैनहीं ॥ भूमानाम व्यापककाहै॥ अब आनंदस्वरूपआत्माविषे अनित्यताकेअभावकीसिद्धिवासतैं तीनपरिच्छेदोंके अभावकूं निरूपणकरेहैं ॥ जोवस्तु आदिकालविषे औरअंतकालविषे नहींहोवै ॥ सोवस्तु अनित्यकहियेहै ॥ और मैंआनंदस्वरू पआत्मा तीनकालविषे विद्यमानहूं ॥ यातें आनंदस्वरूपमैंआत्मा अनित्यनहींहूं॥ किंतु नित्यहूं॥और मेरेतैंभिन्न कोईवस्तुहैनहीं॥ किंतु मैंहींसर्वत्रहूं॥ याकहणेतें वस्तुपरिच्छेदकाअभाव आत्माविषेदिखाया ॥ और जोवस्तु किसीएककारणविषेरहैहै ॥ अथवा किसीएकदेशविषेरहैहै ॥ अथवा किसीएककालविषेरहैहै ॥ सोवस्तु तिसआपणेआधारतें औरजगत्‌तें भिन्नहोवैहै ॥ ताभेदकरिकै तिसवस्तुकूं अनित्यताप्राप्तहोवैहै ॥ काहेतें जोजो भेदवालावस्तुहोवैहै ॥ सोसो अनित्यहोवै है ॥ याप्रकारकानियम व्यासभग

वाननैं सूत्रविषेकह्याहै ॥ जैसे घटपटादिकपदार्थ भेदवालेहैं ॥ यातें अनित्यहैं ॥ और घटपटादिकनकीन्यांई मैंआनंदस्वरूपआत्मा किसीकारणविषे अथवा किसीदेशकालविषे रहतानहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ संपूर्णदेशकालादिककल्पितवस्तुका मैंआनंदस्वरूप आत्मा आधारहूं ॥ मैंआत्माकाआधार कोईकल्पितवस्तुहोवैनहीं ॥ यातें मैंआनंदस्वरूपआत्माकूं किसीप्रकारभी अनित्यतानहीं ॥ याकहणेतें आत्माविषे देशपरिच्छेदऔरकालपरिच्छेदकाअभाव दिखाया ॥ किंवा ॥ देश औकाल औरतिसदेशकालकरिकै उत्पन्नभयाजोवस्तु औरतिसदेशकालविषेस्थित जोसत्यअसत्यस्वरूप जडवस्तु ॥ यहसंपूर्ण मैंअधिष्ठानस्वरूपआत्माविषे रहैहैं ॥ और मैंसर्वकाअधिष्ठानआत्मा किसीअनात्मवस्तुविषे रहतानहीं ॥ किंतु आपणेमहिमाविषे मैंस्थितहूं ॥ अब नानाप्रकारकेप्रपंचका अद्वितीयआत्मा आधारहै याअर्थकूं अनेकदृष्टांतोंकरिकै स्पष्टकरैहैं ॥ जैसे मालाकेमणिके सूत्रविषेरहैहैं ॥ तैसे यहस्थूलप्रपंच मैंसूत्रआत्माविषेरहैहै ॥ और जैसे पृथिवीकेसूक्ष्मजोकणिकेहैं ते पृथिवीविषे रहैहैं॥ तैसे यह सूक्ष्मप्रपंच कारणस्वरूपमेंईश्वरविषे रहैहै ॥ और जैसे गंगादिकनदीयोंकेजल आपणेनामऔररूपकापरित्यागकरिकै समुद्रविषे स्थितहोवैहैं ॥ तैसे यहअव्याकृतरूपकारण मैंब्रह्मविषे स्थितहोवैहै ॥ और जैसे अग्निविषे धूमरूपअंधकार रहैहै ॥ तैसे सृष्टिकालविषे अनित्यजडदुःखरूप यह प्रपंच सत्चित्आनंदस्वरूपमैंआत्माविषे रहैहै ॥ और जैसे वायुकेआधार गंधऔरतृण रहैहैं ॥ तैसे यहप्रपंच स्थितिकालविषे मैंआत्माविषे रहैहै ॥ इहां गंधकरिकैगंधकाआधार पृथिवीकेसूक्ष्मभाग लेणे और जैसे शरदऋतुविषे आकाशमैंलयभावकूं प्राप्तहुएमेघ रहैहैं ॥ तैसे प्रलयकालविषे यहप्रपंच मैंपरमात्माविषे रहैहै ॥ इसप्रकार आत्माकूं तत्पदार्थईश्वरस्वरूपताकरिकै जगत्कीआधारता कही ॥ अब त्वंपदार्थजीवरूपताकरिकै कर्तृत्वभोक्तृत्वादिकप्रपंचकीआधारता आत्माविषे तीनदृष्टांतोंकरिकैदिखावैहैं ॥ जैसे सुहृद्पुरुषविषे दुष्टता कल्पितहै ॥ और जैसे दुष्टपुरुषविषे साधुता कल्पितहै ॥ और जैसे बालककेशरीरविषेराक्षसभाव कल्पितहै ॥ इसप्रकार मैंआत्माविषे संपूर्णजगत् कल्पितहै ॥ कैसामैंआत्माहूं ॥ स्वयंप्रकाशहूं ॥ और सुखस्वरूपहूं ॥ और मैंआत्माविषे लेशमात्रभीदुःखनहीं॥शंका॥हेभगवान्! संपूर्णजगत्काआत्मा आपहो॥ताजगत्विषेविद्यमानदुःखकेसाथ आपकासं

बंध काहेतेंनहीं ॥ **समाधान** ॥ अद्वितीयआत्मस्वरूपकेविचारकियेतें याजगत्विषे कबीदुःखहैनहीं ॥ काहेतें जोजोवस्तु उत्पन्न
होवैहै ॥ सोसो जडहोवैहैं ॥ और दुःखकीउत्पत्ति सर्वप्राणियोंकूं प्रसिद्धहै ॥ यातें दुःखभीजडहै ॥ और मैंचेतनआत्माविषे जड
वस्तु परमार्थतेंहोवैनहीं ॥ यातें जडदुःखस्वरूप मैंनहीं ॥ **शंका** ॥ जैसेदुःख उत्पन्नहोवैहै यातेंजडहै ॥ तैसे सुखभी उत्पन्नहोवैहै ॥
यातें सुखभीजडहै ॥ और जडवस्तु परमार्थतेंहोवैनहीं यह पूर्वआपनेंकह्याहै ॥ यातें सुखस्वरूपताभी आत्माकूं नहींहोवैगी ॥
समाधान ॥ जैसे दुःख उत्पन्नहोवैहै ॥ तैसे आत्मास्वरूपहोणेतें सुखकी उत्पत्ति विवेकीपुरुषोंनें अंगीकारनहींकरी ॥ किंतु सुखकूं
नित्यमानैहैं॥ औमूढपुरुषतो आनंदस्वरूपआत्माकेप्रतिबिंबयुक्तअंतःकरणकीवृत्तिकूं सुखरूपमानिकै ताका उत्पत्तिऔरनाश अंगी
कारकरेहै॥**शंका**॥साअंतःकरणकीवृत्तिही मुख्यसुखरूप काहेतेंनहींहोवै ॥**समाधान** ॥ अंतःकरणकीवृत्तिकूं सुखरूपमानणा श्रुति
औरयुक्तिसें विरुद्धहै काहेतें श्रुतितोव्यापकआत्माकूंहीं सुखरूपकहैहै ॥ और परिच्छिन्नवस्तुकीसुखस्वरूपताकूं खंडनकरेहै॥ और
अनुमानरूपयुक्तिसेंभीवृत्तिकूंसुखरूपतासिद्धहोवैनहीं ॥ काहेतें जोजोउत्पत्तिवालाहोवैहै ॥ सो सुखरूपहोवैनहीं ॥ जैसे दुःख उ
त्पत्तिवालाहै ॥ यातें सुखरूपनहीं ॥ तैसे अंतःकरणकीवृत्तिभी प्रसिद्ध उत्पन्नहोवैहै ॥ यातें सुखस्वरूपनहीं ॥ अब आत्मसाक्षा
त्कारकारण जोवैराग्यहै ॥ ताकी उत्पत्तिवासतें विषयजन्यसुखविषे दुःखरूपताकूं निरूपणकरैहैं ॥ विषयतैंउत्पन्नभयाजोफल
सो सुखरूपहै ॥ अथवा ताफलकेसाधनविषयहीं सुखरूपहैं ॥ तहां प्रथमपक्ष बनैंनहीं ॥ काहेतें विषयतैंउत्पन्नभयाजोफल सो ती
नकालविषे सुखरूपनहीं ॥ किंतु दुःखरूपहै॥**शंका** ॥ जो विषयजन्यफल सुखरूपनहोवै॥तो विषयतैंहमारेकूं सुख उत्पन्नभयाहै॥
यहलोकोंकाकथन असंगतहोवैगा ॥ और सर्वलोक ऐसाकथनकरेहैं ॥ यातें विषयजन्यफलहीं सुखरूपहै ॥ **समाधान** ॥
विषयतें सुखरूपफल उत्पन्नहोवैनहीं ॥ किंतु ॥ दुःखरूपफल उत्पन्नहोवैहै ॥ तादुःखविषे पूर्वपूर्वभ्रमजन्यसंस्कारोंतें पुरुषों
कूं सुखबुद्धिहोवैहै ॥ सादुःखविषेसुखबुद्धि भ्रमरूपहै ॥ काहेतें अन्यवस्तुविषे अन्यबुद्धिकानाम भ्रांतिहै ॥ यातें विषय
जन्यफल सुखरूपनहीं ॥ और विषयहींसुखरूपहै ॥ यादूसरेपक्षकेखंडनवासतें प्रथम स्त्रीरूपविषयविषे सुखरूपताकाखं

डनकरैहैं ॥ ताकेखंडनहुवे सर्वविषयोंमें सुखरूपताकाखंडन होवैहै ॥ जैसे संपूर्णमल्लोंविषे जोप्रधानमल्लहोवै ॥ ताकेजयकिये हुए संपूर्णमल्लोंतैंजय होवै है ॥ तैसे संपूर्णलोकोंनें सर्वविषयनतें अधिकमान्याहुवा जोस्त्रीरूपविषय॥ ताविषे जबी सुखरूपताकाखंडनभया॥ तबी सर्वविषयनमैं सुखरूपताकाखंडन सिद्धहोवैहै ॥ यातैं प्रथम स्त्रीरूपविषयविषेहीं सुखरूपताकाअभाव कह्याचाहिये ॥ जैसे मृतकमंडूक फूलिके उदरतैंफाटिजावै ॥ सोदुर्गंधीवालाहोवै है ॥ और अधिकमांसवालाहोवै है ॥ और रुधिरविष्ठामूत्रकरिकैयुक्तहोवैहै॥ और कोमलस्पर्शवालाहोवै है॥ और स्निग्धहोवै है ॥ ऐसे दुर्गंधमंडूकचर्मविषे औरस्त्रीकीयोनिविषे विचारकियेतें किंचित्मात्रभी भेदनहीं ॥ किंतु दोनोंसमानहैं ॥ तथापि कामीपुरुषोंकूं जो दुर्गंधमंडूकचर्मतें स्त्रीकीयोनिविषेसुंदरताप्रतीत होवैहै ॥ सो केवल भ्रांतिकरिकैप्रतीतहोवैहै ॥ और रोमोंतैंरहित स्त्रीकेदोनोंस्तनविषे औरपुरुषकेकटिभागकेनीचेस्थितमांसपिंडोंविषे विचारकियेतें किंचित्मात्रभी भेदनहीं ॥ तथापि अविवेकीकामीपुरुषोंकूं जोभेद प्रतीतहोवैहै ॥ सो केवल भ्रांतिकरिकैप्रतीतहोवै है ॥ और रोमोंतैंरहित पुरुषोंकेमुखविषे और स्त्रीयोंकेमुखविषे विचारकियेतें किंचित्मात्रभी भेदनहीं ॥ तथापिअविवेकीकामीपुरुषोंकूं जोभेदप्रतीतहोवैहै ॥ सो केवल भ्रांतिकरिकैप्रतीतहोवैहै ॥ और नपुंसकोंका औस्त्रियोंकाभी विचारकियेतैंकिंचित्मात्रभी भेदनहीं ॥ भ्रांतिकरिके अविवेकीपुरुषोंकूं भेदप्रतीतहोवै है॥ तैसे पुरुषोंकेशरीरविषे औरस्त्रियोंकेशरीरविषे विचारकियेतें किंचित्मात्रभी भेदनहीं है॥ **शंका** ॥ पुरुषशरीरविषे औरस्त्रीशरीरविषे प्रसिद्धभेद लोकोंकूं प्रतीतहोवैहै ॥ तिनदोनोंशरीरोंकूंअभेदकहणा अत्यंतविरुद्धहै ॥ **समाधान** ॥ पुरुषशरीरविषे और स्त्रीशरीरविषे तत्वोंकेभेदतैंभेदहै॥अथवा आत्माकेभेदतैंभेदहै॥तहांतत्वोंकेभेदतैंभेदहै यहप्रथमपक्ष बनैंनहीं॥ काहेतैं पंचकर्मइंद्रिय पंचज्ञानइंद्रिय पंचभूत पंचप्राण चारिअंतःकरण याचौबीसतत्वोंकासमुदायहीं स्त्रीपुरुषादिकप्राणीमात्रका शरीरहै॥ यहवार्त्ता पूर्वदेहकेखंडनविषे कहिआयेहैं॥यातैं तत्वोंकेभेदतैं स्त्रीपुरुषादिकशरीरोंविषे भेद सिद्धहोवैनहीं॥और आत्माकेभेदतैंभेदहै यहदूसरापक्षभी बनैंनहीं ॥ काहेतें स्त्रीपुरुषादिकसंपूर्णप्राणीमात्रकेहृदयदेशविषेसत्चित्आनंदस्वरूपमैंआत्मा स्थितहूं॥कैसामैंआत्माहूं॥अहं याज्ञानकाविषयहूं॥ और अहं याशब्दकालक्ष्यहूं ॥ और सर्वत्र व्यापक

हूं ॥ और आधारतैंरहितहूं॥इसप्रकार स्त्रीशरीरविषे औरपुरुषशरीरविषे चौबीसतत्वोंकी तथा आत्माकी समानताहुवेभी कामरू
पपिशाचकेवशहुवे पुरुषऔरस्त्रियां यहस्त्रीहै यहपुरुषहै याप्रकारकेभेदकूंकल्पनाकरिकै मुखतैंउत्पन्नहुयीलालोंकूं परस्पर पानकरै
हैं॥ और स्वेदादिकमलोंकूं ग्रहणकरै हैं॥ और जैसे मेष परस्पर शरीरकाताडनकरैहैं॥ और जैसे महादेवकीप्रसन्नतावासतै पिशाच
परस्पर शरीरकाताडनकरैहैं॥ तैसे स्त्रीऔरपुरुष कामकरिकैउन्मत्तहुवे परस्पर शरीरकाताडनकरैहैं ॥ याप्रकारका व्यापारकरते
हुवे तिनोंकेअंगोंतैं वीर्यरूपहोइकै अतिहास्ययुक्तपुरुषकीन्यांई काम निकसैहै ॥ और कबी नहींभीनिकसैहै॥ तात्पर्ययहहै॥ जैसे म
हाराजाकीसभाविषे स्थितपुरुषोंकूं किसीनिमित्तसैं अतिहास्यकावेग उत्पन्नहोवैहै॥ जबी ताहास्यकेवेगकूं नहींसहारिसकेहैं॥ तबी
सभातैंबाहरिनिकसिजावैहैं ॥ और जबी सहारिसकेहैं ॥ तबी सभाविषेहींस्थितहोवैहैं ॥ बाहरिनहींनिकसैहैं ॥ तैसे शरीरके
भीतरिस्थित जोदेवतावोंकीसभा ॥ ताकेमध्यविषेस्थितहुवाकाम जैसे महादेवकेविनोदवासतै नाटककूं रचाथा॥ तैसे नाटककूंरचै
है॥ तानाटककरिकै विपरीतआचरणकूंप्राप्तभये स्त्रीऔरपुरुषोंकूंदेखिकरिकै ॥ हास्यकेवेगकूं नसहारताहुवाकाम वीर्यरूपहोइके बा
हरिनिकसैहै ॥ याकहणेतैं यहसिद्धभया ॥ मुखकेलालादिकोंकूं अधरामृतरूपकरिकै कथनकरताहुवा कामशास्त्रकाभी पुरुषोंकेवैरा
ग्यउत्पत्तिविषेहीं तात्पर्यहै ॥ जैसे लोकविषे आपणेविपरीतआचरणकूंश्रवणकरिकै ताविपरीतआचारणतैं पुरुष निवृत्तहोवैहैं॥ तै
से कामीपुरुषकेविपरीतआचरणकाकथनरूपउपहास्यकूंकरताहुवाकामशास्त्रकाभी ताविपरीतआचरणतैंनिवृत्तिविषेहीं परमतात्पर्य
है ॥ ताविपरीतआचरणविषे तात्पर्यनहीं ॥ शंका ॥ तामैथुनधर्मतैं यद्यपि सुखकीप्राप्तिरूपपुरुषार्थ होवैनहीं ॥ तथापि कामकीशां
तिरूपदुःखकीनिवृत्तिस्वरूपपुरुषार्थ ताकरिकैप्राप्तहोवैहै॥ समाधान॥मैथुनधर्मतैं दुःखकीनिवृत्तिभी होवैनहीं ॥ उलटा क्लेशकीप्रा
प्तिहोवै है॥जैसे पिशाचादिरूपग्रहकरिकेयुक्तपुरुषताग्रहकेबलतैं विपरीतचित्तहुवे परस्पर सन्मुखहोइके अथवाविमुखहोइके आप
णेकटिभागोंका ताडनकरैहैं॥तातैं अतिक्लेशकूंप्राप्तहोइकरिकै पिशाचरूपग्रहतैंनहींछूटेहुवेभीतेपुरुषसुखीपुरुषकीन्यांईपूर्वव्यापारतैं
रहितहुवे स्थितहोवैहैं॥तैसे कामरूपग्रहतैंनहींछूटेहुवेभी कामीस्त्रीपुरुष पूर्वव्यापारतैंनिवृत्तहुवे सुखीकीन्यांई प्रतीतहोवैहैं॥यातैंकाम

की निवृत्तिरूपदुःखकीनिवृत्तिभी मैथुनधर्मतैंहोवैनहीं॥और जैसे घृतकाष्ठादिकोंकरिकै अग्निकीशांतिहोवैनहीं॥किंतुउलटावृद्धिहोवै है ॥तैसे मैथुनधर्मकरिकै कबीभी कामकीनिवृत्तिहोवैनहीं॥उलटा ताकरिकै कामकीवृद्धिहोवैहै॥ किंवा॥प्रथम जावस्तुविषे पुरुषकीइच्छा होवैहै॥तावस्तुविषे पश्चात् तिसपुरुषकीप्रवृत्तिहोवैहै॥यहनियमहै॥यातैं इच्छा कारणहै॥और प्रवृत्ति ताकाकार्य है॥और कारणतैंविना कार्यहोवैनहीं॥यातैं कार्यतैं कारणकाअनुमानहोवैहै ॥ जैसे नदीकेजलकीवृद्धितैं वर्षाका अनुमानहोवैहै तैसे स्त्रीऔरपुरुषोंकेकामकी जोनिवृत्तिहुईहोवै ॥ तौ पुनःमैथुनधर्मविषे प्रवृत्ति नहुईचाहिये ॥ और दिनदिनविषे इनोंकीप्रवृत्तिहोवैहै ॥ यातैं ऐसाजान्याजावै है ॥ इनोंके कामकीनिवृत्तिनहींभई ॥ शंका ॥ जैसे मैथुनधर्मविषे प्रवृत्तिरूपहेतुतैं स्त्रीकेतथापुरुषके कामकाअनुमानहोवैहै ॥ तैसे मैथुनधर्मतैंनिवृत्तिरूपहेतुतैं कामकेअभावकाभी अनुमानहोइसकेहै ॥ समाधान ॥ निवृत्तिरूपहेतुतैं कामकाअभाव सिद्धहोवैनहीं काहेतैं जोकामकेअभावविना निवृत्तिनहोती ॥ तौ निवृत्तिरूपहेतुतैं कामकेअभावका अनुमानहोता ॥ सानिवृत्ति कामकेअभावविनाहींहोवैहै ॥ यातैं निवृत्तिरूपव्यभिचारीहेतुतैं कामकेअभावकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ इहां यहतात्पर्यहै ॥ मैथुनधर्मतैं जोस्त्रियोंकी तथा पुरुषोंकी निवृत्तिहोवैहै ॥ सानिवृत्ति सुखरूपफलकीप्राप्तितैंनहीं ॥ काहेतैं फलकी प्राप्तिहुए पुनःसाधनकीइच्छाहोवैनहीं॥ और इहां पुनःसाधनकीइच्छादेखतीहै ॥ यातैं सुखरूपफलकीप्राप्तितैं सानिवृत्तिनहीं ॥ तैसे कामकेअभावतैंभी सानिवृत्तिनहीं ॥ किंतु जितनेपर्यंत स्त्रीतथापुरुषोंकूं शरीरविषे श्रम उत्पन्ननहींभया॥ तबपर्यंत मैथुनधर्मविषे परस्पर प्रवृत्तहोवैहैं ॥ और जबी श्रमयुक्तहोवैहैं ॥ तबी तातैंनिवृत्तहोवैहैं॥ यातैं केवल श्रमकरिकैनिवृत्तिहोवैहै ॥ सुखकीप्राप्तिकरिकै अथवाकामकेअभावकरिकै सानिवृत्ति होवैनहीं॥ दृष्टांत ॥जैसे परस्परयुद्धकरतेहुवे दोनोंमल्लोंकी युद्धतैंनिवृत्तिहोवैहै ॥ सानिवृत्ति सुखरूपफलकीप्राप्तिकरिकै अथवाकामनाकेअभावकरिकै होवैनहीं ॥ किंतु केवल श्रमकरिकैसानिवृत्तिहोवैहै ॥ यातैं निवृत्तिरूपहेतुतैं कामकाअभाव सिद्धहोवैनहीं ॥ किंवा ॥ वीर्यकेबाह्यनिकसणेविषे किंचिन्मात्रभी सुखहोवैनहीं ॥ उलटा दुःखहोवैहै॥ तथापि तादुःखकूं भ्रांतिकरिकैसुखमानेहैं ॥ और ताभ्रांतिसिद्धसुखतैं अधिकसुख विष्ठामूत्रकेपरित्यागविषे होवैहै ॥ काहेतैं वीर्यकेपरित्यागहुयेपीछे पुरुषोंकूं पश्चात्ताप तथा

बलकीहानि होवैहै ॥ और विष्ठामूत्रकेपरित्यागहुयेपीछे पश्चात्तापादिक होवैनहीं ॥ उलटा प्रसन्नताहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे स
मीपकिसीवृक्षविषे जबी मधुकीप्राप्तिहोवै ॥ तबी मधुकीप्राप्तिवासतै पर्वतकेऊपरिजाणा व्यर्थहै ॥ तैसे वीर्यकेपरित्यागजन्यसुख
तैं विष्ठामूत्रकेपरित्यागजन्य अधिकसुखकेनित्यप्राप्तहुवेभी वीर्यपरित्यागजन्यसुखकीप्राप्तिवासतै पुरुषोंकायत्न व्यर्थहै ॥ शंका ॥
जैसा रतितैंसुख उत्पन्नहोवैहै ॥ तैसा विष्ठामूत्रकेपरित्यागतैं सुखहोवैनहीं ॥ समाधान ॥ वीर्यकेपरित्यागविषे जैसे तैनें रतिशब्द
कीअर्थता मानीहै ॥ तैसे विष्ठामूत्रकेपरित्यागविषे रतिशब्दकीअर्थता किसदूषणकेभयतैं तैनें नहींमानीती ॥ किंतु मानीचाहिये॥
काहेतैं सुखकेअनुकूलव्यापारत्वरूप रतिशब्दकेप्रवृत्तिकानिमित्त वीर्यकेपरित्यागविषे तथा विष्ठामूत्रकेपरित्यागविषे समानहै॥किंवा
शब्दसहितअपानवायुकेपरित्यागविषे जोसुखहोवैहै ॥ सोसुख संपूर्णदेवांगनाकेसंयोगविषेभीहोवैनहीं ॥ यातैं जैसेभ्रांतपुरुषोंनें दे
वांगनाजन्यसुखकीप्राप्तिवासतै यज्ञादिककर्म करतेहैं ॥ तैसे अपानवायुजन्यसुखकीप्राप्तिवासतै यज्ञादिककर्म काहेतैंनहींकरते ॥
तात्पर्ययह ॥ तृणादिकतुच्छवस्तुकीप्राप्तिवासतै जोपुरुष चिंतामणिकापरित्यागकरेहै ॥ ताबुद्धिहीनपुरुषकूं चिंतामणि शापदेवैहै ॥
तैसे अपानवायुके निर्गमनजन्यसुखतैंभी अतिनिकृष्टजोदेवांगनाजन्यसुख॥ तातुच्छसुखकीप्राप्तिवासतै चित्तशुद्धिद्वारामोक्षकेसाध
नयज्ञादिककर्मोंकूं जोपुरुष करैहै ॥ ताअल्पबुद्धिपुरुषकूं यज्ञादिककर्मभी शापदेवैहैं ॥ किंवा ॥ जोवादी विषयजन्यसुखकूंमानेहै ॥
तातैं यहपूछाचाहिये ॥ तासुखका स्त्रीकाशरीर तथापुरुषकाशरीर कारणहै ॥ अथवा तिनदोनोंशरीरोंकासंबंध कारणहै ॥ अथवा
प्रजाकीउत्पत्तिकारणहै ॥ अथवासमानजातिवालीप्रजाकीउत्पत्ति कारणहै ॥ तहां स्त्रीकाशरीर तथापुरुषकाशरीर सुखकाकारण
है ॥ यहप्रथमपक्ष बनैंनहीं ॥ काहेतैं जोशरीरविषे सुख उत्पन्नहोताहोवै ॥ तौ सुखकीप्राप्तिवासतै स्त्री पुरुषकेसमीप गमनकरैहै॥
सो नहोणाचाहिये ॥ तैसे पुरुष सुखकीप्राप्तिवासतै स्त्रीकेसमीप गमनकरैहै ॥ सो नहोणाचाहिये ॥ काहेतैं सुखकासाधन अ
पनाशरीर दोनोंकाविद्यमानहै ॥ यातैं देहविषे किसीस्त्रीकूं तथापुरुषकूं सुखहैनहीं ॥ और स्त्रीपुरुषकासंयोग सुखकाकारणहै ॥ यह
दूसरापक्षभी बनैंनहीं ॥ काहेतैं जोस्त्रीपुरुषकासंयोगहीं सुखकाकारणहोवै ॥ तौ मैथुनधर्मतैंअनंतरभी तासंयोगतैं सुखहोणाचाहि

ये ॥ और सुखहोवैनहीं ॥ उलटा पश्चात्तापहोवै है ॥ इसीकारणतैं महात्मापुरुषोंनैं कह्याहै ॥ श्लोक ॥ भोजनांतेश्मशानांते मैथुनांतेच यामतिः ॥ सामतिःसर्वदाचेत्स्यात् नरोनारायणोभवेत् ॥ १ ॥ अर्थयह भोजनकेअंतविषे तथाश्मशानभूमिविषे तथामैथुनकेअंत विषे जैसि पुरुषकूं दोषदृष्टिहोवैहै ॥ सादोषदृष्टि जोपुरुषकूं सर्वकालविषेरहै ॥ तौ यहपुरुष साक्षात् परमेश्वरस्वरूपहोवै ॥ परंतु ऐसीदृष्टि सर्वदारहैनहीं ॥ १ ॥ यातैं स्त्रीपुरुषकासंयोगभी सुखकाकारणनहीं ॥ और प्रजाकीउत्पत्ति सुखकाकारणहै ॥ यहतीसरापक्षभी बनैंनहीं ॥ काहेतैं जोप्रजाकीउत्पत्ति सुखकाकारणहोवै ॥ तौ मत्कुण औरकीट तथायूकादिक प्रजाकीउत्पत्तितैंभी हमारेकूं सुखहोणाचाहिये ॥ और होवैनहीं ॥ उलटा दुःखहोवैहै ॥ यातैं प्रजाकीउत्पत्तिभी सुखकाकारणनहीं ॥ और सजातीयप्रजाकीउत्पत्ति सुखकाकारणहै ॥ यहचतुर्थपक्षभी बनैंनहीं ॥ काहेतैं लोकविषे पुत्रादिरूपप्रजावालेभीपुरुष पुत्रादिकोंकरिकै दुःखीदीखतेहैं ॥ तात्पर्ययह॥प्रतिकूलपुत्रादिकतौ प्रसिद्ध पितामाताके दुःखकेकारणहोवैहैं॥और अनुकूलपुत्रादिकभी पालनपोषणकीचिंताद्वारा पितामाताके दुःखकेकारणहोवैहैं॥तहां पूर्वग्रंथकरिकै स्त्रीरूपविषयविषे सुखकीकारणताखंडनकरी॥ अब रसनइंद्रियकेविषयरसादिकोंविषे सुखकीकारणता खंडनकरे हैं॥ जैसे स्त्रीरूपविषय यापुरुषके सुखकाकारणनहीं॥तैसे अन्नऔरजलभी याके सुखकेकारणनहीं ॥ काहेतैं भोजनकियाहुवाअन्न तथापानकऱ्याहुवाजल उत्तरकालविषे यापुरुषके दुःखकेकारण प्रतीतहोवैहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ भोजन करिकैतृप्तहुएपुरुषकूं जबीकोई अन्नपरोसैहै ॥ तबी ऊचैस्वरतैंनिवारणकरेहै ॥ यातैंयहजाण्याजावैहै ॥ यापुरुषका अन्नविषे द्वेषहै ॥ और जो द्वेषकाविषयहोवैहै ॥ सो दुःखकासाधनहोवैहै॥ जैसे सिंहसर्पादिकहैं ॥ यातैं अन्नादिक सुखकेकारणनहीं ॥ शंका ॥ जो अन्नऔजल सुखकेकारणनहोवैं ॥ तौ सुखकीप्राप्तिवासतै अन्नजलविषे लोकोंकीप्रवृत्ति नहींहोणीचाहिये ॥ और सर्वलोकोंकी अन्नजलविषे प्रवृत्तिदीखतीहै ॥ यातैं अन्नऔजल सुखकेहीकारणहैं ॥ समाधान ॥ अन्नऔजल सुखकेकारणनहीं ॥ किंतु अन्नजलतैं किंचित्काल क्षुधातृषाकीशांतिहोवैहै ॥ जैसे प्रज्वलितअग्निविषे पायाहुवाकाष्ठोंकासमूह क्षणमात्र ताअग्निकीऊचीज्वालावोंकूं निवारणकरेहै ॥ और जैसे जलकरिकेगीलीपृथिवीकूं वायु रूक्षकरे है॥ तावायुकाअनादरकरिकै जलकासिंचन क्षणमात्र ता

पृथिवीकीरूक्षताकूं निवारणकरेहै॥ इसप्रकार शरीरकेभीतरस्थित अग्निऔप्राणभी अप्रतिबद्धहुवे प्राणियोंकेक्षुधाऔतृषाकूं उत्पन्न करेहैं ॥ तहां प्राण क्षुधाकूंउत्पन्नकरेहै ॥ और अग्नि तृषाकूंउत्पन्नकरेहै ॥ और पुरुषोंनें शरीरकेभीतरपाया जोअन्नऔजल ॥ ताकरिकै किंचित्काल क्षुधाऔतृषाकीशांतिहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ अन्नऔजलकेपड़नेतें प्राणाग्निकानिरोधहोवैहै ॥ तानिरोधतें क्षणमात्र क्षुधातृषाकीशांतिहोवैहै ॥ ताक्षुधातृषाकासहनरूपशांतिविषेही अल्पबुद्धिभ्रांतपुरुष सुखकूंमानेहैं ॥ यातें रसनइंद्रियकेविषय अन्नादिकोंविषे सुखकीकारणतानहीं ॥ याप्रकार शब्दादिकविषयोंकेप्राप्तहुवेभी पुरुषोंकूंसुख उत्पन्नहोवैनहीं ॥ किंतु क्षणमात्र इच्छाकीनिवृत्तिहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ शब्दादिकविषयोंकीइच्छाकरिकै प्रथम चित्त चंचलरहैहै ॥ तेशब्दादिकविषय जबीप्राप्तहोवैहैं ॥ तबी क्षणमात्र चित्तकेचंचलताकी निवृत्तिहोवैहै ॥ ताचंचलताकीनिवृत्तिरूप चित्तकीअवस्थाकूंहीं मूढपुरुष सुखरूपमानेहैं ॥ और ज्ञानीपुरुषतो ऐसेजाणेहैं ॥ चित्त भूतोंकेसत्वगुणकाकार्य है ॥ यातेंनिर्मलहै ॥ तथापि शब्दादिकविषयोंकीइच्छाकरिकै चलायमानहुवाचित्त आनंदरूपआत्माकेप्रतिबिंबकूं ग्रहणकरैनहीं॥ और ताशब्दादिकविषयोंकी जबीप्राप्तिहोवैहै ॥ तबी किंचित्काल इच्छाकेनिवृत्तिहुवे चित्त स्थिरहोवैहै॥ तास्थिरचित्तविषे आनंदरूपआत्माका प्रतिबिंबहोवैहै॥ जिसआनंदरूपआत्माकेप्रतिबिंबकरिकै दुःखरूपचित्तभी सुखकीन्यांई प्रतीतहोवैहै ॥ सोबिंबभूतआत्माही मुख्यसुखस्वरूपहै ॥ याअभिप्रायतेंही शास्त्रविषे विषयप्राप्तिकालविषेभी ज्ञानीकूं नित्यसुखकाअनुभव कह्याहै॥ और अज्ञानीकूं क्षणिकसुखकाअनुभव होवैहै ॥ यातें शब्दादिकविषयनतें किंचित्मात्रभी पुरुषोंकूं सुखउत्पन्नहोवैनहीं॥ किंतु दुःखरूपअंतःकरणकेपरिणामविषेही भ्रांतपुरुषोंनें सुखबुद्धिकरीहै ॥ किंवा ॥ विषयजन्यअंतःकरणकापरिणामरूपफलविषे उत्पत्ति औनाश तथापरिच्छिन्नता रूपदोषरहैहैं॥ यातें ताविषे बुद्धिमान्पुरुषोंकूं सुखबुद्धिकैसेहोवै ॥ किंतुनहींहोवैगी ॥ काहेतें श्रुतिविषे व्यापकआत्माकूंही सुखस्वरूपकह्याहै॥ किंवा ॥ व्याकरणकीरीतिसें सुखशब्दकाअर्थकरियै ॥ तौभी अंतःकरणकेपरिणामकूं सुखस्वरूपतासिद्धहोवैनहीं॥ काहेतें जाकरिकै इंद्रियोंकेगोलक प्रसन्नहोवैहैं ॥ सो सुखकहियेहै ॥ और विषयजन्यसुखकेविचारकियेतें उलटा दोषचिंताकरिकै हृदयरूपगोलक तपायमानहोवैहै ॥ यातें जितनेविषयजन्यसुखहैं ॥ तेसंपूर्ण दुःख

रूपहैं ॥ और पूर्वकहीयुक्तितें किसीकारणकरिकै सुख उत्पन्नहोवैनहीं ॥ किंतु सुख नित्यहोवै है ॥ और जोउत्पन्नहोवै है ॥ सो सुख रूपनहीं ॥ यातें ऐसानित्यसुखस्वरूप मैंआत्माहूं ॥ पुनःकैसामैंआत्माहूं ॥ सत्चित्अद्वितीयस्वरूपहूं ॥शंका॥ सत् चित् आनंद या प्रकारकेशब्दोंकेभेदतें आत्माकेस्वरूपकाभेद काहेतैंनहींहोवै ॥ समाधान ॥ बुद्धिमान्पुरुषोंकूं सत्यादिकशब्दनकेभेदतें सत्चित् आनंदरूपअर्थोंकीभेदबुद्धि कभीभीउत्पन्नहोवैनहीं ॥ काहेतें शब्दोंकेभेदहुएभी अर्थकीएकता लोकविषेदेखीहै ॥ जैसे एकही पुरुष व्यक्तिविषे पिता पुत्र पति भ्राता याप्रकारकेभिन्नभिन्नशब्द पुत्र पिता स्त्री भ्रातादिकोंनैं क्रमतेंकथनकरते हैं॥तथापि ताशब्दोंकेभेद तें पुरुषव्यक्तिकाभेदहोवैनहीं ॥तैसे मैंआत्माविषे सत् चित् आनंद परिपूर्ण याप्रकारकेभिन्नभिन्नशब्द शास्त्रनैं कथनकरेहैं ॥ तथापि सत्यादिकशब्दोंकेभेदतें मैंआत्माकाभेदहोवैनहीं ॥ अब जानिमित्तकूंग्रहणकरिकै सत्यादिकशब्द आत्माकूंबोधनकरै हैं तानिमित्तकूं दिखावै हैं ॥ जैसे वंध्यापुत्र असत्यहै ॥ तैसे मैंआत्मा असत्यनहींहूं ॥ किंतु असत्यतैंविलक्षणहूं॥ताविलक्षणतारूपनिमित्तकूंग्रहणक रिकै सत्यशब्द मैंआत्माविषे प्रवर्त्तै है ॥ और जैसेघटादिकजडपदार्थ अन्यकरिकैप्रकाश्यहैं॥ तैसे मैंआत्मा अन्यकिसीकरिकै प्रका श्यनहींहूं ॥ यातें मैंआत्मा जडनहींहूं ॥ किंतु घटादिकजडपदार्थोंतैंविलक्षणहूं॥ताविलक्षणतारूपनिमित्तकूंग्रहणकरिकै चेतनशब्द मैंआत्माविषे प्रवर्त्तै है॥और जोवस्तु प्रतिकूलहोवै है॥सो सुखशब्दकाअर्थ होवैनहीं॥ किंतु दुःखशब्दकाअर्थहोवै है ॥ जैसे सिंहसर्पा दिकहैं ॥ औजोवस्तु अन्यकाशेषहोवै है॥सोभी सुखशब्दकाअर्थहोवैनहीं॥ किंतु दुःखशब्दकाअर्थहोवै है ॥जैसे स्त्रीधनादिकहैं ॥ ऐसा दुःखरूप मैंआत्मानहींहूं॥ किंतु दुःखतैंविलक्षणहूं ॥यातें ताविलक्षणतारूपनिमित्तकूंग्रहणकरिकै आनंदशब्द मैंआत्माविषे प्रवर्त्तै है ॥ यारीतिसैंहीआत्मशब्द एकशब्द अद्वितीयशब्द अस्थूलशब्द अनणुशब्द भेदरहितसच्चिदानंदस्वरूपमैंआत्माविषे प्रवर्त्तै हैं॥इ हांयहअभिप्रायहै ॥ आत्माकेप्रतिपादकशब्द दोप्रकारकेहोवै हैं ॥ एकविधिमुख औरदूसरेनिषेधमुख तहां विधिमुखसत्यादिकश ब्दतौ प्रथम आत्माकाबोधनकरिकै पश्चात् असत्यादिकोंतैंव्यावृत्ति बोधनकरैहैं॥ और निषेधमुखअद्वितीयादिकशब्दतौ प्रथम सा क्षात्व्यावृत्तिकूंबोधनकरिकै अर्थतें आत्माकूंबोधनकरैहैं ॥ व्यावृत्तिनाम भेदकाहै ॥ यातें सत्यादिकशब्दोंकेभेदहुवेभी तिनोंकेअर्थ

कामेदनहीं ॥ किंतु एकहीआत्माकूं सर्वसत्यादिकशब्द बोधनकरैं हैं यहसिद्धभया॥अब युक्तितें सत्यादिकशब्दोंकेअर्थकाअभेद नि
रूपणकरैं हैं ॥ तहां सुखतें प्रकाश भिन्ननहीं ॥ काहेतें जोसुखतें प्रकाश भिन्नहोवै ॥ तौ दुःख तथादुःखकेसाधनसर्पादिकोंकीन्यांई
प्रकाशभी प्रतिकूलहोवैगा ॥ अथवा सुखकेसाधनस्त्रीतथाधनादिकनकीन्यांई अन्यभोक्ताकाशेषभूतहोवैगा ॥ और अनुकूलतनहो
णेतें प्रतिकूल तथाअन्यकाशेषभूत प्रकाश हैनहीं ॥ यातें प्रकाश सुखतैंभिन्ननहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ सुखकेसाधन जैसेस्रक्चंदनादिक
विषय ॥ ते अनुकूलकहियेहैं ॥ और तिनविषयोंकेसंबंधतें उत्पन्नभयी जाअंतःकरणकीवृत्ति ॥ सा अनुकूलतरकहियेहै ॥ और ति
नोंकाप्रकाशक आनंदस्वरूपआत्मा अनुकूलतम कहियेहै ॥ यातें प्रतिकूलता तथाअन्यशेषता दोनों प्रकाशविषे बनैंनहीं ॥ तर तम
यहदोनोंशब्द अधिकताकेवाचकहैं ॥ **शंका** ॥ प्रकाशऔरसुखका परस्परभेद मतहोवै ॥ तथापि तिनदोनोंधर्मोंतें आत्मारूपधर्मी
भिन्नकाहेतैंनहींहोवै ॥ **समाधान** ॥ यहआत्मा प्रकाशस्वरूपतैंभिन्ननहीं ॥ काहेतें आत्मा सर्वअंतःकरणकीवृत्तियोंका प्रकाशकहै॥
और जोप्रकाशतैंभिन्नहोवै है ॥ सो सर्ववृत्तियोंकूंप्रकाशकरैनहीं ॥ जैसे बुद्धिआदिकहैं ॥ और जोआत्मा प्रकाशतैंभिन्नहोवै ॥ तो अ
प्रकाशस्वरूपहोणेतें घटादिकोंकीन्यांई अनात्मस्वरूप होवैगा ॥ और घटादिकोंकीन्यांई अनात्मस्वरूपता आत्माकी वादीकूं
भी अंगीकारनहीं ॥ यातें प्रकाशतें आत्मा भिन्ननहीं ॥ किंतु प्रकाशस्वरूपहै ॥ और जैसे सुखतैंप्रकाशभिन्ननहीं यहपूर्वकह्या ॥
तैसे प्रकाशतें सुखभी भिन्ननहीं ॥ काहेतें जो प्रकाशतैंभिन्नहोवैहै ॥ सो अप्रकाशस्वरूपहोवै है ॥ और अप्रकाशमानसुखकूं सुख
रूपता बनैंनहीं ॥ **शंका** ॥ जैसे दीपककरिकै घटादिकोंकीप्रकाशमानताहोवै है ॥ तहांघटादिकोंतैं दीपकभिन्नहै ॥ तैसे सुखतैंभिन्न
प्रकाशकरिकैभी सुखकीप्रकाशमानता बनैंहै ॥ सुखप्रकाशका अभेदमानणा निष्फलहै ॥ **समाधान** ॥ जैसे रज्जुआदिक व्यावहा
रिकपदार्थ औरसर्पादिक कल्पितपदार्थ आपणेतैंभिन्नप्रकाशकरिकै प्रकाशमान होवैहैं ॥ तैसे आपणेतैंभिन्नप्रकाशकरिकै सुख प्र
काशमानहोवैनहीं ॥ किंतु आपणेतैंअभिन्नप्रकाशकरिकै सुख प्रकाशमानहोवैहै ॥ यातें सुखऔप्रकाशका अभेदहै ॥ इहांयहतात्प
र्यहै ॥ रज्जुआदिकदृश्यपदार्थ चेतनविषेकल्पितहैं ॥ यातैंतिनोंकी भिन्नप्रकाशकरिकैप्रकाशमानता संभवै है ॥ और आत्मस्वरूप

सुख कल्पितहैनहीं ॥ किंतु सर्वकाअधिष्ठानहै ॥ यातैं भिन्नप्रकाशकरिकै ताकी प्रकाशमानता बनैंनहीं ॥ और जैसे प्रकाशतैं आ त्मा भिन्ननहीं ॥ तैसे सुखतैंभी आत्मा भिन्ननहीं ॥ किंतु अभिन्नहै ॥ प्रकाशस्वरूपसुखतैं जोआत्मा भिन्नहोवै ॥ तो घटादिकोंकी न्यांई अनात्मा होवैगा ॥ और आत्माकीअनात्मता अंगीकारहैनहीं ॥ यातैं प्रकाश सुख आत्मा यातीनोंका अभेदहै यहासंद्दभ या ॥ इहां प्रकाशशब्दकरिकै चैतन्यकाग्रहणकरणा ॥ और सुखशब्दकरिकै आनंदकाग्रहणकरणा ॥ और आत्मा आनंद प्रकाश यहतीनों सत्तातैंभिन्ननहीं ॥ काहेतें जैसे सत्तातैंभिन्नहोणेतैं बंध्यापुत्र असत्यहै ॥ तैसे सत्तातैंभिन्नहुवे आत्मा आनंद प्रकाशकूंभी बंध्यापुत्रकीन्यांई असत्यताप्राप्तहोवैहै ॥ और आत्माकीअसत्यता कोईअंगीकारकरैनहीं ॥ और जैसे आत्मा आनंद प्रकाश य हतीनों सत्तातैंभिन्ननहीं ॥ तैसे सत्ताभी यातीनोंतैंभिन्ननहीं ॥ काहेतें जो आत्माआनंदप्रकाशतैं सत्ता भिन्नहोवै ॥ तो घटादिकों कीन्यांई अनात्मादुःखजडस्वरूपहोवैगी ॥ और अनात्मास्वरूपहुईसत्ता बंध्यापुत्रकेसमान असत्यहोवैगी ॥ तात्पर्ययह ॥ आत्मा नाम आपणेस्वरूपकाहै ॥ आपणेस्वरूपतैं जबी सत्ताभिन्नहुई ॥ तबी बंध्यापुत्रकीन्यांई असत्यहीहोवैगी ॥ यातैं सत्ता आत्मातैं भिन्ननहीं ॥ सो सत्‌चित्‌आनंदस्वरूप मैंपरमात्माहूं॥ और देशकालवस्तुपरिच्छेदतैंरहितहूं ॥ यातैं मैंपरमात्मा अनंतहूं ॥ और जैसे रज्जुविषे सर्प कल्पितहै॥ तैसे मैंअनंतआत्माविषे सर्वप्रपंच कल्पितहै ॥ और कारण कार्य देश कालादिकोंकेवाचक सर्वशब्दोंका तथासर्वज्ञानोंका मैंपरमात्माही विषयहूं ॥ याकारणतैंही वेदांतवाक्योंतैं तथावेदांतवाक्यजन्यज्ञानतैं परिपूर्णआत्माकूंभी मैंदेखता भयाहूं ॥ यातैं मैंकृतकृत्यहूं ॥ तात्पर्ययह॥ जिसआत्मस्वरूपकेनिश्चयकरणेवासतै यादुःखरूपशरीरविषे हमनैं प्रवेशकियाथा ॥ सो आत्मसाक्षात्कार अबीहमारेकूं प्राप्तभयाहै॥ यातैं किंचित्‌मात्रभी हमारेकूं अबीकर्तव्यनहींरह्या ॥ औरयहपरामात्मादेव गु रुऔरवेदांतवाक्यजन्यज्ञानतैं अपरोक्ष आपणेस्वरूपकूंदेखताभया ॥ याकारणतैंही इंद्र यानामकूंप्राप्तहुवाआनंदआत्मा ब्रह्म रूपहोताभया ॥ काहेतें ब्रह्मकेजानणेहारेकूं ब्रह्मरूपता श्रुतिविषेप्रसिद्धहै ॥ और ताइंद्रनामापरमात्माकूं अग्निआदिकदेवता तथादेवभाववालेमनुष्य इंद्र यापरोक्षनामतैं कथनकरतेभये ॥ जाकारणतैं यहदेवता प्रत्यक्षनामग्रहणतैं द्वेषमानेहैं ॥ जैसे लोक

शीघ्रही कालभगवान् आइके प्राप्तहोवै है ॥ और जैसे जुवानमंडूककूं सर्प ग्रसैहै॥ तैसे गृहविषे तथाक्षेत्रविषे तथाबांधवोंविषे आसक्त जो दुर्बुद्धियहजीवहै ॥ तिसकूंअतिदारुणकालभगवान् ग्रसैहै ॥ इसप्रकार यौवनअवस्थाविषे इच्छादिकअष्टदोषोंकरिकैजन्य अनंतदुःखोंकूं यहजीव प्राप्तहोवै है ॥ अब वृद्धअवस्थाविषे इच्छादिकअष्टदोषोंकरिकैजन्यदुःखोंकूं दिखावैहैं ॥ रात्रिदिनविषे दुःखोंका ग्रह औरचिंताकरिकैयुक्त ऐसाजो युवानपुरुषहै ॥ तिसकूं जरारूपपिशाचिनी ग्रसैहै ॥ कैसीसाजराहै ॥ श्वेतकुष्ठकरिकैयुक्तहै तिसकुष्ठिनी जराकेसंगकरिकै दुष्टहुवा यहपुरुषभी सर्वओरतैंश्वेतहोवैहै ॥ और कुरूपहोवै है॥ और शक्तितैंरहितहोवै है ॥ और दुःखकरिकै तथाशोककरिकै युक्तहोवै है ॥ और अनुभवकरीवस्तुकाभी जराअवस्थावान्पुरुषकूं स्मरणहोवैनहीं ॥ यातैं अनादरकापात्रहोवैहै ॥ और जराअवस्थाविषे यहमंदपुरुष कासश्वासरोगकरिकै व्याकुलहोवैहै ॥ और यौवनअवस्थाविषे करेजेपापकर्महैं ॥ तिनपापकर्मोंका जराअवस्थाविषेस्मरणकरताहुवा सोवृद्धपुरुष आपणेकूं धिक्कारकरै है ॥ और कैसेकैसेपापकर्म मैंनैं करे हैं याप्रकारका पश्चात्तापकरै है ॥ और विद्यातथाधनकरिकैयुक्त जोजराअवस्थावान्पुरुषहै ॥ तिसकूंभी पुत्रादिक आदरनहींकरैहैं ॥ तो मूर्खतथानिर्धनवृद्धकीक्याकथाहै ॥ और जिसपराधीनतारूपअवस्थाकूं यहपुरुष बाल्यअवस्थाविषेप्राप्तभयाथा तिसीपराधीनतारूपअवस्थाकूं जराअवस्थाविषे यहपुरुष प्राप्तहोवै है ॥ और वास्तवतैंविचारकरिये तौ बाल्यअवस्थातैंभी जराअवस्था अतिसैंकरिकैनिंदितहै ॥ काहेतैं शक्तितैंरहित तथाविष्ठामूत्रादिकोंकरिकैलिप्त जोबालकहै ॥ तिसकी अविवेकीलौकिकपुरुषभी निंदाकरैनहीं ॥ और मलादिकोंकरिकैलिप्त तामसवृद्धकूंदेखिकरिकै अविवेकीपुरुषभी ताकीनिंदाकरै हैं ॥ यातैं बाल्यअवस्थातैं जराअवस्था अतिनिकृष्टहै ॥ इसप्रकार वृद्धअवस्थाविषे कालपाशकेवशहुवे संपूर्णजीव नानाप्रकारके दुःखोंकूं प्राप्तहोवै हैं ॥ और वृद्धअवस्थाविषे पुरुषकूं विषयकीप्राप्तिविषे महान्इच्छाहोवै है॥और शक्तिकेअभावतैं तथाइंद्रियोंकेक्षयतैं किंचित्विषयकूंभी वृद्धपुरुष प्राप्तहोवैनहीं॥और वृद्धपुरुषका बांधवोंविषेस्नेह वर्द्धताजावै है ॥ और शत्रुवोंविषेद्वेष वर्द्धताजावै है॥ परंतु तिसकेस्नेहतैं किसीमित्रका उपकारहोवैनहीं ॥ यातैं ताकास्नेहव्यर्थ है ॥ और तिसकेद्वेषतैं किसीशत्रुकी हानिहोवैनहीं ॥ यातैं ताकाद्वेषभीव्यर्थ है ॥ इसतैंआदिलैके अनं

तदुःखोंकूं वृद्धअवस्थाविषे यहजीव प्राप्तहोवै है ॥ तिसतैं अनंतर यौवनअवस्थाविषेउत्पन्नकन्याजोपुत्रहै ॥ तिसकूं इसमनुष्यलोकविषे स्थापनकरैं है ॥ सोकैसापुत्रहै ॥ पिताकाद्वितीयशरीर है ॥ और अनंतपुण्योंकरिकैप्राप्तभयाहै ॥ और पिताकरिकैकर्तव्य जो वेदोंकाअध्ययन तथायज्ञादिकर्म ॥ तिनोंकूं करणेहाराहै ॥ और यज्ञादिकोंकरिकै सर्वभूतोंकेसुखकाकरताहै ॥ और पितानैं आरंभकरे जेकूपतडागादिककार्य तिनोंकूंभी परिपूर्णकरणेहाराहै ॥ और जोकार्य पितानैं नहींकऱ्याथा ॥ तिसशुभकार्यकूंभी करणेहाराहै ॥ इसप्रकार पिताकेसर्वकार्यकूंकरणेहारा जोसन्मार्गवर्तीपुत्रहै तिसकूं इसलोकविषेस्थापनकरिकै जराअवस्थाकरिकैयुक्त हुवापिता ॥ मरणअवस्थाकूंप्राप्तहोवै है ॥ तिसतैंअनंतर कालभगवान्रूपरथवाही सूक्ष्मशरीररूपरथकूं सामग्रीकरिकैसंपन्नकरै है ॥ सोकैसासूक्ष्मशरीररूपरथहै ॥ पुण्यपापरूपचक्रोंकरिकैयुक्तहै ॥ और दुःखरूपपाथेयकरिकैपूरितहै ॥ मार्गविषे भोगणेयोग्यवस्तुकानाम पाथेयहै ॥ और इंद्रियरूपदुष्टअश्वोंकरिकैयुक्तहै ॥ और बुद्धिरूपकाष्ठकरिकैरचितहै ॥ और कास तथा श्वास तथा हिडकी रूपशब्दोंकरिकैयुक्तहै ॥ ऐसेसूक्ष्मशरीररूपरथकूं कालभगवान् त्यारकरै है ॥ और यहजीव यद्यपि शरीरकेसंबंधतैं बाल्यअवस्थाविषे तथायुवाअवस्थाविषे तथावृद्धअवस्थाविषे अनंतदुःखोंकूं अनुभवकरिआयाहै ॥ तथापि अध्यासकेबलतैं यास्थूलशरीरकेपरित्यागकीइच्छानहींकरै है ॥ और तिसमरणकालविषे अतिदुःखकूंप्राप्तहुवा यहजीव आपणेपुत्रोंकूं तथाबांधवोंकूं स्मरणकरै है ॥ और मरणकेक्षोभतैं महान्त्रासकूंप्राप्तहोवै है ॥ और शरीरजिसकाकांपे है ॥ और स्त्रीपुत्रादिकबांधवभी इसप्राणीकूं चारों तरफघेराकरिकैस्थितहोवै है॥परंतु मृत्युदुःखतैं रक्षाकरणेकूं कोईभीसमर्थहोवैनहीं॥दृष्टांत॥ जैसे हिंसाकेस्थानविषेस्थितजेपशुहैं ॥ ते अर्द्धहिंसाकूंप्राप्तहुवेपशुकी रक्षाकरिसकैनहीं ॥ तैसे बांधव याकीरक्षाकरिसकैनहीं ॥ और जैसे बहतरिसहस्र७२००० वृश्चिकएककालविषे सूचीकेअग्रभागतुल्यमुखोंकरिकै अस्मदादिकपुरुषोंकेशरीरोंविषे दंशकरै तिसतैं जोअस्मदादिकपुरुषोंकूं दुःखहोवै तिसतैंभीअधिकदुःख मरणअवस्थाकूंप्राप्तहुवेपुरुषकूं शरीरकेत्यागविषे उत्पन्नहोवै है ॥तादुःखकरिकै सोपुरुष हस्तोंकूं तथापादोंकूं चलावै है॥जैसे हिंसाकूंप्राप्तहुवापशु पादोंकूंचलावै है॥और तादुःखकरिकैयहपुरुष चेतनतातैंरहितहोवै है ऐसे दुःखकूंप्राप्तहुवेपुरुषकूंदेखि

करिकै सर्वबांधव शोककूंप्राप्तहोवै हैं॥ और रुदनकरै हैं॥ दृष्टांत॥ जैसे बंधनकरिकैदुःखकूंप्राप्तहुवेकाककूंदेखिकरिकै सर्वकाक शोकक रिकैयुक्तहुवे पुकारै हैं परंतु तिसकेछुडावणेमें तिनोंकूं सामर्थ्य हैनहीं॥ और जैसे व्याधपुरुषकरिकै बंधनकूंप्राप्तहुवा ग्रामसूकर अनंत शब्दोंकूंकरै है॥ तैसेअनंतशब्दोंकूंकरतेहुवे यापुरुषकूं कालरूपव्याध बांधिकरिकै जहांसंबंधीयोंकूंदर्शननहींहोवै ऐसेदूरदेशविषे लेजावै है॥ और जैसे पाशकरिकैबंध्याहुवा कपोत दीनताकूंप्राप्तहोवै है॥ तैसे कालपाशकरिकैबंध्याहुवा यहजीवभी दीनताकूंप्राप्तहोवै है॥ औरजैसे बडिशयुक्तकुंढीकूं जलविषे धीवर पावै है॥ तिसबडिशकेभक्षणवासतै प्राप्तभईजोमत्स्यहै॥ तिसकूं धीवर ग्रहविषेलेजावै है॥ तैसेमर्त्यलोकरूपमहाहृदविषे स्त्रीपुत्रधनादिरूपबडिशकेभक्षणकरणेवासतै प्राप्तभयाजोयहजीवरूपमत्स्यहै॥ तिसकूं मृत्युरूपधीवर बांधिकरिकै परलोकविषेलेजावै है॥ और जैसे वनविषेस्थितमृगकूं बाणोंकरिकै व्याध मारै है॥ तैसे संसाररूपवनविषेस्थित जीवरूपमृगकूं ज्वरादिकव्याधिरूपबाणोंकरिकै कालरूपव्याध हननकरै है॥ और मरणअवस्थाविषे ग्लानीकूंप्राप्तभयाहैमुखजाका॥ और अनंतहिडकीयोंकरिकैयुक्त दीनपुरुषकूं देखिकरिकैभी कालभगवान् दयाकूंनहींप्राप्तहोवै है॥ काहेतें प्रजापतिकीआज्ञातैं जिसमृत्युनैं प्रजाकाहननरूपप्रवृत्तिकूं धारणकर्‍याहै॥ यहवार्ता मोक्षधर्मविषेप्रसिद्धहै॥ जीवहिंसारूपअधिकारकीनिवृत्तिवासतै अनंतकालपर्यंत तपकूं मृत्यु करताभया॥ तौभी मृत्युकेताईं प्रजापति तिसीहिंसारूपअधिकारकूंही देताभया॥ और जैसे पथिकपुरुषकूं चौर हननकरै है॥ तैसे हापुत्र हास्त्री हाकलत्र याप्रकार सहस्रशब्दोंकूं करतेहुवे जीवरूपपथिककूं यहकालरूपचौर हननकरै है॥ और जैसे हिंसास्थानकास्वामी आपणेकार्यवासतैं मेषकूं हननकरै है॥ तैसे कालभगवान्‌भी आपणेकार्यवासतै या जीवकूं हननकरै है॥ सोकैसाजीवहै॥ कफकरिकैअवरुद्धभयाहैकंठजाका॥ और घुरघुर याप्रकारकेअनंतशब्दोंकूंकरै है॥ इहां जन्ममरणकेसमानअधिकरणताकारक्षणही कालभगवान्‌काकार्य जानणा॥ और जैसे अपराधीपुरुषकूं राजाकेभृत्य लेजावै हैं॥ तैसे पुकारतेहुवेसर्वबांधवोंका अनादरकरिकै यमकिंकर इसजीवकूंलेजावै हैं॥ और याजीवकेशरीरविषे प्राणोंकूंधारणकरणेहारियां बहतरिसहस्र ७२००० नाडियांरहे हैं तिननाडियोंतैंप्राणनिकासणेवासतै मृत्युभगवान् तिननाडियोंकेबंधनोंकूंछेदनकरै है॥ और

जैसे कृषिकेकरणेहारापुरुष अनायासतें कदलीबनकूं कुठारकरिकैछेदनकरैं है ॥ तैसे यहमृत्युभगवान्भी अंतरकालरूपकुठारकरि
कै याजीवकेअंगोंकेसाथजोप्राणोंकासंबंधरूपबंधनहै तिसकूं छेदनकरै है ॥ और मरणकालविषे मृत्युभगवान् कालरूपकुठारक
रिकै पुरुषोंकेशरीरविषे पादकेअग्रभागतैंलेकरिकेकेशपर्यंत अनंतपीडावोंकूंउत्पन्नकरैं है ॥ जैसे साढीतीनकोटितीक्ष्णसूचियां ए
ककालविषे अस्मदादिकपुरुषोंकेशरीरविषे लागें ॥ और जैसे दुःखकूंउत्पन्नकरैं ॥ तैसाहीदुःख मरणकाल विषे पुरुषोंकूं होवै है ॥और
तीक्ष्णक्रकचोंकरिकै अस्मदादिकजीवतपुरुषोंकेअंगोंकूं बहुतवारछेदनेतें जैसादुःख अस्मदादिकपुरुषोंकूंहोवै है ॥तैसाहीदुःख सर्वदे
हधारीजीवोंकूं मरणकालविषे होवै है ॥ और पादतैंलेकरिकैमस्तकपर्यंत त्वचाकेउतारणेविषे जैसादुःख अस्मदादिकजीवतपुरुषोंकूं
होवै है ॥ तैसाहींदुःख मरणकालविषे जीवोंकूंहोवै है ॥ और तप्ततैलविषेप्रवेशकरणेतें जैसादुःख अस्मदादिकजीवतपुरुषोंकूं होवै है ॥
तैसाहीदुःख मरणकालविषे पुरुषोंकूंहोवै है ॥ और मुखनासिकादिक नवद्वारोंकेनिरोधतें जैसाअस्मदादिकपुरुषोंकूंदुःख होवै है ॥ तै
साहीदुःख मरणकालविषे पुरुषोंकूंहोवै है ॥ अथवा तिसतैंभीअधिकदुःखहोवै है ॥ और दुर्मार्गवर्तीपुरुषोंकूं जैसानरकजन्यदुःखहोवै
है ॥ तैसाहीदुःख मरणकालविषे जीवोंकूंहोवै है ॥ अथवा तिसनरकदुःखतैंभीअधिकदुःख मरणकालविषेहोवै है ॥ और मरणकाल
विषे सोपुरुष किसीक्षणमैं मूर्छाकूंप्राप्तहोवै है ॥ और किसीक्षणविषे मूर्छातैंजाग्रत्होवै है ॥ और किसीक्षणविषे भयानकयमकिंक
रोंकूंदेखिकरिकै ॥ भयकूंप्राप्तहोवै है ॥ तिसभयतैं कदाचित् विष्ठामूत्रादिकोंकाभी परित्यागकरै है ॥ और नेत्रोंतैंअश्रुकापरित्यागकरै
है ॥ और किसीक्षणविषे यमकिंकरोंकूंदेखिकरिकै महाभयानकशब्दकूंकरै है ॥ तेकैसेयमकिंकरहैं ॥ अतिसैंकरिकैदीर्घ हैं ॥ और वि
करालजिनोंकेमुखहैं ॥ और श्यामजिनोंकास्वरूपहै ॥ और जिनोंकेकेश खुलेहुएहैं ॥ और चाबक तथापाश जिनोंकेहस्तोंविषे हैं ॥
ऐसेयमकिंकरोंकूंदेखिकरिकै भयकूंप्राप्तहुवा यहजीव मुखतैंफेनकूंवमनकरैहै ॥ और सर्वद्वारोंतें मलोंकापरित्यागकरै है ॥
और तेयमकिंकर संमुखआइकरिकै प्रथम यापापीजीवकूं दुर्वचनोंकरिकैताडनकरैहैं ॥ पश्चात् बांधिकरिकै परलोकवि
षेलैजावैहैं ॥ अब तिनयमकिंकरोंकेवचनोंकूंदिखावैहैं ॥ हेपापीजीव! तेरेकूंधिक्कारहै ॥ काहेतें इसमनुष्यशरीरकूंप्राप्तहोइ

करिकैभी तैंने नरकका कारणरूप पापकर्महीं संपादनकऱ्या और आपणामुख्यहितजोमोक्षहै तिसकूं तैंने आत्मज्ञानकरिकैसंपाद नकऱ्यानहीं ॥ और गौणहित जेस्वर्गादिकहैं ॥ तिनोंकूंभी यज्ञादिककर्मोंकरिकै तैंने संपादनकऱ्यानहीं ॥ उलटा यहमेराशत्रुहै और यहमेरामित्रहै और यहउदासीनहै याप्रकारकीभेदबुद्धिकरिकै आपणाअनर्थ आपहीतुमनैं संपादनकऱ्या ॥ यातैं आपणाश त्रु तुम आपहीहुवा ॥ दूसराकोई तुमाराशत्रुहैनहीं ॥ काहेतैं गुरुशास्त्रादिकआत्मज्ञानकीसामग्रीकूंप्राप्तहोइकेभी जन्ममरणरूपबं धनकी तुमनैं निवृत्तिकरीनहीं ॥ और जेअपमानादिक आपणेकूंप्रतिकूलहोवै हैं ॥ तेअपमानादिक जो अन्यपुरुषकूंकरै है ॥ सोपुरु ष आपणाहीआपशत्रुहोवैहै ॥ यातैं भेदबुद्धिही अनर्थकाकारणहै ॥ और जोपुरुष भेदबुद्धिकरिकै अन्यजीवोंकूंपीडाकरै है ॥ तिस कूं जीवत्कालविषे अन्यराजादिकबलीपुरुषोंतैं भयहोवैहै ॥ और मरणकालविषे हमयमकिंकरोंतैं भयहोवै है ॥ यातैं दोनोंलोक विषेभयकाहेतु जोभेदबुद्धिजन्यपरपीडा ताकूं कौनबुद्धिमान्पुरुष करैगा ॥ किंतु नहींकरैगा ॥ याप्रकारके दुर्वचनोंकरिकै यमकिं कर पापीजीवकी ताडनाकरै हैं ॥ और जैसे राजाकेभृत्य अपराधीपुरुषके चौरीआदिकअपराधकूं स्मरणकराइकै ताकूं बांधिकरिकै लेजावैहैं ॥ तैसे यमकिंकरभी भेदबुद्धिरूपअपराधकूं तथाअनात्मदेहादिकोंविषेआत्मबुद्धिरूपअपराधकूं स्मरणकराइके याजीवकूं परलोकविषेलेजावैहैं ॥ तहां प्रथम देहकेदोषोंकूंदिखावैहैं ॥ हेपापिष्ठ! जिसदेहविषे तुमनैं आत्मबुद्धिकरीहै ॥ सोदेहकैसाहै ॥ पि ताकेवीर्यरूपमलतैं औरमाताकेरक्तरूपमलतैं उत्पन्नभयाहै ॥ और विष्ठा तथामूत्रादिकमलोंकरिकैपूरितहै ॥ यहसर्वलोकोंकूंअनुभव सिद्धहै ॥ तथाशास्त्रविषेभीकह्याहै ॥ श्लोक ॥ यदंतरस्यदेहस्य बहिःस्याच्चतदेवचेत् ॥ दंडग्रहावारयेयुः शुनःकाकांश्चमानवाः ॥ ७ ॥ अ र्थयह ॥ इसशरीरकेअंतर जेविष्ठामूत्रमांसरुधिरादिकमलहैं ॥ सोजेबाहरिहोवै तौ सर्वपुरुष दंडकूंग्रहणकरिकै आपणेशरीरकी रक्षावास्तै सर्वदा काकोंकूं तथाश्वानोंकूंहीं निवारणकरै ॥ ७ ॥ यातैं यहशरीर अतिसैंकरिकैनिंदितहै ॥ और विनाशीहै ॥ और शतवर्षपर्यंत सेवनकऱ्याहुवाभी यहशरीर परित्यागकरिजावैहै ॥ यातैं कृतघ्नहै ॥ और सहस्रपरिणामोंकरिकैयुक्तहै ॥ और पुरुष केअधीननहीं ॥ और शरीरविषेआत्मबुद्धिद्वारा पुरुषार्थकानाशकहै ॥ यातैं सर्वदा दुःखकाकारण यहशरीरहै ॥ ऐसेनिंदितशरीर

विषे आत्मअभिमानकरिकै तुमनैं अनंतपापकर्मकरे हैं ॥ तिनपापोंकरिकैजन्य अनंतदुःख तुमारेकूं प्राप्तहोवैंगे ॥ यहवार्ता व्यास
भगवान्नैंभीकहीहै ॥ श्लोक ॥ सर्वाशुचिनिधानस्य कृतघ्नस्यविनाशिनः ॥ शरीरकस्यापिकृते मूढाः पापानिकुर्वंत इति ॥ ८ ॥ अर्थ
यह ॥ विष्ठामूत्रादिकसर्वअशुचिपदार्थोंकागृह औरकृतघ्न औरविनाशी ऐसेशरीरकेपालनपोषणवासते मूढपुरुष पापोंकूंकरे हैं ॥८॥
और हेपापीजीव!॥ याअनित्यदेहकेभोगोंकीसिद्धिवासते पुत्रस्त्रीधनादिकोंविषे ममताअभिमानकरिकै तुमनैं किंचित्मात्रभी सुकृत
कऱ्यानहीं ॥ उलटा पापकर्मोंकूं तुमनैं संपादनकऱ्याहे ॥ यातैं हमारेकूं बडाखेदहोवैहै ॥ यद्यपि यज्ञादिकोंकरिकैपुण्यकेसंपादन
में शरीरकाआयास तथाधनादिकोंकाखरच होवैहै ॥ यातैं तुमनैं संपादनकऱ्यानहीं ॥ तथापि मैंब्रह्महूं याअभेदज्ञानकेसंपादनमैं
शरीरकाआयास तथाधनादिकपदार्थोंकाखरच होवैनहीं ॥ ऐसे अतिसुलभआत्मज्ञानकूंभी तुमनैं संपादनकऱ्यानहीं ॥ यातैं हेपा
पिष्ठ! तेरेकूंधिक्कारहै ॥ किंवा मनवाणीकाअविषय जोनिर्गुणब्रह्महै ॥ तिसके साक्षात्कारकरणेकूं मैं समर्थनहींहूं ऐसाजोतूंकहै ॥ त
थापि सर्वसुखकेकरणेहारी जानिर्गुणब्रह्मकीउपासनाहै ॥ तिसकूं तुमनैं किसवासतेनहींकऱ्या ॥ किंवा मन अतिसैंकरिकैचंचल
है ॥ यातैं निर्गुणब्रह्मकेध्यानविषे लगतानहीं ऐसाजोतूंकहै ॥ तथापिपरस्त्रीगमनादिकपापकर्मोविषे जितनातेरेकूं शरीरकाआयास
तथाधनादिकोंकीहानिरूपक्लेश प्राप्तभयाहै ॥ तिसक्लेशकालेशमात्रभी परमेश्वरकेनामकीर्तनमें हैनहीं ॥ और स्वर्गादिकोंकी प्राप्तिकर
णेहाराहै ॥ ऐसेपरमेश्वरकेनामकीर्तनरूपसुकृतकूं तुमनैं काहेतैंनहींसंपादनकऱ्या ॥ और जैसे तुमनैं मनकूंसावधानकरिकै सर्वदा पर
पुरुषोंकेदोषोंका विचारकऱ्याहै ॥ तैसे महत्फलकीप्राप्तिकरणेहारा जोक्षणमात्रआत्मविचार तिसकूं काहेतैंतुमनैं नहींसंपादनकऱ्या
॥ क्षणमात्रब्रह्मविचारकाफल अन्यशास्त्रविषेभीकह्याहै ॥ श्लोक ॥ स्नातंतेनसमस्ततीर्थसलिलेदत्ताचसर्वाऽवनिः यज्ञानांचकृतं
सहस्त्रमखिलादेवाश्चसंपूजिताः ॥ संसाराच्चसमुद्धृताःस्वपितरस्त्रैलोक्यपूज्योप्यसौ यस्यब्रह्मविचारणेक्षणमपिस्थैर्यंमनःप्राप्नुया
त् ॥ ९ ॥ अर्थ यह ॥ जिसपुरुषकामन क्षणमात्रभी ब्रह्मविचारविषेस्थितिकूंप्राप्तहोवै है ॥ तिसपुरुषनैं सर्वतीर्थोंकेजलोंविषेभी
स्नानकिया ॥ और सर्वपृथिवीभी तिसनैं दानकरी ॥ औरसहस्त्रयज्ञभी तिसनैंकरे ॥ और संपूर्णदेवताभी तिसनैं पूजनकरे ॥ और

संसारसमुद्रतें आपणेपितरभी तिसनैं उद्धारकरै ॥ और तीनलोकोंकरिकैपूज्यभी सोपुरुषहै ॥ ९ ॥ ऐसेआत्मविचारकूंभी तुमनैं क
र्यानहीं ॥ और जैसे तुमनैं परप्राणियोंकेनाशवासते महान्उद्यमकर्याहै ॥ तैसे किंचित्मात्रभी उद्यम स्वर्गकीप्राप्तिवासते तथा
मोक्षकीप्राप्तिवासते तुमनै काहेतैंनहींकर्या ॥ तात्पर्ययह ॥ जोतू वृक्षादिकोंकीन्यांई उद्यमतैंरहितहोता ॥ तौ तेरेकूं हम उपालंभ
नहींदेते ॥ परंतु तुमनैं सर्वशक्तिसंपन्न मनुष्यशरीरकूंपाइकरिकैभी शास्त्रविहितपुण्यकर्मोंकूं संपादनकर्यानहीं ॥ उलटा पापकर्मों
कूंसंपादनकर्या ॥ यातैं तूं दंडकरणेयोग्यहै ॥ और तुम हमारेपापोंकूं कैसेजाणतेहो ऐसाजोतूंकहै ॥ सो बनैनहीं ॥ काहेतैं इसलो
कविषे जेजेपाप तैनैं राजादिकोंतैंगुह्यकरेहैं ॥ अथवा आपणेबलतैं जेजेपाप तुमनैं प्रसिद्धकरे हैं ॥ तिनसर्वतुमारेपापोंकूं सूर्यचंद्र
मादिक कथनकरैहैं ॥ तिनोंतैं हम तेरेपापोंकूंजाणेहैं ॥ तेकैसेपापहैं ॥ मर्मसदृशहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे मर्मस्थान भेदनकूंप्राप्तहुवे
दुःखकूंउत्पन्नकरै हैं ॥ तैसे पापकर्मभीप्रसिद्धहुवे दुःखकूंउत्पन्नकरै हैं ॥ और यमकिंकरोंकेवशकूंप्राप्तहुवा जोपापीजीवहै ॥ तिसकूं
तेयमकिंकर पुनःयाप्रकारकहैहैंकि हेपापिष्ठ! तूं याप्रकारकाअहंकार करताथा ॥ इसलोकविषे मैं सर्वतैंबलीहूं ॥ मेरेतैंअधिकबल
वान् कोईभीपुरुषनहीं ॥ याकर्मविषेप्रवृत्तहुवेमेरेकूं कौनशिक्षाकरैगा ॥ ऐसीदुर्बुद्धिकरिकै अनंतप्रकारकेदुर्विचारकूंकरिकै अहं
कारतैं पापकर्मविषे तूं प्रवृत्तहोताभया ॥ और शास्त्रयुक्तमर्यादाकाभी तूं परित्यागकरताभया ॥ यातैं सर्वलोकोंकरिकै तूं शोककर
णेयोग्यहै ॥ ऐसा सर्वलोकोंकूंपीडाकरणेहारा जोदुर्बुद्धितूं है ॥ तिसकेशिक्षाकरणेवासते हमयमकिंकर आइकेप्राप्तभयेहैं ॥ कैसेहम
हैं ॥ तुमारेतैंभीअधिकबलवान्हैं ॥ और तुमनैं जेजेपापकर्मकरे हैं ॥ तिनसंपूर्णोंकूं हमयमकिंकर जाणतेहैं ॥ यमराजाकीसभाविषे
वासरादिकोंनैं सर्वतेरेपापकर्म हमारेप्रति श्रवणकरायेहैं ॥ दिवसविषे तुमनैं जेजेपापकर्मकरेहैं ॥ तेसंपूर्णपापकर्म दिवसनैं तथा
सूर्यभगवान्नैं हमारेप्रति कहेहैं॥ और रात्रिविषेजेजेपापकर्म तुमनैं करेहैं॥तेसंपूर्णपापकर्म रात्रिनैं तथाचंद्रमानैं हमारेप्रति कहेहैं॥
और दोनोंसंध्याविषे जेजेपापकर्म तुमनैं करेहैं ॥ तेसंपूर्णपापकर्म दोनोंसंध्यानैं हमारेप्रति कहेहैं ॥ और सर्वकालविषे जेजेपापक
र्म तुमनैंकरेहैं ॥ तेसंपूर्णपापकर्म आकाश वायु अग्नि जल पृथिवी यापंचभूतोनैं हमारेप्रति कहेहैं॥ और जोतूंऐसाकहै ॥ गुह्यस्था

नविषेकरेजोहमनैंपापकर्म तिनोंकूं सूर्यादिक कैसेजाणे हैं ॥ यहतेराकहनाबनैंनहीं ॥ काहेतें सूर्यादिकसर्वज्ञहैं ॥ और सर्वप्राणि
योंकेसाथ यमराजाकेगुह्यपुरुष सर्वदाविचरेहैं ॥ परमेश्वरकीमायाकरिकैंमोहितहुवे तुमलोक तिनयमकेपुरुषोंकूं जाणतेनहीं ॥ या
प्रकारकेदुर्वचनोंकूंकहिकरिकै दारुणपाशियोंकरिकै तापापीजीवकूंबांधिकरिकै औरचाबकोंकरिकैताडनकरिकै पश्चात् तिसपापी
जीवकूं परलोकविषे यमकिंकर लेजावैं हैं ॥ और जैसे प्रसिद्धद्वारावतीपुरीतैं कृष्णभगवान्केस्वधामविषेगमनहुवे अनंतर तिस
द्वारावतीपुरीकूं समुद्र लयकरताभया॥ तैसे शरीररूपद्वारावतीपुरीकास्वामीजोयहजीवहै ॥ तिसका जबी शरीररूपद्वारावतीपुरी
तें कालरूपसारथिकरिकैयुक्तसूक्ष्मशरीररूपरथकरिकै परलोकविषे गमनभया ॥ तिसतैंअनंतर अग्निरूपसमुद्र याशरीररूपद्वारा
वतीपुरीकूं लयकरेहै ॥ और जैसे पतिकेमृत्युहुवे तैंअनंतर विधवास्त्री शोभातैंरहितहोवै है ॥ तैसे जीवरूपकृष्णभगवान्केनिर्गमनहु
वेतैंअनंतर यहशरीररूपपुरी शोभातैंरहितहोवैहै ॥ और जैसे प्रसिद्धद्वारकापुरीतैं कृष्णभगवान्केनिर्गमनहुएतैंपश्चात् अर्जुनस
हितसर्वबंधुजन दुर्जनआभीरपुरुषोंकरिकैहरणकरेस्त्रीआदिकसर्वपदार्थोंकेरक्षाकरणेकूं समर्थनहींहोतेभये ॥ तैसेशरीररूपपु
रीतें याजीवकेनिर्गमनहुवेअनंतर याकेस्त्रीधनादिकपदार्थोंकेरक्षाकरणेकूं कोईभीबांधव समर्थहोवैनहीं ॥ और पूर्व याशरीररूपपु
रीविषे मूर्द्धद्वारकरिकै परमात्माका जीवरूपतैंप्रवेशभयाथा ॥ तिसीमूर्द्धद्वारतें जबी याजीवकानिर्गमनहोवै है तबी ब्रह्मलोक
कूंहींप्राप्तहोवै है और जबी चक्षुआदिकद्वारोंकरिकै इसजीवकानिर्गमनहोवै है ॥ तबी जोपुण्यवान्जीवहोवै है ॥ सो स्वर्गा
दिकोंकूंप्राप्तहोवै है ॥ और जोपापकर्मवालाजीवहोवै है ॥ सो चक्षुआदिकद्वारोंतैंनिर्गमनहुवाभी नरककूंहीप्राप्तहोवैहै ॥ इस
प्रकार परलोकविषेजीवकेनिर्गमनहुवेतैंअनंतर ताकेसंबंधियोंकीअवस्थाकहे हैं ॥ यापुरुषकेजीवतेहुए जेस्त्रीपुत्रादिकबांधव
यापुरुषतैंविना एकग्रासमात्रभी नहींभोजनकरतेथे ॥ तेईहींस्त्रीपुत्रादिकबांधव यापुरुषकेमृत्युहुवेतैंअनंतर स्वादुअन्नकूं ग
लपर्यंतभोजनकरै हैं और यापुरुषकेजीवतेहुए जेस्त्रीपुत्रादिकबांधव यापुरुषकूं कोमलसिहजाऊपरि शयनकरावतेथे ॥ ते
ईहींस्त्रीपुत्रादिकबांधव मरणतैंअनंतर यापुरुषकूं प्रज्वलितअग्निविषेपावैहैं ॥ और जेस्त्रीपुत्रादिकबांधव जीवतेहुएयापुरु

षकूं कोमलस्पर्शवालेगंधपुष्पोंकरिकै तथाहस्तोंकरिकै स्पर्शकरतेहुएभी भयकूंप्राप्तहोतेथे ॥ तेईहींस्त्रीपुत्रादिकबांधव चितावि षेस्थितयापुरुषकूं तीक्ष्णकाष्ठोंकरिकैस्पर्शकरैहैं ॥ और जीवतेहुएयापुरुषकूं जेस्त्रीपुत्रादिकबांधव अश्वकरिकै तथापालकीकरि कै तथाहस्तीकरिकै तथारथकरिकै लेजातेथे ॥ तेईहींस्त्रीपुत्रादिकबांधव मरणतैंअनंतर तापुरुषकूं काष्ठकेसाथबांधिकरिकै काष्ठ कीन्यांई श्मशानभूमिविषे लेजावेहैं ॥ और जीवताहुवा जोपुरुष मंगलीकवादित्रोंकेसाथ ग्रामतैंबाहरिजाताथा ॥ सोईहींपुरुष मरणतैंअनंतर शोकयुक्तस्त्रियोंकेरोदनकेसाथ जावेहै ॥ और जीवतेहुवेयापुरुषकेअग्रे जेबांधव दधिआदिकमांगलिकवस्तुकूं लेचल तेथे ॥ तेईहींपुत्रादिकबांधव मरणतैंअनंतर यापुरुषकेआगे धूमयुक्तअग्निकूं लेचालेहैं ॥ और जीवताहुवायहपुरुष जिनस्त्रीपुत्रादि कोंकूं क्षणमात्रभीनहींत्यागकरताथा ॥ सोईहींपुरुष मरणकालविषे विरक्तपुरुषकीन्यांई सर्वबांधवोंकूंत्यागिकेजावैहै ॥ और जीवत्का लविषे जिसपुरुषतैंविना स्त्रीपुत्रादिकबांधव क्षणमात्रभी स्थितनहींहोतेथे ॥ मरणतैंअनंतर तेईहींस्त्रीपुत्रादिकबांधव तापुरुषतैंवि ना सुखपूर्वक स्थितहोवैहैं ॥ और जैसे सूर्यकूंदेखिकरिकै कमल विकासमानहोवैहैं ॥ तैसे जीवत्कालविषे जिसपुरुषरूपसूर्यकूंदे खिकरिकै स्त्रीपुत्रादिकबांधवोंकेमुखरूपकमल विकासमानहोतेथे ॥ मरणतैंअनंतर तिसीहींपुरुषकेदर्शनहुए तथास्पर्शहुए तेस्त्रीपु त्रादिकबांधव स्नानकूंकरैहैं ॥ और पूर्वजीवत्कालविषे जापुरुषकेपादोंतैंनिःसरणभयेजलकूं स्त्रीपुत्रादिकबांधव आपणेमस्तकविषे धारणकरतेथे ॥ मरणतैंअनंतर तिसीपुरुषकेस्पर्शतैं तेस्त्रीपुत्रादिकबांधव स्नानकूंकरैहैं ॥ अथवा स्पर्शकूंहींनहींकरैहैं ॥ इसप्रकार प्रत्यक्षदोषोंकरिकैयुक्त संसाररूपशूलविषे प्राप्तभयायहजीव परमेश्वरकीमायाकरिकै मोहितहुवा प्रत्यक्षप्रमाणकरिकैसिद्धसंसार दुःखोंकूंभी जाणतानहीं ॥ याप्रकार मरणतैंअनंतर बांधवोंकीअवस्थाकही ॥ अब परलोकविषे जीवकेअवस्थाकूंकहेहैं ॥ यास्थू लशरीरकूं परित्यागकरिकै अतिदुःखीहुवा यहजीव परलोककूं गमनकरैहै ॥ और क्षुधापिपासाकरिकैपीडितहोवैहै ॥ और यमकिं करोंकरिकै निरादरकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और अनंतकोटियोजनदूर यमकास्थानहै तहां स्वल्पकालकरिकै ॥ याजीवकूं यमकिंकर ले जावैहैं ॥ जैसे पाशकरिकै बांध्याहुवा औरचाबकोंकरिकैताडनाकियाहुवा आजकू बलात्कारतैं राजाकेभृत्य लेजावैहैं ॥ तैसे याजीव

कूंभी यमकिंकर परलोकविषेलेजावैहैं॥ और तायमस्थानविषे पापीजीवोंकूं यमकीशासनातैं अनंतदुःख प्राप्तहोवैहैं॥तिनसमग्रदुःखों
के कथनकरणेकूं तथाश्रवणकरणेकूं कोईभी समर्थनहीं॥तथापि वैराग्यवासते किंचिन्मात्रदुःख शास्त्रविषे कथनकरै हैं॥तायमपुरीके
मार्गविषे मांसआहारी सूकरादिकोंका तथाकाकगृध्रादिकपक्षियोंका महाउपद्रव ताजीवकूंहोवैहै ॥ और तामार्गविषे पापीजीवकूं ना
नाप्रकारकेशस्त्रोंकरिकै राक्षसोंकेसमान चौर हननकरैहैं॥ ताशस्त्रोंकरिकैभी पापकेवशतैं ताजीवका मृत्युहोवैनहीं और तामार्गविषे
सोपापीजीव कहां विष्ठातथापूयकरिकैपूर्णनदियोंका उल्लंघनकरैहै ॥ और तिननदियोंविषे निमज्जनकरैहै ॥ और तानदियोंविषेजेम
गरहैं तिनोंतैं भयकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और यमराजाकेस्थानविषे अग्निकापरिणामरूपनरकहै॥ तथा जल पृथिवी वायु आकाशका परि
णामरूप नरकहै ॥ तथा शस्त्रोंकापरिणामरूप नरकहै ॥ तथा अंधकारकापरिणामरूप नरकहै ॥ इसतैंआदिलेके अनंतप्रकारकेन
रक पापीजीवोंकूं दुःखकीप्राप्तिकरैहैं॥ और खड्गकेधारासमानहैंतीक्ष्णपत्राजिनोंके ऐसेवृक्षोंकेवनरूपनरकतैंआदिलेके महाभया
नकनरकोंविषे सोपापीजीव अनंतकल्पपर्यंत दुःखोंकूंप्राप्तहोवैहै॥ और परलोकविषे पापीजीवोंकूं दुःखकरणेहारेजेनरकहैं॥ते गरुड
पुराणादिकोंविषेप्रसिद्धहैं ॥ यातैं इहांकथनकरैनहीं॥ इसप्रकार सोपापीजीव नरकदुःखोंकूंअनुभवकरिकै कालवशतैं पुनःवृष्टिद्वारा
अन्नभावकूंप्राप्तहोइके मनुष्यलोककूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जोपुण्यवान्जीवहोवैहै ॥ सो स्वर्गविषे महान्सुखकाअनुभवकरिकै तापुण्य
कर्मकेसमाप्तितैंअनंतर पूर्वकहीरीतितैं वृष्टिद्वारा अन्नभावकूंप्राप्तहुवा यालोकविषे प्राप्तहोवैहै ॥ इसप्रकार यालोककूंप्राप्तहोइकरि
कै पूर्वकीन्यांई पुण्यपापकेवशतैं पुनःपिताद्वारा तथामाताद्वारा नानाप्रकारकेजन्मोंकूं सर्वदा यहजीव प्राप्तहोवैहै॥ और पूर्व याजीव
का पिताशरीरतैंजन्म तथामाताशरीरतैंजन्म निरूपणकरिआयेहैं ॥ तिनदोनोंजन्मोंकीअपेक्षाकरिकै पुनःपिताशरीरतैंतीसराजन्म
जीवकूंप्राप्तहोवैहै इसप्रकार पितातैंजन्म ॥ पुनःमातातैंजन्म ॥ पुनःपितातैंजन्म ॥ यहतीनोंजन्म घटीयंत्रकीन्यांई पुण्यपापकेव
शतैं जीवोंकूं प्राप्तहोवैहैं ॥ और जबपर्यंत याजीवकूं आत्मज्ञानकीप्राप्तिनहींहोती ॥ तबपर्यंत मृत्युकूंप्राप्तहोवै है ॥ पुनःजन्मकूं
प्राप्तहोवैहै ॥ पुनःबाल्यअवस्थाकूंप्राप्तहोवै है ॥ पुनःयुवाअवस्थाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ पुनःवृद्धअवस्थाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ पुनःमृत्युकूंप्रा

त्तहोवैहै ॥ इसप्रकार संसारविषे यहजीव भ्रमणकरै है ॥ और जैसे सूर्यादिकोंके रविवार सोमवार आदिकसप्तवारोंकीधारा उच्छे
दतैंरहितहुई वर्तै है ॥ तैसे याजीवके जन्ममरणादिकषट्विकारभी विच्छेदतैंरहितहुए वर्तै हैं ॥ और जैसे जीर्णवस्त्रोंकापरित्यागकरि
कै पुरुष नवीनवस्त्रोंका ग्रहणकरै है ॥ तैसे आत्मज्ञानतैंरहित जीवभी एकशरीरकापरित्यागकरिकै द्वितीयशरीरका ग्रहणकरैहै ॥
और जैसे सूर्यादिरूपतेजकूंप्राप्तहोइकरिकै अंधकार लयकूंप्राप्तहोवै है तैसे जन्मअवस्थाकूंप्राप्तहोइकरिकै मरणअवस्था लयकूं
प्राप्तहोवैहै ॥ और जैसे प्रकाश तथाअंधकार यामनुष्यलोककूं परित्यागकरतानहीं ॥ किंतु दोनोंविषे कबीअंधकारहोवै है कबीप्र
काशहोवैहै ॥ तैसे अविवेकीजीवकूंभी जन्म तथामरण परित्यागकरैनहीं ॥ दोनोंविषे एकबन्यारहै है ॥ यातैं सर्वदुःखोंकाकारण
जोअज्ञानहै ताकेनाशकरणेहारा आनंदरूपआत्माकाज्ञान जबपर्यंत पुरुषोंकूं नहींउत्पन्नभया ॥ तबपर्यंत जन्ममरणादिकअनं
तदुःख जीवोंकूं प्राप्तहोवैहैं ॥ यातैं यहसिद्धभया ॥ आनंदरूपआत्माकाज्ञानही सर्वअनर्थकेनिवृत्तिकाकारणहै ॥ तातैंभिन्न सर्वउ
पाय जन्ममरणकेहेतुहैं ॥ और पूर्व सनकादिकऋषियोंनैंभी हमारेकूं आत्मज्ञानकाही उपदेशकर्याथा ॥ याप्रकार सर्वअधिकारी
जन वैराग्यकीउत्पत्तिवासते देहतैंआदिलेकेसर्वअनात्मवस्तुविषे दोषोंकाविचार करतेभये ॥ तादोषोंकेविचारतैं तिनअधिकारियों
कूं देहादिकोंविषे वैराग्य उत्पन्नहोताभया ॥ और तिनसर्वअधिकारियोंविषे एकवामदेवनामाअधिकारी मृत्युकूंप्राप्तहोताभया ॥
अदृष्टरूपभावीप्रतिबंधकेवशतैं सनकादिकऋषियोंकेउपदेशतैं तिसवामदेवकूं याजन्मविषे आत्मज्ञानभयानहीं ॥ यातैं पुनःपिता
केगर्भद्वारा माताकेगर्भविषे प्रवेशकरताभया ॥ तहां पूर्वसंस्कारकरिकैयुक्त वामदेव नवमासपर्यंत स्थितहोताभया ॥ और नवम
मासविषे नियमकरिकै सर्वजीवोंकूं गर्भविषे बोधउत्पन्नहोवै है ॥ ताबोधतैं सर्वजीव पूर्वपूर्वआपणेजन्मोंकूं स्मरणकरै हैं ॥ और वा
मदेवतौ नवममासविषे आत्मसाक्षात्कारकूं प्राप्तहोताभया ॥ काहेतैं भावीप्रतिबंधकेवशतैं वामदेवकूं पूर्वजन्मविषे आत्मज्ञाननहीं
उत्पन्नभयाथा ॥ नवममासविषे तापापरूपप्रतिबंधकेनिवृत्तहुए पूर्वसनकादिकोंकेउपदेशकी वामदेवकूं स्मृतिहोतीभयी ॥ तिसतैं
मनननिदिध्यासनकरिकैसंपन्नहुवा वामदेव गर्भविषेही आत्मसाक्षात्कारकूं प्राप्तहोताभया ॥ और पूर्व जिनअधिकारियोंकेसाथ

मिलिकरिकै वामदेवनैं सनकादिकऋषियों तैं ब्रह्मविद्याकाश्रवणकऱ्याथा ॥ तथा सर्वविषयोंविषे दोषोंकाविचारकऱ्याथा ॥ तिनस वैआपणेमित्रोंकूं गर्भविषेस्थितहुवा वामदेव याप्रकारकेवचनोंकूं कहताभया ॥ वामदेवउवाच ॥ हेमित्रो! पूर्वजन्मविषे मैंभी तुमारे मध्यमैंथा ॥ परंतुपूर्वजन्मविषे परिच्छिन्नदेहादिकोंविषेआत्मबुद्धिकरिकै परिच्छिन्नभावकूं मैं प्राप्तहोताभया ॥ और अबी हमारेकूं गर्भविषे सनकादिकोंकेउपदेशकेस्मरणतैं आत्माकाज्ञान उत्पन्नभयाहै ॥ यातैं आपणेअद्वितीयस्वरूपतैंभिन्न किंचिन्मात्रभीवस्तु हम देखतानहीं ॥ किंतु सर्वकूं आत्मरूपजाणताहूं ॥ पूर्वदक्षिणादिकअष्टदिशाभी मेरेकरिकेहीपूर्ण हैं ॥ और आकाशभी मेरेकरिकै हीपूर्णहै ॥ और सृष्टिकेआदिकालविषे स्वायंभुवादिकमनुभी मैंही पूर्वहोताभयाहूं ॥ और सूर्यभगवान्‌भी मैंहीहूं ॥ और शक्तिसं पन्नजेइंद्रादिकलोकपालहैं तेभी मेराहीस्वरूपहैं ॥ मेरेतैंभिन्न तिनोंकीसत्तानहीं ॥ और अंडज जरायुज स्वेदज उद्भिज्ज ये चारि प्रकारकेप्राणीभी मेरेतैंभिन्ननहीं ॥ किंतु मेराहीस्वरूपहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ हिरण्यगर्भतैंआदिलेकेस्थावरपर्यंत जेजेपुण्यपापयुक्तजी वहैं ॥ तेसंपूर्ण मेराहीस्वरूपहैं ॥ मेरेतैं कोईभीवस्तुभिन्ननहीं ॥ शंका ॥ जबी सर्ववस्तु तुमारेतैंभिन्ननहीं ॥ तबी जन्म अस्तित्व वृ द्धि परिणाम अपक्षय नाश येषट्विकार आत्माविषेप्राप्तहोवैंगे ॥ समाधान ॥ इंद्रियसहितदेहके धर्मजन्मादिकषट्विकारहैं ॥ सोषट्विकारयुक्तदेह मेरेविषे कल्पितहै ॥ यातैं कल्पितदेहकेधर्म मैंअधिष्ठानकूं स्पर्श करैनहीं ॥ दृष्टांत ॥ शीतकीनिवृत्तिवासते गुंजापुंजविषे वानरोंनैं कल्पनाकऱ्याजोअग्नि ॥ तिसअग्निकेउष्णस्पर्शतैं जैसे गुंजापुंजका दाहहोवैनहीं ॥ तैसे कल्पितदेहादिकों केधर्म जन्मादिकभी मैंअधिष्ठानकूं स्पर्शकरैनहीं ॥ और मैं आनंदरूपआत्मा वागादिकइंद्रियोंके तथातिनोंकेदेवतावोंके जन्मादि कोंकूं जाणताहूं॥ परंतु तिनोंकेजन्मादिकविकार अधिष्ठानरूपमैंआत्माकूं सुख तथादुःख प्राप्तकरैनहीं ॥ काहेतें तेसंपूर्ण मेरेविषे कल्पितहैं॥और जैसे पूर्वअज्ञानअवस्थाविषे शरीरइंद्रियादिकोंकेअध्यासतैं मैंब्राह्मणहूं मैंस्थूलहूं मैंबधिरहूं मैंमूकहूं इसतैंआदि लेके जेशरीरइंद्रियादिकोंकेधर्म मेरेविषे प्रतीतहोतेथे ॥ तेसंपूर्णधर्म और शरीरसहितइंद्रिय तथातिनइंद्रियोंकेदेवता अबीहमारे कूं स्पर्शकरैनहीं ॥ काहेतें अद्वितीयआत्माकेज्ञानकरिकै तिनशरीरादिकोंकाअध्यास निवृत्तहोगयाहै ॥ और हेमित्रो! जैसे लोह

करिकैरचितकाराग्रह पुरुषके बंधनकाहेतुहोवै है ॥ तैसे अज्ञानरूपलोहकरिकैरचित चौरासीलक्षशरीररूपपुरियाभी पूर्व हमारेबंधनकाकारण होतियाभयां ॥ और जैसे लोकविषे महान्शरीरवालाजोश्येनपक्षीहै ॥ सो अतिबलवान्होवै है ॥ यातैं पाशोंकरिकै दुर्ग्रहहै ॥ तथापि दृढपाशतैं ताकूंबांधिकरिकै लोहकेपिंजरविषे निरोधकरैहैं ॥ तैसेअज्ञानरूपलोहकरिकैरचित चौराशीलक्षशरीररूपपुरियांभी बंधनरहितमैंअद्वितीयआत्माकूं देहादिकोंविषेआत्मबुद्धिरूपपाशोंकरिकै निरोधकरतियाभयां ॥ और जैसे पिंजरविषेनिरुद्धहुवाश्येनपक्षी वज्रसमानआपणेतुंडकरिकै पिंजरेकेनीचेदेशकूंभेदनकरिकै बाहरिनिकसिजावै है ॥ तैसे मैंभी ब्रह्मज्ञानरूपतुंडकरिकै चौराशीलक्षशरीररूपपुरियोंकूं तथाकामक्रोधादिककीलोंकरिकैयुक्त देहादिकोंविषेआत्मबुद्धिरूपपाशकूं छेदनकरताभयाहूं ॥ और हेमित्रो! जोपूर्व सनकादिकऋषियोंनैं देहस्त्रीपुत्रादिकोंविषेवैराग्य आत्मज्ञानकाकारण तुमारेकूं कह्याथा ॥ सो हमनैं अबी आत्मज्ञानरूपफलकीउत्पत्तितैं निश्चयकऱ्याहै ॥ और पूर्वजन्मविषे तुमारेसाथमिलिकरिकै हमनैं विषयोंविषे दोषोंकाविचारकऱ्याथा ॥ परंतु भावीअदृष्टरूपप्रतिबंधकेवशतैं हमारेकूं ताजन्मविषे आत्मज्ञान भयानहीं ॥ मरणकेअनंतर ताप्रतिबंधकेअक्षयहुए सनकादिकऋषियोंकीकृपातैं तथाविषयोंविषेवैराग्यतैं हमारेकूं अब आत्मज्ञान उत्पन्नभयाहै ॥ यातैं विषयोंविषेवैराग्य औरगुरुकीकृपा यहदोनों आत्मज्ञानकेमुख्यकारणहैं ॥ और तुमारेकूं जोआत्मज्ञान नहींउत्पन्नभया ॥ सोभी किसीप्रतिबंधकेवशतैं नहींभया ॥ यातैंवैराग्यविषे तथागुरुकेउपदेशविषे आत्मज्ञानकीकारणतानहीं है ऐसी तुमनैं असंभावना कबीनहींकरणी ॥ और हेमित्रो! गुरुकीकृपातैं कैसाहमारेकूंज्ञान उत्पन्नभयाहै ॥ जिसज्ञानकेबलतैं संसारतैंभी मैं भयकूंनहींप्राप्तहोता ॥ और कालतैं तथामृत्युतैंभी मैं भयकूंनहींप्राप्तहोता ॥ काहेतैं द्वितीयवस्तुतैंभयकीप्राप्ति श्रुतिनैं कहीहै ॥ और मैंअद्वितीयहूं ॥ सर्वप्रपंच मेरेविषेकल्पितहै ॥ जैसे रज्जुविषेसर्पकल्पितहै कल्पितप्रपंचतैं द्वैतभाव मेरेविषेहोवैनहीं ॥ यातैं मैंअद्वितीयहूं ॥ और मृत्युतैंरहितहूं ॥ काहेतैं मेरेविषेकल्पितजोमृत्युहै ॥ सो मैंअधिष्ठानकी किंचित्मात्रभीहानिकरैनहीं ॥ और जैसे लोकोंविषे आपणेकूं कोईआप नाशकरैनहीं ॥ तैसेमृत्युकाभीआत्मस्वरूपजोमैंहूं ॥ तिसमेरेकूं मृत्यु नाशकरैनहीं ॥ और जन्म तथामरण तथाबाल्यअवस्था

युवाअवस्था जराअवस्था यहसंपूर्ण देहविषेदेखतेहैं ॥ मैंअद्वितीयआत्माविषे हैंनहीं॥ दृष्टांत ॥ जैसे अन्यपुरुषकेसुखकरिकै तथा दुःखकरिकै अन्यपुरुष सुखी तथादुःखीहोवैनहीं ॥ तैसे देहादिकोंतैंभिन्न जोमैंआनंदरूपआत्माहूं ॥ तिसमेरेकूं देहादिकोंकेधर्म जन्ममरणादिक प्राप्तहोवैनहीं ॥ और इच्छा द्वेष भय मोहक्षुधा तृषा निद्रा विष्ठामूत्रकीबाधा यहपूर्वकहेजेअष्टदोष ॥ ते आनंदस्वरूपमैंआत्माकूं स्पर्शकरैंनहीं ॥ काहेतें इच्छा द्वेष भय मोह यहचारि मनकेधर्महैं ॥ और क्षुधा तृषा प्राणोंकेधर्म हैं ॥ और निद्रा मनका तथाइंद्रियोंका धर्म है ॥ और विष्ठामूत्रकीबाधा शरीरकाधर्म है ॥ और मैंसाक्षीआत्मा मनइंद्रियादिकसर्व दृश्यका प्रकाशकहूं ॥ यातैं प्रकाश्यदृश्यकेधर्म मैंप्रकाशककूं स्पर्शकरैंनहीं ॥ दृष्टांत ॥ जैसे प्रकाश्यघटादिकपदार्थोंकेधर्म प्रकाशकसूर्यकूं स्पर्शकरैंनहीं ॥ अब याहीअर्थकूं स्पष्टकरिकैदिखावैं हैं ॥ मोक्षकी तथास्वर्गकी और यालोकविषेविषयजन्यसुखकी मन इच्छाकरै है ॥ आनंदरूपमैंआत्मा तिनोंकीइच्छाकरतानहीं ॥ और अज्ञानविषे तथानरकविषे मनही द्वेषकरैहै और यालोककेदुःखोंविषे तथादुःखकेसाधनसिंहसर्पादिकोंविषेभी मनही द्वेषकरै है ॥ मैंआनंदरूप सर्वकाआत्मा किसीविषे द्वेषकरतानहीं ॥ किंवा ॥ जो विषयकीकामनावाला तथाभेददृष्टिवाला पुरुषहोवै है ॥ सो कामनाकेप्रतिबंधकअन्यपुरुषविषे द्वेषकरै है ॥ यहवार्त्ता लोकविषेप्रसिद्धहै ॥ और मैंआप्तकामहूं ॥ और अभेददर्शीहूं ॥ यातैं हमारा किसीकेसाथद्वेष संभवैनहीं ॥ और भय तथामोह दोनों मनकेधर्म हैं ॥ मैंअद्वितीयआत्माहूं॥ यातैं भय मेराधर्मनहीं ॥ और बोधस्वरूपमैंहूं ॥ यातैं मोहभीमेराधर्मनहीं ॥ किंवा ॥ यालोकविषे जोपुरुष आपणेतैं शत्रुकूं भिन्नजाणताहै ॥ तथा प्रतिकूलजाणताहै ॥ सोईहींपुरुष मोहकूं तथाभयकूंप्राप्तहोवै है ॥ और मैं आपणेस्वरूपतैंभिन्न किसीमित्रकूं तथाशत्रुकूं तथाउदासीनपुरुषकूं जाणता नहीं ॥ और किसीकूंप्रतिकूलभीनहींजाणता यातैं किसकारणकरिकैमेरेकूं भय तथामोह होवै ॥ तात्पर्ययह ॥ भयतथामोहका कारण जोभेदबुद्धि तथाप्रतिकूलताज्ञान सो मेरेविषेहैनहीं ॥ यातैं कारणकेअभावतैं भयतथामोह मेरेकूंस्पर्शकरैंनहीं ॥ और प्राणकेधर्म जेक्षुधातृषाहैं॥ तेभी प्राणतैंरहितमैंआत्माकेधर्महोवैंनहीं ॥ और कारणविषेलयरूपनिद्राभी जिसकालविषे स्वप्ननहींहोवैहै॥

तिसकालविषे मनकाधर्महै ॥ और वागादिकइंद्रियकातौ स्वप्नदर्शनकालविषे तथाअदर्शनकालविषे नित्यहीधर्महै ॥ यातैं मनत
थाइंद्रियकाधर्म निद्रा मनतथाइंद्रियतैंरहितमैंआत्माकूं प्राप्तहोवैनहीं ॥ और विष्ठामूत्रकीबाधा शरीरकाधर्महै ॥ शरीरतैंरहितमैं आ
त्माकूं साबाधाहोवैनहीं ॥ अधिकारीप्रजाउवाच ॥ हेवामदेव! ॥ हममित्रोंकेतांई अद्वितीय अमृत अजर आत्माहै याप्रकार निषेध
मुखकरिकै आत्माकाउपदेश किसवासतेकरतेहो ॥ जैसे कोईपुरुष शृंगतैंपकडिकरिकै गौकूंदिखावै ॥ तैसे विधिमुखकरिकै आ
त्माकूं काहेतैंनहींदिखावते ॥ वामदेवउवाच ॥ हेमित्रो! तुमारेहितवासते नानाप्रकारकेवचनोंकरिकै जोमैंनैं आत्माकास्वरूप कथन
कन्याहै ॥ सोआत्माकास्वरूप वास्तवतैं गौआदिकोंकीन्यांई इदं याज्ञानकाविषयहैनहीं ॥ और अद्वितीय अमृत अजर इसतैं
आदिलेकैनिषेधवाक्यभी लक्षणावृत्तिकरिकै आत्माकूंबोधनकरैहैं ॥ और हेमित्रो! सोअद्वितीयआत्मा चक्षुआदिकबाह्यइंद्रियोंक
रिकै जान्याजावैनहीं ॥ तथा मन बुद्धि चित्त अहंकार याचतुष्टयअंतःकरणकरिकैभी जान्याजावैनहीं ॥ अधिकारीजनउवाच ॥ हे
भगवन्! इंद्रियोंका यद्यपि आत्माविषयहैनहीं ॥ तथापि वेदांतवाक्यतैंउत्पन्नभयी जाबुद्धिकीवृत्तिहै ॥ तिसका तथाअज्ञानका आ
त्मा विषयहोवैगा ॥ वामदेवउवाच ॥ हेमित्रो! बुद्धिकेवृत्तिका तथाअज्ञानका प्रकाशकरणेहारा साक्षीआत्माहै ॥ यातैं आत्मा तिनों
काविषयहोवैनहीं ॥ उलटा बुद्धिकीवृत्ति तथाअज्ञान आत्माकरिकैभास्यमानहै ॥ यातैं आत्माकाविषयहैं ॥ तातैं हेमित्रो! पूर्व सन
कादिकऋषियोंनैं उपदेशकन्याजो देशकालवस्तुपरिच्छेदतैंरहित सर्वकाप्रकाशक आनंदस्वरूपआत्मा ॥ तिसकूं भलीप्रकारविचा
रकरिकै ॥ तुमसाक्षात्कारकरो ॥ तात्पर्ययह ॥ भावीप्रतिबंधकीशंकाकरिकै तुमोंनैंआत्मविचारतैंनिवृत्तहोणानहीं ॥ काहेतैं पुण्यपा
परूपअदृष्टकानाम भावीप्रतिबंधहै ॥ सो वर्तमानप्रतिबंधकीसहायतातैंविना विचारकाप्रतिबंधकहोवैनहीं ॥ किंतु वर्तमानप्रतिबंधके
सहायताकूंपाइकरिकैही प्रतिबंधकहोवैहै ॥ जब वर्तमानप्रतिबंधकाअभावहोवै ॥ तब अदृष्टरूपभावीप्रतिबंधकाभी अभावनिश्चयकर
णा ॥ यातैं विषयविषेआसक्ति बुद्धिकीमंदता कुतर्क विपर्ययविषेदुराग्रह इनचारिप्रकारकेवर्तमानप्रतिबंधोंकापरित्यागकरिकै तुम
शीघ्रही आत्मविचारविषेप्रवृत्तहोवो ॥ जाकरिकै हमारेन्यांई तुमारेकूं पुनःजन्मकीप्राप्तिनहींहोवै ॥ अधिकारीजनउवाच ॥ हेभग

वन् ! आत्मविचारविषेतौ हम प्रवृत्तहोवैं ॥ परंतु तत्ववेत्तातुमारेकूंभी गर्भदुःखकीप्राप्तिदेखिकरिकै दुःखकीनिवृत्तिरूपजोआ
त्मविचारकाफलहै ताविषे हमारेकूं संशयहोवैहै ॥ जो आत्मविचारकरिकैभी दुःखकीनिवृत्तिहोतीहै अथवानहींहोती य
हसंशय आत्मविचारकेप्रवृत्तिकाप्रतिबंधकहै ॥ वामदेवउवाच ॥ हेमित्रो ! तुमारीदृष्टिकरिकै मैंगर्भविषेस्थितहूं ॥ तथा ग
र्भकेदुःखोंकूंअनुभवकरताहूं ॥ और हमारीदृष्टिकरिकैतौ हम सर्वदेहइंद्रियादिकोंतैंरहित हैं ॥ और हेमित्रो ! पूर्वजन्मविषे हम
नैं तथातुमोंनैं मिलिकरिकै जोगर्भकेदुःखकाविचारकियाथा ॥ तितनाहीदुःख अबीमैं गर्भविषे अनुभवकरताहूं ॥ अथवा ति
सतैंभीअधिकदुःखका अनुभवकरताहूं ॥ परंतु सर्वविषेआत्मबुद्धिरूप पौर्णमासीकेचंद्रमाकीशीतलताकरिकै गर्भदुःखरूप
ग्रीष्मऋतुकासूर्य हमारेकूं संतापकरतानहीं ॥ यातैं हेमित्रो ! आत्मज्ञानकूंहीं तुम संपादनकरो ॥ इसप्रकार आत्मज्ञान
विषेश्रद्धाकरावणेवासते अनंतप्रकारकेवचनोंकूंकहिकरिकै वामदेवमुनि माताकेगर्भतैंनिकसिकरिकै भूमिलोकतैंआदिलेकैब्रह्म
लोकपर्यंत जीवन्मुक्तहोइकै विचरताभया ॥ कैसाहैसोवामदेव ॥ सनकादिकऋषियोंकेसमानहै ॥ और यालोककेसुखतैं
तथापरलोककेसुखतैं जाकीइच्छा निवृत्तभयीहै ॥ और उद्यमतैंरहितहै ॥ औरनिर्मलहैचित्तजाका ऐसाजोवामदेवहै ॥ सो प्रा
रब्धकर्मकीसमाप्तिवासते मनुष्यलोकविषे तथास्वर्गादिकलोकोंविषे प्राप्तभयेजे भोगहैं तिनोंकूं भोगताभया ॥ ताभोगोंकरिकै प्रार
ब्धकर्मकेनाशहुएतैंअनंतर सोवामदेव विदेहमोक्षकूंप्राप्तहोताभया ॥ इसप्रकार गर्भविषेस्थित वामदेवकेवचनोंकूंश्रवणकरिकै ते
सर्वअधिकारीजन आश्चर्यकूंप्राप्तहोतेभये ॥ और आपसविषे परस्परकहतेभये ॥ किबडाआश्चर्य है यहवामदेव हमसर्वअधिकारि
योंकेसमूहतैं किसीपुण्यकेप्रभावतैं निकसताभया ॥ दृष्टांत ॥ जैसे पंकविषेनिमग्नगौवोंकेसमूहतैं कोईएकगौ पुण्यकेप्रभावतैंनिकसि
जावै है ॥ तैसे यहवामदेव हमारेतैंनिकसताभया ॥ और जैसे पाशकरिकैबांधेहुए पक्षियोंकेसमूहतैं कोईएकपक्षी पुण्यकेबलतैं सर्व
पक्षियोंकापरित्यागकरिकै निकसिजावै है ॥ तैसे कामक्रोधादिकरूपपाशकरिकैबांधेहुए हमसर्वजनोंकापरित्यागकरिकै यहवामदे
व अबीजाताभया ॥ और जैसे दुर्भिक्षआदिकउपद्रवकेप्राप्तहुएभी मोहकेवशतैं देशकापरित्याग लोक करैनहीं ॥ तिनलोकोंविषे

कोईएकपुरुष स्नेहतैंरहितहुवा सर्वबांधवोंकापरित्यागकरिकै तिसदेशतैंनिकसिजावै है॥ तैसे यहवामदेव हमसर्वजनोंकापरित्याग करिकै जाताभया ॥ और जैसे मार्गविषेचलेजेअनेकपुरुष॥ तिनोंविषे किसीएकपुरुषकूं पुण्यकेप्रभावतैं भूमिविषेस्थितधनकीप्रा प्तिहोइजावै॥ तैसे हमसर्वअधिकारीजनोंविषे यहवामदेव आत्मसाक्षात्काररूपधनकूं प्राप्तहोताभया॥ और जैसे गुरुकीसेवाविषेप्रवृ त्तभयेजेअनेकशिष्य तिनोंविषेकोईएकशिष्यही महान्विद्याकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तैसे हमसर्वअधिकारियोंविषे यहवामदेवही ब्रह्मविद्या रूपफलकूं प्राप्तहोताभया ॥ यातैं यहवामदेवही पुरुषहैं ॥ और हमसर्व नपुंसककेतुल्यहैं ॥ और जैसे बहुतपुरुष मंत्रकेजपविषेप्र वृत्तहोवैहैं ॥ तिनोंविषे किसीएकपुरुषकूंही सिद्धिप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे विचारविषेप्रवृत्तहुएहमसर्वोंविषे यावामदेवकूंहीं विचारजन्य आत्मज्ञानरूपफल होताभया ॥ और जैसे अनंतव्याधपुरुषोंकरिकै निरोधकऱ्याजोमृगोंकासमूह ॥ तिनोंकेमध्यतैं कोईएकहीमृग निकसिजावैहै ॥ तैसे हमसर्वदुःखीजनोंकेमध्यतैं एकवामदेवही जाताभया ॥ और याबुद्धिमान्वामदेवका कोईअद्भुतपुण्यकर्म है॥ जिसपुण्यकर्मकेप्रभावतैं गर्भविषेस्थितवामदेवकूं आत्मसाक्षात्कार उत्पन्नभयाहै ॥ और हमारेकूं गुरुशास्त्रादिकसाधनोंकरिकैसंपन्न याभूमीलोकविषेभी आत्मज्ञान उत्पन्नभयानहीं ॥ और यहवामदेव गर्भविषेस्थितहुवा हमारेप्रति वचनोंकूंकहताभया ॥ यातैं हम ऐसाजानतेहैं ॥ यावामदेवका हमारेविषे स्नेहनहीं ॥ केवल हमारेऊपरिकृपाहै ॥ जोस्नेहहोता तौ बाहरिनिकसिके आपणेमातापि तादिकोंकूंभी उपदेशकरता ॥ और यहवामदेवतौ जन्मताहुवाही मातापितादिकसर्वबांधवोंकीउपेक्षाकरिकै जडउन्मत्तपुरुषकीन्यां ई अथवापिशाचकीन्यांई संबंधियोंकरिकैअज्ञातदेशविषे जाताभया ॥ यातैं केवल कृपाकरिकै वामदेवनैं हमारेप्रति उपदेशकऱ्या है ॥ स्नेहकरिकैउपदेशकऱ्यानहीं ॥ और गर्भविषेस्थितहोइके जोवामदेवनैं हमारेप्रति उपदेशकऱ्याहै ताके दोप्रयोजनहैं ॥ ए कतौ पूर्वहमोंनैं जोगर्भकेदुःखोंकाविचारकियाथा सोयथार्थहै ॥ और दूसरा आत्मज्ञानकेबलतैं गर्भदुःख संतापकरैनहीं ॥ यहदोप्र योजनहैं ॥ और हमसर्व नपुंसककीन्यांई निरादरकेपात्रहैं ॥ काहेतैं मनुष्यशरीरकूंपाइकेभी हमोंनैं आत्मज्ञानकूं संपादनकऱ्या नहीं ॥ अज्ञानकरिकै व्यर्थहीकाल व्यतीतकऱ्या ॥ और यामनुष्यलोकविषे अनंतप्रकारकेदुःख हमोंनैं भोगे हैं ॥ और स्वर्गादिक

लोकोंविषेभी किंचिन्मात्रसुखकूं हम प्राप्तनहींभये ॥ काहेतें स्वर्गादिकलोकोंविषे तीनप्रकारकेदोष रहैं हैं ॥ एकतौ सातिशयदोष ॥ अर्थयह ॥ जिसके अधिकपुण्यहोवैंहैं ॥ तिसकूं अधिकभोगोंकीप्राप्ति स्वर्गविषेहोवैहै ॥ और जिसके न्यूनपुण्यहोवैंहैं ॥ तिसकूं न्यूनभोगोंकीप्राप्ति होवैहै ॥ आपणेतेंअधिकभोगवालेदेवताकूंदेखिकरिकै न्यूनभोगवालेदेवताकूं ईर्षाहोवैहैं ॥ और दूसरा इंद्रादिकदेवतावोंकीअधीनतारूपदोषहै ॥ तापराधीनतातें सर्वदा जीवकूं भयहोवैहै ॥ और तीसरा नीचेपतनरूपदोषहै ॥ तात्पर्ययह ॥ स्वर्गविषे कर्मीदेवतावोंकूं आपणेपुण्यकर्मका ज्ञानरहैहै ॥ जोइतनाकाल हमनैं स्वर्गविषेरहणाहै ॥ जिसकालविषे नीचेपतनका तिनोंकूं ज्ञानहोवैहै ॥ तिसकालविषे महाशोककूं प्राप्तहोवैहै ॥ यातीनदोषोंकी स्वर्गविषे निवृत्तिहोवैनहीं ॥ यातें स्वर्गभी दुःखरूपहै ॥ और कबी हम पुण्यकेवशतें भूमिलोकतें स्वर्गकूंप्राप्तहोतेभये ॥ पुनः स्वर्गलोकतें पुण्यकेक्षयहुए भूमिलोककूं प्राप्तहोतेभये ॥ पुनःपुण्यकेवशतें ताभूमिलोकतें स्वर्गलोककूंप्राप्तहोतेभये ॥ और कबी पापकेवशतें हम भूमिलोकतें नरककूंप्राप्तहोतेभये ॥ और पुनः तानरकतें भूमिलोककूं प्राप्तहोतेभये ॥ और पुनःपापकेवशतें नरककूंप्राप्तहोतेभये ॥ दृष्टांत ॥ जैसे आकाशविषेस्थितकपोतपक्षी भूमिदेशविषेस्थितकपोतीकूंदेखिकरिकै भूमिदेशकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और भूमिदेशविषेस्थितकपोत आकाशविषेकपोतीकूंदेखिकरिकै आकाशकूंगमनकरैहै ॥ और पूर्वदिशाविषेस्थितकपोत पश्चिमदिशाविषेस्थितकपोतीकूंदेखिकरिकै पश्चिमदिशाकूं गमनकरैहै ॥ इसप्रकार विषयसुखकीतृष्णाकरिकै जैसे कपोतनीचेउपरिभ्रमणकरैहैं ॥ तैसे हमभी विषयसुखकीतृष्णाकरिकै कबी देवताशरीरकूं औरकबीमनुष्यशरीरकूं और कबीस्थावरादिकशरीरोंकूं प्राप्तहोतेभयेहैं ॥ तेकैसेशरीरहैं ॥ केवल दुःखऔरशोकके देणेहारेहैं ॥ इसप्रकार सर्वअधिकारीजन परस्पर विचारकूंकरतेभये ॥ ताविचारकरिकै उत्पन्नभयाहै वैराग्यजिनोंकूं औरसनकादिकोंकेउपदेशविषे उत्पन्नभयीहैश्रद्धाजिनोंकी ऐसेजे सर्वअधिकारीजनहैं ॥ ते पुनः परस्पर आत्मविचारकूंकरतेभये ॥ हेश्रेष्ठब्राह्मणों! पूर्वसनकादिकोंकेउपदेशतें और अबी वामदेवकेउपदेशतें जिसआत्माकेजानणेका हमोंनैं उद्यमकऱ्याहै ॥ सोआत्मा कौनहै ॥ तहां चक्षुआदिकइंद्रियोंकेसमुदायकरिकैसहित प्रत्यक्षजोयहदेह प्रतीतहोवैहै ॥ सोईहीं आत्माहै ॥ अथवा शास्त्र

करिकैजोप्रतीतहोवैहै सत्चित्आनंदस्वरूप सो आत्माहै ॥ तहां देहकूंतौ आत्मतासंभवैनहीं ॥ काहेतें देह उत्पत्तिनाशवान् है ॥
जो उत्पत्तिनाशवान्वस्तुहोवैहै ॥ सो आत्माहोवैनहीं ॥ जैसे घटपटादिकपदार्थ उत्पत्तिनाशवान्हैं यातें आत्मा नहीं ॥ किंवा ॥
जोआत्मा देहस्वरूपहोवै ॥ तौ स्वर्गकीप्राप्तिवासते वेदनैं बोधनकरेजेयज्ञादिककर्म तिनोंकूं कोईभीपुरुष करैगानहीं ॥ काहेतें दे
हकीउत्पत्तिहोवैहै ॥ यातें ताकानाशभी अवश्यअंगीकारकरणाहोवैगा ॥ जोजोवस्तु उत्पत्तिमान्होवैहै॥सोसोवस्तु नाशवान्होवै
है यहनियमहै ॥ और नष्टहुईदेहका स्वर्गनरकविषेगमन संभवैनहीं ॥ यातें वेदनैं बोधनकऱ्याजो पुण्यकर्म तथापापकर्म सोस
र्व व्यर्थहोवैगा ॥ किंवा ॥ देहकूंआत्मामानणेमें शास्त्रउक्तकर्मकीहीं केवल व्यर्थतानहीं ॥ किंतु लौकिककर्मकीभी व्यर्थताहोवैहै ॥
काहेतें बाल्यअवस्थाविषे अध्ययनकरीजाविद्या ॥ ताकाफल युवाअवस्थाविषे तथावृद्धअवस्थाविषेहोवैहै॥ सोनहींहोणाचहिये॥
काहेतें बाल्यअवस्थाकादेह युवाअवस्थाविषे तथावृद्धअवस्थाविषे रहैनहीं ॥ अवयवोंकी वृद्धितें तथाक्षयतें देहकानाश सर्वम
तवाले अंगीकारकरें हैं॥ और जैसे चैत्रपुरुषनें कऱ्याजोकर्म ताकाफल मैत्रपुरुषकूं प्राप्तहोवैनहीं ॥ किंतु चैत्रपुरुषकूंही प्राप्तहोवै
है ॥ काहेतें जो कर्मकाकरताहोवैहै सोइही तिसकर्मकेफलकाभोक्ताहोवैहै ॥ अन्य भोक्ताहोवैनहीं ॥ तैसे बाल्यदेहरूपआत्मानें
कऱ्याजो विद्याअध्ययनरूपकर्म ताकर्मकाफल युवादेहरूपआत्माकूं तथावृद्धदेहरूपआत्माकूं नहींप्राप्तहोणाचहिये ॥ और प्राप्त
होवैहै ॥ यातें देह आत्मानहीं ॥ शंका ॥ जो करताहोवैहै सोईही भोक्ताहोवैहै यहनियम संभवैनहीं ॥ काहेतें लोकविषे करतातेंभि
न्नही फलकाभोक्ता देखाहै ॥ जैसे सेवकोंकरिकैकऱ्याजोयुद्धहै ताकेफलकूं राजा भोगेहै ॥ और शास्त्रविषेभी करतातेंभिन्नही भो
क्तादेखाहै ॥ जैसे पिताकरिकैकऱ्याजो वैश्वानरयज्ञ ताकेफलकूं पुत्र भोगेहै ॥ और पुत्रकरिकैकऱ्याजो गयाश्राद्धहै ताकेफलकूं पि
ता भोगेहै ॥ तैसे बाल्यदेहरूपआत्मानें कऱ्याजो विद्याअध्यनरूपकर्म ताकेफलकूं युवादेहरूपआत्मा ॥ तथावृद्धदेहरूपआत्मा
भोगेहै यहवार्त्ताभी संभवैहै॥ यातें देहकूंआत्मामानणेमें कर्मकीव्यर्थतारूपदोषनहीं ॥ समाधान ॥ सेवकका राजाकेसाथ स्वामि
त्वसंबंधहै ॥ यातें सेवककृतयुद्धकेफलकूं राजा भोगेहै ॥ और पिताका पुत्रकेसाथ पुत्रत्वसंबंधहै ॥ यातें पिताकृत वैश्वानरय

द्धकेफलकूं पुत्र भोगेहै ॥ और पुत्रका पिताकेसाथ पितृत्वसंबंधहै ॥ यातें पुत्रकृत गयाश्राद्धकेफलकूं पिता भोगेहै ॥ इस प्रकार बाल्यदेहका युवादेहकेसाथ तथावृद्धदेहकेसाथ स्वामित्वादिककोई संबंध हैनहीं ॥ यातें देहकूंआत्मामानणेमें कर्मोंकी व्यर्थतारूपदोष वज्रलेपहै ॥ किंवा ॥ जोदेहही आत्माहोवै तौ जो मैं पूर्व बालक था सोइहीमैं अबीवृद्धहूं ॥ यह बालक वृद्धआत्माकेअभेदकूंविषयकरणेहारीप्रत्यभिज्ञा नहींहोणीचाहिये ॥ काहेतें बाल्यदेहका तथावृद्धदेहका भेद प्रत्यक्षप्रमाणक रिकैसिद्धहै ॥ और परस्परभिन्नपदार्थोंका अभेदज्ञान होवैनहीं ॥ दृष्टांत ॥ जैसे पिताऔरपुत्र परस्परभिन्नहैं ॥ यातें तिनोंका अभेदज्ञानहोवैनहीं ॥ यातेंभी देह आत्मानहीं ॥ किंवा ॥ अनुमानप्रमाणतैंभी देहकूं अनात्मताहीसिद्धहो वैहै ॥ यहदेहजोहै सो अनात्माहोणेकूंयोग्यहै ॥ काहेतें जडहोणेतें ॥ जोजोवस्तु जडहोवै है ॥ सो अनात्माहीहोवै है ॥ जैसे घटादिक जडहैं ॥ यातें अनात्माहैं ॥ और जडत्वधर्मकरिकै घटऔरदेहके समानताहुएभी जोदेहकूं आत्मामानोंगे तौ घटभी आत्माहोणाचाहिये ॥ और घट आत्माहोवैनहीं ॥शंका॥ नेत्रादिकइंद्रियोंकीआधारता देहविषेहै घटविषेहैनहीं॥ यातेंदेहवही चेतनहै घटचेतननहीं ॥ समाधान॥ इंद्रियोंकीआधारतारूपहेतुतें देहविषे घटतेंविलक्षणताकहणी संभवैनहीं ॥काहेतें जैसे देहविषे इंद्रियोंकीआधारताहै ॥ तैसे घटविषेभी परंपरासंबंधकरिकै इंद्रियोंकीआधारताहै ॥ तहां विषयतासंबंधकरिकैइंद्रि योंकेआधार जेरूपरसादिकहैं तिनोंकीआधारता घटविषेहै ॥ यापरंपरासंबंधकरिकै इंद्रियोंकीआधारता घटविषेभीहै ॥ साक्षा त्संबंधकीन्यांई परंपरासंबंधभी आधारताकान्यामकहोवैहै॥जैसे पर्यंकविषेसोयेहुएपुरुषमैं गृहविषेसोयाहै ऐसा लोकोंकाव्यवहा र होवै है ॥ यास्थानविषे पुरुषका साक्षात्संबंध पर्यंककेसाथहै ॥ पर्यंकद्वारा ग्रहकेसाथ परंपरासंबंधहै ॥ तापरंपरासंबंधकूंलेके गृहविषेपुरुषकीआधारता प्रतीतहोवै है ॥ तैसे घटविषेभी परंपरासंबंधकरिकै इंद्रियोंकीआधारता संभवैहै ॥ यातें देहकीन्यांई घ टभी चेतनहोणाचाहिये ॥ किंवा॥ इंद्रियोंकीआधारताकरिकै देहकूं चेतनतावीहोवै ॥ जबी इंद्रियोंविषे प्रथम चेतनतासिद्ध होवै ॥ सोइंद्रियोंविषे चेतनतासंभवैनहीं ॥ काहेतें चक्षुतेंआदिलेकेजेइंद्रियहैं ॥ तिनोंविषे एकएकइंद्रिय चेतनहै॥ अथवा सर्वइंद्रि

योंकासमुदाय चेतनहै ॥ तहां प्रथमपक्ष बनैंनहीं ॥ काहेतें जोसर्वइंद्रियोंविषे एकचक्षुइंद्रियकूंही चेतनमानिये ॥ तौ अंधपुरुषकूं चक्षुइंद्रियहैनहीं ॥ यातें ताकूं कोईभीज्ञान नहींहोणाचाहिये ॥ और अंधपुरुषकूंभी शब्दादिकोंकाज्ञानतौ होवैहै ॥ और जो श्रोत्रइंद्रियकूंही चेतनमानिये ॥ तौ बधिरपुरुषकूं श्रोत्रइंद्रियहैनहीं ॥ यातें ताकूं रूपादिकोंकाभीज्ञान नहींहोणाचाहिये ॥ और बधिरपुरुषकूं रूपादिकोंकाज्ञानतौ होवैहै ॥ ऐसे अन्यइंद्रियोंविषेभी जानिलेणा ॥ और जोऐसेकहैं ॥ अंधपुरुषकूं रूपकाज्ञान नहीं होवैहै ॥ सोकहनाभीबनैंनहीं ॥ काहेतें रसादिकोंकाज्ञान अंधपुरुषकूंहोवैहै ॥ तेरसादिक रूपस्वरूपहैं ॥ काहेतें इंद्रियजन्यज्ञानका जोविषयहोवै सो रूपकहियेहै ॥ इंद्रियजन्यज्ञानकेविषय रसादिकभीहैं ॥ यातें रसादिक रूपस्वरूपहैं ॥ यहवार्त्ता पूर्व नामरूपक्रियास्वरूपजगत्है याअर्थकेनिरूपणविषे कहिआयेहैं ॥ यातें रूपकाज्ञान अंधपुरुषकूंभीसंभवैहै ॥ इसप्रकार बधिरपुरुषकूंभी ओष्ठकेचलनेतें शब्दकाज्ञानहोवैहै ॥ तथा पृष्ठदेशविषे हस्तकरिकै अक्षरोंकेलिखणेतेंभी शब्दकाज्ञान बधिरकूंहोवैहै ॥ सो नहोणाचाहिये ॥ यातें एकएकइंद्रियविषे चेतनतासंभवैनहीं ॥ किंवा ॥ सर्वइंद्रियोंविषे एकएकइंद्रिय आत्माहै ॥ यहकहना संभवैनहीं ॥ काहेतें जोसर्वइंद्रियोंविषे एकचक्षुइंद्रियकूं आत्माकहोगे ॥ तौ चक्षुइंद्रियरूपआत्माही प्रधानहोवैगा ॥ अन्यश्रोत्रादिकइंद्रिय गौणहोवैंगे ॥ सोयहमानणा संभवैनहीं॥ काहेतें सर्वइंद्रिय समानहैं॥तिनोंविषे एककूं प्रधानमानणा अन्यकूं गौणमानणा याकेविषे कोईयुक्तिहैनहीं ॥ केवलकथनमात्रहै ॥ यातें एकएकइंद्रियकूं आत्मतानहीं यहसिद्धभया॥ और सर्वइंद्रियोंकासमुदाय आत्माहै यह दूसरा पक्षभी संभवैनहीं ॥ काहेतें जोसर्वइंद्रियोंकासमूह आत्माहोवै ॥ तौ एकचक्षुइंद्रियकेनाशहुएतें सर्वइंद्रियोंकासमूहरूपआत्मा रह्या नहीं ॥ यातें अंधपुरुषकाशरीर आत्मातैंरहितहोणाचाहिये ॥ दृष्टांत ॥ जैसे नैयायिकोंकेमतविषे सहस्रतंतुतेंउत्पन्नभयाजोपटहै सो एकतंतुकेनाशहुएतें नाशहोइजावैहै ॥ तैसे एकचक्षुइंद्रियकेनाशहुएतें आत्मातैंरहित अंधकाशरीर होणाचाहिये और होवैनहीं ॥ यातें इंद्रियोंकासमुदाय आत्मानहीं ॥ शंका ॥ जैसे ग्रामविषे जोप्रधानपुरुषहोवैहै ॥ सो जबी मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तबी प्रधानपुरुषपणा दूसरेजीवंतेपुरुषोंविषे होवैहै ॥ तैसे इहांभी चक्षुइंद्रियकेनाशहुए बाकीरहीजे श्रोत्रादिकइंद्रियहैं तिनोंविषे आत्मतार

हैहै ॥ यातैं इंद्रियही आत्माहैं ॥ समाधान ॥ दृष्टांतविषे जैसे एकप्रधानपुरुषकेनाशहुएभी ताकेनिर्णयरूपव्यवहारका लोप होवै
नहीं ॥ किंतु दूसरेजीवतेप्रधानपुरुष ताकेनिर्णयरूपव्यवहारकूं करै हैं ॥ उलटाकिसीस्थानविषेतौ ऐसादेखताहै ॥ प्रथम प्रधान
पुरुष आपणेग्राममात्रकेनिर्णयकूं करताथा ॥ ताकेमृत्युहुए दूसरेप्रधानपुरुष अन्यग्रामकेनिर्णयकूंभी करै हैं ॥ तैसे इहांभी चक्षु
इंद्रियकेनाशहुए ताकाकार्य जोनीलपीतादिकरूपोंकाज्ञानहै सो अन्यश्रोत्रादिकइंद्रियोंतैंभी होणाचाहिये ॥ और चक्षुइंद्रियका
कार्य श्रोत्रादिकइंद्रियोंतैं होवैनहीं ॥ जोकदाचित्होवै तौ अंधपुरुषकूंभी श्रोत्रादिकइंद्रियतैं नीलपीतादिकरूपकाज्ञान होणाचा
हियै ॥ और होवैनहीं ॥ यातैं तुमारादृष्टांत विषमहै ॥ शंका ॥ हमारादृष्टांत विषमनहीं ॥ काहेतैं किसीस्थानविषे प्रधानपुरुषकेमृत्यु
हुए ताकेनिर्णयरूपव्यवहारका लोपभीदेखाहै ॥ समाधान ॥ यातुमारेकहणेकरिकै यहअर्थसिद्धभया ॥ किसीग्रामविषे प्रधानपुरुष
केमृत्युहुए ताकेव्यवहारकूं अन्यप्रधानपुरुष करै हैं ॥ और किसीप्रधानपुरुषकेमृत्युहुए ताकेव्यवहारकूं अन्यकोईपुरुष करतानहीं
॥ किंतु ताकेव्यवहारका लोपहोइजावै है ॥ तैसे इहांभी सर्वअंधपुरुषोंकूं श्रोत्रादिकइंद्रियोंकरिकै नीलपीतादिकरूपकाज्ञान मतहो
वै ॥ परंतु किसीकिसीअंधपुरुषकूंतौ होणाचाहियै ॥ और किसीभीअंधपुरुषकूं रूपकाज्ञान होवैनहीं ॥ यातैं प्रधानपुरुषकेदृष्टांततैं
इंद्रियोंविषेआत्मता संभवैनहीं ॥ शंका ॥ इंद्रियोंतैंआत्माकूंभिन्नमानणांविषेभी अंधपुरुषकूं नीलपीतादिकरूपकेज्ञानकीप्राप्तिरूप
दोष काहेतैंनहींहोवै ॥ समाधान ॥ इंद्रियोंतैंभिन्नआत्माहै यापक्षविषे अंधपुरुषकूं नीलादिकरूपकेज्ञानकीप्राप्तिरूपदोष होवैनहीं ॥
काहेतैं शब्द स्पर्श रूप रस गंधके ज्ञानोंविषे क्रमतैं श्रोत्र त्वक् चक्षु रसन घ्राण यहपंचइंद्रिय करणहैं ॥ अंधपुरुषविषे चक्षुइंद्रियका
अभावहै ॥ यातैं ताकूं नीलादिकरूपकाज्ञान होवैनहीं ॥ दृष्टांत ॥ जैसे मणिआदिकपदार्थोंकेचाक्षुषज्ञानमैं उपकरण जोदीपकादिक
प्रकाश ॥ ताकेअभावहुवे चक्षुवालापुरुषभी मणिआदिकपदार्थोंकूं देखैनहीं ॥ तैसे चक्षुइंद्रियकेनष्टहुए अंधपुरुष रूपकूंदेखैनहीं ॥
किंवा ॥ जैसे एकदीपककेनाशहुए तिसीस्थानविषे दूसरेदीपककीउत्पत्तिहोवै है ॥ तैसे एकइंद्रियकेनाशहुवे दूसरेइंद्रियकीउत्पत्ति कि
सीआस्तिकपुरुषनैं अंगीकारकरीनहीं ॥ काहेतैं आस्तिकोंकेमतविषे धर्मअधर्मरूपअदृष्टतैंविना किसीकार्यकी उत्पत्तिहोवैनहीं ॥

और जिसचार्वाकनास्तिककेमतविषे देहतैंभिन्न कोईआत्माहैनहीं ॥ तिनोंकेमतविषे एकइंद्रियकेनाशहुए तिसीस्थानविषे द्वितीय इंद्रियकीउत्पत्ति होणीचाहिये ॥ और जोदेहात्मवादीकहै ॥ हमारेमतविषेभी अदृष्टरूपकारणकाअभावहै ॥ यातैं एकइंद्रियकेनष्टहुए तिसीस्थानविषे द्वितीयइंद्रियकीउत्पत्तिहोवैनहीं ॥ सोयहकहना बनैनहीं ॥ काहेतैं पूर्वजन्मविषेसंपादनकरे पुण्यपापरूपअदृष्ट उत्तरउत्तरजन्मविषे कार्यकीउत्पत्तिकरैहैं यहनियमहै ॥ और पूर्वजन्म देहात्मवादियोंकेमतविषे संभवैनहीं ॥ जिसतैं अदृष्टकीउत्पत्तिहोवै ॥ यातैं एकइंद्रियकेनष्टहुए द्वितीयइंद्रियकीउत्पत्ति देहात्मवादीकेमतविषे अवश्यहोणीचाहिये ॥ किंवा ॥ जैसे देहात्मवादीकेमतविषे एकइंद्रियकेनष्टहुए द्वितीयइंद्रियकीउत्पत्तिरूपदोष होवैहै ॥ तैसे इंद्रियआत्मवादीकेमतविषेभी यहदोष प्राप्तहोवैहै॥काहेतैं पूर्वजन्मकेअभावहोणेतैं पुण्यपापरूपअदृष्टकीउत्पत्ति इंद्रियआत्मवादीकूंभी संभवैनहीं॥ यातैं एकचक्षुइंद्रियकेनष्टहुएभी बाकीरहेजेश्रोत्रादिकइंद्रिय तिनोंकरिकै द्वितीयचक्षुइंद्रियकीउत्पत्ति होणीचाहिये ॥ दृष्टांत॥ जैसे ग्रामविषेएकप्रधानपुरुषकेमृत्युहुए तिसकेकार्यविषे दूसरेप्रधानपुरुषकूं महाजनलोक स्थापनकरैहैं ॥ और जैसे एकराजाकेमृत्युहुए तास्थानविषे द्वितीयराजाकूं प्रजा अंगीकारकरैहै ॥ शंका ॥ एकचक्षुइंद्रियकेनष्टहुए ताकेस्थानविषे दूसरेचक्षुकूं श्रोत्रादिकइंद्रिय तबीस्थापनकरैं ॥ जबी सर्वइंद्रियोंकी परस्परएकमतिहोवै ॥ सोएकमति तिनोंकीहैनहीं ॥ यातैं एकचक्षुकेनष्टहुए द्वितीयचक्षुकीउत्पत्ति श्रोत्रादिकइंद्रियोंतैं होवैनहीं ॥ समाधान ॥ जो इंद्रियोंकी परस्पर एकमतिनहींहोवै ॥ तौ किसीइंद्रियकरिकैभी कोईक्रियाहोवैनहीं ॥ दृष्टांत ॥ जैसे ग्रामविषे प्रधानपुरुषोंकी जबी परस्परएकमति नहींहोती ॥ तबी किसीभीकार्यकीसिद्धिहोतीनहीं ॥ यातैं किसीप्रकारकरिकैभी इंद्रियोंविषे चेतनताकीसंभावना होवैनहीं ॥ और रूपरसादिकविषयोंकेसाथ चक्षुरादिकइंद्रियोंका केवल संबंधमात्रहोवैहै इंद्रियोंतैं किसीभीअर्थकाप्रकाश होवैनहीं ॥ यातैं रूपादिकविषयोंकेप्रकाशकरणेहारा इंद्रियोंतैंभिन्नही कोईचेतनहै ॥ इसप्रकार इंद्रियोंकूंअचेतनहोणेतैं देहविषे चेतनकीआधारतासंभवैनहीं ॥ यातैं घरकी तथादेहकी विलक्षणता बनैंनहीं ॥ किंतु दोनोंसमानहैं ॥ शंका ॥ जैसे काथाऔरचूनाकरिकैयुक्त तांबूलविषे रक्तता उत्पन्नहोवैहै ॥ तैसे आकाशा

दिकपंचभूतोंकेसमुदायरूपशरीरविषे चेतनता उत्पन्नहोवैहै॥सोईहीं चेतनता शरीरविषेघटतैंविलक्षणताहै॥ समाधान॥ पंचभूतों केमिलणेतैं शरीरविषे चेतनता उत्पन्नहोवैहै॥यहतुमाराकहणा बनैनहीं ॥ काहेतैं पंचभूततौ घटविषेभी मिलेहुएहैं॥ यातैं घटविषे चेतनता काहेतैंनहींउत्पन्नहोती ॥ किंतु होणीचाहिये॥ शंका ॥ घटविषे पृथिवीआदिकभूततौ हैं परंतु वायु घटविषेहैनहीं यातैं ताकेविषे चेतनता उत्पन्नहोवैनहीं ॥ समाधान ॥ घटविषे वायुकाअभावकहना संभवैनहीं ॥ काहेतैं सर्वत्रआकाशविषे वायुके अवयव परस्परमिलेहुएरहेहैं ॥ याकारणतैंही व्यजनकेचलावणेकरिकै तिनअवयवोंका परस्परविभाग होवैहै॥सोआकाश घटविषेभीहै ॥ यातैं घटविषेभी वायुहै ॥ यातैं शरीरकीन्यांई घटविषेभी चेतनताहोणीचाहिये ॥ किंवा॥वायुकेसंबंधतैं देहविषे चेतनतासंभवैभीनहीं॥ काहेतैं मृतकशरीरविषे तथाघटविषे वायुकेसंयोगहुएभी चेतनता देखतीनहीं॥ यातैं पंचभूतोंकेमिलनेतैं शरीरविषे चेतनता उत्पन्नहोवैहै ॥ यहवचन तेरा मिथ्याहै ॥ किंवा ॥जो इंद्रियोंविषेचेतनताहोवै॥ तौ इंद्रियोंविषे मुख्यआत्मताहोवै ॥ और इंद्रियोंकेआधारशरीरविषे गौणआत्मताहोवै ॥ सो इंद्रियोंविषे चेतनताहैनहीं ॥यातैं इंद्रियोंविषे मुख्यआत्मता और देहविषे गौणआत्मता यहदोनों संभवैनहीं ॥ इहां यहतात्पर्यहै ॥वेदकेविरोधीनास्तिकोंकेअनंतमतहैं॥ तिनोंविषे एकचार्वाकहै ॥ तेचार्वाकभी चारिप्रकारकेहोवैहैं॥ एकतौ देहकूंही आत्मामानेहैं ॥और दूसरे इंद्रियोंकूंही आत्मामानेहैं॥ औरतीसरे हृदयकूंही आत्मा मानेहैं॥ और चौथे प्राणकूंही आत्मामानेहैं ॥ तहां देहात्मवादीका तथाइंद्रियआत्मवादीका पूर्व खंडनकऱ्या ॥ अब हृदयआत्मवादीका औरप्राणआत्मवादीका खंडणकरैहैं ॥ यद्यपि हृदयदेशविषे सर्वदेहधारीजीवोंकूं ज्ञानहोवैहै ॥ तथापि सोहृदयदेश आत्मानहीं ॥ काहेतैं जैसे देह मांसरूपहै ॥ यातैं आत्मानहीं ॥ तैसे हृदयदेशभी मांसरूपहै ॥ यातैं आत्मानहीं ॥ और जैसे बाह्य वायु आत्मानही ॥ तैसे प्राणभी वायुरूपहै ॥ यातैं आत्मानहीं ॥ शंका ॥ जिसकेअदर्शनतैं मृत्युहोवै सो आत्माकहियेहै॥यहआत्माकालक्षण प्राणविषेही संभवेहै॥काहेतैं प्राणकेअदर्शनतैंही मृत्युहोवैहै॥जबपर्यंत शरीरविषे प्राणोंकादर्शनहोवैहै॥ तबपर्यंत शरीरविषे मत्यव्यवहार होवैनही ॥ यातैं प्राणही आत्माहै ॥ समाधान ॥ शरीरविषेप्राणोंकेअदर्शनतैं मृत्युहोवैहै॥ यातुमारेकहणेतैं

प्राणोंकेअप्रत्यक्षतें मृत्युहोवैहै यहअर्थसिद्धहोवैहै ॥ काहेतें चार्वाक एकप्रत्यक्षप्रमाणकूंहीमानेहैं ॥ सोप्राणोंकेअप्रत्यक्षतें मृत्यु होवैनहीं ॥ काहेतें स्थावरवृक्षादिकोंविषे प्राणोंकाप्रत्यक्षज्ञान किसीपुरुषकूं हैनहीं ॥ तौभी वृक्षादिक मृत्युहोवैनहीं॥ और जोऐसाप्रा णात्मवादीकहैहैकि, जंगमजेमनुष्यादिकशरीरहैं तिनोंविषे प्राणोंकेअप्रत्यक्षतें मृत्युहोवैहै ॥ सोयहतुमाराकहनाभी बनैंनहीं ॥ काहे तें जंगममनुष्यादिकशरीरविषेभी मूर्च्छादिकअवस्थामैं प्राणोंकाप्रत्यक्षहोवैनहीं यातें मूर्च्छादिकअवस्थाविषे मृत्युहोणाचाहिये ॥ और मृत्युहोवैनहीं ॥ यातें प्राण आत्मानहीं ॥ शंका ॥ जाकेनिर्गमनतें मृत्युहोवैहै ॥ सो आत्माकहियेहै ॥ यहआत्माकालक्षण प्रा णोंविषेहीसंभवैहै ॥ काहेतें प्राणोंकेनिर्गमनतेंही मृत्युहोवैहै॥और मूर्च्छाअवस्थाविषे प्राणोंकानिर्गमनहोवैनहीं ॥ किंतु शरीरकेभीत रिहीं प्राणोंकेगतिकानिरोधहोवैहै॥ यातें मूर्च्छादिकअवस्थाविषे मृत्युहोवैनहीं ॥ यातें प्राणही आत्माहै॥ समाधान ॥ जाकेनिर्ग मनतेंमृत्युहोवै सोआत्माकहियेहै ऐसाप्राणहै ॥ यहजोतुमाराकहणाहै सो केवलव्यर्थहै ॥ काहेतें जठराग्निकेनिर्गमनतेंभी प्रा णियोंकामृत्यु देख्याहै ॥ यातें जठराग्निभी तुमारेमतविषे आत्माहोणाचाहिये ॥ और जठराग्निकीआत्मता प्राणात्मवादी कूंभी अंगीकारहैनहीं ॥ शंका ॥ अग्निकानिर्गमन मृत्युकाहेतु तबीहोवै ॥ जबी अग्निकेनिर्गमनका किसीकूंप्रत्यक्षहोवै ॥ सोअग्निकानिर्गमनप्रत्यक्षहोवैनहीं ॥ समाधान ॥ जठराग्निकेनिर्गमनका यद्यपि प्रत्यक्षज्ञान होवैनहीं ॥ तथापि जैसे नासिकाछिद्रकेअग्रभागविषे हस्तराखणेतें प्राणवायुकेस्पर्शकेअभावकाज्ञान होवैहै ॥ तिसस्पर्शकेअभावरूपहेतुतें प्राणोंकेनि र्गमनकाअनुमान होवैहै ॥ तैसें जठराग्निके निर्गमनकाभी शीतलस्पर्शरूपहेतुतें अनुमानहोवैहै ॥ शंका ॥ प्राणोंकेनि र्गमनतें तथा जठराग्निकेनिर्गमनतें प्राणियोंकामृत्यु होवैहै ॥ यातें दोनोंही आत्माहैं ॥ समाधान ॥ अग्निऔरप्राण दोनों आत्माहोवैनहीं ॥ काहेतें जोदोनोंकूं आत्मामानोंगे ॥ तौएकशरीरविषे दोआत्मा सिद्धहोवैंगे ॥ सोएकशरीरविषेदो आत्मामानणेविरुद्धहैं ॥ काहेतें जोमैं पूर्व मातापितादिकोंकूंदेखताभया ॥ सोईहींमैं अबी तिनोंकास्मरण करताहूं ॥ या प्रकारका प्रत्यभिज्ञाज्ञान आत्माकेएकताकूंविषयकरणेहारा नहींहोणाचाहिये ॥ काहेतें अन्यकरिकेदेखीवस्तुका अन्यकूंस्मरण

होवैनहीं ॥ यातें अग्निऔरप्राणदोनों आत्मानहीं ॥ किंवा ॥ जाकेनिर्गमनतैंमृत्युहोवै सो आत्माकहियेहै ॥ ऐसाजो आत्माका लक्षणकरैं तौ रुधिरभी आत्माहोणाचाहिये ॥ काहेतैं रुधिरकेनिर्गमनतैंभी प्राणियोंकामृत्यु लोकविषेदेखाहै ॥ और अग्नि प्राण उभयआत्मवादीतेरेकूं रुधिरकीआत्मता अंगीकारहैनहीं ॥ किंवा ॥ रुधिरकूं आत्मामानणा संभवैभीनहीं ॥ काहेतैं रुधिरकेसुकाव णेहारा जोकोईरोगविशेषहै ॥ तिसकरिकैयुक्तहुएप्राणी रुधिरतैंविनाभी किसीस्थानविषे जीवतेदेखेहैं ॥ और शास्त्रविषेभी हिरण्यक शपुआदिकोंकाशरीर तपकरिकै रुधिरतैंरहित केवलअस्थिमात्र रह्याहै ॥ यातें रुधिरकूं आत्मतासंभवैनहीं ॥ किंवा ॥ प्राण अग्नि रुधिर यातीनोंकूं आत्मतासंभवैनहीं ॥ काहेतैं जोजोवस्तु जडहोवैहै ॥ सो अनात्माहोवैहै ॥ जैसे घटादिकहैं ॥ इसप्रकार शरीर तैंबाहरिस्थित जेप्राण अग्नि रुधिर तिनोंविषे जडताप्रत्यक्षसिद्धहै ॥ यातें शरीरकेभीतरिस्थित जेप्राण अग्नि रुधिरहैं तेभी जडहैं ॥ और जडवस्तु आत्माहोवैनहीं ॥ किंतु चेतनही आत्माहोवैहै ॥ यातें प्राण अग्नि रुधिर ये तीनों आत्मानहीं ॥ और मन बुद्धि चित्त अहंकार यहचारिप्रकारकाअंतःकरणभी आत्मानहीं ॥ काहेतैं एकशरीरविषे अनंतआत्मामानणेविषे जोमैं पूर्वपितादिकोंकूं देखताभया सोइहींमैं अबीस्मरणकरताहूं यह प्रत्यभिज्ञाज्ञान नहींहोणाचाहीये ॥ शंका ॥ चारिअंतःकरणकासमुदाय आत्मा मतहोवै ॥ परंतु एकएकअंतःकरण आत्माकाहेतैंनहींहोवै ॥ समाधान ॥ एकएकअंतःकरणकूंभी आत्मतासंभवैनहीं ॥ काहेतैं अंतः करणवृत्तिरूपतैं चक्षुआदिकइंद्रियद्वारा बाहरिनिकसिकरिकै घटादिकविषयावच्छिन्नचेतनकेआश्रितजोआवरणहै ताकी निवृत्तिक रैहै ॥ और तावृत्तिउपहित साक्षीचेतन ताघटका प्रकाशकरै है ॥ यातें साक्षीचेतनकरिकै जोघटादिकोंकाप्रकाशहै ॥ ताविषे अंतः करण उपकरणहै ॥ जो उपकरणहोवैहै सो आत्माहोवैनहीं ॥ जो उपकरणभी आत्माहोताहोवै ॥ तौ दीपादिकप्रकाश तथाचक्षु आदिकइंद्रियभी विषयकेप्रकाशविषेउपकरणहैं ॥ यातें आत्माहोणेचाहिये ॥ काहेतैं प्रकाशतैंविना अंधकारविषेस्थितघटादिकों का चक्षुकरिकैज्ञानहोवैनहीं ॥ तैसे चक्षुआदिकइंद्रियतैंहीनपुरुषकूं रूपादिकविषयकाज्ञान होवैनहीं ॥ यातें अंतःकरणकीन्यांई दीपादिकप्रकार तथाचक्षुआदिकइंद्रिय यहसंपूर्ण विषयप्रकाशविषे उपकरणहैं ॥ और उपकरण आत्माहोवैनहीं ॥ यातें अंतःक

रण आत्मानहीं ॥ शंका ॥ इंद्रियोंकीन्यांई मन बुद्धि चित्त अहंकार ज्ञानविषे उपकरणनहीं ॥ किंतु करताहैं ॥ और करता आत्मा हीहोवैहै ॥ समाधान ॥ मनआदिकोंविषे करतापणा अंगीकारकियेहुएभी तिनोंविषे आत्मतासिद्धहोवैनहीं ॥ काहेतें मन बुद्धि चित्त अहंकार याचारोंकेमध्यमें कोईएक करताहै ॥ अथवा चारोंही करताहैं ॥ तहां एककरताहै यहप्रथमपक्ष बनैंनहीं ॥ काहेतें जडत्वधर्म चारोंविषे समानहै ॥ तिनोंमें एककूं करतामानणा ॥ और दूसरेकूं करतानहींमानणा ॥ याकेविषे कोईयुक्तिहैनहीं ॥ और चारों करताहैं यहदूसरापक्षभी बनैंनहीं ॥ काहेतें एकशरीरविषे अनेककरताआत्मामानणेविषे पूर्वदोषकहिआयेहैं ॥ यातें अंतःकरण आत्मा नहीं ॥ किंवा मन बुद्धि चित्त अहंकार याचारोंकूं जोवादी आत्मामानेहै तिसतें यहपूछनाचाहिये ॥ मन बुद्धि चित्त अहंकार यहचारिशब्द आत्माहैं ॥ अथवा मन बुद्धि चित्त अहंकार याचारिशब्दोंतेंउत्पन्नभईयां जेअर्थविषयक अंतःकरणकीचारिवृत्तियांहैं ते आत्मा हैं ॥ अथवा मन बुद्धि चित्त अहंकार याचारिशब्दोंके जेचारिअर्थ हैं ते आत्माहैं? ॥ तहां प्रथम और द्वितीयपक्षसंभवैनहीं ॥ काहेतें मन बुद्धि चित्तअहंकार येचारिशब्द औरतिनोंतेंउत्पन्नभईहुई जेअंतःकरणकीचारिवृत्तियांहैं येसंपूर्ण अर्थप्रकाशके उपकरणहैं ॥ यातें आत्मानहीं ॥ और मन बुद्धि चित्त अहंकार याचारिशब्दोंके जेचारिअर्थहैं ते आत्माहैं ॥ यहतीसरापक्षभी बनैंनहीं ॥ काहेतें तेचारिअर्थ जडहैं अथवा चेतनहैं? ॥ तहां प्रथमजडपक्ष बनैंनहीं ॥ काहेतें जोजोवस्तु जडहोवैहै सोपरिच्छिन्नहोवैहै ॥ और जोजोवस्तु परिच्छिन्नहोवैहै सो अनित्यहोवैहै ॥ और जोजोवस्तु अनित्यहोवैहै सो अनात्माहोवैहै ॥ जैसे घटादिकपदार्थ हैं ॥ तैसे मन बुद्धि चित्त अहंकार रूपअर्थोंकूं जडमानणेविषे अनात्मताही सिद्धहोवैहै ॥ और अनेकजडोंकूं आत्मामानणेविषे पूर्वकह्या प्रत्यभिज्ञाज्ञानकाविरोधभी प्राप्तहोवैहै ॥ यातें मन बुद्धि चित्त अहंकाररूप अर्थ आत्मा नहीं ॥ शंका ॥ जोजोवस्तु जडहोवैहै सो परिच्छिन्नहोवैहै ॥ यह पूर्वआपनें नियमकह्या सो संभवैनहीं ॥ काहेतें आकाश काल दिशा येतीनों जडतोहैं ॥ परंतु परिच्छिन्नहैंनहीं ॥ किंतु व्यापकहैं ॥ याकारणतेंही आकाशादिक नित्यहैं ॥ समाधान ॥ आकाशादिकोंविषे परिच्छिन्नताकाअभाव संभवैनहीं ॥ काहेतें श्रुतिविषे आकाशादिकोंकीउत्पत्ति कथनकरीहै ॥ जोजो उत्पत्तिमानकार्यहोवैहै ॥ सो आपणेउपादानकारणकेएकदेशविषेरहेहै ॥

यातें आकाशादिकभी आपणेकारणकीअपेक्षाकरिकै परिच्छिन्नहैं॥ शंका ॥ जो आकाश परिच्छिन्नहोवै ॥ तौ शास्त्रविषे आकाशकेदृष्टांतकरिकै आत्माविषे व्यापकतासिद्धकरीहै सो असंगतिहोवैगी ॥ समाधान ॥ व्यापकता दोप्रकारकीहोवैहै ॥ एक निरपेक्षव्यापकता ॥ और दूसरी सापेक्षव्यापकता ॥ तहां निरपेक्षव्यापकतातौ एकआत्माविषेहीहै ॥ और आकाशादिकोंविषे आपणेकार्यजेवायुआदिकहैं तिनोंकीअपेक्षाकरिकै सापेक्षव्यापकताहै ॥ तिसीसापेक्षव्यापकताकूं अंगीकारकरिकैही आत्माविषे आकाशकादृष्टांत दियाहै ॥ और आत्माकीअपेक्षाकरिकैतौ आकाशादिक परिच्छिन्नहीहैं॥ यातें नित्यनहीं॥ और जेनैयायिक आकाशादिकोंकूंविभुमानेहैं ॥ तिनोंकीरीतितैंभी आकाशादिकोंकूं नित्यतासिद्धहोवैनहीं ॥ काहेतें नैयायिकोंनैं आकाशादिकविभुपदार्थोंविषेभी अन्योन्याभावकीप्रतियोगितारूप वस्तुपरिच्छेदका अंगीकारकन्याहै ॥ परिछिन्नवस्तु नित्यहोवैनहीं॥ यातें आकाशादिकअनित्यहैं॥ याकहणेतें यहसिद्धभया॥सर्वअनात्मपदार्थोंविषे वस्तुपरिच्छेद औरदेशपरिच्छेद औरकालपरिच्छेद विद्यमानहै॥ यातें सर्वअनात्मपदार्थ अनित्यहैं ॥ तिनोंविषे आकाशादिकनित्यहैं औरघटादिकअनित्यहैं यहजो लोकोंकूं प्रपंचविषे भेदप्रतीतहोवैहै॥ सो केवल अविवेकतैंप्रतीतहोवैहै ॥ यातें मन बुद्धि चित्त अहंकारकूं जडमानिकरिकै जोतिनोंकूं नित्यमानणा सो अत्यंतविरुद्धहै ॥ और मन बुद्धि चित्त अहंकाररूपअर्थ चेतनहैं॥ यहजोदूसरापक्ष अंगीकारकरैं॥ तौ सत्यआनंदस्वरूपआत्मातैं मन बुद्धि चित्त अहंकार अभिन्नहीसिद्धहोवैंगे ॥ किंवा ॥ सत् चित्त आनंद आत्मा इनचारोंका परस्परभेद विचारकियेतें सिद्धहोवैनहीं ॥ और जोवादी सत् चित् आनंद आत्मा याचारोंका परस्परभेद मानैहै ॥ तातें यहहमपूछतेहैं ॥सत्तैंसत्भिन्नहै चित्तैंचित्भिन्नहै आनंदतैंआनंदभिन्नहै आत्मातैंआत्माभिन्नहै ॥ याप्रकार परस्परभिन्नहैं ॥ अथवा सत्तैंचित्भिन्नहै चित्तैंआनंदभिन्नहै आनंदतैंआत्माभिन्नहै ॥ याप्रकार इनचारोंका परस्परभेदहै ?॥ तहां प्रथमपक्ष संभवैनहीं ॥ काहेतें जैसे लोकविषे घटपटादिकवस्तु आपणेस्वरूपतें आप भिन्नहोवैनहीं ॥ तैसे सत्कासत्तैंभेद चेतनकाचेतनतैंभेद यहकहना संभवैनहीं॥ और सत् चित् आनंद आत्मा इनचारोंका परस्परभेदहै॥ यहदूसरापक्षभी बनैनहीं॥ काहेतें प्रकाशस्वरूपचैतन्य आनंदतैंभिन्ननहीं ॥ जोआनंदतैंचैतन्याभि

न्नहोवै तौ प्रतिकूलहोवैगा ॥ जोप्रतिकूलहोवैहै सो जडहोवैहै ॥ यातैं आनंदतैंचैतन्यभिन्ननहीं ॥ तैसे आनंदभी चैतन्यतैंभिन्न नहीं ॥ काहेतैं जोप्रकाशरूपचैतन्यतैं आनंदभिन्नहोवै तौ दुःखरूपहोवैंगे ॥ इसप्रकार सत्यभी आनंदतैं औरचैतन्यतैं भिन्न नहीं ॥ जोसत्य आनंदतैं औरचैतन्यतैं भिन्नहोवै तौ असतूरूपहोवैंगे ॥ जबी सत्यभी असत्यभया ॥ तबी यहवस्तु सत्यहै यह वस्तु असत्यहै याप्रकारकाभेदव्यवहार लोकविषे नहींहोवैगा ॥ यातैं आनंदतैं तथाचैतन्यतैं सत्य भिन्ननहीं ॥ तैसे आनंद और चैतन्यभी सत्यतैंभिन्ननहीं ॥ काहेतैं जोआनंद औरचैतन्य सत्यतैंभिन्नहोवै ॥ तौ वंध्यापुत्रकेसमान असत्यहीहोवैंगे ॥ इसप्रकार सत् चित् आनंदतैं आत्माभी भिन्ननहीं ॥ काहेतैं जोआत्मा सत्चित्आनंदतैंभिन्नहोवै ॥ तौ असत् जड दुःख स्वरूपहोवैगा ॥ सो संभवैनहीं ॥ काहेतैं सर्वप्राणियोंकूं मैंहूं याप्रतीतिमें आत्माकीसत्यरूपता प्रतीतहोवैहै ॥ और मैंकबीभीअप्रियनहींहूं याप्रतीतिमें आत्माकी आनंदरूपता प्रतीतहोवैहै ॥ और मैंजानताहूं याप्रतीतिमें आत्माकीचैतन्यता प्रतीतहोवैहै ॥ यातैं सत्चित्आनंदतैं आत्मा भिन्ननहीं ॥ किंवा ॥ सर्वप्राणिमात्रकूं अनंतआत्माका अहंरूपकरिके तथाआत्मरूपकरिके ॥ संशयतैंरहितज्ञान दीखताहै ॥ मैंहूं अथवा नहींहूं याप्रकारकासंशय किसीकूं होवैनहीं ॥ किंतु मैंसर्वदाहूं ऐसानिश्चय सर्वप्राणियोंकूंहोवैहै ॥ यातैं सत् चित् आनंद येतीनोंभी आत्मातैंभिन्ननहीं ॥ जोआत्मातैं सत् चित् आनंद भिन्नहोवै ॥ तौ सत्यका सत्यरूपतैंज्ञान औरचित्का चित्रूपतैं ज्ञान और आनंदका आनंदरूपतैंज्ञान किसीकूंभी नहींहोवैगा ॥ काहेतैं आत्मातैंभिन्न नरशृंगविषे सत्यबुद्धि किसीकूं होवैनहीं ॥ और आत्मातैंभिन्न घटादिकोंविषे चैतन्यबुद्धि होवैनहीं ॥ और आत्मातैंभिन्न सिंहसर्पादिकोंविषे आनंदबुद्धि होवै नहीं ॥ यातैं आत्मातैं सत्चित्आनंद भिन्ननहीं ॥ शंका ॥ सत् चित् आनंद आत्मा इनचारोंका यद्यपि परस्परभेदनहीं ॥ तथापि घटपटादिकजडवस्तुवोंकरिके आत्माविषे वस्तुपरिच्छेद काहेतैंनहींहोवै ॥ समाधान ॥ आत्मातैंभिन्न कोईभीवस्तु जगत्काकारणनहीं ॥ काहेतैं आत्मानाम आपणेस्वरूपकाहै ॥ आपणेस्वरूपतैं जोभिन्नहोवैहै ॥ सो नरशृंगकीन्यांई निःस्वरूपहोवैहै ॥ यातैं आत्माही सर्वजगत्काकारणहै ॥ कारणतैं कार्य भिन्नहोइकेप्रतीतहोवैनहीं ॥ दृष्टांत ॥ जैसे मृत्तिकातैं घट भिन्न

होइकेप्रतीतहोवैनहीं ॥ तसे कार्यरूपजगत्भी कारणरूपआत्मातैं भिन्नहोइकेप्रतीतहोवैनहीं ॥ शंका ॥ जडजगत्काकारण
आत्मानहीं ॥ किंतु जगत्आपणाकारण आपही है ॥ समाधान ॥ किसीस्थानविषे कोईभीवस्तु आपणाकारण आपहो
वैनहीं ॥ काहेतैं कार्यकेउत्पत्तितैं पूर्वक्षणविषे जोवस्तुरहै सो कारणहोवै है ॥ और कारणतैंपश्चात् भावी जोवस्तुहोवै सो
कार्यहोवैहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसे मृत्तिका घटकीउत्पत्तितैंपूर्वविद्यमान है ॥ यातैं घटका मृत्तिकाकारणहै ॥ औरघट मृत्तिकातैंप
श्चात्भावीहै ॥ यातैं मृत्तिकाका घट कार्य है ॥ जोजडजगत् आपनाकारणआपहीहोवै ॥ तौ जगत् आपही आपनेतैंपूर्ववृत्ति
औरआपहीआपनेतैंपश्चात्भावी कहणाहोवैगा ॥ सो अत्यंतविरुद्धहै ॥ शंका ॥ अज्ञानके बलतैं जडजगत् आपणाकारण आप
काहेतैंनहींहोवै ? ॥ समाधान ॥ अज्ञानके बलतैंभी जगत् आपनाकारणआप होवैनहीं ॥ काहेतैं अज्ञानके बलतैं रज्जुआदिकोंकूं
कल्पितसर्पादिकोंकीही कारणतादेखीहै ॥ रज्जुकूं रज्जुकेप्रतिकारणता अज्ञानके बलतैंभीसंभवैनहीं ॥ यातैं आत्मातैंभिन्न किसी
जडवस्तुकीसत्तानहीं ॥ याकहणेतैं आत्माविषे वस्तुपरिच्छेदकाअभाव दिखाया ॥ अब देशकालपरिच्छेदकाअभाव आत्माविषे दि
खावैहैं ॥ जैसे गोत्वजाति गौव्यक्तिविषेरहैहै ॥ तैसे आत्मा किसीदेशविषेरहैनहीं ॥ किंतु सर्वदेशविषेरहैहै ॥ और जैसे वर्षादिक
सर्वकालविषेरहैनहीं ॥ किंतु किसीकालविषेरहैहैं ॥ तैसे आत्मा किसीकालविषेनहीं ॥ किंतु सर्वकालविषेविद्यमानहै ॥ काहेतैं दे
शकालादिकजितने लौकिकआधारहैं तिनसर्वोंकी प्रकाशस्वरूपआत्मातैंविना सिद्धिहोवैनहीं ॥ यातैं आत्मा देशकालवस्तुप
रिच्छेदतैंरहितहै ॥ शंका ॥ जबी आत्माकास्वरूप देशकालवस्तुपरिच्छेदतैंरहितहै तौ प्रपंचकाभान काहेतैंहोताहै? ॥ समाधान ॥
देशकालतैंआदिलेके जितनाअनिर्वचनीयजगत्है ॥ सोसंपूर्ण आत्माविषे अज्ञानीपुरुषोंनैं कल्पनाकऱ्याहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसे मध्या
ह्नकेसूर्यविषे घूकादिकपक्षी रात्रिकीकल्पनाकरैहैं ॥ और जैसे सोयेहुएपुरुषोंकूं स्वप्नविषे निद्रादोषकरिके नानाप्रकारकाजगत् प्र
तीतहोवैहै ॥ तैसे आत्माकेअज्ञानकरिके संपूर्णजगत् हमारेकूं प्रतीतहोवैहै ॥ और सत्चित्आनंदस्वरूप आत्माविषे देशकाल
वस्तुपरिच्छेदकाअभावहै ॥ याकारणतैं आत्मा अनंतहै ॥ और सृष्टिकेआदिकालविषे सनकादिकऋषियोंनै इसीआत्माका हमारे

ताईं उपदेशकऱ्याथा॥और अबीवामदेवनैंभी इसीआत्माका हमारेताईं उपदेशकऱ्याहै॥और इसीअद्वितीयआत्माकेजानणेकीइच्छा करिकै हमसर्वअधिकारियोंकासमाज इहांस्थितहै ॥ और इसीअद्वितीयआत्माकेजानणेवासते विचारकेआरंभकालविषे हमोनैं या संघातविषेकौनआत्माहै याप्रकारकाकथन कऱ्याथा॥ सोइहीअद्वितीयआत्मा अबी हमोनैं अंतःकरणादिकोंकेविचारकरिकै निश्चय कऱ्याहै ॥ याकारणतैं हमसंपूर्णअधिकारी कृतकृत्यहैं ॥ और हमोनैं आनंदस्वरूपआत्माकूं अंतःकरणकेविवेकतैं निश्चयकऱ्याहै॥या तैं जितनेहृदयादिकनाम अंतःकरणकेवाचकहैं ॥ तिससंपूर्णनामोंकूं शुद्धआत्माविषे हम समर्पणकरैहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ जितने हृदयादिकनामहैं तेसंपूर्ण अंतःकरणविशिष्टचेतनके तथाअंतःकरणकीवृत्तिविशिष्टचेतनके वाचकहैं ॥ तहां भागत्यागलक्षणाकरिकै अंतःकरणतथावृत्तिरूपजडभागकेत्यागकियेतैं संपूर्णहृदयादिकपद शुद्धआत्माकेबोधकहैं॥शंका॥मनवाणीकेअविषय शुद्धआत्माविषे विशिष्टचेतनकेवाचकहृदयादिकपदोंका प्रयोगकरणा व्यर्थहै ॥ समाधान ॥ शुद्धआत्माविषे हृदयादिकपदोंकाप्रयोगकरणा व्यर्थनहीं ॥ किंतु अर्थवान्है॥ काहेतें जैसे हमअधिकारियोंनैं हृदयादिकपदोंकरिके शुद्धआत्माकानिश्चयकऱ्याहै ॥ तैसे सर्वअधिकारियोंनैं हृदयादिकपदोंकरिकै शुद्धआत्माकानिश्चयकरणा ॥ याप्रकार अधिकारियोंकेबोधकरणेवासते हृदयादिकपदोंका शुद्धआत्माविषे हमोनैं प्रयोगकऱ्याहै॥ तहां उपासनातैं तथापंचकोशोंकेविचारतैं हृदयदेशविषे आत्माका अपरोक्षज्ञानहोवैहै ॥ याकारणतैं आत्माकूं हृदय कहेहैं ॥ और यहआनंदस्वरूपआत्मा संपूर्णविश्वका प्रकाशकरैहै ॥ याकारणतैं याआत्माकूं मन कहेहैं ॥ अथवा सर्व मुमुक्षुवोंनैं मनकरिके आत्मानिश्चयकरताहै ॥ याकारणतैं आत्माकूं मन कहेहैं ॥ और आत्माविषेकल्पितजोसर्वप्रपंच ताकूं यह आत्मा भलीप्रकारजानैहै ॥ याकारणतैं आत्माकूं संज्ञान कहेहैं ॥ और आत्माकेआज्ञाविषे सर्ववागादिकइंद्रिय औरअग्निआदिकसर्वदेवता वर्तैहैं ॥ याकारणतैं आनंदस्वरूपआत्माकूं अज्ञान कहेहैं ॥ और यहआनंदस्वरूपआत्मा जडचेतनरूपप्रपंचकेभेद विचारपूर्वक आपणेस्वरूपकूं तथापरमात्माकूं विशेषकरिकैजाणेहै ॥ याकारणतैं आत्माकूं विज्ञान कहेहैं ॥ और यहआनंदस्वरूप आत्मा सर्वप्रपंचकाप्रकाशकजोआपणास्वरूपहै ताकूं मैंहूं याप्रकारकरिकै सर्वदाजानैहै॥ याकारणतैं आत्माकूं प्रज्ञान कहेहैं ॥

और यहआनंदस्वरूपआत्मा एकवारजान्याजो आपणास्वरूप तथाअन्यकोईअनात्मवस्तु ताका विस्मरणकरैनहीं ॥ याकारण तैं आत्माकूं मेधा कहैहैं ॥ और यहआनंदस्वरूपआत्मा चक्षुआदिकइंद्रियकरिकै सर्ववस्तुकूं देखैहै॥याकारणतैं आत्माकूं दृष्टि कहै हैं ॥ और जैसे स्तंभादिक गृहकेभीतरिप्रवेशकरिकै गृहकूंधारणकरै है ॥ तैसे यहआनंदस्वरूपआत्माभी सर्वशरीरोंविषेप्रवेश करिकै देहइंद्रियादिकोंकूं धारणकरैहै॥ याकारणतैं आत्माकूं धृति कहैहैं ॥ अथवा जैसे काष्ठमृत्तिकाकरिकैरचितसेतु क्षेत्रादिकोंके मर्यादाकूं धारणकरैहै ॥ तैसे यहआनंदस्वरूपआत्माभी वर्णआश्रमकेमर्यादाकूं औरतिनोंकेधर्मकीमर्यादाकूं धारणकरै है ॥ याकार णतैं याआत्माकूं धृति कहैहैं ॥ और जैसे कष्ठादिकोंकापात्रविशेष जोप्रस्थहै सो यवादिकअन्नकेपरिमाणकूं निश्चयकरावै है ॥ और जैसेरज्जुअवच्छिन्नचेतन आपणेविषेकल्पित जेसर्पदंडादिकहैं तिनोंकेपरिणामकूं जनावैहै ॥ तैसे यहआनंदस्वरूपआत्माभी संपू र्णविश्वकेपरिमाणकूं निश्चयकरैहै ॥ याकारणतैं आत्माकूं मति कहैहैं ॥ अथवा सर्वप्राणियोंविषेस्थितहुवा यहआत्मा सर्वप्राणियों के हितकूं तथाअहितकूं भलीप्रकार निश्चयकरैहै ॥ याकारणतैं आत्माकूं मति कहैहैं ॥ और यहआनंदस्वरूपआत्मा यहवस्तु मेरे कूंप्राप्तहोवै यहवस्तु हमारेकूंनहींप्राप्तहोवै याप्रकारकाजोमनहै ताकेरोकणेमैं समर्थ है॥ याकारणतैं आत्माकूं मनीषा कहैहै ॥ और यह आनंदस्वरूपआत्मा देह इंद्रिय अंतःकरण अज्ञानादिकोंकूं प्रकाशकरैहै ॥ याकारणतैं आत्माकूं जूति कहैहैं ॥ अथवा अध्या त्मदुःख अधिदैवदुःख अधिभूतदुःख यातीनप्रकारकेदुःखोंकूं विषयकरणेहारियां जेअंतःकरणकीवृत्तियां हैं तिनोंकूं आत्मा प्रकाश करैहै ॥ याकारणतैं आत्माकूं जूति कहैहैं ॥ अथवा आत्माकेप्रकाशकरिकै संपूर्णजगत् आपणेआपणेकार्यकीसिद्धिकरै है ॥ याका रणतैं आत्माकूं जूति कहैहैं ॥ और जैसे माता आपणेपुत्रोंकूं स्मरणकरै है ॥ तैसे यहआनंदस्वरूपआत्माभी मेरेतैंविना यहसंपू र्णजगत् कैसेसिद्धहोवै याप्रकारका स्मरणकरैहै ॥ याकारणतैं आत्माकूं स्मृति कहैहैं ॥ और यहआनंदस्वरूपआत्मा जाग्रत् स्व प्न सुषुप्ति यातीनअवस्थाकूं सम्यक् कल्पनाकरैहै ॥ याकारणतैं आत्माकूं संकल्प कहैहैं ॥ और याआनंदस्वरूपआत्माकीइच्छा करिकै यहसंपूर्णजगत् उत्पन्नहोवैहै॥ याकारणतैं आत्माकूं क्रतु कहैहैं॥ अथवा आनंदस्वरूपआत्माका प्रपंचकूंविषयकरणेहारा जो

मायाकीवृत्तिरूपज्ञानहै ताज्ञानतैं यहसंपूर्णप्रपंच उत्पन्नभयाहै ॥ याकारणतैं आत्माकूं क्रतु कहैहैं ॥ और यहआनंदस्वरूपआत्मा आपनीसमीपताकरिकै प्राणोंकूं आपणेआपणेव्यापारविषे प्रवर्त्तकरै है ॥ याकारणतैं आत्माकूं असु कहै हैं ॥ और यहआनंदस्वरूप आत्मा सुखप्राप्तिकीइच्छाकूं तथादुःखनिवृत्तिकीइच्छाकूं प्रकाशकरै है ॥ याकारणतैं आत्माकूं काम कहैहैं ॥ और प्रजाकीउत्पत्ति काकारणजो स्वस्त्रीसंगमकीअभिलाषा ताकूं यहआनंदस्वरूपआत्मा प्रकाशकरैहै ॥ याकारणतैं आत्माकूं वश कहै हैं ॥ इसप्रकार हृदयदेशविषेस्थितजोअंतःकरण और ताकीवृत्तियां तिनोंकेहीं संपूर्णहृदयादिकशब्द वाचकहैं ॥ ताअंतःकरणविषे हमअधिकारियोंनैं आनंदस्वरूपआत्मा जान्याहै ॥ याकारणतैं वृत्तिसहितअंतःकरणके जितनेहृदयादिकनामहैं तेसंपूर्णनाम आनंदस्वरूपआत्माके हमोनैं कथनकरेहैं ॥ और अंतःकरणकेहृदयआदिकनाम परमात्माविषे संभवैभीहैं ॥ काहेतैं परमात्मातैंभिन्न कोईपदार्थहैनहीं ॥ औरं वास्तवतैंविचारकरियेतौ जितनेघटपटादिकनामहैं ॥ तेसंपूर्ण परमात्माकाहींबोधनकरैहैं ॥ काहेतैं परमात्मातैंभिन्न कोईवस्तुहैनहीं॥जावस्तकूं घटपटादिकनाम बोधनकरैं ॥ यहवार्ता वार्तिकग्रंथकेकर्ताजोसुरेश्वराचार्य हैं तिनोंनैंभी कहीहै श्लोक॥अतोऽनुभवएवैको विषयोऽज्ञातलक्षणः ॥ अक्षादीनांस्वतःसिद्धो यत्रतेषांप्रमाणता॥१०॥अर्थयह॥स्वप्रकाश औरअज्ञात जो चेतनहै ॥ सोइही प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंकाविषयहै ॥ ताचेतनविषेही प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंकूं प्रमाणताहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ अज्ञातअर्थकाजोबोधकहोवै सो प्रमाणकहियेहै ॥ अज्ञानकाजोआश्रयहोवै औरअज्ञानकाजोविषयहोवै सो अज्ञातकहियेहै ॥ अज्ञानका आश्रय औरविषय चेतनहै ॥ चेतनतैंभिन्न जडवस्तु अज्ञानकाआश्रयविषय होवैनहीं ॥ यातैं आत्माकेबोधनकरिकेही संपूर्णप्रमाणोंविषे प्रमाणतासिद्धहोवै है॥ १०॥ और यहआनंदस्वरूपआत्माही शुद्धब्रह्महै ॥ और जगत्काकारण मायाविशिष्टईश्वरभी यहआनंदस्वरूपआत्माही है॥ और समष्टिसूक्ष्मशरीरकाअभिमानी हिरण्यगर्भभी यहआनंदस्वरूपआत्माही है ॥ और समष्टिस्थूलशरीरकाअभिमानी विराट्भगवान्भी यहआनंदस्वरूपआत्माही है ॥ और विराट्भगवान्केशरीरविषे तथाअस्मदादिक सर्वप्राणियोंकेशरीरविषे भोक्ता औरतीनलोकोंकूंधारणकरणेहारा तथासर्वकूंप्रकाशकरणेहारा जोपरमात्माइंद्रहै सोभी यहआ

नंदस्वरूपआत्माही है ॥ अथवा प्रसिद्धजोदेवतावोंकाराजाइंद्रहै सोभी यहआनंदस्वरूपआत्माही है ॥ और मरीचितैंआदिलैकेजे प्रजापति हैं॥ तेभी आनंदस्वरूपआत्माही हैं॥ और शरीरकेआश्रितजोवाक्आदिकइंद्रिय और अग्नितिनोंकेआदिकदेवतातें संपूर्ण आनंदस्वरूपआत्माही हैं॥ आत्मातैंभिन्न किंचित्मात्रभीनहीं॥ दृष्टांत॥ जैसे स्वप्नविषे भिन्न भिन्नकल्पनाकरे जेप्रमाता तेसंपूर्ण हमही हैं॥ हमारेतैंभिन्न कोईस्वप्नविषेप्रमातानहीं॥ इतनैंकरिकै आत्माविषे सजातीयभेदकाखंडनकऱ्या ॥ अब विजातीयभेदकूं खंडनकरे हैं॥ पृथिवी जल तेज वायु आकाश येपंचभूत मैंआनंदस्वरूपआत्मातैंभिन्ननहीं ॥ और अंडज जरायुज स्वेदज उद्भिज येजेचारिप्रकारकेभूतहैं॥ ते स्थावरजंगमरूपकरिकै तथाकार्यकारणरूपकरिकै दोप्रकारके हैं॥ तेसंपूर्ण आनंदस्वरूपआत्मातैंभिन्ननहीं॥ और जैसे अग्नितैं उष्णता औरप्रकाश भिन्ननहीं॥ तैसे आनंदस्वरूपआत्मातैं स्थूलसूक्ष्मरूपप्रपंच भिन्ननहीं और जैसे जलतैं शीतलता औरद्रवत्व भिन्ननहीं तैसे आनंदस्वरूपआत्मातैं प्रपंचभिन्ननहीं ॥ और जैसे पृथिवीतैं कठिनता औरगंध भिन्ननहीं तैसे आनंदस्वरूपआत्मातैं स्थूलसूक्ष्मप्रपंच भिन्ननहीं॥और जैसेवायुतैं क्रिया तथास्पर्श भिन्ननहीं॥ तैसे आनंदस्वरूपआत्मातैं प्रपंच भिन्ननहीं॥ और जैसे आकाशतैं अवकाश तथाशब्द भिन्ननहीं॥ तैसे आनंदस्वरूपआत्मातैं जगत् भिन्ननहीं और जैसे दोषतैंरहितसूर्यकेप्रकाशविषे अंधकारका यद्यपिअभावहै॥ तथापि उलूकआदिक सूर्यविषे अंधकारकीकल्पनाकरै हैं॥ तैसे जगत्तैंरहित आनंदस्वरूपआत्माविषे अज्ञानीजन जगत्कीकल्पनाकरै हैं॥ और जैसे अमूर्त्तआकाशविषे मेघादिकमूर्तपदार्थ रहै हैं ॥ तैसे आनंदस्वरूपआत्माविषे यहसंपूर्णजडजगत् रहैहै ॥ और जैसे नानाप्रकारकेमेघादिक आकाशमें किसीकालविषेप्रतीतहोवैहैं सर्वथा प्रतीतहोवैंनहीं॥ तैसे आनंदस्वरूपआत्माविषे यहसंपूर्णजगत् कदाचित्प्रतीतहोवैहै सर्वदा प्रतीतहोवैनहीं॥ और जैसे मायावीराक्षसोंकाबालक प्रयोजनतैंविना मायाकरिकैपदार्थोंकूंरचै है ॥ तैसे यहआनंदस्वरूपआत्मा प्रयोजनतैंविनाही जगत्कूंरचैहै॥ और जैसे मदिरापानकरिकैअंधहुवापुरुष आवरणतैंरहितदेशविषेभी भित्तिआदिकआवरणोंकूंदेखे है॥ तैसे यहआनंदस्वरूपआत्मा असत्जगत्कूंदेखे है॥ और जैसे कोईपुरुष आपणेचित्तकेदोषकरिकै दोषतैंरहितआपणे

पिताऔरगुरुआदिकोंविषे दोषोंकूंदेखे है ॥ तैसे यहआनंदस्वरूपआत्मा प्रपंचरूपदोषतैंरहितआपणेस्वरूपविषे प्रपंचकूंदेखे है ॥
और जैसे सोयाहुवापुरुष स्वप्नविषे आपणेएकताकूं नहींजाणेहै ॥ किंतु नानारूपकरिकै आपणेकूंजाणेहै ॥ तैसे यहआनंदस्वरू
पआत्मा जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिरूपतीनस्वप्नोंकूंदेखताहुवा आपणेएकताकूंनहींदेखता ॥ और जैसे नलिकाकेभ्रमणहुए नलिकाऊपरि
आरूढजोशुकहै सो नलिकाकरिकैनहींबांध्याहुवाभी आपकूंबांध्याहुवामानिकरिकै भ्रमणकरै है ॥ तैसे यहजीवात्मा नित्यमुक्तआ
नंदस्वरूपआत्माकेअज्ञाननतें संसाररूपशूलविषे भ्रमणकरै है ॥ और जैसे गंधकेलोभकरिकै भ्रमर कमलकूंत्यागतानहीं ॥ तहां रा
त्रिकेप्राप्तहुए कमल संकोचकूंप्राप्तहोवै है ॥ ताकमलकेभीतरि निरुद्धहुवाभ्रमर अत्यंतदुःखकूंप्राप्तहोवै है ॥ और ऐसाविचारकरै है ॥
जब रात्रिव्यतीतहोवैगी ॥ और प्रातःकालहोवैगा ॥ तब मैंनिकसिजावोंगा ॥ ऐसाविचारकरतेहीं हस्ती ताकमलकूंभक्षणकरिलेवै है ॥
तैसे यहजीवात्मा स्त्रीआदिकविषयोंविषेआसक्तहुवा अनंतप्रकारकेदुःखोंकूंप्राप्तहोवै है ॥ और जैसे कोईधनीपुरुष भ्रांतिसैंआप
णेधनीपणेकूंविस्मरणकरिकै लोकविषेदुःखकाहेतुजोदरिद्रताहै ताकूं प्राप्तहोवै है ॥ तैसे यहआत्मा आनंदकासमुद्रजोआपणास्वरू
पहै ताकूंविस्मरणकरिकै तुच्छविषयसुखकीप्राप्तिवासते अत्यंतदीनदशाकूंप्राप्तहोवै है ॥ और जैसे सर्वगुणोंकरिकैसंपन्नकोईकपुरुष
किसीव्यभिचारिणीस्त्रीकरिकैमोहितहुवा दीनताकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे यहआनंदस्वरूपआत्मा मायाकरिकैमोहितहुआ नानाप्रकार
केदीनताकूंप्राप्तहोवै है ॥ और जैसे त्रिलोकीकानाथजोइंद्रहै सो सर्वदेवतावोंकाअधिपतिहै ॥ यातैं कामदेवताकेवशकरणेकाभी इंद्र
कूंसामर्थ्यहै ॥ तौभी कामिनीकूंवशकरणेमैंसमर्थनहींहोवै है ॥ किंतु कामकरिकै कामनीकेअधीनहोवै है ॥ तैसे मायातैंआदिलेकेसर्व
काअधिष्ठानजोआत्माहै सो मायाकूंवशकरणेमैंसमर्थनहींहोवै है ॥ और जैसे प्रियपुत्रादिकोंनैं कियाजोनिरादर तानिरादरवि
षे पिता दोषकूंनहींदेखे हैं ॥ तैसे यहआनंदस्वरूपआत्मा मायाकेदोषोंकूंनहींदेखे है ॥ और जैसे भारशृंगनामाजोकोईमृगविशेष
है ॥ सो आपणेशृंगोंकेभारकूं प्रसन्नहुवा धारणकरै है ॥ तैसे यहआत्मा आपणेस्वरूपकेअज्ञाननतैं मायाकेभारकूं धारणकरै है ॥ और
जैसे दुर्जनपुरुषकेसंगतैं साधुपुरुष दोषकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे यहआनंदस्वरूपआत्मा मायाकेसंगतैं दोषकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जैसे

दुर्जनपुरुषकीदृष्टिकरिकै निर्दोषपुरुषविषेभी दोषहोवैहै ॥ तैसे अज्ञानीपुरुषकी दृष्टिकरिके आत्माविषे अनंतदोषयुक्तसंसारहै ॥ और जैसे आपणीप्रजाविषेस्थितदुःखकूं राजा आपणेविषेमानैहै ॥ तैसे जडअंतःकरणविषेस्थितदुःखकूं तादात्म्यअध्यासकरिके आत्मा आपणेविषेमानैहै ॥ और जैसे कारणसामग्रीतैंरहित एकस्वप्नपुरुषविषे अकस्मात्तैं संपूर्णजगत् उत्पन्नहोवैहै ॥ तैसे आनंदस्वरूपआत्माविषे अकस्मात्तैं स्थूलसूक्ष्मरूपप्रपंच उत्पन्नहोवै है॥ और जैसे स्वप्नविषे यहपुरुष प्रयोजनतैंविना आपणेकूंआपहीदुःखकीप्राप्तिकरै है ॥ तैसे यहआनंदस्वरूपआत्मा जाग्रत्विषे व्यर्थहीआपणेकूं दुःखकीप्राप्तिकरैहै ॥ और जैसे स्वप्नतैं जाग्रत्भयेपुरुषकूं स्वप्नकेदुःखकानाशहोवैहै ॥ और सोपुरुष ऐसाजाणैहै कि मेरेकूं पूर्वदुःखनहींहोताभया॥ और अबीवर्तमानकालविषेभी मेरेकूंदुःखनहीं है ॥ और आगेभीहमारेकूंदुःखनहींहोवैगा ॥ इसप्रकार तीनकालविषे स्वप्नकेदुःखकाअभाव निश्चय करै है ॥ तैसे जाग्रत् स्वप्न सुषुप्तिरूपसंसारस्वप्नतैं आत्मसाक्षात्काररूपजाग्रत्केप्राप्तहुए याआनंदस्वरूपआत्माकूं सर्वदुःखोंका नाशहोवै है ॥ और तिसज्ञानअवस्थाविषे आत्मा याप्रकारजानैहै ॥ मेरेकूं पूर्वकालविषे दुःखनहींहोताभया ॥ और अबी वर्तमानकालविषेभी मेरेकूं दुःखनहीं और आगेभी हमारेकूं दुःखनहींहोवैगा ॥ इसप्रकार तीनकालविषे आपणेस्वरूपमें विद्वान् दुःखकूंनहींमानता॥ किंतु अंतःकरणादिकोंकेधर्म दुःखादिकजाणैहै ॥ और जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिरूपसंसारस्वप्नतैं ब्रह्मसाक्षात्काररूपजाग्रत् हमसर्वअधिकारियोंकूं प्राप्तभयाहै ॥ याकारणतैं हम महान्पुण्यवान्हैं॥ और पूर्वजोहमोनैं अंतःकरणकेवाचक हृदयआदिक नाम अद्वितीयआत्माविषे कथनकरेथे ॥ तिनसर्वनामोंविषे प्रज्ञानामही अत्यंत शोभायमानहै॥ काहेतैं प्रज्ञा यानामविषे दोशब्द हैं ॥ एकतौप्रशब्दहै॥ और दूसरा ज्ञाशब्दहै ॥ तहांसजातीयभेद विजातीयभेद स्वगतभेद यातीनभेदोंतैंरहितता प्रशब्दकाअर्थ है॥ और ज्ञाशब्दकाप्रकाशअर्थहै ॥ तादोनोंशब्दोंकेअर्थ आनंदस्वरूपआत्माविषेही घटैहैं ॥ आत्मातैंभिन्न अनात्मवस्तुविषे घटैनहीं ॥ इहां यहअभिप्रायहै ॥ समानजातिवालेपदार्थोंका जोपरस्परभेदहै ताकूं सजातीयभेदकहैहैं ॥ जैसे एकब्राह्मणका दूसरेब्राह्मणतैंभेदहै ॥ तहां ब्राह्मणत्वजाति दोनोंविषेसमानहै ॥ यहसजातीयभेदभी आत्माविषेनहीं ॥ काहेतैं आत्माकेसमानजातिवा

ला दूसराकोईआत्माहैनहीं ॥ और विरुद्धजातिवालेपदार्थोंका जोपरस्परभेदहै ताकूं विजातीयभेदकहे हैं ॥ जैसे ब्राह्मणका क्ष
त्रियतैंभेदहै ॥ तहां ब्राह्मणत्वक्षत्रियत्वदोनोंजाति एकअधिकारणमैंरहैंनहीं ॥ यातैं परस्परविरुद्धहैं ॥ यहविजातीयभेदभी आत्मा
विषेरहैनहीं ॥ काहेतैं आत्मातैंभिन्न कोईवस्तुहैनहीं ॥ यद्यपि अनात्माजगत् आत्मातैंविजातीयहै ॥ तथापि कल्पितप्रपंचतैं आ
त्माविषे विजातीयभेदसिद्धहोवैनहीं ॥ समानसत्तावालापदार्थही भेदकासंपादकहोवैहै ॥ और आपणेविषेस्थितजोभेदहै
ताकूं स्वगतभेदकहेहैं ॥ जैसे एकहीशरीरविषे हस्तपादादिकोंकापरस्परभेदहै ॥ यहस्वगतभेदभी आनंदस्वरूपआत्मावि
षेनहीं ॥ काहेतैं स्वगतभेद सावयवपदार्थोंविषेहोवैहै ॥ और आत्मा निरवयवहै ॥ इसप्रकार तीनभेदतैंरहित औरप्रकाश
स्वरूप आत्मा प्रज्ञाननामकरिके पूर्वहमोंनैं कथनकऱ्याहै ॥ प्रज्ञाशब्दका औरप्रज्ञानशब्दका एकहीअर्थहै ॥ सोप्रज्ञानशब्दकाअर्थ
आनंदस्वरूपआत्माही ब्रह्मातैंआदिलैकेस्थावरपर्यंत सर्वकेशरीरोंविषे व्यापकहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसे संपूर्णकाष्ठोंविषे अग्निस्थितहै ॥
और आकाशादिकजेपंचभूतहैं ॥ और तिनोंकेकार्यजेस्थावरजंगमहैं ॥ तिनसंपूर्णोंका प्रज्ञारूपनेत्रहीनिर्वाहकहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसे अ
स्मदादिकपुरुषोंके मांसमयनेत्र निर्वाहकहैं ॥ इहां इतनाभेदहै ॥ मांसमयनेत्रतौ केवल निमित्तकारणहुए निर्वाहकहैं ॥ और यहप्र
ज्ञारूपनेत्रतौ उपादानकारणहुवा प्रपंचकानिर्वाहकहै ॥ काहेतैं संपूर्णजगत्कीआत्मातैंउत्पत्ति और आत्माविषेस्थिति औरआत्मा
विषेहीलय श्रुतिनैं कथनकऱ्याहै ॥ सोउत्पत्तिस्थितिलयकीकारणता उपादानकारणविषेही होवैहै ॥ जैसे घटकी उत्पत्ति स्थितिल
य मृत्तिकाविषे होवैहै ॥ यातैं मृत्तिका घटकाउपादानकारणहै ॥ किंवा ॥ तीनलोकोंकेभीतरी सूर्य चंद्रमा अग्नि आदिकोंकाजोप्र
काशहै ॥ सोभी प्रज्ञारूपनेत्रतैंभिन्ननहीं ॥ किंतु प्रज्ञास्वरूपहै ॥ प्रज्ञास्वरूपचैतन्यतैंविना सूर्यादिकोंकीभी सिद्धिहोवैनहीं ॥ यह
वार्ता संपूर्णप्राणियोंके अनुभवकरिकैसिद्धहै ॥ काहेतैं संपूर्णप्राणिमात्र किसीकालविषे किसीदेशविषे किंचित्किंचित्वस्तुकूं जा
णतेहीहैं ॥ सोसंपूर्ण प्रज्ञारूपनेत्रकरिकैजाणेहैं ॥ प्रज्ञारूपनेत्रतैंविना किसीभीवस्तुकाज्ञानहोवैनहीं ॥ अब चैतन्यरूपप्रज्ञाकी स
र्वत्रव्यापकताजनावणेवासते प्रथम वृक्षादिकस्थावरपदार्थोंविषे प्रज्ञाकासद्भाव दिखावैहैं ॥ जैसे अस्मदादिकपुरुषोंकूं अन्नादिकप

दार्थोंकीप्राप्तिकरिकै सुखकाज्ञानहोवैहै॥ तासुखकेज्ञानतैं शरीरकीवृद्धिहोवैहै॥ और शस्त्रादिकोंकेप्रहारकरिकै दुःखकाज्ञानहोवैहै॥ तादुःखकेज्ञानतैं शरीरकाक्षयहोवैहै ॥ तैसे वृक्षादिकोंकीभी जलसिंचनकरिकै वृद्धिदीखतीहै ॥ और मूलादिकोंकेछेदनतैं तथा अत्यंतउष्णतातैं तथाअत्यंतशीततैं वृक्षादिकोंका क्षयदीखताहै ॥ सोवृद्धि तथाक्षय सुखदुःखकेज्ञानतैंविना होवैनहीं ॥ यातैं वृद्धिरूपहेतुतैं वृक्षादिकोंकेसुखज्ञानका अनुमानहोवैहै ॥ और क्षयरूपहेतुतैं तिन्होंके दुःखज्ञानका अनुमानहोवैहै॥इसप्रकार स्थावरोंविषे चैतन्यरूपप्रज्ञा अनुगतहै॥ और ग्रामके तथावनके जेपशुहैं॥ तिनोंकी हरिततृणयुक्तहस्तादिकोंकूंदेखिकरिकै प्रवृत्तिहोवैहै ॥ और दंडादिकयुक्तहस्तकूंदेखिकरिकै निवृत्तिहोवैहै ॥ साप्रवृत्ति सुखसाधनताज्ञानतैंविना होवै नहीं ॥ किंतु यहवस्तु मेरेसुखकासाधनहै याप्रकारकेज्ञानतैं प्रवृत्तिहोवैहै ॥ और सानिवृत्ति दुःखसाधनताज्ञानतैंविना होवैनहीं॥ किंतु यहवस्तु हमारेदुःखका साधनहै याप्रकारकेज्ञानतैं निवृत्तिहोवैहै ॥ यहरीति अस्मदादिकपुरुषोंके प्रवृत्तिऔरनिवृत्तिविषे प्रसिद्धहै॥ यातैं प्रवृत्तिरूपहेतुतैं पशुआदिकोंविषे सुखसाधनताज्ञानका अनुमानहोवैहै॥ और निवृत्तिरूपहेतुतैं तिन्होंविषे दुःखसाधनताज्ञानका अनुमानहोवैहै ॥ इसप्रकार पिपीलिकातैंआदिलैकेमनुष्यपर्यंत जितनेजंगमप्राणीहैं ॥ तिनसंपूर्णोंका अनुकूलवस्तुविषेप्रवृत्ति औरप्रतिकूलवस्तुतैंनिवृत्तिरूपव्यवहार समानहै ॥ यातैं संपूर्णजंगम सुखदुःखकेज्ञानवालेहैं ॥ और वशिष्ठादिकमुनियोंके तथाब्रह्माआदिकदेवतावोंके सुखदुःखकाज्ञान शास्त्रप्रमाणतैं जान्याजावै ॥ अथवा चेतनतारूपहेतुतैं वशिष्ठादिकोंके सुखदुःखकेज्ञानका अनुमानहोवैहै ॥ जोजोचेतनहोवैहै सो सुखदुःखकेज्ञानवालाहोवैहै ॥ जैसे अस्मदादिकपुरुषहैं ॥ साचेतनता वशिष्ठादिकमुनियोंविषे तथादेवतावोंविषेभीहै ॥ यातैंतेभी सुखदुःखकेज्ञानवालेहैं ॥ इसप्रकार सर्वप्राणिमात्रविषे जोसुखदुःखका अनुभवहै ॥ सोअनुभवही प्रज्ञाशब्दकरिकैकथनकर्याहै ॥ और सुखविषे तथादुःखविषे कोईभीक्रिया नहींहै ॥ किंतु जबपर्यंत सुखदुःखरूपफलकीउत्पत्तिनहींभई ॥ तबपर्यंतही संपूर्णकारक क्रियाकूंकरैहैं॥ सुखदुःखरूपफलकीउत्पत्तितैंअनंतर क्रियाकूंकरैहैंनहीं॥ दृष्टांत ॥ जैसे जबपर्यंत तृप्तिरूपफलकीउत्पत्तिनहींभई तबपर्यंत करताआदिककारकोंनैं भोजनरूपक्रियाकरीतीहै ॥ तृप्तिरूपफलकेउत्पन्नहुए विद्यमान

कारकोंनैंभी भोजनरूपक्रिया करीतीनहीं ॥ और सुखदुःखरूपफलकेभोक्ताजेहमहैं तिनोंकूं प्रज्ञानरूपनेत्रतेंविना सुखदुःख उत्पन्नहोवैंनहीं ॥ और प्रज्ञारूपनेत्रतेंविना सुखदुःखकीस्थितिभी संभवैनहीं ॥ काहेतें जोप्रज्ञारूपनेत्रतें सुखदुःख भिन्नहोवैं तौ शशश्रृंगकीन्यांई असत्होवैंगे ॥ यातें प्रज्ञास्वरूपनेत्रतें सुखदुःखभिन्ननहीं किंतुअभिन्नही हैं ॥ और जैसे अस्मदादिकोंकेसुखदुःख प्रज्ञास्वरूपहैं ॥ तैसे सर्वदेहधारीजीवोंकेसुखदुःख प्रज्ञास्वरूपहैं ॥ प्रज्ञातेंअतिरिक्तनहीं ॥ और जैसे सर्वदेहधारीजीवोंकेसुखदुःख प्रज्ञास्वरूपहैं ॥ प्रज्ञातेंभिन्नकियेहुए शशश्रृंगकीन्यांई असत्होवैहैं ॥ तैसे जितना कार्यकारणरूपप्रपंचहै सोसंपूर्ण प्रज्ञास्वरूपहै ॥ काहेतें ताप्रज्ञारूपनेत्रकेविद्यमानहुएही प्रपंचकास्फुरणहोवैहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसे रज्जुकेविद्यमानहुए सर्प प्रतीतहोवैहै ॥ रज्जुतेंभिन्नकियाहुआसर्प शशश्रृंगकीन्यांई असत्होवैहै ॥ तैसे प्रज्ञातें भिन्नकियाहुवा सुखदुःखादिकप्रपंच असत्होवैहै ॥ शंका ॥ सर्वअर्थोंकोबुद्धिप्रकाशकहै ॥ यातें बुद्धिहीप्रज्ञाहै ॥ समाधान ॥ जैसे सुखदुःखादिकप्रपंच जडहै ॥ यातें अपनीसिद्धिविषे प्रज्ञारूपप्रकाशकीअपेक्षाकरै ॥ तैसे बुद्धिभीजडहै ॥ यातें आपणीसिद्धिमें चैतन्यरूपप्रज्ञाकीअपेक्षाकरैहै ॥ और पंचभूतोंकेसत्त्वगुणकाकार्यरूपबुद्धिविषे चेतनकेप्रतिबिंबग्रहणकरणेकीयोग्यताहै ॥ यातें बुद्धिविषे प्रज्ञाशब्द गौणहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसे सूर्यकेप्रकाशविषे प्रकाशशब्द गौणहै ॥ और सर्वप्रकाशोंका प्रकाशक भेदतैंरहित आनंदस्वरूपआत्माविषेही प्रज्ञाशब्द मुख्यहै ॥ और मायासहित भूतभौतिकसकलप्रपंचका स्वप्रकाशचेतनकरिकैही प्रकाशहोवैहै ॥ याकारणतैंही श्रुतिनैं सर्वप्रपंचकानिर्वाहक प्रज्ञानेत्र कह्याहै ॥ और साप्रज्ञाही सर्वप्रपंचकेस्थितिकाआधारहै ॥ काहेतें प्रज्ञा प्रपंचकाउपादानकारणहै ॥ उपादानकारणविषेही कार्यकीस्थिति लोकविषेदेखीहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसे मृत्तिकारूपउपादानकारणविषेही घटकीस्थितिहोवैहै॥ और यहसंपूर्णजगत् आपणीउत्पत्तितैंपूर्व तथानाशतैंअनंतर अस्पष्टनामरूपकरिकै प्रज्ञाविषे रहैहै ॥ और मध्यकालविषे स्पष्टनामरूपकरिकै प्रज्ञाविषेरहैहै॥ यातें संपूर्णजगत् प्रज्ञारूपउपादानकारणविषे रहैहै ॥ इहांयहअभिप्रायहै ॥ उपादानकारण तीनप्रकारकाहोवैहै ॥ एकतौ परिणामीउपादानकारण ॥ और दूसरा आ

रंभकउपादानकारण ॥ और तीसरा विवर्तउपादानकारण ॥ तहां चैतन्यरूपप्रज्ञाकूं प्रपंचकेप्रति परिणामीउपादानकारणतातौ संभवैनहीं ॥ काहेतें प्रज्ञा निरवयवहै ॥ सावयवदुग्धादिकही दधिआदिकपरिणामकूं प्राप्तहोवैं हैं ॥ किंवा ॥ परिणामीउपादानकारण कार्यकेसमानसत्तावालाहोवैहै ॥ जैसे दुग्धविषे औरदधिविषे व्यावहारिकसत्ता अथवा प्रातिभासिकसत्ता समानहै ॥ तैसे चैतन्यरूपप्रज्ञाकी औरप्रपंचकी समानसत्तानहीं ॥ किंतु विषमसत्ताहै ॥ चैतन्यविषेतौ पारमार्थिकसत्ताहै ॥ और प्रपंचविषे व्यवहारिकसत्ताहै ॥ अथवा प्रातिभासिकसत्ताहै ॥ यातें प्रपंचका परिणामीउपादानकारण प्रज्ञानहीं ॥ और चैतन्यरूपप्रज्ञा प्रपंचका आरंभकउपादानकारणभीनहीं ॥ काहेतें आरंभ बहुतपदार्थोंतेंहोवै है ॥ एकतें आरंभहोवैनहीं ॥ जैसे नैयायिकोंकेमतविषे अनंतपरमाणुमिलिकरिकै जगत्काआरंभकरैहै ॥ और प्रज्ञाएकहै ॥ यातें जगत्का आरंभकउपादानकारण होवैनहीं ॥ किंतु प्रपंचका विवर्तउपादानकारण प्रज्ञाहै ॥ आपणेवास्तवस्वरूपकूंनत्यागिके जोअन्यथाप्रतीतहोवै ॥ सो विवर्तउपादान कहियेहै ॥ याअर्थकूं दृष्टांतकरिकैस्पष्टकरै हैं ॥ जैसे विशुद्धआकाशविषे गंधर्वनगर औरनीलता प्रतीतहोवैहै ॥ और जैसे बालककूं आपणेमनविषे दुःखकेदेणेहारेराक्षसादिक प्रतीतहोवै हैं ॥ तैसे चैतन्यरूपप्रज्ञाविषे संपूर्णजगत् प्रतीतहोवैहै ॥ याकारणतेंही वेदांतशास्त्रकेजानणेहारेमहात्मा प्रज्ञाकूं ब्रह्मरूपकहैहैं ॥ काहे तें 'प्रज्ञानमानंदंब्रह्म' यामहावाक्यविषे प्रज्ञानकूं ब्रह्मस्वरूपकह्याहै ॥ प्रज्ञान औरप्रज्ञाशब्दका एकहीअर्थ है ॥ प्रज्ञातेंपृथक् स्थूलसूक्ष्मरूपप्रपंचहैनहीं ॥ यातें प्रज्ञाकूं ब्रह्मस्वरूपता संभवैहै ॥ और जैसे शंकुकरिकै संपूर्णपत्र व्याप्तहोवै हैं ॥ तैसे चैतन्यस्वरूपप्रज्ञाकरिकै देशकालतेंआदिलेके संपूर्णभावअभावरूपप्रपंच व्याप्तहै ॥ और जैसे एकहीआकाश पाताल भूमि स्वर्ग यातीनलोकोंकूं तथातीनलोकतेंबाह्यदेशकूं व्याप्यकरिकै स्थितहोवैहै ॥ तैसे चैतन्यरूपप्रज्ञा सर्वजगत्कूं व्याप्यकरिकैस्थितहोवै है ॥ और जैसे आकाशविषे कल्पित जोगंधर्वनगर तथामेघ औरनीलिमा आदिक तेसंपूर्ण आकाशस्वरूपहैं आकाशतेंपृथक्नहीं ॥ तैसे चैतन्यस्वरूपप्रज्ञाविषे कल्पित जोजडचेतनरूपप्रपंच ॥ सो प्रज्ञास्वरूपहीहै ॥ प्रज्ञातेंपृथक्नहीं ॥ इसप्रकारविचारकरिकै संपूर्णअधिकारीजन विवेकवैराग्यआदिकसाधनोंकरिकेसंपन्नहुए जीवब्रह्मकेअभेद

कूं निश्चयकरतेभये ॥ तानिश्चयकरिकै शरीरआदिकोंविषे अहंअभिमानका परित्यागकरतेभये ॥ और गृहपुत्रादिकोंविषे ममअभिमानका परित्यागकरतेभये ॥ प्रारब्धकर्मकी भोगतेंविना निवृत्तिहोवैनहीं ॥ यातें प्रारब्धकर्मकीसमाप्तिवासते इच्छा अनिच्छा परइच्छा पूर्वक भोगोंकूंभोगतेभये ॥ तात्पर्ययह ॥ जीवन्मुक्तहुए सर्वअधिकारीजन विचरतेभये ॥ और जैसे वामदेवमुनि प्रारब्धकर्मकीभोगतेंसमाप्तिकरिकै विदेहमोक्षकूंप्राप्तहोताभया ॥ तैसे संपूर्णअधिकारीजन भोगतेंप्रारब्धकर्मकीसमाप्तिकरिकै आनंदस्वरूपआत्मा हम हैं याप्रकार अद्वितीयआत्माकाअनुभवकरतेहुए सुखस्वरूपब्रह्मविषे अभेदरूप विदेहमोक्षकूं प्राप्तहोतेभये ॥ श्रीगुरुरुवाच ॥ हेशिष्य! सनकादिकऋषियोंका औरवामदेवआदिकअधिकारीप्रजाका जोपरस्परसंवादरूप इतिहासहै ॥ सो इतराकेपुत्रऋषिनें आपनेशिष्योंकेतांईं वेदकेवचनोंकरिकै कथनकन्याहै याकारणतें याउपनिषदूका ऐतरेयनामहै ॥ और याइतिहासकहणेका यहप्रयोजनहैकि अध्यायकेआरंभविषे पूर्वयहकह्याथा ॥ अद्वितीयआत्माकाजोज्ञानहै सोइही मोक्षकामार्गहै ॥ और आत्मज्ञानही पुरुषनैं संपादनकरणेयोग्यहै ॥ और सत्यब्रह्मकीप्राप्तिकरणेहारा आत्मज्ञानहै ॥ यातें आत्मज्ञान सत्यस्वरूपहै ॥ और ब्रह्मस्वरूपहै ॥ ऐसेआत्मज्ञानतें पुरुषोंनैं प्रमादनहींकरणा ॥ किंतु ताकूं अवश्यसंपादनकरणा ॥ और आत्मज्ञानकीउपेक्षाकरिकै मोक्षकीप्राप्तिवासते अन्यसाधन मुमुक्षुनें नहींसंपादनकरणे ॥ और जेजेपुरुष याआत्मज्ञानकी उपेक्षाकरतेभयेहैं तेसंपूर्णदुर्बुद्धिपुरुष पराभवकूंप्राप्तहोतेभये हैं ॥ शिष्यउवाच ॥ हेभगवन्! जैसे लोकविषे एकमल्लका दूसरेमल्लकरिकै पराभवहोवै है ॥ तैसे इहां आत्मज्ञानरहितपुरुषोंका किसकरिकै पराभवहोवै है?॥ श्रीगुरुरुवाच ॥ हे शिष्य! द्वैतकेज्ञानतें श्रुतिनैं भयकीप्राप्तिकहीहै ॥ यातें अंतर्यामीईश्वरही यमराजकीन्यांईं आत्मज्ञानरहितपुरुषोंका पराभवकरणेहाराहै ॥ और मायाकाकार्यजो अहंममअभिमानरूपसंसारहै ॥ सो यमकिंकरकीन्यांईं आत्मज्ञानरहितजीवोंका पराभवकरणेहाराहै ॥ यातें आत्मज्ञानकूंही मुमुक्षुनें अवश्यसंपादनकरणा ॥ याअर्थविषे पुरुषोंकेश्रद्धाकीउत्पत्तिवासते ऐतरेयमुनि याइतिहासकूं कथनकरतेभये ॥ तात्पर्य यहकि ॥ वामदेवतेंआदिलेके जितने पूर्वअधिकारीभयेहैं तेसंपूर्ण आत्मज्ञानकरिकैही मोक्षकूं प्राप्तहोतेभये हैं ॥ याका

रणतैं इसकालकेमुमुक्षुवोंनैंभी मोक्षकीप्राप्तिवासते आत्मज्ञानकूंही अवश्यसंपादनकरणा ॥ यहही इतिहासकहणेका प्रयोजनहै ॥ और मनुष्यशरीरकूंप्राप्तहोइके जेपुरुष याइतिहासकेअर्थकूं नहींजाणते तिनपुरुषोंकूं संसाररूपसुभट हननकरेंगे ॥ दृष्टांत॥ जैसे व्याध मृगोंकूंहननकरैं है ॥ शिष्यउवाच ॥ हेभगवन्! बाणोंकरिकै मृगोंकूं व्याध हननकरैहै ॥ इहां संसाररूपसुभट कौनशस्त्रोंकरिकै अज्ञानीजीवोंकूंहननकरै है ॥ श्रीगुरुरुवाच॥ हेशिष्य! जिनशस्त्रोंकरिकै संसारसुभट अज्ञानीजीवोंकूं हननकरै है सो हम पूर्वविस्तारतैंकहिआयेहैं ॥ तथापि संक्षेपतैंफेरि हम कहतेहैं ॥ तुम श्रवणकरो ॥ प्रथमतो पितामाताकेउदरविषे त्वचा रुधिर मांस मेद अस्थि मज्जा वीर्य यासप्तधातुरूपगर्तविषे अज्ञानीजीवोंकानिपातनरूप शस्त्रकरिकै संसारसुभट हननकरै है॥ और गर्भविषेविष्ठामूत्रादिकोंकेलेपनरूपशस्त्रकरिकै संसारसुभट हननकरै है ॥ और गर्भविषे बंधनकरणेहारे जे जरायु चरम तथाअस्थि आदिकबंधनहैं ॥ ताबंधनरूपशस्त्रोंकरिकै हननकरै है ॥ और सर्पकेसमान जेउदरकेकृमीरूपपाशहैं ॥ तापाशरूपशस्त्रोंकरिकै हननकरै है ॥ औरउदरविषेस्थितजोजठराग्नि औरप्राणवायु तिनोंकरिकै उत्पन्नभयेजेदुःसहतापहैं तिनतापरूपशस्त्रोंकरिकै हननकरै है॥ और सूक्ष्मउपस्थछिद्रतैंनिर्गमनरूपशस्त्रोंकरिकै अज्ञानीजीवोंकूं संसारसुभट हननकरैहै ॥ और गर्भविषे अनेकजन्मों कीस्मृतिरूप शस्त्रकरिकै औरमूर्च्छाकरिकैसर्वपदार्थोंकीविस्मृतिरूपशस्त्रकरिकै संसारसुभट अज्ञानीजीवोंका हननकरैहै ॥ इसप्रकार गर्भविषे अज्ञानीजीवोंकूं नरककेसमान अनंतदुःखोंकीप्राप्तिकरिकै पुनःबाल्यअवस्थाविषे असामर्थ्यऔरपराधीनतारूपशस्त्रकरिकै संसारसुभट अज्ञानीजीवोंकूं हननकरै है ॥ और मोहकरिकैविष्ठामूत्रादिकोंकाभक्षणरूपशस्त्रकरिकै तथाक्रीडाकीआसक्तिरूपशस्त्रकरिकै संसारसुभट हननकरै है ॥ और माता पिता अध्यापक आदिकोंतैंभीतिरूपशस्त्रकरिकै अज्ञानीजीवोंकूं संसारसुभटहननकरैहै ॥ इसप्रकार बाल्यअवस्थाविषे नरककेसमान अनंतदुःखोंकीप्राप्तिकरिकै पुनःयुवाअवस्थाविषे कामदेवनेंकन्याजो चित्तरूपभूमिविषे स्त्रीकेमूर्त्तिकालेखन (तात्पर्ययह वारंवार चित्तकरिकेस्त्रीकास्मरण ॥ तास्मरणरूपशस्त्रकरिकै) औरनानाप्रकारकेभ्रमणरूपशस्त्रोंकरिकै संसारसुभट अज्ञानीजीवोंकूं हननकरै है ॥ इसप्रकार युवाअवस्थाविषे अनंतदुःखोंकीप्राप्तिकरिकै पुनः

वृद्धअवस्थाविषे जराअवस्थाकीप्राप्तितैंउत्पन्नभयेजे नानाप्रकारकेकासश्वासादिकरोग तारोगरूपशस्त्रोंकरिकै अज्ञानीजीवोंकूं संसारसुभट हननकरैहै ॥ इसप्रकार वृद्धअवस्थाविषे अनंतदुःखोंकीप्राप्तिकरिकै पुनःमरणअवस्थाविषे कालसर्पकरिकैग्रसनरूपशस्त्रकरिकै तथायमकिंकररूपशस्त्रोंकरिकै अज्ञानीजीवोंकूं संसारसुभट हननकरैहै ॥ इसप्रकार मरणअवस्थाविषे अनंतदुःखोंकी प्राप्तिकरिकै पुनःनरकविषे नानाप्रकारकेआयुधोंकापरिहाररूपशस्त्रकरिकै औरपृथिवीजलआदिकोंकेविकार जेअनंतनरकहैं तानरकोंकीप्राप्तिरूपशस्त्रकरिकै आत्मज्ञानरहितपुरुषोंकूं संसारसुभट हननकरैहै ॥ और स्वर्गतैंनीचेपतनरूपशस्त्रकरिकै संसारसुभट हननकरैहै ॥ इसप्रकार परलोकविषे अनंतप्रकारकेदुःखोंकीप्राप्तिकरिकै पुनःयामनुष्यलोकविषे देहादिकोंकीप्राप्तिवासते पितामाताकेगर्भविषेप्रवेशरूपशस्त्रोंकरिकै आत्मज्ञानरहितजीवोंकूं संसारसुभट हननकरैहै ॥ और जैसे लोकविषेएकमल्ल दूसरे निर्बलमल्लकूं कबीनीचेगिडावैहै ॥ और कबी ऊपरिगेडेहै ॥ और कबी पूर्वपश्चिमआदिकअष्टदिशावोंविषेगेडेहै ॥ और आपणेभुजारूपशस्त्रोंकरिकै ताकूं मर्दनकरैहै ॥ याप्रकार ताकापराभवकरैहै ॥ तैसे यहसंसारसुभटभी आत्मज्ञानतैंरहितदीनजीवोंकूं चौरासीलक्षशरीररूपदशदिशावोंविषे गिडावताहुवा औरपूर्वउक्तपितामाताकेशरीरविषे प्रवेशआदिकशस्त्रोंकरिकैमर्दनकरताहुवा अज्ञानीजीवोंका पराभवकरैहै ॥ जैसे यूकादिकक्षुद्रजंतुकेपराभवकरणेमैं अस्मदादिकपुरुषोंकूं आयास नहींहोवैहै ॥ तैसे आत्मज्ञानतैंरहितपुरुषोंकेपराभवकरणेमैं संसारसुभटकूंभी किंचित्मात्र आयासनहींहोवैहै ॥ हेशिष्य ! संसारसुभटनैं प्राप्तकरेजे जन्ममरणआदिकपराभवहैं ॥ तिनपराभवोंकूं जेजेपुरुष जाणतेहैं ॥ और तिनपराभवोंकेज्ञानकाफल जोवैराग्यहै ताकूं जेपुरुष संपादनकरैहैं ॥ तेसुभटपुरुषही यावेदांतशास्त्रकेअर्थकूंजाणतेहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ जबपर्यंत आत्माकासाक्षात्कारनहींभया ॥ तबपर्यंतही संसारसुभट यूकादिकक्षुद्रजंतुकीन्यांई जीवोंका पराभवकरैहै ॥ और जब याजीवकूं गुरुमुखतैंवेदांतकेश्रवणआदिकोंकरिकै आत्माकासाक्षात्कारहोवैहै ॥ तब क्षुद्रजंतुकीन्यांई संसारही पराभवकूंप्राप्तहोवैहै ॥ शिष्यउवाच ॥ हेभगवन् ! ऐतरेयउपनिषद्काअर्थ जीवब्रह्मकाअभेदहै ॥ यह आपनैं पूर्वकह्या ॥ सो हमारीबुद्धिविषे आरूढहोवैनहीं ॥ काहेतें दूसरेउपनिषद् जीव ब्रह्मकेअभेदरूप

अर्थकूं बोधनकरैहैं अथवा भेदकूंबोधनकरैहैं यहसंशय हमारेकूंहोवैहै ॥ श्रीगुरुरुवाच ॥ हेशिष्य ! सर्वउपनिषद् जीवब्रह्मकेअभेद कूंही बोधनकरैहैं ॥ जीवब्रह्मकेभेदमैं किसीउपनिषद्का तात्पर्यनहीं ॥ तहां प्रथम ऋग्वेदकेऐतरेयउपनिषद्काअर्थ जीवब्रह्म काअभेद तुमारेतांई हमनैं कह्या ॥ अब ऋग्वेदकाजो कौषीतकीउपनिषद्है ताकरिकै कथनकऱ्याजोअर्थहै ॥ सोभी तेरेकूं श्रवण करणेयोग्यहै ॥ इतिश्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यस्वाम्युद्धवानंदगिरिपूज्यपादशिष्येण स्वामीचिद्घनानंदगिरिणा विरचिते प्राकृतात्मपुराणे ऐतरेयार्थप्रकाशोनाम प्रथमोऽध्यायःसमाप्तः ॥ १ ॥ ॥ श्रीगुरुभ्योनमः ॥ श्रीकाशीविश्वेश्वराभ्यांनमः ॥ ॥

इत्यात्मपुराणेश्रीस्वामिचिद्घनानंदगिरिकृतभाषायां
प्रथमोऽध्यायः समाप्तः

अथात्मपुराणेस्वामिचिद्घनानंदगिरिकृतभाषायां

द्वितीयाध्यायप्रारंभः

ॐश्रीगणेशायनमः ॥ श्रीगुरुभ्योनमः ॥ श्रीकाशीविश्वेश्वराभ्यांनमः ॥ अथ द्वितीयअध्यायप्रारंभः ॥ तहां प्रथमअध्यायविषे
ऋग्वेदकाजोऐतरेयउपनिषद्है ताकेअर्थकूंनिरूपणकऱ्या ॥ अबद्वितीयअध्यायविषे ऋग्वेदकाजोकौषीतकीउपनिषद्है ता
केअर्थकूं निरूपणकरैहैं ॥ श्रीगुरुरुवाच ॥ हेशिष्य! मैंब्रह्महूं यहजो जीवब्रह्मकेअभेदकाज्ञानहै ॥ सोयद्यपि अनंतकोटीजन्मोंकरि
केभीदुर्लभहै ॥ तथापिविवेकीपुरुषोंनैं गुरुकीसेवा तथाश्रद्धाआदिकसाधनोंकरिकै पाईताहै ॥ और याआत्मज्ञानतैंविना कोईभी
पदार्थ मनुष्योंकाहिततमनहीं ॥ आत्मज्ञानही अत्यंतहिततमहै ॥ काहेतें निरतिशयसुखकीप्राप्तिका तथामूलसहितसर्वदुःखकीनि
वृत्तिका आत्मज्ञानही साधनहै ॥ आत्मज्ञानतैंभिन्नसर्वपदार्थ बंधनकेकारणहैं ॥ हेशिष्य! याअर्थविषे पूर्व प्रतर्दनराजाकाइंद्रकेसा
थसंवादरूप इतिहास कथनकऱ्याहै ॥ ताइतिहासकूं तुम श्रवणकरो ॥ श्रीकाशीजीविषे दिवोदासनामाराजा पूर्व होताभया ॥ ता
दिवोदासराजाकापुत्र प्रतर्दननामाराजाहोताभया ॥ सोकैसाप्रतर्दनराजाहै? ॥ बाहरिकेजेराजाआदिकशत्रुहैं ॥ और भीतरिकेजे
कामक्रोधादिकशत्रुहैं ॥ तेसंपूर्णशत्रु जिसनैंजीते हैं ॥ और क्षत्रियोंकेधर्मविषे सर्वदा जिसकीप्रीतिहै ॥ सोप्रतर्दनराजा धर्मयुद्धक
रिकै पृथिवीकेसंपूर्णराजोंकूं जीतताभया ॥ तिसतैंअनंतर देवतावोंकेजीतणेवासते सोप्रतर्दनराजा एकलाहीधनुषकूंलेकरिकै स्वर्ग
कूंजाताभया ॥ तहां स्वर्गकेद्वारेऊपरिजाइकेस्थितहुवा ॥ और इंद्रकेपास दूतकूंभेजताभया ॥ प्रतर्दनउवाच ॥ हेदूत! देवराजइंद्रकूं
हमारा यहसंदेसाजाइकेकहोकि हेदेवराज! यद्यपि संपूर्णलोक तुमारेकूं देवतावोंकाइंद्रकहै हैं और हमारेकूं मनुष्योंकाइं
द्रकहै हैं ॥ तथापि तुमहमदोनोंविषे इंद्रतासंभवैनहीं ॥ काहेतें परमऐश्वर्यवान्‌जोहोवै सो इंद्रकहियेहै ॥ जाऐश्वर्यकेसमा
न तथाअधिक दूसराऐश्वर्यनहोवै सो परमऐश्वर्यकहियेहै ॥ ऐसापरमऐश्वर्य एकविषेहीसंभवैहै ॥ दोनोंविषेसंभवैनहीं ॥ यातें तु
मारेहमारेविषे इंद्रशब्द मुख्यनहीं किंतुगौणहै॥ दृष्टांत ॥ जैसे देवदत्तपुरुष सिंहहै यास्थानविषे सिंहशब्द मृगराजपशुविशेषविषे
तौ मुख्यहै॥और देवदत्तपुरुषविषे गौणहै॥और हेदेवराज! तुमारेतैंभिन्न जितनेराजे पृथिवीविषेस्थितिहैं॥ तिनसंपूर्णोंकूंहम जीति
आयेहैं॥आपणेइंद्रभावकेगौणताकीनिवृत्तिवासते तुमारेजीतणेकीइच्छाकरिकै हम स्वर्गविषेआयेहैं॥यातैं हे देवराज! हमारेसाथयु

द्धकरणेवासते सैनाकूंलेकरिकै शीघ्रहीतुमआवो ॥ अथवा अकेलेआवो ॥ और जोयुद्धकरणेकातुमारेकूंसामर्थ्यनहींहोवै ॥ तौ हमारे समीपआइके ऐसावचनकहो जिससेहमपराजयकूंप्राप्तहोवेंगे ॥ यादोनुंवार्ताविषे जोतुमारिइच्छाहोवैसोकरो और धनुषहैदूसरासहायकजिसका ऐसाजोमैंप्रतर्दनहूं सोतुमारेप्रियधामस्वर्गकूंप्राप्तभयाहूं ॥ यामेरेप्रभावकूं विचारिकरिकै जोतुमारेकूंउचितहैसोकरो ॥ इसप्रकार प्रतर्दनराजाकरिकैकह्याहुवादूत देवसभाविषेजाताभया ॥ तहां देवराजइंद्रकूंनमस्कारकरिकै प्रतर्दनराजाकेसंदेसवाक्यकूं दूत कहताभया ॥ कैसासोइंद्रहै ॥ सुधर्मानामदेवसभाविषेस्थितहै ॥ और सूर्यकीन्यांई जाकातेजहै ॥ और संपूर्णदेवतावों करिकैपरिवेष्टितहै ॥ दूतउवाच ॥ हेभगवन्! सर्वलोकोंका औरसंपूर्णलोकपालोंका आपही एकस्वामीहो ॥ परंतु एककिंचित्वार्ता हम तुमारेप्रति कथनकरैंहैं ॥ भूमिलोकविषे काशीनामाएकमहान्देशहै ॥ सो तुमारेस्वर्गतेंभी अत्यंतरमणीकहै ॥ काहेतें देवतावोंकीनदीजोश्रीगंगाजीहै ॥ सो स्वर्गकीउपेक्षाकरिकै श्रीकाशीनामादेशकूंगमनकरैहै ॥ यातें यहजान्याजावैहै ॥ जो स्वर्गतैंभी काशीनामादेश रमणीकहै ॥ तहां श्रीगंगाजीकेतीरविषे श्रीकाशीनामापुरीविद्यमानहै ॥ साकैसीहैकाशीपुरी ॥ श्रीमहादेवकेत्रिशूलऊपरिस्थितहै ॥ और आपणीशोभाकरिकै स्वर्गकाभी तिरस्कारकरणेहारीहै ॥ और जिसकाशीविषे मृत्युकूंप्राप्तभये अंडज जरायुज स्वेदज उद्भिज्ज येचारिप्रकारकेजीव महादेवकेतारकमंत्रउपदेशतें आत्मज्ञानद्वारा मोक्षकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ और काशीकेमरणेतें वेदपाठीब्राह्मण जामोक्षकूं प्राप्तहोवैहैं ॥ तिसीहीमोक्षकूं कृमिपतंगआदिक्षुद्रजंतु प्राप्तहोवैहैं ॥ और जाकाशीपुरीविषे भगवान् महादेव विराजमानहैं ॥ कैसेहैंसोभगवान्महादेव ॥ सर्वप्राणिमात्रका आत्मास्वरूपहैं ॥ और संपूर्णजगत्की उत्पत्ति स्थिति लयकूंकरणेहारेहैं ॥ और भवानीकाजोहृदयरूपकमलहै ताकेप्रफुल्लितकरणेहारे सूर्यहैं ॥ और कर्पूरकेसमान जिनोंकागौरवर्ण है ॥ और भगवान्महादेवकूंनमस्कारकरणेहारे जेसंपूर्णतुमदेवताहो तिनदेवतावोंनैं अपनेमस्तकविषेस्थितरत्नयुक्तभूषणोंकीकिरणावों करिकै जामहादेवकेचरणकमल प्रकाशमानकरेहैं ॥ और जाभगवान्महादेवकेउपकारकूंमानतेहुए संपूर्णमुनि औरचारोंवेद वारंवार जामहादेवकावर्णनकरैहैं ॥ **दृष्टांत** ॥ जैसे लोकविषे महाराजाकूं वंदीऔरचारण वर्णनकरैहैं ॥ इहांयहतात्पर्य है ॥ जैसे राजा

बंदीचारणोंऊपरि धनकीप्राप्तिरूपउपकार करैंहै ॥ याकारणतें बंदीऔरचारण राजाकावर्णनकरैंहैं ॥ तैसें महादेवभी मुनियोंऊप
रि ब्रह्मविद्याकीप्राप्तिरूपउपकार करैंहैं ॥ याकारणतें मुनि भगवान्‌महादेवकावर्णनकरैंहैं ॥ और वेदोंउपरी प्रमाणताकीप्राप्ति
रूपउपकारकूं भगवान्‌महादेव करैंहैं ॥ याकारणतें वेद तिन्होंकावर्णनकरैंहैं ॥ काहेतें फलवान्‌अर्थकेबोधनकरिकैही वेदोंकूंप्रमाणता
शास्त्रविषेकहीहै ॥ अनात्मवस्तुकेज्ञानतें सुखकीप्राप्तिरूपफल अथवादुःखकीनिवृत्तिरूपफल प्राप्तहोवैनहीं ॥ यातें अनात्मवस्तु
केबोधनकरिकै वेदोंविषे प्रमाणतासिद्धहोवै नहीं ॥ किंतु सर्वांतर्यामीमहादेवकेज्ञानतैंही सुखकीप्राप्तिऔरदुःखकीनिवृत्तिरूप
फलहोवैहै ॥ यातें भगवान्‌महादेवकेबोधनकरिकैही प्रमाणताकूं वेद प्राप्तहोवैहैं ॥ पुनःसोमहादेवकैसेहैं ॥ जिसकीइच्छामात्रकरिकै
ब्रह्मातैंआदिलेकैसंपूर्णदेवता याजगत्‌विषे अनंतवार प्रादुर्भावकूं तथा तिरोभावकूं प्राप्तहोवैहैं ॥ और जामहादेवकेप्राप्तिकीइच्छाक
रिकै हिमाचलकीपुत्रीपार्वतीदेवी उग्रतपकूंकरतीभयीहै ॥ साकैसीपार्वतीहैं ॥ संपूर्णस्त्रियोंविषे प्रधानहै ॥ और पूर्वजन्मविषेभीस
तीरूपकरिकै भगवान्‌महादेवकीस्त्रीहै ॥ और जिसभगवान्‌महादेवके सेनानी औरगणेश दोनों महाबलवान्‌पुत्रहैं ॥ और जयकरि
कैशोभायमान जेप्रमथनामागणहैं ॥ ते जिसमहादेवकेसेनापतिहैं ॥ और जिसमहादेवकेनामग्रहणतें यहजीव संसाररूपदुःखकूं
नहींप्राप्तहोवैहै ॥ और जिसमहादेवकेचरणकमलकेपूजनतें पुरुषोंकूं मनवांछितफलकीप्राप्तिहोवैहै ॥ यहवार्ताशिवपुराणविषे व्यास
भगवान्‌नैंभीकहीहै ॥श्लोक॥ महादेवमहादेव महादेवेतियोवदेत् ॥ एकेनैवभवेन्मुक्तिर्द्वाभ्यांशंभुर्ऋणीभवेत् १ अर्थयह ॥ जोपुरुष श्र
द्धाकरिकै महादेव महादेव महादेव याप्रकार तीनवार महादेवकेनामकूंउच्चारणकरैहै ॥ तिसपुरुषकूं एकनामकरिकैतौ मुक्तिरूपफल
कीप्राप्ति महादेव करैंहैं ॥ और दोनोंनामोंकरिकै महादेव भक्तोंकेऋणीहोवैहैं ॥ काहेतें मुक्तितेंअधिककोईपदार्थ जगत्‌विषेहैनहीं ॥
जिसकीप्राप्तिकरिकै महादेव ऋणतेंरहितहोवै ॥ १ ॥ पुनःसोमहादेवकैसेहैं ?॥ ब्रह्मांडविषेस्थित जेविषयभोगहैं तिनभोगोंकीइच्छातें
रहितहैं ॥ और ब्रह्मविद्याकेसमुद्रहैं ॥ और सर्वदाशुद्धहैं और चित्तकेनिरोधकूंकरणेहारेसर्वयोगीजनोंकेगुरुहैं ॥ और जिसभगवान्
महादेवतैं संपूर्णजगत् उत्पन्नहोवैहै ॥ और जिसभगवान्‌महादेवविषे संपूर्णजगत् स्थितहै ॥ और जिसमहादेवविषे संपूर्ण

जगत् लयकूं प्राप्तहोवेंहै ॥ ऐसे भगवान्महादेवकेगुणोंका वर्णनकरणेमें कौनप्राणी समर्थ है? ॥ किंतु कोईभीसमर्थनहीं ॥ ऐसे भगवान्महादेव जिसकाशीपुरीविषे विद्यमानहैं ॥ औरमुक्तिकोदेणेहारीजो अयोध्यापुरी १ मथुरापुरी २ मायापुरी ३ काशीपुरी ४ कांचीपुरी ५ अवंतिकापुरी ६ द्वारकापुरी ७ येसप्तपुरियांहैं ॥ तिनोंकेमध्यमें श्रीकाशीपुरीकाहीअधिकसौभाग्य संपूर्णजीवों नें अनुभवकऱ्या है ॥ काहेतें काशीपुरीविषे भोगमोक्षदोनोंकी सुलभतहै ॥ और हेदेवतावो! तुमारीजोअमरावतीपुरीहै ॥ साभी काशीपुरीकेसमाननहीं ॥ काहेतें तुमारीपुरीविषेप्राप्तभयेजीवोंकूं भूमिलोकविषेगिडनेंका सर्वदाभयरहैहै ॥ और नागोंकीजाभोगव तीपुरीहै ॥ साभी श्रीकाशीपुरीकेसमाननहीं ॥ जबी तुमारीअमरावतीपुरी औरनागोंकीभोगवतीपुरी काशीपुरीकेसमाननहींहोती ॥ तबी अन्यपुरियोंकीक्याकथाहै ? ॥ और काशीपुरीकूं श्रीगंगाजी सर्वदासेवनकरैहै ॥ और भगवान्महादेव सर्वदा जिसकाशीपुरी विषेरहैहैं ॥ और सर्वपुरियोंतें सौभाग्यकी जाविषेअधिकताहै ॥ याकारणतें याकूं काशीपुरीकहैहैं ॥ प्रकाशमानकानामकाशीहै ॥ ऐसीकाशीपुरीकाराजा दिवोदासनामा सर्वलोकविषेप्रसिद्धहै ॥ सोकैसादिवोदासराजाहै ? ॥ संपूर्णशत्रु जिसनेंजीतेहैं ॥ और आप णेप्रतिज्ञाकूंसत्यकरणेहाराहै ॥ और क्षत्रियोंकेधर्मविषे जाकीप्रीतिहै ॥ और हस्ति अश्व रथ पादात यहचारिप्रकारकीसेनाकरिकै युक्तहै ॥ और आपभी सोदिवोदासराजा अतिबलवान्है ॥ और यज्ञादिककर्मोंविषेतत्परहै ॥ याकारणतें तुमदेवतावोंकूंभी प्रसि द्धहै ॥ ऐसा दिवोदासराजा श्रीकाशीपुरीविषेस्थितहै ॥ और तादिवोदासराजाकापुत्र प्रतर्दननामाराजाभी अतिप्रसिद्धहै ॥ सोकै साप्रतर्दनराजाहै? ॥ संपूर्णशुभगुणोंकरिकै आपणेपिता तथापितामह आदिकोंकेसमानहै ॥ और संपूर्णप्राणिमात्रविषे जाकीकृपा दृष्टिहै ॥ और याप्रतर्दनराजाके पर्वतकेसमान अनेककोटीहस्तीहैं॥और सूर्यकेअश्वसमान अनंतगुणयुक्त अश्वभी अनंतकोटीहैं॥औ रपुरारीकेरथसमान महाशब्दकेकरणेहारे रथभी अनेककोटीजिसकेहैं॥और बलकरिकैआपणेसमान पादातभी असंख्यातहैं ॥ और यहप्रतर्दनराजा शस्त्रविद्याविषेभी अतिकुशलहै॥और युद्धविषेछलतैंरहितहै॥और यहप्रतर्दनराजा यद्यपि महादेवकेप्रसादतें संपूर्ण अस्त्रोंके प्रयोगरूपसंधानकूं जाणेहै ॥ और निर्मोक्षरूपविसर्गकूंजाणे है ॥ और अस्त्रोंकीमर्यादारूपस्थितिकूंजाणे है ॥ और उपसंहार

रूपसंहतिकूंजाणेहै॥तथापि यहप्रतर्दनराजा किसीऊपरि अस्त्रकूंचलावतानहीं॥काहेतें जोअस्त्रकरिकै पुरुष हननभया॥ सो मेरेकरि
कैहननननहींभया॥जैसे कोईअसमर्थपुरुष श्येनयज्ञरूपअभिचारकरिकै शत्रुकानाशकरै है॥तिसकेसमानही अस्त्रकरिकैशत्रुकानाशक
रणाहै॥यातें अभिचारऔरअस्त्रविषे किंचित्मात्रभी विशेषतानहीं॥ऐसाविचारकरिकै यहप्रतर्दनराजा अस्त्रोंकरिकैशत्रुकूंनहींहनन
करै है ॥ किंतु शत्रुकूं जैसीयुद्धकीइच्छाहोवैहै ॥ तैसीहीयुद्धकीप्राप्तिकरै है॥ और यहप्रतर्दनराजा शत्रुकरिकैनहींताडनकियाहुवा प्र
थम शत्रुकूंनहींहननकरै है ॥ किंतु शत्रुकरिकैताडनकियाहुवा पश्चात् शत्रुकूंहननकरै है ॥ और शत्रुकरिकैप्रथमताडनकियाहुवाभी
यहप्रतर्दनराजा पंचासवर्षतैंऊपरिआयुषवालेशत्रुकूं नहींहननकरै है॥तथा षोडशवर्षतैंन्यूनआयुषवालेशत्रुकूंभी नहींहननकरै है॥का
हेतैं शूरवीरोंकेव्रतकूं जिसप्रतर्दनराजानैं धारणकऱ्याहै॥शूरवीरकेधर्म धनुर्वेदविषेकहेहैं ॥ श्लोक ॥ मूर्छितंनैवविकलं नाशस्त्रंनान्ययो
धिनम् ॥ पलायमानंशरणं गतंनैवचहिंसयेत् ॥२॥ अर्थयह॥मूर्छाकूंप्राप्तभयेशत्रुकूं तथाव्याकुलकूं तथाशस्त्ररहितकूं तथाअन्यके
साथयुद्धकरणेहारेकूं तथापलायमानकूं तथाशरणागतकूं इतनेपुरुषोंकूं शूरबीर हनननहींकरै ॥ २ ॥ और याप्रतर्दनराजाका दूस
राक्याव्रतहै? ॥ ब्राह्मणोंका तथादेवतावोंका और गौवोंका तथावृषभोंका कदाचित्भी अपमाननहींकरता॥ और हे देवराज! याप्र
तर्दनराजाका दूसराक्याव्रतहै ?॥ अहंकारकरिकैयुक्त औरक्षात्रधर्मोंविषेस्थित देवताहोवैं अथवा ब्राह्मणहोवैं अथवा आपणापि
तापितामहहोवैं ॥ तिनसंपूर्णोंकूं आपणेबलकरिकै मैंजीतोंगा ॥ याप्रकारकेव्रतकरिकैयुक्त प्रतर्दनराजाकेसमीप एककालविषे ना
रदादिकमुनि जातेभये और कदाचित् प्रसंगपाइके प्रतर्दनराजाकेप्रति याप्रकारकेवचनकूंकहतेभये कि हेप्रतर्दनराजा! संपूर्णपृ
थिवीकेराजे तुमनैंजीते हैं॥ परंतु इंद्रादिकदेवता क्षात्रधर्मकरिकै संपूर्णपृथिवीकेराजावोंतैं बलवान्है॥ काहेतें तिनदेवतावोंकेसाथ
युद्धकरणेकूं असुर तथादानव तथादैत्य कोईभीसमर्थनहीं ॥ जबी असुर दानव दैत्यभी देवतावोंकेसाथ युद्धकरणेकूंसमर्थनहींभ
ये ॥ तबी मनुष्योंकीक्याकथाहै?॥ और यालोकविषे एकइंद्रकूंभी जीतणेविषे कोईसमर्थनहीं॥ तौ संपूर्णसेनाकरिकै तथालोकपा
लोंकरिकै युक्तइंद्रकूं कौन जीतणेमैंसमर्थहोवै ॥ किंतु कोईभी इंद्रकेजीतणेमैंसमर्थनहीं ॥ इसप्रकार नारदादिकमुनियोंकेवचन

कूंश्रवणकरिकै औरआपणेप्रतिज्ञारूपव्रतकूंस्मरणकरिकै सोप्रतर्दनराजा देवतावोंकेसाथयुद्धकरणेवासते उत्साहकरिकै अकेला हीस्वर्गकूंजाताभया ॥ हेदेवराज ! सोप्रतर्दनराजा इहांआइके तुमारीपुरीकेद्वारऊपरि समानपृथिवीविषेस्थितहै ॥ और सोप्रतर्द नराजा मैंदूतकूंबुलाइकरिकै तुमदेवतावोंकेसमीप भेजताभयाहै ॥ जोप्रतर्दनराजानैं हमारेकूं संदेसवचनकह्याथा ॥ सोसंपूर्ण हमनैं तुमारेताईं कह्या ॥ आगे जैसीतुमारीइच्छाहोवै तैसाकरो॥ इसप्रकार संपूर्णसंदेसवचनकूं देवराजइंद्रकेताईं दूत कथनकरताभया॥ इसप्रकार दूतकेवचनोंकूंश्रवणकरिकै औरप्रतर्दनराजाकेअभयरूपपुरुषार्थकूं विचारिकरिकै देवराजइंद्रभी अतिविस्मयकूंप्राप्त होताभया ॥ और आपणेक्षात्रधर्मकूंस्मरणकरिकै क्रोधयुक्तहोताभया ॥ और संपूर्णदेवतावोंकूंसाथलैके शीघ्रही आपणीपुरीतैंबाह रि निकसताभया ॥ और युद्धकरणेवासतेप्राप्तभयेजेसंपूर्णइंद्रादिकदेवता तिनोंकूंदेखिकरिकै सोप्रतर्दनराजाभी तिसस्थानतैंनहीं चलायमानहोताभया ॥ और सोप्रतर्दनराजा इंद्रकेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ हे देव राजइंद्र! हेसंपूर्णदेवतावो! तुम ती क्ष्णबाणोंकरिकै प्रथम हमाराहननकरो ॥ पश्चात् हम तीक्ष्णबाणोंकरिकै तुमाराहननकरेंगे ऐसीहमारीप्रतिज्ञाहै ॥ इसप्रकार प्रत र्दनराजाकावचनश्रवणकरिकै इंद्रसहितसंपूर्णदेवता क्रोधकरिकैमूर्च्छितहोतेभये॥ और कुंडलाकारसेनाकीरचनाकरिकै प्रतर्दनराजा कूं चारोंओरतैंवेष्टनकरतेभये ॥ और याप्रतर्दनराजाकूंहननकरो और बांधो याप्रकारकेवचनकूं परस्पर देवता उच्चारणकरतेभये॥ और तहां युद्धविषे नानाप्रकारकेवादित्रोंकेशब्द प्रगटहोतेभये॥ और संपूर्णइंद्रादिकदेवता क्रोधयुक्तहुए प्रतर्दनराजाऊपरि बाणों कीवर्षाकरतेभये॥जैसे बादल पर्वतऊपरि जलकीवर्षाकरै हैं॥तादेवतावोंकेबाणोंकरिकै प्रतर्दनराजाकाशरीर भेदनहोताभया ॥पश्चा त् सोप्रतर्दनराजाभी शीघ्रही तीक्ष्णबाणोंकरिकै संपूर्णदेवतावोंकूं हननकरताभया ॥ ताप्रर्दनराजाकेबाणोंकरिकै कितनेदेवतावों कीभुजायें भेदनहोतीभई ॥ और कितनेदेवतावोंकेस्तन भेदनहोतेभये ॥ और कितनेदेवतावोंकेमस्तक भेदनहोतेभये ॥ इसप्रका र देवतावोंकीसेनाविषे कोईभीदेवता प्रतर्दनराजाकेबाणकरिकैअविद्धनहींरह्या ॥ किंतु संपूर्णदेवता बाणोंकरिकैविद्धहोतेभये ॥ और भुजाविषेबाणोंकेप्रहारतैंउत्पन्नभईजोपीडा तापीडाकरिकेदुःखीहुएसंपूर्णदेवतावोंकेभुजातैं नानाप्रकारकेआयुध भूमिविषे

गिडतेभये ॥ और युद्धविषे प्रतर्दनराजा किसीदेवताकूं शतबाणोंकरिकै वेधनकरताभया ॥ और किसीदेवताकूं पंचासबाणोंकरिकै वेधनकरताभया ॥ और देवराजइंद्रकूंतौ सहस्रबाणोंकरिकै वेधनकरताभया ॥ और भूमिविषेगिरिपडेहैंआयुधजिनोंके ऐसेदेवतावोंकूंदेखिकरिकै सोप्रतर्दनराजा आपणेधनुषकेरज्जुकूंउतारताभया ॥ और देवराजइंद्र याप्रकारकेमहान्‌युद्धकूंदेखिकरिकै और प्रतर्दनराजाकेपुरुषार्थकूंदेखिकरिकै विस्मयकूंप्राप्तहोताभया ॥ और प्रतर्दनराजाकेप्रति इंद्र कहताभया ॥ हेपृथिवीकेपतिप्रतर्दनराजा! ॥ तुमारेयुद्धऔरपुरुषार्थकरिकै मैं बहुतसंतुष्टभयाहूं॥ यातें जिसवरकीतुमारेकूंइच्छाहोवै ॥ सोवर तू हमारेतैंमांग॥इसीकालविषे सोवर मैं तुमारेतांई देवोंगा ॥ हेप्रतर्दन! तुमारेयुद्धऔरपुरुषार्थकेसमान किसीकायुद्धऔरपुरुषार्थ हमनैं नहींदेख्या ॥ तेरेतैंविना ऐसाकौनसमर्थहै ॥ जो देवतावोंसहितहमारेकूं स्वर्गविषेआइके पराजयकरै ॥ और संपूर्णदेवतावोंकूं एकक्षणविषे तीक्ष्णबाणोंकरिकैभेदनकरै ॥ किंतु तूहीऐसासमर्थहै ॥इसप्रकार जबी देवराजइंद्रनैंकह्या ॥ तबी सोप्रतर्दनराजा इंद्रकेतांई दंडवत्‌प्रणामकरताभया और याप्रकारवचन कहताभया ॥ हेदेवराज ! तुमनैं जोयहवचनकह्या ॥ जो देवतावोंकेसहितमैंइंद्रकूं तुमनैंजयकरा ॥ यावचनकरिकै तुमनैं हमारेप्रतिज्ञारूपवचनकूंपूर्णकर्‍या और हेदेवराज ! मुझदुर्बुद्धिबालककेअपराधकूं तुमक्षमाकरो ॥ काहेतें जेतुमदेवता पुष्पोंकरिकैभीताडनकरणेयोग्यनहींहो ॥ तिनदेवतावोंकूं तीक्ष्णबाणोंकरिकै हमनैं ताडनकर्‍याहै ॥ यातें यहहमारा महान्‌अपराधहै ॥ और हेदेवराज! हमारेकरिकैपूजणेयोग्य जेहमारेपितापितामहआदिक हैं॥ तिनोंकरिकैभी तुमदेवता पूजणेयोग्यहो ॥ यातें हमारेकरिकैतौ अत्यंतपूजणेयोग्यहो ॥ और हेदेवराज! तुमदेवता सत्वगुणकरिकैयुक्तहो ॥ याकारणतैंही हमारेअपराधकूंनविचारकरिकै आपनैं हमारेतांई वरदेणेकाउद्यमकर्‍याहै ॥ और हममनुष्य रजोगुणकरिकैयुक्तहैं ॥ याकारणतैं देवतावोंकेहननरूपपापविषे हम प्रवृत्तभयेहैं ॥ और हेदेवराज! सर्वविषेआत्मदर्शी जेसाधुजनहैं तिनोंकूं ‘यहवस्तु हमाराहै औरयहवस्तुपरकाहै’ याप्रकारकीविषमबुद्धि कबीनहींहोती ॥ याकारणतैंही हमअपराधीविषे तुम वरकूंदेतेहो ॥ और हेदेवराज ! यालोकविषे आपसरीखेमहात्माही पुरुषोंविषेउत्तमपुरुषहैं ॥ काहेतें जोहमसरीखेअपकारीपुरुषोंविषेभी तुमदेवता

तैसे नामादिकविषय वाकादिककरणोंकेआश्रितरहेहैं ॥ और वाकादिककरण प्राणप्रज्ञास्वरूपमैंआत्माकेआश्रितरहेहैं ॥ और प्राणप्रज्ञास्वरूपमैंआत्मा किसीकेआश्रितरहतानहीं ॥ किंतु सकलविषय तथावाकादिकोंका मैंआत्मा अधिष्ठानहूं ॥ यातें हेप्रतर्दन! नामादिकविषयरूप तथावाकादिककरणरूप जोयह सकलसंसाररूपचक्रहै तासंसाररूपचक्रका प्राणप्रज्ञास्वरूपमैंआत्मा नाभिहूं ॥ काहेतें जैसे प्रसिद्धरथकेचक्रकीनाभि किसीकेआश्रितरहैनहीं ॥ तैसे मैंआत्माभी किसीअन्यकेआश्रितरहतानहीं ॥ किंतु सकलजगत् मेरेआश्रितरहैहै ॥ किंवा ॥ विषय तथाविषयी यादोनोंकानाम जगत्‌है ॥ तहां नामादिक विषयहैं ॥ और वाकादिककरणविषयीहैं ॥ ताविषयविषयीरूप सकलप्रपंचके प्रकाशकरणेहारा प्राणप्रज्ञास्वरूपमैंआत्माहूं ॥ किंवा ॥ प्राणप्रज्ञास्वरूपमैंआत्मातैंही यहस्थूलसूक्ष्मसकलप्रपंच उत्पन्नभयाहै ॥ और मैंआत्माविषेही सकलजगत् अबीस्थितहै ॥ और मैंआत्माविषेही सकलजगत् लयकूंप्राप्तहोवैगा ॥ दृष्टांत ॥ जैसे मूढबालकनैं आपणेशरीरविषे कल्पनाकन्याजोराक्षस ताराक्षसकी उत्पत्ति तथास्थिति तथालय तिसबालकतैंहीहोवैहै ॥ तैसे प्राणप्रज्ञास्वरूपमैंआत्मातैंही सकलप्रपंचकी उत्पत्ति तथास्थिति तथालय होवैहै ॥ किंवा ॥ जैसे सर्वभेदतैंरहितआकाशविषे घटमठादिकउपाधियोंकेवशतैं भेदप्रतीतहोवैहै ॥ तैसे शरीरादिकउपाधियोंकरिकै मैंअद्वितीयआत्माविषे नानाप्रकारकाभेद प्रतीतहोवैहै ॥ किंवा ॥ मैंअद्वितीयआत्माविषे उपाधिदृष्टिवालेबहिर्मुखपुरुषोंकूंही भेदप्रतीतहोवैहै ॥ उपाधिदृष्टितैंरहित अंतर्मुखपुरुषोंकूं मैंअद्वितीयआत्माविषेभेद प्रतीतहोवैनहीं ॥ दृष्टांत ॥ जैसे रंगकरिकै लिखित वृक्षादिरूपचित्रयुक्तपटविषे यद्यपि नीचापणातथाऊँचापणा संभवैनहीं ॥ तथापि वृक्षादिरूपचित्रोंकीदृष्टिकरिकै अविवेकीपुरुषोंकूं याप्रकारकीविषमदृष्टिहोवैहै ॥ यावृक्षका मूलदेश नीचेहै और शाखा ऊपरिहैं ॥ और जिनपुरुषोंकूं वृक्षादिरूपचित्रोंकीदृष्टिनहीं ॥ किंतु केवलपटदृष्टिहै ॥ तिनोंकूं साविषमदृष्टि होवैनहीं ॥ तैसे प्रपंचरूपउपाधिकीदृष्टिकरिकै अविवेकीपुरुषोंकूं मैंअद्वितीयआत्माविषे भेदप्रतीतहोवैहै ॥ और उपाधिदृष्टितैंरहित विवेकीपुरुषोंकूं प्राणप्रज्ञास्वरूपमैंआत्माविषे भेदबुद्धिहोवैनहीं ॥ अब प्राणप्रज्ञाशब्दकेवास्तवअर्थकूंदिखावैहैं ॥ हेप्रतर्दन! वायुरूपप्राणतैं यद्यपि मैंआत्माभिन्नहूं तथापि अंडज जरायुज स्वेदज उद्भिज्ज याचारिप्रकारके

जीवोंका मैंआत्मातैंही जीवनहोवैहै ॥ याकारणतैं मैंअद्वितीयआत्माही प्राणशब्दकाअर्थहूं ॥ तथा प्राणशब्दजन्यज्ञानकावि षयहूं ॥ शंका ॥ चैतन्यआत्माविषेही प्राणियोंकेजीवनकीकारणताहै ॥ वायुरूपप्राणोंविषेनहीं ॥ याअर्थविषेकौनप्रमाणहै ॥ स माधान ॥ तैत्तिरीयउपनिषदविषे चैतन्यआत्माविषेही जीवनकीकारणताकहीहै ॥ तहां यहकह्याहै ॥ प्राणकरिकै तथाअपानकरि कै कोईभीप्राणी जीवतानहीं ॥ किंतु जिसचैतन्यआत्माकीसमीपताकरिकै यहप्राणअपानादिक प्रवर्तमानहोवैहैं ॥ ताचैतन्यआ त्माकरिकैही यहसंपूर्णप्राणी जीवैहैं ॥ यातैं सर्वप्राणियोंकेजीवनकाकारण अद्वितीयआत्माही प्राणशब्दकाअर्थहै यहसिद्धभया ॥ अब प्रज्ञाशब्दकेअर्थकूंदिखावैहैं ॥ पंचज्ञानइंद्रिय पंचकर्मइंद्रिय अंतःकरण शरीर याद्वादशकरणोंकूं तथानामादिकतिनोंकेविषयों कूं आपणेस्वप्रकाशस्वरूपकरिकै मैंअद्वितीयआत्मा जानताहूं ॥ याकारणतैं मैंअद्वितीयआत्मा प्रज्ञाशब्दकाअर्थहूं ॥ अथवा ॥ मेरेप्रकाशकेविद्यमानहुएही संपूर्णप्रपंच प्रतीतहोवैहै ॥ आपणेप्रकाशकरिकै जडजगत्काभान होवैनहीं ॥ याकारणतैं मैंअद्विती यआत्मा प्रज्ञाशब्दकाअर्थहूं ॥ अथवा ॥ देशपरिछेद तथाकालपरिछेद तथावस्तुपरिछेद यातीनपरिछेदोंतैं मैंआत्मारहितहूं ॥ त था स्वप्रकाशहूं ॥ याकारणतैं मैंअद्वितीयआत्मा प्रज्ञाशब्दकाअर्थहूं ॥ अथवा लोकविषे ज्ञानतैंभिन्नबाह्यरज्जुआदिकजडपदार्थ कल्पितसर्पादिकोंकेअधिष्ठानरूप देखेहैं ॥ और मैंआत्मा ज्ञानतैंभिन्ननहीं किंतुज्ञानस्वरूपहूं ॥ तथा बाह्यभी मैंआत्मानहीं किंतु सर्वतैंअंतरहूं ॥ इसप्रकार रज्जुआदिकबाह्यअधिष्ठानोंतैं विलक्षणरूपकरिकैयुक्तहुआभी मैंआत्मा सर्वप्रपंचकाअधिष्ठानहूं ॥ या कारणतैं मैंअद्वितीयआत्मा प्रज्ञाशब्दकाअर्थहूं ॥ अथवा ॥ सजातीयभेद तथाविजातीयभेद तथास्वगतभेद यातीनभेदोंतैंरहित जोआत्मस्वरूपहै ताआत्मस्वरूपप्रज्ञाकरिकै मैंनित्यहीयुक्तहूं ॥ याकारणतैं मैंअद्वितीयआत्मा प्रज्ञाशब्दकाअर्थहूं ॥ अब आत्म पदकेअर्थकूंदिखावैहैं ॥ हेप्रतर्दन! तेरेताईं जोहमनैं वारंवार प्राणप्रज्ञास्वरूपआत्माकाउपदेशकऱ्याहै ॥सोईहीआत्मा तेरा वास्तव स्वरूपहै ॥ तैसे स्थावरोंका तथाजंगमोंकाभी सोईहीआत्मा वास्तवस्वरूपहै ॥ और सोईहीआत्मा सर्वप्राणियोंविषे अहंशब्दकी लक्षणाकरिकै जान्याजावैहै ॥ और अहं याज्ञानकाविषयहै ॥ और वास्तवतैं अहं याशब्दतथाज्ञानके संबंधतैंरहितहै ॥ और

सोईहीआत्मा आकाशकीनाँईं भेदतैंरहितहुआ याजगत्‌विषेस्थितहै ॥ किंवा ॥ जैसे घटमठादिकनानाउपाधियोंविषेस्थितआका
शका आकाशहीएकनामहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ घटउपाधिविषेस्थितआकाशकूं घटाकाशकहैहैं ॥ मठरूपउपाधिविषेस्थितआकाश
कूं मठाकाशकहैहैं ॥ इसप्रकार नानाउपाधियोंविषेस्थितहुआभी आकाश 'आकाश' यानामतैंरहितहोवैनहीं ॥ यातैं सोअनुगत ए
कआकाशनाम आकाशकेएकताकूं बोधनकरैहै ॥ तैसे नानाशरीररूपउपाधियोंविषेस्थितअद्वितीयआत्माकाभी एकआत्माहीनाम
होवैहै ॥ यातैं सर्वत्रअनुगत एकआत्मानाम मैंअद्वितीयआत्माकेएकताकूं बोधनकरैहै ॥ शंका ॥ आत्मा जोवास्तवतैंएकहीहोवै
तौ नानारूपकरिकैकाहेतैंप्रतीतहोवैहै ?॥ समाधान ॥ अविद्यारूपदोषकेबलतैं एकहीअद्वितीयआत्मा जगत्‌रूपहोइकेप्रतीतहोवै
है ॥ दृष्टांत ॥ जैसे एकहीस्वप्नद्रष्टापुरुष स्वप्नविषे निद्रादोषकेबलतैं अनंतरूपहोइकेप्रतीतहोवैहै ॥ और जैसे स्वप्नविषेप्रतीतभये
जेरथादिकपदार्थ ते कल्पितहैं यातैं स्वप्नद्रष्टापुरुषतैंभिन्ननहीं ॥ तैसे अज्ञानकरिकैकल्पित यहसंपूर्णजगत्‌भी मैंअद्वितीयआत्मा
तैंभिन्ननहीं ॥ अब आनंदशब्दकेअर्थकूंदिखावैहैं ॥ हेप्रतर्दन! संपूर्णजीवोंकूं मैंआत्माअतिसैंकरिकैप्रियहूं ॥ यातैं मैंआत्मा आ
नंदस्वरूपहूं ॥ तात्पर्ययह ॥ इसलोकविषे तथापरलोकविषे भोगणेयोग्यजेस्त्रीआदिकपदार्थहैं तेप्रियहैं ॥ और तिनविषयोंतैंउत्प
न्नभयाजो अंतःकरणकापरिणामरूपसुख सोप्रियतर है ॥ और आत्मा सकलकाशेषरूपहै ॥ यातैं आत्मा प्रियतमहै ॥ स्त्री
पुत्रादिकपदार्थ जिसकेवासतेहोवैं सोशेषिकहियेहै ॥ ऐसाशेषरूपआत्माहै ॥ अन्यसंपूर्णपदार्थ आत्माकाशेषरूपहैं ॥ अब
याहीअर्थकूंस्पष्टकरिकैदिखावैहैं ॥ संपूर्णप्राणी सुखकी तथासुखकेसाधनस्त्रीपुत्रादिकोंकी जबीइच्छाकरैहैं तबी आत्माकेवास
तेही सुखादिकोंकीइच्छाकरैहैं ॥ मेरेकूं सुखकीप्राप्तिहोवै ॥ मेरेकूं स्त्रीपुत्रादिकोंकीप्राप्तिहोवै ॥ याप्रकारकीइच्छा संपूर्णजीवक
रैहैं ॥ जोकेवल सुखकीहीइच्छाहोवै तौ वैरीकेसुखकीभीइच्छाहोणीचाहिये ॥ और वैरीकेसुखकीकोईइच्छाकरैनहीं ॥ किंतु
आत्मसंबंधीसुखकी सकलप्राणी इच्छाकरैहैं ॥ यातैं आत्माकेवासतेही सुखकी तथासुखकेसाधनस्त्रीपुत्रादिकोंकी इच्छाहोवैहै॥
सुखकेवासते तथासुखकेसाधनस्त्रीपुत्रादिकोंकेवासते आत्माकीकोईइच्छाकरैनहीं ॥ यातैं मैंअद्वितीयआत्माही सर्वकाशेषरूप

हूं ॥ अन्यसंपूर्णपदार्थ आनंदस्वरूपमैंआत्माकेशेषरूपहैं ॥ भोगकेसाधनोंकूं शेषकहैहैं ॥ भोक्ताकूं शेषिकहैहैं ॥ किंवा ॥ मनुष्यलोकतैंआदिलैके ब्रह्मलोकपर्यंत जितनीकी विषयजन्यसुखकीन्यूनअधिकताहै ॥ सा जिसविषेजाइकेपर्यवसानकूंप्राप्तहोवै ॥ सो आनंदस्वरूपमैंआत्माहूं ॥ अब याहीअर्थकूं स्पष्टकरिकैदिखावैहैं ॥ मनुष्यलोककेआनंदतैं शतगुणअधिकआनंद पितरोंकूंहोवैहै ॥ पितरोंतैं शतगुणअधिकआनंद गंधर्वोंकूंहोवैहै ॥ गंधर्वोंतैं शतगुणअधिकआनंद कर्मदेवतावोंकूंहोवैहै ॥ कर्मदेवतावोंतैं शतगुणअधिकआनंद आजानदेवतावोंकूंहोवैहै ॥ आजानदेवतावोंतैं शतगुणअधिकआनंद प्रजापतिकूंहोवैहै ॥ प्रजापतितैं शतगुणअधिकआनंद हिरण्यगर्भकूंहोवैहै ॥ विषयजन्यसुखविषे हिरण्यगर्भलोककासुख सर्वतैंउत्कृष्टहै ॥ सोहिरण्यगर्भकाआनंद आनंदसमुद्ररूपमैंआत्माके एककणकेसमानहै ॥ तात्पर्ययह ॥ विषयजन्यसकलसुखोंतैं उत्कृष्ट हिरण्यगर्भकाआनंद भी जबी आनंदसमुद्रआत्माके एककणकेसमानभया ॥ तबी मनुष्यादिकोंकेआनंदकीक्याकथाहै?॥ यातैं सकलआनंदोंकाअवधिरूप मैंआत्माहूं ॥ यातैं मैंआत्मा आनंदस्वरूपहूं ॥ किंवा ॥ शब्द स्पर्श रूप रस गंध येपंचप्रकारकेविषय लोकोंनैं सुखके कारणमानेहैं ॥ तेशब्दादिकविषयभी मैंपरमात्माकूंही सुखकीप्राप्तिकरैहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ शब्दादिकविषयोंतैंप्रगटभयाजोसुख सो मैंआत्माकाहीस्वरूपहै ॥ शंका ॥ शब्दादिकविषयोंतैंउत्पन्नभयेसुखोंकूं आत्मरूपतासंभवैनहीं ॥ काहेतें सत्‌चित्‌आनंदरूप आत्माकालक्षण तिनसुखोंविषेहैनहीं ॥ समाधान ॥ जिनपुरुषोंकूं वेदांतवाक्योंतैं आत्माकायथार्थज्ञानभयाहै ॥ तेपुरुष शब्दादिकविषयजन्यसुखविषेभी वृत्तिरूपउपाधिकापरित्यागकरिकै सुखमात्रकूं सत्‌चित्‌आनंदरूपहीमानैहैं ॥ और आत्मज्ञानतैं रहित मूढपुरुषतौ शब्दादिकविषयोंकूंहीसुखरूपमानैहैं ॥ याकारणतैंही तत्त्ववेत्तापुरुषकूं विषयकीप्राप्तिकालविषेभी आत्मस्वरूपनित्यसुखकाहीभान शास्त्रविषेकह्याहै ॥ किंवा ॥ शब्दादिकविषयोंविषे जोसुख प्रतीतहोवैहै ॥ सोभी आनंदस्वरूपमैंआत्माकेसंबंधतैंही प्रतीतहोवैहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसे गुडविषेजोमधुरताहै सो किसीवस्तुकेसंबंधतैंनहीं ॥ किंतु स्वतःही गुडविषेमधुरताहै ॥ तागुडकाजिसवस्तुकेसाथसंबंधहोवैहै ॥ सोवस्तुभी मधुरप्रतीतहोवैहै ॥ तैसे मैंआत्माविषे जोआनंदरूपताहै ॥ सा

किसीकेसंबंधतैंनहीं ॥ किंतु मैंआत्मा स्वतःहीआनंदस्वरूपहूं ॥ तिसआनंदस्वरूपमैंआत्माकेसंबंधतैं शब्दादिकविषयोंविषेआनंद
रूपताप्रतीतहोवैहै ॥ स्वतः शब्दादिकविषयोंविषे आनंदरूपतानहीं ॥ तौभी आत्मज्ञानतैंरहितमूढपुरुष शब्दादिकविषयोंकूंही
सुखरूपमानैंहैं ॥ अन्यदृष्टांत ॥ जैसे वायुकास्पर्श शीतलनहीं तथाउष्णभीनहीं ॥ किंतु जलकेशीतस्पर्शतैं तथाअग्निकेउष्णस्प
र्शतैं विलक्षणहीवायुकास्पर्शहोताहै॥ तथापि शीतस्पर्शवालेजलकेसाथ तथाउष्णस्पर्शवालेतेजकेसाथ जबी वायुकासंबंधहोवैहै॥
तबी तासमुद्रसंबंधीवायुकूं शास्त्रसंस्कारोंतैंरहित मूढपुरुष शीतस्पर्शवालाकहैहैं ॥ तथा तेजसंबंधीवायुकूं उष्णस्पर्शवालाकहैहैं ॥
और विचारवान्पुरुष वायुकूं उष्णस्पर्शवाला तथाशीतस्पर्शवाला मानैंनहीं॥ काहेतैं जलकेसूक्ष्मअवयवोंकूं वायुउठाइलेआवैहै ॥
तिनजलकेअवयवोंका जबीशरीरसैंसंबंधहोवैहै तबी शीतलताप्रतीतहोवैहै॥ ते जलकेअवयव सूक्ष्महैं यातैं तिनोंका चाक्षुषप्र
त्यक्षहोवैनहीं॥ याप्रकार उष्णस्पर्शविषेभी जानिलेणा॥ तैसे शब्दादिकविषयोंविषे आनंदस्वरूपआत्माकेतादात्म्यसंबंधकरिकैही
आनंदरूपताहै॥ स्वतः शब्दादिकविषयोंविषे आनंदरूपतानहीं ॥ तथापि आत्मज्ञानतैंरहित मूढपुरुषोंकूं याप्रकारकीभ्रांतिहोवै
है ॥ विषयोंतैंहीहमारेकूंसुखकीप्राप्तिहोवैहै ॥ यातैं हेप्रतर्दन! मैंअद्वितीयआत्माही आनंदस्वरूपहूं ॥ शंका ॥ जो आत्माही आनं
दरूपहोवै ॥ तौ आत्मा सर्वदाविद्यमानहै ॥ किसीकालविषेभी आत्माकाअभावनहीं ॥ यातैं सर्वदा आनंदकीप्राप्तिहोणीचाहिये ॥
और सर्वदाआनंदकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ किंवा शब्दादिकविषयही हमारेकूंसुखकेदेणेहारे हैं याप्रकार संपूर्णलोक कथनकरैहैं
ताकेविषे कौनकारणहै?॥ समाधान॥ हेप्रतर्दन! सर्वबुद्धिआदिकजडसंघातकासाक्षी प्राणप्रज्ञास्वरूपमैंआत्माही एकसुखरूपहूं ॥
ऐसेमैंआत्माका जबी याजीवोंकूं अज्ञानहोवैहै ॥ तबी अज्ञानकरिकेआवृत्तहुए तेमूढपुरुष शब्दादिकविषयोंकेप्राप्तिकीइच्छाकरैहैं॥
ताइच्छाकरिकै अनंतदुःखोंकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ हेप्रतर्दन! तिनअज्ञानजन्यदुःखोंका तूभी पूर्वअनुभवकरिआयाहै ॥ यातैं आनंदरूप
आत्माकेसर्वदाविद्यमानहुएभी अज्ञानरूपआवरणकेवशतैं पुरुषोंकूं आत्मआनंदकाभानहोवैनहीं ॥ किंवा ॥ शब्दादिकविषय
हमारे सुखकाकारणहैं ॥ याप्रकार जोसर्वलोक कथनकरैहैं ॥ याकेविषे यहकारणहै ॥ शब्दादिकविषयोंकेअप्राप्तिकालविषे तिन

शब्दादिकोंकीइच्छाकरिकै पुरुषोंकीबुद्धि चंचलहोवैहै ॥ और जबी पूर्वपुण्यकेवशतैं तिनशब्दादिकविषयोंकीप्राप्तिहोवैहै ॥
तबी किंचित्काल ताइच्छाकीनिवृत्तिहोवैहै ॥ ताइच्छाकेनिवृत्तहुए किंचित्काल साबुद्धि चंचलतातैंरहित एकाग्रहोवैहै ॥ ज
बपर्यंत दूसरेपदार्थकीइच्छाउत्पन्ननहींभई ॥ तबपर्यंत साएकाग्रबुद्धि मैंआनंदस्वरूपआत्माकरिकैव्याप्तहोवैहै ॥ याकारणतैंही
साएकाग्रबुद्धिसुखरूपआत्माकीन्यांई सुखरूपहुई प्रतीतहोवैहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसे लोहपिंडविषे उष्णस्पर्श तथाप्रकाशमानता
यद्यपि नहींहै ॥ तथापि अग्निकरिकैयुक्तहुआलोहपिंड अग्निकेसमान उष्णस्पर्शवाला तथाप्रकाशमान् प्रतीतहोवैहै ॥ तैसे बु
द्धि यद्यपि सुखरूपनहीं तथापि आनंदस्वरूपमैंआत्माकरिकैव्याप्तहुई साएकाग्रबुद्धि सुखरूपहोइकेप्रतीतहोवैहै ॥ तात्पर्यय
ह ॥ आनंदरूपआत्माकेप्रतिबिंबयुक्तबुद्धिकी एकाग्रअवस्थाकूंही मूढपुरुष सुखरूपमानैहैं ॥ और साबुद्धिकीएकाग्रअवस्था
शब्दादिकविषयोंकीप्राप्तिकरिकैहीहोवैहै ॥ शब्दादिकविषयोंतैंविना साबुद्धिकीएकाग्रता होवैनहीं ॥ याप्रकार मूढपुरुष मानि
करिकै शब्दादिकविषय हमारेकूंसुखकीप्राप्तिकरैहैं याप्रकारकाकथनकरैहैं ॥ शंका ॥ हेभगवन्! आनंदरूपआत्माकेप्रति
बिंबयुक्तबुद्धिकीएकाग्रअवस्था जोलोकप्रसिद्धसुखहोवै तौ सर्वप्राणिमात्रकूं विषयजन्यसुख समानहोणाचाहिये ॥ और वि
षयजन्यसुख समानहोवैनहीं ॥ समाधान ॥ हेप्रतर्दन! जैसे छिद्रयुक्तजोसर्षपकादाणाहै ॥ सो महान्समुद्रविषेप्राप्तहुआ
भी आपणेछिद्रकेपरिमाणही जलकाग्रहणकरैहै ॥ आपणेछिद्रतैंअधिकजलका ग्रहणकरैनहीं ॥ तैसे आनंदसमुद्रमैंआत्माविषे
प्राप्तभयीजाविषयजन्यबुद्धि सा आपणेपरिमाणही आत्मानंदकूंग्रहणकरैहै ॥ आपणेपरिमाणतैंअधिकआनंदकूं बुद्धि ग्रहणकरै
नहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे अतिस्वच्छदर्पणविषे सूर्यकेप्रतिबिंबकी अधिकताहोवैहै ॥ और मलिनदर्पणविषे सूर्यकेप्रतिबिंबकी न्यू
नताहोवैहै ॥ तैसे शुद्धसत्वगुणयुक्तएकाग्रबुद्धिविषे आनंदस्वरूपआत्माकाप्रतिबिंब स्पष्टहोवैहै ॥ यातैं तहांआनंदकीअधिकता
प्रतीतहोवैहै ॥ और मलिनसत्वगुणयुक्तबुद्धिविषे आनंदकाप्रतिबिंब स्वष्टहोवैनहीं ॥ यातैं तहां आनंदकीन्यूनता प्रतीतहोवैहै ॥
याकारणतैंही चिरकालपीछे गृहविषेआयाजोपुरुष ॥ ताकूं जैसा प्रथम स्त्रीकेदर्शनतैं तथापुत्रादिकोंकेदर्शनतैं आनंदहोवैहै ॥ तै

सा पुनःदर्शनतें आनंदहोवैनहीं ॥ किंतु प्रथमदर्शनजन्यआनंदतें न्यूनआनंद होवैहै ॥ काहेतें प्रथम पुत्रादिकोंकेदर्शनतें बुद्धिअत्यंतएकाग्रहोवैहै ॥ यातें आनंदकीअधिकता प्रतीतहोवैहै ॥ और पश्चात् अन्यपदार्थोंकीइच्छाकरिकै बुद्धिचंचलहोवैहै ॥ यातें पुनःपुत्रादिकोंकेदर्शनहुएभी प्रथमजैसाआनंद होवैनहीं ॥ यातें यहसिद्धभया ॥ आनंदस्वरूपआत्माकेप्रतिबिंबयुक्त जाएकाग्रबुद्धिहै ॥ ताकूं मूढपुरुष सुखरूपमानेहैं ॥ सोसुख इच्छाकीनिवृत्तितेंविना होवैनहीं ॥ यातें इच्छाकीनिवृत्ति तासुखविषे कारणहै ॥ ता इच्छाकीनिवृत्ति शब्दादिकविषयोंकीप्राप्तितेंविनाहोवैनहीं ॥ यातें शब्दादिकविषयोंकूं सुखकाकारणमानिकै अविवेकीपुरुष तिनशब्दादिकविषयोंकीप्राप्तिविषे यत्नकरैहैं ॥ इसप्रकार छिक्कातथाकंडूयनआदिकोंतें जोसुखउत्पन्नहोवैहै ॥ तिसविषेभी पूर्वउक्तरीति जानिलेणी ॥ यातें हेप्रतर्दन! संपूर्णशरीरोंविषे आनंदस्वरूपमैंआत्माही सुखदेणेहाराहूं ॥ मेरेतेंभिन्नकोई सुखदेणेहारानहीं ॥ और सोईहीआनंदस्वरूपआत्मा तेरास्वरूपहै ॥ और हेप्रतर्दन! अद्वितीयआनंदस्वरूप मैंआत्माहूं याप्रकारकेआत्मज्ञानकरिकै अबतुमाराअज्ञाननिवृत्तभयाहै ॥ यातें स्थूलशरीरभी तुमारानहीं ॥ जबी स्थूलशरीरका तुमारेविषे अभावभया तबी स्थूलशरीरकेधर्मजरामरणादिक तुमारेविषे किसप्रकारहोवैंगे? किंतुनहींहोवैंगे ॥ और हेप्रतर्दन! बुद्धिआदिकोंकासाक्षीरूप जोतेरास्वरूपहै तिसविषे बुद्धिभीनहीं बुद्धिकेअभावहुए बुद्धिकेधर्मजेपुण्यपापादिकहैं तेभी तेरेस्वरूपविषेनहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे लोकविषे प्रकाश्यघटादिकोंकेधर्म प्रकाशकदीपकादिकोंकूं स्पर्शकरैनहीं ॥ तैसे प्रकाश्यबुद्धिकेपुण्यपापरूपधर्म प्रकाशकसाक्षीआत्माकूं स्पर्शकरैनहीं ॥ तिसपुण्यपापकेअभावहुए इसलोकविषे तथापरलोकविषे सुखदुःखरूपफलकाभोक्ता आत्माहोवैनहीं ॥ और हेप्रतर्दन! जोपुण्यपापरूपकर्मकेफलकाभोक्ताहोवैहै ॥ तिसकी अधिकभोगोंकरिकै वृद्धिहोवैहै ॥ और अल्पभोगोंकरिकै न्यूनता होवैहै और तू कर्मोंकाकरता तथाभोक्ता हैनहीं ॥ यातें तुमारीवृद्धि तथान्यूनता किसकारणतेंहोवै? किंतुनहींहोवैगी ॥ और हे प्रतर्दन! जोअद्वितीयआत्मा मेरास्वरूपहै सोईहीअद्वितीयआत्मा तेरास्वरूपहै ॥ और तूही सर्वकासाक्षी है ॥ ऐसाआत्मस्वरूप तू पुण्यपापरूपकर्मकेपराधीन कदाचित्भीनहीं ॥ किंतुआपणीसमीपताकरिकै बुद्धिआदिकोंकूं पुण्य तथापाप करावताहै ॥ हेप्रत

र्दन! तूपरमात्मादेव जिसपुरुषकूं स्वर्गविषेलेजाणेकीइछाकरैंहै तिसपुरुषकूं पुण्यकर्मकरावैंहै ॥ और जिसपुरुषकूं नरकविषेलै जाणेकी तूइछाकरैंहै तिसपुरुषकूं पापकर्म तूकरावैंहै ॥ और जिसपुरुषकूं मनुष्यलोकविषेलैजाणेकीतूइछाकरैंहै ॥ तिसपुरुषकूं पुण्यतथापापदोनों करावैंहै ॥ शंका ॥ पुण्यकर्मके तथापापकर्मके करावणेहारा जोपरमात्माकूंमानोंगे तौ जीवोंकीन्यांई विषमता तथानिर्दयता रूपदोषकीप्राप्ति परमात्माविषेभीहोवैगी ॥ समाधान ॥ पुण्यकर्मकरिकै यहपुरुष पुण्यकर्मवालाहोवैंहै और पापकर्मकरिकै पापकर्मवालाहोवैंहै ॥ याप्रकार श्रुतिविषे कथनकर्‍याहै ॥ और तिनपुण्यपापकर्मोंकाज्ञान अल्पज्ञजीवकूंहैनहीं ॥ किंतु सर्वज्ञपरमात्माकूंहै ॥ यातैं याजीवकेपूर्वपुण्यकर्मकेअनुसार उत्तरउत्तरजन्मविषे पुण्यकर्मोंकूंईश्वरकरावैंहै ॥ और याजीवकेपूर्वपापकर्मकेअनुसार उत्तरउत्तरजन्मविषे पापकर्मोंकूं परमात्माकरावैंहै ॥ यातैं परमात्माविषे विषमता तथानिर्दयतारूप दोषकीप्राप्ति नहीं ॥ यातैं हेप्रतर्दन! सर्वकर्मोंकाप्रेरकमैंपरमात्माकास्वरूपजोतूहै ॥ सोपुण्यपापरूपकर्मकेअधीननहीं ॥ किंवा ॥ हेप्रतर्दन! संपूर्णबुद्धिआदिकोंकासाक्षी तथासकलकाप्रेरक जोतेरास्वरूप मैंनैं कथनकर्‍याहै ॥ सोईहीतेरास्वरूप सर्वलोकोंकापालनकरैंहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसे माता बालकोंकापालनकरैंहै ॥ किंवा ॥ हेप्रतर्दन! जैसे गृहकास्वामी आपणेपुत्रादिकबांधवोंकूं नानाप्रकारकेभोगोंकीप्राप्तिकरिकै तृप्तकरैंहै ॥ तैसे तूपरमात्मादेवभी संपूर्णजगतकूंआपणामानिकरिकै नानाप्रकारकेभोगोंकीप्राप्तिकरिकै सर्वदातृप्तकरैंहै ॥ और हेप्रतर्दन! जैसे काष्ठतथामृत्तिकाकरिकैरचितप्रसिद्धसेतु जलकेमर्यादाकूंधारणकरैंहै ॥ तैसे पुण्यवान्जीव स्वर्गकूंप्राप्तहोवैंहैं ॥ और पापीजीव नरककूंप्राप्तहोवैंहैं ॥ याप्रकारकेमर्यादाकूंधारणकरणेहारे जे वेद तथाब्राह्मणादिकहैं ॥ तिनोंकेसाथ विरोधकरणेहारेजेराक्षसादिकहैं ॥ तिनोंकूं आपणेबलकरिकै तूपरमात्माही वशकरैंहैं ॥ दृष्टांत ॥ जैसे राजा आपणेबलकरिकैदुष्टपुरुषोंकूंवशकरैंहै ॥ और हेप्रतर्दन! स्थावर तथाजंगम सर्वभूतोंविषे आकाशकीन्यांई समानव्यापक जोपरमात्मादेवहै ॥ सो तेरेतांई हमनें कथनकर्‍या ॥ तिसअद्वितीयमैंपरमात्माकूंआत्मास्वरूपकरिकैतूजाण ॥ और हेप्रतर्दन! यहअद्वितीयआत्माकाज्ञानही मनुष्योंकेवासते हिततम हम मानतेहैं॥ आत्मज्ञानतैंविना कोईभीवस्तु जीवोंका

हिततमनहीं ॥ श्रीशंकरानंदमुनिरुवाच ॥ हेशिष्य आपणेप्रतिज्ञाकेसत्यकरणेवासते देवराजइंद्र इसप्रकार हिततमआत्मज्ञा
नकूं प्रतर्दनराजाकेतांई कथनकरताभया ॥ ताइंद्रकेउपदेशकूंश्रवणकरिकै सोप्रतर्दनराजा इंद्रकीन्यांई आत्मज्ञानयुक्तहोताभया ॥
और देवराजइंद्रकूं दंडवत्प्रणामकरिकै तथाइंद्रकेआज्ञाकूंपाइकै सोप्रतर्दनराजा आपणेश्रीकाशीपुरीकूंजाताभया ॥ तहां श्रीकाशी
पुरीविषेआइकै प्रारब्धकर्मकीसमाप्तिकरणेवासते नानाप्रकारकेभोगोंकूंभोगताभया ॥ और भोगोंकूंभोगिकरिकै जबीप्रारब्धकर्म
कीसमाप्तिभई ॥ तबी शरीरकापरित्यागकरिकै सोप्रतर्दनराजा इंद्रकेवास्तवअद्वितीयस्वरूपकूं प्राप्तहोताभया ॥ तात्पर्ययह ॥ ब्र
ह्मकेसाथ अभेदरूप जोविदेहमोक्षहै ताकूं प्राप्तहोताभया ॥ हेशिष्य! यहजोआत्मज्ञान हमनैं तेरेतांई कथनकऱ्याहै ॥ सोईही
आत्मज्ञान प्रतर्दनादिकमहान्अधिकारियोंनैं इंद्रादिकमहान्गुरुवोंतैंपायाहै ॥ यातैं यहआत्मज्ञानही अत्यंतदुर्लभहै ॥ पुनःसोआ
त्मज्ञानकैसाहै? ॥ जिसआत्मज्ञानकीअप्राप्तितैं गुरुपदवीकेयोग्यजेब्राह्मणहैं तेभी शिष्यभावकूंप्राप्तहोवैंहैं ॥ और जिसआत्मज्ञान
कीप्राप्तितैं शिष्यपदवीकेयोग्यक्षत्रियादिकभी गुरुभावकूंप्राप्तहोवैंहैं ॥ यातैं आत्मज्ञानही गुरुपणेकासंपादकहै ॥ किंवा ॥ आत्म
ज्ञानविषेजोमहानताहै ॥ सामहानता अन्यकिसीपदार्थविषेनहीं ॥ किंतु सामहानता आत्मज्ञानविषेहीहै ॥ याकारणतैंही छांदोग्य
उपनिषद्विषे ज्ञानकेसमान दक्षिणाकाअभाव कथनकऱ्याहै ॥ तहां यहप्रसंगहै ॥ आत्मज्ञानकीप्राप्तिकरणेहारेजेगुरुहैं ॥ तिनोंके
तांई जोशिष्य समुद्रपर्यंत पृथिवी दक्षिणादेवै ॥ तौभी आत्मज्ञानकेसमान सादक्षिणा नहींहोवैहै ॥ यातैं आत्मज्ञानहीसर्व
तैंअधिकहै ॥ किंवा ॥ लोकविषेभी गुरुशब्द अधिकअर्थकावाचकहोवैहै ॥ सोसर्वतैंअधिक अद्वितीयआत्माहै ॥ यातैं ताअ
द्वितीयआत्माकूंविषयकरणेहारा आत्मज्ञानभी अधिकहै ॥ यातैं यहसिद्धभया ॥ जिसकूंअद्वितीयआत्माकासाक्षात्कारभयाहै ॥
सोईहीगुरुपदवीकेयोग्यहै ॥ और जिनोंकूं आत्माकासाक्षात्कारनहींहै ॥ तेसंपूर्ण शिष्यपदवीकेयोग्यहैं ॥ ॥ इतिश्रीम
त्परमहंसपरिव्राजकाचार्य श्रीस्वामिउद्धवानंदगिरिपूज्यपादशिष्येण स्वामिचिद्घनानंदगिरिणा विरचिते प्राकृतआत्मपुराणे
कौषीतकीसारार्थप्रकाशे इंद्रप्रतर्दनाख्याननाम द्वितीयोऽध्यायःसमाप्तः ॥ २ ॥ ॥ द्वितीयाध्यायःसमाप्तः ॥ ॥

अथआत्मपुराणेस्वामिचिद्घनानंदगिरिकृतभाषायां
तृतीयाऽध्यायप्रारंभः ॥ ३ ॥

ॐश्रीगणेशायनमः ॥ श्रीगुरुभ्योनमः ॥ श्रीकाशीविश्वेश्वराभ्यांनमः ॥ अथ तृतीयअध्यायप्रारंभः ॥ तहांद्वितीयअध्यायविषे ऋग्वेदकेकौषीतकीउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्या ॥ तहां देवराजइंद्रनें प्रतर्दनराजाकेताईं प्राणप्रज्ञाउपहितआत्माका उपदेशकऱ्या ॥ तिसप्राणप्रज्ञारूपउपाधितेंभिन्नकरिकै आत्माकेजानणेविषे जोपुरुष समर्थनहीं है ॥ तिनमुमुक्षुपुरुषोंकेबोधकेवासते प्राणादिकउपाधियोंतेंभिन्नकरिकै आत्माकेवास्तवस्वरूपकूंकथनकरणेहारा जोकौषीतकीउपनिषद्काचतुर्थअध्यायहै ॥ ताकेअर्थकूं अब तृतीयअध्यायविषे निरूपणकरैहै तहां पूर्वअध्यायविषे आत्मज्ञानकूंही हिततमकह्या ॥ तिसकूंश्रवणकरिकै शिष्य अत्यंत आश्चर्यकूंप्राप्तहोताभया ॥ और संशयकरिकैयुक्तहुवा सोशिष्य आपणेगुरुकेप्रति याप्रकार पूँछताभया॥ शिष्यउवाच॥ हेभगवन्! प्रथमअध्यायविषे सनकादिकऋषियोंका तथावामदेवादिकअधिकारियोंका परस्परसंवादरूप इतिहासकरिकै ऋग्वेदकेऐतरेयउपनिषद्करिकैप्रतिपादितआत्मज्ञान आपनैं कथनकऱ्या ॥ सोकैसाआत्मज्ञानहै? ॥ संसाररूपशूलकेनिवृत्तिकासाधनहै॥ और द्वितीयअध्यायविषे इंद्रप्रतर्दनकेसंवादकरिकै तिसीहीआत्मज्ञानकूंदृढकरिकै हमारेताईं आपनैं कथनकऱ्या ॥ और पूर्वआपनैं यहकह्या ॥ यहआत्मज्ञानही मनुष्योंकाहिततमहै ॥ आत्मज्ञानतैंभिन्न कोईभीपदार्थ हिततमनहीं॥ याप्रकार आपकेवचनकूंश्रवणकरिकै मैंअबी कृतकृत्यभयाहूं॥ परंतु हमारेहृदयरूपकमलकूं आपकेवचनरूपपवनतैं उत्थानकूंप्राप्तभयासंशयरूपभ्रमर चलायमानकरैहै ॥ तात्पर्ययह॥ जैसे पवनकेवेगतैंउडिकरिकै भ्रमर कमलकूंचलायमानकरैहै ॥ तैसे पूर्वआपकेवचनतैंउत्पन्नभयासंशय हमारेहृदयकूं चलायमानकरैहै ॥ अब तासंशयकूंदिखावैहैं ॥ हेभगवन्! द्वितीयअध्यायकेअंतविषे आपनैं यहकह्या ॥ इसअद्वितीयआत्माकेअज्ञानतैं गुरुपदवीकेयोग्यब्राह्मणादिकभी शिष्यभावकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ और शिष्यपदवीकेयोग्यक्षत्रियादिकभी इसअद्वितीयआत्माकेज्ञानतैं गुरुभावकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ यहआपकाकथन हमारेकूंदुर्घटप्रतीतहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ याकहणेकरिकै आपनैं आत्मज्ञानकीस्तुतिकरीहै ॥ अथवा यहवार्तापूर्वकबीहुईहै ॥ यातैं आपने हमारेप्रतिकहीहै ॥ यहसंशय हमारेकूंहोवैहै ॥ और हेभगवन्! हमारेकूंतौ यहवार्ता दुर्घटप्रतीतहोवैहै ॥ काहेतें जैसे मुकुटकेधारणकरणेयोग्य मस्तकहोवैहै ॥ और पादोंविषेधारणकरणे

योग्य उपानहहोवैहै ॥ सोउपानह मस्तकविषेधारणहोवैनहीं ॥ और मुकट पादोंविषेधारणहोवैनहीं ॥ तैसे ब्राह्मणादिकोंविषेवर्त्तमा
नजोगुरुपणा सो क्षत्रियादिकशिष्योंविषे वर्तैनहीं ॥ और क्षत्रियादिकोंविषे वर्तमानजोशिष्यपणा सो ब्राह्मणोंविषे वर्तैनहीं ॥ याप्र
कारकीदुर्घटता हमारेकूं प्रतीतहोवैहै॥यातें हेभगवन्! आत्मज्ञानकीप्राप्तितें शिष्योंविषे गुरुपणा जोवेदविषे कहां कथनकऱ्याहोवै ॥
तौहमारेप्रति आप कथनकरो ॥ आपतैंभिन्न कोईदूसरापुरुषहमारेकूं बोधकरणेहाराहैनहीं ॥ इसप्रकार शिष्यकेवचनकूंश्रवणकरिकै
अत्यंतहर्षयुक्तहुवाश्रीगुरु शिष्यकेप्रति कहताभया ॥ श्रीगुरुरुवाच ॥ हेशिष्य! आत्मज्ञानकीप्राप्तितें शिष्यभी गुरुभावकूंप्राप्तहोवैहै
और आत्मज्ञानकीअप्राप्तितें गुरुभी शिष्यभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ यहजो हमनें पूर्वतुमारेताईं कथनकऱ्याहै सो आत्मज्ञानकीहम
नेस्तुतिनहींकरी ॥ किंतु यहवार्ता पूर्वहोइगईहै ॥ तहां कौषीतकीनामाऋषि बहुतकालपर्यंत तपकूंकरताभया ॥ तातपकेप्रभावतें
वेदमंत्रोंकेजानणेकीसामर्थ्यकूंप्राप्तहोताभया ॥ पुनःसोकौषीतकीनामाऋषि मुमुक्षुलोकोंकेकल्याणवासते आपणेशिष्योंकेप्रति कौ
षीतकीनामाउपनिषद्कूं कथनकरताभया ॥ ताकौषीतकीउपनिषद्विषे यहवार्ता कथनकरीहै ॥ तथा बृहदारण्यकउपनिषद्विषे सू
र्यभगवान् याज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति यहवार्ता कथनकरताभयाहै ॥ तहां यहकथनकऱ्याहै ॥ यद्यपि क्षत्रिय [illegible] यतीनोंवर्ण
शिष्यपदवीकेयोग्यहैं ॥ गुरुपदवीकेयोग्यनहीं ॥ और ब्राह्मण गुरुपदवीकेयोग्यहै ॥ शिष्यपदवीकेयोग्यनहीं ॥ तथापि आत्मज्ञान
कीप्राप्तिवासते ब्राह्मणभी क्षत्रियराजाकाशिष्य होताभयाहै ॥ यहवार्ता बृहदारण्यक तथाकौषीतकीउपनिषद्के चतुर्थअध्यायविषे
प्रसिद्धहै ॥ यातें हेशिष्य! आत्मज्ञानकेप्रभावतें शिष्यभी गुरुभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ यहजोहमनेंपूर्वकह्याहै ॥ सो आत्मज्ञानकीस्तुति
रूपअर्थवादनहीं किंतुयथार्थहै ॥ तहां कौषीतकीउपनिदषविषे बालाकिब्राह्मणका राजाकेसाथसंवादरूप पुरातनइतिहास क
थनकऱ्याहै॥ तिसइतिहासकूं तुम श्रवणकरो ॥ ताकेश्रवणतें यहतुमारासंशय निवृत्तहोवैगा ॥ गर्गगोत्रविषेहैउत्पत्तिजाकी ऐसाब
लाकनामा एकब्राह्मणहोताभया ॥ सो बलाकनामाब्राह्मणकैसा था॥ षट्अंगोंकरिकैयुक्तचारिवेद जिसनेअध्ययनकरे हैं ॥ और धर्म
विषेजिसकीनिष्ठाहै ॥ ऐसेबलाकनामाब्राह्मणकापुत्र बालाकिनामाब्राह्मण होताभया ॥ सोबालाकिब्राह्मणभी आपणेपिताकेसमान

ही वेदवेदांगविद्याविषेकुशलहोताभया ॥ परंतु मैंसर्वब्राह्मणोंतैंविद्याविषेअधिकहूं ॥ मेरेसमान कोईभीलोकविषेविद्वान्नहीं ॥
याप्रकारकेविद्यामदकरिकै तथाधनकेमदकरिकै तथायौवनकेमदकरिकै तिसबालाकिनामाब्राह्मणकी धर्मविषेनिष्ठा नहींहोतीभयी॥
और सोबालाकिब्राह्मण सर्वदिशावोंकेपंडितोंकूंजीतणेवासते हिमालयपर्वततैंआदिलैके सेतुबंधरामेश्वरपर्यंत जितनेमध्यविषे
कुरुदेश पांचालदेश काशीदेश मिथिलादेश इसतैंआदिलेके सर्वदेशोंविषे विचरताभया ॥ सोकैसाबालाकिहै॥जिसकीसर्वदेशोंविषे
कीर्तिप्रसिद्धहै ॥ और बोलणेविषे अत्यंतवाचालहै ॥ और आत्मातैंभिन्नसर्वअनात्मापदार्थोंकूं जानणेहाराहै ॥ और आत्मसाक्षात्का
रतैंरहितहै ॥ और प्राणकूंहीजिसनेआत्मामान्याहै ॥ ऐसाबुद्धिमान्सोबालाकिब्राह्मण आपणेविद्याकेबलकरिकै पांचालादिकदे
शोंविषेस्थितजेब्राह्मण तथाक्षत्रिय तथावैश्य तिनसंपूर्णोंकूं जीतताभया॥ इसप्रकार सर्वदेशोंकेब्राह्मणादिकोंकूंजीतिकरिकै अत्यंत
अभिमानकरिकैयुक्तहुआसोबालाकि काशीदेशकेब्राह्मणादिकोंकेजीतणेवासते कदाचित्काशीदेशविषे आवताभया॥ तहां काशीदे
शविषे एककाशीकेराजाकूंछोडिकरिकै जितनेब्राह्मणक्षत्रियवैश्यथे तिनसंपूर्णोंकूं सोबालाकिब्राह्मण जीतताभया ॥ पुनःसोबालाकि
ब्राह्मण अजातशत्रुनामाकाशीराजाकेजीतणेकीइच्छाकरिकै तहांराजाकेसमीप जाताभया ॥ सोकाशीकाराजा अजातशत्रु कैसाहै ?
अतिसैंकरिकैधर्मात्माहै ॥ और सर्वधर्मात्मापुरुषोंविषेमुख्यहै ॥ और विनयकरिकैयुक्तहै ॥ और सत्यविषेजिसकीस्थितिहै ॥ और
महात्मापुरुषोंकेसेवाविषे जिसकीनित्यहीप्रीतिहै ॥ और जिसकेबलतैंअधिकबलवाला कोईभीशत्रु भूमिविषेउत्पन्नभयानहीं ॥ या
कारणतैंही सोकाशीराजा अजातशत्रु यानामकूंप्राप्तभयाहै ॥ अथवा अंतरकेशत्रुजेअहंकारादिक हैं ॥ ते जिसकाशीराजाकेनष्टहुए
हैं ॥ याकारणतैं सोराजा अजातशत्रु यानामकूंप्राप्तभयाहै ॥ अब अंतरशत्रुवोंकेअभावकूंदिखावैहैं ॥ आपणेशत्रुवोंविषे तथामि
त्रोंविषे तथाशत्रुमित्रभावतैंरहितउदासीनपुरुषोंविषेजिसराजाकी स्वप्नविषेभीविषयबुद्धिनहीं ॥ किंतु सर्वविषेजाकीसमानबुद्धिहै ॥
और आपणेशरीरविषे तथाकृमिविषे जिसराजाकीविषमबुद्धिनहीं किंतु दोनोंविषेसमानबुद्धिहै ॥ तात्पर्ययह ॥ यह हमाराशत्रुहै
और यह हमारामित्रहै ॥ याप्रकारकीविषमबुद्धितैंही रागद्वेषादिक उत्पन्नहोवैहैं ॥ विषमबुद्धिरूपकारणकेअभावहुए रागद्वेषादिरू

पकार्यभी उत्पन्नहोवैनहीं ॥ और साविषमबुद्धि अजातशत्रुराजाविषैहैनहीं ॥ यातैं संपूर्णरागद्वेषादिकोंकाअभाव राजाविषेहै ॥ ऐसा अजातशत्रुराजा आपणीसभाविषैस्थितथा ॥ ताराजाकेजीतणेवासते सोबालाकि तहांजाताभया ॥ और विनाहीप्रसंगतैं सोबालाकि राजाकेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ हेराजन्! तू ब्रह्मज्ञानतैंरहितहै ॥ और जन्ममरणरूपसंसारसमुद्रविषेडूबाहुवाहै ॥ यातैं तुमारेतांई मैं ब्रह्मकावास्तवस्वरूप उपदेशकरताहूं ॥ तू मनकूंसावधानकरिकैश्रवणकर ॥ इसप्रकार बालाकिब्राह्मणकावचनश्रवणकरिकै सोअजातशत्रुराजा अत्यंतहर्षकूंप्राप्तहोताभया ॥ और बालाकिब्राह्मणकेप्रति याप्रकारकेवचनकूं राजा कहताभया ॥ हेबालाकि! ब्रह्मका मैंतुमारेतांई उपदेशकरताहूं यहजो आपने प्रसंगतैंविनाही वचनकह्या ॥ तिसवचनरूपवर्षाकरिकै हमारेकर्णोंकूं आपने शीतलकऱ्या ॥ और आपके यावचनकूंश्रवणकरिकै मेरेहृदयविषे अत्यंतआनंद उत्पन्नभयाहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसे किसीपुरुषका एकहीपुत्रहोवै ॥ सोपुत्र बहुतकालका किसीदूरदेशविषेगयाहोवै ॥ और किसीपुरुषतैं तापुत्रकामरणा पितानेश्रवणकऱ्याहोवै ॥ और सोताकापिता धनसंपत्तिकरिकैयुक्तहोवै ॥ और वृद्धअवस्थाकूंप्राप्तहुआहोवै ॥ ऐसेपिताकूं मरणकेसमीप कालविषे जोकदाचित् सोपुत्र आइकेप्राप्तहोवै ॥ तापुत्रकेवचनकूंश्रवणकरिकै जैसे तावृद्धपिताकूं आनंदहोवैहै ॥ तैसे ब्रह्मकेउपदेशकीप्रतिज्ञारूप आपकेवचनकूं श्रवणकरिकै मेरेकूंअत्यंतआनंद उत्पन्नभयाहै ॥ और हेबालाकि! हमारीसभाविषे अनेकबुद्धिमान्ब्राह्मण आवतेहैं ॥ और वेदोंकेपाठकूंउच्चारणकरिकै तथावेदोंकेअर्थकूंप्रकाशनकरिकै आपणेआपणेविचित्रकर्मोंकूं दिखावै ॥ और लोकविषेप्रसिद्ध जेनानाप्रकारकीविद्याहैं ॥ तिनविद्यावोंकूं तेब्राह्मणकथनकरै हैं ॥ और ब्रह्मविद्याकेप्रसंगकेप्राप्तहुएभी तथाहमारेकरिकैपूंछेहुएभी तेब्राह्मणब्रह्मविद्याकूं कोईकथनकरतानहीं ॥ तेकैसेब्राह्मणहैं ॥ विद्याकरिकै लोकविषेप्रसिद्धहैं ॥ और वृद्धअवस्थायुक्तहैं ॥ और अनंतहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ ब्रह्मविद्याकेनहींउपदेशकरणेविषे तीनकारणहोवैहैं ॥ एकतौ अप्रसिद्धि ॥ और दूसरा अयोग्यता ॥ और तीसरा असहायता ॥ यातीनोंकारणोंका इनब्राह्मणोंविषेअभावहै ॥ काहेतैं ब्रह्मविद्यावान्रूपकरिकै इनब्राह्मणोंकी सर्वत्रप्रसिद्धिहै ॥ यातैं अप्रसिद्धिरूपकारणभी इनोंविषेनहीं ॥ और यहब्राह्मण वृद्धअवस्थाकरिकैयुक्तहैं ॥ और

श्रद्धापूर्वक हमनैं इनोतैंब्रह्मविद्यापूछीहै ॥ यातैं अयोग्यतारूपकारणभी इनोंविषेनहीं ॥ और यहसहस्त्रब्राह्मण एकठेहुएहैं ॥ या
तैं असहायतारूपकारणभी इनोंविषेनहीं ॥ किंतु प्रसिद्धि तथायोग्यता तथासहायता यहतीनकारण ब्रह्मविद्याउपदेशके इनब्राह्म
णोंविषे विद्यमानहैं ॥ तथापि इनब्राह्मणोंने हमारेतांई कबीभीब्रह्मविद्याकाउपदेशकऱ्यानहीं ॥ और हेबालाकि! आपविषे याती
नोंकारणोंकाअभावहै ॥ काहेतैं बाल्यअवस्थाकरिकेयुक्तहो ॥ यातैं प्रसिद्धिरूपकारणभी आपविषेनहीं ॥ और हमने आपसेब्रह्मवि
द्यापूछीनहीं ॥ यातैं योग्यतारूपकारणभी तुमारेविषेनहीं ॥ और आप अकेलेहो ॥ यातैं सहायतारूपकारणभी आपविषेनहीं ॥ या
प्रकार उपदेशकेतीनकारणोंकेअभावहुएभी ब्रह्मकाउपदेश तुमारेतांई मैंकरताहूं ॥ यहजो आपनैं हमारेप्रति वचनकहा ॥ ताआ
पकेवचनकूंश्रवणकरिकै हम बहुतसंतोषकूंप्राप्तभयेहैं ॥ यातैं हेबालाकि! आप ब्रह्मकाउपदेशहमारेप्रतिकरो अथवा नहींकरो ॥ प
रंतु ब्रह्मउपदेशकीप्रतिज्ञारूपतुमारेवचनकी हमनैं यहदक्षिणा मनविषेधारणकरीहै ॥ एकसहस्त्रगौवां तैंब्रह्मवक्ताकेतांई मैंदेताहूं ॥
कैसीतेगौवांहैं ॥ घटकीन्यांई जिनोंकाऊधसहै ॥ और एकवर्षविषे वत्सीकूंदेणेहारीहैं ॥ और जिनोंकास्वभाव अत्यंतसौम्य
है ॥ ऐसे गौवोंकाएकसहस्त्र मैंतुमारेतांई देताहूं ॥ इसप्रकारकेवचनकूंकहिकरिकै सोअजातशत्रुराजा जैसे शास्त्रविषेगौदानकीवि
धिकहीहै ॥ तिसप्रकार सुवर्णादिकसामग्रीयुक्तसहस्त्रगौवोंकूं बालाकिकेतांई देताभया ॥ ब्रह्मउपदेशकी प्रतिज्ञामात्रतैं सहस्त्रगौ
वोंकेदेणेविषे अजातशत्रुराजाका यहअभिप्रायहै ॥ ब्रह्मवेत्ता तथाउदारताआदिकसर्वगुणसंपन्न मैंअजातशत्रुराजाकूं नजाणिकरि
कै यहब्राह्मण जनकराजाकेसमीपजावैहैं ॥ और मोहकेवशहुएतेब्राह्मण याप्रकारकेवचनकूं कथनकरैहैं ॥ जैसे पिता पुत्रोंके
तांई धनादिकपदार्थोंकूंदेवैहै ॥ तथा पुत्रोंकरिकैअध्ययनकरीविद्याकूंभी पिता श्रवणकरैहै ॥ तैसे जनकराजाभी ब्राह्मणोंकेतांई
धनकादान तथाब्रह्मविद्याकादान करैहै ॥ और आपभीजनकराजा ब्राह्मणोंतैंब्रह्मविद्याकाश्रवणकरैहै ॥ याप्रकार जोलोक कथन
करैहैं ॥ सो मैंअजातशत्रुराजाकेप्रभावकूंनजाणिकरिकै केवलभ्रांतितैंकथनकरैहैं ॥ काहेतैं जनकराजाकेप्रति जबीकोईब्राह्मण
ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरताहै ॥ तबी तिसउपदेशतैंअनंतर जनकराजा तिसब्राह्मणकेतांई सहस्त्रगौ दक्षिणादेताहै ॥ और मैंअजा

तशत्रुराजातों ब्रह्मविद्याहमतुमारेतांईंकथनकरते हैं याप्रकारकेवचनमात्रकहणेहारेब्राह्मणकेतांईभी सहस्रगौवोंकूंदेताहूं ॥ यातें ज
नकराजातैं हमारीउदारता अधिकहै ॥ तिसहमारीउदारताकूं नजाणिकरिकै जनकराजाकेसमीप लोक जावैहैं ॥ याप्रकार अजात
शत्रुराजाकेअभिप्रायकूं सोअल्पबुद्धिबालाकि नहींजाणताभया ॥ किंतु याप्रकार जाणताभया ॥ याअजातशत्रुराजाकूं ब्रह्मजानणे
की अत्यंतउत्कटजिज्ञासाहै ॥ याकारणतैं ब्रह्मविद्याकेउपदेशतैंप्रथमही सहस्रगौ हमारेतांई राजानैं दियाहै ॥ यातैं याराजाकी
जिज्ञासा पूर्णकरनीचाहिये ॥ याप्रकारकीभ्रांति बालाकिकूंहोतीभई ॥ और बालाकिनैं जोब्रह्मकास्वरूप आपणेगुरुतैंजान्याथा ॥
तिसीब्रह्मका राजाकेतांई उपदेशकरताभया ॥ तहां व्यष्टिरूपकूंधारणकरणेहाराजो अध्यात्महै ॥ और समष्टिरूपकूंधारणकरणेहा
राजो अधिदैवहै ॥ सोअध्यात्मअधिदैवरूपप्राणही ब्रह्महै ॥ याप्रकार अव्याकृतपर्यंत सविशेषप्राणरूपब्रह्म बालाकिनैं जान्या
था ॥ सो राजाकेतांई कथनकरताभया ॥ परंतु अव्याकृततैंपरे जोनिर्गुणब्रह्महै ॥ ताकूं बालाकिनैं जान्यानहींथा ॥ यातैं राजाके
तांई नहींकहताभया ॥ इसप्रकार जोजोब्रह्मकाउपदेश बालाकि राजाकेतांईकरै ॥ तिसतिसउपदेशकूं राजाअजातशत्रु हेबाला
कि यहहमनैंआगेजान्याहै याप्रकारकेवचनकरिकै तथानिषेधकाबोधकजोहस्तकीचेष्टाहै ताकरिकै खंडनकरताभया ॥ और पुनः
सोबालाकि याप्रकार कहताभया ॥ हेराजन्! आदित्य १ चंद्रमा २ विद्युत् ३ मेघमंडलकाशब्द ४ आकाश ५ वायु ६ अग्नि ७ ज
ल ८ यहअष्ट अधिदैवब्रह्मपुरुषहैं ॥ और प्रतिबिंबकेग्रहणकरणेयोग्य जोदर्पणादिकउज्ज्वलवस्तु १ और दशोंदिशारूपश्रोत्र २
और वेगकरिकैचलतेहुएपुरुषकेपश्चात्होणेवालाजोध्वनिरूपशब्द ३ औरपुरुषकेसमानहैआकारजाकाऐसाजोछायास्वरूप ४
और स्थूलशरीर ५ तथासूक्ष्मशरीर ६ और दक्षिणनेत्रविषेस्थितजोसूक्ष्मशरीरकाआकार ७ तथावामनेत्रविषेस्थितजोसूक्ष्मश
रीरकाआकार ८ यहअष्ट अध्यात्मब्रह्मपुरुषहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ आदित्यादिकषोडशस्थानोंविषेस्थित जेषोडशब्रह्मपुरुषहैं
तिनोंकूं ब्रह्मबुद्धिकरिकै मैं उपासनाकरताहूं ॥ यातैं हेराजन्! तूभी तिनषोडशपुरुषोंकूं ब्रह्मबुद्धिकरिकैउपासनाकर ॥ तिसउपास
नातैं तुमारेकूं महान्फलकीप्राप्तिहोवैगी ॥ याप्रकार बालाकिकेवचनकूंश्रवणकरिकै सोअजातशत्रुराजा बालाकिकेप्रति कहताभया

हेबालाकि ! इनषोडशब्रह्मपुरुषोंकूंहमनैं पूर्वभलीप्रकारजान्याहै ॥ और हमनैं पूर्व तिनब्रह्मपुरुषोंकी उपासनाभीकरीहै ॥ यातैं पूर्व जानीहुईवस्तुका पुनःउपदेशकरणा तुमाराव्यर्थहै ॥ इसप्रकार बालाकिनैं जोजोब्रह्मकास्वरूपजान्याथा तिनसंपूर्णोंकूं राजाअजातशत्रु हमनैं यहआगेजान्याहै ॥ याप्रकारकेउत्तरकरिकै खंडनकरताभया ॥ इसतैंपरे निर्गुणब्रह्मकेस्वरूपकूं सोबालाकिब्राह्मणजाणतानहीं ॥ जो राजाकेतांई उपदेशकरै ॥ और बालाकिनैं पूर्वयहप्रतिज्ञाकरीथी ॥ हेराजन् ! मैंतुमारेतांई ब्रह्मकाउपदेशकरताहूं ॥ साप्रतिज्ञा बालाकिकी मिथ्याहोतीभई ॥ यातैं ताबालाकिकामुख अत्यंतग्लानियुक्तहोताभया ॥ और चौरकीन्यांई नीचेमुखकरिकै सोबालाकि सभाविषेतूष्णींभावकूंप्राप्तहोताभया ॥ सोकैसाबालाकिहै? ॥ कुलमदकरिकै तथाविद्यामदकरिकै तथाधनमदकरिकै अत्यंतअहंकारीहुआहै ॥ और ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य यातीनवर्णोंकेतिरस्कारजन्यपापोंकरिकै नष्टहोगयीहैमुखकीकांतिजिसकी ॥ और शरदृऋतुकेमेघकीन्यांई व्यर्थहैगर्जनाजिसकी ॥ ऐसेबालाकिब्राह्मणकूं राजाअजातशत्रु देखिकरिकै ताबालाकिकेअभिमानकीनिवृत्तिवासते निर्दयपुरुषकीन्यांई उच्चस्वरकरिकै याप्रकारकावचन कहताभया ॥ हेदुष्टबुद्धिबालाकिविप्र! जिसब्रह्मज्ञानका तुमनैं हमारेप्रतिकथनकऱ्याहै ॥ इतनाहीतुमारेकूंब्रह्मज्ञानहै ? अथवा इसतैं अधिकभीकछुतेरेकूंज्ञानहै ? ॥ जोइसतैंअधिकतेरेकूं ज्ञानहोवै तौहमारेप्रतिकहो ॥ और हेबालाकि! तेरेतैंभीअधिकविद्यावालेसहस्त्रब्राह्मण इहांहमारीसभाविषेस्थितहैं ॥ परंतु विद्यामदकरिकैमोहित तेरेसमान कोईभीब्राह्मणनहीं ॥ किंतु एकतूही विद्यामदकरिकैमोहकूंप्राप्तभयाहै॥ यातैं हेबालाकि! जोतेरेकूं पूर्वउक्तज्ञानतैंअधिकज्ञानहोवै ॥ तौ हमारेप्रतिकहो ॥ इसप्रकार अजातशत्रुराजाकेवचनोंकूंश्रवणकरिकै सोबालाकिब्राह्मण याप्रकारकहताभया ॥ हेराजन् ! जिसब्रह्मकाउपदेश हमनैं तुमारेतांईकऱ्याहै ॥ सोईहीब्रह्मकास्वरूप गुरुनैं पूर्वहमारेतांई उपदेशकऱ्याहै ॥ इसतैंअधिकब्रह्मकेस्वरूपकाउपदेश गुरुनैं हमारेतांई कऱ्यानहीं ॥ यातैं पूर्वउक्तकार्यब्रह्मकेस्वरूपतैंभिन्न निर्गुणब्रह्मकेस्वरूपकूं मैं जानतानहीं ॥ इसप्रकार बालाकिब्राह्मणकेवचनकूंश्रवणकरिकै सोअजातशत्रुराजा याप्रकारकेवचनकूं बालाकिकेप्रति कहताभया ॥ हेबालाकिब्राह्मण ! जोतैंने पूर्वब्रह्मकास्वरूप हमारेतांई उपदेशकऱ्या ॥ तिसतेरेउपदेशकरिकै निर्गुणब्रह्मकास्वरूप जान्याजा

वैनहीं ॥ यातें मैंतुमारेतांई ब्रह्मकाउपदेशकरताहूं ॥ यहतुमारावचन मिथ्याहोवैंहै और मिथ्यावचनतेंपरेकोईपापकर्मनहीं ॥
याकारणतेंही बुद्धिमान्पुरुष आपणेवचनकूंमिथ्याकरैनहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ आपणेसत्यवचनकरणेविषे जोकदाचित्पुत्रस्त्रीधना
दिकपदार्थोंकाभीपरित्यागहोताहोवै तौ तिनपुत्रादिकोंकापरित्यागकरिकैभी बुद्धिमान्पुरुष आपणेवचनकूंसत्यकरैहैं ॥ आप
णेवचनकूंमिथ्याकरैनहीं ॥ काहेतें मिथ्यावादीपुरुष याजगत्विषे कर्मचांडालहोवैंहै ॥ तात्पर्ययह ॥ चांडाल दोप्रकारकेहोवैहैं ॥
एकतौ जातिकरिकैचांडालहैं ॥ जैसे प्रसिद्धश्वानादिकोंकूंभक्षणकरणेहारेचांडालहैं ॥ तिनोंविषे चांडालत्वजातिरहैहै ॥ और
दूसरे कर्मकरिकैचांडालहोवैहैं ॥ जैसे मिथ्यावादीपुरुषहैं ॥ मिथ्यावचनरूपकर्मकरिकै तेचांडालहैं ॥ तिनविषेभी जोपुरुष
स्वतंत्रहुआ गुरुकेसमीप तथा राजादिकोंकेसमीप मिथ्यावचनकूंकहैहै ॥ सोपुरुष विशेषकरिकैकर्मचांडालहै ॥ यातें मिथ्याव
चनकेसमान कोईभीपापकर्मनहीं ॥ किंवा ॥ वर्णिनांहिवधोयत्र तत्रसाक्ष्यनृतंवदेत् ॥ अर्थयह ॥ जहां ब्राह्मणादिकोंकीहिंसा
होतीहोवै ॥ तहांब्राह्मणादिकोंकीरक्षावासते साक्षीपुरुष मिथ्यावचनकूंभीउच्चारणकरै ॥ तामिथ्यावचनकरिकै साक्षीपुरुषकूं
पापहोवैनहीं ॥ उलटा पुण्यकीउत्पत्तिहोवैहै ॥ इसतेंआदिलेके जोशास्त्रनें मिथ्यावचनकहणेकेकारणकहेहैं ॥ तिनकारणोंतें
विना जोपुरुष मिथ्यावचनकूंकथनकरैहै तिसपुरुषकेजिह्वाकूं शस्त्रकरिकै यमकिंकर छेदनकरैहैं ॥ किंवा ॥ लोकविषे जितने
अधमपुरुषहैं तिनसंपूर्णोंविषे मिथ्यावचनकहणेवालापुरुषही मुख्यअधमहै ॥ किंवा ॥ जोपुरुष अग्निआदिकदेवतावोंके
समीप तथागुरुकेसमीप तथाराजाकेसमीप मिथ्यावचनकूंउच्चारणकरैहै ॥ तिसमिथ्यावादीपुरुषकूं विचारतेंविनाही राजा हनन
करै ॥ याप्रकार यद्यपि शास्त्रविषेकह्याहै ॥ तथापि हेपापिष्टबालाकि! तूंब्राह्मणहै ॥ याकारणतें तुमारेशरीरकाहननमैंनेंनहींक
र्या ॥ कैसामैंहूं सर्वधर्मकूंजानणेहाराहूं ॥ तिसविषेभी राजसभाविषे विशेषकरिकै मैंधर्मकूंजानताहूं ॥ किंवा ॥ हेबालाकि! अने
कसाधुब्राह्मणोंका तुमनें निरादरकर्याहै ॥ तापापकर्मकरिकैही मैंब्रह्मकाउपदेशतुमारेतांईकरताहूं यहतुमारीप्रतिज्ञा मिथ्याभई
है ॥ काहेतेंयहशास्त्रकासिद्धांतहै ॥ जोकोईअधमपुरुष समदर्शीसाधुब्राह्मणोंकूं शरीरकरिकै तथावाणीकरिकै तथामनकरिकै

दुःखकीप्राप्तिकरैहै तिसअधमपुरुषकेसर्वमनोरथोंकूं सूर्यादिकदेवता नष्टकरैहैं ॥ तिसपुरुषका कोईभीमनोरथ सिद्धहोवैनहीं ॥ किंवा ॥ जोपुरुष सर्वप्राणियोंकूंदुःखकीप्राप्तिकरैहै सोपुरुष इसलोकविषे तथापरलोकविषे आपणेकूंहीदुःखकीप्राप्तिकरैहै ॥ तथा जोपुरुष सर्वप्राणियोंकूंसुखकीप्राप्तिकरैहै सोपुरुष इसलोकविषे तथापरलोकविषे आपणेकूंहीसुखकीप्राप्तिकरैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे जोपुरुष आपणेमस्तककूं दूसरेकामस्तकजाणिकरिकै ताडनकरैहै ॥ सोपुरुष आपहीदुःखकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे आपणाआत्मास्वरूपजोसर्वप्राणीहैं तिनोंकूं आपणेतैंभिन्नमानिकरिकै जोपुरुष किसीप्राणिकूंदुःखकीप्राप्तिकरैहै सोअधमपुरुष आपणेकूंही दुःखकीप्राप्तिकरैहै ॥ किंवा ॥ हेबालाकि! विद्यादिकोंकेमदकरिकैउत्पन्नभयाजोमोह तामोहकरिकै तुमनैं बहुतसाधुब्राह्मणोंकानिरादरकऱ्याहै ॥ तिसनिरादररूपपापकर्मकाफल अबीतेरेकूंआइकेप्राप्तभयाहै ॥ यातैं हेबालाकि! ब्रह्मकाउपदेश मैंतुमारेतांईकरताहूं यहजोमिथ्यावचन तुमनैं हमारेप्रतिकथनकऱ्याहै ॥ ऐसामिथ्यावचन आजदिनतैंलेकरिकैकिसीकालविषे किसीपुरुषकेआगे तुमनैं नहींकहणा ॥ और हेबालाकि! शमदमादिकसाधनोंकरिकैयुक्त जेमुमुक्षुब्राह्मणहैं तिनोंकूं विशेषकरिकैगुरुहीशिक्षाकरैहै ॥ क्षत्रियादिक शमादिसाधनयुक्तब्राह्मणोंकेशासनाकरणेकूं यद्यपियोग्यनहींहैं ॥ तथापि तूशमदमादिकसाधनोंतैंरहितउन्मत्तब्राह्मणहै ॥ याकारणतैं हमनैं तुमारेकूं शासनाकरीहै ॥ तात्पर्ययह ॥ एकधर्मशास्त्रतौ याप्रकारकहैहै ॥ नाऽदंड्योनामराज्ञोऽस्ति धर्माद्विचलितःस्वकात् ॥ अर्थयह ॥ जोपुरुष आपणेवर्णाश्रमकेधर्मतैंरहितहुआ विपरीतआचरणकूंकरैहै सोपुरुष राजाकरिकै दंडकरणेयोग्यहै ॥ और दूसरेधर्मशास्त्रविषे यहकह्याहै ॥ अक्षतोब्रह्मणोव्रजेत् ॥ अर्थयह ॥ शरीरकादंड ब्राह्मणकूं राजानैं नहीं करणा ॥ यादोनोंशास्त्रोंकीव्यवस्थाकरिकै मैंनैं वाणीकरिकै तेरानिरादरकऱ्याहै ॥ तात्पर्ययह ॥ चारिप्रकारकादंड नीतिशास्त्रविषे कह्याहै ॥ धिक्दंड १ वाक्दंड २ धनदंड ३ शरीरदंड ४ याचारिप्रकारकेदंडविषे कोईभीदंड जोतुमारेकूंनकरियै तौ प्रथमशास्त्र व्यर्थहोवैगा ॥ ताप्रथमशास्त्रकीप्रमाणतावासते तुमारेविषे दंडकरणेकीप्राप्तिअवश्यहोवैहै ॥ तिनदंडोंविषेभी शरीरकादंड ब्राह्मणविषे अक्षतोब्राह्मणोव्रजेत् याद्वितीयशास्त्रकरिकैहीनिवारणकऱ्याहै ॥ यातैं शरीरकाहननरूपदंड ब्राह्मणविषेसंभवैनहीं ॥

और धनकाहरणरूपदंडभी ब्राह्मणविषेसंभवैनहीं ॥ काहेतें भिक्षुकब्राह्मणोंविषे धनकीयोग्यताहैनहीं ॥ और धिग्दंडतथा वाग्दंड दुरात्माब्राह्मणोंविषेसंभवैहै ॥ याकारणतें हेबालाकि! तुमारेकूं कठोरवाणीकरिकै हमनैं ताडनकऱ्याहै ॥ और हेबालाकि! धर्मशास्त्रविषे राजाकायहधर्मकह्याहै ॥ उत्तमपुरुषोंकेतांई तथाअधमपुरुषोंकेतांई राजानैं सर्वदाहितकाउपदेशकरणा ॥ याशास्त्रकूंअंगीकारकरिकै मैंतेरेतांई हितकाउपदेशभीकरताहूं सो तुम श्रवणकरो ॥ हेबालाकि! जोतुमनैं पूर्वषोडश ब्रह्मपुरुषकहेहैं ॥ तिनोंकेज्ञानतें मोक्षकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ किंतु तिनषोडशपुरुषोंका तथासकलप्रपंचका कारणजोपरमात्माहै तिसकेज्ञानतेंही मोक्षकीप्राप्तिहोवैहै ॥ यातें सोपरमात्माही तुमारेकूंजानणेयोग्यहै ॥ और तिसपरमात्माकाज्ञान गुरुकेउपदेशतेंविना होवैनहीं ॥ यातें आत्मज्ञानकीप्राप्तिवासते आपणेगुरुकेसमीप तुमजावो ॥ और गुरुकेउपदेशतें जो आत्मज्ञानकूं तूनहींसंपादनकरैगा तो यहविद्यामद वारंवारतुमारेकूं जन्ममरणरूपनरककीप्राप्तिकरैगा ॥ और हेबालाकि! जो परमात्मा इसजगत्केउत्पत्तिका तथास्थितिका तथालयका कारणहै ॥ सोईहीपरमात्मा ब्रह्मशब्दकाअर्थहै ॥ और ब्रह्मशब्दजन्यज्ञानकाविषयहै ॥ इसप्रकार राजाअजातशत्रुकेवचनकूंश्रवणकरिकै सोबालाकिब्राह्मण अभिमानतैंरहितहोताभया ॥ और याप्रकारकेअभिप्रायकरिकै सोबालाकि राजाअजातशत्रुकूंही गुरुरूपकरिकैनिश्चयकरताभया ॥ अब ताबालाकिकेअभिप्रायकूंदिखावैहैं ॥ तिसआत्माकेज्ञानतें पुरुषोंविषेगुरुपणाहोवैहै ॥ सोआत्मा अत्यंतगुरुहै ॥ ताआत्माकेउपदेशकरणेहारा जोकोईकपुरुष है ॥ तिसकूंभी गुरुपणायोग्यहै ॥ और अहंकारादिक जिसपुरुषकेआश्रितरहेहैं ॥ तिसकूंभी लघुताकीप्राप्तिकरैहैं ॥ यातें तेअहंकारादिक अत्यंतलघुहैं ॥ तिनअहंकारादिकोंकी जोपुरुष निवृत्तिकरैहै ॥ सोपुरुषभी गुरुहोणेकूंयोग्यहै ॥ यहदोनोंप्रकारकालक्षण याअजातशत्रुराजाविषेघटैहै ॥ काहेतें विद्यामद तथाधनमद तथाकुलमद यहतीनप्रकारकामद मेरेकूं नरककीप्राप्तिकरणेहारा है ॥ और इसलोकविषेभी जिसमदकेसंबंधतें महात्मापुरुषोंकीसभाविषे निरादररूपलघुताकूं मैंप्राप्तभयाहूं ॥ यातें विद्यादिकोंका मद अत्यंतलघुहै ॥ और अनंतप्रकारकेदुःखोंकूंकरणेहाराहै ॥ याप्रकारकेहमारेमदकूं याराजानैं अनादररूपउपायकरिकै निवृत्त

कन्याहै ॥ और राजा आपविद्यादिकमदतैंरहितहै ॥ यह गुरुकालक्षण याअजातशत्रुराजाविषेघटैहै ॥ यातैं यहअजातशत्रुराजा
ही हमारागुरुहोणेकूंयोग्यहै ॥ किंवा ॥ याअजातशत्रुराजाकापरित्यागकरिकै अन्यकिसीगुरुकेसमीप जोमैंजावोंगा ॥ तौ हमारे
विषे कृतघ्नतादोषकीप्राप्तिहोवेगी ॥ काहेतैं? जोपुरुष किसीपुरुषकेकियेउपकारकूंनहींमानता सोपुरुष कृतघ्नहोवै है ॥ और यारा
जानैं हमारेअहंकारादिकोंकीनिवृत्तिकरीहै ॥ यातैं याराजानैं हमारेऊपरि महानूउपकारकन्याहै ॥ ताराजाकेउपकारकूं नमानिक
रिकै जोमैं अन्यगुरुकेसमीपजावोंगा तौ मैंभी कृतघ्नहोवोंगा ॥ यातैं याअजातशत्रुराजाकूंही गुरुमानिकै याकेशरणकूंप्राप्तहो
वों ॥ किंवा ॥ इसलोकविषे राजाअजातशत्रु जैसे ब्रह्मकेवास्तवस्वरूपकूंजाणताहै ॥ तैसे दूसराकोईपुरुष ब्रह्मकेवास्तवस्वरूप
कूंजाणतानहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे लोकविषे द्वितीयाकाचंद्रमा जिसपुरुषनैं नेत्रोंकरिकैप्रत्यक्षदेख्याहोवै ॥ सोईहीपुरुष दूसरे
पुरुषकूं चंद्रमादिखावणेमैंसमर्थहोवैहै ॥ और जिसपुरुषनैं आप चंद्रमानहींदेख्या सोपुरुष दूसरेकूं चंद्रमादिखावणेमैंसमर्थहोवै
नहीं ॥ तैसे याराजातैंभिन्नपुरुषोंनैं ब्रह्मकेवास्तवस्वरूपकूंजान्यानहीं तौ हमारेप्रति ब्रह्मकेवास्तवस्वरूपकूं ते कैसेकहेंगे ? ॥ किं
वा ॥ पूर्वजिनगुरुवोंतैं मैंविद्याअध्ययनकरीहै तिनोंकूंभी ब्रह्मकेवास्तवस्वरूपकाज्ञाननहीं ॥ काहेतैं? जोतिनोंकूंब्रह्मकेवास्तवस्व
रूपकाज्ञानहोता तौ प्राणकेसमानप्रियमैंशिष्यकेताईं तेगुरु ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरते॥ और तिनगुरुवोंनैं ब्रह्मविद्याकाउपदेश
हमारेताईं कन्यानहीं ॥ किंतु जितनीविद्या तिनगुरुवोंकूंआवतीथी तितनीसर्वविद्या तिनगुरुवोंनैंहमारेताईं अध्ययनकराईहै ॥
ब्रह्मविद्या तिनगुरुवोंनैं हमारेप्रतिकहीनहीं ॥ यातैं यहजान्याजावैहै ॥ तिनगुरुवोंकूं ब्रह्मकेवास्तवस्वरूपकाज्ञाननहीं ॥ और हिं
मालयतैंआदिलेकैसेतुबंधरामेश्वरपर्यंत ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य यातीनवर्णोंविषे जितनेप्रसिद्धविद्वानूहैं ॥ तिनसंपूर्णोंकूं मैंपराजय
करिकै राजाअजातशत्रुकेपराजयकरणेवासते इहांआयाहूं ॥ यातैं याराजातैं तथापूर्वहमारेगुरुवोंतैं भिन्नजितनेकीब्राह्मणादिकवि
द्वानूहैं ॥ तेसंपूर्ण हमारेशिष्यभावकूंप्राप्तभयेहैं ॥ यातैं तिनोंतैंभी ब्रह्मविद्याकेप्राप्तिकीसंभावना होवैनहीं ॥ जोतिनब्राह्मणादि
कोंकूं ब्रह्मविद्याआवतीहोती तौ हमारेसैंपराजयकूंप्राप्तनहींहोते ॥ और तिनसंपूर्णब्राह्मणोंकूं मैंपराजयकरिआयाहूं ॥ यातैं ति

नोंविषेब्रह्मविद्याकीसंभावनाहोवैनहीं ॥ और यहअजातशत्रुराजा यद्यपिहैतौमनुष्य ॥ तथापि गुणोंकरिकैंदेवतावोंकेसमानहै ॥ अ
थवा देवतावोंतैंभीअधिकगुणवान्है ॥ काहेतैं ? यहअजातशत्रुराजा प्रमादतैंरहितहुवा ब्रह्मविद्याकूंधारणकरैहै॥और अधिकारीमुमु
क्षुजनोंकेतांईभी ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरैहै ॥ यातैं यहअजातशत्रुराजा देवतावोंतैंभीअधिकहै ॥ और इंद्रादिकदेवतातौ देवांग
नावोंकेमुखकादर्शनरूपमदिरापानकरिकै अत्यंतमोहकूंप्राप्तभयेहैं ॥ यातैं तेदेवता ब्रह्मविद्याकूंजाणतेहुएभीनहींजाणते ॥दृष्टांत॥
जैसे याभूमिलोकविषे मद्यपानकरणेहारेपुरुष आपणेगृहादिकोंकूंजाणतेहुएभीनहींजाणते ॥ और यहअजातशत्रुराजा इतनील
क्ष्मीकूंपाइकेभी मुनिलोकोंकीन्यांई अभिमानतैंरहितहै ॥ और पुत्रादिकप्रियवस्तुकेप्राप्तहुए याअजातशत्रुराजाकूं हर्षनहींहोता ॥
और अप्रियवस्तुकेप्राप्तहुए याराजाकूंशोकनहींहोता ॥ तात्पर्ययह ॥ जिसवस्तुविषे पुरुषकारागहोवैहै तिसवस्तुकेप्राप्तहुए ता
पुरुषकूं हर्षउत्पन्नहोवैहै ॥ यातैं रागही हर्षकाकारणहै ॥ और जिसवस्तुविषे पुरुषकाद्वेषहोवैहै तावस्तुकेप्राप्तहुए तिसपुरुषकूं
पीछेशोकउत्पन्नहोवैहै यातैं द्वेषहीशोककाकारणहै॥ सोराग तथाद्वेष याअजातशत्रुराजाविषे हैनहीं यातैं हर्ष तथाशोकभी यारा
जाविषेसंभवैनहीं॥ काहेतैं? याअजातशत्रुराजाकूं जैसे आपणेपुत्रहै तैसेहीशत्रुहैं॥ पुत्रोंविषे याराजाकारागनहीं ॥ और शत्रुवोंवि
षे याजाकाद्वेषनहीं ॥ किंवा ॥ यालोकविषे एकअजातशत्रुराजाही कामक्रोधतैंरहितहै ॥ दूसराकोईपुरुष कामक्रोधतैंरहितहैन
हीं ॥ काहेतैं जोयहराजा कामदोषवालाहोता तौ हमारेतांई सहस्त्रगौवोंकूंनहींदेता ॥ और यहअजातशत्रुराजातौ मैंब्रह्मकाउप
देशतुमारेप्रतिकरताहूं याहमारेवचनमात्रकरिकै सहस्त्रगौवां हमारेतांईदेताभयाहै॥ यातैं याराजाविषे कामदोषनहीं ॥ और जेपु
रुष कामदोषयुक्तहोवैहैं ते सुपात्रविषेदानकरैनहीं ॥ किंतु कुपात्रजेवेश्यादिकस्त्रियां हैं तथा वेश्याकेपृष्ठदेशविषे वादित्रोंकूंब
जावणेहारेजेपुरुषहैं तथा नानाप्रकारकेकौतुकोंकूंकरणेहारे जेनटादिकहैं इसतैंआदिलेकेजितनेकीकुपात्रहैं तिनकुपात्रोंकूं स
हस्त्ररुपैये कामीपुरुषदेवैहैं ॥ परंतु ब्रह्मवेत्तासुपात्रपुरुषकेतांई पंचकौडीभी कामीपुरुष देसकतेनहीं ॥ यातैं यहसिद्धभया॥ जिन
जिनपुरुषोंकाद्रव्य सुपात्रोंविषेखरचहोवैहै ॥ तेपुरुष कामदोषतैंरहितहैं ॥ और जिनपुरुषोंकाद्रव्य कुपात्रोंविषेखरचहोवैहै ॥ तेपु

रुष कामदोषवालेहैं ॥ और याअजातशत्रुराजाकाद्रव्य सुपात्रोंविषेहीखरचहोवैहै ॥ यातें यहराजा कामदोषतैंरहितहै ॥ किंवा ॥ कामदोषकरिकैजन्य जेजन्ममरणादिकदोषहैं तिनदोषोंकूं जोपुरुष जानताहै सोईहीपुरुष कामदोषतैंरहितहोवैहै ॥ कामजन्यदोषकेज्ञानतैंरहितपुरुष कामतैंरहितहोइसकैनहीं ॥ और यहअजातशत्रुराजा कामजन्यजन्ममरणादिकदोषोंकूंभलीप्रकारजाणेहै॥ यातें यहराजा कामदोषतैंरहितहै ॥ किंवा ॥ याअजातशत्रुराजाविषे क्रोधभीनहीं ॥ काहेतें? जेक्रोधवान्पुरुषहोवैहैं तिनोंका जबीकोईपुरुष अपराधकरैहै ॥ तबी तेक्रोधीपुरुष तिसअपराधीपुरुषकूंमारैहैं ॥ अथवा तिसअपराधीपुरुषकेमारणेविषेजोसमर्थनहींहोवैहैं तौ आपणेमस्तककूंताडनकरैहैं ॥ यहक्रोधवान्पुरुषोंकालक्षणहै ॥ सोलक्षण याराजाविषेहैनहीं ॥ काहेतें? सभाविषेआइके मैंअज्ञानीनें याब्रह्मवेत्ताअजातशत्रुकी अवज्ञाकरीभी ॥ तौभी यहराजा हमारेऊपरिक्रोधवान्नहींभया॥ उलटा हमारेहितकीइच्छाकरैहै ॥ यातें याराजाविषेक्रोधनहीं ॥ जो याराजाविषेक्रोधहोता तौ हमअपराधीकेहितकीइच्छानहींकरता॥ किंवा हमनें पूर्व आपणेगुरुवोंकेमुखतें तथाशास्त्रतें यहश्रवणकऱ्याहै ॥ एकब्रह्मवेत्तापुरुषकूंछोडिकरिकै सर्वप्राणिमात्रकेहृदयविषे कामक्रोधरहेहैं ॥ और ब्रह्मवेत्तापुरुषविषे कामक्रोधरहैंनहीं॥ याप्रकार गुरुशास्त्रकेवचनतैंभी यहअजातशत्रुराजाही ब्रह्मवेत्तासिद्धहोवैहै ॥ काहेतें याराजाविषे कामका तथाक्रोधका अभावहै ॥ यातें ऐसेब्रह्मवेत्ताराजाकापरित्यागकरिकै ब्रह्मविद्याकीप्राप्तिवासते अन्यकिसीदेवताकेसमीपजाणा हमारेकूंउचितनहीं ॥ किंवा देवतावोंतैंब्रह्मविद्याकीप्राप्तिविषे हमारेकूंसंशयहोवैहै॥काहेतें? इसलोकविषे जैसे मनुष्यादिकोंका प्रत्यक्षदर्शनहोवैहै ॥ तैसे देवतावोंका प्रत्यक्षदर्शन किसीपुरुषकूंहोतानहीं ॥ और जोदेवतावोंकेदर्शनवासते अनेककालपर्यंत मैंतपकूंकरोंगा ॥ तौभी इसीजन्मविषे हमारेकूं तिनदेवतावोंकादर्शनहोवैगा ॥ अथवा दूसरेजन्मविषे तिनदेवतावोंकादर्शन हमारेकूंहोवैगा॥ यहसंशय हमारेकूंहोवैहै ॥ किंवा ॥ महान्तपकरिकै इसीजन्मविषेदेवतावोंकादर्शनहुआभी ॥ तौभी सर्वदेवतावोंविषेमुख्यब्रह्मवेत्ता कोईविरलाहीदेवताहोवैहै ॥ किंवा ॥ तपकेप्रभावतें कदाचित् तिसमुख्यब्रह्मवेत्तादेवताकादर्शनभी हमारेकूंहोवै ॥ तौभी सोदेवता रजोगुणकरिकैयुक्तहै ॥ यातें हमारेतांई ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरैगा॥ अथवा

नहींउपदेशकरैगा ॥ अथवा किसीद्रव्यादिकपदार्थोंकीप्राप्तिकरिकै हमारेकूं मोहउत्पन्नकरैगा ॥ याप्रकारकासंशय हमारेकूंहो वैहै ॥ यातें देवतावोंकेउपदेशतैंब्रह्मविद्याकीप्राप्तिविषे हमारेकूं संभावनाहोवैनहीं ॥ और देवतावोंतैंभिन्न जितनेंइसलोकविषे ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य यातीनवर्णोंमें प्रसिद्धविद्वान्हैं तेसंपूर्ण हमारेतैंपराजयकूंप्राप्तभयेहैं ॥ यातें तिनोंतैंभी ब्रह्मविद्याकेप्राप्ति कीसंभावना हमारेकूंहोवैनहीं ॥ इसप्रकारकाविचारकरिकै सोबालाकिब्राह्मण ब्रह्मविद्याकीप्राप्तिवासते हस्तविषेकाष्ठोंकूंधारणकरि कै तिसअजातशत्रुराजाकेसमीप जाताभया ॥ दृष्टांत ॥ जैसे ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य यातीनवर्णोंकाबालक अष्टमवर्षविषे हस्तोंमें काष्ठोंकूंग्रहणकरिकै औरआचार्यकेसमीपजाइके याप्रकारकीप्रार्थनाकरैहैकि हेभगवन्! मैंतुमाराशिष्यहूं यातें हमारेकूंउपदेश करो ॥ तैसे बालाकिब्राह्मणभी राजाअजातशत्रुकेसमीपआइके याप्रकार कहताभया ॥ हेभगवन्! मैंतुमाराशिष्यहूं यातें हमा रेतांई ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरो ॥ याप्रकारकेवचनकरिकै बालाकि इसअर्थकूंबोधनकरताभया ॥ इसलोकविषे जोकोईपुरुष ब्रह्म विद्याकरिकैअधिकहै ॥ सोईहीपुरुष गुरुपदवीकेयोग्यहै ॥ सो ब्राह्मणहोवै ॥ अथवा क्षत्रियहोवै ॥ अथवा वैश्यहोवै ॥ अथवा शूद्रहोवै ॥ अथवा स्त्रीहोवै ॥ अथवा नपुंसकहोवै ॥ अथवा राक्षसहोवै ॥ सर्वथा ब्रह्मविद्यावाला गुरुपदवीकेयोग्यहै ॥ और जिस पुरुषकूं ब्रह्मविद्याकीप्राप्तिनहींभई सो ब्राह्मणभीहोवै तथा अन्यविद्यावोंविषेबृहस्पतिकेसमानहोवै तौभी सोपुरुष शिष्यप दवीकेयोग्यहै ॥ गुरुपदवीकेयोग्यनहीं ॥ एकब्रह्मवेत्ताही गुरुपदवीकेयोग्यहै ॥ याप्रकार आपणेअभिप्रायकूं सोबालाकि बोधनक रताभया ॥ हेशिष्य ! इसप्रकार अभिमानतैंरहितबालाकिकूं राजाअजातशत्रु देखिकरिकै आपणेआसनतैंउठताभया ॥ और दो नोंहस्तोंकूंजोडिकरिकै सोराजा बालाकिकेतांई प्रमाणकरताभया ॥ और याप्रकारकेवचनकूं सोराजा बालाकिकेतांई कहताभया ॥ हेबालाकिब्राह्मण! इसलोकविषे ब्रह्मानैं ब्राह्मणत्वजातिवालेसर्वब्राह्मणोंकूं गुरुरूपकरिकैउत्पन्नकऱ्याहै ॥ और क्षत्रियादिकअन्यव र्णोंकूं स्वभावतें शिष्यरूपकरिकै ब्रह्मानैं उत्पन्नकऱ्याहै ॥ यातें हेबालाकि! तूब्राह्मणहोइके मैंक्षत्रियकेशिष्यभावरूपविपरीतकर्मकी इच्छा किसवासतेकरताहै?॥किंतु यहविपरीतकर्मकरणा तुमारेकूंउचितनहीं ॥ किंवा ॥ हेबालाकि ! विपरीतकर्मविषेप्रवृत्ति तिनका

रणोंतेंहोवैहै ॥ एकतौ क्रोधकरिकैविपरीतकर्मविषेप्रवृत्तिहोवैहै ॥ और दूसरा भयकरिकैविपरीतकर्मविषेप्रवृत्तिहोवैहै ॥ और तीसरा अज्ञानकरिकैविपरीतकार्यविषेप्रवृत्तिहोवैहै ॥ तहां क्रोधकरिकैजोआपकी याविपरीतकर्मविषेप्रवृत्तिहोतीहोवै ॥ तौ हमारेऊपरिक्षमाकरिकै ताक्रोधकीनिवृत्तिकरो ॥ तात्पर्ययह मैंअल्पबुद्धिबालकनैं राजधर्मकूंअंगीकारकरिकै जेजेकटुवचन तुमारे तांईकहैहैं तिनसंपूर्णहमारेअपराधोंकूं तुम क्षमाकरो ॥ क्षमाकरणाब्राह्मणोंकास्वभावहै ॥ किंवा ॥ हेबालाकि! मैंने जोआपकूंकटुवचनकहेहैं ॥ सोविनाअपराधतेंनहींकहे ॥ किंतु हमनैं बहुतजनोंकेमुखतें याप्रकारकावचन श्रवणकऱ्याथा ॥ जोबालाकि धनमदकरिकैतथाकुलमदकरिकै तथाविद्यामदकरिकै अनंतसाधुब्राह्मणोंकानिरादरकरैहै ॥ और हेबालाकि! जैसा हमनैं पूर्वश्रवणकऱ्याथा तैसाही हमनैं तुमारेकूंदेख्या ॥ इसीकारणतें तुमारेमदकीनिवृत्तिवासते हमनैं तुमारेकूंकटुवचनकहैहैं ॥ और हेबालाकि! तुमारेप्रति जोहमनैं कटुवचनकहेहैं ॥ सो आपणेप्रमादतेंनहींकहे ॥ किंतु धर्मशास्त्रकेअनुसारकहेहैं ॥ काहेतें? धर्मशास्त्रविषे यहकह्याहै ॥ दुराचारीजेब्राह्मणहैं ॥ तिनोंकेदुराचरणकूं भलीप्रकारनिर्णयकरिकै राजानैं तिनब्राह्मणोंका वाणीकरिकैनिरादरकरणा ॥ याप्रकार धर्मशास्त्रविषे हमनैंश्रवणकऱ्याहै ॥ याकारणतें हमनैं तुमारेकूंकटुवचनकहैहैं ॥ किंवा ॥ हेबालाकि! आपसरीखेब्राह्मणलोकोंनैंही हमारेप्रति राजधर्मकाउपदेशकऱ्याहै ॥ तिसधर्मकेआचरणविषे जोहमाराकोईप्रमाद आप देखतेहोवो तौ भी हमबालकऊपरिक्षमाकरो ॥ और हेबालाकि! तुमारेक्षोभकूंदेखिकरिकै हमारेकूं बहुतशोकहुआहै ॥ जोहमारेकूं धिक्कारहै ॥ और हमारेराजकूंभीधिक्कारहै ॥ तथा राजसंबंधीधर्मोंकूंभी धिक्कारहै ॥ जिनराजसंबंधीधर्मोंकूंअंगीकारकरिकै हमनैं ब्राह्मणकानिरादरकऱ्याहै ॥ किंवा ॥ हेबालाकिब्राह्मण! मेरेभयतें जोतू याविपरीतकर्मविषेप्रवृत्तहोताहोवै ॥ सोकदाचित् नहींहोणा ॥ काहेतें? नीचजातिवालाजोकोईअपराधीप्राणीहोवैहै तिसकूंभी हम हनननहींकरते तौ तुमसरीखेउत्तमब्राह्मणोंकूं हम कैसेहननकरेंगे? ॥ हेबालाकि! जेकोईपुरुष चोरीरूपप्रथमअपराधकूंकरैहैं ॥ तिनचौरपुरुषोंकेतांई धनादिकपदार्थोंकूंदेकरिकै चोरीकरणेतें मैंनिवृत्तकरताहूं ॥ ताधनकूंलेकरिकैभी तेपुरुष पुनःचोरीरूपदूसरेअपराधकूं जबीकरैहैं ॥ तबी तिनपुरुषोंकूंआपणेदेशतें मैंनिकासिदेता

हूं ॥ तादेशकेनिकासणेतैंअनंतरभी तेपुरुष जबीचोरीरूपतृतीयअपराधकूंकरै हैं ॥ तबी श्वानकेपदसमानहैआकारजिसका ऐसीजोलोहेकीमुद्राहै तिसकूंअग्निविषेतपाइके तिनचौरोंकेमस्तकविषेदेवैहैं ॥ और जबी तेपुरुष पुनःचतुर्थवार चोरीआदिक अपराधकूंकरैहैं ॥ तबी तिनपुरुषोंकेएकहस्तकाछेदन हम करैहैं ॥ और तेपुरुष पुनःपंचमवार जबी चोरीआदिकअपराधकूंकरैहैं ॥ तबी तिनचौरोंके दूसरेहस्तकाछेदन हमकरैहैं ॥ और तेपुरुष पुनःषष्ठवार चोरीआदिकअपराधकूं जबीकरैहैं ॥ तबी तिनोंकेएकपादकाछेदन हमकरैहैं ॥ और तेपुरुष पुनःसप्तमवार जबी चोरीआदिकअपराधकूंकरैहैं ॥ तबी तिनोंकेद्वितीयपादकाछेदन हमकरैहैं ॥ इसप्रकार सप्तवार अपराधकरणेहारेपुरुषोंकूं हम प्राणोंतेंरहितकरतेनहीं ॥ जबी तेपुरुष अष्टमवार अपराधकूंकरैहैं ॥ तबी तिनपुरुषोंकूं हम हननकरैहैं ॥ और हेबालाकि! युद्धविषेभी शत्रुकूं धर्मयुद्धतैंही मैंहननकरताहूं ॥ धर्मतैंकिसीशत्रुकूं मैंहननकरतानहीं ॥ काहेतैं? जोशूरवीर युद्धकरणेवासते हमारेसन्मुखहोवैहै ॥ और षोडशवर्षतैंअनंतर पंचास वर्षपर्यंत आयुषवालाहोवैहै ॥ और सावधानहोवैहै ॥ और प्रथम हमारेऊपरिशस्त्रकूंचलावैहै ॥ ऐसेशूरवीरकूं पश्चात् मैं हननकरताहूं ॥ वृद्धअवस्थावानकूं तथाबाल्यअवस्थावानकूं तथाअसावधानपुरुषकूं युद्धविषे मैंहननकरतानहीं ॥ और हेबालाकि! शत्रुवोंकूं तथाअपराधी पुरुषोंकूंभी जबी मैंहनननहींकरता ॥ तबी संपूर्णदेहधारियोंकरिकैपूजणेयोग्य तुमब्राह्मणोंकूं मैं कैसेहनन करूंगा? ॥ किंतु ब्राह्मणकूं कदाचित् मैंहनननहींकरता ॥ यातैं हेबालाकि! याप्रकारकेहमारेस्वभावकूंविचारिकरिकै तुम भयतैंरहितहोवो ॥ तात्पर्ययह ॥ ब्राह्मणहोइके क्षत्रियकाशिष्यहोणा यहविपरीतकर्म दोनोंलोकोंविषेनिंदितहै ॥ तानिंदितकर्मविषे हमारीभयकरिकै तुमप्रवृत्तमतहोवो ॥ और हेबालाकि! जोतू आपणेअज्ञानकीनिवृत्तिवासते याविपरीतकर्मविषेप्रवृत्तहोताहोवै ॥ तौभी पूर्वलेआपणेगुरुवोंकेसमीप तुमजावो ॥ तिनोंकेउपदेशतैंहीतुमारेअज्ञानकीनिवृत्तिहोवैगी ॥ हेबालाकि! तुमारेताईं हम नमस्कारकरतेहैं ॥ जहांसैंतुमाराआगमनभयाहै तहांही तुमपुनःजावो ॥ श्रीगुरुरुवाच ॥ हेशिष्य! इसप्रकार जबीराजाअजातशत्रुनैं बालाकिब्राह्मणकेप्रतिकह्या ॥ तबी सोबालाकि तिससभातैंनहींजाताभया ॥ किंतु आपणेलज्जाकूं तथाचिं

ताकूं बोधनकरणेवासते नीचेमुखकरिकै पादकेअग्रभागतैं भूमिकूंलिखताभया॥ और उच्चैःश्वासोंकूंउठावताभया ॥ इसप्रकार बा
लाकिकेशरीरकीचेष्टाकूंदेखिकरिकै सोअजातशत्रुराजा बालाकिकेहृदयकेअभिप्रायकूंजाणताभया ॥ तहां ब्राह्मणहोइकेक्षत्रियका
शिष्यहोणा याविपरीतकर्मकीइच्छातैंउत्पन्नभयीजोबालाकिकूंलज्जा तालज्जाकूं नीचेमुख तथापादकरिकैभूमिकालेखन रूपदोनोंचे
ष्टावोंतैं राजा जानताभया॥ और याराजाकापरित्यागकरिकै किसतैंमैंब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोवूंगा?॥ याप्रकारकीबालाकिकेचिंताकूं उ
च्चैःश्वासरूपचेष्टातैं राजा जाणताभया ॥ काहेतैं? पादकरिकैभूमिकालेखन तथानीचेमुख लज्जातैंविनाहोवैनहीं ॥ किंतु लज्जाक
रिकैहीहोवैहै ॥ तैसे उच्चैःश्वासोंकाउठावणाभी चिंतातैंविनाहोवैनहीं ॥ किंतु चिंताकरिकैहीहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जोवस्तु जिस
वस्तुतैंविनानहींहोवै ॥ और जिसवस्तुकेविद्यमानहुए जोवस्तुहोवै ॥ तावस्तुकरिकै तिसकाअनुमानहोवैहै ॥ जैसे अग्नितैंविना
धूमहोवैनहीं ॥ और अग्निकेविद्यमानहुए धूमहोवैहै ॥ यातैं धूमरूपहेतुतैं पर्वतादिकोंविषे अग्निकाअनुमानहोवैहै॥ तैसे लज्जातैं
विना नीचेमुख तथापादकरिकैभूमिकालेखन होवैनहीं ॥ किंतु लज्जाकरिकैहीहोवैहै ॥ यातैं नीचेमुख तथाभूमिकालेखनरूप
दोनोंहेतुवोंतैं बालाकिकेलज्जाकाअनुमान राजा करताभया ॥ तैसे चिंतातैंविना उच्चैःश्वासोंकाउठावणाहोवैनहीं ॥ किंतु चिंता
करिकैहीहोवैहै ॥ यातैं उच्चैःश्वासरूपहेतुतैं बालाकिकेचिंताकाअनुमान राजा करताभया ॥ अन्यपुरुषकेअंतःकरणकाधर्म जो
लज्जातथाचिंता तिसका अन्यपुरुषकूं प्रत्यक्षज्ञानहोवैनहीं ॥ किंतु अनुमितिज्ञानहोवैहै ॥ इसप्रकार बालाकिकेअभिप्रायकूं जा
णिकरिकै सोअजातशत्रुराजा बालाकिकेप्रति कहताभया ॥ हेबालाकि! जोउत्तमवर्णयुक्तधर्मात्माब्राह्मण यहक्षत्रिय हमारेताई
जेस्थावरविषहैं ॥ तेसंपूर्णनानाप्रकारकेविष हमारेलोममात्रकूंभी छेदनकरिसकैनहीं ॥ और हेगुरो! पुरुषोंकेमरणेकासाधन जेना
नाप्रकारकीऔषधियांहैं ॥ तथा नानाप्रकारकेजेमंत्रहैं ॥ तथा नानाप्रकारकेजेभूतपिशाचादिकहैं ॥ तथा श्येनयज्ञरूपजेअभिचार
हैं ॥ तथा ब्राह्मणोंकेजेनानाप्रकारकेशापहै ॥ यहसंपूर्ण यद्यपि मृत्युकेसाधनहैं ॥ तथापि तेसंपूर्ण हमारेकूं स्पर्शकरिसकैनहीं ॥
काहेतैं? आपकीकृपाकरिकै तथास्वभावतैं हम सिद्धियुक्तहैं ॥ यातैं तिनसंपूर्णमायाआदिकोंके निवृत्तिकाउपाय हम जाणतेहैं ॥ या
तैं हमारेजीतणेविषे कोईभीसमर्थनहीं ॥ और हेगुरो! युद्धतैंविनाभी हमदोनों देवतावोंकेजीतणेविषेसमर्थहैं ॥ काहेतैं? स्वर्गविषेहै

प्रवाहजिसका ऐसीजाश्रीगंगाजीहै ॥ तिसविषे जोहम एकऔषधिपावैं तौ संपूर्णदेवतावोंसहितइंद्रका एकक्षणविषे मृत्युहोइजावै ॥ और हेगुरो! एकमंत्रकेप्रयोगकरिकै संपूर्णदेवतावोंसहितइंद्रकेचित्तविषे स्वर्गतें वैराग्यउत्पन्नकरणेविषेभी हमसमर्थ हैं ॥ और संपूर्णदेवतावोंसहितइंद्रकूं स्वर्गलोकतैंभूमिलोकविषेगिडावणेमैंभी हमसमर्थ हैं ॥ और अन्यदिशाविषेस्थितदेवराजइंद्रकूं मोहकेवासतें अन्यदिशाविषेस्थितकरणेमेंभी हमसमर्थहैं॥ और हेगुरो! यद्यपि देवतावोंकूं स्वर्गकीअप्सरावोंविषेही कामकीअभिलाषाहोवैहै ॥ मनुष्यलोककीस्त्रियोंविषे देवतावोंकूं कामअभिलाषाहोवैनहीं ॥ तथापि संपूर्णदेवतावोंसहितइंद्रकूं तथासंपूर्णमुनियोंकूं ऐसाहमकाम उत्पन्नकरैं ॥ जोसंपूर्णदेवता तथामुनि मनुष्यलोककेस्त्रियोंकीअभिलाषाकरैं ॥ याप्रकारकीहमारेविषेसामर्थ्यहै ॥ हेअश्विनीकुमारो ! दध्यङ्ऋषिनामागुरुकेविश्वासकरावणेवासतें याप्रकारकेवचनोंकरिकै आपणेबलकूं तुमदोनों प्रगटकरतेभये ॥ इसप्रकारकेतुमारेवचनोंकूंश्रवणकरिकै सोदध्यङ्ऋषिनामातुमारागुरु आपणेमनविषे चिरकालपर्यंत विचारकरताभया ॥ और विचारकरिकै सोदध्यङ्ब्रह्मर्षि तुमारेतांई याप्रकारकावचन कहताभया ॥ हेअश्विनीकुमारो! सर्वशत्रुवोंकेनाशकरणेविषेसमर्थहोइके क्रोधरूपअंतरशत्रुकेवशकूं तुम मतप्राप्तहोवो ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे बाह्यशत्रुवोंकेजीतणेविषे तुम समर्थहो ॥ तैसे कामक्रोधादिकअंतरशत्रुवोंकेजीतणेविषेभी तुम समर्थहोवो ॥ अब क्रोधविषे शत्रुपणादिखावैहैं ॥ हेअश्विनीकुमारो ! तुमदोनोंकाशत्रु इंद्रनहीं ॥ तथा अन्यभीकोई तुमाराशत्रुनहीं ॥ किंतु यहक्रोधही तुमाराशत्रुहै ॥ शंका ॥ हेभगवन्! क्रोधकाकौनअपराधहै? जाकरिकै क्रोधकूं आप शत्रुकहोहो ॥ समाधान ॥ हेअश्विनीकुमारो! तुमसर्वदेवतावोंकरिकेपूजणेयोग्यजोइंद्रहै॥ तिसकेनाशकरणेविषे जोतुमारीप्रवृत्तिभईहै ॥ सो केवल क्रोधकेप्रभावतैंभईहै ॥ क्रोधतेंविना ऐसेनिषिद्धकर्मविषे किसीबुद्धिमान्पुरुषकीप्रवृत्तिहोवैनहीं ॥ किंतु क्रोधकेवशहुएहीजीव गुरुआदिकवृद्धपुरुषोंकेतिरस्कारकरणेविषे प्रवृत्तहोवैहैं ॥ और हेअश्विनीकुमारो! पूर्वकालविषे तुमारेकूं इंद्रकेजीतणेकीइछा कबीभईनहीं ॥ और इसकालविषेतुमारेकूं इंद्रकेजीतणेकीइछाभईहै ॥ याकेविषेकौनकारणहै?॥ यहतुमविचारिकरिकैदेखो ॥ क्रोधतेंविना दूसराकोईकारण याकेविषेनहीं ॥ किंतु अन्वयव्यतिरेककरिकै क्रोधही याकेविषेकारणहै ॥ यातें क्रोधही

तुमारा परमशत्रुहै ॥ और हेअश्विनीकुमारो! संपूर्णशत्रुवोंकाराजा जोकामक्रोधहै तथाताकेकिंकर जेइंद्रियहैं तिनसंपूर्णोंके जीतणेतैंविना देवशरीरकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ किंतु कामक्रोधादिकोंकेजीतणेकरिकैही देवताशरीरकीप्राप्तिहोवैहै ॥ यातैं यहजान्याजावैहै ॥ तुमदोनोंनैंभी पूर्वजन्मविषे कामक्रोधादिकराजाकूं तथाइंद्रियरूपकिंकरोंकूं जीत्याहै ॥ जाकरिकै अबीतुमारेकूं देवताशरीरकीप्राप्तिभयीहै ॥ हेअश्विनीकुमारो! जिस सामर्थ्य करिकै पूर्वतुमोंनैं कामक्रोधादिक वशकरेहैं ॥ सो सामर्थ्य अबी तुमारा कहांगयाहै? ॥ और हेअश्विनीकुमारो! हमतौ आपणे मनविषे ऐसा जाणतेहैं ॥ जैसे किसीदेशका कोईकराजा अन्यदेशके राजाकूंजीतेहै ॥ और किसीकालविषे सोराजा सामर्थ्यकूंपाइके पूर्वलेवैरकूंस्मरणकरिकै तिसीराजाकूंजाइकेजीतेहै ॥ तैसे पूर्वजन्मविषे तुमदोनों कामक्रोधादिकसहितसंपूर्णइंद्रियोंकूं जयकरिआयेथे ॥ तेइंद्रियरूपकिंकर पूर्ववैरकास्मरणकरिकै क्रोधरूपराजाकूंसाथिलेकै स्वर्गविषे तुमारेजीतणेवासतेआयेहैं ॥ और हेअश्विनीकुमारो! क्रोधरूपअंतरशत्रुकेजीतणेविषे जबी तुमारासामर्थ्य नहींभया ॥ तबी इंद्रकेजीतणेविषे तुमकिसप्रकारसमर्थहोवोंगे? किंतु इंद्रकेजीतणेविषे तुमारासामर्थ्यनहीं ॥ और हेअश्विनीकुमारो! देवतावोंकीसभाविषे देवराजइंद्रनैं वचनरूपबाणोंकरिकै जोपूर्वतुमाराताडनकर्याथा ॥ सोभी प्रथम कामरूपशत्रुकेवशहुएतुमारेकूंदेखिकरिकै इंद्रनैं तुमाराताडणकर्याथा ॥ तात्पर्ययह ॥ जिसपुरुषकूं कोईकामनानहींहै ऐसाजोब्रह्मज्ञानीपुरुषहै तिसकूं संपूर्णजगत् आत्मस्वरूपहै ॥ यातैं ताका कोईताडनकरैनहीं ॥ कामनावालेपुरुषकाही जहांतहां निरादरहोवैहै ॥ अब क्रोधकीन्यांई कामविषेभी अन्वयव्यतिरेककरिकै अनर्थकीकारणताकूंदिखावैहैं॥ हे अश्विनीकुमारो! देवराजइंद्र पूर्व तुमदोनोंकानिरादर किसकारणतैंनहींकरताभया ॥ और इसकालविषे देवराजइंद्रनैं तुमारानिरादर किसकारणतैंकर्याहै? ॥ याप्रकारकेविचारतैं तुमदोनोंरहितहो॥ हेअश्विनीकुमारो! यातुमारेनिरादरविषे कामतैंविना कोईदूसराकारणनहींहै ॥ किंतु कामही तुमारेनिरादरकाकारणहै ॥ जबपर्यंत तुमारेविषे कामनहींभयाथा ॥ तबपर्यंत देवराजइंद्रनैं तुमारानिरादरकर्यानहीं ॥ और जबीतुमारेविषे कामकीउत्पत्तिभई तबीदेवराजइंद्रनै तुमारानिरादरकर्या ॥ यातैं कामही तुमारेनिरादरकाकारणहै ॥ और हेअश्विनीकुमारो! संपूर्णदेवता

वोंकरिकै पूजणेयोग्यजोइंद्रहै तिसकेजीतणेविषे तुमदोनों किसप्रकारसमर्थहोवोंगे? किंतुइंद्रकेजीतणेविषे तुमारासामर्थ्यनहीं काहेतें? एककामरूपशत्रुनें सर्वदेवतावोंकीसभाविषे तुमाराअपमान करायाहै ॥ तिसकामरूपएकशत्रुकेजीतणेविषे जबी तुम समर्थनहींभये ॥ तबी सर्वदेवतावोंसहितइंद्रकूं तुम किसप्रकारजीतोंगे?॥ तात्पर्ययह ॥ पूर्वएककामरूपशत्रुनें तुमाराअपमानकराया था ॥ अबक्रोधरूपपुत्रकरिकैयुक्तहुआसोकामरूपशत्रु तुमारेकिसअनर्थकूंनहींकरैगा? किंतु तुमारेसर्वअनर्थोंकूंकरैगा ॥ और हेअश्विनीकुमारो! संपूर्णदेहधारीजीवोंके कामक्रोधही परस्परशत्रुहैं ॥ जोपुरुष कामक्रोधरूपअंतरशत्रुवोंकीउपेक्षाकरिकै बाह्यराजादिकशत्रुवोंकेजीतणेकीइच्छाकरैहै सोपुरुष अत्यंतमूर्खहै ॥ यातें हेअश्विनीकुमारो! जोतुमारेकूं शत्रुवोंकेजीतणेकासामर्थ्यहै ॥ तौ कामक्रोधरूपमहाबलवान्शत्रुवोंकूं तुमजीतो ॥ अब कामकेमहान्प्रभावकूंदिखावैहैं ॥ हेअश्विनीकुमारो! संपूर्णजगत्कूंउत्पन्नकरणेहाराजोब्रह्माहै तिसकूंभी यहकाम जीतताभयाहै ॥ और संपूर्णजगत्कूंपालनकरणेहाराजोविष्णुहै तिसकूंभी यहकामदेव जीतताभयाहै ॥ और संपूर्णजगत्केसंहारकरणेहाराजोरुद्रहै तिसकूंभी यहकामदेव जीतताभयाहै ॥ और संपूर्णदेवतावोंकाअधिपतिजोइंद्रहै तिसकूंभी यहकामदेव जीतताभयाहै ॥ हेअश्विनीकुमारो! जबी ब्रह्मादिकईश्वरोंकूंभी कामदेवतानें जीतलिया ॥ तबी स्त्रियोंकेक्रीडामृग जेअन्यदेवताहैं तिनोंकूं कामदेव नहींजीतैगा याकेविषेक्याकहणाहै? ॥ किंतु सर्वप्राणीमात्रकूं कामदेव आपणेअधीनकरैहै ॥ यद्यपि संपूर्णजगत्केउत्पत्तिस्थितिलयकूंकरणेहारे ब्रह्माविष्णुमहेशादिकईश्वरोंविषे कामकीअधीनता संभवैनहीं ॥ तथापि सर्वत्रकामकेप्रभावकूंजनावणेवासतै ब्रह्माविष्णुआदिकईश्वर लिलामात्रकरिकै कामादिकोंकूंधारणकरैहैं ॥ वास्तवतैं तेब्रह्मादिक कामादिकोंतैंरहितहैं ॥ और हेअश्विनीकुमारो! सर्वदेहधारीजीवोंकाशत्रुजोकामहै ॥ सोकामही तुमारेकूं जीतणेयोग्यहै ॥ परंतु ताकामदेवकूं तुमोंनैंजीत्यानहीं ॥ उलटा कामदेवनें तुमदोनोंकूंजीत्याहै ॥ और हेअश्विनीकुमारो! याकामदेवतैंभीक्रोध अतिसैंकरिकैबलवान्है ॥ यातें क्रोधकेजीतणेविषे तुमारेकूं अत्यंतयत्नकऱ्याचाहीये ॥ काहेतें? अनंतप्रकारके उपायोंकरिकै मुनिलोक कामदेवकूं तो आपणेवश करैहैं ॥ परंतु कामदेवका पुत्र जो क्रोधहै ताक्रोधकेजीतणेविषे तेमुनिलो

कभी समर्थहोवैनहीं ॥ और हेअश्विनीकुमारो! यहकामक्रोधरूपपितापुत्रदोनों महान्शूरवीरहैं ॥ इनोंकेजीतणेविषे कोईपुरुष समर्थनहीं ॥ किंतु संपूर्णजगत्कूंजीतकरिकै यहकामक्रोधदोनों जयकरिकैशोभायमानहैं ॥ हेअश्विनीकुमारो! जोतुमदोनों शत्रुवोंकेनाशकरणेविषेसमर्थहो ॥ और अत्यंतमानयुक्तहो ॥ तौ प्रथम कामक्रोधरूपशत्रुका तुम जयकरो ॥ पश्चात् देवराजइंद्रकेजीतणेकाउद्यम तुमकरो ॥ ऋषिरुवाच ॥ हेअश्विनीकुमारो! इसप्रकार क्रोधकेशांतिकरणेहारेवचनोंकरिकै सो दध्यङ्ऋषितुमारागुरु वैरकेनिवृत्तिकाउपदेश तुमारेतांई करताभया ॥ तथापि क्रोधरूपअग्निकरिकैतपायमानहुएतुमदोनों जबी तिनवचनोंकरिकैशांतिकूंनहींप्राप्तहोतेभये ॥ तबी सोदध्यङ्अथर्वणतुमारागुरु साममेदरूपदोनोंउपायोंकापरित्यागकरिकै तुमदोनोंकेशांतिकरणेवासते उपप्रदानरूपउपायकूं करताभया ॥ तात्पर्ययह ॥ साम भेद उपप्रदान दंड याचारिउपायों करिकै लोकविषे प्राणी वशवर्तिहोवैहैं ॥ तहां प्रियवचनोंकरिकैक्रोधादिकोंकेनिवृत्तिकूं साम कहैहैं ॥ और अन्यशत्रुकेपक्षपाततैं निवृत्तकरिकै आपणेपक्षविषेलेआवणेकूं भेदकहैहैं ॥ और मनवांछितपदार्थोंकेदेणेकीप्रतिज्ञाकूं उपप्रदानकहैहैं ॥ और ताडनाकूं दंडकहैहैं ॥ इनचारोंउपायोंविषे प्रियवचनोंकरिकैक्रोधादिकोंकीनिवृत्तिरूपसाम तथाकामक्रोधादिकशत्रुवोंकेपक्षपाततैंनिवृत्तकरिकै आपणेसमतारूपपक्षविषेस्थापनरूपभेद यहदोनोंउपाय दध्यङ्ऋषिनैं करे ॥ परंतु तिनसामभेदरूपउपायकरिकै अश्विनीकुमारोंकेकामक्रोधादिकोंकीशांतिनहींहोतीभयी ॥ यातैं सोबुद्धिमान्दध्यङ्ऋषि तिनदोनोंउपायोंकापरित्यागकरिकै उपप्रदानरूपतृतीयउपायकूं करताभया ॥ अब ताउपप्रदानरूपउपायकूंदिखावैहैं ॥ हेअश्विनीकुमारो! जिसब्रह्मविद्याकेप्राप्तिवासते पूर्वतुमोंनैं हमारेप्रतिप्रार्थनाकरीथी ॥ साब्रह्मविद्या मैंतुमारेतांई तबीउपदेशकरोंगा जबी तुम सर्वप्राणियोंविषे वैरकापरित्यागकरोगे ॥ यातैं जोतुमारेकूं ब्रह्मविद्याकेप्राप्तिकीइच्छाहोवै तौ देवराजइंद्रविषे वैरकापरित्यागकरो ॥ ऋषिरुवाच ॥ हेअश्विनीकुमारो! इसप्रकारकेवचन जबी तुमारेतांई दध्यङ्ऋषिनैंकहे तबी तुमदोनों याप्रकारकेवचन दध्यङ्ऋषिगुरुकेप्रति कहतेभये ॥ हेगुरो! यहकाल सामरूपउपायका तथाभेदरूपउपायकाहैनहीं ॥ और उपप्रदानरूपउपायकाभी यहकालहैनहीं ॥ काहेतें? पूर्वआपनैं

अनंतवार यहकथनकऱ्याहै ॥ जबीतुम विवेकादिकसाधनचतुष्टयरूपअधिकारकूं संपादनकरौगे ॥ तबी हम तुमारेतांई ब्रह्मविद्या
काउपदेशकरैंगे ॥ यातें ब्रह्मविद्याकेलोभकरिकैभी इंद्रकेसाथवैरकापरित्यागहमकरैंगेनहीं ॥ यातें हेगुरो! कृपाकरिकै हमारेतांई
युद्धकरणेकीआज्ञादेवो ॥ एकक्षणविषे संपूर्णदेवतावोंसहितइंद्रकूं हम जीतैंगे ॥ याकेविषे आप किंचित्मात्रभी संदेहनहींकरो ॥
हेअश्विनीकुमारो ! याप्रकारकेतुमारेवचनोंकूंश्रवणकरिकै सोदध्यङ्ऋषितुमारागुरु उपप्रदानरूपउपायकाभीपरित्यागकरिकैतु
मारेप्रति दंडरूपीवचनोंका कथनकरताभया ॥ कैसाहैसोदध्यङ्ऋषि? तुमारेहितकीजिसकूंइच्छाहै ॥ और सर्वप्राणियोंविषे जा
कीसमानदृष्टिहै ॥ अब तिनदंडरूपीवचनोंकूंनिरूपणकरैहैं ॥ हेअश्विनीकुमारो ! जोकोईपुरुष पंचजीवोंकाभीपालनकरैहै ॥ सो
पुरुष पंचभूतहैशरीरजाका ऐसाजोईश्वरहै ताईश्वरकास्वरूपजानणा ॥ तापंचप्राणियोंकेपालनकरणेहारेपुरुषकूं जोकोईपुरुष हन
नकरैहै सोपुरुष ईश्वरसहितपंचभूतस्वरूपसंपूर्णविश्वकूं हननकरैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ ईश्वरसहितसंपूर्णविश्वकेहननकरिकै जोपा
पउत्पन्नहोवैहै तापापकूं सोपुरुष प्राप्तहोवैहै ॥ हेअश्विनीकुमारो ! जबी पंचजीवोंकेपालनकरणेहारेपुरुषकेहननतैं इतनापाप
होवैहै ॥ तबी तीनलोकोंकेपालनकरणेहारेइंद्रकेहननकरिकै महान्पापकीउत्पत्तिहोवैहै याकेविषे क्याकहणाहै? ॥ और हेअश्वि
नीकुमारो ! जोपुरुष उपकारकरणेहारेआपणेस्वामीकाहननकरैहै सोअधमपुरुष संपूर्णकुटंबसहितआपणेमाताकूं तथा पिताकूं
हननकरैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ संपूर्णकुटंबसहित आपणेमातापिताकेमारणेकरिकै जोपाप उत्पन्नहोवैहै ॥ तिसीपापकूं स्वामीकेद्रोह
करणेहारापुरुष प्राप्तहोवैहै ॥ और शास्त्रविषेभी ब्रह्महत्यादिकपापोंकेनिवृत्तिकेउपाय कहेहैं ॥ परंतुकृतघ्नतादोषजन्यपापकेनि
वृत्तिकाउपाय किसीशास्त्रविषेभी कह्यानहीं ॥ यातें कृतघ्नतादोषकेसमान कोईभीपापकर्म जगत्विषेनहीं ॥ और हेअश्विनीकुमा
रो ! जोपुरुष आपणेस्वामीकेसाथद्रोहकरैहै सोअधमपुरुष अंधतामिस्त्रनामनरकविषे चिरकालपर्यंत निवासकरैहै ॥ तात्पर्य
यह ॥ ब्रह्महत्याकरणेहारेपुरुषतैंभी आपणेस्वामीकेसाथद्रोहकरणेहारापुरुष अत्यंतअधमहै ॥ काहेतें? ब्रह्महत्याकरणेहारापुरुष
सहस्त्रकोटीकल्पोंतैंअनंतर नरकरूपीसमुद्रतैं कदाचित्मुक्तहोवैहै ॥ परंतु आपणेस्वामीकेसाथद्रोहकरणेहारा कृतघ्नपुरुष कबीभी

नरकतैंमुक्तनहींहोवैहै ॥ यातैं कृतघ्नतारूपपापकर्मकेसमान कोईभीपापकर्म जगत्विषेनहीं ॥ और हेअश्विनीकुमारो! जोकोई राजा भूमिकेकिसीएकदेशकूंभीपालनकरैहै सोराजाभी वैरियोंकरिकै मारणेयोग्यनहीं ॥ तौ तीनलोकोंकूंपालनकरणेहारा जोइंद्रहै सो किसप्रकार मारणेयोग्यहोवैगा?॥ किंतु सोइंद्र मारणेयोग्यनहीं ॥ और हेअश्विनीकुमारो! अल्पपृथिवीकाप तिजोराजाहै सो मारणेयोग्यनहींहै ॥ यहजोशास्त्रविषेकह्याहै ॥ ताकेविषे यहकारणहै ॥ जितनेभूमिलोकविषेराजेहैं ते संपूर्णराजे इंद्रादिकलोकपालोंकेअंशरूपहैं ॥ यातैं तेराजे मारणेयोग्यनहीं ॥ जबी इंद्रादिकलोकपालोंकेअंशरूप पृथिवीकेराजे भी मारणेयोग्यनहींभये ॥ तबी साक्षात्इंद्रादिकलोकपाल किसप्रकार मारणेयोग्यहोवैंगे?॥ किंतु इंद्रादिक मारणेयोग्यनहीं ॥ और हेअश्विनीकुमारो! पृथिवीमात्रविषेहैदेवतापणाजिनोंविषे ऐसेजेभूदेवब्राह्मणहैं तेभी कदाचित्मारणेयोग्यनहीं ॥ तौ तीनलोकोंविषेहैदेवतापणाजिनोंविषे ऐसेजेइंद्रादिकदेवताहैं ते किसप्रकार मारणेयोग्यहोवैंगे?॥ किंतु इंद्रादिकदेवता मारणेयोग्यनहींहै ॥ और हेअश्विनीकुमारो! भूदेवब्राह्मणमारणेयोग्यनहींहैं यहजोशास्त्रनैंकह्याहै ॥ ताकेविषे यहकारणहै ॥ जितनेइंद्रादिकदेवता स्वर्गविषेरहैहैं तेसंपूर्णदेवता ब्राह्मणकेशरीरविषे अंशरूपकरिकैरहैहैं ॥ याकारणतैं सोवेदकावेत्ताब्राह्मण मारणेयोग्यनहीं ॥ जबी इंद्रादिकदेवतावोंकेनिवासकास्थानब्राह्मणशरीरभी मारणेयोग्यनहींभया ॥ तबी साक्षात्स्वर्गविषेरहणेहारेइंद्रादिकदेवता किसप्रकार मारणेयोग्यहोवैंगे?॥ किंतु इंद्रादिकदेवता मारणेयोग्यनहीं॥ और हेअश्विनीकुमारो! जोअधमपुरुष शरीरकरिकै तथामनकरिकै तथावाणीकरिकै गौवोंकी तथाब्राह्मणोंकी तथादेवतावोंकी हिंसाकरैहै ॥ तथा सर्वलोकोंकेउपकारकरणेहारे धर्मात्माराजावोंकीहिंसाकरैहै ॥ सोअधमपुरुष शतकोटिकल्पोंकरिकैभी नरकतैंमुक्तनहींहोवैहै ॥ और हेअश्विनीकुमारो! जैसे मस्तककरिकै पर्वतकाभेदहोइसकैनहीं ॥ तैसे दशलोकपालोंकेजयकियेतैंविना तथासर्वदेवतावोंकेजयकियेतैंविना इंद्रकेजीतणेकूं कोईदेवता तथादानव समर्थहोवैनहीं किंतु लोकपालोंके तथाअन्यदेवतावोंके जीतणेतैंअनंतरही इंद्रकाजीतणासंभवैहै॥ इंद्र १ अग्नि २ यम ३ रक्ष ४ वरुण ५ प्रभंजन ६ धनेश ७ ईश्वर ८ शेष ९ ब्रह्मा १० ये दश दिक्पालहैं ॥ तहां पूर्वादिकअष्टदिशा

वोंके इंद्रादिकअष्ट दिक्पालहैं ॥ और ब्रह्मा ऊर्ध्वदिशाकापतिहै ॥ और शेष अधोदिशाकापतिहै ॥ यादशदिक्पालोंकेजीतणेविषेभी
कोईदेवता तथादानव समर्थहैनहीं ॥ तबी सर्वदेवतावोंकेअधिपतिइंद्रकूं कौन जीतेगा ? किंतु इंद्रकेजीतणेविषे कोइपुरुष सम
र्थनहीं ॥ और हेअश्विनीकुमारो ! तुमदोनोंविषे जोसामर्थ्यहै सोभी इंद्रादिकदेवतावोंकेअनुग्रहकरिकैहीहै ॥ इंद्रादिकदेवतावोंके
कोपहुए तुमदोनों काष्ठकीन्यांई सामर्थ्यतेंरहितहो ॥ और हेअश्विनीकुमारो ! तुमदोनों द्वादशआदित्योंकूं तथाअष्टवसुवोंकूं त
थाएकादशरुद्रोंकूं तथाएकन्यूनपंचासमरुद्गणकूं किसप्रकारजीतोंगे ? किंतु तिनोंकेजीतणेविषे तुमदोनों समर्थनहींहोवेंगे ॥ और
हेअश्विनीकुमारो ! संपूर्णलोकपालजेहैं ॥ तथा संपूर्णदेवताजेहैं ॥ तथा संपूर्णमुनिजेहैं ॥ तथा संपूर्णसिद्धजेहैं ॥ तथा संपूर्णचारण
जेहैं ॥ तथा ब्रह्माजोहै ॥ तथा विष्णुजोहै ॥ तथा रुद्रजोहै ॥ तथा संपूर्णशक्तियांजेहैं ॥ तथा आकाशादिकपंचभूतोंकेअभिमानीदेव
ताजेहैं ॥ तथा चंद्रमाजोहै ॥ तथा संपूर्णग्रहजेहैं ॥ तथा संपूर्णनक्षत्रजेहैं ॥ तथा संपूर्णतारागणजेहैं ॥ इनोंतेंआदिलैकेजितना
विश्वहै ॥ तेसंपूर्ण इंद्रकेपक्षविषेहैं ॥ तुमारेपक्षविषे कोईभीदेवतानहीं ॥ जबी तुमदोनों इंद्रकेसाथयुद्धकरोंगे ॥ तबी यहसंपूर्णलो
कपालादिक प्रथम तुमारेसाथयुद्धकरणेवासते सन्मुखहोवैंगे ॥ तिनसंपूर्णलोकपालादिकोंकूं जबी तुमजीतोंगे ॥ तबी इंद्र तुमारे
साथ युद्धकरैगा ॥ सोतिनसंपूर्णलोकपालादिकोंकेजीतणेविषे तुमारासामर्थ्यहैनहीं ॥ यातें इंद्रकेसाथ युद्धकरणेकीइच्छाका तुम
परित्यागकरो ॥ और हेअश्विनीकुमारो ! जहां युद्धकरणेतेंविना कार्यकीसिद्धिनहींहोवै ॥ तहां युद्धकरणाभीउचितहै ॥ परंतु ब
लकरिकै तथाबुद्धिकरिकै तथाशूरवीरोंकीसहायताकरिकै जोआपणेसमानहोवै तिसकेसाथही युद्धकरणाउचितहोवैहै ॥ और जो
बलकरिकै तथाबुद्धिकरिकै तथा अन्यशूरवीरोंकीसहायताकरिकै आपणेतेंअधिकहोवै ॥ तिसकेसाथ युद्धकरणाउचितनहीं ॥ और य
हदेवराजइंद्र बलकरिकै तथाबुद्धिकरिकै तथा अन्यदेवतावोंकीसहायताकरिकै तुमदोनोंतेंअधिकहै ॥ यातें इंद्रकेसाथयुद्धकरणातुमा
रेकूंउचितनहीं ॥ अब इंद्रकेअधिकताकूंदिखावैहैं ॥ हेअश्विनीकुमारो ! तुमदोनोंविषेजितनासामर्थ्यहै ॥ तितनासामर्थ्य संपूर्णदेवता
वोंकेमध्यविषे एकएकदेवताविषेहै ॥ और स्वर्गविषे इंद्रकेसमीप जितनेदेवता निवासकरैहैं ॥ तिनसंपूर्णदेवतावोंविषे एकएकदेव

ताभी जगत्केउत्पत्तिकरणेविषे तथाजगत्केस्थितिकरणेविषे तथासंहारकरणेविषे समर्थहै॥ ऐसे अनंतदेवतावोंकरिकैयुक्त इंद्रकेसाथ युद्धकरणेविषे तुमारासामर्थ्यनहीं ॥ और हेअश्विनीकुमारो! स्वर्गविषेस्थित इंद्रादिकदेवतावोंकेसाथ जोद्वेषकरणाहै ॥ सो केवल स्वर्गतैंनीचेगिडनेकाकारणहै ॥ यातैं जोतुमारेकूं स्वर्गविषेरहणेकीइच्छाहोवै तौ इंद्रकेसाथ तुम द्वेषमतकरो ॥ इंद्रकेसाथद्वेषकरणेकरिकै स्वर्गतैंभी तुमारानीचैपतनहोवैगा॥ ऋषिरुवाच ॥ हेअश्विनीकुमारो! इसलोकविषे तथापरलोकविषे भयकूं बोधनकरणेहारे औरनानाप्रकारकेयुक्तियोंसहित जेयाप्रकारकेवचनहैं तिनवचनोंरूपीदंडकरिकै सोदध्यङ्ऋषितुमारागुरु तुमदोनोंका ताडनकरताभया॥ तिसदध्यङ्ऋषिगुरुकेवचनोंकूंश्रवणकरिकैभी तुमदोनों तागुरुकेवचनोंकूंअंगीकारनहींकरतेभये॥ काहेतें? एकतौइंद्रनैंतुमारायज्ञभागनिवृत्तकऱ्याथा॥ और दूसरा सर्वदेवतावोंकीसभाविषे तुमदोनोंका अपमानकऱ्याथा॥ याकारणतें तुमदोनों अत्यंतदुःखीहोतेभये॥ यातैं हितकारीगुरुकेवचनोंकूंभी नहींमानतेभये॥ और हेअश्विनीकुमारो! तुमदोनों पुनःदध्यङ् ऋषिगुरुकेप्रति याप्रकारकेवचनोंकूंकहतेभये॥ हेगुरो! इंद्रकेसाथयुद्धकरणेकरिकै जोकदाचित् हमारामरणहोवै॥ तथा नरककी प्राप्तिहोवै॥ तिसकूं हम अंगीकारकरतेहैं॥ परंतु आप हमारेकूंयुद्धकरणेकीआज्ञादेवो॥ हेअश्विनीकुमारो! याप्रकारकेतुमारेवचनोंकूंश्रवणकरिकै सोदध्यङ्मुनितुमारागुरु पुनःयज्ञभागकेप्राप्तिकीइच्छारूपतुमारेअभिप्रायकूंजाणताभया॥ औरकृपाकरिकैयुक्त हुआसोदध्यङ्मुनि विनाहीयत्नतैंयज्ञभागकीप्राप्तिवासते पुनःयाप्रकारकेवचनोंकूंकहताभया॥ हेअश्विनीकुमारो! अत्यंतकोमल पुष्पोंकरिकैभी किसीशत्रुकेसाथयुद्धकरणेयोग्यनहीं तौ तीक्ष्णशस्त्रोंकरिकैयुद्धकरणा कैसेयोग्यहोवैगा? किंतु सर्वप्रकारतें युद्धकरणायोग्यनहीं॥ काहेतें? युद्धविषे इतनेदोषरहेहैं॥ एकतौ हमाराजयहोवैगा अथवा शत्रुकाजयहोवैगा याप्रकारकासंशय १ और दूसरा श्रेष्ठपुरुषोंकेनाशकाअवश्यहोणा २ और तीसरा युद्धविषेप्राप्तहुआपुरुष शस्त्रोंकेघावतैंविना तथाबांधवोंकेमृत्युतें विना जयकूंप्राप्तहोवैनहीं ३ और चतुर्थ पराजयकेहुए परमनिंदा ४ यहचारिदोष संपूर्णयुद्धविषे अवश्यहोवैहैं॥ यातैंयुद्धकरणायोग्यनहीं॥ और हेअश्विनीकुमारो! जिसयुद्धविषेमरणेतैं पुरुषकूं नरककीप्राप्तिहोवै॥ और जीवनैकरिकै लोकविषेअप

कीर्तिहोवै ॥ और जिसयुद्धविषे ब्राह्मणोंका तथाबांधवोंका तथादेवतावोंका नाशहोवै ॥ ऐसेअधर्मयुद्धविषे क्षत्रियराजाकूंभी उद्यम करणायोग्यनहीं ॥ किंतु ऐसेअधर्मयुद्धतें क्षत्रियराजाकूं भागणाहीश्रेष्ठहै ॥ और हे अश्विनीकुमारो ! याक्षणभंगुरसंसारविषेअधिकारीशरीरकूंपाइके पुरुषोंकूं आत्मज्ञानही संपादनकरणेयोग्यहैं ॥ युद्धादिक संपादनकरणेयोग्यनहीं ॥ कैसाहैयहसंसार ? ॥ जैसे केलेकास्तंभ सारतैंरहितहोवैहै ॥ तैसे सारतैंरहितहै ॥ और संपूर्णदुःखोंकरिकैपूर्णहैजीवनकाल जिसविषे ॥ और निमिषमात्रहैजीवन जिसविषे ऐसेअनित्यसंसारविषे मनुष्यशरीरकूंपाइकै पुरुषनें आपणेंहितकाउपायही संपादनकरणा सोहितकाउपाय अद्वितीयआत्माकाज्ञानही है। आत्मज्ञानतैंभिन्न संपूर्णयुद्धादिककर्म पुरुषोंकेअहितकेसाधनहैं ॥ यातें हेअश्विनीकुमारो! देवराजइंद्रकेसाथयुद्धकरणा इसलोकविषे तथापरलोकविषे तुमारेदुःखकाकारणहै ॥ शंका ॥ हेभगवन्! आपनेंसर्वप्रकारतैंयुद्धकानिषेधकऱ्या सो संभवैनहीं ॥ काहेतैं? युद्धशास्त्रविषे अनंतप्रकारकेयुद्धकरणेकीरीतिलिखीहै ॥ यातैं सोयुद्धशास्त्र व्यर्थहोवैगा ॥ समाधान ॥ हेअश्विनीकुमारो! युद्धशास्त्र व्यर्थनहीं ॥ युद्धशास्त्रनेंभी तहांयुद्धकाविधानकऱ्याहै॥ जहां युद्धकरणेतैंविना आपणेमरणेकानिश्चयहोवै ॥ और युद्धकरणेतैं जीवनैकीसंभावनाहोवै ॥ तिसकालविषे पुरुष युद्धकूंकरै ॥ यहयुद्धशास्त्रविषेकह्याहै॥सोयाप्रकारका युद्धकरणेकाकाल तुमदोनोंविषे प्राप्तभयानहीं ॥ किंतु युद्धकरणेतैंविनाही तुमारेकार्यकीसिद्धिहोइसकैहै ॥ यातैं हेअश्विनीकुमारो ! युद्धकरणेकीइच्छाकापरित्यागकरिकै पुनःयज्ञभागकेप्राप्तिकाउपाय आपणीबुद्धिकरिकै तुम निश्चयकरो ॥ और हेअश्विनीकुमारो ! यास्थूलशरीरकेपराक्रमतैं बुद्धिकापराक्रम अधिकहै ॥ काहेतैं? पुरुषकरिकै चलायाहुआशस्त्र किसीएकशत्रुकूं जयकरैहै ॥ कदाचित् एकशत्रुकूंभी ताडं ... नहीं ॥ और नानाप्रकारकेउपायोंकूं निश्चयकरणेहाराबुद्धिरूपीशस्त्रतौ बुद्धिमानपुरुषकरिकैचलायाहुआ ... लेवैहै ॥ यातैं शरीरकेपराक्रमतैं बुद्धिकापराक्रम अधिकहै ॥ और हेअश्विनीकुमारो! याबुद्धिका ... पदार्थकेदेणेकीप्रतिज्ञाकरै ... कोटिजन्मोंकरिकैभी शरीरके युद्धादिकपराक्रमतैं जिन पदार्थोंकूं नहींसंपादनकरि ... कारीनहीं ॥ याप्रकारकाविचारकरि ... पराक्रमतैं थोडेकालविषे संपादनकरिसकैहै ॥ जैसे कोटिजन्मोंकूं पाइकैभी

यहपुरुष तुम्हारे उत्पत्तिकरणेविषे तथाजगत्‌केस्थितिकरके लोककूं प्राप्तहोइसकैनहीं ॥ और बुद्धिकरिकै निश्चयकन्याजो हिरण्य
गर्भकीउपासनारूपउपायतैं सामर्थ्यनहीं ॥ और हे उपायकरिकै थोडेकालविषेही हिरण्यगर्भकेलोककीप्राप्ति होइसकैहै ॥ यातैं श
रीरकेपराक्रमतैं बुद्धिकाकारण नहीं ॥ यातैं यातैं हेअश्विनीकुमारो! ताबुद्धिकरिकै पुनः यज्ञभागके प्राप्तिका उपाय तुम
निश्चयकरो ॥ शंका ॥ हेभगवन् चैंपतर विना दूसरा कोईउपाय हम जाणतेनहीं ॥ जिसउपायकरिकै हम पुनः यज्ञभा
गकूंप्राप्तहोवै ॥ समाधान ॥ हेअश्विनीकुमारो! इंद्रकेसाथयुद्धकरणेकरिकै तुमारेकूं कदाचित्‌भी यज्ञभागकीप्राप्तिहोणेवाली
नहीं ॥ यातैं पुनःयज्ञभागकीप्राप्तिवास्ते तुमारेतांई एकसुगमउपाय हमकहैहैं ॥ तुम सावधान होइके श्रवणकरो ॥ हेअ
श्विनीकुमारो! शर्यातिनामाराजानैं यज्ञकरणेकाउद्यमकऱ्याहै ॥ और शर्यातिनामाराजाका जामाता जो च्यवननामाऋषि
है तिसच्यवनऋषिकूं यज्ञकेहोताकरणेकासंकल्प शर्यातिराजानैं मनविषेकऱ्याहै ॥ परंतु सोच्यवननामाऋषि नेत्रोंतैंअंधहै ॥
यातैं शर्यातिराजाकूं याप्रकारकासंशयहुआहै ॥ यहनेत्रोंतैंरहितच्यवनऋषि किसप्रकार हमारेकूं यज्ञकरावेगा ॥ शंका ॥ हेभगव
न्! सोच्यवननामाऋषि शर्यातिराजाका जामाताकिसप्रकारहोताभया॥ और सोच्यवनऋषि नेत्रोंतैंरहित किसप्रकारहोताभया॥
यहसंपूर्णवार्ता हमारेप्रति कथनकरो॥ समाधान ॥ हेअश्विनीकुमारो! ताशर्यातिनामाराजाकी सुकन्यानामाएककन्याथी ॥ सा
कन्याबाल्यअवस्थाविषे आपणेपिताकेसाथ वनविषेजातीभयी॥ और तिसवनविषे च्यवननामाऋषि बहुतकालकातपकरताथा ॥ कै
साहैसोच्यवनऋषि? जिसकासंपूर्णशरीर मृत्तिकाकरिकै ढांक्यागयाहै ॥ और नेत्रोंकरिकैसूर्यभगवान्‌कूंदेखिरह्याहै ॥ औरसर्वतप
स्वियोंविषेउत्तमहै॥ऐसेच्यवनऋषिकूंदेखिकरिकै साकन्या याप्रकारकाविचारकरतीभयी॥ यापृथिवीकेछिद्रोंविषेकाहेकाप्रकाशहै?
याप्रकारकाविचारकरिकै साकन्या किसीतृणकूंहाथविषेलेकै भूमिकेछिद्रविषेस्थितच्यवनऋषिकेनेत्रोंकूं भेदनकरतीभयी ॥ तिसतैं
अनंतर तानेत्रोंतैं रुधिरकाप्रवाह चलताभया ॥ तारुधिरकूंदेखिकरिकै सोशर्यातिराजा तामृत्तिकाविषेमुनिकूंजानताभया॥और अ
त्यंतभयकूंप्राप्तहोताभया ॥ और तिसच्यवनऋषिकूं नेत्रोंतैंरहितअंधदेखिकै मुनिकेसेवाकरनेवासते सुकन्यानामाकन्याकूं च्यवन

ऋषिकेतांई देताभया ॥ हेअश्विनीकुमारो! इसप्रकार सोच्यवननामाऋषि नेत्रोंतेंरहितअंधहै ॥ और वृद्धअवस्थाकरिकैयुक्तहै ॥ तिसच्यवननामाऋषिकूं जोतुम नेत्रोंकीप्राप्तिकरिदेवोगे तथा यौवनअवस्थाकीप्राप्तिकरिदेवोगे तौ सोच्यवनऋषि समर्थहै ॥ यातें पुनःतुमारेकूं यज्ञभागकीप्राप्तिकरावैगा ॥ हेअश्विनीकुमारो ! इसप्रकार जबीदध्यङ्ऋषितुमारेगुरुनैंकह्या ॥ तबी तुमदोनों च्यवननामाऋषिकूंनेत्रयुक्तकरतेभये ॥ तथा यौवनअवस्थायुक्तकरतेभये ॥ पश्चात् सोच्यवनऋषिभी बलात्कारसैं तुमारेतांई यज्ञभागकूं दिवावताभया ॥ यहवार्ता भागवतकेनवमस्कंधविषे विस्तारतैंकथनकरीहै ॥ हेअश्विनीकुमारो! इसप्रकार तुमारेकूंयज्ञभागकी प्राप्तिहोतीभयी ॥ पश्चात् एककालविषे तुमारेगुरुदध्यङ्अथर्वणकेआश्रमविषे देवराजइंद्र अवताभया ॥ ताइंद्रकूं आपणेआश्रमविषेआयाहुआदेखिकरिकै सोदध्यङ्ऋषि इंद्रकाबहुतसन्मानकरताभया तिसतैं अनंतरसोइंद्र सुखपूर्वक आसनऊपरिबैठताभया ॥ और नानाप्रकारकीकथावोंकरिकै सोइंद्र अत्यंतहर्षकूंप्राप्तहोताभया ॥ इसप्रकार संतोषकूंप्राप्तहुएइंद्रकेप्रति सोदध्यङ्ऋषि याप्रकारकावचन कहताभया ॥ हेदेवराजइंद्र ! तीनलोकोंकापतितूइंद्र हमारेआश्रमविषे अतिथिहोइकेआयाहै ॥ यातैं तुमारेप्रसन्नताकरणेवासतेमैं कौनपदार्थ देवों? ॥ हेअश्विनीकुमारो! इसप्रकार जबीतुमारेगुरुदध्यङ्ऋषिनें इंद्रकेप्रतिवचनकह्या ॥ तबीसोदेवराजइंद्र तुमारेगुरुदध्यङ्ऋषिकेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ हेदध्यङ्ऋषि! जोहमारेप्रसन्नताकरणेकीतुमारेकूंइच्छाहै तौ सर्वप्राणियोंकरिकैदुर्लभ जाब्रह्मविद्याहै तिसब्रह्मविद्याका हमारेतांई उपदेशकरो ॥ हेअश्विनीकुमारो! जबी इसप्रकार इंद्रनें तुमारेगुरुदध्यङ्ऋषिकेप्रतिकह्या ॥ तबी सोदध्यङ्ऋषितुमारागुरु महान्संशयकूंप्राप्तहोताभया ॥ **दृष्टांत** ॥ जैसे कन्याकापिता किसीपुरुषकेप्रति मैंतुमारेतांई कन्यादेताहूं याप्रकारकावचनकहै ॥ और पश्चात् तापुरुषविषे विद्यादिकगुणोंकेअभावकूंदेखिकरिकै सोकन्याकापिता इसगुणहीनपुरुषकेतांई कन्याकूंदेवों अथवा नहींदेवों याप्रकारकेसंशयकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे सोदध्यङ्ऋषिभी देवराजइंद्रकेतांई पूर्व प्रियपदार्थकेदेणेकीप्रतिज्ञाकरताभया॥परंतु सोदेवराजइंद्र गुरुभक्तितैंरहितहै ॥ तथा विषयोंविषेआसक्तहै॥यातैं ब्रह्मविद्याकाअधिकारीनहीं ॥ याप्रकारकाविचारकरिकै सोदध्यङ्ऋषि इंद्रकेतांई ब्रह्मविद्यादेणेयोग्यहै अथवानहींदेणेयोग्यहै ॥

याप्रकारकेसंशयकूं प्राप्तहोताभया ॥ तात्पर्ययह ॥ जोदेवराजइंद्रकेतांई मैं ब्रह्मविद्यानहींउपदेशकरोंगा तौ हमारावचन मिथ्याहो
वैगा ॥ और जोइंद्रकेप्रति ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरोंगा तौ अनधिकारीइंद्रकेतांईदयीहुई ब्रह्मविद्या निष्फलहोवैगी ॥ याप्रकार विद्या
केदेणेपक्षविषे तथानहींदेणेपक्षविषे दोषोंकाविचारकरिकै सोदध्यङ्अथर्वणऋषि महान्संशयकूंप्राप्तहोताभया॥और पुनःसोदध्यङ्
ऋषि आपणेमनविषे याप्रकारकाविचार करताभया ॥ अनधिकारीपुरुषकेतांई ब्रह्मविद्यादेणेकरिकै ऐसापाप उत्पन्नहोवैनहीं ॥ जै
सापाप मिथ्यावचनकरिकैउत्पन्नहोवैहै ॥ यातैं आपणेप्रतिज्ञाकेसत्यकरणेवासते इंद्रकेतांई अवश्य ब्रह्मविद्यादेणीचाहिये ॥ याप्र
कारकाविचारकरिकै सोदध्यङ्ऋषि कहताभया ॥ हेदेवराजइंद्र! सर्वलोकविषेप्रसिद्ध जोहमारेअश्विनीकुमारदोशिष्यहैं तिनोंनैं
ब्रह्मविद्याकीप्राप्तिवासते पूर्वहमारेआगे प्रार्थनाकरीथी ॥ परंतु तिनअश्विनीकुमारोंकूं वैराग्यादिकसाधनोंतैंरहितदेखिकरिकै ति
नोंकेप्रति मैं ब्रह्मविद्याकाउपदेश नहींकरताभया ॥ ऐसीदुर्लभब्रह्मविद्याकाउपदेश मैं तुमारेतांई करताहूं ॥ तुम सावधानहोइकै
श्रवणकरो ॥ हेदेवराजइंद्र! जैसे सुखशब्दकामुख्यअर्थ आत्मस्वरूपआनंदहै आत्मस्वरूपआनंदतैंभिन्न विषयजन्यआनंद सुख
शब्दकागौणअर्थहै ॥ तैसेविद्याशब्दकाभी मुख्यअर्थ ब्रह्मविद्याहीहै ॥ ब्रह्मविद्यातैंभिन्नदूसरीविद्या विद्याशब्दकागौणअर्थहै॥
अब ब्रह्मविद्याविषे विद्याशब्दकीमुख्यअर्थता दिखावणेवासते प्रथम विद्याशब्दकेअर्थकूंदिखावैहैं ॥ कार्यरूपकरिकैअनंतरूपोंकूं
प्राप्तहुआ तथावासनारूपीजालकामूलरूप औरसर्वप्राणियोंकूंभयकेदेणेहारा ऐसाजोअज्ञानहै तिसअज्ञानकूं निःशेषतैंजोनिवृ
त्तकरै ॥ तिसकानाम विद्याहै ॥ अथवावैराग्यादिकसाधनयुक्तअधिकारियोंकेतांई आनंदस्वरूपआत्माकूंजोदेवै ताकानाम वि
द्याहै ॥ अथवा अधिकारियोंकेप्रति जोआत्माकासाक्षात्कारकरावै ताकानाम विद्याहै ॥ याप्रकारकाविद्याशब्दकाअर्थ ब्रह्मवि
द्याविषेहीघटैहै॥ ब्रह्मविद्यातैंभिन्नविद्याविषे याप्रकारकाअर्थघटैनहीं ॥ काहतें? ब्रह्मविद्याही पुरुषोंकेअज्ञानकीनिवृत्तिकरैहै तथाआ ॥१५॥
नंदस्वरूपआत्माकीप्राप्तिकरैहै ॥ ब्रह्मविद्यातैंभिन्नकोईविद्या अज्ञानकीनिवृत्ति तथापरमानंदकीप्राप्ति करैनहीं ॥ यातैं ब्रह्मविद्या
ही विद्याशब्दकामुख्यअर्थहै ॥ याप्रकार विद्याशब्दकेअर्थकूंनिरूपणकरिकै सोदध्यङ्ऋषि कहताभया ॥ हेदेवराजइंद्र! संपूर्ण

वेदांतशास्त्रकरिकैप्रतिपादनकरणेयोग्य जोयहब्रह्मपुरुषहै ॥सो आपणेसत्‌चित्‌आनंदरूपकरिकै संपूर्णजगत्‌कूं व्याप्तकरिरह्याहै। याकारणतैं यहब्रह्मनामापुरुष पूर्णसंज्ञाकूंप्राप्तभयाहै ॥ और हेदेवराजइंद्र! असत्‌शब्दकाअर्थ तथाअसत्‌शब्दजन्यज्ञानकाविषय जोतत्पदकाअर्थपरोक्षईश्वरहै ॥ और सत्‌शब्दकाअर्थ तथासत्‌शब्दजन्यज्ञानकाविषय जोत्वंपदकाअर्थअपरोक्षजीवहै ॥ तिनदोनोंकूं परमात्माकेसत्‌चित्‌आनंदस्वरूपकरिकै तू पूर्णजाण ॥ शंका ॥ हेभगवन्‌! आत्माकेभेदकाकारणजोप्रपंचरूपउपाधिहै ॥ तिसकेविद्यमानहुए परमात्माकीसर्वत्रपूर्णता संभवैनहीं ॥ समाधान ॥ हेदेवराजइंद्र! जोप्रपंच आनंदस्वरूपआत्मातैंभिन्नहोवै तौ प्रपंच आत्माकेभेदकूंउत्पन्नकरै ॥ परंतु आनंदस्वरूपआत्माकेअधिष्ठानतैं प्रपंच भिन्ननहीं ॥ किंतु पूर्णपरमात्मातैंही यहप्रपंच उत्पन्नहोवैहै ॥ और पूर्णपरमात्माविषेही यहसंपूर्णजगत्‌ स्थितहै ॥ और पूर्णपरमात्माविषेही यहसकलजगत्‌ लयहोवैहै ॥ अधिष्ठानआत्माकीसत्तातैंभिन्न जगत्‌कीसत्तानहीं ॥ यातैं संपूर्णजगत्‌ अधिष्ठानरूपआत्माविषेकल्पितहै ॥ जैसे रज्जुरूपअधिष्ठानकेज्ञानहुए कल्पितसर्पकीनिवृत्तिहोवैहै ॥ परिशेषतैं रज्जुरूपअधिष्ठान रहैहै ॥ तैसे अधिष्ठानस्वरूपआत्माकेसाक्षात्कारहुए संपूर्णकल्पितप्रपंचकीनिवृत्तिहोवैहै ॥ परिशेषतैं पूर्णपरमात्माही प्रपंचरूपउपाधितैंरहितहुआ स्थितहोवैहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसे वर्षाकालविषे आकाशतैंही मेघ उत्पन्नहोवैहै ॥ और आकाशविषेही मेघ स्थितहोवैहै ॥ और आकाशविषेही मेघोंकालयहोवैहै ॥ और संपूर्णमेघोंकेनिवृत्तहुए परिशेषतैं एकआकाशहीरहैहै ॥ तैसे कल्पितप्रपंचकेनिवृत्तहुए परिशेषतैं एकअद्वितीयपरमात्माहीरहैहै ॥ और हेदेवराजइंद्र! जैसे आकाश सर्वत्रपूर्णहै ॥ तैसे आनंदस्वरूपपरमात्माभी सर्वत्रपूर्णहै ॥ और जैसे शरीरादिकअनात्मपदार्थ भूत भविष्यत्‌ वर्तमान यातीनकालोंविषे एकस्वभाववालेहोवैनहीं ॥ किंतु बाल्ययौवनादिकनानास्वभावोंकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ तैसे यहआनंदस्वरूपआत्मा नानास्वभावोंकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ किंतु तीनकालोंविषे एकस्वभाववालाहै ॥ और सत्‌ चित्‌ आनंद स्वरूपहै ॥ ऐसे निर्गुणपरमात्माकेवास्तवस्वरूपकूं शुद्धअंतःकरणवालेविद्वान्‌पुरुषही अनुभवकरैहैं ॥ मलिनअंतःकरणवालेपुरुष आत्माकेवास्तवस्वरूपकूं जाणिसकैनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन्‌! जिसआत्माकेवास्तवस्वरूपकूं विद्वान्‌पुरुष

अनुभवकरैहै ॥ तिसआत्माकेवास्तवस्वरूपकूं घटपटादिकोंकीन्यांई इदंतारूपकरिकै हमारेप्रति कथनकरो ॥ समाधान ॥ हेदेवराजइंद्र! यहआनंदस्वरूपपरमात्मा वास्तवतैंअसंगहै औरनिर्गुणहै ॥ और जगत्कीउत्पत्तिस्थितिलयतैंरहितहै ॥ यातैं ऐसेनिर्गुणपरमात्माकूं घटादिकोंकीन्यांई इदंतारूपकरिकैबोधनकरणेविषे कोईभीविद्वान् समर्थनहीं ॥ किंतु ऐसेनिर्गुणपरमात्मा विषे जगत्केउत्पत्तिस्थितिलयका आरोपणकरिकै शिष्यकेतांई तिसनिर्गुणब्रह्मकाउपदेश गुरुकरैहैं ॥ प्रपंचकेअध्यारोपअपवादतैंविना साक्षात्निर्गुणपरमात्माकेबोधकरणेविषे कोईभीपुरुष समर्थनहीं ॥ काहेतें? यहनिर्गुणपरमात्मा स्वप्रकाशज्ञानस्वरूप है ॥ यातैं बाह्यचक्षुआदिकइंद्रियोंकरिकैभी जान्याजावैनहीं ॥ तैसे अंतरमनबुद्धिआदिकोंकरिकैभी जान्याजावैनहीं ॥ तथा अन्यकिसीप्रमाणकरिकैभी जान्याजावैनहीं ॥ ऐसेमनवाणीकेअविषयनिर्गुणपरमात्माविषे जगत्कीउत्पत्तिस्थितिलय किसप्रकारसंभवै? ॥ याप्रकारकेविचारयुक्त जेमहात्मापुरुषहैं ॥ तिनोंनैं जगत्केउत्पत्तिकीसिद्धिवासते तिसनिर्गुणपरमात्माविषे मायाकीकल्पनाकरीहै ॥ सामाया अज्ञानतैंभिन्ननहीं ॥ किंतु मैंअज्ञानीहूं याअनुभवकरिकैसिद्ध अज्ञानस्वरूपहीमायाहै ॥ और हेदेवराजइंद्र! तिसअज्ञानरूपमायाकूं यहपरमात्माही प्रकाशकरैहै ॥ यातैं साअज्ञानरूपमाया संपूर्णपरमात्माकूं आच्छादनकरैनहीं ॥ किंतु परमात्माकेकिंचित्देशकूं सामाया आच्छादनकरैहै ॥ जोसर्वओरतैंपरमात्माकूं माया आच्छादनकरै तौ अस्तिभातिप्रियरूपकरिकै आत्माकाभान नहींहोणाचाहिये ॥ और सर्वप्राणियोंकूं मैंसर्वदाविद्यमानहूं याप्रतीतिविषे अस्तिरूपकरिकै परमात्माकाभानहोवैहै ॥ और मैंभासताहूं याप्रतीतिविषे भातिरूपकरिकै परमात्माकाभानहोवैहै ॥ और मैंकबीभीअप्रियनहींहूं याप्रतीतिविषे प्रियरूपकरिकै परमात्माकाभानहोवैहै ॥ यातैं हेदेवराजइंद्र! यहआनंदस्वरूपपरमात्मापुरुष आपणेस्वप्रकाशज्ञानस्वरूपकरिकै संपूर्णबुद्धिआदिकजडपदार्थोंकाद्रष्टाहै ॥ और सजातीय विजातीय स्वगत भेदतैंरहितहै ॥ ऐसेस्वतःसिद्धआनंदस्वरूपपरमात्माका साक्षात्बोधकरणेविषे कोईभीपुरुष समर्थनहीं ॥ अब याहीअर्थकूंस्पष्टकरिकैदिखावैहैं ॥ हेदेवराजइंद्र! शब्दस्पर्शादिकविषयोंकेअनुभवतैं उत्पन्नभयाजोपुरुषकूंसुखहै ॥ तिसआपणेसुखकूं सोपुरुष जबीअन्यकिसीपुरुषकेप्रति कथनकरैहै ॥ तबी अन्य

किसीपदार्थकूंदृष्टांतकरिकै ताआपणेसुखका कथनकरैहै ॥ किसीदृष्टांततैंविना विषयजन्यसुखकेसाक्षात्कथनकरणेविषे कोईभीपु रुष समर्थनहीं ॥ जबी अनुभवकरेहुएविषयजन्यसुखकूंभी कोईपुरुष साक्षात्कथनकरणेविषे समर्थनहींभया ॥ तबी अलौकिक आनंदस्वरूपआत्माकूंकौनपुरुष साक्षात्कथनकरिसकैगा?॥ किंतु आनंदस्वरूपआत्माकेसाक्षात्कथनकरणेविषे कोईभीपुरुष समर्थ नहीं ॥ यातैं हेदेवराजइंद्र! तानिर्गुणपरमात्माविषे जगत्काअध्यारोपकरिकै मैंतुमारेतांई आनंदस्वरूपआत्माकाउपदेश करताहूं ॥ जोतुमाराअंतःकरण शुद्धहोवैगा तौ आपेहीतू परमात्माकेवास्तवस्वरूपकूंजाणैगा ॥ अब परमात्माविषेजगत्केअध्यारोपकूंदि खावैहैं ॥ हेदेवराजइंद्र ! याअनादिसंसारविषे जैसे रात्रिदिनकाप्रवाह निरंतरवर्तमानहै ॥ तात्पर्ययह ॥ रात्रिकेनिवृत्तहुए दिन कीउत्पत्तिहोवैहै ॥ और दिनकेनिवृत्तहुए पुनःरात्रिकीउत्पत्तिहोवैहै ॥ याप्रकार दिनरात्रिकाप्रवाह निरंतरवर्तमानहै ॥ तैसे जगत् के उत्पत्तिका तथाप्रलयका प्रवाहभी निरंतरवर्तमानहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जगत्केउत्पत्तितैंअनंतर प्रलयहोवैहै ॥ और प्रलयकेअनं तर पुनःजगत्कीउत्पत्तिहोवैहै ॥ याप्रकार जगत्केउत्पत्तिप्रलयकाप्रवाह निरंतरवर्तमानहै ॥ और जैसे रात्रिके तथादिनके जोम ध्यकालहै ताकूं लोकविषेसंध्याकहैहैं ॥ तैसे जगत्केउत्पत्तिका तथानाशका जोमध्यकालहै ताकूं शास्त्रविषेस्थितिकहैहैं ॥ अब जगत्केस्वरूपकूंदिखावैहैं ॥ हेदेवराजइंद्र ! यहसंपूर्णजगत् नाम रूप क्रिया स्वरूपहै ॥ तहांविश्व लोक दृश्य प्रपंच याप्रका रकेशब्दोंकूंनामकहैहैं ॥ और आकाशादिकपंचभूतोंकूं तथापंचभूतोंकेकार्यशरीरादिकव्यक्तियोंकूं रूपकहैहैं ॥ और जगत्केउत्प त्तिकूं तथासंहारकूं क्रियाकहैहैं ॥ इसप्रकार संपूर्णजगत्विषे नामरूपक्रियास्वरूपताकथनकरिकै अब एकएकघटपटादिकप दार्थविषे नाम रूप क्रिया स्वरूपतादिखावैहैं ॥ जैसे एकघटका घट कुंभ कलश येनामहैं ॥ और उदरबडा मुखछोटा यह घटकारूपहै ॥ और जलादिकोंकाआनयन यहघटकीक्रियाहै ॥ इसप्रकारपटादिकसर्वपदार्थोंविषेभी नामरूपक्रिया जानि लेणी ॥ अब नामरूपक्रियाकेपरस्परअभेदकूंदिखावैहैं ॥ हेदेवराजइंद्र ! जैसे पटादिकपदार्थ कबी नवीनअवस्थाकूंप्राप्त होवैहैं ॥ और कबी जीर्णअवस्थाकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ सानवीनअवस्था तथाजीर्णअवस्था पटादिकपदार्थोंतैंभिन्ननहीं ॥ किंतु

तु पटादिकोंकास्वरूपहीहै ॥ तैसे आनयनादिरूपक्रियाभी घटादिकपदार्थोंकीअवस्थाविशेषहै ॥ यातें घटादिकवस्तुकेस्वरूप
तें क्रिया भिन्ननहीं ॥ किंतु रूपस्वरूपही क्रियाहै ॥ और सोघटादिकोंकारूप घटादिकनामोंतें भिन्ननहीं ॥ काहेतें? घटादिकना
मोंतेंविना घटादिकोंके रूपकी सिद्धि होवैनहीं ॥ यातें घटादिकोंकारूप नामस्वरूपहै ॥ इसप्रकार नाम रूप क्रिया येतीनों प
रस्परभिन्ननहीं किंतु अभिन्नहै ॥ और हेदेवराजइंद्र! जैसे नामरूपक्रिया येतीनों परस्पर भिन्ननहींहैं ॥ तैसे आपणेकार
णतेंभी नामरूपक्रिया भिन्ननहीं ॥ किंतु नामरूपक्रिया आपणेकारणतेंअभिन्नहींहोवैहैं ॥ कार्यका कारणकेसाथअभेद लोक
विषेभीदेख्याहै ॥ जैसे रज्जुविषेकल्पित सर्पदंडादिककार्य रज्जुरूपकारणतेंभिन्नहोवैनहीं ॥ तथा परस्परभी भिन्नहोवैनहीं ॥ किंतु
कल्पितसर्पदंडादिक रज्जुरूपकारणतें तथापरस्परअभिन्नहीहैं ॥ तैसे नामरूपक्रिया आपणेकारणतें तथापरस्पर भिन्ननहीं किंतुअ
भिन्नहीहैं ॥ और हेदेवराजइंद्र! जैसे आकाशविषेकल्पितमेघादिक आपणीउत्पत्तितेंपूर्व आकाशस्वरूपहीहोवैहैं ॥ तैसे नामरूप
क्रियास्वरूपसकलजगत् आपणीउत्पत्तितेंपूर्व अद्वितीयब्रह्मरूपहीहोताभया ॥ याप्रकार श्रुतिनें जगत्कीउत्पत्तितेंपूर्व ब्रह्मरूपक
रिकैजगत्कीस्थिति कथनकरीहै ॥ साब्रह्मविषेजगत्कीस्थिति ब्रह्मकूंजगत्काकारणमानणेतेंविना संभवैनहीं ॥ काहेतें? आपणेउत्प
त्तितेंपूर्व कार्य कारणविषेहीरहैहै ॥ कारणतेंभिन्नकिसीपदार्थविषे कार्य रहैनहीं ॥ जैसे घटरूपकार्य आपणीउत्पत्तितेंपूर्व मृत्तिकारू
पकारणविषेरहैहै ॥ मृत्तिकातेंभिन्नकिसीपदार्थविषे घटरूपकार्य रहैनहीं ॥ और हेदेवराजइंद्र! अद्वितीयब्रह्मविषे श्रुतिनें कथन
करीजोजगत्कीकारणता सा मायातेंविनासंभवैनहीं ॥ यातें अद्वितीयनिर्गुणपरमात्माविषे जगत्केकारणताकीसिद्धिवासते तेविद्वा
नपुरुष तिसअद्वितीयब्रह्मविषे मायाकीकल्पनाकरैहैं ॥ और हेदेवराजइंद्र! सामायाभी अधिष्ठानब्रह्मतेंभिन्ननहीं ॥ किंतु अज्ञात
ब्रह्मकानामहीमायाहै ॥ याकारणतें विवेकीमहात्मापुरुष ब्रह्मविषेजगत्कीकारणताकेसिद्धिवासते तिसअज्ञातपरमात्माकूंही माया
केवाचकअव्याकृतादिकशब्दोंकरिकैकथनकरैहै ॥ अब मायाविशिष्टपरमात्माकेनामोंकूं दिखावैहैं ॥ हेदेवराजइंद्र! कोईवेदवेत्तापुरुष
तामायाविशिष्टपरमात्माकूं अव्याकृतकहैहैं ॥ और कोईकवेदवेत्तापुरुष तिसमायाविशिष्टपरमात्माकूं आकाशकहैहैं ॥ और कोईक

वेदवेत्तापुरुष तिसमायाविशिष्टपरमात्माकूं अक्षरकहेहैं ॥ और कोईकवेदवेत्तापुरुष तिसमायाविशिष्टपरमात्माकूं मायिकहेहैं ॥ और कोईकवेदवेत्तापुरुष तिसमायाविशिष्टपरमात्माकूं अधीश्वरकहेहैं॥ और कोईकवेदवेत्तापुरुष तिसमायाविशिष्टपरमात्माकूं अंतर्यामी कहेहैं ॥ और कोईकवेदवेत्तापुरुष तिसमायाविशिष्टपरमात्माकूं ईश्वरकहेहैं ॥ और कोईकवेदवेत्तापुरुष तिसमायाविशिष्टपरमात्माकूं कारणकहेहैं ॥ और कोईकवेदवेत्तापुरुष तिसमायाविशिष्टपरमात्माकूं ब्रह्मकहेहैं ॥ और कोईकवेदवेत्तापुरुष तिसमायाविशिष्टपरमात्माकूं पूर्णकहेहैं ॥ इत्यादिकअनंतनामोंकरिकै तिसमायाविशिष्टपरमात्माकूं वेदवेत्तापुरुष कथनकरैहैं॥ अब अव्याकृतशब्दकेअर्थकूं दिखावैंहैं ॥ हेदेवराजइंद्र! सृष्टिकीउत्पत्तितैंपूर्व मायाविशिष्टपरमात्माविषे यासंपूर्णप्रपंचकानामरूप अस्पष्टरूपकरिकैरहेहै ॥ या कारणतैं तिसमायाविशिष्टपरमात्माकूं अव्याकृतकहेहैं ॥ और हेदेवराजइंद्र! जैसे शीतकालविषे सूक्ष्मरूपहोइकेमेघ आकाशविषेर हेहैं ॥ और पुनःवर्षाकालविषे तिसीआकाशतैं स्थूलरूपकरिकैमेघ उत्पन्नहोवैंहैं ॥ तैसे प्रलयकालविषे तिसअव्याकृतपरमात्माविषे नामरूपक्रियास्वरूपजगत् सूक्ष्मरूपहोइकैरहेहै ॥ और पुनःसृष्टिकालविषे तिसअव्याकृतपरमात्मातैंही स्थूलरूपकरिकैयहजगत् उत्पन्नहोवैहै ॥ यातैं मायाविशिष्टअव्याकृतपरमात्माही संपूर्णजगत्काकारणहै ॥ अब हिरण्यगर्भकेस्वरूपकूंदिखावैहैं ॥ हेदेवराजइंद्र! आकाश वायु अग्नि जल पृथिवी यहपंचभूत ॥ तथा नेत्र त्वक् रसन घ्राण श्रोत्र यहपंचइंद्रिय ॥ तथा प्राण अपान समान व्यान उदान यहपंचप्राण ॥ तथा मन ॥ याषोडशकलावोंकेसमूहकूं वेदवेत्तापुरुष सूक्ष्मशरीरकहेहैं ॥ तासमष्टिसूक्ष्मशरीरविषे अहंअभिमानकरिकैयुक्तहुआ सोमायाविशिष्टपरमात्माही हिरण्यगर्भसंज्ञाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और हेदेवराजइंद्र! तिसहिरण्यगर्भकूं कोईकवेदवेत्तापुरुष सूत्रआत्माभीकहेहैं ॥ और कोईकवेदवेत्तापुरुष तिसहिरण्यगर्भकूं मृत्युकहेहैं ॥ और कोईवेदवेत्तापुरुष तिसहिरण्यगर्भकूं अशनायाकहेहैं ॥ और कोईकवेदवेत्तापुरुष तिसहिरण्यगर्भकूं प्रभंजनकहेहैं ॥ और कोईकवेदवेत्तापुरुष तिसहिरण्यगर्भकूं स्वयंभूकहेहैं ॥ और कोईकवेदवेत्तापुरुष तिसहिरण्यगर्भकूं ईशकहेहैं ॥ और कोईकवेदवेत्तापुरुष तिसहिरण्यगर्भकूं कार्यब्रह्मकहेहैं ॥ इसतैंआदिलेके अनंतनामोंकरिकै हिरण्यगर्भकाकथनकर्‍याहै॥ और हेदेवराजइंद्र! इसहिरण्यगर्भकास्वरूप

अत्यंतसूक्ष्महै ॥ और नानाप्रकारकेवर्णोंकरिकैयुक्तहै ॥ तात्पर्ययह ॥ ईश्वर इंद्रिय प्राण विषय अंतःकरण इतनेपदार्थोंकासमु
दाय जाकास्वरूपहै ॥ और हेदेवराजइंद्र! जैसे प्रथम बीजतैंअंकुरउत्पन्नहोवैहै ॥ और अंकुरतैंवृक्षउत्पन्नहोवैहै ॥ यातैं बीज अं
कुरद्वारा वृक्षकाकारणहै ॥ और अंकुर साक्षात्वृक्षकाकारणहै ॥ तैसे मायाविशिष्टपरमात्मा हिरण्यगर्भद्वारा प्रपंचकाकारणहै ॥ औ
र यहहिरण्यगर्भ आकाशादिकस्थूलपंचभूतोंका तथापंचभूतोंकेकार्यस्थूलशरीरादिकोंका साक्षातहीकारणहै ॥ और यहसंपूर्ण
जगत् याहिरण्यगर्भकाहीस्वप्नहै ॥ शंका ॥ हेभगवन्! जबी यहसंपूर्णजगत् हिरण्यगर्भकास्वप्नमानोंगे तो हिरण्यगर्भविषे
जीवपणासिद्धहोवैगा ॥ समाधान ॥ हेदेवराजइंद्र! उपाधिदृष्टिकरिकै यहहिरण्यगर्भ जबी आपणेचैतन्यस्वरूपकूंनहींअनुभवकर
ता ॥ तबी यहहिरण्यगर्भ जीवसंज्ञाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और चैतन्यदृष्टिकरिकै यहहिरण्यगर्भ आपणेव्यापकस्वरूपकाहीअनुभवकरै
है ॥ यातैं यहहिरण्यगर्भ ईश्वरसंज्ञाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे महाभारतविषे युधिष्ठिरादिकपंचपांडवोंविषे देवतावोंका
अंश तथामनुष्यकाअंश दोनोंकथनकरैहैं ॥ तैसे समष्टिसूक्ष्मउपाधिकीदृष्टिकरिकै हिरण्यगर्भविषे जीवव्यवहारहोवैहै ॥ और उ
पाधितैंरहितव्यापकचैतन्यदृष्टिकरिकै हिरण्यगर्भविषे ईश्वरव्यवहारहोवैहै ॥ अब हिरण्यगर्भविषे ईश्वरस्वरूपताकेस्पष्टकरणे
वासते ताहिरण्यगर्भविषे सर्वात्मताकूं तथाजगत्के उत्पत्ति स्थिति लयकीकारणताकूं दिखावैहैं ॥ हेदेवराजइंद्र! यहहिरण्य
गर्भही जडचेतनरूपसंपूर्णजगत्स्वरूपहै ॥ और यहहिरण्यगर्भही इंद्रादिकसकलदेवतास्वरूपहै ॥ और यहहिरण्यगर्भही दश
दिशास्वरूपहै ॥ याकरिकै हिरण्यगर्भकीसर्वत्रव्यापकतादिखाई ॥ अब जगत्कीकारणताकूंदिखावैहैं ॥ हेदेवराजइंद्र! जैसे माया
वीराक्षसोंकाबालक आपणेमायाकेप्रभावतैं अनेकपदार्थोंकी उत्पत्ति स्थिति लयकूंकरैहै ॥ तैसे यहहिरण्यगर्भभगवान् आपणेमाया
केबलतैं संपूर्णजगत्के उत्पत्तिकूंतथास्थितिकूं तथासंहारकूंकरैहै ॥ यातैं हिरण्यगर्भही संपूर्णजगत्काकारणहै ॥ और हेदेवराजइं
द्र! याजगत्विषे हिरण्यगर्भतैंअधिक तथाहिरण्यगर्भकेसमान कोईभीदेहधारीजीव नहीं ॥ किंतु संपूर्णदेहधारीजीवोंतैं यहहिरण्य
गर्भभगवान् अधिकहै ॥ यातैं यहहिरण्यगर्भभगवान् अतिशयतादोषतैंरहितहै ॥ और हेदेवराजइंद्र! जैसे राजाकेप्रियभृत्य आप

णीआपणीइच्छाकेअनुसार शुभकर्मविषे तथाअशुभकर्मविषे प्रवर्तमानहोवैहैं ॥ तिनप्रियभृत्योंकीइच्छाकेअनुसारही राजा तिनोंकूं प्रेरणाकरैहै॥तैसे पूर्वपूर्व पुण्यपापरूपकर्मकेअनुसार पुण्यकर्मविषे तथापापकर्मविषे प्रवर्तमानभयेजीवोंकूं यहहिरण्यगर्भभगवान् प्रेरणाकरैहै ॥ यातें यहहिरण्यगर्भभगवान् अंतर्यामीहै ॥ अब याहीअर्थकूंस्पष्टकरिकैदिखावैहैं ॥ हेदेवराजइंद्र ! यहहिरण्यगर्भ भगवान् जिनपुरुषोंकूं नरकविषेलेजाणेकीइच्छाकरैहै ॥ तिनपुरुषोंकूं प्रेरणाकरिकै पापकर्महीकरावैहै॥ और यहहिरण्यगर्भभगवा न् जिनपुरुषोंकूं स्वर्गविषेलेजाणेकीइच्छाकरैहै ॥ तिनपुरुषोंकूं प्रेरणाकरिकै पुण्यकर्महीकरावैहै ॥ और सोहिरण्यगर्भभगवान् जिनपुरुषोंकूं मनुष्यलोकविषेलेजाणेकीइच्छाकरैहै ॥ तिनपुरुषोंकूं प्रेरणाकरिकै पुण्यकर्म तथापापकर्म दोनोंकरावैहै॥ और हेदेवरा जइंद्र ! जैसे लोकविषेधर्मात्माराजा शुभकर्मकरणेहारेपुरुषकूं सुखकीप्राप्तिकरैहै ॥ और अशुभकर्मकरणेहारेपुरुषोंकूं दुःखकीप्रा प्तिकरैहै ॥ तैसे यहहिरण्यगर्भभगवान्भी पुण्यकर्मवान्पुरुषोंकूं सुखकीप्राप्तिकरैहै ॥ और पापकर्मवान्पुरुषोंकूं दुःखकीप्राप्तिकरै है॥ और यहहिरण्यगर्भभगवान् पापीपुरुषकेइच्छाकेअनुसार तापापीपुरुषकूं पापकर्मविषेप्रेरणाकरैहै ॥ और धर्मात्मापुरु षकेइच्छाकेअनुसार ताधर्मात्मापुरुषकूं पुण्यकर्मविषेप्रेरणाकरैहै ॥ यातें हिरण्यगर्भविषे विषमतादोष तथानिर्दयतादोष होवै नहीं ॥ **दृष्टांत** ॥ जैसे पिता माता नानाप्रकारकेपदार्थोंकीप्राप्तिकरिकै बालककूं सुखकीप्राप्तिकरैहै ॥ और कदाचित् सो पिता माता ताडनकरिकै बालककूं दुःखकीप्राप्तिभीकरैहैं ॥ परंतु बालककेताडनाकालविषे पितामाताकी बालकउपरि निर्दय ताहोवैनहीं॥ किंतु बालककेहितवासतेही पितामाता ताकाताडनकरैहै ॥ तैसे यहहिरण्यगर्भभगवान्भी जीवोंकेचित्तकीशुद्धिवा सते तिनजीवोंकेकर्मोंकेअनुसार तिनजीवोंकूं नरकदुःखकीप्राप्तिकरैहै ॥ यातें हिरण्यगर्भविषे विषमतादोष तथानिर्दयतादोष संभ वैनहीं ॥ और हेदेवराजइंद्र! यहहिरण्यगर्भभगवान् सृष्टिकेआदिकालविषे संपूर्णजगत्कूंविचारकरिकैउत्पन्नकरैहै ॥ और स्थिति कालविषे संपूर्णजगत्का पालनकरैहै ॥ और प्रलयकालविषे संपूर्णजगत्का संहारकरैहै ॥ याहिरण्यगर्भतेंभिन्न दूसराकोईपुरुष जगत्के उत्पत्ति स्थिति लय करणेविषेसमर्थनहीं॥और हेदेवराजइंद्र! सोहिरण्यगर्भभगवान् जलहैंप्रधानजिनोंविषे ऐसेस्थूलपंच

भूतोंकूंउत्पन्नकरिकै तिनजलोंविषे आपणेशक्तिरूपवीर्यकूं पावताभया ॥ सोकैसावीर्यहै? उपासकपुरुषोंनैं करेजेकर्म तथाउपासना तिनोंका सूक्ष्मपरिणामरूपहै ॥ ऐसाशक्तिरूपवीर्य जबी हिरण्यगर्भनें जलविषेपाया तबी सोशक्तिरूपवीर्य जलकेऊपरिस्थितहो ताभया ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे अंकुरकीउत्पत्तिकालविषे बीज फूलिजावैहै ॥ तैसे सोवीर्य फूलताभया ॥ और तिसतैंअनंतर सोवीर्य दधिकेसमानहोताभया और तिसतैंअनंतर सोवीर्य अत्यंतकठिनभावकूंप्राप्तहोताभया॥ और अत्यंतकठिनभावकूंप्राप्तहुआ सोवीर्य पृथिवीरूपहोताभया ॥ और तिसपृथिवीकासाररूप यहब्रह्मांडगोलक होताभया ॥ याकारणतैंही यहपृथिवी साररूपतैंरहितहुई रूक्षप्रतीतिहोवैहै ॥ और सोपृथिवीकासाररूप ब्रह्मांडगोलककैसाहै? कुक्कुटकेअंडेसमान जाकाआकारहै ॥ और भूरादिकसप्तलो कोंकाआधारहै ॥ ऐसाब्रह्मांडरूपगोलक एकवर्षपर्यंत तिनजलोंविषेस्थितहोताभया ॥ और जैसे शुष्कतुंबीफल वायुकरिकै जल विषेभ्रमणकरैहै॥ तैसे जलविषे वायुकरिकैताडनकऱ्याहुआ यहब्रह्मांडरूपगोलक एकवर्षकेसमाप्तहुएतैंअनंतर कुक्कुटकेअंतरकीन्यां ई भेदनहोताभया ॥ तिसब्रह्मांडरूपगोलकतैं सप्तलोकहैंशरीरजाका ऐसाविराटभगवान् प्रगटहोताभया ॥ सोकैसाहैविराट्भ गवान्? भूत भविष्यत् वर्तमान यातीनकालोंविषेस्थित जितनाप्रपंचहै ॥ सोसंपूर्ण विराट्भगवान्काही स्वरूपहै ॥ औ र यहविराट्भगवान्ही संपूर्णजीवोंकूं भोगोंकीप्राप्तिकरैहै ॥ और यहविराट्भगवान्ही जीवोंकूं स्वर्गरूपगौणअमृतकीप्रा प्तिकरैहै ॥ तथा मोक्षरूप मुख्यअमृतकी प्राप्तिकरैहै ॥ और यहविराट्भगवान्ही वृक्षादिकस्थावरप्राणियोंकूं तथामनुष्या दिकजंगमप्राणियोंकूं नानाप्रकारकेअन्नादिकोंकीप्राप्तिकरिकै वृद्धिकरैहै ॥ और हेदेवराजइंद्र! याविराट्भगवान्काकैसा महिमाहै? ॥ संपूर्णजगत् जिसकेमहिमाका एकपादहै ॥ और तीनपादोंकरिकै युक्त सोमहिमा जिसविराट्भगवान्केस्वप्रका शस्वरूपविषेस्थितहै ॥ और जैसे लोकविषे सेनापतितैंआदिलैके संपूर्णद्रव्यादिकपदार्थ राजाकामहिमाहै॥ तिससेनापतिआदि कमहिमातैं तिसमहिमाकाआश्रयरूप महाराजा अधिकहोवै है॥ तैसे संपूर्णप्रपंचरूपमहिमातैं यहविराट्भगवान् अधिकहै ॥ औ र हेदेवराजइंद्र! सकामपुरुषोंकेस्वर्गादिकलोकोंकीप्राप्तिवासते कर्मकांडरूपप्रवृत्तिमार्गकाकरताभी यहविराट्भगवान्हीहै ॥ तथा

निष्कामपुरुषोंकेमोक्षकीप्राप्तिवासते ज्ञानकांडरूपनिवृत्तिमार्गकाकरताभी यहविराट्भगवान्हीहै ॥ और हेदेवराजइंद्र! आका
शादिकपंचभूतोंकरिकैरचितसंपूर्णप्रपंचतें यहविराट्भगवान् अधिकहै॥ याकारणतैं बुद्धिमान्पुरुष ताकूं विराट्कहैहैं॥और यहविरा
ट्भगवान् संपूर्णप्राणियोंकेशरीररूपपुरियोंका आश्रयकरिकैस्थितहोवैहै ॥ और आपणेस्वरूपकरिकै संपूर्णशरीरोंकूंपूर्णकरैहै ॥
याकारणतैं विराट्भगवान्कूं अधिपुरुषकहैहैं॥ और हेदेवराजइंद्र! ब्रह्मांडविषेस्थित जोयहविराट्भगवान्है तिसविराट्भगवान्
तैंही यहसंपूर्णशरीर उत्पन्नभये हैं ॥ तथा संपूर्णपर्वत तथापृथिवी उत्पन्नभयीहै ॥ याकारणतैं सोविराट्भगवान् संपूर्णदेहधारीजी
वोंतैंअधिकहै॥ और हेदेवराजइंद्र! यहविराट्भगवान्ही यज्ञस्वरूपहै॥ और ऋक् साम यजुष् अथर्वण याच्यारिवेदोंकाकारणभीयह
विराट्भगवान्हीहै॥ और याविराट्भगवान्तैंही गायत्रीआदिकछंद उत्पन्नभयेहैं॥ तथा अजातैंआदिलैकै संपूर्णग्रामकेपशु तथा
वनकेपशु उत्पन्नभये हैं ॥और याविराट्भगवान्केमुखतैं देवराजइंद्र तथाअग्नि तथासंपूर्णब्राह्मण उत्पन्नभये हैं॥और याविराट्भगवा
न्केबाहुतैं इंद्र वरुणादिक देवक्षत्रिय उत्पन्नभयेहैं॥ तथा भूमिकेराजे मनुष्यक्षत्रिय उत्पन्नभये हैं॥ और याविराट्भगवान्केऊरुदे
शतैं विश्वेदेवादिकदेववैश्य तथासंपूर्णमनुष्यवैश्य उत्पन्नभयेहैं॥ और याविराट्भगवान्केपादोंतैं पूषानामादेवशूद्र तथासंपूर्णमनु
ष्यशूद्र उत्पन्नभये हैं॥ और याविराट्भगवान्केमनतैं चंद्रमा उत्पन्नभयाहै ॥ और याविराट्भगवान्केनेत्रोंतैं सूर्यभगवान् उत्पन्न
भयाहै ॥ और याविराट्भगवान्केप्राणतैं वायु उत्पन्नभयाहै ॥ और याविराट्भगवान्कीनाभितैं आकाश उत्पन्नभयाहै ॥ और
याविराट्भगवान्केमस्तकतैं स्वर्गलोक उत्पन्नभयाहै ॥ और याविराट्भगवान्केश्रोत्रतैं दशोदिशा उत्पन्नभयीहैं ॥ इसप्रकार
अन्यभीसंपूर्णदेवता तथाशब्दादिकविषय याविराट्भगवान्तैंही उत्पन्नभयेहैं ॥ और हेदेवराजइंद्र! घृततैंआदिलैकेजेद्रव्यहैं ॥
तथा वसंतऋतुतैंआदिलैकेजेकालहैं ॥ तथाअग्निआदिकजेदेवताहैं ॥ तथा यज्ञकाकरताजोयजमानहै ॥ और यज्ञादिकजेकर्महैं
यहसंपूर्ण विराट्भगवान्तैंभिन्ननहीं ॥ किंतु विराट्भगवान्कास्वरूपहैं ॥ और हेदेवराजइंद्र! जितनेलोकविषेप्राणियोंकेमस्त
कहैं ॥ तेसंपूर्णमस्तक याविराट्भगवान्केहीहैं॥ यातैं यहविराट्भगवान् असंख्यातमस्तकोंवालाहै ॥ और लोकविषेजितनेप्राणि

योंकीइंद्रियहैं ॥ तेसंपूर्णइंद्रिय याविराट्भगवान्कीहैं ॥ याकारणतें यहविराट्भगवान् असंख्यातइंद्रियवान्है ॥ इसप्रकार हस्त
पादादिकसर्वअंगोंविषेभीजानिलेणा ॥ और हेदेवराजइंद्र! यहविराट्भगवान्ही संपूर्णभूतभौतिकप्रपंचकूं व्याप्तकरिकै हृदयदे
शविषेस्थितहै ॥ और संपूर्णबुद्धिआदिकोंकासाक्षीहै ॥ और संपूर्णदृश्यवर्गतें परेहै ॥ और आवरणतैंरहितस्वयंप्रकाशहै ॥ ऐसेस्व
प्रकाशविराट्भगवान्कूं हेइंद्र! मैंसाक्षात्अनुभवकराताहूं ॥ कैसाहैसोविराट्भगवान्? नामरूपात्मकसकलप्रपंचकाकारणहै ॥
और हृदयदेशविषेस्थितहुआ सोविराट्भगवान् शब्दउच्चारणआदिकसकलव्यवहारोंकूंसिद्धकरैहै ॥ हेदेवराजइंद्र! ऐसेविराट्भ
गवान्केस्वरूपकूं प्रतिबंधकीनिवृत्तिहुए ब्रह्माकेउपदेशतें तूभी साक्षात्अनुभवकरैगा ॥ और हेदेवराजइंद्र! यहविराट्भगवान्
दशोंदिशास्वरूपहै ॥ यातें सकलसामग्रीसहितयज्ञस्वरूपभी यहविराट्भगवान्हीहै ॥ जेपुरुष यज्ञकरिकै ताविराट्भगवान्कापू
जनकरैहैं ॥ तेमहात्मापुरुष तिसयज्ञरूपधर्मकरिकै तिसविराट्भगवान्केमस्तकरूपस्वर्गलोककूंप्राप्तहोवैहैं ॥ और हेदेवराजइंद्र!
यहविराट्भगवान्कैसाहै? स्वर्गलोक याविराट्भगवान्का मस्तकहै ॥ और सूर्यचंद्रमादोनों याविराट्भगवान्के नेत्रहैं ॥ और
वायु याविराट्भगवान्का प्राणहै ॥ और अंतरिक्षलोक याविराट्भगवान्केदेहका मध्यदेशहै ॥ और संपूर्णजल याविराट्भगवान्
के मूत्राशयहैं ॥ और संपूर्णभूलोक याविराट्भगवान्के पादहैं ॥ और आहवनीयनामाअग्नि याविराट्भगवान्का मुखहै ॥ और
गार्हपत्यनामाअग्नि याविराट्भगवान्का हृदयहै ॥ और दक्षिणाग्निनामाअग्नि याविराट्भगवान्का मनहै ॥ और यज्ञविषेसंस्कार
युक्तजोभूमिहै ॥ सा याविराट्भगवान्का वक्षःस्थलहै ॥ और कुशा याविराट्भगवान्के लोमहैं ॥ और संपूर्णओषधि तथावनस्पति
याविराट्भगवान्के केशहैं ॥ याप्रकार विराट्भगवान्काध्यान उपासकपुरुषकरैहैं ॥ हेदेवराजइंद्र! यहविस्तारतैंविराट्भगवान्
कास्वरूप हमनैं तुमारेप्रतिकह्या ॥ अब संक्षेपतैंविराट्भगवान्केस्वरूपकूं तुम श्रवणकरो ॥ जितनाप्रपंच प्रत्यक्षदिखाईदेवैहै ॥
और जितनाप्रपंच प्रत्यक्षनहींदेखीता ॥ यहसंपूर्णजगत् विराट्भगवान्का स्वरूपहै ॥ ऐसेविराट्भगवान्रूपपुत्रकूं उत्पन्नहुआ
देखिकरिकै क्षुधाकरिकैपीडितहुआ सोहिरण्यगर्भ विराट्रूपपुत्रकेभक्षणकरणेवासते मुखकूंपसारताभया ॥ शंका ॥ हेभगवन्!

हिरण्यगर्भभगवान्की पुत्रकेभक्षणरूपनिंदितकर्मविषे काहेतेंइच्छाहोतीभयी ? ॥ समाधान ॥ हेदेवराजइंद्र ! यहक्षुधारूपीपिशा
ची किसजीवकेबुद्धिकूंभ्रष्टनहींकरती ? किंतु सर्वप्राणियोंकेबुद्धिकूं यहक्षुधारूपीपिशाची भ्रष्टकरैहै ॥ याकारणतें सोहिरण्यगर्भ पु
त्रकेभक्षणकरणेविषे उद्यमकरताभया ॥ तात्पर्ययह ॥ हिरण्यगर्भसरीखेईश्वरोंकूंभी जबी क्षुधारूपीपिशाची अनर्थविषेप्रवृत्तकरै
है ॥ तबी अन्यअविवेकीजीवोंकीक्याकथाहै ? ॥ किंवा ॥ यासंसारविषेनानाप्रकारकेरोगहैं ॥ और तिनरोगोंकेनिवृत्तिकेउपायभी ना
नाप्रकारकेशास्त्रविषेकहेहैं ॥ और याक्षुधारूपरोगकेनिवृत्तिकाउपाय अन्नभक्षणतैंविना दूसराकोईहैनहीं ॥ एकअन्नकाभक्षणही
क्षुधारूपरोगकेनिवृत्तिकाउपायहै ॥ याकारणतें सर्वरोगोंतें यहक्षुधारूपरोग अधिकहै ॥ किंवा ॥ जैसे पुत्रकेमरणतें पितामाताकूं
दुःखहोवैहै ॥ तिसदुःखतैंभीअधिकदुःख क्षुधावान्पुरुषकूं होवैहै ॥ याअर्थविषे हिरण्यगर्भही दृष्टांतहै ॥ काहेतें ? पुत्रकेमरणजन्य
दुःखकूंअल्पजाणिकरिकै सोहिरण्यगर्भ क्षुधाजन्यदुःखकीनिवृत्तिवासते पुत्रकेभक्षणकरणेविषेप्रवृत्तहोताभया ॥ यातें यहजान्या
जावैहै ॥ पुत्रकेमरणजन्यदुःखतैंभी क्षुधाजन्यदुःख अधिकहै ॥ किंवा ॥ जैसे दयातैंरहितराक्षस देहधारीजीवोंकीहिंसाकरैहै ॥
तैसे यालोकविषे क्षुधाकरिकैआतुरहुआपुरुष आपणेपिताकूं तथामाताकूं तथागुरुकूं तथाभ्राताकूं तथाबांधवोंकूं हननकरैहै ॥
किंवा ॥ यहक्षुधारूपीपिशाची सत्य शौच श्री धैर्य बल वीर्य पराक्रम यश धर्म दया इसतैंआदिलैके सर्वगुणोंका नाशकरैहै ॥
अब याहीअर्थकूंस्पष्टकरिकैदिखावैहैं ॥ क्षुधाकरिकैआतुरहुआयहपुरुष आपणेस्त्रीकूं तथापितामातादिकसंबंधियोंकूं श्वानकीन्यांई
तिरस्कारकरैहै ॥ यातैंयहजान्याजावैहै ॥ क्षुधाकरिकैआतुरहुआपुरुष दयातैंरहितहोवैहै ॥ जोदयावान्पुरुषहोवैहै सो किसीका
निरादरकरैनहीं ॥ दयातैंरहितपुरुषही पितामातादिकसंबंधियोंका निरादरकरैहै ॥ किंवा ॥ सर्वदेहधारीजीवोंविषे याक्षुधारूपीपि
शाचीका विचित्रबलहै ॥ काहेतें ? यालोकविषे निद्रा काम क्रोधादिकदोष अत्यंतप्रबलहैं ॥ तथापि तिनकामादिकदोषोंकूं यहक्षु
धारूपीपिशाची शीघ्रहीनाशकरैहै ॥ तथा सत्यादिकशुभगुणोंकूंभी यहक्षुधारूपीपिशाचीशीघ्रहीनाशकरैहै ॥ यातैंयहजान्याजा
वैहै ॥ सत्यादिकशुभगुणोंतें तथाकामादिकअशुभगुणोंतें यहक्षुधारूपीपिशाची बलवान्है ॥ लोकविषेभी बलवान्पुरुषकरिकैही

निर्बलपुरुषका पराजयहोवैहै ॥ अब क्षुधाविषे निद्रादिकदोषोंकेजयकीकारणताकूं स्पष्टकरिकैनिरूपणकरैहैं ॥ क्षुधाकरिकै
आतुरहुआ यहपुरुष कोमलसिहजाऊपरिसोयाहुआभी निद्राकूंनहींप्राप्तहोता ॥ यातैं निद्रारूपदोषतैंभी यहक्षुधारूपीपि
शाची प्रबलहै ॥ और क्षुधाकरिकैआतुरहुआयहपुरुष जबीकिसीतैंअन्नकीयाचनाकरैहै ॥ तबी सोअन्नदातापुरुष नानाप्र
कारकेदुर्वचनोंकरिकै ताक्षुधावान्पुरुषका निरादरकरैहै ॥ तानिरादरकरिकैभी सोक्षुधातुरपुरुष क्रोधकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ यातैं
क्रोधरूपदोषतैंभी यहक्षुधारूपीपिशाची बलवान्है ॥ किंवा ॥ चंद्रकेसमानहैमुखजिनोंका ॥ तथा पीनहैदोनोंस्तनजिनोंके ॥
तथा कोमलहैशरीरजिनोंका ॥ तथा षोडशवर्षकीअवस्थाहैजिनोंकी ॥ तथा कोमलहैभाषणजिनोंका ॥ तथा अप्सरा
वोंकेसमानहैसुंदरताजिनोंकी ॥ तथा कामकरिकैयुक्तहैशरीरजिनोंका ॥ इत्यादिकगुणोंकरिकैयुक्तजेस्त्रियांहैं ॥ तिनस्त्रियोंकरि
कै आलिंगनकऱ्याहुआभी यहक्षुधावान्युवापुरुष बालककीन्यांई कामदोषकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ यातैं कामदोषतैंभी यहक्षुधारूपी
पिशाची बलवान्है ॥ किंवा ॥ क्षुधाकरिकैआतुरहुआयहपुरुष स्वर्णादिकद्रव्यकीभी इच्छाकरतानहीं ॥ तथा अश्वादिकपशुवों
कीभीइच्छाकरतानहीं ॥ तथा तीनलोकसंबंधीपृथिवीकेराजकरणेकीभी इच्छाकरतानहीं ॥ यातैं यहक्षुधारूपीपिशाची लोभदोष
तैंभी प्रबलहै ॥ किंवा ॥ काम क्रोध लोभ यातीनोंदोषोंनैं तीनलोकोंकूंजीत्याहै ॥ यातैं काम क्रोध लोभ येतीनोंदोष महाबल
वान्हैं ॥ ते काम क्रोध लोभभी याक्षुधारूपीपिशाचीकेभयतैं जहांतहांभागेफिरतेहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ जबी काम क्रोध लोभ ये
तीनोंशूरवीरभी क्षुधारूपपिशाचीकेभयतैं याप्रकारकेदुर्गतिकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ तबी कामक्रोधलोभकरिकै पराजयकूंप्राप्तभयेजेस
त्यादिकगुणहैं तिनोंकूं यहक्षुधारूपीपिशाची नहींपराजयकरैगी यहकहणासंभवैनहीं ॥ यातैं यहक्षुधारूपीपिशाची सत्या
दिकशुभगुणोंतैं तथाकामक्रोधादिकअशुभगुणोंतैं बलवान्है ॥ जिसक्षुधारूपीपिशाचीकेवशहुआ यहहिरण्यगर्भभगवान्
आपणेपुत्रकेभक्षणकरणेकीइच्छाकरताभयाहै ॥ हेदेवराजइंद्र! इसप्रकार जबी हिरण्यगर्भनैं विराट्रूपपुत्रकेभक्षणकरणे
वासते मुखकूंपसाऱ्या तबी सोविराट् ताहिरण्यगर्भपिताकूंदेखिकरिकै भयकूंप्राप्तहोताभया ॥ और 'भाण्' याप्रकारकेशब्दकूं

करताभया॥हेदेवराजइंद्र! यहदेहाभिमानही जीवोंकेअनर्थकाकारणहै॥ काहेतें? जिसदेहाभिमानकरिकैयुक्तहुआ विराट्पुत्र हिर ण्यगर्भपिताकूंक्षुधातुरदेखिकै भयकूंप्राप्तहोताभया॥ यद्यपि मरणतैंअनंतर यास्थूलशरीरकूं श्वानादिकजंतु भक्षणकरैंगे याप्रकार काज्ञान विराट्कूंहै॥ तथापि जीवत्कालविषे जिसदेहाभिमानकेप्रभावतैं साक्षात्पिताकेतांईभी यहविराट्शरीरकादाननहींकर ताभया॥यातैं यहदेहाभिमानही सर्वधर्मकाप्रतिबंधकहै॥ शंका॥ हेभगवन्! विराट्भगवान्नैं हिरण्यगर्भपिताकेतांई जोशरीरका दाननहींकऱ्या॥ याकेविषेदेहाभिमानप्रतिबंधकनहीं॥ किंतु॥ अन्यहीकोईप्रतिबंधकहोवैगा॥ समाधान॥ हेदेवराजइंद्र! पिता केतांई शरीरदेणेविषे विराट्भगवान्कूं कौनप्रतिबंधकहै?॥ पिताकेतांई शरीरकादानकरणा हमारेअनिष्टकासाधनहै याप्रकारका अनिष्टसाधनताज्ञान प्रतिबंधकहै॥ अथवा पिताकेतांई शरीरकादानकरणा निष्फलहै याप्रकारकानिष्फलताज्ञान प्रतिबंधकहै॥ तहां प्रथमपक्षतौसंभवैनहीं॥ काहेतें? जैसे किसीपुरुषनैं कोईपदार्थ किसीपुरुषकेपास रख्याहोवै॥ तिसपदार्थकूं जबी सोपुरुष मागै॥ तबी देणेहारेपुरुषकूं तिसपदार्थकेदेणेविषे किसीअनिष्टकीप्राप्तिहोवैनहीं॥ उलटा नदेणेविषे प्रतीतिकीहानिरूपअनिष्टकी प्राप्तिहोवैहै॥ तैसे पिताकेवीर्यकरिकै पुत्रकाशरीर उत्पन्नहोवैहै॥ यातैं पुत्रकाशरीर पिताकाहीहै॥ तिसपुत्रकेशरीरकूं जबी पि ताभक्षणकरै॥ तबीपुत्रकूं किंचित्मात्रभी अनिष्टकीप्राप्तिहोवैनहीं॥ उलटा नदेणेकरिकै प्रतीतिकीहानिरूपअनिष्टकीप्राप्तिहोवै है॥ यातैं पिताकेतांई शरीरदानकरणेविषे अनिष्टसाधनताज्ञान प्रतिबंधकनहीं॥ और पिताकेतांई शरीरदानकरणेविषे निष्फल ताज्ञान प्रतिबंधकहै॥ यहदूसरापक्षभी संभवैनहीं॥ काहेतें? याअनित्यशरीरकरिकै जोकिसीकाकार्यसिद्धहोइसकै तौ इसतैंप रेकोईदूसराकर्तव्यनहीं॥ किंतु इतनैंकरिकैही शरीरकीसफलता सिद्धहोवैहै॥ यातैं पिताकेतांई शरीरदानकरणेविषे निष्फलता ज्ञानभी प्रतिबंधकनहीं॥ किंवा॥ अन्यकिसीक्षुधातुरपुरुषकेतांई जोकोईकपुरुष अन्नादिकपदार्थदेवैहै तिसअन्नदातापुरुषकूं स्व र्गादिकलोकोंकीप्राप्तिहोवैहै॥ यहशास्त्रविषेकथनकऱ्याहै॥ जबी अन्नादिकोंकेदानकरणेतैंभी पुरुषोंकूं स्वर्गादिकलोकोंकीप्राप्ति होवैहै॥ तबी साक्षात्आपणेशरीरकेदानकरणेतैं फलकीप्राप्तिनहींहोवैगी॥ यहकहणा अत्यंतअनुचितहै॥ किंतु शरीरकेदानकर

लह्यनामाब्राह्मणकापुत्र भुज्युनामाब्राह्मण तहां आवताभया ॥ तथा चक्रनामाब्राह्मणकापुत्र उषस्तनामाब्राह्मण तहां आवताभया ॥ तथा कुषीतकनामाब्राह्मणकापुत्र कहोलनामाब्राह्मण तहां आवताभया ॥ तथा ब्रह्मनिष्ठा गार्गीस्त्री तहां आवतीभई ॥ तथा अरुणनामाब्राह्मणकापुत्र उद्दालकनामाब्राह्मण तहां आवताभया ॥ तथा शकलनामाब्राह्मणकापुत्र जोशाकल्यनामाब्राह्मणहै जाकूं विदग्धभीकहैहैं ॥ सोविदग्धनामाब्राह्मण तहां आवताभया ॥ कैसाहैसोशाकल्य? अत्यंतवाचालहै ॥ और अत्यंतमानीहै ॥ और पापकरिकैमोहितहुआ सोशाकल्य सर्वदा याज्ञवल्क्यकेसाथ द्वेषकरैहै ॥ और चारिवेदोंकावक्ता जेअनेकशिष्यहैं तिनशिष्योंकेसहित याज्ञवल्क्यमुनिभी तायज्ञविषेआवताभया ॥ तथा आश्वलादिब्राह्मण आपणेआपणेशिष्योंसहित तहां आवतेभये ॥ तिनोंतैंअन्यभी अनेकविद्वान्ब्राह्मण आपणेआपणेशिष्योंसहित तहांआवतेभये ॥ संपूर्ण मिलिके अनेककोटिब्राह्मण होतेभये ॥ हेशिष्य! इसप्रकार सोजनकराजा याज्ञवल्क्यमुनिकेआगमनकाउपाय करताभया ॥ और किसीप्रसंगपाइकै सोजनकराजा आश्वलादिकपुरोहितोंतैंआदिलैके सर्वब्राह्मणोंकेप्रति हाथजोडिके यहवचन कहताभया ॥ हेब्राह्मणो! अश्वमेधादिकयज्ञोंकरिकै मैं देवतावोंकेपूजनकरणेकीइच्छाकरताहूं तथा बहुतदक्षिणाकरिकै सर्वब्राह्मणोंकेपूजनकीइच्छाकरोहूं आप सर्वब्राह्मण हमारेकूं यज्ञकरणेकीआज्ञादेवो ॥ तिसतैंअनंतर मैंसर्वदिशावोंकूं भेरीआदिकोंकेशब्दोंकरिकै पूर्णकरोंगा ॥ हेशिष्य! इसप्रकार जबी जनकराजानैं ब्राह्मणोंकेप्रतिकह्या तबी तेसंपूर्णब्राह्मण राजाजनककूं यज्ञकरणेकीआज्ञादेतेभये ॥ तिसतैंअनंतर जनकराजाकूं यहइच्छाहोतीभई ॥ येजितनेब्राह्मण हमारेयज्ञविषे इकठेहुएहैं ॥ तेसंपूर्णब्राह्मण महात्माहैं ॥ तथा सदाचारकरिकैयुक्तहैं ॥ तथा वेदोंविषे और वेदोंकेअंगोंविषे कुशलहैं ॥ और संपूर्णशिष्योंकरिकैयुक्तहैं ॥ परंतु इनसर्वब्राह्मणोंविषे अधिकवेदकावेत्ता कौनब्राह्मणहै? याप्रकारकीइच्छा जनकराजाकूंहोतीभई ॥ तिसतैंअनंतर सोजनकराजा सर्वब्राह्मणोंविषे एकब्राह्मणकीअधिकताजानणेवासते याप्रकारकेउपायोंकूं मनविषेविचारताभया ॥ जोमैं याब्राह्मणोंकेसमाजविषे किसीएकब्राह्मणतैं याप्रकारपूछौंगा ॥ तुमसर्वब्राह्मणोंविषे कौनब्राह्मण अधिकविद्वान्है? तौ सोब्राह्मण किसीआपणेमित्रकूंही अधिकविद्वान्कहैंगा ॥ काहेतैं? जिसपुरुषका जिसपुरुष

विषै द्वेषहोवैहै सो साक्षात्देवताहोवै अथवा गुरुहोवै अथवा सर्वविद्याविषे बृहस्पतिकेसमानहोवै तौभी सोद्वेषवान्पुरुष सर्वथा ताकीनिंदाहीकरैहै ॥ और जिसपुरुषका जिसपुरुषविषे स्नेहहोवैहै ॥ सोएकअक्षरभी नहींजाणताहोवै ॥ और कृषिकरणेहारे पुरुषोंकीन्यांई महामूढहोवै ॥ तौभी सोस्नेहवान्पुरुष ताकीसर्वदा स्तुतिहीकरैहै ॥ यातैं रागद्वेषवान् किसीब्राह्मणकेपूछणेतैं सर्वतैं अधिकविद्वान्ब्राह्मणकानिश्चयहोवैनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन्! जोब्राह्मण रागद्वेषतैंरहित उदासीनहोवै तिसतैंपूछिकरिकै अधिकविद्वान्कानिश्चय तुमकरो ॥ समाधान ॥ उदासीनपुरुषकेपूछणेतैंभी अधिकाताकज्ञानहोवैनहीं ॥ काहेतैं? शमदमादिकगुणोंके ज्ञानतैं अधिकताकाज्ञानहोवैहै ॥ और क्रोधादिकदोषोंकेज्ञानतैं न्यूनताकाज्ञानहोवैहै ॥ सोशमदमादिकगुणोंकाज्ञान तथाक्रोधादिकदोषोंकाज्ञान उदासीनपुरुषकूंहोवैनहीं ॥ यातैं ताकेवचनतैंभी सर्वतैंअधिकब्राह्मणकाज्ञान संभवैनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन्! उदासीनपुरुषकूं यद्यपि ब्राह्मणोंकेगुणदोषोंकाज्ञाननहींहै ॥ तथापि ताउदासीनपुरुषकेआगे संपूर्णब्राह्मणोंकेगुणोंकूं तथादोषोंकूं आप वर्णनकरो ॥ पश्चात् सोउदासीनपुरुष तुमारेप्रति सर्वतैंअधिकविद्वान्का कथनकरैगा ॥ समाधान ॥ हमारेमुखतैं ब्राह्मणोंकेगुणोंकूं श्रवणकरिकै सोउदासीनपुरुष जिसब्राह्मणविषेअधिकताकहैगा ॥ तिनगुणोंकरिकै मैंही प्रथम तिसब्राह्मणविषे अधिकताजाणिसकताहूं ॥ उदासीनपुरुषकेप्रति ब्राह्मणोंकेगुणोंकाकथनकरणा निष्फलहै ॥ यातैं उदासीनपुरुषकेवचनतैंभी सर्वतैंअधिकब्राह्मणकानिश्चयहोवैनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन्! एकएकब्राह्मणकूं एकांतदेशविषेबुलाइकै तुम यहपूछो ॥ हेब्राह्मण! तुम सर्वतैंअधिकहो अथवा नहींहो ॥ जोब्राह्मण आपकूंसर्वतैंअधिककहै ॥ तिसकूंही तुमनैं सर्वतैंअधिकजानणा ॥ समाधान ॥ याप्रकारकेउपायतैंभी सर्वतैंअधिकब्राह्मणका निश्चयहोवैनहीं ॥ काहेतैं? जोमैं एकएकब्राह्मणकूंबुलाइकेपूछौंगा तौ संपूर्णब्राह्मण आपणेकूंही अधिक कहेंगे ॥ कोईभीब्राह्मण आपणेकूंन्यूननहींकहैगा ॥ यातैं याउपायकरिकैभी सर्वतैंअधिकब्राह्मणका निर्णयहोवैनहीं ॥ शंका ॥ हे भगवन्! गुह्यअर्थकेबोधनकरणेहारेजेप्रश्नहैं तेप्रश्न सर्वब्राह्मणोंकेप्रति तुमकरो ॥ जोब्राह्मण तिनप्रश्नोंका भलीप्रकार उत्तरकहै तिसब्राह्मणकूं तुमनैं अधिकजानणा ॥ समाधान ॥ याप्रकारकेउपायकरिकैभी सर्वतैंअधिकब्राह्मणका निर्णयहोइसकैनहीं ॥

उलटी हमारीहानिहोवैगी ॥ काहेतें ? जोमैं तिनब्राह्मणोंकेप्रति गुह्यप्रश्नोंकूंकरौंगा तौ क्रोधवान्होइकै तेब्राह्मण हमारेकूंशापदेकै
दग्धकरैंगे ॥ यातें इनपूर्वउक्तसंपूर्णउपायोंतें सर्वतेंअधिकब्राह्मणका निर्णयहोवैनहीं ॥ किंतु परस्परविवादतेंही याब्राह्मणोंविषे अधि
कताका तथान्यूनताका निर्णयहोवैगा ॥ यातें यासभाविषे सर्वब्राह्मणोंकापरस्पर विवादकराइकै सर्वतेंअधिकब्राह्मणका मैं निर्णय
करौंगा ॥ तिसविषेभी जोमैं इनसर्वब्राह्मणोंकूं यहकहौंगा ॥ हेब्राह्मणो ! तुमसंपूर्ण परस्परविवादकरो तौ येब्राह्मण क्रोधवान्होइ
कै मेरेकूं शापदेकैभस्मकरैंगे ॥ यातें मेरेकहेतैंविनाही यहसंपूर्णब्राह्मण आपसविषे परस्परविवादकरैं ॥ ऐसाकोईउपाय हमकरैं ॥
सोऐसाउपाय धनतैंविना कोईदूसराहैनहीं ॥ किंतु धनहीसर्वविवादकाकारणहै ॥ यातें सर्वब्राह्मणोंकेमध्यविषे बहुतधनकूं मैं राखों ॥
तिसधनकेलोभकरिकै येब्राह्मण आपेहीविवादकरैंगे ॥ और तिनोंकेविवादतें सर्वतेंअधिकविद्वान्ब्राह्मणका हमारेकूं निर्णयहोवै
गा ॥ याप्रकारकेउपायकूं सोराजाजनक आपणेमनविषेनिश्चयकरताभया ॥ अब धनविषेसर्वविवादोंकीकारणता दिखावैहैं ॥ विषय
भोगकासाधन जोयहधनहै सो किसजीवकेचित्तकूं क्षोभनहींकरता ? किंतु सर्वजीवोंकेचित्तकूंक्षोभकरैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जेब्रह्मवे
त्ता संन्यासीहैं तिनोंकेभी चित्तकूं यहधन क्षोभकरैहै ॥ तौअन्यकुटुंबीगृहस्थोंकेचित्तकूं सोधन किसवासते नहींक्षोभकरैगा ? किं
तु अवश्य तिनोंकेचित्तविषे क्षोभकरैगा ॥ किंवा ॥ चित्तकेक्षोभकेकारण जेकाम क्रोध लोभ मोहादिकहैं ॥ तेभी याधनकरिकैही उ
त्पन्नहोवैहैं ॥ धनतैंविना कामक्रोधादिकविकार उत्पन्नहोवैंनहीं ॥ अब अन्वय व्यतिरेककरिकै धनविषे कामक्रोधादिकोंकीकारण
ता दिखावैहैं ॥ तहां धनकेविद्यमानहुए जोकामक्रोधादिकोंकीविद्यमानताहै याकूं अन्वयकहैहैं ॥ और धनकेअभावहुए जोका
मक्रोधादिकोंकाअभावहै ताकूं व्यतिरेककहैहैं ॥ तहां प्रथम व्यतिरेककूंदिखावैहैं ॥ क्षुधाकरिकैपीडित जोनिर्धनदरिद्रीपुरुषहै
सो कामजन्यसुखकूं प्राप्तहोवैनहीं ॥ काहेतें ? सोनिर्धनपुरुष याप्रकारकाविचार आपणेमनविषेकरिकै विवाहनहींकरैहै ॥ जोमैं वि
वाहकरौंगा तौ जितनाअन्न है सो स्त्रीभोजनकरैगी ॥ इतनाअन्नतौ मेरेकूंहीभोजनकरणेवासतेचाहिये ॥ स्त्रीकूंभोजनकरणेवासते मैं
कहांसैंअन्नदेवौंगा ॥ याप्रकारकाविचारकरिकै सोदरिद्रीपुरुष स्त्रीकूं गृहविषेलेआवैनहीं ॥ और जैसेकृमिकरिकैयुक्त दुर्गंधमुडदेकूं

कोईपुरुष स्पर्शकरतानहीं ॥ तैसे पुरुषकूंनिर्धनदेखिकरिकै कामकरिकैआतुरहुईभीस्त्री तानिर्धनपुरुषकेस्पर्शकरणेकीइच्छाकरती नहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ धर्मशास्त्रकीरीतिसैं विवाहीहुई जापतिव्रतास्त्रीहै साभी आपणेपतिकूंनिर्धनदरिद्रीदेखिकरिकै सर्वदा ताकेमरणेकीइच्छाकरैहै तौ अन्यव्यभिचारिणीस्त्रियोंकीक्यावार्ताहै? ॥ किंवा जैसे सिद्धांजन पृथिवीविषेस्थितधनकेदर्शनकासाधनहोवैहै ॥ तैसे यहदरिद्रतारूपीसिद्धांजनभी सर्वधर्मोंकेदर्शनविषे साधनहोवैहै ॥ काहेतें? जैसे आपणीमातादिकोंविषे किसीपुरुषकूं कामभावनाहोवैनहीं ॥ तैसे यहदरिद्रीपुरुष किसीभीस्त्रीविषे कामनाकरतानहीं ॥ किंतु क्षुधाकरिकैआतुरहुआ दरिद्रीपुरुष एकअन्नमात्रकीइच्छाकरैहै ॥ किंवा जैसे विवेकीपुरुष सर्वकूंआत्मरूपजाणिकै किसीऊपरि क्रोध नहींकरैहै ॥ तैसे यहदरिद्रीपुरुषभी राजाकेभयतैं तथा धर्मराजाकेभयतैं किसीप्राणीऊपरि क्रोध नहींकरता ॥ किंवा ॥ सोनिर्धनदरिद्रीपुरुष याप्रकारकाविचारकरिकै किसीपापकर्मविषे प्रवृत्तहोतानहीं ॥ अब ताकेविचारकूंदिखावैहैं ॥ मैंनें पूर्वजन्मोंविषे अत्यंतपापकर्मकरेहैं ॥ जिनपापकर्मोंकाफल यहदरिद्रता हमारेकूंप्राप्तभईहै ॥ यादरिद्रतातेंपरे दूसराकोईपापकर्मकाफल क्याहोवैगा? ॥ किंतु यहदरिद्रताही सर्वपापकर्मोंकाफलहै ॥ काहेतें? जैसे ब्रह्महत्यारेपुरुषका सर्वलोक निरादरकरैहैं ॥ तैसे मेरेकूंदरिद्रीहुआदेखिकै यहहमारीमाता तथापिता तथास्त्री तथापुत्र येसंपूर्ण हमारानिरादरकरैहैं ॥ कोईभी हमाराआदरकरतानहीं ॥ यातें पूर्वलेपापकर्मोंकाफल जोयहदरिद्रताहै ताकूं भलीप्रकारअनुभवकरताहुआभी मैं जोपुनःपापकर्मोंकूंकरोंगा ॥ तौपुनःजन्मांतरोंविषे हमारेकूं यहदरिद्रता प्राप्तहोवैगी ॥ यातें हमारेकूं पापकर्म करणेयोग्यनहीं ॥ दृष्टांत ॥ जैसे सर्पकूं आपणेमृत्युकासाधनजाणिकरिकै कोईबुद्धिमान्पुरुष तासर्पकाउल्लंघनकरतानहीं ॥ याप्रकारकाविचार आपणेमनविषेकरिकै निर्धनदरिद्रीपुरुष पापकर्मविषेप्रवृत्तहोतानहीं ॥ किंवा जोनिर्धनदरिद्रीपुरुष किंचित्मात्रभीधर्मकूंनहींजाणता ॥ सोभी जबीपापकर्मोंकूंनहींकरता तौ शास्त्रप्रमाणतें धर्मकूंजाणताहुआ दरिद्रीपुरुष किसवासतेपापकर्मोंकूंकरैगा? किंतु नहींकरैगा ॥ किंवा जोधनतेंरहित दरिद्रीपुरुषहै सो राजादिकोंतैंभयवानहुआ परद्रव्यकी तथापरस्त्रीकी इच्छाकरतानहीं ॥ और क्षुधाकरिकैपीडितहुआ सोदरिद्रीपुरुष थोडेअन्नकीप्राप्तिकरिकैभी

प्रसन्नहोवैंहै ॥ यातैं दरिद्रीपुरुषविषे लोभभीनहीं ॥ इतनैंग्रंथकरिकै धनकेअभावहुए कामादिकदोषोंकाअभावरूप व्यतिरेकदिखा या ॥ अब धनकेविद्यमानहुए कामादिकदोषोंकीप्राप्तिरूप अन्वयकूंदिखावैंहैं ॥ धनकेमदकरिकैअंधहुआ यहधनीपुरुष आपणेबल करिकै राजाकीतथागुरुकी तथादेवतावोंकीभी अवज्ञाकरैहै ताकरिकै यहधनीपुरुष इसलोकविषे तथापरलोकविषे अनंतदुःखों कूंप्राप्तहोवैंहै ॥ किंवा ॥ यहधनीपुरुष जबी परस्त्रीआदिकपदार्थोंविषेमोहकूंप्राप्तहोवैंहै ॥ तबी इसलोकविषे ताकी कीर्तिनष्टहोइ जावैंहै ॥ और संपूर्णलोक ताकूं धिक्कारकरैंहैं ॥ और मृत्युहोइकै सोधनीपुरुष नरकविषेदुःखकूंभोगेहै ॥ किंवा जैसे प्रज्वलित अग्नि घृतकरिकै तथाकाष्ठोंकरिकै तृप्तिकूंप्राप्तहोवैंनहीं तैसे यहधनीपुरुष धनादिकपदार्थोंकीप्राप्तिकरिकै कबीभी तृप्तहोवै नहीं ॥ किंतु अधिकअधिकपदार्थोंकेप्राप्तिकी सर्वदाइच्छाकरैंहै॥ कदाचित् पूर्वलेपुण्यकेप्रभावतैं ताधनीपुरुषकूं समुद्रपर्यंतपृथि वीकाराजभी प्राप्तहोइजावै तौभी पुनःस्वर्गलोककेप्राप्तिकीइच्छाकरैंहै ॥ यातैं धनीपुरुषकेलोभकीशांति होतीनहीं ॥ किंवा तालोभकरिकै सोधनीपुरुष परस्त्रियोंका तथापरधनका हरणकरैंहै ॥ यातैं सर्वजनोंकरिकै सो निंदितहै ॥ ऐसेनिंदितकर्मोंकूंकरि कैभी सोधनीपुरुष निर्लज्जपुरुषकीन्यांई अन्यप्राणियोंकूंहसेहै ॥ यातैं सर्वजीवोंतैं सोधनीपुरुष अधमहै ॥ किंवा धनकरिकैमोह कूंप्राप्तहुआ यहधनीपुरुष आपणेहितकूं तथाअहितकूं जाणतानहीं ॥ किंतु मोहकेवशहुआ सोधनीपुरुष आपणेदुःखकूंही संपा दनकरैंहै ॥ किंवा धनकरिकैमोहकूंप्राप्तहुआ यहपुरुष आपणेहितकारीमाताकूं तथापिताकूं तथापुत्रकूं तथावेदवेत्ताब्राह्मणोंकूं शरीरकरिकै तथामनकरिकै तथावाणीकरिकै हननकरैंहै॥ इसप्रकार धनीपुरुष कामक्रोधादिकसर्वदोषोंकूं प्राप्तहोवैंहै ॥ और जो धनरहितदरिद्रीपुरुषहै तिसकूं कामक्रोधादिकदोष प्राप्तहोवैंनहीं ॥ किंतु याप्रकारकाविचारकरिकै सोदरिद्रीपुरुष सर्वदाआनंदवि षे मग्नरहैंहै ॥ अब ताकेविचारकूंदिखावैंहैं ॥ जोमैं किसीधनीपुरुषतैं अन्नादिकपदार्थोंकीयाचनाकरोंगा और आगेतैं सोध नीपुरुष हमारेप्रति अन्नमात्रभीनहींदेवैगा ॥ तौ हमारीयाचनाही व्यर्थजावैगी ॥ ताकरिकै हमारेकूं पश्चात्तापहोवैगा ॥ यातैं कि सीधनीकेआगे याचनाकरणीयोग्यनहीं ॥ याप्रकारकाविचारकरिकै निर्धनदरिद्रीपुरुष लोभादिकोंतैंरहितहोवैंहै ॥ किंवा यहजो

हमारीमाताहै तथापिताहै तथाअन्यबांधवहैं तेसंपूर्ण हमारेहितकारी हैं ॥ यातैं मातापितादिक जाजाआज्ञा हमारेप्रतिकरैं सा
आज्ञा हमारेकूंअवश्यमानीचाहिये ॥ याप्रकारका विचारकरिकै सोनिर्धनदरिद्रीपुरुष मोहतैंभी निवृत्तहोवैहै ॥ यातैं यहसिद्धभया ॥
धनकरिकैही संपूर्णकामक्रोधादिकदोष उत्पन्नहोवैहैं ॥ जेब्रह्मवेत्तापुरुषहैं तिनोंकूंभी जबी धनकरिकै कामक्रोधादिकदोष प्राप्तहो
वैहैं ॥ तबी बहिर्मुखअज्ञानीजीवोंकी क्याकथाहै ? ॥ यातैं सर्वतैंअधिकविद्वान्ब्राह्मणकेनिर्णयकरणेवासते यासर्वब्राह्मणोंकेसमा
जविषे जूवाकीन्यांई मैं बहुतधनकूंराखौं ॥ जोइनसर्वब्राह्मणोंविषे अधिकविद्वान्ब्राह्मणहोवैगा ॥ सोजबी याधनकूंलैजावैगा ॥ त
बी यहसंपूर्णब्राह्मण क्रोधकरिकैव्याकुलहुए आपेही तिसब्राह्मणकेसाथविवादकरैंगे ॥ शंका ॥ हेभगवन्! धनकरिकैजो तुम ब्रा
ह्मणोंकाक्षोभकरावोंगे तौ तुमारेकूंपापहोवैगा ॥ समाधान ॥ नीतिपूर्वकजोधर्महै सो राजावोंकेपापकासाधनहोवैनहीं ॥ किंतु
सुखकासाधनहोवैहै ताधर्मकेकरणेकरिकै हमारेकूं पापहोवैगानहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ ब्राह्मणोंकेक्षोभविषे मैं कारणनहीं ॥ किंतु ति
नोंकेलोभादिकदोषही कारणहैं ॥ यातैं याउपायकरिकै सर्वतैंअधिकब्राह्मणकेजानणेविषे हमारेकूं किंचित्मात्रभी पापनहींहोवैगा
॥ शंका ॥ हेभगवन्! सर्वतैंअधिकजाणिकै जिसब्राह्मणकेतांई धनदेवोंगे ॥ सोब्राह्मण जोकदाचित् ताधनकरिकै पापकर्मकरैगा
तौ तुमारेकूंभी परंपराकरिकै पापकीप्राप्तिहोवैगी ॥ समाधान ॥ सर्वतैंअधिकजोविद्वान्है तिसकूं ताधनकरिकै पापकर्महोवैगा
नहीं ॥ काहेतैं ? शमदमादिकगुणोंकरिकैयुक्तब्राह्मणही सर्वतैंअधिकहोवैहै ॥ तेशमदमादिकगुण जहांरहैहैं तहां कामक्रोधादिक
दोषोंकीउत्पत्तिहोवैनहीं ॥ और कामक्रोधादिकोंतैंविना पापकर्मविषेप्रवृत्तिहोवैनहीं ॥ तेकामक्रोधादिकदोष शमदमादिकगुणवा
न्पुरुषविषे संभवैनहीं ॥ यातैं कामक्रोधादिकोंतैंरहित शमदमादिकगुणवान् सर्वतैंअधिकविद्वान्पुरुष किसप्रकार पापकर्मकूंकरै
गा ॥ किंतु कदाचित्भी सोविद्वान्पुरुष पापकर्मनहींकरैगा ॥ हेशिष्य! याप्रकारकाविचारकरिकै सोजनकराजा पुनःयाप्रकार
काविचार करताभया ॥ याब्राह्मणोंकेसमाजविषे याज्ञवल्क्यमुनितैंविना अन्यकिसीब्राह्मणविषे सर्वतैंअधिकताकी संभावनाहो
वैनहीं ॥ किंतु सूर्यभगवान्काशिष्य यहयाज्ञवल्क्यमुनिही सर्वतैंअधिकप्रतीतिहोवैहै ॥ शंका॥ हेभगवन्! संभाषणकरेतैंविनाही

याज्ञवल्क्यकीअधिकता आपनैं कैसेजाणी? ॥ **समाधान** ॥ काम क्रोध लोभ मोह गर्व इत्यादिकदोषोंका जाकेविषेअभावहोवैहै सो विद्वानहीहोवैहै ॥ यहविद्वान्कालक्षण याज्ञवल्क्यमुनिविषेही घटैहै ॥ काहेतें? या याज्ञवल्क्यमुनिविषे काम क्रोध लोभ मोह हैंनहीं ॥ और इतनीविद्याकूंपाइकैभी याकेविषेगर्वनहीं ॥ और जडपुरुषकीन्यांई मौनकूंधारणकरिकै यहयाज्ञवल्क्यमुनिस्थितहै ॥ यातें यहजान्याजावैहै ॥ याकेसमान कोईदूसराविद्वान्नहीं ॥ **शंका** ॥ हेभगवन्! जोयहयाज्ञवल्क्यमुनि रागद्वेषादिकोंतैंरहितहै तौ तुमारेधनकूंकैसेग्रहणकरैंगा? ॥ रागतैंविना धनादिकपदार्थोंकाग्रहण होवैनहीं ॥ **समाधान** ॥ यहयाज्ञवल्क्यमुनि हमारेधनकूंजोग्रहणकरैंगा सो आपणेभोगवासते नहींग्रहणकरैगा ॥ किंतु जीवोंकेउपकारवासते धनकूंग्रहणकरिकै याब्राह्मणोंकूं सभाविषेजीतैंगा ॥ किंवा यहहमाराधन जबी याज्ञवल्क्यमुनिकेहस्तविषेआवैगा तौ ताधनकरिकै सर्वप्राणियोंका उपकारहीहोवैगा ॥ काहेतें? याज्ञवल्क्यमुनिका धन तथाशरीर आपणेभोगवासतेनहीं ॥ किंतु केवल परउपकारकेवासतेहै ॥ किंवा जैसे कोईपामरपुरुष धनादिकपदार्थोंकीलिप्साकरिकैयुक्तहुआ प्रसन्नदृष्टितें राजाकूंदेखैहै ॥ तैसे यह याज्ञवल्क्यमुनि प्रसन्नदृष्टितें वारंवार हमारेकूंदेखैहै ॥ यातें यहजान्याजावैहै ॥ यांमुनिका हमारेऊपरि परमअनुग्रहहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जहांजहां प्रसन्नतापूर्वक दृष्टिहोवैहै ॥ तहां धनादिकपदार्थोंकीलिप्साहोवैहै अथवा अनुग्रहहोवैहै ॥ लिप्सातैंविना तथा अनुग्रहतैंविना प्रसन्नतापूर्वक दृष्टिहोवैनहीं ॥ तहां धनादिकपदार्थोंकीलिप्सातौ याज्ञवल्क्यमुनिविषेहैनहीं ॥ परिशेषतें अनुग्रहकरिकैही हमारीओरिदेखतेहैं ॥ **शंका** ॥ हेभगवन्! याज्ञवल्क्यमुनिविषे रागद्वेषनहींहै यहतुम कैसेजाणतेहो? ॥ **समाधान** ॥ याज्ञवल्क्यमुनिकेजीतणेकीहैइच्छाजिनोंकूं ऐसे जे ये अहंकारीब्राह्मणहैं ॥ ते परस्परहसतेहुए दुरुत्तरवाक्योंकूंकथनकरैहैं ॥ तिनब्राह्मणोंकेवचनोंकूं यहयाज्ञवल्क्यमुनि अज्ञानीपुरुषकीन्यांई श्रवणकरैहै ॥ और तिनवचनोंकूंश्रवणकरिकैभी यहयाज्ञवल्क्यमुनि जडपुरुषकीन्यांई तिनोंकाउत्तरकहतानहीं ॥ यातें यहजान्याजावैहै ॥ यायाज्ञवल्क्यमुनिकेचित्तविषे क्षोभनहीं ॥ और जोपुरुष क्षोभतैंरहितहोवैहै सोईहीपुरुष रागद्वेषतैंरहितहोवैहै ॥ हेशिष्य! इसतैंआदिलैके बहुतप्रकारकाविचार सोजनकराजा आपणेमनविषेकरताभया ॥

तिसतैंअनंतर सोजनकराजा कामधेनुगौकेसमान १००० एकसहस्रगौवोंकूं तथा ४०००० चालीसहस्र सुवर्णकेनिष्कोंकूं सभाविषे स्थापनकरताभया ॥ तात्पर्ययह ॥ एकसहस्रगौवोंके दोसहस्र शृंगहोवैंहैं ॥ तहांएकशृंगकेसाथ बीसबीस सुवर्णकेनिष्क राजा बांधताभया ॥ नवेतोलापरिमाणसुवर्णकूं निष्ककहेहैं ॥ याप्रकार शास्त्रकीरीतिसें सोजनकराजा सभाविषे गौवोंकूंस्थापनकरताभया ॥ और सर्वब्राह्मणोंकेप्रति याप्रकारकावचन राजा कहताभया ॥ हेसर्वब्राह्मणो! जोतुमारेमध्यविषे श्रेष्ठब्रह्मवेत्ताब्राह्मणहोवै ॥ सो यहसंपूर्णगौवों आपणेआश्रमविषेलैजावै ॥ हेशिष्य! याप्रकारके जनकराजाकेवचनकूंश्रवणकरिकै तेसंपूर्णब्राह्मण नीचैमुखक रिकै तूष्णींभावकूंप्राप्तहोतेभये ॥ आपणेविद्याकेबलकरिकै सर्वब्राह्मणोंकेजीतणेविषे कोईभीब्राह्मण समर्थनहींहोताभया ॥ याप्र कार संपूर्णब्राह्मणोंकूंतूष्णींहुआदेखिकरिकै सोयाज्ञवल्क्यमुनि सामवेदपाठीशिष्यकेप्रति यहवचन कहताभया ॥ हेसामवेदपाठी शिष्य! तू येसंपूर्णगौवां हमारेगृहविषे शीघ्रहीलैजावो ॥ और सर्वब्राह्मणोंकेप्रति उच्चैस्वरकरिकै यहवचनकहो ॥ सर्वतेंअधिक ब्रह्मवेत्ता याज्ञवल्क्यमुनि सर्वब्राह्मणोंकेगौवोंकूंलैजावैहै ॥ याप्रकार याज्ञल्क्यमुनिकेवचनकूंश्रवणकरिकै सोसामवेदपाठीशिष्य तिसीप्रकार सर्वब्राह्मणोंकेप्रति वचनकहिकै सर्वगौवोंकूं याज्ञवल्क्यमुनिकेआश्रमविषेलेजाताभया ॥ तिसतैंअनंतर तेसंपूर्णब्राह्म ण याज्ञवल्क्यऊपरि क्रोधवान्होतेभये ॥ और जनकराजातौ परमआनंदकूंप्राप्तहोताभया ॥ तात्पर्ययह ॥ सोयाज्ञवल्क्यमुनि ए कहीकालविषे ब्राह्मणोंकेतौ दुःखकाकारणहोताभया ॥ और जनकराजाके सुखकाकारणहोताभया ॥ याकरिकै सोयाज्ञवल्क्यमु नि याअर्थकूंबोधनकरताभया ॥ सांख्यशास्त्रवाले शब्दस्पर्शादिकविषयोंविषेही सुखदुःखमानैंहैं ॥ सो तुमोंनैं अंगीकारनहींकर णा ॥ किंतु आपणेमनविषे सुखदुःखरहैहैं यहपक्ष तुमोंनैं अंगीकारकरणा ॥ काहेतें? जोस्नेहकरिकैयुक्त चित्तहोवैहै ताकेविषेतौ सु खकीउत्पत्तिहोवैहै ॥ जैसे जनकराजाकूं सुखउत्पन्नभयाहै ॥ और जोचित्त द्वेषकरिकैयुक्तहोवैहै ताकेविषे दुःखकीउत्पत्तिहोवैहै ॥ जैसे ब्राह्मणोंकूं दुःखकीउत्पत्तिभईहै ॥ जोविषयकाही सुखदुःखधर्महोवै तौ सर्वलोकोंकूं ताविषयतें सुखकीहीप्राप्तिहोणीचा हिये ॥ अथवा दुःखकीही प्राप्तिहोणीचाहिये ॥ किसीकूं सुखकीप्राप्ति औरकिसीकूं दुःखकीप्राप्ति यहविषमता संभवैनहीं ॥ और

यहविषमता सर्वजीवोंकूं अनुभवहोवैहै ॥ यातैं विषयकाधर्म सुखदुःखनहीं ॥ किंतु बाह्यकारणतैंविनाही यहवस्तु रमणीकहै तथा यहवस्तु अरमणीकहै याप्रकारकीकल्पनातैं मनविषे सुखदुःख उत्पन्नहोवैहैं ॥ दृष्टांत ॥ जैसे निर्जनवनविषे प्राप्तभयाजोवीतराग पुरुषहै ताकूं आपणेमनतैंही तहांआनंदहोवैहै ॥ और तिसीनिर्जनवनविषे प्राप्तभयाजोरागीपुरुषहै तिसकूं आपणेमनतैंही तहांदुःखकीप्राप्तिहोवैहै ॥ किसीविषयतैं तावनविषेस्थितपुरुषोंकूं सुखदुःखकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ यातैं मनही सुखदुःखकाआश्रयहै अब दुःखकरिकैजन्य ब्राह्मणोंकेक्रोधकूंदिखावैहैं ॥ हेशिष्य! याप्रकार गौवोंकूंगयाहुआदेखिकै क्रोधकरिकै तिनब्राह्मणोंकेआसन चलायमानहोतेभये ॥ और मुखकेश्मश्रु कंपायमानहोतेभये ॥ और नीचेकेदांतोंकीजोपंक्तिहै सा मुखकेभीतरि प्रवेशकरतीभई और ऊपरिकेदांतोंकीपंक्तिकरिकै नीचेकेअधरकूंदबावतेभये ॥ और जैसे भूतावेशवालापुरुष नानाप्रकारके रुदनादिककरैहै ॥ तैसे क्रोधकरिकैयुक्तहुए केईकब्राह्मण रुधिरकरिकैपूरितनेत्रोंकरिकै अश्रुवोंकापरित्यागकरतेभये ॥ और केईकब्राह्मण उन्मत्तपुरुषकीन्यांई नानाप्रकारकेशब्दोंकूंकरतेभये ॥ याप्रकार तिनब्राह्मणोंके यज्ञमंडलविषे महान्घोरशब्द होताभया ॥ दृष्टांत ॥ जैसे पूर्णिमाकेप्राप्तहुए समुद्रविषेक्षोभहोवैहै तैसे सर्वब्राह्मण क्षोभवान्होइकै याप्रकारकेवचन कहतेभये ॥ हमसर्वविद्वान्ब्राह्मणोंकूं यहयाज्ञवल्क्य एकलाहीउल्लंघनकरिकैजावैहै ॥ यातैं हमारेकुलोंकूंधिक्कारहै ॥ तथा हमारेअध्यापनकरावणेकी जे महान्शालाहैं तिनोंकूंभी धिक्कारहै ॥ तथा हमारेजीवनकूंभी धिक्कारहै ॥ और अध्ययनकालविषे जोहमोंनैं गुरुवोंकीसेवाकरीहै तासेवाकूंभी धिक्कारहै ॥ तथा हमारेवेदअध्ययनकूंभी धिक्कारहै ॥ तथा वेदोंकेअध्ययनकरणेहारे जेहमारेशिष्यहैं तिनोंकूंभीधिक्कारहै ॥ हेशिष्य! याप्रकार सर्वब्राह्मणोंकीअवस्थाकूंदेखिकरिकै आश्वलनामाब्राह्मण बहुतक्रोधवान्होताभया ॥ और याज्ञवल्क्यमुनिकेसमीप आइके सोआश्वलनामाब्राह्मण याप्रकारकावचन कहताभया ॥ हेगुरुसंप्रदायतैंरहित दुराचारियाज्ञवल्क्य! हमसर्वब्राह्मणोंकेमध्यविषे क्या तूहीएक सर्वतैंअधिकविद्वान्है? ॥ हेयाज्ञवल्क्य! तुमारेविषे विद्याकरिकैतौ अधिकताहैनहीं ॥ किंतु लोभकरिकै तथागर्वकरिकै तेरेविषे हमारेतैंअधिकताहै ॥ कैसेहैंहमसंपूर्णब्राह्मण? हिरण्यगर्भकेसमानहैं तथा गर्वलोभादिकदोषोंतैंरहितहैं ॥ तथा शमद

मादिकसाधनोंकरिकैयुक्तहै ॥ और तर्करूपीमननकीसिद्धिवासते चतुर्दशविद्याकूं हम जानणेहारेहैं ॥ तेचतुर्दशविद्याये हैं ॥ ऋग् यजुष् साम अथर्वण येचारिवेद तथा शिक्षा कल्प व्याकरण निरुक्त ज्योतिष पिंगल येषट् वेदकेअंग ॥ मीमांसाशास्त्र न्याय शास्त्र पुराण धर्मशास्त्र ॥ यहचतुर्दशविद्याहैं ॥ आयुर्वेद धनुर्वेद गंधर्ववेद अर्थशास्त्र याचारोंकूंमिलाइके अष्टादशविद्याहोवैहैं ॥ हे याज्ञवल्क्य ॥ यापृथिवीविषे लज्जातैंरहितहुआ पुरुष कौनपंडितनहींहोता ? किंतु लज्जातैंरहितहुआपुरुष पंडितहीहोवैहै ॥ जैसे ह मसर्वब्रह्मवेत्ताब्राह्मणोंविषे लज्जातैंरहितहुआ तू पंडितहै ॥ और हेयाज्ञवल्क्य! महान्बली जेवासुकीआदिकसर्पहैं तिनोंकूं पा दोंकरिकैकौनस्पर्शकरैगा ॥ और तीनलोकोंकूंदाहकरणेहारी जोकालकूटविषहै तिसकूं योगसाधनातैंरहित कौनपुरुष भक्षणकरै गा ? और प्रज्वलितजोअग्निहै तिसकूं मुष्टिविषेबांधिकरिकै कौनपुरुष गृहविषेलैजावैगा? ॥ तैसे यासर्वब्राह्मणोंकूं तेरेतैंविना कौ नपुरुष क्रोधकरावैगा?॥ किंतु तेरेतैंविना दूसराकोई ब्राह्मणोंकेक्रोधकरावणेहारानहीं ॥ एकतूही गर्व लोभ अनम्रता करिकैयुक्तहु आ ब्राह्मणोंकेक्रोधकरावणेहाराहै ॥ और हेयाज्ञवल्क्य! यासंपूर्णब्राह्मणोंविषे एकएकब्राह्मणभी क्रोधकरिकैयुक्तहुआ संपूर्णजग तकेदाहकरणेविषेसमर्थहै ॥ तौ क्रोधकरिकैयुक्तहुए येसंपूर्णब्राह्मण तेरेसरिखेअधमब्राह्मणकूं किसवासतेनहींदाहकरैंगे? किंतु अवश्यतेरानाशकरैंगे ॥ हेशिष्य! इत्यादिककठोरवचनरूपीबाणोंकरिकै सोआश्वलनामाब्राह्मण याज्ञवल्क्यमुनिकेकर्णोंकूंभेदन करताभया ॥ तथापि सोयाज्ञवल्क्यमुनि किंचित्मात्रभी क्षोभकूंनहींप्राप्तहोताभया ॥ **दृष्टांत** ॥ जैसे पाषाणोंकीवृष्टिकरिकै ताड नाकूंप्राप्तहुआ पर्वत क्षोभकूंप्राप्तहोतानहीं ॥ तैसे याज्ञवल्क्यमुनिभी क्षोभकूंनहींप्राप्तहोताभया ॥ उलटा आश्वलकेवचनोंकूंश्रव णकरिकै हसताहुआ सोयाज्ञवल्क्यमुनि याप्रकारकावचन आश्वलनामाब्राह्मणकेप्रति कहताभया ॥ हेआश्वलब्राह्मण! याब्राह्मणों केसमाजविषे जोजोब्राह्मण ब्रह्मवेत्ताहै ॥ तिसतिसब्राह्मणकेतांई हम सर्वदा नमस्कारकरैहैं ॥ **शंका** ॥ हेयाज्ञवल्क्य! जोतुमारी ऐसीब्राह्मणोंविषेश्रद्धाहै ॥ तौ सर्वब्राह्मणोंकीगौवां तुमनैं काहेवासतेहरणकरी हैं? ॥ **समाधान** ॥ हेआश्वल! सुवर्णकरिकै स हित गौवोंकूंदेखिकरिकै तिनगौवोंविषेहमारीअभिलाषाहुई ॥ याकारणतैं हमनैं गौवोंकाहरणकऱ्याहै ॥ याकेविषे किसवासते

ब्राह्मण क्रोधकरैं हैं ? हेआश्वल ! जोमैं इनब्राह्मणोंकीगौवां लैजाता तौ याब्राह्मणोंकाक्रोध हमारेऊपरि घटता ॥ परंतु हमनैं इ नब्राह्मणोंकीगौवां लियांनहीं ॥ किंतु जनकराजा गौवोंकादाताहै ॥ और मैं गौवोंकूंलैजाणेहाराहूं ॥ याकेविषे ब्राह्मणोंकेक्रोधका कौनकारणहै ॥ यहवार्त्ता तुमविचारकरिकैकहो ॥ और हेआश्वल! यहजनकराजा बहुतधनवान्‌है ॥ जोइनसर्वब्राह्मणोंकूं तथातुमारे कूंहमारेन्यांई धनग्रहणकरणेकीइच्छाहोवै तौ राजाजनकतैं तुमसंपूर्णब्राह्मण धनकूंलेवो तुमारेतांई दानदेणेविषे हम राजाकूंनि वारणकरतेनहीं ॥ यातैं हमारेऊपरि क्रोधकरणा तुमारेकूं उचितनहीं ॥ हेशिष्य! याप्रकारकावचन जबी याज्ञवल्क्यमुनिनैं आ श्वलकेप्रतिकह्या तबी सोआश्वलनामाब्राह्मण जैसेघृतकेपायेतैं अग्नि क्षोभकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे पुनःक्षोभकूंप्राप्तहोताभया ॥ ति सतैंअनंतर याज्ञवल्क्यमुनिकेसाथ विवादकरणेवासते सोआश्वल याज्ञवल्क्यकेप्रति अष्टप्रश्न करताभया ॥ तिनोंविषे चारिप्रश्नों कानाम अतिमोक्षहै ॥ और चारिप्रश्नोंकानाम संपद है ॥ तहां कर्मीपुरुषोंके जेवाकादिअध्यात्महैं तिनवाकादिकअध्यात्मोंका जोअग्निआदिकअधिदैवोंकेसाथि परिछेदहै ॥ तापरिछेदरूपमृत्युकेनिवृत्तिकासाधन जोवाकादिकोंका अग्निआदिकोंकेसाथ अभे दज्ञानहै ताकूं मोक्षकहेहैं ॥ और ताअभेदज्ञानकरिकै वाकादिकअध्यात्मोंकूं जोअग्निआदिकअधिदैवभावकीप्राप्तिरूपफलहै ता कूं अतिमोक्षकहेहैं ॥ ताअतिमोक्षरूपफलकूंविषयकरणेहारे प्रश्नोंकूंभी अतिमोक्षकहेहैं ॥ और निकृष्टवस्तुविषे किंचित्‌मात्रस मानधर्मकूंलैके जोउत्कृष्टदृष्टीहै ताकूं संपदकहेहैं ॥ जैसे श्राद्धकेअन्नविषे अमृतदृष्टि तथाब्राह्मणविषे विष्णुदृष्टि ॥ तासंपदकूंवि षयकरणेहारेप्रश्नोंकूंभी संपदकहेहैं ॥ अब चारिअतिमोक्षप्रश्नोंकूंदिखावैहैं ॥ आश्वलउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य ! ऋत्विगादिकसाधनों करिकैसंपन्नहुएभी अग्निहोत्रादिककर्म परिच्छेदभावजन्य जोप्रमादरूपमृत्युहै ताकरिकैव्याप्तहैं ॥ यद्यपि शास्त्रउक्तकर्मोंकेअ नुष्ठानतैं अशास्त्रीय इंद्रियादिकोंकीवृत्तियां निवृत्तहोवैहैं ॥ तथापि परिच्छिन्नभाव ज्ञानतैंविना निवृत्तहोवैनहीं ॥ यातैं कि सज्ञानकरिकै यजमान परिच्छिन्नभावका परित्यागकरिकै अपरिच्छिन्नभावरूपफलकूं प्राप्तहोवैहै? ॥ १ ॥ और हेयाज्ञवल्क्य ! दिनरात्रिरूपकाफलकरिकै संपूर्णपदार्थ परिच्छिन्नहोइरहैहैं ॥ तापरिच्छिन्नभावकीनिवृत्ति किसज्ञानकरिकैहोवैहै? ॥ २ ॥ और हेयाज्ञ

वल्क्य ! शुक्लपक्ष कृष्णपक्षरूप कालकरिकै संपूर्णपदार्थ परिच्छिन्न होइरहेहैं ॥ तापरिच्छिन्नभावकीनिवृत्ति किसज्ञानकरिकैहोवैहै? ॥ ३ ॥ और हेयाज्ञवल्क्य ! यास्थूलशरीरकापरित्यागकरिकै निराश्रयआकाशविषे यजमान किससाधनकरिकैगमनकरैहै? ॥ ४ ॥ अब इनचारिप्रश्नोंकेउत्तरोंकूंदिखावैहैं ॥ याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेआश्वलब्राह्मण ! कर्मकर्तायजमानकी जोअध्यात्मवाक्हे ॥ और तावाक्का अधिदैवरूपजोअग्निहै ॥ और तावाक्का अधियज्ञरूपजोहोताहै ॥ यातीनोंकेअभेदकूंविषयकरणेहारी जा अधिदैवअग्निरूपयजमानकावाक्मैंहूं याप्रकारकी होताकीदृष्टिहै ॥ सादृष्टि यजमानके प्रथम परिच्छेदजन्यमृत्युकेतरणकासाधनहै ॥ १ ॥ और हेआश्वल ! यजमानकाजोअध्यात्मचक्षुहै ॥ और ताचक्षुका अधिदैवरूपजोसूर्यहै ॥ और ताचक्षुका अधियज्ञरूपजोअध्वर्युहै ॥ यातीनोंकेअभेदकूंविषयकरणेहारी जा अधिदैवसूर्यरूप यजमानकाचक्षु मैंहूं याप्रकारकी अध्वर्युकीदृष्टीहै ॥ सादृष्टि यजमानके द्वितीय परिच्छेदकूंनिवृत्तकरैहै ॥ २ ॥ और हेआश्वल ! यजमानका अध्यात्मरूपजोप्राणहै ॥ और ताप्राणका अधिदैवरूपजोवायुहै ॥ और ताप्राणका अधियज्ञरूपजोउद्गाताहै ॥ यातीनोंकेअभेदकूंविषयकरणेहारी जा अधिदैववायुरूप यजमानकाप्राण मैंहूं याप्रकारकी उद्गाताकीदृष्टिहै ॥ सादृष्टी यजमानकेतृतीयपरिच्छेदकूंनिवृत्तकरैहै ॥ ३ ॥ और हेआश्वल ! यजमानका अध्यात्मजोमनहै ॥ और तामनका अधिदैवरूपजोचंद्रमाहै ॥ और तामनका अधियज्ञरूप जोब्रह्माहै ॥ यातीनोंकेअभेदकूंविषयकरणेहारी जाअधिदैवचंद्रमारूप यजमानकामन मैंहूं याप्रकारकी ब्रह्माकीदृष्टीहै ॥ तादृष्टिकेप्रभावतैं यजमान आकाशविषेगमनकरैहै ॥ ४ ॥ इहां दृष्टिशब्दकरिकै सर्वत्र ज्ञानकाग्रहणकरणा ॥ और परिच्छेदशब्दकरिकै भेदकाग्रहणकरणा ॥ और ऋग्वेदकेजानणेहारेब्राह्मणकूं होता कहैहैं ॥ और यजुर्वेदकेजानणेहारेब्राह्मणकूं अध्वर्यु कहैहैं ॥ और सामवेदकेजानणेहारेब्राह्मणकूं उद्गाता कहैहैं ॥ और ऋग् यजुष् साम यातीनवेदोंकेजानणेहारेब्राह्मणकूं ब्रह्मा कहैहैं ॥ यहचारिऋत्विक् यज्ञकेकरावणेहारे होवैहैं ॥ और यज्ञकेकरणेहारे क्षत्रियादिकोंकूं यजमान कहैहैं ॥ हेशिष्य ! इसप्रकार अतिमोक्षरूप चारिप्रश्नोंकेउत्तरकूं जबी याज्ञवल्क्यमुनिनेंकह्या ॥ तबी सोआश्वलनामाब्राह्मण पुनःसंपदरूप चारिप्रश्नोंकूं करताभया ॥ आश्वलउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य ! होताके संपदरूपज्ञानकरिकै

यजमानकूं किसफलकीप्राप्तिहोवैहै? ॥ १ ॥ और अध्वर्युके संपदरूपज्ञानकरिकै यजमानकूं किसफलकीप्राप्तिहोवैहै? ॥२॥ और ब्रह्माकेसंपदरूपज्ञानकरिकै यजमानकूं किसफलकीप्राप्तिहोवैहै? ॥३॥ और उद्गाताके संपदरूपज्ञानकरिकै यजमानकूंकिसफलकीप्राप्तिहोवैहै? ॥४॥ अब याचारिप्रश्नोंकेउत्तरोंकूंदिखावैहैं॥ याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच॥ हेआश्वल! याज्या पुरोनुवाक्या शस्या यातीनऋचावोंविषे त्रित्वसंख्यारहैहै ॥ तथा तीनलोकोंविषेभी त्रित्वसंख्यारहैहै ता त्रित्वसंख्यारूप समानधर्मकूंग्रहणकरिकै जबी होतायाज्यादिकतीनऋचावोंकूं तीनलोकरूपकरिकैदेखेहै तबी ताहोताके संपदरूपज्ञानकरिकै यजमानकूं तीनलोकोंकाजयरूपफल प्राप्तहोवैहै ॥ इहां यज याप्रकारकीप्रेरणातैंअनंतर पठनकरीहुई ऋचाकूं याज्याकहैहैं ॥ और ब्रूहि याप्रकारकीप्रेरणातैंअनंतर पठनकरीहुईऋचाकूं पुरोनुवाक्याकहैहैं ॥ और एकश्वासकरिकै पठनकरीहुईऋचाकूं शस्याकहैहैं ॥ १ ॥ और हेआश्वल! अध्वर्युनें अग्निविषे हवनकरी जेआहुतियां हैं ते उज्ज्वलत्व सशब्दत्व अधोगामित्वरूपकरिकै तीनप्रकारकीहैं ॥ और जैसे आहुतियोंविषे उज्ज्वलत्वादिकधर्म रहैहैं तैसे देवलोक पितृलोक मनुष्यलोक यातीनलोकोंविषेभी उज्ज्वलत्वादिकधर्म रहैहैं ॥ तिनउज्ज्वलत्वादिक समानधर्मोंकूंग्रहणकरिकै जबी सोअध्वर्यु तिनआहुतियोंकूं देवलोकादिरूपकरिकैदेखेहै तबी ताअध्वर्युकेसंपदरूपज्ञानकरिकै यजमानकूं देवलोक पितृलोक मनुष्यलोक यातीनलोकोंकाजयरूपफल प्राप्तहोवैहै ॥ २ ॥ और हेआश्वल! वृत्तिरूपकरिकै मन अनंतहै ॥ और विश्वेदेवताभीअनंतहैं ॥ ता अनंतत्वरूप सामान्यधर्मकूंग्रहणकरिकै जबी ब्रह्मा मनकूं विश्वेदेवतारूपकरिकैचिंतनकरैहै ॥ तबी ताब्रह्माकेसंपदरूपज्ञानकरिकै यजमानकूं अनंतफलकीप्राप्तिहोवैहै ॥ ३ ॥ और हेआश्वल! उद्गातानें गायनकरीजे याज्या पुरोनुवाक्या शस्या यहतीनऋचा ॥ तिनतीनोंऋचावोंकूं जबी उद्गाता प्राण अपान व्यान रूपकरिकै देखेहै ॥ तबी ताउद्गाताकेसंपदरूपज्ञानकरिकै यजमानकूं भूर् भुवः स्वर् यातीनलोकोंकाजयरूपफल प्राप्तहोवैहै ॥ ४ ॥ हेशिष्य! याप्रकार जबी याज्ञवल्क्यमुनिनें आश्वलकेअष्टप्रश्नोंकाउत्तरकह्या तबी सोआश्वल याज्ञवल्क्यकेजीतणेकी आपणेविषेसामर्थ्य नहींदेखताभया ॥ और लज्जाकूंप्राप्तहुआ सोआश्वल याज्ञवल्क्यकेसाथ विवादकरावणेवासते आर्तभागनामाब्राह्मणकेमुखकी

ओरिदेखिकै पुनःप्रश्नकरणेतैं निवृत्तहोताभया ॥ तिसतैंअनंतर सोआर्तभाग याज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति प्रश्नोंकूंकरताभया ॥ आर्त्तभा
गउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य! ग्रह कितनेहैं ? तथा अतिग्रह कितनेहैं ॥ याज्ञवल्क्यउवाच ॥ हेआर्तभाग! अष्टग्रहहैं ॥ और अष्ट अ
तिग्रहहैं ॥ आर्त्तभागउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य! ते अष्टग्रह कौनहैं और ते अष्टअतिग्रह कौनहैं? ॥ याज्ञवल्क्यउवाच ॥ हेआर्तभा
ग! श्रोत्र १ त्वक् २ चक्षु ३ रसन ४ घ्राण ५ मन ६ वाक् ७ हस्त ८ येअष्टइंद्रिय जीवोंकूंबंधनकरैहैं यातैं इनअष्टोंकूं ग्रहकहै
हैं ॥ और शब्द १ स्पर्श २ रूप ३ रस ४ गंध ५ इच्छा ६ नाम ७ क्रिया ८ येअष्ट श्रोत्रादिकअष्टइंद्रियोंके क्रमतैंविषयहैं ॥ ति
नशब्दादिकविषयोंतैंविना केवलश्रोत्रादिकइंद्रिय जीवकूंबंधनकरैनहीं ॥ किंतु शब्दादिकविषयोंकरिकैयुक्तहुए श्रोत्रादिकइंद्रिय
जीवोंकेबंधनकाहेतुहैं ॥ यातैं शब्दादिकअष्टविषयोंकूं अतिग्रहकहेहैं ॥ अब याहीअर्थकूंस्पष्टकरिकैदिखावैहैं ॥ हेआर्तभाग! जैसे
प्रसिद्धसमुद्रविषे प्राप्तहुएपुरुषकूं मकरादिकग्रह भक्षणकरैहैं ॥ और तिनमकरादिकग्रहोंकूं तिनोंतैंभीअधिकबलवान् तिमिंगिला
दिकअतिग्रह भक्षणकरैहैं ॥ तैसे संसाररूपसमुद्रविषे प्राप्तहुएअज्ञानीजीवकूं श्रोत्रादिकइंद्रियरूपग्रह भक्षणकरैहैं ॥ तात्पर्ययह ॥
जीवकूं श्रोत्रादिकइंद्रिय आपणेअधीनकरैहैं ॥ और तिनश्रोत्रादिकइंद्रियरूपग्रहोंकूं शब्दादिकविषयरूपअतिग्रह भक्षणकरैहैं ॥
तात्पर्ययह ॥ शब्दादिकविषय श्रोत्रादिकइंद्रियोंकूं आपणेअधीनकरैहैं ॥ यहही तिनोंकाभक्षणहै ॥ और हेआर्तभाग! जैसे मा
र्जार मूषककूं ग्रहणकरैहै ॥ तैसे श्रोत्रादिकइंद्रिय याजीवकूं आपणेवशकरैहैं ॥ और जैसे धीवरपुरुष जलविषेस्थित मत्स्योंकूं
ग्रहणकरैहैं ॥ तैसे शब्दादिकविषय श्रोत्रादिकइंद्रियोंकूं आपणेवशकरैहैं ॥ और हेआर्तभाग! जैसे पिशाचादिकग्रहकरिकैयुक्तहु
आ यहपुरुष आपणेहितकूं तथाअहितकूं जाणतानहीं ॥ तैसे श्रोत्रादिकइंद्रियोंकेअधीनहुआ यहजीव आपणेमोक्षरूपहितकूं त
थाबंधरूप अहितकूं देखतानहीं ॥ और हेआर्तभाग! जैसे किसीबलवान्पुरुषकरिकै बांध्याहुआ मकर यद्यपि किसीपुरुषकंमा
रणेकीइच्छा नहींकरैहै ॥ तथापि ताबलवान्पुरुषरूपअतिग्रहकरिकै प्रेरणाकन्याहुआ सोमकर अन्यपुरुषकेमारणेवासते प्रवृत्तहो
वैहै ॥ तैसे श्रोत्रादिकइंद्रियरूप ग्रह यद्यपि जीवोंकेबंधनकरणेकीइच्छानहींकरैहैं ॥ तथापि शब्दादिकविषयरूप अतिग्रहोंके अधीन

हुए श्रोत्रादिकइंद्रिय सर्वदा जीवकेबंधनकरणेवासते प्रवृत्तहोवैहैं ॥ शंका ॥ हेभगवन् ! याज्ञवल्क्यमुनिनैं अष्टग्रह तथाअष्टअतिग्र
हकहे सोसंभवैनहीं ॥ काहेतें ? अन्यशास्त्रविषे पंचकर्मइंद्रिय पंचज्ञानइंद्रिय एकअंतःकरण येएकादशइंद्रियांकहेहैं ॥ और एकादश
हीतिनोंकेविषयकहेहैं ॥ ताशास्त्रका विरोधहोवैहै ॥ समाधान ॥ हेशिष्य ! यद्यपि इंद्रिय तथाविषय एकादशहैं ॥ तथापि श्रोत्रादिक
अष्टइंद्रियोंकीप्रधानताकूं तथाशब्दादिकअष्टविषयोंकीप्रधानताकूं ग्रहणकरिकै याज्ञवल्क्यमुनिनैं अष्टग्रह तथाअष्टअतिग्रह कथन
करैहैं ॥ अथवा ॥ त्वक्इंद्रियविषे तथाहस्तइंद्रियविषे पाद पायु उपस्थ यातीनोंका अंतर्भावमानिकै याज्ञवल्क्यमुनिनैं अष्टग्रह अष्टअ
तिग्रह कहेहैं तिनोंविषेभी उपस्थइंद्रियका त्वक्इंद्रियविषेअंतर्भावहै ॥ काहेतें ? त्वक्इंद्रिय सर्वशरीरविषेव्यापकहै ॥ यातैं स्त्रीकेसं
बंधतें जोउपस्थविषे सुखउत्पन्नहोवैहै ॥ सोसुख स्पर्शकरिकैजन्यहै ॥ यातैं सोसुख त्वक्इंद्रियकरिकैजन्यहै ॥ यारीतिसैं उपस्थका
त्वक्इंद्रियविषेअंतर्भावहै ॥ और पादइंद्रियतें गमनरूपक्रियाहोवैहै ॥ और पायुइंद्रियतें मलकापरित्यागरूप क्रियाहोवैहै ॥ औ
र हस्तइंद्रियतेंग्रहणरूपक्रियाहोवैहै ॥ याप्रकार क्रियाकीसाधनता तीनोंविषेसमानहै ॥ यातैं पायुका तथापादका हस्तइंद्रियविषे
अंतर्भावहै ॥ अथवा जिसकालविषे पायुइंद्रियका मलकापरित्यागरूपव्यापारहोवैहै ॥ तथा पादइंद्रियका गमनरूपव्यापारहो
वैहै ॥ तिसकालविषे हस्तइंद्रियका आकुंचन प्रसारणरूप व्यापार अवश्यहोवैहै ॥ यातैंयहजान्याजावैहै ॥ पायु पाद हस्त याती
नोंके नाडियोंकेबंध समानहैं ॥ तानाडीबंधकीसमानताकूंग्रहणकरिकै याज्ञवल्क्यमुनिनैं पायुपादका हस्तविषेअंतर्भावकह्याहै ॥
॥ १ ॥ हेशिष्य ! याप्रकार जबी याज्ञवल्क्यमुनिनैं आर्तभागकेप्रश्नकाउत्तरकह्या ॥ तबी सोआर्तभाग पुनःदूसराप्रश्न करताभया ॥
आर्तभागउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य ! हिरण्यगर्भतैंआदिलैके जितनाजडअजडप्रपंचहै तिसकूं यहग्रहअतिग्रहरूपमृत्यु भक्षण
करैहै ॥ यातैं संपूर्णजगत् ग्रहअतिग्रहरूपमृत्युकाअन्नहै ॥ और सोग्रहअतिग्रहरूपमृत्युभी जिसदेवताकाअन्नहै ॥ सोदेवता इहांको
नहै ॥ तात्पर्ययह ॥ ग्रहअतिग्रहरूपमृत्युकेभक्षणकरणेहारा कोईदूसराहै अथवा नहींहै ? जोकहो ग्रहअतिग्रहरूपमृत्युकेभक्षणकर
णेहारा कोईदूसराहै तौ सोभक्षणकरणेहारा दूसरा नित्यहै अथवा अनित्यहै ? जोकहोनित्यहै ॥ तौद्वैतापत्तिहोवैगी ॥ और जो

कहो सोअनित्यहै तौ तादूसरेकेभक्षणकरणेहारा कोईतीसरा मानणाहोवैगा ॥ और तीसरेकेभक्षणकरणेहारा चौथामानणाहोवैगा ॥ याप्रकार अनवस्थादोषकी प्राप्तिहोवैगी ॥ और जोकहो ग्रहअतिग्रहरूपमृत्युकेभक्षणकरणेहारा कोईहैनहीं तौ मोक्षकीप्राप्तिवासते नानाप्रकारकेयत्नकरणे व्यर्थहोवैंगे ॥ याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेआर्तभाग ! जैसे सर्वपदार्थोंकूंभक्षणकरणेहारा जोअग्निहै ॥ ताअग्निकूं जल भक्षणकरैहै ॥ तैसे सर्वजगत्कूंभक्षणकरणेहारा जोग्रहअतिग्रहरूपमृत्युहै ताकूं आत्माकासाक्षात्कार भक्षणकरैहै ॥ यातैं मोक्षकीप्राप्तिवासते यत्न व्यर्थनहीं ॥ और जैसे कतकरेणु जलकेमृत्तिकाकूंनिवृत्तकरिकै आपभी निवृत्तहोइजावैहै ॥ कतकरेणुकेनिवृत्तिवासते दूसरेकिसीसाधनकीअपेक्षा होवैनहीं तैसे महावाक्यतैंजन्य जोअंतःकरणकीवृत्तिरूपज्ञानहै सो कार्यसहितअज्ञानकीनिवृत्तिकरिकै आपेहीनिवृत्तहोइजावैहै ॥ ताज्ञानकीनिवृत्तिविषे किसीदूसरेसाधनकीअपेक्षाहोवैनहीं यातैं द्वैतापत्ति तथाअनवस्था येदोनोंप्रकारकेदोष प्राप्तहोवैंनहीं ॥ २ ॥ हेशिष्य! याप्रकार जबी याज्ञवल्क्यमुनिनैं दूसरेप्रश्नका उत्तरकह्या तबी सोआर्त्तभाग पुनःतीसराप्रश्न करताभया ॥ आर्त्तभागउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्यमुनि! जिसकालविषे ब्रह्मवेत्तापुरुष स्थूलशरीरकापरित्यागकरैहै ॥ तिसकालविषे ब्रह्मवेत्तापुरुषकेप्राण अज्ञानीजीवकेप्राणोंकीन्यांई लोकांतरविषेजावैहैं अथवा नहींजावैहैं ॥ जोकहो अज्ञानीपुरुषकेप्राणोंकीन्यांई ब्रह्मवेत्तापुरुषकेभीप्राण लोकांतरविषेजावैहैं तौ जैसे अज्ञानीजीवकूं लोकांतरविषे पुनःदूसरेशरीरकीप्राप्तिहोवैहै ॥ तैसे ब्रह्मवेत्तापुरुषकूंभी लोकांतरविषे पुनःशरीरकीप्राप्तिहोवैगी ॥ और जोकहो मरणकालविषे ब्रह्मवेत्तापुरुषकेप्राण लोकांतरविषेनहींजाते ॥ तौ शरीरविषेप्राणोंकेस्थितहुए मृत्युहोवैनहीं ॥ यातैं ब्रह्मवेत्तापुरुषकेशरीरविषे कदाचित्भी मरणव्यवहार नहींहोणाचाहिये ॥ और प्रारब्धकर्मकेनाशतैंअनंतर ब्रह्मवेत्तापुरुषकेशरीरविषे सर्वलोकोंकूं मरणव्यवहारहोवैहै ॥ याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेआर्तभाग! ब्रह्मवेत्तापुरुषका जबी प्रारब्धकर्म क्षयहोवैहै ॥ तबी ताब्रह्मवेत्तापुरुषकाप्राण शरीरतैंबाहरीजावैनहीं ॥ किंतु याशरीरकेभीतरही लयभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ अविद्या काम कर्म येतीनों प्राणोंकेलोकांतरगमनविषे कारणहैं ॥ ते अविद्याकामकर्म ब्रह्मवेत्तापुरुषके आत्मज्ञानकरिकैनिवृत्तहुएहैं ॥ यातैं ब्रह्म

वेत्तापुरुषकेप्राणोंका लोकांतरविषेगमनहोवैनहीं॥ याकारणतैं ब्रह्मवेत्तापुरुषकूं अज्ञानीकीन्यांई पुनःशरीरकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ और स्थूलशरीरकेसाथ प्राणोंकेसंबंधकीनिवृत्तिकानाम मरणहै ॥ सासंबंधकीनिवृत्ति प्राणोंकेलयहुएभी संभवैहै ॥ यातेंवि द्वान्पुरुषकेशरीरविषे मरणव्यवहारभी संभवैहै ॥ **शंका** ॥ ब्रह्मवेत्तापुरुषकेप्राण शरीरतैंबाहरिजातेनहीं ॥ किंतु शरीरकेभीतरि हीलयहोवैहैं यहवार्ता कैसेजाणीजावै? ॥ **समाधान** ॥ जीवत्अवस्थाविषे अत्यंतकृशशरीरभी मरणतैंअनंतर भेरीकीन्यांई सू जिकेस्थूलहोइजावैहै तास्थूलताकाकारण दूसराकोईपदार्थहैनहीं ॥ किंतु धनंजयनामाप्राणही तास्थूलताकाकारणहै ॥ यातें मरणतैंअनंतर शरीरकीविलक्षणस्थूलतारूपहेतुतें शरीरविषे प्राणोंकेलयकाअनुमानहोवैहै ॥ **शंका** ॥ ब्रह्मवेत्तापुरुषकेप्राण लोकांतरविषेनहींजावैहैं याकेविषे कौनप्रमाणहै? ॥ **समाधान** ॥ याअर्थविषे साक्षात्श्रुतिभगवतीहीप्रमाणहै ॥ साश्रुतियहहै ॥ **अस्यपरिद्रष्टुरिमाः षोडशकलाःपुरुषायणाःपुरुषंप्राप्यास्तंगच्छंति** ॥ यर्थयह ॥ जैसे नदियां समुद्रविषेलयहोवैहै ॥ तैसे ब्रह्म वेत्तापुरुषके एकादशइंद्रिय पंचप्राण यहषोडशकला अधिष्ठानपुरुषविषेप्रतीतहोवैहैं॥ और तिसीअधिष्ठानपुरुषविषे लयकूंप्राप्तहो वैहैं ॥ यातें ब्रह्मवेत्तापुरुषकेप्राण लोकांतरविषेगमनकरैंनहीं ॥ जोब्रह्मवेत्तापुरुषकेप्राणभी लोकांतरविषेगमनकरैंगे तौ ता ब्रह्मवेत्तापुरुषकूंभी अज्ञानीजीवकीन्यांई अवश्यदूसरेशरीरकीप्राप्तिहोवैगी ॥ और पुनःपुनःशरीरकूंजोधारणकरैहै ताकूं मोक्ष कीप्राप्तिसंभवैनहीं ॥ यातें ब्रह्मवेत्तापुरुषकेप्राण लोकांतरविषेजावैंनहीं ॥ ३ ॥ हेशिष्य! याप्रकार जबीयाज्ञवल्क्यमुनिनैं तृतीय प्रश्नकाउत्तरकह्या ॥ तबीसोआर्तभाग पुनःचतुर्थप्रश्न करताभया ॥ आर्तभागउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य! जिसकालविषे सोब्रह्मवे त्तापुरुष विदेहमोक्षकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तिसकालविषे ताब्रह्मवेत्तापुरुषकूं कौनवस्तु नहींपरित्यागकरती? ॥ तात्पर्ययह ॥ जीवन्मु क्तिअवस्थाकीन्यांई तहां सावशेष द्वैतकालयहोवैहै॥ अथवा निरवशेष द्वैतकालयहोवैहै ॥ याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेआर्तभाग! दूसरेसर्वपदार्थ मुक्तपुरुषकापरित्यागकरैहैं ॥ परंतु वामदेवादिकनाम मुक्तपुरुषोंकापरित्यागकरैनहीं॥ यद्यपि वामदेवादिकमुक्त पुरुष नाम रूप क्रिया स्वरूपभेदप्रपंचतें मुक्तहुएहैं ॥ यातें वास्तवतें तिनमुक्तपुरुषोंविषे वामदेवादिकनामोंकासंबंध संभवैनहीं

तथापि लौकिकपुरुष इदानींकालविषे तिनवामदेवादिकमुक्तपुरुषोंके वामदेवादिकनामोंकूंग्रहणकरैंहैं ॥ यातें लौकिकपुरुषोंकीदृष्टिकरिकै मोक्षअवस्थाविषे मुक्तपुरुषोंके वामदेवादिकनामरहैंहैं ॥ और तेमुक्तपुरुषोंकेनाम अनंतहैं ॥ तथा विश्वेदेवताभी अनंतहैं ॥ यातें जोपुरुष ताअनंतनामोंविषे अनंतविश्वेदेवतावोंकाअभेदचिंतनकरैहै ॥ तापुरुषकूं अनंतफलकीप्राप्ति होवैहै ॥ ४ ॥ हेशिष्य! येचारिप्रश्न आर्तभागनें ज्ञानीपुरुषविषेकरे ॥ तिनचारिप्रश्नोंका जबी याज्ञवल्क्यमुनिनें उत्तरकह्या ॥ तबी सोआर्तभाग पुनः अज्ञानीपुरुषविषे पंचमाप्रश्नकरताभया ॥ आर्तभागउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य! जिसकालविषे याजीवोंकूं मरणअवस्थाप्राप्त होवैहै ॥ तिसकालविषे याजीवोंका अध्यात्मरूप वाक्इंद्रिय अधिदैवरूपअग्निकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और अध्यात्मरूपप्राण अधिदैवरूपवायुकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और अध्यात्मरूपनेत्रइंद्रिय अधिदैवरूपसूर्यकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और अध्यात्मरूपश्रोत्रइंद्रिय अधिदैवरूपदिशावोंकूं प्राप्तहोवैहै ॥ और अध्यात्मरूपमन अधिदैवरूपचंद्रमाकूं प्राप्तहोवैहै ॥ और अध्यात्मरूपशरीर अधिदैवरूपपृथिवीकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और शरीरकेभीतरिस्थित अध्यात्मरूपआकाश अधिदैवरूपबाह्यआकाशकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और शरीरविषेस्थित अध्यात्मरूपलोम अधिदैवरूपऔषधियोंकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ और शरीरविषेस्थित अध्यात्मरूपकेश अधिदैवरूपवनस्पतिकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ और अध्यात्मरूपरुधिर तथावीर्य अधिदैवरूपजलकूंप्राप्तहोवैहै ॥ याप्रकार अन्यअध्यात्मरूपइंद्रियोंकाभी आपणेअधिदैवरूपविषे लयजानणा ॥ अग्निआदिकदेवतावोंके अनाश्रितहोइकै आपणेआपणेव्यापारकूंनकरणा यहही मरणकालविषे वाकादिकोंका अग्निआदिकोंविषेलयहै ॥ याप्रकार मरणकालविषे संपूर्णवाकादिकइंद्रियोंकेलयहुए यहअज्ञानीजीव किसकेआश्रितहुआ परलोकविषे सुखदुःखकूंभोगेहै? ॥ हेशिष्य! याप्रकार आर्तभागकेप्रश्नकूंश्रवणकरिकै सोयाज्ञवल्क्यमुनि ताप्रश्नकेअर्थकूंगुह्यमानिकै सभाविषे ताप्रश्नकेउत्तरकूंनहींकहताभया ॥ किंतु आर्तभागकेहस्तकूंग्रहणकरिकै एकांतदेशविषेलेजाइकै ताप्रश्नकेउत्तरकूं याज्ञवल्क्यमुनि कहताभया ॥ **शंका** ॥ हेभगवन्! यहआर्तभागकाप्रश्न कर्मविषयक है ॥ और आगे याज्ञवल्क्यमुनिनें सभाविषेस्थितहोइकै ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरणाहै ॥ यातें यहजान्याजावैहै ॥ ब्रह्मविद्यातेंभी कर्मविद्या अतिगुह्यहै ॥ **समाधान** ॥

हेशिष्य! ब्रह्मविद्यातेंकर्मविद्या गुह्यहै याअभिप्रायकरिकै याज्ञवल्क्यमुनि आर्तभागकूं एकांतदेशविषेनहींलेगया ॥ किंतु या प्रकारकेअभिप्रायकरिकै याज्ञवल्क्यमुनि आर्तभागकूं एकांतदेशविषेलेजाताभया ॥ अव ताअभिप्रायकूंदिखावैहैं ॥ मरणकूं प्राप्तहुआ अज्ञानीजीव आपणेपुण्यपापरूपकर्मोंकेअनुसार परलोकविषे सुखदुःखकूंप्राप्तहोवैहै ॥ यहवार्ता बालकोंतैंलैकेगोपालपुरुषपर्यंत सर्वलोक जाणेहैं ॥ यातें प्रसिद्धअर्थका जोहम विद्वानोंकीसभाविषेविचारकरैंगे ॥ तौ याआर्तभागकेप्रश्नविषे तथाहमारेउत्तरविषे तुच्छताप्राप्तहोवैगी ॥ तात्पर्ययह ॥ सभाविषेसर्वविद्वान्ब्राह्मण आर्तभागका तथाहमारा उपहासकरैंगे ॥ दृष्टांत ॥ जैसे भोजनकरिकै क्षुधाकीनिवृत्तिहोवैहै यहवार्ता संपूर्णलोक जाणेहै ॥ तहां बुद्धिमान्पुरुषोंकीसभाविषेजाइकै कोईएकपुरुष किसकरिकैक्षुधाकीनिवृत्तिहोवैहै याप्रकारकाप्रश्नकरै ॥ और आगेतैंकोईबुद्धिमान्पुरुष भोजनकरिकै क्षुधाकी निवृत्तिहोवैहै ॥ याप्रकारकाउत्तरकहै ॥ तहां प्रश्नकर्तापुरुषका तथाउत्तरदेणेहारेपुरुषका दोनोंका सभाविषे उपहासहोवैहै ॥ तैसे हमदोनोंका सभाविषेउपहासहोवैगा ॥ याप्रकारकाविचारकरिकै याज्ञवल्क्यमुनि आर्तभागकूं एकांतदेशविषेलेजाताभया ॥ अब याज्ञवल्क्यकेउत्तरकूंदिखावैहैं ॥ याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेआर्तभाग! जैसे जीवत्अवस्थाविषे यहअज्ञानीजीव पुण्यपापकेअनुसार सुखदुःखकूंभोगेहैं ॥ तैसे मरणतैंअनंतरभी यहअज्ञानीजीव पूर्वलेपुण्यपापरूपकर्मकेआश्रितहुआ सुखदुःखरूपफलकूंभोगेहै॥ अबयाहीअर्थकूंस्पष्टकरिकैदिखावैहैं ॥ हेआर्तभाग! जोपापीपुरुषहोवैहै सो नरककूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जोपुण्यवान्पुरुषहोवैहै सो देवभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जोपुरुष पुण्यपापदोनोंवालाहोवैहै ॥ सो मनुष्यशरीरकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और हेआर्तभाग! यह जीव यद्यपि आपणेवास्तवरूपकरिकै अधिकभीनहीं तथान्यूनभीनहीं तथासमानभीनहीं ॥ तथापि कर्मोंकेवशहुआ यहजीव अधिकताकूं तथान्यूनताकूं तथासमानताकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तहां जोपुण्यात्माजीवहोवैहै सो हिरण्यगर्भादिरूपअधिकताकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जोपापात्माजीवहोवैहै सो वृक्षादिरूपन्यूनताकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जोजीव पुण्यपाप दोनोंकाकर्ताहोवैहै सो मनुष्यादिरूपसमानताकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और हेआर्तभाग! जोपुरुष शरीरकरिकै तथावाणीकरिकै तथामनकरिकै अन्यकिसीप्राणिकूंसुखकीप्राप्ति

करैहै ॥ अथवा दुःखकीप्राप्तिकरैहै ॥ सोपुरुष इसजन्मविषे अथवा अन्यजन्मविषे तिसी शरीर मन वाणीकरिकै सुखकूं अथवा दुःखकूं प्राप्तहोवैहै ॥ और जोपुरुष जिसदेशविषे तथाजिसकालविषे तथाजिसनिमित्तकरिकै तथाजिसप्रकारकरिकै तथाजिसशरीरकरीकै तथाजिसअवस्थाकरिकै अन्यप्राणियोंकेन्यून अथवा अधिक सुखकूं अथवादुःखकूं उत्पन्नकरैहै ॥ सोपुरुष जन्मांतरकूं पाइकै तिसीदेशविषे तथातिसीकालविषे तथातिसीनिमित्तादिकोंकरिकै तैसेहीन्यून अथवा अधिक सुखकूं अथवा दुःखकूं प्राप्तहोवैहै॥ यातैं इसलोकविषे तथापरलोकविषे जोअज्ञानीजीवोंकूं सुखदुःखरूपफलहोवैहै॥ सो पूर्वलेपुण्यपापरूपककर्मकरिकै तिसीदेशकालादिकोंविषे समानहीहोवैहै ॥ और किसीस्थानविषे विशेषभीहोवैहै ॥ जैसे काशीआदिकदेशविषे तथासूर्यग्रहणकालविषे सुपात्रब्राह्मणकेप्रति थोडाभीदानकन्याहुआ कोटिकोटिगुणावृद्धिकूंप्राप्तहोवैहै॥ दृष्टांत॥ जैसे वर्षाकालविषे उत्तमभूमिविषे पायेहुए शालिआदिकबीज वृद्धिकूंप्राप्तहोवैहै॥ तैसे उत्तमदेशकालादिकोंविषे दियाहुआदान वृद्धिकूंप्राप्तहोवैहै॥ हेआर्तभाग! जोपुरुष धनादिकपदार्थोंकीवृद्धिकरणेवासते व्यापारादिककरैहै ॥ तिसपुरुषके जैसे धनादिकपदार्थ दिनदिनविषे वर्द्धतेजावैहैं तैसे देहाभिमानीअज्ञानीजीवोंके पुण्यपापरूपकर्म दिनदिनविषे वृद्धिकूंप्राप्तहोतेजावैहैं ॥ और जैसेलोकविषे अत्यंतसूक्ष्म जोवटका बीजहै सो देशकालादिकनिमित्तकूंपाइकै महान्‌वटकेवृक्षकाकारणहोवैहै ॥ तैसे यज्ञादिककर्मोंकेअनंतर सूक्ष्मरूपकरिकैरह्याहुआ पुण्यपापरूपअदृष्टभी देशकालादिकनिमित्तकूंपाइकै महान्‌सुखदुःखकाकारणहोवैहै ? ॥ यातैं पुण्यपापरूपकर्महीं सुखदुःखरूपफलकेभोगविषे प्रधानकारणहैं ॥ ५ ॥ हेशिष्य! याप्रकार जबी याज्ञवल्क्यमुनिनैं आर्तभागकेपंचप्रश्नोंकाउत्तरकह्या तबी सोआर्तभाग याज्ञवल्क्यमुनिकीस्तुति करताभया ॥ तथायाज्ञवल्क्यमुनिभी ताआर्तभागकीस्तुतिकरताभया ॥ तिसतैंअनंतर सो आर्तभाग भुज्युनामाब्राह्मणकेमुखकीओरिदेखिकै पुनःप्रश्नकरणेतैंनिवृत्तहोताभया ॥ तिसतैंअनंतर सोभुज्युनामाब्राह्मण याज्ञवल्क्यतैं आपणीउत्कृष्टता बोधनकरणेवासते पूर्वलाआपणावृत्तांतश्रवणकराइकै याज्ञवल्क्यकेप्रति प्रश्नकरताभया॥ भुज्युरुवाच॥ हेयाज्ञवल्क्य! पूर्व ब्रह्मचर्यअवस्थाविषे हमब्राह्मण वेदविद्याकेअध्ययनकरणेवासते मद्रनामादेशविषेविचरतेभये॥ तहां कापिगोत्र

विषे हैउत्पत्तिजिसकी ऐसाजोपतंजलनामाब्राह्मणहै ॥ ताकेगृहविषे एकआश्चर्यरूपवार्ताकूं हमदेखतेभये ॥ सावार्ता यहहै ॥ एककालविषे तापतंजलनामऋषिके कन्याकेशरीरविषे भूतकीन्याईं अग्निदेवता प्रवेशकरताभया तिसतैंअनंतर हमसंपूर्णविद्यार्थी ताकन्याकेसमीपजाइके यहपूछतेभये ॥ तुमारानाम क्याहै? तथा तुमारागोत्र क्याहै? तिसतैंअनंतर सोअग्निदेवता हमारेप्रतिकहताभया ॥ सुधन्वा हमारानामहै ॥ और आंगिरस हमारागोत्रहै ॥ तिसतैंअनंतर हमसंपूर्णब्राह्मण ताअग्निदेवतासे कर्मोंकेफलकाअंत पूछतेभये ॥ तिसतैंअनंतर सोअग्निदेवता यहउत्तरदेताभया ॥ जिसस्थानविषे पारिक्षितपुरुष स्थितहोवेहैं ॥ सोस्थानही सर्वकर्मोंकेफलकाअंतहै ॥ तिसतैंअधिक कर्मोंकाफलनहीं ॥ याप्रकार जबी अग्निदेवतानैं हमारेप्रति उत्तरकह्या ॥ तबी हम संपूर्णब्राह्मण पुनःअग्निदेवतासैंपूछतेभये ॥ तेपारिक्षितपुरुष किसस्थानविषेस्थितहोवैहैं? याप्रकार जबीहमोंनैंपूछा ॥ तबी सोअग्निदेवता हमारेप्रति पारिक्षितपुरुषोंकेस्थानकूं कहताभया ॥ हेयाज्ञवल्क्य! जेअग्निदेवताकेप्रति पूर्वहमोंनैं प्रश्नकरेथे ॥ तेईहीप्रश्न अबी हम तुमारेप्रति करतेहैं ॥ तिनोंका तुम उत्तरकहो ॥ जिसस्थानविषे पारिक्षितपुरुष स्थितहोवेहैं ॥ सोस्थान कौनहै?॥ १॥ और तिसस्थानकेआवांतरलोकोंका कितनापरिमाणहै? ॥ २ ॥ और तिनपारिक्षितपुरुषोंकाक्यास्वरूपहै? ॥३॥ हेशिष्य! याप्रकार जबी भुज्युनैं याज्ञवल्क्यकेप्रति तीनप्रश्नकरे ॥ तबी सोयाज्ञवल्क्यमुनि भुज्युकेप्रति कहताभया ॥ हेभुज्युब्राह्मण! याप्रश्नोंका उत्तर पूर्व तुमारेप्रति अग्निदेवतानैंकह्याथा ॥ ताअर्थकूंभलीप्रकारजाणताहुआभीतू पुनःसभाविषे वेदकेगुह्यअर्थकूं किसवासतेपूछताहै? किंतु एकवारजान्याहुआ वेदकागुह्यअर्थ पुनःसभाविषेपूछणा तेरेकूंउचितनहीं ॥ तथापि हेभुज्यु! तेरेविश्वासकरावणेवासते तथा वेदअर्थकेगुह्यताकेरक्षणकरणेवासते संक्षेपतैं याप्रश्नोंकाउत्तर हम तुमारेप्रति कथनकरैहैं ॥ तुम श्रवणकरो ॥ हेभुज्यु! उपासनासहित अश्वमेधयज्ञकेकरणेहारेपुरुष जिसस्थानविषे उपासनासहितअश्वमेधयज्ञकाफल भोगेहैं ॥ तिसीस्थानविषे पारिक्षितपुरुष जावैहैं ॥ ईहां उपासनासहितअश्वमेधयज्ञकेकरणेहारेपुरुषही पारिक्षित हैं यहअर्थ याज्ञवल्क्यमुनिनैं वेदअर्थकेगुह्यताकीरक्षाकरणेवासते नहींकह्या ॥ हेशिष्य! याप्रकार जबी याज्ञवल्क्यमुनिनैं संक्षेपतैंउत्तरकह्या ॥ तबी सोभुज्युब्राह्मण

याज्ञवल्क्यकीसर्वज्ञताविषे अविश्वासकरिकै पुनःयाज्ञवल्क्यमुनिसैं पूछताभया ॥ हेयाज्ञवल्क्य! उपासनासहितअश्वमेधयज्ञके करणेहारेपुरुष जिसस्थानविषेजावैहैं ॥ सोस्थान हमारेप्रति विस्तारतैंकहो ॥ हेशिष्य! याप्रकार जबी भुज्युनैंपूछा ॥ तबी सोयाज्ञवल्क्यमुनि याप्रकारकाविचार आपणेमनविषेकरताभया ॥ सभाविषे वेदकेरहस्यअर्थकेप्रकाशकरणेकी यद्यपि हमारेकूंइ च्छानहीं है ॥ तथापि यहभुज्यु वारंवार हमारेसैं सोअर्थ पूछताहै ॥ यातैं सभाविषे वेदकेरहस्यअर्थकेप्रकाशकरणेकरिकै जोपापकी उत्पत्तिहोवैगी ॥ सो याभुज्युकूंहीहोवैगी ॥ हमारेकूंहोवैगीनहीं ॥ याप्रकारकाविचारकरिकै सोयाज्ञवल्क्यमुनि विस्तारतैं ताप्र श्नोंकेउत्तरकूंकहताभया ॥ याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेभुज्यु! समुद्रपर्यंत धनकरिकैपूर्णजापृथिवीहै सापृथिवीहैवशवर्तिजि नोंके ऐसेजे अश्वमेधयज्ञकेकर्तापुरुषहैं ॥ तिनोंकानाम परिक्षितिहै ॥ और तिनपरिक्षितिपुरुषोंकूंही शास्त्रविषे पारिक्षितकहेहैं ॥ अब सर्वकर्मकेभोगकास्थान जोविराट्भगवान्काशरीरहै ॥ ताकूं भूलोकरूपकरिकै वर्णनकरताहुआ याज्ञवल्क्यमुनि प्रथम ताके परिमाणकूंदिखावैहैं ॥ हेभुज्यु! यहसंपूर्णजंबुद्वीप एकलक्षयोजनपरिमाणवालाहै ॥ और तिसजंबुद्वीपकूं चारोंओरतैं मेखलाकी न्यांई वेष्टनकरिरह्याहुआ जोक्षारसमुद्रहै सोभी एकलक्षयोजनपरिमाणवालाहै ॥ १ ॥ और तिसतैंपरे प्लक्षद्वीपहै ॥ सोप्लक्षद्वीप दो लक्षयोजनपरिमाणवालाहै ॥ तिसप्लक्षद्वीपकूं चारोंओरतैंवेष्टनकरिरह्याहुआ जोइक्षुरसोदनामासमुद्रहै ॥ सोभी दोलक्षयोजनपरिमा णवालाहै ॥ २ ॥ और तिसतैंपरे शाल्मलीद्वीपहै ॥ सोशाल्मलीद्वीप चारिलक्षयोजनपरिमाणवालाहै ॥ ताशाल्मलीद्वीपकूं चारोंओरतैं वेष्टनकरिरह्याहुआ जोसुरोदनामासमुद्रहै ॥ सोभी चारिलक्षयोजनपरिमाणवालाहै ॥ ३ ॥ और तिसतैंपरे कुशद्वीपहै ॥ सोकुशद्वीप अ ष्टलक्षयोजनपरिमाणवालाहै ॥ ताकुशद्वीपकूं चारोंओरतैंवेष्टनकरिरह्याहुआ जोघृतोदनामासमुद्रहै ॥ सोभी अष्टलक्षयोजनपरि माणवालाहै ॥ ४ ॥ और तिसतैंपरे क्रौंचद्वीपहै ॥ सोक्रौंचद्वीप षोडशलक्षयोजनपरिमाणवालाहै ॥ ताक्रौंचद्वीपकूं चारोंओरतैंवेष्ट नकरिरह्याहुआ जोक्षीरोदनामासमुद्रहै ॥ सोभी षोडशलक्षयोजनपरिमाणवालाहै ॥ ५ ॥ और तिसतैंपरे शाकद्वीपहै ॥ सोशाक द्वीप बत्तीसलक्षयोजनपरिमाणवालाहै ॥ ताशाकद्वीपकूं चारोंओरतैंवेष्टनकरिरह्याहुआ जोदधिमंडोदनामासमुद्रहै ॥ सोभी बत्ती

सलक्षयोजनपरिमाणवालाहै ॥ ६ ॥ और तिसतैंपरे पुष्करद्वीपहै॥ सोपुष्करद्वीप चौसठिलक्षयोजनपरिमाणवालाहै ॥ तापुष्करद्वीपकूं चारोंओरतैंवेष्टनकरिरह्याहुआ जोशुद्धोदनामासमुद्रहै ॥ सोभी चौसठिलक्षयोजनपरिमाणवालाहै ॥७॥ यासप्तद्वीपोंका तथा सप्तसमुद्रोंका मिलिकै दोकोटि चौपनलक्षयोजन परिमाणहोवैहै॥ और सप्तद्वीपोंका तथासप्तसमुद्रोंका मिलिकै जितनेयोजनपरिमाणहै॥ तितनैंहीयोजन शुद्धोदनामासमुद्रतैंपरे भूमिकापरिमाणहै और ताभूमितैंपरे अष्टकोटि तथाओगणचालीसलक्ष योजनपरिमाणवाली सुवर्णकीभूमिहै॥ तिसभूमितैंपरे मंडलाकार लोकालोकनामापर्वतहै॥ तिसलोकालोकपर्वतकाजोमध्यदेशहै जिसमध्यदेशकूंशास्त्रविषे मानसोत्तरमूर्धस्थानकहैहैं॥ तिसमध्यदेशविषे रात्रिदिनकरिकै सूर्यभगवान् सर्वदा भ्रमणकरैहै ता मानसोत्तरपरिमंडलकापरिमाण एकलक्ष साढीनवकोटियोजन शास्त्रविषेकह्याहै ॥ इतनेयोजनपरिमाण रात्रिदिनविषे सूर्यभगवान्चालैहै ॥ और रात्रिदिनविषे जितनेयोजनपरिमाण सूर्यभगवान्चालैहै ॥ तिनयोजनोंकूं बत्तीसगुणाकरणेतैं जितनीयोजनोंकीसंख्याहोवैहै ॥ तितनेयोजनपर्यंतदेश सूर्यभगवान्कीकिरणावोंकरिकैव्याप्तहोवैहै ॥ तितनैंदेशकूं बुद्धिमान्पुरुष भूलोककरिकैकथनकरैहैं॥ यहभूलोक विराट्भगवान्काशरीरहै ॥ और याभूलोकविषेही सर्वकर्मोंकाफल भोग्याजावैहै ॥ अब उपासकपुरुषोंकरिकै प्राप्तहोणेयोग्यजोदेशहै ताकूं निरूपणकरैहैं॥ हेभृज्यु ! याभूलोकतैंपरे जितनेयोजनभूलोककापरिमाणहै तिसतैंद्विगुणअधिकयोजनपरिमाणवालीभूमि स्थितहै ॥ कैसीहैसाभूमि ? भित्तिकीन्यांई चारोंओरतैं भूलोककूंआवरणकारिरहीहै ॥ और ता आवरणरूपभूमितैं परे ताभूमिकूंचारोंओरतैंवेष्टनकरणेहारा तथाताभूमितैंद्विगुणअधिकयोजनपरिमाणवाला समुद्रस्थितहै ॥ जासमुद्रकूं शास्त्रविषे घनोदनामकरिकैकथनकरैहैं ॥ और ताघनोदनामासमुद्रतैंपरे ब्रह्मांडहै ॥ जिसब्रह्मांडका एक कपाल रजतमयहै ॥ और दूसराकपाल सुवर्णमयहै॥ और तिनदोकपालोंकीजोसंधिहै ॥ सासंधि क्षुरकेधाराकीन्यांई अत्यंततीक्ष्णहै ॥ अथवा मक्षिकाकेपक्षकीन्यांई अत्यंतसूक्ष्महै ॥ याप्रकारकीसासंधि ब्रह्मांडतैंबाहरिनिकसणेकेमार्गविषेस्थितहै ॥ हेभुज्यु ! उपासनासहित अश्वमेधयज्ञकेकरणेहारे जेपारिक्षितपुरुष तुमनैंपूर्वपूछेथे॥ तेपारिक्षितपुरुष जबी शरीरकापरित्यागकरैहैं॥ तबी तापारिक्षितपुरुषकूं नानाप्रकारके

देवता तथाउपासनारूपबल घनोदनामासमुद्रपर्यंत लेजावैहैं ॥ तिसतैंआगे किसीदेवताकासामर्थ्यनहीं ॥ और हेभुज्यु ! जैसे उपासनासहित अश्वमेधयज्ञकेकर्तापुरुष पारिक्षितहैं ॥ तैसे अश्वमेधयज्ञतैंविना केवल हिरण्यगर्भकीउपासनाकरणेहारे जेपुरुषहैं ॥ ते भी पारिक्षितहैं ॥ काहेतैं ? जिसकरिकै संपूर्णपापकर्मोंकाक्षयहोवैहै ताकूं पारिक्षितकहैहैं ॥ सोपापकर्मोंकाक्षय जैसे अश्वमेधयज्ञ करिकैहोवैहै ॥ तैसे उपासनाकरिकैभी पापकर्मोंकाक्षयहोवैहै ॥ यातैं उपासना तथाअश्वमेधयज्ञ दोनों परिक्षितशब्दकाअर्थहैं ॥ तापरिक्षितशब्दकेअर्थकूंजोजानणेहाराहै ताकूं पारिक्षितकहैहैं ॥ यारीतिसैं केवलउपासकपुरुषविषेभी पारिक्षितशब्दकीप्रवृत्ति होवैहै ॥ और हेभुज्यु ! ताब्रह्मांडरूपकटाहकेसंधिविषेस्थित जोसूक्ष्ममार्गहै ॥ तिसमार्गविषे सर्वदेवतावोंकाअधिपति इंद्रदेवता भी जाणेमेंसमर्थनहीं ॥ जबी इंद्रभी तामार्गविषेजाणेमेंसमर्थनहींभया ॥ तबी घनोदनामासमुद्रकेपारि जाणेविषेभी असमर्थजेअन्यदेवताहैं ॥ ते तिससूक्ष्ममार्गविषे किसप्रकारजाइसकैंगे? ॥ किंतु तेअन्यदेवता घनोदनामासमुद्रके ओरलेकिनारेविषेही स्थितहोवैहैं ॥ **शंका** ॥ जबी इंद्रादिकदेवताभी तामार्गकेजाणेविषे समर्थनहींहैं तबी पारिक्षितपुरुष किसप्रकार ब्रह्मांडतैंबाहरिहोवैहैं ॥ ॥ **समाधान** ॥ हेभुज्यु ! सोविराट्‌रूपइंद्रदेवता पक्षीकारूपधारणकरिकै तिनपारिक्षितपुरुषोंकूं घनोदनामासमुद्रतैं पारिकरैहै ॥ और ताघनोदनामासमुद्रकेपारलेकिनारे हिरण्यगर्भरूप वायुदेवता आकाशविषेस्थितहै ॥ तावायुकेतांई पारिक्षितपुरुषोंकूंदेकरिकै सोइंद्रदेवता पीछे फिरिआवैहै ॥ तिसतैंअनंतर सोहिरण्यगर्भरूपवायुदेवता तिनपारिक्षितपुरुषोंकूंसूक्ष्मरूपकरिकै आपणेशरीरके साथ अभिन्नकरिकै तासंधिरूपमार्गद्वारा ब्रह्मांडतैंबाहरिलैजावैहै ॥ और जिसस्थानविषे पूर्वपूर्वउपासकपुरुषगएहैं ॥ तिसीस्थान विषे तेपारिक्षितपुरुष प्राप्तहोवैहैं ॥ यातैंयहसिद्धभया ॥ तेपारिक्षितपुरुष हिरण्यगर्भरूपकरिकै ब्रह्मांडकेअंतर तथाबाह्य व्याप्तहोइकैरहैहैं ॥ यातैं सर्वकर्मोंकेफलकाअंत हिरण्यगर्भलोकहै ॥ हिरण्यगर्भलोकतैंपरे कोईकर्मकाफलनहीं ॥ हेशिष्य ! पूर्वअग्निदेवतानैं जैसाउत्तर भुज्युकेप्रति कह्याथा ॥ तैसाहीउत्तर जबी याज्ञवल्क्यमुनिनैं भुज्युकेप्रतिकह्या ॥ तबीसोभुज्यु याज्ञवल्क्यकेजीतणेकीइच्छाकापरित्यागकरताभया ॥ और उषस्थब्राह्मणकेमुखकीओरदेखिकै सोभुज्यु पुनःप्रश्नकरणेतैंनिवृत्तहोताभया ॥ तिसतैं

अनंतर सोउषस्त याज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति प्रश्नकरताभया ॥ उषस्तउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य! जैसे अप्रकाशरूपलोह अग्निकेसंबंधतें प्रकाशमानहोवैहै ॥ तैसे वृत्तिअवच्छिन्नसाक्षीचैतन्यकेसंबंधतें घटपटादिकजडपदार्थ प्रतीतहोवैहैं ॥ यातें घटपटादिकजडपदार्थों विषे मुख्य अपरोक्षपणानहीं ॥ किंतु घटादिकोंविषे गौणअपरोक्षपणाहै ॥ और ब्रह्म स्वप्रकाशचैतन्यहै ॥ यातें ब्रह्मविषे मुख्यअ परोक्षपणाहै ॥ और सोब्रह्म सर्वकेअंतरबाहरिव्यापकहै ॥ यातें सोब्रह्मही आत्मारूपहै ॥ यहवार्ता संपूर्णशास्त्रकथनकरैहैं ॥ प रंतु यहवार्ता संभवैनहीं ॥ काहेतें? शास्त्रनें आत्माविषे ब्रह्मरूपता तथाअद्वितीयरूपता येदोनोंधर्म कथनकरेहैं ॥ याकेविषे हम विवादनहींकरते ॥ परंतु ब्रह्मरूपता तथाअद्वितीयरूपता येदोनोंधर्म जिसआत्मारूपधर्मीविषेरहेहैं ॥ सोआत्मा यासंघातसेंभि न्न हमारेकूं प्रतीतहोतानहीं ॥ यातें हेयाज्ञवल्क्य! यासंघातसेंजोआत्माविलक्षणहै तौ हमारेप्रति कथनकरो ॥ तिसतेंअनंतर हम तुमारेकूंबुद्धिमान्जाणेंगे ॥ हेशिष्य! याप्रकार जबीउषस्तनें याज्ञवल्क्यकेप्रति प्रश्नकऱ्या ॥ तबी सोयाज्ञवल्क्यमुनि उषस्तके प्रति कहताभया ॥ याज्ञवल्क्यउवाच ॥ हेउषस्त! यहआत्मा अद्वितीयब्रह्मरूपहै ॥ यातें अत्यंतसमीपआत्माविषे तेरेकूंअसंभा वनाकरणीउचितनहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ यहआत्माहै याप्रकारकाउत्तर जोयाज्ञवल्क्यमुनिनेंकह्या ॥ ताकेविषे याज्ञवल्क्यमुनिका य हअभिप्रायहै ॥ जोयहउषस्तब्राह्मण अंतर्मुखहोवैगा तौ यहआत्माहै याप्रकारकेउत्तरमात्रकरिकैही आत्माकेवास्तवस्वरूपकूं जाणिकै संतोषकूंप्राप्तहोवैगा ॥ परंतु सोउषस्त बहिर्मुखथा ॥ यातें यहआत्माहै याप्रकारकेउत्तरकरिकै आत्माकेवास्तवस्वरूपकूं नजाणताभया ॥ उलटा संशययुक्तहुआ सोउषस्त पुनःयाज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति प्रश्नकरताभया ॥ उषस्तउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य! सो आत्माकौनहै? ॥ तात्पर्ययह ॥ स्थूलशरीर आत्माहै ॥ अथवा सूक्ष्मशरीर आत्माहै ॥ अथवा तिनोंकाप्रकाशकसाक्षी आत्माहै ॥ तहां स्थूलशरीर तथासूक्ष्मशरीर आत्माहै येदोनोंपक्ष संभवैनहीं ॥ काहेतें? स्थूलसूक्ष्म येदोनोंशरीर परिच्छिन्नहैं ॥ यातें तिनों विषे सर्वव्यापकतासंभवैनहीं ॥ और शास्त्रविषे आत्माकूंसर्वांतर्यामीकह्याहै ॥ किंवा बुद्धिआदिकोंकासाक्षी आत्माहै यहतीस रापक्षभी संभवैनहीं ॥ काहेतें? साक्षी आत्माहै याकेविषे कोईप्रमाणहैनहीं ॥ हेशिष्य! याप्रकार जबी उषस्तनें आत्माकास्वरूप

पूछा ॥ तबी सोयाज्ञवल्क्यमुनि उषस्तकेप्रति कहताभया ॥ याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेउषस्त! जैसे बालक सूत्रकरिकै मर्कटोंकूं नानाप्रकारकानृत्य करावैंहै ॥ तैसे तुमारेशरीरविषेस्थितहोइकै जो तुमारे प्राण अपान उदान समान व्यानकूं तथाबुद्धिआदिकसंघातकूं आपणेआपणेव्यापारविषे प्रवृत्तकरैंहै ॥ सोईही तुमाराआत्माहै ॥ याकहणेकरिकै याज्ञवल्क्यमुनिनैं यहअनुमानबोधन कऱ्या ॥ प्राणादिकोंकाप्रवर्तकजोआत्माहै ॥ सो तिनप्राणादिकोंतैंभिन्नहै ॥ काहेतें? प्राणादिकोंकाप्रवर्तकहोणेतें ॥ जोजोपदार्थ जिसजिसपदार्थका प्रवर्तकहोवैहै ॥ सोसोपदार्थ तिसतिसपदार्थतैंभिन्नहीहोवैहै ॥ जैसे मर्कटोंकूंप्रेरणाकरणेहाराबालक मर्कटोंतैं भिन्नहीहोवैहै ॥ तैसे सर्वकाअंतर्यामीयहआत्माभी प्राणादिकसर्वसंघातका प्रवर्तकहै ॥ यातैं प्राणादिकसर्वसंघाततैं यहआत्मा भिन्नहै ॥ हेशिष्य! उषस्तकीमंदबुद्धिदेखिकरिकै याज्ञवल्क्यमुनिनैं अनुमानप्रमाणकरिकै आत्माकास्वरूप निरूपणकऱ्या ॥ तथापि याज्ञवल्क्यमुनिकेअभिप्रायकूंनजाणिकरिकै सोउषस्तब्राह्मण उपहासपूर्वक पुनःयाज्ञवल्क्यकेप्रति प्रश्नकरताभया ॥ उषस्त उवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य! पूर्व स्पष्टकरिकै आत्माकेस्वरूपजानणेवासते हमनैं तुमारेप्रति प्रश्नकऱ्याथा ॥ सोतुमनैं अबपर्यंत स्पष्टकरिकैआत्माकास्वरूप हमारेप्रति कथनकऱ्यानहीं ॥ यातैं जोतू संघाततैंविलक्षण आत्माकेस्वरूपकूं जाणताहै तौ जैसेकोईपुरुष गौकूंशृंगतैंपकडिकै यहगौहै याप्रकार स्पष्टदिखावैहै ॥ तैसे अबीस्पष्टकरिकै आत्माकास्वरूप हमारेप्रति कथनकरो ॥ और हेयाज्ञवल्क्य! पूर्व हमनैं संघातसैंविलक्षणआत्माकास्वरूप पूछाथा ॥ और अबी तुमनैं प्राणादिकोंकाप्रवर्त्तकआत्माहै यहउत्तर कह्या ॥ सोयहतुमाराउत्तर संघातसैंविलक्षण आत्माकूं सिद्धकरतानहीं ॥ काहेतें? लोकविषे व्यापारवान्‌पुरुषही अन्यमर्कटादिकोंकाप्रेरकहोवैहै ॥ व्यापारतैंरहितकोई प्रेरकहोतानहीं ॥ सोव्यापारवालायहसंघातहै ॥ यातैं यहसंघातही प्राणादिकोंका प्रवर्त्तकहै ॥ और प्राणादिकोंकूं जोआपणेआपणेव्यापारविषे प्रवर्तकरैहै सो आत्माहै ॥ यातुमारेकहणेकरिकै संघातविषेही आत्मपणा सिद्धहोवैहै ॥ यातैं हेयाज्ञवल्क्य! जैसे कोईपुरुष किसीअन्यपुरुषतैं गौकास्वरूपपूछै ॥ और आगेतैंसोपुरुष तिसकेतांई अश्व दिखाइदेवै ॥ तैसे हमनैंतौ संघाततैंविलक्षण आत्माकास्वरूप पूछाथा ॥ और तुमनैं संघातकूंहीआत्मरूपकरिकैकथनकऱ्या ॥ यातैं यह

तुमाराउत्तर अत्यंतविरुद्धहै ॥ यातें हेयाज्ञवल्क्य! संघातसैंविलक्षणकरिकै करामलककीन्यांई आत्माकास्वरूप हमारेप्रति कथनकरो ॥ हेशिष्य! याप्रकार जबी उषस्तनैं उपहासयुक्तवचनकहे ॥ तबी सोयाज्ञवल्क्यमुनि किंचित्‌मात्रभीक्रोधकूं नहींप्राप्तहोताभया ॥ उलटा आपणीगंभीरताकरिकै मंदमंद हसताहुआ सोयाज्ञवल्क्यमुनि ताउषस्तकेप्रति कहताभया॥ याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेउषस्त! संघातसैंविलक्षणआत्माकास्वरूप हमारेप्रतिकहो यहजोतूं प्रश्नकरताहै ॥ सोतुमाराआत्मा अत्यंतअपरोक्षहै ॥ काहेतें? अहंअस्मि याप्रकारकी अंतःकरणकीवृत्तिकरिकै तूभी आत्माकूंजाणताहै ॥ यातें अपरोक्षआत्माविषे असंभावना संभवैनहीं ॥ हेशिष्य! याप्रकारकाउत्तर जबी याज्ञवल्क्यमुनिनैंकह्या ॥ तबी सोउषस्त पुनःयाज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति प्रश्नकरताभया ॥ उषस्तउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य! तुमनैं अहंबुद्धिकाविषय आत्माकह्या ॥ याकरिकै आत्माकानिर्णयहोवैनहीं ॥ काहेतें? अहंबुद्धि बहुतपदार्थोंविषेहोवैहै ॥ तहां अहंस्थूलः याप्रकारकीअहंबुद्धि स्थूलशरीरकूंविषयकरैहै ॥ और अहंकाणः अहंबधिरः याप्रकारकीअहंबुद्धि इंद्रियोंकूंविषयकरैहै ॥ और अहंक्षुधापिपासावान् याप्रकारकीअहंबुद्धि प्राणोंकूंविषयकरैहै ॥ और अहंनिश्चयवान् याप्रकारकीअहंबुद्धि बुद्धिकूंविषयकरैहै ॥ और अहंअज्ञः याप्रकारकीअहंबुद्धि अज्ञानकूंविषयकरैहै ॥ यातें स्थूलशरीरतैंआदिलैके अज्ञानपर्यंत सर्वसंघातविषे अहंबुद्धिकीविषयता प्रतीतहोवैहै॥ तिनसंपूर्णोंविषे कौनआत्माहै? यह जान्याजावैनहीं ॥ यातें हेयाज्ञवल्क्य! जोतुमारेकूं आत्माकाज्ञानहै तौ बुद्धिआदिकजडपदार्थोंतैंभिन्नकरिकै आत्माकास्वरूप हमारेप्रतिकहो ॥ हेशिष्य! याप्रकारकाप्रश्न जबी उषस्तनैंकऱ्या तबी सोयाज्ञवल्क्यमुनि उषस्तकेप्रति कहताभया ॥ याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेउषस्त! विद्वान्‌पुरुषोंकेअनुभवकरिकैसिद्ध जोआत्माकीअपरोक्षताहै ॥ ताअपरोक्षतारूपकरिकै आत्माकेनिरूपणविषे तुमाराआग्रहहै ॥ अथवा जैसे घटविषे इंद्रियजन्यज्ञानकीविषयतारूप अपरोक्षताहै॥ तैसे अपरोक्षतारूपकरिकै आत्माकेनिरूपणविषे तुमाराआग्रहहै॥ तहां जो तू प्रथमपक्षअंगीकारकरै तौ जैसे विद्वान्‌पुरुष आत्माकेस्वरूपकूं निरूपणकरैहैं ॥ तैसे हमनैं तुमारेप्रति आत्माकास्वरूप निरूपणकऱ्याहै ॥ परंतु तू बहिर्मुखहै ॥ यातें विद्वान्‌पुरुषकीन्यांई तुमनैं आत्माकूंजान्यानहीं ॥ और हेउषस्त! जोतू दूसरापक्षअंगी

कारकरै सोभी संभवैनहीं ॥ काहेतैं? नित्यअपरोक्षरूप यहआत्मा चिदाभासयुक्तबुद्धिकरिकै घटपटादिकपदार्थोंकूंजाणेहै ॥ और ताबु द्धिकूं आपणेस्वप्रकाशरूपकरिकैआत्मा प्रकाशेहै ॥ यातैं हेउषस्त! ऐसीबुद्धिआदिकोंकेद्रष्टाआत्माकूं तूंकिसकरिकैविषयकरैगा? किंतु बुद्धिसहितसर्वइंद्रिय द्रष्टाआत्माकूंविषयकरिसकैनहीं ॥ दृष्टांत ॥ जैसे घटपटादिकपदार्थोंका प्रकाशकजोचक्षुइंद्रियहै ॥ ताच क्षुइंद्रियकूंघटादिकपदार्थ प्रकाशकरिसकैनहीं तैसे विषयइंद्रियकेसंबंधतैं उत्पन्नभयीं जेअंतःकरणकीवृत्तियां तिनवृत्तियोंकूं यह आनंदस्वरूपआत्मा प्रकाशकरैहै ॥ यातैं तेवृत्तियां प्रकाशकआत्माका प्रकाशकरैनहीं ॥ हेउषस्त! जो बुद्धिआदिकजडपदार्थोंकाप्रका शकहै तथा सर्वकेअंतर व्यापकहै तथा उत्पत्तिनाशतैंरहितहै सोईही संघातसैंविलक्षण तुमाराआत्माहै ॥ शंका ॥ हेयाज्ञवल्क्य! आत्मातैंभिन्न बुद्धिआदिकपदार्थ सत्यहैं अथवा असत्यहैं ॥ जोकहो बुद्धिआदिकपदार्थ सत्यहैं तौ जैसे घटपटादिकोंकेअंतरनहींहो ता ॥ तैसेआत्माविषे सर्वांतरपणानहींहोवैगा ॥ और जोकहो आत्मातैंभिन्न बुद्धिआदिकपदार्थ असत्यहैं तौभी आत्माविषे सर्वांतरप णा संभवैनहीं ॥ काहेतैं? आत्मा सर्वकेअंतरव्यापकहै यावचनविषे सर्वशब्दकरिकै बुद्धिआदिकोंकाग्रहणकरणाहोवैगा ते बुद्धिआदि कपदार्थ तुमारेमतविषे अत्यंतअसत्यहैं ॥ यातैं तिनबुद्धिआदिकोंकेअभावहोणेतैं आत्माविषे सर्वांतरपणा संभवैनहीं ॥ समाधान ॥ हेउषस्त! याआनंदस्वरूपआत्मातैंभिन्न जितने बुद्धि इंद्रिय शरीरादिकपदार्थहैं तेसंपूर्ण जडहैं ॥ यातैं घटादिकपदार्थोंकीन्यांई तेबुद्धिआदिकजन्ममरणवालेहैं ॥ याकारणतैं तेबुद्धिआदिक कल्पितहैं ॥ तिनकल्पितबुद्धिआदिकोंविषे अधिष्ठानआत्माकीव्यापकता संभवैहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसे रज्जुरूपअधिष्ठानविषे कल्पित जे सर्प दंड जलधारादिकहैं तिनकल्पितसर्पादिकोंविषे रज्जुरूपअधिष्ठान व्यापकहै ॥ तैसे कल्पितबुद्धिआदिकोंविषे अधिष्ठानआत्मा व्यापकहै ॥ यातैं आत्माविषे सर्वांतरपणा संभवैहै ॥ हेशिष्य! याप्रकार जबी याज्ञवल्क्यमुनिनैं संघातसैंविलक्षण आत्माकास्वरूप निरूपणकऱ्या ॥ तबी सोउषस्त यहनिश्चयकरताभया ॥ यहयाज्ञवल्क्यमु नि अत्यंतबुद्धिमानहै ॥ यातैं हमारेसैं जीत्याजावैगानहीं ॥ याप्रकारकानिश्चयकरिकै सोउषस्तब्राह्मण कहोलब्राह्मणकेमुखकौ ओरदेखिकरिकै पुनःप्रश्नकरणेतैंनिवृत्तहोताभया ॥ तिसतैंअनंतर सो कहोलब्राह्मण याज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति यहप्रश्नकरताभया ॥

कहोलउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य! पूर्वउषस्तब्राह्मणकेप्रसंगविषे आत्माकूं ब्रह्मरूपता तुमनैंकही सोसंभवैनहीं ॥ काहेतें? समानधर्म वालेपदार्थोंकाही परस्पर अभेदहोवैहै ॥ विरुद्धधर्मवालेपदार्थोंका परस्पर अभेदसंभवैनहीं ॥ जैसे उष्णस्पर्शवालेअग्निका तथा शीतस्पर्शवालेबरफका परस्पर अभेदहोवैनहीं ॥ तैसे यासंघातकाप्रकाशक जोआत्माहै सो क्षुधा पिपासा शोक मोह जरा मरण यहषट्ऊर्मिरूपसंसारवान् प्रतीतहोवैहै ॥ और ब्रह्मतौ क्षुधापिपासादिकषट्ऊर्मिरूपसंसारतैंरहितहुआ शास्त्रतैंप्रतीतहोवैहै यातें संसारीआत्माका असंसारीब्रह्मकेसाथअभेदकहणा अत्यंतविरुद्धहै ॥ हेशिष्य! याप्रकारकाप्रश्न जबी कहोलनैंकऱ्या ॥ तबी सोयाज्ञवल्क्यमुनि कहोलकेप्रति उत्तरकहताभया ॥ याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेकहोल! विरुद्धधर्मोंवालेपदार्थोंका अभेद नहींहोता यहजावार्ता तुमनैंकही सासत्यहै ॥ परंतु तेक्षुधादिकधर्म आत्माकेनहीं ॥ किंतु क्षुधा पिपासादि प्राणोंकेधर्महैं ॥ और शोक मोह मनकेधर्महैं और जरा मरण शरीरकेधर्महैं ॥ आत्माकाकोईधर्महैनहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे घटादिकपदार्थोंकाप्रकाशक जो सूर्यभगवान्है ॥ तासूर्यभगवान्कूं घटादिकोंकेधर्म स्पर्शकरैंनहीं ॥ तैसे प्राणादिकोंकूं प्रकाशकरणेहारा जोआत्माहै ताआत्माकूं प्राणादिकोंकेक्षुधापिपासादिकधर्म स्पर्शकरैंनहीं ॥ यातें जैसे ब्रह्म जन्मादिकसंसारतैंरहितहै ॥ तैसे यह आत्माभी जन्मादिकसंसारतैंरहितहै ॥ याकारणतें वेदकेवेत्तामहात्मापुरुष आत्माकूं ब्रह्मरूपकहैहै ॥ किंवा जिनपुरुषोंकूं निःसंशय आत्माकाज्ञानभयाहै ॥ तिनपुरुषोंकाभी जबी जन्ममरणादिरूपसंसार निवृत्तहोवैहै तबी साक्षात्ब्रह्मरूपआत्माविषे जन्ममरणादिरूपसंसार नहींरहैहै याकेविषेक्याकहणाहै? और हेकहोल! जन्मादिकसंसारतैंरहित तथाअज्ञानतैंरहित तथासर्वबुद्धिआदिकोंकासाक्षी जोब्रह्मरूपआत्माहै ॥ ताआत्माकासाक्षात्कार विक्षेपवान्पुरुषोंकूंहोवैनहीं ॥ किंतु विक्षेपतैंरहित जेविरक्तमहात्मापुरुषहैं ॥ तिनोंकूंही आत्माकासाक्षात्कारहोवैहै ॥ याकारणतें पूर्ववामदेवादिकमहान्पुरुष आत्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिवासते सर्वएषणावोंकापरित्यागकरिकै संन्यास आश्रमकूंग्रहणकरतेभयेहैं ॥ याकहणेतें यहअर्थसिद्धभया ॥ जैसे विवेकवैराग्यादिक आत्मसाक्षात्कारकेसाधनहैं ॥ तैसे उपरतिशब्दकाअर्थसंन्यासभी विक्षेपकीनिवृत्तिद्वारा आत्मसाक्षात्कारकासाधनहै ॥ इहांसंन्यासशब्दकरिकै विविदिषासंन्या

सकाग्रहणकरणा ॥ अब एषणाकेस्वरूपकूं तथातिनोंकेभेदकूं दिखावैहैं ॥ हेकहोल! तीनप्रकारकीएषणाहोवैहै ॥ एकपुत्र एषणा १ दूसरीवित्तएषणा २ तीसरीलोकएषणा ३॥ तहां मेरेकूंपुत्रहोवै याप्रकारकीइच्छाकूं पुत्रएषणाकहैहैं ॥ तापुत्रएषणाकरिकै यहपुरुष स्त्रीकेसंग्रहादिकोंविषेप्रवृत्तहोवैहै ॥ और मेरेकूंधनहोवै याप्रकारकीइच्छाकूंवित्तएषणाकहैहैं ॥ सोधनभी दोप्रकारकाहोवैहै ॥ एकतौ दैवधनहोवैहै ॥ और दूसरा मनुष्यधनहोवैहै ॥ तहां देवलोककेजयकासाधनजो कर्मउपासनाहै ताकूं दैवधनकहैहैं ॥ और यामनुष्यलोककेभोगकासाधन जोपशुसुवर्णादिरूपधनहै ताकूं मानुष्यधनकहैहैं ॥ तादोनोंप्रकारकेधनकीइच्छाकूं वित्तएषणाकहैहैं ॥ और मेरेकूंसुखहोवै याप्रकारकीइच्छाकूं लोकएषणाकहैहैं ॥ सोसुखभी दोप्रकारकाहोवैहै ॥ एकतौ मनुष्यलोकविषेवर्तमानसुख और दूसरा देवलोकविषेवर्तमानसुख ॥ यादोनोंप्रकारकेसुखकीइच्छाकूं लोकएषणाकहैहैं ॥ यद्यपि इच्छाके विषयपदार्थ अनंतहैं ॥ यातैंइच्छाभी अनंतहीसंभवैहैं ॥ तथापि यातीनइच्छावोंकेभीतरही सर्वइच्छावोंकाअंतरभावहै ॥ और वास्तवतैंविचारकरिकैदेखियेतौ वित्तएषणा तथालोकएषणा यहदोप्रकारकीही एषणासिद्धहोवैहै॥ काहेतें? जैसे पशु क्षेत्र सुवर्णादिकधन पिताकेसुखकासाधनहै तैसे पुत्रभी पिताकेसुखकासाधनहै ॥ यातैं इसलोककेसुखकेजेसाधनहैं तथापरलोककेसुखकेजे साधनहैं तिनसंपूर्णोंकानाम वित्तहै ॥ तावित्तएषणाकरिकै संपूर्णसुखकेसाधनोंकीएषणाकाग्रहणहोवैहै ॥ और लोकएषणाकरिकै इसलोकके तथापरलोककेजितनेसुखरूपफलहैं तिनोंकेएषणावोंकाग्रहणहोवैहै ॥ यातैं फलएषणा तथासाधनएषणा यहदोनोंप्रकारकीएषणाही सर्वत्रअनुगतहै ॥ याकारणतैंही संपूर्णजीव प्रथमसुखरूपफलकीइच्छाकरैहैं ॥ परंतु सोसुख साधनोंतैंविना सिद्धहोवैनहीं ॥ यातैं तासुखकेसाधनकीभीइच्छाकरैहैं ॥ यालोकोंकेव्यवहारतैंभी दोप्रकारकीहीएषणा सिद्धहोवैहै ॥ शंका ॥ हेयाज्ञवल्क्य! विद्वान्पुरुषजोएषणावोंकापरित्यागकरैहै ॥ याकेविषे कौनकारणहै?॥ समाधान ॥ हेकहोल! जन्ममरणादिकसंसारतैंरहित जोस्वप्रकाशआनंदस्वरूपआत्माहै ताकेविषेही सुखहै ॥ और आत्मातैंभिन्नसर्वअनात्मपदार्थ परिणामकालविषे दुःखके देणेहारेहैं॥ यातैं तिनअनात्मपदार्थोंविषे किंचित्मात्रभीसुखनहीं ॥ याप्रकारकाविचारकरिकै विद्वान्पुरुष सर्वएषणावोंकापरित्या

गकरैहैं ॥ अब आत्मातेंभिन्न सर्वअनात्मपदार्थोंविषे दुःखरूपतादिखावैहैं ॥ हेकहोल! यालोकविषे जितनेसुखकारीपदार्थहैं ॥ तिनसंपूर्णपदार्थोंविषे माता पुत्रकी अत्यंतसुखकारीहोवैहै ॥ काहेतें? यहमाता बाल्यअवस्थाविषे पुत्रकूं दुग्धपानकरावैहै ॥ तथा नानाप्रकारकेउपायोंकरिकै जलअग्निआदिकोंतें पुत्रकीरक्षाकरैहै ॥ तथा आपणेहस्तोंकरिकै पुत्रकेविष्ठामूत्रादिकोंकूंउठावैहै ॥ तथा पुत्रविषे नानाप्रकारका स्नेहकरैहै ॥ इसतेंआदिलैके अनंतप्रकारकेउपायोंकरिकै माता पुत्रकापालनकरैहै ॥ यातें माताजैसा कोईपदार्थ सुखकारीनहीं ॥ परंतु क्रोधकरिकैयुक्तहुई सामाता ताडनाकरिकै बालककूं दुःखकीभीप्राप्तिकरैहै ॥ अथवा सामाता जबी मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तबीभी बालककूं परमदुःखकीप्राप्तिहोवैहै ॥ अब याहीअर्थकूंस्पष्टकरिकैदिखावैहैं ॥ बाल्यअवस्थाविषे माताकेमरणेकरिकै जैसा बालककूं दुःखहोवैहै ॥ तथा यौवनअवस्थाविषे स्त्रीकेमरणेकरिकै जैसापुरुषकूंदुःखहोवैहै ॥ तथा वृद्धअवस्थाविषे पुत्रकेमरणेकरिकै जैसापिताकूंदुःखहोवैहै ॥ तैसादुःख वज्रकेपडनेतें तथाजीवतेहुए अग्निविषेप्रवेशकरणेतें तथाशरीरकेछेदनकरणेतें तथाशूलविषेआरूढहोणेतें तथापर्वतकेनीचेगिडनेतेंभी जीवोंकूंनहींहोवैहै ॥ यातें अत्यंतसुखकारीमाताभी वियोगकालविषे जीवोंकेपरमदुःखकाकारणहोवैहै ॥ किंवा ॥ जैसे माताकावियोग जीवोंकेदुःखकाकारणहै ॥ तैसे पितातेंआदिलैके जितनेसुखकारीप्रियबांधवहैं तिनोंकाभी जबीवियोगहोवैहै ॥ तबी याजीवकूं परमदुःखकीप्राप्तिहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जिनपदार्थोंका परस्परसंबंधहोवैहै ॥ तिनपदार्थोंका देशकालादिकनिमित्तकरिकै वियोगभीअवश्यहोवैहै ॥ तावियोगकेनिवारणकरणेकूं कोईभीजीव समर्थनहीं ॥ यातें मातापितादिकसंपूर्णप्रियपदार्थ वियोगकालविषे याजीवकेदुःखकेहीकारणहोवैहैं ॥ और वास्तवतेंविचारकरिकैदेखियेतौ तीनकालविषे पदार्थ दुःखकेकारणहैं ॥ काहेतें? जबपर्यंत पुत्रादिकप्रियपदार्थोंकीप्राप्तिनहींहोती ॥ तबपर्यंत तिनोंकीइच्छाकरिकै जीवकूंदुःखहोवैहै ॥ और जबी पुत्रादिकप्रियपदार्थोंकीप्राप्तिहोवैहै ॥ तबी तिनोंकेरक्षणादिकोंकरिकैदुःखहोवैहै ॥ और जबी तिनप्रियपदार्थोंकानाशहोवैहै ॥ तबी तिनोंकेवियोगकरिकै जीवोंकूंदुःखकीप्राप्तिहोवैहै ॥ यातें आत्मातेंभिन्नसर्वप्रियपदार्थ याजीवकेदुःखकाकारणहैं ॥ इतनेकरिकै प्रियपदार्थोंविषे दुःखकीकारणतादिखाई ॥ अब अप्रियपदार्थोंविषे दुःख

कीकारणतादिखावैहैं ॥ हेकहोल! जैसे अग्निका जिसजिसपदार्थकेसाथ संबंधहोवैहै ॥ तिसतिसपदार्थकूं अग्नि दाहकरैहै ॥ तैसे सिंहसर्पादिक अप्रियपदार्थोंका जिसजिसजीवकेसाथ संबंधहोवैहै ॥ तिसतिसजीवकूं तेसिंहसर्पादिक नाशकरैहैं ॥ यहवार्ता सर्वजीवोंकूंअनुभवसिद्धहै ॥ यातें यहसिद्धभया ॥ मातापितादिक प्रियपदार्थ वियोगकालविषे जीवोंकेदुःखकाकारणहोवैहैं ॥ और सिंह सर्प शत्रु आदिकअप्रियपदार्थ संयोगकालविषे जीवोंकेदुःखकाकारणहोवैहैं ॥ इतनेकरिकै मातापितादिक चैतन्यपदार्थोंविषे दुःखकीकारणता दिखाई ॥ अब जडपदार्थोंविषे दुःखकीकारणता दिखावैहैं ॥ हेकहोल! जैसे चैतन्यरूप प्रिय अप्रिय पदार्थ वियोगकालविषे तथासंयोगकालविषे जीवोंकेदुःखकाकारणहोवैहैं ॥ तैसे सुवर्णादिकजडपदार्थभी जिसजिसजीवकूंप्रियहोवैहैं ॥ तिसतिसजीवकूं वियोगकालविषे तेसुवर्णादिकजडपदार्थ परमदुःखकीप्राप्तिकरैहैं ॥ और जिसजिसजीवकूं तेसुवर्णादिकजडपदार्थ अप्रियहोवैहैं ॥ तिसतिसजीवकूं तेसुवर्णादिक जडपदार्थ संयोगकालविषे परमदुःखकीप्राप्तिकरैहैं ॥ दृष्टांत ॥ जैसे अग्नि पतंगोंकूं दाहकरैहै ॥ तैसे वैराग्यहीनजीवोंकूं प्रियअप्रियपदार्थ सर्वदा दुःखकीहीप्राप्तिकरैहैं ॥ और हेकहोल! जेपुरुष रागकरिकेअंधहैं तिनपुरुषोंकूं यद्यपि संसार दुःखरूप नहींप्रतीतहोवैहै ॥ तथापि रागदोषतेंरहित जेविवेकीपुरुषहैं ॥ तिनोंकूं पुत्र धन लोक शरीर बांधव इत्यादिकसंपूर्णसंसार दुःखकाहीकारणप्रतीतहोवैहै ॥ और हेकहोल! यद्यपि संपूर्णअनात्मपदार्थ जीवोंकेदुःखकेकारणहैं ॥ तथापि वास्तवतेंविचारकरिकेदेखियेतौ पदार्थोंकीइच्छाही जीवोंकेदुःखकाकारण सिद्धहोवैहै॥काहेतें? धनादिकपदार्थोंकेप्राप्तिकी तथाशत्रुवोंकेमारणेकी इच्छाकरिकै युक्तहुआयहजीव धनादिकपदार्थोंकेप्राप्तिवासते तथाशत्रुकेमारणेवासते नानाप्रकारकायत्नकरैहै ॥ परंतु धनकीप्राप्तिविषे तथाशत्रुवोंकेमारणेविषे जबी सोजीव नहींसमर्थहोवैहै ॥ तबी तासें निवृत्तहोवैहै ॥ और जिसजिसपदार्थतें यहजीव निवृत्तहोवैहै ॥ सोसोपदार्थ याजीवकेपरमदुःखकाकारणहोवैहै ॥ शंका ॥ जिसपदार्थकेप्राप्तिविषे पुरुषकासामर्थ्यनहींहै ऐसेपदार्थकेप्राप्तिकीइच्छा किसकारणतेंकरैहै ? ॥ समाधान ॥ शरीरइंद्रियादिकोंविषे अहंअभिमानरूप विपरीतज्ञानकरिकै तथापुत्रधनादिकोंविषे ममअभिमानरूप विपरीतज्ञानकरिकै यहजीव नप्राप्तहोणेयोग्यपदार्थोंविषेभी इच्छाकरै

है ॥ और जबीतिनपदार्थोंकीप्राप्तिनहींहोवैहै ॥ तबी याजीवकूं परमदुःखकीप्राप्तिहोवैहै ॥ यातैं फलतैंरहितहुईइच्छाही जीवोंके दुःखकाकारणहै ॥ किंवा ॥ मनुष्यलोकतैंआदिलैके हिरण्यगर्भलोकपर्यंत जितने देहधारीजीवहैं ॥ तिनोंके शरीर इंद्रिय पुत्रादिकपदार्थ सर्वथाअनुकूल होवैनहीं ॥ यातैं प्रतिकूलहुए शरीर पुत्रादिकपदार्थ याजीवोंके दुःखकेहीकारणहोवैहैं ॥ इतनेग्रंथकरिकै अनात्मपदार्थोंविषे दुःखरूपतादिखाई ॥ अब अनात्मपदार्थोंविषे सुखरूपताकेअभावकूंदिखावैहैं ॥ हेकहोल ! आत्मातैंभिन्न किसीभीअनात्मपदार्थविषे सुखरूपतानहीं ॥ काहेतैं? जोपदार्थ जिसजीवकेसुखकाकारण होवैहै ॥ सोईहीपदार्थ कालांतरविषे तिसजीवकेदुःखकाकारणहोवैहै ॥ और जोपदार्थ जिसजीवकेदुःखकाकारणहोवैहै ॥ सोईहीपदार्थ कालांतरविषे तिसजीवकेसुखकाकारणहोवैहै ॥ जैसे ज्वरव्याधितैंरहितपुरुषकूं घृतादिकपदार्थ सुखकेकारणहोवैहैं ॥ और तेहीघृतादिकपदार्थ कालांतरविषे ज्वरव्याधियुक्त तिसीपुरुषके दुःखकेकारणहोवैहैं ॥ और जेघृतादिकपदार्थ ज्वरव्याधियुक्तपुरुषकूं दुःखकेकारणहोवैहैं ॥ तेही घृतादिकपदार्थ कालांतरविषे ज्वरव्याधिरहित तिसीपुरुषके सुखकेकारणहोवैहैं ॥ इसप्रकार सर्वअनात्मपदार्थोंविषे सुखकीकारणताका व्यभिचारजानिलेणा ॥ जोअनात्मपदार्थ नियमकरिकै सुखकेहीजनकहोवै तौ सर्वकालविषे तिनोंतैंसुखकीउत्पत्तिहोणी चाहिये ॥ और सर्वकालविषे तिनोंतैंसुखकीउत्पत्तिहोवैनहीं ॥ यातैं अनात्मपदार्थोंविषे सुखकीकारणतानहीं ॥ शंका ॥ हेयाज्ञवल्क्य ! जोअनात्मपदार्थोंविषे सुखकीकारणतानहींहोवै तौ सुखकीप्राप्तिवासते संपूर्णजीव शब्दस्पर्शादिकविषयोंकीइच्छाकिसवासतेकरतेहैं? ॥ समाधान ॥ हेकहोल! शब्दस्पर्शादिकविषय हमारेसुखकेसाधनहैं ॥ यहजोसर्वलोकोंकाअनुभवहै सो यथार्थ नहीं किंतुभ्रांतिरूपहै ॥ काहेतैं? आनंदोब्रह्म अर्थयह ब्रह्म आनंदरूपहै ॥ याश्रुतिविषे ब्रह्मकूंही आनंदस्वरूकह्याहै और सोब्रह्मनित्यहै यातैं ब्रह्मरूपआनंदभी नित्यहै ॥ ता नित्यआनंदकी शब्दादिकविषयोंतैंउत्पत्तिकहणी भ्रांतिसैंविनासंभवैनहीं ॥ किंवा जोसुख शब्दस्पर्शादिकविषयोंकरिकैजन्यहोवैगा तौ सोसुख नित्यआत्मातैं भिन्नहीहोवैगा ॥ और जोआत्मातैंभिन्नहोवैहै ॥ सो दुःखरूपहीहोवैहै ॥ जैसेआत्मातैंभिन्नकरिकैजान्याहुआ वैरीपुरुषकासुखभी जीवोंकूं दुःखरूपहोइकेप्रतीतहोवैहै ॥ तैसे जो

सुख आत्मातैंभिन्न होवैगा तौ दुःखरूपहीहोवैगा ॥ और सुखकूंदुःखरूपता संभवैनहीं ॥ यातैं सुख आत्मातैंभिन्न नहीं ॥ किंवा शब्दस्पर्शादिकविषय हमारेसुखकेसाधनहैं यहजोलोकोंकाअनुभवहै ताकेविषे यहकारणहै ॥ जैसे खद्योतजंतु रात्रिविषे संपूर्ण व्यापकआकाशकीअभिव्यक्तिकरिसकैनहीं ॥ किंतु व्यापकआकाशके किंचित्देशकी अभिव्यक्तिकरैहै ॥ तैसे शब्दस्पर्शादिकविषयभी संपूर्ण आत्मरूपव्यापकसुखकी अभिव्यक्तिकरैंनहीं ॥ किंतु व्यापकसुखकी किंचित्मात्र अभिव्यक्तिकरैहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ शब्दस्पर्शादिकविषयोंकेसाथ श्रोत्रादिकइंद्रियोंका जबीसंबंधहोवैहै तबी आनंदस्वरूपआत्माकेप्रतिबिंबग्रहणकरणेहारी अंतःकरणकीवृत्ति उत्पन्नहोवैहै ॥ और साअंतःकरणकीवृत्ति जितनापरिमाणहोवैहै तितनापरिमाणही आत्मारूपसुखकीअभिव्यक्तिकरैहै ॥ यातैं अंतःकरणकीवृत्तिविषेस्थित जोशब्दस्पर्शादिकविषयोंकीजन्यता ताजन्यताकूं आत्मारूपसुखविषे आरोपणकरिकैमूढपुरुष सुखकूंविषयजन्यमानैहैं ॥ यातैं सुख विषयजन्यहै यहलोकोंकाअनुभव केवलभ्रमरूपहै ॥ यातैं हेकहोल! आत्मातैंभिन्नसर्वजगत्कूंदुःखरूपजाणिकै वामदेवादिकविद्वान्पुरुष आत्मरूपनित्यसुखकीप्राप्तिवासते सर्वएषणावोंकापरित्यागकरिकै संन्यासआश्रमकूंग्रहणकरतेभयेहैं ॥ इतनेग्रंथकरिकै आत्मज्ञानकेप्राप्तिकासाधन तथाजीवन्मुक्तिकेसुखकासाधन जोसंन्यासहै ताकूं निरूपणकऱ्या ॥ अब आत्मज्ञानकेसाधन जे श्रवण मनन निदिध्यासनहैं तिनोंकेस्वरूपकूं निरूपणकरैहैं ॥ हेकहोल! स्वप्रकाश सुखरूपजोब्रह्महै ताकेप्राप्तिकीइच्छाहैजिसकूं ॥ और शास्त्रकेपदार्थोंका तथावाक्यार्थोंका ज्ञानहैजिसकूं ॥ ऐसाजो चतुष्टयसाधनसंपन्न मुमुक्षुजनहै सो प्रथम गुरुमुखतैं वेदांतवाक्योंकाश्रवणकरिकै तिनवेदांतवाक्योंका अद्वितीयब्रह्मविषे तात्पर्यनिश्चयकरै ॥ याकानामश्रवणहै ॥ ताश्रवणतैंअनंतर सोमुमुक्षुजन जन्ममरणादिविकारवान् तथाआसक्तिद्वारा सर्वएषणावोंकाजनक जोयहशरीरहै ताकूं अन्वयव्यतिरेककरिकै दुःखकाकारणजानै ॥ और सर्वएषणावोंका परित्यागकरिकै सोमुमुक्षुजन बालककीन्यांई रागद्वेषतैंरहितहोइके स्थितहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ रागद्वेषपूर्वक जोविषयोंविषे इंद्रियोंकीप्रवृत्तिहै साप्रवृत्तिही जीवोंकेदुःखकाकारणहै ॥ याकारणतैंही रागद्वेषपूर्वक इंद्रियोंकीप्रवृत्तितैंरहितजोबालकहै सो दुःखकूंप्राप्तहोतानहीं ॥ यातैं यहमुमुक्षुजनभी

बालककीन्याई रागद्वेषपूर्वक इंद्रियोंकीप्रवृत्तितैंरहितहोइकै वेदांतकेअर्थकामननकरै ॥ नानाप्रकारकीयुक्तियोंकरिकै विरोधनिवृत्ति पूर्वक जोवेदांतकेअर्थकाचिंतनहै ताकूं शास्त्रवेत्तापुरुष मननकहैहैं सोमनन रागद्वेषवान् बहिर्मुखपुरुषतैंहोइसकैनहीं ॥ यातैं राग द्वेषतैंरहितहोइकै मुमुक्षुजन वेदांतकेअर्थकामननकरै ॥ और ताश्रवणमननतैंअनंतर यहमुमुक्षुजन अनात्माकार विजातीयवृत्तियों कापरित्यागकरिकै आत्माकार सजातीयवृत्तियोंकाप्रवाहरूप जोनिदिध्यासनहै ताकूं निरंतरकरै ॥ तात्पर्ययह ॥ मनवाणीका विषय जोदृश्य प्रपंचहै तिसतैं मैं विलक्षणहूं ॥ और मैं आनंदस्वरूपहूं ॥ और मैं स्वप्रकाशहूं ॥ और मैं सजातीय विजातीय स्वगत भेदतैंरहितहूं ॥ याप्रकारकेवृत्तियोंका निरंतरप्रवाहरूपजोनिदिध्यासनहै तानिदिध्यासनविषेहै नेष्ठाजिसकी तथा पूर्व उक्तश्रवणमननकूं चिरकालपर्यंत श्रद्धापूर्वक सेवनकऱ्याहैजिसनैं ऐसाजोमुमुक्षुजनहै सो ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोवैहै ता ब्रह्मवि द्यावान्पुरुषकूंही श्रुतिविषेब्राह्मणकह्याहै ॥ शंका ॥ हेयाज्ञवल्क्य! पूर्वकथनकऱ्ये जेश्रवण मनन निदिध्यासन तिनोंकापरित्याग करिकै यहमुमुक्षुजन अन्यकिसीउपायकरिकै ब्रह्मज्ञानरूपब्राह्मणभावकूं प्राप्तहोवैहै अथवा नहींहोवैहै ॥ जोश्रवणादिकोंतैंवि ना किसीअन्यउपायकरिकै ब्राह्मणभावकीप्राप्तिहोतीहोवै तौ सोउपाय हमारेप्रति कथनकरो ॥ समाधान ॥ हेकहोल! पूर्वक हेजेश्रवण मनन निदिध्यासन तिनोंकूंपरित्यागकरिकै यहमुमुक्षुजन अन्यकिसीउपायकरिकै ब्राह्मणभावकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ किं तु श्रवणादिकोंकरिकैही यहमुमुक्षुजन ब्राह्मणभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ यातैं हेकहोल! नाम रूप क्रियातैंरहित तथास्वप्रकाशसुखरू प जोअद्वितीयब्रह्महै सोमैंहूं ॥ याप्रकारका निर्विकल्पकज्ञान जिसपुरुषकूंभयाहै तिसीब्रह्मवेत्तापुरुषकूं श्रुति ब्राह्मणकहैहै ॥ और याप्रकारकाब्राह्मणपणा श्रवण मनन निदिध्यासनतैंविना अन्यकिसीउपायकरिकै प्राप्तहोवैनहीं ॥ यातैं ताब्राह्मणभावकी प्राप्तिवासते मुमुक्षुजननैं अवश्य श्रवणादिकसाधन संपादनकरणें ॥ और हेकहोल! याप्रकारकाब्राह्मणपणा जोकदाचित् श्रवणा दिकसाधनोंतैंविना अन्यकिसीसाधनतैं होताहोवै तौ निःशंकहोवै ॥ याकेविषे हमाराआग्रहनहीं ॥ काहेतैं? जैसे नदीके पारउतरणारूपफल नौकाकरिकैहोवैहै ॥ अथवा उडुपादिकसाधनोंकरिकैहोवैहै ॥ जबी उडुपादिकसाधनोंकरिकैही नदी

केपारजाणारूपफल सिद्धहोइसकै तबी नौकाकरिकै पारजाणेविषे कोईबुद्धिमान्पुरुष आग्रहकरतानहीं ॥ परंतु जो नदी महान्वेगवाली होवैहै तथा अत्यंतविस्तारवाली होवै तथा जानदीविषे अगाधजलहोवैहै ऐसीनदीकेपार जाणे विषे जैसे एकनौकाही साधनहोवैहै ॥ नौकातैंविना उडुपादिकसाधनोंकरिकै ऐसीनदीतैंपारहोणा संभवैनहीं ॥ तैसे पूर्वउक्त ब्राह्मणपणविषे श्रवणादिकहीसाधनहैं ॥ श्रवणादिकोंतैंविना किसीअन्यउपायकरिकै याप्रकारकाब्राह्मणपणा प्राप्तहोवैनहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ सो श्रवणादिकोंतैंभिन्नउपाय हिरण्यगर्भकीउपासनाहोवैगी ॥ अथवा अश्वमेधयज्ञादिक उत्कृष्टकर्महोवैंगे ॥ तेसंपूर्णउपासना तथाकर्म श्रवणादिकोंतैंविना आत्मज्ञानकीउत्पत्तिकरैनहीं ॥ किंतु उपासनाकरिकै तथाकर्मोंकरिकै चित्तकीशुद्धिहोवैहै ॥ तिसतैंअनंतर विवेक वैराग्य शमादिषट्संपत् मुमुक्षुता याचारिसाधनोंकीप्राप्तिहोवैहै ॥ तिसतैंअनंतर गुरुमुखद्वारा वेदांतकेश्रवणकरिकै तथामनननिदिध्यासनकरिकै मुमुक्षुपुरुषकूं आत्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिहोवैहै ॥ यातैं चित्तकीशुद्धिविषे कर्मउपासनाका उपयोगहै ॥ साक्षात्आत्मज्ञानविषे कर्मउपासनाकूं कारणतानहीं ॥ किंतु श्रवणादिकोंकूंही साक्षात्कारणताहै ॥ तहां वेदांतशास्त्र जीवईश्वरके अभेदकूंबोधनकरैहै अथवा जीवईश्वरकेभेदकूंबोधनकरैहै ॥ याप्रकारकी प्रमाणगतअसंभावना वेदांतशास्त्रकेश्रवणतैं निवृत्त होवैहै ॥ और आत्मा नित्य व्यापकसुखरूपहै अथवा अनित्य परिच्छिन्नदुःखरूपहै ॥ याप्रकारकी प्रमेयगतअसंभावना वेदांतशास्त्रकेमननतैं निवृत्तहोवैहै ॥ और अनित्य अशुचि दुःखरूप शरीरादिकोंविषे नित्य शुचि सुखरूपताबुद्धिकूं विपरीतभावनाकहैहैं ॥ साविपरीतभावना निदिध्यासनतैं निवृत्तहोवैहै ॥ याप्रकार असंभावनाविपरीतभावनाके निवृत्तिद्वारा श्रवण मनन निदिध्यासन आत्मज्ञानकेसाधनहैं ॥ यातैं श्रवणादिकोंकरिकैही ब्राह्मणभावकी प्राप्तिहोवैहै ॥ और हेकहोल ! जिसपुरुषनैं गुरुमुखतैं वेदांतशास्त्रकाश्रवणनहींकऱ्या तथा मनन निदिध्यासननहींकऱ्या तथा वित्तएषणा पुत्रएषणा लोकएषणा यातीनप्रकारके एषणावोंकापरित्यागनहींकऱ्या ॥ केवलविषयभोगविषे जोपुरुष आसक्तहै ऐसे साधनहीनपुरुषकूं किसीलोकविषे तथाकिसीकालविषे जोपूर्वउक्तब्राह्मणपणा प्राप्तहुआहोवै तौ हमारेप्रति तुमकथनकरो ॥

किंतु ऐसेसाधनहीनपुरुषोंकूं किसीलोकविषे तथाकिसीकालविषे ब्राह्मणपणा प्राप्तहोताभया॥ यातें हेकहोल! जैसे अन्नकाभक्षण नियमकरिकै तृप्तिकाउपायहै॥ अन्नकेभक्षणतेंविना अन्यकिसीउपायकरिकै पुरुषकी तृप्तिहोवैनहीं॥ तैसे ब्रह्मज्ञानकीप्राप्तिरूप ब्राह्मणपणेविषे श्रवण मनन निदिध्यासनहीनियमकरिकैसाधनहैं॥ याकारणतें हिरण्यगर्भकूंभी क्षणमात्र वेदांतवाक्यकेविचारतें ही आत्मज्ञानकीप्राप्तिकहीहै॥ तथा योगीपुरुषभी प्रणवकेअर्थकाविचारकरिकैही आत्मसाक्षात्कारकूं प्राप्तहोवैहै॥ श्रवणमनन निदिध्यासनतेंविना कोईभीपुरुष आत्मज्ञानकूं प्राप्तहोवैनहीं॥ हेशिष्य! याप्रकार जबी याज्ञवल्क्यमुनिनें कहोलकेप्रति उत्तर कह्या तबी सोकहोलब्राह्मण याज्ञवल्क्यकूंबुद्धिमान् जाणिकरिकै याज्ञवल्क्यकेजीतणेकीइच्छाका परित्यागकरताभया॥ और गार्गीकेमुखकीओरिदेखिकरिकै सोकहोलब्राह्मण पुनःप्रश्नकरणेतें निवृत्तहोताभया॥ तिसतैंअनंतर तर्कविषेकुशल जावचक्नुऋषिकी पुत्रीगार्गीहै॥ सा अनुमानप्रमाणकूंअंगीकारकरिकै याज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति प्रश्नकरतीभई॥ गार्गीउवाच॥ हेयाज्ञवल्क्य! या लोकविषे जोजोपदार्थ कार्यहोवैहै॥ सोसोपदार्थ आपणेकारणविषे स्थितहोवैहै॥ तथा अंतर बाह्य कारणकरिकैव्याप्तहोवैहै॥ जैसे पटरूपकार्य तंतुरूपकारणविषे रहेहै॥ तथा अंतबाह्य तंतुरूपकारणकरिकै व्याप्तहोवैहै॥ यहवार्ता सर्वलोकोंकूंअनुभवसिद्धहै॥ तैसे यामनुष्यलोकविषेवर्तमान जितनेस्थावर जंगमरूप पार्थिवपदार्थहैं तेसंपूर्णपार्थिवपदार्थ कार्यरूपहैं॥ यातें कारणरूपजलविषे स्थितहैं॥ तथा अंतर बाह्य कारणरूपजलकरिकै व्याप्तहैं॥ जोकदाचित् पार्थिवपदार्थ जलकरिकै व्याप्त नहींहोवै तौसक्तुकेमुष्टिकीन्यांई विशीर्णभावकूं प्राप्तहोणेचाहिये॥ और यहघटादिकपार्थिवपदार्थ विशीर्णभावकूंप्राप्तहोतेनहीं॥ यातें यहजान्याजावैहै॥ घटादिकपार्थिवपदार्थ जलरूपकारणकरिकैव्याप्तहैं॥ याकहणेकरिकै यहअनुमान बोधनकऱ्या॥ स्थावरजंगमरूप जेपार्थिवपदार्थहैं ते जलरूपकारणकरिकै व्याप्तहैं॥ काहेतें कार्यरूपहोणेतें पटकीन्यांई॥ यातें हेयाज्ञवल्क्य! पृथिवीकी न्यांई ते जलभी कार्यरूपहैं॥ यातें तेजलभी किसीआपणेकारणविषे ओतप्रोतहोवैंगे॥ सो जलोंकाकारण कौनहै? जिसविषे जल ओतप्रोतहैं॥ हेशिष्य! याप्रकार जबी गार्गीनें प्रश्नकऱ्या तबी याज्ञवल्क्यमुनि उत्तरकूंकहताभया॥ याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच॥ हे

गार्गी! तेजल वायुरूपकारणविषे ओतप्रोतहैं ॥ यद्यपि वेदांतमतविषे जलोंकाउपादानकारण तेजहै ॥ और तेजकाउपादानकारण वायुहै ॥ यातैंवायुकूं जलोंकाउपादानकारणकहणा संभवैनहीं ॥ तथापि लोकविषे अग्निरूपतेजकी काष्ठरूपइंधनविषेही उपलब्धिहोवैहै ॥ काष्ठरूपइंधनतैंविना अन्यकिसीपदार्थविषे अग्निरूपतेजकी उपलब्धिहोवैनहीं ॥ और काष्ठोंविषेस्थित धूमतैंरहितजोअग्निहै ताकेविषे जलकाविरोधीपणा प्रत्यक्षदेखीताहै ॥ यातैं जलकाविरोधीजोअग्निहै ताकेविषे जलकीउपादानकारणता संभवैनहीं ॥ और काष्ठरूपइंधनतैंरहितजोअग्निहै ॥ ताकेविषे जलकीकारणता शास्त्रप्रमाणतैंविना अन्यकिसीप्रमाणकरिकै सिद्धहोवैनहीं ॥ एक शास्त्रप्रमाणकरिकैहीसिद्धहै ॥ यद्यपि आर्द्रइंधनयुक्तअग्निविषे धूमकेसंबंधद्वारा जलकीकारणताप्रत्यक्षप्रमाणकरिकै सिद्धहै ॥ तथापि तास्थलविषे जलकीकारणता अग्निविषेहै अथवा आर्द्रइंधनविषेस्थितजलविषेहै ॥ यह निर्णयहोइसकैनहीं ॥ याकारणतैं अग्निका परित्यागकरिकै वायुविषे जलकीकारणता कथनकरीहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे पुत्रकाकारणजोपिताहै ॥ सोपिता पुत्रकेपुत्रकाभीकारण है ॥ तैसे तेजकाकारणजोवायुहै सोवायु तेजकेकार्यजलकाभी कारणहोइसकैहै ॥ याकेविषे किंचित्मात्रभीविरोधनहीं ॥ हेशिष्य! याप्रकारजबी याज्ञवल्क्यमुनिनैं उत्तरकह्या तबी सागार्गी पुनःयाज्ञवल्क्यमुनिसैं पूछतीभई ॥ गार्गीउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य! सोवायु किसकारणविषे ओतप्रोतहै? ॥ याज्ञवल्क्यउवाच ॥ हेगार्गी! सोवायु अंतरिक्षलोकविषे ओतप्रोतहै ॥ गार्गीउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य! सोअंतरिक्षलोक किसकारणविषे ओतप्रोतहै? ॥ याज्ञवल्क्यउवाच ॥ हेगार्गी! सोअंतरिक्षलोक गंधर्वलोकविषे ओतप्रोतहै ॥ गार्गीउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य! सोगंधर्वलोक किसकारणविषे ओतप्रोतहै? ॥ याज्ञवल्क्यउवाच ॥ हेगार्गी! सोगंधर्वलोक सूर्यलोकविषे ओतप्रोतहै ॥ गार्गीउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य! सोसूर्यलोक किसकारणविषे ओतप्रोतहै? याज्ञवल्क्यउवाच ॥ हेगार्गी! सोसूर्यलोक चंद्रमालोकविषे ओतप्रोतहै ॥ गार्गीउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य! सोचंद्रमालोक किसकारणविषे ओतप्रोतहै? याज्ञवल्क्यउवाच ॥ हेगार्गी! सोचंद्रमालोक नक्षत्रलोकविषे ओतप्रोतहै ॥ गार्गीउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य! सोनक्षत्रलोक किसकारणविषे ओतप्रोतहै? याज्ञवल्क्यउवाच ॥ हेगार्गी! सोनक्षत्रलोक देवलोकविषे ओतप्रोत है ॥ गार्गीउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य! सोदेवलोक

किसकारणविषे ओतप्रोतहै ? याज्ञवल्क्यउवाच ॥ हेगार्गी ! सोदेवलोक इंद्रलोकविषे ओतप्रोतहै ॥ गार्गीउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य ! सोइंद्रलोक किसकारणविषे ओतप्रोतहै ? याज्ञवल्क्यउवाच ॥ हेगार्गी ! सोइंद्रलोक प्रजापतिलोकविषे ओतप्रोतहै ॥ गार्गीउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य ॥ सोप्रजापतिलोक किसकारणविषे ओतप्रोतहै ? याज्ञवल्क्यउवाच ॥ हेगार्गी ! सोप्रजापतिलोक ब्रह्मलोकविषे ओतप्रोतहै ॥ अब अंतरिक्षादिक शब्दोंकेअर्थकूंनिरूपणकरैहैं ॥ अवकाशरूपकरिकै सर्वलोकोंकूंप्रसिद्ध जोस्थूलआकाशहै ताकूं अंतरिक्षकहैहैं ॥ और गंधर्वलोक सूर्यलोक चंद्रमालोक नक्षत्रलोक देवलोक इंद्रलोक येषट्प्रकारकेशब्द आकाशादिकपंचभूतोंकी जोउत्तरउत्तर सूक्ष्मअवस्थाहैं तिनोंकेवाचकहैं॥ तात्पर्ययह ॥ अंतरिक्षलोककेआरंभक जेआकाशादिकपंचभूतहैं ॥ तिनोंतैं अंतरिक्षलोककूंसर्वओरतैंपरिवेष्टनकरिकैस्थित जेगंधर्वशरीरोंकेआरंभकपंचभूतहैं ते सूक्ष्महैं ॥ तैसे गंधर्वलोककूंसर्वओरतैं परिवेष्टनकरिकैस्थित जेसूर्यलोककेआरंभकपंचभूतहैं तेभूत गंधर्वलोककेआरंभकभूतोंतैं सूक्ष्महैं ॥ इसप्रकार इंद्रलोकपर्यंत आकाशादिकपंचभूतोंकीसूक्ष्मता जानिलेणी ॥ याकेविषेभी इतनीविलक्षणताहै ॥ गंधर्वलोकतैंलैके इंद्रलोकपर्यंत जेषट्प्रकारकी भूतोंकीअवस्थाकही तेअवस्थाभी पूर्वपूर्वअवस्थाकीअपेक्षाकरिकै सूक्ष्महैं ॥ और उत्तरउत्तर अवस्थाकीअपेक्षाकरिकै स्थूलहैं ॥ जैसे गंधर्वलोककीअपेक्षाकरिकै सूर्यलोक सूक्ष्महै ॥ और चंद्रमालोककीअपेक्षाकरिकै सोसूर्यलोक स्थूलहै ॥ तैसे चंद्रमालोकभी सूर्यलोककीअपेक्षाकरिकै सूक्ष्महै ॥ और नक्षत्रलोककीअपेक्षाकरिकै सोचंद्रमालोक स्थूलहै ॥ इसप्रकार इंद्रलोकपर्यंत स्थूलता तथासूक्ष्मता जानिलेणी ॥ अब इंद्रलोक प्रजापतिलोक ब्रह्मलोक यातीनशब्दोंकेअर्थोंकूंनिरूपणकरैहैं ॥ तहां संपूर्णदृश्यप्रपंचकूं जोआत्मारूपकरिकैदेखे ताकूं इंद्रकहैहैं ॥ याप्रकारका इंद्रशब्दकाअर्थ विराट्पुरुषविषेहीघटैहै ॥ काहेतें ? यहसंपूर्णविश्व विराट्पुरुषकेशरीरविषे स्थितहै ॥ यातैं ताविश्वकूं आत्मरूपकरिकै सोविराट्पुरुष देखैहै ॥ यातैं इंद्रशब्दकरिकै विराट्पुरुषकाग्रहणकरणा ॥ और ब्रह्मांडरूपीकटाहकेअंतर तथाबाह्य वर्तमानजोसूत्रआत्माहै॥ जासूत्रआत्माकूं पारिक्षितपुरुष प्राप्तहोवैहैं ॥ यातैं प्रजापतिशब्दकरिकै ता सूत्रआत्माकाग्रहणकरणा ॥ और मायाअज्ञानशब्दकाअर्थ जोसर्वकाकारणअव्याकृतहै ॥ सोअव्याकृत

सूत्रआत्माकेस्थितिकाआधारहै ॥ यातें ब्रह्मलोकशब्दकरिकै ता अव्याकृतकाग्रहणकरणा ॥ कैसाहैसोअव्याकृत ? समष्टिरूपकरि
कै एकप्रकारकाहै ॥ और व्यष्टिरूपकरिकै अनेकप्रकारकाहै ॥ हेशिष्य ! याप्रकारके याज्ञवल्क्यमुनिकेवचनोंकूंश्रवणकरिकै सागा
र्गीआपणेमनविषे याप्रकारकाविचार नहींकरतीभई ॥ सोविचार यहहै सर्वजगत्काकारणरूपजोअव्याकृतहै ॥ सो यद्यपि शुद्ध
आत्माके आश्रितरहैहै ॥ तथापि सोअव्याकृत जलादिकोंकीन्यांई अनुमानप्रमाणतें जान्याजावैनहीं ॥ काहेतें ? कार्यजोहै सो का
रणकरिकैव्याप्तहै ॥ कार्यत्वधर्मवालाहोणेतें पटरूपकार्यकीन्यांई याअनुमानकीप्रवृत्तितैंपूर्व जोजोकार्यहोवैहै सोसोकारणक
रिकैव्याप्तहोवैहै ॥ याप्रकारकाव्याप्तिज्ञान तथाकार्यत्वरूपहेतुकाज्ञान अवश्यचाहिये ॥ व्याप्तिज्ञानतैंविना तथाहेतुज्ञानतैंविना अनु
मानप्रमाणतें किसीअर्थकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ और अव्याकृतकाआश्रयरूपकरिकै आत्माकेज्ञानविषे पूर्वउक्तव्याप्तिज्ञानका तथाका
र्यत्वरूपहेतुकेज्ञानका किंचित्मात्रभी उपयोगनहीं ॥ काहेतें ? अज्ञानमायारूपअव्याकृत अनादिहै ॥ यातें ताअव्याकृतविषे कार्यप
णासंभवैनहीं ॥ और शुद्धआत्माविषे कार्यपणा तथाकारणपणा दोनोंसंभवैंनहीं ॥ यातें अव्याकृतकाआश्रयआत्मा अनुमानप्र
माणकाविषयनहीं ॥ और वास्तवतैंविचारकरिकैदेखियेतौ सूत्रआत्माभी अनुमानकाविषयनहीं ॥ काहेतें ? लोकप्रसिद्धदृष्टांतकूं
लैके अनुमानकीप्रवृत्तिहोवैहै ॥ लोकप्रसिद्धदृष्टांततैंविना किसीअनुमानकीप्रवृत्तिहोवैनहीं ॥ सोलोकप्रसिद्धदृष्टांत सूत्रआत्मा
कीसिद्धिविषेहैनहीं ॥ याकारणतैंही ब्रह्मांडतैंबाह्यसूत्रआत्माहै याप्रकारकीप्रक्रिया किसीनैयायिकनेंलिखीनहीं ॥ यातें सूत्रआ
त्मा तथाअव्याकृतकाआश्रयरूप शुद्धआत्मा अनुमानरूपतर्ककाविषयनहीं ॥ याप्रकारकेविचारकूंनकरिकै सागार्गी आग्रहतें पुनः
याज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति प्रश्नकरतीभई ॥ गार्ग्युवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य ! सोअव्याकृतरूप ब्रह्मलोक किसकारणविषे ओतप्रोतहै ? ॥
हेशिष्य ! केवलशास्त्रप्रमाणकरिकैजानणेयोग्य जोआत्माकावास्तवस्वरूपहै ॥ सो जबी गार्गीनें आपणीमूर्खतातें अनुमानप्रमाण
कीरीतिकरिकैपूछा ॥ तबी सोयाज्ञवल्क्यमुनि गार्गीकेप्रतिकहताभया ॥ याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेगार्गी ! यहआनंदस्वरूप
आत्मा केवलशास्त्रप्रमाणकरिकै जानणेयोग्यहै ॥ यातें शास्त्रप्रमाणकरिकैही आत्माकास्वरूप तुमारेकूंपूछणेयोग्यथा ॥

परंतु तामर्यादाकापरित्यागकरिकै अनुमानकीरीतिसैं जोतुमनैं आत्माकाप्रश्नकऱ्याहै ॥ सोतुमाराप्रश्न व्यर्थहै ॥ काहेतैं? सर्वकाअधिष्ठानआत्मा किसीअनुमानकाविषयहैनहीं ॥ यातैं हेगार्गी! सर्वकाअधिष्ठानरूपआत्मादेवता अनुमानरीतिसैं तुमनैं कदाचित्नहींपूछणा ॥ और हेगार्गी! विचारतैंरहितहोइकैजोतू दुराग्रहतैं अतिप्रश्नकरैगी तौ तुमारामस्तक भूमिविषेपतनहोवैगा ॥ काहेतैं? जोपुरुष परमउत्कृष्टपदार्थकूं निकृष्टपदार्थकेसमानदेखेहै ॥ तापुरुषकूं परमअनर्थकीप्राप्तिहोवै है ॥ जैसे अर्जुनकेहस्तविषेस्थित जोपाशुपतअस्त्रहै ॥ सो अन्यशरकेसमान होणेयोग्यहै ॥ अस्त्रत्वधर्मवालाहोणेतैं ॥ दूसरेशरकीन्यांई ॥ याप्रकारकेअनुमानकरिकै पाशुपतअस्त्र अन्यशरकेसमान करणेयोग्यनहीं ॥ और जोकोईपुरुष दुराग्रहकरिकै तापाशुपतअस्त्रकूं अन्यशरकेसमानकरैहै तौ सोपाशुपतअस्त्र ता विपरीतदर्शीपुरुषके मस्तककूंछेदनकरिकै भूमिविषेगिडावैहै ॥ अन्यदृष्टांत ॥ जैसे अथर्वणवेदतैंउत्पन्नभयेजे मारणेकेमंत्रहैं ॥ तेमंत्रभी अतिक्रोधकरिकैयुक्त दुर्वासामुनिकेहृदयदेशविषेस्थितहोवैं ॥ ते मंत्र यद्यपि प्राकृतमंत्रोंकेसमान होणेयोग्यनहीं हैं ॥ तथापि जोपुरुष दुराग्रहकरिकै तिनमंत्रोंकूं प्राकृतमंत्रोंकेसमानकरैहै तौ तेअथर्वणवेदकेमंत्र ताविपरीतदर्शीपुरुषकेमस्तककूं भूमिविषेगिडावैहैं ॥ तैसे हेगार्गी! अनुमानकाअविषयजोआत्माहै ताकूं जलादिकोंकीन्यांई अनुमानकाविषयमानिकै जोतू आत्माका अतिप्रश्नकरैगी तौ तुमाराभीमस्तक भूमिविषेपतनहोवैगा ॥ हेशिष्य! याप्रकार याज्ञवल्क्यमुनिकेवचनकूंश्रवणकरिकै सागार्गी अत्यंतभयकूंप्राप्तहोतीभई ॥ और अरुणऋषिकापुत्र जोउद्दालकनामाऋषिहै ॥ ताकेमुखकीओरिदेखिकै सागार्गी पुनःप्रश्नकरणेतैं निवृत्तहोतीभई ॥ तिसतैंअनंतर सोउद्दालकऋषि अत्यंतक्रोधवान्होइकै पूर्वअग्निदेवतानैं उपदेशकऱ्याजो अत्यंतगुह्यअर्थहै ता गुह्यअर्थकाप्रश्न याज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति करताभया ॥ तहां भुज्युकीन्यांई आपणेविद्याकीउत्कृष्टताबोधनकरणेवासते सोउद्दालक प्रथम आपणेपूर्ववृत्तांतकूं कथनकरताभया ॥ उद्दालकउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य! पूर्वब्रह्मचर्यआश्रमविषे हमबहुतब्रह्मचारी वेदोंकेअध्ययनकरणेवासते मद्रदेशविषे पतंचलनामाब्राह्मणकेगृहविषेस्थितहोतेभये ॥ और किसीकालविषे तापतंचलनामाब्राह्मणकीस्त्रीकेशरीरविषे पिशाचकीन्यांई अग्निदेवता प्रवेशकरताभया ॥

तिसतैंअनंतर पतंचलगुरुकेसहित हमसंपूर्णब्राह्मण ताअग्निदेवतासैं पूछतेभये ॥ तूकौनहै ? तिसतैंअनंतर सोअग्निदेवता हमसंपू
र्ण ब्राह्मणोंकेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ हेब्राह्मणो ! आथर्वण हमारागोत्रहै और कबंध हमारानामहै ॥ तुमसंपूर्णब्राह्म
णोंके उपकारवासते यास्त्रीकेशरीरविषे हमनैं प्रवेशकऱ्याहै ॥ हेयाज्ञवल्क्य ! याप्रकारकावचनकहिकै सोअग्निदेवता हमसंपूर्णशि
ष्योंकरिकैपरिवेष्टित पतंचलनामाहमारेगुरुकेतांई याप्रकारकावचन कहताभया ॥ हेपतंचल ! जैसे मालाकेपुष्पोंकूं सूत्र धारणकरै
है ॥ तैसे यहसंपूर्णभूतभौतिकप्रपंच जिससूत्रकरिकै बांध्याहुआहै ॥ तासूत्रकूं तू जाणताहै ॥ हेयाज्ञवल्क्य ! याप्रकारकाप्रश्न जबी
अग्निदेवतानैं हमारेगुरुकेप्रति कऱ्या ॥ तबी सोपतंचलनामा हमारागुरु अग्निदेवताकेप्रति कहताभया ॥ हेअग्निदेवता ! संपूर्ण
जगत्कूं जिससूत्रनैं धारणकऱ्याहै तासूत्रकूं हम नहींजाणते ॥ हेयाज्ञवल्क्य ! याप्रकारकाउत्तर जबी हमारेगुरुनैंकह्या ॥ तबी
सोअग्निदेवता पुनःहमारेगुरुसैं पूछताभया ॥ हेपतंचल ! जोसर्वजगत्काप्रेरकअंतर्यामीहै तिसकूं तू जाणताहै ॥ हेयाज्ञवल्क्य !
याप्रकारकादूसराप्रश्न जबी अग्निदेवतानैं हमारेगुरुसैंपूछा तबी सोपतंचलनामा हमारागुरु यहउत्तर देताभया ॥ हेअग्निदेव
ता ! अंतर्यामीकेस्वरूपकूंभी हम नहींजाणते ॥ हेयाज्ञवल्क्य ! पतंचलनामा हमारेगुरुनैं जबी अग्निदेवताकेप्रति सूत्रका तथा अंत
र्यामीका स्वरूपनहींकह्या ॥ तबी सोअग्निदेवता कृपाकरिकै युक्तहुआ पतंचलनामा हमारेगुरुकेप्रति कहताभया ॥ हेपतंचल ! ह
मनैं जोतुमारेसैं सूत्रका तथाअंतर्यामीका स्वरूपपूछाहै ॥ तासूत्रकूं तथाअंतर्यामीकूं जोपुरुष जाणताहै सोपुरुष सर्वज्ञभावकूंप्राप्त
होवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ सोपुरुष परमात्माकूं तथाभूरादिकसप्तलोकोंकूं तथासंपूर्णदेवतावोंकूं तथासंपूर्णप्राणियोंकूं तथापंचभूतोंकूं त
थाआत्माकूं इत्यादिकसर्वपदार्थोंकूं जाणताहै ॥ हेयाज्ञवल्क्य ! याप्रकार सूत्रअंतर्यामीकेज्ञानकीउत्कृष्टता कथनकरिकै सोअग्निदेव
ता हमसंपूर्णब्राह्मणोंकेप्रति तासूत्रकेस्वरूपकूं तथाअंतर्यामीकेस्वरूपकूं कथनकरताभया ॥ हेयाज्ञवल्क्य ! ताअग्निदेवताकेउपदेशक
रिकै हम सूत्रकेस्वरूपकूं तथाअंतर्यामीकेस्वरूपकूं भलीप्रकार जाणतेहैं ॥ और तूं तासूत्रकेस्वरूपकूं तथाअंतर्यामीकेस्वरूपकूं नजा
णिकरिकै जोसर्वब्राह्मणोंकीगौवां आपणेगृहविषेलैजावैगा तौ शीघ्रही तुमारामस्तक भूमिविषेपतनहोवैगा ॥ हेशिष्य ! याप्रकारका

प्रश्न जबी उद्दालकनैंकऱ्या तबी सोयाज्ञवल्क्यमुनि उद्दालककेप्रति कहताभया ॥ याज्ञवल्क्यउवाच ॥ हेउद्दालक! पूर्व अग्निदेव तानैं जोतुमारेप्रति सूत्रका तथाअंतर्यामीका स्वरूपकह्याहै तासूत्रकूं तथाअंतर्यामीकूं हम भलीप्रकारजाणतेहैं ॥ हेशिष्य! याप्रकारकावचन जबी याज्ञवल्क्यमुनिनैं उद्दालककेप्रति कह्या तबी सोउद्दालक क्रोधवान्होइके याज्ञवल्क्यकेप्रति कहताभया ॥ उद्दालकउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य! जैंसे अज्ञानीपामरपुरुष हमसर्वअर्थकूंजाणतेहैं याप्रकारकेवचन उच्चारणकरैहैं ॥ तैंसे तूभी हमसूत्रकूंजाणतेहैं हम अंतर्यामीकूंजाणतेहैं याप्रकारकावचनमात्र उच्चारणकरैहैं ॥ परंतु सूत्रकेस्वरूपकूं तथाअंतर्यामीकेस्वरूपकूं तू कथनकरतानहीं ॥ यातैं यहजान्याजावैहै ॥ तेरेकूं सूत्रका तथाअंतर्यामीका ज्ञाननहीं ॥ काहेतें? जिसपुरुषकूं जापदार्थकाज्ञानहोवैहै ॥ सोपुरुष हमजाणतेहैं याप्रकारकेवचनमात्रकाउच्चारणकरतानहीं ॥ किंतु तापदार्थकेस्वरूपका कथनकरताहै ॥ यातैं हेयाज्ञवल्क्य! जोतू सूत्रकेस्वरूपकूं तथाअंतर्यामीकेस्वरूपकूं जाणताहै तौ हमारेप्रति कथनकरो ॥ और जोतू सूत्रअंतर्यामीकेस्वरूपकूंनहींजाणता तौ हम सूत्रअंतर्यामीकूंजाणतेहैं याप्रकारकी व्यर्थगर्जना मतकरो ॥ हेशिष्य! याप्रकारकाप्रश्न जबी उद्दालकऋषिनैं याज्ञवल्क्यकेप्रतिकऱ्या तबी सोयाज्ञवल्क्यमुनि उद्दालककेप्रति कहताभया ॥ याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेउद्दालक! जोतुमनैं सर्वजगत्केबंधनकाकारण सूत्रपूछाथा सोसूत्र प्राणरूपवायुहै ॥ काहेतें? जैंसे तंतु पटकूंधारणकरैहैं ॥ तैंसे यहप्राणरूपवायु इसलोककूं तथाअन्यलोककूं तथा सर्वभूतप्राणियोंकूं धारणकरैहै ॥ याकारणतैंही मरणकालविषे जबी प्राणोंकालोकांतरविषे निर्गमनहोवैहै तबी हस्तपादादिकसंपूर्णअवयव शिथलहोइजावैहैं ॥ दृष्टांत ॥ जैंसे सूत्रकेनिर्गमनहुए मालाकेपुष्प शिथलहोइजावैहैं ॥ याप्रकारकी लोकप्रसिद्धयुक्तिकरिकैंभी प्राणकूंही सूत्ररूपतासंभवैहै ॥ इहां प्राणवायुशब्दकरिकै समष्टिव्यष्टिसूक्ष्मशरीरकाग्रहणकरणा ॥ हेशिष्य! याप्रकार जबी याज्ञवल्क्यमुनिनैं सूत्रकास्वरूपकह्या तबी सोउद्दालक याज्ञवल्क्यकेवचनकूं अंगीकारकरताभया ॥ और पुनःसोउद्दालक प्रश्नकरताभया ॥ उद्दालकउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य! जोपूर्व अग्निदेवतानैं हमारेप्रति सूत्रकास्वरूपकह्याथा सोईही सूत्रकास्वरूप तुमनैं हमारेप्रतिकह्या ॥ यातैं सूत्रकेस्वरूपविषे हमपुनः प्र

श्नकरतेनहीं ॥ परंतु अंतर्यामीकास्वरूप हमारेप्रति कथनकरो ॥ हेशिष्य! याप्रकारजबी उद्दालकनैं अंतर्यामीकास्वरूप पूछा तबी सोयाज्ञवल्क्यमुनि उद्दालककेप्रति कहताभया ॥ याज्ञवल्क्यउवाच ॥ हेउद्दालक! जोसर्वज्ञ परमात्मादेव पृथिवी जल अग्नि भुवर्लोक वायु स्वर्ग आदित्य दिशा चंद्रतारक आकाश अंधकार तेज या द्वादशअधिदैवोंविषे श्रुतिनैं कथनकर्‍याहै ॥ और जो परमात्मादेव स्थावरजंगमरूप सर्वअधिभूतोंविषे श्रुतिनैं कथनकर्‍याहै ॥ और जोसर्वज्ञपरमात्मादेव प्राण वाक् चक्षु श्रोत्र मन त्वक् बुद्धि उपस्थइंद्रिय याअष्टप्रकारकेअध्यात्मोंविषे श्रुतिनैं कथनकर्‍याहै ॥ और जोपरमात्मादेव पृथिवीआदिक एकवीस स्थानोंविषे स्थितहुआभी तिनपृथिवीआदिकस्थानोंतैं भिन्नहीरहैहै ॥ जैसे गृहवालापुरुष आपणेगृहतैंभिन्नहोवैहै ॥ तैसे जोपरमात्मादेव पृथिवीआदिकोंतैंभिन्नहोवैहै ॥ और जिनपृथिवीआदिकोंके अंतरस्थित परमात्मादेवहै ॥ ते पृथिवीआदिकभी जिसपरमात्मादेवकूं नहींजाणिसकते ॥ और जोपरमात्मादेव पृथिवीआदिकोंकूं नियमकरिकै आपणेआपणेकार्यविषे प्रवृत्तकरणेवासते किसीदूसरेशरीरकूं ग्रहणनहींकरता ॥ किंतु जैसे अस्मदादिकजीवोंका शुक्रशोणितकाविकाररूप यहशरीरहै ॥ तैसे जिसपरमात्मादेवके पृथिवीआदिकहीशरीरहैं ॥ और जैसे राजा आपणेभृत्योंकूं नानाप्रकारकेव्यापारोंविषे नियमकरिकै प्रवृत्तकरैहै ॥ तैसे जोपरमात्मादेव पृथिवीआदिकोंकेअभिमानी चेतनरूपलिंगशरीरोंकूं आपणेआपणेव्यापारविषे नियमकरिकै प्रवृत्तकरैहै ॥ सो मायाका अधिपतिपरमात्मादेवही अंतर्यामीहै ॥ यातैं हेउद्दालक! जोअंतर्यामीकास्वरूप तुमनैं पूर्वपूछाथा ॥ सोअंतर्यामीपरमात्मादेव तुमारा तथाहमारा तथासर्वजीवोंका आत्मारूपहै ॥ कैसाहैसोअंतर्यामी? जन्म मरण क्षुधा तृषा शोक मोह याषट्ऊर्मियोंतैंरहितहै ॥ हेशिष्य! याप्रकार याज्ञवल्क्यमुनि उद्दालककेप्रति पृथिवीआदिकोंविषे एकवीसवारअंतर्यामीकेस्वरूपका उपदेशकरताभया ॥ तात्पर्ययह ॥ जोपृथिवीविषेस्थितहै ॥ और पृथिवीतैंभिन्नहै ॥ और पृथिवीजिसकूंजाणतीनहीं ॥ और पृथिवीजिसकाशरीरहै ॥ और जोपृथिवीकूंआपणेकार्यविषेप्रवृत्तकरैहै ॥ सोपरमात्मादेव हेउद्दालक! तेराअंतर्यामीअमृतहै ॥ इसप्रकार जलादिकोंविषेभीजानिलेणा ॥ याप्रकार पृथिवीआदिकोंविषे एकवीसवार अंतर्यामीकास्वरूपकहिकरिकै सोधर्मात्मायाज्ञव

ल्क्यमुनि नेतिनेति याश्रुतिकूंअंगीकारकरिकै सर्वधर्मोंकेनिषेधकरणेहारे जेअदृष्टत्वादिकआत्माकेधर्महैं तिनोंकूं कथनकरताभ
या ॥ याज्ञवल्क्यउवाच ॥ हेउद्दालक! यहअंतर्यामीपरमात्मदेव ज्ञानवान्पुरुषकेनेत्रोंकरिकैभी देख्याजावैनहीं ॥ तथा श्रवणोंक
रिकै यहअंतर्यामीदेव सुन्याजावैनहीं ॥ और मनकरिकै चिंतनकऱ्याजावैनहीं ॥ और शुद्धबुद्धिकरिकैभी निश्चयकऱ्याजावैनहीं ॥
याप्रकार अन्यकिसीइंद्रियकरिकैभी यहअंतर्यामीपरमात्मादेव जान्याजावैनहीं ॥ यातैं यहपरमात्मादेव अदृष्टत्वअश्रुतत्वादि
कधर्मोंवालाहै ॥ और यहअंतर्यामीआत्मा दृष्टि श्रुति मति विज्ञाति याप्रकारकेबुद्धिवृत्तियोंकूं प्रकाशकरैहै ॥ याकारणतैं अंतर्या
मीआत्माकूं द्रष्टा श्रोता मंता विज्ञाता इत्यादिकनामोंकरिकै श्रुति कथनकरै है ॥ और हेउद्दालक! नेत्रादिकइंद्रियोंके तथाबुद्धि
आदिकोंके जितनेंबाह्य अंतर व्यापारहैं ॥ तिनसंपूर्णव्यापारोंकूं यहअंतर्यामीआत्मा जाणताहै ॥ परंतु नेत्रादिकइंद्रिय ताअंत
र्यामीपरमात्माकूं जाणिसकतेनहीं ॥ यातैं अंतर्यामीआत्मातैंभिन्न कोईपदार्थ द्रष्टा श्रोता मंता विज्ञातारूप नहीं ॥ किंतु अंतर्यामी
आत्माही द्रष्टा श्रोता मंता विज्ञातारूप है ॥ यातैं हेउद्दालक! यहअंतर्यामीपरमात्मादेवही तुमाराआत्माहै ॥ अंतर्यामीतैंभिन्न तु
माराआत्मानहीं ॥ काहेतैं? जोपदार्थ चैतन्यरूपपरमात्मातैंभिन्नहोवैहै ॥ सोपदार्थ जडहोवैहै ॥ और जोपदार्थ जडहोवैहै ॥ सोप
दार्थ घटादिकोंकीन्यांई उत्पत्तिनाशवान्होवैहै ॥ हेशिष्य! याप्रकारकाउत्तर जबी याज्ञवल्क्यमुनिनैं उद्दालकऋषिकेप्रति कथ
नकऱ्या तबी सोउद्दालकऋषि पुनःप्रश्नकरणेतैं उपरामहोताभया ॥ तिसतैंअनंतर वचक्नुऋषिकीपुत्री गार्गीनामास्त्री सर्वब्राह्म
णोंकेप्रति याप्रकारकावचन कहतीभई ॥ हेब्राह्मणो! तुमसंपूर्ण हमारावचन श्रवणकरो ॥ इस याज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति मैं दोप्रश्नक
रतीहूं ॥ जोयहब्रह्मवेत्तायाज्ञवल्क्यमुनि तिनदोनोंप्रश्नोंकाउत्तर हमारेप्रति कहैगा तौ तुमसंपूर्णब्राह्मणोंविषे कोईभीब्राह्मण याज्ञ
वल्क्यकूंजीतसकैगानहीं ॥ दृष्टांत ॥ जैसे अनेकखद्योतजंतुवोंविषे कोईभीखद्योत सूर्यकूंजीतसकैनहीं ॥ तैसे कोईभीब्राह्मण याज्ञव
ल्क्यकूं जीतसकैगानहीं ॥ यातैं तुमसंपूर्णब्राह्मण हमारेकूं प्रश्नकरणेकीआज्ञादेवो ॥ शंका ॥ हेभगवन्! ब्राह्मणोंकीआज्ञातैंवि
नाही गार्गी याज्ञवल्क्यकेप्रति किसवासते प्रश्न नहींकरतीभई ॥ समाधान ॥ हेशिष्य! याप्रकारकाविचार आपणेमनविषेकरिकै

सागार्गी ब्राह्मणोंतेंआज्ञालेतीभई ॥ सोविचारयहहै ॥ जोकदाचित् किसीब्राह्मणनें आपणेमनविषे प्रश्नकरणेकाआरंभकर्‍याहो वै ॥ और मध्यविषे मैं स्त्रीकेप्रश्नकूंश्रवणकरिकै सोब्राह्मण क्रोधवान्होइकै मेरेकूंशापदेवैगा ॥ यातैं सर्वब्राह्मणोंकीआज्ञालैके मैं प्रश्नकरों ॥ याप्रकारकाविचारकरिकै साबुद्धिमान्गार्गी ब्राह्मणोंतैंआज्ञालेतीभई ॥ तिसतैंअनंतर ते सर्वब्राह्मण गार्गीकूं प्रश्नक रणेकीआज्ञादेतेभये ॥ और तिनब्राह्मणोंकीआज्ञाकूंपाइकै सागार्गी याज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति याप्रकारकावचन कहतीभई ॥ गार्गी उवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य! यालोकविषे जैसे तू प्रसिद्धहै तैसे मैंगार्गीभी प्रसिद्धहूं ॥ और जैसे तू अधिकबुद्धिमानहै ॥ तैसे मैंगा र्गीभी अधिकबुद्धिमानहूं ॥ काहेतें? नीतिशास्त्रविषे पुरुषोंकीअपेक्षाकरिकै स्त्रियोंकीबुद्धि तथाअविवेक तथाधैर्य तथाकाम तथाक्रो धचारिगुणाअधिक कह्याहै ॥ तिनसर्वस्त्रियोंविषे सरस्वतीकेसमान मैं तीक्ष्णबुद्धिवालीहूं ॥ शंका ॥ हेगार्गी! तेरी कौनऐसीबुद्धि है ॥ जिसबुद्धिकरिकै तू सर्वतैंअधिक आपणेकूंमानेहै ॥ समाधान ॥ हेयाज्ञवल्क्य! सर्वजगत्विषे आत्मबुद्धिही हमारेअधिकता काकारणहै ॥ याकारणतैं मैं सर्वजगतकूं पुरुषभावतैंरहितमानतीहूं ॥ एकआपणेकूंही पुरुषमानतीहूं ॥ काहेतें? जगत्विषे जितने स्त्रीपुरुष नपुंसकहैं ॥ तिनसंपूर्णोंकूं मैं आत्मरूपकरिकैदेखतीहूं ॥ यातैंयहसिद्धभया ॥ जिसकूं सर्वत्रव्यापकआत्माकाज्ञानहै सोईही पुरुषहै ॥ और जिसकूं व्यापकअद्वितीयआत्माकाज्ञाननहींभया ॥ ऐसेअज्ञानीजीव नपुंसकहैं अथवा स्त्रियाहैं ॥ अब अज्ञानीजीवोंवि षे नपुंसकपणादिखावैहैं ॥ हेयाज्ञवल्क्य! शक्तिहीनकूं लोकविषे नपुंसककहैहैं ॥ याप्रकारका नपुंसककालक्षण अज्ञानीजीवोंविषे हीघटैहै ॥ काहेतें? यहअज्ञानीजीव अत्यंतसमीप हृदयदेशविषेस्थित जोआनंदस्वरूपस्वप्रकाशआत्माहै ताकेजानणेविषेभी सम र्थहोतेनहीं ॥ यातैं यहसंपूर्णअज्ञानीजीव नपुंसकहैं ॥ अब अज्ञानीजीवोंविषे स्त्रीपणा दिखावैहैं ॥ हेयाज्ञवल्क्य! उच्चैस्तनोंवालीमैं गार्गी स्त्रीनहींहूं ॥ किंतु जिनपुरुषोंकूं आनंदस्वरूपअद्वितीयआत्माकाज्ञाननहींभया ॥ तेअज्ञानीपुरुषही स्त्रीहैं ॥ काहेतें? जैसे लोकप्रसिद्धस्त्रियोंका आपणेतैंभिन्नपतिहोवैहै ॥ और तापतिकेसर्वदा स्त्री अधीनरहैहै ॥ कदाचित्भी स्त्री स्वतंत्रहोवैनहीं ॥ तैसे अज्ञानीजीवोंकेभी आपणेतैंभिन्नपतिहैं ॥ सर्वदा अज्ञानीजीवरूपीस्त्री तिनपतियोंके अधीनरहैहैं ॥ यातैं अज्ञानीजीवही स्त्रीहैं ॥

और हेयाज्ञवल्क्य! तिनस्त्रियोंविषेभी यहअज्ञानीजीव वारांगनास्त्रीकेसमानहैं॥ काहेतें? जैसे वारांगनास्त्रीकूं बहुतपुरुषभोगेहैं॥ तैसे याअज्ञानीजीवरूपीस्त्रीकूंभी काम क्रोध लोभ मोहादिक अनेकपति भोगेहैं॥ यातें यहसंपूर्णअज्ञानीजीव वारांगनास्त्रीकेसमानहैं॥ और मेरेविषे काम क्रोधादिकहैंनहीं॥ यातें मैंही पुरुषहूं॥ और हेयाज्ञवल्क्य! जैसे लोकप्रसिद्धस्त्री पुरुषकेसंबंधतें गर्भकूंधारणकरैहै॥ तैसे यहअज्ञानीजीवभी कालरूपीपुरुषकेसंबंधतें सप्तमधातुवीर्यरूपगर्भकूंधारणकरैहैं॥ याकारणतेंभी यहअज्ञानीजीवही स्त्रीहैं॥ अब कामादिकविकारोंकाअभाव आपणेविषेदिखावैहै॥ हेयाज्ञवल्क्य! मैंगार्गी वरयौवनअवस्थाविषेस्थितहूं॥ तथा सर्वयुवान्पुरुषोंकेमध्यविषेस्थितहूं॥ तथापि मैं किंचित्मात्रभी कामादिकविकारोंकूं नहींप्राप्तहोती॥ और हेयाज्ञवल्क्य! जैसे एकांतदेशविषे स्त्री नग्नहोवैहै॥ तैसे सभाकेमध्यविषे मैंनग्नस्थितहूं॥ और येसंपूर्णब्राह्मण कामादिकविकारोंके भयकरिकेयुक्तहैं॥ यातें मेरीतरफ देखतेभीनहीं॥ और मेरादेहअभिमानसे निवृत्तभयाहै॥ यातें यासंपूर्णब्राह्मणोंकूं मैं नेत्रोंकरिकैदेखतीहूं॥ तथा आपणेहस्तोंकरिकै स्पर्शकरतीहूं॥ तथापि हमारेविषे किंचित्मात्रभी कामादिकविकार नहींहोते॥ यातें मैं स्त्रीनहीं॥ किंतु अज्ञानीजीवही स्त्रीहैं॥ **शंका**॥ हेगार्गी! शास्त्रदृष्टिकरिकै यद्यपि तेरेविषेस्त्रीपणानहींहै॥ तथापि लोकदृष्टिकरिकै तेरेविषे स्त्रीपणा होवैगा॥ **समाधान**॥ हेयाज्ञवल्क्य! लोकदृष्टिकरिकैभी स्त्रीशब्दकाअर्थ जिसविषेघटैहै सोईही स्त्रीहै॥ और मेरेविषेस्त्रीशब्दकाअर्थ घटतानहीं॥ यातें मैं किसप्रकार स्त्रीहोवोंगी? किंतु मैं स्त्रीनहीं॥ अब व्याकरणकीरीतिसें स्त्रीशब्दकेअर्थकूं दिखावैहैं॥ हेयाज्ञवल्क्य! याप्रकारकेशब्दोंकासमूह जिसप्राणिविषेहोवै॥ ताप्राणिकूं बुद्धिमान्पुरुष स्त्रीकहैहैं॥ तेशब्द येहैं॥ मैं समीचीन वधूहूं॥ और मैं यौवनअवस्थाकरिकैयुक्तहूं॥ और मैं सुंदरस्तनोंवालीहूं॥ और यालोकविषे मेरेसमान कोईस्त्री सुंदरनहीं॥ और यहपतिमेराहै॥ और यहमेरेपुत्रहैं॥ और यहमेरी पुत्रीयांहैं॥ और यहधन तथाअन्न मेरेगृहविषेहै॥ और मैं वंध्याहूं॥ और मैं बहुतकुटुंबवालीहूं॥ इसतेंआदिलेके अहंममअभिमानकरिकै उत्पन्नभयेजेनानाप्रकारकेशब्द॥ तिनशब्दोंकासमूह जिसजिसअज्ञानीजीवविषे वर्तैहै॥ ते अज्ञानीजीवही यालोकविषेस्त्रियांहैं॥ और हेयाज्ञवल्क्य! जेप्राणी आनंदस्वरूपआत्माके

ज्ञानकरिकैपूर्णहैं ॥ तिनप्राणियोंकूं श्रुति पुरुषकहैहै ॥ तेआत्मज्ञानकरिकैयुक्तप्राणी शरीरकरिकैस्त्रीहोवैं ॥ अथवा पुरुषहोवैं ॥ अथवा नपुंसकहोवैं ॥ याकेविषे किंचित्मात्रभी ज्ञानीकीहानिनहीं ॥ सर्वथा आत्मज्ञानवान्ही पुरुषहैं ॥ और हेयाज्ञवल्क्य! जैसे एकहीनट आपणीमायाकरिकै स्त्रियोंकूंमोहनकरणेहारा सुंदरपुरुषरूपकूं धारणकरैहै ॥ और क्षणमात्रविषे सोनट पुरुषकेधैर्यकूं नाशकरणेहारी सुंदरस्त्रीकेरूपकूं धारणकरैहै ॥ और क्षणमात्रविषे सोनट नपुंसककेरूपकूंधारणकरैहै ॥ परंतु तास्त्रीआदिककल्पित रूपोंकरिकै तानटका पूर्वलावास्तवस्वरूप अन्यथाभावकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ तैसे एकहीयहआनंदस्वरूपआत्मा आपणीमायाकरिकै कबी पुरुषशरीरकूंग्रहणकरैहै ॥ और कबी स्त्रीशरीरकूंग्रहणकरैहै ॥ और कबी नपुंसकशरीरकूंग्रहणकरैहै ॥ परंतु तिनकल्पितशरीररूपउपाधियोंकरिकै आत्माकावास्तवएकत्वरूप निवृत्तहोवैनहीं ॥ और हेयाज्ञवल्क्य! जैसे एकहीपुरुष स्वप्नविषे निद्रादोषतें पुरुष स्त्री हस्ति अश्व इत्यादिकअनेकरूपोंकूंप्राप्तहोवैहै ॥ परंतु तिनकल्पितरूपोंकरिकै स्वप्नद्रष्टापुरुषकावास्तवस्वरूप निवृत्तहोवैनहीं ॥ तैसे एकहीपरमात्मादेव आपणीमायाकरिकै स्त्री पुरुष नपुंसक हस्ति अश्व इत्यादिक अनेकरूपोंकूंधारणकरैहै ॥ परंतु तिनकल्पितरूपोंकरिकै आत्माकावास्तवस्वरूप निवृत्तहोवैनहीं ॥ यातें हेयाज्ञवल्क्य! आत्मज्ञानरूपीपुरुषभावकरिकै युक्त तथासर्वज्ञताकरिकैयुक्त मैंगार्गी वाक्रूपीधनुषविषे प्रश्नरूपीदोबाणोंकूंधारणकरिकै तुमारेहननकरणेवासते आईहूं ॥ यातें हेयाज्ञवल्क्य! वादरूपयुद्धविषे जोतुमारासामर्थ्यहोवै तौ धैर्यकूंधारणकरिकै हमारेसाथ वादरूपयुद्धकरो ॥ और जो तुमारेकूंवादरूपयुद्धकरणेकासामर्थ्यनहींहोवै तौ हमारेआगेनम्रताभावकरो ॥ यादोनोंप्रकारोंविषे जैसीतुमारीरुचिहोवै सोकरो ॥ और हेयाज्ञवल्क्य! जैसे काशीराजदिवोदासकापुत्र प्रतर्दननामाराजा एकलाही धनुषबाणकूंलेके इंद्रकेसाथयुद्धकरणेवासते स्वर्गविषेप्राप्तहोताभया ॥ और जैसे यहजनकराजा सुवर्णमणिरत्नोंकरिकैजडितधनुषकूंग्रहणकरिकै तथा लोहमय तीक्ष्णबाणोंकूं हस्तविषेग्रहणकरिकै शत्रुवोंकेपीडाकरणेवासते युद्धविषे तिनशत्रुवोंकेसन्मुखस्थितहोवैहै ॥ तैसे धैर्यकूंधारणकरिकै मैंगार्गीभी प्रश्नरूपीबाणोंकरिकै तुमारेहननकरणेवासते इहांस्थितहूं ॥ यातें हेयाज्ञवल्क्य! तिनप्रश्नोंकेउत्तरकूं जोतूंजा

णताहै तौ हमारेप्रतिकथनकरो ॥ हेशिष्य! याप्रकारकेवचन जबी गार्गीनैं याज्ञवल्क्यकेप्रतिकहे तबी सोयाज्ञवल्क्यमुनिगा
र्गीकेप्रति कहताभया ॥ हेगार्गी! जोतुमारेकूंप्रश्नकरणाहै सोनिःशंकहोइकैकरो ॥ हेशिष्य! याप्रकार याज्ञवल्क्यमुनिकेवचनकूं
श्रवणकरिकै सागार्गी प्रश्नकरतीभई ॥ गार्गीउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य! जोसूत्रआत्माकास्वरूप शास्त्रवेत्तापुरुषोंनैं ब्रह्मांडकेऊप
रिलेकपालतैंऊपरिस्थित कथनकऱ्याहै ॥ और जिससूत्रआत्माकास्वरूप शास्त्रवेत्तापुरुषोंनैं ब्रह्मांडकेनीचलेकपालतैंभीनीचैस्थि
त कथनकऱ्याहै ॥ और जिससूत्रआत्माकास्वरूप दोनोंब्रह्मांडकपालोंकेमध्यविषेकथनकऱ्याहै ॥ और जिससूत्रआत्माकास्वरूप
शास्त्रवेत्तापुरुषोंनैं भूत भविष्यत् वर्तमान स्वरूपसकलप्रपंचरूप कथनकऱ्याहै ॥ सोसूत्रआत्मा किसकारणविषे ओतप्रोतहु
आवर्तै है? ॥ शंका ॥ हेभगवन्! यहप्रश्नतौ पूर्वहीगार्गीनैंकऱ्याथा ॥ तथा याज्ञवल्क्यमुनिनैं याप्रश्नकाउत्तरभी पूर्वहीकह्याथा ॥
यातैं गार्गीनैं पुनःयहप्रश्न किसवासतेकऱ्या? ॥ समाधान ॥ हेशिष्य! पूर्व अनुमानरूपतर्ककूंग्रहणकरिकै गार्गीनैं यहप्रश्नकऱ्या
था ॥ और अबी शास्त्रकीरीतिकूं ग्रहणकरिकै गार्गीनैं प्रश्नकऱ्याहै ॥ याप्रकारकीविलक्षणता बोधनकरणेवासतेही पूर्वउत्तरप्रश्न
विषे शब्दोंकाभेद गार्गीनैं राख्याहै॥ हेशिष्य! याप्रकारकाप्रश्न जबी गार्गीनैंकऱ्या तबी सोयाज्ञवल्क्यमुनि गार्गीकेप्रति कह
ताभया ॥ याज्ञवल्क्यउवाच ॥ हेगार्गी! जो तुमनैं सूत्रआत्मारूपकार्यका कथनकऱ्याहै ॥ सोसूत्रआत्मारूपकार्य आवर्णविक्षे
पशक्तिवाले अव्याकृतरूपआकाशविषे ओतप्रोतहोइकैरहैहै॥ हेशिष्य! याप्रकारकाउत्तर जबी याज्ञवल्क्यमुनिनैं गार्गीकेप्रतिक
ह्या तबी सागार्गी याज्ञवल्क्यकूंनमस्कारकरिकै कहतीभई ॥ हेयाज्ञवल्क्य! प्रथमप्रश्नकाउत्तर तुमनैं हमारेप्रतिकह्या ॥ अबी
दूसराप्रश्न मैं तुमारेप्रति करतीहूं॥ तुम सावधानहोइकै ताप्रश्नकाउत्तरकहो॥ हेशिष्य! याप्रकारकावचन जबी गार्गीनैंकह्या ॥
तबी सोयाज्ञवल्क्य कहताभया॥ हेगार्गी! निःशंकहोइकै तुम दूसराप्रश्नकरो ॥ हेशिष्य! याप्रकार याज्ञवल्क्यकेवचनकूंश्रवण
करिकै सागार्गी जोप्रथमप्रश्नविषे सूत्रआत्माकाआधारपूछाथा ॥ सोईही पुनःदूसरीवार पूछतीभई ॥ और याज्ञवल्क्यनैंभी जो
प्रथमप्रश्नकेउत्तरविषे सूत्रआत्माका अव्याकृतरूपआकाश आधारकह्याथा ॥ सोईही द्वितीयप्रश्नकेउत्तरविषे कहताभया ॥

शंका ॥ हेभगवन्! प्रथमप्रश्नकूं दूसरीवारकरणेविषे गार्गीका क्याअभिप्रायहै? ॥ समाधान ॥ हेशिष्य! जिसअभिप्रायकरि
के गार्गीनैं प्रथमप्रश्नकूं दूसरीवारकऱ्याहै ॥ ताअभिप्रायकूं तुम श्रवणकरो ॥ जैसे गृह केवलस्तंभोंकेआश्रितरहैनहीं ॥ किंतु
स्तंभोंके तथा भित्तियोंके आश्रितरहैहै ॥ तैसे सूत्रआत्मारूपकार्यभी अव्याकृतरूपआकाशविषे तथाअन्यकिसीकारणविषे
रहताहोवैगा ॥ याप्रकारकेअभिप्रायकरिकै गार्गी प्रथमप्रश्नकूं पुनःदूसरीवार करतीभई ॥ शंका ॥ हेभगवन्! सोयाज्ञ
वल्क्यमुनि प्रथमप्रश्नकेउत्तरकूं पुनःदूसरीवार किसवासते कहताभया? ॥ समाधान ॥ हेशिष्य! जिसअभिप्रायकरिकै या
ज्ञवल्क्यमुनिनैं प्रथमप्रश्नकेउत्तरकूं दूसरीवार कथनकऱ्याहै ॥ तिसअभिप्रायकूं तुम श्रवणकरो ॥ सूत्रआत्मारूपकार्य अव्याकृ
तरूपआकाशतैंविना अन्यकिसीकेआश्रितरहतानहीं ॥ किंतु जैसे मेघ केवलभूताकाशके आश्रितरहैहैं ॥ तैसे यहसूत्रआत्मारू
पकार्यभी केवलअव्याकृतरूपआकाशके आश्रितहीरहैहै ॥ याअभिप्रायकरिकै याज्ञवल्क्यमुनिनैं प्रथमउत्तरकूंही पुनःदूस
रीवार कथनकऱ्याहै ॥ हेशिष्य! याप्रकारकाउत्तर जबीयाज्ञवल्क्यमुनिनैं गार्गीकेप्रतिकह्या तबी सागार्गी पुनःयाज्ञवल्क्यमुनि
सैंपूछतीभई ॥ गार्गीउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य! सोअव्याकृतरूपआकाश किसविषे ओतप्रोतहोइकेरहैहै? ॥ याप्रश्नकरणेविषे गा
र्गीका यहअभिप्रायहै ॥ अव्याकृतरूपआकाशकाअधिष्ठान जोआत्माहै ॥ सो मनवाणीकाअविषयहै ॥ यातें ताआत्माकूं जो
याज्ञवल्क्य नहींकथनकरैगा तौ अप्रतिभारूप निग्रहस्थानकूं प्राप्तहोवैगा ॥ और जोयहयाज्ञवल्क्य मनवाणीकेअविषयआ
त्माकूंकथनकरैगा तौ विप्रतिपत्तिरूप निग्रहस्थानकूं प्राप्तहोवैगा ॥ दोनोंप्रकारतें याज्ञवल्क्यका पराजयहीहोवैगा ॥ तहां
कथनकरणेयोग्यअर्थकेअज्ञानकूं अप्रतिभाकहैहैं ॥ और विरुद्धकथनकूंविप्रतिपत्तिकहैहैं ॥ और पराजयकेकारणकूं निग्रह
स्थानकहैहैं ॥ हेशिष्य! याप्रकारकाप्रश्न जबी गार्गीनैंकऱ्या ॥ तबी सोयाज्ञवल्क्यमुनि गार्गीकेप्रति कहताभया ॥ याज्ञवल्क्य
उवाच ॥ हेगार्गी! सर्वलोकोंके बुद्धिआदिकोंकासाक्षी तथानित्यहीअपरोक्ष जोआत्मारूपअक्षरहै ॥ ताअक्षरविषे यहअव्याकृतआ
काशओतप्रोतहोइकैरहैहै ॥ इहां अव्याकृतआकाशशब्दकरिकै मूलाअज्ञानका ग्रहणकरणा ॥ सोमूलाअज्ञान जीवके तथाईश्वर

केआश्रित रहतानहीं ॥ किंतु जीवईश्वर विभागतैंरहित जोशुद्धचैतन्यहै ताकेआश्रित मूलाअज्ञानरहैहै ॥ और सोशुद्धचैतन्य
रूपआत्मा सर्वत्रव्यापकहै ॥ तथा उत्पत्तिनाशतैंरहितहै ॥ यातैं शुद्धआत्माहीअक्षरहै ॥ ताआत्मारूपअक्षरकेआश्रित अव्याकृतआ
काशरहैहै ॥ अब पूर्वउक्त अप्रतिभा तथाविप्रतिपत्ति रूपनिग्रहस्थानकीनिवृत्तिवासतै अनात्मपदार्थोंकेनिषेधद्वारा अक्षरआत्माके
स्वरूपकूं निरूपणकरैहैं ॥ हेगार्गी! जैसे घट बिल्वफलकीअपेक्षाकरिकै स्थूलहोवैहै ॥ और पर्वतकीअपेक्षाकरिकै सोघट सूक्ष्म
होवैहै ॥ याप्रकार जितनेस्थूलसूक्ष्मपदार्थहैं तिनसंपूर्णोंतैं यहअक्षरआत्मा विलक्षणहै ॥ और तृणकीन्यांई जितने ह्रस्व
पदार्थहैं ॥ तथा तालवृक्षकीन्यांई जितनेदीर्घपदार्थहैं ॥ तिनसंपूर्ण ह्रस्वदीर्घपदार्थोंतैं यहअक्षरआत्मा विलक्षणहै ॥ और अ
ग्निकीन्यांई जितने रक्तवर्णवालेपदार्थहैं ॥ तिनोंतैंभी यहअक्षरआत्मा विलक्षणहै ॥ और जलकीन्यांई जितनेस्नेहवालेपदार्थ
हैं ॥ तिनोंतैंभी यहअक्षरआत्मा विलक्षणहै ॥ और छायासदृशभूमिकीन्यांई जितनेकृष्णवर्णवालेपदार्थहैं ॥ तिनोंतैंभी यहअक्ष
रआत्मा विलक्षणहै ॥ और तमालवृक्षकीन्यांई श्याम तथाअंधकारकीन्यांई नेत्रोंकूंनिरोधकरणेहारे जितनेपदार्थहैं ॥ तिनोंतैं
भी यहअक्षरआत्मा विलक्षणहै ॥ और यहअक्षरआत्मा गतिसैंरहितहै ॥ यातैं गतिमान्‌वायुतैंभी विलक्षणहै ॥ और यहअक्षर
आत्मा छिद्रतैंरहितहै ॥ यातैं छिद्रवान्‌आकाशतैंभी विलक्षणहै ॥ और यहअक्षरआत्मा अमूर्तहै ॥ तथा संगतैंरहितहै ॥ यातैं मू
र्तसंगवान्‌तेजतैंभी विलक्षणहै ॥ और यहअक्षरआत्मा मधुरादिकरसोंतैंरहितहै ॥ यातैंमधुररसवालेजलतैंभी विलक्षणहै ॥ और
यहअक्षरआत्मा गंधतैंरहितहै ॥ यातैं गंधवालीपृथिवीतैंभी विलक्षणहै ॥ और हेगार्गी! याअक्षरआत्माका पंचज्ञानइंद्रियतथा
पंचकर्मइंद्रियभी स्वरूपनहीं ॥ और याअक्षरआत्माका मन बुद्धि चित्त अहंकार यहचतुष्टयअंतःकरणभी स्वरूपनहीं ॥ और
याअक्षरआत्माका प्राण अपान समान व्यान उदान यहपंचप्रकारकाप्राणभी स्वरूपनहीं ॥ और मोक्षपर्यंतहैस्थितिजिसकी ऐसा
जो दोनोंलोकोंविषेगमनकरणेहारा सूक्ष्मशरीरहै ॥ सोभी याअक्षरआत्माकास्वरूपनहीं ॥ और अद्वितीयआत्माकेभेदकरणेहा
रा जोअविद्यारूप कारणशरीरहै ॥ सोभी अक्षरआत्माकास्वरूपनहीं ॥ और हेगार्गी! जोयहअक्षरआत्मा केवलअंतरहीहोवै ॥

तौ बाह्यकेपदार्थोंकूं कौनप्रकाशकरैगा? ॥ और जोयहअक्षरआत्मा केवलबाह्यहीहोवै तौ अंतरकेपदार्थोंकूंकौनप्रकाशकरैगा? ॥
आत्मातैंभिन्न सर्वपदार्थ जडरूपहै ॥ यातैं तिनोंविषे प्रकाशकतासंभवैनहीं ॥ और यहअक्षरआत्मा आपणेस्वप्रकाशरूपकरिकै
अंतर बाह्य सर्वपदार्थोंकूंप्रकाशकरैहै ॥ यातैं सर्वकासाक्षी अक्षरआत्मा अंतरबाह्यपणेतैंरहितहै ॥ और यहअक्षरआत्मा निर्विकार
असंगहै ॥ यातैं भोक्तापणेतैं तथाभोग्यपणेतैंरहितहै ॥ और हेगार्गी! जैसे आकाशविषे मेघोंकासमूह तथाअंधकार प्रतीतहोवै
है ॥ और जैसे रज्जुविषे सर्पदंडादिक प्रतीतहोवैहैं ॥ तैसे याअक्षरआत्माविषे यहसंपूर्णजगत् प्रतीतहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे
मेघादिकोंकरिकै आकाशकाभेद होवैनहीं ॥ और जैसे कल्पितसर्पादिकोंकरिकै रज्जुकाभेद होवैनहीं ॥ तैसे कल्पितप्रपंचकरिकै
अधिष्ठानरूपअक्षरआत्माका भेद होवैनहीं ॥ यातैं अक्षरआत्मा सर्वभेदतैंरहितहै ॥ हेशिष्य! इतनेग्रंथकरिकै याज्ञवल्क्यमुनिनैं
उपाधितैंरहित अक्षरआत्माकास्वरूप कथनकऱ्या ॥ ताअक्षरआत्माकास्वरूप जिनपुरुषोंकेचित्तविषे नहींआवता ॥ तिनपुरुषोंकेअ
नुग्रहवासते मायाविशिष्टअंतर्यामीकेजनावणेहारेलिंगोंकूं दिखावैहैं ॥ अप्रत्यक्षपदार्थकूं जोजनाइदेवै ताकूं लिंगकहैहैं ॥ जैसे प
र्वतविषे अप्रत्यक्षअग्निकूं धूमरूपीलिंग जनावैहै ॥ हेगार्गी! जैसे भृत्य नियमकरिकै राजाकीआज्ञाविषेवर्तैहैं ॥ तैसे येसूर्य
चंद्रमाभी नियमकरिकै जगत्केव्यवहारकूंचलावैहैं ॥ यातैं यहजान्याजावैहै ॥ कोईसर्वज्ञपरमात्मादेव सूर्यचंद्रमाका अधिपति
है ॥ जिसपरमात्माकीआज्ञाकरिकै येसूर्यचंद्रमा नियमसैंवर्तैहैं ॥ यातैं सूर्यचंद्रमाकी नियमसैंप्रवृत्ति अंतर्यामीकेजनावणेहारा
लिंगहै ॥ और हेगार्गी! जोजोपदार्थ गुरुत्वधर्मवालाहोवैहै ॥ तिसका किसीआधारतैंविना नीचैपतनहोवैहै ॥ जैसे गुरु
त्वधर्मवालेवस्त्रादिक पुरुषरूपआधारतैंविना भूमिविषेपतनहोवैहै ॥ तैसे संपूर्णभूतप्राणियोंकेभारकूंधारणकरणेहारीपृथिवी
तथास्वर्ग येदोनोंभी गुरुत्वधर्मवालेतौहैं ॥ परंतु तिनोंका नीचैपतनहोतानहीं ॥ यातैं यहजान्याजावैहै ॥ कोईसर्वज्ञप
रमात्मादेव पृथिवीके तथास्वर्गके धारणकरणेहाराहै ॥ यातैं गुरुत्वधर्मवालीपृथिवीकी तथास्वर्गकीस्थितिभी परमात्माकेज
नावणेहारालिंगहै ॥ और हेगार्गी! जैसेराजाकरिकै प्रेरणाकरेहुएभृत्य नियमसैं कार्यकरैहैं ॥ तैसे निमेषतैंआदिलेके संवत्सर

पर्यंत जितना मुहूर्त प्रहर दिन पक्ष मास ऋतु रूपकालहै ॥ सोकाल नियमकरिकै सर्वभूतप्राणियोंके हितकूं तथाअहितकूं करै है ॥ तथा सर्वपदार्थोंकेआयुषकीगणतीकरै है ॥ यातैं यहजान्याजावैहै ॥ कोईसर्वज्ञपरमात्मादेव कालकेप्रेरणाकरणेहाराहै ॥ यातैं नियमपूर्वक कालकीप्रवृत्तिभी परमात्माकेजनावणेहारालिंगहै ॥ और हेगार्गी! हिमालयादिकपर्वतोंतैं उत्पन्नभई जेना नाप्रकारकी गंगादिकनदीयां तिनगंगादिकनदियोंका उत्पत्तिकालविषे जिसजिस पूर्वादिकदिशावोंविषे प्रवाहभयाहै ॥ तिसी तिसी पूर्वादिकदिशावोंविषे अबपर्यंत नियमसैं प्रवाह चल्याजावैहै॥ कदाचित्भी तिनोंका अन्यथाभावहोतानहीं ॥ यातैं यहजा न्याजावैहै ॥ कोईसर्वज्ञपरमात्मादेव गंगादिकनदियोंकूं नियमसैंचलावणेहाराहै ॥ यातैं गंगादिकनदियोंका नियमसैंप्रवाहभी अंतर्यामीपरमात्माकेजनावणेहारालिंगहै ॥ और हेगार्गी! शास्त्ररीतिसैं दानकरताजोधर्मात्मापुरुषहै ॥ तिसकी प्रामाणिकशिष्ट पुरुष स्तुतिकरैहैं ॥ और ताधर्मात्मापुरुषकूं शिष्टपुरुष आश्रयणकरै हैं॥ और जोपुरुष प्रमादकरिकै द्यूतादिकव्यसनविषे द्रव्यका खरचकरैहै ॥ तिसप्रमादीपुरुषकी प्रामाणिकशिष्टपुरुष उपेक्षाकरै हैं तथानिंदाकरै हैं ॥ यातैं यहजान्याजावैहै ॥ कोई कर्मकेफल काप्रदाता सर्वज्ञपरमात्मादेवहै ॥ जिसकेभयतैं प्रामाणिकशिष्टपुरुष धर्मात्मापुरुषकूं आश्रयणकरैहैं तथा ताकीस्तुतिकरैहैं ॥ औ र जोसर्वज्ञपरमात्माकूं नअंगीकारकरिये तौ जैसे प्रमादीपुरुषकी प्रामाणिकशिष्टपुरुष उपेक्षाकरैहैं तथानिंदाकरैहैं ॥ तैसे धर्मा त्मापुरुषकी प्रामाणिकशिष्टपुरुष उपेक्षा तथानिंदा किसवासतेनहींकरते? ॥ यातैं याप्रकारका प्रामाणिकशिष्टपुरुषोंकाव्यवहारभी सर्वज्ञपरमात्माकेजनावणेहारालिंगहै ॥ और हेगार्गी! यज्ञकर्तापुरुषकूं देवता आश्रयणकरैहैं ॥ और श्राद्धादिककर्मकर्तापुरुषकूं पि तरआश्रयणकरैहैं ॥ यातैं सर्वकार्यविषेसमर्थ देवतावोंका तथापितरोंका जोमनुष्यकेअधीनजीवनहै ॥ सोभी अंतर्यामीपरमात्माके जनावणेहारा लिंगहै ॥ यातैं हेगार्गी! जिसअक्षरआत्माकेआश्रित अव्याकृतआकाश हमनैं पूर्वकथनकऱ्याथा ॥ तिसीअक्षरआ त्माकी आज्ञाविषे यहसंपूर्णजगत् वर्तताहै ॥ और हेगार्गी! याअक्षरआत्माकूं नजाणिकरिकै जोपुरुष यज्ञ दान तप होम इ त्यादिकअनेककर्मोंकूं बहुतकालपर्यंत करताहै ॥ तिसअज्ञानीपुरुषकूं तेयज्ञादिककर्म नाशवान्फलकीप्राप्तिकरैहैं ॥ तात्पर्य

यह ॥ मेरेस्वरूपकेअज्ञानहुए संपूर्णयज्ञादिककर्म नाशवान्फलकूं उत्पन्नकरैं ॥ याप्रकारकानियम जिसपरमात्मा देवनैं कऱ्याहै ॥ ऐसेपरमात्मादेवविषे असंभावनाकरणी योग्यनहीं ॥ और हेगार्गी! जैसे कृमिकरिकैयुक्तश्वानकूं देखिकरिकै संपूर्णलोक ताश्वानकाशोककरैहैं ॥ तैसे अधिकारी मनुष्यशरीरकूंपाइकै याअक्षरआत्माकूं नजाणिकरिकै जोपुरुष मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ सोअज्ञानीपुरुष कृपणहै ॥ तथा सर्वलोकोंकेशोककाविषयहै ॥ और हेगार्गी! जोपुरुष याअक्षरआत्माकूंजाणिकरिकै याशरीरकापरित्यागकरैहै ॥ सोविद्वान्पुरुष यालोकविषे कृतकृत्यहै ॥ और सोईहीपुरुष ब्रह्मवेत्ताब्राह्मणहै ॥ शिष्यउवाच ॥ हेभगवन्! याज्ञवल्क्यमुनिनैं गार्गीकेप्रति जैसे अक्षरआत्माकेज्ञानकाउपदेशकऱ्या तैसे अक्षरआत्माके ज्ञानकेसाधनोंकाउपदेश किसवासतेनहींकऱ्या? ॥ श्रीगुरुरुवाच ॥ हेशिष्य! गुरुमुखतैंवेदांतशास्त्रकाश्रवण तथामनन तथानिदिध्यासन येतीनों अक्षरआत्माकेज्ञानकेसाधनहैं ॥ तेश्रवणादिकसाधन पूर्वकहोलब्राह्मणकेप्रति याज्ञवल्क्यमुनिनैं कहेथे ॥ और गार्गीनैंभी तिनसाधनोंका श्रवणकऱ्याथा ॥ याअभिप्रायकूंमनविषेराखिकै याज्ञवल्क्यमुनिनैं पुनःगार्गीकेप्रति श्रवणादिकसाधन नहींकहे ॥ अथवा याज्ञवल्क्यमुनिनैं ब्रह्मसाक्षात्काररूपफलवान्पुरुषकूं ब्राह्मणकह्या ॥ सोब्रह्मसाक्षात्काररूपफल श्रवणादिकसाधनोंतैंविना उत्पन्नहोवैनहीं ॥ यातैं जैसेकिसीवृद्धकुमारीकूंइंद्रनैंकह्या ॥ हमारेसैं तूं वरमाग ॥ आगेतैं सावृद्धकुमारी यहवर मागतीभई ॥ मेरेपुत्र कांस्यकेपात्रविषे क्षीरकूंभोजनकरैं ॥ याप्रकारकेवचनकरिकै सावृद्धकुमारी पति पुत्र धन इत्यादिकसर्वपदार्थोंकूंलेतीभई ॥ तैसे ब्रह्मसाक्षात्काररूपफलकेकथनकरणेकरिकै याज्ञवल्क्यमुनिनैं संपूर्णश्रवणादिकसाधन कथनकरे ॥ शंका ॥ हेभगवन्! मायाविशिष्टअंतर्यामीकास्वरूप याज्ञवल्क्यमुनिनैं पूर्वउद्दालककेप्रति कथनकऱ्याथा ॥ और गार्गीनैंभी सोश्रवणकऱ्याथा ॥ और अबी विनाहींपूछेतैं याज्ञवल्क्यमुनिनैं गार्गीकेप्रति पुनःअंतर्यामीकास्वरूप किसवासतेकह्या? ॥ समाधान ॥ हेशिष्य! जिसअभिप्रायकरिकै याज्ञवल्क्यमुनिनैं पुनःअंतर्यामीकास्वरूप गार्गीकेप्रति कह्याहै ॥ ताअभिप्रायकूं तुम श्रवणकरो ॥ उद्दालकब्राह्मणकेप्रति द्वितीयप्रश्नकेविचारविषे जोअंतर्यामी कथनकऱ्याथा ॥ सोअंतर्यामी अक्षरआत्मातैंभिन्ननहीं ॥ किंतु सोअंतर्यामी अक्षरआत्मारूप

है ॥ तात्पर्ययह ॥ शुद्धआत्माकूं अक्षरकहेहैं ॥ सोशुद्धआत्माही जबी मायारूपउपाधिकूंअंगीकारकरिकै जगत्के उत्पत्ति स्थिति
लय नियमन प्रवेश इत्यादिककार्योंकूंकरैहै ॥ तबी ताअक्षरआत्माकूं अंतर्यामीकहेहैं ॥ यातेंअक्षरआत्मातें अंतर्यामीभिन्ननहीं ॥ या
अर्थकेबोधनकरणेवासते याज्ञवल्क्यमुनिनें पुनःअंतर्यामीकेस्वरूपकूं कथनकऱ्याहै ॥ याज्ञवल्क्यउवाच ॥ हेगार्गी! यहअक्षरआ
त्मा नेत्रादिकसर्वदृश्यप्रपंचका साक्षीहै ॥ यातें ताअक्षरआत्माकूं नेत्रादिकदृश्यप्रपंच जाणिसकैनहीं ॥ और जैसे भित्तितें घट भि
न्नहोवैहै तैसे द्रष्टा श्रोता मंता विज्ञाता रूपजोयहजीवात्माहै ॥ सो ताअक्षरआत्मातें भिन्ननहीं ॥ किंतु यहजीव अक्षरआत्मारू
पहै ॥ यातें हेगार्गी! स्थूलसूक्ष्मप्रपंचरूपविक्षेपकाकारण तथा आत्माकूंआच्छादनकरणेहारा जोअव्याकृतआकाशहै ॥ सो अव्याकृ
तआकाश याअक्षरआत्माविषेहीरहैहै ॥ हेशिष्य! याज्ञवल्क्यरूपीमेघतें उत्पन्नभयाजोवाक्यरूपीअमृत ॥ कैसाहैसोवाक्यरूपी
अमृत? श्रद्धावान्पुरुषोंके कर्णोंकेतापकूंहरणेहाराहै ॥ याकारणतें अत्यंतदुर्लभहै ॥ ऐसेअमृतरूपीवचनकूंश्रवणकरिकै सागार्गी
अत्यंतआनंदकूंप्राप्तहोतीभई ॥ और कृपाकरिकैयुक्तहुई सागार्गी सर्वब्राह्मणोंकेप्रति याप्रकारकावचन कहतीभई ॥ गार्गीउवाच ॥
हेसर्वब्राह्मणो! तुमसर्वब्राह्मणोंकीसभाकेमध्यविषे मैंगार्गी पक्षपाततेंरहितहोईके एकवचन कहतीहूं ॥ तावचनकूं तुम सर्वब्राह्म
ण सावधानहोइकेश्रवणकरो ॥ यालोकविषे यद्यपि हमनें बहुतप्रकारकेपुरुषदेखेहैं ॥ तथापि याज्ञवल्क्यकेसमान कोईपुरुष हमनें
नहींदेख्या ॥ अब आत्मज्ञानयुक्त यहयाज्ञवल्क्यहीपुरुषहै याअर्थकेबोधन करणेवासते आत्मज्ञानतेंरहित अज्ञानीजीवोंकीनिंदा
कूं दिखावैहैं ॥ हेब्राह्मणो! यालोकविषे हमनें केईकपुरुष धवलगृहकेसमानदेखेहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे धवलगृह दूरसेंरमणी
कलागेहै ॥ और भीतरिजडताकरिकैयुक्तहै ॥ तैसे केईकपुरुष दूरसैंतौ रमणीकलागतेहैं ॥ और भीतरि तमोगुणकरिकै जडतायुक्त
हैं ॥ और हेब्राह्मणो! यालोकविषे हमनें केईकपुरुष भारवाहीवृषभकेसमानदेखेहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे वृषभ आपणेप्रयोजनतैंविना
ही भारकूंउठावैहैं ॥ तैसे कोईकपुरुष शास्त्रकूंपढिकरिकै अन्यलोकोंकेप्रतितौ शास्त्रकेअर्थकाउपदेशकरतेहैं ॥ परंतु आपणेमनविषेरं
चकमात्रभी शास्त्रकेअर्थकूंनहींधारणकरते ॥ यातें व्यर्थही शास्त्ररूपीभारकूंउठावैहैं ॥ और हेब्राह्मणो! यालोकविषे हमनें केईकपुरुष

शुकसारिकाकेसमानदेखेहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे शुकसारिकापक्षी सुंदरशब्दोंकाउच्चारणकरैहैं ॥ परंतु तिनशब्दोंकेअर्थकूंजाणतेनहीं ॥ तैसे केईकपुरुष सुंदरशब्दोंकूंउच्चारणकरतेहैं ॥ परंतु तिनशब्दोंकेअर्थकूंजाणतेनहीं ॥ और हेब्राह्मणो! यालोकविषे हमनें केईकपुरुष विशालनेत्रोंवालेभी अंधपुरुषकेसमानदेखेहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे अंधपुरुष अत्यंतसमीपवर्तिपदार्थोंकूंभी देखतानहीं ॥ तैसे केईकपुरुष अत्यंतसमीप हृदयदेशविषेवर्तमान आत्माकूंभी देखतेनहीं ॥ और हेब्राह्मणो! यालोकविषे हमनें केईकपुरुष चित्रलिखित मूर्तिकेसान देखेहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे चित्रलिखित मूर्ति देखणेविषे बहुतसुंदरलागेहै ॥ परंतु किसीकार्यकरणेविषे सामूर्ति समर्थहोवैनहीं ॥ तैसे केईकपुरुष देखणेविषेबहुतसुंदरलागतेहैं ॥ परंतु किसीकार्यकरणेविषे समर्थहोवैंनहीं ॥ और हेब्राह्मणो! यालोकविषे हमनें केईकपुरुष कुपथ्यभोजनकेसमान देखे हैं ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे कुपथ्यभोजन प्रथम आनंदकाहेतुहोवैहै ॥ और परिणामकालविषे दुःखकाकारणहोवैहै ॥ तैसे केईकपुरुष सभाविषे लोकोंकेप्रति सत्यअर्थकाउपदेशकरिकै किंचित्मात्र प्रसन्नताकूंउत्पन्नकरैहैं ॥ और एकांतदेशविषे असत्यअर्थकाउपदेशकरिकै दुःखकाकारणहोवैहैं ॥ और हेब्राह्मणो! यालोकविषे हमनें केईकपुरुष व्याघ्रकेसमानदेखेहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे व्याघ्र मृगादिकपशुवोंकाहननकरैहै ॥ तैसे केईकपुरुष शरीर मन वाणी करिकै सर्वदा जीवोंकीहिंसाकरैहैं ॥ और हेब्राह्मणो! यालोकविषे हमनें केईकपुरुष मदिरापानकरिकैमत्त वानरकेसमानदेखेहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे मदिरापानकरिकै मत्तहुआवानर अत्यंतचंचलहोवैहै ॥ तैसे केईकपुरुष अज्ञानरूपीमदिरापानकरिकै शास्त्रविरुद्ध नानाप्रकारकीचेष्टाकरैहैं ॥ और हेब्राह्मणो! यालोकविषे हमनें केईकपुरुष कामरूपीशत्रुकेवशहुए देखेहैं ॥ और केईकपुरुष हमनें क्रोधरूपीशत्रुकेवशहुएदेखेहैं ॥ और केईकपुरुष हमनें लोभमोहादिकशत्रुवोंकेवशहुएदेखे हैं ॥ और हेब्राह्मणो! वेदोंकूं तथावेदकेअंगोंकूं जानणेहारेजेदेवतापुरुषहैं ॥ तेभी सत्व रज तम यातीनगुणोंकरिकैयुक्तहैं ॥ यातें विषयोंविषे रागवान्ही हमनें देखेहैं ॥ और तिनदेवतापुरुषोंके स्वप्नविषे तथाजाग्रत्विषे किंचित्मात्रभी विलक्षणतानहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ जाग्रत्विषे जोनिद्राकाविरोधीपणाहै ॥ यहही जाग्रत्विषे स्वप्नतैंविलक्षणताहै ॥ साविलक्षणता त्रिगुणअभिमानीदेवतावोंकेजाग्रत्विषेसंभवैनहीं ॥

काहेतें? तिनदेवतावोंनें अद्वितीयआत्माकेज्ञानकरिकै आपणेअज्ञानकीनिवृत्तिकरीनहीं ॥ और जबपर्यंत जीवोंकूं अद्वितीयआत्माकासाक्षात्कारनहींहोवैहै ॥ तबपर्यंत अज्ञानकीनिवृत्तिहोतीनहीं ॥ और त्रिगुणअभिमानीदेवतापुरुषोंकूं जोब्रह्मकाज्ञानहोवैहै ॥ सोभी अज्ञानरूपीनिद्राविषेहीहोवैहै ॥ ताज्ञानकरिकै तिनोंकेमूलाअज्ञानकीनिवृत्तिहोवैनहीं ॥ और हेब्राह्मणो! यालोकविषे कितनेकीपुरुष व्याकरणशास्त्रकूंपढेहैं ॥ ताव्याकरणकरिकै पदार्थोंकेज्ञानविषे तिनपुरुषोंकीबुद्धि कुशलहोवैहै ॥ और कितनेकीपुरुष मीमांसाशास्त्रकूंपढेहैं ॥ तामीमांसाशास्त्रकरिकै वाक्यार्थज्ञानविषे तिनपुरुषोंकीबुद्धि कुशलहोवैहै ॥ और कितनेकीपुरुष न्यायशास्त्रकूंपढेहैं ॥ तान्यायशास्त्रकरिकै प्रमाणज्ञानविषे तिनपुरुषोंकीबुद्धि कुशलहोवैहै ॥ और कितनेकीपुरुष धर्मशास्त्रकूंपढेहैं ॥ ताधर्मशास्त्रकरिकै धर्मअधर्मकेज्ञानविषे तिनपुरुषोंकीबुद्धि कुशलहोवैहै ॥ इसप्रकार अन्यशास्त्रकूंभीपढिकै तिसीतिसीअर्थविषे तिनोंकीबुद्धि कुशलदेखीजातीहै परंतु अद्वितीयब्रह्मकाप्रतिपादक जोवेदांतशास्त्रहै ताकेअर्थविषे तिनपुरुषोंकेबुद्धिकीकुशलता देखीतीनहीं ॥ और हेब्राह्मणो! यालोकविषे जिनपुरुषोंकूं वेदांतशास्त्रकेअर्थकाज्ञानभीहै ॥ सोज्ञानभी समग्रनहीं ॥ किंतु यत्किंचितूअर्थकाज्ञानहै ॥ तायत्किंचितूअर्थकेज्ञानतें संशयकीनिवृत्तिहोवैनहीं ॥ और हेब्राह्मणो! जिनपुरुषोंकूं समग्रवेदांतशास्त्रकेअर्थकाज्ञानभीहै ॥ तौभी कामक्रोधादिकप्रतिबंधोंकेवशते सोज्ञान तिनपुरुषोंकेमूलाअज्ञानकीनिवृत्तिकरणेविषे समर्थहोतानहीं ॥ दृष्टांत ॥ जैसे अग्निकेसंबंधकरिकै नष्टहुईहैशक्तिजिनोंकी ऐसेजोभूनेधानहैं ॥ तेधान किसीफलकूंउत्पन्नकरतेनहीं ॥ तैसे कामक्रोधादिकप्रतिबंधोंकरिकैयुक्तहुआज्ञान तिनपुरुषोंकेमूलाअज्ञानकीनिवृत्तिकरतानहीं ॥ अब कामक्रोधादिकोंकीअपेक्षाकरिकै अहंकारविषे ज्ञानकीमुख्यप्रतिबंधकतादिखावैहैं ॥ हेब्राह्मणो! जैसे अपराधीचौरपुरुषोंकेबंधनकागृह स्तंभोंकेआश्रितरहैहै ॥ तिनस्तंभोंविषेभी एकमध्यकास्तंभ मुख्यहोवैहै ॥ और दूसरेकोणोंकेस्तंभ गौणहोवैहैं ॥ तैसे अज्ञानीजीवोंकेबंधनकागृह यहसंसार कामक्रोधादिकस्तंभोंके आश्रितरहैहै ॥ तिनस्तंभोंविषेभी यहअहंकार मध्यकामूलस्तंभहै ॥ और कामक्रोधादिक कोणोंकेस्तंभहैं ॥ और जैसे कोणस्तंभोंकेनाशहुएभी जबपर्यंत मूलस्तंभविद्यमानहोवैहै ॥ तबपर्यंत गृहकानाशहोवैनहीं ॥ तैसे कामक्रोधादिकोंकेनिवृ

त्तहुएभी जबपर्यंत यहअहंकार विद्यमानहोवैहै ॥ तबपर्यंत यासंसारकीनिवृत्तिहोतीनहीं ॥ यातें आत्मज्ञानविषे मुख्यप्रतिबं धकहै ॥ अब अहंकारकी सर्वत्रव्यापकतादिखावैहै ॥ हेब्राह्मणो! यहअहंकार सर्वजीवोंविषेस्थितहै ॥ अहंकारसैंरहित कोईभी जीव मैं नहींदेखती ॥ काहेतैं? याजनकराजाकेयज्ञविषे सर्वदेशोंकेविद्वान्ब्राह्मण इकठेहुएहैं॥ तिनोंविषे कितनेकब्राह्मण एक काम दोषतैंरहितहैं ॥ और कितनेकब्राह्मण काम क्रोध दोनोंदोषतैंरहितहैं ॥ और कितनेकब्राह्मण काम क्रोध लोभ मोह इत्यादिक बहुतदोषोंतैंरहितहैं ॥ परंतु अहंकारतैंरहित कोईभीब्राह्मण मैं देखतीनहीं ॥ यातें अहंकार सर्वत्रव्यापकहै ॥ अब अहंकारविषे दुर्विज्ञेयतादिखावैहै ॥ हेब्राह्मणो! अहंकारतैंभिन्न जितने काम क्रोध लोभ मोहादिकदोषहैं ॥ तिनोंविषे बुद्धिमान्पुरुष शास्त्रप्रमाणतैं तथाआपणेअनुभवतैं दुःखकीकारणताजाणिके तिनकामादिकोंकापरित्यागकरैहैं ॥ परंतु अहंकारविषे जोदुःखकीकारणताहै सा शास्त्रप्रमाणतैं तथाअनुभवतैं जाणीजावैनहीं ॥ काहेतैं! सर्वशास्त्रकेवेत्ता जोविद्वान्पुरुषहैं॥ तिनोंविषेभी अहंकारदेखीताहै ॥ जो शास्त्रप्रमाणतैं तथाअनुभवप्रमाणतैं तिनविद्वान्पुरुषोंनैं अहंकारविषे दुःखकीकारणताजाणीहोवै तौ किसवासते पुनः अहंकारकरतेहैं? ॥ यातें तिनशास्त्रवेत्तापुरुषोंनैं अहंकारविषे दुःखकीकारणता नहींजाणी ॥ याअर्थविषे शास्त्रवेत्ता तुमसर्वब्राह्मणही दृष्टांतहो ॥ अब अहंकारविषे यालोकपरलोकके दुःखकीकारणतादिखावैहैं ॥ हेब्राह्मणो! जैसे मदिरापानकरिकै पुरुष विपरीतदर्शीहोवैहै ॥ तैसे अहंकाररूपीमदिरापानकरिकै यहपुरुष विपरीतदर्शीहोवैहै ॥ और ताविपरीतदर्शनकरिकै यहअहंकारीपुरुष आपणेमातापिताका तथाअन्यबांधवोंका तथादेवतावोंका तथापंडितब्राह्मणोंका निरादर करैहै ॥ और कृष्णसर्पकेसमान शीघ्रही मृत्युकेकारणजेराजेहैं ॥ तिनोंकीभी अहंकारीपुरुष अवज्ञाकरैहै ॥ और सोयेहुएसर्पकेसमान मृत्युकेकारण जेबुद्धिमान् ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्यहैं तिनोंकीभी सोअहंकारीपुरुष अवज्ञाकरैहै ॥ याप्रकार सर्वजीवोंकीअवज्ञाकरणेहारा जोअहंकारीपुरुषहै ॥ सो यालोकविषे शीघ्रही प्राणांतदुःखकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और सर्वप्राणियोंकीअवज्ञाकरिकै उत्पन्नभयाजोपापहै ॥ तापापकर्मकरिकै सो अहंकारीपुरुष मरिकै रौरवनरककूंप्राप्तहोवैहै ॥ यातें यालोकविषे तथापरलोकविषे अहंकारही जीवोंकेदुःखकाकारणहै ॥ हेब्रा

ह्मणो! याप्रकारकाअहंकारदोष इसयाज्ञवल्क्यविषेहैनहीं ॥ यातें कामक्रोधादिकदोषभी याज्ञवल्क्यविषेनहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे व्यापकअग्निकेअभावहुए व्याप्यधूम तहांरहैनहीं ॥ तैसे व्यापकअहंकारकेअभावहुए व्याप्यकामक्रोधादिक तहांरहैंनहीं ॥ यातें हेब्राह्मणो! तीनलोकोंविषे यहयाज्ञवल्क्यही एकपुरुषहै ॥ याज्ञवल्क्यकेसमान कोईदूसरापुरुषनहीं ॥ काहेतें? श्रुतिविषे सर्वत्रपूर्णकूं पुरुषकह्याहै ॥ और याब्रह्मवेत्तायाज्ञवल्क्यमुनिकरिकै स्थूलसूक्ष्मरूपसंपूर्णजगत् पूर्णहोइरह्याहै ॥ यातें यहयाज्ञवल्क्यही एकपुरुषहै ॥ तात्पर्ययह ॥ श्रुतिनें ब्रह्मकूं सर्वत्रपूर्णकह्याहै ॥ और ब्रह्मविद्ब्रह्मैवभवति ॥ अर्थयह ब्रह्मकूंजानणेहारापुरुष ब्रह्मरूप होवैहै ॥ याश्रुतिविषे ब्रह्मवेत्तापुरुषकूं ब्रह्मरूपताकहीहै ॥ यातें ब्रह्मवेत्तायाज्ञवल्क्यमुनिविषे सर्वत्रपूर्णतासंभवैहै ॥ हेब्राह्मणो! ऐसायाज्ञवल्क्यकास्वरूप मैंगार्गीनें शास्त्रप्रमाणकरिकै तथाआपणेअनुभवतें निश्चयकऱ्याहै ॥ और हेब्राह्मणो! दूसराएकआश्चर्य तुमदेखो ॥ नचक्षुषागृह्यतेनापिवाचा ॥ अर्थयह ॥ मांसमयचक्षुकरिकै तथावाणीकरिकै आत्मा जान्याजावैनहीं ॥ याप्रकारका श्रुतिवाक्य असत्यकी न्यांई मेरेकूंप्रतीतहोताहै ॥ काहेतें? श्रुतिनेंतौ यहकह्याहै ॥ सर्वत्रपूर्णपुरुष मांसमयनेत्रोंकरिकै देख्याजावैनहीं ॥ और मैंगार्गी यामांसमयनेत्रोंकरिकै सर्वत्रपूर्णयाज्ञवल्क्यपुरुषकूं आपणेसन्मुखदेखतीहूं ॥ यातें ताश्रुतिवाक्यविषे सत्यपणेकी संभावनाहोवैनहीं ॥ और हेब्राह्मणो! वास्तवतेंविचारकरिकैदेखियेतौ सोश्रुतिवाक्य सत्यहीहै ॥ काहेतें? मांसमयनेत्रोंकरिकै तुमसंपूर्णब्राह्मण याज्ञवल्क्यकेवास्तवस्वरूपकूं जाणतेनहीं ॥ और मैंगार्गीतौ शास्त्रप्रमाण तथाअंतरअनुभव यादोनोंकरिकैयुक्तजोनेत्र हैं ॥ तानेत्रोंकरिकै याज्ञवल्क्यकेवास्तवस्वरूपकूंजाणतीहूं ॥ केवलमांसमयनेत्रकरिकै मैंभी नहींजाणती ॥ दृष्टांत ॥ जैसे सोऽयंदेवदत्तः ॥ याप्रत्यभिज्ञाज्ञानविषे अतीत तत्ताअंशकेज्ञानमें केवलनेत्रइंद्रियकूंकारणतानहीं ॥ किंतु पूर्वसंस्कारसहकृतनेत्रइंद्रियकूं कारणताहै ॥ तैसे यापूर्णपुरुषकेज्ञानविषेभी केवलनेत्रइंद्रियकूंकारणतानहीं ॥ किंतु शास्त्रप्रमाण तथाअंतरअनुभव यादोनोंकरिकै युक्तनेत्रइंद्रियकूं कारणताहै ॥ यातें पूर्वउक्तश्रुतिकाविरोधनहीं ॥ और हेब्राह्मणो! जिसमातापितातें यहब्रह्मवेत्ता याज्ञवल्क्य उत्पन्न भयाहै ॥ सोमातापिताभी धन्यहैं ॥ और जिसपृथिवीऊपरि यहयाज्ञवल्क्य विचरताहै सापृथिवीभी धन्यहै ॥ और यासभाविषेमें गा

गींकूं तथाजनकराजाकूं तथातुमसंपूर्णब्राह्मणोंकूं इसयाज्ञवल्क्यमुनिका दर्शनभयाहै ॥ तथा ताकेवचनोंकाश्रवणभयाहै ॥ यातें मैंगा
गीं तथाजनकराजा तथातुमसंपूर्णब्राह्मण धन्यधन्यहैं ॥ और हेब्राह्मणो! याजगत्‌विषे याज्ञवल्क्यकेसमान कोईपुरुष पूर्वहुआ
नहीं ॥ और इदानींकालविषे कोईहैनहीं ॥ और आगेकोईहोवैगानहीं ॥ यातें हेब्राह्मणो! शीतलचंदनकेसमान तथाक्षीरसमुद्रके
समान जोयहयाज्ञवल्क्यहै ॥ ताकाविवादरूपीमथन तुम मतकरो ॥ जोतुमब्राह्मण अहंकारकरिकै याज्ञवल्क्यकेसाथ विवादकरो
गे तौ जैसे अतिमथनकरिकै क्षीरसमुद्रतें कालकूटविष उत्पन्नभयाथा ॥ तथा अतिमथनकरिकै जैसे चंदनतें अग्निउत्पन्नहोवैहै ॥
तैसे याज्ञवल्क्यमुनितें शापरूपीकालकूटविष तथाशापरूपीअग्नि उत्पन्नहोवैगा ॥ ताशापरूपीअग्निकरिकै तुमसर्वब्राह्मणोंकाना
शहोवैगा ॥ यातें याज्ञवल्क्यकेसाथ तुम विवादमतकरो ॥ किंतु दोनोंलोकोंविषेदुःखकेदेणहारा जोअहंकारहै ॥ ताकापरित्याग
करिकै तुमसर्वब्राह्मण याज्ञवल्क्यगुरुकूं नमस्कारकरो ॥ और हेब्राह्मणो! आत्माकेअपरोक्षज्ञानवाला जोयहयाज्ञवल्क्यहै ॥ ति
सकेसाथ परोक्षज्ञानवालेहमोंनें व्यर्थही विवादकाआरंभकर्‌याहै ॥ ताविवादकरिकै हमारेकूं दुःखकीहीप्राप्तिहोवैगी ॥ तात्पर्ययह ॥
जैसे लोकविषे एकपुरुषकूं नेत्रोंकरिकै काशीकाअपरोक्षज्ञानभयाहै ॥ और दूसरेपुरुषकूं शब्दप्रमाणकरिकै काशीकापरोक्ष
ज्ञानभयाहै ॥ तिसपरोक्षज्ञानवालेपुरुषका अपरोक्षज्ञानवालेपुरुषकेसाथ काशीकेस्वरूपनिर्णयकरणेविषे विवादसंभवैनहीं ॥
तैसे आत्माकेअपरोक्षज्ञानवान् याज्ञवल्क्यकेसाथ आत्माकेपरोक्षज्ञानवाले हमसंपूर्णोंका विवादसंभवैनहीं ॥ और हेब्राह्मणो!
पूजाकरणेयोग्य आत्मज्ञानरूपीसमुद्र जोयहयाज्ञवल्क्यहै ॥ तिसकूं उल्लंघनकरणेवासते हमप्रतिवादीयोंनें विवादरूपीपादकरिकै
स्पर्शकर्‌याहै ॥ यातें हमारेविषे महान्‌पापकीउत्पत्तिभईहै ॥ तापापकेनिवृत्तिकाउपाय दूसराकोईहैनहीं ॥ किंतु याज्ञवल्क्यकेतांई
वारंवार नमस्कारकरणाही तापापकेनिवृत्तिकाउपायहै ॥ यातें हेब्राह्मणो! तापापकीनिवृत्तिवासते तथामनवांछितपदार्थोंकीप्राप्ति
वासते तुमसंपूर्णब्राह्मण याज्ञवल्क्यकेतांई नमस्कारकरो ॥ यहवार्त्ता श्रुतिविषेभीकहीहै ॥ आत्मज्ञंह्यर्चयेद्भूतिकामः ॥ अर्थयह ॥
इसलोकके तथापरलोकके धनपुत्रादिकपदार्थोंकीकामनावाला जोसकामपुरुषहै ॥ सो शरीरकरिकै तथाधनकरिकै ब्रह्मवेत्ताज्ञानीपु

रुषकीसेवाकरै ॥ तासेवाकरिकै सर्वमनवांछितपदार्थ तिसपुरुषकूं प्राप्तहोवैहैं ॥ १ ॥ यातैं हेब्राह्मणो! याज्ञवल्क्यकेजीतणेकीइ
च्छाकापरित्यागकरिकै तुमसर्वब्राह्मण याज्ञवल्क्यकेतांई नमस्कारकरो॥ हेशिष्य! याप्रकारकेवचन सर्वब्राह्मणोंकेप्रतिकहिकै सा
गार्गी याज्ञवल्क्यमुनिकेतांई प्रणामकरिकै पुनःप्रश्नकरणेतैं निवृत्तहोतीभई॥ तिसतैंअनंतर गार्गीकेवचनरूपीअमृतकेपानकरिकै
निवृत्तहुएहैं अहंकारादिकदोषजिनोंके ऐसेजेआश्वलादिकसर्वब्राह्मणहैं तेसंपूर्णब्राह्मण याज्ञवल्क्यकेतांई नमस्कारकरतेभये ॥
तिनब्राह्मणोंविषेभी केईकब्राह्मण मस्तककरिकै प्रणामकरतेभये ॥ और केईकब्राह्मण वाणीकरिकै नमस्कारकरतेभये ॥ और केई
कब्राह्मण मनकरिकै नमस्कारकरतेभये॥ एकविदग्धनामा शाकल्यब्राह्मण भावीमृत्युकरिकै मोहितहुआ याज्ञवल्क्यकेतांई नम
स्कार नहींकरताभया॥ तब जन्मकालकेनक्षत्रहैं भाविअर्थकेबोधकजिनोंके ऐसेजेज्योतिषशास्त्रकेजानणेहारेविद्वान्हैं ॥ ते शाक
ल्यकेजन्मनक्षत्रोंकूंदेखिकरिकै याप्रकारकाभावीअर्थ निश्चयकरतेभये ॥ यहशाकल्य याज्ञवल्क्यकेसाथ विविधप्रकारकीईर्षाकरिकै
दग्धहोवैगा॥ याप्रकारकेभावीअर्थकूंजाणिकै ते ज्योतिष्शास्त्रकेजानणेहारेपंडित शाकल्यका विदग्धनाम राखतेभये॥ और शास्त्र
विषे बुद्धिमान्पुरुषकूंभी विदग्धकहेहैं॥ यातैंसोविदग्धनाम शाकल्यकेबुद्धिमान्पणेकूंबोधनकरताहुआ शाकल्यकेमातापिताकूं आ
नंदकीप्राप्तिकरताभया॥ और वास्तवतैंविचारकरिकैदेखियेतौ विदग्धशब्दका प्रथमअर्थही शाकल्यविषेघटे है॥ विदग्धशब्दका
दूसराअर्थ शाकल्यविषेघटतानहीं॥ काहेतैं? जोबुद्धिमान्पुरुषहोवैहै॥ सो आपणेहितकारीवचनोंकूं अंगीकारकरैहै ॥ और यहशा
कल्यतौ गार्गीके हितकारीवचनोंकूं श्रवणकरिकै उलटा क्रोधवान्होताभया॥ दृष्टांत ॥ जैसे सर्पकेप्रातं दुग्धपानकरायाहुआभी
विषकीहीवृद्धिकरैहै॥ तैसे गार्गीकेहितकारीवचनभी शाकल्यकेक्रोधकाहेतु होतेभये॥ यातैं शाकल्यविषे बुद्धिमान्पणा संभवैन
हीं॥ अब विदग्धशब्दकाप्रथमअर्थ शाकल्यविषे दिखावैहैं॥ हेशिष्य! याज्ञवल्क्य सूर्यभगवान्तैंविद्याकूंप्राप्तभयाहै ॥ याप्रका
रकावचन जिसदिनविषे शाकल्यनैंश्रवणकऱ्या॥ तिसदिनतैंलैके सोशाकल्य विविधप्रकारकीईर्षाकरिकै दग्धहोताभया॥ और
याज्ञवल्क्य सूर्यभगवान्तैं शुक्लयजुर्वेदकूंप्राप्तभयाहै ॥ याप्रकारकावचन जोकिसीप्रसंगपाइके किसीपुरुषकेमुखतैं शाकल्य

श्रवणकरै तौ तिसवचनकहणेहारेपुरुषकेप्रति याप्रकारकाकठोरवचन सोशाकल्य कहताभया ॥ यहयाज्ञवल्क्य जैसे सूर्यभगवानतैं शुक्लवर्णवालेयजुर्वेदकूं प्राप्तभयाहै ॥ तैसे चंद्रमातैं रक्तवर्णवाले अथर्वणवेदकेकांडकूंभी प्राप्तभयाहै ॥ तथा भौमतैं हरितवर्णवाले ऋग्वेदकेकांडकूंभी प्राप्तभयाहै ॥ याप्रकारके उपहासयुक्त कठोरवचनोंकूं रात्रिदिनविषे सोशाकल्य लोकोंकेप्रति कथनकरताभया ॥ और याज्ञवल्क्यकेनिंदाकूं नहींसहनकरणेहारे जेसज्जनपुरुषहैं ॥ तिनोंनैं याज्ञवल्क्यकेसाथ विवादकरावणेवासते शाकल्यकूंप्रेरणाकरीभी ॥ तौभी मेरेसमानयाज्ञवल्क्यनहींहै याप्रकारकेअभिमानकरिकै सोशाकल्य विवादकरणेवासतेभी याज्ञवल्क्यकेसमीप आवैनहीं ॥ किंतु जैसे अर्जुनकेसाथ करण स्पर्धाकरताभया ॥ और जैसेइंद्रकेसाथ नमुचिनामादानव स्पर्द्धाकरताभया ॥ तैसे सो शाकल्य याज्ञवल्क्यकेसाथ स्पर्धाकरताभया ॥ शंका ॥ हेभगवन्! याज्ञवल्क्यकेसाथ जोशाकल्यकीबहुतस्पर्धाथी तौ सर्वब्राह्मणोंतैंप्रथमही शाकल्यनैं याज्ञवल्क्यकेप्रति किसवासते प्रश्ननहींकऱ्या? ॥ समाधान ॥ हेशिष्य! जिसकालविषे याज्ञवल्क्यनैं गौवोंकाहरणकऱ्याथा ॥ तिसकालविषेभी सोशाकल्य तासभाविषेस्थितथा ॥ परंतु ताकालविषे सोशाकल्य आपणेमनविषे याप्रकारकाविचारकरिकै प्रश्नकूं नहींकरताभया ॥ अब शाकल्यकेविचारकूंदिखावैहैं ॥ इसयाज्ञल्क्वयनैं सर्वब्राह्मणोंकीसभाविषे जोगौवोंकाहरणकऱ्याहै ॥ सो अत्यंतअनुचितकर्मकऱ्याहै ॥ यातैंयहजान्याजावैहै ॥ सर्वब्राह्मणोंकेपरोक्ष इसयाज्ञवल्क्यनैं मैंसूर्यभगवानकाशिष्यहूं याप्रकारकामिथ्यावचनकहिकै सर्वलोकोंकूं मोह उत्पन्नकऱ्याहै ॥ तापापकर्मका याप्रकारकाफल अबीयाज्ञवल्क्यकूं प्राप्तभयाहै ॥ आजदिनतैंलेके पूर्वपूर्वकालविषे इसयाज्ञवल्क्यका जोप्रतिष्ठापूर्वक जीवनथा ॥ सो आजदिनतैंलेके आगेआगे समाप्तभया ॥ काहेतें? यहयाज्ञवल्क्य भंडपुरुषकीन्यांई पाखंडीहै याप्रकारजाणिकरिकै हमनैं तथाअन्यसर्वब्राह्मणोंनैं इसयाज्ञवल्क्यकी उपेक्षाकरीहै ॥ और विद्वान्पुरुष जिसपुरुषकीउपेक्षाकरैहैं ॥ तिसपुरुषकूं लोकविषेभीकोई सत्कारकरतानहीं ॥ यातैं सर्वब्राह्मणोंकाअपमानकरिकै गौवोंकेहरणेतैं याज्ञवल्क्यकूं यहफल प्राप्तभया ॥ किंवा ॥ जैसे सूर्यभगवान्केसमीप अंधकाररहतानहीं ॥ तैसे सर्वविद्वान्ब्राह्मणोंकेसमीप किसीपुरुषका पाखंडचलतानहीं ॥ याप्रकारकेअर्थकूंभी पापकरिकैमोहि

तहुआ यहयाज्ञवल्क्य जाणतानहीं ॥ जोब्राह्मणोंकेमहात्म्यकूं यहयाज्ञवल्क्य जाणताहोवै तौ जिनब्राह्मणोंके एकबालककेतेज
कूं देवराजइंद्रभी सहारिनहींसकता ॥ ऐसे सर्वब्राह्मणोंकेसमीप यहयाज्ञवल्क्य गौवोंकाहरणरूप अनुचितकर्म नहींकरता ॥ हे
शिष्य ! इसतैंआदिलेके बहुप्रकारकाविचार आपणेमनविषेकरिकै अहंकारकरिकैयुक्तहुआ सोशाकल्य पूर्ववतूष्णीहोताभया ॥ औ
र ताशाकल्यनैं जबी सर्वब्राह्मणोंकापराजयदेख्या ॥ तथा सर्वब्राह्मणोंसहित गार्गीका याज्ञवल्क्यकेतांई नमस्कारदेख्या ॥
तबी जैसे पादकरिकैहतहुआसर्प क्रोधवानहोवैहै ॥ तैसे शाकल्यकेनेत्र क्रोधकरिकैपूर्णहोतेभये ॥ और भ्रुकुटी तथालि
लाट ताशाकल्यका कुटिलहोताभया ॥ और वारंवार ऊचैश्वासोकूंउठावताभया ॥ और जैसे किसीपुरुषका जबीपुत्रमरै
है ॥ तबी सोपुरुष दैवकूंधिक्कारकरैहै ॥ तैसे सोशाकल्य दैवकूं धिक्कार करताभया ॥ और सोशाकल्य आपणेमनविषे
याप्रकारकाचिंतन करताभया ॥ यालोकविषे जैसाकी दैवकाबलहै ॥ तैसा शास्त्रअध्ययनकाभी बलनहीं ॥ और तैसाउ
त्तमकुलकाभीबलनहीं ॥ और तैसामंत्रादिकोंकाभीबलनहीं ॥ काहेतें? शास्त्र उत्तमकुल मंत्रादिकोंकरिकैयुक्त इनसर्वब्राह्मणोंका
जोयाज्ञवल्क्यनैं पराजयकर्‍याहै ॥ सोकेवल दैवबलसैंही पराजयकर्‍याहै ॥ दूसराविद्यादिकोंकाबल कोईयाज्ञवल्क्यकूंहैनहीं ॥ या
तें दैवकाबल विद्यादिसर्वबलोंतैं अधिकहै ॥ किंवा ॥ इतिहासोंविषे बुद्धिमानपुरुषोंनैं याप्रकारकेवचनकहेहैं ॥ निमेष मुहूर्त प्रह
र दिन पक्ष मास ऋतु अयन संवत्सर इत्यादिरूप जोकालभगवान्है ॥ सो प्रतिकूलहुआ सर्वजीवोंकेबुद्धिकूं अन्यथाकरैहै ॥ औ
र अनुकूलहुआ सोकाल सर्वजीवोंकेबुद्धिकीवृद्धिकरैहै ॥ ताकालकेउल्लंघनकरणेविषे कोईभीपुरुष समर्थनहीं ॥ यहइतिहासोंकाव
चन आजदिनविषे सत्यहुआ॥ काहेतें? जैसे कोईपाखंडीपुरुष मूढबालककूं पराजयकरैहै ॥ तैसे ब्रह्माकेसमानविद्यावाले इनसर्व
ब्राह्मणोंकूं यहदुर्बुद्धियाज्ञवल्क्य जीतताभयाहै॥ यातें यहजान्याजावैहै ॥ कालभगवान्कूं कोईपुरुष उल्लंघनकरिसकतानहीं ॥ जि
सकालभगवान्कीप्रतिकूलतातैं इनसर्वविद्वानब्राह्मणोंका पराजयभयाहै ॥ और जिसकालभगवान्कीअनुकूलतातैं विद्याहीन
याज्ञवल्क्यका जयभयाहै ॥ किंवा ॥ यालोकविषे जोकार्य होणेवालाहोताहै ॥ सोकार्य अवश्यहोताहै ॥ सहस्रउपायोंकरिकैभी

ताकार्यकीनिवृत्तिहोतीनहीं ॥ यहजोवार्ता शास्त्रविषेलिखीहै सोभी आजदिनविषे सत्यभई ॥ काहेतें? यासमाजविषे जितने
ब्राह्मण इकठेभयेहैं ॥ तेसंपूर्ण ब्रह्माकेसमानविद्यावालेहैं ॥ और यहकृपणयाज्ञवल्क्य विद्यातेंरहितहै ॥ परंतु इसयाज्ञवल्क्य
काजय होणेहाराथा ॥ और इनसर्वब्राह्मणोंकापराजय होणेहाराथा ॥ सोअवश्यभया ॥ याकरिकै हमारेकूंबहुतखेदहुआहै ॥ अ
थवा यहकाल हमारेयशकेवृद्धिकरणेवासतेप्राप्तभयाहै ॥ काहेतें? इसयाज्ञवल्क्यनैं सर्वविद्वान्ब्राह्मणोंकूंजीत्याहै ॥ और मैं जबी
इसयाज्ञवल्क्यकूंजीतौंगा ॥ तबी सर्वलोकोंविषे हमारायशहोवैगा ॥ यातें यहकाल हमारेकूं यशकीप्राप्तिकरणेवासतेआयाहै ॥ हे
शिष्य! इसतैंआदिलैके नानाप्रकारकाविचार सोशाकल्य आपणेमनविषेकरताभया ॥ और भावीअर्थकेजानणेहारी गार्गीनैं जो
पूर्वहितकाउपदेशकऱ्याथा ॥ ताउपदेशकूं परित्यागकरिकै सोदुर्बुद्धिशाकल्य याज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति प्रश्नकरणेकाआरंभ करताभ
या ॥ अब जिसदुर्बुद्धिकरिकै शाकल्यनैं गार्गीकावचन नहींअंगीकारकऱ्याथा ॥ ताशाकल्यकेदुर्बुद्धिकूंदिखावैहैं ॥ यहगार्गी कुमा
रीहै ॥ तथा यौवनअवस्थाकरिकैयुक्तहै ॥ और पितामाताकेगृहसैं बाहरिनिकसिकै व्यभिचारिणीस्त्रीकीन्यांई आपणीइच्छासैंवि
चरतीहै ॥ और कामीपुरुषोंविषे यागार्गीकी सदैवइच्छारहैहै ॥ और यासभाविषे एकयाज्ञवल्क्यतैंविना जितनेब्राह्मणहैं ते स
दाचारकरिकैयुक्तहैं ॥ और स्नानशौचादिककर्मोंविषे जिनोंकी नित्यहीप्रीतिहै ॥ और जटाश्मश्रुवोंकरिकैयुक्तहैं ॥ और तपकरिकै
जिनोंकाशरीर कृशभयाहै ॥ और वृद्धअवस्थाकरिकैयुक्तहैं ॥ ऐसेयेउत्तमब्राह्मण यानग्नगार्गीकूं नेत्रोंकरिकैभी नहींदेखते तौ या
निर्लज्जगार्गीविषे तेब्राह्मण किसवासतेइच्छाकरैंगे?॥ और यहयाज्ञवल्क्य यौवनअवस्थाकरिकैयुक्तहै ॥ तथा शरीर जिसका स्नि
ग्धहै ॥ तथा निरंतर शरीरकापोषणकरैहै ॥ तथा अत्यंतकामीहै ॥ तथा वेदकेअर्थोंकूं अन्यथाकरणेहाराहै ॥ ऐसादुर्बुद्धि यहयाज्ञ
वल्क्य पापनेत्रोंकरिकै गार्गीकेयोनिकूं तथास्तनोंकूं तथामुखकूं वारंवारदेखैहै ॥ और जिसकालविषे यहयाज्ञवल्क्य यासभाविषे
आयाहै ॥ तिसकालतैंलैकेअबपर्यंत इसयाज्ञवल्क्यकीदृष्टि राजाजनकविषे तथागार्गीविषे हमदेखतेहैं ॥ इनदोनोंकूंछोडिकै कि
सीब्राह्मणकीतरफ यहयाज्ञवल्क्य देखतानहीं ॥ और याज्ञवल्क्यतैंभिन्न जितनेदूसरेब्राह्मणहैं ॥ ते गुरुकेचरणकमलोंके अर्चनप

रायणहैं ॥ और गुरुशास्त्रकरिकैशिक्षितहैं ॥ यातें नासिकाकेअग्रभागाविषे दृष्टिकूंराखिकै यासभाविषेस्थितहैं ॥ और यहअधमयाज्ञ
वल्क्य यासभाविषेजोआयाहै ॥ सो आपणेविद्याकेप्रकाशकरणेवासतेनहींआया ॥ किंतु यागार्गीस्त्रीवासते तथासुवर्णवासते या
सभाविषेआयाहै ॥ याकारणतैंही यहयाज्ञवल्क्य वारंवार गार्गीकेमुखकूं तथाजनकराजाकेमुखकूं देखेहै ॥ किंवा यालो
कविषे जाव्यभिचारिणीस्त्रीहोवैहै ॥ सा व्यभिचारीपुरुषकूं शीघ्रहीपछाणिलेवैहै ॥ और जोव्यभिचारीपुरुषहोवैहै ॥ सोभी व्य
भिचारिणीस्त्रीकूं शीघ्रहीपछाणिलेवैहै ॥ काहेतें? यालोकविषे जोजोपदार्थ जिसनें बहुतवार अनुभवकर्‍याहोताहै ॥ तिसतिस
पदार्थकूं सोपुरुष शीघ्रहीजाणिलेवैहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसे जलविषे मत्स्य मीनकेगमनआगमनकूं शीघ्रहीजाणिलेवैहै ॥ तैसे यह
गार्गीभी बाल्यअवस्थातैंलैके आपणीइच्छासैंविचरणेहारी व्यभिचारिणीहै ॥ और यहयाज्ञवल्क्यभी व्यभिचारीहै ॥ याकार
णतैंही इनदोनोंका परस्पर स्नेहभयाहै ॥ किंवा जेकुलीनस्त्रियांहोवैहैं ॥ ते आपणेभर्ताकूं तथापुत्रकूं तथाभ्राताकूं तथामा
तुलकूं तथाश्वशुरकूं तथाअन्यकिसीकुलीनस्त्रीकूं परित्यागकरिकै आपणेगृहकेद्वारपर्यंतभी नहींजावैहैं ॥ किंतु भर्तादिकोंविषे कि
सीएककूंसाथलैके बाहरिजावैहैं ॥ यहकुलीनस्त्रियोंकाधर्महै ॥ सोधर्म यागार्गीविषेहैनहीं ॥ काहेतें? यहगार्गी नग्नहोइकै एकलीही
तीनलोकोंविषेभ्रमणकरैहै ॥ और लोकविषे जहांतहां व्यभिचारीकामीपुरुषोंकूं देखतीरहतीहै ॥ परंतु जैसे कलियुगविषे वर्णआ
श्रमतैंरहित व्यभिचारीपुरुषहोवैहैं ॥ तैसे यात्रेतायुगविषे कोईपुरुष वर्णआश्रमतैंरहितनहीं जो इसगार्गीकीइच्छाकरै ॥ अब या
हीअर्थकूंस्पष्टकरिकैदिखावैहैं ॥ यात्रेतायुगविषे जेपुत्रकीकामनावालेगृहस्थहैं ॥ ते आपणीस्त्रीकेसाथभी सर्वदासंभोगकरैंनहीं ॥
किंतु ऋतुकालविषे संभोगकरैहैं ॥ यातैंतिनगृहस्थोंकूंभी यागार्गीकीइच्छानहीं ॥ और तिनगृहस्थोंतैंभिन्न जेब्रह्मचारी तथावा
नप्रस्थ तथासंन्यासीहैं ॥ ते ऊर्ध्वरेताहैं ॥ यातें तेभी यागार्गीकीइच्छाकरतेनहीं ॥ और जेनीचजातिवालेचांडालहैं ॥ तेभी आ
पणीस्त्रीकापरित्यागकरिकै परस्त्रीकीइच्छाकरतेनहीं तौ शिष्टपुरुष परस्त्रीकीकैसैइच्छाकरैंगे? ॥ और जेइंद्रादिकदेवताहैं ॥ तेस्व
र्गलोककीस्त्रीकूंछोडिकै मनुष्यलोककेस्त्रीका स्पर्शभीनहींकरते ॥ यातैं तेदेवताभी यागार्गीकीइच्छाकरतेनहीं ॥ और जेश्वानादि

कपशुहैं ते आपणेसमानजातिवालीस्त्रीकूं छोडिकै विजातीयमनुष्यस्त्रीकीइच्छाकरतेनहीं ॥ और यहगार्गी नित्यहीकामकरिकै आतुरहै ॥ याकारणतैंही नग्नहोइकै सर्वब्राह्मणोंकेसन्मुखस्थितहै तौभी एकपापात्मायाज्ञवल्क्यकूंछोडिकै येधर्मात्माब्राह्मणया गार्गीकीतरफदेखतेभीनहीं ॥ और कलियुगकेव्यभिचारीपुरुषोंकेसमान कामातुर यहयाज्ञवल्क्य वारंवार गार्गीकीतरफदेखै है ॥ और यहव्यभिचारिणीगार्गीभी इसयाज्ञवल्क्यकूंव्यभिचारीदेखिकै एकांतदेशविषेलेजाणेवासते व्यभिचारिणीस्त्रियोंकेचातुर्यता कूंअंगीकारकरिकै वारंवार याज्ञवल्क्यकूं नमस्कारकरैहै ॥ और लोकोंकेप्रति यहकथनकरैहै ॥ यहयाज्ञवल्क्यब्रह्मवेत्ताहै ॥ यातें मैं इसकूंनमस्कारकरतीहूं ॥ और जैसे ऐंद्रजालिकपुरुष लोकोंकेदृष्टिकाप्रतिबंधकरैहै ॥ तैसे राजाजनकके तथासर्वब्राह्मणोंके दृष्टिकाप्रतिबंधकरिकै यासभाविषे मैं याज्ञवल्क्यकेसाथ व्यभिचारकरौंगी ॥ याप्रकारकाविचारकरिकै यहगार्गी सभाविषेस्थित है ॥ और सर्वब्राह्मणोंकेसमीपयहगार्गी वारंवार याज्ञवल्क्यकीस्तुतिकरैहै ॥ और यहसंपूर्णविद्वान्ब्राह्मणभी याव्यभिचारिणीगार्गीके अंतरअभिप्रायकूंनजाणिकै ताकेवचनकरिकैमोहितहुए याज्ञवल्क्यकूं नमस्कारकरैहैं ॥ और सर्वधर्मात्मावोंविषेमुख्य जोयह जनकराजाहै सोभी याव्यभिचारिणीगार्गीकेवचनकरिकै मोहकूंप्राप्तभयाहै ॥ याकारणतैंही यहजनकराजा वारंवार याव्यभिचारीयाज्ञवल्क्यकेतांई नमस्कारकरैहै ॥ हेशिष्य! सर्वदाब्रह्मचर्यधर्मविषेस्थित जागार्गीहै ॥ तागार्गीकी इत्यादिकअनेकप्रकारकेवचनोंकरिकै सोदुरात्माशाकल्य निंदाकरताभया ॥ और जैसे मृत्युकेसमीपप्राप्तहुआ पतंग प्रज्वलितमहान्अग्निकेउल्लंघनकरणेका उद्यमकरैहै ॥ तैसे मृत्युकेसमीपप्राप्तहुआ सोशाकल्य ज्ञानसमुद्ररूपयाज्ञवल्क्यके उल्लंघनकरणेवासते उद्यमकरताभया ॥ तिसतैंअनंतर सोशाकल्य अनेकप्रश्नोंकरिकै याज्ञवल्क्यसैं देवतावोंकीसंख्यापूछताभया ॥ तिसतैंअनंतर सोयाज्ञवल्क्यमुनिभी तितनैहीउत्तरोंकरिकै देवतावोंकीसंख्या शाकल्यकेप्रति कहताभया ॥ तहां सोयाज्ञवल्क्यमुनि विस्तारतैं तिनदेवतावोंकी अनंतसंख्याकहताभया ॥ और संक्षेपतैं सूत्रआत्मारूप एकप्राणकूंही देवताकहताभया ॥ दूसरेसर्वदेवता तिससूत्रआत्मारूपप्राणकीविभूतियांहैं ॥ इसप्रकार विस्तारतैं तथासंक्षेपतैं सोयाज्ञवल्क्य देवतावोंकीसंख्या कहताभया ॥ तिसतैंअनंतर सोशाकल्य याज्ञवल्क्य

केप्रति दूसरेअष्टप्रश्न करताभया ॥ तिनोंकेउत्तरभी सोयाज्ञवल्क्यमुनि शाकल्यकेप्रति कहताभया ॥ हेशिष्य ! जैसे मंडूक सर्पकेमु
खविषेप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे कालरूपीसर्पकेमुखविषेप्राप्तहुआ सोमूढबुद्धिशाकल्य जबी याज्ञवल्क्यकेप्रति बहुतप्रश्न करताभया ॥ तबी
सोयाज्ञवल्क्य शाकल्यकेप्रति कहताभया ॥ हे शाकल्य ! जैसे तू विनाहीकारणतें द्वेषकरताहै ॥ तैसे तुमारेपितापितामहादिकवृद्धपु
रुषकिसीकेसाथद्वेष नहींकरतेभयेहैं ॥ तथा अन्यब्राह्मण तथाब्रह्मचारी तथाअन्यक्षत्रियादिकभी तेरेन्यांई विनाहीकारणतें किसी
कसाथद्वेष नहींकरतेभयेहैं ॥ ऐसेउत्तमकुलविषे उत्पन्नहुआ तू विनाहीकारणतें मेरेविषेद्वेष किसवासतेकरताहै? ॥ हेशाकल्य ! मेरे
द्वेषकरिकै तुमारामृत्यु मतहोवै ॥ याप्रकारकीइच्छा मैं सर्वदाकरताहूं ॥ और हेशाकल्य ! जैसे हमारे मातापिताका तथापुत्रोंका तथा
स्त्रीका तथाअन्यबांधवोंका हमारेशरीरविषे प्रेमहै ॥ तैसे तुमारे माता पिता स्त्री पुत्र बांधवादिकोंका तुमारेशरीरविषे प्रेमहै ॥ यातें इ
हां तुमारेमरणेकरिकै तिन तुमारेमातापितादिकसंबंधियोंकूं दुःखकीप्राप्तिमतहोवै ॥ ऐसीइच्छा मैं करताहूं ॥ और हेशाकल्य ! यहवे
दविद्या हमनैं सूर्यभगवान्‌तें पाई है ॥ याकारणतें हमारीविद्याकातेज दुःसहहै ॥ यातें हमारेविद्याकीअवज्ञा तू मतकर ॥ जोतू अहंका
रकरिकै हमारेविद्याकी अवज्ञाकरैगा तौक्षणमात्रविषे सा हमारीविद्या तुमारेकूंभस्मकरैगी ॥ हेशाकल्य ! जिसकालविषे सूर्यभगवा
न्‌तें विद्याअध्ययनकरिकै मैं पृथिवीविषेआवताथा ॥ तिसकालविषे प्रसन्नहोइके सूर्यभगवान् हमारेतांई कहताभया ॥ हेयाज्ञवल्क्य !
तेरेतांई जोमैंनैं विद्यादयीहै ॥ ताविद्याकूं जोपुरुषनहींमानैगा ॥ तिसपुरुषकूं मैंसूर्यभगवान् तिसीकालविषे भस्मकरौंगा ॥ हेशाक
ल्य ! याप्रकारकावचन जबीसूर्यभगवान्‌नैं हमारेप्रतिकह्या ॥ तबीमैं सूर्यभगवान्‌केप्रति यहप्रार्थना करताभया ॥ हेभगवन् ! ह
मारीविद्याकरिकै किसीप्राणीकानाशनहींहोवै ॥ ऐसा हमारेप्रति वरदेवो ॥ हेशाकल्य ! याप्रकारकीप्रार्थना जबी हमनैं सूर्यभगवा
न्‌केप्रतिकरी ॥ तबी सोसूर्यभगवान् याप्रकारकानियम करताभया ॥ हेयाज्ञवल्क्य ! जोपुरुष दुराग्रहकरिकै तुमारेसन्मुख वीसवार
प्रश्नकरैगा ॥ तिसदुरात्मापुरुषकूं तुमारीजिह्वाविषेस्थितहोइकै मैंसूर्यभगवान् शापदेवौंगा ॥ तिसशापकरिकै सोपुरुष शीघ्रहीभ
स्महोइजावैगा ॥ हेशाकल्य ! याप्रकारकावचन जबी सूर्यभगवान्‌नैं हमारेप्रतिकह्या ॥ तबी मेरेकूंभयहोताभया ॥ याकारणतें मैं

पुनःसूर्यभगवान्केप्रति प्रार्थनानहींकरतामया ॥ हेशाकल्य! सर्वलोकविषेप्रसिद्ध जोहमारागुरुसूर्यभगवान्है॥ तिसकूं किसीपापरूपप्रतिबंधकेवशतें तू जाणतानहीं ॥ यातें यहजान्याजावैहै ॥ कालभगवान्करिकै तू मोहकूंप्राप्तभयाहै ॥ और हेशाकल्य! सूर्यभगवान्केवचनकूंस्मरणकरिकै मेरेकूं तुमारीबहुतचिंताहोती है ॥ जोहमारेद्वेषकरिकै तुमारीक्यागतिहोवैगी? ॥ हेशाकल्य! यद्यपि तू हमारेसाथ सर्वथाद्वेषकरताहै ॥ तथापि हमारा तेरेविषेद्वेषनहीं ॥ काहेतें? जैसे आपणेशरीरविषे मैंआनंदस्वरूपआत्मास्थित हूं ॥ तैसे तुमारेशरीरविषे तथाअन्यप्राणियोंकेशरीरविषे तथास्थावरजंगमसर्वशरीरोंविषे मैंआनंदस्वरूपआत्मास्थितहूं ॥ यातें यहसंपूर्णजगत् मैंआनंदस्वरूपआत्मातेंभिन्ननहीं ॥ और मैंआनंदस्वरूपआत्मातेंही याजगत्कीउत्पत्ति स्थिति लय होवैहै ॥ ऐसे सर्वात्मज्ञानकरिकैयुक्तजोमैंहूं ॥ तिसका किसीप्राणीविषेद्वेषनहीं ॥ और हेशाकल्य! सुखदुःख हर्षशोक अशनापिपासा इत्यादिक द्वंद्वधर्म मेरेस्वरूपविषे तीनकालनहीं ॥ और जैसे घटरूपउपाधिके उत्पत्ति स्थिति लयतें घटाकाशकी उत्पत्ति स्थिति लय होवैनहीं ॥ तैसे शरीररूपउपाधिके उत्पत्ति स्थिति नाश हुएभी मैंअद्वितीयआत्माकी उत्पत्ति स्थिति नाश होवैनहीं और हेशाकल्य! जो क्रियावालाहोवैहै॥सो किसीकाहननकरैहै॥ और मैंआनंदस्वरूपआत्मा निष्क्रियहूं॥यातें किसीभीप्राणीका मैं हननकरतानहीं ॥ और मैंआनंदस्वरूपआत्मा निराकारहूं ॥ यातें कोईभीप्राणी हमारा हननकरतानहीं ॥ और हेशाकल्य! जैसे कृमीआदिकक्षुद्र जंतुवोंका आत्मस्वरूपज्ञान अज्ञानकरिकै आवृतरहैहै ॥ तैसे तुमाराभी आत्मस्वरूपज्ञान अज्ञानकरिकैआवृतभयाहै ॥ याकारणतें सर्वात्मदर्शी मैंयाज्ञवल्क्यकूं आत्मघातीपापीपुरुषकेसमान तूदेखताहै ॥ हेशाकल्य! ब्रह्मवेत्ताज्ञानीपुरुषकेसाथ जोद्वेषहै ॥ सो प्रसिद्धअग्नितेंभीअधिकहै ॥ ताद्वेषरूपीअग्निकरिकै तुमारेकूंभस्महुआदेखिकै येसंपूर्णलोक तुमाराशोक मतकरैं ॥ और हे शाकल्य! तुमारीस्त्री विधवाभावकूंप्राप्तहोईकै तथासर्वभूषणोंतेंरहितहोइकै अत्यंतदीनहुई रुदनमतकरै ॥ हेशाकल्य! तुमारेमरणेकरिकै तुमारेपुत्रादिकसर्वबांधव शोकरूपीसमुद्रविषे मतप्राप्तहोवैं॥ और तुमारेमरणेकरिकै तुमारेशत्रु आनंदकूंमतप्राप्तहोवैं ॥ और हेशाकल्य! तू प्रेतशरीरकूंप्राप्तहोइकै क्षुधापिपासाकरिकैपीडितहुआ तथादुःखकरिकैव्याकुलहुआ धर्मराजाकेपुरीकूं मतदेख ॥ और

हेशाकल्य ! मरणेतैंअनंतर पुत्रोंनैंदियाजोबलिप्रदान तथातिलोदक ॥ तिसकूं काककीन्यांई तू मतभक्षणकर ॥ और हेशाकल्य ! यहतुमाराकोमलशरीर अग्निका तथाश्वानोंका भक्ष मतहोवै ॥ और हेशाकल्य ! यासर्वशिष्योंकापरित्यागकरिकै तू एकलाही पर लोकविषे मतजाव ॥ और हेशाकल्य ! जैसेभल्लातनामावृक्षकाफल जीवोंकानाशकरैहै ॥ तैसे तुमारेचित्तरूपीभूमीविषे बहुतकाल करिकै उत्पन्नभयाजो ब्रह्मवेत्ताकाद्वेषरूपीवृक्ष ॥ सोद्वेषरूपीवृक्ष तुमारेकूं मृत्युरूपफलकीप्राप्तिमतकरै ॥ और हेशाकल्य ! मरेतैं अनंतर तुमारेअस्थिकूं चौररूपीचांडाल मतस्पर्शकरै ॥ और हेशाकल्य ! जैसे पतंग अग्निविषेप्राप्तहोइकै भस्महोवैहै ॥ तैसे सूर्यभगवान्हैजिह्वाविषेजिसके ऐसाजोमैंअग्निहूं ॥ तिसविषे तूं मतभस्महोव ॥ और हेशाकल्य ! जैसे यालोकविषे अन्नकेभूनणे हारेपुरुष भठीविषेस्थित प्रज्वलितअग्निकूं आपणेहस्तोंकरिकै स्पर्शकरैनहीं ॥ किंतु दीर्घकाष्ठरूपदंडकरिकैयुक्त जोलोहेकीकण छीहै ॥ तिसकरिकै अग्निकूंस्पर्शकरैहैं ॥ तैसे यहसभारूपीभठीहै ॥ और मैंयाज्ञवल्क्य काष्ठोंकेसमानहूं ॥ और मेरागुरुसूर्यभगवान् अग्निरूपहै ॥ और तेरेकूंविवादकरणेविषे प्रेरणाकरणेहारे जेयेसंपूर्णब्राह्मणहैं ॥ ते अन्नभूनणेहारेपुरुषोंकेसमानहैं ॥ और तू कणछीकेसमानहै ॥ और येसंपूर्णब्राह्मण बुद्धिमान्हैं ॥ यातैं आपणीरक्षाकरणेवासते तैंमूढबुद्धिकूं कणछीकेसमानकरिकै सूर्य रूपअग्निविषे प्रवेशकरावैहैं ॥ तात्पर्ययह जेब्राह्मण तेरेकूंविवादकरणेवासते प्रेरणाकरतेहैं ॥ तेब्राह्मणभी तेरेमरणेविषेही प्रसन्न हैं ॥ परंतु कालभगवान्करिकैमोहितहुआ तू आपणेमरणेकूंजाणतानहीं ॥ यहहमारेकूं बहुतआश्चर्यहोवैहै ॥ हेशिष्य ! याप्रकार केवचन जबीयाज्ञवल्क्यनैं शाकल्यकेप्रतिकहे ॥ तबी कालकेवशहुआ सोशाकल्य तिनवचनोंकूंविपरीतमानिकै पुनःअधिकद्वेषकूं करताभया ॥ दृष्टांत ॥ जैसे मरणकेसमीपप्राप्तहुआरोगीपुरुष हितकारीवैद्यकेसाथद्वेषकरैहै ॥ और जैसे राज्यतैंभ्रष्टहोणेवाला राजा हितकारीमंत्रियोंकेसाथद्वेषकरैहै ॥ और जैसे भाग्यहीनपुरुष राजाकेसाथ द्वेषकरैहै ॥ और जैसे पापकरणेहारापुरुष सत्यउपदेशकरणेहारेगुरुकेसाथ द्वेषकरैहै ॥ तैसे सोशाकल्य याज्ञवल्क्यकेसाथ द्वेषकरताभया ॥ अब जिसबुद्धिकरिकै सोशाकल्य याज्ञवल्क्यकेसाथ द्वेष करताभया ताबुद्धिकूंदिखावैहैं ॥ जैसे कोईपुरुष मूढबालकोंकूं भयउत्पन्नकरैहै ॥ तैसे यहमंदबुद्धियाज्ञवल्क्य

मेरेकूं भय उत्पन्नकरैहै ॥ और मेरीसर्वज्ञताकूं तथानिर्भयताकूं यहमंदबुद्धियाज्ञवल्क्य जाणतानहीं ॥ किंवा कृषिकरणेहारेमूढपु
रुषोंकेजेग्रामहैं ॥ तथा पर्वतकेजेग्रामहैं ॥ तिनग्रामोंविषेस्थित जे बालकहैं तथा स्त्रियांहैं तथाकाष्ठादिकजडपदार्थहैं ॥ तिनोंके
मध्यविषेबैठिकै जैसे कोईनिर्लज्जपुरुष निःशंकहोइकै मिथ्याभाषणकरैहै तैसे यहयाज्ञवल्क्य सर्वविद्वानोंकीसभाविषे निःशंकहोइ
के मिथ्याभाषणकरैहै ॥ काहेतें? इसयाज्ञवल्क्यकागुरु जोसूर्यहै ॥ सो मैंद्वेषकरणेहारेशाकल्यके भस्मकरणेविषे जोसमर्थहोता
तौ इसकालतेंपूर्वकालविषेभी द्वेषकरणेहारेमेरेकूं काहेतेंनहींभस्मकरता? ॥ किंवा यहसूर्य जडहै यातें याकेविषेभस्मकरणेकासा
मर्थ्यहैनहीं ॥ काहेतें? सूर्य चंद्रमा इंद्र याप्रकारकेशब्दोंकानाम देवताहै ॥ अथवा सूर्य चंद्रमा इंद्र इत्यादिकशब्दोंकेजोअर्थहै ति
नोंकानाम देवताहै ॥ शब्दतें तथाअर्थतें भिन्न कोईदेवताकास्वरूपहैनहीं ॥ तहां जोसूर्यशब्दकूं सूर्यदेवतामानिये तौ सोसूर्यशब्द
आकाशकागुणहै ॥ यातें सर्वलोकोंकूं ताशब्दविषेजडता अनुभवसिद्धहै ॥ और जोसूर्यशब्दकेअर्थकूं सूर्यदेवतामानिये तौभी ते
जोमयमंडल सूर्यशब्दकाअर्थहै ॥ ता तेजोमयमंडलविषेभी जडताप्रसिद्धहै ॥ और सूर्यशब्दतें तथातेजोमयमंडलतें भिन्न जोकोई
चैतन्य सूर्यशब्दकाअर्थ मानिये तौभी सोसूर्यदेवता पापकर्मतेंविना किसीप्राणीकूंभस्मकरतानहीं ॥ किंतु जीवकेपापकर्मकीअपे
क्षाकरिकैही ताकूंभस्मकरैहै ॥ सोपापकर्म मेरेविषेहैनहीं ॥ यातें सोसूर्य हमारीक्याहानिकरैगा? ॥ किंवा सूर्यतेंहमनेंविद्यापढीहै
यहभी याज्ञवल्क्यकावचन मिथ्याहै ॥ काहेतें? यहयाज्ञवल्क्य भूमिविषेस्थितहै ॥ और सूर्य अत्यंतदूरआकाशविषेस्थितहै ॥ इन
दोनोंका परस्परसंबंधसंभवैनहीं ॥ हेशिष्य! याप्रकारका विपरीतचिंतनकरिकै सोशाकल्य पूर्वतेंभीअधिकद्वेष करताभया ॥ तिस
तैंअनंतर क्रोधकरिकैयुक्तहुआ सोशाकल्य याज्ञवल्क्यकेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ शाकल्यउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य!
कुरु पांचालादिकदेशोंविषे रहणेहारेजेब्राह्मणहैं ॥ तिनोंकूं तुमनैं पराजयकऱ्याहै ॥ और सर्वब्राह्मणोंकेगौवोंकूं तथासुवर्णकूं तूं लै
गयाहै ॥ तिसपापकर्मकरिकै तेरेकूं निर्जलवनविषे अनेकवार ब्रह्मराक्षसशरीरकीप्राप्तिहोवैगी ॥ और हेयाज्ञवल्क्य! जिसब्रह्मवि
द्याकेअभिमानकरिकै तुमनैं सर्वमहात्माब्राह्मणोंकूं पराजयकऱ्याहै ॥ साब्रह्मविद्या हमारेसन्मुख तूं कथनकर ॥ हेशिष्य! याप्र

कारकावचन जबीशाकल्यनैं कह्या ॥ तबी सोयाज्ञवल्क्य आपणेविषेब्रह्मवेत्तापणा दिखावणेवासते याप्रकारकावचन शाकल्यकेप्रति कहताभया ॥ याज्ञवल्क्यउवाच ॥ हेशाकल्य! देवतावोंसहित तथादेवतावोंकेकारणसहित सर्वदिशावोंकूं मैं जाणताहूं ॥ शाकल्यउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य! पूर्वादिकदिशावोंकेदेवता कौनहैं! और तिनदेवतावोंका कारणकौनहै? और तिनदेवतावोंकेकारणकाभीकारण कौनहै? ॥ याज्ञवल्क्यउवाच ॥ हेशाकल्य! पूर्व दक्षिण पश्चिम उत्तर ऊर्ध्व यापंचदिशावोंके क्रमतें आदित्य यम वरुण सोम अग्नि येपंचदेवताहैं ॥ तेदेवता मैं आनंदस्वरूपआत्मातेंभिन्ननहीं ॥ किंतु आनंदस्वरूपमैंआत्माही आदित्यादिकदेवतारूपकरिकैस्थितहूं ॥ और हेशाकल्य! सोआदित्यदेवता चक्षुरूपकारणविषेस्थितहै ॥ और यमदेवता श्रोत्रइंद्रियरूपकारणविषेस्थितहै ॥ और वरुणदेवता रसनइंद्रियरूपकारणविषेस्थितहै ॥ और सोमदेवता मनरूपकारणविषेस्थितहै ॥ और अग्निदेवता वाक्इंद्रियरूपकारणविषेस्थितहै ॥ तात्पर्ययह ॥ हिरण्यगर्भकीउपासनाकरिकै हिरण्यगर्भरूपकूंप्राप्तहोणेहाराजोपुरुषहै ॥ तिसके जेअध्यात्मरूपचक्षुआदिकइंद्रियहैं ॥ तेचक्षुआदिकही अधिदैवसूर्यादिरूपकरिकै परिणामकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ याकारणतैं चक्षुआदिकइंद्रिय सूर्यादिकदेवतावोंकेकारणकहेहैं ॥ और हेशाकल्य! रूपादिकविषयोंनैं आपणेप्रकाशकरणेवासते चक्षुआदिकइंद्रियोंकाआरंभकरताहै ॥ याकारणतैं चक्षुआदिकइंद्रिय रूपादिकविषयरूपकारणविषेरहेहैं ॥ तहां चक्षुइंद्रिय शुक्लनीलपीतादिकरूपोंविषेरहैहै ॥ और श्रोत्रइंद्रियकरिकै ग्रहणकरणेयोग्य जोकर्मकांडरूपवेदहै ॥ ताका दोप्रकारकाअर्थहोवैहै ॥ एकतौ मनवाणीशरीरके क्लेशकरणेहारे यज्ञदानव्रतादिरूपअर्थहै ॥ और दूसरा श्रद्धारूपअर्थहै ॥ तहां श्रोत्रइंद्रिय यज्ञदानादिरूपकर्मविषेरहैहै ॥ और ते यज्ञदानव्रतादिरूपकर्म श्रद्धाविषेरहैहैं ॥ याकारणतैंही अश्रद्धासैंकरेहुए यज्ञदानव्रतादिककर्मफलकूंदेतेनहीं ॥ श्रद्धाकरिकैकरेहुए यज्ञदानादिक फलकूंदेवैहैं ॥ और जलरूपजोरसनइंद्रियहै ॥ सो रेतरूपकारणविषेरहैहै ॥ और दोषोंतैंरहितजोमनहै ॥ सो सत्यअर्थविषेरहैहै ॥ तैसे वाक्इंद्रियभी सत्यअर्थविषेरहैहै ॥ काहेतें? यन्मनसाध्यायतितद्वाचावदति ॥ अर्थयह ॥ यहपुरुष जिसअर्थकूं मनकरिकैध्यानकरताहै ॥ तिसीअर्थकूं वाणीकरिकैकथनकरताहै ॥ याश्रुतिविषे मन

का तथावाणीका एकहीविषयकह्याहै ॥ और हेशाकल्य! जैसे सर्वजलोंकेउत्पत्तिका तथास्थितिका कारण समुद्रहै ॥ तैसे सूर्यादिकदेवतावोंके तथानेत्रादिकइंद्रियोंके तथारूपादिकविषयोंके उत्पत्तिका तथास्थितिका कारण हृदयहै ॥ इहां हृदयशब्दकरिकै मायाविशिष्ट अंतर्यामीपरमात्माका ग्रहणकरणा ॥ अब याहीअर्थकूं स्पष्टकरिकैदिखावैहैं ॥ हेशाकल्य! जैसे लोकप्रसिद्धभित्तिविषे प्रथम रेखामात्र देवतादिकमूर्तियोंकेचित्र स्थितहोवैहैं ॥ और तिनरेखारूपचित्रोंविषे श्वेतपीतनीलरक्तादिकवर्ण स्थितहोवैहैं ॥ और तिनश्वेतादिकवर्णोंविषे देवतावोंकेमुखविषे दुग्ध स्थितहोवैहै ॥ और नेत्रोंविषे अंजन स्थितहोवैहै ॥ और मस्तकऊपरि मुकुट स्थितहोवैहै ॥ और हस्तोंविषे धनुषबाणादिक स्थितहोवैहैं ॥ याप्रकार चित्रादिकपदार्थ एकदूसरेकेआश्रितहुए सर्वलोकोंकूं प्रतीतहोवैहैं ॥ परंतु वास्तवतैंविचारकरिकैदेखियेतौ तेसंपूर्णचित्रादिकपदार्थ एकाभित्तिकेआश्रितरहैहैं ॥ तैसे पूर्वादिकदिशा तथाअग्निआदिकदेवता तथानेत्रादिकइंद्रिय तथारूपादिकविषय इत्यादिकसंपूर्णजगत् साक्षात् अथवा परंपराकरिकै एकपरमात्मारूपहृदयविषेरहेहैं ॥ तहां वृत्तियोंसहितअंतःकरण साक्षात्हृदयविषेरहेहै ॥ और दूसराजगत् अंतःकरणद्वारा परंपरासंबंधकरिकै हृदयविषेरहेहै ॥ और हेशाकल्य! जैसे चित्रोंकाआधारजोभित्तिहै ताकूं जबीमृत्तिकाकरिकैलीपिये तबी तेचित्र लयभावकूं प्राप्तहोवैहैं ॥ तैसे ब्रह्मज्ञानरूपीमृत्तिकाकेलेपकरिकै यहजगत्रूपीचित्र लयभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और हेशाकल्य! जैसे नीचेऊचेपणेतैंरहित जोसमानभित्तिहै ॥ ताकेविषे कोईचित्र ऊचाप्रतीतहोवैहै ॥ और कोईचित्र नीचाप्रतीतहोवैहै ॥ परंतु सोऊचानीचापणा वास्तवतैं हैनहीं किंतु कल्पितहै ॥ तैसे सर्वत्रसमानजोपरमात्मारूपहृदयहै ताकेविषे इंद्रादिकदेवता उत्कृष्ट प्रतीतहोवैहैं ॥ और वृक्षादिकस्थावर निकृष्ट प्रतीतहोवैहैं॥परंतु साउत्कृष्टता तथानिकृष्टता परमात्मारूपहृदयविषे वास्तवतैंनहीं किंतु कल्पितहै॥ और हेशाकल्य! जैसे चित्रकारपुरुष नीलपीतादिकनानाप्रकारकेवर्णोंकरिकै भित्तिविषे चित्रोंकूंरचेहै ॥ तैसे नानाप्रकारकीवासनाकरिकैयुक्त बुद्धिरूपचित्रकार अहंममअभिमानरूपीवर्णोंकरिकै परमात्मारूपहृदयविषे जगत्रूपीचित्रोंकूंरचेहै ॥ और हेशाकल्य! जैसे चित्रकेउपयोगी जेनीलपीतादिकरंगहैं ॥ तिनोंकूं धारणकरणेहारी जोकाष्ठकरिकैरचित छायाहै ॥ साछाया भित्तिके

साथसंबंधमात्रकरिकै ताभित्तिविषे नानाप्रकारकेचित्रोंकूंरचैहै ॥ तैसे भित्तिभी ताछायाकीसमीपताकरिकै नानाप्रकारकेचित्रोंकूं रचैहै ॥ काहेतें? जोभित्तिनहींहोवे तौ चित्रोंकीउत्पत्तिहोवैनहीं ॥ यातेंभित्ति तथाछाया दोनों चित्रोंकेप्रति कारणहैं ॥ तैसे माया विशिष्टचैतन्यरूपीभित्तिविषे नानाप्रकारकीवासनायुक्त बुद्धिरूपछाया जगत्रूपचित्रोंकूंरचैहै ॥ यातें मायाविशिष्टपरमात्मा तथाबुद्धि येदोनों जगत्केकारणहैं ॥ और हेशाकल्य! जैसे भित्तिविषेस्थितचित्रोंऊपरि जबी वारंवार मृत्तिकाकालेपकरताहै ॥ तबी तेचित्र लेशमात्रकरिकै ताभित्तिविषेस्थितहुएभी बाह्यस्पष्टरूपकरिकैप्रतीतहोतेनहीं ॥ तैसे प्रारब्धकर्मकीसमाप्तिपर्यंत परमात्मारूपहृदयविषे आभासमात्रकरिकैरह्याहुआभीजगत्रूपचित्र वारंवार ब्रह्माकारवृत्तिरूपीमृत्तिकाकेलेपकरिकै समाधिकालविषे प्रतीतहोतानहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे पुनःपुनःमृत्तिकाकेलेपतें चित्रोंकीनिःशेषतेंनिवृत्तिहोवैनहीं ॥ किंतु पुनःपुनःमृत्तिकाकेलेपतें चित्रोंका अदर्शनरूपलयहोवैहै ॥ भित्तिकेनिवृत्तहुएही चित्रोंकी निःशेषतें निवृत्तिहोवैहै ॥ तैसे ब्रह्मज्ञानकरिकैअज्ञानकेनिवृत्तहुएभी जबपर्यंत प्रारब्धकर्मनहींनिवृत्तहोता ॥ तबपर्यंत निःशेषतें प्रपंचकीनिवृत्तिहोतीनहीं ॥ किंतु जीवन्मुक्तपुरुषकूं विचारकालविषे प्रपंचकाअदर्शनहोवैहै ॥ प्रारब्धकर्मकेनिवृत्तहुएही निःशेषतें प्रपंचकीनिवृत्तिहोवैहै ॥ याकारणतेंही जीवन्मुक्तपुरुषोंकूं आभासमात्रकरिकै जगत्काभानहोवैहै ॥ और हेशाकल्य! जैसे मायावीऐंद्रजालिक पुरुषरूपकारणकरिकै आकाशविषे नानाप्रकारकीसेना प्रतीतहोवैहै ॥ तैसे बुद्धिरूपकारणकरिकै परमात्मारूपहृदयविषे नानाप्रकारकाप्रपंच प्रतीतहोवैहै ॥ और हेशाकल्य! जैसे मायावीपुरुषरूपकारणके नाशहुए अथवा सुषुप्तिअवस्थाके प्राप्तहुए अथवा दूसरेकिसीकार्यविषे आसक्तहुए आकाशविषेस्थित नानाप्रकारकाजगत् प्रतीतहोतानहीं ॥ तैसे किसीरोगादिकोंकरिकै बुद्धिरूपकारणके नाशहुए अथवा सुषुप्तिकेप्राप्तहुए अथवा आत्माविषेएकाग्रहुए परमात्मारूपहृदयविषेस्थित प्रपंचरूपीचित्र प्रतीतहोवैनहीं ॥ और हेशाकल्य! जैसे मायावीपुरुषनें आकाशविषे उत्पन्नकरेजेनानाप्रकारकेपदार्थ तेपदार्थ मायावीपुरुषतेंभिन्ननहीं ॥ किंतु मायावीपुरुषकास्वरूपहीहै ॥ तैसे परमात्मारूपहृदयविषे बुद्धिनें कल्पनाकऱ्याजोजगत् ॥ सोजगत् बुद्धितेंभि

न्ननहीं ॥ किंतु बुद्धिस्वरूपही है ॥ याअभिप्रायकरिकैही वेदांतशास्त्रविषे दृष्टिसृष्टिवादका कथनकन्या है ॥ और हेशाकल्य ! जैसे आकाशविषेस्थितहुआअंधकार अंधकारकरिकैहीप्रतीतहोवैहै ॥ सूर्यादिकप्रकाशकरिकै अंधकारकीप्रतीतिहोवैनहीं ॥ तैसे परमात्मारूपहृदयविषेस्थितहुईबुद्धि बुद्धिकरिकैहीप्रतीतहोवैहै ॥ और जैसे सूर्यादिकप्रकाशकरिकै अंधकारकेनिवृत्तहुए विशुद्धआकाशविषे दोषरहितनेत्रवालेपुरुष अंधकारकूंदेखतेनहीं ॥ तैसे आत्मज्ञानकरिकै अज्ञानकेनिवृत्तहुए विशुद्धआत्माविषे कारणसहितबुद्धिकूं विद्वान्पुरुष देखतेनहीं ॥ यातैं आत्मातैंभिन्न बुद्धिआदिकजडपदार्थ प्रमाणकरिकैसिद्धनहीं ॥ किंतु भ्रांतिकरिकैसिद्धहैं ॥ शंका ॥ बुद्धिकूं जोप्रमाणजन्ययथार्थज्ञानकाविषय नहींअंगीकारकरौंगा तौ जोप्रमाणजन्ययथार्थज्ञानका अविषयहोवैहै ॥ सो शशशृंगकीन्यांई असत्यहीहोवैहै ॥ यातैं बुद्धिभी असत्यहीहोवैगी ॥ और जोपदार्थ असत्यहोवैहै ॥ सोपदार्थ किसीकार्यकरणेविषेसमर्थहोवैनहीं ॥ यातैं असत्यबुद्धिकरिकै किसीकार्यकीसिद्धि नहींहोणीचाहिये ॥ समाधान ॥ जैसे शशशृंग तथावंध्यापुत्र यद्यपि असत्यहैं ॥ तथापि सोशशशृंग तथावंध्यापुत्र शशशृंग वंध्यापुत्र याप्रकारकेशब्दोंतैं स्वविषयक विकल्परूपज्ञानकूंउत्पन्नकरैहै ॥ तैसे कार्यकारणसहितबुद्धि यद्यपिअसत्यहै ॥ तथापि साबुद्धि नानाप्रकारकेभ्रांतिरूपज्ञानोंकूं उत्पन्नकरैहै ॥ यातैं शशशृंगकीन्यांई असत्यबुद्धिविषेभी नानाप्रकारकेव्यवहारकीकारणता संभवैहै ॥ शंका ॥ बुद्धिकेअसत्यहुएभी बुद्धिकाकारणजोअज्ञानहै सो सत्य क्यूंनहींहोवै ? ॥ जोअज्ञानकूंभी असत्यमानौंगे तौ असत्यवस्तु किसीकूंअनर्थकीप्राप्तिकरैनहीं ॥ यातैं असत्यअज्ञानविषे जन्ममरणादिरूपअनर्थकीकारणता नहींहोणीचाहिये ॥ समाधान ॥ जैसे बुद्धिअसत्यहै ॥ तैसे बुद्धिकाकारणअज्ञानभी असत्यहीहै ॥ और असत्यवस्तुविषेभी अनर्थकीकारणता लोकविषेदेखीतीहै ॥ जैसे मक्षिकाके नहींभक्षणहुएभी जिसपुरुषकूं याप्रकारकीभ्रांतिहोवैहै ॥ हमनैं मक्षिकाकाभक्षणकन्याहै ॥ तिसपुरुषकूं वमनहोवैहै ॥ अथवा सर्पकेअविद्यमानहुएभी जिसपुरुषकूंऐसीभ्रांतिहोवैहै ॥ हमारेकूंसर्पनैं दंशकन्याहै ॥ और तासर्पकीविष हमारेकूंचडतीहै ॥ सोपुरुष प्राणोंकापरित्यागकरैहै ॥ यातैं जैसे असत्यमक्षिकाकाभक्षण वमनरूपअनर्थकाकारणहै ॥ और असत्यसर्प मृत्युरूपअनर्थकाकारणहै ॥ तैसे अत्यंतअसत्यअज्ञानभी भ्रां

तपुरुषोंके जन्ममरणादिरूपअनर्थकाकारण संभवैहै ॥ और हे शाकल्य! जैसे एकहीस्वप्नद्रष्टापुरुष असत्यअज्ञानकरिकै हस्ति
अश्वादिकनानाप्रकारकेरूपोंकूंधारणकरैहै ॥ तैसे एकहीपरमात्मादेव असत्यअज्ञानकेवशतैं प्रपंचरूपकूंधारणकरैहै ॥ और हेशा
कल्य! हमसरीखेविद्वान्पुरुषोंकीदृष्टिकरिकै यद्यपि अज्ञान तीनकालविषेअसत्यहै ॥ तथापि तुमारेसरीखेजेअविवेकीपुरुषहैं
तिनोंकूं यहअज्ञान वज्रकेपर्वतसमान दुर्भेद्यहै ॥ याकारणतैंही तेरेसरीखेअविवेकीपुरुष अत्यंतसमीपहृदयदेशविषेस्थित आत्मा
कूंभीनहींजाणते ॥ दृष्टांत ॥ जैसे नेत्रोंतैंरहितअंधपुरुष हस्तकरिकैस्पर्शकरीहुई निधिकूंभीजाणतानहीं ॥ यातैं हेशाकल्य! संपूर्ण
प्रपंचरूपचित्रकाआश्रय परमात्मारूपहृदयहै यहउत्तर हमनैं तुमारेप्रतिकह्या ॥ अब जिसअर्थकेश्रवणकरणेकी तुमारेकूंइच्छा
होवै सोअर्थ हमारेसैं तुमपूछो ॥ हेशिष्य! याप्रकारकावचन जबी याज्ञवल्क्यनैं शाकल्यकेप्रतिकह्या तबी सोमूढबुद्धिशाकल्य
पुनःप्रश्नकरणेतैं निवृत्तनहींहोताभया ॥ किंतु जैसे कालकरिकैमोहितहुआ मंडूक कृष्णसर्पकेबुलावणेहारीवाणीकूं वारंवार उच्चार
णकरैहै ॥ तैसे पापकर्मकरिकै प्रेरणाकऱ्याहुआ यहशाकल्यभी कालरूपसर्पकेबुलावणेहारी जोपुनःप्रश्नरूपीवाणीहै तिसकूं उ
च्चारणकरताभया ॥ ऐसेशाकल्यकूंदेखिकरिकै सोयाज्ञवल्क्य करुणाकरिकै अत्यंतदुःखीहोताभया ॥ अब जाविचारकरिकै याज्ञ
वल्क्यकूं चित्तविषेदुःखहुआ ताविचारकूंदिखावैहैं ॥ बडाकष्टहै यादुर्बुद्धिशाकल्यकामरणा अबीसमीपप्राप्तभयाहै ॥ काहेतैं? रक्तवर्ण
वालेहैंनेत्रजिसके ॥ तथा ऋग् यजुष् साम येतीनवेदहैंस्वरूप जिसके ॥ ऐसाजोसूर्यभगवान् हमारागुरुहै ॥ सो आपणीप्रति
ज्ञाकेसत्यकरणेवासते अबीमंडलतैंनीचैउत्तरकरिकै मेरीजिव्हाविषेस्थितहोवैगा ॥ तिसतैं अनंतर परवशहुईयहमेरीजिव्हा या
दुर्बुद्धिशाकल्यकेप्रति शापदेवैगी ॥ ताशापकरिकै यहशाकल्य क्षणमात्रविषे भस्महोवैगा ॥ याप्रकारकाविचारकरिकै कृपाकरिकै
युक्तहुआ सोयाज्ञवल्क्यमुनि चित्तविषेदुःखीहोताभया ॥ और याशाकल्यका किसीप्रकारकरिकैमरणनहींहोवै तौश्रेष्ठवार्ता है ॥
याप्रकारकाचिंतन सोयाज्ञवल्क्य करताभया ॥ तिसतैंअनंतर मृत्युकेसमीपप्राप्तहुआ सोमूढबुद्धिशाकल्य पुनःयाज्ञवल्क्यकेप्रति या
प्रकारका प्रश्नकरताभया ॥ शाकल्यउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य! संपूर्णप्रपंचरूपीचित्रकाआधारजोहृदयहै ॥ सो किसकेआश्रितरहैहै?

हेशिष्य! याप्रकारकाप्रश्न जबीशाकल्यनैंकऱ्या ॥ तबी सोयाज्ञवल्क्य हेअहल्लिक! याप्रकारकासंबोधनदेकै शाकल्यकेप्रति कह
ताभया ॥ अब पंचप्रकारकरिकै अहल्लिकशब्दकेअर्थकूंदिखावैहैं ॥ तहां दिनविषेजोलयकूंप्राप्तहोवैं और रात्रिविषेप्रादुर्भावहोवैं
ताकूं अहल्लिककहैहैं ॥ ऐसेप्रेतशरीरहोवैहैं ॥ और यहशाकल्यभी मरिकेप्रेतभावकूंप्राप्तहोवैगा ॥ याकारणतैं याज्ञवल्क्यनैं शाक
ल्यकूं अहल्लिककह्याहै ॥ १ ॥ अथवा दिनकीन्यांईं प्रकाशमानअर्थविषे जोसंशयरूपलयकूंप्राप्तहोवैं ताकूं अहल्लिककहैहैं ॥ सो
याज्ञवल्क्यकेस्पष्टअर्थविषे याशाकल्यकूं संशयहुआहै ॥ याकारणतैं याज्ञवल्क्यनैं शाकल्यकूं अहल्लिककह्याहै ॥ २ ॥ अथवा सू
क्ष्मअर्थकूंनिश्चयकरणेहारा जोहृदयहै ॥ ताहृदयतैं जोपुरुषरहितहोवैहै ताकूं अहल्लिककहैहैं ॥ तहांस्पष्टकरिकै कथनकऱ्याजोअर्थ
है ताकेविषे कोईबुद्धिमान् पुनःप्रश्नकरतानहीं ॥ और यहशाकल्यतौ स्पष्टअर्थविषेभी पुनःपुनःप्रश्नकरैहै ॥ यातैं यहजान्याजावै
है ॥ सूक्ष्मअर्थकेनिश्चयकरणेहाराजोहृदयहै तिसतैं यहशाकल्यरहितहै ॥ जोशाकल्यकीबुद्धि सूक्ष्मअर्थकूंग्रहणकरती तौ यहशाक
ल्य पुनःपुनःप्रश्ननहींकरता ॥ याकारणतैं याज्ञवल्क्यनैं शाकल्यकूं अहल्लिककह्याहै ॥ ३ ॥ अथवा याज्ञवल्क्यनैंकथनकऱ्याजो प्र
पंचरूपचित्रकाआधार परमात्मारूपहृदय तिसकूं शाकल्यनैंजान्यानहीं ॥ किंतु मरणेतैंअनंतर पृथिवीविषेस्थित जोमांसमयहृदय
है ॥ जिसमांसमयहृदयकूं श्वानादिकभक्षणकरैहैं ॥ ता मांसमयहृदयकूंही शाकल्यनैं जान्याहै ॥ याकारणतैं याज्ञवल्क्यनैं शाकल्यकूं
अहल्लिककह्याहै ॥ ४ ॥ अथवा दिनकेकरणेहारा जोसूर्यभगवान्है ॥ सो यासभाविषे याशाकल्यकानाशकरैगा ॥ याकारणतैंया
ज्ञवल्क्यनैं शाकल्यकूं अहल्लिककह्याहै ॥ ५ ॥ हेशिष्य! याप्रकार याज्ञवल्क्यमुनि अहल्लिकसंबोधनदेकै शाकल्यकेप्रति उत्तरकह
ताभया ॥ याज्ञवल्क्यउवाच ॥ हेशाकल्य! प्रपंचरूपचित्रकेधारणकरणेहारा जोपरमात्माहै ॥ तिसकूंही हमनैं हृदयरूपकरिकैक
ह्याहै ॥ परंतु तुमनैं यहवार्ताजाणीनहीं ॥ किंतु प्रसिद्धमांसकेखंडकूं तुमनैं हृदयरूपकरिकैजान्याहै ॥ यातैं तेरेअभिप्रायकेअनुसा
र मैं ताप्रश्नकेउत्तरकूंकहताहूं ॥ हेशाकल्य! सोहृदय मेरेसूक्ष्मशरीरकेआश्रितरहैहै ॥ काहेतैं? सूक्ष्मशरीरतैंविना यहस्थूलशरी
रस्थितहोवैनहीं ॥ और स्थूलशरीरतैंविना यहसूक्ष्मशरीरभी स्थितहोवैनहीं ॥ जबी सूक्ष्मशरीरतैं यहस्थूलशरीर पृथक्होवैहै ॥

प्रकाश्यप्रकाशकभावहोणाचाहिये ॥ किंवा जोवादी स्वप्रकाशज्ञानकरिकै स्वप्रकाशज्ञानकाप्रकाश अंगीकारकरैहै ॥ सोवादी तिन ज्ञानोंके परस्परन्यूनअधिकतारूपभेदकूंभीअवश्यअंगीकारकरैगा ॥ तहां प्रकाश्यज्ञानविषे न्यूनता मानणीहोवैगी ॥ और प्रकाशक ज्ञानविषे अधिकतामानणीहोवैगी ॥ यातैं जैसे यहघटहै यहपटहै इत्यादिकज्ञानोंकरिकै प्रकाश्य जेघटपटादिकपदार्थहैं ॥ तिनोंविषे स्वप्रकाशतानहींहै ॥ तैसेज्ञानकरिकैप्रकाश्य ज्ञानोंविषेभी स्वप्रकाशता नहींरहैगी ॥ यातैं ज्ञानकूंस्वप्रकाशमानिकै ताज्ञानकादूसरेज्ञानकरिकै प्रकाशमानणा यहवादीकाकहणाकैसाहै ॥ जैसे कोईपुरुषकहै मेरीमातावंध्याथी यावचनकीन्यांई व्याघातदोषवाला है ॥ किंवा जोवादीस्वप्रकाशज्ञानोंविषे न्यूनअधिकतारूपभेद नहींअंगीकारकरै ॥ तौभी तिनज्ञानोंका परस्पर प्रकाश्यप्रकाशकभाव सिद्धहोइसकैनहीं ॥ काहेतैं? समानजातिवालेपदार्थोंका परस्पर प्रकाश्यप्रकाशकभाव कहांलोकविषेदेख्यानहीं ॥ जैसे दीपक आपणेतैंविजातीयजेघटादिकपदार्थहैं तिनोंका प्रकाशकरैहै ॥ परंतु प्रकाशरूपकरिकैसमानजातिवाले जे खद्योतादिकहैं तिनोंकूं सोदीपक प्रकाशकरिसकैनहीं ॥ तैसे स्वप्रकाशरूपकरिकै समानस्वभाववाले जेज्ञानहैं ॥ तिनोंकाभी परस्पर प्रकाश्यप्रकाशकभाव संभवैनहीं ॥ यातैं किसीप्रकारकरिकैभी ज्ञानोंकाभेदसिद्धहोइसकैनहीं यहासिद्धभया ॥ अब भेदरहितज्ञानोंकूं आत्मरूपता कथनकरणेवासते प्रथम ज्ञानविषे सुखरूपता निरूपणकरैहै ॥ ते भेदतैंरहितज्ञान सुखरूपहैं ॥ काहेतैं? यो वै भूमा तत्सुखं ॥ अर्थयह ॥ जोपदार्थभेदतैंरहितहै सोईपदार्थ सुखरूपहै ॥ याश्रुतिविषेकथनकऱ्या जोभेदशून्यत्वरूप सुखकालक्षण सोसुखकालक्षण भेदशून्यज्ञानोंविषेभीघटैहै ॥ यातैं भेदरहितज्ञान सुखरूपहै ॥ शंका ॥ श्रुतिनेंकथनकऱ्या जोभेदशून्यत्वरूपसुखकालक्षण सोलक्षणसुखविषे कहां घटैहै? ॥ समाधान ॥ सुषुप्तिअवस्थाविषे तथासमाधिअवस्थाविषे भेददर्शनकाअभावहोवैहै ॥ याकारणतैं यहजीव सुषुप्तिअवस्थाविषे तथासमाधिअवस्थाविषे दुःखकूंअनुभवकरतेनहीं ॥ किंतु सुखकूंही तहां अनुभवकरतेहैं ॥ शंका ॥ सुषुप्तिअवस्थाविषे तथासमाधिअवस्थाविषे विद्यमानजोसुखहै ॥ ताकेविषे भेदशून्यत्वरूपसुखकालक्षण यद्यपिसंभवैहै ॥ तथापि सोसुख स्वप्रकाशज्ञानस्वरूपहै याअर्थविषे कौनप्रमाणहै? ॥ समाधान ॥ स्वप्रकाशरूपकरिकै पूर्व वर्णनकरेजेज्ञान तेज्ञान जोसुखरूपनहींहोवै तौ जैसे सुषु

प्तिअवस्थाविषे तथासमाधिअवस्थाविषे जीवोंकूं दुःखका अनुभव नहींहोवैहै ॥ तैसे सुषुप्तिसमाधिविषे जीवोंकूं सुखकाअनुभवभी नहींहोणाचाहिये ॥ और सर्वजीवोंकूं सुषुप्तिअवस्थाविषे तथासमाधिअवस्थाविषे सुखकाअनुभवहोवैहै ॥ यातें स्वप्रकाशज्ञानही सुखरूपहै ॥ याकारणतैंही सर्वजीवोंकूं सुषुप्तिकेस्वप्रकाशज्ञानरूपआनंदविषे इच्छाहोवैहै ॥ शंका ॥ सुषुप्तिविषे जोसर्वजीवोंकीइच्छाहोवैहै ॥साइच्छा सुखकीप्राप्तिवासतै होवैनहीं ॥ किंतु सुषुप्तिअवस्थाविषे सर्वदुःखोंकाअभावहोवैहै ॥ ता दुःखाभावकीप्राप्तिवासतै जीवोंकूं सुषुप्तिविषेइच्छाहोवैहै ॥ यातें सुषुप्तिअवस्थाविषे स्वप्रकाशज्ञानकेसाथ सुखकाअभेदअंगीकारकरणानिष्फलहै ॥ **समाधान** ॥ सुषुप्तिअवस्थाविषे जैसे स्वप्रकाशज्ञान सुखरूपहै ॥ तैसे दुःखकाअभावरूपभीहै ॥ स्वप्रकाशज्ञानतैंभिन्न दुःखाभावनहीं ॥ काहेतैं? सुषुप्तिविषेस्थितजो सर्वदुःखोंकाअभावहै ॥ सोदुःखाभाव जोस्वप्रकाशज्ञानतैंभिन्नहोवैगा ॥ तौ तादुःखाभावकीसिद्धिही नहींहोवैगी ॥ और जोवादी सुषुप्तिअवस्थाविषे दुःखाभावकूं स्वप्रकाशज्ञानतैंभिन्नमानिकै तादुःखाभावकाप्रकाश अंगीकारकरैहै ॥ तावादीसैं यहपूछाचाहिये ॥ सुषुप्तिअवस्थाविषे तादुःखाभावकूं सूर्यादिक प्रकाशकरैहैं ॥ अथवा स्वप्रकाशज्ञान तादुःखाभावकूं प्रकाशकरैहै? ॥ तहां प्रथमपक्ष जोवादी अंगीकारकरै सो संभवैनहीं ॥ काहेतैं? सुषुप्तिअवस्थाविषे सर्वकार्यप्रपंचकालयहोवैहै ॥ यातें सूर्यादिकप्रकाशोंकाभी सुषुप्तिविषेलयहोवैहै ॥ और सुषुप्तिअवस्थाविषे स्वप्रकाशज्ञानकरिकै दुःखाभावकाप्रकाशहोवैहै यहदूसरापक्ष जोवादी अंगीकारकरै सोभी संभवैनहीं ॥ काहेतैं? सुषुप्तिअवस्थाविषेस्थित जोदुःखाभावहै ॥ तादुःखाभावकूं वादी स्वप्रकाशज्ञानतैंअत्यंतभिन्नमानेहै ॥ यातें ताअत्यंतभिन्नदुःखाभावकूं स्वप्रकाशज्ञान प्रकाशकरैनहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ चैतन्यरूपस्वप्रकाशज्ञान दोपदार्थोंकूं प्रकाशकरैहै ॥ एकतौ आपणेस्वरूपकूं प्रकाशकरैहै ॥ और दूसरा आपणेसाथ तादात्म्यभावकूंप्राप्तभयाजोपदार्थहै ताकूं प्रकाशकरैहै ॥ अत्यंतभिन्नदुःखाभावकूं स्वप्रकाशज्ञान प्रकाशकरैनहीं ॥ यातें सुषुप्तिअवस्थाविषे दुःखाभावकीसिद्धिवासतै वादीनैं तादुःखाभावकूं स्वप्रकाशज्ञानरूप मान्याचाहिये ॥ अब सत्ख्यातिवादीकेमतकूं अंगीकारकरिकै दुःखाभावविषे स्वप्रकाशज्ञानरूपता सिद्धकरैहै ॥ जैसे सत्ख्यातिवादीकेमतविषे घटविषेस्थित जोप

टादिकसर्वपदार्थोंकाअभावहै ॥ सोपटादिकोंकाअभाव अधिकरणरूपघटतैंभिन्ननहीं किंतु घटरूपहीहै ॥ तैंसे सुषुप्तिअवस्थाविषे अधिष्ठानरूपचैतन्यविषे स्थितजोदुःखाभावहै ॥ सोभी अधिष्ठानरूपचैतन्यतैंभिन्ननहीं ॥ किंतु सोदुःखाभाव अधिष्ठानचैतन्यरूप है ॥ शंका ॥ सत्ख्यातिवादीकीन्याईं जोअभावकूं अधिकरणरूपमानोंगे तौ संपूर्णजगत्कूं अभावरूपता प्राप्तहोवैगी ॥ समाधान ॥ अभावकूं अधिकरणरूपमानणेविषे जोसंपूर्णजगत्कूं अभावरूपताप्राप्तहोवै तौ होणेदेवो ॥ याकेविषे हमअद्वैतवादियोंकी किंचित्मात्रभी हानिहोवैनहीं ॥ उलटा अद्वितीयआत्माका दृढनिश्चयहोवैहै ॥ शंका ॥ सत्ख्यातिवादीकेमतकूंअंगीकारकरिकै जो दुःखाभावकूं अधिष्ठानचैतन्यरूप अंगीकारकरोगे तौ तुमारेसिद्धांतकीहानिहोवैगी ॥ समाधान ॥ सर्वअंशतैं जोपरमतकाअंगीकारकरिये तौ हमारेसिद्धांतकीहानिहोवै ॥ परंतु सर्वअंशतैं हम परमतकाअंगीकारकरतेनहीं ॥ किंतु परमतकी जितनीअंश श्रुतिअर्थविषे अनुकूलहै ॥ तितनीअंशका हम अंगीकारकरैहैं ॥ यातैं आपणेसिद्धांतकीहानि होवैनहीं ॥ तहां दृष्टांत ॥ जैसे केवल दधिकेभक्षणतैं यद्यपि ज्वरकीउत्पत्तिहोवैहै ॥ तथापि शर्करायुक्तदधिकेभक्षणतैं ताज्वरकीउत्पत्तिहोवैनहीं ॥ तैंसे श्रुतिविरुद्धपरमतके अंगीकारकरणेतैं यद्यपि सिद्धांतकीहानिहोवैहै ॥ तथापि श्रुतिअर्थकेअनुकूलजोयुक्तिहै ॥ तायुक्तिरूपशर्कराकरिकैयुक्त परमतरूपीदधिकेग्रहणकरणेविषे किंचित्मात्रभी सिद्धांतकीहानिहोवैनहीं ॥ यातैं सत्ख्यातिवादी जिसघटकूं पटादिकसर्वपदार्थोंकाअभावरूपमानैहै ॥ ताघटकूंही हमअद्वैतवादी ब्रह्मरूपमानैहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ अस्ति भाति प्रिय नाम रूप यापंचअंशोंकरिकै सर्वजगत् व्याप्तहै ॥ तहां घटका नामरूप यहदोनोंअंश कल्पितहैं ॥ यातैं अधिष्ठानचैतन्यतैंभिन्ननहीं ॥ और अस्ति भाति प्रिय ये तीनोंअंश ब्रह्मरूपहैं ॥ यहवार्ता अन्यशास्त्रविषेभीकहीहै ॥ श्लोक ॥ अस्तिभातिप्रियंरूपं नामचेत्यंशपंचकं ॥ आद्यंत्रयंब्रह्मरूपं जगद्रूपंततोद्वयं ॥ अर्थयह ॥ संपूर्णजगत् अस्ति भाति प्रिय नाम रूप यापंचअंशोंकरिकैयुक्तहै ॥ तहां अस्ति भाति प्रिय ये आदिकेतीनअंशतौ ब्रह्मरूपहैं ॥ और नाम रूप येदोनोंअंश जगत्रूपहैं ॥ १ ॥ किंवा अधिकरणरूपभावपदार्थतैं जोअभावभिन्नहोवैगा तौ ताअभावविषे पदार्थपणाही नहींसंभवैगा ॥ काहेतैं ? अस्तिपदकेतादात्म्यसंबंधवाला जोवस्तुहोवैहै ॥ तावस्तु

कूं बुद्धिमान्पुरुष पदार्थकहैंहैं ॥ जैसे घटोअस्ति पटोअस्ति यास्थानविषे अस्तिशब्दका घटपटरूपअर्थकेसाथ तादात्म्यसंबंधहै ॥ सोअस्तिशब्दकातादात्म्य अभावकेसाथ संभवैनहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ लोकविषे तथाशास्त्रविषे जितनेवृक्षादिकशब्दहैं ॥ तिनोंकाभी सत्यतैंभिन्न अभावरूप अर्थहोवैनहीं तौ अस्तिशब्दका सत्यतैंभिन्नअभावरूपअर्थ किसप्रकारहोवैगा? ॥ याकारणतैं भी संपूर्णपदार्थ सत्यहैं ॥ शंका ॥ प्रतिसंख्यानिरोध अप्रतिसंख्यानिरोध आकाश यातीनोंकूं नास्तिक असत्यमानैहैं ॥ तहां बुद्धिपूर्वक पदार्थकेनाशकूं प्रतिसंख्यानिरोधकहैंहैं ॥ और अबुद्धिपूर्वक पदार्थकेनाशकूं अप्रतिसंख्यानिरोधकहैंहैं ॥ और आवरणकेअभावकूं आकाशकहैंहैं ॥ यातैं नास्तिकोंकेमतविषे येतीनों अभावरूपहोणेतैं जैसे असत्यहैं ॥ तैसे अभावरूपहोणेतैं घटादिकसर्वपदार्थोंकूंभी असत्यरूपता क्यूंनहींहोवै? ॥ समाधान ॥ आकाशविषे जोअभावरूपतासिद्धहोवै तौ आकाशकेदृष्टांतकरिकै घटादिकपदार्थोंविषे असत्यरूपता सिद्धहोवै ॥ सो आकाशविषे अभावरूपता संभवैनहीं ॥ काहेतैं? आकाशोअस्ति याप्रतीतिविषे आकाशशब्दका तथाअस्तिशब्दका आकाशकेसाथ तादात्म्यसंबंध सर्वलोकोंकूंप्रतीतहोवैहै ॥ और सत्यपदार्थका असत्यपदार्थकेसाथ तादात्म्यसंबंधसंभवैनहीं ॥ यातैं आकाशअसत्यनहीं ॥ किंवा आकाशकूं जोवंध्यापुत्रकीन्यांई तथानरशृंगकीन्यांई अत्यंतअसत्यमानौगे तौ जैसे वंध्यापुत्रविषे तथानरशृंगविषे किसीपदार्थकीआधारतानहींहै ॥ तैसे आकाशविषेभी शब्दगुणकीआधारता नहींहोवैगी ॥ और संपूर्णशास्त्रवालेपुरुष शब्दगुणकाआकाशही आधारमानैहैं ॥ याकारणतैंभी आकाश अभावरूपनहीं ॥ याप्रकार सत्ख्यातिवादी सर्वपदार्थोंकूं सत्यरूपमानैहैं ॥ और घटविषेस्थित जोपटादिकपदार्थोंकाअभावहै ॥ ताअभावकूं अधिकरणरूपघटतैं भिन्नमानैनहीं ॥ किंतु ताअभावकूं घटस्वरूपमानैहैं ॥ याप्रकारका सत्ख्यातिवादीकामतअद्वैतसिद्धांतविषे अनुकूलहै ॥ काहेतैं? वेदांतशास्त्रविषे वृद्धपुरुषोंनैं यहकह्याहै ॥ श्लोक ॥ अधिष्ठानावशेषोहि नाशःकल्पितवस्तुनः ॥ अर्थयह ॥ कल्पितवस्तुकाजोअभावहै ॥ सो अधिष्ठानतैंभिन्नहोवैनहीं ॥ किंतु अधिष्ठानरूपहीहोवैहै ॥ १ ॥ तहां दृष्टांत ॥ जैसे रज्जुरूपअधिष्ठानविषे कल्पितजोसर्पहै ॥ ताकल्पितसर्पकाअभाव रज्जुरूपअधिष्ठानतैंभिन्ननहीं किंतु रज्जुरूपहै ॥ तैसे

नेहनानास्तिकिंचन ॥ अर्थयह ॥ अधिष्ठानआत्माविषे किंचित्मात्रभीद्वैतप्रपंच नहीं है ॥ याश्रुतिनैं अधिष्ठानआत्माविषे बोधनकन्याजो कल्पितप्रपंचकाभाव सोअभाव अधिष्ठानआत्मातैंभिन्ननहीं ॥ किंतु अधिष्ठानआत्मारूपहै ॥ इसप्रकार सुषुप्तिअवस्थाविषेस्थित जोसर्वदुःखोंकाअभावहै ॥ सोदुःखाभाव अधिष्ठानपरमात्मातैंभिन्ननहीं किंतु परमात्मारूपहै ॥ इतनेग्रंथकरिकै यहअर्थ सिद्धभया ॥ जैसे परमात्मा स्वप्रकाशहै तथाआनंदरूपहै तथा भेदतैंरहितहै ॥ तैसे पूर्वउक्तरीतिसैं यहघटहै यहपटहै इत्यादिकज्ञानभी स्वप्रकाशरूपहैं तथाआनंदरूपहैं तथाभेदतैंरहितहैं ॥ यातैं परमात्माकेसमानलक्षणवालेहोणेतैं तेज्ञान परमात्मातैंभिन्ननहीं ॥ किंतु परमात्मारूपहैं ॥ **शंका** ॥ पूर्वउक्तरीतिसैं ज्ञानोंविषे यद्यपि सजातीयभेद तथास्वगतभेद संभवैनहीं ॥ तथापि विजातीयघटादिकविषयोंकाभेद संभवैहै ॥ **समाधान** ॥ जहांजहां विषयोंकाभेदहोवैहै ॥ तहांतहां ज्ञानोंकाभेदअवश्यहोवैहै ॥ ज्ञानोंकेभेदतैंविना विषयोंकाभेद होवैनहीं ॥ याकारणतैंही यहघटहै याएकज्ञानकाविषयजोघटहै ॥ ताघटविषे कोईभीशास्त्रवाला भेदअंगीकारकरतानहीं ॥ यातैं ज्ञानोंकेभेदतैंही विषयकाभेदहोवैहै ॥ सोज्ञानोंकाभेद यद्यपि अविचारकालविषे प्रतीतहोवैहै ॥ तथापि विचारकालविषे सोज्ञानोंकाभेद प्रतीतहोवैनहीं ॥ यातैं विषयोंकाभेदभीसंभवैनहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ लोकविषे कारणकेभेदतैंही कार्यकाभेद देख्याहै ॥ जैसे मृत्तिकातंतुरूपकारणकेभेदतैं घटपटरूपकार्यकाभेदहोवैहै ॥ और इहां प्रसंगविषे दृष्टिसृष्टिवादकीरीतिसैं ज्ञानरूपदृष्टिही घटादिकविषयोंकाकारणहै ॥ ता कारणरूपदृष्टिकेअभेदसिद्धहुए घटादिकविषयरूपकार्यकाभेदसिद्धहोवैनहीं ॥ **शंका** ॥ ज्ञानोंकेभेदतैंही विषयोंकाभेदहोवैहै याप्रकारकानियम संभवैनहीं ॥ काहेतें ? लोकविषे विशिष्टज्ञानकेएकताहुएभी ताकेविषयोंकाभेदहीदेख्याहै ॥ जैसे दशघटहैं याप्रकारका एकविशिष्टज्ञान दशत्वसंख्याविशिष्ट दशघटोंकूंविषयकरैहै ॥ और यहघट शुक्लहै याप्रकारकाविशिष्टज्ञान शुक्लगुणविशिष्टघटकूं विषयकरैहै ॥ और मैत्रकापुत्र चैत्रनामामनुष्य रूपवान् गमनकरैहै ॥ याप्रकारका एकहीविशिष्टज्ञान जाति गुण क्रिया संज्ञा संबंध यापंचविशेषणोंकरिकैयुक्तचैत्रव्यक्तिकूं विषयकरैहै ॥ तहां मनुष्य इतनीअंशकरिकै मनुष्यत्वजातिकूं विषयकरैहै ॥ और रूपवान् इतनेअंशकरिकै रूपगुणकूंविषयकरैहै ॥ और गमनकरै

है इतनेअंशकरिकै गमनरूपक्रियाकूं विषयकरैहै ॥ और चैत्र इतनेअंशकरिकै चैत्रसंज्ञाविषयकरैहै ॥ और मैत्रकापुत्र इतनेअं
शकरिकै जन्यजनकभावसंबंधकूंविषयकरैहै ॥ इसतैंआदिलैकेअन्यभीविशिष्टज्ञान अनेकपदार्थोंकूंविषयकरैहैं ॥ तहां ज्ञानकेएक
ताहुएभी विषयोंकाभेद सर्वलोकोंकूं अनुभवसिद्धहै ॥ यातैं ज्ञानोंकेभेदतैंही विषयोंकाभेदहोवैहै ॥ याप्रकारकानियम संभवैनहीं
॥ समाधान ॥ हेवादी ! जोतुमनैं पूर्व विशिष्टज्ञानकहे ॥ तहांभी ज्ञानोंकेभेदहैंविना विषयोंकाभेदहोवैनहीं ॥ किंतु ज्ञानोंकेभेदतैंही
तहां विषयोंकाभेदहोवैहै ॥ काहेतैं ? यहतुमारानियमहै ॥ विशेषणज्ञानतैंविना विशेष्यकाज्ञानहोवैनहीं ॥ यातैं विशिष्टज्ञानतैंपूर्ववर्ति
जे विशेषणज्ञानहैं तिनोंकेभेदकूंअंगीकारकरिकैही विषयोंकाभेदहोवैहै ॥ यातैं पूर्वउक्तनियमकाभंगहोवैनहीं ॥ शंका ॥ हेसिद्धांती !
पूर्व तुमने ज्ञानोंकाअभेद सिद्धकऱ्याहै ॥ और अबी ज्ञानोंकाभेदअंगीकारकरिकै समाधानकऱ्या ॥ यातैं पूर्व उत्तर कथनकाविरोध
होवैहै ॥ समाधान ॥ हेवादी ! यहघट शुक्लहै इत्यादिकविशिष्टज्ञान जहां होवैहैं ॥ तहां प्रथम अंतःकरणकीवृत्तियोंकरिकै शुक्लरू
पविशेषणकूं तथाघटरूपविशेष्यकूं तथातिनदोनोंकेसंबंधकूं विषयकरैहै ॥ पश्चात् तिनतीनवृत्तियोंविषेआरूढजो फलचैतन्यहै ॥
ताकरिकै घट शुक्लरूप संबंध यातीनोंकूं विषयकरैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ पूर्वजोज्ञानोंकीएकताकहीहै ॥ सो अंतःकरणकीवृत्तियोंविषे
आरूढजोचैतन्यरूपज्ञानहै ताकेअभिप्रायतैंकहीहै ॥ और अबीजोज्ञानोंकाभेदकह्या ॥ सोअंतःकरणकीवृत्तिरूपउपाधिकेभेद
तैं कह्याहै ॥ यातैं पूर्वउत्तरग्रंथकाविरोधहोवैनहीं ॥ याकहणेकरिकै यहअर्थ सिद्धभया ॥ ज्ञानोंकेभेदकीअपेक्षाकरिकैही विषयोंका
भेद सिद्धहोवैहै ॥ और सोज्ञानोंकाभेद वास्तवतैंहैनहीं ॥ किंतु अंतःकरणकीवृत्तिरूपउपाधिकेभेदतैं ज्ञानोंकाभेद अज्ञानकालविषे
प्रतीतहोवैहै ॥ और जिसकालविषे याअधिकारीपुरुषकूं ब्रह्मविद्याकीप्राप्तिहोवैहै ॥ तिसकालविषे सोकल्पितज्ञानोंकाभेद निवृत्तहो
इजावैहै ॥ ताके निवृत्तहुए विषयोंकाभेदभी स्थितहोवैनहीं ॥ तहां दृष्टांत ॥ जैसे स्वप्नविषे प्राप्तभयाजोराजापणा ताकाजाग्रत्विषेना
शहुए ताराजापणेकरिकैनिरूपित जोराज्यसामग्रीहै साभी नष्टहोइजावैहै ॥ तैसे विचारकालविषे ज्ञानोंकेभेदकेनिवृत्तहुए ताज्ञानों
केभेदनिरूपित जोविषयोंकाभेदहै सोभी निवृत्तहोइजावैहै ॥ एकअद्वितीयआत्मा परिशेषतैंरहैहै ॥ इतनेग्रंथकरिकै ज्ञानोंकूंस्वप्रका

शमानिकै अद्वितीयआत्माकीसिद्धिकरी ॥ अब ज्ञानोंकूंपरप्रकाश अंगीकारकरिकैभी अद्वितीयआत्माकीसिद्धिकरैहैं ॥ घटादिकवि
षयोंकरिकै तथानेत्रादिककरणोंकरिकै भेदवालेजेज्ञानहैं तेज्ञान परप्रकाशहैं यहद्वितीयपक्षजोअंगीकारकरीयं तौभी जैसे परप्र
काश्यघटादिकपदार्थोंका सूर्यादिकप्रकाशोंकरिकै प्रकाशहोवैहै ॥ तैसे तिनपरप्रकाश्यज्ञानोंकाभी किसीअन्यप्रकाशकरिकैही प्र
काश अंगीकारकरणाहोवैगा ॥ सो ज्ञानोंकेप्रकाशकरणेहारा स्वयंप्रकाशसाक्षीआत्माहीहै ॥ हेशिष्य! याअभिप्रायकरिकै सोयाज्ञ
वल्क्यमुनि जनकराजाकेप्रति स्वप्नअवस्थाविषे एकआत्माकूंही स्वयंज्योतिकहताभया ॥ काहेतें? स्वप्नअवस्थाविषे सूर्य चंद्रमा
अग्नि वाक् यहचारिप्रकारकेज्योति लयभावकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ और आत्मारूपज्योतिका किसीअवस्थाविषे लयहोतानहीं किंतु स
र्वअवस्थाविषे साक्षीरूपकरिकै विद्यमानहै ॥ यातें स्वप्नअवस्थाविषे आत्मारूपज्योतिकरिकैही गमनआगमनादिकसर्वव्यवहा
रोंकीसिद्धिहोवैहै ॥ हेशिष्य! यासंघातका आत्माहीज्योतिहै ॥ यावचनकरिकै याज्ञवल्क्यमुनिनैं जनकराजाकेप्रति संघातसैंभि
न्न स्वयंज्योतिआत्माकाउपदेशकऱ्या ॥ परंतु तायाज्ञवल्क्यमुनिकेअभिप्रायकूं जनकराजानें जान्यानहीं ॥ किंतु जनकराजानें
याप्रकार विपरीतअर्थकूंजान्या ॥ आत्मानाम स्वरूपकाहै ॥ यातें संघातकाजोस्वरूपहै सोई स्वयंज्योतिहै ॥ याप्रकारवि
परीतअर्थकूं जाणिकरिकै सोजनकराजा पुनः याज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति प्रश्नकरताभया ॥ राजाजनकउवाच ॥ हेभगवन्!
यासंघातविषेवर्तमान जे देह इंद्रिय प्राण अंतःकरण इत्यादिकपदार्थ हैं ॥ तिनोंविषे कौनआत्मा है? ॥ तात्पर्ययह ॥
स्थूलदेह आत्मा है ॥ अथवा वाकादिकइंद्रिय आत्मा है ॥ अथवा प्राण आत्माहै ॥ अथवा अंतःकरण आत्मा है ॥ याज्ञ
वल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेजनक! आत्मा चेतन पुरुष इत्यादिकशब्दोंकरिकै जिसकूं सर्वलोक कथनकरैहैं ॥ तथा तिनशब्दोंकरिकै
जन्यवृत्तिज्ञान जिसकूं विषयकरैहैं ॥ और जो तिनशब्दज्ञानोंतैंभिन्नहै ॥ ऐसाआत्मा सर्वजीवोंकूंप्रसिद्धहै ॥ और जैसे घटादिकप
दार्थ दृश्यहोणेतें आत्मानहींहै ॥ तैसे देह इंद्रिय प्राण अंतःकरण इत्यादिकसंघातभी दृश्यहोणेतें आत्मानहीं ॥ किंतु सर्वसंघात
तैंभिन्न तथासर्वसंघातकाअधिष्ठान जोचेतनहै सोईही स्वयंज्योतिआत्माहै ॥ और हेजनक! आत्माकेज्ञानवासते तू दूरदृष्टि

मतकर ॥ किंतु जिसज्ञानकरिकै तुमनैं यहप्रश्नकऱ्याहै ॥ ताज्ञानविषेही आत्माकापरिचय होइसकैहै ॥ काहेतें ? जैसे लोकविषे वि
वादकेकरणेहारेपुरुषरूपसाक्ष्यतें साक्षीपुरुष भिन्नहोवैहै ॥ तैसे देह इंद्रिय प्राण अंतःकरण इत्यादिकसंघातरूपसाक्ष्यतें भिन्नहो
इकैजोस्थितहै ॥ और सर्वसंघातकाजोसाक्षीहै ॥ सोईही तुमारा अद्वितीयआत्माहै ॥ हेशिष्य ! याप्रकार याज्ञवल्क्यमुनिनैं जन
कराजाकेप्रति सामान्यतें संघाततैंभिन्नकरिकै आत्माकाउपदेशकऱ्या ॥ अब संघातकेघटक जेदेहादिकपदार्थहैं तिनोंतैंभिन्नकरि
कैआत्माकानिरूपणकरैहैं ॥ तहां प्रथम स्थूलशरीरतैंभिन्नकरिकै आत्माकानिरूपणकरैहैं ॥ हेजनक ! जैसे अग्निविषेतपायाहुआ
जो लोहेकापिंडहै ॥ तालोहपिंडविषे अग्नि तादात्म्यसंबंधकरिकै रहैहै ॥ तैसे विज्ञानरूपजे नानाअंतःकरणहैं ॥ तिनोंविषे यहचे
तनआत्मा कल्पिततादात्म्यसंबंधकरिकैस्थितहै ॥ और जैसे लोहविषेस्थितहुएअग्निकूं लोकविषे लोहमय कहैहैं ॥ तैसे विज्ञानरू
पअंतःकरणविषेस्थितहुएआत्माकूं शास्त्रवेत्तापुरुष विज्ञानमय कहैहैं ॥ और हेजनक ! जैसे लोहेकापिंड स्वभावतें किसीपदार्थका
दाहकरैनहीं ॥ तथा प्रकाशभीकरैनहीं ॥ तैसे अंतःकरण तथाअंतःकरणकी स्मृति अनुभवरूपवृत्तियां जडहैं ॥ यातें स्वभावतें
प्रकाशरूपनहीं ॥ तथा किसीअन्यपदार्थकाप्रकाश करतेनहीं ॥ और जैसे अग्निकेतादात्म्यसंबंधकूंपाइकै लोहेकापिंड प्रकाशकरै
है तथादाहकरैहै ॥ तैसे स्वप्रकाशआत्माके तादात्म्यसंबंधकूंपाइकै अंतःकरण तथाअंतःकरणकीवृत्तियां प्रकाशमानहोवैहैं ॥ त
थास्थूलसूक्ष्मरूपसर्वजगतकूं प्रकाशकरैहैं ॥ इतनेकरिकै अंतःकरणकीवृत्तियोंविषे आत्माकेतादात्म्यअध्यासकाफल निरूपणक
ऱ्या ॥ अब आत्माविषेभी ता तादात्म्यअध्यासकेफलकूं निरूपणकरैहैं ॥ हेजनक ! जैसे लोहकेपिंडकेसाथ तादात्म्यसंबंधकरिकै
लोहमयसंज्ञाकूंप्राप्तहुआअग्नि प्रकाशकूंकरैहै तथादाहकूंकरैहै ॥ लोहमयसंज्ञातैंविना केवलअग्नि प्रकाशमात्रकूंहीकरैहै ॥ तैसे वृत्ति
सहितअंतःकरणकेसाथ तादात्म्यसंबंधकूंप्राप्तहोइकै विज्ञानमयसंज्ञाकूंप्राप्तहुआ यहआत्मा यहघटहै यहपटहै इत्यादिकविशेषज्ञा
नोंकाआश्रयहोवैहै ॥ अंतःकरणकेतादात्म्यसंबंधतैंविना केवलआत्मा चित्स्वरूपहीहै ॥ इतनेकरिकै स्थूलशरीरतें आत्माकाभेद
दिखाया ॥ अब वाकादिकइंद्रियोंतैं तथाप्राणोंतैं भिन्नकरिकै आत्माकानिरूपण करैहैं ॥ हेजनक ! यहआनंदस्वरूपआत्मा वायु

रूपमुख्यप्राणकेसाथ तथाइंद्रियरूपगौणप्राणकेसाथ तादात्म्यअध्यासकूंप्राप्तहोइकै प्राणोंके तथावाकादिकइंद्रियोंके नानाप्रकारकेव्यापारोंकाकारणहोवैहै ॥ याकारणतैं वेदवेत्तापुरुष आत्माकूं प्राणोंविषेस्थितकहैहैं ॥ शंका ॥ हेभगवन्! आत्मा सर्वत्रव्यापकविभुहै ॥ और प्राण परिछिन्नहैं ॥ तापरिछिन्नप्राणविषे विभुआत्माकीस्थिति संभवैनहीं ॥ समाधान ॥ हेजनक! जैसे सर्वत्रव्यापकजोआकाशहै ॥ ताकूं लोक घटविषेस्थित कहैहैं ॥ और जैसे सर्वत्रव्यापकजोवायुहै सो वृक्षकेचलावणेकरिकै अभिव्यक्तहोवैहै ॥ याकारणतैं लोक याप्रकारकहैहैं ॥ यावृक्षविषेवायुस्थितहै ॥ तैसे आत्मा यद्यपि सर्वत्रव्यापकहै ॥ तथापि जहां प्राणहोवैहैं ॥ तहां आत्माकीविशेषकरिकै अभिव्यक्तिहोवैहै ॥ याकारणतैं शास्त्रवेत्तापुरुष प्राणोंविषेआत्माकीस्थितिकहैहैं ॥ अब अंतःकरणतैं भिन्नकरिकै आत्माकानिरूपणकरैहैं ॥ हेजनक! यहआनंदस्वरूपआत्मा यद्यपि सर्वत्रव्यापकहै ॥ तथापि हृदयकमलविषेस्थितजोबुद्धिहै ॥ ताबुद्धिविषे विशेषकरिकै आत्माकीअभिव्यक्तिहोवैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती आत्माकूं हृदयविषेस्थितकहैहै ॥ अब याहीअर्थकूं सर्वलोकोंकेअनुभवकरिकै स्पष्टकरैहैं ॥ हेजनक! पादतैंलेकेमस्तकपर्यंत सर्वशरीरविषे यहजीव सुखकूं तथादुःखकूं अनुभवकरैहै ॥ तथापि सोसुखदुःखकाअनुभव विशेषकरिकैहृदयदेशविषेही प्रतीतहोवैहै ॥ तहां दृष्टांत ॥ जैसे धूपकरिकैतपायमानहुआपुरुष जबी शीतलगंगाजलविषेप्रवेशकरैहै ॥ तबी ताशीतलजलकेस्पर्शकरिकै सर्वअंगोंविषे सुखकाअनुभवकरैहै ॥ परंतु सोसुखकाअनुभव विशेषकरिकै हृदयदेशविषेही प्रतीतहोवैहै ॥ अब याहीअर्थकूं दृष्टांतकरिकैस्पष्टकरैहैं ॥ हेजनक! जैसे सूर्यकातेज यद्यपि सर्वब्रह्मांडविषे समानहै ॥ तथापि घटादिकअस्वच्छपदार्थोंविषे जोसूर्यकातेजहै ॥ ताकीअपेक्षाकरिकै स्फटिकादिकमणियोंविषे सूर्यकातेज अधिकहै ॥ और स्फटिकमणिविषेस्थिततेजकीअपेक्षाकरिकै सूर्यकांतमणिविषेस्थितजो सूर्यकातेजहै सो अधिकहै इसप्रकार उपाधिकी अस्वछतातैं तथास्वच्छतातैं एकहीसूर्यकातेज न्यूनअधिकभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे यहआनंदस्वरूप आत्मा यद्यपि सर्वत्रसमानव्यापकहै ॥ तथापि घटादिकोंविषे जोआत्माकाप्रकाशहै ॥ तिसकीअपेक्षाकरिकै शरीरविषे अधिकहै ॥ और शरीरविषेजोआत्माकाप्रकाशहै ॥ तिसकीअपेक्षाकरिकै हृदयविषे आत्माकाप्रकाशअधिकहै ॥ इसप्रकार उपाधिकीअस्वछतातैं

तथास्वछतातैं एकहीआत्माकाप्रकाश न्यूनअधिकभावकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तहां जैसे सूर्यकाप्रकाश घटादिकपदार्थोंविषे विद्यमानहु आभी स्पष्टरूपकरिकै प्रतीतहोवैनहीं ॥ तैसे शरीरतैंबाहरि घटादिकपदार्थोंविषे विद्यमानहुआभीआत्मा स्पष्टरूपकरिकैप्रतीत होवैनहीं ॥ और जैसे सूर्यकाप्रकाश यद्यपि स्फटिकादिकमणियोंविषे प्रतिबिंबरूपकरिकै स्पष्टप्रतीतहोवैहै ॥ तथापि सोसूर्य काप्रकाश दाहरूपकार्यकूं करैनहीं ॥ तैसे शरीरविषे सामान्यतैं सुखदुःखकेज्ञानहुएभी विशेषतैं सुखदुःखकाज्ञानहोवैनहीं ॥ और जैसे सूर्यकांतमणिविषे सूर्यका स्पष्टरूपकरिकैप्रकाश तथादाहरूपकार्य दोनोंप्रतीतहोवैहैं ॥ तैसे हृदयदेशविषे सुखदुःख तथातिनोंकाविशेषकरिकैअनुभव यहदोनोंप्रतीतहोवैहैं ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती हृदयविषेआत्माकीस्थिति कथनकरैहै ॥ अथवा वाकादिकसर्वइंद्रियोंका तथा जगत्रूपचित्रकूंधारणकरणेहारेअंतःकरणका हृदयकमलहीआधारहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती आत्माकूं हृदयविषेस्थितकहैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ अंतःकरणरूपउपाधिद्वारा आत्माका हृदय आधारहै ॥ अथवा यहआनंदस्वरूपआत्माअंतःकरणादिकसर्वउपाधियोंतैंरहितहोइकै हृदयविषे सुषुप्तिकूंप्राप्तहोवैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती आत्माकूंहृदयविषेस्थितकहैहै ॥ अथवा अष्टांगयोगकरिकैयुक्त तथा ब्रह्मचर्यादिकसाधनोंकरिकैयुक्त जेमुमुक्षुजनहैं तिनोंनैं गुरुशास्त्रकेउपदेशतैं यहआनंदस्वरूपआत्मा हृदयविषेहीजाणीताहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती आत्माकूं हृदयदेशविषेस्थितकहैहै ॥ अथवा मरणकालविषे ब्रह्मलोककूं तथापितृलोककूं तथा कीटपतंगादिकयोनियोंकूं प्राप्तहोणेकीइच्छावान्जोजीवहै ॥ तिसकूं तिनतिसलोककेप्राप्तिकामार्गरूपजोनाडियांहैं तिनोंकाप्रकाश सविज्ञानहृदयतैंहीहोवैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती आत्माकूं हृदयविषेस्थितकहैहै ॥ याकहणेतैंयहअर्थ सिद्धभया ॥ जैसे सूर्यकाप्रकाश यद्यपि सर्वत्रविद्यमानहै ॥ तथापि सूर्यमंडलविषे ताप्रकाशकीविशेषकरिकै प्रतीतिहोवैहै ॥ याकारणतैं सर्वलोक सूर्यमंडलविषे प्रकाशस्थितहै याप्रकारकाकथनकरैहै ॥ तैसे यहआनंदस्वरूपआत्मा यद्यपिसर्वत्र व्यापकहै ॥ तथापि हृदयदेशविषे आत्माकी विशेषकरिकैअभिव्यक्तिहोवैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती आत्माकूं हृदयविषेस्थितकहैहै ॥ अब चैतन्यरूपताकीसिद्धिवासते आत्माकूं ज्योतिरूपकरिकै वर्णनकरैहैं ॥ हेजनक! जैसे बाह्यघटादिकपदा

थोंके प्रकाशकरणेहारे जेतेजरूपसूर्यादिकहैं ॥ ते सूर्यादिक ज्योतिरूपकरिकै सर्वलोकोंकूं प्रसिद्धहैं ॥ और सूर्यादिकप्रकाशोंतैंभिन्न जेघटादिकपदार्थ हैं ॥ तेघटादिकपदार्थ अज्योतिरूपकरिकै सबलोकोंकूं प्रसिद्धहैं ॥ तैसे यहआनंदस्वरूपआत्मा सूर्यादिकज्योतियोंकूं तथाघटादिकअज्योतियोंकूं प्रकाशकरैहै ॥ तथा चैतन्यरूपकरिकै तिनोंतैंविलक्षणहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती याआनंदस्वरूपआत्माकूं ज्योतिकहैहै ॥ और हेजनक! शरीरतैंबाह्यवर्तमान जेसूर्यादिकज्योतिहैं ॥ तेसूर्यादिकज्योति आपणेतैंभिन्नसत्तावालेजे घटपटादिकपदार्थहैं तिनोंकूं प्रकाशकरैहै ॥ तिसप्रकार आत्मरूपज्योति जगत्कूं प्रकाशकरैनहीं ॥ किंतु आपणेतैंअभिन्नसत्तावाले जेघटादिकपदार्थहैं ॥ तिनोंकूं यहआत्मरूपज्योति प्रकाशकरैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे रज्जुविषेकल्पित सर्पदंडादिक रज्जुरूपअधिष्ठानतैं भिन्नसत्तावालेनहीं ॥ तैसे आत्माविषे कल्पितजगत्भी अधिष्ठानआत्माकीसत्तातैंभिन्नसत्तावालानहीं ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती याआनंदस्वरूपआत्माकूं अंतरज्योतिकहैहै ॥ अथवा दूसरेप्रकाशकी नअपेक्षाकरिकै जोप्रकाश आपणेकूं तथाअन्यपदार्थोंकूं प्रकाशकरैहै ॥ ताकूं अंतरज्योतिकहैहैं ॥ ऐसाअंतरज्योतिपणा आत्माविषेहीसंभवैहै ॥ सूर्यादिकबाह्यज्योतियोंविषे संभवैनहीं ॥ काहेतें ? सूर्यादिकज्योति यद्यपि घटादिकपदार्थोंकेप्रकाशविषे दूसरेकिसीज्योतिकीअपेक्षाकरैनहीं ॥ तथापि आपणेप्रकाशविषे तेसूर्यादिकजडज्योति चैतन्यआत्माकीअपेक्षाकरैहैं ॥ यातैं तिनसूर्यादिकोंविषे अंतरज्योतिपणा संभवैनहीं ॥ और हेजनक! जैसे परीक्षाकरणेवासते दुग्धविषेपाईहुयी मरकतमणि आपणेप्रकाशकरिकै सर्वदुग्धकूं पूर्णकरैहै ॥ तैसे यहज्योतिरूपआत्माभी आपणेप्रकाशकरिकै सर्वजगत्कूं पूर्णकरैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती यास्वयंज्योतिआत्माकूं पुरुषकहैहै ॥ अथवा ॥ जैसे पक्षी आपणेगृहविषे शयनकरैहै ॥ तैसे यहआनंदस्वरूपआत्मा स्थावरजंगमशरीरोंकूं पुरीरूपमानिकै तिनशरीररूपपुरियोंविषे तादात्म्यअध्यासकरिकैस्थितिरूपशयनकूं करैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती याआनंदस्वरूपआत्माकूं पुरुषकहैहै ॥ अब अंतःकरणादिकउपाधियोंकेसाथ तादात्म्यअध्यासकरिकै याआत्मापुरुषविषे जन्ममरणादिकविकारोंकूं निरूपणकरैहैं ॥ हेजनक! जैसे जाग्रत्अवस्थाकूं तथास्वप्नअवस्थाकूं प्राप्तहोइकै यहआत्मापुरुष सुखकूं तथादुःखकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तैसे इस

जन्मकूं तथाजन्मांतरकूं प्राप्तहोइकै यहआत्मापुरुष सुखकूं तथा दुःखकूं प्राप्तहोवैहै ॥ और जैसे रज्जुकरिकैबांध्याहुआघटीयंत्र
नीचेऊपरिभ्रमणकरैहै ॥ तैसे कर्मरूपीरज्जुकरिकै बांध्याहुआयहपुरुष कबीजन्मकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और कबी मरणकूंप्राप्तहोवैहै ॥
याप्रकार अनेकशरीरोंकाग्रहणकरताहुआ तथाअनेकशरीरोंकापरित्यागकरताहुआ यहपुरुष निरंतर संसारविषेभ्रमणकरैहै ॥
शंका ॥ हेभगवन्! यहआनंदस्वरूपआत्मा सर्वत्रपरिपूर्णहै॥ यातैं ताका लोकांतरविषे गमन आगमन संभवैनहीं॥ और यहआ
नंदस्वरूपआत्मा कर्तृत्व भोक्तृत्वतैंआदिलैके सर्वविकारोंतैंरहितहै॥ यातैं आत्माविषे पुण्यपापकासंबंधभी संभवैनहीं॥समाधान॥
हेजनक! यहआनंदस्वरूपआत्मा यद्यपि वास्तवतैं जन्मादिकसर्वविकारोंतैंरहितहै ॥ तथापि आपणेस्वरूपकेअज्ञानतैं अंतःक
रणादिकोंकेसाथ तादात्म्यअध्यासकूं प्राप्तहोइकै यहआत्मा पुण्यपापरूपकर्मोंकूंकरैहै ॥ तथा तापुण्यपापरूपकर्मके सुखदुःखरूप
फलकेभोगवासते लोकांतरविषे गमनआगमनकरैहै ॥ यातैं अंतःकरणरूपउपाधिकेसंबंधतैंही आत्माविषेकर्तृत्वभोक्तृत्वादिकवि
कार प्रतीतहोवैहैं वास्तवतैंनहीं ॥ तहां दृष्टांत ॥ जैसे वास्तवतैं उष्णस्पर्शतैंरहितजोआकाशहै ॥ सो उष्णजलकरिकैयुक्तहुआ
अथवा उष्णजलकेऊपरिकेदेशकरिकैयुक्तहुआ उष्णकीन्यांई प्रतीतहोवैहै ॥ तैसे वास्तवतैं कर्तृत्वभोक्तृत्वादिकविकारोंतैंरहित य
हआनंदस्वरूपआत्मा कर्ता भोक्ताअंतःकरणकेसाथ तादात्म्यअध्यासकूंप्राप्तहोइकै कर्तृत्वभोक्तृत्वादिकविकारोंकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ औ
र हेजनक! जैसे स्त्रीकेअधीनजोकामीपुरुषहै ॥ सो स्त्रीकेसुखीहुए सुखीहोवैहै ॥ और स्त्रीकेदुःखीहुए दुःखीहोवैहै ॥ तैसे बुद्धिके
साथ तादात्म्यअध्यासकूंप्राप्तहुआ यहआत्मादेवभी बुद्धिकेअनुसारही प्रतीतहोवैहै ॥ तहां जोबुद्धि किसीपदार्थकाध्यानकरैहै तौ
आत्माभी ध्यानकरताकीन्यांई प्रतीतहोवैहै॥ और बुद्धिकेचलायमानहुए आत्माभी चलायमानकीन्यांई प्रतीतहोवैहै॥ इसप्रकार
अंतःकरणकेतादात्म्यअध्यासतैं अनेकप्रकारकेविकारोंकूं यहआनंदस्वरूपआत्मा प्राप्तहोवैहै ॥ इतनेग्रंथकरिकै बुद्धिकेसाथ जोआ
त्माका तादात्म्यअध्यासहै ताकेविषे अनर्थकीकारणतादिखाई ॥ अब स्थूलशरीरकेसाथ जोआत्माका तादात्म्यअध्यासहै ताकेवि
षे अन्वयव्यतिरेककरिकै अनर्थकीकारणताकूं निरूपणकरैहैं ॥ तहां प्रथम व्यतिरेककूं निरूपणकरैहैं ॥ हेजनक! यहआनंदस्व

रूपआत्मा बुद्धिकेसाथ तादात्म्यअध्यासकूं प्राप्तहोइकै स्वप्नअवस्थाविषे तैजससंज्ञाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तहां स्वप्नविषे आपणीमाया शक्तिकरिकै उत्पन्नकरेजेनानाप्रकारकेपदार्थ तिनोंकूंदेखैहै ॥ ऐसीस्वप्नअवस्थाकूंप्राप्तहोइकै यहआत्मादेव सुखैनहीं ॥ जाग्रत्लोककूं उल्लंघनकरैहै ॥ कैसाहैसोजाग्रत्लोक? स्थूलशरीरहैप्रधानजिसविषे ॥ तथा ग्रहरूप जेवाकादिकइंद्रियहैं तथाअतिग्रहरूप जेशब्दादिकविषयहैं तिनोंकरिकैयुक्तहै ॥ तथा अविद्या काम कर्म रूपजोमृत्युहै ताकाकार्यहै ॥ तथा जलकेबुद्बुदकीन्यांई शीघ्रहीनाशवान्है ॥ तथा नानाप्रकारकेदुःखोंकाकारणहै ॥ तथा नानाप्रकारकीव्याधियोंकरिकैयुक्तहै ॥ याप्रकारकेजाग्रत्लोककूं यहपुरुष स्वप्नअवस्थाकूंप्राप्तहोइकै सुखैनहींपरित्यागकरैहै ॥ तहां दृष्टांत ॥ जैसे महाराजा नौकारूपसाधनकरिकै सुखैनहीं अगाधनदीकूंउल्लंघनकरैहै ॥ तैसे यहपुरुष स्वप्नअवस्थाकूंप्राप्तहोणेहारी बुद्धिरूपनौकाकरिकै सुखैनहीं जाग्रत्लोकरूपीनदीका उल्लंघनकरैहै ॥ इतनेकरिकै स्वप्नअवस्थाविषे स्थूलशरीरकेअध्यासकेअभावहुए स्थूलशरीरकेअध्यासजन्यदुःखोंकाअभावरूप व्यतिरेक दिखाया ॥ अब जाग्रत्अवस्थाविषे स्थूलशरीरके तादात्म्यअध्यासकेविद्यमानहुए नानाप्रकारकेदुःखोंकीविद्यमानतारूपअन्वयकूं निरूपणकरैहैं ॥ हेजनक! जैसे माताकेउदरतैं बालक बाहरिनिकसैहै ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषे सुखदुःखरूपफलकूंदेणेहारे जेपुण्यपापरूपकर्महैं ॥ तिनोंकेक्षयहुएतैंअनंतर जाग्रत्अवस्थाविषे सुखदुःखरूपफलकूंदेणेहारे जेपुण्यपापरूपकर्महैं ॥ तिनोंकरिकैजगायाहुआ यहपुरुष जाग्रत्अवस्थाकूंप्राप्तहोइकै जबी स्थूलशरीरविषे अहंअभिमानकरैहै ॥ तबी यहपुरुष नानाप्रकारकेदुःखोंकूंप्राप्तहोवैहै ॥ शंका ॥ हेभगवन्! जाग्रत्अवस्थाविषे स्थूलशरीरकेअभिमानतैं यहपुरुष कौनकौनदुःखकूंप्राप्तहोवैहै?॥ समाधान ॥ हेजनक! जाग्रत्अवस्थाविषे यास्थूलशरीरकेअभिमानतैं जीवोंकूं जेदुःखहोवैहैं ॥ ते दुःख सर्वजीवोंकूंप्रत्यक्षसिद्धहैं ॥ यातैं तिनोंकेनिरूपणकरणेविषे कछुप्रयोजननहीं ॥ हेजनक! यहआनंदस्वरूपआत्मा जबपर्यंत स्थूलशरीरकेअभिमानकूं नहींपरित्यागकरता ॥ तबपर्यंत तास्थूलशरीरकेअभिमानकरिकै अनेकप्रकारकेदुःखोंकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और हेजनक! जैसे स्थूलशरीरकेअभिमानकूं परित्यागकरिकै स्वप्नअवस्थाकूंप्राप्तहुआ यहपुरुष स्थूलशरीरकेअभिमानजन्यदुःखोंकूं प्राप्तहोवै

नहीं ॥ तैसे मरणकालविषे यास्थूलशरीरकेअभिमानकापरित्यागकरिकै जबी यहपुरुष लोकांतरविषेजावैहै ॥ तबीयास्थूल शरीरकेअभिमानजन्य नानाप्रकारकेदुःखोंकूं प्राप्तहोवैनहीं ॥ अब याहीअर्थकूं दृष्टांतकरिकै स्पष्टकरैहैं ॥ हेजनक ! जैसे दुर्भिक्षादिकउपद्रवोंकरिकैयुक्तजोदेशहै ॥ तादेशविषे मोहकरिकै जोपुरुष निवासकरैहै ॥ सोपुरुष तादेशविषे नानाप्रकारके दुःखोंकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे यास्थूलशरीरविषे अहंममअभिमानकरिकै स्थितहुआ यहआत्मादेव नानाप्रकारकेदुःखोंकूंप्राप्त होवैहै ॥ और हेजनक! जैसे दुर्भिक्षादिकउपद्रवोंकरिकै युक्तजोदेशहै ॥ ताकापरित्यागकरिकै जबी सोपुरुष अन्यकि सीदेशविषे चलाजावैहै ॥ तबी सोपुरुष तादेशजन्यदुःखोंकूं प्राप्तहोवैनहीं ॥ तैसे मरणकालविषे यास्थूलशरीरकापरि त्यागकरिकै जबीयहआत्मादेव परलोककूंजावैहै ॥ तबी तास्थूलशरीरकेअभिमानजन्य नानाप्रकारकेदुःखोंकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ इतनेग्रंथकरिकै अन्वयव्यतिरेकतैं स्थूलशरीरकेअभिमानविषे अनर्थकीकारणतादिखाई ॥ अब परलोककूं नहींमानणेहारेजेना स्तिकहैं ॥ तिनोंकेखंडनकरणेवासते परलोककीसिद्धिकरैहै ॥ हेजनक! वास्तवतैं जन्ममरणादिकविकारोंतैंरहित जोयहपरमा त्मादेवहै ॥ सो अनिर्वचनीयअविद्याकेसंबंधतैं जीवभावकूं प्राप्तहोवैहै ॥ और नानाप्रकारके पुण्यपापरूपकर्मोंकूंकरैहै ॥ तापुण्य पापरूपकर्मोंकेवशतैं नानाप्रकारकेशरीरोंकूं ग्रहणकरैहै ॥ तथा नानाप्रकारकेशरीरोंका परित्यागकरैहै ॥ याप्रकार सर्वदासं सारविषे विचरणेहारे याआत्मादेवके दोस्थान अनुगतहैं ॥ एकतौ यहलोक और दूसरा परलोक ॥ तहां प्रत्यक्षप्रमाणकरिकैसि द्धजोयहस्थूलशरीरहै ताकूं यहलोककहैहैं ॥ और यास्थूलशरीरकेत्यागतैंअनंतर आगेहोणेहारेजेशरीरहैं ताकूंपरलोककहैहै ॥ यहदोनोंलोक आत्माकेविचरणेके स्थानहैं ॥ अब स्वप्नकेप्रत्यक्षप्रमाणकरिकै परलोककीसिद्धिकरणेवासते प्रथम स्वप्नअवस्था विषे दोनोंलोकोंकीसंधिरूपताकूं निरूपणकरैहैं ॥ हेजनक! जैसे यहलोक तथा परलोक जीवके सुखदुःखकेभोगकास्थानहै ॥ तै से स्वप्नअवस्थाभी जीवके सुखदुःखकेभोगकास्थानहै ॥ याअभिप्रायतैं केईकविवेकीपुरुष स्वप्नकूं तृतीयस्थान मानैहैं ॥ और जेअत्यंतसूक्ष्मदर्शीपुरुषहैं ॥ ते स्वप्नकूं तृतीयस्थानमानैनहीं ॥ किंतु यहलोक तथा परलोक यहदोनोंस्थानमानैहैं ॥ और स्वप्न

दोनोंलोकोंकेसंधिविषे उत्पन्नहोवैहै ॥ याकारणतैं स्वप्नकूं सांध्य मानैहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे दोनोंग्रामोंकीजोसंधिहै ॥ तासंधिकूं कोईपुरुष तीसराग्राम कहैनहीं ॥ तैसे दोनोंलोकोंकेसंधिविषेस्थित जोस्वप्नहै ॥ सोतीसरास्थान होइसकैनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन्! जोस्वप्न तीसरास्थाननहींहै तौ इसलोकविषे तथापरलोकविषे स्वप्नकाअंतरभाव मान्याचाहिये ॥ स्वप्नकूं सांध्यरूपता किसवासते अंगीकारकरतेहो? ॥ समाधान ॥ हेजनक! दोनोंलोकोंविषे स्वप्नकाअंतरभाव होइसकैनहीं ॥ याकारणतैं स्वप्नकूं सांध्यमानैहैं ॥ तहां शुक्रशोणितकरिकैउत्पत्तिहैजिसकी ऐसाजो स्थूलशरीररूप यहलोकहै ॥ ताकेविषेभी स्वप्नकाअंतरभाव होइसकैनहीं ॥ काहेतें? जबी यहजीव स्वप्नअवस्थाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तबी जाग्रत्कीन्यांई यास्थूलशरीरकाअभिमान ता जीवकूंहोवैनहीं ॥ याकारणतैंही मृतकशरीरकीन्यांई भूमिविषेपडेहुए यास्थूलशरीरकूं स्वप्नद्रष्टापुरुष देखतानहीं ॥ जोइसलोकविषे स्वप्नकाअंतरभावहोता तौ जैसे जाग्रत्अवस्थाविषे याजीवकूं स्थूलशरीरकाअभिमानहोवैहै ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषेभी यास्थूलशरीरकाअभिमानहोणाचाहिये ॥ और स्वप्नअवस्थाविषे यास्थूलशरीरकाअभिमान होतानहीं ॥ यातैं इसलोकविषेभी स्वप्नकाअंतरभाव होइसकैनहीं ॥ याप्रकार परलोकविषेभी स्वप्नकाअंतरभाव होइसकैनहीं ॥ काहेतें? जैसे मरणतैंअनंतर यहजीव स्थूलशरीरकेदाहादिकोंकरिकै दुःखकूं नहींप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषेहैनहीं ॥ किंतु स्वप्नअवस्थाविषे यास्थूलशरीरकेदाहादिकोंकरिकै जीवकूं दुःखहोवैहै ॥ तथा श्वासोंकरिकैयुक्तहोवैहै ॥ यातैं यहजान्याजावैहै ॥ जैसे मरणतैंअनंतर यास्थूलशरीरकेअभिमानकी अत्यंतनिवृत्तिहोवैहै ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषे यास्थूलशरीरकेअभिमानकी अत्यंतनिवृत्तिहोवैनहीं ॥ जोस्वप्नकापरलोकविषे अंतरभाव अंगीकारकरिये तौ स्वप्नविषे यास्थूलशरीरकेदाहादिकोंतैं जीवकूं पीडानहींहोणीचाहिये ॥ तथाश्वासोंकाभी अभाव होणाचाहिये ॥ यातैं परलोकविषेभी स्वप्नकाअंतरभाव होइसकैनहीं ॥ याकहणेतैं यहसिद्धभया ॥ स्थूलशरीरकेअभिमानकूं नपरित्यागकरणा यह इसलोककालक्षणहै ॥ सोभी स्वप्नविषेघटैहै ॥ और स्थूलशरीरके अहंममअभिमानका परित्यागकरणा यह परलोककालक्षणहै ॥ सोभी स्वप्नविषे घटेहै ॥ यातैं दोनोंलोकोंकेसंधिविषे स्वप्न उत्पन्नहोवैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती स्वप्नकूं

सांध्यकहैहै ॥ अब याहीअर्थकूं दृष्टांतकरिकैस्पष्टकरैहैं ॥ हेजनक! जैसे मेघादिकोंतैंरहित निर्मलआकाशविषे तारा
गणका नदर्शनहोणा यह दिनकालक्षणहै ॥ और निर्मलआकाशविषे सूर्यमंडलका नदर्शनहोणा यह रात्रीकालक्षणहै ॥
यहदोनोंप्रकारकेलक्षण सायंकालविषेघटेहैं ॥ याकारणतैं सायंकालकूं बुद्धिमान्पुरुष रात्रि दिन यादोनोंकीसंधिकहैहैं ॥
तिस संधिविषेजोपदार्थ उत्पन्नहोवैहै ताकूं सांध्यकहैहैं ॥ तैसे स्वप्नभी इसलोकके तथापरलोकके संधिविषे उत्पन्नहोवै
है ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती स्वप्नकूं सांध्यकहैहै ॥ इतनेकरिकै स्वप्नविषेसांध्यपणा निरूपणकऱ्या ॥ अब स्वप्नकेप्रत्यक्षक
रिकै परलोककीसिद्धिकरैहैं ॥ हेजनक! तिसस्वप्नरूपसांध्यस्थानविषेस्थितहुआ यहआत्मादेव इसलोककूं तथापरलोककूं देखैहै ॥
तात्पर्ययह ॥ इसशरीरकरिकै जेजेपदार्थ अनुभवकरैहैं ॥ तथा पूर्वशरीरोंकरिकै जेजेपदार्थ अनुभवकरैहैं ॥ तथा भावीशरीरोंक
रिकै जेजेपदार्थ आगेअनुभवकरणेहैं ॥ तिनसंपूर्णपदार्थोंकूं यहजीव स्वप्नविषेदेखैहै ॥ तहांदृष्टांत ॥ जैसे गृहका तथागृहकेबाहर
अंगणका संधिरूपजोद्वारहै ॥ ताद्वाररूपसंधिविषेस्थितहुआ यहपुरुष गृहकेपदार्थोंकूं तथाबाहरिअंगणकेपदार्थोंकूं देखैहै ॥ तै
से यहआत्मादेव स्वप्नरूपसंधिविषेस्थितहोइकै इसलोककेपदार्थोंकूं तथा परलोकके पदार्थोंकूं देखैहै ॥ और हेजनक! यास्थू
लशरीरकेत्यागतैंअनंतर पुण्यपापरूपकर्मकेअनुसार यहजीव जिसप्रकारकेउत्कृष्टशरीरकूं अथवा निकृष्टशरीरकूं प्राप्तहोवैगा ॥
तिसीप्रकारकेशरीरकूं स्वप्नविषेग्रहणकरिकै यहजीवात्मा पुण्यकर्मकेप्रभावतैं सुखकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और पापकर्मकेप्रभावतैं दुःख
कूंप्राप्तहोवैहै ॥ इसप्रकार स्वप्नअवस्थाविषे पुण्यपापकेवशतैं सुखदुःखरूपफलकूंभोगताहुआ यहआत्मादेव इसलोककूं तथापर
लोककूं दोनोंकूंदेखैहै ॥ यातैं स्वप्नद्रष्टापुरुषकाप्रत्यक्ष परलोकविषे प्रमाणहै ॥ तथा अन्यभी श्रुति स्मृति इतिहास पुराण आदि
क परलोकविषेप्रमाणहैं ॥ इतनेकरिकै परलोककीसिद्धिकरी ॥ अब स्वप्नअवस्थाविषे आत्माकीस्वयंप्रकाशरूपता सिद्धकरैहैं ॥ हे
जनक! जबी यहआनंदस्वरूपआत्मा यास्थूलशरीररूपलोकका परित्यागकरिकै दोनोंलोकोंकेदर्शनवासते स्वप्नरूपसांध्यस्थान
कूंप्राप्तहोवैहै ॥ तबी स्थूलशरीरकेसंबंधी जेनेत्रादिकइंद्रियांहैं तथारूपादिकजेविषयहैं ॥ तिनोंकेसूक्ष्मवासनावोंकूं तथातिनवास

नावोंकाआधारजोमनहै तिसकूं साथलेकेही यहआत्मादेव स्वप्नअवस्थाकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तहां दृष्टांत ॥ जैसे महाराजा आपणेअ
नुचरोंकूंसाथलेकेही जावैहै ॥ तैसे यहआनंदस्वरूपआत्मा विषयइंद्रियोंकेवासनायुक्तमनकूं साथलेकेही स्वप्नकूंप्राप्तहोवैहै ॥ औ
र हेजनक! जैसे रेतिविषेक्रीडाकरताहुआबालक ताक्रीडाकेसाधन जेनानाप्रकारकेगृहादिकपदार्थहैं॥ तेपदार्थ तारेतिकेहीरचैहैं॥
और क्षणपीछे सोबालक तिनसर्व रेतिमयपदार्थोंकूं नाशकरैहै ॥ इसप्रकार गृहादिकपदार्थोंकूं उत्पन्नकरिकै तथातिनोंकानाशक
रिकै निरंतर सोबालक क्रीडाकरैहै ॥ तैसे यहआनंदस्वरूपआत्माभी स्वप्नअवस्थाविषे नानाप्रकारकेरथादिकपदार्थोंकूं उत्पन्नक
रिकै तथातिनपदार्थोंकानाशकरिकै निरंतर क्रीडाकरैहै ॥ और हेजनक! तास्वप्नअवस्थाविषे स्वप्रकाशज्ञानरूपआत्मातेंविनादू
सराकोई सूर्यादिकज्योतिहैनहीं ॥ याकारणतें स्वप्नअवस्थाविषे आत्मास्वयंज्योतिहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे स्वयंदासास्तपस्विनः॥
अर्थयह ॥ तपस्विपुरुष आपहीदासहैं ॥ याप्रकारकेवचनतें तपस्वीपुरुषोंतेंभिन्न दूसरेदासकाअभाव जान्याजावैहै ॥ तैसे स्वप्न
अवस्थाविषे आत्मा स्वयंज्योतिहै॥याप्रकारकेवचनतेंभी आत्मातेंभिन्न दूसरेज्योतिकाअभाव जान्याजावैहै॥ यातें स्वप्नअवस्थावि
षे आत्माही स्वयंज्योतिहै ॥ शंका ॥ हे भगवन्! स्वप्नअवस्थाविषे आदित्यादिकज्योतियोंकालयहोवैहै ॥ यातें आदित्यादिकोंकूं
यद्यपि ज्योतिरूपता संभवैनहीं ॥ तथापि मनका स्वप्नअवस्थाविषेलयहोवैनहीं ॥ यातें स्वप्नअवस्थाविषे मनकूं ज्योतिरूपता कि
सवासतेनहींहोवै?॥ समाधान॥ हेजनक! जैसे बालककेक्रीडाकेसाधन जेगृहादिकपदार्थहैं ॥ तिनोंकाउपादानकारण मृत्तिकाज
डहै ॥ तैसे स्वप्नद्रष्टापुरुषके क्रीडाकेसाधनजेस्वप्नकेपदार्थहैं ॥ तिनोंकाउपादानकारणमनभी जडहै ॥ और जैसे क्रीडाकेसाधन
गृहादिकपदार्थोंका परिणामीउपादानकारण जामृत्तिकाहै ॥ तिसकूं सोबालक पूर्वदेखैहै ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषे रथादिकपदा
र्थोंका परिणामीउपादानकारणजोमनहै ॥ तिसमनकूं यहस्वप्रकाशसाक्षीआत्मा देखैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे मृत्तिका गृहादिकप
दार्थोंका परिणामीउपादानकारणहोणेतें जडहै॥ तैसे मनभी स्वप्नपदार्थोंका परिणामीउपादानकारणहोणेतें जडहै ॥ और जोपदा
र्थ जडहोवैहै ॥ सोपदार्थ मृत्तिकाकीन्यांई स्वयंप्रकाशहोवैनहीं॥ किंतु परप्रकाशहोवैहै ॥ यातें स्वप्नअवस्थाविषे जडमनकूं ज्योति

पणा संभवैनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन् स्वप्नअवस्थाविषे मनकूंज्योतिरूपता मतहोवे ॥ तथापि स्वप्नअवस्थाविषे अविद्याकूं ज्योति रूपता किसवासतेनहींहोवै? ॥ समाधान ॥ हेजनक! जैसे स्वप्नअवस्थाविषे साक्षीआत्माकरिकै प्रकाश्यहोणेतें जडमन स्वयंज्योति रूपनहींहै ॥ तैसे साक्षीआत्माकरिकै प्रकाश्यहोणे तें तथाआवरणरूपहोणेतें जडअविद्याभी स्वयंज्योतिरूपनहीं ॥ किंवा जोवादी आवरणरूपअविद्याकूं स्वयंज्योतिरूपता अंगीकारकरै तौ आवरणरूपअंधकारकूंभी स्वयंज्योतिरूपता अंगीकारकरीचाहिये ॥ यातें स्वप्नअवस्थाविषे अविद्याभी स्वयंज्योतिरूपनहीं ॥ और जाग्रत्अवस्थाविषे प्रकाशकरूपकरिकै प्रसिद्ध जेनेत्रादिकइंद्रियहैं ते इंद्रियभी स्वप्नअवस्थाविषेहैंनहीं ॥ तथा आदित्य चंद्रमा अग्नि वाक् यहचारिप्रकारकेज्योतिभी स्वप्नअवस्थाविषेहैंनहीं ॥ यातें परिशेषतें आत्मारूपज्योतिकरिकैही स्वप्नकेपदार्थोंकाप्रकाशहोवैहै ॥ याअभिप्रायकरिकैही श्रुतिभगवतीनें स्वप्नअवस्थाविषे आत्माकूंही स्वयंज्योतिरूप कह्याहै ॥ अब याहीअर्थकेस्पष्टकरणेवासते सर्वलोकोंकेअनुभवकरिकै मनविषे दृश्यपणा निरूपणकरैहैं ॥ हेजनक! जाग्रत्अवस्थाविषे किसीपुरुषकेप्रति जबी कोईअन्यपुरुष वचनकहैहै ॥ तबी सोपुरुष याप्रकार ताकेप्रतिकहैहै ॥ तुमनैंजोहमारेप्रति वचनकह्या ॥ तावचनकेअर्थकूं छोडिकरिकै हमारामन अन्यत्रगयाथा ॥ याकारणतें तुमारेवचनकाअर्थ हमनैं जान्यानहीं तुम फेरिदूसरीवार तावचनकूंकहो ॥ याप्रकारकेअनुभवकरिकै संपूर्णलोकोंनैं आपणेमनकूं विषयकरीताहै ॥ याकारणतें घटादिकपदार्थोंकीन्यांई मनभी दृश्यहै ॥ अब युक्तियोंकरिकै मनविषे जडपणा निरूपणकरैहैं ॥ हेजनक! वेदकूंनहींमानणेहारे जेनास्तिकहैं तिनोंकूंछोडिकरिकै कोईभीआस्तिकवादी मनकूंचेतन माननानहीं ॥ किंतु सर्वआस्तिकवादी मनकूंजडमानैहैं ॥ और जोनास्तिकवादी मनकूंचेतनमानैहै ॥ तावादीसैं यहपूछाचाहिये ॥ जिसमनकूं तुम चेतनरूप मानतेहो ॥ सोमन आत्मरूप है अथवा अनात्मरूपहै ॥ तहां मन अनात्मरूपहै यहदूसरापक्ष जोवादी अंगीकारकरै सो संभवैनहीं ॥ काहेतें? मनकूंअनात्मरूपमानिकै जोवादी मनकूंचेतनरूपअंगीकारकरै तौमनकीन्यांई अनात्मरूप जेघटपटादिकजडपदार्थहैं तेभी चेतनरूपहोणेचाहिये ॥ और घटपटादिकजडपदार्थोंकी चेतनरूपताविषे जोवादी इष्टापत्तिकरै तौ मनविषे चेतनरूपताअंगीकारकरणी व्यर्थ हो

वैगी ॥ काहेतैं ? घटपटादिकसंपूर्णअनात्मपदार्थ मनकीन्यांई चेतनरूपहै ॥ तिनघटादिकचेतनोंकरिकैभी व्यवहारकीसिद्धि होइसकै है ॥ मनकूंचेतनमानणा व्यर्थहै ॥ तहां दृष्टांत ॥ जैसे एकदीपकरिकैही घटादिकपदार्थोंकाप्रकाश संभवहोइसकैहै ॥ तिनघटादिकप दार्थोंके प्रकाशवासते दूसरेदीपककूं कोईपुरुष जगावतानहीं ॥ शंका ॥ हेसिद्धांती ! श्रुतिविषे सर्वजगतकूं चैतन्यरूपकह्याहै ॥ यातैं हमभी सर्वजगतकूं चेतनरूपमानेहैं ॥ समाधान ॥ हेवादी ! संपूर्णजगत्विषे चैतन्यरूपताकूं कथनकरणेहारीजाश्रुतिहै ॥ साश्रुति अनुवादरूपहुई सर्वजगत्विषे चैतन्यरूपताकूं कथनकरैहै ॥ अथवा विधिरूपहुई साश्रुति सर्वजगत्विषे चैतन्यरूपताकूं कथनकरै है ॥ तहां प्रथमपक्षजोवादी अंगीकारकरै सो संभवैनहीं ॥ काहेतैं ? प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंकरिकै सर्वलोकोंकूंज्ञात जोअर्थहै ॥ ताअर्थकूं कथनकरणेहाराजोवचनहै ॥ तावचनकूं शास्त्रवेत्तापुरुष अनुवादकहैहैं ॥ जैसे अग्नि हिमका भेषजहै ॥ याप्रकारकावचन सर्वलोकोंकूं प्रत्यक्ष जोअग्निविषे हिमकेनिवृत्तिकीकारणताहै ताकूं कथनकरैहै ॥ याकारणतैं सोवचन अनुवादरूपहै ॥ तैसे संपूर्णजगत् चेतनरूप है याप्रकारकाश्रुतिवचनभी तबी अनुवादरूपहोवै ॥ जबी संपूर्णजगत्विषे अस्मदादिकजीवोंकूं प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंकरिकै चैतन्यरू पतासिद्धहोवै ॥ सो सर्वजगत्विषे चैतन्यरूपता प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंकरिकै अस्मदादिकजीवोंकूं सिद्धहैनहीं ॥ यातैं सर्वजगत्विषे चैतन्यरूपताकूं कथनकरणेहारीश्रुतिअनुवादरूपनहीं ॥ और सर्वजगत्विषे चैतन्यरूपताकूं कथनकरणेहारीश्रुति विधिरूपहै यहदू सरापक्षजोवादी अंगीकारकरै सोभी संभवैनहीं ॥ काहेतैं ? जोअर्थ प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंकरिकै पूर्वज्ञातनहींहोवै ॥ तथा जिसअर्थ केज्ञानतैंफलकीप्राप्तिहोवै ॥ तथा जिसअर्थका प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंकरिकै बाध नहींहोवै ॥ ऐसे अर्थकूं विधिरूपश्रुति बोधनकरै है ॥ याप्रकारकाअर्थ अद्वितीयआत्माही है ॥ यातैं संपूर्णजगत् चेतनआत्मारूपहै याप्रकारकेअर्थकूंबोधनकरणेहारीजाश्रुति है ॥ सा श्रुति जडजगत्विषे चैतन्यरूपताकूं बोधनकरैनहीं ॥ किंतु जैसे यहरज्जुहै याप्रकारकावचन सर्पत्वभ्रमकीनिवृत्तिकरिकै रज्जुत्वकूंबोधनकरैहै ॥ तैसे यहसंपूर्णजगत् चेतनआत्मारूपहै याप्रकारकाश्रुतिवचनभी द्वैतभ्रमकीनिवृत्तिकरिकै अद्वितीयआत्मा कूंही बोधनकरैहै ॥ तहां यहसंपूर्णजगत् अद्वितीयब्रह्मस्वरूपहै याप्रकारकेअर्थकूं बोधनकरणेहारीजाश्रुतिहै ॥ साश्रुति तत्पदार्थके

शोधनकूं बोधन करैहै ॥ और यह चराचररूप संपूर्णजगत् चेतनरूपहै याप्रकारकेअर्थकूं बोधनकरणेहारीजाश्रुतिहै ॥ साश्रुति तिसीतत्पदार्थरूपपरमात्माविषे चैतन्यरूपताका विधानकरैहै ॥ और यहसंपूर्णजगत् आत्मारूपहै याप्रकारकेअर्थकूं बोधनकरणेहारी जाश्रुतिहै ॥ साश्रुति आत्माविषे सर्वरूपताबोधनद्वारा त्वंपदार्थकेशोधनकूं विधानकरैहै ॥ और तत्पदकाअर्थ परमात्मा आत्मारूपहै याप्रकारकेअर्थकूं बोधनकरणेहारीजाश्रुतिहै ॥ साश्रुति जीवईश्वरकेअभेदकूं बोधनकरैहै ॥ इसतैंआदिलैके संपूर्णश्रुतिवचनोंविषे कोईश्रुतिवचन तत्पदार्थकेशोधनकाप्रकार बोधनकरैहै ॥ और कोईश्रुतिवचन त्वंपदार्थकेशोधनकाप्रकार बोधनकरैहै ॥ और कोईश्रुतिवचन तत्त्वंपदार्थकेअभेदकूं बोधनकरैहै ॥ अज्ञान तथाअज्ञानकाकार्यरूपउपाधिका परित्यागकरिकै ताउपाधितैंचेतनकूं भिन्नकरिकै जोजानणाहै ताकूं तत्त्वंपदार्थकाशोधनकहैहैं ॥ याप्रकारके श्रुतिकेअभिप्रायकूं नअंगीकारकरिकै जोवादी पूर्वउक्तश्रुतिवचनोंका जडचेतनके तादात्म्यबोधनविषे तात्पर्य कल्पनाकरैहै ॥ और ताचेतनआत्माकेतादात्म्यतैं संपूर्णजडजगत्कूं चेतनरूपमानेहै ॥ तावादीसैं यहपूछाचाहिये ॥ चेतनआत्माका तथाजडजगत्का जोतादात्म्यसंबंधतैं तिस तादात्म्यसंबंधका संबंधीपणा चेतनआत्माविषे तथाजडजगत्विषे समानहीहै ॥ यातैं जैसे चेतनआत्माकेतादात्म्यसंबंधतैं वादी जडजगत्कूंचेतनरूप मानेहै ॥ तैसे जडजगत्केतादात्म्यसंबंधतैं सोवादी चेतनआत्माकूंभी जडजगत्रूपता किसवासतेनहींअंगीकारकरता ? किंतु तावादीनैं चेतनआत्माविषेभी जडजगत्रूपता अवश्य अंगीकारकरीचाहिये ॥ यातैं जडप्रपंचकीचैतन्यरूपताबोधनविषे श्रुतिका तात्पर्यनहीं ॥ किंवा जडजगत्विषे चैतन्यरूपताहै याप्रकारकेअर्थविषे श्रुतिका तात्पर्यसंभवैनहीं ॥ काहेतैं ? जिसाजिसअर्थविषेबुद्धिमानूपुरुषोंके अनुभवकाविरोध नहींहोवैहै ॥ तिसीअर्थविषे वेदका तात्पर्यहोवैहै ॥ अनुभवविरुद्धअर्थविषे वेदका तात्पर्यहोवैनहीं ॥ जोअनुभवविरुद्धअर्थविषेभी वेदका तात्पर्यहोवै तौ आदित्योयूपः ॥ अर्थयह ॥ यज्ञभूमिविषेस्थित जोकाष्ठकास्तंभरूपयूप है सो आदित्यहै ॥ याप्रकारकेवेदवचनकरिकै आकाशविषेस्थित प्रकाशरूपसूर्यका अप्रकाशरूपकेसाथ तादात्म्य सिद्धहोणाचाहिये ॥ और सूर्यकाकाष्ठमययूपकेसाथ तादात्म्य सर्वलोकोंकेअनुभवविरुद्धहै ॥ यातैं ताविरुद्धअर्थविषे तावचनका तात्पर्यनहीं ॥

किंतु ता यूपकेस्तुतिविषे तावचनका तात्पर्यहै ॥ इसीप्रकार यजमानःप्रस्तरः ॥ अर्थयह ॥ दर्भोंकीमुष्टिरूप जोप्रस्तरहै सो यज्ञक र्तायजमानरूपहै ॥ याप्रकारकेवेदवचनकरिकै यजमानपुरुषका प्रस्तरकेसाथ तादात्म्य सिद्धहोणाचाहिये ॥ और यजमानपुरु षकाप्रस्तरकेसाथ तादात्म्य सर्वलोकोंकेअनुभवकरिकैविरुद्धहै ॥ यातें ताविरुद्धअर्थविषे तावचनका तात्पर्यनहीं ॥ किंतु ताप्र स्तरकी स्तुतिविषे तावचनका तात्पर्यहै ॥ जोप्रस्तर यजमानकेअभेदविषे तावचनकातात्पर्यहोवै तौ ताप्रस्तरका अग्निविषेदा हकीयेतें यजमानकाभीदाहहोवैगा ॥ यजमानकेदाहहुएतें संपूर्णयज्ञादिककर्मोंकालोपहोवैगा ॥ यातें यहअर्थ सिद्धभया ॥ बुद्धि मानपुरुषोंकेअनुभवकरिकैअविरुद्धजोअर्थहै ॥ ताकेविषे वेदका तात्पर्यहोवैहै ॥ और जडजगत्विषे चैतन्यरूपता सर्वलोकोंके अनुभवकरिकै विरुद्धहै ॥ यातें ताअनुभवविरुद्धअर्थविषे वेदकातात्पर्यनहीं ॥ किंवा जोअर्थ अधिकारीपुरुषोंके पुरुषार्थकाका रणहोवैहै ॥ ताअर्थकूंही वेदकावचन बोधनकरैहै ॥ यह वेदवेत्तापुरुषोंका सिद्धांतहै ॥ और चेतनआत्मा जडजगत्रू पहै ॥ तथाजडजगत् चेतनआत्मारूपहै ॥ याप्रकारकेअर्थज्ञानतें जीवोंकूं किंचित्मात्रभी पुरुषार्थकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ या तें तानिष्फलअर्थकेबोधनविषे वेदभगवान्का तात्पर्यनहीं ॥ किंवा जैसे प्रियपदार्थकेदर्शनवासते उन्मीलनकन्याहुआ चक्षु अप्रियपदार्थकूंभी प्रकाशकरैहै ॥ तैसे पुरुषार्थतेंरहितअर्थकूं वेदभगवान् कदाचित्भी कथनकरतानहीं ॥ काहेतें ? जो पुरुषार्थतेंरहितअर्थकूं वेदभगवान् बोधनकरैगा तौ वेद याप्रकारकेशब्दकाअर्थ वेदभगवान्विषे घटैगानहीं ॥ काहेतें ? अधिका रीपुरुषोंकेप्रति जो पुरुषार्थकूं जनावै ताकूं बुद्धिमान्पुरुष वेदकहैहैं ॥ किंवा व्याकरणकीरीतिसें विदधातुकरिकै वेदशब्दकीसि द्धिहोवैहै ता विदधातुका ज्ञानअर्थहै ॥ ताज्ञानविषेजो अधिकारीपुरुषोंकूं प्रेरणाकरै ताकूं वेदकहैहैं ॥ और प्रेरणाकरणेहाराप्र योजक लोकविषे दोप्रकारकाहोवैहै ॥ एकतौ मुख्यप्रयोजकहोवैहै ॥ और दूसरा गौणप्रयोजकहोवैहै ॥ तहां प्रेरणाकाविषय जोप्रयोज्यपुरुषहै ॥ ताका जिसक्रियाविषे रागहोवैहै ॥ तिसक्रियाविषे ताप्रयोज्यपुरुषकूं जोपुरुष प्रेरणाकरैहै ॥ ताकूं मुख्यप्र योजककहैहैं ॥ जैसे भोजनरूपक्रियाकीइच्छावान् जोक्षुधार्थीपुरुषहै ॥ ताकूं ताभोजनरूपक्रियाविषे जोपुरुष प्रेरणाकरैहै ॥ ताकूं

शास्त्रवेत्तापुरुष मुख्यप्रयोजककहैहैं ॥ और जहां प्रयोज्यपुरुषका जिसक्रियाविषे राग नहींहोवैहै ॥ तिसीक्रियाविषे प्रयोज्यपुरुषकूं जोपुरुष प्रेरणाकरैहै ॥ ताकूं गौणप्रयोजक कहैहैं ॥ जैसे मरणरूपक्रियाविषे जोजीवोंकूंप्रेरणाकरै है ॥ ताकूं मारी कहैहैं ॥ इहां मरणरूपक्रियाविषे जीवोंकाराग हैनहीं ॥ और कालभगवान् जीवोंकूं मरणरूपक्रियाविषे प्रेरणाकरैहै ॥ यातैं कालरूपमारी गौणप्रयोजकहै ॥ और जोपदार्थ पुरुषार्थरूपहोवैहै ॥ तिसीपदार्थविषे प्रयोज्यपुरुषकारागहोवैहै ॥ पुरुषार्थतैंभिन्नपदार्थविषे प्रयोज्यपुरुषकारागहोवैनहीं ॥ और सोपुरुषार्थभी दोप्रकारकाहोवैहै ॥ एकतौ मुख्यपुरुषार्थहोवैहै ॥ और दूसरागौणपुरुषार्थहोवैहै ॥ तहां सुखरूपफल मुख्यपुरुषार्थहै ॥ और तासुखकेसाधन गौणपुरुषार्थहै ॥ और आत्माविषे जडजगत्रूपता तथा जडजगत्विषे चेतनआत्मारूपता येदोनोंप्रकारकेअर्थ सुखरूपनहींहैं ॥ तथा किसीसुखकेसाधन नहींहैं ॥ उलटा जन्ममरणादिकदुःखकेसाधनहैं ॥ ऐसे अपुरुषार्थरूपअर्थविषे अधिकारीपुरुषोंकूं वेदभगवान् किसवासते प्रेरणाकरैगा ? किंतु नहींप्रेरणाकरैगा ॥ तहां दृष्टांत ॥ जैसे पुत्रकेहितकीइच्छाकरणेहारा जोपिताहै ॥ सोपिता पुत्रकूं अपुरुषार्थरूपअर्थविषे प्रेरणाकरतानहीं ॥ तैसे सर्वजीवोंकेकल्याणकीइच्छावान् जोवेदभगवान्है ॥ सोवेदभगवान् जीवोंकूं अपुरुषार्थरूपअर्थविषे प्रेरणाकरैगानहीं ॥ जोवेदभगवान् ता अपुरुषार्थरूपअर्थकूं बोधनकरैगा तौ सोवेदभगवान् अप्रमाणरूपहोवैगा ॥ शंका ॥ हेसिद्धांती ! यहसंपूर्णजगत् चैतन्यआत्मारूपहै याप्रकारकेश्रुतिवचनका जबी जडचेतनकेअभेदविषे तात्पर्यनहींहै ॥ तबी किसअर्थविषे तावचनका तात्पर्यहै ॥ समाधान ॥ हेवादी ! जोअर्थ प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंकरिकै पूर्वज्ञातनहींहोवैहै तथा जिसअर्थका अन्यकिसीप्रमाणकरिकै बाधनहींहोवैहै ॥ तथा जिसअर्थतैं फलकीप्राप्तिहोवैहै ॥ ऐसेअर्थकेबोधनविषे वेदभगवान्का तात्पर्यहोवैहै ॥ सो याप्रकारकाअर्थ स्वप्रकाशअद्वितीयआनंदस्वरूपआत्माहै ॥ यातैं अद्वितीयआत्माकेबोधनविषेही वेदभगवान्कातात्पर्यहै ॥ कैसाहैसोअद्वितीयआत्मा ? प्रपंचरूपद्वैतकूंदेखणेहारे जेकुतर्कीपुरुषहै ॥ तेकुतर्कीपुरुष अंनतजन्मोंकूंप्राप्तहोइकैभी जिसआत्माकूं जाणिनहींसकते ॥ जोकदाचित् वेदप्रमाणतैंभिन्न किसीप्रमाणकरिकै आत्माकेयथार्थस्वरूपकाज्ञानहोता तौ तर्कविषेकुशल जेनैयायिकादिकहैं ॥ तेभी

आत्माकेयथार्थस्वरूपकूंजाणते ॥ परंतु तेनैयायिकादिक आत्माकेयथार्थस्वरूपकूंजाणतेनहीं ॥ यातें यहजान्याजावैहै ॥ श्रुतिप्र
माणतैंभिन्न केवलतर्ककरिकैआत्माका यथार्थस्वरूप जान्याजावैनहीं ॥ **शंका** ॥ हेसिद्धांती! यहसंपूर्णजगत् चेतनआत्मारूपहै
याप्रकारकेश्रुतिवचनोंका जोजडचेतनकाअभेदरूप अर्थनहींहै तौ तावचनोंका कौनअर्थहै?॥ **समाधान** ॥ हेवादी! मुमुक्षुजनोंके
बुद्धिविषेप्रपंचकेअभावकूं आरूढकरावणेवासते साश्रुतिभगवती माताकीन्यांई कृपाकरिकै मुमुक्षुजनोंकेप्रति याप्रकारकाउपदेश
करैहै ॥ हेमुमुक्षुजनो! जैसे रज्जुविषे अज्ञानकरिकैप्रतीतभयाजो सर्प दंड जलधारा माला इत्यादिकद्वैतहै ॥ सोसर्पादिकद्वैत र
ज्जुमात्रहीहैं ॥ सर्पादिकद्वैत तीनकालविषेनहीं ॥ तैसे यहसंपूर्णदृश्यप्रपंच तुमाराआत्माहीहै ॥ आत्मातैंभिन्नद्वैत तीनकालविषे
नहीं ॥ याप्रकार साश्रुति द्वैतप्रपंचकानिषेधकरिकै मुमुक्षुजनोंकेप्रति अद्वितीयआत्माकाबोधनकरैहै ॥ यातें अद्वितीयआत्माविषे
ही तिनश्रुतिवचनोंका तात्पर्यहै ॥ **शंका** ॥ हेसिद्धांती! जडजगत्कीचैतन्यरूपताविषे यद्यपि श्रुतिप्रमाण नहींसंभवैहै ॥ त
थापि अनुमानप्रमाणकरिकै जडजगत्विषे चैतन्यरूपता सिद्धहोवैगी ॥ **समाधान** ॥ हेवादी! जैसे धूमरूपलिंगतें पर्वतविषे
अग्निकाअनुमानहोवैहै ॥ तैसे जगत्केचैतन्यरूपताविषे कोईलिंगहैनहीं ॥ यातें अनुमानप्रमाणतेंभी जगत्विषे चैतन्यरूपता
सिद्धहोवैनहीं ॥ उलटा प्रत्यक्षप्रमाणसहकृत अनुमानप्रमाणकरिकै दृश्यत्वरूपलिंगतें जगत्विषे जडताहीसिद्धहोवैहै ॥ **शंका** ॥
हेसिद्धांती! श्रुतिप्रमाणतथाअनुमानप्रमाण यद्यपिजगत्केचैतन्यरूपताकूं सिद्धकरैनहीं ॥ तथापि किसीपुरुषकाप्रत्यक्षप्रमाण
जगत्केचैतन्यरूपताकूं सिद्धकरैगा ॥ **समाधान** ॥ हेवादी! जिसपुरुषकाप्रत्यक्षप्रमाण जगत्विषे चैतन्यरूपता सिद्धकरैहै ॥
सोपुरुष अस्मदादिकपुरुषोंकेसमानजातिवालाहै ॥ अथवा अस्मदादिकपुरुषोंतें सोपुरुष विलक्षणहै ॥ तहां जोतू प्रथम
पक्ष अंगीकारकरै सो संभवैनहीं ॥ काहेतें? अस्मदादिकपुरुषोंविषे किसीभीपुरुषकूं जगत्केचैतन्यरूपताकाप्रत्यक्षहोतान
हीं ॥ यातें अस्मदादिकपुरुषोंकेप्रत्यक्षकरिकै जगत्विषेचैतन्यरूपतासिद्धहोइसकैनहीं ॥ और अस्मदादिकपुरुषोंतेंविलक्षण
किसीपुरुषकेप्रत्यक्षकरिकै जगत्कीचैतन्यरूपतासिद्धहै यहदूसरापक्ष जोवादीअंगीकारकरै सोभी संभवैनहीं ॥ काहेतें?

अस्मदादिकपुरुषोंतैं विलक्षण किसीपुरुषविषे जगत्केचैतन्यरूपताका प्रत्यक्षहै ॥ यहवार्ता हम कैसेजाणे? ॥ तात्पर्यय
ह ॥ जैसे नरशृंगकासाधक कोईप्रमाणनहीं ॥ तैसे ताविलक्षणपुरुषकेप्रत्यक्षकासाधक कोईप्रमाणनहीं ॥ शंका ॥ हेसि
द्धांती! जगत्केचैतन्यरूपताकूंविषयकरणेहारा जोविलक्षणपुरुषकाप्रत्यक्षहै ॥ सोप्रत्यक्ष यद्यपि प्रमाणोंकरिकेसिद्धहै ॥ त
थापि तेप्रमाण अस्मदादिकपुरुषोंविषेहैंनहीं ॥ समाधान ॥ हेवादी! ताविलक्षणपुरुषकेप्रत्यक्षकासाधक जोप्रमाणहैं तौ
अस्मदादिकपुरुषोंकूं तेप्रमाण किसवासते नहींप्रतीतहोते? ॥ तात्पर्ययह ॥ सर्वकारणोंकरिकैयुक्त जेअस्मदादिकपुरुषहैं ॥ ति
नोंविषे जबी तेप्रमाण अप्रसिद्धभये ॥ तबी तेप्रमाण किसीभीपुरुषविषे नहींहोवेंगे ॥ और जोअप्रसिद्धप्रमाणोंकीभी सिद्धिअं
गीकारकरौगे तौ लोकविषेप्रसिद्धजो मधुर अम्ल लवण कटु कषाय तिक्त यहषट्रसहैं ॥ तिनोंतेंभिन्न किसीसप्तमरसकीभी सि
द्धिहोणीचाहिये ॥ यातैं तेप्रमाण अस्मदादिकपुरुषोंविषेनहीं है ॥ याप्रकारके वादीकेअर्थविषे दैवकी कोईविचित्रघटनाहै ॥ किंवा
जगत्विषे चैतन्यरूपताकूंविषयकरणेहारा जोप्रत्यक्षहै ॥ सो किसीपुरुषविशेषविषेरहैहै ॥ और किसीपुरुषविषे नहींरहैहै ॥ या
प्रकारकेअर्थकूं जोवादी अंगीकारकरैगा तौ तावादीकूं व्याघातदोषकीप्राप्तिहोवैगी ॥ काहेतें? जोजगत् चैतन्यरूपकरिकै विष
यहोणेयोग्यनहीं है ॥ सोईहीजगत् चैतन्यरूपकरिकै किसीपुरुषकेज्ञानका विषयहोवैहै ॥ और सोईहीजगत् चैतन्यरूपकरिकै अ
स्मदादिकपुरुषोंकेज्ञानका अविषयहोवैहै ॥ याप्रकार एकहीजडजगत्विषे चैतन्यरूपकरिकै स्वभावतें विषयता तथाचैतन्यरूप
करिकै स्वभावतें अविषयता जोअंगीकारकरोगे तौ आपणेवचनकरिकैही आपणेवचनकाबाधरूप व्याघातदोष प्राप्तहोवैगा ॥ औ
र हेवादी! मनकूंअनात्मरूपमानिकै जोतू तामनकूंचेतनरूपमानैगा तौ अनात्मरूपकरिकै मनकेसमान जेघटपटादिकपदार्थहैं ॥
तेभी तुमारेमतविषे चेतनरूपहोवेंगे ॥ और अनात्मरूपकरिकै मनकेसमान जेघटादिकजडपदार्थहैं ॥ तिनोंकूंचेतनरूप नमा
निकै केवलमनकूंही जोतू चेतनरूपमानताहै ॥ यह तुमारा अत्यंतदुर्व्यसनहै ॥ इतनेकरिकै चेतनरूपमन अनात्मरूपहै याद्विती
यपक्षकाखंडनकऱ्या ॥ अब सोचेतनरूपमन आत्मरूपहै याप्रथमपक्षका खंडनकरैहैं ॥ चेतनरूपमन आत्मरूपहै याप्रकारका

पक्ष जोवादी अंगीकारकरैहै॥ तावादीसें यहपूछाचाहिये॥ सो चेतनआत्मारूपमन परिछिन्नहै अथवा विभुहै? तहां प्रथमपक्ष जो वादी अंगीकारकरै सोसंभवैनहीं॥ काहेतें? जोपदार्थ परिच्छिन्नहोवैहै॥ सोपदार्थ भेदवालाहोवैहै॥ जैसे घटादिकपदार्थ परिच्छिन्नहोणेतें भेदवालेहैं॥ तैसे मनभी परिछिन्नहोणेतें भेदवालाहीहोवैगा॥ और जोपदार्थ भेदवालाहोवैहै॥ सोपदार्थ कार्यहोवैहै॥ जैसे घटादिकपदार्थ भेदवालेहोणेतें कार्यहैं॥ तैसे भेदवालाहोणेतें सोमनभी कार्यहीहोवैगा॥ और जोपदार्थ कार्यहोवैहै॥ सोपदार्थ किसीकारणकरिकै जन्यहोवैहै॥ जैसे घटादिकपदार्थ कार्यरूपहोणेतें मृत्तिकारूपकारणकरिकैजन्यहैं॥ तैसे कार्यरूपहोणेतें सोमन भी भूतभौतिकरूपकारणकरिकै जन्यहोवैगा॥ इहां भूतशब्दकरिकै सत्वगुणप्रधान आकाशादिकपंचभूतोंकाग्रहणकरणा॥ और भौतिकशब्दकरिकै भुक्तअन्नका ग्रहणकरणा॥ और जो पदार्थ किसीकारणकरिकैजन्यहोवैहै॥ सोपदार्थ जडहोवैहै॥ जैसे मृत्तिकारूपकारणकरिकै जन्यहोणेतें घटादिकपदार्थ जडहैं॥ तैसे भूतभौतिकरूपकारणकरिकैजन्यहोणेतें सोमनभी जडहीहोवैगा॥ यातें कार्यरूपजडमनकूं चेतनरूपकहणा तथा आत्मरूपकहणा अत्यंत विरुद्धहोवैगा॥ और सोचेतनआत्मारूपमन विभुहै यहदूसरापक्ष जोवादी अंगीकारकरै सोभी संभवैनहीं॥ काहेतें? जोपदार्थ विभुहोवैहै॥ सो किसीदेशविषे तथाकिसीकालविषे तथाकिसीवस्तुविषे रहैनहीं॥ किंतु देशकालवस्तुपरिच्छेदतेंरहितहोवैहै॥ याप्रकारका वादीनैं अंगीकारकऱ्याजोविभुमन॥ सो मनरूपनहींहोवैगा॥ किंतु स्वयंज्योतिआत्मरूपहोवैगा॥ तात्पर्ययह॥ लोकविषे अनेकप्रकारकेसंकल्पोंका जोकारणहोवै॥ तथा सत्वगुण जिसविषेप्रधानहोवै॥ ताकूं संपूर्णलोक मन कहैहैं॥ याप्रकारकामन तावादीनैं कथनकऱ्यानहीं॥ किंतु स्वयंज्योतिआत्माकाही वादीनैं मननाम राख्याहै॥ और सर्वशास्त्रवेत्तापुरुषोंका नाममात्रविषे विवाद होवैनहीं॥ किंतु पदार्थविषे विवादहोवैहै सो पदार्थकाभेद इहांहैनहीं॥ किंतु जिसविभुचेतनकूं हम आत्मानामकरिकै कथनकरैहै॥ तिसी विभुचेतनकूं सोवादी मननामकरिकै कथनकरैहै॥ यातें हेवादी! चेतनमन विभुहै॥ याप्रकारकेपक्षविषे तुमाराहमारा किंचित्मात्रभी विवादनहीं॥ शंका॥ हेसिद्धांती! तुमाराहमारा विवाद संभवैहै॥ काहेतें? तुमारेमतविषे आत्मादिक शक्तिवृत्तिकरिकै विभुचेतनकूं बोधनकरैहै॥ और

मनशब्द लक्षणावृत्तिकरिकै ताविभुचेतनकूं बोधनकरैहैं ॥ और हमारेमतविषेतौ मनशब्द शक्तिवृत्तिकरिकै विभुचेतनकूं बोधनकरै है ॥ और आत्मादिकशब्द लक्षणावृत्तिकरिकै ताविभुचेतनकूं बोधनकरैहैं ॥ याप्रकारका तुमाराहमाराविवाद संभवैहै ॥ समाधान हेवादी! याप्रकारका तुमाराहमाराविवाद तबीसंभवै ॥ जबी हम आत्मादिकशब्दोंकी शक्तिवृत्तिकरिकै विभुआत्माविषे प्रवृत्तिअंगीकारकरैं ॥ परंतु याप्रकारहम अंगीकारकरतेनहीं ॥ किंतु जैसे मनशब्द लक्षणावृत्तिकरिकै आत्माकूं बोधनकरैहै ॥ तैसे आत्मा चेतन इत्यादिकनामभी भागत्याग लक्षणावृत्तिकरिकैही आत्माकूंबोधनकरैहैं ॥ शक्तिवृत्तिकरिकै कोईभीशब्द आत्माकूं बोधनकरैनहीं ॥ याकारणतैंही यतोवाचोनिवर्ततअप्राप्यमनसासह ॥ अर्थयह ॥ जिसअद्वितीयआत्माकूं नप्राप्तहोइकै मनसहितवाणी निवृत्तहोवैहै ॥ याश्रुतिनैं आत्माविषे शब्दकेशक्तिवृत्तिकीअविषयता दिखाईहै॥ और हेवादी! आत्माकेवास्तवस्वरूपकूंजानणेहारे जेविद्वान्पुरुषहैं ॥ तिनोंनैं जैसे आत्मादिकनाम चेतनआत्माविषेआरोपणकरते हैं ॥ तैसे तुमनैंभी एकमननाम चेतन आत्माविषे आरोपणकऱ्या॥ याकेविषे हमारी किंचित्मात्रभीहानिहोवैनहीं ॥ पूर्व किसीवादीनैं स्वप्नविषे मनकूंहीस्वयंज्योति मान्याथा ॥ तावादीका इतनेपर्यंत खंडनकऱ्या ॥ अब तिसीपूर्वप्रसंगकूं निरूपणकरैहैं ॥ हेजनक! तास्वप्नअवस्थाविषे सूर्य चंद्रमा अग्नि वाक् अविद्या मन इत्यादिकसंपूर्णोंकूं पूर्वउक्तरीतिसैं ज्योतिरूपता संभवैनहीं ॥ यातैं परिशेषतैं आत्माही स्वप्नविषे स्वयंज्योतिहै ॥ और हेजनक! जैसे मीमांसकोंकेमतविषे आत्माकाधर्महोणेतैं स्वप्रकाशज्ञान आत्मातैंभिन्नहै ॥ तैसे सिद्धांतमतविषे स्वप्रकाशज्ञान आत्मातैंभिन्ननहीं ॥ काहेतैं? जोस्वप्रकाशज्ञानकूं आत्मातैंभिन्न अंगीकारकरिये तौ जोपदार्थ भेदरूपवस्तुपरिच्छेदवालाहोवैहै ॥ सोपदार्थ अनात्मरूपहीहोवैहै ॥ जैसे घटादिकपदार्थ भेदरूपवस्तुपरिच्छेदवालेहैं ॥ यातैं अनात्मरूपहैं ॥ तैसे भेदरूपवस्तुपरिच्छेदवालेहोणेतैं आत्मा तथास्वप्रकाशज्ञान दोनों अनात्माहीहोवैंगे ॥ और आत्माकीअनात्मरूपता कोईभीवादी अंगीकारकरैनहीं ॥ यातैं स्वप्रकाशज्ञानका तथाआत्माका परस्परभेदनहीं किंतु अभेदहीहै ॥ और ज्ञानविषे स्वप्रकाशता सर्ववादियोंकूंसंमतहै ॥ यातैं स्वप्रकाशज्ञानकेसाथअभिन्न जोआत्माहै ॥ सोभी स्वप्रकाशहीहोवैगा ॥ याप्रकारकीयुक्तिकरिकै

यद्यपि आत्माविषे स्वयंज्योतिरूपता सिद्धहोइसकैहै ॥ तथापि स्वप्नअवस्थाविषे जो आदित्यादिकज्योतियोंकाअभावरूप व्यतिरेकहै ॥ तथा आत्माका साक्षीरूपकरिकै जोअन्वयहै ॥ याप्रकारकेअन्वयव्यतिरेककरिकै सुखैनहीं ॥ मुमुक्षुजनकूं आत्माकाबोधहोइसकैहै ॥ याप्रकारकेअभिप्रायकरिकै श्रुतिभगवतीनैं स्वप्नअवस्थाविषे आत्माकूं स्वयंज्योतिकह्याहै ॥ और हेजनक! जैसे लोकविषे काष्ठोंकेसमूहकूं दाहकर्ताजोअग्निहै ॥ ताकूं लोक स्वयंज्योतिकहैहैं ॥ और काष्ठोंविषेस्थित जोसामान्यअग्निहै ॥ तथा भस्मकरिकैआवृत जोअग्निहै ॥ ताकूं कोईपुरुष स्वयंज्योतिकहैनहीं ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषे सर्वव्यवहारोंकासाधक जोआत्माहै ॥ ताकूंश्रुतिभगवती स्वयंज्योतिकहैहै ॥ और हेजनक! प्रलयकालविषे नहींहैस्पष्टनामरूपजिसका ऐसाजोयहजगत्है ॥ ताजगत्का अभिन्ननिमित्तउपादानकारण तथा वास्तवतैं नामरूपतैंरहित तथासर्वशरीरोंविषे व्यापक ऐसाजोसर्वज्ञब्रह्महै ॥ सोइही वेदांतशास्त्रविषे स्वयंज्योतिहै ॥ ऐसे स्वयंज्योतिब्रह्मकूंही स्वप्नअवस्थाविषे श्रुति जीवकाआत्मारूपकरिकै कथनकरैहै ॥ शंका ॥ हेभगवन्! जगत्के उत्पत्ति स्थिति लयका कारणजोस्वयंज्योतिब्रह्महै सोईही स्वप्नअवस्थाविषे जीवकाआत्माहै ॥ यहवार्ता कैसेजानीजावै? ॥ समाधान ॥ हेजनक! जैसे स्वयंज्योतिब्रह्म जगत्के उत्पत्ति स्थिति लयकूं करैहै ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषे यहस्वयंज्योतिआत्माभी जगत्के उत्पत्तिस्थितिलयकूंकरैहै ॥ और जैसे स्वयंज्योतिब्रह्म सत्चित्आनंदस्वरूपहै ॥ तैसे यहआत्माभी सत्चित्आनंदस्वरूपहै ॥ याप्रकार जगत्कीकारणतारूपतटस्थलक्षण तथा सत्चित्आनंदस्वरूपता यहस्वरूपलक्षण स्वयंज्योतिब्रह्मका तथा आत्माका समानहीहै ॥ याकारणतैं यहआत्मा स्वयंज्योतिब्रह्मरूपहै ॥ अब स्वप्नअवस्थाविषे जगत्कीकारणतारूप आत्माकेतटस्थलक्षणकूं स्पष्टकरिकैदिखावैहैं ॥ हेजनक! स्वप्नविषे जेरथ प्रतीतहोवैहैं ॥ तेरथ स्वप्नविषेहैंनहीं ॥ कैसेहैं तेरथ? सुवर्णकरिकै तथामणियोंकरिकै भूषितहैं ॥ और जिनरथोंकीध्वजा आकाशकूंस्पर्शकरिरहीहै ॥ और नानाप्रकारकीअल्पपताकावोंनैं जिनरथोंविषे चमत्कारकऱ्याहै ॥ और मेघकीन्याईंजिनरथोंकीध्वनिहै ॥ और नानाप्रकारकीसामग्रीकरिकै जेरथ पूर्णहैं ॥ याप्रकारकेअद्भुतरथ स्वप्नविषेहैंनहीं ॥ और तिनरथोंविषे

जोडनेयोग्यजेअश्वहैं ॥ तेअश्वभी स्वप्नअवस्थाविषेहैंनहीं ॥ कैसेहैंतेअश्व ? विचित्रहैंगतिजिनोंकी ॥ तथा विचित्रहैंकर्णकेभूषण जि
नोंके ॥ और वायुकेसमानहै वेगजिनोंका ॥ याकारणतैंही सन्मुखभूमिकूंदेखिकै लज्जाकूंप्राप्तहुए तेअश्व भूमिकूंछोडिकै आका
शविषेगमनकरैहैं ॥ और कुदालकेसमान जेआपणेपादहैं ॥ तिनोंकरिकै भूमिकूंविदारणकरैहैं ॥ और जिनअश्वोंके पादोंकेभय
करिकै भूमिभीव्याकुलहोइरहीहै ॥ याप्रकारकेअश्वभी तास्वप्नविषेहैंनहीं ॥ और तिनअश्वोंयुक्तरथोंके चलणेकेजेमार्गहैं ॥ तेमा
र्गभी तास्वप्नविषेहैंनहीं ॥ कैसेहैंतेमार्ग? विचित्रहैं ॥ तथा लोकोंकेमनकीप्रसन्नता करणेहारेहैं ॥ और चंदनकरिकै तथाजलकरि
कै सिंचनकऱ्येहुएहैं ॥ याकारणते तेमार्ग कोमलहैं तथाशीतलहैं ॥ पुनःकैसेहैंतेमार्ग ? अत्यंतसघन जेआपणहैं तथागृहहैं तिनों
केमध्यविषेस्थितहैं ॥ और मंगलीकघटोंऊपरिस्थित तथागृहोंकेचित्रोंकूंप्रकाशकरणेहारे जेदीपकहैं ॥ तिनदीपकोंकरिकैप्रका
शितहैं ॥ पुनःकैसेहैंतेमार्ग ? अप्सरावोंकेसमान जेअनेकस्त्रियांहैं ॥ तिनस्त्रियोंकरिकैशोभायमानहैं ॥ कैसीहैं तेस्त्रियां ? मणि
रत्नोंकरिकैजडित जेसुवर्णकेभूषणहैं ॥ तिनोंकरिकैभूषितहैं ॥ तथा दधिलाजादिकमंगलिकपदार्थोंकरिकैपूर्ण जेसुवर्णकेकलशहैं
तेकलशहैं हस्तकमलोंविषेजिनोंके ॥ ऐसीस्त्रियोंकरिकै तेमार्ग शोभायमानहैं ॥ याप्रकारकेमार्गभी तास्वप्नविषेहैंनहीं ॥ और जाग्र
तूअवस्थाविषे प्रियस्त्रियोंकेभोगतैं जो आनंदहोवैहै ॥ तथा अन्न पान वस्त्र भूषण इत्यादिकप्रियपदार्थोंकेभोगतैं जो आनंदहोवै
है ॥ सो आनंदभी तास्वप्नविषेहैनहीं ॥ और जाग्रत्अवस्थाविषे प्रियवस्तुकेसमागमतैं तथाअप्रियवस्तुकेवियोगतैं जीवोंकूं जो ह
र्षहोवैहै ॥ सोहर्षभी तास्वप्नअवस्थाविषेहैनहीं ॥ और जाग्रत्अवस्थाविषे पुत्रादिकपदार्थोंतैंरहितपुरुषकूं पुत्रादिकपदार्थोंकीप्रा
प्तितैं जोअत्यंतहर्षहोवैहै ॥ सोहर्षभी तास्वप्नविषेहैनहीं ॥ और जाग्रत्अवस्थाविषे जलकरिकैपूर्ण जेअल्पतलावहैं ॥ तथा कूपादिक
हैं ॥ तथा जिनोंतैंसर्वदाजलस्रवताहै ऐसेजेबृहत्तलावहैं ॥ तेसंपूर्ण तास्वप्नविषेहैंनहीं ॥ और जाग्रत्अवस्थाविषे विद्यमान जेविचि
त्रगृहहैं ॥ तथा विंध्याचलादिकजेपर्वतहैं ॥ तथाइंद्रकेनंदनवनकेसमान जेनानाप्रकारकेवनहैं ॥ तथा श्रीगंगातैंआदिलैके जेना
नाप्रकारकीनदियांहैं ॥ तथा क्षारसमुद्रतैंआदिलैके जेनानाप्रकारकेसमुद्रहैं ॥ तेसंपूर्णपदार्थ तास्वप्नविषेहैंनहीं ॥ और जाग्रत्

अवस्थाविषे विद्यमान जेभूरादिकचतुर्दशलोकहैं ॥ तथा तिनलोकोंकूंपालनकरणेहारे जेलोकपालहैं ॥ तथा पूर्वादिकजेदशदिशाहैं ॥ तथा आकाशादिकजेपंचभूतहैं ॥ तथा अंडज जरायुज स्वेदज उद्भिज्ज यहचारिप्रकारकेजेप्राणीहैं ॥ तथा ब्रह्मांडविषे स्थित जितनेस्थूलसूक्ष्मपदार्थहैं ॥ तथा ब्रह्मांडतैंबाह्य जितनेस्थूलसूक्ष्मपदार्थहैं ॥ इसतैंआदिलैके सर्वपदार्थोंका स्वप्नविषेअभावहै ॥ एकमन स्वप्नअवस्थाविषेरहैहै ॥ और जैसे जगत्केउत्पत्तिकालविषे मायाविशिष्टईश्वर संपूर्णजगत्कीउत्पत्तिकरैहै ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषे यहस्वयंज्योतिआत्मा पूर्वउक्तरथोंकूं तथाअश्वोंकूं तथातिनोंकेमार्गोंकूं तथाअन्यसर्वपदार्थोंकूं उत्पन्न करैहै ॥ अब याहीअर्थकूंस्पष्टकरिकैदिखावैहैं ॥ हेजनक! जैसे लोकविषे चित्रकारपुरुष भित्तिऊपरि नानाप्रकारकेचित्रोंकूंलिखेहै ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषे यहस्वयंज्योतिआत्मा मनरूपीभित्तिविषे जगत्रूपचित्रोंकूंलिखेहै ॥ याकारणतैंही यहस्वयंज्योति आत्मा जगत्काकर्ताईश्वररूपहै ॥ शंका ॥ हेभगवन्! स्वयंज्योतिआत्माही जोसर्वजगत्काकारणहोवैगा तौ माया निष्फल होवैगी ॥ समाधान ॥ हेजनक! देशकालादिकोंतैंरहित जोनिर्गुणआत्माहै ॥ तिसकूं जोहम जगत्काकारणअंगीकारकरैं तौ माया निष्फलहोवै ॥ परंतु निर्गुणआत्माकूं हम जगत्काकारण मानतेनहीं ॥ किंतु मायाविशिष्टपरमात्माकूंही हम जगत्काकारण मानतेहैं ॥ यातैं मायाकीव्यर्थतानहीं ॥ और हेजनक! जैसे सृष्टिकेआदिकालविषे मायाविशिष्टपरमात्मादेव देशकालादिककारणोंकूंरचिकै संपूर्णजगत्कूंरचेहै ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषे यहस्वयंज्योतिआत्माभी देशकालादिककारणोंकूंरचिकै रथादिक पदार्थोंकूंरचेहै ॥ और हेजनक! जाग्रत्अवस्थाविषे विद्यमान जोयहस्थूलशरीरहै ॥ तथा तास्थूलशरीरकेसंबंधी जेनेत्रादिकइंद्रियहैं ॥ तथा तिननेत्रादिकइंद्रियोंकेविषय जेरूपादिकपदार्थहैं ॥ तिनसंपूर्णोंकापरित्यागकरिकै यहस्वयंज्योतिआत्मा स्वप्नकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तास्वप्नअवस्थाविषेस्थितहोइकै यहस्वयंज्योतिआत्मा आपणेस्वप्रकाशरूपकरिकै मनकूं प्रकाशकरैहै ॥ तथा मनकेपरिणाम जेरथादिकपदार्थहैं तिनोंकूं प्रकाशकरैहै ॥ तथा मनादिकसर्वपदार्थोंकाकारण जोअज्ञानहै तिसकूं प्रकाशकरैहै ॥ और हेजनक! तास्वप्नअवस्थाके भोगकूंदेणेहारे जेपुण्यपापरूपकर्महैं ॥ तिनकर्मोंकाभोगकरिकै जबी क्षयहोवैहै ॥ तथा जा

ग्रत्केभोगदेणेहारेकर्मोंका प्रादुर्भावहोवैहै ॥ तबी यहस्वयंज्योतिआत्मा तास्वप्नअवस्थाकापरित्यागकरिकै जाग्रत्अवस्थाकूंप्राप्त
होवैहै ॥ और ताजाग्रत्अवस्थाकेभोगदेणेहारेकर्मोंका जबी क्षयहोवैहै ॥ तथा स्वप्नकेभोगदेणेहारेकर्मोंका प्रादुर्भावहोवैहै ॥
तबी यहस्वयंज्योतिआत्मा ताजाग्रत्अवस्थाकापरित्यागकरिकै पुनःस्वप्नअवस्थाकूं प्राप्तहोवैहै ॥ और हेजनक! जैसे क्रीडाकूं
करताहुआबालक एकपदार्थका परित्यागकरिकै दूसरेपदार्थकूं ग्रहणकरैहै ॥ तैसे एकहीस्वयंज्योतिआत्मा पूर्वपूर्वअवस्थाकाप
रित्यागकरिकै उत्तरउत्तरअवस्थाकूं ग्रहणकरैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तास्वयंज्योतिआत्माकूं एकहंस नामकरिकैकथनकरै
है ॥ और हेजनक! यालोकविषे जितने वृक्षादिकस्थावरशरीरहैं ॥ तथा जितनेमनुष्यादिकजंगमशरीरहैं ॥ तिनशरीरों
कूं अन्नकरिकै तथाजलकरिकै निरंतर यह जीव पूर्णकरैहै ॥ याकारणतैं वेदवेत्तापुरुष तिनशरीरोंकूं पुरी यानामकरिकैकथन
करैहै ॥ और तिनशरीररूपीपुरियोंविषे यहस्वयंज्योतिआत्मा निवासकरैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तास्वयंज्योतिआत्मा
कूं पुरुषनामकरिकैकथनकरैहै ॥ और हेजनक! जैसे महाराजा आपणेपुरीकूंछोडिकै जबी किसीअन्यदेशकूं जावैहै ॥ तबी
आपणपुरीकीरक्षाकरणेवासतै किसीप्रधानमंत्रीकूं तापुरीविषे स्थापनकरिकै जावैहै ॥ तैसे यहस्वयंज्योतिपुरुष यास्थूलशरी
रकापरित्यागकरिकै जबी स्वप्नकूंप्राप्तहोवै है ॥ तबी यास्थूलशरीरकीरक्षावासतै प्राणकूंस्थापनकरिकै जावै है ॥ और ज
बी यहस्वयंज्योतिपुरुष मरणअवस्थाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तबी प्राणकूंभीसाथलैकेपरलोककूं जावै है ॥ और हेजनक! यास्थू
लशरीरकेअभिमानका परित्यागकरिकै यहस्वयंज्योतिपुरुष स्वप्नअवस्थाविषे हितानामानाडियोंविषे आपणीइच्छापूर्वकवि
चरैहै ॥ तथा नानाप्रकारके पदार्थोंकूं कल्पनाकरै है ॥ और हेजनक! जैसे मायावीराक्षसोंका बालक नानाप्रकारकेपदा
र्थोंकूं रचैहै ॥ तैसे यहस्वयंज्योतिआत्माभी स्वप्नअवस्थाविषे सुखदुःखकेभोगकी प्राप्तिवासतै कबी ब्रह्मादिक उंचशरीरोंकूं
प्राप्तहोवैहै ॥ और कबी वृक्षादिकनीचशरीरोंकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तथा तिनशरीरोंका परित्यागकरैहै ॥ और हेजनक!
स्वप्नअवस्थाविषे यहस्वयंज्योतिआत्मा जिसजिसशरीरकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तिसतिसशरीरके जेजेअन्नपानादिकभोगकेसाधनहैं ॥

तिनसंपूर्णोंकूं तहांरचेहै ॥ आर हेजनक! स्वप्नअवस्थाविषे यहस्वयंज्योतिआत्मा पितामातारूपभी आपहीहोवैहै ॥ तथा गुरु रूपभी आपहीहोवैहै ॥ तथा स्त्री पुत्र शत्रु मित्र इत्यादिकसंपूर्णपदार्थ आपहीहोवैहै ॥ याप्रकार सोस्वयंज्योतिआत्मा स्वप्नअवस्थाविषे नानाप्रकारकेऊचनीचशरीरोंकूंकल्पनाकरैहै ॥ और हेजनक! यहस्वयंज्योतिआत्मा यद्यपि वास्तवतैंसुखदुःखकाभोक्तानहीं है ॥ तथापि स्वप्नअवस्थाविषे आपणेमैं भोक्तापणेकीसिद्धिवासतै अंतःकरणकीवृत्तिरूपभोगकीकल्पनाकरैहै ॥ तथा तिस तिसदेवतादिकशरीरोंके भोगणेयोग्य जेनानाप्रकारकेभोग्यपदार्थहैं ॥ तिनोंकूं कल्पनाकरैहै ॥ और हेजनक! यहस्वयंज्योतिआत्मा यद्यपि वास्तवतैं कामादिकविकारोंतैंरहितहै ॥ तथापि यहस्वयंज्योतिआत्मा जबी आपणेविषे कामीपणा कल्पनाकरैहै ॥ तबी स्वप्नविषे सुंदरस्त्रियोंकेआलिंगनतैं परमआनंदकूं प्राप्तहोवैहै ॥ कैसीहैंतेस्त्रियां? स्वर्गकेअप्सरावोंकेसमानसुंदरहैं ॥ तथा षोडशवर्षकी जिनोंकीअवस्थाहै ॥ तथा कमलकेसमान जिनोंकेविशालनेत्रहैं ॥ तथा पुरुषकेप्राप्तिकी जिनोंकूं उत्कंठाहै ॥ तथा स्तनोंकेभारकरिकै तथाजघनोंकेभारकरिकै जिनोंकी मंदमंदगतिहै ॥ और पुष्पोंकरिकैरचाजोवेशहै तथाभूषणहैं ॥ ते विव्हलताकरिकै जिनोंके भूमिविषेपतनहोवैहै ॥ और मस्तकविषेविद्यमानजोसंधूरहै ॥ तासंधूरकरिकै गेरुमयभूमिकूंभी जिनोंनैं तिरस्कारकन्याहै ॥ और आपणेशरीरकीकांतिकरिकै हरितालमयभूमिकूंभी जिनोंनैं तिरस्कारकन्याहै ॥ और देवतावोंकेनंदनके समान जोवनहै ॥ तावनविषे जेस्त्रियां विचरिरह्याहैं ॥ और तुर्यवीणादिकवादित्रोंके मधुरशब्दोंकरिकै जिनोंनैं भूमिकूंपूर्णकन्याहै ॥ और गानविद्याविषे तथाकंठकीसुंदरताविषे तथा मनोहरताविषे जेस्त्रियां देवांगनावोंकेसमानहैं ॥ याप्रकारकीस्त्रियोंकेसाथ मरणकरताहुआ यहपुरुष स्वप्नअवस्थाविषे परमआनंदकूंप्राप्तहोवैहै ॥ इतनेकरिकै केवलपुण्यकर्मकाफल जोस्वप्नहै ताकूं निरूपणकन्या ॥ अब मिश्रितपुण्यपापरूपकर्मकाफल जोस्वप्नहै ताकूं निरूपणकरैहैं ॥ हेजनक! जैसे जाग्रत्अवस्थाविषे यहपुरुष किसीपुण्यकर्मकेप्रभावतैं स्त्रीआदिकअनुकूलपदार्थोंकूं देखताहुआ सुखकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और दुर्गंधादिकप्रतिकूलपदार्थोंकूंदेखिकै तथा आपणेहस्तपादादिकअवयवोंकूं असुंदरदेखिकै दुःखकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषे यहस्वयंज्योति

आत्मा पुण्यपापकेवशतैं अनुकूलप्रतिकूलवस्तुवोंकूंदेखताहुआ सुखदुःखकूंप्राप्तहोवैहै ॥ अब केवलपापकर्मकाफलजोस्वप्नहै ता कूंनिरूपणकरैहैं ॥ हेजनक! जैसे जाग्रत्अवस्थाविषे केवलपापरूपकर्मकेवशतैं यहपुरुष चौरव्याघ्रादिकप्रतिकूलपदार्थोंकूंदेखि कै परमदुःखकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषेभी केवलपापकर्मकेवशतैं यहजीव चौरव्याघ्रादिकपदार्थोंकूंदेखिकै परमदुःख कूंप्राप्तहोवैहै ॥ और हेजनक! जोस्वयंज्योतिआत्मा हमनैं तुमारेप्रतिकथनकर्याहै ॥ तिसस्वयंज्योतिआत्माकूं भाग्यहीन पुरुष देखतेनहीं ॥ किंतु तिसआत्माके क्रीडाकेसाधनजेरथादिकपदार्थहैं ॥ तिनरथादिकपदार्थोंकूंही तेभाग्यहीनपुरुषदेख तेहैं ॥ और हेजनक! जिसकालविषे यहइंद्ररूपआत्मा स्वप्नअवस्थाविषे तथासुषुप्तिअवस्थाविषे इंद्राणीकेसाथ आलिंग नकरिकै शयनकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तिसकालविषे याआनंदस्वरूपस्वयंज्योतिआत्माकूं किसीपुरुषनैं निद्रातैंजगावणानहीं ॥ का हेतें? जैसेलोकविषे एकांतदेशमेंस्थित जोस्त्रीपुरुषहैं जिसस्त्रीपुरुषकी विषयभोगकरिकै अभिलाषानिवृत्तनहींभई ॥ ऐसे स्त्री पुरुषकूं जबी कोईपुरुष शीघ्रही तिसगृहतैं बाहरिनिकासेहै ॥ तबी ते स्त्रीपुरुषदोनों अत्यंतक्षोभकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसेस्वप्न रूपएकांतदेशविषे तथासुषुप्तिरूपएकांतदेशविषे स्थित जोआत्मारूप इंद्रइंद्राणी हैं ॥ तिनोंकूं जबीकोईपुरुष निद्रातैं जगावता है ॥ तबी सोआत्मारूपइंद्रइंद्राणी दोनों परमक्षोभकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ यातैं सोयेहुएपुरुषकूं कदाचित् नहींजगावणा ॥ किंवा सोयेहु एपुरुषके शीघ्रजागणेकरिकै तापुरुषकेप्राण शरीरकेनाडियोंविषे नियमकरिकैप्रवेशकरैनहीं ॥ याकारणतैंभी सोयेहुएपुरुषकूं शीघ्रनहींजगावणा ॥ किंवा जैसे महाराजा किसीअवश्यकार्यकेकरणेवासते रात्रिकालविषे आपणीअंतःपुरते शीघ्रही बाहरिगम नकरैहै ॥ और ताराजाकेगमनकूंदेखिकरिकै ताराजाके सेनापतिभृत्य शीघ्रही किसीमार्गकरिकै अथवा कुमार्गकरिकै ताराजा केसन्मुखहोवैहैं ॥ और जबी तेराजाकेभृत्य राजाकेआगेचलणेवासते मार्गकूंछोडिकै कुमार्गविषेचालेहैं ॥ तबी लोकोंकेगृहादिकप दार्थोंकाभी भेदनकरैहैं॥ तैसे स्वप्नसुषुप्तिरूपनिद्रातैं याजीवात्मारूपराजाकेशीघ्रआगमनहुए तेप्राणरूपकिंकरभी नाडीरूपमार्गकूं छोडिकरिकै शीघ्रही बाहरिगमनकरैहैं ॥ ताकरिकै तिसपुरुषविषे अंगमोटनरूप असाध्यरोगकीउत्पत्तिहोवैहै ॥ याकारणतैंभी

सोयेहुएपुरुषकूं किसीनैं शीघ्रनहींजगावणा ॥ किंवा सोयेहुएपुरुषका तथा जगावणेहारेपुरुषका जोकदाचित्प्राणोंकेसमान को
ई प्रियकार्य सिद्धहोताहोवै ॥ तौभी सोयेहुएपुरुषकूं बुद्धिमान्पुरुषनैं शीघ्रनहींजगावणा ॥ किंवा सोयेहुएपुरुषका तथाजगाव
णेहारेपुरुषका जबी कोईमहान्कार्य होताहोवै ॥ तबी सोयेहुएपुरुषकूं यहपुरुष कोमलस्पर्शादिकउपायोंकरिकै शनैः शनैः जगा
वै ॥ जो तासोयेहुएपुरुषकूं शीघ्रहीजगावैगा तौ तासोयेहुएपुरुषविषे असाध्यरोगकीउत्पत्तिहोवैगी ॥ किंवा सोयेहुएपुरुषकेजगा
वणेकरिकै उत्पन्नभयाजो परमात्मारूपइंद्रइंद्राणीकावियोग ॥ सोवियोग सोयेहुएपुरुषकेभी दुःखकाहेतुहै ॥ तथा जगावणेहारेपुरु
षकेभी दुःखकाहेतुहै ॥ काहेतें ? जोपुरुषजगावैहै ॥ ताकूं भावीसुखकेनाशकरणेहारा पापहोवैहै ॥ और जागणेहारेपुरुषकूं वर्तमा
नसुखकेनाशकरणेहारा पाप होवैहै ॥ याकारणतें सोयेहुएकिसीप्राणीकूं बुद्धिमान्पुरुषनैं शीघ्रनहींजगावणा ॥ किंतु शनैः शनैः क
रिकैजगावणा ॥ अब अधिष्ठानआत्माविषे प्रपंचकेलयकूं निरूपणकरैहैं ॥ हेजनक ! जोस्वयंज्योतिआत्मा स्वप्नअवस्थाकूंप्राप्तहो
वैहै ॥ सोईहीस्वयंज्योतिआत्मा जाग्रत्अवस्थाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ यातें स्वप्नअवस्थाविषे तथाजाग्रत्अवस्थाविषे तास्वयंज्योतिआ
त्माकाभेदनहीं ॥ जोजाग्रत्विषे तथास्वप्नविषे आत्माका भेदहोवै तौ जोमैं स्वप्नकेपदार्थोंकूं अनुभवकरताभया सोईमैं अबी जा
ग्रत्अवस्थाविषे तिनपदार्थोंकास्मरणकरताहूं ॥ याप्रकारका सर्वलोकोंकाअनुभव व्यर्थहोवैगा ॥ काहेतें ? जोपुरुष जिसपदार्थकूं
अनुभवकरैहै ॥ सोईपुरुष तिसपदार्थकूं कालांतरविषेस्मरणकरैहै ॥ अन्यपुरुषकेअनुभवकियेपदार्थकूं अन्यपुरुष स्मरणकरैनहीं ॥
यातें यालोकोंकेअनुभवतैंभी जाग्रत्स्वप्नकेआत्माका अभेदहीसिद्धहोवैहै ॥ और हेजनक ! शास्त्रकेतात्पर्यकूंजानणेहारे केईमहा
त्मापुरुष याप्रकार कथनकरैहैं ॥ जाग्रत्अवस्थाविषे देशकालतैंआदिलैके जितनेदृश्यपदार्थहैं ॥ तथास्वप्नअवस्थाविषे देशका
लतैंआदिलैकेजितनेदृश्यपदार्थहैं ॥ तिनदोनोंप्रकारकेदृश्यपदार्थोंकी अधिष्ठानआत्मातैंभिन्नसत्तानहीं ॥ याकारणतें तेजाग्रत्स्व
प्नकेदृश्यपदार्थ असत्यहैं ॥ और जेअसत्यपदार्थहोवैहैं ॥ तिनोंका अधिष्ठाननतें तथापरस्परभेदहोवैनहीं ॥ जैसे रज्जुविषेकल्पित
जेसर्प दंड जलधारा आदिकअसत्यपदार्थहैं ॥ तिनोंका रज्जुरूपअधिष्ठाननतें तथापरस्पर भेदसंभवैनहीं ॥ तैसे अधिष्ठानआत्मा

विषेकल्पित जेजाग्रत्स्वप्नकेपदार्थहैं ॥ तिनोंका अधिष्ठानआत्मातें तथापरस्पर भेदसंभवैनहीं ॥ और उपाधिकेभेदतैंहीआत्माका भेदहोवैहै ॥ तिनउपाधियोंके भेदकेनिवृत्तहुए आत्माकाभेदसंभवैनहीं ॥ यातें सर्वअवस्थावोंविषे आत्माकाअभेदहै ॥ अबयाहीअर्थकूं आगेस्पष्टकरिकैदिखावैं हैं ॥ हेजनक! जैसे जाग्रत्अवस्थाविषे संपूर्णभूतभौतिकरूप दृश्यपदार्थोंकरिकैयुक्त जोदेशकालहै ॥ सोदेशकाल अध्यस्तरूपकरिकै अधिष्ठानआत्माविषेस्थितहै ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषेभी भूतभौतिकरूप दृश्यप्रपंचकरिकैयुक्त जो देशकालहै ॥ सो देशकाल अध्यस्तरूपकरिकै अधिष्ठानआत्माविषेही स्थितहै ॥ यातें आत्मारूपअधिष्ठानकीदृष्टिकरिकै तथास्वभावतें तिनजाग्रत्स्वप्नके देशकालादिकोंका परस्पर भेदसंभवैनहीं ॥ किंवा तर्कविषेकुशल जेनैयायिकहैं ॥ तेभी दिशाविषे दूसरी दिशाकूं तथाकालविषे दूसरेकालकूं अंगीकारकरतेनहीं ॥ और याअर्थविषे जोनैयायिक याप्रकारकीयुक्तिकहैहैं ॥ सोदेशकालरूपवस्तु दूसरेकिसीदेशकालविषेरहैनहीं ॥ किंतु आपणेव्यवहारकीसिद्धिवासते सोदेशकालरूपवस्तु तादात्म्यसंबंधकरिकै आपणेस्वरूपविषेहीरहैहैं ॥ सो याप्रकारकी तिनोंकीयुक्तिभी हमारेसिद्धांतकेअनुकूलहीहैं ॥ शंका ॥ नैयायिकोंकेमतविषे दिशा तथाकाल दोनोंविभुहैं तथानित्यहैं ॥ तहां सर्वदेशविषे जोपदार्थरहैहै ॥ ताकूं नैयायिक विभुकहैहैं ॥ और सर्वकालविषे जोपदार्थरहैहै ॥ ताकूं नैयायिक नित्यकहैहैं ॥ याप्रकारकेलक्षणविषे देशकी देशविषेआधारता प्रतीतहोवैहै ॥ और कालविषे कालकीआधारता प्रतीतहोवैहै ॥ और अभिन्नपदार्थोंका परस्पर आधार आधेयभावहोवैनहीं ॥ यातें देशका कोईदूसरादेश आधार मान्याचाहीये ॥ तथाकालका कोईदूसराकाल आधार मान्याचाहीये ॥ समाधान ॥ जैसे नैयायिकोंकेमतविषे घटकेअभावविषे जोपटकाअभावहै ॥ सोपटकाअभाव घटकेअभावतैंभिन्ननहीं ॥ किंतु सोपटाभाव घटाभावरूपहै तौभी घटाभावविषे पटाभावहै याप्रकारका आधार आधेयभावप्रतीतहोवैहै ॥ तैसे देशविषे देशहै ॥ तथा कालविषे कालहै ॥ तथा घटविषे घटहै ॥ याप्रकारकेव्यवहारभी तिनोंकेभेदतैंविनाही संभवहोइसकैहै ॥ यातें देशकालादिकोंका वास्तवतें भेदहैनहीं ॥ शंका ॥ देशकालादिकोंकेभेदव्यवहारकाजनक जोभेदहै ॥ ताकूं असत्यरूपता संभवैनहीं ॥ काहेतें? जोअसत्यपदार्थहोवैहै ॥ सोकिसीव्यवहारकाकारणहोवैनहीं ॥ समाधान ॥

सत्यवस्तुही व्यवहारकाजनकहोवैहै ॥ याप्रकार जोवादी अंगीकारकरैहै तासैं यहपूछाचाहिये ॥ जहांजहां व्यवहारहोवैहै ॥ तहां तहां सत्यवस्तुहीहोवैहै याप्रकारकानियमहै ॥ अथवा जहांजहां सत्यवस्तुहोवैहै ॥ तहांतहां व्यवहारहोवैहै याप्रकारकानियमहै ॥ तहां जोवादी प्रथमपक्षअंगीकारकरै सोसंभवैनहीं ॥ काहेतें? जबी कोईपुरुष अन्यकिसीपुरुषकेप्रति गालीदेवैहै ॥ तबी सोपुरुष ताकेगालीकूं श्रवणकरिकै क्रोधवान्होवैहै ॥ तहां गालीरूपवचनकाअर्थ असत्यहै ॥ परंतु सोअसत्यअर्थ क्रोधरूपव्यवहारकूं उत्पन्नकरैहै ॥ जैसे पतिव्रतास्त्रीकूं किसीनैं व्यभिचारिणीकह्या ॥ तहां व्यभिचारशब्दकाअर्थ जोपरपुरुषकागमनहै ॥ सो तापतिव्रतास्त्रीविषेहैनहीं ॥ तौभी तावचनकूंश्रवणकरिकै सापतिव्रतास्त्री क्रोधवान्होवैहै ॥ यातें जहांजहां व्यवहारहोवैहै ॥ तहांतहां सत्यअर्थहोवैहै ॥ यहवादीकानियम संभवैनहीं ॥ और जहांजहां सत्यअर्थहोवैहै ॥ तहांतहां व्यवहारहोवैहै ॥ यहदूसरानियम जोवादीअंगीकारकरै ॥ सोभी संभवैनहीं ॥ काहेतें? सत्यरूपजोब्रह्मानंदहै ॥ सो सर्वजीवोंकेहृदयदेशविषे विराजमानहै ॥ परंतु ताब्रह्मानंदका ज्ञानरूपव्यवहार तथाशब्दरूपव्यवहार किसीअज्ञानीजीवकूंहोतानहीं ॥ यातें व्यवहारतें वस्तुकासत्यपणा सिद्धहोइसकैनहीं ॥ और जेमीमांसकवादी सर्वव्यावहारिक पदार्थोंकूं सत्यमानेहैं ॥ तिनोंकेमतविषेभी तीनकालविषेजाकानाशनहींहोवै सोसत्यकहियेहै ॥ याप्रकारका सत्यशब्दकामुख्यअर्थ व्यावहारिकजगत्विषेसंभवैनहीं ॥ किंतु बहुतकालपर्यंतस्थायीतारूप गौणसत्यता तिनोंकूंअंगीकारकरणीहोवैगी ॥ किंवा जोवादी भेदविषेअभिनिवेशकरिकै देशकालकेविभुत्वकी तथानित्यत्वकी सिद्धिवासते एकदेशविषे दूसरादेश अंकीकारकरैहै ॥ तथा एककालविषे दूसराकाल अंगीकारकरैहै ॥ तथा एकघटविषे दूसराघट अंगीकारकरैहै ॥ तिसवादीकूं बलात्कारसैं अनवस्थादोषकीप्राप्तिहोवैगी ॥ काहेतें? जैसेप्रथमदेशकाल दूसरेदेशकालविषेरहैहै ॥ तैसे सोदूसरादेशकालभी किसीतीसरे देशकालविषेरहैगा तीसराचतुर्थविषे रहैगा ॥ याप्रकार अनवस्थादोषकीप्राप्तिहोवैगी ॥ और जोवादी आर्हतकीन्यांई एकहीवस्तुकूं अनेकरूपअंगीकारकरै तौ उष्णअग्निकूं शीतरूपताहोणीचाहिये ॥ और शीतलजलकूं उष्णरूपताहोणीचाहिये ॥ याप्रकारकीअव्यवस्था वादीकूं प्राप्तहोवैगी ॥ और लोकविषे याप्रकारकी अव्यवस्था

हैनहीं ॥ किंतु जीवोंके सुखदुःखभोगवासते देशकालादिकसर्वपदार्थोंकी व्यवस्थाहीहै ॥ शंका ॥ जैसे वादीकेमतविषे व्यवस्थासंभवैनहीं ॥ तैसे तुमअद्वैतवादियोंकेमतविषेभी जगत्कीव्यवस्थासंभवैनहीं ॥ समाधान ॥ हमअद्वैतवादियोंकेमतविषे आत्मसाक्षात्कारतैंपूर्वपूर्व संपूर्णपदार्थोंकीव्यवस्थासंभवैहै ॥ परंतु सा जगत्कीव्यवस्था किसीप्रमाणकरिकै सिद्धनहीं ॥ किंतु जैसे स्वप्नकेपदार्थ भ्रमकरिकैसिद्धहैं ॥ तैसे जाग्रत्प्रपंचकीव्यवस्थाभी भ्रमकरिकैसिद्धहै ॥ यातैं जाग्रत्अवस्थाविषे तथास्वप्नअवस्थाविषे विद्यमानजोदेशकालहै ॥ तथा तादेशकालविषेस्थित जितनेस्थूल सूक्ष्मपदार्थहैं ॥ तेसंपूर्ण अद्वितीयआत्माविषेकल्पितहैं ॥ और अधिष्ठानआत्माकीसत्ताकूंपाइकैही तेजाग्रत्स्वप्नकेपदार्थ आपणेआपणे कार्यकरणेविषे समर्थहोवैहैं ॥ यातैं जाग्रत्के पदार्थ तथास्वप्नकेपदार्थ दोनोंसमानहैं ॥ और हेजनक! जैसे रज्जुरूपअधिष्ठानविषे सर्प दंड माला जलधारा येसंपूर्ण कल्पितहैं ॥ तैसे अधिष्ठानसाक्षीआत्माविषे देशकालतैंआदिलैके संपूर्णजगत् कल्पितहै ॥ यातैं देशकालादिसंपूर्णजगत् अधिष्ठानआत्माविषे लयभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और हेजनक! जैसे रज्जुविषेकल्पित जेसर्प दंड माला जलधाराहैं ॥ तिनसर्पादिकोंका परस्परभेद रज्जुरूपअधिष्ठानकेभेदतैंविना संभवैनहीं ॥ तैसे अधिष्ठानआत्माकेभेदतैंविना जाग्रत्स्वप्नकेप्रपंचका परस्परभेदसंभवैनहीं ॥ और पूर्वउक्तयुक्तिसैं जाग्रत्स्वप्नविषे आत्माकाभेदसंभवैनहीं ॥ यातैं आत्माविषेकल्पित देशकालादिकपदार्थोंकाभी परस्परभेद संभवैनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन्! परमार्थदृष्टिकरिकैतौ अभेदहै ॥ परंतु कार्यकीदृष्टिकरिकै मेरेकूं भेदभ्रमहोवैहै ॥ समाधान ॥ हेजनक! लोकविषे आश्रयकेभेदतैं तथाज्ञानोंकेभेदतैं पदार्थोंकाभेदहोवैहै ॥ जैसे यहघटहै याज्ञानकाविषयघटहै ॥ और ताघटकाआश्रय मृत्तिकाहै ॥ और यहपटहै याज्ञानकाविषय पटहै ॥ और तापटकाआश्रय तंतुहै ॥ याप्रकार ज्ञानोंके भेदतैं तथाआश्रयकेभेदतैं घटपटादिकपदार्थोंका परस्परभेद लोकविषेदेख्याहै ॥ सो आश्रयकाभेद तथाज्ञानोंकाभेद जगत्विषेहैनहीं ॥ काहेतैं? देशकालतैंआदिलैके जितनास्थूलसूक्ष्मजगत्है ॥ ताका एकहीमायाविशिष्टपरमात्मा आश्रयहै ॥ और नेत्रादिकइंद्रियद्वारा वृत्तिरूपकरिकै घटादिकपदार्थोंकूंविषयकरणेहाराजो अंतःकरणरूप गौणज्ञानहै सोभी एकही है ॥ तथा

तिनवृत्तियोंविषेआरूढ जोचैतन्यरूप मुख्यज्ञानहै सोभी एकहीहै ॥ यातें एकआश्रयवाला तथाएकज्ञानकाविषय जोजगतहै ॥ ताका परस्परभेदसंभवैनहीं ॥ और उपाधिकेभेदतैंही आत्माकाभेदहोवैहै ॥ ताजगतरूपउपाधियोंकेभेदकेनिवृत्तहुए आत्माकाभी भेदसंभवैनहीं ॥ यातें जाग्रत्स्वप्नप्रपंचका एकहीआत्मा अधिष्ठानहै ॥ तहां दृष्टांत ॥ जैसे आकाशविषे प्रतीतभये जेमेघविद्युता दिकपदार्थ तिनमेघविद्युतादिकपदार्थोंकेभेदकरिकै अधिष्ठानआकाशका भेदहोवैनहीं ॥ तैसे अधिष्ठानआत्माविषे प्रतीतभयेजे देशकालादिकपदार्थ तिनदेशकालादिकोंकेभेदकरिकै अधिष्ठानआत्माकाभेदहोवैनहीं ॥ इतनेकरिकै आधेयपदार्थोंकेभेदकूंअंगी कारकरिकैभी आत्मारूपआधारकी एकता निरूपणकरी ॥ अब कल्पितआधारोंके भेदकूंअंगीकारकरिकैभी आधेयपदार्थोंकीएक ताकूं निरूपणकरैहैं ॥ हेजनक! जैसे एकहीघट मृत्तिकारूपअवयवोंविषेस्थितहुआ प्रतीतहोवैहै ॥ और सोईघट गृहविषे तथागृह केअंगणविषे स्थितहुआ प्रतीतहोवैहै ॥ तहां मृत्तिका गृह गृहकाअंगण इत्यादिकजेघटकेआधारहैं ॥ तिनआधारोंकेभेदहुएभी आधेयरूपघटकाभेदहोवैनहीं ॥ तैसे जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति इत्यादिकअवस्थावोंकेभेदहुएभी स्वयंज्योतिआत्माकाभेदहोवैन हीं ॥ और हेजनक! जोस्वयंज्योतिआत्मा जाग्रत्केपदार्थोंकाअधिष्ठानहै ॥ सोईस्वयंज्योतिआत्मा स्वप्नकेपदार्थोंकाअधिष्ठान है ॥ यातें जाग्रत्प्रपंचकी तथास्वप्नप्रपंचकी किंचित्मात्रभीविलक्षणतानहीं ॥ कल्पितरूपकरिकै दोनोंसमानहैं ॥ यातें हेजन क! ऐसाभेदतैंरहितस्वयंज्योतिआत्मा स्वप्नअवस्थाविषे स्वयंज्योतिरूपकरिकै हमनैं तुमारेप्रति कथनकऱ्याहै ॥ अब जिसअर्थ केपूछणेकी तुमारेकूंइच्छाहोवै ॥ सोअर्थ तू हमारेसैंपूछ ॥ हेशिष्य! याप्रकारकावचन जबी याज्ञवल्क्यमुनिनैं जनकराजाकेप्रति कह्या ॥ तबी सोबुद्धिमान्जनक याज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति याप्रकारकावचनकहताभया ॥ राजाजनकउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्यमुनि! जोकोईब्राह्मण हमारेप्रति किसीसाधारणविद्याकाभी उपदेशकरताहै ॥ तिसब्राह्मणकेताईं मैंजनकराजा एकसहस्रगौवांदक्षिणा देताहूं ॥ कैसीहैंतेगौवां ॥ हस्तीकेसमानहैवृषभजिनोंविषे ॥ तथा यौवनअवस्थाकरिकैयुक्तहैं ॥ और शास्त्रविषे जेश्रेष्ठगौवोंके लक्षणलिखेहैं तिनलक्षणोंकरिकैयुक्तहैं ॥ याप्रकारकीगौवां शास्त्रकीरीतिसैं मैं तिसब्राह्मणकेताईंदेताहूं ॥ याप्रकारका हमारानियम

सर्वलोकजाणतेहैं ॥ यातैं हेभगवन्! आपनैं हमारेप्रति जोसाधारणविद्याउपदेशकरीहै ॥ तासाधारणविद्याकीगुरुदक्षिणा एकस हस्रगौवां मैं आपकेतांईदेताहूं ॥ तिसगुरुदक्षिणाकूंआप अंगीकारकरो ॥ तिसतैंअनंतर आत्माकेवास्तवस्वरूपकाउपदेश हमारे प्रति करो ॥ हेशिष्य! याप्रकारकावचन तीनवार जबी जनकराजाने याज्ञवल्क्यमुनिकेप्रतिकह्या ॥ तबी सोयाज्ञवल्क्यमुनि आप णेमनविषे याप्रकारकाविचार करताभया ॥ हमनैं जनकराजाकेतांई संपूर्णब्रह्मविद्याकाउपदेशकर्‍याहै ॥ तौभी यहजनकराजा ता ब्रह्मविद्याकूं यथार्थ नहींजाणताभयाहै ॥ किंतु अन्यविद्याकेसमान यहभीकोई साधारणविद्याहै याप्रकार जनकराजानैं जान्याहै ॥ हेशिष्य! याप्रकारका मनविषेविचारकरिकै सोयाज्ञवल्क्यमुनि जनकराजाकेप्रति याप्रकारकावचनकहताभया ॥ याज्ञवल्क्यमुनि रुवाच ॥ हेजनक! यहजोतुमनैं वचनकह्या ॥ साधारणविद्याकीगुरुदक्षिणा एकसहस्रगौवां मैं आपकेताईदेताहूं ॥ तिसतैंअनंतर आत्माके यथार्थस्वरूपकाउपदेश हमारेप्रतिकरो ॥ सोयहतुमारावचन श्रवणकरिकै हमारेकूं यहसंशयहोवैहै ॥ जोहमनैं पूर्वस्व यंज्योतिआत्मा तुमारेप्रति उपदेशकर्‍याहै ॥ तिसस्वयंज्योतिआत्माकूं तुमनैं यथार्थजान्याहै अथवा नहींजान्याहै? ॥ यहवृत्तांत तू हमारेप्रतिकहो ॥ हेशिष्य! याप्रकारकावचन जबी याज्ञवल्क्यमुनिनैं जनकराजाकेप्रतिकह्या ॥ तबी सोजनकराजा याज्ञवल्क्यमु निकेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ हेयाज्ञवल्क्यमुनि! आपनैं जोहमारेप्रति स्वयंज्योतिआत्माकाउपदेशकर्‍याहै ॥ तिसकूं हमनैं अबपर्यंत जान्यानहीं ॥ यातैं तिसस्वयंज्योतिआत्माकेज्ञानवासते अबी हमारेप्रति उपदेशकरो ॥ अब पूर्वकथनकर्‍येअर्थवि षे जनकराजाकेतीनप्रश्नोंकूं निरूपणकरैहैं ॥ हेयाज्ञवल्क्यमुनि! पूर्वआपनैं हमारेप्रति स्वप्नअवस्थाविषेस्थित स्वयंज्योतिआत्मा काउपदेशकर्‍या ॥ ताकेविषे मैं याप्रकारकेदोषकूंदेखताहूं ॥ स्वप्नअवस्थाविषे यहस्वयंज्योतिआत्मा सुंदरस्त्रियोंकेसाथ क्रीडाकरैहै तथा हसेहै ॥ तथानानाप्रकारकेअन्नकूं भक्षणकरैहै ॥ तथा प्रियपदार्थोंकेदेखणेवासते प्रवृत्तहोवैहै ॥ तथा अप्रियपदार्थोंतैंनिवृत्त होवैहै ॥ यातैं यहजान्याजावैहै ॥ सोस्वयंज्योतिआत्मा भोक्ताहै ॥ और जोभोक्ताहोवैहै ॥ सो संगवान्होवैहै ॥ यातैं स्वप्नअवस्था विषे सोस्वयंज्योतिआत्मा असंगनहीं ॥ इतिप्रथमप्रश्न ॥ अब द्वितीयप्रश्नकूं निरूपणकरैहैं ॥ हेयाज्ञवल्क्यमुनि! आपनैं

स्वप्नअवस्थाविषे जोआत्माकूंअसंगकह्या ॥ सोयद्यपिसंभवैहै ॥ काहेतें? स्वप्नअवस्थाविषेविद्यमान जोसूक्ष्मशरीरहै सो असंग है ॥ याकारणतेंही तासूक्ष्मशरीरका पर्वतादिकोंविषेभीप्रवेशहोवैहै ॥ ऐसे असंगसूक्ष्मशरीरकरिकैयुक्त जोस्वयंज्योतिआत्माहै ॥ ताकूंभी असंगरूपता संभवैहै ॥ तथापि जाग्रत्अवस्थाविषेविद्यमान जोस्थूलशरीरहै ॥ सो सर्वलोकोंकूं संगवान्प्रतीतहोवैहै ॥ ता संगवान्स्थूलशरीरविषेस्थित जोस्वयंज्योतिआत्माहै ॥ ताकूं असंगरूपतासंभवैनहीं ॥ इतिद्वितीयप्रश्न ॥ अब तृतीयप्रश्नकूं निरूपणकरैहैं ॥ हेयाज्ञवल्क्यमुनि! जाग्रत्अवस्थाकूं तथास्वप्नअवस्थाकूं प्राप्तहोणेहारा जोएकआत्माहै ॥ तिसएकआत्माकी दोनोंस्थानोंविषेस्थितिहोणी अत्यंतदुर्घटहै ॥ काहेतें? जैसे उज्जयिनीपुरीविषेस्थितजोराजाहै ॥ सोराजा काशीपुरीविषे स्थितहोइसकैनहीं ॥ किंतु काशीपुरीकाराजा उज्जयिनीपुरीकेराजातें भिन्नहीहोवैहै ॥ तैसे जाग्रत्अवस्थाविषेस्थित जोआत्माहै ॥ सोआत्मा स्वप्नअवस्थाविषे स्थितहोइसकैनहीं ॥ किंतु जाग्रत्अवस्थाकेआत्मातें स्वप्नअवस्थाकाआत्मा भिन्नहीहोवैगा ॥ इतितृतीयप्रश्न ॥ हेशिष्य! याप्रकारकेतीनप्रश्न जबी जनकराजानें याज्ञवल्क्यमुनिकेप्रतिकरे ॥ तबी सोयाज्ञवल्क्यमुनि तिसराजाकेतीनप्रश्नों काउत्तर क्रमतेंकहताभया ॥ अब प्रथमप्रश्नकेउत्तरकूं निरूपणकरैहैं ॥ हेजनक! पूर्वहमनें स्वप्नअवस्थाविषे जोआत्मा स्वयंज्योतिरूपकरिकै तुमारेप्रति उपदेशकऱ्याहै ॥ सोईहीस्वयंज्योतिआत्मा कदाचित् संप्रसादनामास्थानविषे स्थितहोवैहै ॥ अब संप्रसादशब्दकेअर्थकूं निरूपणकरैहैं ॥ हेजनक! जैसे शरद्ऋतुविषे जल कालुष्यकापरित्यागकरिकै निर्मलहोवैहै ॥ तैसे सुषुप्तिअवस्थाविषे यहआनंदस्वरूपस्वयंज्योतिआत्मा स्थूलसूक्ष्मशरीरके अभिमानकूंपरित्यागकरिकै स्थितहोवैहै ॥ याकारणतें वेदवेत्तापुरुष तासुषुप्तिकूं संप्रसादनामकरिकै कथनकरैहैं ॥ शंका ॥ हेभगवन्! सुषुप्तिअवस्थाविषेभी श्रुतिनें आत्माविषे रति तथागति कथनकरीहै ॥ तहां नानाप्रकारकीक्रीडाकानामरतिहै ॥ और नानाप्रकारकेविषयोंकीप्राप्तिवासते जोपरिअटनहै ताकूं गतिकहैहैं ॥ यातें सुषुप्तिअवस्थाविषेभी विक्षेपकाअभावनहीं ॥ किंतु जाग्रत्स्वप्नकीन्यांई सुषुप्तिविषेभी रति गतिरूपविक्षेपरहैहै ॥ समाधान ॥ हेजनक! सुषुप्तिअवस्थाविषे यद्यपि रति गति दोनोंनहींहैं ॥ तथापि सुषुप्तिकीप्राप्तितेंपूर्व तथा पश्चात् सा रति

गति दोनोंविद्यमानहैं ॥ तिनोंकूंग्रहणकरिकै सुषुप्तिअवस्थाविषे श्रुतिभगवती आत्माविषे रति गति कथनकरैहै ॥ इसीप्रकार सु
खदुःखरूपफलकेदेणेहारे जेपुण्यपापरूपकर्महैं ॥ तेपुण्यपापरूपकर्म यद्यपि सुषुप्तिअवस्थाविषैहैनहीं ॥ तथापि तेपुण्यपापरूपक
र्म सुषुप्तिअवस्थाविषे कारणअज्ञानरूपहोइकैरहैहैं ॥ जोसुषुप्तिअवस्थाविषे पुण्यपापरूपकर्मोंका सर्वथाअभावहोवै तौ सुषुप्तितैंअ
नंतर जाग्रत्अवस्थाविषे तथास्वप्नअवस्थाविषे सुखदुःखरूपफलकीप्राप्ति नहींहोणीचाहिये ॥ और जाग्रत्स्वप्नविषे सुखदुःखरूप
फलकीप्राप्ति सर्वजीवोंकूंदेखीती है ॥ यातैं यहजान्याजावैहै ॥ सुषुप्तिअवस्थाविषे पुण्यपापरूपकर्म कारणअज्ञानरूपहोइकैरहैहै ॥
और सुषुप्तिअवस्थाविषे यहस्वयंज्योतिआत्मा आपणेस्वप्रकाशरूपकरिकै ताकारणअज्ञानकूं प्रकाशकरैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभग
वतीनैं यहकह्याहै ॥ सुषुप्तिअवस्थाविषे सोआत्मा पुण्यपापरूपकर्मोंकूंदेखेहै ॥ और हेजनक! याअनादिसंसारविषे यहजीवात्मा
जैसे पूर्वपूर्व संप्रसादरूपअनेकसुषुप्तिअवस्थावोंकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तिसीप्रकार यहजीवात्मा पुनः सुषुप्तिरूपसंप्रसादकूंप्राप्तहोवैहै ॥
और यहजीवात्मा सुषुप्तिरूपसंप्रसादविषे जिसमार्गकरिकैजावैहै ॥ तिसीमार्गकरिकै यहजीवात्मा तासुषुप्तिरूपसंप्रसादतैं बाह
रिआवैहै ॥ और हेजनक! सुषुप्तिअवस्थातैंपूर्व जिसजातिवालेशरीरकरिकैयुक्त यहजीवात्माहोवैहै ॥ सुषुप्तिअवस्थाकूंप्राप्तहोइकै
यहजीवात्मा तिसीजातिवालेशरीरकूंग्रहणकरिकै तासुषुप्तितैंबाहरिआवैहै ॥ पूर्वशरीरतैंविलक्षण दूसरेशरीरकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ त
हांव्याघ्रशरीरकरिकैयुक्तहुआ यहजीवात्मा जबी सुषुप्तिअवस्थाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तबी व्याघ्रशरीरकूंग्रहणकरिकैही तासुषुप्तितैं बाह
रिआवैहै ॥ इसप्रकार सिंह वृक वराह कीट मनुष्य इसतैंआदिलेके जितनेप्राणीहैं ॥ तेसंपूर्णप्राणी जिसजिसजातिवालेशरीर
करिकै युक्तहुए सुषुप्तिरूपसंप्रसादकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ तिसीतिसीजातिवालेशरीरकूंग्रहणकरिकै पुनःसुषुप्तितैंबाहरिआवैहैं ॥ शंका ॥
हेभगवन्! यहजीवात्मा सुषुप्तिरूपसंप्रसादतैंजोबाहरिआवैहै ॥ सोस्वप्नकीप्राप्तिवासतेहीआवैहै ॥ यहजोश्रुतिनैंकथनकर्याहै
सो संभवैनहीं ॥ काहेतें? सुषुप्तितैंअनंतर स्वप्नहीहोवैहै याप्रकारकानियमहैनहीं ॥ किंतु सुषुप्तितैंअनंतर कदाचित् जाग्रत्हो
वैहै ॥ और कदाचित् स्वप्नहोवैहै ॥ समाधान ॥ हेजनक! यहजीवात्मा स्वप्नकीप्राप्तिवासते सुषुप्तितैंबाहरिआवैहै॥ यहजोश्रुति

नैंकथनकऱ्याहै सोअसंगतनहीं किंतु यथार्थहीहै ॥ काहेतें? इहांस्वप्नशब्दकरिकै केवलस्वप्नअवस्थाका ग्रहणनहींकरणा ॥ किंतु स्वप्नशब्दकरिकै विपर्ययज्ञानरूपविक्षेपकाग्रहणकरणा ॥ सो विक्षेपरूपता जैसे स्वप्नविषेहै तैसे जाग्रत्विषेभीहै ॥ यातें श्रुतिविषे जोस्वप्नपदहै ॥ तास्वप्नशब्दकरिकै जाग्रत्स्वप्नदोनोंकाग्रहणकरणा ॥ अब आत्माविषे असंगरूपताकूं निरूपणकरैहैं ॥ हेजनक! सोआनंदस्वरूपआत्मा सुषुप्तितैंबाहरिआइकै विक्षेपरूपस्वप्नविषे स्थितहोवैहै ॥ और तास्वप्नविषेस्थितहुआ यहआनंदस्वरूप आत्मा स्त्रीसंभोगतैंआदिलेकै नानाप्रकारकेविषयोंकूंदेखैहै ॥ परंतु जैसे घटकाद्रष्टापुरुष घटादिकदृश्यपदार्थोंकेसाथ संबंधकूं प्राप्तहोवैनहीं ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषे नानाप्रकारकेविषयोंकाद्रष्टाआत्मा तिनदृश्यरूपविषयोंकेसाथ संबंधकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन्! स्वप्नअवस्थाविषे यहद्रष्टापुरुष जैसे रूपादिकविषयोंकूंदेखैहै ॥ तैसे अहंसुखी अहंदुःखी याप्रतीतिकरिकै अहंशब्दकाअर्थजोआत्माहै ॥ ताकूंभी यहद्रष्टापुरुष जानैहै ॥ यातें स्वप्नअवस्थाविषे जैसे रूपादिकपदार्थ ज्ञानकेविषयहैं ॥ तैसे आत्माभी अहंयाज्ञानकाविषयहै ॥ यातें रूपादिकदृश्यपदार्थोंकेसाथ यद्यपि द्रष्टापुरुषकासंबंधनहींहै ॥ तथापि आत्मारूपदृश्य पदार्थकेसाथ द्रष्टापुरुषकासंबंध संभवैहै ॥ **समाधान** ॥ हेजनक! आत्माकरिकैविशिष्टजोकोईपदार्थहै ॥ तिसकूं कोईभीपुरुष देखणेविषेसमर्थनहीं ॥ काहेतें? जोवादी आत्माविशिष्टपदार्थविषे ज्ञानकीविषयता अंगीकारकरैहै ॥ तिसवादीकूं आत्माविषेभी विषयता बलात्कारसैंअंगीकारकरणीहोवैगी ॥ काहेतें? जोधर्मविशेषणविशिष्टपदार्थविषेरहैहै ॥ सोधर्म विशेषणविषेभी अवश्यर हैहै ॥ जैसे नीलघटहै याप्रकारकेज्ञानकीविषयता नीलगुणविशिष्टघटविषेरहैहै ॥ और साविषयता नीलगुणरूपविशेषणविषेभीर हैहै ॥ तैसे आत्माविशिष्टपदार्थविषे जोज्ञानकीविषयताहै ॥ साविषयता विशेषणरूपआत्माविषेभी अवश्यरहैगी ॥ किंवा जोपुरुष विशेषणकूं तथाविशेष्यकूं तथा तिनदोनोंकेसंबंधकूं नहींजाणता ॥ सोपुरुष विशिष्टपदार्थकूं जाणिसकैनहीं ॥ यातें विशिष्टपदार्थके ज्ञानविषे विशेषणकाज्ञान तथाविशेष्यकाज्ञान तथातिनोंकेसंबंधकाज्ञान येतीनोंज्ञान कारणहैं ॥ जैसे दंडविशिष्टपुरुषकूं विषयक रणेहारा जोदंडीपुरुषहै याप्रकारकाविशिष्टज्ञानहै ॥ सोविशिष्टज्ञान दंडरूपविशेषणकेज्ञानतैंविना तथापुरुषरूपविशेष्यकेज्ञानतैंवि

ना तथा दंडपुरुषकेसंयोगसंबंधकेज्ञानतैंविना कदाचित्होवैनहीं ॥ किंतु दंड पुरुष संयोग यातीनोंकेज्ञानकरिकैही दंडीपुरुषहै या प्रकारकाविशिष्टज्ञान होवैहै ॥ इसीप्रकार जोज्ञान आत्माविशिष्टपदार्थकूंविषयकरैगा ॥ सोज्ञान विशेषणरूपआत्माकूंभी अवश्य विषयकरैगा ॥ यातैं आत्माविषेभी ज्ञानकीविषयता प्राप्तहोवैगी ॥ शंका ॥ हेभगवन्! आत्माविषे ज्ञानकीविषयता माननेमें क्याहानिहोवैहै? ॥ समाधान ॥ हेजनक! जैसे दक्षिणहस्तकीमुष्टिकरिकै दक्षिणहस्तकेमुष्टिकाग्रहणहोइसकैनहीं ॥ तैसे आत्माक रिकै आत्माकाग्रहण किसीप्रकारकरिकैसंभवैनहीं ॥ और जोआत्माविषेभी ज्ञानकीविषयता अंगीकारकरिये तौ जोजोपदार्थ ज्ञानकाविषयहोवैहै ॥ सोसोपदार्थ जडहोवैहै ॥ जैसे ज्ञानकेविषयहोणेतैं घटादिकपदार्थ जडहैं ॥ तैसे ज्ञानकाविषयहोणेतैं अना त्माभी जडहोवैगा ॥ और जो जो पदार्थ जडरूपहोवैहै ॥ सोसोपदार्थ अनात्मारूपहोवैहै ॥ जैसे जडरूपहोणेतैं घटादिकपदार्थ अनात्मारूपहैं ॥ तैसे जडरूपहोणेतैं आत्माभी अनात्मारूपहोवैगा ॥ और आत्माविषे अनात्मरूपता कोईभीवादी अंगीकारकर तानहीं ॥ किंवा जोवादी जडपदार्थोंकूंभी आत्मारूपअंगीकारकरै ॥ तौ जैसे जडआत्माविषे आत्मरूपताहै ॥ तैसे जडघटादिकोंवि षेभी आत्मरूपता अवश्यमानणीहोवैगी ॥ और जडघटादिकोंकूं कोईवादी आत्मरूपमानतानहीं ॥ यातैं यहअर्थसिद्धभया ॥ आ काशादिकविभुपदार्थोंविषे तथाघटादिकपरिच्छिन्नपदार्थोंविषे जहांजहां जडपणारहैहै ॥ तहांतहां अनात्मरूपताहीदेखीतीहै ॥ यातैं आत्माविषे किसीज्ञानकीविषयतानहीं ॥ और जेवादी अहंसुखी अहंदुःखी याप्रकारकेज्ञानकीविषयता आत्माविषेमानैहैं ॥ तेवादी भ्रांतिकरिकैमानैहैं ॥ काहेतैं? अहं याज्ञानकीविषयता अंतःकरणविषेहै ॥ ता अंतःकरणकीविषयताकूं शुद्धआत्माविषे आ रोपणकरिकै तेवादी आत्माकूं अहं याज्ञानकाविषयमानैहैं ॥ यातैं आत्मा किसीज्ञानकाविषयनहीं ॥ और हेजनक! स्वप्नअवस्था विषे स्त्रीसंभोगतैंआदिलैके जितनेअन्नपानादिकदृश्यपदार्थहैं ॥ तिनोंकेसाथ द्रष्टाआत्माकासंबंधहैनहीं ॥ काहेतैं? यालोकविषे भीजोपुरुष द्रष्टाहोवैहै ॥ ताका दृश्यपदार्थकेसाथ संबंधहोवैनहीं ॥ जैसे घटादिकपदार्थोंकूंदेखणेहारा जोद्रष्टापुरुषहै ॥ ताद्रष्टापु रुषका घटपटादिकदृश्यपदार्थोंकेसाथ तीनकालसंबंधनहीं ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषे स्वप्नद्रष्टापुरुषका स्वप्नकेदृश्यपदार्थोंकेसाथ

तीनकाल संबंधनहीं ॥ यातैं हेजनक! याप्रकारका स्वप्नअवस्थाविषे सर्वसंगतैंरहित जोअसंगआत्माहै ॥ सोआत्मा स्वप्रकाश रूपकरिकैजान्याहुआ अधिकारीपुरुषोंकूं मोक्षकीप्राप्तिकरैहै ॥ हेशिष्य! याप्रकारका प्रथमप्रश्नकाउत्तर जबी याज्ञवल्क्य मुनिनैं जनकराजाकेप्रतिकह्या ॥ तबी सोजनकराजा याज्ञवल्क्यमुनिकेउत्तरकूं अंगीकारकरताभया ॥ तिसतैंअनंतर सोयाज्ञव ल्क्यमुनि जनकराजाकेप्रति द्वितीयप्रश्नकाउत्तर कहताभया ॥ याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेजनक! जैसे द्रष्टाआत्माकूं स्वप्नकेप दार्थ लिपायमानकरैंनहीं ॥ तैसे द्रष्टाआत्माकूं जाग्रत्‌केपदार्थभी लिपायमानकरैंनहीं ॥ यातैं स्वप्नअवस्थाकीन्यांई जाग्रत्‌अवस्था विषेभी आत्माअसंगहै ॥ अब याहीअर्थकेस्पष्टकरणेवासते जाग्रत्‌अवस्थाके तथास्वप्नअवस्थाके तुल्यताकूंनिरूपणकरैहैं ॥ हेजन क! जैसे यहस्वयंज्योतिआत्मा जाग्रत्‌केपदार्थोंकूं देखिकरिकै स्वप्नअवस्थाविषेजावैहै ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषे यहस्वयंज्योति आत्मानाडीरूपमार्गकूं तथा पुण्यपापरूपकर्मोंकूं तथाबुद्धिकूं देखिकरिकैही जाग्रत्‌अवस्थाविषे आवैहै ॥ और जिसनाडिरूपमार्ग करिकैयहजीवात्मा स्वप्नअवस्थाविषेप्राप्तहोवैहै ॥ तिसीनाडीरूपमार्गकरिकै यहजीवात्मा जाग्रत्‌अवस्थाविषेआवैहै ॥ यातैं जाग्रत् स्वप्नदोनोंसमानहैं ॥ इहां स्वप्नअवस्थातैं जाग्रत्‌अवस्थाविषे इतनीविशेषताहै ॥ जाग्रत्‌अवस्थाविषे केवलबाह्यपणाहै ॥ और स्व प्नअवस्थाविषे बाह्यपणा तथाअंतरपणा दोनोंहैं ॥ तहां जाग्रत्‌अवस्थाकीअपेक्षाकरिकैतो स्वप्नअवस्थाविषे अंतरपणाहै ॥ और सुषुप्तिअवस्थाकीअपेक्षाकरिकै तास्वप्नअवस्थाविषे बाह्यपणाहै ॥ और हेजनक! जैसे स्वप्नअवस्थाविषे यहद्रष्टापुरुष दृश्यपदा र्थोंकेसंगतैं रहितहोवैहै ॥ तैसे जाग्रत्‌अवस्थाविषेभी यहद्रष्टापुरुष दृश्यपदार्थोंकेसंगतैं रहितहोवैहै ॥ यातैं स्वप्नअवस्थाकीन्यां ई जाग्रत्‌अवस्थाविषेभी यहद्रष्टाआत्मा असंगहै ॥ तात्पर्ययह ॥ एकमूर्तपदार्थका दूसरेमूर्तपदार्थकेसाथ जोक्रियाजन्यसंयोग संबंधहै ॥ तासंयोगसंबंधकूं शास्त्रवेत्तापुरुष संगकहैहैं ॥ जैसे घटरूपमूर्तपदार्थका भूतलरूपमूर्तपदार्थकेसाथ जोक्रियाजन्यसं योगसंबंधहै ॥ तासंयोगसंबंधकानाम संगहै ॥ याप्रकारकासंग किसीपदार्थकेसाथ आत्माकासंभवैनहीं ॥ काहेतैं? आत्मा आ काशकीन्यांई अमूर्तहै तथाविभुहै ॥ अमूर्तविभुपदार्थविषे कोईभीवादी क्रिया अंगीकारकरतानहीं ॥ यातैं विभुआत्माका क्रि

याजन्यसंयोगरूपसंग किसीपदार्थकेसाथसंभवैनहीं ॥ यातें स्वप्नअवस्थाकीन्यांई जाग्रत्अवस्थाविषेभी आत्मा असंगहै ॥ हे शिष्य! याप्रकार जबी याज्ञवल्क्यमुनिनैं जनकराजाकेप्रति द्वितीयप्रश्नकाउत्तर कथनकऱ्या ॥ तबी सोजनकराजा ताउत्तरकूं अंगीकारकरताभया ॥ तिसतैंअनंतर सोयाज्ञवल्क्यमुनि जनकराजाकेप्रति तृतीयप्रश्नकेउत्तरकूं कहताभया ॥ याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेजनक! जाग्रत्अवस्थाविषे यहआनंदस्वरूपआत्मा स्वप्नकीन्यांई प्रियस्त्रियोंकेसाथ क्रीडाकरिकै तथानानाप्रकारके मार्गोंविषे गमनकरिकै तथा पुण्यपापरूपकर्मोंकरिकैउत्पन्नभईजा सुखदुःखाकारबुद्धि ताबुद्धिकूंदेखिकरिकै स्वप्नअवस्थाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तहां स्वप्नअवस्थाविषे नानाप्रकारकेपदार्थोंकूंदेखिकरिकै यहस्वयंज्योतिआत्मा पुनःजाग्रत्अवस्थाकूं प्राप्तहोवैहै ॥ इसप्रकार एकहीस्वयंज्योतिआत्मा क्रमतैं जाग्रत्अवस्थाकूं तथास्वप्नअवस्थाकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तहां दृष्टांत ॥ जैसे लोकविषे जलकरिकै पूर्ण जामहान्नदीहै तथा तानदीविषेस्थितजोमहान् मत्स्यहै ॥ सोएकहीमत्स्य कबी नदीकेओरलेकिनारेआवैहै ॥ और कबी नदीके पारलेकिनारेजावैहै ॥ तैसे एकहीस्वयंज्योतिआत्मा कबी जाग्रत्अवस्थाकूं प्राप्तहोवैहै ॥ और कबी स्वप्नअवस्थाकूं प्राप्तहोवैहै ॥ यातें स्वप्नकेद्रष्टाआत्मातैं जाग्रत्काद्रष्टाआत्मा भिन्ननहीं ॥ किंतु एकहीआत्माक्रमतैं जाग्रत्कूं तथास्वप्नकूं प्राप्तहोवैहै ॥ एकहीकालविषे आत्माकूं जाग्रत्स्वप्नदोनोंअवस्थाकीप्राप्ति हम अंगीकारकरतेनहीं ॥ यातें उज्जयिनीपुरीके तथाकाशीपुरीके राजाकेदृष्टांततैं जाग्रत्स्वप्नकेआत्माका भेदसिद्धहोवैनहीं ॥ किंतु जैसे एकहीतीर्थयात्रीपुरुष कबी काशीपुरीविषे प्राप्तहोवैहै ॥ और कबी उज्जयिनीपुरीविषे प्राप्तहोवैहै ॥ एकहीआत्मा कबीजाग्रत्अवस्थाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और कबी स्वप्नअवस्थाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ इतनेकरिकै तृतीयप्रश्नकाउत्तरकह्या ॥ अब सुषुप्तिअवस्थाविषेभी आत्माके असंगरूपताकूं निरूपणकरैहैं ॥ हेजनक! जैसे श्येनपक्षी अथवा गरुडपक्षी भूमिकेसमीपआकाशदेशविषेस्थित जोआपणागृहहै ॥ तागृहकापरित्यागकरिकै अत्यंतदूर आकाशविषेजावैहै ॥ तहां आपणेगृहकापरित्यागकरिकै अत्यंतदूरआकाशविषेजाणेमैं तापक्षीके चारिप्रकारकेप्रयोजनहोवैहैं ॥ एकतौ स्त्रीकीप्राप्ति ॥ और दूसरा भक्षणकरणेयोग्य पदार्थकीप्राप्ति ॥ और तिसरा अन्यकिसीपक्षीकाहननकरणा ॥ और चतुर्थ आपणेइच्छाकीपूर्णताक

रणी ॥ याचारिप्रकारकेप्रयोजनोंविषे किसीएकप्रयोजनकूं ग्रहणकरिकैही सोपक्षी आपणेगृहकापरित्यागकरिकै दूरआकाशवि
षे जावैहै ॥ तहांजाइकै सोपक्षि जबी अत्यंतश्रमकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तबी सोपक्षी विश्रामकरणेवासते आपणेदोनोंपक्षोंका आ
पणेशरीरविषेसंकोचकरिकैं आपणेगृहकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तागृहविषेस्थितहोइके सोपक्षी विश्रामकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे यह
आनंदस्वरूपआत्मारूपपक्षीभी सुषुप्तिरूपगृहकापरित्यागकरिकै पुण्यपापरूपदोनोंपक्षोंकेबलतैं जाग्रत्स्वप्नरूप दूरआकाश
विषेजावैहै ॥ ताजाग्रत्स्वप्नअवस्थाविषे नानाप्रकारकेविषयभोगरूपव्यापारोंकूंकरिकै जबी यहआत्मारूपपक्षी अत्यंतश्रम
कूंप्राप्तहोवैहै ॥ तबी पुण्यपापरूपदोनोंपक्षोंकासंकोचकरिकै विश्रामकीप्राप्तिवासते सुषुप्तिरूपगृहकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तासुषुप्ति
विषेस्थितहुआ यहस्वयंज्योतिआत्मा किसीविषयकीइच्छाकरतानहीं ॥ और किसीविषयकूंदेखतानहीं ॥ इतनेकरिकै यहअर्थ बो
धनकऱ्या ॥ स्थूलसूक्ष्मशरीरकेसाथ तथा स्थूलसूक्ष्मशरीरकेधर्मोंकेसाथ आत्माकावास्तवतैंसंबंधनहीं ॥ जोतिनोंकेसाथ
आत्माका वास्तवतैं संबंधहोता तौ सुषुप्तिअवस्थाविषेभी आत्माविषे तेस्थूलसूक्ष्मादिकपदार्थ प्रतीतहोते ॥ और सुषु
प्तिविषे तिनपदार्थोंकेलयहुएभी आत्मा साक्षीरूपकरिकै विद्यमानहै ॥ यातैं तिनस्थूलसूक्ष्मपदार्थोंकेसाथ आत्माका वास्तव
तैंसंबंधनहीं ॥ अब अज्ञानरूपकारणशरीरतैं आत्माकूं भिन्नकरणेवासते अविद्यारूपअज्ञानकेस्वरूपकूं तथा आत्माकेस्व
रूपकूं निरूपणकरैहैं ॥ याअर्थकीसिद्धिवासते प्रथम स्वप्नसुषुप्तिकेप्राप्तिका मार्गरूपजेनाडियांहैं तिनोंकूं निरूपणकरैहैं ॥
हेजनक! जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति यातीनअवस्थावोंकी प्राप्तिवासते तथातिनअवस्थावोंतैंबाहरिआवणेवासते जोस्वयंज्योतिआत्मा
कामार्ग हमनैं तुमारेप्रति पूर्व कथनकऱ्याथा ॥ सोमार्ग नाडीरूपहै ॥ कैसीहैं तेमार्गरूपनाडियां? हृदयस्थानतैं जिनोंकानि
र्गमनभयाहै ॥ तिननाडियोंविषेभी एकऊपरिएकशतनाडी प्रधानहैं ॥ और तिनप्रधाननाडियोंकी शाखारूपदूसरीनाडियां अनेक
कोटीहैं ॥ कैसीहैंतेनाडियां? एककेशकेजोसहस्रविभागकरियें ॥ ताकेएकविभागकेसमान जिननाडियोंकीसूक्ष्मताहै ॥ अथवा ति
सकेशकेविभागतैंभी अतिसूक्ष्महैं ॥ ऐसीनाडियोंकूं शास्त्रवेत्तापुरुष हितानामकरिकै कथनकरैहैं ॥ काहेतैं? जैसे मातानाविषे

स्थित जेनाडियांहैं ॥ तेनाडियां बालकक्रूं दुग्धकीप्राप्तिकरैहैं ॥ यातैं तेनाडियां बालककेहितकरणेहारीहैं ॥ तैसे सर्वशरीरविषे
स्थित जेनाडियांहैं ॥ तेनाडियां पादतैंलैके मस्तकपर्यंत सर्वशरीरविषे अन्नकेसूक्ष्मरसक्रूं प्राप्तकरैहैं ॥ यातैं तेनाडियां याजीवके
अत्यंतहितकारीहैं ॥ याकारणतैं शास्त्रवेत्तापुरुष तिननाडियोंक्रूं हितानामकरिकै कथनकरैहैं ॥ पुनःकैसीहैं तेनाडियां ? जैसे लो
कविषे नदियां जलकरिकैपूर्णहोवैहैं ॥ तैसे अन्नपानके जेविचित्रवर्णवालेरसहैं तिनोंकरिकैपूर्णहैं ॥ पुनःकैसीहैं तेनाडियां? जैसे
चित्रकारपुरुषकेगृहविषे शुक्ल नील पीत इत्यादिकअनेकवर्णोंकरिकैपूर्ण अनेकपात्रहोवैहैं ॥ तैसे याशरीरविषे कफक्रूंधारणकरणे
हारी नाडियां शुक्लरसकरिकै पूर्णहोवैहैं ॥ और वातक्रूंधारणकरणेहारीजेनाडियां हैं ॥ ते नीलरसकरिकै पूर्णहोवैहैं ॥ और पि
त्तक्रूंधारणकरणेहारी जेनाडियांहैं ॥ तेनाडियां पिंगलरसकरिकैपूर्णहोवैहैं ॥ और अल्पपित्तक्रूंधारणकरणेहारी जेनाडियांहैं ॥ तेना
डियां हरितरसकरिकैपूर्णहोवैहैं ॥ और रुधिरक्रूंधारणकरणेहारी जेनाडियांहैं ॥ तेनाडियां लोहितरसकरिकैपूर्णहोवैहैं ॥ इहां नील
शब्दकरिकै अंजनकेसमान श्यामवर्णवालेपदार्थका ग्रहणकरणा ॥ और हरितशब्दकरिकै दूर्वादलकेसमानवर्णवालेपदार्थका ग्रह
णकरणा ॥ और पिंगलशब्दकरिकै सुवर्णकेसमान पीतवर्णवालेपदार्थकाग्रहणकरणा ॥ पुनः कैसीहैंतेनाडियां? जैसे चित्रकार
पुरुष नीलपीतादिक दोतीनवर्णोंक्रूंइकठाकरिकै अपूर्ववर्णक्रूं उत्पन्नकरैहै ॥ तैसे वात पित्तादिकधातुवोंकेसन्निपाततैं नानाप्रकार
केवर्ण उत्पन्नहोवैहैं ॥ तिननानाप्रकारकेवर्णोंकरिकै जेनाडियांपूर्णहैं ॥ ऐसेनाडीरूपमार्गकरिकै यहजीवात्मा स्वप्नक्रूंप्राप्तहोवैहै ॥
तथा सुषुप्तिक्रूंप्राप्तहोवैहै ॥ अब स्वप्नअवस्थाविषे कार्यद्वारा अविद्याकेस्वरूपक्रूं निरूपणकरैहैं ॥ हेजनक! तिसनाडीरूपमार्गक
रिकैप्राप्तहोणेयोग्यजोस्वप्नहै सोस्वप्न दोप्रकारकाहोवैहै ॥ एकस्वप्न सुखकेदेणेहारा होवैहै ॥ और दूसरास्वप्न दुःखकेदेणेहाराहोवै
है ॥ तहां जाग्रत्अवस्थाकीन्यांई पुण्यकरिकैसहकृतजाअविद्याहै ॥ ताअविद्याकरिकैजन्यजोस्वप्नहै ॥ सोस्वप्न जीवोंक्रूं सुखकीप्रा
प्तिकरैहै ॥ और पापकर्मकरिकैसहकृतजाअविद्याहै ॥ ताअविद्याकरिकैजन्यजोस्वप्नहै ॥ सोस्वप्न जीवोंक्रूं दुःखकीप्राप्तिकरैहै ॥
और हेजनक! जैसे जाग्रत्अवस्थाविषे प्रतिकूलरूपकरिकैजान्येहुए चौरादिकपदार्थ जीवोंक्रूंदुःखकीप्राप्तिकरैहै ॥ और

अनुकूलरूपकरिकैजान्येहुए स्त्रक्चंदनादिकपदार्थ जीवोंकूं सुखकीप्राप्तिकरैहैं ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषेभी प्रतिकूलरूपकरिकै जान्येहुए चौरादिकपदार्थ जीवोंकूं दुःखकीप्राप्तिकरैहैं ॥ और अनुकूलरूपकरिकैजान्येहुए ॥ स्त्रक्चंदनादिकपदार्थ जीवोंकूं सुखकीप्राप्तिकरैहैं ॥ यातैं जाग्रत्‌केपदार्थोंविषे तथास्वप्नकेपदार्थोंविषे स्वरूपतैंविशेषतानहीं ॥ तथा सुखदुःखकीउत्पत्तिरूप कार्यतैंभी विशेषतानहीं ॥ यातैं जाग्रत्‌केपदार्थ तथास्वप्नकेपदार्थ दोनों समानहैं ॥ अब दुःखकेदेणहारेस्वप्नकूं स्पष्टकरिकै निरूपणकरैहैं ॥ हेजनक! जैसे आकाश शस्त्रादिकोंकरिकै छेदनकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ तैसे यहआनंदस्वरूपआत्माभीवास्तवतैं शस्त्रादिकोंकरिकै छेदनकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ ऐसाआनंदस्वरूपनिर्विकारआत्मा जबी अंतःकरणादिकउपाधियोंकेसंबंधतैंस्वप्नअवस्थाकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तबी पूर्वलेपापकर्मकेवशतैं यास्वप्नद्रष्टापुरुषकूं धनकीप्राप्तिवासते चौरशस्त्रोंकरिकैहननकरैहैं ॥ और मांसके भक्षणकरणेहारे जेव्याघ्रवृकादिकजंतुहैं ॥ तेव्याघ्रादिकजंतु यास्वप्नद्रष्टास्वरूपकूं तीक्ष्णनखोंकरिकै तथादंतोंकरिकै छेदनकरैहैं ॥ तथा तीक्ष्णखुरोंकरिकै ताडनकरैहैं ॥ और हेजनक! जैसे आयुषकेक्षयहुए यापुरुषकूं जराअवस्था वशकरिलेवैहै ॥ तैसे वास्तवतैं सर्वजगत्‌कूं वशकरणेहारा जोयहआनंदस्वरूपआत्माहै ॥ तिसकूं स्वप्नअवस्थाविषे कोईदुर्बुद्धिधूर्तपुरुष आपणेवशकरिलेवैहै ॥ तिनधूर्तपुरुषोंकेवशहुआ यहआत्मादेव स्वप्नविषे परमदुःखकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और हेजनक! जैसे लोकविषे दुर्बुद्धिजोराजाहै ॥ ताराजाकेभृत्य धनकेलेणेवासते बलात्कारसैं धनीपुरुषोंकूं आपणेवशकरैहैं ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषे याजीवात्माकूं कोईधूर्तपुरुष बलात्कारसैं आपणेवशकरैहैं ॥ तिनोकेवशहुआ यहजीवात्मा परमदुःखकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और हेजनक! जैसे जाग्रत् अवस्थाविषे राजाकेद्वारविषेस्थित जोहस्तीहै ॥ ताहस्तीकेसमानहैआकारजिसका ऐसाजोकाष्ठकाहस्तीहै ॥ ताहस्तीकूंदेखिकरिकै मूढबालक भयकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तथा आपणेगृहकीओरिभागेहै ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषेभी यहजीवात्मा हस्तिकूंदेखिकरिकै भयकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तथाआपणेगृहकीतरफिभागेहै ॥ ताकरिकै याजीवात्माकूं परमदुःखकीप्राप्तिहोवैहै ॥ और हेजनक! जैसे जाग्रत्‌अवस्थाविषे समानभूमिविषेस्थित जोकोईविचित्रसभाहै ॥ तासभाकूं गर्तरूपजाणिके दुर्योधनराजाकीन्याईं कोईमूढपुरुष तागर्तविषे

पतनहोवैहै ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषेभी यहजीवात्मा समानभूमिकूं गर्तरूपमानिकै तागर्तविषे पतनहोवैहै ॥ तागर्तकेपतनकरिकै भी याजीवात्माकूं परमदुःखकीप्राप्तिहोवैहै ॥ और हेजनक! जाग्रत्अवस्थाविषे यहपुरुष जिसजिस अप्रियपदार्थकूंदेखिकै भयकूंप्रा प्तहोवैहै ॥ स्वप्नअवस्थाविषेभी तिसतिसअप्रियपदार्थकूंदेखिकै यहजीवात्मा भयकूंप्राप्तहोवैहै ॥ इसतैं आदिलेके अनेकप्रकारके दुष्टस्वप्नोंकूं पापकर्मकेवशतैं यहजीवात्मा प्राप्तहोवैहै ॥ इतनेकरिकै पापकर्मसहकृतजाअविद्याहै ताअविद्याजन्य दुष्टस्वप्नकानिरू पणकऱ्या ॥ अब अविद्याकेस्वरूपकहणेवासतै प्रथम अविद्याकाविरोधीजाविद्याहै ताकेस्वरूपकूं निरूपणकरैहैं ॥ हेजनक ! यह ब्रह्मकैसाहै? देशकालवस्तुपरिच्छेदतैंरहितहै तथा सर्वजीवोंकाआत्मारूपहै ॥ तथा स्वयंप्रकाशरूपहै ॥ तथा सत्चित्आनंद स्वरूपहै ॥ तथा अद्वितीयरूपहै ॥ ऐसेअद्वितीयब्रह्मकेविशेषस्वरूपकूं करामलककीन्यांई अधिकारीपुरुषोंके जोसमीपकरिदेवै ॥ अथवा ऐसेअद्वितीयब्रह्मकेविशेषरूपकूं अधिकारीपुरुषोंका आत्मारूपकरिकै जोप्रकाशकरै ताकूं शास्त्रवेत्तापुरुष विद्याकहैहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ महावाक्यकेश्रवणतैं उत्पन्नभई जो जीवईश्वरकेअभेदकूंविषयकरणेहारी अंतःकरणकीवृत्ति ॥ तावृत्तिकरिकैउपल क्षितजोचैतन्यहै ताकानामविद्याहै ॥ इतनेकरिकै विद्याकास्वरूप निरूपणकऱ्या ॥ अब ताविद्याकरिकैनिवृत्तहोणेयोग्य जाअवि द्याहै ताअविद्याकेस्वरूपकूं निरूपणकरैहैं ॥ हेजनक! तिसविद्यातैंभिन्न जोपरिच्छिन्न अनात्मा असत् जड दुःखरूपहै ॥ ताकूं शा स्त्रवेत्तापुरुष अविद्याकहैहैं ॥ साअविद्या अज्ञानतैंभिन्ननहीं ॥ किंतु साअविद्या अज्ञानरूपहै ॥ अब याहीअर्थकूं सर्वलोकोंकेअनु भवकरिकै स्पष्टकरैहैं ॥ हेजनक! यहआनंदस्वरूपपरमात्मा वास्तवतैं सजातीयभेद विजातीयभेद स्वगतभेद यातीनप्रकारके भेदतैंरहितहै ॥ तथा मनवाणीकाअविषयहै ॥ तथा स्वप्रकाशचैतन्यरूपहै ॥ ऐसानिर्विकारआत्मा नानारूपकूं किसप्रकार प्राप्तहोवैहै? ॥ और ऐसे निर्विकारचैतन्यपरमात्मातैं असत् जड दुःखरूप यहजगत् किसप्रकार उत्पन्नहोवैहै? ॥ याप्रका रकाप्रश्न किसीपुरुषनैं अन्यपुरुषकेप्रतिकऱ्या ॥ ताप्रश्नकूंश्रवणकरिकै सोअन्यपुरुष आपणेचित्तविषे मैंनहींजाणता याप्रकार काजोअनुभवकरैहै ॥ ताअनुभवकाविषय जोअज्ञानहै ॥ सोअज्ञानही अविद्याकास्वरूपहै ॥ इतनेकरिकै अविद्याकास्वरूप

दिखाया ॥ अब स्वप्नविषे ताअविद्याकीस्पष्टताकूं निरूपणकरैहैं ॥ हेजनक! इसीअविद्याकेप्रभावतैं यहपरमात्मादेव स्वप्नअवस्थाविषे शास्त्रादिकोंकरिकै आपणेकूंछेदनहुआमानैहै ॥ तथा दुष्टपुरुषोंकेवशकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तथा सिंहसर्पादिकोंकूंदेखिकैभयकूंप्राप्तहोवैहै तथाभागेहै ॥ तथा महान्गर्तविषेपडेहै ॥ तथा स्त्रीआदिकप्रियपदार्थोंकेवियोगतैं परमदुःखकूंप्राप्तहोवैहै ॥ इसतैंआदिलैके अनेकप्रकारकेदुःखोंकूं जोयहजीवात्मा प्राप्तहोवैहै ॥ सो अविद्याकरिकैही प्राप्तहोवैहै ॥ अब याहीअर्थकूं स्पष्टकरिकैदिखावैहैं ॥ हेजनक! श्रुतिभगवतीनैं स्वप्नअवस्थाविषे रथादिकसर्वपदार्थोंकाअभाव कथनकऱ्याहै ॥ काहेतैं? सुखदुःखकेकारणजे रथादिकपदार्थहैं तेमहान्हैं ॥ और जिसहृदयदेशविषेस्वप्नहोवैहै ॥ सोहृदयदेश अत्यंतअल्पहै ॥ ताअल्पदेशविषे महान्रथादिकपदार्थोंकी स्थितिहोणीसंभवैनहीं ॥ और जाग्रत्अवस्थाविषे रथादिकपदार्थोंकेउत्पत्तिकेकारण जेदीर्घदेश तथादीर्घकाल तथाकाष्ठादिक इसतैंआदिलैकेनानाप्रकारकेकारणहैं ॥ तिनकारणोंकाभी स्वप्नअवस्थाविषेअभावहै ॥ यातैं स्वप्नअवस्थाविषे अल्पहृदयदेशविषे तथाअल्पकालविषे वास्तवतैं रथादिकपदार्थोंकीउत्पत्ति संभवैनहीं ॥ और स्वप्नअवस्थाविषे रथादिकपदार्थोंकेअभावहुए तिनरथादिकपदार्थोंकरिकैजन्य जोसुखदुःखहै ॥ सोभी वास्तवतैंसंभवैनहीं ॥ और स्वप्नअवस्थाविषे सर्वजीवोंकूं रथादिकपदार्थोंकाअनुभवहोवैहै तथा पुण्यपापकेवशतैं सुखदुःखकीप्राप्तिहोवैहै ॥ और कारणतैंविना कार्यकीउत्पत्तिहोवैनहीं ॥ यहवार्ताभी सर्व लोकोंकूं अनुभवसिद्धहै ॥ यातैं स्वप्नकेपदार्थोंकाभी कोईकारणमान्याचाहिये ॥ और लोकप्रसिद्धदेशकालादिककारणोंतैंविना जोपदार्थउत्पन्नहोवैहै ॥ सोपदार्थ साक्षात्मायाकाहीकार्यहोवैहै ॥ जैसे योग्यदेशकालादिककारणोंतैंविना आकाशविषेगंधर्वनगर प्रतीतहोवैहै ॥ यातैं सोगंधर्वनगर साक्षात्मायाकाहीकार्यहै ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषेभी लोकप्रसिद्धदेशकालादिककारणोंतैंविनाही रथादिकपदार्थ उत्पन्नहोवैहैं ॥ यातैं तेरथादिकपदार्थ साक्षात्मायाकेहीकार्यहैं ॥ और सामाया अज्ञानरूपअविद्यातैं भिन्ननहीं ॥ किंतु सामाया अज्ञानअविद्यारूपहै ॥ इतनेकरिकै अविद्या अज्ञान माया इनतीनोंका अभेदनिरूपणकऱ्या ॥ अब शक्तिका तथाअविद्याका अभेद निरूपणकरैहैं ॥ हेजनक! स्वप्नअवस्थाविषे रथादिकजगत्कूंउत्पन्नकरणेहारी जास्वप्नद्रष्टाआ

त्माकीशक्तिहै ॥ साशक्ति अविद्यातैंभिन्ननहीं ॥ किंतु ताशक्तिकूंही शास्त्रवेत्तापुरुष अविद्याकहैहैं ॥ किंवा जोवादी ताशक्तिकूं
अविद्यातैंभिन्न अंगीकारकरै है ॥ तावादीसैं यहपूछाचाहिये ॥ अविद्यातैंभिन्न साशक्ति किसकार्यकरणेविषे समर्थहै ?॥ तात्पर्यय
ह ॥ ताशक्तिकरिकै यहजीवात्मा जाग्रत्केप्रपंचकूं आपणेस्वप्नविषेलैआवै है ॥ अथवा ताशक्तिकरिकै यहजीवात्मा बाहिरजाइकै
जाग्रत्केरथादिकपदार्थोंकूंदेखैहै ॥ यादोनोंपक्षोंविषे ताशक्तिका अविद्यातैंभेदसिद्धहोवैनहीं ॥ काहेतें ? जैसे जाग्रत्अवस्थावि
षे स्थूणाकेसमान अत्यंतस्थूलजोकोईसर्पहै ॥ तासर्पकूं जोकोईपुरुष आपणेकर्णके सूक्ष्मछिद्रविषेस्थापनकरै है ॥ सोपुरुष माया
रूपअविद्याकेबलतैंहीकरै है ॥ मायारूपअविद्यातैंविना ऐसेदुर्घटकार्यकरणेविषे कोईपुरुष समर्थहोइसकैनहीं ॥ तैसे स्वप्नअवस्था
विषे अंगुष्ठमात्रपरिणाम जोहृदयाकाशहै ॥ ताहृदयाकाशविषे जडचेतनरूप सर्वबाह्यजगत्कूं मायारूपअविद्यातैंविना कौनस्थाप
नकरैगा ? किंतु मायारूपअविद्याविषेही ऐसासामर्थ्यहै ॥ यातैं स्वप्नअवस्थाविषे बाहिरलेप्रपंचकूं भीतरिलेआवणेहारी साशक्ति
मायारूपअविद्यातैं भिन्ननहीं ॥ किंवा जैसे जाग्रत्अवस्थाविषे जोकोईपुरुष भूमिलोकविषेस्थितहोइकै क्षणमात्रविषे सूर्यलोककूं
प्राप्तहोइकै पुनःभूमिलोकविषेआवैहै ॥ सोपुरुष मायारूपअविद्याकेबलतैंही सूर्यलोककूंदेखिकैआवैहै ॥ मायारूपअविद्यातैंविना
ऐसेदुर्घटकार्यकूंकोईकरिसकैनहीं ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषे याशरीरमैंप्राणोंकेविद्यमानहुएभी याजीवका जोक्षणमात्रविषे दूसरेद्वी
पविषेगमनहोवैहै ॥ तथा क्षणमात्रविषे स्वर्गलोककूंदेखिकै जोपुनःयाभूमिलोकविषे आगमनहोवैहै ॥ इसतैंआदिलैके जेअनेकप्र
कारकेदुर्घटकार्यहैं ॥ तेकार्य मायारूपअविद्यातैंविना संभवैनहीं ॥ किंतु मायारूपअविद्याकेबलतैंही याप्रकारकेदुर्घटकार्योंकूं यह
जीवात्मा स्वप्नविषेकरैहै ॥ यातैं सास्वप्नद्रष्टापुरुषकीशक्ति मायारूपअविद्यातैंभिन्ननहीं ॥ इतनेकरिकै स्वप्नअवस्थाविषे जाग्रत्के
बाह्यपदार्थोंकाआगमन तथाजीवात्माका बाहिरगमन ॥ यादोनोंपक्षोंकूंअंगीकारकरिकै ताशक्तिकूं अविद्यारूपता सिद्धकरी ॥ अ
ब तिनदोनोंपक्षोंकाखंडनकरैहैं ॥ हेजनक ! स्वप्नअवस्थाविषे यहस्वप्नद्रष्टापुरुष आपणीमायाशक्तिकेप्रभावतैं जाग्रत्केबाह्यप्रपं
चकूं भीतरिचित्तविषेलैआवैहै ॥ अथवा तिसमायारूपशक्तिकेप्रभावतैं यहजीवात्मा बाहिरजाइकै जाग्रत्केपदार्थोंकूंदेखैहै ॥ या

अत्यंतदुर्घटहै ॥ हेनचिकेता ! इसतैंआदिलैके अनेकप्रकाकेरदुर्घटस्वभाव तामायाकेहैं ॥ तेमायाकेदुर्घटस्वभाव सर्वलोकविषेप्रसिद्धहै ॥ यातैं तिनमायाकेदुर्घटस्वभावोंकूंअंगीकारकरिकै हममायावादीवेदांती तिनसर्ववादियोंकेदूषणोंकूं निवारणकरिसकैहैं ॥ और हेनचिकेता ! जैसे गोपजनोंकीस्त्रियोंकेदुकूलवस्त्रोंकूं हरणकरणेहारा जोश्रीकृष्णभगवान्है ॥ ताकृष्णभगवान्विषे जोकामीपणाहै ॥ और सर्वजगत्कासंहारकरणेहारा जोरुद्रभगवान् है ॥ तारुद्रभगवान्विषे जोक्रोधीपणाहै ॥ सोकामीपणा तथाक्रोधीपणा ध्यानकरणेहारेभक्तजनोंकूं मनवांछितफलकीप्राप्तिकरणेहाराहै ॥ यातैं ताकृष्णभगवान्विषेकामीपणा तथारुद्रभगवान्विषेक्रोधीपणा कोईदूषणरूपनहींहै ॥ किंतु भूषणरूपहै ॥ तैसे ताअविद्यारूपमायाविषे जोदुर्घटपणाहै ॥ सोदुर्घटपणा कोईदूषणरूपनहीं है ॥ किंतु ताअविद्याका सोदुर्घटपणा भूषणरूपही है ॥ हेनचिकेता ! जिसवस्तुविषे स्वभावतैंतौ सुघटपणाहोवैहै ॥ और तिसीवस्तुविषे जोकदाचित् किसीअंशविषे दुर्घटपणाप्रतीतहोवै ॥ तौ सोदुर्घटपणा तावस्तुकादूषणरूपहोवैहै ॥ जैसे किसीश्रेष्ठकविपुरुषनें रच्या जोकाव्यहै ॥ ताकाव्यविषे स्वभावतैंतौ सुघटपणाहीहोवैहै ॥ परंतु ताकाव्यविषे जोकदाचित् किसीअंशविषे दुर्घटपणाप्रतीत होवै ॥ तौ सोदुर्घटपणा ताकाव्यकादूषणरूपहीहोवैहै ॥ और यहअविद्यारूपमायातौ स्वभावतैंही दुर्घटरूपहै ॥ यातैं तामायाविषे सोदुर्घटपणा दूषणरूपनहींहै ॥ किंतु भूषणरूपहै ॥ इहां युक्तिप्रमाणकरिकै जिसअर्थकीसिद्धिनहींहोइसकै याकानाम दुर्घटपणाहै ॥ और युक्तिप्रमाणकरिकै जिसअर्थकीसिद्धिहोइसकै याकानाम सुघटपणाहै ॥ और हेनचिकेता ! जिसस्थानविषे जिस पुरुषका वारंवार निरादरहोवैहै ॥ तिसस्थानविषे जोकदाचित् सोपुरुष स्थितहोवैहै ॥ तौ तापुरुषकूं लोकविषेढीठकहैहैं ॥ सोऐसाढीठपणा जैसे अविद्याविषेहै ॥ तैसे दूसरेकिसीपदार्थविषेनहींहै ॥ काहेतें ? घटादिकविषयउपहितचेतनकेआवरणकीनिवृत्ति करणेहारे जेप्रत्यक्षादिकप्रमाणहैं ॥ तिनप्रत्यक्षादिकसर्वप्रमाणोंकरिकै यहअविद्या अनेकवार निरादरकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तौभी यह अविद्या ताअसंगचेतनतैं निवृत्तहोवैनहीं ॥ किंतु यहअविद्या पुनःताअसंगचेतनविषेहीस्थितहोवैहै ॥ यातैं याअविद्याकाढीठपणा कोईआश्चर्यरूपहै ॥ और ब्रह्मवेत्ताविद्वान्पुरुषकीदृष्टिविषेतौ यहअविद्या तीनकालमें हैनहीं ॥ हेनचिकेता ! ऐसेढीठस्वभाववाली

यहअविद्यारूपमाया एकआत्मज्ञानतैंविना दूसरेकिसीतैं भयकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ किंतु एकआत्मज्ञानतैंही भयकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और यहमायाही सर्वजीवोंकूं जन्ममरणादिकदुःखोंकीप्राप्तिकरैहै ॥ यातैं जिसअधिकारीपुरुषकूं तिनजन्ममरणादिकदुःखोंतैं वैराग्यप्राप्तभयाहै ॥ तिसअधिकारीपुरुषनैं तामायाकेनिवृत्तिकाउपाय अवश्यकरिकैसंपादनकरणा ॥ हेनचिकेता! ताअविद्यारूपमायाके निवृत्तिकाउपाय यहहै ॥ जिसअद्वितीयआत्माविषे साहिरण्यगर्भकीसमष्टिबुद्धि लयभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ ताअद्वितीयआत्माकासाक्षात्कारही तामायाकेनिवृत्तिकाउपायहै ॥ यातैं ताआत्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिवासते याअधिकारीपुरुषोंनैं अवश्यकरिकैयत्नकरणा ॥ हेनचिकेता! जैसे माता आपणेपुत्रोंकूं हितकाउपदेशकरैहै ॥ तैसे श्रुतिभगवती याअधिकारीपुरुषोंकेप्रति याप्रकार हितका उपदेशकरैहै ॥ हेअधिकारीजनो! यामायानैंउत्पन्नकरी जोविवेकतैंविमुखतारूपजडताहै ॥ ताजडताकापरित्यागकरिकै तुमआत्मविचारविषेसावधानहोवौ ॥ ताजडताकरिकैही तुमारेकूं अद्वितीयब्रह्मरूपआत्माका विस्मरणरूपमोह प्राप्तभयाहै ॥ हेअधिकारीजनो! जैसे यालोकविषे जेपुरुष निद्राविषेसोयेहोवैहैं ॥ तिनपुरुषोंके पशुसुवर्णादिकधनकूं चौरलैजावैहैं ॥ तैसे अविद्यारूपनिद्राविषेसोयेहुए जोतुमअधिकारीजनहो तिनतुमअधिकारीजनोंके धर्मज्ञानरूपधनकूं यहकामक्रोधादिकचौर लेजावैहैं ॥ यातैं ताअविद्यारूपनिद्राकापरित्यागकरिकै तुम साधनहोवौ ॥ और हेअधिकारीजनो! जैसे यालोकविषे निद्रामैंसोयेहुएपुरुषकूंनानाप्रकारकेस्वप्नकीप्राप्तिहोवैहै ॥ तथा तास्वप्नविषे अनेकप्रकारकेदुःखोंकीप्राप्तिहोवैहै ॥ तैसे याअविद्यारूपनिद्राविषेसोयेहुए तुमअधिकारीजनोंकूं यहविपरीतभावरूपस्वप्न प्राप्तभयाहै ॥ तहां अन्यपदार्थविषे अन्यबुद्धिकानाम विपरीतभावहै ॥ जैसे देहादिकअनात्मपदार्थोंविषे आत्मबुद्धिकानाम विपरीतभावहै ॥ जाविपरीतभावरूपस्वप्नविषे अहंता ममता यादोनोंप्रकारकेअध्यास करिकै तुमारेकूं अनेकप्रकारकेदुःख प्राप्तहोवैहैं ॥ तहां प्रथम अहंताघटित विपरीतभावकानिरूपणकरैहैं ॥ हेअधिकारीजनो! जैसे यालोकविषे किसीपिशाचकरिकैग्रस्याहुआ कोईब्राह्मण आपणेकूंशूद्रमानेहै ॥ तैसे वास्तवतैंजन्ममरणादिकविकारोंतैंरहित हुआभी यहआत्मादेव अहंतारूपपिशाचीकरिकैग्रस्याहुआ आपणेकूंयाप्रकारमानेहै ॥ मैंआत्मा माताकेगर्भविषेस्थितहूं ॥ तथा

मैं जन्म्याहूं ॥ तथा मैं कुमारहूं ॥ तथा मैं युवानहूं ॥ तथा मैं वृद्धहूं ॥ तथा मैं धनवान्हूं ॥ तथा मैं निर्धनहूं ॥ तथा मैं सुखीहूं ॥ तथा मैं दुःखीहूं ॥ तथा मैं स्त्रीवालाहूं ॥ तथा मैं स्त्रीतैंरहितहूं ॥ तथा मैं पुत्रवालाहूं ॥ तथा मैं पुत्रतैंरहितहूं ॥ इसतैंआदिलैके अनेकप्रकारका आपणेकूंमानै है ॥ अब ममताघटित विपरीतभावका निरूपणकरै हैं ॥ हेअधिकारीजनो! जैसे साअहंता अनेकप्रकारकी है ॥ तैसे ताअहंताकीपुत्री जाममताहै ॥ साममताभी अनेकप्रकारकी है ॥ तहां यहपुरुष हमारेकूंदुःखकीप्राप्तिकरै है ॥ यातैं हमाराशत्रुहै ॥ और यहपुरुष हमारेकूं सुखकीप्राप्तिकरै है ॥ यातैं हमारासुहृद्मित्रहै ॥ और यहपुरुष हमारेकूं सुखदुःखकीप्राप्तिकरतानहीं ॥ यातैं हमारा उदासीनहै ॥ और येहमारेक्षेत्रवस्त्रादिकपदार्थ बहुतकालपर्यंत रहैंगे ॥ और येहमारेक्षेत्रवस्त्रादिकपदार्थ थोडेकालपर्यंतरहैंगे ॥ और येकामक्रोधलोभमोहादिकविकार हमारेविषेरहे हैं ॥ और येकामक्रोधादिकविकार हमारेविषे नहींरहे हैं ॥ इसतैंआदिलैके साममता सहस्रप्रकारकीहोवै है ॥ अब ताअहंताममताके फलकानिरूपणकरै हैं ॥ हे अधिकारीजनो! जेपुरुष याअहंताममताकरिकैयुक्तहैं ॥ तेपुरुष जन्मकूंप्राप्तहोवै हैं ॥ ताजन्मतैंअनंतर मरणकूंप्राप्तहोवै हैं ॥ तामरणतैंअनंतर पुनःजन्मकूंप्राप्तहोवै हैं ॥ इसप्रकार तेअहंताममतावालेअज्ञानीपुरुष चक्रकीन्यांई यासंसारविषेभ्रमणकरै हैं ॥ हेअधिकारीजनो! याप्रकार सर्वदुःखोंकाकारण यहविपरीतभावरूपस्वप्न तुमारेकूं प्राप्तभयाहै ॥ तास्वप्नतैं तुम जाग्रत्‌अवस्थाकूंप्राप्तहोवो ॥ जाकरिकै तुमारेसर्वदुःखोंकीनिवृत्तिहोवै ॥ हेअधिकारीजनो! विपरीतभावरूप अनेकस्वप्नोंकूंदिखावणेहारी जायहअविद्यारूपनिद्राहै ॥ साअविद्यारूपनिद्रा जैसे माताकेउदरविषेस्थितवामदेवऋषिकी आपेहीनिवृत्तभई है ॥ तैसे साअविद्यारूपनिद्रा जोकदाचित् तुमारी आपेहीनिवृत्तनहींहोवै तौ तुमअधिकारीजन ताअविद्यारूपनिद्राकीनिवृत्तिकरणेवासतै ब्रह्मवेत्ताकुशलगुरुवोंकेसमीपजावो ॥ कैसे हैंतेब्रह्मवेत्तामहात्मापुरुष? ताअविद्यारूपनिद्रातैंरहितहैं ॥ तथासर्वभूतप्राणियोंविषे जिनोंकीकृपादृष्टिहै ॥ ऐसेमहात्मापुरुषोंकेसमीप जबी तुमअधिकारीजन जावोंगे ॥ तबी तेदयालुमहात्मापुरुष तुमारेप्रति नानाप्रकारकेउपायोंकरिकै आत्माकाउपदेशकरैंगे ॥ हेअधिकारीजनो! तेब्रह्मवेत्तागुरु जोकदाचित् तुमारेकूं ब्रह्मविद्याकेउपदेशका

अधिकारी नहींदेखैंगे तौभी तेब्रह्मवेत्तागुरु कृपाकरिकै तुमारेअंतःकरणकीशुद्धिवासते धारणा ध्यान समाधिरूप नियमोंका उपदेशकरैंगे ॥ कैसेहैंतेनियम ? समाधिरूपयोगके साधनरूपहैं ॥ तथा योगाभ्यासकरिकैजन्यहैं ॥ हेअधिकारीजनो ! जैसे यहनाचिकेता यमराजाकूं वररूपपाशतैंबांधिकरिकै याआनंदस्वरूपआत्माकूंजानतामयाहै ॥ तैसे तुमअधिकारीजनभी जडताका तथानिद्राका परित्यागकरिकै तथा तिनब्रह्मवेत्तागुरुवोंकूं वररूपपाशोंतैंवशकरिकै ताआनंदस्वरूपआत्माकूं निश्चयकरौ ॥ हेअधिकारीजनो ! याभारतखंडविषे अधिकारीमनुष्यशरीरकूंपाइकैभी जोतुमारेकूं आत्माकासाक्षात्कारनहींहोवैगा तौ तुमारेकूं महान्हानिकी प्राप्तिहोवैगी ॥ ताहानिकरिकै तुमारेकूं अनेकशरीरोंकीप्राप्तिहोवैगी ॥ यातैं तुमअधिकारीजन शीघ्रही आत्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिवासतेयत्नकरो ॥ और हेअधिकारीजनो ! यहआत्मज्ञानरूपमार्ग अत्यंतदुर्लक्ष्यहै ॥ तथा अत्यंतविषमहै ॥ यातैं तुमअधिकारीजन प्रमादकापरित्यागकरिकै सावधानहोवौ ॥ अब याहीअर्थकूंदृष्टांतकरिकैस्पष्टकरैहैं ॥ हेअधिकारीजनो ! जैसे सिंहव्याघ्रादिकोंकरिकैयुक्त तथा महान्वनविषेस्थित जोकोईकमार्गहै ॥ सोमार्ग तीनकांटेवाले अनेकगोक्षुरकोंकरिकैयुक्तहोवै ॥ अथवा तीनवार शाणकेघर्षणकरिकै अत्यंततीक्ष्णहुआ जोनापितपुरुषकाक्षुरनामाशस्त्रहै ॥ ताशस्त्रोंकीअनेकतीक्ष्णधारावोंकरिकै सोमार्गयुक्तहोवै ॥ ऐसेतीक्ष्णमार्गविषे अश्वादिकवाहनोंतैंरहितपुरुष चालिसकैनहीं ॥ किंतु अश्वादिकवाहनोंवालापुरुषही तामार्गविषेचालिसकेहै ॥ तैसे मोक्षरूपपुरकेप्राप्तिकरणेहारा जोयहआत्मज्ञानरूपमार्गहै ॥ सोआत्मज्ञानरूपमार्गभी नानाप्रकारकेविघ्नरूपकंटकोंकरिकैयुक्तहै ॥ यातैं अत्यंततीक्ष्णहै ॥ ऐसेआत्मज्ञानरूपमार्गविषे यहअधिकारीपुरुष गुरुपरमेश्वरकेअनुग्रहरूपवाहनतैंविना चालिसकैनहीं ॥ किंतु गुरुपरमेश्वरकेअनुग्रहरूपवाहनकरिकैही यहअधिकारीपुरुष ताआत्मज्ञानरूपमार्गविषे चालिसकैहै ॥ यातैं गुरुभक्तितैंरहितपुरुषोंकूं सो आत्मज्ञानरूपमार्ग अत्यंतदुर्गमहै ॥ हेअधिकारीजनो ! ऐसेआत्मज्ञानरूपमार्गविषेचलनेकाप्रकारभी तेमहात्मापुरुष कथनकरैहैं ॥ जिनमहात्मापुरुषोंनैं पूर्व ब्रह्मवेत्तागुरुकेउपदेशतैं ताआत्मज्ञानरूपमार्गका भलीप्रकारअनुभवकऱ्याहै ॥ और जिनपुरुषोंनैं ताआत्मज्ञानरूपमार्गकाअनुभवनहींकऱ्या ॥ तेपुरुष ताआत्मज्ञानरूपमार्गकेउपदे

शकरणेविषेसमर्थहोवैनहीं ॥ तथा तिनोंकेउपदेशतैं किसीअधिकारीजनकूं ताआत्मज्ञानरूपमार्गकाबोधभीहोवैनहीं ॥ जैसे एक अंधपुरुषकेउपदेशतैं दूसराअंधपुरुष किसीमार्गकूंजाणिसकैनहीं ॥ यातैं जिनमहात्मापुरुषोंनैं पूर्व ब्रह्मवेत्तागुरुकेउपदेशतैं ता आत्मज्ञानरूपमार्गकूं साक्षात्कारकऱ्याहै ॥ तिनमहात्मापुरुषोंकेशरणकूं तुमप्राप्तहोवो ॥ जाकरिकै तुमारेकूंआत्मसाक्षात्कारकी प्राप्तिहोवै ॥ हेनचिकेता! इसप्रकार साश्रुतिभगवती माताकीन्यांई सर्वअधिकारीजनोंकेप्रति आत्मज्ञानरूपहितकाउपदेशकर तीभई है ॥ यातैं ताआत्मज्ञानरूपमार्गविषे चलणेकाप्रकार हमसरीखेब्रह्मवेत्तापुरुषही कथनकरैंहैं ॥ अब ताआत्मज्ञानरूपमार्ग विषे दुर्लक्ष्यता बोधनकरणेवासते ताआत्मादेवविषे संपूर्णदृश्यप्रपंचकेधर्मोंकाअभाव निरूपणकरैंहैं॥ हेनचिकेता! यहआनंदस्व रूपआत्मादेव सर्वशरीरोंविषे एकअद्वितीयरूपकरिकैस्थितहै ॥ तथा मनवाणीकाअविषयहै ॥ तथा स्वयंज्योतिरूपहै ॥ ऐसेआत्मा देवकेज्ञानरूपमार्गकूं ब्रह्मवेत्ताकुशलपुरुषही कथनकरैंहै॥ कैसाहैसोआत्मादेव? शब्द स्पर्श रूप रस गंध यापंचगुणोंतैंरहितहै ॥ याकारणतैं तानिर्गुणआत्माकूं श्रोत्र त्वक् चक्षु रसन घ्राण येपंचज्ञानइंद्रिय ग्रहणकरिसकैंनहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ नेत्रइंद्रियतौ नीलपीतादिकरूपोंकूं तथा तारूपगुणवालेद्रव्यकूं ग्रहणकरैंहै ॥ और त्वक्इंद्रियतौ शीतउष्णादिकस्पर्शोंकूं तथा तास्पर्शगुण वालेद्रव्यकूं ग्रहणकरैंहै ॥ और श्रोत्र रसन घ्राण येतीनइंद्रियतौ क्रमतैं शब्द रस गंध यातीनगुणोंकूंहीग्रहणकरैंहै ॥ तागु णोंकेआश्रयकूंग्रहणकरैंनहीं ॥ और यहआत्मादेव तिनशब्दादिकगुणोंकाआश्रयरूपनहींहै ॥ तथा तिनशब्दादिकगुणरूपन हींहै ॥ यातैं तानिर्गुणआत्माकूं कोईइंद्रिय ग्रहणकरिसकैंनहीं और हेनचिकेता! शनैःशनैःकरिकैजोपदार्थकानाशहै ताकानाम व्ययहै ॥ सोनाशरूपव्यय स्पर्शगुणवालेवायुआदिकसावयवपदार्थोंकाहीहोवैहै ॥ और यहआत्मादेव स्पर्शादिकगुणोंतैंरहितहै ॥ तथा निरवयवहै ॥ यातैं याआत्मादेवका सोनाशरूपव्यय संभवैनहीं ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती ताआत्मादेवकूं अव्यय यानामक रिकैकथनकरैंहै ॥ और सोअव्ययआत्मादेव नाशतैंरहितहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती ताआत्मादेवकूं नित्य यानामकरिकैकथन करैंहै ॥ और यहआत्मादेव अनादिहै ॥ यातैं नाशतैंरहितहै ॥काहेतैं? यालोकविषे जोजोपदार्थ उत्पत्तिरूपआदिवालाहोवैहै ॥ सो

सोपदार्थ नाशरूपअंतवालाभीहोवैहै ॥ जैसे घटादिकपदार्थ उत्पत्तिरूपआदिवालेहैं ॥ यातैं नाशरूपअंतवालेभीहैं ॥ और यहआ
त्मादेवतौ उत्पत्तिरूपआदितैंरहित अनादिहै ॥ यातैं याआत्मादेवकानाशरूपअंतभी संभवैनहीं ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती ताआ
त्मादेवकूं अनंत यानामकरिकैकथनकरैहै ॥ और हेनचिकेता ! उत्पत्तिनाशवाली जोहिरण्यगर्भकी महत्तत्त्वरूपबुद्धिहै ॥ तामहत्त
त्त्वरूपसमष्टिबुद्धितैं नानाप्रकारकीविक्रियायुक्तअव्याकृतपरहै ॥ और ताअव्याकृततैंभी यहनिर्विकारआत्मा परहै ॥ तथा नाशतैं
रहितहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती ताआत्मादेवकूं ध्रुव यानामकरिकैकथनकरैहै ॥ हेनचिकेता ! जैसे सामहत्तत्त्वरूपबुद्धि उत्प
त्तिनाशवालीहै ॥ तैसे यहआत्मादेव उत्पत्तिनाशवालानहींहै ॥ याकारणतैं यहआत्मादेव नित्यहै ॥ हेनचिकेता ! जोअधिकारीपुरुष
ऐसेआनंदस्वरूपनित्यआत्माकूं ब्रह्मवेत्तागुरुकेमुखतैंश्रवणकरैहैं ॥ तथा श्रुतिअनुकूलयुक्तिरूपतर्कोंकरिकै मननकरैहै ॥ तथा ता
आत्माविषेनिरंतरवृत्तियोंकाप्रवाहरूप निदिध्यासनकरैहै ॥ सोअधिकारीपुरुष यासंसाररूपमृत्युकेमुखतैं अवश्यमुक्तहोवैहै ॥ हेन
चिकेता ! देशकालवस्तुपरिच्छेदतैंरहित जोयहआनंदस्वरूपआत्मादेवहै ॥ ताआत्मादेवकेसाक्षात्कारतैं यहअधिकारीपुरुष यासं
साररूपमृत्युकेमुखतैं मुक्तहोवैहै यहवार्ता कोईआश्चर्यकाकारणनहींहै ॥ काहेतैं ? याआनंदस्वरूपआत्माकूं प्रतिपादनकरणेहारा
जोयहकठवल्लीउपनिषद्रूपग्रंथहै ॥ ताग्रंथकेकथनमात्रतैं तथाश्रवणमात्रतैंभी याअधिकारीपुरुषोंकूं अर्चिरादिकमार्गद्वारा ब्रह्मलो
ककीप्राप्तिहोवैहै ॥ हेशिष्य ! तायमराजानैं नचिकेताकेप्रति जोयाग्रंथके श्रवणमननकीर्तनतैंअनंतफलकीप्राप्तिकहीहै ॥ ताअर्थ
विषे यहदोनोंश्रुतिवचन प्रमाणहैं ॥ तहांश्रुति ॥ नाचिकेतमुपाख्यानं मृत्युप्रोक्तंसनातनं ॥ उक्त्वाश्रुत्वाचमेधावी ब्रह्मलो
केमहीयते ॥ १ ॥ य इमं परमं गुह्यं श्रावयेद्ब्रह्मसंसदि ॥ प्रयतः श्राद्धकाले वा तदानंत्याय कल्पते ॥ २ ॥ अर्थयह ॥
यमराजानैंकथनकऱ्या जोनचिकेताकासनातनआख्यान ताआख्यानकूंकथनकरिकै तथाश्रवणकरिकै यहबुद्धिमान्पुरुषब्रह्म
लोकविषेप्राप्तहोवैहै ॥ १ ॥ और जोपुरुष पवित्रहोइकै यापरमगुह्यआख्यानकूं ब्राह्मणोंकीसभाविषे श्रवणकरावैहै ॥ सोपुरु
षभी महान्फलकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जोपुरुष याआख्यानकूं श्राद्धकालविषेश्रवणकरैहै ॥ सोश्राद्ध तापुरुषकूं अनंतफलकीप्रा

प्तिकरैहै ॥ २॥ तात्पर्ययह ॥ ताआत्मादेवकेंप्रतिपादनकरणेहारा जोयहशास्त्रहै ॥ ताशास्त्रकेश्रवणमात्रतैं तथाकथनमात्रतैंभी जबी यहअधिकारीपुरुष ब्रह्मलोककूंप्राप्तहोवैहै ॥ तबी ताआत्माकेसाक्षात्कारतैं यहअधिकारीपुरुष यासंसाररूपमृत्युकेमुखतैंमुक्तहोवै है याकेविषेक्याआश्चर्य है ? हेशिष्य ! ॐकाररूपप्रणवहैप्रतीकजिसका तथाप्रणवहैआलंबनजिसका ऐसाजोब्रह्महै ॥ ताब्रह्मकासं क्षेपतैंउपदेशकरिकै सोयमराजा तानचिकेताकेप्रति पुनःतिसीब्रह्मका विस्तारतैंउपदेशकरणेवासतै याप्रकारकावचन कहताभया ॥ यमराजाउवाच ॥ हेनचिकेता ! हमनैं पूर्व तुमारेप्रति जोआनंदस्वरूपआत्मा संक्षेपतैंकथनकऱ्याहै सोआनंदस्वरूपआत्मा श्रोत्रा दिकइंद्रियोंकरिकैग्रहणकऱ्याजावैनहीं ॥ काहेतैं ? याजगत्कास्वतंत्रकर्ता जोपरमेश्वरहै ॥ सोपरमेश्वर तिनश्रोत्रादिकइंद्रियोंकूं अंतरआत्मातैंबहिर्मुखही रचताभया ॥ याकारणतैं सोपरमात्मादेव तिनश्रोत्रादिकइंद्रियोंका मानो हिंसनकरताभयाहै ॥ याप्र कार हमविवेकीपुरुषोंकूं प्रतीतहोवैहै ॥ काहेतैं ? जैसे यालोकविषेकोईमहाराजा किसीआपणेमंत्रीकूं आपणेसमीपपुरकाअधिकार छुडाइकै जबी किसीदूरदेशविषेअधिकारदेवैहै ॥ तबी सोमहाराजा तामंत्रीकेहिंसाकरणेहारेकीन्यांईहोवैहै ॥ तैसे तापरमात्मादे वनैंभी तिनश्रोत्रादिकइंद्रियोंकेतांई अंतरआत्मारूपविषय दियानहीं ॥ किंतु तिनश्रोत्रादिकइंद्रियोंकूं अंतरआत्मातैंविमुखकरि कै बाह्यशब्दादिकविषयोंकीहीप्राप्तिकरी ॥ यातैं तेश्रोत्रादिकइंद्रिय हिंसाभावकूंप्राप्तहुएकेसमानहैं ॥ हेनचिकेता ! जैसे तामहारा जातैंदूरदेशविषेरहणेहारे तथा शत्रुवोंकेसमीपप्राप्तहुए ऐसेजेतामहाराजाकेमंत्रीहैं ॥ तिनमंत्रियोंकूं ताराजाकेविरोधीशत्रु किसी छिद्रकूंपाइकै हननकरैहैं ॥ तैसे याआनंदस्वरूपआत्माकापरित्यागकरिकै बाह्यविषयदेशविषेप्राप्तभये जेश्रोत्रादिकइंद्रियहैं ॥ तिन श्रोत्रादिकइंद्रियोंकूं अद्वितीयआत्माकेविरोधीकामक्रोधादिकविकार हननकरैहैं ॥ हेनचिकेता ! जैसे तामहाराजातैंदूरदेशविषेगए हुए तेमंत्री यद्यपि तिसदेशविषेस्थितपदार्थोंकूंदेखैहैं ॥ तथापि तिनमंत्रियोंकूं तामहाराजाकादर्शनहोणा अत्यंतदुर्लभहै ॥ तैसे अंत रआत्माकापरित्यागकरिकै बाह्यदेशकूंप्राप्तभएजेश्रोत्रादिकइंद्रियहैं ॥ तेश्रोत्रादिकइंद्रिय यद्यपि तहांशब्दादिकविषयोंकूंतौदेखैहैं ॥ तथापि तिनश्रोत्रादिकइंद्रियोंकूं अंतरआत्माकादर्शनहोणा अत्यंतदुर्लभहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् ! परमेश्वरनैं श्रोत्रादिकइंद्रियों

कूं बहिर्मुखहीरचाहै ॥ यातें तेश्रोत्रादिकइंद्रिय अंतरआत्माकूंमतदेखै ॥ तथापि मनकीक्यागतिहै ॥ समाधान ॥ हेनचिकेता ! या जीवोंकामन दोप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां एकमनतौ सकामहोवैहै ॥ और दूसरामन निष्कामहोवैहै ॥ तहां सकाममनतौ तिनश्रोत्रादिकइंद्रियोंकेअधीनहीहोवैहै ॥ यातें सोसकाममनतौ श्रोत्रादिकइंद्रियोंकीन्यांई अंतरआत्माकूंजाणिसकैनहीं ॥ और दूसरा जोनिष्काममनहै ॥ सोनिष्काममन श्रोत्रादिकइंद्रियोंकेनिरोधतैं आत्मसाक्षात्कारकाहेतुहोवैहै ॥ अब याहीअर्थकूं स्पष्टकरिकै निरूपणकरैहैं ॥ हेनचिकेता ! तेश्रोत्रादिकइंद्रिय जबी बाह्यशब्दादिकविषयोंविषे जावैहैं ॥ तबी सोसकाममनभी तिनइंद्रियोंकेपीछेहीजावैहै ॥ और तिनश्रोत्रादिकइंद्रियोंका जबी अंतरनिरोधहोवैहै ॥ तबी सोनिष्काममन बाहरिजावैनहीं ॥ परंतु सो श्रोत्रादिकइंद्रियोंकाअंतरनिरोध देहाभिमानीपुरुषोंकूं मुखतैंकथनकरणाभी दुर्घटहै ॥ जबी सोअंतरइंद्रियोंकानिरोध तिनदेहाभिमानीपुरुषोंकूं मुखतैंकहणेविषेभीदुर्घटभया ॥ तबी सोइंद्रियोंकानिरोध तिनदेहाभिमानीपुरुषोंकूं करणेविषेदुर्घटहै याकेविषे क्याकहणाहै ? हेनचिकेता ! सहस्रमनुष्योंविषे कोईएकहीमनुष्य तादेहाभिमानतैंरहितहोइकै तथा शमदमादिकसाधनसंपन्नहोइकै तिनश्रोत्रादिकइंद्रियोंकूं अंतरनिरोधकरैहै ॥ हेनचिकेता ! तेश्रोत्रादिकइंद्रिय जबी याशरीरकेअंतरहीस्थितहोवैहै ॥ तबी ताइंद्रियरूपद्वारकेअभावहुए सोमनभी ताशरीरकेअंतरहीस्थितहोवैहै ॥ तहां दृष्टांत ॥ जैसे यालोकविषे किसीनवद्वारवालेगृहविषे किसीवानरकूं निरुद्धकरिकै तागृहकेनवद्वारोंकूं बंदिकरिदईये ॥ तहां सोवानर तागृहतैंबाहरिनिकसणेविषेअसमर्थहुआ तागृहविषेही नानाप्रकारकीचेष्टाकरिकै जबी परिश्रमकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तबी सोवानर तागृहविषेही सुखपूर्वकस्थितहोवैहै ॥ तैसे जिनअधिकारीपुरुषोंनैं तिनश्रोत्रादिकइंद्रियोंकेनिरोधपूर्वक तामनकाअंतरनिरोधकऱ्याहै ॥ तिनअधिकारीजनोंका सोनिष्काममन श्रवणमननादिकसाधनोंकरिकैयुक्तहुआ ताअंतरआत्माकेसाक्षात्कारकूं उत्पन्नकरैहै ॥ यातें मुमुक्षुजनोंनैं श्रोत्रादिकइंद्रियोंकेनिरोधपूर्वक तामनका अवश्यकरिकैनिरोधकरणा ॥ हेनचिकेता ! इसलोकविषे तथापरलोकविषे स्थित जेशब्दादिकविषयहैं ॥ तिनशब्दादिकविषयोंकूं जेविचारहीनपुरुष श्रोत्रादिकइंद्रियोंकरिकैग्रहणकरैहैं ॥ तेविचारहीनपुरुष शरीरशरीरविषे मैंयमराजाकेवशकूंप्राप्त

होवैहैं ॥ कैसामैंहूं? आधि व्याधि शत्रु आदिकरूपोंकरिकैस्थितहूं ॥ और जैसे जालकरिकैबांध्येहुएमत्स्य मृत्युकूंप्राप्तहोवैहैं ॥
तैसे श्रोत्रादिकइंद्रियोंकेअधीनहुए तेअविवेकीपुरुष वारंवार मृत्युकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ इतनेकरिकैअविवेकीपुरुषोंकावृत्तांत कथनक
र्या ॥ अब विवेकीपुरुषोंकावृत्तांत निरूपणकरैंहैं ॥ हेनचिकेता! ब्रह्मातैंआदिलैके स्तंबपर्यंत जितनेस्थावरजंगमप्राणीहैं ॥
तेसंपूर्णप्राणी मृत्युकेवशकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ याप्रकारकीव्यवस्थाकूंदेखिकरिकै तेविवेकीपुरुष कर्मउपासनाकेफलकूं अनित्यहीजानै
हैं ॥ और आत्मज्ञानकेमोक्षरूपफलकूं नित्यजानैहैं ॥ इसप्रकार ब्रह्मलोकपर्यंत कर्मकेफलकूंअनित्यजाणिकै तेविवेकीपुरुष ताकर्म
केस्वर्गादिरूपफलकीइच्छाकरतेनहीं ॥ जैसे तूनचिकेता स्वर्गादिकसुखोंकीइच्छाकरतानहीं ॥ तैसे तेविवेकीपुरुषभी तिनस्वर्गादि
कसुखोंकीइच्छाकरतेनहीं ॥ किंतु तेविवेकीपुरुष तुमारेन्यांई मोक्षरूपनित्यफलकीहीइच्छाकरैंहैं ॥ हेनचिकेता! तेविवेकीपुरुष
जिसआत्माकेज्ञानकरिकै तामोक्षकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ सोआत्मादेव कैसाहै? नेत्रादिकपंचज्ञानइंद्रियोंके तथावाकादिकपंचकर्मइंद्रियों
केजेदर्शनादिकव्यापारहैं ॥ तिनदर्शनादिकव्यापारोंकूं यहजीव जिसअंतःकरणकरिकैजानैहै ॥ ताविषयसहितअंतःकरणकूं यहजी
व जिसस्वयंज्योतिरूपसाक्षीकरिकै अनुभवकरैहै ॥ सोस्वयंज्योतिरूपसाक्षी ताआत्मादेवरूपहीहै ॥ जोतुमनैं पूर्व धर्मअधर्मादि
कोंतैंरहितआत्माकास्वरूपपूछाथा ॥ तास्वयंज्योतिरूपसाक्षीतैं सोआत्मादेव भिन्ननहींहै ॥ हेनचिकेता! जैसे रज्जुविषे सर्पदंड ज
लधारा आदिककल्पितहोवैहैं ॥ तैसे भूत भविष्यत् वर्त्तमान येजोतीनकालहैं ॥ तथा तातीनकालोंविषेवर्त्तमान जितनेस्थूल
सूक्ष्मपदार्थहैं ॥ तेसंपूर्णपदार्थ यास्वयंज्योतिरूपसाक्षीआत्माविषे कल्पितहैं ॥ यातैं यास्वयंज्योतिसाक्षीआत्मातैं भिन्नसत्तावाला
कोईभीपदार्थनहींहै ॥ याकारणतैं सोआत्मादेव अद्वितीयरूपहै ॥ और हेनचिकेता! यहपुरुष जिसस्वयंज्योतिरूपसाक्षीकरिकै
जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति यातीनअवस्थावोंकूंदेखैहै ॥ तास्वयंज्योतिरूपसाक्षीकूंही तुमनैं आपणाआत्मारूपकरिकैजानणा ॥ और पूर्व
हमनैं तुमारेप्रति जोमहान्आत्मा सर्वत्रव्यापकरूपकरिकै कथनकर्याथा ॥ सोमहान्आत्माभी यास्वयंज्योतिरूपसाक्षीतैंभिन्ननहीं
है ॥ किंतु सोमहान्आत्मा स्वयंज्योतिसाक्षीरूपहीहै ॥ जिसआत्मादेवके अद्वितीयरूपमहत्त्वकूंजाणिकरिकै विद्वान्पुरुष कर्तृत्वभो

कृत्वादिरूपसर्वशोकोंकूं तरैहैं ॥ हेनचिकेता! यहजीवरूपआत्मादेव बुद्धिआदिकोंकासाक्षीरूपकरिकै सर्वजीवोंकूं अत्यंतसमीप हैं ॥ और लोकप्रसिद्धमधुकेसमान जोपुण्यपापकर्मोंका सुखदुःखरूपफलहै ॥ ताफलकाभी यहआत्मादेवहीभोक्ताहै ॥ ऐसेसर्वभेद तैंरहितअद्वितीयआत्माकूं जेअधिकारीपुरुष यासर्वजगत्‌काअधिपतिरूपकरिकैजानैंहैं ॥ तेअधिकारीपुरुष किसीसंशयकूं तथाकि सीकेनिंदाकूं करैंनहीं ॥ इतनेकरिकै त्वंपदार्थरूपजीवके शोधनकाप्रकार निरूपणकऱ्या ॥ अब तत्पदार्थरूपईश्वरके शोधनकाप्र कार निरूपणकरैंहैं ॥ हेनचिकेता! जिसपरमात्मादेवतैं यहहिरण्यगर्भ उत्पन्नभयाहै ॥ कैसाहैसोहिरण्यगर्भ? ब्रह्मांडकाआरंभक रणेहारे जेआकाशादिकस्थूलभूतहैं ॥ तिनस्थूलभूतोंतैंभी जोहिरण्यगर्भ पूर्वउत्पन्नभयाहै ॥ और पूर्वजन्मोंविषे अनुष्ठानकरे जे कृच्छ्रचांद्रायणादिककर्महैं ॥ तथा नानाप्रकारकीउपासनाहैं ॥ ताकर्मउपासनारूपतपकेबलतैं जिसहिरण्यगर्भकीउत्पत्तिहोवैहै ॥ ऐसेहिरण्यगर्भकूंभी उत्पन्नकरणेहारा जोपरमात्मादेवहै ॥ जोपरमात्मादेव सर्वशरीरोंविषे सर्वबुद्धिरूपगुहावोंविषेप्रवेशकरिकै ति नबुद्धियोंकूं साक्षीरूपकरिकैदेखताहुआ स्थितहोवैहै ॥ तथा जोपरमात्मादेव आकाशकीन्यांई सर्वत्रव्यापकहै ॥ तिसपरमात्मादेव कूं तू अद्वितीयब्रह्मरूपकरिकैजाण ॥ हेनचिकेता! जोप्राणस्वरूपहिरण्यगर्भदेवता पूर्वकल्पके कर्मउपासनारूपतपकेप्रभावतैं या स्थूलविराट्तैंप्रथम उत्पन्नहोवैहै ॥ सोहिरण्यगर्भदेवता यास्थूलप्रपंचरूपअन्नकूं भोजनकरैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती ताहि रण्यगर्भदेवताकूं अदिति यानामकरिकै कथनकरैहै ॥ और संपूर्णइंद्रादिकदेवता ताहिरण्यगर्भकेविभूतियांहैं ॥ यातैं सोहिरण्य गर्भभगवान् सर्वदेवमयहै ॥ और सोहिरण्यगर्भभगवान् संपूर्णव्यष्टिभूतप्राणियोंविषे तादात्म्यसंबंधकरिकैरहैहै ॥ यातैं सोहि रण्यगर्भभगवान् सर्वभूतमयहै ॥ ऐसाहिरण्यगर्भभगवान्‌भी जिसपरमात्मादेवका ध्यानकरणेयोग्यस्वरूपहै ॥ तिसपरमात्मादेव कूं तू अद्वितीयब्रह्मरूपकरिकैजाण ॥ और हेनचिकेता! ऐसेअदितिनामाहिरण्यगर्भतैं उत्पन्नभयाजोविराट्भगवान्‌है ॥ जावि राट्भगवान्‌कूं शास्त्रविषेअग्निरूपकरिकैवर्णनकऱ्याहै ॥ याकारणतैंही नीचेकाकाष्ठरूप जोअधरअरणीहै ॥ तथा ऊपरिकाकाष्ठरू प जोउत्तरअरणीहै ॥ तादोनोंअरणियोंतैं सोअग्निरूपविराट् यज्ञविषेप्रादुर्भावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जैसे यालोकविषे गर्भिणी

स्त्रियां स्नेहपूर्वक गर्भकूं धारणकरैहैं ॥ तैसे यज्ञकेकरणेहारेपुरुष याअग्निरूपविराट्कूं श्रद्धापूर्वक दोनोंअरणियोंकरिकै धारणकरैहैं ॥ तथा निद्रातैंरहितयोगीजनभी ताअग्निरूपविराट्कूं आपणेअंतरधारणकरैहैं ॥ और सोअग्निरूपविराट्ही सर्वभूतोंविषेस्थितहै ॥ और स्वर्गकीइच्छावाले तथामोक्षकीइच्छावाले जेदेवतामनुष्यहैं ॥ तिनोंकरिकै यहअग्निरूपविराट्ही स्तुतिकरणेयोग्यहै ॥ हेनचिकेता! जैसे अदितिनामाहिरण्यगर्भ तापरमात्मादेवकास्वरूपकरिकै ध्यानकरणेयोग्यहै ॥ तैसे यहअग्निरूपविराट्भी तापरमात्मादेवकास्वरूपकरिकै ध्यानकरणेयोग्यहै ॥ शंका ॥ हेभगवन्! हिरण्यगर्भरूपकरिकै तथाविराट्रूपकरिकै तापरमात्मादेवकाउपदेश आप किसवासतेकरतेहो? साक्षात्ही तापरमात्मादेवकेस्वरूपकाउपदेश आप हमारेप्रतिकरो ॥ समाधान ॥ हेनचिकेता! तापरमात्मादेवका वास्तवशुद्धस्वरूप मनवाणीकाअविषयहै ॥ तथा अध्यात्म अधिदैव अधिभूत इत्यादिकसर्वभेदतैंरहित है ॥ यातैं तापरमात्मादेवकेवास्तवस्वरूपकूं साक्षात्कहणेविषे हम समर्थनहीं हैं ॥ काहेतें? जातिवाला तथागुणवाला तथाक्रियावाला जोपदार्थहै ॥ तापदार्थकूंही यहशब्द साक्षात्कथनकरैहै ॥ जैसे घट यहशब्द घटत्वजातिवालेघटकूं कथनकरैहै ॥ और नीलघट यहशब्द नीलगुणवालेघटकूं कथनकरैहै और पाचक यहशब्द पाकरूपक्रियावालेपुरुषकूंकथनकरैहै ॥ इसप्रकार संपूर्णशब्दकिसीजातिगुणादिकनिमित्तकूंअंगीकारकरिकैही आपणेआपणेअर्थकूं साक्षात्कथनकरैहैं ॥ और यहनिर्गुणपरमात्मादेवतौ जातिगुणक्रियादिकधर्मोंतैंरहितहैं ॥ यातैं तापरमात्मादेवकूं कोईशब्द साक्षात्कथनकरिसकैनहीं ॥ याकारणतैं हिरण्यगर्भ विराट् इत्यादिक सविशेषरूपोंकरिकै तानिर्गुणपरमात्मादेवकेवास्तवस्वरूपकूं तू जाण ॥ और हेनचिकेता! जिसअधिदैववायुरूपप्राणतैंयहसूर्यचंद्रमादिकतेज उदयहोवैहै ॥ और जिसप्राणविषे तेसूर्यादिकतेज अस्तभावकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ और जैसे रथकेचक्रकेनाभिविषे अरास्थितहोवैहै ॥ तैसे वाकादिकइंद्रिय तथाअग्निआदिकदेवता जिसप्राणविषे सर्वदास्थितहोवैहैं ॥ तहांश्रुति ॥ प्राणाद्वाएषउदेतिप्राणेऽस्तमेति सर्वंप्राणेऽर्पितं ॥ अर्थयह ॥ प्राणतैंही यहसूर्यादिकतेज उदयहोवैहैं ॥ तथा प्राणविषेही तेसूर्यादिकतेज अस्तभावकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ और ताप्राणविषेही संपूर्णअग्निआदिकदेवता स्थितहोवैहैं ॥ १ ॥ और जिसप्राणकूं आपणेबलकरिकै उ

ल्लंघनकरणेविषे कोईभीपुरुष समर्थनहींहै ॥ ऐसाप्राणभी जिसपरमात्मादेवका ध्यानकरणेयोग्यस्वरूपहै ॥ ऐसे परमात्मादेवकूंतू ब्रह्मरूपकरिकैजाण ॥ इतनैंकरिकै तत्पदार्थरूपईश्वरकेशोधनकाप्रकार निरूपणकऱ्या ॥ अब ताशोधित तत्त्वं पदार्थोंका अभेदनिरूपणकरैंहैं ॥ हेनचिकेता! तुमारेशरीरविषे तथाहमारेशरीरविषे तथा अन्यजीवोंकेशरीरविषे जोचैतन्यदेव सर्वबुद्धिवृत्तियोंका साक्षीरूपकरिकैस्थितहै ॥ सोईहीचैतन्यदेव परोक्षईश्वरशरीरविषे तथाहिरण्यगर्भशरीरविषे तथाविराट्शरीरविषे साक्षीरूपकरिकैस्थितहै ॥ और जोचैतन्यदेव ईश्वरहिरण्यगर्भादिकोंकेशरीरविषेस्थितहै ॥ सोईहीचैतन्यदेव अस्मदादिकजीवोंकेशरीरविषे स्थितहै ॥ हेनचिकेता! जैसे अखंडआकाशविषे किंचित्मात्रभीभेदनहींहै ॥ तैसे याअखंडचैतन्यदेवविषे किंचित्मात्रभीभेदनहींहै ॥ और जैसे भेदतैंरहितआकाश घटमठादिकउपाधियोंकेभेदकरिकै भेदकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे यहचैतन्यदेवभी अव्याकृत सूक्ष्म स्थूल इत्यादिकउपाधियोंकेभेदकरिकै ईश्वर हिरण्यगर्भ विराट् इत्यादिकभेदकूंप्राप्तहोवैहै ॥ हेनचिकेता! जैसे वास्तवतैंतीनकालविषे असत्यहुआभी गंधर्वनगर आकाशकेभेदकूंकरैहै ॥ तैसे वास्तवतैं तीनकालविषे असत्यहुआभी यहजडजगत् ताचैतन्यआत्माकेभेदकूंकरैहै ॥ परंतु सोचैतन्यआत्माकाभेद अज्ञानीपुरुषोंकीदृष्टिविषेही है ॥ और विद्वान्पुरुषकीदृष्टिकरिकै तौ ताअद्वितीयब्रह्मविषे कल्पितनानापणाभीनहींहै ॥ जबी ताअद्वितीयब्रह्मविषे कल्पितनानापणाभीनहींभया ॥ तबी ताअद्वितीयब्रह्मविषे सत्यनानापणा किसप्रकारसंभवैगा? हेनचिकेता! ऐसेअद्वितीयब्रह्मविषे जोपुरुष कल्पितनानापणाभीदेखैहै ॥ सोभेददर्शीपुरुष वारंवार जन्ममरणकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जोमंदबुद्धिपुरुष पापकर्मकरिकैमोहितहुआ ताअद्वितीयब्रह्मविषे वास्तवभेदकूंदेखैहै ॥ सोभेददर्शीपुरुषतौ अनेकवार नरकोंकूंहीप्राप्तहोवैहै ॥ तहांश्रुति ॥ मृत्योःसमृत्युमाप्नोति यइहनानेवपश्यति ॥ अर्थयह ॥ जोपुरुषयाअद्वितीयब्रह्मविषे नानापणेकीन्यांईदेखैहै ॥ सोभेददर्शीपुरुष वारंवार मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ यातैं मुमुक्षुजनोंनैं ताब्रह्मकूं सर्वभेदतैंरहितएकअद्वितीयरूपकरिकैजानणा ॥ हेनचिकेता! ऐसेअद्वितीयब्रह्मरूपआत्माकेदर्शनविषे यहबाहिर्मुखश्रोत्रादिकइंद्रिय करणहोइसकैनहीं ॥ यातैं याअधिकारीपुरुषनैं निष्कामशुद्धमनकरिकैही ताआत्मरूपब्रह्मकूं निश्चयकरणा ॥ और हेनचिकेता! जैसे अखंड

आकाशविषे स्वभावतैंनानापणानहीं है ॥ तैसे याअखंडब्रह्मविषेभी स्वभावतैं नानापणानहीं है॥ किंतु जैसे घटमठरूपउपाधिकेभेदतैं
ताआकाशकाभेदहोवैहै ॥ तैसे देहादिकउपाधियोंकेभेदतैंही ताआत्माकाभेदकहणाहोवैगा ॥ और यालोकविषे जोजोभेद उपाधिकू
तहोवैहै ॥ सोसोभेद ताउपाधिवालेउपहितपदार्थकूं स्पर्शकरैनहीं ॥ किंतु तिनउपाधियोंविषेही सोभेद स्थितहोवैहै ॥ जैसे घटमठ
रूपउपाधिकृत जोआकाशकाभेदहै॥ सोभेद आकाशकूंस्पर्शकरतानहीं ॥ किंतु ताघटमठरूपउपाधियोंविषेही सोभेद स्थितहोवैहै॥
तैसे देहादिरूपउपाधिकृत जोआत्माकाभेदहै॥ सोभेदभी ताअद्वितीयआत्माकूंस्पर्शकरैनहीं॥ किंतु तिनदेहादिरूपउपाधियोंविषेही
सोभेद स्थितहोवैहै ॥ किंवा ताअद्वितीयब्रह्मतैंभिन्न जितनेदेहादिकपदार्थहैं ॥ तेदेहादिकपदार्थ ताब्रह्मतैंभिन्नहुए नरशृंगकी
न्यांई असत्यहीहोवैंगे ॥ तिनअसत्यपदार्थोंकरिकै ताअद्वितीयब्रह्मकाभेद संभवैनहीं ॥ और ताअद्वितीयब्रह्मविषे भेदकेदर्शनतैं
वारंवारमृत्युकीप्राप्ति पूर्व कथनकरिआये हैं ॥ यातैं याअधिकारीपुरुषोंनैं वेदांतशास्त्रकेसंस्कारयुक्तशुद्धमनकरिकै याआत्मरूपब्र
ह्मकूं अद्वितीयरूपकरिकैहीदेखणा ॥ हेनचिकेता ! ऐसाअद्वितीयपरमात्मादेव जीवरूपकरिकै यामनुष्योंकेहृदयदेशविषेस्थितहो
वैहै ॥ और यामनुष्योंकाहृदय विशेषकरिकै तौ अंगुष्ठमात्रपरिमाणवालाहोवैहै ॥ ऐसेहृदयविषेस्थितहुआ सोपरमात्मादेवभी अंगु
ष्ठमात्रकह्याजावै है ॥ ऐसे अंगुष्ठमात्रपरमात्मादेवकूं जेअधिकारीपुरुष भूतभविष्यत्पदार्थोंका ईशानरूपकरिकैजानै हैं ॥ तिनअधि
कारीपुरुषोंकूं संशयादिकप्राप्तहोवैंनहीं ॥ हेनचिकेता ! सोहृदयदेशविषेस्थित अंगुष्ठमात्रपुरुष कैसाहै ? यासर्वजगत्काईशानहै ॥
तथा स्वयंज्योतिरूपहै ॥ तथा भूत भविष्यत् वर्तमान यातीनकालोंविषे विपरीतभावकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ किंतु तीनोंकालविषेएकर
सरहैहै ॥ और जैसे यालोकविषे द्रवत्वरूपकरिकै तथास्नेहरूपकरिकै जलकाभेदहोवैनहीं ॥ किंतु द्रवत्वरूपकरिकै तथास्नेहरूपक
रिकै सोजल सर्वत्रएकरूपहीहोवैहै ॥ तैसे अस्ति भाति प्रिय यारूपकरिकै ताआत्मादेवकाभेदहोवैनहीं ॥ किंतु अस्तिभातिप्रिय
रूपकरिकै सोआत्मादेव सर्वत्रएकरूपहीहै ॥ और हेनचिकेता! जैसे उच्चैःपर्वतोंविषे मेघोंतैंपतनहुएजेजलहैं॥ तेजल तिनउच्चैःपर्व
तोंतैं नीचेदेशविषे विशीर्णभावकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ तैसे भेदरूपकरिकैदेख्याहुआ यहआत्मादेवभी नानाप्रकारकीनीचयोनियोंकूंप्राप्त

होवैहै ॥ और हेनचिकेता ! जैसे तेमेघोंकेजल प्रथम तापर्वतकेशिखरविषेप्राप्तहोवैहैं ॥ तिसतैंअनंतर तेजल तापर्वतकेमध्यदेश विषेप्राप्तहोवैहैं ॥ तिसतैंअनंतर तेजल नीचीभूमिकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ तानीचीभूमितैंपरे तेजल कहांजावैनहीं ॥ किंतु तेजल तानीची भूमिविषेहीस्थितहोवैहैं ॥ यातैं सानीचीभूमि ताजलोंकेविश्रामकास्थानहै ॥ तैसे यहजीवात्मारूपजलभी भेददर्शनरूपउच्चैःपर्वततैं नीचैपतनहोइकै पुण्यपापकर्मकेवशतैं नानाप्रकारकेयोनियोंविषेभ्रमणकरै है ॥ तिसतैंअनंतर पूर्वलेकिसीमहान्पुण्यकर्मकेयोगतैं यहजीवात्मा जबी आत्मज्ञानरूपनीचीभूमिकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तबी यहजीवात्मा ब्रह्मानंदरूपविश्रामकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और हेनचिकेता ! जैसे स्वभावतैंशुद्धजोजलहै ॥ सोजल जबी किसीपर्वतादिकशुद्धस्थलविषेप्राप्तहोवैहै ॥ तबी सोजल शुद्धहीरहैहै ॥ और सोशुद्ध जल जबी गैरकहरितालमयभूमिविषे प्राप्तहोवैहै ॥ तबी सोजल ताभूमिकेसंबंधतैं रक्तपीतादिकनानावर्णोंकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तैसे वास्तवतैंशुद्धयहआत्मादेवभी रागद्वेषतैंरहितशुद्धमनविषेस्थितहोइकै शुद्धभावकूंहीप्राप्तहोवैहै ॥ और रागद्वेषवालेअशुद्धमनविषे स्थितहोइकै सोआत्मादेवभी अशुद्धभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और हेनचिकेता ! जैसे स्वभावतैंशुक्लवर्णवालाजोजलहै ॥ सोजलयद्यपि गैरकादिकोंकेसंबंधतैं रक्तादिकवर्णोंवालाप्रतीतहोवैहै ॥ तथापि ताजलकेस्वाभाविकशुक्लवर्णकीहानिहोवैनहीं ॥ तैसे यहआत्मादेवभी यद्यपि अंतःकरणादिकोंकेसंबंधतैं कर्तृत्वभोक्तृत्वरूपमलवालाप्रतीतहोवैहै ॥ तथापि ताआत्मादेवकेवास्तवशुद्धस्वरूपकीहानिहोवैनहीं ॥ और हेनचिकेता ! जैसे स्वभावतैंशीतलजोजलहै ॥ सोजल अग्निकेसंबंधतैं उष्णभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे स्वभावतैं सुखरूप यहआत्मादेवभी देहादिकोंकेसंबंधतैं दुःखकूंप्राप्तहोवैहै ॥ यातैं यहअर्थसिद्धभया ॥ शरीरकेविद्यमानहुए याजीवोंकूंदुःखकीप्राप्तिहोवैहै ॥ और शरीरकेअभावहुए जाजीवोंकूंदुःखकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ याप्रकारकेअन्वयव्यतिरेककरिकै कारणशरीरसहित यास्थूलसूक्ष्मशरीरविषेही दुःखकीकारणतासिद्धहोवैहै ॥ हेनचिकेता ! स्थूल सूक्ष्म कारण यातीनशरीरोंविषेभी जोअज्ञानरूपकारणशरीरहै ॥ सोकारणशरीर याजीवोंकेदुःखका साक्षात्कारणहोवैनहीं ॥ जोकदाचित् सोकारणशरीर साक्षात्दुःखकाकारणहोवै ॥ तौ सुषुप्तिअवस्थाविषेभी हमजीवोंकूं दुःखकीप्राप्तिहोणीचाहिये ॥ और सुषुप्तिअवस्थाविषे दुःखकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ यातैं

जैसे बीज अंकुरादिद्वारा फलकाकारणहोवैहै ॥ तैसे यहअज्ञानरूपकारणशरीरभी सूक्ष्मस्थूलशरीरद्वाराही याजीवोंकेदुःखकाकारण होवैहै ॥ हेनचिकेता ! तिनसूक्ष्मस्थूलशरीरोंविषेभी यहसूक्ष्मशरीर साक्षात्अज्ञानरूपमायाकाकार्यहै ॥ यातें तामायारूपकारणकेनाशतेंविना सोसूक्ष्मशरीर नाशकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ और सोसूक्ष्मशरीरही याजीवोंकेस्थूलसंसाररूपपटकाकारणहै ॥ याकारणतें तासूक्ष्मशरीरकूं शास्त्रविषे सूत्र यानामकरिकैकथनकरैहैं ॥ ऐसासूक्ष्मशरीर यास्थूलशरीरकेग्रहणतेंविना याजीवोंकूं भोगकीप्राप्तिकरैनहीं ॥ किंतु यास्थूलशरीरकूंग्रहणकरिकैही सोसूक्ष्मशरीर याजीवोंकूं भोगकीप्राप्तिकरैहै ॥ यातें तास्थूलशरीरविषेही गुरुशास्त्रकेउपदेशकरिकै सोआत्मादेव प्रत्यक्षहोवैहै ॥ याकारणतें मैंयमराजा तुमारेप्रति यास्थूलशरीरकाकथनकरताहूं ॥ तू श्रवणकर ॥ सूक्ष्मशरीररूपजोपुरुषहै ॥ तथा त्वगादिकजेसप्तधातुहैं ॥ तथा भक्षणकरेहुएअन्नपानादिकोंके जेनानाप्रकारकेरसहैं ॥ तिनसंपूर्णोंकरिकै यहस्थूलशरीर दिनदिनविषे पूर्णकरीताहै ॥ याकारणतें श्रुतिभगवती यास्थूलशरीरकूं पुर यानामकरिकैकथनकरैहै ॥ अथवा जैसे लोकप्रसिद्धपुर राजादिकोंकरिकैयुक्तहोवैहैं ॥ तैसे यहस्थूलशरीरभी पूर्णपरमात्माकरिकैयुक्तहै ॥ याकारणतें यास्थूलशरीरकूं पुर कहेहैं ॥ अब यास्थूलशरीररूपपुरविषे लोकप्रसिद्धपुरकीसमानता निरूपणकरैहैं ॥ हेनचिकेता ! जैसे यहलोकप्रसिद्धपुर अनेकद्वारोंवालाहोवैहै ॥ तथा कोईराजा तापुरकास्वामीहोवैहै ॥ तैसे यहस्थूलशरीररूपपुरभी एकादशद्वारवालाहै ॥ तहां दोचक्षु दोनासिका दोश्रवण एकमुख येसप्त याशरीररूपपुरकेऊपरिलेद्वारहैं ॥ और पायु उपस्थ येदोनों नीचेकेद्वारहैं ॥ और उदरविषेस्थित जोनाभिछिद्रहै ॥ सोनाभिछिद्र दशमाद्वारहै ॥ और मस्तककेतीनकपालोंकीसंधिविषेस्थित जोछिद्रहै ॥ सोएकादशमाद्वारहै ॥ जाएकादशमेंद्वारविषे सुषुम्नानाडीरूपसरस्वती प्राप्तहोवैहै ॥ कैसीहैसा सुषुम्नारूपसरस्वती ? अयोगीपुरुषोंकरिकै दुर्लक्ष्य है ॥ किंतु योगीपुरुषही तासुषुम्नाकूंजाणेहैं ॥ और जिससुषुम्नारूपसरस्वतीकरिकै याशरीरतेंबाहरिनिकस्याहुआ यहयोगीपुरुष ब्रह्मलोककेदेवयानमार्गकूंप्राप्तहोवैहै ॥ ऐसेशरीररूपपुरविषे यहपरमात्मारूपइंद्र वाकादिकइंद्रियरूप तथाअग्निआदिकदेवतारूप प्रजाकेसहित निवासकरैहै ॥ कैसाहैसोपरमात्मादेव ? वास्तवतें जन्ममरणादिकविकारोंतेंरहितहै ॥ तथा स्वयंज्योतिरूपहै ॥

तथा बहिर्मुखजडमनतैंरहितहै ॥ तथा वाकादिकइंद्रियोंतैंरहितहै ॥ हेनचिकेता ! ऐसापरमात्मादेव यद्यपि वास्तवतैंपुण्यपापरूपकर्मोंतैंरहितहै ॥ तथापि कल्पितपुण्यपापरूपकर्मोंकेसंबंधतैं याशरीररूपपुरकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और ऐसेदुःखरूपशरीरकूंप्राप्तहोइकै भी यहआनंदस्वरूपआत्मादेव वास्तवतैंशोककूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ काहेतें ? यालोकविषेजोजोशोकहोवैहै ॥ सोसोशोक दुःखरूपकारणतैंही उत्पन्नहोवैहै ॥ और सोदुःख अनिष्टपदार्थोंकेसंगतैंउत्पन्नहोवैहै ॥ यातैं तादुःखकीउत्पत्तिद्वारा सोसंगही ताशोककाकारण है ॥ और यहआनंदस्वरूपआत्मा सर्वसंगतैंरहितहै ॥ यातैं ऐसेअसंगआत्माकूं सोशोक किसप्रकारप्राप्तहोवैगा ? किंतु नहींप्राप्त होवैगा ॥ हेनचिकेता ! जोपूर्वतुमनैं धर्मअधर्मतैंरहित आत्माकास्वरूपपूछाथा ॥ सोभी यहसर्वशोकतैंरहितस्वयंज्योतिआत्मादेवही है ॥ याकेविषे तुमनैं किंचित्मात्रभी संशयनहींकरणा ॥ हेनचिकेता ! यहअधिकारीपुरुष नित्यमुक्तआत्मास्वरूपकरिकै नित्यहीमुक्तरूपहै ॥ तथापि यास्वयंज्योतिआत्माकेसाक्षात्कारतैं कल्पितअज्ञानरूपबंधकापरित्यागकरिकै तुमसरीखेअधिकारीपुरुष पुनःमुक्तिकूंप्राप्तिहोवैहैं ॥ जैसे यालोकविषे कोईभाग्यवान्पुरुष पूर्व सुखकूंप्राप्तहुआभी पुनःसुखकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे यहआत्मादेव पूर्वमुक्तहुआभी पुनःमुक्तहोवैहै ॥ हेनचिकेता ! जेवादी ताआत्माविषे बंध अंगीकारकरैंहैं ॥ तिनवादियोंसैं यहपूछाचाहिये ॥ ताआत्माविषे रज्जुआदिकोंकरिकै वेष्टनरूपबंधहै ॥ अथवा संसर्गरूपबंधहै ॥ तहां ताआत्माविषे रज्जुआदिकोंकरिकैवेष्टनरूपबंध है यहप्रथमपक्ष जोवादी अंगीकारकरै ॥ सोसंभवैनहीं ॥ काहेतें ? यालोकविषे जिसजिसपदार्थविषे रज्जुआदिकोंकरिकैबंधहोवैहै ॥ तिसतिसपदार्थविषे मूर्त्तपणाहीदेख्याहै ॥ जैसे घटादिकपदार्थोंविषे रज्जुकरिकैबंधहोवैहै ॥ यातैं तिनघटादिकपदार्थोंविषे मूर्त्तपणाभीहै ॥ और जिसपदार्थविषे मूर्त्तपणेकाअभावहोवैहै ॥ तिसपदार्थविषे रज्जुआदिकोंकरिकैबंधभीहोवैनहीं ॥ जैसे आकाशविषे मूर्त्तपणेकाअभावहै ॥ यातैं ताआकाशविषे रज्जुकरिकैबंधभीहोवैनहीं ॥ सोमूर्त्तपणेकाअभाव आत्माविषेभीहै ॥ यातैं ताआत्मादेवविषे रज्जुआदिकोंकरिकैबंध संभवैनहीं ॥ और ताआत्माविषे संसर्गरूपबंधहै यहदूसरापक्ष जोवादी अंगीकारकरै ॥ सोभीसंभवैनहीं ॥ काहेतें ? जोवादियोंनैं संयोगसमवायसंबंधादिरूपबंधनकल्पनाकऱ्याहै ॥ सोसंयोगसमवायसंबंधादिरूपबंधन

कल्पितहै ॥ यातैं तेसंयोगसमवायादिक असत्यहैं ॥ अब तिनसंयोगसमवायादिकसंबंधोंविषे कल्पितरूपता स्पष्टकरणेवासतेप्रथ
म तिनसंयोगादिकोंविषेप्रमाणका खंडनकरैहैं ॥ तहांजोवादी संयोगसमवायादिकसंबंधोंकूंअंगीकारकरैहै ॥ तावादीसें यहपूछा
चाहिये ॥ तासंयोगसमवायसंबंधविषे प्रत्यक्षप्रमाणहै? अथवा अनुमानप्रमाणहै? अथवा शब्दप्रमाणहै? अथवा इनोंतैंकोईभि
न्नप्रमाणहै? तहां संयोगसंबंधविषे तथासमवायसंबंधविषे प्रत्यक्षप्रमाणहै यहप्रथमपक्ष जोवादी अंगीकारकरै ॥ सोसंभवैनहीं ॥
काहेतें? तावादीकेमतविषे दंडवालापुरुषहै यास्थलविषे दंडका पुरुषकेसाथ संयोगसंबंधहोवैहै ॥ और रूपवालाघटहै यास्थलविषे
रूपगुणका घटकेसाथ समवायसंबंधहोवैहै ॥ तहां तासंयोगसंबंधका दंडतौ प्रतियोगीहोवैहै ॥ और पुरुष अनुयोगीहोवैहै ॥
इसीप्रकार तासमवायसंबंधकाभी रूपगुणतौ प्रतियोगीहोवैहै ॥ और घट अनुयोगीहोवैहै ॥ तहां प्रतियोगीकेस्वरूपका तथा
अनुयोगीकेस्वरूपका जोभलीप्रकारविचारकरिदेखिये तौ ताप्रतियोगी अनुयोगीकेस्वरूपतैंभिन्नहोइकै सोसंयोगसंबंध तथा स
मवायसंबंध प्रतीतहोवैनहीं ॥ यातैं तासंयोगसमवायविषे प्रत्यक्षप्रमाण संभवैनहीं ॥ और तासंयोगसमवायविषे अनुमानप्रमा
णहै ॥ यहदूसरापक्ष जोवादी अंगीकारकरै सोभीसंभवैनहीं ॥ काहेतें? जावस्तुका किसीप्रकारकरिकैभी प्रत्यक्षनहींहोवै ॥ ता
वस्तुविषे अनुमानप्रमाणकीभी प्रवृत्तिहोवैनहीं ॥ काहेतें? जोकदाचित् सर्वप्रकारतैंअप्रत्यक्षवस्तुकीभी अनुमानप्रमाणतैं सिद्धि
होतीहोवै तौ वंध्यापुत्रकी तथानरशृंगकीभी अनुमानप्रमाणतैं सिद्धिहोणीचाहिये ॥ और अनुमानप्रमाणकरिकै वंध्यापुत्रकी
तथा नरशृंगकी सिद्धिहोवैनहीं ॥ यातैं प्रत्यक्षप्रमाणकेअभावहुए तासंयोगसमवायविषे अनुमानप्रमाणभी संभवैनहीं ॥ और ता
संयोगसमवायसंबंधविषे शब्दप्रमाणहै यहतीसरापक्ष जोवादी अंगीकारकरै ॥ सोभीसंभवैनहीं ॥ काहेतें? सोशब्द दोप्रकारका
होवैहै ॥ एकतौ लौकिकशब्दहोवैहै ॥ और दूसरा वैदिकशब्दहोवैहै ॥ तहां तासंयोगसमवायविषे लौकिकशब्द प्रमाणहै यहकह
णातौसंभवैनहीं ॥ काहेतें? प्रत्यक्षअनुमानादिकप्रमाणोंकीसहायतातैंविना सोलौकिकशब्द किसीअर्थकीभीसिद्धिकरिसकैनहीं ॥
किंतु प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंकीसहायताकूंअंगीकारकरिकैही सोलौकिकशब्द किसीअर्थकीसिद्धिकरैहै ॥ काहेतें? जोकदाचित् सो

लौकिकशब्द प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंकीसहायतातैंविनाही किसीअर्थविषे प्रमाणरूपहोवै तौ वंध्यापुत्रविषे तथानरशृंगविषेभी तालौकिकशब्दकूं प्रमाणरूपताहोणीचाहिये ॥ और वंध्यापुत्रविषे तथानरशृंगविषे तालौकिकशब्दकूं प्रमाणरूपताहैनहीं ॥ यातैं प्रत्यक्षअनुमानप्रमाणकेअभावहुए तासंयोगसमवायविषे लौकिकशब्दकूंभी प्रमाणरूपतासंभवैनहीं ॥ और तासंयोगसमवायसंबंधविषे वैदिकशब्द प्रमाणहै यहकहणाभीसंभवैनहीं ॥ काहेतें ? दंडपुरुषका संयोगसंबंधहोवैहै ॥ और रूपघटका समवायसंबंधहोवैहै याप्रकारकेअर्थकूंबोधनकरणेहारा कोईश्रुतिवचन वेदविषेदीखतानहीं ॥ जावैदिकवचनकरिकै तासंयोगसमवायकीसिद्धिहोवै ॥ यातैं तासंयोगसमवायविषे वैदिकशब्दकूंभी प्रमाणरूपतासंभवैनहीं ॥ और तासंयोगसमवायविषे प्रत्यक्ष अनुमान शब्द यातीनप्रमाणोंतैंभिन्नहीकोईप्रमाणहै यहचतुर्थपक्ष जोवादी अंगीकारकरै ॥ सोभीसंभवैनहीं ॥ काहेतें ? प्रत्यक्षअनुमान शब्द यातीनप्रमाणोंविषे किसीएकप्रमाणकीसहायताकूंअंगीकारकरिकैही उपमानअर्थापत्तिआदिकप्रमाण प्रवर्तहोवैहै ॥ जबी तासंयोगसमवायविषे प्रत्यक्षादिकतीनप्रमाणोंकीप्रवृत्तिनहींभई ॥ तबी तासंयोगसमवायविषे उपमानअर्थापत्तिआदिकप्रमाण किसप्रकार प्रवर्तहोवैंगे ? किंतु नहींप्रवर्तहोवैंगे ॥ हेनचिकेता ! याप्रकार आकाशादिकजडपदार्थोंविषेभी सोसंयोगसमवायसंबंध संभवैनहीं ॥ जबी आकाशादिकजडपदार्थोंविषेभी तेसंयोगसमवायसंबंध नहींसिद्धभये ॥ तबी चैतन्यस्वरूपअमूर्तआत्मादेवविषे तेसंयोगसमवायसंबंध किसप्रकारसिद्धहोवैंगे? ॥ शंका ॥ हेभगवन् ! संयोगसमवायसंबंधरूपबंध ताआत्माविषे मतहोवै ॥ तथापि कोईअनिर्वचनीयसंबंधरूपबंध ताआत्मादेवविषे किसवासतेनहींहोवै? ॥ समाधान ॥ हेनचिकेता ! योग्यपदार्थका किसीयोग्यपदार्थकेसाथही संबंधहोवैहै ॥ याप्रकारकानियम शास्त्रविषेकथनकऱ्याहै ॥ यातैं सो अनिर्वचनीयसंबंध अनिर्वचनीयशरीरादिकोंविषेहीसंभवैगा ॥ आनंदस्वरूपअसंगआत्माविषे सोअनिर्वचनीयसंबंधभी संभवै नहीं ॥ यातैं सर्वसंबंधतैंरहितयहआत्मादेव यद्यपि पूर्वअज्ञानअवस्थाविषेभी नित्यमुक्तरूपहीथा ॥ तथापि आत्मसाक्षात्कारकरिकै ताकल्पितमायारूपबंधकेनिवृत्तहुए यहआत्मादेव पुनःविशेषकरिकै मुक्तिकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तहांश्रुति ॥ विमुक्तश्चविमुच्यते ॥

अर्थयह ॥ विशेषकरिकैमुक्तहुआभीयहआत्मादेव आत्मसाक्षात्कारकरिकै पुनःविशेषकरिकैमुक्तहोवैहै ॥ १ ॥ इतनेंकरिकै याआत्मादेवविषे नित्यमुक्तरूपतादिखाई ॥ अब ताआवरणरहितशुद्धआत्माके प्रभावकावर्णनकरैहैं ॥ हेनचिकेता ! यहआत्मादेव आत्मसाक्षात्कारकरिकै कार्यसहितअविद्याकूं हननकरैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती याआत्मादेवकूं हंस यानामकरिकैकथनकरैहै ॥ अथवा सर्वजीवोंका बाह्यप्राणरूप जोयहसूर्यभगवान्है ॥ तासूर्यरूपकरिकै यहआत्मादेवही तीनलोकोंकूंप्रकाशकरैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती ताआत्मादेवकूं हंस यानामकरिकैकथनकरैहै ॥ तहां श्रुति ॥ प्राणःप्रजानामुदयत्येषसूर्यः ॥ अर्थयह ॥ संपूर्णप्रजाका बाह्यप्राणरूप यहसूर्य उदयहोवैहै ॥ १ ॥ और यहआनंदस्वरूपआत्मादेव शुद्धहृदयविषे अथवा आकाशविषे स्थितहोवैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती ताआत्मादेवकूं शुचिष्मत् यानामकरिकैकथनकरैहै ॥ और जैसे यालोकविषे पुरुषोंकूं सुवर्णादिरूप धन प्रियहोवैहै ॥ तैसे यहआनंदस्वरूपआत्माभी याजीवोंकूं अत्यंतप्रियहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती ताआत्मादेवकूं वसु यानामकरिकैकथनकरै ॥ और यहआनंदस्वरूपआत्मादेव अंतरहृदयआकाशविषेतौ आत्मरूपकरिकै स्थितहोवैहै ॥ और बाह्यआकाशविषे सूर्यरूपकरिकैस्थितहोवैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती ताआत्मादेवकूं अंतरिक्षसत् यानामकरिकैकथनकरैहै ॥ और यहआत्मादेव यज्ञकर्तायजमानकेप्रसन्नकरणेवासतै तासंस्कृतयज्ञभूमिविषे ऋत्विक्रूपकरिकैस्थितहोवैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती ताआत्मादेवकूं होता यानामकरिकैकथनकरैहै ॥ अथवा यहआत्मादेव भोक्तारूपआत्मअग्निविषे सर्वअन्नकूं हवनकरैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती ताआत्मादेवकूं होता यानामकरिकैकथनकरैहै ॥ और यज्ञकेवेदीसमान जो मध्यछिद्रवालाहृदयहै ॥ ताहृदयविषे अथवा सूर्यमंडलविषे यहआत्मादेवही स्थितहोवैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती ताआत्मादेवकूं वेदिषत् यानामकरिकैकथनकरैहै ॥ और हेनचिकेता ! यहआत्मादेवही सोमयागविषे सोमवल्लीकारसरूपकरिकै कलशविषेस्थितहोवैहै ॥ और यहआत्मादेवही श्रेष्ठगृहस्थपुरुषोंकेगृहविषे अतिथिरूपकरिकैस्थितहोवैहै ॥ तहां जिसपुरुषकेकुलका तथागोत्रका ज्ञाननहींहोवै ॥ तथा मध्यान्हादिककालविषेआवै ॥ तथा अन्नकेप्राप्तिकीइच्छावालाहोवै ॥ तापुरुषकानाम अतिथिहै ॥ और जिनोंकेकुलगोत्रादिकों

काज्ञानहोवै ॥ ऐसेजेआचार्यऋत्विकादिकब्राह्मणहैं ॥ तिनोंकानामभी अतिथिहै ॥ और हेनचिकेता! वाकादिकइंद्रियोंविषे प्रगटभई जेनानाप्रकारकीशक्तियां हैं ॥ तथा नानाप्रकारकेसुखदुःखका जोभोक्तापणाहै ॥ तेनानाप्रकारकीशक्तियां तथा सोभोक्तापणा चैतन्यआत्मातैंविना याजडसंघातविषेसंभवैनहीं ॥ यातैं ताशक्तियोंकरिकै तथाभोक्तापणेकरिकै याशरीरविषे ताआत्मादेवकी स्थिति जानणेविषेआवैहै ॥ और हेनचिकेता! जैसे पृथिवीआदिक जलादिकोंकेआश्रितरहैहैं ॥ तैसे यहस्वयंज्योति आत्मादेवकिसीकेआश्रितरहतानहीं ॥ किंतु यहआत्मादेव आपणेस्वयंज्योतिआनंदस्वरूपविषेहीस्थितहोवैहै ॥ तहांश्रुति सभूमाकस्मिन्प्रतिष्ठितःस्वेमहिम्नि ॥ अर्थयह ॥ सोव्यापकआत्मा किसविषेस्थितहोवैहै? याकारणकीशंकाकेहुए ॥ सोव्यापकआत्मा आपणेस्वप्रकाशमहिमाविषे स्थितहोवैहै याप्रकारकाउत्तर श्रुतिनें कह्याहै ॥ हेनचिकेता! सुखदुःखरूपफलकी अवश्यकरिकैप्राप्तिकरणेहारे जे पुण्यपापकर्म हैं ॥ तिनकर्मोंविषेभी यहआत्मादेवही फलरूपकरिकैस्थितहोवैहै ॥ और हेनचिकेता! सूर्यमंडलके अंतरस्थित जोसूक्ष्मसमष्टिरूपहिरण्यगर्भ है ॥ ताहिरण्यगर्भके समष्टिबुद्धिकेअंतरस्थितजोआकाशहै तथा जीवोंके सूक्ष्मव्यष्टिबुद्धिकेअंतरस्थितजो आकाशहै ॥ ताआकाशविषेभी यहआनंदस्वरूपस्वयंज्योतिआत्माही साक्षीरूपकरिकै स्थितहोवैहै ॥ और हेनचिकेता! जलहैप्रधान जिनोंविषे ऐसेजेसूक्ष्मआकाशादिकपंचभूतहैं ॥ तिनसूक्ष्मभूतोंतैं यहआत्मादेवही पूर्व हिरण्यगर्भरूपकरिकैउत्पन्नहोवैहै ॥ और मेघरूपकरिकै परिणामकूंप्राप्तभई जेसूर्यकेकिरणहैं ॥ तिनसूर्यकेकिरणोंतैं यहआत्मादेवही जलरूपकरिकैउत्पन्नहोवैहै ॥ और हेनचिकेता! सुखदुःखरूपफलकेदेणेवासते सन्मुखभयेजेपुण्यपापरूपकर्म हैं ॥ तिनपुण्यपापरूपकर्मोंतैं यहआत्मादेवही सुखदुःखकी प्राप्तिकरणेहारे अनेकदेहइंद्रियादिरूपकरिकै उत्पन्नहोवैहै ॥ और पृथिवीरूपकमलका कर्णिकारूपजोसुमेरुपर्वतहै ॥ तासुमेरुपर्वततैंयहआत्मादेवही चतुराननब्रह्मारूपकरिकै उत्पन्नहोवैहै ॥ कैसाहैसोसुमेरुपर्वत? ताब्रह्मारूपगर्भकेप्रादुर्भावविषे जरायुपटकेसमानहै ॥ और यहआत्मादेवही हिमाद्रिपर्वततैं गिरिजारूपकरिकैउत्पन्नहोवैहै ॥ हेनचिकेता! याअर्थविषे हम बहुतक्याकहैं? पुण्यपापकर्मकाफलभूत जितनास्थावरजंगमरूपजगतहै ॥ सोसंपूर्णजगतब्रह्मरूपहीहै ॥ ब्रह्मतैंभिन्न कोईभीपदार्थनहींहै ॥ तहां

श्रुति ॥ सर्वंखल्विदंब्रह्म ॥ अर्थयह ॥ यहसंपूर्णजगत् ब्रह्मरूपही है ॥ इहां सर्वजगत्का जोब्रह्मकेसाथअभेदकह्या है ॥ सोबाध सामानाधिकरणकरिकैजानणा ॥ जैसे स्थाणुविषेप्रतीतभयाजोचौरहै ॥ ताचौरका स्थाणुकेसाथ बाधसामानाधिकरणकरिकैअभेद होवैहै ॥ इतनेकरिकै याआत्मादेवका सर्वात्मभावरूपप्रभाव वर्णनकऱ्या ॥ अब तिसीआत्माकेजनावणेहारे नानाप्रकारकेलिंगोंका निरूपणकरैहैं ॥ हेनचिकेता! यहआनंदस्वरूपआत्मा सर्वजीवोंकेहृदयदेशविषेस्थितहोइकै प्राणरूपवायुकूं ऊर्ध्वलेजावैहै ॥ और अपानरूपवायुकूं नीचेलेजावैहै ॥ यातैं याशरीरविषे जोप्राणअपानवायुकाधारणहै ॥ सोधारणभी याआत्माकेजनावणेहारालिंग है ॥ और यापुरुषोंकेहृदयदेशका अंगुष्ठमात्रजोमध्यदेशहै ॥ ताकेविषेस्थितहोइकै यहआत्मादेव परिच्छिन्नकीन्यांई प्रतीतहोवैहै ॥ और याआत्मादेवकूंही संपूर्णवाकादिकदेवता आश्रयणकरैहैं ॥ और हेनचिकेता! याशरीरविषेस्थित जोआत्मादेवहै ॥ सोआत्मा देव जबी मरणकेहेतुरूपकर्मोंकरिकै याशरीरतैंबाहरिगमनकरैहै ॥ तबी ताशरीरकेस्थितिकाकारण कोईरहतानहीं ॥ काहेतैं? या आत्माकेनिर्गमनहुएतैंअनंतर सोशरीर काष्ठकीन्यांई केवलदाहकरणेयोग्यहोवैहै ॥ यातैं यहजान्याजावैहै ॥ तामरणकालविषे या शरीरकेस्थितिकाकारणरूपचैतन्यरहतानहीं ॥ यातैं जोचैतन्य याशरीरकेस्थितिकाकारणहै ॥ सोचैतन्यही धर्मअधर्मतैंरहित अद्वि तीयब्रह्मरूपहै ॥ जोब्रह्म पूर्वतुमनैं हमारेसैंपूछाथा ॥ शंका ॥ हेभगवन्! याशरीरकेस्थितिकीकारणता जैसे चैतन्यआत्माविषे है ॥ तैसे प्राणविषेभीहै ॥ यातैं सोप्राणही आत्मरूपहै ॥ समाधान ॥ हेनचिकेता! यालोकविषे कोईभीदेहधारीजीव प्राणकरि कै तथा अपानकरिकै जीवतानहीं ॥ किंतु जिसअधिष्ठानचैतन्यविषे प्राण अपान येदोनोंस्थितहोवैहैं ॥ तिसअधिष्ठानचैतन्यक रिकैही यहप्राणीजीवैहै ॥ यातैं यहप्राणअपानदोनों किसीभीप्राणिका आत्मरूपनहींहै ॥ किंतु मरणमूर्च्छादिकअवस्थावोंविषे य हप्राणअपान जिसअधिष्ठानचैतन्यविषे लयभावकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ सोअधिष्ठानचैतन्यही सर्वजीवोंकाआत्मरूपहै ॥ तहांश्रुति ॥ न प्राणेननाऽपानेन मर्त्योजीवतिकश्चन ॥ इतरेणतुजीवंति यस्मिन्नेतावुपाश्रितौ ॥ अर्थयह ॥ कोईभीदेहधारीजीव प्राणकरिकै तथाअपानकरिकै जीवतानहीं ॥ किंतु जिसअधिष्ठानचेतनविषे यहप्राणअपानदोनों स्थितहैं ॥ तिसचेतनआत्माकरिकैही यहसंपूर्ण

प्राणी जीवतेहैं॥ १ ॥ हेनचिकेता! इतनेग्रंथकरिकै हमनैं तुमारेप्रति धर्मअधर्मतैंरहित शुद्धआत्माकाउपदेशकऱ्या॥ और पूर्वती
सरेवरविषे जोतुमनैं मरणतैं अनंतर परलोकविषे आत्माकासत्व पूछाथा॥ सोहम अबी तुमारेप्रति कथनकरतेहैं॥ तू सावधानहोइकै
श्रवणकर॥ हेनचिकेता! मरणकेप्राप्तहुए याआत्मादेवका अत्यंतअभावहोवैनहीं॥ किंतु मरणतैंअनंतर केईकजीवतौ मनुष्यादिक
जंगमशरीरोंकीप्राप्तिवासते तिनजंगमशरीरोंकेबीजभावकूंप्राप्तहोवैहैं॥ और केईकजीवतौ वृक्षादिकस्थावरशरीरोंकीप्राप्तिवासते
तिनस्थावरशरीरोंकेबीजभावकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ तहां मनुष्यादिकजंगमशरीरोंकीप्राप्तिविषे तथावृक्षादिकस्थावरशरीरोंकीप्राप्तिविषे
दोप्रकारकेकारणहोवैहैं॥ एकतौ शरीरमनवाणीकरिकै करेहुए पुण्यपापरूपकर्म कारणहोवैहैं॥ और दूसरा पूर्वपूर्वजन्मकेज्ञानकर्म
जन्यसंस्काररूपवासना कारणहोवैहैं॥ अब पुण्यपापरूपकर्मोंविषे याशरीरोंकीकारणता निरूपणकरैहैं॥ हेनचिकेता! याजीवोंकेपा
पकर्मकीअपेक्षाकरिकै जबी पुण्यकर्म अधिकहोवैहैं ॥ तबी यहजीव मरणतैंअनंतर मनुष्यादिरूपजंगमशरीरोंकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और
याजीवोंके पुण्यकर्मकीअपेक्षाकरिकै जबी पापकर्म अधिकहोवैहै॥ तबी यहजीव मरणतैंअनंतर वृक्षादिरूपस्थावरशरीरोंकूंप्राप्तहोवै
है॥ तहां जंगमशरीरोंविषेभी पुण्यपापकर्मकी न्यूनअधिकताकरिकै यहजीव ब्रह्मातैंआदिलैकैकीटपर्यंत शरीरोंकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तात्प
र्ययह॥ अधिकपुण्यकर्मवालेजीव ऊँचजंगमशरीरोंकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ और अल्पपुण्यकर्मवालेजीव नीचजंगमशरीरोंकूं प्राप्तहोवैहैं ॥
हेनचिकेता! जिनजीवोंकेपुण्यकर्मतौ अणुकीन्यांई अत्यंतसूक्ष्महोवैहैं॥ और पापकर्मतौ पर्वतकीन्यांई अधिकहोवैहैं॥ तेजीव मर
णतैंअनंतर वृक्षादिरूपस्थावरशरीरोंकूंही प्राप्तहोवैहैं॥ जिनवृक्षादिकशरीरोंविषे केवलदुःखकीहीअधिकताहै॥ तथा जेवृक्ष गमन
आगमनादिकोंविषे स्वतंत्रतातैंरहितहैं॥ इसप्रकार पुण्यपापरूपकर्मोंकेअनुसार याजीवोंकूं ऊँचनीचशरीरोंकीप्राप्तिहोवैहै॥ अब सं
स्काररूपवासनाविषे याशरीरोंकीकारणता निरूपणकरैहैं॥ हेनचिकेता! यहदेहधारीजीव पूर्वजन्मविषे पितादिकवृद्धपुरुषोंकेमुखतैं
जिसपुण्यकर्मकूं अथवा जिसपापकर्मकूं कर्तव्यतारूपकरिकैश्रवणकरैहैं॥ तिसीपुण्यकर्मकूं अथवा पापकर्मकूं यहजीव करैहैं ॥ इसप्र
कार पुण्यपापकर्मोंकूंकरिकै तेजीव जबी मृत्युकूंप्राप्तहोवैहैं॥ तबी तेजीव तिसपुण्यपापकर्मकेअनुसारही पुनःजन्मकूंप्राप्तहोवैहैं॥ ता

जन्मकूंप्राप्तहोइके यहजीव पूर्वपूर्वकर्मोंकेवासनाअनुसार पुनःपितादिकवृद्धपुरुषोंकेमुखतें श्रवणकरिकै तिसीतिसीपुण्यकर्मोंकूं अथवा पापकर्मोंकूंकरै हैं ॥ तात्पर्ययह ॥ जिनजीवोंनैं पूर्वलेजन्मोंविषे पापकर्मोंकाश्रवणकरिकै तिनपापकर्मोंकूंहीकऱ्याहै ॥ तिनजीवोंकूं उत्तरउत्तरजन्मोंविषेभी तिनपापकर्मोंकेश्रवणविषे तथा तिनपापकर्मोंकेकरणेविषेही प्रीतिहोवैहै ॥ और जिनजीवोंनैं पूर्वजन्मोंविषे पुण्यकर्मकाश्रवणकरिकै तिनपुण्यकर्मोंकूंहीकऱ्याहै ॥ तिनजीवोंकूं उत्तरउत्तरजन्मोंविषेभी तिनपुण्यकर्मोंकेश्रवणविषे तथा तिन पुण्यकर्मोंकेकरणेविषेही प्रीतिहोवैहै ॥ और हेनचिकेता! सर्वस्थूलप्रपंचतैं पूर्वउत्पन्नभयाजोहिरण्यगर्भभगवान्है ॥ ताहिरण्यगर्भ विषेपुण्यकर्मतौ पर्वतकेसमान अधिकरहे हैं ॥ और पापकर्मतौ केशकेअग्रकेशतभागसमान अल्परहे हैं॥ याकारणतैंही श्रुतिविषे ता हिरण्यगर्भकूंभी क्षुधाभयकीप्राप्तिकथनकरी है ॥ यातैं हिरण्यगर्भकाशरीरभी पुण्यपापदोनोंकरिकैरचितहै॥यातैं यहअर्थसिद्धभया॥ हिरण्यगर्भतैंआदिलैके वृक्षादिरूपस्थावरपर्यंत जितनायहजगत्है ॥ सोसंपूर्णजगत् याजीवोंकेपुण्यपापरूपकर्मोंतैं उत्पन्नभयाहै ॥ और तेपुण्यपापरूपकर्म पूर्वपूर्वशरीरोंतैं उत्पन्नहोवैहैं ॥ और तेपूर्वपूर्वशरीर चेतनआत्मातैंविना संभवैनहीं॥ यातैं तिनपूर्वपूर्वशरीरोंकूंधारणकरणेहारा चेतनआत्मा अवश्यअंगीकारकऱ्याचाहिये ॥ हेशिष्य! इसप्रकार पुण्यपापकर्मोंतैं जोसंसारकेउत्पत्तिकावर्णन है ॥ तासंसारकेवर्णनकाभी आत्माकीसिद्धिविषेही तात्पर्यहै ॥ यातैं तासंसारकेवर्णनकरिकै सोयमराजा जन्मांतरोंविषेआत्माकेसत्ताकाकथनकरिकै तानचिकेताकेप्रति सर्वउपनिषदोंकासाररूप जीवब्रह्मकाअभेद कथनकरताभया ॥ शंका ॥ हेभगवन्! सर्वउपनिषदोंकासाररूप जोजीवब्रह्मकाअभेदहै ॥ सोअभेद तानचिकेतानैं यमराजासैं पूछानहींथा ॥ यातैं विनाहीपूछेतैं सोयमराजा तानचिकेताकेप्रति जीवब्रह्मकेअभेदकाउपदेश किसवासतेकरताभया? शिष्यकेपूछेतैंविना उपदेशकरणेका शास्त्रविषे निषेधकऱ्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ नाऽपृष्टंकस्यचिद्ब्रूयात् नचाऽन्यायेनपृच्छतः ॥ जानन्नपिहिमेधावी जडवल्लोकमाचरेत् ॥ अर्थयह ॥ शास्त्रवेत्ताबुद्धिमान्पुरुष पूछेतैंविना किसीपुरुषकेप्रति शास्त्रकीवार्ता कदाचित्भीनहींकहै ॥ और जोपुरुष श्रद्धाभक्तितैं रहितहोइके केवलपरीक्षाकरणेवासतेपूछेहै ॥ अथवा आपणेबुद्धिकीचातुर्यताजनावणेवासते पूछेहै ॥ तापुरुषकेप्रतिभी सोविद्वान्

पुरुष शास्त्रकीवार्ताकदाचित्भीनहींकहै ॥ १ ॥ समाधान ॥ हेशिष्य ! तानचिकेतानैं यमराजासैं यद्यपि जीवब्रह्मकाअभेद साक्षात्नहींपूछाथा ॥ तथापि तानचिकेताका जीवब्रह्मकेअभेदकाप्रश्न अर्थतैंसिद्धहोवैहै ॥ काहेतें ? पूर्व यमराजानैं तानचिकेताकेप्रति तीनवरदियेथे ॥ तहां प्रथमवरकरिकै सोनचिकेता पिताकेप्रसन्नताकूं प्राप्तहोताभया ॥ और दूसरेवरकरिकै सोनचिकेता अग्निविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और तीसरेवरकरिकै संपूर्णब्रह्मविद्याकेप्राप्तिकीइच्छाकरताहुआ सोनचिकेता प्रथम ताआत्मादेवकूंत्वंपदार्थरूपकरिकैपूछताभया ॥ तिसतैंअनंतर तिसीआत्मादेवकूं धर्मअधर्मादिकोंतैंरहित तत्पदार्थरूपकरिकैपूछताभया ॥ ताप्रश्नकरिकै जीवब्रह्मकेअभेदकाप्रश्नभी अर्थतैंहीप्राप्तहोवैहै ॥ याप्रकारके तानचिकेताकेअभिप्रायकूंजाणिकरिकै सोयमराजा तानचिकेताकेप्रति जीवब्रह्मकाअभेदरूप महावाक्यकाअर्थ उपदेशकरताभया ॥ अब ताउपदेशकाप्रकार निरूपणकरैहैं ॥ हेनचिकेता ! संपूर्णजीवोंकाआत्मारूप जोयहस्वयंप्रकाशचेतनपुरुषहै ॥ सोचेतनपुरुष स्वप्नअवस्थाविषे पुत्रगृहक्षेत्रादिकअनेक पदार्थोंकूं उत्पन्नकरैहै ॥ और तास्वप्नअवस्थाविषे श्रोत्रादिकइंद्रियोंकेलयहुएभी सोआत्मादेव लयभावकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ किंतु सोआत्मादेव सर्वअवस्थावोंविषे साक्षीरूपकरिकैजागेहै ॥ हेनचिकेता ! इसप्रकार स्वप्नकाद्रष्टारूपकरिकै जोआत्माकास्वरूपहमनैं तुमारेप्रति कथनकऱ्याहै ॥ सोईहीआत्माकास्वरूप चेतनरूपहोणेतैं शुद्धस्वरूपहै ॥ तथा सोईहीआत्माकास्वरूप अद्वितीयब्रह्मस्वरूपहै ॥ तथा मोक्षरूपहै ॥ हेनचिकेता ! भूरादिक जेचतुर्दशलोकहैं ॥ तथा तिनलोकोंविषे स्थित जे जरायुज अंडज स्वेदज उद्भिज्ज यहचारीप्रकारकेशरीरहैं ॥ तेसंपूर्ण याआत्मादेवकेहीआश्रितहैं ॥ यातैं सर्वकाआधारहोणेतैं याआत्मादेवकूं ब्रह्मरूपतासंभवैहै ॥ और हेनचिकेता ! यासंसाररूपसमुद्रके पारकेप्राप्तिकीइच्छावाले जेमुमुक्षुजनहैं ॥ तेमुमुक्षुजन ताआत्माकेस्वरूपकूं उल्लंघनकरिकैजावैनहीं ॥ किंतु तेमुमुक्षुजन यासंसाररूपसमुद्रकेपाररूप ताआत्मादेवकूंही प्राप्तहोवैहैं ॥ काहेतें ? याआनंदस्वरूपआत्मातैंभिन्न दूसराकोईपदार्थ मोक्षस्वरूपहैनहीं ॥ किंतु सोआनंदस्वरूपआत्माही मोक्षरूपहै ॥ अब इसीआत्माकेस्वरूपका विस्तारकरिकैनिरूपणकरैहैं ॥ हेनचिकेता ! यहएकहीआत्मादेव संपूर्णस्थूलशरीरोंविषेस्थितहै ॥ तथा संपूर्णसूक्ष्मशरीरों

विषेस्थितहै ॥ तथा सर्वदेहधारीजीवोंकाआत्मस्वरूपहै ॥ हेनचिकेता! जैसे यहअग्नि वास्तवतैंतेजरूपकरिकै यद्यपि काष्ठोंतैं विलक्षणहै ॥ तथापि तिनस्थूलकाष्ठोंविषेस्थितहुआ सोअग्नि तिसतिसकाष्ठकेसमानरूपवालाहोवैहै ॥ तैसे यहआत्मादेव यद्यपि वास्तवतैं सर्वस्थूलशरीरोंतैंविलक्षणहै ॥ तथापि देव मनुष्य असुर आदिकोंकेस्थूलशरीरोंविषेस्थितहोइकै यहआत्मादेव तिस तिसशरीरकेसमानरूपवालाहोवैहै ॥ और हेनचिकेता! जैसे सूक्ष्मसमष्टिरूपवायु व्यष्टिसूक्ष्मशरीरोंविषेस्थितहोइकै तिसतिस सूक्ष्मशरीररूपहोइकै यद्यपि प्रतीतहोवैहै ॥ तथापि सोसमष्टिरूपवायु ताव्यष्टिसूक्ष्मशरीरोंतैं विलक्षणरूपकरिकैस्थितहोवै है ॥ तैसे यहआत्मादेवभी सूक्ष्मशरीरोंविषेस्थितहोइकै यद्यपि तिसतिसशरीरकेसमानआकारवालाहुआ प्रतीतहोवैहै ॥ तथा पि सोआत्मादेव वास्तवतैं सत्चित्आनंदरूपहोणेतैं तिनसूक्ष्मशरीरोंतैंविलक्षणहीहै ॥ और हेनचिकेता! जैसे यहसूर्यभग वान् सर्वजीवोंकेनेत्रइंद्रियोंकादेवताहै ॥ यातैं सोसूर्यभगवान् देवतारूपकरिकै सर्वजीवोंकेनेत्रइंद्रियोंविषेस्थितहुआभी तिननेत्रइंद्रियोंकेअंधत्वादिकदोषोंकरिकै तथा स्वच्छतादिकगुणोंकरिकै लिपायमानहोवैनहीं ॥ तैसे यहआत्मादेवभी साक्षीरूपकरिकै यास्थूलसूक्ष्मशरीरोंविषे विद्यमानहुआभी तिनशरीरोंकेगुणदोषोंकरिकै लिपायमानहोवैनहीं ॥ और हेनचिकेता! जैसे बाह्यआकाशविषेस्थितहुआ यहसूर्यभगवान् दोषवालेसर्वपदार्थोंतैं भिन्नहोइकैप्रतीतहोवैहै ॥ तैसे याहृदयआकाशविषे साक्षीरूप करिकैस्थितहुआ यहआत्मादेवभी शास्त्रदृष्टिकरिकै यास्थूलसूक्ष्मशरीरोंतैं भिन्नहोइकैप्रतीतहोवैहै ॥ तथा तिनस्थूलसूक्ष्मशरीरोंकेधर्मोंकरिकैभी लिपायमानहोवैनहीं ॥ और हेनचिकेता! जैसे तिसतिसदेशविषेरहणेहारे जेदेहधारीजीवहैं ॥ तिनजीवोंकूं आपणेआपणेनेत्रोंकेभेदकरिकै तथातिसतिसदेशकेभेदकरिकै एकहीसूर्य अनेकप्रकारकाप्रतीतहोवैहै ॥ परंतु ताएकसूर्यविषे जो नानापणेकाज्ञानहोवैहै ॥ सोज्ञान मिथ्यारूपहै ॥ तैसे एकहीयहस्वयंज्योतिआत्मा शरीरादिकउपाधियोंकरिकै नानाप्रकारकाप्रतीतहोवैहै ॥ परंतु ताएकअद्वितीयआत्माविषे जोनानापणेकाज्ञानहै ॥ सोज्ञान मिथ्यारूपहै ॥ हेनचिकेता! जैसे एकसूर्यविषे नानापणेकूंविषयकरणेहारे जेमिथ्याज्ञानहैं ॥ तिनमिथ्याज्ञानोंकरिकै ताएकसूर्यविषे भेदकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ तैसे एकहीआत्माविषे

थार्थनहींग्रहणकरैहै ॥ सोपुरुष एकमासतैंअनंतर मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जिनदेवतादिकोंकाशरीर हमजीवोंकूं प्रत्यक्षप्रतीतहोतानहीं ॥ ऐसेदेवतादिक जिसपुरुषकेश्रवणकरणेयोग्यवचनोंकूं कथनकरैहैं ॥ सोपुरुषभी एकमासतैंअनंतर मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जिसपुरुषकामस्तक अग्निकीज्वालावोंकरिकैयुक्तहोवैहै ॥ सोपुरुषभी एकमासतैंअनंतर मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जोपुरुष दिनविषे उल्कापातकूंदेखेहै ॥ अथवा जोपुरुष रात्रिविषे इंद्रधनुषकूंदेखेहै ॥ अथवा जोपुरुष मेघरहित आकाशविषे विद्युतकूंदेखैहै ॥ अथवा जोपुरुष मेघवालेआकाशविषेभी ताविद्युतकूंनहींदेखेहै ॥ सोपुरुषभी एकमासतैंअनंतर मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जोपुरुष दर्पणादिकोंविषे आपणेप्रतिबिंबकूं नहींदेखेहै ॥ अथवा जोपुरुष काककेमैथुनकूंदेखेहै ॥ अथवा जोपुरुष हंसकेमैथुनकूंदेखेहै ॥ अथवा जोपुरुष मयूरकेमैथुनकूंदेखेहै ॥ सोपुरुषभी एकमासतैंअनंतर मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जोपुरुष रूक्षपदार्थोंकूं स्निग्ध देखेहै ॥ अथवा जोपुरुष शीतलपदार्थोंकूं उष्णदेखे ॥ अथवा जोपुरुष उष्णपदार्थोंकूंशीतलदेखेहै ॥ सोपुरुषभीएकमासतैंअनंतर मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और स्नानकियेतैंअनंतर जिसपुरुषके दूसरेसर्वअंगतौ जलकरिकैआर्द्रहोवै ॥ और हृदय पाद येदोनोंअंग शीघ्रही शुष्कहोइजावै ॥ सोपुरुषभी एकमासतैंअनंतर मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ अब अर्द्धमासविषेमृत्युकीप्राप्तिकरणेहारे चिन्होंका निरूपणकरै हैं ॥ हेशिष्य ! जोपुरुष अकस्मात्तैं भूमिविषेछिद्रकूंदेखेहै ॥ अथवा जोपुरुष ता भूमिकेछिद्रतैंउत्पन्नहुएशब्दोंकूंश्रवणकरैहै ॥ सोपुरुष अर्द्धमासतैंअनंतर मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जिसपुरुषकूं सूर्यकेकिरण शीतलप्रतीतहोवैहैं ॥ अथवा जिसपुरुषकूं चंद्रमाकेकिरण उष्णप्रतीतहोवै हैं ॥ अथवा जिसपुरुषकामुख रक्तकमलकीन्यांई रक्तवर्णवालाहोवैहै ॥ अथवा जिसपुरुषकीजिह्वा प्रज्वलितअग्निकेसमानवर्णवालीहोवैहै ॥ अथवा जिसपुरुषकेदोनोंकर्ण अश्वकेकर्णोंकीन्यांई स्तब्धहोवैहैं ॥ अथवा जिसपुरुषकेहृदयविषे तथा नाभिविषे तथाताल्लुविषे कंपहोवैहै ॥ सोपुरुषभी अर्द्धमासतैंअनंतर मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ अब सप्तदिनविषे मरणकीप्राप्तिकरणेहारेचिन्होंका निरूपणकरै हैं ॥ हेशिष्य ! जिसपुरुषकेशरीरविषे अकस्मात्तैं अग्निकीज्वाला प्रगटहोवै हैं ॥ सोपुरुष सप्तदिवसतैंअनंतर मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और तारामंडलविषेस्थित जेसप्तऋषिहैं ॥

तथा आदित्यतैंआदिलैकेकेतुपर्यंत जेनवग्रहहैं ॥ तिनोंकूं जोपुरुष नहींदेखेहै ॥ सोपुरुषभी सप्तदिवसतैंअनंतर मृत्युकूंप्राप्तहोवै है ॥ और जोपुरुष आपणेनासिकाकूं तथाजिह्वाकूं नहींदेखेहै ॥ अथवा जोपुरुष किसीकार्यकूंकरिकै तिसीकालविषे ताका र्यकेविस्मृतिकूंप्राप्तहोवैहै ॥ अथवा जिसपुरुषकेशरीरका पूर्वअर्द्धतौ उष्णरहेहै ॥ और अपरअर्द्ध शीतलरहेहै ॥ अथवा जिसपु रुषकेनेत्र अत्यंतविकासकरिकै मंडलाकारहोवैहैं ॥ अथवा जिसपुरुषकेदोनोंकर्ण शिथिलताकरिकै आपणेस्थाननैंच्युतहोवैहैं ॥ अथवा जिसपुरुषकीनासिका वक्रहोवैहै ॥ सोपुरुषभी सप्तदिवसतैंअनंतर मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ अब एकदिवसविषे मृत्युकीप्राप्ति करणेहारेचिन्होंका निरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य! दक्षिणविषेसूर्यकेस्थितहुए यापुरुषोंकीछाया नियमकरिकै उत्तरदिशाविषेहीस्थि तहोवैहै ॥ तिसआपणीछायाकूं जोपुरुष दक्षिणदिशाकीतरफदेखेहै ॥ सोपुरुष उसीदिनविषे शस्त्रादिकोंकरिकै मृत्युकूंप्राप्तहोवै है ॥ और जिसपुरुषनैं आपणेभोजनकरनेवासते अन्नकूंत्यारकऱ्याहै ॥ ताअन्नकूं कोईअपूर्वस्त्री भोजनकरतीहै ॥ याप्रकार जोपु रुषदेखेहै ॥ सोपुरुषभी तिसीदिनविषे मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और वृषभऊपरिआरूढहुआ अथवा महिषऊपरिआरूढहुआ तथादंड जिसकेहस्तविषेहै ऐसाजोकोईभयानकपुरुषहै ॥ अथवा खुलेहुएहैंरक्तवर्णवालेकेशजिसके तथा हस्तविषे पाशोंकूंग्रहणकऱ्या हैजिसनैं ऐसीजाकोईभयानकस्त्रीहै ॥ ताभयानकपुरुषकूं अथवा ताभयानकस्त्रीकूं जोपुरुष अन्नकेभोजनकालविषेदेखेहै ॥ सोपुरुषभी तिसीदिनविषे मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ हेशिष्य! इसप्रकार तीनवर्षके तथादोवर्षके तथाएकवर्षके तथाषट्मासके तथाएक मासके तथा एकपक्षके तथासप्तदिवसके तथा एकदिवसके जितनेमृत्युकेचिह्न पूर्व कथनकरेहैं ॥ तिनांचिन्होंविषे किसीएकचि न्हकूं अथवा दोतीनचिन्होंकूं अथवा बहुतचिन्होंकूं जोपुरुष जिसतिथिविषे तथाजिसदिनविषे देखेहै ॥ सोपुरुष तिसतीनवर्षा दिककालतैंअनंतर तिसतिथिकूं तथातिसदिनकूं पुनःप्राप्तहोवैनहीं किंतु ता तीनवर्षादिककालकेभीतरही मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ इतनेग्रंथकरिकै जाग्रत्अवस्थाविषे मरणकेचिन्होंकानिरूपणकऱ्या ॥ अब वसिष्ठसंहिताविषे वसिष्ठभगवान्नैं स्वप्नअवस्थावि षे जेमरणकेचिन्हकथनकरेहैं तिनोंकानिरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य ! जोपुरुष स्वप्नविषे कृष्णदंतवालेपुरुषकूं देखेहै अथवा कृष्णव

र्णवालेपुरुषकूंदेखैहै ॥ सोस्वप्नद्रष्टापुरुष थोडेकालविषेही मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और स्वप्नविषे जिसपुरुषकेशरीरकूं वराह तथाम
र्कट भक्षणकरेहैं ॥ अथवा ताशरीरकूं तेवराहमर्कट लेजावैहैं ॥ ऐसेस्वप्नकाद्रष्टापुरुष षट्मासतैंअनंतर मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥
और जोपुरुष स्वप्नविषे पीतवर्णवालेपदार्थोंकूंभोजनकरिकै तिनपदार्थोंकावमनकरेहै ॥ अथवा जोपुरुष स्वप्नविषे मधुयुक्तअन्नकूं
भक्षणकरेहै ॥ अथवा जोपुरुष स्वप्नविषे कमलकीकोमलजटाकूं भक्षणकरेहै ॥ सोस्वप्नद्रष्टापुरुषभी षट्मासतैं अनंतर मृत्युकूंप्राप्त
होवैहै ॥ और जोपुरुष स्वप्नविषे श्वेतकमलकूं आपणेमस्तकविषे तथाकंठादिकोंविषे धारण करेहै ॥ अथवा जोपुरुष स्वप्न
विषे गर्दभ वराह उष्ट्र करिकैयुक्त रथविषे आरूढहोवैहै ॥ अथवा तिन गर्दभवराहउष्ट्रऊपरिही आरूढहोवैहै ॥ सोस्वप्नद्रष्टापुरु
षभी षट्मासतैंअनंतर मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जोपुरुष स्वप्नविषे कृष्णवर्णवालेवत्सकरिकैयुक्त कृष्णवर्णवालीगौकूं दक्षिणादि
शाकीतरफजाताहुआ देखैहै ॥ सोस्वप्नद्रष्टापुरुषभी षट्मासतैंअनंतर मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जोपुरुष स्वप्नविषे रक्तवर्णवालेज
पाकुसुमोंकीमालाकूं आपणेकंठविषेधारणकरिकै अथवा शेवालकीमालाकूंकंठविषेधारणकरिकै तथाआपणेशरीरऊपरि तैल
कामर्दनकरिकै अथवा नग्नहोइकै एकलाही तादक्षिणदिशाकीतरफजावैहै ॥ सोस्वप्नद्रष्टापुरुषभी षट्मासतैंअनंतर मृत्युकूंप्राप्त
होवैहै ॥ और जोपुरुष स्वप्नविषे आपणेहस्तविषेस्थित गृध्रकाकादिकोंकरिकै भक्षणकूंप्राप्तहुआ तथाप्रसन्नतायुक्तहुआ तथारक्त
वस्त्रोंकरिकैयुक्तहुआ तथारक्तगंधकरिकैयुक्तहुआ तथा तैलकरिकैयुक्तहुआ तथाक्षुधापिपासाकरिकैआतुरहुआ तथाश्वानादिकक्रूर
जीवोंतैंभयकूंप्राप्तहुआ शीघ्रही दक्षिणदिशाविषेगमनकरेहै ॥ सोस्वप्नद्रष्टापुरुषभी षट्मासतैंअनंतर मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जो
पुरुष स्वप्नविषे कृकलासजीवकूं आपणावाहनहुआदेखैहै ॥ सोपुरुषभी षट्मासतैंअनंतर मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जोपुरुष
स्वप्नविषे लोहकेदंडकूंधारणकरणेहारे कृष्णवर्णवालेपुरुषकूं देखैहै ॥ सोस्वप्नद्रष्टापुरुष तीनदिवसतैंअनंतर मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥
और जिसपुरुषकूं स्वप्नविषे कृष्णवस्त्रोंकूंधारणकरणेहारी तथाकृष्णगंधकरिकैयुक्त कोईस्त्री स्नेहपूर्वक आलिंगनकरेहै ॥ सोस्वप्न
द्रष्टापुरुष दशदिवसतैंपूर्वही मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ अथवा सोपुरुष तिसीदिनविषे अरुणउदयकालविषे अथवा सूर्यउदयकालविषे

मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ हेशिष्य ! याप्रकार मृत्युकेचिन्ह जिसस्वप्नविषेप्रतीतहोवैहै ॥ सोस्वप्नभी दोप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां एकस्व प्नतौ पुण्यपापादिरूपअदृष्टसामग्रीकरिकैही जन्यहोवैहै ॥ और दूसरास्वप्नतौ वात पित्त कफ यातीनदोषोंकीविषमतारूप दृष्टसा मग्रीकरिकै जन्यहोवैहै ॥ तथा काम क्रोध लोभ भय चिंतन इत्यादिकदृष्टसामग्रीकरिकै जन्यहोवैहै ॥ तिनदोनोंप्रकारकेस्वप्नविषे जोस्वप्न तादृष्टसामग्रीतैंविना केवलअदृष्टसामग्रीकरिकै जन्यहोवैहै ॥ तास्वप्नविषेदेखेहुए तेपूर्वउक्तमृत्युकेचिन्ह तास्वप्नद्रष्टापुरुष कूं अवश्यकरिकै तामृत्युरूपफलकीप्राप्तिकरैहैं ॥ और जोस्वप्न तादृष्टसामग्रीकरिकैजन्यहोवैहै ॥ तास्वप्नविषेदेखेहुए तेपूर्वउक्तमृ त्युकेचिन्ह तास्वप्नद्रष्टापुरुषकूं तामृत्युरूपफलकीप्राप्तिकरैंनहीं ॥ किंतु सोस्वप्न निष्फलहीहोवैहै ॥ और हेशिष्य! ता वातपि त्तादिकदृष्टसामग्रीतैंविना केवलपुण्यपापादिरूपअदृष्टसामग्रीकरिकैजन्य जोस्वप्नहै ॥ सोस्वप्नभी रात्रिकेचारिप्रहरोंकेभेदक रिकै भिन्नभिन्नफलकीहीप्राप्तिकरैहैं ॥ तहां यहस्वप्नद्रष्टापुरुष रात्रिकेप्रथमप्रहरविषे जिसस्वप्नकूंदेखैहै ॥ सोस्वप्न तास्वप्नद्रष्टा पुरुषकूं एकवर्षतैंअनंतर ताफलकीप्राप्तिकरैहै ॥ और यहस्वप्नद्रष्टापुरुष रात्रिकेद्वितीयप्रहरविषे जोस्वप्नकूंदेखैहै ॥ सोस्वप्न ता स्वप्नद्रष्टापुरुषकूं षट्मासतैंअनंतर ताफलकीप्राप्तिकरैहै ॥ और यहस्वप्नद्रष्टापुरुष रात्रिकेतृतीयप्रहरविषे जोस्वप्नकूंदेखैहै ॥ सो स्वप्न तास्वप्नद्रष्टापुरुषकूं तीनमासतैंअनंतर ताफलकीप्राप्तिकरैहै ॥ और रात्रिकेचतुर्थप्रहरविषेभी दोदोघटिकाभेदतैं सोस्वप्न भिन्नभिन्नफलकीहीप्राप्तिकरैहै ॥ तहां यहस्वप्नद्रष्टापुरुष रात्रिकेचतुर्थप्रहरकीप्रथमदोघटिकाविषे जिसस्वप्नकूंदेखैहै ॥ सोस्वप्न ता स्वप्नद्रष्टापुरुषकूं एकमासतैंअनंतर ताफलकीप्राप्तिकरैहै ॥ और यहस्वप्नद्रष्टापुरुष ताचतुर्थप्रहरकीदूसरीदोघटिकाविषे जिसस्व प्नकूंदेखैहै ॥ सोस्वप्न तास्वप्नद्रष्टापुरुषकूं एकपक्षतैंअनंतर तास्वप्नफलकीप्राप्तिकरैहै ॥ और यहस्वप्नद्रष्टापुरुष ताचतुर्थप्रहरकी तीस रीदोघटिकाविषे जिसस्वप्नकूंदेखैहै ॥ सोस्वप्न तास्वप्नद्रष्टापुरुषकूं दशदिनतैंअनंतर ताफलकीप्राप्तिकरैहै ॥ और यहस्वप्नद्रष्टापु रुष ताचतुर्थप्रहरकीचौथीदोघटिकाविषे जिसस्वप्नकूंदेखैहै ॥ सोस्वप्न तास्वप्नद्रष्टापुरुषकूं तिसीदिनविषे ताफलकीप्राप्तिकरैहै ॥ इसप्रकार यास्वप्नद्रष्टापुरुषोंकूं ताअदृष्टसामग्रीजन्यस्वप्नकाफल प्राप्तहोवैहै ॥ और हेशिष्य! जैसे वात पित्त कफ काम क्रोध इ

त्यादिकदृष्टसामग्रीकरिकैजन्यजोस्वप्नहै सो निष्फलहोवैहै ॥ तैसे जिसस्वप्नकेउत्तरकालविषे दूसरास्वप्न प्राप्तहोवैहै ॥ सोप्रथमस्वप्नभी निष्फलहीहोवैहै ॥ हेशिष्य! इसप्रकार अनेकदोषोंकेवशतैं सोस्वप्न निष्फलभीहोवैहै ॥ यातैं यहहमारास्वप्न वातपित्तादिरूपदृष्टसामग्रीकरिकैजन्यहै अथवा पुण्यपापादिरूपअदृष्टसामग्रीकरिकैजन्यहै याप्रकारकेविचारकियेतैंविना सोस्वप्नतास्वप्नद्रष्टापुरुषकूं नियमकरिकै ताफलकीप्राप्तिकरैनहीं ॥ किंतु ताविचारकियेतैंविना तास्वप्नकेफलविषे संशयहीरहैहै ॥ और जाग्रत्अवस्थाविषे जेपूर्व मरणकेचिन्ह कथनकरेथे ॥ तेचिन्हतौ ताद्रष्टापुरुषकूं नियमकरिकै ताफलकीप्राप्तिकरैहैं ॥ यातैं ताजाग्रत्चिन्होंकेफलविषे संशयनहींहै ॥ याप्रकार कौषीतकिऋषिनैं तथावशिष्ठभगवान्नैं जाग्रत्विषे तथास्वप्नविषे मृत्युचिन्होंकेफलकीव्यवस्था कथनकरीहै ॥ हेशिष्य! यालोकविषे जोपुरुष विषयोंविषे अत्यंतआसक्तहै ॥ तिसपुरुषकूंभी पूर्वउक्तमृत्युचिन्होंकेदर्शनतैं अवश्यकरिकै वैराग्यकीप्राप्तिहोवैहै ॥ याकारणतैं कौषीतकिवशिष्ठादिकऋषियोंनैं तिनमृत्युचिन्होंका कथनकऱ्याहै ॥ हेशिष्य! जैसे गर्भउपनिषद्केविचारतैं तथामृत्युचिन्होंकेदर्शनतैं यापुरुषोंकूंवैराग्यकीप्राप्तिहोवैहै ॥ तैसे हंसादिकउपनिषदोंविषेकथनकऱ्याजोयोगहै ॥ तायोगकरिकैभी याअधिकारीपुरुषोंकूं परमवैराग्यकीप्राप्तिहोवैहै ॥ यातैं तावैराग्यकीप्राप्तिवासते याअधिकारीपुरुषनैं तायोगकूंभी अवश्यकरिकै संपादनकरणा ॥ अब तायोगकेनिरूपणकरणेवासते प्रथम तायोगकेअंगोंका कथनकरणेहारी जाअमृतनादनामाउपनिषद्है ताकेअर्थकानिरूपणकरैहैं ॥ तहां प्रथम योगकेअधिकारीका निरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य! जोपुरुष ब्रह्मचर्यधर्मवालाहोवैहै ॥ तथा जिसपुरुषनैं अंतरमनकूं तथाबाह्यइंद्रियोंकूं आपणेवशकऱ्याहोवै ॥ तथा जोपुरुष धैर्यवालाहोवैहै ॥ तथा जिसपुरुषकी गुरुशास्त्रविषे श्रद्धाभक्तिहोवैहै ॥ ऐसेगुणोंवालापुरुष तायोगकाअधिकारीहोवैहै ॥ ऐसाअधिकारीपुरुष प्रथम आपणेवर्णआश्रमकेअनुसार नित्यनैमित्तिककर्मोंकूंकरिकै किसीवनादिरूपएकांतदेशविषे कुटीबांधिकरिकै तहां योगाभ्यासकूंकरै ॥ कैसाहोवै सोदेश? शीत आतप वायु इत्यादिकसर्वउपद्रवोंतैंरहितहोवै ॥ तथा मनकूं तथानेत्रोंकूं आनंदकीप्राप्तिकरणेहाराहोवै ॥ ऐसेएकांतदेशविषे यहअधिकारीपुरुष प्रथमदर्भोंकूंबिछावै ॥ तिनदर्भोंकेऊपरि मृगचर्मकूंबिछावै ॥

तिसमृगचर्मकेऊपरि व्याघ्रचर्मकूंवछावै ॥ अथवा तामृगचर्मकेऊपरिकिसी कोमलवस्त्रादिकोंकूंवछावै ॥ जिसकरिकै तापुरुषकेशरीरविषे किंचित्मात्रभीपीडा नहींहोवै ॥ और सोआसन अत्यंतऊंचाभीनहींहोवै ॥ तथा अत्यंतनीचाभीनहींहोवै ॥ ऐसेआसनऊपरिस्थितहोइकै यहअधिकारीपुरुष प्रथम आपणेशरीरके मध्यदेशकूं तथाग्रीवाकूं तथाशिरकूं दंडकीन्यांई सूधाराखै ॥ और यहअधिकारीपुरुष आपणेनासिकाकेअग्रभागविषेदृष्टिकूंराखिकै दूसरेकिसीदिशाकीतरफ दृष्टिकरैनहीं ॥ और यहअधिकारीपुरुष अहिंसा १ सत्य २ अस्तेय ३ ब्रह्मचर्य ४ अपरिग्रह ५ यापंचप्रकारकेयमोंकूं सर्वदा सेवनकरै ॥ तथा शौच १ संतोष २ तप ३ स्वाध्याय ४ ईश्वरप्रणिधान ५ यापंचप्रकारकेनियमोंकूं सर्वदा सेवनकरै ॥ तिनयमनियमोंकाअर्थ अष्टमअध्यायविषे विस्तारतैंकथिआयेहैं ॥ हेशिष्य! तायोगकरणेविषे याअधिकारीपुरुषोंकूं अनेकप्रकारकेविघ्नोंकीप्राप्तिहोवैहै ॥ यातैं तिनविघ्नोंकीनिवृत्तिकरणेवासते यहअधिकारीपुरुष पूर्वउक्तआसनऊपरिस्थितहोइकै आपणेचित्तकूंएकाग्रकरिकै रुद्रभगवान्‌काध्यानकरै ॥ तारुद्रभगवान्‌केध्यानकरणेतैं याअधिकारीपुरुषके सर्वविघ्न निवृत्तहोवैहैं ॥ तिसतैंअनंतर यहअधिकारीपुरुष स्वस्तिक पद्म भद्र यातीनआसनोंविषे किसीएकआसनकूंबांधिकरिकै तथाउत्तरदिशाकीतरफिमुखकरिकै प्राणायामकूंकरै ॥ अब तिनआसनोंकेस्वरूपका निरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य! वामजंघ ऊरु यादोनोंकेमध्यविषे दक्षिणपादकेतलकूंराखिकै तथा दक्षिणजंघ ऊरु यादोनोंकेमध्यविषे वामपादकेतलकूंराखिकै दंडकीन्यांई सरलस्थितहोणा याकानाम स्वस्तिकआसनहै ॥ और आपणेवामऊरुऊपरि दक्षिणपादकूंराखिकै तादक्षिणपादकेअंगुष्ठकूं आपणेपृष्ठदेशतैंपीछै दक्षिणहस्तकूंलेआइकै ग्रहणकरणा ॥ इसीप्रकार आपणेदक्षिणऊरुऊपरि वामपादकूंराखिकै तावामपादकेअंगुष्ठकूं आपणेपृष्ठदेशतैंपीछै वामहस्तकूंलेआइकै ग्रहणकरणा ॥ तथा आपणेशरीरकूं दंडकीन्यांई सरलराखणा ॥ याकानाम पद्मआसनहै ॥ और आपणेदोनोंपादोंकेतलोंकूं वृषणकेनीचैइकठ्ठाकरिकैराखणा ॥ और तिनपादोंकेतलोंऊपरि आपणेदोनोंहस्तोंकूं कच्छपकेआकार इकठ्ठाकरिकैराखणा ॥ तथा आपणेशरीरकूं दंडकीन्यांई सरलराखणा ॥ याकानाम भद्रआसनहै ॥

हेशिष्य! स्वस्तिक पद्म भद्र यातीनआसनोंविषे जिसआसनकेकरणेविषे यहपुरुष समर्थहोवै ॥ तिसआसनकूंबांधिकरिकै य
हअधिकारीपुरुष ताप्राणायामकूंकरै ॥ अब तायोगके षट्अंतरंगसाधनोंका निरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य! प्राणायाम १ प्र
त्याहार २ तर्क ३ धारणा ४ ध्यान ५ समाधि ६ याषट्अंगोंवालायोगहोवैहै ॥ तहां प्रथम प्राणायामका फलसहितनि
रूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य! जैसे अग्निकेसंबंधतें लोहादिकधातुवोंकेमलकीनिवृत्तिहोवैहै ॥ तैसे याप्राणायामतैंही अंतःकर
णकेदोषोंकी तथानेत्रादिकइंद्रियोंकेदोषोंकी निवृत्तिहोवैहै ॥ हेशिष्य! सोप्राणायामभी रेचक पूरक कुंभक याभेदकरिकै
तीनप्रकारकाहोवैहै ॥ तातीनप्रकारकेप्राणायामविषेभी एकएकप्राणायामकेकरणेकालविषे यहअधिकारीपुरुष प्रणवसहितसप्तव्या
हृतियोंयुक्त तथाशिरयुक्त गायत्रीमंत्रकूं तीनवारउच्चारणकरै ॥ और संन्यासियोंनैंतौ तागायत्रीमंत्रकेतीनवारउच्चारणकरणेतें जि
तनेअक्षरहोवैंहैं तितनेही प्रणवोंकाउच्चारणकरणा ॥ इसप्रकार गायत्रीमंत्रकरिकै तथाप्रणवमंत्रकरिकै कऱ्याहुआसोप्राणाया
म यापुरुषके सर्वदोषोंकीनिवृत्तिकरैहै ॥ अब रेचक पूरक कुंभक यातीनोंकेस्वरूपका निरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य! आपणेप्राणवायु
कूंआधारचक्रतें कुंडलिनीमार्गद्वारा ऊपरिलेजाइकै ताप्राणवायुकूं नासिकाद्वारानिकासिकै शरीरतैंबाह्यआकाशविषेलयकरणा
याकानाम रेचकहै ॥ और जैसे कमलकीनालद्वारा मुखकरिकै जलकाआकर्षणकरताहै ॥ तैसे शरीरतैंबाह्यस्थितवायुकूं नासिका
द्वारा शरीरकेभीतरि आकर्षणकरणा याकानाम पूरकहै ॥ और जैसे तप्तपाषाणऊपरिपडाहुआजलकाबिंदु लयभावकूंप्राप्तहोवै
है ॥ तैसे ताप्राणवायुकेबाहरिगतिकूं तथाअंतरगतिकूं निरोधकरिकै शरीरकेभीतरिहीलयकरणा याकानाम कुंभकहै ॥ १ ॥
अब प्रत्याहारकानिरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य! शब्द स्पर्श रूप रस गंध यापंचविषयोंकूं क्रमतैंग्रहणकरणेहारे जे श्रोत्र
त्वक् चक्षु रसन घ्राण यहपंचज्ञानइंद्रियहैं ॥ तिनश्रोत्रादिकइंद्रियोंकूं आपणेआपणेविषे यहमनही प्रवृत्तकरैहै ॥ ताचंचल
मनकूं आत्मविचारकेबलतें निरोधकरिकै जोश्रोत्रादिकइंद्रियोंका निरोधकरणाहै याकानाम प्रत्याहारहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे
सूर्यकेकिरण सूर्यतैंभिन्ननहींहै ॥ तैसे यहसंपूर्णदृश्यप्रपंच चेतनआत्मातैं भिन्ननहींहै ॥ याप्रकारकीदृष्टिकरिकै जोमनसहित

इंद्रियोंकानिरोधकरणाहै याकानाम प्रत्याहारहै ॥ यहप्रत्याहारकालक्षण याज्ञवल्क्यमुनिनैंभी कह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ यद्यत्पश्य तितत्सर्वं पश्येदात्मानमात्मनि ॥ प्रत्याहारःसचप्रोक्तो योगविद्भिर्महात्मभिः ॥ अर्थयह ॥ यहयोगीपुरुष जिसजिसपदार्थकूं देखेहै ॥ तिनसर्वपदार्थोंकूं आत्मरूपकरिकेंदेखे ॥ योगवेत्तामहात्मापुरुषोंनैं याहीकानाम प्रत्याहारकह्याहै ॥२॥ अब तर्ककानिरूपणकरें हैं ॥ हेशिष्य! जेमत वेदतैंबाह्यहैं ॥ तिनमतोंकापरित्यागकरिकै सर्ववेदोंकेतात्पर्यकाविषयरूपकरिकै जोअंतरआत्मवस्तुकाचिं नकरणाहै याकानाम तर्कहै ॥ ३ ॥ अब धारणाकानिरूपणकरैंहैं ॥ हेशिष्य ! यालोकविषे जेपुरुष चौरकूंनहींदेखैहैं ॥ तिन पुरुषोंकूंही सोचौर अनर्थोंकीप्राप्तिकरैंहैं ॥ तैसे जेपुरुष विचारदृष्टिकरिकै यामनकूंनहींदेखैंहैं ॥ तिनविचारहीनपुरुषोंकूंही सोमन संकल्पविकल्परूपअनर्थोंकीप्राप्तिकरैंहै ॥ याप्रकारकाविचारकरिकै यामनकूं अंतरआनंदस्वरूपआत्माविषेजोडिकरिकै जोसंकल्प विकल्पतैंरहितकरणाहै याकानाम धारणाहै ॥ ४ ॥ अब ध्यानकानिरूपणकरैंहैं ॥ हेशिष्य ! जिसआनंदस्वरूपआत्माविषे धार णाकरीहै ॥ तिसीआनंदस्वरूपआत्माविषे अनात्माकार विजातीयवृत्तियोंकेव्यवधानतैंरहित जो निरंतर तैलधाराकी न्यांई स जातीयवृत्तियोंकाप्रवाहकरणाहै याकानाम ध्यानहै ॥ ५ ॥ अब समाधिकानिरूपणकरैंहैं ॥ हेशिष्य ! जिसअवस्थाविषे अंतरआ त्मस्वरूपआनंदकूंग्रहणकरिकै ध्याता ध्यान ध्येय इत्यादिकसर्वद्वैतप्रपंचकाअनादरहोवैहै ॥ ताअवस्थाकानाम समाधिहै ॥ यह समाधिकास्वरूप गीताविषे भगवानूनैंभीकह्याहै ॥ तहां श्लोक ॥ यंलब्ध्वाचापरंलाभं मन्यतेनाधिकंततः ॥ अर्थयह ॥ यहविद्वान् पुरुष जिसआत्मस्वरूपआनंदकूंप्राप्तहोइके तिसतैंअधिक किसीदूसरेलाभकूंमानतानहीं ॥ ६ ॥ इतनेकरिकै प्राणायामादिकषट् साधनोंकानिरूपणकऱ्या अब योगीपुरुषकूंपरित्यागकरणेयोग्यजेपदार्थहैं तिनोंकानिरूपणकरैंहैं ॥ हेशिष्य ! जैसे रोगीपु रुष तारोगकीनिवृत्तिवासतै कुपथ्यवस्तुकापरित्यागकरैहै ॥ तैसे यहयोगीपुरुष तायोगकीसिद्धिवासतै भय क्रोध आलस्य या तीनोंकापरित्यागकरैके ॥ तथाअत्यंतनिद्राकाभी परित्यागकरै ॥ तथा अत्यंतजागरणकाभी परित्यागकरै तथा अत्यंतआहारकाभी परित्यागकरै ॥ तथा अत्यंतनिराहारकाभी परित्यागकरै ॥ किंतु तिननिद्राआहारादिकोंकूं युक्तिसैंकरै ॥ अब प्राणायामकरणे

काप्रकार निरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य ! ताप्राणायामकरणेकाप्रकार वेदवेत्तापुरुषोंनैं याप्रकार कथनकर्‍याहैं ॥ यहयोगीपुरुष प्रथम आपणेदक्षिणनासिकाकूं हस्तकेअंगुष्ठसैंनिरोधकरिकै दूसरीवामनासिकाद्वारा बाह्यवायुकूंआकर्षणकरिकै अंतरधारण करै ॥ पुनः तिसीवायुकूं तादक्षिणनासिकाद्वारा शनैःशनैःकरिकै बाह्यपरित्यागकरै ॥ इसप्रकार वामनासिकाकूं अंगुष्ठसैंनिरुद्धक रिकै दक्षिणनासिकाद्वारा बाह्यवायुकूंआकर्षणकरिकैअंतरधारणकरै ॥ पुनः तिसीवायुकूं तावामनासिकाद्वारा शनैःशनैःकरिकै बाह्य परित्यागकरै ॥ हेशिष्य ! पूरक कुंभक रेचक यातीनप्रकारकेप्राणायामकूं यहयोगीपुरुष ॐकाररूपप्रणवमंत्रकरिकैकरै ॥ ताप्रण वमंत्रोंकीसंख्या मात्राकरिकैसिद्धहोवैहै ॥ तहां यहअधिकारीपुरुष प्रथम एकमात्राकरिकै पूरककरै ॥ और दोमात्राकरिकैरेचककरै ॥ और चारिमात्राकरिकै कुंभककरै ॥ इसप्रकार दोमात्रा तीनमात्रा चारिमात्रा पंचमात्रा तैंआदिलैकैआगेआगे तिनपूरकादिकोंका शनैःशनैःकरिकै वधावताजावै ॥ तहांसर्वत्र पूरकतैंद्विगुणाअधिक रेचककरणा ॥ और रेचकतैंद्विगुणाअधिक कुंभककरणा ॥ इहां मात्रानाम कालपरिमाणकाहै ॥ तामात्रापरिमाणकाअर्थशास्त्रोंविषेअनेकप्रकारका कथनकर्‍याहै ॥ तहांमार्कंडेयपुराणविषेतौ तामात्रा परिमाणका यहअर्थ कथनकर्‍याहै ॥ व्यवधानतैंरहित द्वादशवार निमेषोंकेचलावणेविषे जितनाकाल व्यतीतहोवैहै ताकानाम मा त्राहै ॥ अथवा व्यवधानतैंरहित द्वादशवार तालीबजावणेविषे जितनाकाल व्यतीतहोवैहै ताकानाम मात्राहै ॥ अथवा व्यवधा नतैंरहित द्वादशवार लघुअक्षरकेउच्चारणकरणेविषे जितनाकाल व्यतीतहोवैहै ताकानाम मात्राहै ॥ और वसिष्ठसंहिताविषे व सिष्ठभगवान्नैंतौ यहकह्याहै ॥ पूरकादिकप्राणायामोंविषे जोषोडशादिकवार प्रणवमंत्रकीआवृत्तिकरणीहै ॥ ताप्रणवमंत्रकेआ वृत्तिकानाम मात्राहै ॥ और याज्ञवल्क्यमुनिनैंतौ यहकह्याहै ॥ जितनेकालविषे व्यवधानतैंरहित तीनवार छोटिकामुद्राकरिये अथवा तीनवार आपणेजानुऊपरि हस्तकूंफेरिये अथवा तीनवार तालीबजाइये ताकानाम मात्राहै ॥ चपुटीबजावणेकानाम छो टिकामुद्राहै ॥ और मांडूक्यउपनिषद्विषे तथाप्रश्नउपनिषद्विषे प्रणवके अकार उकार मकार अर्द्धमात्रा याचारिअवयवोंकूं ही मात्रारूपकरिकैकथनकर्‍याहै ॥ और नादबिंदुउपनिषद्विषेतौ तिनआकारादिकचारिमात्रावोंविषे एकएकमात्राके उदात्त

अनुदात्त स्वरित येतीनतीनअवयव कल्पनाकरिकै तिनमात्रावोंकेद्वादशभेद कथनकरेहैं ॥ इसप्रकार भिन्नभिन्नशास्त्रोंविषे तामा त्राशब्दके अनेकप्रकारकेअर्थ कथनकरेहैं ॥ तथापि याआत्मपुराणविषे व्यवधानतैंरहित तीनवार तालीबजावणेविषे जितना काल व्यतीतहोवैहै ताकानाम मात्राहै ॥ हेशिष्य! प्रणवमंत्रकाहैउच्चारणजिसविषे ऐसाजोयह पूरकादिरूपप्राणायामहै ॥ ताप्राणायामकूं जोयोगीपुरुष एकमात्राकरिकै अनुष्ठानकरैहै ॥ तायोगीपुरुषकूं आकाशतत्त्वकाअधिपतिपणा प्राप्तहोवैहै ॥ और दोमात्राकरिकै तायोगीपुरुषकूं वायुतत्त्वकाअधिपतिपणा प्राप्तहोवैहै ॥ और तीनमात्राकरिकै तायोगीपुरुषकूं अग्नितत्त्वका अधिपतिपणा प्राप्तहोवैहै ॥ और चारिमात्राकरिकै तायोगीपुरुषकूं जलतत्त्वकाअधिपतिपणा प्राप्तहोवैहै ॥ और पंचमात्राक रिकै तायोगीपुरुषकूं पृथिवीतत्त्वकाअधिपतिपणा प्राप्तहोवैहै ॥ इसप्रकार ताप्राणायामकेअभ्यासकीदृढताकरिकै तिनयोगीपु रुषोंकूं आकाशादिकपंचभूतोंकाजयरूपफल प्राप्तहोवैहै ॥ और जिनपुरुषोंका सोप्राणायामकाअभ्यास शिथिलहै ॥ तिनपु रुषोंकूं सोभूतोंकाजयरूपफल प्राप्तहोवैनहीं ॥ और हेशिष्य! पुनःसोयोगीपुरुष तिनप्रणवमात्रावोंविषे यथाक्रमतैं शब्दा दिकपंचतन्मात्रावोंकाआरोपणकरिकै चिंतनकरै ॥ ताचिंतनकरिकै तायोगीपुरुषकूं निर्विशेषब्रह्मरूपकरिकैचिंतनकरणेयोग्य जोअर्द्धमात्रारूपप्रणवहै ताकेअभ्यासकीप्राप्तिहोवैहै ॥ तिनशब्दादिकपंचतन्मात्रावोंकेध्यानकरणेका यहप्रकारहै ॥ तहां पृ थिवीतत्त्वकीधारणाविषे चिंतनकाविषयहोणेतैं पार्थिवसंज्ञाकूंप्राप्तभयाजोप्रणवहै ॥ तापार्थिवनामाप्रणवकूं यहयोगीपुरुष श ब्द स्पर्श रूप रस गंध यापंचतन्मात्रारूपकरिकैध्यानकरै ॥ और जलतत्त्वकीधारणाविषे चिंतनकाविषयहोणेतैं वारुणसं ज्ञाकूंप्राप्तभयाजोप्रणवहै ॥ तावारुणनामाप्रणवकूं यहयोगीपुरुष शब्द स्पर्श रूप रस याचारितन्मात्रारूपकरिकैध्यानकरै ॥ और अग्नितत्त्वकीधारणाविषे चिंतनकाविषयहोणेतैं आग्नेयसंज्ञाकूंप्राप्तभयाजोप्रणवहै ॥ ताआग्नेयनामाप्रणवकूं यहयो गीपुरुष शब्द स्पर्श रूप यातीनमात्रारूपकरिकैध्यानकरै ॥ और वायुतत्त्वकीधारणाविषे चिंतनकाविषयहोणेतैं मारुतसंज्ञा कूंप्राप्तभयाजोप्रणवहै ॥ तामारुतनामाप्रणवकूं यहयोगीपुरुष शब्दस्पर्श यादोतन्मात्रारूपकरिकैध्यानकरै ॥ और आकाशत

त्वकीधारणाविषे आकाशसंज्ञाकूंप्राप्तभया जोप्रणवहै ॥ ताआकाशनामाप्रणवकूं यहयोगीपुरुष एकशब्दतन्मात्रारूपकरिकैध्यानकरै ॥ इसप्रकार अभ्यासकरिकै जबी यायोगीपुरुषकाचित्त चंचलतातैंरहितहोइकै स्थिरहोवै ॥ तबी सोयोगीपुरुष ताअर्द्धमात्रारूपप्रणवकूं ब्रह्मरूपकरिकैचिंतनकरै ॥ हेशिष्य! अथवा सोयोगीपुरुष आपणेचित्तकीनिश्चलताकरणेवासते ताप्राणायामकालविषे आपणेआपणेव्यापारयुक्त प्राणअपानादिकोंकाध्यानकरै ॥ अब ताध्यानकेप्रकारका निरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य! प्राण अपान व्यान उदान समान यापंचप्राणोंके जेजेआपणे असाधारणव्यापारहैं ॥ तेअसाधारणव्यापार पूर्वगर्भउपनिषद्केअर्थनिरूपणविषे हम तुमारेप्रति विस्तारतैंकथनकरिआयेहैं ॥ यातैं तिनअसाधारणव्यापारोंका पुनःइहां कथनकरतेनहीं ॥ और तिनपंचप्राणोंका जोएकसाधारणव्यापारहै ॥ सोव्यापार हम तुमारेप्रतिकथनकरतेहैं ॥ तू श्रवणकर ॥ याशरीरविषे यद्यपि अनंतनाडियां रहे हैं ॥ तथापि एकसहस्र छत्तीसनाडीयां १०३६ प्रधानहैं ॥ तिनसर्वनाडियोंविषेविचरणेहारे जेयेपंचप्राणहैं ॥ तिनपंचप्राणोंका हंसमंत्ररूप एकहीव्यापारहै ॥ और हंसः यहमंत्र हकार मकार अकार सकार विसर्ग यापंचअवयवोंवालाहै ॥ और दूसरेशास्त्रोंविषे यद्यपि ताहंसमंत्रकीसंख्या एकविंशतिसहस्र षट्शत २१६०० कथनकरीहै ॥ तथापि उपाधिकृतभेदकूंअंगीकारकरिकै ताहंसमंत्रकीसंख्या एकलक्ष त्रयोदशसहस्र एकशत अशी ११३१८० इतनीसंभवहोइसकैहै ॥ काहेतैं प्राण अपान व्यान उदान समान यापंचप्राणोंविषे एकएकप्राणके एकविंशतिसहस्र षट्शत २१६०० हंसमंत्र व्यापाररूपहै ॥ तिनहंसमंत्रोंकूं पंचगुणाकरणेतैं एकलक्ष अष्टसहस्र १०८००० संख्याहोवैहै ॥ और एकसहस्र षट्त्रिंशत् १०३६ नाडियोंविषेविचरणेहारे जे तेपंचप्राणहैं ॥ तिनपंचप्राणोंकीसंख्या जोनाडियोंकीसंख्याकरिकै पंचगुणीकरिये तौ पंचसहस्र एकशत अशी ५१८० इतनीसंख्या होवैहै ॥ तिनदोनोंप्रकारकीसंख्याकूंमिलाइकैजोगणतिकरिये तौ एकलक्ष त्रयोदशसहस्र एकशत अशी ११३१८० इतनीसंख्या सिद्धहोवैहै ॥ इतनेहंसमंत्र तिनपंचप्राणोंकाएकसाधारणव्यापारहै ॥ और हेशिष्य! गुदातैंलैके गलपर्यंत जोअंतरछिद्रहै ॥ सोछिद्र तीसअंगुल ३० परिमाणवालाहोवैहै ॥ ताछिद्रविषेस्थितहोइकै तेप्राणादिकपंचवायु ताहंसमंत्रकाउच्चारणकरै

हैं ॥ यातैं तिनपंचप्राणोंविषेस्थित जोहंसमंत्ररूपएककार्यकीआरंभकताहै ॥ ताका सोतीसअंगुलपरिमाणवालाछिद्रही प्रयोजक है ॥ याकारणतैं सोहंसमंत्र तिनप्राणअपानादिकसर्ववायुवोंका साधारणव्यापारहै ॥ तिनवायुवोंविषेभी मुखनासिकाविषेविचरणेहा रा जोवायुहै ॥ सोवायु ताहंसमंत्ररूपव्यापारविषे प्रधानकरणहै याकारणतैंही शास्त्रवेत्तापुरुष तिनवायवोंकूं अपान व्यान आदि कथनकरैहैं॥ और दूसरेवायु ताहंसमंत्ररूपव्यापारविषे गौणकारणहैं॥ याकारणतैं शास्त्रवेत्तापुरुष तिनवायुवोंकूं अपान व्यान आ दिकनामोंकरिकैकथकरैहैं ॥ अब ध्यानकरणेवासते तिनपंचप्राणोंके स्थानोंका तथारूपोंका वर्णनकरैहैं ॥ हेशिष्य ! प्राण अपान समान उदान व्यान यापंचप्राणोंविषे प्रथम प्राणवायुतौ हृदयस्थानविषे रहैहै ॥ और अपानवायु गुदास्थानविषेरहेहै ॥ और स मानवायु नाभिस्थानविषेरहेहै ॥ और उदानवायु कंठस्थानविषेरहेहै ॥ और व्यानवायु सर्वशरीरविषेरहेहै ॥ हेशिष्य ! प्राणवा युतौ रक्तमणिकेसमान रक्तरूपवालाहै॥और ताप्राणवायुकेअधीन जोअपानवायुहै ॥ सोअपानवायुतौ इंद्रगोपजंतुकेसमान अत्यं तरक्तरूपवालाहै ॥ और ताअपानवायुकेअधीन जोसमानवायुहै ॥ सोसमानवायुतौ क्षीरकेसमान तथास्फटिकमणिकेसमान श्वेतव र्णवालाहै ॥ और तासमानवायुकेअधीन जोउदानवायुहै ॥ सोउदानवायुतौ यत्किंचित्पांडुरवर्णवालाहै॥ और ताउदानवायुकेअधीन जोव्यानवायुहै ॥ सोव्यानवायुतौ अग्निशिखाकेसमान वर्णवालाहै ॥ इहां यद्यपि प्राणवायुविषे रक्तश्वेतादिकरूप संभवैनहीं ॥ तथा पि तिनश्वेतरक्तादिकरूपोंकूं तिनप्राणादिकोंविषे आरोपणकरिकै तिनप्राणोंकाध्यानकरणा याअर्थविषे ताश्रुतिकातात्पर्यहै ॥ हेशि ष्य ! ज्ञानशक्तिवालाजोमनहै॥तथा क्रियाशक्तिवालाजोप्राणहै॥येदोनों इकठेही याशरीरविषेरहेहैं ॥ और इकठेही याशरीरतैं बाह्यजावैहैं॥एककूंछोडिकै दूसरारहैनहीं॥तहांश्रुति॥सहहिएतेसमुत्क्रामतःसहतिष्ठतः॥अर्थयह॥प्रज्ञारूपयहमन तथाप्राण दोनों याशरीरविषेइकठेहीरहेहैं॥और मरणतैंअनंतर तेदोनों इकठेही परलोकविषेजावैहैं॥१॥ यहवार्ता याआत्मपुराणकेदूसरेअध्यायविषे विस्तारतैंकथनकरिआयेहैं॥यातैं यापुरुषोंकामन जिसजिसमूलआधारादिकस्थानोंविषे स्थितहोवैहै॥तिसीतिसीस्थानविषे सोप्रा णभी स्थितहोवैहै ॥ इसप्रकार ताप्राणका मनकेसाथ इकठेरहणेकास्वभाव जाणिकरिकै यहयोगीपुरुष तिसमार्गकाध्यानकरै ॥ जि

समार्गद्वारा याशरीरतैंबाह्यनिकसिके ब्रह्मलोककूंप्राप्तहोवै ॥ अब तामार्गका निरूपणकरैहैं॥हेशिष्य! याशरीरविषे मूलआधारतैंऊपरि नाभिचक्रहै॥और तानाभिचक्रतैंऊपरि हृदयकमलहै॥सोहृदयकमल सुषुम्नानाडीरूपमार्गकरिकै संबद्धहै॥यातैं सोहृदयकमल ताब्रह्मलोकका द्वाररूपहै॥और सासुषुम्नानाडी तायोगीपुरुषके प्राणका तथामनका मार्गरूपहै॥ऐसासुषुम्नानाडीरूपमार्ग दशमद्वारकूंप्राप्तहोवैहै ॥ कैसाहैसोदशमद्वार ? सूर्यमंडलविषेस्थित तथामूर्द्धविषेस्थितचंद्रमंडलविषेस्थित जोबाह्यछिद्रहै ॥ ताबाह्यछिद्रके साथ जिसदशमद्वारका अभेदहै ॥ हेशिष्य ! जिसयोगीपुरुषकूं तीव्रवैराग्यनहींहै॥ सोयोगीपुरुषभी यासुषुम्नानाडीरूपमार्गद्वारा ताब्रह्मलोकविषेजाइकै तहां वैराग्यकूंप्राप्तहोइकै मोक्षकूं प्राप्तहोवैहै ॥ और जिसयोगीपुरुषकूंतीव्रवैराग्यहै ॥ सोयोगीपुरुषतौ तिसमार्गकेनिकसणेकालविषेही विदेहमोक्षकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और पूर्व हंसमंत्ररूपव्यापारयुक्तप्राणोंका जो ध्यानकथनकऱ्याथा ॥ ताध्यानकाभी यहहीफलहै ॥ जो तासुषुम्नानाडीरूपमार्गविषेप्रवेशकरिकै ब्रह्मलोककूं अथवा विदेहमोक्षकूं प्राप्तहोणा ॥ हे शिष्य ! यहयोगीपुरुष ताप्रणवमंत्रकरिकै जबी प्राणायामकरै ॥ तबी ताप्रणवके अकार उकार मकार अर्द्धमात्रा याचारिमात्रावोंका चिंतनकरै ॥ तथा तिनअकारादिकचारिमात्रावोंके जेयथाक्रमतैं वैश्वानर हिरण्यगर्भ ईश्वर तुरीय यहचारिअर्थ हैं ॥ तिनोंकाभी चिंतनकरै ॥ हेशिष्य ! अथवा सोयोगीपुरुष याप्रकार ताप्रणवमंत्रका चिंतनकरै ॥ जैसे यालोकविषे यापुरुषोंकूं रथ मनवांछित ग्रामकीप्राप्तिकरैहै ॥ तैसे याअधिकारीपुरुषोंकूं यहप्रणवमंत्रभी मनवांछितलोककीप्राप्तिकरैहै ॥ यातैं यहअधिकारीपुरुष ताप्रणवमंत्रकूं रथरूपकरिकैध्यानकरै ॥ और विष्णुरूपपरमात्मादेव अंतर्यामिरूपकरिकै ताप्रणवरूपरथकूंप्रेरणाकरणेहाराहै ॥ यातैं ताविष्णुरूपपरमात्मादेवकूं यहअधिकारीपुरुष ताप्रणवरूपरथका सारथिरूपकरिकैध्यानकरै ॥ और ताप्रणवरूपरथकरिकै सकामपुरुषोंकूंतौ हिरण्यगर्भरूपसगुणब्रह्मकीप्राप्तिहोवैहै ॥ और निष्कामपुरुषोंकूं निर्गुणशुद्धब्रह्मकीप्राप्तिहोवैहै ॥ यातैं ताहिरण्यगर्भकूं तथाशुद्धब्रह्मकूं यहअधिकारीपुरुष ताप्रणवरूपरथका गंतव्यस्थानरूपकरिकै ध्यानकरै ॥ हेशिष्य ! याप्रकारकेयोगाभ्यासकरणेविषे याअधिकारीपुरुषकूं अनेकप्रकारकेविघ्न प्राप्तहोवैहैं ॥ यातैं तिनविघ्नोंकीनिवृत्तिकरणेवासते यहअधिकारीपुरुष मैं

रुद्ररूपहूं याप्रकार अभेदरूपकरिकै तारुद्रभगवान्‌काध्यानकरै ॥ तारुद्रभगवान्‌केध्यानतैं सर्वविघ्नोंकीनिवृत्तिहोवैहै ॥ हे शिष्य! ताप्राणायामकालविषे पादकेअंगुष्ठकेअग्रभागतेंलैके जोप्राणोंका ऊपरिआकर्षणकरणाहै ॥ सो अत्यंतकठिनहै ॥ यातैं ताप्राणों केआकर्षणकूं शास्त्रवेत्तापुरुष सूक्ष्म यानामकरिकैकथनकरैहैं ॥ और तिसअंगुष्ठकीअपेक्षाकरिकै मूलआधारतेंलैके तिनप्राणों का ऊपरिआकर्षणकरणा सुगमहै ॥ यातैं ताप्राणोंकेआकर्षणकूं शास्त्रवेत्तापुरुष स्थूल यानामकरिकैकथनकरैहै ॥ और तिसमूल आधारकीअपेक्षाकरिकै नाभिचक्रतेंलैके तिनप्राणोंकाऊपरिआकर्षणकरणा अत्यंतसुगमहै ॥ यातैं ताप्राणोंकेआकर्षणकूं शास्त्रवेत्तापुरुष अतिस्थूल यानामकरिकैकथनकरैहैं ॥ इतनेग्रंथकरिकै योगाभ्यासका निरूपणकऱ्या ॥ अब तायोगाभ्यासकेफलका निरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य ! पूर्वकहीरीतिसैं जोपुरुष तायोगाभ्यासकूंकरैहै ॥ तायोगीपुरुषकूं तीनमासतैंअनंतर दूरदेशविषेस्थित जेदिव्यविषयहैं तिनोंकाभी ज्ञानहोवैहै और चारिमासतैंअनंतर सोयोगीपुरुष इंद्रादिकदेवतावोंकेदर्शनकरणेविषेभी समर्थ होवैहै ॥ और पंचमासतैंअनंतर सोयोगीपुरुष संपूर्णविषयसुखोंकूंतुच्छजाणिकै तिनविषयसुखोंतैं वैराग्यकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और षष्ठे मासतैंअनंतर सोयोगीपुरुष तायोगकेप्रभावतैं शुद्धअंतःकरणवालाहोइकै तथासर्वकर्मोंकासंन्यासकरिकै आत्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिवासते श्रोत्रियब्रह्मनिष्ठगुरुकेसमीपजावैहै ॥ तागुरुकेमुखतैं एकवारमहावाक्यकूंश्रवणकरिकै संशयविपर्ययतैंरहित आत्मसाक्षात्कारकूं प्राप्तहोवैहै ॥ और ताआत्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिकरिकै सोयोगीपुरुष जीवत्‌अवस्थाविषेही मोक्षकूंप्राप्तहोवैहै ॥ अब ताजीवन्मुक्तपुरुषकेलक्षणोंका निरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य ! सोजीवन्मुक्तयोगीपुरुष सर्वपदार्थोंविषे अधिष्ठानरूपकरिकैआत्माकूंहीदेखैहै ॥ याकारणतैं सोजीवन्मुक्तपुरुष नेत्रादिकइंद्रियोंकरिकै रूपादिकविषयोंकूंदेखताहुआभी नहींदेखैहै॥ और आपणेशरीरकूंभी शुष्ककाष्ठकीन्यांईजाणिकै उपेक्षाकरैहै ॥ हेशिष्य ! ऐसे जीवन्मुक्तिरूपफलके प्राप्तहुएतैंअनंतर यहअधिकारीपुरुष तिन पूर्वउक्तसर्वउपायोंका परित्यागकरै ॥ काहेतैं ? यालोकविषे जितनेउपायहोवैहैं ॥ तेसंपूर्णउपाय फलकीप्राप्तिवासतेहोवैहैं ॥ ताफलकीप्राप्तितैंअनंतर तिनउपायोंका पुनःकछुप्रयोजनरहैनहीं ॥ यातैं जैसे मार्गविषेचलणेहारापुरुष नौकाऊपरिबैठिकै जबी

नदीकेपारकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तबी तानौकाका परित्यागकरिदेवैहै ॥ तैसे यहअधिकारीपुरुषभी जबी ताजीवन्मुक्तिरूपफलकूंप्राप्तहोवैहै तबी तिनक्लेशरूपसर्वउपायोंका परित्यागकरिदेवैहै ॥ हेशिष्य ! इसप्रकार अमृतनादनामाउपनिषद्विषे जोयोगसाधनकानिरूपणकर्‍याहै ॥ सोहमनैं तुमारेप्रति कथनकर्‍या ॥ अब हंसउपनिषद्विषे जिसप्रकार तायोगसाधनका निरूपणकर्‍याहै ॥ सो हम तुमारेप्रति कथनकरतेहैं ॥ तिसकूं तू सावधानहोइकैश्रवणकर ॥ अब तायोगाभ्यासकीसिद्धिवासते प्रथम षट्चक्रोंका निरूपणकरै हैं ॥ हे शिष्य ! याशरीरविषे पायुस्थानतैंलेके भ्रूकेमध्यस्थानपर्यंत आधारचक्र १ स्वाधिष्ठानचक्र २ मणिपूरकचक्र ३ अनाहतचक्र ४ विशुद्धचक्र ५ आज्ञाचक्र ६ येषट्चक्ररहेहैं ॥ अब आधारचक्रकानिरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य ! पायुस्थानतैंदो अंगुलऊपरि आधारचक्ररहेहै ॥ जिसआधारचक्रकूं पूर्वगर्भउपनिषद्केअर्थनिरूपणविषे याशरीरका मध्यदेशरूपकरिकैवर्णनकर्‍याथा ॥ कैसाहैसोआधारचक्र ? चारिदलवालाहै ॥ तथा लाक्षारसकेसमानवर्णवालाहै ॥ और तिनचारिदलोंविषे प्रदक्षिणाक्रमकरिकैस्थितजे वं शं षं सं येचारिअक्षरहैं ॥ तिनचारिअक्षरोंकरिकै शोभायमानहै ॥ तथा कुंडलिनीरूपीसर्पिणीकेपुच्छकरिकैयुक्तहै ॥ तथा मूषकहैवाहनजिसका ऐसाजोगणपतिदेवताहै तागणपतिदेवताकरिकैयुक्तहै ॥ १ ॥ अब स्वाधिष्ठानचक्रकानिरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य ! ताआधारचक्रतैंऊपरि उपस्थकेमूलदेशविषे स्वाधिष्ठानचक्ररहेहै ॥ कैसाहैसोस्वाधिष्ठानचक्र ? षट्दलवालाहै ॥ तथा सुवर्णकीन्यांईपीतवर्णवालाहै ॥ तथा अत्यंततेजस्वीहै ॥ और तिनषट्दलोंविषे प्रदक्षिणाक्रमकरिकैस्थितजे यं रं लं वं भं मं येषट् अक्षरहैं ॥ तिनषट्अक्षरोंकरिकै शोभायमानहै ॥ तथा प्रजापतिदेवताकरिकैयुक्तहै ॥ २ ॥ अब मणिपूरकचक्रका निरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य ! तास्वाधिष्ठानचक्रतैंऊपरि नाभिस्थानविषे मणिपूरकचक्ररहेहै ॥ कैसाहैसोमणिपूरकचक्र ? दशदलोंवालाहै ॥ तथा इंद्रनीलमणिकेसमान वर्णवालाहै ॥ तथा सूर्यचंद्रमाकेतेजसमान जाकातेजहै ॥ और तिनदशदलोंविषे प्रदक्षिणाक्रमकरिकैस्थितजो डं ढं णं तं थं दं धं नं पं फं येदशअक्षरहैं ॥ तिनदशअक्षरोंकरिकै शोभायमानहै ॥ तथा विष्णुदेवताकरिकैयुक्तहै ॥ ३ ॥ अब अनाहतचक्रका निरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य ! तामणिपूरकचक्रतैंउपरि हृदयदेशविषे अनाहतचक्ररहेहै ॥ कैसाहैसोअनाहतचक्र ?

गौकेक्षीरसमान श्वेतवर्णवालाहै ॥ तथा द्वादशदलोंवालाहै ॥ तथा मननेत्रोंकूं आनंदकीप्राप्तिकरणेहाराहै ॥ और तिनद्वाद
शदलोंविषे प्रदक्षिणाक्रमकरिकैस्थितजे कं खं गं घं ङं चं छं जं झं ञं टं ठं येद्वादशअक्षरहैं ॥ तिनद्वादशअक्षरोंकरिकै शोभा
यमानहै ॥ तथा रुद्रदेवताकरिकैयुक्तहै ॥ ४ ॥ अब विशुद्धचक्रका निरूपणकरैंहैं ॥ हेशिष्य ! ताअनाहतचक्रतैंऊपरि कंठदेशविषे
विशुद्धचक्ररहेहै ॥ कैसाहैसोविशुद्धचक्र ? विचित्रवर्णवालाहै ॥ तथा षोडशदलोंवालाहै ॥ और तिनषोडशदलोंविषे प्रदक्षिणा
क्रमकरिकैस्थितजे अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ अं अः येषोडशस्वरहैं ॥ तिनषोडशस्वरोंकरिकै शोभायमानहै
तथा जीवात्माकेरहणेकास्थानहै ॥ ५ ॥ अब आज्ञाचक्रका निरूपणकरैंहैं ॥ हेशिष्य ! ताविशुद्धचक्रतैंऊपरि दोनोंभ्रूकेमध्यवि
षे आज्ञाचक्ररहेहै ॥ कैसाहैसोआज्ञाचक्र ? यत्किंचित्रक्तवर्णवालाहै ॥ तथा दोदलोंवालाहै ॥ और सूर्यचंद्रमाकेसमानजे हं क्षं
येदोअक्षरहैं ॥ तेदोनोंअक्षर जिसकेदोनोंदलोंविषेस्थितहैं ॥ तथापरमात्मादेवकेरहणेकास्थानहै ॥ ६ ॥ हेशिष्य ! याशरीर
विषे मस्तकविषे एकसहस्रदलोंवाला पद्मरहेहै ॥ कैसाहैसोपद्म ? अमृतकीवर्षाकरणेहाराजोचंद्रमाहै ॥ सोचंद्रमा जापद्मके
गर्भविषेरहेहै ॥ तथा तापद्मकीकर्णिका दशमद्वारकूंप्राप्तभईहै ॥ तथा तापद्मकेअमृतकरिकैकरीहुईतृप्ति तिनषट्चक्रोंविषेर
हेहै ॥ तथा यहजीवात्मा तापद्मकाहंसहै ॥ अब ताजीवात्माविषे हंसरूपताका निरूपणकरैंहैं ॥ हेशिष्य ! यालोकवि
षे जोपक्षी जिसप्रकारकेशब्दकूंउच्चारणकरैहै ॥ तिसपक्षीका तिसशब्दकेअनुसारही नामहोवैहै ॥ जैसे काका याप्रका
रकेशब्दकूंउच्चारणकरणेहाराजोपक्षीहै ॥ तापक्षीकूं काक यानामकरिकैकथनकरैंहैं ॥ तैसे यहजीवात्माभी हृदयकमलविषे
तथाआधारचक्रादिकोंविषे प्राणसहित स्मितहोइकै रात्रिदिनविषे एकविंशतिसहस्र षट्शत २१६०० श्वासप्रश्वासोंकरिकै
हंसःयामंत्रकाउच्चारणकरैहै ॥ तहां हकारकरिकैतौ यहप्राणवायु मुखनासिकाद्वारा याशरीरतैं बाहरिजावैहै ॥ और सका
रकरिकै यहप्राणवायु तिसीमुखनासिकाद्वारा पुनःताशरीरविषे प्रवेशकरैहै ॥ याप्रकार प्राणोंकेश्वासप्रश्वासकरिकै यहजी
वात्मा सर्वदा हंसमंत्रकाउच्चारणकरैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती याजीवात्माकूं हंस यानामकरिकै कथनकरैंहैं ॥ अब ध्या

नकरणेवासते ताजीवरूपहंसकूं पक्षिरूपकरिकैवर्णनकरैहैं ॥ हेशिष्य ! यालोकविषे पक्षिविशेषकूं हंसकहेहैं ॥ यातैं याजीवात्मा विषे ताहंसशब्दकूंअर्थवालाकरणेवासते तेवेदवेत्तापुरुष याजीवात्माकूं पक्षिरूपकरिकै वर्णनकरैहैं ॥ तहां भोक्तारूपअग्नि तथा भोग्यरूपसोम येदोनों ताजीवरूपहंसके दोनोंपक्षहैं ॥ और ओंकाररूपप्रणवमंत्र ताजीवरूपहंसका शिरहै ॥ और मूलशक्तिका जोक्रियाशक्तिवाला परिणामविशेषहै ॥ सोपरिणामरूपबिंदु ताजीवरूपहंसका हृदयहै ॥ और जैसे महादेवकामुख सूर्य अग्नि सोमरूप तीननेत्रोंवालाहै ॥ तैसे ताजीवरूपहंसकामुखभी सूर्य अग्नि सोम यातीननेत्रोंवालाहै ॥ और ताजीवरूपहंसका एकचरणतौ रुद्ररूपहै ॥ और दूसराचरण रुद्राणीरूपहै ॥ और यहत्वंपदकाअर्थ जीवरूपहंसही तत्पदार्थपरब्रह्मरूपहै ॥ तहां निरुपाधिकदृष्टिकरिकैतौ सोजीवरूपहंस निर्गुणब्रह्मरूपहै ॥ और सोपाधिकदृष्टिकरिकै सगुणब्रह्मरूपहै और सोसगुणब्रह्मभी वामभागविषेतौ अग्निरूपहै ॥ और दक्षिणभागविषे सोमरूपहै ॥ पुनःकैसाहैसोजीवरूपहंस ? कोटिसूर्यकेसमान तेजवालाहै ॥ तथा नखतैंलेके शिखापर्यंत यासर्वशरीरविषेव्याप्यकरिकैरहैहै ॥ हेशिष्य ! यहजीवरूपहंस यद्यपि सर्वशरीरविषेरहैहै ॥ तथापि हृदयकमलविषे विशेषकरिकैरहैहै ॥ ताहृदयकमलविषेभी अष्टदलोंकेभेदतैं ताजीवरूपहंसकी अष्टप्रकारकीस्थितिहोवैहै ॥ ताअष्टप्रकारकीस्थितिकेप्रभावतैंही जाग्रत्स्वप्नविषे पुण्यबुद्धिआदिककार्योंकीउत्पत्तिहोवैहै ॥ अब याहीअर्थकूं स्पष्टकरिकैनिरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य ! पूर्वादिकअष्टदिशावोंकीतरफ ताहृदयकमलके यथाक्रमतैं अष्टदलरहेहैं ॥ तहां मनकरिकैयुक्त यहजीवरूपहंस जबी ताहृदयकमलके पूर्वदिशाकेदलऊपरिस्थितहोवैहै ॥ तबी याजीवोंकूं पुण्यकर्मकरणेकीबुद्धिहोवैहै ॥ और सोजीवरूपहंस जबी ताहृदयकमलके अग्निकोणकेदलऊपरिस्थितहोवैहै ॥ तबी याजीवोंविषे निद्राआलस्यादिकविकार उत्पन्नहोवैहैं ॥ और सोजीवरूप हंस जबी ताहृदयकमलके दक्षिणदिशाकेदलऊपरिस्थितहोवैहै ॥ तबी याजीवोंविषे क्रोधादिकविकार उत्पन्नहोवैहैं ॥ और सोजीवरूप हंस जबी ताहृदयकमलके नैर्ऋतकोणकेदलऊपरिस्थितहोवैहै ॥ तबी याजीवोंविषे पापकर्मकरणेकीबुद्धि उत्पन्नहोवैहै ॥ और सोजीवरूपहंस जबी ताहृदयकमलके पश्चिमदिशाकेदलऊपरिस्थितहोवैहै ॥ तबी याजीवोंकूं नानाप्रकारकेव्यवहारकरणे

विषे प्रीतिउत्पन्नहोवैहै ॥ और सोजीवरूपहंस जबी ताहृदयकमलके वायुकोणकेदलऊपरिस्थितहोवैहै ॥ तबी याजीवोंकूं किसीदेशविषेगमनकरणेकीप्रीति उत्पन्नहोवैहै ॥ और सोजीवरूपहंस जबी ताहृदयकमलके उत्तरदिशाकेदलऊपरिस्थितहोवैहै ॥ तबी याजीवोंकूं स्त्रीकेसंभोगविषेप्रीति उत्पन्नहोवैहै ॥ और सोजीवरूपहंस जबी ताहृदयकमलके ईशानकोणकेदलऊपरिस्थित होवैहै ॥ तबी याजीवोंकी दानविषेप्रीति उत्पन्नहोवैहै ॥ और सोजीवरूपहंस जबी ताअष्टदलोंकेमध्यदेशविषेस्थितहोवैहै ॥ तबी जैसे लोकप्रसिद्धहंसपक्षी मिल्येहुएक्षीरनीरका विभागकरैहै ॥ तैसे यहजीवभी सत्यअसत्यवस्तुकाविचारकरिकै सर्वविषयसुखोंतैं वैराग्यकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और सोजीवरूपहंस जबी ताहृदयकमलके केसरविषेस्थितहोवैहै तबी याजीवोंकूं जाग्रत् अवस्थाकी प्राप्तिहोवैहै ॥ और सोजीवरूपहंस जबी ताहृदयकमलके कर्णिकाविषेस्थितहोवैहै ॥ तबीयाजीवोंकूं स्वप्नअवस्थाकीप्राप्तिहोवैहै॥ और ताहृदयकमलकीकर्णिकाकेमध्यविषेस्थित जोरक्तवर्णवाला रुधिरकापिंडविशेषहै ॥ ताकेविषे जबी सोजीवरूपहंस स्थितहोवैहै ॥ तबी याजीवोंकूं सुषुप्तिअवस्थाकीप्राप्तिहोवैहै ॥ और सोजीवरूपहंस जबी मैंब्रह्मरूपहूं याप्रकारकीपूर्णदृष्टिकरिकै तापरिच्छिन्नहृदयकमलकेअभिमानकापरित्यागकरैहै ॥ तबी जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति यातीनअवस्थावोंकीअपेक्षाकरिकै जाकोईतुरीयअवस्थाहै ताकूंप्राप्तहोवैहै ॥ अब तुरीयातीतनामा पंचमअवस्थाकेनिरूपणकरणेवासते प्रथम तातुरीयअवस्थाविषे जाग्रदादिकतीनअवस्थावोंतैंश्रेष्ठताकानिरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य ! जाग्रदादिकतीनअवस्थावोंकीअपेक्षाकरिकै जातुरीयअवस्था कथनकरीहै ॥ तातुरीयअवस्थाविषे आत्मरूपज्ञेयवस्तु ज्ञातारूपयोगीपुरुषतैं भिन्नहोइकैप्रतीतहोवैहै ॥ काहेतें ? सोयोगीपुरुष तायोगाभ्यासकेबलतैं संप्रज्ञातसमाधिकूं तथाअसंप्रज्ञातसमाधिकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तहां जासमाधिविषे ज्ञाता ज्ञान ज्ञेय तथा ध्याता ध्यान ध्येय याप्रकारकीत्रिपुटी प्रतीतहोवैहै ॥ तासमाधिकानाम संप्रज्ञातसमाधिहै ॥ और जासमाधिविषे सात्रिपुटी नहींप्रतीतहोवैहै ॥ तासमाधिकानाम असंप्रज्ञातसमाधिहै ॥ तहां जिसकालविषे तायोगीपुरुषकूं त्रिपुटीकेभानपूर्वक ब्रह्माकारवृत्तिहोवैहै ॥ तिसकालविषे सोयोगीपुरुष तुरीयअवस्थावाला कह्याजावैहै ॥ और जिसकालविषे सात्रिपुटी अद्वितीयब्रह्मरू

पनादविषे लयभावकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तिसकालविषे सोयोगीपुरुष तुरीयातीतअवस्थावाला कह्याजावैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ ॐकाररूप प्रणवविषे अकार उकार मकार बिंदु नाद येपंचअवयवहोवैहैं तहां अकार उकार मकार येतीनअवयवतौ यथाक्रमतैं विश्व तैजस प्राज्ञ यातीनोंकेवाचकहोवैहैं॥और अर्द्धमात्रारूपजोबिंदुनादहैं॥तेबिंदुनाद दोनों ब्रह्मकेवाचकहोवैहैं ॥ तिनदोनोंविषेभी बिंदुतौ सविशेषब्रह्मकावाचकहोवैहै॥और नाद निर्विशेषब्रह्मकावाचकहोवैहै ॥ हेशिष्य ! ऐसी तुरीयातीतअवस्था अनेकविरक्तपुरुषोंविषेभी किसीएकविरक्तपुरुषकूंही प्राप्तहोवैहै॥ सर्वकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ यातैं सातुरीयातीतअवस्था अत्यंतदुर्लभहै ॥ यहवार्ता गीताविषेभी भगवान्नैंकथनकरीहै॥तहांश्लोक॥मनुष्याणांसहस्रेषु कश्चिद्यततिसिद्धये॥यततामपिसिद्धानां कश्चिन्मांवेत्तितत्त्वतः अर्थयह ॥ अनेकसहस्रमनुष्योंविषे कोईएकमनुष्यही मेरीप्राप्तिवासते यत्नकरैहै ॥ और तिनयत्नकरणेहारेमनुष्योंविषेभी कोईएक मनुष्यही मैंअद्वितीयब्रह्मकूं वास्तवस्वरूपतैं जाणैहै ॥ १ ॥ अब ता तुरीयातीतभावकीप्राप्तिवासतै सोयोगरूपउपायकानिरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य ! सोयोगीपुरुष पूर्वउक्तरीतिसैं याशरीरविषे तिनषट्चक्रोंसहित ताजीवरूपहंसकेस्वरूपकूंजाणिकरिकै प्रथम आपणेस्वरूपकाचिंतनकरै ॥ तिसतैंअनंतर ताअद्वितीयब्रह्मरूपनादका चिंतनकरै ॥ तहां आधारचक्रतैंलैके दशमद्वारपर्यंत व्यापकरूपकरिकै तथाअत्यंतश्वेतरूपकरिकै ताअद्वितीयब्रह्मका चिंतनकरै ॥ इसप्रकार ताअद्वितीयब्रह्मविषे मनकूंएकाग्रकरिकै सोयोगीपुरुष आपणे पायु उपस्थ यादोनोंद्वारोंकूं संकोचकरै ॥ तिसतैंअनंतर सोयोगीपुरुष आपणेपादकेअंगुष्ठकेअग्रभागतैंलैके प्राणवायुकूंऊपरिआकर्षणकरिकै प्रथम आधारचक्रविषे स्थापनकरै ॥ ताआधारचक्रतैंअनंतर सोयोगीपुरुष ताप्राणवायुकूं शनैःशनैःकरिकै स्वाधिष्ठानचक्रविषे स्थापनकरै ॥ तिसस्वाधिष्ठानचक्रकेचारोंओरतैं ताप्राणवायुकूं तीनप्रदक्षिणाकरावै ॥ तास्वाधिष्ठानचक्रतैंअनंतर सोयोगीपुरुष ताप्राणवायुकूं मणिपूरकचक्रविषे स्थापनकरै ॥ तामणिपूरकचक्रतैंअनंतर सोयोगीपुरुष ताप्राणवायुकूं अनाहतचक्रविषे स्थापनकरै ॥ तिसअनाहतचक्रतैंअनंतर सोयोगीपुरुष ताप्राणवायुकूं विशुद्धचक्रविषे स्थापनकरै ॥ ताविशुद्धचक्रतैंअनंतर सोयोगीपुरुष ताप्राणवायुकूं आज्ञाचक्रविषे स्थापनकरै ॥ ताआज्ञाचक्रतैंअनंतर सोयोगीपुरुष ताप्रा

णवायुकूं दशमद्वारविषे स्थापनकरै ॥ हेशिष्य! इसप्रकार सोयोगीपुरुष जबी योगाभ्यासकेबलतैं ताप्राणवायुकूंऊपरिलेजावैहै ॥ तथा जीवरूपहंसकूंध्यातारूपकरिकै चिंतनकरैहै ॥ तथा ब्रह्मरूपनादकूं ध्येयरूपकरिकैचिंतनकरैहै ॥ तथा ऋषि छंद देवता आदिकोंकरिकैयुक्त जोहंसमंत्रहै ॥ ताहंसमंत्रका एककोटिसंख्यापरिमाण जपकरैहै ॥ तबी तायोगी पुरुषके शरीरकेअंतर योगफलकीसिद्धिविषे विश्वासकरावणेहारे चिणिनाद १ चिणिचिणिनाद २ घंटानाद ३ शंखनाद ४ तंत्रीनाद ५ तालनाद ६ वेणुनाद ७ भेरीनाद ७ मृदंगनाद ९ मेघनाद १० येदशप्रकारके नाद उत्पन्न होवैहैं ॥ हेशिष्य! तिनदशप्रकारकेनादोंविषेभी जोदशमामेघनादहै ॥ सोमेघनाद वारंवार अभ्यासकऱ्याहुआ तिनयोगीपुरुषोंकूं वैराग्यज्ञानादिकोंकीप्राप्तिकरैहै ॥ याकारणतैं यहयोगीपुरुष तिननवनादोंकापरित्यागकरिकै तामेघनादकाही निरंतर अभ्यासकरै ॥ तामेघनादकेअभ्यासकरिकै तिनयोगीपुरुषोंकामन लयभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और तामनकेलयहुएतैंअनंतर पुण्य पाप संकल्प विकल्प इसतैंआदिलैकै जितनेमनकेधर्महैं तेसंपूर्णधर्म लयभावकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ तहां यहवस्तु हमारेकूंप्राप्तहोवै याप्रकारकीअभिलाषाकानाम संकल्पहै ॥ और संशयकानाम विकल्पहै ॥ हेशिष्य! तेसंकल्पविकल्पादिकविक्षेपही आत्माकीअप्रतीतिविषेकारणथे ॥ तेसंकल्पविकल्पादिकविक्षेप जबी लयभावकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ तबी यहआनंदस्वरूपआत्मा आपणेस्वप्रकाशचैतन्यरूपकरिकै सर्वदा तिनयोगीपुरुषोंकूं प्रत्यक्षहोवैहै ॥ हेशिष्य! इसप्रकार हंसउपनिषद्विषे योगकानिरूपणकऱ्याहै ॥ सोहमनैं तुमारेप्रतिकथनकऱ्या ॥ अब क्षुरिकाउपनिषद्विषे जिसप्रकार तायोगकानिरूपणकऱ्याहै ॥ सोहम तुमारेप्रतिकथनकरतेहैं ॥ तू सावधानहोइकैश्रवणकर ॥ तहां क्षुरिकानाम शस्त्रकाहै ॥ ताक्षुरिकाशस्त्रकीन्यांई संसाररूपबंधकूंछेदनकरणेहारीजाधारणाहै ॥ ताधारणाकूंकथनकरणेहारी यहउपनिषद्है ॥ यातैं याउपनिषद्कूं वेदवेत्तापुरुष क्षुरिका यानामकरिकैकथनकरैहैं ॥ हेशिष्य! यहयोगीपुरुष प्रथम अहिंसादिकपंचयमोंकूंकरै ॥ तिसतैंअनंतर शौचादिकपंचनियमोंकूंकरै ॥ तिसतैंअनंतर शब्दादिकविक्षेपतैं रहित किसीएकांतदेशविषे प्रथम दर्भोंकूंबिछावै ॥ तिनदर्भोंऊपरि मृगचर्मबिछावै तामृगचर्मऊपरि वस्त्रबिछावै ॥ ऐसेआसन

ऊपरि पद्मादिकआसनोंकूंबांधिकै सोयोगीपुरुष स्थितहोवै ॥ और जैसे कूर्मजंतु आपणेहस्तपादादिकअंगोंका संकोचकरै है ॥
तैसे सोयोगीपुरुष मनसहितनेत्रादिकइंद्रियोंकूं आपणेआपणेविषयोंतैंनिवृत्तकरिकै हृदयकमलविषे एकाग्रकरै ॥ याकानाम प्र
त्याहारहै ॥ और तिसतैंअनंतर सोयोगीपुरुष द्वादशमात्रायुक्तप्रणवमंत्रकरिकै शनैःशनैःबाह्यवायुकरिकै आपणेशरीरकूंपूर्णकरै
याकानाम पूरकहै ॥ और तिसतैंअनंतर सोयोगीपुरुष मुखनासिकादिकसर्वद्वारोंका निरोधकरिकै तथा हृदय मुख कटी ग्रीवा
इत्यादिकसर्वअंगोंकूंसूधाराखिकै तिनअंगोंविषेभी हृदयकूं किंचित्ऊंचाराखिकै ताहृदयविषे ताप्राणवायुकूं धारणकरै ॥ याकाना
म कुंभकहै ॥ तिसतैंअनंतर सोयोगीपुरुष ताप्राणवायुकूं नासिकादिकद्वारोंकरिकै शरीरतैंबाहिरिनिकासे ॥ याकानाम रेचकहै ॥
इहां कुंभक दोप्रकारकाहोवैहै ॥ एकतौ पूरकादिसापेक्ष कुंभकहोवैहै ॥ और दूसरा पूरकादिनिरपेक्ष कुंभकहोवैहै ॥ तहां पूरका
दिसापेक्ष कुंभकका पूर्व निरूपणकऱ्या ॥ अब पूरकादिनिरपेक्ष कुंभकके निरूपणकरणेवासते प्रथम याशरीरकेविशेषअंगोंविषे ता
प्राणवायुकेनिरोधका निरूपणकरैहैं ॥ जिसनिरोधकूं योगीयाज्ञवल्क्यादिकोंनैं धारणा प्रत्याहार यानामकरिकैकथनकऱ्याहै ॥ हे
शिष्य ! यहयोगीपुरुष तिनपूरकादिकोंतैंविनाही ध्यानकेबलतैं ताप्राणवायुकूं प्रथम पादकेअंगुष्ठविषेस्थिरकरिकै प्रणवमंत्ररू
पमात्रावोंका जपकरताहुआ याप्रकारकीधारणावोंकूंकरै ॥ तहां वामदक्षिणपादकेदोगुल्फोंविषे जबी यहयोगीपुरुष ताप्राणवायु
कास्थापनकरै ॥ तबी दोदोमात्रावोंकाजपकरै ॥ और दोनोंजंघोंविषे ताप्राणवायुकेस्थापनकरणेविषे तीनतीनमात्रावोंकाजपकरै
और दोनोंजानुविषे तथादोनोंऊरुविषे ताप्राणवायुकेस्थापनकरणेविषे दोदोमात्रावोंकाजपकरै ॥ और गुदा लिंग यादोनोंविषे
ताप्राणवायुकेस्थापनकरणेविषे तीनतीनमात्रावोंकाजपकरै ॥ और गुदा लिंग यादोनोंकेमध्यविषे ताप्राणवायुकेरहणेकास्था
नरूप एककंद रहेहै ॥ कैसाहैसोकंद ? नाभिदेशकेसाथ जाकंदकासंबंधहै ॥ और सर्वमनुष्योंकेपृष्ठदेशविषेस्थित जोदीर्घअ
स्थिहै ॥ जादीर्घअस्थिरूपमार्गद्वारा सुषुम्नानाडी दशमद्वारकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तादीर्घअस्थिके समीपस्थितहै ॥ ऐसेकंदविषे सो
योगीपुरुष प्राणवायुरूपकरिकैप्राप्तहोवैहै ॥ और ताकंदविषे पूर्वउक्तदशनाडियोंकरिकैवेष्टितहुई एकसुषुम्नानाडीरहेहै ॥ और

ताकंदविषे पीतवर्णवाली तथारक्तवर्णवाली तथाकृष्णवर्णवाली तथाताम्रवर्णवाली तथालोहितवर्णवाली अत्यंतसूक्ष्म तथाअत्यंत लघु ऐसीअनेकनाडियांरहेहैं ॥ तिनसर्वनाडियोंकापरित्यागकरिकै सोयोगीपुरुष ताशुक्लवर्णवाली एकसुषुम्नानाडीकूंही आश्रयण करै ॥ और जैसे ऊर्णनाभिजंतु सर्वतंतुवोंकेजालविषे जोतंतु आपणेकूंप्रियहोवैहै ता तंतुविषेही विचरैहै ॥ दूसरेअप्रियतंतुवोंका परित्यागकरैहै ॥ तैसे तानाडीकंदविषेस्थितहुआ सोयोगीपुरुष दूसरेसर्वनाडियोंकापरित्यागकरिकै तासुषुम्नानाडीविषेही आपणेप्राणवायुका प्रवेशकरावै ॥ तिसनाडीकंदतैंअनंतर सोयोगीपुरुष हृदयकमलविषे प्राप्तहोवै ॥ कैसाहैसोहृदयकमल? रक्तपुष्पके समानवर्णवालाहै ॥ तथाजिसहृदयकमलकूं वेदांतशास्त्रविषे दहरपुंडरीक यानामकरिकैकथनकरैहैं ॥ ताहृदयकमलतैंअनंतर सोयोगीपुरुष कंठविषेस्थित विशुद्धचक्रकूंप्राप्तहोवै ॥ और ताविशुद्धचक्रतैंअनंतर सोयोगीपुरुष आज्ञाचक्रकूंप्राप्तहोवै ॥ तिसआज्ञाचक्रतैंअनंतर सोयोगीपुरुष मूर्द्धविषेस्थित सहस्रदलवालेपद्मकूंप्राप्तहोवै ॥ तामूर्द्धस्थानविषेस्थितहोइकै सोयोगीपुरुष आधारचक्रतैंलेके तासहस्रदलवालेपद्मपर्यंत तासुषुम्नानाडीका निरंतर ध्यानकरै ॥ हेशिष्य! इसप्रकार तिनषट्चक्रोंकाभेदनकरिकै सोयोगीपुरुष मनरूपखड्गकरिकै देहाभिमानीपुरुषोंकूं बंधनकीप्राप्तिकरणेहारे जेमर्महैं तिनोंकूंछेदनकरै ॥ कैसाहैसोमनरूपखड्ग? प्राणरूपलोहमयशरीरजिसका ॥ तथा सगुणनिर्गुणब्रह्मकूंकथनकरणेहारीजाब्रह्मविद्याहै ॥ ताब्रह्मविद्यारूपशाणकेघर्षण करिकै जोमन निर्मलभावकूंप्राप्तभयाहै ॥ ऐसेमनरूपखड्गकरिकै सोयोगीपुरुष तिनमर्मोंकाछेदनकरै ॥ अब याहीअर्थकूं स्पष्टकरिकैनिरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य! सोनिर्मलमनहैतीक्ष्णधाराजिसकी ऐसाजो यहवशकर्‍याहुआप्राणवायुरूपखड्गहै ॥ ताप्राणवायुरूपखड्गकरिकै यहयोगीपुरुष आपणेपादतलकेऊपरिस्थित अंगुष्ठगुल्फादिकमर्मोंकूंछेदनकरै ॥ और योगसाधनतैंरहितपुरुषोंकरिकै इंद्रकेवज्रकीन्यांई दुर्भेद्य जेजंघोंविषेस्थितमर्महैं ॥ तिनमर्मोंकूं यहयोगीपुरुष ध्यानरूपबलयुक्त तामनरूपखड्गकरिकै छेदनकरै ॥ और ऊरुस्थानविषेस्थितजेमर्महैं ॥ जिनमर्मोंकेभेदनहुए याजीवोंकूंमृत्युकीप्राप्तिहोवैहै ॥ तिनमर्मोंकूंभी यहयोगीपुरुष प्रातःकाल मध्याह्नकाल सायंकाल रात्रिकाल याचारिकालविषेकर्‍याजोअभ्यास ताअभ्यासवालेयोगतैं छेदनकरै ॥

इसप्रकार गुदा शिश्न कंद नाभि हृदयकमल कंठ इत्यादिकस्थानोंविषेस्थित जितनेमर्म्महैं ॥ तिनसर्वमर्मोंकूं यहयोगीपुरुष तायोगकेबलतैं छेदनकरै ॥ हेशिष्य ! इसप्रकार तिनमर्मोंकूंछेदनकरिकै सोयोगीपुरुष नाडियोंकूंभीछेदनकरै ॥ तहां याशरीरविषे एकशत एकनाडी १०१ प्रधानरहेहैं ॥ तिनप्रधाननाडियोंविषेभी एकएकनाडीकीशाखारूप बाहतरिबाहतरिसहस्र ७२००० नाडियांरहेहैं ॥ तिनसर्वनाडियोंविषे एकसुषुम्नानाडीही प्रधानहै ॥ जासुषुम्नानाडी दशमद्वारविषेप्राप्तभईहै ॥ तासुषुम्नानाडीविषे आपणेप्राणोंकाप्रवेशकराइकै यहयोगीपुरुष दूसरीसर्वनाडियोंकाछेदनकरै ॥ मैं इनमर्मोंविषे तथानाडियोंविषे स्थितनहींहूं याप्रकारकाजोबाधनिश्चयहै सोईही तिनमर्मनाडियोंकाछेदनहै ॥ हेशिष्य ! इसप्रकार जोयोगीपुरुष तायोगाभ्यासकेबलतैं तिन मर्मस्थानोंकूं तथासुषुम्नातैंभिन्ननाडियोंकूं छेदनकरिकै आपणेप्राणवायुकूं तासुषुम्नानाडीविषे प्रवेशकरावैहै ॥ सोयोगीपुरुष इस जन्मविषे अथवा दूसरेजन्मविषे वैराग्यकूंप्राप्तहोइकै आत्मज्ञानद्वारा मोक्षकूंप्राप्तहोवैहै ॥ यातैं ज्ञानरूपअग्निकरिकैप्रकाशमान जोशुद्धमनरूपखड्गहै ॥ तामनरूपखड्गकरिकै यहयोगीपुरुष तिनसर्वनाडीरूपबंधनोंकाछेदनकरै ॥ हेशिष्य ! इसप्रकार योगाभ्यासकेबलतैं जिसयोगीपुरुषकाचित्त वैराग्यकूंप्राप्तभयाहै ॥ तथा जोयोगीपुरुष सर्वदा एकांतदेशविषे निवासकरैहै ॥ तथा जोयोगीपुरुष सर्वसंगतैंरहितहै ॥ तथा जोयोगीपुरुष तायोगकेसर्वअंगोंकूंजानणेहाराहै ॥ ऐसायोगीपुरुष पूर्वउक्तसाधनोंकीभी अपेक्षानहींकरताहुआ शनैःशनैःकरिकै मोक्षकूंप्राप्तहोवैहै ॥ जैसे यालोकविषे पाशोंकरिकैबांध्याहुआ कोईहंसपक्षी तिनपाशोंकूंछेदनकरिकै निःशंकहोइकै आकाशविषेउडैहै ॥ ताआकाशकेउडणेविषे ताहंसकूं दूसरेकिसीसाधनकीअपेक्षाहोवैनहीं ॥ तैसे सोयोगीपुरुषभी तिननाडीरूपपाशोंकाछेदनकरिकै ब्रह्मलोकविषेजाइकै मोक्षकूंप्राप्तहोवैहै ॥ अथवा जैसे अग्निआदिकविशेषतेज काष्ठादिकइंधनोंकूंदग्धकरिकै आपणेसामान्यतेजभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे सोयोगीपुरुषभी तायोगाभ्यासकेबलतैं सर्वकर्मोंकूंदग्धकरिकै इसीशरीरविषे ब्रह्मभावरूपमोक्षकूंप्राप्तहोवैहै ॥ यातैंयहअर्थसिद्धभया ॥ प्राणायामकरिकैसूक्ष्मकन्याहुआ तथाप्रणवरूप मात्राहैआधारजिसका तथावैराग्यरूपशाणकरिकैघर्षणकन्याहुआ ऐसाजो मनरूपखड्गहै ॥ तामनरूपखड्गकरिकै यहयोगीपुरुष

तिननाडीरूपबंधनोंकाछेदनकरिकै मोक्षकूंप्राप्तहोवै ॥ हेशिष्य ! इसप्रकार ताक्षुरिकाउपनिषद्विषे योगकानिरूपणकऱ्याहै ॥ सोसंपूर्ण हमनैं तुमारेप्रतिकथनकऱ्या ॥ इतनेग्रंथकरिकै परमवैराग्यकीप्राप्तिकरणेहारेयोगका निरूपणकऱ्या ॥ अब तापरमहंससंन्यासकेनिरूपणकरणेवासते प्रथम जाबालउपनिषद्केचतुर्थखंडविषेकथनकऱ्याजो तापरमहंससंन्यासकेग्रहणकरणेकाकाल तथा तापरमहंससंन्यासकाअधिकारी तिनदोनोंकानिरूपणकरैं हैं ॥ तहांप्रथम कालकानिरूपणकरैं हैं ॥ हेशिष्य ! यासर्वअधिकारीपुरुषोंकूं सर्वअवस्थावोंविषे तापरमहंससंन्यासकेग्रहणकरणेविषे यहवैराग्यही मुख्यकारणहै ॥ तावैराग्यतैंविना किसीभीअवस्थाविषे तापरमहंससंन्यासकाग्रहणहोवैनहीं॥ याकारणतैं सोवैराग्यही तापरमहंससंन्यासकेग्रहणकरणेका कालहै ॥ तहांश्रुति॥ यदहरेवविरजेत्तदहरेवप्रव्रजेत्॥ अर्थयह॥ याअधिकारीपुरुषकूं बाल्यअवस्थाविषे तथा युवाअवस्थाविषे तथावृद्धअवस्थाविषे जिसदिनविषे तथाजिसक्षणविषे तीव्रवैराग्यकीप्राप्तिहोवै॥ सोअधिकारीपुरुष तिसीअवस्थाविषे तथातिसीदिनविषे तथातिसीक्षणविषे संपूर्णकर्मोंकापरित्यागकरिकै संन्यासआश्रमकूंग्रहणकरै ॥१॥ ता तीव्रवैराग्यतैंविना याअधिकारीपुरुषोंने बाल्यअवस्थाविषे तथायौवनअवस्थाविषे तथावृद्धअवस्थाविषे तापरमहंससंन्यासकेग्रहणकरणेका संकल्पमात्रभीनहींकरणा॥ याकारणतैं वेदवेत्तापुरुषोंनैं तापरमहंससंन्यासकेग्रहणकरणेका वैराग्यहीकालकह्याहै ॥ और तावैराग्यकीउत्पत्तिविषे पूर्व गर्भदुःखोंकाविचार तथामरणकालकाज्ञान तथायोगाभ्यास येतीनोंकारण कथनकरिआयेहैं॥ और संपूर्णउपनिषदोंविषे जानानाप्रकारकीउपासना कथनकरीहै॥ तेउपासनाभी तावैराग्यकीउत्पत्तिविषेही कारणहैं॥ शंका॥ हेभगवन्! तेउपासना साक्षात् मुक्तिकेहीकारण किसवास्तेनहींहोवैं ? समाधान॥ हेशिष्य ! तेउपासना विपरीतज्ञानरूपअध्यासकरिकैजन्यहोवै हैं॥ यातैं तिनउपासनावोंविषे साक्षात्मुक्तिकीकारणता संभवैनहीं॥ जैसे नाम रूप क्रिया स्थान गुण यापांचोंतैंरहित जो अद्वितीयब्रह्महै ॥ ताअद्वितीयब्रह्मका उत् यहनामहै ॥ तथा सुवर्णकीन्यांई रूपहै॥ तथा ऊर्ध्वलोकोंकापालन क्रियाहै ॥ तथा आदित्यमंडल स्थानहै ॥ तथा सर्वश्रेष्ठपणां गुणहै ॥ इसप्रकार तानिर्गुणब्रह्मविषे नामादिकोंकाआरोपणकरिकै सर्वत्र उपासनाहोवैहै ॥ यातैं [illegible] विपरी[illegible]नरूपअध्यासकरि[illegible] !

तेउपासनाभी अनेकप्रकारकीहोवैहैं ॥ तहां उपनिषदोंके स्थानोंविषे स्थित जितनेमर्म हैं ॥ तिनसर्वमर्मोंकूं यहयोगीपुरुष ॥
और किसीस्थलविषेतौ ताब्रह्मकेविभूतियोंकीउपासना कथनकरीहै॥तिनविभूतियोंविषेभी कोईक विभूतियांतौ कारणरूपहोवैहैं
तथासमष्टिरूपहोवैहैं तथाअधिदैवरूपहोवैहैं ॥ जैसे हिरण्यगर्भ विराट् आदित्य आदिकहैं ॥ और कोईक विभूतियांतौ कार्य
रूपहोवैहैं तथाव्यष्टिरूपहोवैहैं तथाअध्यात्मरूपहोवैहैं ॥ जैसे मन प्राण वाकादिकहैं ॥ तिन कारणकार्यरूपविभूतियोंकीही ब्रह्म
रूपकरिकैउपासना कथनकरीहै ॥ और किसीस्थलविषेतौ प्रणवादिकमंत्रोंका तथातिनमंत्रोंकेब्रह्मरूपअर्थका परस्पर तादात्म्य
रूपकरिकै उपासनाकथनकरीहै ॥ तेउपासनाभी दोप्रकारकीहोवैहैं ॥ तहां एकउपासनावोंविषेतौ प्रणवादिकमंत्र प्रधानहोवैहैं ॥
और तिनमंत्रोंकाब्रह्मरूपअर्थ गौणहोवैहै ॥ और दूसरीउपासनावोंविषेतौ प्रणवादिकमंत्र गौणहोवैहैं ॥ और तिनमंत्रोंकाब्रह्म
रूपअर्थ प्रधानहोवैहै ॥ तहां अथर्वशिर योगशिखा पूर्वतापनीय उत्तरतापनीय मांडूक्य आत्मबोध दोनोंनारायण अमृतनाद अ
मृतबिंदु इत्यादिकउपनिषदोंविषेतौ प्रणवादिकमंत्रोंकी प्रधानरूपकरिकैउपासना कथनकरीहै ॥ और तिनोंकेअर्थकी गौणरूपक
रिकै उपासना कथनकरीहै ॥ और प्रश्न मुंडक बृहदारण्यक छांदोग्य कठवल्ली इत्यादिकउपनिषदोंविषेतौ तिनप्रणवादिकमंत्रों
केअर्थकी प्रधानरूपकरिकै उपासनाकथनकरीहै ॥ और तिनप्रणवादिकमंत्रोंकी गौणरूपकरिकै उपासनाकथनकरीहै ॥ और रु
द्राध्यायविषे तथामंडलब्राह्मणविषे तथापुरुषसूक्तविषेतौ स्तुति रहस्यनाम मंत्र यातीनोंसहित ताब्रह्मकीउपासना कथनकरीहै ॥
इसप्रकार जितनी चारिवेदोंविषेउपनिषद्हैं ॥ तिनसर्वउपनिषदोंविषे याप्रकारकीअनेकउपासना कथनकरीहै ॥ तेसर्वउपा
सना वैराग्यकेहीकारणहैं ॥ शंका ॥ हेभगवन् ! याअधिकारीपुरुषोंकेप्रति आपणाआत्मरूपकरिकै निर्गुणब्रह्मकेबोधकरावणे
वासते प्रवृत्तहुईजेसर्वउपनिषद्हैं ॥ तिनउपनिषदोंविषे नानाप्रकारकीउपासनावोंकाकथनकरणा असंगतहै ॥ समाधान ॥ हे
शिष्य ! तेउपनिषद् यद्यपि निर्गुणब्रह्मकूंहीकथनकरैहैं ॥ तथापि सोनिर्गुणब्रह्म जिनपुरुषोंकेबुद्धिविषेनहींआवैहै ॥ तिनमंदबुद्धिपु
रुषोंऊपरि अनुग्रहकरिकै तेउपनिषद् स्थूलअरुंधतीन्यायकूंअंगीकारकरिकै नानाप्रकारसैं ताब्रह्मकावर्णनकरिकै तिनमंदबुद्धिपु

रुषोंकेचित्तविषे तानिर्गुणब्रह्मकाज्ञानकरावैहैं ॥ यातैं तिनउपनिषदोंविषे उपासनावोंकावर्णन असंगतनहीं है॥ शंका॥ हेभगवन्! सोब्रह्म सर्वदा एकरसहै ॥ यातैं ताएकरसअद्वितीयब्रह्मका नानारूपकरिकैवर्णन संभवैनहीं? ॥ समाधान॥ हेशिष्य! सोअद्वितीय निर्गुणब्रह्म अधिष्ठानरूपकरिकै यासर्वजगत्काआत्मरूपहै ॥ और जैसे रज्जुरूपअधिष्ठानका इदंअंश कल्पितसर्पादिकोंविषे अनुगतहोइकैप्रतीतहोवैहै ॥ तैसे सोअधिष्ठानरूपब्रह्मभी आपणेसत्यरूपकरिकै यासर्वजगत्विषे अनुगतहोइकैप्रतीतहोवैहै ॥ ताकल्पितजगत्रूपउपाधिकेसंबंधतैं तानिर्गुणब्रह्मकूंभी तेउपनिषद् नाम रूप क्रिया स्थान गुण यापंचरूपोंकरिकैविशिष्ट कथनकरैहैं ॥ यातैं कल्पितउपाधियोंकेसंबंधतैं ताअद्वितीयब्रह्मका नानारूपकरिकैवर्णन संभवहोइसकेहै ॥ हेशिष्य! नाम रूप क्रिया स्थान गुण यापांचोंकरिकैविशिष्ट जोसविशेषब्रह्महै ॥ तासविशेषब्रह्मकेबोधनकरणेविषे तिनउपनिषदोंकी जाप्रवृत्तिहोवैहै ॥ सा प्रवृत्ति दोप्रकारकीहोवैहै ॥ तहां एकतौ तिननामरूपादिकउपाधियोंके अनिषेधपूर्वक प्रवृत्तिहोवैहै ॥ और दूसरी तिननामरूपादिकउपाधियोंके निषेधपूर्वक प्रवृत्तिहोवैहै ॥ तहां यहअधिकारीपुरुष शुद्धअंतःकरणवालेहोइकै आपेही तिननामरूपादिकउपाधियोंकापरित्यागकरिकै तानिर्गुणब्रह्मकूंजानैंगे याप्रकारकेअभिप्रायकूंमनविषेराखिकै जेउपनिषद् सविशेषब्रह्ममात्रकूंकथनकरिकै निर्विशेषब्रह्मकथनतैं उपरामताकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ तेउपनिषद् प्रथमप्रवृत्तिकरिकै तासविशेषब्रह्मकूंकथनकरैहैं ॥ और यहअधिकारीपुरुष हमारेउपदेशतैंविना तानिर्विशेषब्रह्मकूं किसप्रकारजाणैंगे? याप्रकारकेअभिप्रायकूंमनविषेराखिकै तिनअधिकारीपुरुषों ऊपरि अत्यंतकरुणाकरिकै जेउपनिषद् तिननामरूपादिकसर्वउपाधियोंकानिषेधकरिकै वारंवार तानिर्विशेषब्रह्मकूंही कथनकरैहैं॥ तेउपनिषद् तादूसरीप्रवृत्तिकरिकै ताब्रह्मकाकथनकरैहैं ॥ हेशिष्य! तादूसरीप्रवृत्तिकूंअंगीकारकरिकै निर्गुणब्रह्मकूंकथनकरणेहारी जेबृहदारण्यक आदिकउपनिषद्हैं ॥ तिनोंकाअर्थ हम तुमारेप्रति पूर्व कथनकरिआयेहैं ॥ और तिनबृहदारण्यकआदिकउपनिषदोंतैंभिन्न दूसरी जितनीउपनिषद् तानिर्विशेषब्रह्मकूंकथनकरैहैं ॥ तिनसर्वउपनिषदोंका अर्थ आगे हम तुमारेप्रति स्पष्ट करिकैकथनकरैंगे ॥ हेशिष्य! इसप्रकार नानाप्रकारकेनहत्तस्यौर्न्दिकै [illegible]

कारीपुरुष थोडेहीकालविषे शुद्धअंतःकरणवालाहोइकै षट्रोकूशानोंहिविषेहै ॥ [illegible] गर्भदुःखोंकाविचार तथा [illegible]॥
न तथाअष्टांगयोग येतीनों वैराग्यकेकारणहैं ॥ तैसे सापरमेश्वरकीउपासनाभी वैराग्यकाहीकारणहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् ! जि
सअधिकारीपुरुषकूं तिनउपासनावोंकेकरणेविषे सामर्थ्यनहीं॥ सोअधिकारीपुरुष तावैराग्यकीप्राप्तिवासते कौनउपायकरै ? ॥ समा
जावोंकीसंधि इत्यादिकस्थान अत्यंतपुष्टहैं ॥ और जिसकृष्णभगवान्‌काउदर कृशहै ॥ तथा जिसकृष्णभगवान्‌केहस्तपादादिक अंग पुष्टहैं ॥ तथा जिसकृष्णभगवान्‌केअंगोंकीरचना वज्रकेसमान सघनहै॥तथा जोकृष्णभगवान्‌ षोडशवर्षकीअवस्थावालाहै ॥ तथा जोकृष्णभगवान्‌ पीनउन्नतजघनस्थानोंकरिकै शोभायमानहै ॥ और जैसे वृक्ष शाखावोंकरिकै शोभायमानहोवैहै ॥ तैसे दो हस्तोंविषे तथादोपादोंविषे स्थित जे वर्तुलाकार तथादीर्घ अंगुलिहैं॥तिनअंगुलियोंकरिकै जोकृष्णभगवान्‌शोभायमानहै॥तथा जो कृष्णभगवान्‌ चारिभुजावोंकरिकै शोभायमानहै॥तथा जिसकृष्णभगवान्‌काशरीर महानहै॥तथा जिसकृष्णभगवान्‌नैं रेशमकेपी तांबरकूंधारणकऱ्याहै ॥ तथा जोकृष्णभगवान्‌ कटीदेशविषेस्थितकांचीभूषणके घंटिकावोंकेमधुरशब्दकरिकै शोभायमानहै॥और अनेकप्रकारकेरत्नोंकरिकैजडित कंकण जिसकृष्णभगवान्‌केहस्तोंविषेहैं ॥ तथा अनेकरत्नोंकरिकैजडित अंगद जिसकृष्णभग वान्‌कीभूजावोंविषेहैं॥ तथा अनेकरत्नोंकरिकैजडित नूपर जिसकृष्णभगवान्‌केपादोंविषेहैं॥तथा अनेकरत्नोंकरिकैजडित जेअंगुलि भूषणहैं॥तेभूषण जिसकृष्णभगवान्‌के हस्तपादकीअंगुलियोंविषे विराजमानहैं॥और ग्रीवाविषेस्थितभूषणसहित कौस्तुभमणिकूं जिसकृष्णभगवान्‌नैं कंठविषेधारणकऱ्याहै॥और मुक्तावोंकेहारकूं तथापत्रपुष्पमय वनमालाकूं जिसकृष्णभगवान्‌नैं वक्षस्थलविषे धारणकऱ्याहै ॥ तथा आपणेदोनोंकर्णोंविषे जिसकृष्णभगवान्‌नैं मकराकार कुंडलोंकूं धारणकऱ्याहै ॥ और मयूरकेपक्षोंकरिकैयुक्त जोसुवर्णरत्नमयमुकुटहै ॥ तामुकुटकूं जिसकृष्णभगवान्‌नैं आपणेमस्तकविषेधारणकऱ्याहै ॥ तथा जिसकृष्णभगवान्‌नैं आपणे ललाटविषे केसरकेतिलककूं धारणकऱ्याहै ॥ और अनेकप्रकारकेरत्नोंकरिकैजडित तथाअनेकप्रकारकैपुष्पोंकरिकेयुक्त जासुवर्ण मयविचित्ररक्षाहै ॥ तारक्षाकूं जिसकृष्णभगवान्‌नैं आपणेमूर्द्धविषेधारणकऱ्याहै ॥ तहां जिसकरिकै मस्तकककेश बांधीतेहैं ताकूं रक्षाकहेहैं ॥ और जोकृष्णभगवान्‌ तीनलोकवर्त्तिस्त्रियोंके मनकूं तथानेत्रोंकूं आनंदकीप्राप्तिकरणेहाराहै ॥ और जोकृष्णभगवा न्‌ आपणेचारिहस्तोंविषे प्रदक्षिणाक्रमतैं शंख गदा पद्म चक्र याचारोंकूंधारणकरैहै ॥ तहां दक्षिणभागकेनीचलेहस्तविषेतो शंखकूंधारणकरैहै ॥ और तादक्षिणभागकेऊपरिलेहस्तविषे गदाकूंधारणकरैहै ॥ और वामभागकेऊपरिलेहस्तविषे पद्मकूंधारण

करैहै ॥ और तावामभागकेनीचलेहस्तविषे चक्रकूंधारणकरैहै ॥ और जोकृष्णभगवान् गौवां पृथिवी ब्राह्मण इनसर्वकेपीडाकूंनाशकरणेहाराहै ॥ और दैत्योंकेसमान यज्ञादिकधर्मोंका तथादेवतावोंका द्रोहकरणेहारे जेअधर्मीराजेहैं॥तिनराजावोंकूं जोकृष्णभगवान् सर्वदा दुःखकीप्राप्तिकरैहै॥औरयापृथिवीविषे जिसजिसकालमें धर्मकालोपहोइजावैहै ॥ तथा अधर्मकीवृद्धिहोवैहै॥तिसतिसकालविषे यहदेवकीकापुत्र कृष्णभगवान् धर्मात्मापुरुषोंकीरक्षाकरणेवासते तथादुष्टजनोंकेनाशकरणेवासते यापृथिवीविषे अवतारकूंधारणकरैहै॥यहवार्त्ता श्रीगीताविषे कृष्णभगवान्नें आपहीकहीहै॥तहांश्लोक॥परित्राणायसाधूनां विनाशायचदुष्कृतां॥धर्मसंस्थापनार्थायसंभवामियुगेयुगे॥अर्थयह॥धर्मात्मापुरुषोंकेरक्षाकरणेवासते तथापापात्माजीवोंकेनाशकरणेवासते मैंकृष्णभगवान् युगयुगविषे अवतारकूंधारणकरौंहूं॥१॥और यहकृष्णभगवान्हीसाक्षात् नारायणरूपहै ॥ तथा सर्वदेवतावोंका आत्मारूपहै ॥ और सोप्रणवमंत्र तथाअष्टाक्षरमंत्रभी याकृष्णभगवान्केस्वरूपकूंही प्रतिपादनकरैहै ॥ यातें यहकृष्णभगवान् सर्वसगुणरूपोंतेंश्रेष्ठहै॥ हेशिष्य ! याअधिकारीपुरुषकूं जबपर्यंत तानिर्गुणब्रह्मकासाक्षात्कारनहींहोवै ॥ तबपर्यंत यहअधिकारीपुरुष पूर्वउक्तवस्त्रभूषणादिकोंसहित ताकृष्णभगवान्काध्यानकरै ॥ हेशिष्य ! हृदयकमलविषेस्थित तथासूर्यमंडलविषेस्थित तथागोकुलादिकस्थानोंविषेस्थित तथापूर्वउक्तलीलादिकगुणोंकरिकैयुक्त जोकृष्णभगवान्है ॥ सोकृष्णभगवान् जबी याअधिकारीपुरुषकेचित्तविषे प्रयत्नतेंविनाही सर्वदा प्रतीतहोवैहै॥तबी जैसे दीपघटादिक पदार्थोंकेप्रकाशकाहेतुहोवैहै॥तैसे सोकृष्णभगवान्भी आपणेनिर्गुणस्वरूपकेसाक्षात्कारविषे हेतुहोवैहै ॥ हेशिष्य! यहअधिकारीपुरुष ताकृष्णभगवान्केध्यानतें शुद्धअंतःकरणवालाहोइकै जिसनिर्गुणब्रह्मकूं आपणाआत्मारूपकरिकै साक्षात्कारकरैहै ॥ सोनिर्गुणब्रह्मकैसाहै ? सर्वभूतोंकेअंतरस्थितहै ॥ तथा सर्वजगत्काकारणहै ॥ तथा उत्पत्तिनाशतेंरहितहै ॥ तथा सर्वशोकमोहादिकोंतेंरहितहै ॥ ऐसेब्रह्मकूं आपणाआत्मरूपजाणिकै यहविद्वान्पुरुषभी तिसीप्रकारकाहोवैहै ॥ यातें श्रीकृष्णभगवान्केध्यानकरणेहारा योगीपुरुष पुनःसंसारदुःखोंकूं नहींप्राप्तहोवैहै ॥ यहजोवचन श्रुतिविषेकथनकऱ्याहै सोयथार्थहीहै ॥ हेशिष्य! याअधिकारीपुरुषनें जबपर्यंत ताकृष्णभगवान्केध्यानकरिकै तानिर्गुणब्रह्मकूंआपणाआत्म

रूपकरिकैनहींजान्याहै ॥ तबपर्यंतही याअधिकारीपुरुषकूं यहद्वैतप्रपंच प्रतीतहोवैहै ॥ और यहअधिकारीपुरुष जबी ताकृष्णभग वान्केध्यानतैं तानिर्गुणब्रह्मकूं आपणाआत्मारूपकरिकैजाणैहै ॥ तबी याअधिकारीपुरुषकूं सोद्वैतप्रपंच प्रतीतहोवैनहीं ॥ किंतु जैसे रज्जुकेज्ञानतैंअनंतर कल्पितसर्प रज्जुरूपहीहोवैहै ॥ तैसे ताअद्वितीयब्रह्मकेज्ञानतैंअनंतर यहद्वैतप्रपंचभी अद्वितीयब्रह्मरूपही होवैहै ॥ अब भेददर्शनविषे अनर्थकीकारणता दिखावैहैं ॥हेशिष्य ! ऐसेअद्वितीयनिर्गुणब्रह्मविषे जोपुरुष भेदकूंदेखैहै ॥ सोभेद दर्शीपुरुष अनेकवार संसारकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तथा अनेकवार जन्ममरणादिकदुःखोंकूंप्राप्तहोवैहै ॥ हेशिष्य ! जैसे निर्गुणब्रह्मविषे सोभेद वास्तवतैंनहींहै ॥ तैसे मायाविशिष्टसगुणब्रह्मविषेभी सोभेद वास्तवतैंनहींहै ॥काहेतें ? जैसे मृत्तिकाकेकार्य घटशरावादि कतामृत्तिकारूपकारणतैं भिन्ननहींहैं ॥ तैसे ताब्रह्मकाकार्यरूपयहजगत्भी ताब्रह्मरूपकारणतैंभिन्ननहींहै ॥ यातैं सगुणब्रह्मविषे तथानिर्गुणब्रह्मविषे सोभेद वास्तवतैंहैनहीं ॥ ऐसेअद्वितीयब्रह्मविषे जोपुरुष भेदकूंदेखैहै ॥ सोभेददर्शीपुरुष अत्यंतदारुणदुःखकूं प्राप्तहोवैहै ॥ यहजोश्रुतिनेंकह्याहै ॥ सो यथार्थकह्याहै ॥ हेशिष्य ! विपरीतदर्शीपुरुषकूं अनर्थकीप्राप्तिहोवैहै ॥ यहवार्त्ता केवल श्रुतिप्रमाणतैंही सिद्धनहींहै ॥ किंतु यहवार्त्ता सर्वलोकोंकेअनुभवकरिकैभीसिद्धहै ॥ काहेतें ? यालोकविषे जोभ्रांतपुरुष विषकूंअमृ तजाणिकै ताविषकूंभक्षणकरैहै ॥ सोविपरीतदर्शीपुरुष मृत्युकूंहीप्राप्तहोवैहै ॥ और जोभ्रांतपुरुष अग्निकूं जलरूपजाणिकै ताअ ग्निविषेप्रवेशकरैहै ॥ सोविपरीतदर्शीपुरुषदाहकूंही प्राप्तहोवैहै ॥ और जैसे विषविषे अमृतबुद्धिकरणी तथाअग्निविषे जलबुद्धिकर णीयेदोनों विपरीतदृष्टिहैं ॥ तैसे सर्वद्वैततैंरहितअद्वितीयब्रह्मविषे द्वैतबुद्धिकरणी यहभी विपरीतदृष्टिहीहै ॥ ऐसेद्वैतदर्शनरूप वि परीतदृष्टितैं यापुरुषकूं जोवारंवार जन्ममृत्युकीप्राप्तिहोवैहै ॥ सोकोई अनुचितवार्त्तानहींहै ॥ काहेतें ? यालोकविषे यहजीव जैसा जैसाबीज बोवैहैं ॥ तैसेही फलकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ जैसे निंबकेबीजबोयेतैं निंबकेफलोंकूंहीप्राप्तहोवैहै ॥ आम्रफलोंकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ तै से अद्वितीयआत्माविषेभेददृष्टिकरिकै सोपुरुष वारंवार जन्ममृत्युकूंहीप्राप्तहोवैहै ॥ मोक्षकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ तात्पर्ययह गौणआ त्मा मिथ्याआत्मा मुख्यआत्मा यहतीनप्रकारकाआत्माहोवैहै ॥ तहां पुत्रादिकपदार्थ गौणआत्माहै ॥ और शरीर मिथ्याआत्मा

है ॥ और साक्षीकूटस्थ मुख्यआत्माहै ॥ तहां जोकोईपुरुष किसीजीवकेपुत्ररूपगौणआत्माकाहननकरैहै ॥ अथवा किसीजीवकेश रीररूप मिथ्याआत्माकाहननकरैहै॥तिसहननकरणेहारेपुरुषकूं राजादिक महानताडनाकरैहैं ॥ जबी गौणआत्माके तथामिथ्याआ त्माके हननकरणेहारापुरुषभी राजादिकोंकताडनाकूंप्राप्तहोवैहै॥तबी साक्षीकूटस्थरूपमुख्यआत्माकूं भेददृष्टिरूपशस्त्रकरिकैहनन करणेहारापुरुष वारंवार जन्ममृत्युकूंप्राप्तहोवैहै याकेविषे क्याकहणाहै? यहवार्त्ता अन्यशास्त्रविषेभीकहीहै॥ तहांश्लोक॥अन्यथासं तमात्मानमन्यथायोऽभिमन्यते॥किंतेननकृतंपापं चौरेणात्मापहारिणा ॥ अर्थयह॥अद्वितीय सत् चित् आनंद व्यापक आ त्माकूं जोपुरुषद्वैत असत् जड दुःख परिछिन्न रूपकरिकैमानैहै॥सोपुरुष आपणेआत्माकाही हननकरणेहाराहै॥ऐसेआत्महत्यारे चौर पुरुषनैं यालोकविषेकौनपापनहींकन्ये? किंतु संपूर्णपापकर्म तापुरुषनैंकन्ये ॥ १ ॥ यातैं याअधिकारीपुरुषोंनैं ताअद्वितीयआत्माविषे कदाचित्भी भेददृष्टिनहींकरणी ॥ हेशिष्य! याजीवोंकेहृदयकमलविषेविराजमान तथासर्वभेदतैंरहित तथासर्वबुद्धिकाप्रकाशक तथासर्वजगत्काआधाररूप तथासूर्यादिकसर्वप्रकाशोंकाकारण ऐसाजो आनंदस्वरूपअद्वितीयकृष्णभगवान्है॥ ताकृष्णभगवान्कूं जोअधिकारीपुरुष मैंकृष्णरूपहूं याप्रकार आपणाआत्मारूपकरिकैजानैहै ॥ सोअधिकारीपुरुष किंचित्मात्रभी संसारदुःखकूंप्रा प्तहोवैनहीं ॥ यातैं ऐसेजीवब्रह्मकेअभेदज्ञानकूं याअधिकारीपुरुषनैं अवश्यकरिकै संपादनकरणा ॥ हेशिष्य ! याआत्मपुराणकेप्र थमअध्यायविषे ऐतरेयउपनिषद्केअर्थनिरूपणविषे जोआत्मा प्रज्ञारूपकरिकैकथनकन्याथा ॥ सोईहीआत्मा याऐतरेयशाखावि षेस्थितआत्मप्रबोधनामाउपनिषद्विषे प्रज्ञानेत्र यानामकरिकैकथनकन्याहै ॥ जैसे याजीवोंकेनेत्र बाह्यसर्वव्यवहारकीसिद्धिकरै हैं ॥ तैसे याआत्मादेवका ज्ञानरूपप्रज्ञानेत्रभी सर्वव्यवहारोंकीसिद्धिकरैहै ॥ यातैं याआत्मादेवकूं श्रुतिभगवती प्रज्ञानेत्र यानाम करिकैकथनकरैहै ॥ हेशिष्य ! जाचैतन्यरूपप्रज्ञा यासर्वजगत्काआधारहै ॥ तथा जिसप्रज्ञाविषे यासर्वजगत्कीस्थितिरूप प्र तिष्ठाहै ॥ तात्वंपदार्थरूपप्रज्ञाकूं ॥ प्रज्ञानमानंदंब्रह्म ॥ इत्यादिकमहावाक्य ब्रह्मरूपकरिकैकथनकरैहै॥हेशिष्य ! ताप्रज्ञाप्रतिष्ठा रूपब्रह्मकूं यहअधिकारीपुरुष जबी आपणाआत्मारूपकरिकै साक्षात्कारकरैहै ॥ तबी देहादिकअनात्मपदार्थोंविषे आत्मबुद्धिरूप

अविद्याकापरित्यागकरिकै यहअधिकारीपुरुष ताब्रह्मभावकूंहीप्राप्तहोवैहै ॥ हेशिष्य! इसप्रकार ताअद्वितीयआत्माकेविचार करणेहारापुरुष जोकदाचित् विषयोंविषेरागवान्होवैहै तौ तिसपुरुषकूं तारागरूपप्रतिबंधकेवशतैं यद्यपि इसजन्मविषे ताआ त्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ तथापि सोरागवान्पुरुष ब्रह्मलोकविषेजाइकै तहां नानाप्रकारकेदिव्यभोगोंकूंभोगिकै ताब्रह्मा केसाथ परब्रह्मभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और सोअधिकारीपुरुष जोविषयरागतैंरहितहोवैहै तौ इसीजन्मविषे ताब्रह्मकूंप्राप्तहोवैहै यातैं याअधिकारीपुरुषनैं ताविषयरागकापरित्यागकरिकै ताआत्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिवासते दृढप्रयत्नकरणा ॥ हेशिष्य! जि सअद्वितीयब्रह्मविषे स्वप्रकाशप्रजारूपज्योति तथानिरतिशयआनंद स्वरूपभूतहोइकै सर्वदा स्थितहोवैहै ॥ ताअद्वितीयब्रह्मकी प्राप्तिवासते यहअधिकारीपुरुष ताकृष्णभगवान्की याप्रकार प्रार्थनाकरै ॥ हे वासुदेवस्वरूपकूंधारणकरणेहारा कृष्णभगवन्! हे देवकीमाताकेनेत्रोंकूं आनंदकीप्राप्तिकरणेहारा कृष्णभगवन्! हेवसुदेवकेपुत्रकृष्णभगवन्! मैंअधिकारीजन तुमारेशरणकूंप्रा प्तभयाहूं ॥ यातैं मैंअधिकारीजनकूं आपणेवास्तवनिर्गुणस्वरूपकीप्राप्तिकरो ॥ हेशिष्य! इसप्रकार यहअधिकारीपुरुष जबी ताकृष्णभगवान्कीप्रार्थनाकरैहै॥ तबी याअधिकारीपुरुषकेतांई सोकृष्णभगवन् वेदांतकेअर्थधारणकरणेविषेसमर्थ बुद्धिरूपमेधा कीप्राप्तिकरैहै॥ ताशुद्धबुद्धिकरिकै याअधिकारीपुरुषकूं गुरुशास्त्रकेउपदेशशतैं मैंब्रह्मरूपहूं याप्रकारकेआत्मज्ञानकीप्राप्तिहोवैहै ॥ ताआत्मज्ञानकेप्रभावतैं याअधिकारीपुरुषके जन्ममरणादिकसर्वदुःख निवृत्तहोवैहै॥यातैं याअधिकारीपुरुषनैं ताकृष्णभगवान्की प्रार्थना तथाध्यान अवश्यकरिकैकरणा ॥ हेशिष्य! इसप्रकार आत्मप्रबोधनामाउपनिषद्विषे जाब्रह्मविद्या कथनकरीहै ॥ सा संपूर्णब्रह्मविद्या हमनैं तुमारेप्रति कथनकरी ॥ अब कैवल्यउपनिषद्विषे जाब्रह्मविद्या कथनकरीहै ॥ साब्रह्मविद्या हम तुमारेप्र ति कथनकरतेहैं ॥ तू सावधानहोइकैश्रवणकर ॥ हेशिष्य! पूर्व ऋग्वेदकाआचार्य एक आश्वलायननामाऋषि होताभया ॥ सो आश्वलायननामाऋषि एककालविषे ब्रह्मविद्याकेप्राप्तिकीइच्छाकरिकै ब्रह्मादीकेसमीप जाताभया ॥ ताब्रह्माकेसमीपजाइकै सो आश्वलायननामाऋषि याप्रकारकाप्रश्न करताभया ॥ आश्वलायनउवाच ॥ हेभगवन्! जाब्रह्मविद्या सर्वविद्यावोंतैंश्रेष्ठ

है॥ तथा शमदमादिकसाधनोंयुक्त विद्वान्‌पुरुष आपणेहृदयकमलविषे जिसब्रह्मविद्याकूं सर्वदा सेवनकरैहैं ॥ तथा जा ब्रह्मविद्या विषयासक्तअनधिकारीपुरुषोंकेतांई नहींदेणेयोग्यहै ॥ तथा जिसब्रह्मविद्याकेप्रभावतें यहविद्वान्‌पुरुष सर्वपापोंकापरित्यागकरिकै परब्रह्मभावकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ ऐसीब्रह्मविद्याकूं आप भलीप्रकारजाणतेहो ॥ यातें साब्रह्मविद्या हमारेतांई आपकृपाकरिकै उपदेशकरो ॥ हेशिष्य ! इसप्रकार जबी ताआश्वलायनऋषिनैं ब्रह्माकेप्रति प्रश्नकऱ्या ॥ तबी सोब्रह्मा ताआश्वलायनऋषिकेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ ब्रह्माउवाच॥ हेआश्वलायन ! जिसअधिकारीपुरुषकी गुरुशास्त्रकेवचनोंविषे आस्तिक्यबुद्धिरूपश्रद्धाहै॥ तथा जिसअधिकारीपुरुषकी ब्रह्मउपदेष्टागुरुविषे परमभक्तिहै ॥ तथा जोअधिकारीपुरुष ब्रह्माकारवृत्तिरूपध्यानकरिकैयुक्तहै ॥ सोअधिकारी पुरुषही ब्रह्मज्ञानकूंप्राप्तहोवैहै॥ श्रद्धा भक्ति ध्यान यातीनोंतैंरहितपुरुषकूं ताब्रह्मज्ञानकी प्राप्तिहोवैनहीं ॥ यातें अन्वयव्यतिरेककरिकै श्रद्धा भक्ति ध्यान येतीनोंहीं ताब्रह्मज्ञानकेसाधनहैं ॥ हेआश्वलायन ! जैसे श्रद्धा भक्ति ध्यान येतीनों ब्रह्मज्ञानकेसाधनहैं॥ तैसे संन्यासआश्रमभी ताब्रह्मज्ञानकासाधनहै ॥ काहेतें ? याअधिकारीपुरुषोंकूं अग्निहोत्रादिक श्रौतस्मार्त्तकर्मोंकरिकैभी ताब्रह्मज्ञानकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ तथा याअधिकारीपुरुषोंकूं पुत्रपौत्रादिकप्रजाकरिकैभी ताब्रह्मज्ञानकीप्राप्तिहोवैनहीं॥तथा याअधिकारीपुरुषोंकूं कर्मउपासनारूपदैवधनकरिकै तथासुवर्णादिरूपमानुषधनकरिकैभी ताब्रह्मज्ञानकीप्राप्तिहोवैनहीं॥ किंतु एकत्यागकरूपसंन्यासआश्रमकरिकैही याअधिकारीपुरुषोंकूं ताब्रह्मज्ञानकीप्राप्तिहोवैहै ॥ हेआश्वलायन ! कर्म प्रजा धन यातीनोंकरिकै जोकदाचित् सोब्रह्मज्ञान उत्पन्नभीहोवैहै ॥ तोभी सोब्रह्मज्ञान परोक्षहीहोवैहै ॥ अपरोक्षहोवैनहीं॥ केवलसंन्यासआश्रमकरिकैही याअधिकारीपुरुषोंकूं ताअपरोक्षज्ञानकीप्राप्तिहोवैहै ॥ तहांश्रुति॥ **नकर्मणा नप्रजया नधनेन त्यागेनैके अमृतत्वमानशुः** ॥ अर्थयह॥ कर्मोंकरिकै तथापुत्रादिकप्रजाकरिकै तथासुवर्णादिकधनकरिकै अमृतभावकीप्राप्ति होवैनहीं ॥ किंतु पूर्वविद्वान्‌पुरुष कर्म प्रजा धन यातीनोंकेत्यागरूपसंन्यासकरिकैही ताअमृतभावकूंप्राप्तहोतेभयेहैं ॥ १ ॥ अब याहीअर्थकूंस्पष्टकरिकै निरूपणकरैहैं ॥ हे आश्वलायन ! यहआनंदस्वरूपब्रह्म स्वर्गलोकतैंपरहुआभी अमृतरूपहै॥ तथा सोब्र

ह्म सर्वजीवोंकेहृदयरूपगुहाविषेस्थितहैं ॥ यातें स्वयंप्रकाशरूपहै ॥ ऐसे स्वप्रकाशनित्यअपरोक्षब्रह्मका जोपरोक्षरूपकरिकैज्ञान है ॥ सोज्ञान भ्रांतिरूपहै ताभ्रांतिज्ञानतें मोक्षकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ किंतु अपरोक्षब्रह्मज्ञानतैंही मोक्षकीप्राप्तिहोवैहै ॥ ऐसेब्रह्मके अपरोक्षज्ञानकूं सर्वप्रतिबंधतैंरहित संन्यासीही प्राप्तहोवैहै ॥ इतरपुरुष ताअपरोक्षज्ञानकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ हेआश्वलायन ! जेसंन्यासी ब्रह्मवेत्तागुरुकेमुखतैं वेदांतवचनोंकाश्रवणकरिकै तिनवचनोंका अद्वितीयब्रह्मविषे तात्पर्यनिश्चयकरैहैं ॥ तथा जेसंन्यासी ताश्रवणकरेहुएअर्थका वारंवार मननकरैहैं ॥ तथा तामननकर्‍येहुएब्रह्मविषे निरंतर चित्तकेवृत्तियोंकाप्रवाहरूप निदिध्यासनकरैहैं ॥ तिनसंन्यासियोंकूं जोकदाचित् ब्रह्मलोकके प्राप्तिकीइच्छारूप प्रतिबंधहोवैहै तौ तेसंन्यासी इसशरीरविषे ताब्रह्मज्ञानकूं प्राप्तहोवैनहीं ॥ किंतु तेसंन्यासी याशरीरकापरित्यागकरिकै ताब्रह्मलोकविषेजाइकै ताब्रह्मज्ञानकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ और जिनसंन्यासियोंकूं ताब्रह्मलोकके प्राप्तिकीइच्छानहींहै ॥ तेसंन्यासीतौ इसीजन्मविषे ताब्रह्मज्ञानकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ और हेआश्वलायन ! तेसंन्यासी जबी ब्रह्मलोकविषेजावैहैं ॥ तबी तिनसंन्यासियोंकूं तिसीजाणेकालविषेही ताब्रह्मज्ञानकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ किंतु जबी ताहिरण्यगर्भरूपब्रह्माके आयुषकीसमाप्तिहोवैहै ॥ तबीहीतेसंन्यासी ब्रह्माकेसाथ परब्रह्मभावकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ यातें ताब्रह्मलोकके प्राप्तिकीइच्छाकापरित्यागकरिकै यहअधिकारीपुरुष ताब्रह्मभावकीप्राप्तिवासतै याप्रकारकायोगकरै ॥ तहां यहअधिकारीपुरुष किसीएकांतनिर्मलदेशविषे प्रथमदर्भोंकूंबिछावै॥ तिनदर्भोंऊपरि मृगचर्मबिछावै ॥ तामृगचर्मऊपरि वस्त्रबिछावै ॥ ऐसेआसनऊपरि पद्मादिकआसनकूंबांधिकरिकैस्थितहोवै ॥ और शास्त्रकीरीतिसैं अंतरशौचकूं तथाबाह्यशौचकूं करिकै तथाश्रमतैंरहितहोइकै सोयोगीपुरुष आपणेमस्तककूं तथाग्रीवाकूं तथाशरीरकूं दंडकीन्यांई सूधाराखै ॥ इसप्रकार आसनकूंदृढकरिकै सोयोगीपुरुष नेत्रादिकबाह्यइंद्रियोंका तथामनरूपअंतरइंद्रियका निरोधकरै ॥ तथा आपणेगुरुकूं श्रद्धाभक्तिपूर्वक नमस्कारकरै ॥ तिसतैंअनंतर सोयोगीपुरुष पंचछिद्रयुक्तहृदयकमलकाध्यानकरै ॥ कैसाहैसोहृदयकमल ? सूर्य चंद्रमा अग्नि यातीनोंकरिकैयुक्तहै ॥ तथा रागद्वेषादिकराजसधर्मोंतैंरहितहै ॥ तथा मोहादिकतामसधर्मोंतैंरहितहै ॥ ऐसे हृदयकमलकाध्यानकरिकै सोयोगीपुरुष ता

हृदयकमलविषे निराकारब्रह्मकाध्यानकरै ॥ कैसाहैसोनिराकारब्रह्म ? सर्वदुःखोंतेंरहितहै ॥ तथा अद्वितीयआनंदस्वरूपहै ॥ तथा मनवाणीकरिकैअचिंत्यहै ॥ तथा शब्दस्पर्शादिकगुणोंतेंरहितहै ॥ तथा जन्मतेंरहितहै ॥ तथा शिवरूपहै ॥ तथा मायातेंरहितहै ॥ तथा देशकालवस्तुपरिच्छेदतेंरहितहै ॥ तथा श्वासोंकीन्यांई विनाहीप्रयत्नतें चारिवेदोंकूंउत्पन्नकरणेहाराहै ॥ तथा जन्ममरणादिक विकारोंतेंरहितहै ॥ तथा एकअद्वितीयरूपहै ॥ तथा स्वयंज्योतिरूपहै ॥ तथा सर्वशक्तिसंपन्नहै ॥ तथा रूपादिकगुणोंतें रहितहै ॥ तथा आश्चर्यकरणेहाराहै ॥ इसप्रकार तानिर्गुणब्रह्मकाध्यान सोयोगीपुरुषकरै ॥ तानिर्गुणब्रह्मकेध्यानतें तायोगीपुरुषकूं सुखेंनहीं तानिर्गुणब्रह्मकासाक्षात्कारहोवैहै ॥ और हेआश्वलायन ! जिसअधिकारीपुरुषकाचित्त तानिर्गुणब्रह्मकेध्यानकरणेविषे समर्थनहींहोवै ॥ सोअधिकारीपुरुष ताहृदयकमलविषे याप्रकार सगुणब्रह्मकाध्यानकरै ॥ केनउपनिषद्विषे जाउमानामादेवी ब्रह्मविद्यारूपकरिकै वर्णनकरीहै ॥ सारूपयौवनअवस्थासंपन्न उमादेवी जिसपरमेश्वरकी स्त्रीरूपकरिकैस्थितहै ॥ कैसीहैसाब्रह्मविद्यारूपउमादेवी? यालोकविषे नानाप्रकारकेजातिवाली जेस्त्रियांहैं ॥ तिनसर्वस्त्रीरूपप्रतिबिंबोंका जाउमादेवी बिंबरूपहै ॥ तथा जाउमादेवी सर्वशक्तिरूपहै ॥ तथा जाउमादेवी महदादिकसर्वतत्त्वरूपहै ॥ और जिसउमादेवीकेअनुग्रहकरिकै इंद्रादिकदेवता तथा मनुष्यादिकजीव स्वर्गादिकोंकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ तथा मोक्षकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ तथा इसलोकविषे नानाप्रकारकेसुखोंकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ और जगत्कीउत्पत्तिरूप जोब्रह्माकाकर्महै ॥ तथा जगत्कीस्थितिरूप जोविष्णुकाकर्महै ॥ तथा जगत्कासंहाररूप जो रुद्रकाकर्महै ॥ तथा इंद्रादिकदेवतावोंका जोनानाप्रकारका ऐश्वर्यहै ॥ तेसंपूर्ण जगत्केउत्पत्तिस्थितिआदिककर्म जिसउमादेवीकेकृपाकटाक्षोंतें उत्पन्नहोवैहैं ॥ और जिसउमादेवीके क्रूरकटाक्षोंतें तिनसंपूर्णोंकानाशहोवैहै ॥ और जिसउमादेवीकेदोनों स्तन पीनउन्नतहैं ॥ जिसउमादेवीके जघनस्थान विशालहैं ॥ तथा जिसउमादेवीकामुख चंद्रमाकेसमानहै ॥ तथा जिसउमादेवीके दोनोंनेत्र मीनकेसमानचंचलहै ॥ तथा जिसउमादेवीकेकेश भ्रमरकेसमान श्यामहै ॥ तथा जिसउमादेवीकेसर्वअंग सुंदरहैं ॥ तथा जाउमादेवी महादेवकेधैर्यकूं हरणेहारीहै ॥ और जाउमादेवी विचित्रकांचीसूत्रकरिकै शोभायमानहै ॥ तथा जाउ

मादेवी नानाप्रकारकेरत्नोंकरिकैजडित कंकण अंगद नूपुर करिकैशोभायमानहै॥तथा जाउमादेवी मुक्तादिकरत्नोंकरिकैजडितहारों करिकै तथाकंठकेभूषणोंकरिकै शोभायमानहै ॥ तथा जाउमादेवी नानाप्रकारकेरत्नोंकरिकैजडित विचित्रमुकुटकरिकै तथाकुंड लादिकभूषणोंकरिकै शोभायमानहै ॥ तथा जिसउमादेवीकास्वरूप उपमानतैंरहितहै ॥ तथा जाउमादेवी भूषणोंकूंभी भूषितकर णेहारीहै ॥ तथा जाउमादेवी सर्वजगत्काकारणरूपकरिकै अनादीहुईभी षोडशवर्षकी अवस्थावालीहै ॥ ऐसीउमादेवीकेसहित विराजमान तथाताउमादेवीकापति जोश्रीमहादेवहैं ॥ सोमहादेवकैसेहैं? ताउमादेवीतैंभी अधिकगुणवालेहैं ॥ तथा जोमहादेव ब्रह्मादिकसर्वदेवतावोंकाप्रभुहै ॥ तथा जोमहादेव नानाप्रकारकेभूषणोंकरिकै शोभायमानहै ॥ तथा जोमहादेव व्याघ्रकेचर्मरूपीव स्त्रोंकूं धारणकरणेहाराहै ॥ अथवा दिशारूपीवस्त्रोंकूंधारणकरणेहाराहै ॥ तथा जिसमहादेवकेसर्वअंग भस्मकरिकैयुक्तहैं ॥ तथा जोमहादेव ब्रह्माकेमस्तकोंकीमालाकरिकै शोभायमानहै ॥ तथा जिसमहादेवकाललाटस्थल द्वितीयाकेचंद्रमाकरिकै शोभायमा नहै ॥ तथा जिसमहादेवनें आपणीजटावोंविषे श्रीगंगाजीकूंधारणकऱ्याहै॥ तथा जिसमहादेवकामुख मंदमंदहास्यकरिकै युक्तहै॥ तथा जिसमहादेवकाशरीर गौकेक्षीरसमान उज्ज्वलहै ॥ तथा जिसमहादेवकाशरीर कोटिकंदर्पकेसमान सुंदरहै ॥ तथा जिसम हादेवकेशरीरकीप्रभा कोटिसूर्यकेसमानहै ॥ तथा जोमहादेव यासर्वजगत्के उत्पत्ति स्थिति लयका कारणहै ॥ तथा जोमहा देव आप उत्पत्ति स्थिति लयतैं रहितहै ॥ तथा जिसमहादेवका मुखरूपकमल पूर्णमाकेचंद्रसमान सुंदरहै ॥ तथा जिसमहा देवके सूर्य चंद्रमा अग्नि येतीनोंनेत्र अत्यंत तेजस्वीहैं ॥ तथा जिसमहादेवके सर्वअंग सुंदरहै ॥ तथा जिसमहादेवकीग्रीवा शंखकीन्यांई तीनरेखावोंकरिकैयुक्तहै ॥ तथा जोमहादेव आपणीशोभाकरिकै जीवोंकेमनकूंहरणेहाराहै ॥ तथा जिसमहादे वकीदोनोंभुजा जानुपर्यंत दीर्घहैं ॥ तथा जिसमहादेवका शेषनाग यज्ञोपवीतरूपहै ॥ तथा जोमहादेव पद्मआसनकूंबांधिकै त थानासिकाकेअग्रभागविषे दृष्टिदेकै स्थितहै ॥ और जिसमहादेवकी ईशान तत्पुरुष अघोर सद्योजात वामदेव येपंचमूर्तिहैं ॥ तथा जोमहादेव तिनपंचमूर्तिकरिकै यथाक्रमतैं याजगत्की उत्पत्ति स्थिति संहार प्रवेश अनुग्रह यापंचकार्योंकीसिद्धिकरेहै ॥ तथा

जोमहादेव सनकादिकमुनियोंकाभी गुरुरूपहै ॥ तथा जोमहादेव स्वयंज्योतिस्वरूपहै ॥ तथा अद्वितीयआनंदस्वरूपहै ॥ और समष्टिस्थूलप्रपंचकूं उत्पन्नकरणेहारा तथादेवतामनुष्यादिकोंकूं आपणीआज्ञाविषेचलावणेहारा जोहिरण्यगर्भभगवान्है ॥ सो हिरण्यगर्भभगवान्भी जिसमहादेवतें उत्पन्नभयाहै ॥ तथा जोमहादेव यासर्वविश्वकाईश्वरहै तथा जोमहादेव आपणेस्मरणमात्रकरिकै भक्तजनोंके सर्वपापोंकूंनाशकरणेहाराहै ॥ ऐसे उमादेवीसहित नीलकंठमहादेवका सोयोगीपुरुष ताआपणेहृदयकमलविषेध्यानकरै ॥ अथवा सोयोगीपुरुष ताउमादेवीसहित महादेवका सूर्यमंडलविषेध्यानकरै ॥ अथवा सोयोगीपुरुष तामहादेवका अग्निविषेध्यानकरै ॥ अथवा सोयोगीपुरुष तामहादेवका चंद्रमंडलविषेध्यानकरै ॥ अथवा सोयोगीपुरुष तामहादेवका कैलासादिकपर्वतोंविषे ध्यानकरै ॥ हेआश्वलायन ! इसप्रकार ताउमादेवीसहित महादेवरूपसगुणब्रह्मकेध्यानकरिकै जबी तायोगीपुरुषकामन स्थिरताकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तबी सोयोगीपुरुष सुखेनहीं तानिर्गुणब्रह्मकूं आपणाआत्मरूपकरिकै साक्षात्कारकरैहै ॥ कैसाहैसोनिर्गुणब्रह्म मायाशक्तिकूंअंगीकारकरिकै यासर्वजगत्काकारणहै ॥ तथा मनवाणीका अविषयहै ॥ तथा अज्ञानरूपतमतेंपरहै ॥ तथा ताअज्ञानरूपतमतेंरहितहै ॥ तथा बुद्धिआदिकसर्वप्रपंचकासाक्षीरूपहै ॥ तथा बुद्धिआदिकोंतें रहितहै ॥ ऐसेअद्वितीयनिर्गुणब्रह्मकूं सोयोगीपुरुष आपणाआत्मरूपकरिकैजानैहै ॥ अब तानिर्गुणब्रह्मविषे अद्वितीयरूपता स्पष्टकरिकैनिरूपणकरैहै ॥ हेआश्वलायन ! जिसब्रह्मकूं उमादेवीसहित सगुणरूपकरिकैवर्णनकऱ्याहै ॥ सोसगुणब्रह्म निर्गुणब्रह्मतैंभिन्ननहींहै ॥ किंतु उपाधिकेपरित्यागकियेतैं सोसगुणब्रह्मही निर्गुणब्रह्मरूपहै ॥ ऐसेअद्वितीयब्रह्मतैंभिन्न दूसराकोईपदार्थहै नहीं ॥ किंतु ब्रह्मा विष्णु रुद्र इंद्रादिकदेवता अग्नि सूर्य चंद्रमा काल एकादशइंद्रिय अंतःकरणचतुष्टय पंचप्राण आकाशादिक पंचभूत पूर्वादिकदशदिशा जरायुजादिकचारिभूतप्राणी ब्रह्मांड विराट् हिरण्यगर्भ जीव ईश्वर माया तामायाकाकार्यरूप स्थूलसूक्ष्मजगत् भूतपदार्थ भविष्यत्पदार्थ वर्तमानपदार्थ इसतैंआदिलैके जितनायहजगतहै ॥ सोसंपूर्णजगत् ताब्रह्मरूपहीहै ॥ ताब्रह्मतैंभिन्न कोईभीपदार्थनहींहै ॥ तहांश्रुति ॥ सर्वंखल्विदंब्रह्म ॥ अर्थयह ॥ यहसंपूर्णजगत् ब्रह्मरूपहीहै ॥ हेआश्वलायन !

जैसे स्वप्नअवस्थाविषे एकहीस्वप्नद्रष्टापुरुष नानाभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे सोएकहीपरमात्मादेव मायाकेसंबंधतें नानाजगत्रूप करिकैस्थितहोवैहै ॥ और जैसे वास्तवतैं गंधर्वनगरतैंरहितजोआकाशहै ॥ ताआकाशविषे सोगंधर्वनगर उत्पत्ति स्थिति लय कूं प्राप्तहोवैहै ॥ तैसे वास्तवतैं सर्वद्वैतप्रपंचतैंरहित जोयह आनंदस्वरूपआत्माहै ॥ ताआत्मादेवविषे यहद्वैतप्रपंच उत्पत्ति स्थि तिलयकूं प्राप्तहोवैहै ॥ हेआश्वलायन ! ऐसेअद्वितीयपरमात्मादेवकेज्ञानतैंविना दूसराकोई मुक्तिकेप्राप्तिकामार्ग अबीहैनहीं ॥ और पूर्वहुआनहीं ॥ और आगेहोवैगानहीं ॥ किंतु मैंब्रह्मरूपहूं याप्रकारकाआत्मज्ञानही तामुक्तिकेप्राप्तिकामार्गहै ॥ तहांश्रुति ॥ नान्यःपंथाविद्यतेअयनाय ॥अर्थयह ॥ मोक्षकीप्राप्तिवासतै आत्मज्ञानतैंविना दूसराकोईमार्गहैनहीं ॥ किंतु मैंब्रह्मरूपहूं यह आत्मज्ञानही तामोक्षकेप्राप्तिकामार्गहै ॥ १ ॥ हेआश्वलायन ! जोअधिकारीपुरुष आपणेआनंदस्वरूपआत्माकूं सर्वभूतोंविषे व्यापकदेखेहै ॥ तथा तिनसर्वभूतोंकूं याआत्मादेवविषे कल्पितरूपकरिकैदेखेहै ॥ सोअधिकारीपुरुषही ताब्रह्मभावकूंप्राप्तहोवै है ॥ ऐसेआत्मज्ञानतैंविना दूसरेकिसीउपायकरिकै ताब्रह्मभावकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ यातैं याअधिकारीपुरुषनें ताआत्मज्ञानकूं अवश्यकरिकैसंपादनकरणा ॥ और हेआश्वलायन ! यापूर्वकहीरीतिसैं जोअधिकारीपुरुष ताआत्मादेवकेजानणेविषेसमर्थनहीं होवै ॥ सोअधिकारीपुरुष प्रथम याप्रकारकाध्यानकरै ॥ जैसे यहलोक एककाष्ठरूपअरणिकूंनीचैराखिकै तथाएककाष्ठरूपअर णिकूंऊपरिराखिकै तथा तिनदोनोंअरणियोंकेमध्यविषे एकदीर्घकाष्ठरूपमंथाराखिकै तथातामंथाकेसाथ रज्जुबांधिकै तारज्जुकूं वारंवारआकर्षणकरिकै अग्निकूंप्रगटकरैहैं ॥ तैसे यहअधिकारीपुरुष आपणेशरीरकूं नीचेकीअरणिरूपकरिकै ध्यानकरै ॥ और अकार उकार मकार यातीनमात्रावालेप्रणवकूं ऊपरिकीअरणिरूपकरिकैध्यानकरै ॥ और मनकूं मंथारूपकरिकै ध्यानकरै ॥ और ताध्यानरूपक्रियाकूं रज्जुरूपकरिकैध्यानकरै ॥ इसप्रकारचिंतनकरिकै सोअधिकारीपुरुष निरंतर ताध्यानकीआवृत्तिरू पमंथनकूंकरै ॥ इसप्रकार मंथनकरिकै याअधिकारीपुरुषकूं याशरीरविषे अद्वितीयआत्मारूपअग्नि प्रगटहोवैहै ॥ सोअद्वितीयआ त्मरूपअग्नि एकवारप्रगटहुआभी कामक्रोधादिकसर्वपाशोंकूं दग्धकरैहै ॥ तिनकामादिकसर्वपाशोंकेदग्धहुएतैंअनंतर यहअधिका

रीपुरुष ताअद्वितीयब्रह्मरूपकरिकैस्थितहोवैहै ॥ हेआश्वलायन ! जोजीव मैंब्रह्मरूपहूं याप्रकारकेज्ञानरूपअग्निकरिकै कामादि कसर्वपाशोंकूं दाहकरैहै ॥ सोत्वंपदार्थरूपजीव तत्पदार्थरूपब्रह्मतैंभिन्ननहीं है ॥ किंतु सोजीव केवलब्रह्मरूपहीहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् ! यहजीव जोब्रह्मरूपहीहै तौ याजीवकूं जन्ममरणरूपसंसारकीप्राप्ति किसवासतेहोवैहै? ॥ समाधान ॥ हेआश्वलायन ! चेतनकेआश्रितरहणेहारी तथाचेतनकूंविषयकरणेहारी जाअविद्यारूपमायाहै ॥ तामायाकरिकैआवृतहुआ यहब्रह्महीजीवरूपहोवैहै ॥ यातैं ताअज्ञानकरिकैही यहजीव संसारकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और तिसीमायाकरिकैआवृतहुआ सोपरमात्मादेव नानाउपाधियोंविषेनिवासकरैहै ॥ तथा पुरुषसंज्ञाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और हेआश्वलायन ! तामायाकेसंबंधकरिकैही यहआत्मादेव जीवभावकूंप्राप्तहोइकै नानाप्रकारकेपुण्यपापकर्मोंकूंकरैहै ॥ तथा तिनपुण्यपापकर्मों केसुखदुःखरूपफलकूंभोगैहै ॥ और तिसमायाकरिकैयुक्तहुआ यहआत्मादेव जाग्रत्अवस्थाविषे तथास्वप्नअवस्थाविषे नानाप्रकारकेशरीरोंकूंग्रहणकरैहै ॥ और सोआत्मादेव वास्तवतैं जन्यभोगोंकीतृप्तितैंरहितहुआभी तामायाकेसंबंधतैं तिसतिसजातिवालेशरीरोंविषेस्थित अनेकभोगोंकरिकै तृप्तिकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और सोईहीआत्मादेव मूर्छाकेसमान सुषुप्तिअवस्थाकूंप्राप्तहोइकै तहां विक्षेपरूपप्रतिबंधतैंरहितहोइकै आत्मस्वरूपआनंदकूंभोक्ताहुआभी जिसमायाकेसंबंधतैं ताआत्मस्वरूपआनंदकूंजाणतानहीं ॥ और जैसे यालोकविषे किसीमंत्रऔषधादिकोंकरिकै मूढअवस्थाकूंप्राप्तहुआ यहपुरुष आपणेब्राह्मणत्व क्षत्रियत्व आदिकस्वरूपोंकूंजाणता नहीं ॥ तैसे यासंसारविषे मायाकरिकै मूढअवस्थाकूंप्राप्तहुआ यहजीवात्मा आपणेवास्तवस्वरूपकूं जाणतानहीं ॥ और जैसे यालोकविषे स्वभावतैं चोरीआदिकदोषोंरहितहुआभी कोईधर्मात्मापुरुष जबी चौरादिकदुष्टपुरुषोंकेसंगकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तबी सोधर्मात्मापुरुषभी बंधनकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे वास्तवतैं जन्ममरणादिकसंसारतैंरहितहुआभी यहजीवात्मा जबी तामायाकेसंगकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तबी यहजीवात्मा जन्ममरणादिकसंसारकूंप्राप्तहुएकीन्यांई प्रतीतहोवैहै ॥ और जैसे वास्तवतैं रूपरहितआकाशविषे यहपुरुष मोहकेवशतैं नीलरूपकूंदेखैहै ॥ तैसे वास्तवतैं मायारहितआत्माविषे सामायाभी माया

करिकैही प्रतीतहोवैहै ॥ यातैं जैसे याअद्वितीयआत्माविषे यहजगत् मायाकरिकैकल्पितहोणेतैं मिथ्याहीहै ॥ तैसे सामा
याभी मायाकरिकैकल्पितहोणेतैं मिथ्याहीहै ॥ यद्यपि आपणीसिद्धिविषे आपणीअपेक्षाहुए आत्माश्रयदोषकीप्राप्तिहोवैहै ॥
तथापि दुर्घटकार्योंकेकरणेकरिकै अघटितघटनापटीयसी यानामकूंप्राप्तहुई तामायाविषे सोआत्माश्रयदोष संभवैनहीं ॥ और
हेआश्वलायन ! जैसे सर्वशास्त्रोंकेजानणेहारा विद्वान्पुरुषभी स्वप्नअवस्थाविषे निद्रादोषकरिकै नानाप्रकारकेमोहकूंप्राप्त
होवैहै ॥ तैसे वास्तवतैं सर्वमोहतैंरहितहुआभी यहआत्मादेव तामायारूपदोषकरिकै यासंसारविषे नानाप्रकारकेमोहकूं
प्राप्तहोवैहै ॥ और जैसे निद्राविषेसोयाहुआयहपुरुष तानिद्राकेनाशपर्यंत तास्वप्नदुःखोंकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तैसे यहजीवात्मा
भी तामायारूपनिद्राकेनाशपर्यंत यासंसारस्वप्नकेअनेकदुःखोंकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जैसे तास्वप्नअवस्थाविषे सिंहसर्पादिकों
कूंदेखिकै दुःखकरिकैरुदनकरताहुआ तथाहिडकीशब्दकेसमान भयानकशब्दोंकूंकरताहुआ जोस्वप्नद्रष्टापुरुषहै ॥ तास्वप्नद्र
ष्टापुरुषकूं कोईदयालुपुरुष भेरीआदिकोंकेऊंचेशब्दकरिकै जाग्रत्करेहै ॥ तैसे मायारूपीनिद्राविषे यासंसाररूपस्वप्नकरिकैपीडित
तथातीनतापकरिकैयुक्त जोयहजीवात्माहै ताजीवात्माकूं यहब्रह्मवेत्तादयालुगुरु महावाक्यरूपभेरीकेशब्दकरिकै तामायारू
पनिद्रातैंजाग्रत्करैहै ॥ और जैसे जाग्रत्अवस्थाकूंप्राप्तहुआ सोस्वप्नद्रष्टापुरुष पुनःतास्वप्नसंबंधीदुःखोंकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ तै
से ब्रह्मवेत्तागुरुकेउपदेशकरिकै अविद्यारूपनिद्रातैं ब्रह्मज्ञानरूपजाग्रत्अवस्थाकूंप्राप्तहुआ यहअधिकारीपुरुष पुनः यासं
साररूपस्वप्नकेदुःखकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ हेआश्वलायन ! ऐसेब्रह्मज्ञानकीप्राप्ति याजीवोंकूं अनेकजन्मोंकेपुण्यकर्मकरिकैहोवैहै ॥
यातैं साब्रह्मज्ञानरूपतुरीयअवस्था अत्यंतदुर्लभहै ॥ किसीभाग्यवान्पुरुषकूंही प्राप्तहोवैहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् ! तुरीयना
म चतुर्थकाहै ॥ सो तीनकीअपेक्षाकरिकै तुरीयहोवैहै ॥ यातैं इहांप्रसंगविषे ब्रह्मज्ञानरूपतुरीयअवस्थाकूं किसतीनअव
स्थावोंकीअपेक्षाकरिकै तुरीयरूपताहै ॥ समाधान ॥ हेआश्वलायन ! जाग्रत्रूपस्थूलअवस्था तथास्वप्नरूपसूक्ष्मअवस्था
तथासुषुप्तिरूपकारणअवस्था येतीनोंअवस्था याजीवात्माकेक्रीडाकरणेकास्थानहैं ॥ यातैं तिनतीनोंअवस्थावोंकूं पुर कहे

हैं ॥ तेतीनोंअवस्थारूपपुर ताब्रह्मज्ञानरूपतुरीयअवस्थाकीप्राप्तिहुएही नाशकूंप्राप्तहोवैंहैं ॥ ताब्रह्मज्ञानतैंविना दूसरेकि सीउपायकरिकै नाशहोवैनहीं ॥ यातैं तिनकल्पिततीनअवस्थावोंकीअपेक्षाकरिकै ताब्रह्मज्ञानरूपअवस्थाविषे तुरीयरूपता संभवहोइसकैहै ॥ और हेआश्वलायन ! जबपर्यंत याजीवात्माकूं ताब्रह्मज्ञानरूपतुरीयअवस्थाकीप्राप्ति नहींहोवैहै ॥ तबपर्यंत यहजीवात्मा पूर्वलेपुण्यपापकर्मोंकेअनुसार वारंवार मृत्युकूंप्राप्तहोइकै वारंवार स्थूलशरीरोंकूंग्रहणकरैहै ॥ तथा वारंवार तिन स्थूलशरीरोंका परित्यागकरैहै ॥ और यहजीवात्मा जन्मकूंप्राप्तहोइकै बाल्यअवस्थाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और ताबाल्यअवस्थातैंअनंतर यौवनअवस्थाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और तायौवनअवस्थातैंअनंतर वृद्धअवस्थाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और तावृद्धअवस्थातैंअनंतर मरणअवस्थाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और तामरणअवस्थातैंअनंतर पुनःजन्मकूंप्राप्तहोवैहै ॥ इसप्रकार पुण्यपापकर्मकेवशतैं यहजीवात्मा घटीयंत्रकीन्यांई यासंसारविषे भ्रमणकरैहै ॥ यहही ताजीवात्माकी तिनस्थूलादिकतीनपुरोंविषे क्रीडाहै ॥ हेआश्वलायन ! याजीवात्माकूं जबपर्यंत मैंब्रह्मरूपहूं याप्रकारकेआत्मज्ञानकीप्राप्तिनहींभई ॥ तबपर्यंतही यहजीवात्मा तापुण्यपापकर्मकेअनुसार अनेकप्रकारकेऊंचनीचशरीरोंकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और तिनपुण्यपापरूपप्रारब्धकर्मकेअनुसार मरणकूंप्राप्तहोवैहै ॥ ताआत्मज्ञानकीप्राप्तितैंअनंतर यहजीवात्मा पुनःजन्ममरणकूंप्राप्तहोवैनहीं ! और हेआश्वलायन ! यहजीव गुरुशास्त्रकेउपदेशतैं जिसआत्माकेतुरीयरूपकूंजानिकै जन्ममरणतैंरहितहोवैहै ॥ सोआत्माका तुरीयस्वरूपकैसाहै ? यासर्वजगत्का आधाररूपहै ॥ तथा केवलश्रुतिकरिकै प्रतिपादनकरणेयोग्यहै ॥ तथा स्वयंज्योतिआनंदस्वरूपहै ॥ तथा यासर्वजगत्काकारणहै ॥ तथा वास्तवतैं कार्यकारणभावतैंरहितहै ॥ ऐसे तुरीयपरमात्मादेवतैंही येप्राण उत्पन्नहोवैहै ॥ तथा मन उत्पन्नहोवैहै ॥ तथा वाकादिकइंद्रिय उत्पन्नहोवैहैं ॥ तथा आकाश वायु तेज जल पृथिवी येपंचभूत उत्पन्नहोवैहैं ॥ ऐसे तुरीयपरमात्मादेवकास्वरूप ब्रह्मवेत्तामहात्मागुरु अधिकारीशिष्योंकेप्रति याप्रकार आत्मरूपकरिकैउपदेशकरैहैं ॥ हेशिष्य ! जो परब्रह्म सर्वकाआत्मरूपहै ॥ तथा सर्वविश्वकाआधारहै ॥ तथा तीनपरिच्छेदोंतैंरहितहै ॥ तथा सूक्ष्मपदार्थतैंभी अत्यंतसू

क्ष्महै ॥ तथा उत्पत्तिनाशतैंरहितहै ॥ सोअद्वितीयब्रह्मही तुमारास्वरूपहै ॥ और जोतुमारास्वरूपहै ॥ सोईही ताअद्विती यब्रह्मकास्वरूपहै ॥ इसप्रकार तेब्रह्मवेत्तागुरु तिनअधिकारीशिष्योंकेप्रति जीवब्रह्मकेअभेदकाउपदेशकरैंहैं ॥ हेआश्वलायन ! जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति यातीनअवस्थारूपप्रपंचकूं जोसाक्षीचैतन्य प्रकाशकरैहै ॥ सोसाक्षीचैतन्य ब्रह्मरूपहै ॥ और जोब्रह्महै सो मैंहूं ॥ याप्रकार जोअधिकारीपुरुष जीवब्रह्मकेअभेदकूंनिश्चयकरैहै ॥ सोअधिकारीपुरुष कार्यसहितअविद्यारूपसर्वबंधोंतैंर हितहोवैहै ॥ और हेआश्वलायन ! जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति यातीनोंअवस्थाविषे यथाक्रमतैं स्थूल सूक्ष्म आनंद येतीनप्रकारके भोग्यरहेहैं ॥ तथा विश्व तैजस प्राज्ञ येतीनप्रकारके भोक्तारहेहैं ॥ तथा ताभोग्यपदार्थकूंविषयकरणेहारी अंतःकरण की अथवा अज्ञानकी वृत्तिरूपभोगरहेहैं ॥ तिन भोग्य भोक्ता भोगकूं मैंशुद्धआत्मा साक्षीरूपकरिकैप्रकाशकरोंहूं ॥ यातैं मैंचैतन्यस्वरूपशुद्धआत्मा तिनभोग्यादिकतीनोंतैं विलक्षणहूं ॥ तथा सर्वदा तुरीयशिवरूपहूं ॥ तात्पर्ययह ॥ विशिष्टस्वरू प यद्यपि शुद्धस्वरूपतैंभिन्नहोवैनहीं ॥ तथापि शुद्धस्वरूप विशिष्टस्वरूपतैं भिन्नहोवैहै ॥ यहशास्त्रकारोंकासिद्धांतहै ॥ जैसे घटत्वादिकधर्मविशिष्टमृत्तिका यद्यपि शुद्धमृत्तिकातैंभिन्ननहींहै ॥ तथापि शुद्धमृत्तिका ताघटत्वादिकधर्मविशिष्टमृत्तिकातैंभिन्न है ॥ तैसे विश्व तैजस प्राज्ञ आदिकविशिष्टस्वरूप यद्यपि शुद्धचेतनतैंभिन्ननहींहैं ॥ तथापि सोशुद्धचेतन तिनविशिष्टस्व रूपोंतैंभिन्नहै ॥ काहेतें ? मोक्षअवस्थाविषे तिनविशिष्टस्वरूपोंकेबाधहुएभी सोशुद्धचेतनस्वरूपरहेहै ॥ याअभिप्रायकरिकैही ॥ त्रिषुधामसुयद्भोग्यं भोक्ताभोगश्चयद्भवेत् ॥ तेभ्योविलक्षणःसाक्षी चिन्मात्रोहंसदाशिवः ॥ याश्रुतिनैं तिनविशिष्टस्वरूपों तैं शुद्धचैतन्यकूंविलक्षणकह्याहै ॥ हेआश्वलायन ! इसप्रकार ब्रह्मवेत्तागुरुकेमुखतैं आत्माकेवास्तवस्वरूपकूंश्रवणकरिकै यहअधि कारीपुरुष याप्रकार ताआत्माकेस्वरूपकामननकरै ॥ यहसंपूर्णजगत् मैं आत्माविषेही उत्पन्नभयाहै ॥ तथा मैंआत्माविषे ही स्थितहै ॥ तथा मैंआत्माविषेही लयभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ यातैं सर्वभेदतैंरहित अद्वितीयब्रह्म मैंहूं ॥ मेरेतैंभिन्न ब्रह्म न हींहै ॥ याकारणतैं सर्ववेदकीश्रुतियां मेरेकूं विश्वरूप कहेहैं ॥ तथा पुराणपुरुष कहेहैं ॥ तथा सर्वतेजोंकानिधि कहेहैं ॥

तथा संपूर्णज्ञानकर्मइंद्रियोंतैंरहित कहेहैं ॥ तथा प्राणबुद्धिआदिकोंतैंरहित कहेहैं ॥ तथा भगवान्परमेश्वर कहेहैं ॥ तथा सर्वज्ञ कहेहैं ॥ तथा सर्वद्वैततैंरहितअद्वितीय कहेहैं ॥ तथा मनवाणीकाअविषय कहेहैं ॥ तथा सर्ववेदोंकरिकैंवेद्य कहेहैं ॥ तथा सर्ववेदांतकेअर्थकाप्रकाशक कहेहैं ॥ तथा सर्वविद्याकागुरु कहेहैं ॥ तथा देव कहेहैं ॥ तथा सर्वप्रपंचतैंरहित कहेहैं ॥ काहेतें ? जैसे निर्मलआकाशविषे गंधर्वनगर कल्पितहोवैहै ॥ तैसे आनंदस्वरूप मैंअद्वितीयआत्माविषे यहमायासहित संपूर्णभूतभौतिकजगत् कल्पितहै ॥ और कल्पितवस्तुतें अधिष्ठानकाभेदहोवैनहीं ॥ यातें याकल्पितजगत्करिकै मेरेस्वरूपविषे तीनकालमैं भेदनहींहै ॥ हेआश्वलायन ! याप्रकार आत्माकाविचारकरिकै यहअधिकारीपुरुष जिसशुद्धब्रह्मकूंप्राप्तहोवैहै ॥ सोशुद्धब्रह्मकैसाहै ॥ अद्वितीयआनंदस्वरूपहै ॥ तथा सर्वबुद्धियोंविषेस्थितहै ॥ तथा सर्वबुद्धियोंकासाक्षीहै ॥ तथा उत्पत्तिनाशतैंरहितहै ॥ तथा स्थूलसूक्ष्मजगत्तैंरहितहै ॥ हेशिष्य! इसप्रकार सोब्रह्मा आश्वलायनऋषिकेप्रति सगुणनिर्गुणब्रह्मकेध्यानपूर्वक आत्मज्ञानकाउपदेशकरताभयाहै॥ यातें याअधिकारीपुरुषोंनैंभी ताआत्मज्ञानकीप्राप्तिवासते निर्गुणब्रह्मकाध्यान अथवा सगुणब्रह्मकाध्यान अवश्यकरिकैकरणा ॥ हेशिष्य! यहअधिकारीपुरुष जबी अंतःकरणकीमलिनतादोषकरिकै पूर्वउक्तसगुणब्रह्मकूं तथानिर्गुणब्रह्मकूं साक्षात्कारकरणेविषेसमर्थनहींहोवै ॥ तबी सोअधिकारीपुरुष ताआत्मज्ञानकीप्राप्तिवासते शीघ्रही संन्यासकूंकरैनहीं ॥ किंतु सोअधिकारीपुरुष प्रथम अंतःकरणकेशुद्धिकाउपायकरै ॥ तहां अंतःकरणकीशुद्धिके जितनेशास्त्रविषे साधनकहेहैं ॥ तिनसर्वसाधनोंविषे **नमस्ते** इत्यादिकरुद्राध्यायकेपाठकेसमान दूसरा कोईसाधनहैनहीं ॥ किंतु सोरुद्राध्यायकापाठही सर्वपापोंकेनिवृत्तिकरणेहाराहै ॥ यातें यहअधिकारीपुरुष आपणेअंतःकरणकीशुद्धिवासते श्रद्धाभक्तिपूर्वक निरंतर तारुद्राध्यायकाजपकरै ॥ तारुद्राध्यायकेजपकरिकै याअधिकारीपुरुषकूं जबी अंतःकरणकीशुद्धिद्वारा वैराग्यकीप्राप्तिहोवै ॥ अथवा पूर्वउक्तगर्भदुःखोंकेविचारतें तथामरणकालकेज्ञानतें तथाअष्टांगयोगतें तथाउपासनादिकोंतें वैराग्यकीप्राप्तिहोवै ॥ तबी यहअधिकारीपुरुष तासंन्यासआश्रमकूं ग्रहणकरै ॥ हेशिष्य! तासंन्यासकेग्रहण

कियेहुएभी याअधिकारीपुरुषकूं जबपर्यंत ताआत्मसाक्षात्कारकीप्राप्ति नहींहोवै ॥ तबपर्यंत यह अधिकारीपुरुष तारुद्राध्यायकेजपपूर्वक उमादे वीसहितमहादेवकेध्यानकूं अवश्यकरिकैकरै ॥ तामहादेवकेध्यानतैं याअधिकारीपुरुषकूं आत्मज्ञानकीप्राप्तिद्वारा मोक्षकीप्राप्ति अवश्यकरिकैहोवै है ॥ तहांश्रुति ॥ उमासहायंपरमेश्वरंप्रभुं त्रिलोचनंनीलकंठंप्रशांतम् ॥ ध्यात्वामुनिर्गच्छतिभूतयोनिं समस्तसाक्षिंतमसःपरस्तात् ॥ अर्थयह ॥ उमा देवीसहितविराजमान तथापरमेश्वर तथासर्वकाप्रभु तथातीननेत्रवाला तथाअत्यंतशांतस्वरूप तथानीलकंठ ऐसेमहादेवकाध्यानकरिकै यहअ धिकारीपुरुष अद्वितीयब्रह्मभावकूंप्राप्तहोवै है ॥ कैसाहैसोब्रह्म ॥ सर्वभूतभौतिकजगत्काकारणहै ॥ तथा सर्वजगत्कासाक्षीहै ॥ तथा अज्ञान रूपतमतैंपरहै ॥ १ ॥ हेशिष्य ॥ यहअधिकारीपुरुष तासंन्यासआश्रमकूंधारणकरिकै श्रद्धापूर्वक निरंतर ब्रह्मवेत्तागुरुकेमुखतैं वेदांतशास्त्रका श्रवणकरै ॥ तथा मनननिदिध्यासनकूंकरै ॥ तथा ब्रह्मवेत्तागुरुकीभक्तिकूंकरै ॥ तावेदांतश्रवणादिकोंकरिकै तासंन्यासीकूं ब्रह्मसाक्षात्कारकी प्राप्तिहोवै है ॥ जोब्रह्मज्ञान पूर्वहम ब्रह्मउपनिषदादिकोंविषेकथनकरिआये हैं यातैं यासंन्यासियों नैं निरंतर वेदांतशास्त्रकाही चिंतनकरणा ॥ तहांश्लोक ॥ आसुप्तेरामृतेःकालं नयेद्वेदांतचिंतया ॥ दद्यान्नावसरंकिंचित् कामादीनांमनागपि ॥ अर्थयह ॥ संन्यासआश्रमकूंधारणकरिकै यहअधिकारीपुरुष सुषुप्तितैंलेकैमरणपर्यंत निरंतर वेदांतशास्त्रकेचिंतनकरिकैही कालकूंव्यतीतकरै ॥ तावेदांतचिंतनकरिकै सोसंन्यासीआप णेचित्तविषे कामक्रोधादिकविकारोंकूं किंचित् मात्रभी अवसरनहींदेवै ॥ १ ॥ इसप्रकार निरंतर वेदांतचिंतनकरणेहारेसंन्यासीकूं शीघ्रही आत्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिहोवै है ॥ हे शिष्य ॥ ऐसे परमहंससंन्यासकरिकै याअधिकारीपुरुषकूं आत्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिहोवै है ॥ याअर्थविषे सर्वज्ञश्वेतकेतुही दृष्टांतहै ॥ काहेतैं सर्वसंन्यासियोंविषेश्रेष्ठ सोश्वेतकेतुनामासंन्यासी पूर्व छांदोग्यउपनिषद्केषष्ठेअध्यायके श्रवणमननादिकों करिकै तथापूर्वउक्तवैराग्यादिकसाधनोंकरिकै आत्माकेवास्तवस्वरूपकूंजाणताभयाहै ॥ यातैं इदानींकालके परमहंससंन्यासियोंनैंभी श्रवणा दिकउपायोंकरिकै ताआत्मज्ञानकूं अवश्यकरिकैसंपादनकरणा ॥ काहेतैं यापरमहंससंन्यासियोंका सोआत्मज्ञानकीनिष्ठारूपआचारही मुख्य है ॥ ताज्ञाननिष्ठारूपआचारतैंविरुद्धदूसरेसर्वआचारगौणहैं ॥ यातैं यापरमहंससंन्यासियों नैं दूसरेसर्वआचारोंकापरित्यागकरिकै केवल ताज्ञाननिष्ठारूपआचारकूंही संपादनकरणा ॥ हेशिष्य ॥ जोतुमनैं पूर्व परमहंससंन्यासविषे प्रश्नकऱ्याथा ॥ सोहमनैं तुम्हारेप्रति

तापरमहंससंन्यासकास्वरूप तथाताकेअधिकारीकास्वरूप तथाताकेवैराग्यादिकसाधनोंकास्वरूप तथाताकेग्रहणकरणेकीरीति विस्तारतैंकथनकरी ॥ अब जिसअर्थकेश्रवणकरणेकी तुम्हारेकूं इच्छाहोवै ॥ सो तुम हमारेसैंपूछो ॥ इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीस्वाम्युद्धवानंदगिरिपूज्यपादशिष्येण स्वामिचिद्घनानंदगिरिणा विरचिते प्राकृतात्मपुराणे गर्भाद्युपनिषत्सारार्थप्रकाशो नाम एकादशोऽध्यायः समाप्तः ॥ ११ ॥ ॥ ॥ ॥ ॥

इति श्रीस्वामिचिद्घनानंदगिरिकृतभाषाऽऽत्मपुराणे एकादशोऽध्यायः ॥ ११ ॥

अथ आत्मपुराणे स्वामिचिद्घनानंदगिरिकृतभाषायां

द्वादशाऽध्यायप्रारंभः ॥ १२ ॥

ॐ श्रीगणेशायनमः ॥ श्रीगुरुभ्योनमः ॥ श्रीकाशीविश्वेश्वराभ्यांनमः ॥ श्रीशंकराचार्येभ्योनमः ॥ अथद्वादशोऽध्यायप्रारंभः ॥ पूर्व एकादशेअध्यायविषे जाबालउपनिषद् गर्भउपनिषद् अमृतनादउपनिषद् हंसउपनिषद् क्षुरिकाउपनिषद् आरुणेयउपनिषद् ब्रह्मउपनिषद् परमहंसउपनिषद् महत्उपनिषद् आत्मप्रबोधउपनिषद् कैवल्यउपनिषद् याएकादशउपनिषदोंकाअर्थ निरूपणकऱ्या ॥ अब याद्वादशेअध्यायविषे सामवेदकेछांदोग्यउपनिषद्काअर्थ निरूपणकरैहैं॥ तहां पूर्वअध्यायोंविषे नानाप्रकारकीविचित्रकथावोंकूंश्रवणकरिकै प्रसन्नताकूंप्राप्तहुआ सोश्रद्धावान्शिष्य श्वेतकेतुकीकथाकेश्रवणकरणेवासते पुनःआपणेगुरुकेप्रति याप्रकारकाप्रश्न करताभया ॥ शिष्यउवाच ॥ हेभगवन्! पूर्व ऐतरेयऋषिनैं तथाकौषीतकीऋषिनैं तथासूर्यभगवान्नैं तथाश्वेताश्वतरऋषिनैं तथा कठऋषिनैं तथातित्तिरिऋषिनैं तथाजाबालादिकऋषियोंनैं आपणेआपणेशिष्योंकेप्रति जाजाब्रह्मविद्या कथनकरीथी॥ तथा ताब्रह्मविद्याके जितनैं वैराग्य योग उपासना संन्यास आदिकसाधन कथनकरेथे ॥ तिनसर्वसाधनोंसहित सासंपूर्णब्रह्मविद्या हमनैंआपकेमुखतैं श्रवणकरी तथा ताब्रह्मविद्याकेप्रसंगतैं नानाप्रकारकेविचित्रआख्यानभी हमनैं आपकेमुखतैंश्रवणकरे ॥ हेभगवन्! याआत्मपुराणकेप्रथमअध्यायविषे आपनें ऋग्वेदकेऐतरेयउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्याथा ॥ ताप्रथमअध्यायविषे यहवार्ता आपनैं कथनकरीथी ॥ प्रजाकूंदुःखीदेखिकरिकै करुणाकरिकैयुक्तहुए सनकादिकमुनि ताअधिकारीप्रजाकेहितवासते ब्रह्मात्मज्ञानकाउपदेशकरतेभये ॥ तथा तिनअधिकारीपुरुषोंविषे कोईकवामदेवनामाअधिकारी मृत्युकूंप्राप्तहोइकै माताकेगर्भविषे स्थितहोइकै तिनविचारवान्अधिकारीपुरुषोंकेहितवासते ब्रह्मात्मज्ञानकाउपदेशकरताभया ॥ जिसउपदेशकेविचारकरणेतैं याअधिकारीपुरुषोंकूं करामलककीन्यांई देहादिकजडसंघाततैंविलक्षण साक्षीआत्माका ब्रह्मरूपकरिकैज्ञानहोवैहै ॥ तथा जिसउपदेशकेश्रवणमननकियेतैं विषयासक्तकामीपुरुषोंकूंभी आपणेशरीरविषे तथास्त्रीपुत्रादिकोंकेशरीरविषे तीव्रवैराग्य उत्पन्नहोवैहै ॥ यहसंपूर्णवार्ता ताप्रथमअध्यायविषेकथनकरीथी ॥ और हेभगवन्! याआत्मपुराणके द्वितीयअध्यायविषे तथातृतीयअध्यायविषे आपनैं तिसीऋग्वेदके कौषीतकीउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्याथा ॥ तहां द्वितीयअध्यायविषेतौ आपनैं यहवार्ता कथनकरी

थी ॥ इंद्रकेसाथयुद्धकरणेकीइच्छाकरिकै दिवोदासराजाकापुत्र प्रतर्दनराजा स्वर्गलोकविषेजाताभया ॥ तहां सोप्रतर्दनराजा युद्धकरिकै इंद्रकूंजीतताभया ॥ और ताप्रतर्दनराजाकेपुरुषार्थकूंदेखिकरिकै प्रसन्नहुआ सोइंद्र ताप्रतर्दनराजाकेतांई वरदेताभया ॥ जिसवरकीप्राप्ति यादेहधारीजीवोंकूं अत्यंतदुर्लभहै ॥ यहसंपूर्णवार्ता आपनैं ताद्वितीयअध्यायविषे कथनकरीथी ॥ और हेभगवन् ॥ याआत्मपुराणकेतृतीयअध्यायविषे आपनैं यहवार्ता कथनकरीथी ॥ बालाकिब्राह्मण संपूर्णदेशोंकेविद्वानोंकूंजीतकरिकै श्रीकाशीविषे अजातशत्रुराजाकेसमीपजाताभया ॥ तहां राजाकेकठोरवचनोंकूंश्रवणकरिकै अभिमानतैंरहितहुआ सोबालाकि ब्राह्मण तिसीअजातशत्रुराजातैं ब्रह्मविद्याकाउपदेशलेताभया ॥ यहसंपूर्णवार्ता आपनैं तातृतीयअध्यायविषेकथनकरीथी ॥ और हेभगवन्! याआत्मपुराणके चतुर्थ पंचम षष्ठ सप्तम याचारिअध्यायोंविषे आपनैं यजुर्वेदकेबृहदारण्यकउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्याथा ॥ तहां चतुर्थअध्यायविषेतौ आपनैं यहवार्ता कथनकरीथी ॥ दोपुरुषवंश एकस्त्रीवंश यातीनवंशोंविषेस्थितऋषियोंका परस्परभेदभीसंभवैहै ॥ तथापरस्परअभेदभीसंभवैहै॥ और दध्यङ्अथर्वणऋषि इंद्रकेप्रति ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरताभया॥ ता ब्रह्मविद्याकूंश्रवणकरिकै क्रोधवान्हुआसोइंद्र तादध्यङ्ऋषिकेप्रति पुनः ताब्रह्मविद्याकेनहींउपदेशकरणेकीआज्ञाकरताभया॥तिसतैंअनंतर सोदध्यङ्अथर्वण आपणेवचनकेसत्यकरणेवासते साब्रह्मविद्या अश्विनीकुमारोंकेप्रति उपदेशकरताभया॥ताकरिकैक्रोधवान्हुआ सोइंद्र तादध्यङ्ऋषिकेमस्तककूंछेदनकरताभया ॥ और तेअश्विनीकुमारभी ब्रह्मविद्याकेलोभकरिकै आपणेगुरुकेमस्तककूंकाटिकै अश्वकीग्रीवाऊपरिराखतेभये ॥ और अश्वकेमस्तककूंकाटिके तादध्यङ्गुरुकेग्रीवाऊपरिराखतेभये ॥ यहसंपूर्णवार्ता आपनैंताचतुर्थअध्यायविषेकथनकरीथी ॥ और हेभगवन्! याआत्मपुराणके पंचमअध्यायविषे आपनैं जनकराजाकेयज्ञसभाविषे आश्वलादिकब्राह्मणोंकेसाथ याज्ञवल्क्यमुनिकेजल्पकथाका निरूपणकऱ्याथा ॥ तथा तायाज्ञवल्क्यमुनिकेशापकरिकै शाकल्यकामृत्युकथनकऱ्याथा ॥ तहां परस्पर जीतणेकीइच्छाकरिकै जोशास्त्रकेअर्थकाविचारकरणाहै ताकानाम जल्पकथाहै ॥ और हेभगवन्! याआत्मपुराणकेषष्ठेअध्यायविषे आपनैं तिसीयाज्ञवल्क्यमुनिकी जनकराजाकेसाथ दोवार वादकथा निरूपणकरीथी ॥ तहां तत्त्वजान

णेकीइच्छाकरिकै जोपरस्पर शास्त्रकेअर्थकाविचारकरणाहै ताकानाम वादकथाहै ॥ और हेभगवन्! याआत्मपुराणकेसप्तमअध्या यविषे आपनैं तायाज्ञवल्क्यमुनिके तथामैत्रेयीस्त्रीके संवादकरिकै नानाप्रकारकीब्रह्मविद्या कथनकरीथी ॥ तथा याज्ञवल्क्यमुनिके संन्यासआश्रमका निरूपणकऱ्याथा ॥ और हेभगवन्! याआत्मपुराणके अष्टमअध्यायविषे आपनैं तिसीयजुर्वेदके श्वेताश्वतर नामाउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्याथा ॥ ताअष्टमअध्यायविषे श्वेताश्वतरमुनिका तथासंन्यासियोंका तथापूर्ववेदवेत्ताब्राह्मणोंका परस्पर याजगत्केकारणोंविषेविचार निरूपणकऱ्याथा ॥ और हेभगवन्! याआत्मपुराणकेनवमअध्यायविषे आपनैं तिसीयजु र्वेदके कठवल्लीउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्याथा ॥ तानवमअध्यायविषे यमराजाका तथानचिकेताका नानाप्रकारकेवरोंयुक्तआ ख्यान निरूपणकऱ्याथा ॥ और हेभगवन्! याआत्मपुराणके दशमअध्यायविषे आपनैं तिसीयजुर्वेदके तैत्तिरीयकउपनिषद्का अर्थ निरूपणकऱ्याथा ॥ तादशमअध्यायविषे यहवार्ता आपनैं निरूपणकरीथी ॥ वैशंपायनगुरुकीआज्ञाकूंमानिकै याज्ञवल्क्यमु निनैं वमनकऱ्येजेयजुर्वेदकेमंत्र तिनमंत्रोंकूं ब्राह्मण तित्तिरीपक्षीकारूपधारणकरिकै भक्षणकरतेभये ॥ याकारणतैं तिनमंत्रोंवि षेकृष्णयजुषरूपता प्राप्तहोतीभई ॥ और ब्रह्मविद्याकीप्राप्तिवासते भृगुऋषि वरुणपिताकेसमीप पंचवार जाताभया ॥ और वेनना मागंधर्वनैं जिसप्रकार आपणेआत्माकाअनुभव कथनकऱ्याथा ॥ सोभी आपनैं निरूपणकऱ्याथा ॥ तथा सत्यादिकसाधनोंकाक थनकरिकै तिनसर्वसाधनोंतैं संन्यासरूपसाधनकूं उत्कृष्टरूपकरिकैवर्णनकऱ्याथा ॥ तथा तासंन्यासकी ब्रह्मरूपकरिकैस्तुतिकरी थी ॥ यहसंपूर्णवार्ता तादशमअध्यायविषे निरूपणकरीथी ॥ और हेभगवन्! याआत्मपुराणकेएकादशेअध्यायविषे आपनैं जा बालादिकएकादशउपनिषदोंकाअर्थ निरूपणकऱ्याथा ॥ तहां जाबालउपनिषद्विषे तथापरमहंसउपनिषद्विषे तथाआरुणिउप निषद्विषे जिससंन्यासका कथनकऱ्याथा ॥ सोसंन्यास वेदकेशाखावोंकेभेदहुएभी भिन्नहोवैनहीं ॥ किंतु तिनसर्वउपनिषदोंविषे सोएकहीसंन्यास कथनकऱ्याहै ॥ यहवार्ता आपनैं ताएकादशेअध्यायविषे निरूपणकरीथी ॥ तथा तासंन्यासकीप्राप्तिविषे उप योगीजोवैराग्यहै ॥ तावैराग्यकीप्राप्तिवासते आपनैं मरणकेअनेकनिमित्तोंसहित नानाप्रकारकेयोगका कथनकऱ्याथा ॥ तथा

गर्भउपनिषद्विषे तायोगकेउपयोगी अनेकपदार्थोंका निरूपणकरिकै ताप्रसंगकरिकै वसिष्ठमुनिउक्त अद्भुतयोगका वर्णनकऱ्याथा ॥ और अमृतनादउपनिषद्विषे तथाहंसउपनिषद्विषे तथाक्षुरिकाउपनिषद्विषे वेदकीशाखावोंकेभेदकरिकै जोजोयोग निरूपणकऱ्याहै ॥ सोयोगभी आपनैं भिन्नभिन्नकरिकै निरूपणकऱ्याथा ॥ और ब्रह्मउपनिषद् अमृतबिंदुउपनिषद् नारायणीयउपनिषद् महोपनिषद् आत्मप्रबोधउपनिषद् कैवल्यउपनिषद् याषट्उपनिषदोंविषे जाजाब्रह्मविद्या कथनकरीहै ॥ सासंपूर्णब्रह्मविद्याभी आपनैं कथनकरीथी ॥ और तापरमहंससंन्यासविषेस्थित संवर्तकादिकसंन्यासी सर्वलोकोंतैंविलक्षणआचारवालेहुएवर्तेहैं ॥ यहवार्ताभी आपनैं कथनकरीथी ॥ तथा तापरमहंससंन्यासकेग्रहणकरणेका वैराग्यहीकालहै यहवार्ताभी आपनैं कथनकरीथी ॥ और गर्भदुःखोंतैंआदिलैके नानाप्रकारकेउपायोंकरिकै वैराग्यकूंप्राप्तहुए जेपुरुषहैं ॥ तेपुरुषही यापरमहंससंन्यासके अधिकारीहैं ॥ यहवार्ताभी आपनैं कथनकरीथी ॥ तथा तासंन्यासग्रहणकरणेकीरीति तथातासंन्यासीकेमरणतैंअनंतरसंस्कार तथातासंन्यासीकावेष तथातासंन्यासीकाआचार यहसंपूर्णवार्ता आपनैं विस्तारतैंकथनकरीथी ॥ हेभगवन्! ताएकादशेअध्यायके अंतविषे आपनैं श्वेतकेतुकावर्णनकऱ्याथा ॥ जो श्वेतकेतु ब्रह्मज्ञानतैंपूर्वभी सर्वज्ञथा ॥ हेभगवन्! यहश्वेतकेतुकीवार्ता बहुतआश्चर्यकाकारणहै ॥ यातैं यावार्ताकेश्रवणकरणेकी हमारेकूं बहुतअभिलाषाहै ॥ हेभगवन्! आपनैंपूर्व ताएकादशेअध्यायकेआदिविषे सर्वलोकोंतैंविलक्षणआचारवाले संवर्तकादिकसंन्यासी कथनकऱ्येथे ॥ तिनसंन्यासियोंविषे श्वेतकेतुकाभी कथनकऱ्याथा ॥ ताएकादशेअध्यायकेअंतविषे पुनः तिसीश्वेतकेतुकाकथन आपनैं किसवासते कऱ्याहै ? हेभगवन्! सोसर्वज्ञश्वेतकेतु किसदोषकरिकै अज्ञताकूं प्राप्तहोताभया ? तथा किसमहात्मानैं ताश्वेतकेतुकेप्रति ब्रह्मविद्याकाउपदेशकऱ्याथा ? तथा साब्रह्मविद्या किसप्रकारकीथी ? यहसंपूर्णवार्ता आप कृपाकरिकै मैंश्रद्धावान्शिष्यकेप्रति कथनकरौ ॥ इसप्रकार बुद्धिमान्शिष्यकरिकैपूछाहुआ सोश्रीगुरु ताश्रद्धावान्शिष्यकेप्रति छांदोग्यउपनिषद्विषेकथनकरीहुईकथाकूं कहताभया ॥ श्रीगुरुरुवाच ॥ हेशिष्य! पूर्व एकश्वेतकेतुनामा ऋषिकाबालक होताभयाहै ॥ ताश्वेतकेतुबालकविषे मातापिताका बहुतस्ने

हहोताभया ॥ तामातापिताकेस्नेहकरिकै सोश्वेतकेतु अशिक्षितदुष्टवृषभकेतुल्यहोताभया ॥ तथा ताश्वेतकेतुकी सर्वदाक्रीडाकरणे
विषेही प्रीतिहोतीभई ॥ याकारणतैं सोश्वेतकेतु उपनयनसंस्कारतेंरहित द्वादशवर्षकाहोताभया ॥ और बालकोंकीक्रीडाविषे अ
त्यंतप्रीतिमान्हुआ सोश्वेतकेतु कबीतौ भोजनकूंकरताभया ॥ और कबीतौ भोजनकूंभी नहींकरताभया ॥ और सोश्वेतकेतु दूसरे
बालकोंकूं तथास्त्रियोंकूं तथाब्राह्मणोंकूं तथागौआदिकपशुवोंकूं कठोरवचनोंतैं निरादरकरिकै तथादंडादिकोंसैंताडनकरिकै शीघ्र
ही आपणेगृहविषे भागिजाताभया ॥ इसप्रकार बाल्यअवस्थाविषे सोश्वेतकेतु अशिक्षितदुष्टवृषभकीन्यांई सर्वजीवोंकूं दुःखकीही
प्राप्तिकरताभया ॥ और सोश्वेतकेतु किसीकालविषे विनयपूर्वक आपणेआरुणिपिताकेसमीपजाताभया ॥ और सोआरुणिऋषि
ताश्वेतकेतुपुत्रकेउन्मत्तदशाकूंदेखिकै आपणेचित्तविषे किंचित्मात्र क्लेशकूंप्राप्तहोइकै तापुत्रकेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥
आरुणिरुवाच ॥ हेपुत्र! अविवेकहैकारणजिसका ऐसाजोस्नेहहै ॥ तास्नेहकेवशहोइकै मैंपितानैं तथामातानैं तुमारेकूंशिक्षाकरीन
हीं ॥ किंतु तास्नेहकेवशतैं हमोंनैं सर्वदा तुमारालालनकऱ्याहै ॥ याकारणतैं तू ऐसीउन्मत्तदशाकूंप्राप्तभयाहै ॥ हेपुत्र! पुत्र शि
ष्य स्त्री यातीनोंकेलालनकियेतैं तिनपुत्रादिकोंविषे बहुतदोष प्राप्तहोवैहैं ॥ और तिनपुत्रादिकोंकेताडनाकियेतैं तिनपुत्रादिकों
विषे बहुतगुण उत्पन्नहोवैहैं ॥ यहवार्ता जोनीतिशास्त्रवालोंनैं कथनकरीहै ॥ सो मिथ्यानहींहै ॥ किंतु सावार्ता यथार्थहै ॥ हेपुत्र!
तानीतिशास्त्रविषे याप्रकारकेवचनकहेहैं ॥ जेमातापिता स्नेहकेवशहोइकै पुत्रकूंशिक्षानहींकरैहैं ॥ किंतु सर्वदा तापुत्रकालालनकरै
हैं ॥ तेमातापिता तापुत्रकेशत्रुहीजानणे ॥ काहेतैं? तामातापिताकेलालनतैं तिसपुत्रविषे उत्पन्नभयेजेदोष तिनदोषोंकरिकै सोपु
त्र इसलोकविषेभी दुःखकूंहीप्राप्तहोवैहै ॥ और मरणतैंअनंतर नरककूंप्राप्तहोवैहै ॥ यातैं मातापितानैं पुत्रकूं सर्वदा शिक्षाहीकर
णी ॥ तहां तीनवर्षपर्यंत तापुत्रकूं मातानैं शिक्षाकरणी ॥ और गर्भाधानतैंलैके अथवा जन्मतैंलैके अष्टवर्षपर्यंत तापुत्रकूं पितानैं
शिक्षाकरणी ॥ और ताअष्टवर्षतैंलैके षोडशवर्षपर्यंत तापुत्रकूं आचार्यगुरुनैं शिक्षाकरणी ॥ ताषोडशवर्षतैंअनंतर तापुत्रतैं सव
शिक्षावोंकीनिवृत्तिहोवैहै ॥ और जोकदाचित् ताषोडशवर्षतैंअनंतरभी तापुत्रविषे तथाशिष्यविषे शिक्षाकरणेकीयोग्यताहोवै ॥

तौ सोपिता अथवा आचार्य तापुत्रकेप्रति तथाशिष्यकेप्रति ताडनाकरिकै शिक्षानहींकरै ॥ किंतु मित्रकीन्यांई वाणीकरिकै शिक्षाकरै ॥ याप्रकारकीरीति तानीतिशास्त्रविषेकथनकरी है ॥ यातैं पितामातानैं पुत्रकूं अवश्यकरिकै शिक्षाकरणी ॥ हेपुत्र ! जोमूढबुद्धिपुत्र आपणेमाताकेशिक्षाकूं तथापिताकेशिक्षाकूं तथाआचार्यकेशिक्षाकूं ग्रहणनहींकरैहै ॥ सोमूढबुद्धिपुरुष यौवनअवस्थाकेप्राप्तहुए परमक्लेशकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तहां सोमूढबुद्धिपुरुष इसलोकविषेतौ राजादिकोंतैंभयकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और परलोकविषे यमराजातैंभयकूंप्राप्तहोवैहै ॥ हेपुत्र ! यालोकविषे पुत्रकूं मातापितानैं तथाआचार्यनैं अवश्यकरिकैशिक्षाकरीचाहिये ॥ जोकदाचित् तापुत्रऊपरिकोईदूसरापुरुष शिक्षाकरणेवालाहोवैभी तौभी तापुत्रकूं मातापितानैं तथाआचार्यनैं अवश्यकरिकै शिक्षाकरणी ॥ और तुमारीमातानैं तथामैंपितानैं तुमारेकूं शिक्षाकरीनहीं ॥ याकारणतैं तू ब्रह्मचर्यतैंरहितहुआ द्वादशवर्षकाहुआहैं ॥ और किसीअनाचारीनिकृष्टब्राह्मणकीन्यांई तू हमारेकुलविषे नहींउत्पन्नहुएकीन्यांई प्रतीतहोताहै ॥ हेपुत्र ! नीतिशास्त्रकेमर्यादाकापरित्यागकरिकै हमनैं स्नेहकेवशतैं इतनेकालपर्यंत तुमारा लालनकर्‍याहै ॥ यातैं मैंपिता तुमारेउपनयनसंस्कारकूंकरिकै तुमारेकूंशिक्षाकरों यहवार्ता अत्यंतदुर्घटहै ॥ और स्नेहयुक्तमैंपिताविषे तुमारीभीश्रद्धाहोवैगीनहीं ॥ और श्रद्धातैंविना विद्याकाउपदेशकरणा भस्मविषेआहुतिकीन्यांईव्यर्थहोवैहै ॥ यातैं तू किसीदूसरेआचार्यगुरुकेसमीपजाइकै ताआचार्यकेउपदेशतैं विद्याअध्ययनादिक ब्रह्मचारीकेधर्मोंकूंसंपादनकर ॥ हेपुत्र ! जोतू ब्रह्मचर्यआश्रमकूंधारणकरिकै वेदविद्याकाअध्ययन नहींकरैगा तौ इसलोकविषे नरकदुःखतैंभीअधिकदुःखकेदेणेहारी तुमारी अपकीर्तिहोवैगी ॥ और तुमारा हमारेकुलविषेजन्म हुआहै ॥ यातैं तुमारीअपकीर्तिकरिकै हमारी तथाहमारेवृद्धपुरुषोंकीभी अपकीर्तिहोवैगी ॥ और श्रेष्ठपुरुषोंकीजाअपकीर्ति है ॥ सामरणतैंभीअधिकहै ॥ यातैं हेपुत्र ! तूकिसीवेदवेत्तागुरुकेसमीपजाइकै वेदविद्याकाअध्ययनकर ॥ हेशिष्य ! इसप्रकारकेवचन जबी ताआरुणिपितानैं ताश्वेतकेतुपुत्रकेप्रति कथनकर्‍ये ॥ तबी सोश्वेतकेतु तापिताकेवचनोंकूंश्रवणकरिकै विचारकूं प्राप्तहोताभया ॥ और तापिताकीआज्ञालैके सोश्वेतकेतु आपणेगृहकापरित्यागकरिकै किसीअन्यदेशविषेजाताभया ॥ तहांजाइकै सोश्वेतकेतु

किसीवेदवेत्ता ब्राह्मणोंकूंगुरुधारणकरिकै व्याकरणादिकषट्अंगोंसहित चारिवेदोंका अध्ययनकरताभया ॥ तथा उपनिषद्रूपवेदांतभागकूंछोडिकै सोश्वेतकेतु तिनसर्ववेदोंकेअर्थकाभी विचारकरताभया ॥ इसप्रकार अर्थसहित चारिवेदोंकाअध्ययनकरिकै सोश्वेतकेतु तिनगुरुवोंतैंआज्ञालेकै आपणेगृहकेप्रति आवताभया ॥ और मार्गविषेआवताहुआ सोश्वेतकेतु आपणेमनविषे याप्रकारकाविचार करताभया ॥ सर्ववेदोंकेपाठकूं तथासर्ववेदोंकेअर्थकूं हमनैं भलीप्रकारअध्ययनकर्‍याहै ॥ यातैं मैंश्वेतकेतु अत्यंतबुद्धिमान्हूं ॥ और जैसा हमारेकूं वेदोंकापाठ तथाअर्थ आवैहै ॥ तैसा हमारेपिताकूंभी आवतानहीं ॥ काहेतें? जोकदाचित् हमारापिता तिनवेदोंकेपाठकूं तथाअर्थकूं जाणताहोता तौ मैंप्रियपुत्रकूं दूसरेब्राह्मणोंकेसमीप किसवासतेभेजता? और सोहमारापिता विद्याअध्ययनकरणेवासते हमारेकूं दूसरेब्राह्मणोंकेपास भेजताभयाहै ॥ यातैं यहजान्याजावैहै ॥ हमारेपिताकूं यथार्थवेदविद्या आवतीनहीं ॥ किंवा जिसगुरुवोंकेसमीप हमनैं वेदविद्याकाअध्ययनकर्‍याहै ॥ तेगुरुभी हमारीतीक्ष्णबुद्धिकूंदेखिकै आपणेपुत्रोंतैंभी अधिकस्नेह हमारेविषेकरतेभयेहैं ॥ जोमैं अधिकबुद्धिमान्नहींहोता तौ तेहमारेगुरुहमारेऊपरि अधिकस्नेहनहींकरते ॥ याकारणतैंभी मैं पितातैंअधिकबुद्धिमान्हूं ॥ किंवा तेहमारेगुरु किसीप्रसंगपाइकैस्नेहपूर्वक अनेकशपथोंकूंकरिकै हमारेप्रति याप्रकारकावचन कहतेभयेहैं ॥ हेश्वेतकेतु! जितनीवेदविद्या हमारेकूं आवतीथी सासंपूर्णवेदविद्या हमोंनैं तुमारेप्रति उपदेशकरीहै ॥ इसतैंअधिककोईविद्या हमारेपासहैनहीं ॥ ऐसेगुरुवोंकेवचनोंतैंभी यहजान्याजावैहै ॥ जोमैं श्वेतकेतु ताआरुणिपितातैं अधिकविद्यावालाहूं ॥ किंवा पुत्र पितातैंभीअधिकबुद्धिमान्होवैहै ॥ यावार्ताविषे कोईआश्चर्यनहींहै ॥ काहेतें? जैसे पूर्व बृहस्पति तथाद्वताबृहस्पतिका अजनामापुत्र आपणेपितातैंभी अधिकविद्यावान्हुआहै ॥ जाअजकूं शास्त्रविषे शंयु यानामकरिकैभी कथनकरे हैं ॥ सोअज शुक्रतैंमृत्युसंजीवनीविद्याकूंपढिकै बृहस्पतिआदिकसर्वदेवतावोंकूं साविद्या पढावताभयाहै ॥ यहवार्ता वेदके शतपथब्राह्मणविषे तथामनुस्मृतिविषे प्रसिद्धहै ॥ तैसे मैंश्वेतकेतुभी आपणेपितातैंअधिकविद्यावान्हुआहूं ॥ हेशिष्य! इसप्रकारकाचिंतनकरिकै सोश्वेतकेतु महान्गर्वकूंप्राप्तहोताभया ॥ और तागर्वदोषकरिकै उत्पन्नभयाजोमोहहै ॥ तामोहकरिकै सोश्वेतकेतु

आपणेगृहविषेजाइकै आपणेपिताकेपादोंऊपरि नमस्कारनहींकरताभया ॥ किंतु स्तंभकीन्यांई नम्रभावतैंरहितहोइकै ऊंचे आसनऊपरि स्थितहोताभया ॥ हेशिष्य ! इसप्रकार ताश्वेतकेतुपुत्रकूं नम्रतातैंरहितदेखिकैभी सोआरुणिपिता तापुत्रऊपरि क्रोधनहींकरताभया ॥ किंतु कृपाकरिकैयुक्तहुआ सोआरुणिपिता ताश्वेतकेतुपुत्रकेहितवासतै याप्रकारकावचन तापुत्रके प्रति कहताभया ॥ आरुणिरुवाच ॥ हेश्वेतकेतु ! जिसअतिशयताकेअभिमानकरिकै तूस्थाणुकीन्याई नम्रतातैंरहितहुआहै ॥ तथा जिसअतिशयताकेअभिमानकरिकै तू आपणेकूं षट्अंगोंसहितचारिवेदोंकावेत्ता मानताहै ॥ तथा जिसअतिशयताकेअभिमानकरिकै तू आपणेकूंसर्वविद्वानोंतैं अधिकमानताहै ॥ साअतिशयता तुमारेविषेकौनहै? यहवार्ता तू हमारेप्रतिकह ॥ हेश्वेतकेतु ! तुमनैं आपणेगुरुवोंकेप्रति कबी यहप्रश्नकन्याहै ? जो जिसएकवस्तुकेश्रवणकरिकै संपूर्णअश्रुतपदार्थोंकाभीश्रवण होवैहै ॥ तथा जिसएकवस्तुकेमननकरिकै संपूर्णअमननकरेहुएपदार्थोंकाभी मननहोवैहै ॥ तथा जिसएकवस्तुकेविज्ञानकरिकै संपूर्णअविज्ञातपदार्थोंकाभी विज्ञानहोवैहै ॥ ऐसावस्तु तुमनैं कबी आपणेगुरुवोंतैंपूछाहै ? जोतू तावस्तुकूंजाणताहोवै तौ हमारेप्रति कथनकर ॥ हेशिष्य ! इसप्रकारकावचन जबी ताआरुणिपितानैं श्वेतकेतुपुत्रकेप्रति कह्या ॥ तबी सोश्वेतकेतु तावस्तुकूंनजाणताहुआ तागर्वतैंरहितहोताभया ॥ और पिताकेवचनकूंश्रवणकरिकै परमआश्चर्यकूंप्राप्तहुआ सोश्वेतकेतु श्रद्धाभक्तिपूर्वक तापिताकूंनमस्कारकरिकै याप्रकारकावचन कहताभया॥ श्वेतकेतुरुवाच॥ हेभगवन् ! जिसएकवस्तुके श्रवणकरिकै तथामननकरिकै तथाविज्ञानकरिकै सर्वपदार्थोंका श्रवण मनन विज्ञान होवैहै॥ ताएकवस्तुकूं मैं जाणतानहीं ॥ यातैं आप कृपाकरिकै तावस्तुकाउपदेश हमारेप्रति करो ॥ हेशिष्य ! इसप्रकार जबी ताश्वेतकेतुनैं आरुणिपिताकेप्रति प्रश्नकन्या ॥ तबी सोआरुणिपिता ताश्वेतकेतुपुत्रकेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ आरुणिरुवाच ॥ हेश्वेतकेतु ! ताएकवस्तुकेजाणणेवासतै तू प्रथम तीनदृष्टांतोंकरिकै यासर्वजगतकूं तेज जल पृथिवी यातीनभूतरूपकरिकै निश्चयकर॥ तिसतैंअनंतर तिसी तीनदृष्टांतोंकरिकै तेज जल पृथिवी यातीनोंकाकारण जोपरमात्मादेवहै तापरमात्मारूपकरिकै तासर्वजगतकूं निश्चयकर ॥

अब तिन तीनदृष्टांतोंका निरूपणकरैहैं ॥ हेश्वेतकेतु! जैसे यालोकविषे पृथिवीरूपमृत्तिकापिंडकेज्ञानहुएतैंअनंतर तामृत्तिकाके
कार्यरूप घटशरावादिकसर्वपदार्थोंका ज्ञानहोवैहै ॥ १ ॥ और जैसे तेजरूप सुवर्णपिंडकेज्ञानहुएतैंअनंतर तासुवर्णकेकार्यरूप
कटककुंडलादिकसर्वभूषणोंकाज्ञानहोवैहै ॥ २ ॥ और जैसे नखनिकृंतनादिकापिंडविषेस्थित जोलोहहै ॥ तालोहपिंडकेज्ञानहुए
तैंअनंतर तालोहकेकार्यरूप खड्गादिकसर्वपदार्थोंका ज्ञानहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जोपुरुष एकवार तामृत्तिकाकेघटरूपकार्यविषे
यहमृत्तिकाहीहै याप्रकारका निश्चयकरैहै ॥ सोपुरुष ताघटतैंभिन्न दूसरेमृत्तिकाकेकार्योंकूंदेखिके यहमृत्तिकाहै अथवानहींहै याप्र
कारकेसंशयकूं प्राप्तहोवैनहीं ॥ किंतु तिनसर्वकार्योंकूं मृत्तिकारूपकरिकैहीदेखेहै ॥ यहरीति सुवर्णपिंडविषे तथालोहपिंडविषेभी
जानिलेणी ॥ तैसे तेज जल पृथिवी यातीनोंभूतोंकाकारण जोपरमात्मादेवहै ॥ तापरमात्मादेवकेज्ञानहुएतैंअनंतर याजीवोंकूं तेज
जलपृथिवीरूप यासर्वजगत्‌काज्ञानहोवैहै ॥ शंका ॥ हेभगवन्! मृत्तिकाकापिंड पृथिवीरूपहै ॥ यातैं तापृथिवीभूतविषे तामृत्ति
कापिंडकादृष्टांत संभवैहै ॥ तैसे सुवर्णपिंडभी तेजरूपहै ॥ यातैं ता तेजभूतविषे सुवर्णपिंडकादृष्टांतभी संभवैहै ॥ तथापि नखनिकृं
तनरूपलोहपिंड जलरूपहैनहीं ॥ यातैं ताजलभूतविषे तालोहपिंडकादृष्टांत संभवतानहीं ॥ समाधान ॥ हेश्वेतकेतु! यद्यपि द्रवी
के विजातीयभेदकाअभाव दिखाया ॥ शंका ॥ हेभगवन् ! याजगत्कीउत्पत्तितैंपूर्व यद्यपि ताब्रह्मविषे यहकार्यजगत्हैनहीं ॥ तथा पि ताकालविषे माया विद्यमानहै ॥ यातैं तामायाकरिकैही ब्रह्मविषे सद्वितीयपणा सिद्धहोवैगा ॥ समाधान ॥ हेश्वेतकेतु ! तानिर्गुण ब्रह्मविषे जगत्केकारणताकीसिद्धिकरणेहारी सामाया यद्यपि द्वितीयरूपकरिकैसंभावनाहोवैहै ॥ तथापि ताब्रह्मविषे सामाया वास्त वतैंहैनहीं ॥ किंतु तामायाकरिकैमोहितअज्ञानीजीवही तामायाकूं ब्रह्मविषेदेखैहैं ॥ यातैं सामाया ताब्रह्मविषे मायाकरिकैहीसिद्धहै ॥ जैसे हममनुष्योंकूं प्रत्यक्षप्रमाणकरिकैसिद्धजोदिनहै ॥ तादिनकूं उलूकपक्षी रात्रिमानैहैं ॥ तहां दिनकेरात्रिरूपताविषे ताउलूक पक्षीका आपणाअनुभवही प्रमाणहै ॥ ताकेविषे दूसराकोईप्रमाणहैनहीं ॥ तैसे तामायाविषेभी तिनअज्ञानीपुरुषोंकाअनुभवही प्र माणहै ॥ दूसराकोईप्रमाण तामायाविषेहैनहीं ॥ यातैं सामाया मायाकरिकैहीसिद्धहै ॥ हेश्वेतकेतु ! जैसे वास्तवतैंअंधकारतैंरहित जोसूर्यभगवान्है ॥ सोसूर्यभगवान् जबी सुमेरुपर्वतकेपृष्ठदेशविषेजावैहै ॥ तबी रात्रिविषे मूढपुरुष तासूर्यविषे अंधकार कल्पना करैहैं ॥ तैसे वास्तवतैं मायातैंरहितजोपरमात्मादेवहै ॥ तापरमात्मादेवविषे मूढअज्ञानीपुरुष मायाकल्पनाकरैहैं ॥ और हेश्वेतके तु ! जैसे नेत्रोंकरिकैदेख्येहुएसूर्यभगवान्केउदयहुएतैंअनंतर यापुरुषोंकूं सोअंधकार दिखाइदेवैनहीं ॥ तैसे ब्रह्मवेत्तागुरुकेउपदेश जन्य आत्मसाक्षात्कारकेउदयहुएतैंअनंतर याविद्वान्पुरुषोंकूं सामाया दिखाइदेवैनहीं ॥ और जैसे यासूर्यभगवान्कूं सोअंधकार ती नकालविषेस्पर्शकरैनहीं ॥ तैसे याआत्मादेवकूंभी सामाया तीनकालविषे स्पर्शकरैनहीं ॥ और हेश्वेतकेतु ! जैसे अंधकार अथवा मे घादिक याद्रष्टापुरुषोंकेनेत्रोंकूंआच्छादनकरिकैही आकाशविषेस्थितसूर्यमंडलकूं आच्छादनकरैहै ॥ तैसे यहअज्ञानरूपमायाभी अज्ञा नीपुरुषोंकेबुद्धिकूंआच्छादनकरिकैही तापरमात्मादेवकूंआच्छादनकरैहै ॥ यातैंयहअर्थसिद्धभया ॥ तापरमात्मादेवविषे यहमाया वा स्तववतैंहैनहीं ॥ तथा तामायाका स्थूलसूक्ष्मकार्यभी वास्तवतैंहैनहीं ॥ यातैं याजगत्कीउत्पत्तितैंपूर्व सोसत्परमात्मादेवहीस्थितहोता भया ॥ तापरमात्मादेवतैंभिन्न यहस्थूलसूक्ष्मजगत् तथाताकाकारणमाया नहींहोतेभये ॥ इतनेकरिकै तासत्परमात्मारूपकारणवि षे अद्वितीयरूपतासिद्धकरी ॥ अब ॥ तद्धैकआहुरसदेवेदमग्रआसीदेकमेवाद्वितीयंतस्मादसतःसज्जायत ॥ याश्रुतिनैं खंड

नकरणेवासते कथनकन्याजो असत्कारणवादियोंकामत तामतका निरूपणकरैहैं ॥ हेश्वेतकेतु! इसप्रकार सर्वभेदतैंरहित सत्ता रूपकारणकेसिद्धहुएभी केईकब्रह्मबोधतैंरहितपंडितजन तासत्तारूपकारणकेस्थानविषे असत्ताकूंअंगीकारकरिकै ताअसत्ताकूंहीया जगत्काकारणमानेहैं ॥ और परमात्मारूपसत्ताकूं याजगत्काकारणमानणेहारे जेहमवेदांतीहैं ॥ तिनवेदांतियोंकेमतविषे तेअस त्कारणवादीपुरुष याप्रकारकेदोषकथनकरैहैं ॥ तुमवेदांतियोंनैं सर्वजगत्का उपादानकारणरूपकरिकै अंगीकारकरीजा सत्ता है ॥ सासत्ता सत्रूपहै अथवा असत्रूपहै?॥ तहां सासत्ता सत्रूपहै यहप्रथमपक्ष जोवेदांती अंगीकारकरै ॥ तावेदांतीसैं यहपू छाचाहिये ॥ तासत्ताविषे जोसत्रूपताहै ॥ सासत्रूपता आपणेस्वरूपतैंसिद्धहै अथवा सासत्रूपता किसीधर्मरूपदूसरीसत्ता करिकैसिद्धहै? तहां तासत्ताविषे सासत्रूपता स्वरूपतैंहीसिद्धहै यहप्रथमपक्ष जोवेदांतीअंगीकारकरै तौ तासत्ताविषेअसत्तातैंवि लक्षणता सिद्धनहींहोवेगी ॥ काहेतें? जैसे तासत्ताविषे स्वरूपतैं सत्रूपताहै ॥ तैसे ताअसत्ताविषेभी स्वरूपतैंसत्रूपतासंभव होइसकैहै ॥ ताकेनिवृत्तकरणेविषे कोईभीवादी समर्थहोइसकैनहीं ॥ और सोवेदांती जोयहकहै ॥ तासत्ताविषेतौ अस्ति याप्र कारकाविधिमुखप्रतीतिकीविषयतारहेहै ॥ और असत्ताविषे साविधिमुखप्रतीतिकीविषयतारहतीनहीं ॥ यातैं साविधिमुखप्रतीति कीविषयताही तासत्ताविषे ताअसत्तातैं विलक्षणताहै॥ सोयहताकाकहणाभी संभवैनहीं ॥ काहेतैं? तासत्ताविषेही साविधिमुखप्रती तिकीविषयतारहेहै ॥ असत्ताविषेरहैनहीं॥ यहवार्ता जोवेदांतीनैंअंगीकारकरीहै ॥ सोकेवल आपणेकुलधर्मकीन्यांई आपणेवृद्धपु रुषोंकेसंकेतमात्रतैंहीसिद्धहै॥ कोईवस्तुकेस्वभावकेअनुसारनहींहै॥ यातैं सोतिनोंकेवृद्धपुरुषोंकासंकेत ताअसत्ताविषे विधिमुखप्र तीतिकीविषयतामानणेविषे प्रतिबंध करिसकैनहीं ॥ एकअधिकरणवृत्तिपदार्थोंकाही परस्पर प्रतिबध्यप्रतिबंधकभावहोवैहै॥ या तैं तासत्ताकीन्यांई ताअसत्ताविषेभी साविधिमुखप्रतीतिकीविषयता संभवैहै ॥ किंवा याजगत्कीउत्पत्तिकालविषे यद्यपि तासत्ता विषे विधिमुखप्रतीतिकीविषयता संभवहोइसकैहै॥ तथापि याजगत्कीउत्पत्तितैंपूर्वकालविषे तासत्ताविषे साविधिमुखप्रतीतिकीवि षयता संभवतीनहीं ॥ काहेतैं? चिदाभासयुक्तअंतःकरणकीवृत्तिकानाम प्रतीतिहै॥ साप्रतीति चिदाभासयुक्तअंतःकरणरूपप्रमाता

केआश्रितरहेहैं ॥ सोप्रमाता याजगत्कीउत्पत्तितैंपूर्वकालविषैहैनहीं ॥ ताप्रमाताकेअभावहुए ताकालविषे प्रतीतिभीसंभवैनहीं ॥ यातैं ताजगत्कीउत्पत्तितैंपूर्वकालविषे आपहीअविद्यमानहुई साविधिमुखप्रतीति तासत्ताकीसिद्धि किसप्रकारकरैगी? किंतु नहींसि द्धकरैगी ॥ और तासत्ताविषे सत्यरूपता किसीदूसरीसत्ताकरिकैसिद्धहै यहदूसरापक्ष जोवेदांती अंगीकारकरै तौ तादूसरीसत्तावि षे सत्यरूपताके सिद्धकरणेवासते कोईतीसरीसत्ता कल्पनाकरणीहोवैगी ॥ और तातीसरीसत्ताविषे सत्यरूपताकेसिद्धकरणेवासते कोईचतुर्थसत्ता कल्पनाकरणीहोवैगी ॥ इसप्रकार पूर्वपूर्वसत्ताविषे सत्यरूपताकेसिद्धकरणेवासते कल्पनाकरी जेउत्तरउत्तरसत्ता हैं ॥ तेसर्वसत्ता नियतसंख्यातैंरहित असंख्यातहैं अथवा तेसत्ता नियतसंख्यावालीहैं? तहां तेसत्ता असंख्यातहैं यहप्रथमपक्ष जो वादी अंगीकारकरै ॥ सो संभवैनहीं ॥ काहेतैं? तेअसंख्यातसर्वसत्ता क्रमकरिकै अथवा एककालविषे किसीभीजीवकूं प्रतीतहोवैन हीं ॥ यातैं तिनअसंख्यातसर्वसत्तावोंविषे कोईएकसत्ताही सिद्धहोवैगी ॥ सर्वसत्ता सिद्धहोवैगीनहीं॥ और तेसत्ता नियतसंख्यावाली हैं यहदूसरापक्ष जोवेदांतीअंगीकारकरै सोभी संभवैनहीं ॥ काहेतैं? तिनसर्वसत्तावोंविषे जोअंतकीसत्ताहै ॥ साअंतकीसत्ता ताअ सत्तातैंविलक्षण सिद्धनहींहोवैगी ॥ किंतु साअंतकीसत्ता ताअसत्ताकेसमानहीहोवैगी ॥ और ताअंतकीसत्ताविषे दूसरीसत्तातैंवि नाहीजोसत्यरूपताव्यवहारकीसिद्धिमानोंगे तौ ताअंतकीसत्तातैंपूर्वसत्तावोंविषेभी उत्तरउत्तरसत्तातैंविनाही सत्यरूपताव्यवहार सि द्धहोइसकैगा ॥ यातैं ताअंत्यसत्तातैंपूर्वपूर्वसत्तावोंकीकल्पना व्यर्थहोवैगी ॥ किंवा तिनवेदांतियोंनैं सर्वजगत्काउपादानकारणरू प जासत्ताअंगीकारकरीहै ॥ सासत्ता निर्विकारस्वभाववालीहोणेतैं एकरूपहै अथवा परिणामीस्वभाववालीहोणेतैं अनेकरूपहै ? तहां सासत्ता एकरूपहै यहप्रथमपक्ष जोवेदांतीअंगीकारकरै तौ ताएकरूपसत्ताविषे ताअसत्तातैं कौनविलक्षणता सिद्ध होवै गी ? किंतु सासत्ताभी ताअसत्ताकेही तुल्यहोवैगी ॥ और सासत्ता अनेकरूपहै यहदूसरापक्ष जोवेदांतीअंगीकारकरै तौ ता सत्ताविषे घटादिकपदार्थोंकीतुल्यता प्राप्तहोवैगी ॥ किंवा याअंत्यपक्षविषे घटादिकपदार्थोंकेतुल्यताकूंप्राप्तभई जासत्ताहै ॥ ता सत्ताकी जोकदाचित् याजगत्तैंपूर्व स्थितिअंगीकारकरोगे तौ ताकालविषे घटादिकपदार्थोंनैं कौनअपराधकऱ्याहै ? किंतु यह

घटादिकपदार्थभी तासत्ताकीन्यांई याजगत्कीउत्पत्तितैंपूर्व अवश्यकरिकैरहेंगे ॥ यातें तापूर्वकालकी तथाइदानींकालकी परस्प रविशेषता सिद्धनहींहोवैगी ॥ यातें तासत्ताविषे अनेकरूपताभी संभवैनहीं ॥ इसतैंआदिलेकेअनेकप्रकारकेदूषण तासत्ताविषेप्रा प्तहोवैहें ॥ यातें सासत्ता याजगत्काकारणनहीं है ॥ किंतु असत्ताही याजगत्काकारणहै ॥ इतनेकरिकैतिनअसत्कारणवादियोंका मत निरूपणकऱ्या ॥ अब तिनअसत्कारणवादियोंकेमतका खंडनकरैं हैं ॥ हेश्वेतकेतु! इसप्रकार असत्कारणकीसिद्धिकरणेवास ते तेमंदबुद्धिवादी अनेकप्रकारकेकुतर्क कथनकरैंहैं ॥ और तेवादी वास्तवतैंपंडितपणेतैंरहितहुएभी आपणेकूं मिथ्याहीपंडितमा नेहैं ॥ ऐसेवादियोंकेप्रति यहपूछाचाहिये ॥ सृष्टिकेआदिकालविषे ताअसत्कारणतैं जोयहजगत्रूपकार्य उत्पन्नहोवैहै ॥ सोकार्य सत्रूपहोवैहै अथवा सोकार्य असत्रूपहोवैहै? ॥ तहां सोकार्य सत्रूपहोवैहै यहप्रथमपक्ष जोवादी अंगीकारकरै सोसंभवै नहीं ॥ काहेतें? जैसे सृष्टिकेआदिकालविषे असत्कारणतैं सत्कार्यकीउत्पत्तिहोवैहै ॥ तैसे इदानींकालविषेभी असत्कारणतैं सत्कार्यकीउत्पत्ति किसवासतेनहींहोती ? किंतु होणीचाहिये ॥ और सृष्टिकेआदिकालविषेतौ ताअसत्कारणतैं सत्कार्यकीउ त्पत्तिहोवैहै ॥ और इदानींकालविषे असत्कारणतैं सत्कार्यकीउत्पत्तिहोतीनहीं ॥ याअर्थकीसिद्धिकरणेहारी कोईयुक्ति तावादीनैं कहीचाहिये ॥ और सोकार्य असत्रूपहै यहदूसरापक्ष जोवादी अंगीकारकरै ॥ सोभीसंभवैनहीं ॥ काहेतें? असत्कारणतैं असत् कार्यकीउत्पत्ति तीनकालविषेभीहोवैनहीं ॥ जैसे असत्वंध्यापुत्ररूपकारणतैं असत्नरशृंगरूपकार्यकीउत्पत्ति कदाचित्भीहोवैन हीं ॥ जोकदाचित् असत्कारणतैं असत्कार्यकीउत्पत्तिहोतीहोवै तौ असत्वंध्यापुत्रतैं असत्नरशृंगकीभी उत्पत्तिहोणीचाहिये ॥ यातें जैसे असत्वस्तुविषे कारणरूपतानहींसंभवैहै ॥ तैसे असत्वस्तुविषे कार्यरूपताभीसंभवैनहीं ॥ यातें तिनसर्ववादियों नैं ताकार्यकूं सत्यरूपहीमान्याचाहिये ॥ तासत्कार्यकी असत्कारणतैंउत्पत्ति कदाचित्भीसंभवैनहीं ॥ यातें तासत्कार्यका कारणभी सत्यहीमान्याचाहिये ॥ यातें ताअसत्कारणवादीनैं पूर्व जेजेविकल्पकऱ्येथे ॥ तेसंपूर्णविकल्प व्यर्थहीहैं ॥ अब तावा दीनैं पूर्व विकल्पकरिकै जेजेदूषणकथनकरेथे तिनदूषणोंकीनिवृत्तिकरैंहैं ॥ किंवा साकारणरूपसत्ता आपणेस्वरूपतैंही सत्यरूपता

कूंप्राप्तहोवैहै ॥ यापक्षकेअंगीकारकियेहुए हमसिद्धांतियोंकूं कौनदोषकीप्राप्तिहोवैहै? ॥ शंका ॥ हेसिद्धांती ! जैसे सासत्ता आपणे स्वरूपतेंही सत्यरूपताकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे साअसत्ताभी आपणेस्वरूपतेंही सत्यरूपताकूंप्राप्तहोवैगी ॥ याप्रकारका प्रतिवंदीरूप दूषण तुमारेमतविषे प्राप्तहोवैहै ॥ समाधान ॥ हेवादी ! तर्कविषेकुशलजेबुद्धिमानूपुरुषहैं ॥ तेबुद्धिमानूपुरुष दूसरेप्रतिवादीकेप्र ति सोप्रतिबंदीरूपदूषण देतेनहीं ॥ किंतु तर्कविषेअकुशलपुरुषही सोप्रतिबंदीरूपदूषण देवैहैं ॥ किंवा तासत्ताविषे जोस्वरूपतेंस त्यरूपताअंगीकारकरोगे तौ असत्ताविषेभी स्वरूपतेंसत्यरूपताहोणीचाहिये ॥ यहजोवादीनें दूषणकथनकऱ्याहै ॥ सोदूषण व्या प्तितेंरहितहै ॥ काहेतें ? जहांजहां स्वरूपहोवैहै तहांतहां सत्यरूपताहोवैहै याप्रकारकीव्याप्तिसंभवैनहीं ॥ जो याप्रकारकीव्याप्ति अंगीकारकरिये तौ स्वरूपतें अग्निविषे उष्णतारहेहै ॥ यातें स्वरूपतें जलविषेभी उष्णताहोणीचाहिये ॥ और जैसे पार्थिवहोणेतें घट जलकेआनयनरूपक्रियाकूंसिद्धकरैहै ॥ तैसे पार्थिवहोणेतें लोष्ठभी ताजलकेआनयनरूपक्रियाकूं किसवासतेनहींसिद्धकरता ? इसतेंआदिलेके अनेकप्रकारकेदूषण तिसवादीकेमतविषे प्राप्तहोवैहैं ॥ तिनसर्वदूषणोंकेकथनकरणेतें तावादीकाउपहास तथाक थनकरणेहारेपुरुषकेकंठतालुआदिकोंकाशोषण येदोनोंदोष प्राप्तहोवैहैं ॥ तिनदोनोंदोषोंतें अधिककोईफलहोवैनहीं ॥ किंवा तावादीकेकहणेतेंही साहमारीसत्तासिद्धहोवैहै ॥ काहेतें ? असत्तातेंजोभिन्नहोवै ताकानाम सत्ताहै ॥ और सत्तातेंजोभिन्नहोवै ता कानाम असत्ताहै ॥ याप्रकार सत्ताअसत्ताशब्दकाअर्थ तावादीनेंही अंगीकारकऱ्याहै ॥ जोकदाचित् सोवादी सत्ताकूंअंगीकार नहींकरैगा तौ तासत्ताकेभेदवाली असत्ताही सिद्धनहींहोवैगी ॥ यातें असत्ताकीसिद्धिवासते तावादीनेंभी सत्ताकूंअवश्य अंगीकार कऱ्याचाहिये ॥ किंवा तासत्ताकेस्थानविषे तावादीनें अंगीकारकरीजाअसत्ताहै ताअसत्तारूपकारणकूं आपणेस्वरूपकेवलतें जो वादीनें सत्यरूपताकथनकरीहै ॥ सो हमसत्कारणवादियोंकूं कोईअनिष्टनहींहै ॥ किंतु सोहमारेकूंभी इष्टहै ॥ काहेतें ? सर्वपदार्थों का आत्माही वास्तवस्वरूपहै ॥ ताआत्माकीसत्यरूपता हमारेकूंइष्टहै ॥ किंवा अस्ति याप्रकारकीविधिमुखप्रतीतिकाजोविषयहोवै ताकानाम सत्ताहै ॥ याप्रकारकेसत्ताकेलक्षणविषे जोवादीनें कुलधर्मकीसमानता कथनकरीथी ॥ सोदूषण तावादीकेमतविषेभीप्रा

प्तहोवैहै ॥ काहेतें? नास्ति याप्रकारकीनिषेधमुखप्रतीतिकाजोविषयहोवै ताकानामअसत्ताहै ॥ यहजोवादीनैं ताअसत्ताकालक्षण कऱ्याहै ॥ तालक्षणविषेभी केवल आपणेकुलकीपरंपराही अंगीकारकरणीहोवैगी ॥ शंका ॥ हेसिद्धांती! जोकदाचित् तासत्ताकी तथाअसत्ताकी आपणेकुलधर्मकीन्यांई सिद्धिमानोंगे तौ तिनदोनोंकाभेद सिद्धनहींहोवैगा ॥ समाधान ॥ हेवादी! तासत्ताविषे तथाअसत्ताविषे एकरूपताकेप्राप्तहुएभी तिनदोनोंकामहान्भेदहै ॥ काहेतें? सत्तातौ भावरूपहै ॥ और असत्ता अभावरूपहै ॥ याप्रकार तिनोंकाभेद सर्वलोकोंकेअनुभवकरिकैसिद्धहै ॥ यातें तिनदोनोंकीएकरूपतासिद्धहोवैनहीं इतनेकरिकै लोकदृष्टिकूंअंगीकारकरिकै तावादीकेशंकाकासमाधानकऱ्या ॥ अब आपणेसिद्धांतकूंअंगीकारकरिकै तावादीकेशंकाकासमाधानकरैहैं ॥ हेवादी! अस्ति याप्रकारकेविधिमुखप्रतीतिकाजोविषयहोवैहै ताकानाम सत्ताहै ॥ यहसत्ताकालक्षण जोतुमनैं पूर्वखंडनकऱ्याथा ॥ सोहमारेकूंभी अंगीकारहै ॥ काहेतें? हमारेसिद्धांतविषे अद्वितीयब्रह्मकानाम सत्ताहै ॥ ताअद्वितीयब्रह्मरूपसत्ताविषे विधिमुखप्रतीतिकीविषयतारूपलक्षण संभवतानहीं ॥ किंतु ताब्रह्मरूपसत्ताका मनवाणीकीअविषयतारूपही लक्षणहै ॥ अथवा सर्वलक्षणोंतैंरहितपणाहीलक्षणहै ॥ शंका ॥ हेसिद्धांती! जैसे सत्ता मनवाणीकाअविषयहै ॥ तथा सर्वलक्षणोंतैंरहितहै ॥ तैसे वंध्यापुत्रादिकअसत्पदार्थभी मनवाणीकेअविषयहैं ॥ तथा सर्वलक्षणोंतैंरहितहैं ॥ यातें तिनअसत्पदार्थोंविषेभी तासत्ताकेलक्षणकी अतिव्याप्तिहोवैगी ॥ समाधान ॥ हेवादी! प्रतियोगी अनुयोगीरूप दोसत्यपदार्थोंकरिकैही अभावकानिरूपणहोवैहै ॥ यहसर्वशास्त्रकारोंकासिद्धांतहै ॥ यातें तिनअसत्पदार्थोंविषे मनवाणीकीविषयताकाअभाव तथासर्वलक्षणोंकाअभावसंभवैनहीं ॥ यातें यहअर्थसिद्धभया ॥ यालोकविषे जेमूढबुद्धिपुरुष सूर्यभगवान्विषे धूलिपावैहैं ॥ तेमूढबुद्धिपुरुषही ताधूलिकरिकै व्याप्तहोवैहैं ॥ सूर्यभगवान्कूं ताधूलिकासंबंधहोवैनहीं ॥ तैसे वेदविषेकथनकऱ्याजोसत्तारूपकारणहै ॥ तासत्तारूपसूर्यविषे जेमूढबुद्धिवादी कुतर्करूपीधूलिपावैहैं ॥ तेमूढबुद्धिपुरुष ताकुतर्करूपीधूलिकरिकै आपहीपराजयकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ तासत्तारूप सूर्यकूं ताकुतर्करूपीधूलिका स्पर्शहोवैनहीं ॥ यातें हेश्वेतकेतु! असत्ही याजगत्काकारणहै याप्रकारकेतिनवादियोंकेवचन सि

ध्याहीहै ॥ यातैं मोक्षकीइच्छावान्पुरुषोंनैं तिनतार्किकोंकेवचन कदाचित्भी नहींअंगीकारकरणे ॥ किंतु वेदविषेकथनकऱ्याजोसत्तारूपकारणहै ॥ तासत्तारूपकारणकूंही यामुमुक्षुजनोंनैं अंगीकारकरणा ॥ काहेतें? यालोकविषे असत्कारणतें सत्कार्यकीउत्पत्ति देखणेविषेआवतीनहीं ॥ यातैं याजगत्रूपसत्कार्यका कारणभी सत्यरूपही मान्याचाहिये ॥ और यालोकविषे जैसे मृत्तिका सुवर्ण लोहरूप कारणकेज्ञाननैं घट भूषण खड्ग आदिकसर्वकार्योंकाज्ञानहोवैहै ॥ तैसे तासत्तारूपकारणकेज्ञाननैं यासर्वजगत्रूप कार्यकाज्ञानहोवैहै ॥ यातैं सर्वज्ञतारूपफलकीप्राप्तिवासते याअधिकारीपुरुषनैं तासत्तारूपकारणकूं अवश्यकरिकैजानणा ॥ अब तासत्तारूपकारणविषे अद्वितीयरूपताकेस्पष्टकरणेवासते प्रथम याजगत्केउत्पत्तिकाप्रकार वर्णनकरैहैं ॥ हेश्वेतकेतु! पूर्वहमनैं अद्वितीयरूपकरिकैकथनकऱ्याजो सत्तारूपब्रह्महै ॥ सोसत्ब्रह्म जिसप्रकार यासर्वजगत्कूं उत्पन्नकरताभयाहै ॥ ताप्रकारकूं तू श्रवणकर ॥ सर्वभेदतैंरहित तथावास्तवतैंमायाकेसंबंधतैंरहित ऐसाजोसत्ब्रह्महै॥ सोसत्ब्रह्म कल्पितमायाकेसंबंधकूंपाइके सृष्टिके आदिकालविषे याप्रकारका चिंतनकरताभया ॥ मैंपरमात्मादेव आपही बहुतरूपकरिकैउत्पन्नहोवौं ॥ तामेरेजन्मकरिकैही साबहुतरूपतासिद्धहोवैगी ॥ मेरेजन्मतैंविना साबहुतरूपता कदाचित्भी नहींहोवैगी ॥ इसप्रकारकाचिंतनकरिके सोपरमात्मादेव यथाक्रमतैं आकाशादिकपंचभूतोंकूं रचताभया॥ हेश्वेतकेतु! सोपरमात्मादेव केवल आकाशादिकभूतोंकीउत्पत्तितैंपूर्वही ताचिंतनकूंनहींकरताभयाहै ॥ किंतु एकएकभूतकीउत्पत्तितैंपूर्वभी ताचिंतनकूंकरताभयाहै ॥ शंका ॥ हेभगवन्! तैत्तिरीयकउपनिषद्विषे आकाश वायु तेज जल पृथिवी यापंचभूतोंकी उत्पत्ति कथनकरीहै॥ और याछांदोग्यउपनिषद्विषे तेज जल पृथिवी यातीनभूतोंकीही उत्पत्तिकथनकरीहै ॥ यातैं तिनदोनोंउपनिषदोंका परस्पर विरोधप्राप्तहोवैगा ॥ समाधान ॥ हेश्वेतकेतु! तेज जल पृथिवी यातीनभूतोंकेउत्पत्तिकूंकथनकरणेहारी याछांदोग्यश्रुतिका यहअभिप्रायहै ॥ अल्पबुद्धिवालेपुरुषोंकूं पंचीकरणकीप्रक्रियाजानणी अत्यंतकठिनहै ॥ यातैं तापंचीकरणविषेउपयोगी जोआकाशवायुहैं ॥ तादोनोंकेउत्पत्तिकीउपेक्षाकरिकै ताश्रुतिभगवतीनैं स्थूलबुद्धिवालेपुरुषोंऊपरिअनुग्रहकरिकै तेज जल पृथिवी यातीनभूतोंकात्रिवृत्करण कथनकऱ्याहै ॥ याकारणतैं ताछांदोग्यश्रुतिनैं तेज

जल पृथिवी यातीनभूतोंकीही उत्पत्तिकथनकरी है ॥ परंतु वास्तवतें ताछांदोग्यश्रुतिकाभी पंचीकरणविषेहीतात्पर्य है ॥ तापंचीक रणकेनिषेधविषेतात्पर्यनहीं है ॥ यातें तैत्तिरीयकश्रुतिका तथाछांदोग्यश्रुतिका परस्पर विरोधसंभवैनहीं ॥ अब तेजादिकतीनभू तोंकेउत्पत्तिकाक्रम कथनकरै हैं ॥ हेश्वेतकेतु! सोसत्ब्रह्म प्रथम तेजकूंउत्पन्नकरताभया ॥ तातेजतैंअनंतर जलोंकूंउत्पन्नकरताभ या ॥ ताजलोंतैंअनंतर पृथिवीकूंउत्पन्नकरताभया ॥ जापृथिवीकूं श्रुतिविषे अन्नशब्दकरिकैंकथनकऱ्याहै ॥ इसप्रकार तेज जल पृथिवी यातीनभूतोंकूंउत्पन्नकरिकै सोकारणब्रह्म तिनभूतोंकेसाथ तादात्म्यभावकूंप्राप्तहोताभया ॥ हेश्वेतकेतु! जैसे सृष्टिकेआ दिकालविषे तेज जल पृथिवी यातीनभूतोंविषे प्रथम तेज जलकाकारणहोवैहै ॥ और सोजल पृथिवीकाकारणहोवैहै ॥ तैसे इ दानींकालविषेभी देखणेमैंआवैहै ॥ काहेतें? इदानींकालविषेभी जबी अत्यंत तपतपडे है ॥ तबी ता तपततें जलकीवृष्टिहोवै है ॥ और ताजलकीवृष्टितें अन्नहोवैहै ॥ यहवार्ता सर्वलोकोंकूं अनुभवसिद्धहै ॥ हेश्वेतकेतु! तेज जल पृथिवी येतीनभूतही यासर्व जगत्केकारणहैं ॥ यातें ताकारणकेस्वभावकूंअनुसारकरिकैही शास्त्रवेत्तापुरुषोंनें यासर्वदेहधारीजीवोंके तीनप्रकारकेकारण कथन करेहैं ॥ तहां जरायुजनामा जीवोंकीजाति प्रथम देहधारीजीवोंकाबीजहै ॥ काहेतें? गर्भकूंवेष्टनकरणेहारा जोजरायुनामाचर्म है ॥ सोजरायु जठराग्निकेतेजकरिकैजन्यहोवैहै ॥ याकारणतें सोजरायु तैजसपदार्थहै ॥ तिसतैंअनंतर दोप्रकारकेस्वेदज उत्पन्नहो वैहैं ॥ तहां एकतौ मशकादिरूपस्वेदज उद्भिज्जरूपहोवैहै ॥ और दूसरे यूकादिरूपस्वेदज अंडजरूपहोवैहै ॥ यातें एकहीस्वेदज का जलीयउद्भिज्जरूपकरिकै तथापार्थिवअंडजरूपकरिकै संग्रह संभवहोइसकै है ॥ यातें जरायुज उद्भिज्ज अंडज येतीनही सर्वदे हधारीजीवोंके बीजरूपहैं ॥ शंका ॥ हेभगवन्! ब्रह्मसूत्रोंकेतृतीयअध्यायकेप्रथमपादविषे व्यासभगवान्नें स्वेदजका उद्भिज्जवि षेही अंतर्भावकथनकऱ्याहै ॥ और इहांआपने तास्वेदजका उद्भिज्ज अंडज यादोनोंविषेअंतर्भाव कथनकऱ्या ॥ यातें तासूत्रकेसाथ तुमारेवचनका विरोधहोवैगा ॥ समाधान ॥ हेशिष्य! ताव्यासभगवान्का यहअभिप्रायहै ॥ जैसे येप्रसिद्धवृक्षादिक भूमिकूंऊ र्ध्वभेदनकरिकैउत्पन्नहोवैहैं ॥ तैसे मशकादिरूपउद्भिज्ज तथायूकादिरूपअंडज येदोप्रकारकेस्वेदजभी आपणेउपादानकारणरूप

जलोंकूं ऊर्ध्वभेदनकरिकैही उत्पन्नहोवैहैं ॥ यातैं मशकादिकउद्भिज्जोंकीन्यांई यूकादिकअंडजोंविषेभी सोउद्भिज्जशब्दकाअर्थघटैहै ॥
याप्रकारके अर्थकेजनावणेवासतेही ताव्यासभगवान्नैं उद्भिज्जविषे तास्वेदजकाअंतर्भाव कथनकन्याहै ॥ परंतु ताअंडजविषे तास्वे
दजकाअंतर्भावनहीं है ॥ याअर्थकेबोधनकरणेविषे ताव्यासभगवान्का तात्पर्यनहीं है ॥ किंवा ऐतरेयउपनिषद्विषे जरायुज अंडज
उद्भिज्ज यातीनोंकीअपेक्षाकरिकै कथनकन्याजो चतुर्थस्वेदजहै ॥ तास्वेदजका असत्यपणानहीं है ॥ किंतु जरायुजादिकतीनोंकी
न्यांई सोस्वेदजभी विद्यमानहै ॥ याप्रकार तास्वेदजकेअसत्यपणेकीनिवृत्तिकरणेविषे ताव्यासभगवान्कातात्पर्यहै ॥ उद्भिज्जविषे
ही तास्वेदजकाअंतर्भावहै याअर्थविषे तासर्वज्ञव्यासभगवान्कातात्पर्यनहीं है ॥ किंतु ताव्यासभगवान्का यहतात्पर्यहै ॥ पक्षीस
र्पयूकादिकजीव अंडजहैं ॥ और वृक्षमशकादिकशरीर उद्भिज्जहैं ॥ तिनदोनोंतैंभिन्न सर्वजीव जरायुजहैं ॥ हेश्वेतकेतु! जैसे या
लोकप्रसिद्ध शरीरादिकअध्यात्मकार्योंकेकारणोंविषे जरायुज उद्भिज्ज अंडज यातीनभेदकरिकै तीनरूपतारहेहैं ॥ तैसे यासर्वजग
त्केकारणोंविषेभी तेज जल पृथिवी यातीनभेदकरिकै तीनरूपतारहेहैं ॥ शंका ॥ हेभगवन्! याप्रकार तेजादिककारणोंकेज्ञान
तैं याअधिकारीपुरुषकूं किसफलकीप्राप्तिहोवैहै? ॥ समाधान ॥ हेश्वेतकेतु! जैसे तेज जल पृथिवी येतीनकारण आपणेआपणे
कार्यविषे अनुगतरूपहोइकैरहेहैं ॥ तैसे तेज जल पृथिवी यातीनोंविषे सोपरमात्मादेव आपणेसत्तारूपतैं अनुगतहोइकैरहेहै ॥
ऐसा सर्वजगत्काकारणरूप परमात्मादेवही हमअधिकारीजनोंकूं जानणेयोग्यहै ॥ याप्रकार तापरमात्मारूपकारणविषे जो याअ
धिकारीपुरुषोंकेबुद्धिकीस्थितिहै ॥ साबुद्धिकीस्थितिही ताकारणकेविचारकाफलहै ॥ अब तापरमात्मादेवरूप परमकारणका तिनते
जादिकभूतोंविषेअनुगतपणा स्पष्टकरिकैनिरूपणकरैहैं ॥ हेश्वेतकेतु! जैसे घटशरावादिककार्योंविषे मृत्तिका कारणरूपकरिकैप्र
वेशकरैहै ॥ तैसे तेज जल पृथिवी यातीनोंविषे सोपरमात्मादेव पूर्व कारणरूपकरिकैप्रवेशकरताभयाहै ॥ काहेतें? तापरमात्मा ॥२२॥
देवका असाधारणधर्मरूपईक्षण ॥ तत्तेजऐक्षत ॥ इत्यादिकश्रुतियोंनैं प्रतिपादनकन्याहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे सृष्टिकेआदिकालवि
षे सोसत्परमात्मादेव मैंबहुतरूपहोइकैउत्पन्नहोवों याप्रकारकाविचारकरिकै बहुतरूपहोताभयाहै ॥ तैसे तेज तथाजल येदोनोंभी

ताविचारकूंकरिकै बहुतरूपहोतेभयेहैं ॥ तहां जडतेजविषे तथाजडजलविषे चेतनकेप्रवेशतैंविना सोविचार संभवतानहीं ॥ यातैं यहजान्याजावैहै ॥ सोचेतनपरमात्मादेवही ता तेजजलविषेप्रवेशकरिकै ताविचारकूंकरताभयाहै ॥ शंका ॥ हेभगवन्! सोपरमात्मादेव तिनतेजादिकोंविषे जोकदाचित् पूर्वहीअनुगतहुआहोवै तौ श्रुतिनैं तापरमात्मादेवका पुनःजीवरूपकरिकैप्रवेश किसवासतेकथनकर्‍याहै?॥ समाधान ॥ हेश्वेतकेतु! यद्यपि यहसत्परमात्मादेव कारणरूपकरिकैतौ तिनतेजादिकोंविषे पूर्वहीप्रविष्टहुआहै ॥ तथापि सोपरमात्मादेव जीवरूपकरिकै तिनतेजादिकोंविषे पूर्वप्रविष्टहुआनहीं ॥ काहेतें? जो प्राणोंकूंधारणकरैहै ताकानाम जीवहै ॥ तेप्राणधारणादिकजीवकेधर्म तिसकालविषेहैंनहीं ॥ हेश्वेतकेतु! जोचेतन प्राण अपान व्यान उदान समान यापंचप्राणोंकूंधारणकरैहै ॥ तथा वारंवार जन्ममरणकीप्राप्तिरूप संसारकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तथा शुभअशुभफलकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तथा बंधकीनिवृत्तिरूपमोक्षकूंप्राप्तहोवैहै ॥ ताचेतनकानाम जीवहै ॥ हेश्वेतकेतु! यासर्वदेहधारीजीवोंका आपणेआपणेअंगुष्ठपरिमाण हृदयकमलहोवैहै ॥ ताहृदयकमलविषे ज्ञानशक्तिवालाअंतःकरण सर्वदारहैहै ॥ ताअंतःकरणकेसाथ जोचेतन तादात्म्यअध्यासकूंप्राप्तहोवैहै ॥ ताअंतःकरणउपहितचेतनकानाम जीवहै॥ शंका ॥ हेभगवन्! जोअंतःकरणकूंही जीवकाउपाधिरूपअंगीकारकरोगे तौ सुषुप्तिअवस्थाविषे ताअंतःकरणकानाशहोइजावैहै ॥ यातैं ताजीवकाभी तहांनाशहोणाचाहियै ॥ और सुषुप्तिविषे ता जीवकानाश सिद्धांतमैंअंगीकारहैनहीं ॥ समाधान ॥ हेश्वेतकेतु! सुषुप्तिअवस्थाविषेभी ताअंतःकरणका सर्वथा नाशहोवै नहीं ॥ किंतु तासुषुप्तिअवस्थाविषेभी सोअंतःकरण संस्काररभूतसूक्ष्मवासनारूपकरिकैबन्यारहैहै ॥ काहेतें? तासुषुप्तितैंपूर्वकालविषे जिसप्रकारकाअंतःकरण प्रतीतहोवैहै ॥ तिसीप्रकारकाअंतःकरण तासुषुप्तितैंउत्तरजाग्रत्कालविषेभी प्रतीतहोवैहै ॥ जोकदाचित् सोअंतःकरण तासुषुप्तिअवस्थाविषे सर्वथानाशकूंप्राप्तहुआहोवै तौ पूर्वदिनकेअंतःकरणतैं उत्तरदिनकाअंतःकरण विलक्षण प्रतीतहोणाचाहियै ॥ और सोअंतःकरण विलक्षण प्रतीतहोतानहीं ॥ यातैं यहजान्याजावैहै ॥ सोअंतःकरण सुषुप्तिअवस्थाविषे नाशकूंप्राप्तहोतानहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन्! अंतःकरणकूं तथाअंतःकरणकेवासनावोंकूं जोकदाचित् ताजीवात्माका

उपाधिरूपअंगीकारकरौंगे तौ तेअंतःकरण तथावासना अनेकहैं ॥ यातें तेजीवभी अनेकहोवैंगे ॥ और ॥ अजोह्येकोजुषमाणो ऽनुशेते ॥ इत्यादिकश्रुतियोंविषे एकहीजीवकह्याहै तिनश्रुतियोंकाविरोधहोवैगा ॥ समाधान ॥ हेश्वेतकेतु! तामायाविशिष्टपरमात्मादेवरूपकारणविषे याअंतःकरणवासनाविशिष्टजीवका तादात्म्यसंबंध शास्त्रवेत्तापुरुषोंनें कथनकऱ्याहै ॥ याकारणतेंही अंतःकरणादिरूपकार्यकेसाथ ताजीवात्माका तादात्म्यकाअध्यास विनाहीप्रयत्नतें प्राप्तहोवैहै ॥ जोकदाचित् ताअंतःकरणकेकारणकेसाथ याजीवात्माका तादात्म्यसंबंधनहींहोवै तौ ताअंतःकरणकेउदयकालविषेही ताजीवात्माका जोअंतःकरणकेसाथ तादात्म्यअध्यासहोवैहै ॥ सोनहींहोणाचाहिये ॥ हेश्वेतकेतु! ताअंतःकरणकीउत्पत्तिहुए तथानाशहुएभी याजीवात्माका उत्पत्तिनाशहोवैनहीं ॥ किंतु सोजीवात्मा सर्वदा एकरूपहीहै ॥ हेश्वेतकेतु! यद्यपि भिन्नभिन्नअंतःकरणोंविषेस्थितहोइकै सोजीवात्मा भिन्नभिन्नरूपकरिकै प्रतीतहोवैहै ॥ तथापि सोजीवात्मा तिनअंतःकरणोंकेकारणभूतअज्ञानकेसाथभी तादात्म्यसंबंधकूंप्राप्तहोवैहै ॥ सोअंतःकरणकीवासनावोंकाआधारभूतअज्ञान एकहीहै ॥ और आत्मज्ञानतेंविना ताअज्ञानकानाशभीहोवैहै ॥ ऐसेअज्ञानरूपउपाधिकूंग्रहणकरिकैही शास्त्रवेत्तापुरुष ताजीवात्माकूंएककहेहैं ॥ तथा नित्यकहेहैं ॥ और हेश्वेतकेतु! जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति यातीनअवस्थावोंका निमित्तकारणभूत जेसंस्काररूप कर्मवासनाहैं ॥ तथा वृत्तिज्ञानरूपअंतःकरणका निमित्तकारणभूत जे संस्काररूप ज्ञानवासनाहैं ॥ तिनसर्ववासनावोंकाआश्रय अज्ञानहै ॥ ताअज्ञानरूपआश्रयकेनाशकरिकै जबी तिनसर्ववासनावोंकानाशहोवैहै ॥ तबी यहजीवात्मा मोक्षकूंप्राप्तहोवैहै ॥ अब अन्वयव्यतिरेककरिकै तावासनावोंकेनाशविषे मोक्षकीकारणतानिरूपणकरैहैं ॥ हेश्वेतकेतु! जैसे याभूमिविषेस्थित जितनेवृक्षहैं ॥ तिनवृक्षोंविषे जिसवृक्षका मूलबीज नाशहोवैहै ॥ सोवृक्षही नाशकूंप्राप्तहोवैहै ॥ दूसरेवृक्ष नाशकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ तैसे यामायाविषेस्थित जितनेजीवहैं ॥ तिनजीवोंविषे जिसजीवकेअंतःकरणकीवासनावोंकानाशहोवैहै ॥ सोजीवही मोक्षकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जिनजीवोंकेअंतःकरणकीवासनावोंकानाश नहींहुआहै ॥ तेजीव तामोक्षकूंप्राप्तहोवैंनहीं ॥ किंतु तेजीव बंधकूंहीप्राप्तहोवैहैं ॥ शंका ॥ हेभगवन्! पूर्वआपनें एकहीजीवकथनकऱ्याथा ॥ और अबीआपनें नाना

जीव कथनकरे ॥ यातें पूर्वउत्तरवचनोंका विरोधप्राप्तहोवैगा ॥ समाधान ॥ हेश्वेतकेतु! जैसे स्वप्नअवस्थाविषे यहएकहीस्वप्नद्रष्टापुरुष अज्ञानकेवशतें अनेकरूपोंकूंधारणकरिकै किसीरूपकरिकैतौ बंधकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तथा किसीरूपकरिकै मोक्षकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे यहएकहीजीवात्मा मायाकेवशतें अनेकरूपोंकूंधारणकरिकै किसीरूपकरिकैतौ बंधकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और किसीरूपकरिकै मोक्षकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जैसे तास्वप्नकेनिवृत्तहुएतेंअनंतर तेस्वप्नकेबंधमोक्ष तास्वप्नद्रष्टापुरुषकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ तैसे याआनंदस्वरूपआत्माके साक्षात्कारहुएतेंअनंतर सोबंधमोक्ष प्राप्तहोवैनहीं ॥ यातैंयहअर्थसिद्धभया ॥ जीवोंकापरस्परभेद तथातिनजीवोंका परमात्माकेसाथभेद जोप्रतीतहोवैहै ॥ सोकेवल उपाधिकेसंबंधतें प्रतीतहोवैहै ॥ वास्तवतेंतौ यहजीवात्मा अद्वितीयब्रह्मरूपही है ॥ शंका ॥ हेभगवन्! यहपरमात्मादेवही याजगत्विषे प्रवेशकरैहै यहजोवार्ता पूर्वआपनैंकथनकरीथी ॥ सोसंभवतीनहीं ॥ काहेतें? यालोकविषे परिच्छिन्नवस्तुकाही प्रवेशदेखणेमैंआवैहै ॥ व्यापकवस्तुकाप्रवेश देखणेविषेआवतानहीं ॥ समाधान ॥ हेश्वेतकेतु! जैसे सर्प आपणेबिलविषेप्रवेशकरैहै ॥ तैसे यहपरमात्मादेव जगत्विषेप्रवेशकरैनहीं ॥ किंतु जैसे सर्वत्रव्यापकहुआभी यहआकाश घटादिकउपाधियोंविषे प्रवेशकरैहै ॥ तैसे सर्वत्रव्यापकहुआभी यहपरमात्मादेव तिनतेजादिकभूतोंविषेप्रवेश करैहै ॥ और हेश्वेतकेतु! जैसे सुषुप्तिअवस्थाकूंप्राप्तहुआयहपुरुष सामान्यरूपतें यद्यपि याशरीरविषेप्रविष्टहुआहै ॥ तथापि विशेषरूपतें प्रविष्टहुआनहीं ॥ और सोईहीपुरुष पुनः जाग्रत्अवस्थाविषे विशेषरूपकरिकै याशरीरविषेप्रवेशकरैहै ॥ तैसे तेज जल पृथिवी यातीनभूतोंविषे सोपरमात्मादेव यद्यपि सामान्यरूपकरिकै पूर्वहीप्रविष्टहुआहै ॥ तथापि विशेषरूपकरिकै पूर्व प्रविष्टहुआनहीं ॥ और सोईहीपरमात्मादेव पुनः तिनतेजादिकोंविषे जीवात्मारूपविशेषस्वरूपकरिकै प्रवेशकरैहै ॥ और सोपरमात्मादेव ताविशेषरूपकरिकै प्रवेशकरणेवासते याप्रकारकाविचार करताभया ॥ आपणेआपणेकार्यविषे प्रविष्टहुए जेये तेजजलपृथिवीरूपतीनभूतहैं ॥ तिनोंविषे मैंपरमात्मादेव आपणेजीवरूपतैंप्रवेशकरिकै नाम रूप यादोनोंकूं विविधप्रकारकाकरौं ॥ तथा तानामरूपकूं स्पष्टकरौं ॥ और तानामरूपकेविविधप्रकारकरणेविषे तथास्पष्टकरणेविषे याप्रकारकाउपाय हमारेकूंप्रतीतहोवैहै ॥

तेज जल पृथिवी येजे तीनभूतरूपदेवताहैं ॥ तिनोंविषेप्रवेशकरिकै मैंपरमात्मादेव तिसएकएकभूतकूं नवनवप्रकारकाकरौं ॥ तिनभूतोंकूं नवनवप्रकारकरणेतैंही यहनामरूपदोनों स्पष्टभावकूंप्राप्तहोवैंगे ॥ तिसतैंही यहसर्वजगत् उत्पन्नहोवैगा ॥ इसप्रकार काविचारकरिकै सोपरमात्मादेव तिसीप्रकार करताभया ॥ तात्पर्ययह ॥ तेज जल पृथिवी यातीनभूतोंविषे एकएकभूतके तीनतीनविभाग समानकरै ॥ तहां तिनतीनोंभूतोंके दोदोविभागतौ पृथक्पृथक्राखै ॥ और तिनभूतोंके तीसरेतीसरेविभागके पुनःतीनतीनविभागकरै ॥ तिनतीनोंविभागोंविषे एकएकविभागकूं यथाक्रमतैं तिनतीनभूतोंकेदोदोविभागोंविषेमिलाया ॥ इसप्रकार तेजादिकभूतोंके आपणेआपणेतौ सप्तसप्तविभागहोवैहैं ॥ और दूसरेभूतोंके दोदोविभागहोवैहैं ॥ याहीप्रक्रियाकूं छांदोग्यश्रुतिविषे त्रिवृत्करण यानामकरिकैकथनकऱ्याहै ॥ हेशिष्य! इसप्रकार सोआरुणिपिता ताश्वेतकेतुपुत्रकेप्रति अध्यारोपभूत त्रिवृत्करणरूपसृष्टिकाकथनकरिकै यहकार्यजगत् कारणमात्ररूपहै याप्रकारकेअपवादकेकहणेवासतै अग्नि आदित्य चंद्रमा विद्युत् यहचारिदृष्टांत कथनकरताभया ॥ हेश्वेतकेतु! अग्नि आदित्य चंद्रमा विद्युत् याचारोंविषे जोरक्तरूप प्रतीतहोवैहै ॥ सोरक्तरूप तासप्तभागवाले तेजकाहीजानणा ॥ और तिनअग्निआदिकचारोंविषे जोशुक्लरूप प्रतीतहोवैहै ॥ सोशुक्लरूप ताजलकेअष्टमभागकाजानणा ॥ और तिनअग्निआदिकचारोंविषे जोकृष्णरूप प्रतीतहोवैहै ॥ सोकृष्णरूप पृथिवीकेनवमभागकाजानणा ॥ इसप्रकार तेअग्निआदिकचारों तेज जल पृथिवी येतीनभूतरूपहीहैं ॥ हेश्वेतकेतु! जैसे रक्तरूपवालाजोतेजहै ॥ तथाशुक्लरूपवालाजोजलहै तथाकृष्णरूपवालीजापृथिवीहै ॥ यातीनोंकारणकूं जबी तिनअग्निआदिककार्योंतैंभिन्नकरिये ॥ तबी तेअग्निआदिककार्य प्रतीतहोवैंनहीं ॥ याकारणतैं तेअग्निआदिककार्य मिथ्याहीहैं ॥ तैसे जलरूपजेनदीआदिकहैं ॥ तथा पृथिवीरूपजेपर्वतादिकहैं ॥ तेभी पूर्वकहीरीतिसैं तेज जल पृथिवी यातीनभूतोंकेहीकार्यहैं ॥ तिनतेजादिककारणोंकूं जबी तिननदीपर्वतादिककार्योंतैं पृथक्करिये ॥ तबी तेनदीपर्वतादिककार्य प्रतीतहोवैंनहीं ॥ यातैं तेनदीपर्वतादिकपदार्थभी मिथ्याहीहैं ॥ काहेतैं? तेअग्निआदिकविकार केवलवाणीमात्रकरिकैहीसिद्धहैं ॥ वास्तवतैं तेअग्निआदिकविकार हैंनहीं ॥ यातैं तेज जल पृथिवी यातीनकारणोंतैंभिन्नकरेहुए तेअग्निआदिकवि

कार मिथ्याहीहोवैहै ॥ यातैं तिनअग्निआदिकविकारोंकेकारणरूपजे तेजादिकतीनभूतहैं ॥ तेतीनभूत तिनविकारोंकीअपेक्षाकरिकै सत्यरूपहैं ॥ हेश्वेतकेतु ! जैसे अग्निआदिकविकार कार्यरूपहोणेतैं मिथ्याहैं ॥ तैसे तेज जल पृथिवी येतीनभूतभी कार्यरूपहोणेतैं मिथ्याही हैं ॥ तिनमिथ्यातेजादिकभूतोंका जोपरमात्मादेवरूपकारणहै ॥ सोपरमात्मादेवही सत्यहै ॥ तापरमात्मादेवतैंभिन्न यहसर्व जगत् मिथ्याही है ॥ तासत्यपरमात्मादेवकेज्ञानतैंही यासर्वजगत्काज्ञानहोवैहै ॥ अब याहीअर्थविषे विद्वान्पुरुषोंकाअनुभव निरूपणकरै हैं ॥ हेश्वेतकेतु ! इसप्रकार कारणकेसत्यरूपताकूंजाणिकै परमहर्षकूंप्राप्तहुए केईकविद्वान्पुरुष परस्परमिलिकै पूर्व याप्रकार केवचन कहतेभयेहैं ॥ हमविद्वान्ब्राह्मणोंके विद्यारूपकुलविषे जितनेपुरुष उत्पन्नहोवैंगे ॥ तिनोंविषे कोईभीपुरुष किसीअज्ञात वस्तुका कथनकरैगानहीं ॥ किंतु सोपुरुष कारणकेसत्यरूपताकूं तथाकार्यकेमिथ्यारूपताकूं जाणिकरिकै ज्ञातवस्तुकाही कथनकरैगा ॥ काहेतें? यालोकविषे आपणेकारणतैं सोकार्य किंचित्मात्रभीभिन्नहोवैनहीं ॥ यातैं ताकारणकेज्ञानतैं तेसर्वपुरुष सर्वज्ञताकूंप्राप्त होवैंगे ॥ हेश्वेतकेतु! तिनविद्वान्पुरुषोंका जोयाप्रकारकाकहणाहै ॥ सोअसंगतनहीं है किंतु यथार्थही है ॥काहेतें? यासर्वजगत्काकारणरूप जे तेज जल पृथिही येतीनभूतहैं ॥ तिनभूतोंकूंभी तेविद्वान्पुरुष भलीप्रकार जाणतेभये हैं ॥ और तिनतेजादिकतीनभूतोंकाकारणरूप जोसत्परमात्मादेवहै ॥तापरमात्मादेवकूंभी तेविद्वान्पुरुष भलीप्रकार जाणतेभये हैं ॥ ऐसेविद्वान्पुरुषोंकूं यासर्वजगत्काज्ञानहोणाकोईदुर्लभनहीं है ॥ इतनेकरिकै अग्निआदिकबाह्यप्रपंचविषे तेजादिकतीनभूतोंकीकार्यता निरूपणकरी॥अब यास्थूलसूक्ष्मशरीरविषे तिनतेजादिकभूतोंकीकार्यता निरूपणकरै हैं ॥ हेशिष्य ! इसप्रकार सोउद्दालकनामाआरुणिपिता ताश्वेतकेतुपुत्रके प्रति याबाह्यप्रपंचविषे भौतिकपणा कथनकरिकै मनप्राणादिकअंतरप्रपंचविषे तिनतेजादिकभूतोंकीकार्यता तथातिनभूतोंद्वारा ब्रह्मकीकार्यता कहणेकीइच्छाकरताहुआ याप्रकारकावचनकहताभया ॥ हेश्वेतकेतु ! यालोकविषे अन्नजलकूं भक्षणकरणेहारेजितनेदेहधारीजीवहैं ॥ तेदेहधारीजीव जिसत्रिवृत्रूपअन्नकूंभक्षणकरै हैं ॥ तथा जिसत्रिवृत्रूपजलकूंपानकरै हैं ॥ सोअन्न तथाजल जठराग्निकेसंबंधकरिकै पृथिवी जल तेज यातीनरूपकरिकै तीनप्रकारकाहोवैहै ॥ हेश्वेतकेतु ! इसप्रकार तीनविभागोंकूंप्राप्त

हुआजो अन्नजलहै ॥ ताअन्नजलकाजोतैजसभागहै ॥ सोतैजसभागभी सूक्ष्म मध्यम स्थूल याभेदकरिकैतीनप्रकारकाहोवैहै ॥
तहां सूक्ष्मतैजसभागतौ वाक्रूपकरिकैपरिणामकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और मध्यमतैजसभाग मज्जारूपकरिकैपरिणामकूंप्राप्तहोवैहै ॥
और स्थूलतैजसभाग अस्थिरूपकरिकैपरिणामकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे सोजलीयभागभी सूक्ष्म मध्यम स्थूल यातीनरूपकरिकै ती
नप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां सूक्ष्मजलकाभागतौ प्राणरूपकरिकैपरिणामकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और मध्यमजलकाभाग रक्तरूपकरिकैपरि
णामकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और स्थूलजलकाभाग मूत्ररूपकरिकैपरिणामकूंप्राप्तहोवैहै ॥ इसप्रकार सोपृथिवीकाभागभी सूक्ष्म मध्य
म स्थूल यातीनभेदकरिकैतीनप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां सूक्ष्मपार्थिवभागतौ मनरूपकरिकैपरिणामकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और मध्यम
पार्थिवभाग मांसरूपकरिकैपरिणामकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और स्थूलपार्थिवभाग पुरीषरूपकरिकै परिणामकूंप्राप्तहोवैहै ॥ हेशिष्य !
वाक् तेजकाकार्यहै ॥ और प्राण जलकाकार्यहै ॥ और मन पृथिवीरूपअन्नकाकार्यहै ॥ याप्रकारकेअर्थकूंश्रवणकरिकै सोश्वेत
केतु आपणेपिताकेप्रति याप्रकारकाप्रश्नकरताभया ॥ श्वेतकेतुरुवाच ॥ हेपिता ! अन्नजलादिरूपकूंप्राप्तभयेजे तेज जल पृथि
वी येतीनभूतहैं ॥ ते अत्यंतस्थूलहैं ॥ और वाक् प्राण मन ये तीनों अत्यंतसूक्ष्महैं ॥ ऐसे तेजादिकस्थूलभूतोंतैं वाकादिक
सूक्ष्मोंकीउत्पत्तिसंभवैनहीं ॥ काहेतें ? यालोकविषे समानस्वभाववाले तंतुपटादिकोंकाही परस्पर कार्यकारणभाव देखणेविषेआवे
है ॥ विलक्षणस्वभाववालेपदार्थोंका परस्पर कार्यकारणभाव देखणेविषेआवतानहीं ॥ यातें हेभगवन् ! तापूर्वकहेअर्थकूं आपहमा
रेप्रति पुनः किसीयुक्तिकरिकैकथनकरौ ॥ जाकरिकै ताअर्थका हमारेकूं वास्तवरूपतैंज्ञानहोवै ॥ हेशिष्य ! इसप्रकार जबी ता
श्वेतकेतुनैं आपणेआरुणिपिताकेप्रति प्रश्नकऱ्या ॥ तबी सोआरुणिपिता ताश्वेतकेतुपुत्रकेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥
आरुणिरुवाच ॥ हेश्वेतकेतु ! स्थूलतैंसूक्ष्मकीउत्पत्तिविषे तूदृष्टांतकूंश्रवणकर ॥ जैसे यालोकविषे घनीभावकरिकैस्थूलताकूंप्राप्तभ
याजोदधिहै ॥ तास्थूलदधिविषे यद्यपि मंथनकरणेतैंपूर्व तक्र फेन घृत येतीनरूपप्रतीतहोवैंनहीं ॥ तथा मंथनकरिकै तास्थूल
दधि तक्र फेन घृत यातीनसूक्ष्मरूपकरिकै परिणामकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे अन्नजलभावकूंप्राप्तहुए तेज जल पृथिवी येतीन

स्थूलभूतभी वाक् प्राण मन यातीनसूक्ष्मरूपकरिकै परिणामकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ और हेश्वेतकेतु ! जैसे मथनकऱ्येहुए दधिका जोसूक्ष्म अंशहै ॥ सोघृतरूपकरिकै ऊर्ध्वदेशकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तैसे अन्नजलरूपकरिकै जठराग्निविषेस्थित जे तेज जल पृथिवीहैं ॥ तिनतीनोंतें कथाक्रमतें वाक् प्राण मन यातीनोंकाउपादानकारणरूप सूक्ष्मअंशभी ऊर्ध्वदेशकूंप्राप्तहोवैहै ॥ इसप्रकार तेज जल पृथिवी यातीनस्थूलभूतोंतें यथाक्रमतें वाक् प्राण मन येतीनोंसूक्ष्म उत्पन्नहोवैहैं ॥ हेशिष्य ! इसप्रकार जबी ताआरुणिपितानैं ताश्वेतकेतुपुत्रकेप्रति उत्तरकह्या ॥ तबी सोश्वेतकेतु ताअरुणिपिताकेप्रति पुनः याप्रकारकाप्रश्न करताभया ॥ श्वेतकेतुरुवाच ॥ हेपिता ! पूर्वआपनें वाक्विषे जोतेजरूपताकथनकरी सोयद्यपि संभवैहै ॥ काहेतें ? यालोकाविषे जैसे जलकरिकै तेजकापराभव देखणेमेंआवैहै ॥ तैसे याशरीरविषे जलरूपकफधातुकीवृद्धिकरिकै जबी तेजकापराभवहोवैहै ॥ तबी सर्वदेहधारीजीवोंका सोवाक् शिथिलताकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और ताकफधातुकेवृद्धिकेअभावहुए सोवाक् स्पष्टप्रतीतहोवैहै ॥ याप्रकारकेअन्वयव्यतिरेककरिकै तावाक्विषे तेजकीकार्यता निश्चयहोइसकैहै ॥ तथापि प्राणविषे जलकीकार्यता तथामनविषे पृथिवीरूपअन्नकीकार्यता किसप्रकार निश्चयकरिजावै? तावाक्कीन्यांई याप्राणमनविषे कोईअन्वयव्यतिरेक देखणेमेंआवतानहीं ॥ हेशिष्य ! इसप्रकार जबी ताश्वेतकेतुनैं उद्दालकपिताकेप्रति प्रश्नकऱ्या ॥ तबी सोउद्दालकपिता ताश्वेतकेतुपुत्रकेप्रति ताप्राणमनविषेभी सोअन्वयव्यतिरेक दिखावताहुआ याप्रकारकावचन कहताभया ॥ आरुणिरुवाच ॥ हेश्वेतकेतु ! श्रोत्रादिकपंचज्ञानइंद्रिय तथावाकादिकपंचकर्मइंद्रिय तथाआकाशादिकपंचभूतएकप्राण याषोडशतत्त्वोंकासमुदाय तप्तलोहपिंडकीन्यांई चेतनकेतादात्म्यसंबंधकरिकैयुक्तहुआ पुरुषनामकरिकेकह्याजावैहै ॥ और चंद्रमाहैदेवताजिसका ऐसाजोमनहै ॥ सोमनहैप्रधानजिसविषे ऐसाजोसोपुरुषहै ॥ तामनोमयपुरुषकी वेदवेत्तापुरुषोंनें षोडशकला कथनकरीहैं ॥ इहां दिनदिनविषेभोजनकऱ्याजोअन्नहै ॥ ताअन्नतैंउत्पन्नभईजे मनकेवृत्तियोंकाउपादानकारणरूप शक्तियांविशेषहैं ॥ तिनशक्तियोंकानाम कलाहै ॥ तहां एकएकदिनविषे ताअन्नकेभक्षणकियेतें तामनविषे एकएककला उत्पन्नहोवैहै ॥ इसप्रकार षोडशदिनपर्यंत ताअन्नकेभक्षणकरणेतें तामनोमयपुरुषविषे षोडशकला उत्पन्नहोवैहैं ॥ और जोपुरुष अन्नकूंभक्षणनहींकरै

है ॥ तिसपुरुषकी एकएकदिनविषे एकएककला नाशकूंप्राप्तहोतीजावैहै ॥ षोडशदिनपर्यंत ताअन्नकेनहींभक्षणकियेनैं तेसर्वक
ला नाशकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ याअर्थविषे तुमनें किंचित्मात्रभी संशयनहींकरणा ॥ परंतु यहसर्ववार्ता रोगरहितपुरुषविषेही घटेहै ॥
रोगीपुरुषविषेतौ वातपित्तादिकदोषकीही साशक्तिहोवैहै ॥ हेश्वेतकेतु! यहप्राण जलतैंविना एकदिनमात्रभी याशरीरविषे स्थि
तहोइसकैनहीं ॥ और ताप्राणकेगएहुएतैंअनंतर सोअन्वयव्यतिरेक जान्याजावैनहीं ॥ यातैं ताअन्वयव्यतिरेकके ज्ञानविषेउप
योगी जोप्राणहै ॥ ताप्राणकीरक्षाकरणेवासतै तू जलकूंतौ आपणीइच्छापूर्वक पानकर ॥ परंतु अन्नकूं पंचदशादिनपर्यंत तू भक्षण
मतकर ॥ ताअन्नकेनहींभक्षणकियेतैं तू आपेहि ताअन्वयव्यतिरेककूंनिश्चयकरैगा ॥ हेशिष्य! इसप्रकारकावचन जवी ताआरु
णिपितानैं श्वेतकेतुपुत्रकेप्रतिकह्या ॥ तवीसोश्वेतकेतु तापिताकेआज्ञाकूंमानिकै पंचदशादिनपर्यंत अन्नकूंनहींभक्षणकरताभया ॥
तापंचदशादिनतैंअनंतर सोश्वेतकेतु पुनःताआरुणिपिताकेसमीपजाइकै स्थितहोताभया ॥ और क्षुधाकरिकैक्षीणहुआहैमनजिस
काऐसाजोश्वेतकेतुहै ॥ ताश्वेतकेतुकूं आपणेसमीपआयाहुआदेखिकै सोआरुणिपिता ताश्वेतकेतुपुत्रकेप्रति याप्रकारकावचन कह
ताभया ॥ हेपुत्र! जोतुमनैं पूर्व ऋग् यजुष् साम यातीनवेदोंके पाठका तथाअर्थका अध्ययनकऱ्याहै ॥ तिनअर्थसहितवेदोंकूं
हमारे समीपकथनकरो ॥ हेशिष्य! इसप्रकारकावचन जवी ताआरुणिपितानैं श्वेतकेतुकेप्रतिकह्या ॥ तवी सोश्वेतकेतु पूर्वअध्य
यनकऱ्येहुएवेदोंकाचिंतनकरताहुआभी ताकालविषे किंचित्मात्रभी तिनवेदोंकास्मरणनहींकरताभया ॥ जैसे दुर्बुद्धिपुरुष किसी
भीअर्थकूं स्मरणकरिसकतानहीं ॥ तैसे सोश्वेतकेतुभी तापूर्वअध्ययनकऱ्येहुएअर्थकूं किंचित्मात्रभी स्मरणनहींकरताभया ॥ ति
सतैंअनंतर गिलानिकरिकैयुक्तहुआ सोश्वेतकेतु आपणेआरुणिपिताकेप्रति याप्रकारकावचनकहताभया ॥ हेपिता! पूर्वहमनैं जि
नऋगादिकवेदोंका अर्थसहितअध्ययनकऱ्याथा ॥ तेऋगादिकवेद अवी हमारेकूं प्रतीतहोतेनहीं ॥ किंतु जैसेकिसीपुरुषनैं बहुत
कालपर्यंत आराधनकऱ्याजोमंत्रहै ॥ सोमंत्र तापुरुषकेभाग्यकेक्षयहुए निष्फलहीहोवै है ॥ तैसे हमनैं पूर्व जितनावेदोंकाअ
ध्ययनकऱ्याथा ॥ सोसंपूर्णअध्ययन हमारा निष्फलहोताभयाहै ॥ हेशिष्य! इसप्रकारकावचन जवी ताश्वेतकेतुनैंकह्या ॥ तवी

सोआरुणिपिता ताक्षुधावान्श्वेतकेतुकेप्रति याप्रकारकावचनकहताभया ॥ हेश्वेतकेतु! तूअबी अन्नकूंभक्षणकर ॥ ताअन्नकेभक्षण किंयेतैंअनंतर तू तिनसर्ववेदोंकेअर्थकूं पूर्वकीन्यांई जाणैगा ॥ हेश्वेतकेतु! जैसे महान्प्रज्वलितअग्निके जबी काष्ठादिकइंधनोंका नाशहोवैहै ॥ तबी ताअग्निके खद्योतजंतुकेसमान कोईकअंगारकण बाकीरहेहैं ॥ ताखद्योतकेसमानअग्निकेअंगारकणोंकरिकै पूर्वप्रज्वलितअग्निकीन्यांई महान्काष्ठोंकादाहरूपकार्य उत्पन्नहोवैनहीं ॥ तैसे पंचदशदिनपर्यंत अन्नकेनहींभोजनकरणेकरिकै तातुमारेमनकी पंचदशकलातौ नाशहोइगईहैं ॥ बाकी एककलारहीहै ॥ याकारणतैं सोतुमारामन किंचित्मात्रभीअर्थकेजानणेविषे तथास्मरणकरणेविषे समर्थहोतानहीं ॥ यातैं तूअबी अन्नकेभोजनतैं आपणेमनके कलावोंकीवृद्धिकरिकै पुनः हमारेसमीपआव ॥ हेशिष्य! इसप्रकारकेपिताकेवचनकूंअंगीकारकरिकै सोश्वेतकेतु अन्नकूंभोजनकरिकै पुनःआपणेपिताकेसमीपजाताभया ॥ ताश्वेतकेतुपुत्रकूंदेखिकै सोआरुणिपिता ताश्वेतकेतुपुत्रतैं पुनःपूर्वअध्ययनकऱ्येहुएवेदोंकाअर्थ पूछताभया ॥ तिसतैंअनंतर सोश्वेतकेतु ताआरुणिपिताकेप्रति सोसर्ववेदोंकाअर्थ कथनकरताभया ॥ हेशिष्य! इसप्रकार सोआरुणिपिता ताश्वेतकेतुपुत्रकेप्रति अन्नकेअभावहुए मनकाभीअभावहोवैहै याप्रकारकेव्यतिरेककूं अग्निकेदृष्टांततैंकथनकरिकै तिसतैंअनंतर अन्नकेविद्यमानहुए मनकीभीविद्यमानताहोवैहै याप्रकारकेअन्वयकूं तिसीअग्निकेदृष्टांततैं कथनकरताहुआ याप्रकारकावचन कहताभया ॥ हेश्वेतकेतु! जैसे सोखद्योतकेसमानसूक्ष्मअंगार सूक्ष्मशुष्कतृणोंकेपावणेकरिकै शनैःशनैः वृद्धिकूंप्राप्तहोइकै महान्शुष्ककाष्ठोंकूं तथामहान्आर्द्रकाष्ठोंकूंभी दाहकरिसकैहैं ॥ तैसे आहारकेग्रहणतैंपूर्व जोतुमारामन एककलामात्र बाकीरह्याथा ॥ सोईहीतुमारामन अबीआहारकेग्रहणकरणेतैं पुनःसर्वज्ञताकूं प्राप्तहुआहै ॥ याप्रकारकेअन्वयव्यतिरेककरिकै तुमनैंभी आपणेमनविषे अन्नमयता निश्चयकरीहै ॥ हेश्वेतकेतु! जैसे वाक्विषे तथामनविषे अन्वयव्यतिरेककरिकै तुमनैं तेजोमयता तथाअन्नमयता निश्चयकरीहै ॥ तैसे प्राणविषेभी तुमनैं जलमयता निश्चयकरणी ॥ काहेतैं? जैसे अन्नतैंविना मनकाक्षयहोवैहै ॥ तैसे जलतैंविना प्राणकाभीक्षयहोवैहै ॥ इतनेग्रंथकरिकै सर्वजगत्काकारणरूप जोअद्वितीयब्रह्महै ॥ ताअद्वितीयब्रह्मरूप तत्पदार्थकाशोधन निरूपणकऱ्या ॥ अब तातत्पदार्थविषे प्रत्यक्आत्मा

रूप त्वंपदार्थरूपता निरूपणकरैहैं ॥ तहां त्वंपदार्थरूपआत्माविषे सा तीनप्रकारकी प्रत्यक्रूपता वेदांतशास्त्रोंविषेकथनकरीहै ॥ तहां एकतौ अंतःकरणादिकोंविषेस्थित चिदाभासकीबिंबरूपताकरिकै प्रत्यक्रूपताकहीहै ॥ और दूसरी शरीरकीअधिष्ठानता रूपकरिकै प्रत्यक्रूपता कथनकरीहै ॥ और तीसरी इंद्रियोंकीअधिष्ठानतारूपकरिकै प्रत्यक्रूपता कथनकरीहै ॥ तहां प्रथमप्र त्यक्रूपताकूं याछांदोग्यश्रुतिविषे शकुनिपक्षीकेदृष्टांतकरिकैकथनकऱ्याहै ॥ ताका अबीनिरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य! पूर्वकहीरीतिसें वाक् प्राण मन आदिकोंकेउपादानकारणरूप अद्वितीयब्रह्मकूंनिश्चयकऱ्याहै जिसनैं ऐसाजोश्वेतकेतुहै ॥ ताश्वेतकेतुपुत्रकेप्रति सोउ द्दालकनामाआरुणिपिता त्वंपदार्थआत्माकेशोधनकरणेवासते पुनः याप्रकारकावचन कहतामया ॥ हेश्वेतकेतु! पूर्वमहनैं तुमारेप्रति जोमन अन्नमयरूपकरिकैकथनकऱ्याहै ॥ तिसमनकाही यहतेजजलपृथिवीरूपसर्वजगत् विलासहै ॥ तिसमनकेविद्यमानहुएही यहपुरुष वारंवार अध्यासरूपमोहकूंप्राप्तहोवैहै ॥ जोकदाचित् यहमन नहींहोवै तौ तामनविषेप्रतिबिंबरूप मोहकूंभी यहजीव प्रा प्तहोवैनहीं ॥ ताप्रतिबिंबरूपमोहकेअभावहुए याजीवात्माकूं रागद्वेषादिकविकारभीप्राप्तहोवैनहीं ॥ तिनरागद्वेषादिकविकारोंके अभावहुए यहजीवात्मा पुनःसंसारकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ यातैं यहचिदाभासयुक्तमनही यासर्वजगत्कानिर्वाह करणेहाराहै ॥ शंका ॥ हेभगवन्! यामनकूंभी उपादानकारणतारूपकरिकै आपणेवशविषेस्थापनकरणेहारा कौनवस्तुहै? ॥ समाधान ॥ हेश्वेत तु! कारणरूपजोप्रथमशरीरहै सोकारणशरीरही यामनकूं आपणेवशकरणेहाराहै ॥ अब याहीअर्थकेस्पष्टकरणेवासते प्रथम ती नप्रकारकेशरीरोंका निरूपणकरैहै ॥ स्थूलशरीर सूक्ष्मशरीर कारणशरीर येतीनप्रकारकेशरीरहोवैहैं ॥ तहां प्रथम कारण शरीरका निरूपणकरैहैं ॥ सर्वदेहधारीजीवोंका जोअज्ञानहै ॥ ताअज्ञानकानाम कारणशरीरहै ॥ सोअज्ञान एकहोणेतें सर्वदेह धारीजीवोंकूं साधारणहै ॥ तथा सर्वदुःखोंकाकारणहै ॥ याकारणतें सोअज्ञानरूपकारणशरीर स्थूलसूक्ष्मशरीरोंकीअपेक्षाकरिकै उत्कृष्टहै ॥ शंका ॥ हेभगवन्! ताअज्ञानरूपकारणशरीरविषे कौनप्रमाणहै? ॥ समाधान ॥ हेश्वेतकेतु! यहसर्वदेहधारीजीवसु षुप्तितैंउठिकै याप्रकारकास्मरणकरैहैं ॥ जोहम सुखीसोतेभये तथाकिंचित्मात्रभी नहींजाणतेभये ॥ यासर्वलोकोंकेस्मरणतें यह

जान्याजावैहै ॥ जोयहजीव सुषुप्तिअवस्थाविषेजाइकै तहां सर्वदुःखोंतैंरहितआनंदकूंअनुभवकरैहै ॥ तथा अज्ञानकूंअनुभवकरैहै ॥ ताअनुभवजन्यसंस्कारोंतैंही याजाग्रत्अवस्थाविषे ताआनंदकी तथाअज्ञानकी स्मृतिहोवैहै ॥ यातैं याजीवोंकेजाग्रत्अवस्थाकेस्मरणरूपहेतुतैं अनुमानकर्‌याजोसुषुप्तिकाअनुभवहै ॥ ताजीवोंकेअनुभवकरिकैही सोअज्ञानरूपकारणशरीर सिद्धहोवैहै ॥ अब सूक्ष्मशरीरका निरूपणकरैहैं ॥ हेश्वेतकेतु! ताकारणअज्ञानविशिष्टआत्मादेवतैं आकाशादिकपंचसूक्ष्मभूत तथामनइंद्रियादिकभौतिकपदार्थ उत्पन्नहोवैहैं ॥ तिनसमष्टिसूक्ष्मपदार्थोंकाअभिमानीजोहिरण्यगर्भहै ॥ ताहिरण्यगर्भकूं शास्त्रवेत्तापुरुष अधिदैव यानामकरिकैकथनकरैहैं ॥ और मनहैप्रधानजिसविषे ऐसाजोव्यष्टिसूक्ष्मकाअभिमानी तैजसहै ॥ तातैजसकूं शास्त्रवेत्तापुरुष अध्यात्म यानामकरिकै कथनकरैहैं ॥ अब स्थूलशरीरकावर्णनकरैहैं ॥ हेश्वेतकेतु! तिनसूक्ष्मभूतोंतैं यहस्थूलभूत उत्पन्नहोवैहैं ॥ तथा स्थूलशरीरादिकभौतिकपदार्थ उत्पन्नहोवैहैं ॥ तिनसमष्टिस्थूलभूतभौतिकपदार्थोंकेअभिमानीदेवताकूं शास्त्रवेत्तापुरुष विराट् यानामकरिकैकथनकरैहैं ॥ और व्यष्टिस्थूलकेअभिमानीकूं शास्त्रवेत्तापुरुष विश्व यानामकरिकैकथनकरैहैं ॥ तहां विराट्तौअधिदैवरूपहै ॥ और विश्व अध्यात्मरूपहै ॥ अब जाग्रतादिकतीनअवस्थावोंकेआश्रयका निरूपणकरैहैं ॥ हेश्वेतकेतु! यासर्वदेहधारीजीवोंकूं भिन्नभिन्नरूपकरिकै जोआपणाआपणास्थूलशरीर प्रतीतहोवैहै ॥ सोयहस्थूलशरीरतौ जाग्रत्अवस्थाका स्थानहोवैहै ॥ और सूक्ष्मशरीर स्वप्नअवस्थाका स्थानहोवैहै ॥ और तास्वप्नअवस्थाकाआश्रयरूप जोअंतःकरणहै ॥ ताअंतःकरणकी दोअवस्थाहोवैहैं ॥ एकतौ स्वरूपतैंअभिव्यक्तिरूपअवस्थाहोवैहै ॥ और दूसरी संस्काररूपतैंस्थितिरूपअवस्थाहोवैहै ॥ ताअंतःकरणकीदोअवस्थावोंकेभेदकरिकै सास्वप्नअवस्थाभी दोप्रकारकीहोवैहै ॥ तहां एकतौ सस्वप्नअवस्थाहोवैहै ॥ और दूसरी स्वप्नरहितअवस्थाहोवैहै ॥ तहां प्रसिद्धस्वप्नअवस्थाकूं सस्वप्नअवस्थाकहेहैं ॥ और प्रसिद्धसुषुप्तिअवस्थाकूं स्वप्नरहितअवस्थाकहेहैं ॥ जिससुषुप्तिअवस्थाविषे सर्वदुःखोंकालयहोवैहै ॥ काहेतें? तासुषुप्तिअवस्थाविषे यहप्रतिबिंबरूपजीव आपणेबिंबरूपपरमात्मादेवविषे लयभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ कैसाहैसोपरमात्मादेव? परमआनंदस्वरूपहै ॥ तथा सर्वभेदतैंरहितहै ॥ याकारण

तैंही सोपरमात्मादेव क्षुधा पिपासा हर्ष शोक जन्म मरण याषट्ऊर्मियोंतैंरहितहै ॥ ऐसेपरमात्मादेवविषे लयभावकूंप्राप्तहोइकै यहजीवभी सर्वदुःखोंतैंरहितहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे दर्पणरूपउपाधिकेलयहुए तादर्पणविषेस्थितप्रतिबिंब आपणेवास्तवस्व रूपबिंबविषेलयहोवैहै ॥ तैसे सुषुप्तिअवस्थाविषे तामनरूपउपाधिकेलयहुए तामनविषेस्थितप्रतिबिंबरूपजीव आपणेवास्तवस्व रूपपरमात्मादेवरूपबिंबविषे लयभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ हेश्वेतकेतु! कोईक बुद्धिमान्पुरुष लौकिकदृष्टिकूंअंगीकारकरिकै याअव स्थाकूं स्वपिति यानामकरिकैकथनकरैहैं ॥ और कोईक विद्वान्पुरुषतौ याप्रकारकावचनकहेहैं ॥ यहस्वपितिनाम ताअवस्थाका वाचकनहींहै ॥ किंतु सोस्वपितिनाम तापरमात्मादेवकाहीवाचकहै ॥ काहेतैं? सुषुप्तिअवस्थाविषे यहजीवात्मा जिसआपणेवा स्तवस्वरूप परमात्मादेवकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तिसपरमात्मादेवकूं श्रुतिभगवती स्वमपीत यानामकरिकैकथनकरैहै ॥ और श्रेष्ठपुरु षोंकीन्यांई इंद्रादिकदेवतावोंकूं परोक्षनामहीप्रियहोवैहै ॥ याकारणतैं तेपरोक्षप्रियदेवता तापरमात्मादेवकूं स्वमपीत यासाक्षात् नामकरिकैकथनकरैंनहीं ॥ किंतु स्वपिति यापरोक्षनामकरिकैकथकरैहैं ॥ हेश्वेतकेतु! जैसे जाग्रत्अवस्था तथास्वप्नअवस्था या मनकाही परिणामरूपहोवैहै ॥ तैसे सासुषुप्तिअवस्थाभी यामनकाही परिणामरूपहोवैहै ॥ काहेतैं? जाग्रत्अवस्थाविषे तथास्व प्नअवस्थाविषे जोमन पूर्वादिकदशोंदिशाविषे भ्रमणकरैहै ॥ सोइहीमन ताभ्रमणकेपरिश्रमकरिकैयुक्तहुआ ॥ लयरूपसुषुप्ति अवस्थाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ जैसे यालोकविषे किसीपुरुषनैं पंजरविषे दृढसूत्रकरिकैबांध्याहुआजोशकुनिपक्षीहै ॥ सोशकुनिपक्षी आहारकीकामनाकरिकै तापंजरकेआंतरदेशविषेही आपणेपक्षोंकूंचलायमानकरिकैउडेहै॥ ताकरिकै सोशकुनिपक्षी आहारकूंप्रा प्तहोइकै अथवा नहींप्राप्तहोइकै जबी परिश्रमकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तबी सोशकुनिपक्षी तापंजरकेमध्यदेशविषे आपणेबैठणेकेस्थान कूंप्राप्तहोइकै पूर्वभ्रमणकालकेदुःखतैंरहितहोइकै तथानिश्चलहोइकै लीनहुएपुरुषकीन्यांई तहांस्थितहोवैहै ॥ तैसे यहमनभी पुण्यपापकर्मरूपसूत्रकरिकै याशरीररूपपंजरविषे हृदयदेशविषेबांध्याहुआहै ॥ तथा रागरूपक्षुधाकरिकै उत्पन्नभयेजे अध्यात्म अधिदैव अधिभूत येतीनप्रकारकेदुःखहैं तिनदुःखोंकरिकैतपायमानहै ॥ ऐसामनरूपशकुनिपक्षी विषयसुखोंकीप्राप्तिवासते

जाग्रत्अवस्थाविषे तथास्वप्नअवस्थाविषे सर्वदा भ्रमणकरैहै ॥ ताभ्रमणकरिकै जबी सोमन अत्यंतपरिश्रमकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तथा ताजाग्रत्स्वप्नकेभोगदेणेहारेकर्मोंका जबीक्षयहोवैहै ॥ तबी सोमन तापरिश्रमकीनिवृत्तिकरणेवासते ताहृदयदेशविषे सुषुप्तिकूंप्राप्तहोवैहै ॥ हेश्वेतकेतु ! तासुषुप्तिअवस्थाविषे कारणअज्ञानउपहित जोआनंदस्वरूप परमात्मादेवहै ॥ सोपरमात्मादेवही ताइंद्रियोंसहितमनके लयकास्थानहै ॥ ताअज्ञानउपहित परमात्मादेवतैंभिन्न दूसराकोईपदार्थ तामनकेलयकास्थाननहीं है ॥ यातैं यहमन ताअज्ञानउपहितपरमात्मादेवकूंछोडिकै दूसरेकिसीवस्तुकूं आश्रयणकरतानहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ तासुषुप्तिअवस्थाविषे सो मनतौ कारणअज्ञानविषेलयहोवैहै ॥ और तामनविषे स्थितप्रतिबिंबतौ परमात्मारूपबिंबविषेलयहोवैहै ॥ हेश्वेतकेतु ! सुषुप्तिअवस्थाविषे यहमन ताअज्ञानउपहितपरमात्मादेवतैंविना दूसरेपदार्थकूं आश्रयणकरैनहीं ॥ याअर्थविषे यहहेतु है ॥ आनंदस्वरूपआत्मातैंभिन्न जितनेकीस्थूलसूक्ष्मपदार्थहैं ॥ तेसंपूर्णपदार्थ मनकरिकैकल्पितहोणेतैं यामनकाहीकार्यरूपहैं ॥ और यालोकविषे जोजोकार्यहोवैहै सोसो कारणतैंपश्चात्भावीहीहोवैहै ॥ जैसे घटपटादिककार्य मृत्तिकातंतुआदिककारणोंतैं पश्चात्भावीहैं ॥ तैसे यहस्थूलसूक्ष्मपदार्थभी तामनरूपकारणतैंपश्चात्भावीहीहै ॥ ऐसेकार्यरूपपदार्थ तामनरूपकारणका किसप्रकार आश्रयहोवैंगे? किंतु नहींहोवैंगे ॥ हेश्वेतकेतु ! सोप्रतिबिंबसहितमन सुषुप्तिअवस्थाविषे जिसपरमात्मादेवविषे लयभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ सोपरमात्मादेवही पूर्वउक्त तेज जल पृथिवी यातीनोंकाकारणहै ॥ तथा तिसीसत्परमात्मादेवविषे तुमनैं सर्वांतर्यामीपणा जानणा ॥ शंका ॥ हेभगवन् ! परमात्मादेवकीप्राप्तिकरिकै याजीवोंके संसारबंधकीनिवृत्तिहोवैहै ॥ यहवेदांतशास्त्रकासिद्धांतहै ॥ यातैं तासुषुप्तिअवस्थाविषे तापरमात्मादेवकीप्राप्तिहुएभी याजीवोंकूं पुनःसंसारकीप्राप्तिकिसवासते होवैहै? ॥ समाधान ॥ हेश्वेतकेतु ! यद्यपि तासुषुप्तिअवस्थाविषे याजीवोंकूं परमात्मादेवकीप्राप्तिहोवैहै ॥ तथापि तासुषुप्तिअवस्थाविषे तथामुक्तिअवस्थाविषे उतनीविशेषताहै ॥ यासुषुप्तिअवस्थाविषे कारणअज्ञानविषेलयभावकूंप्राप्तहुआभी यहमन सूक्ष्मसंस्काररूपकरिकैबाकीरहैहै ॥ याकारणतैंही सोमन जाग्रत्स्वप्नअवस्थाविषे पुनःउत्पन्नहोवैहै ॥ और मुक्तिअवस्थाविषे

तौ अधिष्ठानआत्माविषे लयभावकूंप्राप्तहुआसोमन पुनःउत्पन्नहोवैनहीं ॥ काहेतें ? तामुक्तिअवस्थाविषे आत्मज्ञानरूपअग्निकरि
के तामनकेसंस्कारोंकाआश्रयरूपअज्ञान नाशकूंप्राप्तहोवैहै॥ याप्रकारकाभेद तामुक्तिअवस्थाविषे तथासुषुप्तिअवस्थाविषे विद्यमा
नहै॥ यातें सुषुप्तिअवस्थाविषे तापरमात्मादेवकीप्राप्तिहुएभी पुनःसंसारकीनिवृत्तिहोवैनहीं ॥ हेश्वेतकेतु! यहआत्मादेव यद्यपि स
र्वत्रएकहीहै॥ तथापि यासर्वजीवोंका सोमन एकनहींहै॥ किंतु तेमन अनेकहैं॥ और सुखदुःख बंधमोक्ष इत्यादिकसर्वधर्म मनके
हीहोवैहैं॥ यातें यालोकविषे कोईसुखीहै कोईदुःखीहै कोईबद्धहै कोईमुक्तहै इत्यादिकसर्वव्यवस्था बनिसकेहै॥ इतनेकरिकै मनविषे
स्थितजोचिदाभासहै ताचिदाभासका बिंबरूपत्वकरिकै ताआत्माविषे प्रत्यक्रूपता निरूपणकरी॥ अब शरीरकाअधिष्ठानत्वरूपक
रिकैताआत्माविषे प्रत्यक्रूपतानिरूपणरैहैं॥ इहां सर्वतैंअंतरपणेकानाम प्रत्यक्रूपताहै ॥ हेश्वेतकेतु! मुक्तिकीअपेक्षाकरिकै
किंचित्न्यूनतावाली जासुषुप्तिअवस्था हमनें तुमारेप्रति कथनकरीहै॥ सासुषुप्तिअवस्था जैसे वासनारूपमनद्वारा आनंदस्वरूपआ
त्माकेसंबंधवालीहै॥ तथा बिंबप्रतिबिंबकेएकताज्ञानरूपफलवालीहै॥ तैसे दूसरी स्वप्नजाग्रत्रूपअवस्थाभी तामनद्वारा आत्माके
संबंधवालीहै॥ तथा बिंबप्रतिबिंबकेएकता ज्ञानरूपफलवालीहै॥ हेश्वेतकेतु! वास्तवतैं सर्वनामरूपतैंरहितहुआभी यहआत्मादेव
तिसस्थूलशरीरकेअभिमानवालीजाग्रत्अवस्थाविषे तथासूक्ष्मशरीरकेअभिमानवालीस्वप्नअवस्थाविषे अशनाया उदन्या यादोनों
नामोंकूंप्राप्तहोवैहै॥ जैसे सुषुप्तिअवस्थाविषे सोआत्मादेव स्वपिति यानामकूंप्राप्तहोवैहै ॥ हेश्वेतकेतु! अशनाया उदन्या येदो
नोंनाम जो आत्माविषेप्रवृत्तहोवैहैं॥ सो प्राणरूपउपाधिकूंलेकरिकैही प्रवृत्तहोवैहैं॥ काहेतें? याआनंदस्वरूपआत्माविषे साक्षात्
क्षुधाभीनहींहै॥ तथा पिपासाभीनहींहै॥ किंतु तेक्षुधापिपासा साक्षात्तौ प्राणविषेहीरहेहैं॥ और यहप्राण सर्वशरीरविषेव्याप
कहै॥ यातें यहप्राण सर्वजीवोंकेउदरविषेस्थितअन्नजलकूं नाडीद्वारा सर्वअंगोंविषेलेजावैहै॥ याकारणतें अशनाया उदन्या ये ।।२९॥
दोनोंनाम मुख्यवृत्तिकरिकै ताप्राणविषेहीघटेहैं॥ और ताप्राणकेसाथ आत्मादेवका तादात्म्यसंबंधहै ॥ यातें ताप्राण
द्वारा तेदोनोंनाम आत्माकेभीहोवैहैं॥ हेश्वेतकेतु! अशनाया उदन्या येदोनोंनाम यद्यपि आत्माकीअपेक्षाकरिकैतौ प्राण

विषेहीमुख्यहैं ॥ तथापि जल तेज यादोनोंकीअपेक्षाकरिकै तेदोनोंनाम ताप्राणविषेभी मुख्यनहींहै ॥ किंतु जलतेजविषेही ते दोनोंनाम मुख्यहैं ॥ काहेतें? भोजनकऱ्येहुए अन्नकूंतौ यहजलही द्रवीभावकरिकै लैजावैहै ॥ याकारणतें तिनजलोंकूं अशनाया यानामकरिकै कथनकरैहैं ॥ और पानकऱ्येहुएजलकूं यहशोषणकरणेहारातेज लैजावैहै ॥ याकारणतें तातेजकूं उदन्या यानामकरिकैकथनकरैहैं ॥ जैसे यालोकविषे जोपुरुष गौवोंकूंलैजावैहैं ॥ तिनपुरुषोंकूं गोनाया यानामकरिकैकथनकरैहैं ॥ और जेपुरुष अश्वोंकूंलैजावैहैं ॥ तिनपुरुषोंकूं अश्वनाया यानामकरिकैकथनकरैहैं ॥ तैसे यहजलभी द्रावकस्वभाववालेहोणेतें भक्षणकऱ्येहुए अन्नकूं लैजावैहै ॥ यातें तिनजलोंकूं श्रुतिभगवती अशनाया यानामकरिकैकथनकरैहै ॥ और यहतेज शोषणस्वभाववालाहोणेतें पानकऱ्येहुएजलकूंलैजावैहै ॥ याकारणतें श्रुतिभगवती ता तेजकूं उदन्या यानामकरिकैकथनकरैहै ॥ और याआनंदस्वरूपआत्मादेवका ताजलकेसाथ तथातेजकेसाथ तादात्म्यअध्यासहै ॥ याकारणतें ताजलतेजद्वारा सोआत्मादेवभी तिनदोनोंनामोंकरिकैकथनकऱ्याजावैहै ॥ अब तासत्परमात्मादेवविषे सर्वतेंअंतररूपता बोधनकरणेवासते प्रथम कार्यकारणोंके परंपराकावर्णन करैहैं ॥ हेश्वेतकेतु! तू प्रथम यास्थूलशरीरकूं कार्यरूपकरिकैजाण ॥ तिसतेंअनंतर तू अन्नकूं कार्यरूपकरिकैजाण ॥ तिसतेंअनंतर तू पृथिवीकूं कार्यरूपकरिकैजाण ॥ तिसतेंअनंतर तू जलकूं कार्यरूपकरिकैजाण ॥ तिसतेंअनंतर तू तेजकूं कार्यरूपकरिकैजाण ॥ हेश्वेतकेतु! शरीर १ अन्न २ पृथिवी ३ जल ४ तेज ५ यापंचकार्योंविषे जोपंचमातेजरूपकार्यहै ॥ तातेजरूपकार्यकातौ पूर्वउक्तसत्वस्तुही मूलकारणहै ॥ और सोतेज जलकामूलकारणहै ॥ और सोजल पृथिवीकामूलकारणहै ॥ और सापृथिवी अन्नका मूलकारणहै ॥ और जलतेजकरिकै परिणामकूंप्राप्तकऱ्याहुआ सोअन्न याशरीरकामूलकारणहै ॥ और हेश्वेतकेतु! जैसे लोकप्रसिद्धवृक्षोंका एकमूलहोवैहै ॥ और दूसरा अंकुरहोवैहै ॥ तैसे श्रुतिभगवतीनें शुंगपदकरिकै येशरीरादिकविकारतौ अंकुररूपकरिकैकथनकरैहैं ॥ और अन्नतेंलेके सत्यवस्तुपर्यंतपदार्थ मूलरूपकरिकैकथनकरैहैं ॥ यातें जैसे अंकुररूपलिंगकरिकै मूलकाअनुमानहोवैहै ॥ तैसे याशरीररूपकार्यकरिकै तू अन्नरूपमूलकारणकूंनिश्चयकर ॥ तथा ताअन्नरूपकार्यकरिकै तू पृथिवीरूपमूलका

रणकूंनिश्चयकर ॥ तथा तापृथिवीरूपकार्यकरिकै तू जलरूपमूलकारणकूंनिश्चयकर ॥ तथा ताजलरूपकार्यकरिकै तू तेजरूपमूल कारणकूंनिश्चयकर ॥ तथा तातेजरूपकार्यकरिकै तू तापरमात्मारूपमूलकारणकूंनिश्चयकर ॥ हेश्वेतकेतु! सोपरमात्मारूपसतव स्तुही यासर्वभूतभौतिकजगत्केउत्पत्तिकाकारणहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तासतवस्तुकूं मूल यानामकरिकैकथनकरैहै ॥ और सोसतवस्तुही यासर्वजगत्कीस्थितिकाकारणहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तासतवस्तुकूं आयतन यानामकरिकैकथनकरैहै ॥ और सोसतवस्तुही यासर्वजगत्केलयकाकारणहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तासतवस्तुकूं प्रतिष्ठा यानामकरिकैकथनकरैहै ॥ और वास्तवतैंतौ सोसतवस्तु मूल आयतन प्रतिष्ठा यातीनोंतेंरहितहै ॥ हेश्वेतकेतु! इसप्रकार जाग्रत्अवस्थाविषे तथास्वप्नअ वस्थाविषे क्षुधापिपासाकरिकैआतुर जोप्राणादिकउपाधिवालाजीवहै ॥ सोजीव पुण्यपापकर्मकेअनुसार सर्वदासुखदुःखकाहीअनु भवकरैहै ॥ इतनेकरिकै याशरीरकाअधिष्ठानत्वरूपकरिकै याआत्मादेवविषे प्रत्यक्रूपतानिरूपणकरी ॥ ताकरिकै त्वंपदार्थका शोधन सिद्धभया ॥ अब मरणकालविषे इंद्रियोंकीअधिष्ठानतारूपकरिकै ताआत्मादेवविषे प्रत्यक्रूपतावर्णनकरतेहुए ता तत्त्वं पदार्थका अभेदवर्णनकरैहैं ॥ तहां ॥ तत्त्वमसिश्वेतकेतो ॥ यहमहावाक्य नववार उद्दालकनैं श्वेतकेतुकेप्रति उपदेशकन्याहै ॥ ताकेविषे प्रथमवारमहावाक्यकेअर्थका निरूपणकरैहैं ॥ हेश्वेतकेतु! जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति यापूर्वउक्ततीनअवस्थावोंविषे विचरणे हारा यहजीवात्मा अज्ञानकेवशतैं अनेकशरीरोंकूंग्रहणकरैहै ॥ तथा अनेकशरीरोंकापरित्यागकरैहै ॥ शंका ॥ हेभगवन्! यहजी वात्मा किसप्रकार तिनशरीरोंकापरित्यागकरैहै? ॥ समाधान ॥ हेश्वेतकेतु! यहजीव जिसकालविषे मरणअवस्थाकेसमीपप्राप्तहो वैहै ॥ तिसकालविषे यहजीव आपणेपूर्वलेपापकर्मोंकास्मरणकरिकै पश्चात्तापकरैहै ॥ तथा तापुरुषकूं पुत्रादिकबांधव कठिनभूमिवि षेशयनकरावैहैं ॥ तथा सर्वबांधव तापुरुषकूं चारोंओरतैंवेष्टनकरिकैस्थितहोवैहैं ॥ तथा सोपुरुष हिडकीकरिकै तथाउच्चैःश्वासोंकरि कैयुक्तहोवैहै ॥ तथा तापुरुषके दोनोंनेत्र ऊपरिआकाशकीतरफ खुलिजावैहैं ॥ तथा तापुरुषकामुख लालाकरिकैयुक्तहोवैहै ॥ ऐसी मरणअवस्थाकूंप्राप्तहुएपुरुषका जोनेत्रादिकइंद्रियोंसहित वाक्इंद्रियहै ॥ तावाक्इंद्रियकी आपणेकार्यकरणेकीसामर्थ्यरूपप्रवृत्ति

सें वारंवार वेधनकरिकै दग्धकरैहै ॥ तबी तादाहकरणेहारेपुरुषकूं यहलोक पुण्यकर्त्ताकहेहैं ॥ तथा पितामातादिकोंकाभक्तक हेहैं ॥ याप्रकारकाअन्वयव्यतिरेक यासर्वलोकविषे प्रसिद्धहै ॥ ताअन्वयव्यतिरेककरिकै यहप्राणही तापितामातादिरूपसिद्ध होवैहै ॥ हेनारद! बाह्यचक्षुआदिकइंद्रियोंकरिकै जितनाव्यवहारहोवैहै तथा अंतरमनबुद्धिआदिकोंकरिकै जितनाव्यवहारहोवैहै ॥ तासर्वव्यवहारकालविषे जोपुरुष याप्राणकूंही सर्वकारकरूपदेखेहै ॥ सोपुरुषही अतिवादीहोवैहै ॥ काहेतें? सोपुरुष प्राणकूंही सर्वतेंअधिककहेहै ॥ तात्पर्ययह ॥ यालोकविषे जोपुरुष किसीदूसरेपुरुषकेप्रति मैं तुमारापिताहूं याप्रकारकावचन जबीकहेहै ॥ तबी तापुरुषकेप्रति तू मर्यादकाअतिक्रमणकरिकै किसवासते यहवचनकहताहै? याप्रकारकाउपालंभ लोक देवैहैं ॥ परंतु सोपुरुष मैं तुमारापिताहूं याप्रकारकेवचनमात्रकहणेकरिकै मुख्यअतिवादीहोवैनहीं ॥ किंतु सोपुरुष गौणअतिवादी होवैहै ॥ काहेतें? तापितातैंभिन्न आचार्यादिकबहुतपदार्थ बाकीरहतेहैं ॥ तिनोंकूं तिसपुरुषनैं आत्मरूपजान्यानहीं ॥ और जोपुरुष पितामातादिकसर्वपदार्थरूपप्राण मैंहूं याप्रकारकावचनकहेहै ॥ सोपुरुषही मुख्यअतिवादी कह्याजावैहै ॥ हेनारद! ताप्राणात्मवादीपुरुषकेप्रति जोकदाचित् कोईकपुरुष तू किसप्रकारअतिवादीहै याप्रकारकाप्रश्नकरै तोभी सोप्राणात्मवादीपुरुष मैंअतिवादीनहींहूं याप्रकारकावचन कदाचित्भी नहींकथनकरै ॥ किंतु सोप्राणात्मवादीपुरुष मैं अतिवादीहूं याप्रकारकावचन निःशंकहोइकैकथनकरै ॥ हेशिष्य! इसप्रकार जबी तासनत्कुमारभगवान्नैं नारदकेप्रति प्राणोंकीअधिकताकथनकरी ॥ तबी सोनारदमुनि ताप्राणतैंपरेतत्त्वकेपूछणेविषे असमर्थहुआ तूष्णींभावकूंप्राप्तहोइकै पुनः प्रश्नकरणेतैंउपरामहोताभया ॥ काहेतें? यालोकविषे जिसपुरुषकूं जिसपदार्थका सामान्यरूपतैंज्ञानहोवैहै ॥ सोपुरुषही तिसपदार्थकेविशेषरूपजानणेवासते प्रश्नकरेहै ॥ तासामान्यज्ञानतैंविना विशेषरूपकाप्रश्नहोवैनहीं ॥ जैसे यहपुरुष ब्राह्मणहै याप्रकारकेसामान्यज्ञानहुएतैंअनंतरही यहपुरुष कौनब्राह्मणहै याप्रकारका विशेषप्रश्नहोवैहै ॥ सामान्यज्ञानतैंविना विशेषरूपकाप्रश्नहोवैनहीं ॥ सोइहांप्रसंगविषे प्राणोंतैंपरेजोतत्त्व है ॥ सोतत्त्व मनका तथावचनोंका तथाप्रत्यक्षादिकप्रमाणोंका अविषयहै ॥ यातैं ताप्राणतैंपरेतत्त्वकूं सोनारद नहींजानताभया ॥

याकारणतैंही सोनारद तातत्त्वकाप्रश्न नहींकरताभया ॥ शंका ॥ हेभगवन्! सोनारद तासनत्कुमारकेप्रति ताप्राणकेउपासना काफल किसवासतेनहींपूछताभया? ॥ समाधान ॥ हेशिष्य! तासनत्कुमारभगवान्‌नैं तानारदकेप्रति तू प्राणोंकीब्रह्मरूपकरि कैउपासनाकर याप्रकारकावचन जो पूर्व कथनकर्‍याहोता तौ सोनारद ताप्राणोंकेउपासनाकाफल पूछता ॥ परंतु सोवचन तासनत्कुमारनैं कथननहींकर्‍याथा ॥ यातैं सोनारद ताउपासनाकेफलकाप्रश्न नहींकरताभया ॥ हेशिष्य! इसप्रकार तानारदमुनिकूं तूष्णींहुआदेखिकै सोभगवान्‌सनत्कुमार कृपाकरिकैयुक्तहुआ तानारदमुनिकेप्रति आपेही ताप्राणतैंपरेतत्त्वका उपदेशकरताभया ॥ सनत्कुमारउवाच ॥ हेनारद! प्राणकेज्ञानतैंही सोअतिवादीपणाहोवैहै यहतुमनैं निश्चयकरणानहीं ॥ काहेतैं? ताप्राणतैंपरे जोकोईअधिकवस्तु नहींहोता तौ ताप्राणकेज्ञानतैं अतिवादीपणा सिद्धहोता ॥ परंतु ताप्राणतैंभी सत्यवस्तुअधिक है ॥ यातैं ताप्राणकेज्ञानतैं अतिवादीपणाहोवैनहीं ॥ किंतु जोपुरुष निरंतर तासत्यवस्तुकाही कथनकरेहै ॥ तिसीपुरुषकूं तुमनैं मुख्यअतिवादी जानणा ॥ हेशिष्य! सत्यवस्तुकेकथनकरणेहारापुरुषही मुख्यअतिवादीहोवैहै याप्रकारकेवचनकहणेहारे तासनत्कुमारका यहतात्पर्यहै ॥ जोपरब्रह्म पूर्वअध्यायविषे याजगत्‌काकारणरूपकरिकैकथनकर्‍याहै ॥ और जोपरब्रह्म याअध्यायविषेआगे सुखरूपकरिकैवर्णनकरणाहै ॥ तथा जोपरब्रह्म नामतैंलैके प्राणपर्यंत सर्वविश्वरूपकरिकैकथनकर्‍याहै ॥ सोपरब्रह्महीं तासत्यशब्दकाअर्थहै ॥ याप्रकारकेअभिप्रायकूंमनविषेराखिकै सोभगवान्‌सनत्कुमार तानारदकेप्रति पुनःयाप्रकारकावचन कहताभया ॥ हेनारद! ताप्राणतैंपरे जोसत्यवस्तुहै॥ सोसत्यवस्तुही तुमारेकूं जानणेयोग्यहै॥ तासत्यवस्तुकेविचारतैंविना तुमनैं आपकूं कृतकृत्यमानिकै स्थितहोणानहीं॥ हेशिष्य! इसप्रकारकावचन जबी तासनत्कुमारनैं नारदमुनिकेप्रति कथनकर्‍या ॥ तबी सो नारदमुनि तासनत्कुमारकेप्रति पूर्वकीन्यांई याप्रकारकाप्रश्न करताभया ॥ हेभगवन्! तासत्यवस्तुकेजानणेकीमैं इच्छाकरताहूं ॥ आप कृपाकरिकै हमारेप्रति तासत्यवस्तुकाउपदेशकरो ॥ हेशिष्य! जैसे सोसनत्कुमारभगवान् तानारदमुनिकेप्रति तासत्यवस्तुकेजिज्ञासाकाजनकवचन कहताभया ॥ तैसे विज्ञान १ मनन २ श्रद्धा ३ निष्ठा ४ कृति ५ सुख ६ याषट्‌पदार्थोंकीजिज्ञासाकूंउत्पन्नकरणेहारे

षट्वचनोंकूंकथनकरताभया ॥ तिनषट्वचनोंकूंश्रवणकरिकै सोनारदमुनिभी तासनत्कुमारकेप्रति षट्वार प्रश्नकरताभया ॥ तात्प
र्ययह ॥ हेभगवन्! मैं तासत्वस्तुकेजानणेकीइच्छाकरताहूं इसप्रकारकाप्रथमप्रश्नकरिकै तिसतैंअनंतर मैं विज्ञानकेजानणेकीइच्छा
करताहूं इत्यादिकषट्प्रश्नकरताभया ॥ इहां आनंदस्वरूपसत्यवस्तुतौ उपेयहै ॥ और दूसरेविज्ञानादिकषट्पदार्थतौ उपायरूप
हैं ॥ तथा पूर्वपूर्ववस्तुकेप्राप्तिकासाधनरूपहैं ॥ तहां उपायकरिकैप्राप्तहोणेयोग्यवस्तुकूं उपेयकहेहैं ॥ याप्रकारकीविशेषताकेहुए
तिनोंविषे पुनरुक्तिदोषकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ याकेविषेभी यहविशेषताजानणी ॥ कामनाकीविषयतारूपकरिकै तासुखविषे उपायरू
पताहै ॥ और स्वभावसिद्धसत्यरूपकरिकै तासुखविषे उपेयरूपताहै ॥ अब तिनविज्ञानादिकषट्पदार्थोंकास्वरूप तथा उत्तरउत्तर
पदार्थविषे पूर्वपूर्वपदार्थकेप्राप्तिकीसाधनता निरूपणकरैहैं ॥ हेनारद! जोपुरुष तासत्यस्वरूपब्रह्मकूं प्रत्यक्षजानताहै ॥ सोपुरुष
ही तासत्यवस्तुका स्पष्टकरिकैकथनकरैहै ॥ तासत्यवस्तुकेज्ञानतैंरहितपुरुष तासत्यवस्तुका कथनकरिसकैनहीं ॥ यातैं यहजान्या
जावैहै ॥ तासत्यवस्तुकेकथनविषे तासत्यवस्तुकाप्रत्यक्षप्रमाणरूपविज्ञानहीकारणहै ॥ १ ॥ और हेनारद! नानाप्रकारकीयु
क्तियोंकरिकै तासत्यवस्तुकाचिंतनरूपजोमननहै ॥ तामननकरिकै जबी तासत्यवस्तुरूपप्रमेयके असंभावनाकीनिवृत्तिहोवैहै ॥
तबीही तासत्यवस्तुकाविज्ञानहोवैहै ॥ तामननतैंविना सोसत्यवस्तुकाविज्ञान होवैनहीं यातैंयहजान्याजावैहै ॥ सोमनन ताबि
ज्ञानकाकारणहै ॥ २ ॥ और हेनारद! गुरुशास्त्रकेउपदेशविषेविश्वासरूपजाश्रद्धाहै ॥ ताश्रद्धावालापुरुषही तामननकरणेविषे
प्रवृत्तहोवैहै ॥ ताश्रद्धातैंरहितनास्तिकपुरुष तामननविषे प्रवृत्तहोवैनहीं ॥ यातैंयहजान्याजावैहै ॥ साश्रद्धा तामननकाकारणहै
॥ ३ ॥ और हेनारद! यहवेदांतशास्त्र जीवब्रह्मकेअभेदकूंकथनकरैहै अथवा भेदकूंकथनकरैहै याप्रकारकीजाप्रमाणगतअसंभाव
नाहै ॥ ताअसंभावनाकूंनिवृत्तकरणेहारी तथाअद्वितीयब्रह्मविषे तिनवेदांतोंकेतात्पर्यकूंनिश्चयकरावणेहारीजे युक्तियांहैं ॥ तिनयु
क्तियोंकेचिंतनकानाम निष्ठाहै ॥ ऐसीनिष्ठावालापुरुषही ताश्रद्धावालाहोवैहै ॥ तानिष्ठातैंरहितपुरुषकूं साश्रद्धाहोवैनहीं ॥ यातैंयह
जान्याजावैहै ॥ सानिष्ठा ताश्रद्धाकाकारणहै ॥ ४ ॥ और हेनारद! यज्ञादिकजेबहिरंगसाधनहैं ॥ तथा शमदमादिक जेअंतरंगसा

धनहैं ॥ तिनदोनोंप्रकारकेसाधनोंका जोअनुष्ठानहै ॥ ताअनुष्ठानकानाम कृतिहै॥ जोपुरुष याप्रकारकीकृतिकरिकैंयुक्तहोवैहै॥ सो पुरुषही अंतःकरणकीशुद्धि तथाएकाग्रता करिकैंयुक्तहुआ तानिष्ठावालाहोवैहै ॥ ताकृतितैंविना सानिष्ठाहोवैनहीं ॥ यातें यहजान्याजावैहै ॥ साकृति तानिष्ठाकाकारणहै ॥ ५ ॥ और हेनारद! यालोकविषे जोपुरुष सुखरूपपुरुषार्थकेप्राप्तिकीइच्छाकरेहै॥ सोपुरुषही तिनबहिरंगअंतरंगसाधनोंकूंकरेहै॥सुखकीइच्छातैंविना कोईभीपुरुष तिनसाधनोंविषेप्रवृत्तहोवैनहीं ॥ यद्यपि दुःखकेअभावकीइच्छाकरिकैंभी यालोकोंकी तिनसाधनोंविषेप्रवृत्तिहोवैहै॥ तथापि सोदुःखाभाव स्वतःपुरुषार्थरूपनहींहै॥ किंतु सोदुःखाभावसुखकेअभिव्यक्तिकासाधनरूपहोणेतें याजीवोंकेइच्छाकाविषयहोवैहै॥ यातें यहजान्याजावैहै॥ सोसुख ताकृतिकाकारणहै ॥ ६ ॥ हे शिष्य! इसप्रकार तासनत्कुमारभगवान्केवचनोंकूंश्रवणकरिकैं सांसारिकसुखतैंविरक्तहुआ सोनारदमुनि तासांसारिकसुखकूं दुःखपक्षविषेपावताहुआ मुख्यसुखकीजिज्ञासाप्रगटकरताभया ॥ नारदउवाच ॥ हेभगवन्! हमारेकूंमोक्षकीप्राप्तिहोवै याप्रकारकी कामना जिसपुरुषकेचित्तविषेहै तिसपुरुषनैं तासुखकावास्तवस्वरूप अवश्यकरिकैंजानणेयोग्यहै ॥ हेभगवन्! जिससुखकेज्ञानतैंमोक्षकीप्राप्तिहोवैहै ॥ सोसुख यासंसारविषेप्रसिद्धहैनहीं ॥ काहेतें? यासंसारविषे याजीवोंकूं विषयोंतैंजोसुखप्राप्तहोवैहै॥ सो विषयजन्यसुख सुखरूपनहींहै॥ किंतु सोविषयजन्यसुख दुःखरूपहीहै॥ काहेतें? यालोकविषे जिसवस्तुका जोस्वभावहोवैहै ॥ तिसवस्तुका सोस्वभाव कदाचित्भी अन्यथाहोवैनहीं ॥ जैसे अग्निकाउष्णस्वभाव किसीकालविषेभीअन्यथाहोवैनहीं ॥ तैसे यह विषयजन्यसुखभी जोसुखरूपहोवै तौ यहविषयजन्यसुख किसीकालमैंभी दुःखरूपनहींहोणाचाहिये ॥ सोऐसादेखणेविषेआवना नहीं ॥ किंतु यहविषयजन्यसुख आपणीअप्राप्तिकालविषेभी याजीवोंकूं दुःखकीहीप्राप्तिकरेहै॥ और आपणेवियोगकालविषेभी याजीवोंकूं दुःखकीहीप्राप्तिकरेहै॥ इसप्रकार आदिअंतविषे दुःखकीप्राप्तिकरणेहारा यहविषयसुख मध्यकालविषे याजीवोंकूंसुखरूपकिसप्रकारहोवैगा? किंतु आदिअंतकीन्यांई मध्यकालविषेभी सोविषयजन्यसुख दुःखरूपहीहै ॥ हेभगवन्! ऐसेदुःखरूपविषयसुखविषे जोजीवोंकूं सुखरूपताप्रतीतहोवैहै॥ सोकेवल अज्ञानकेवशतें प्रतीतहोवैहै॥ जैसे यालोकविषे शस्त्रकाप्रहार यद्य

पि दुःखरूपहै ॥ तथापि परिपक्कव्रणविषै सोशस्त्रकाप्रहार सुखरूपहोइकैप्रतीतहोवैहै ॥ तैसे यहविषयजन्यसुख यद्यपि वास्तवतैं दुःखरूपहीहै ॥ तथापि ताअज्ञानकेवशतैं यहविषयसुख याजीवोंकूं सुखरूपहोइकैप्रतीतहोवैहै ॥ यातैं हेभगवन्! जोवास्तवसुख है सोहमारेप्रति कथनकरो ॥ हेशिष्य! इसप्रकार जबी तानारदमुनिनैं तासनत्कुमारभगवान्केप्रति सुखकास्वरूपपूछा ॥ तबी सोसनत्कुमारभगवान् तानारदकेप्रति तावास्तवसुखकास्वरूप कथनकरताभया ॥ सनत्कुमारउवाच ॥ हेनारद! देशपरिच्छेद का लपरिच्छेद वस्तुपरिच्छेद यातीनपरिच्छेदोंतैंरहित जोव्यापकवस्तुहै ॥ तावस्तुकूंही विद्वान्पुरुष सुखरूपकहेहैं ॥ हेनारद! तिन सर्वपरिच्छेदोंतैंरहितहोणेतैं जिसवस्तुकूं श्रुतिनैं भूमा याशब्दकरिकैकथनकन्याहै ॥ ताभूमावस्तुकूंही तू सुखरूपकरिकैजान ॥ ताभूमातैंभिन्न सर्वपदार्थ दुःखरूपहीहैं ॥ हेनारद! जोतुमारेकूं तावास्तवसुखकेस्वरूपनिर्णयकरणेकीइच्छाहोवै तौ तू ताभूमापदा र्थकेजानणेकीइच्छाकर ॥ हेशिष्य! इसप्रकारके तासनत्कुमारभगवान्केवचनोंकूंश्रवणकरिकै सोनारदमुनि तासनत्कुमारकेप्रति ताभूमापदार्थकाप्रश्नकरताभया ॥ तानारदकेप्रश्नकूंश्रवणकरिकै सोभगवान्सनत्कुमार तानारदकेप्रति याप्रकार ताभूमाकास्वरू प कथनकरताभया ॥ सनत्कुमारउवाच ॥ हेनारद! जिसतत्त्वविषेस्थितहुआ यहविद्वान्पुरुष आपणेतैंभिन्नरूपकरिकै किसीभीप दार्थकूं नेत्रइंद्रियकरिकैदेखतानहीं ॥ तथा श्रोत्रइंद्रियकरिकैश्रवणकरतानहीं ॥ तथा मनकरिकैजाणतानहीं ॥ सोतत्त्वही भूमाश ब्दकाअर्थहै ॥ तथासुखशब्दकाअर्थहै ॥ और हेनारद! जिसपदार्थकेबुद्धिविषेआरूढहुए यहपुरुष आपणेआत्मातैंभिन्नपदार्थोंकूं ने त्रइंद्रियकरिकैदेखेहै ॥ तथा श्रोत्रइंद्रियकरिकैश्रवणकरेहै ॥ तथा मनकरिकैजानैहै ॥ सोपदार्थ अल्पहोवैहै ॥ तथा दुःखरूपहोवै है ॥ तहांश्रुति ॥ द्वितीयाद्वैभयंभवति ॥ अर्थयह ॥ आत्मातैंद्वितीयवस्तुतैंभयकीप्राप्तिहोवैहै ॥ हेनारद! जोहमनैं तुमारेप्रति सुखरूपभूमा कथनकन्याहै ॥ सोसुखरूपभूमातौ मरणादिकसर्वविकारोंतैंरहितहै ॥ यातैं सोभूमा अमृतरूपहै ॥ और ताभूमातैं भिन्न जितनेअल्पपदार्थहैं ॥ तेअल्पपदार्थतौ तिनमरणादिकसर्वविकारोंवालेहैं ॥ यातैं तेपदार्थ मर्त्यरूपहैं ॥ हेनारद! ऐसेसुख रूपभूमाकूं जबी यहअधिकारीपुरुष गुरुशास्त्रकेउपदेशतैंजानैहै ॥ तबीही यहअधिकारीपुरुष मुख्यअतिवादीहोवैहै ॥ ताभूमातैं

भिन्नप्राणादिकोंकेज्ञानतें यहपुरुष मुख्यअतिवादीहोवैनहीं ॥ यातें तामुख्यअतिवादीपणेकीप्राप्तिवासते याअधिकारीपुरुषोंनें ता
सुखरूपभूमाकूंअवश्यकरिकैंजानणा ॥ हेशिष्य! इसप्रकार जबी तासनत्कुमारभगवान्नें नारदकेप्रति भूमाकाउपदेशकऱ्या ॥ त
बी सोनारद आपणेमनविषे याप्रकारकाविचारकरताभया ॥ यासनत्कुमारभगवान्नें जोहमारेप्रति सुखरूपभूमाकाउपदेशकऱ्या
है ॥ ताभूमाका कोईआधारहै अथवा सोभूमा निराधारहै? तहां ताभूमाका जोकोईआधारमानिये तौ सोभूमाभी घटादिकपदा
र्थोंकीन्यांई परिच्छिन्नहोवैगा ॥ और ताभूमाकूं जोनिराधारमानिये तौ सोनिराधारभूमा हमारेबुद्धिविषे किसप्रकारआरूढहोवैगा?
याप्रकारकीचिंताकरिकैयुक्तहुआ सोनारद तासनत्कुमारकेप्रति याप्रकारकाप्रश्नकरताभया ॥ हेभगवन्! सोसुखरूपभूमा किस
आधारविषेस्थितिकूंप्राप्तहोवैहै? सोभूमाकाआधार हमारेप्रति कथनकरो ॥ हेशिष्य! इसप्रकार तानारदकेप्रश्नकूंश्रवणकरिकै
सोभगवान्सनत्कुमार तानारदकेप्रति याप्रकारकावचनकहताभया ॥ सनत्कुमारउवाच ॥ हेनारद! ताभूमाका जोतूं आधार
पूछताहै ॥ सो व्यवहारमात्रविषेउपयोगीआधार पूछताहै अथवा वास्तवआधारपूछताहै? तहां प्रथमपक्षकूं जोतूं अंगीका
रकरै तौ मायातैंआदिलैकेयहसर्वप्रपंच ताभूमाकीविभूतिहै ॥ ताविभूतिरूपमहिमाविषेही सोभूमास्थितहोवैहै ॥ यातें सोविभू
तिरूपमहिमाही ताभूमाकाआधारहै ॥ शंका ॥ हेभगवन्! यालोकविषे विभूतिरूपमहिमाका तथा तामहिमावालेका परस्पर
भेदहीदेख्याहै ॥ यातें ताविभूतिरूपमहिमातें भिन्नहुआसोभूमा घटादिकोंकीन्यांई वस्तुपरिच्छेदवालाहोवैगा ॥ समाधान ॥
हेनारद! जैसे यालोकविषे देवदत्तनामापुरुषकी गौ अश्व हस्ति हिरण्य दास भार्या क्षेत्र गृह इत्यादिकजाविभूतिहै ॥ सावि
भूतिरूपमहिमा तादेवदत्तपुरुषतें भिन्नहुईप्रतीतहोवैहै ॥ और सोदेवदत्तपुरुष ताभिन्नविभूतिकेआश्रितहुआप्रतीतहोवैहै ॥
तैंसे इहां यहमायासहितप्रपंचरूपमहिमा तासुखरूपभूमातैंभिन्ननहींहै ॥ किंतु सोमहिमा ताभूमातैंअभिन्नहीहै ॥ यातें
ताभूमाविषे भेदरूपवस्तुपरिच्छेदकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन्! जोकदाचित् सोमहिमा ताभूमातैंअभिन्नहोवै
गा तौ तामहिमाका तथाभूमाका परस्पर आधाराधेयभाव नहींहोवैगा ॥ काहेतें? यालोकविषे परस्परभिन्नपदार्थों

काही परस्पर आधाराधेयभावहोवैहै ॥ समाधान ॥ हेनारद! जैसे ॥ स्वयंदासास्तपस्विनः ॥ अर्थयह ॥ तपस्वीपुरुषआप आपणेदासहैं ॥ यास्थलविषे एकहीतपस्वियोंविषे स्वामीदासभावहोवैहै ॥ तैसे तासुखरूपभूमाका सर्वपरिच्छेदतैंरहितजोआप णास्वरूपहै ॥ सोआपणास्वरूपही ताभूमाकामहिमाहै ॥ तास्वरूपभूतमहिमाविषे सोभूमा व्यवहारदृष्टिकरिकै स्थितहोवैहै ॥ और ताभूमाका कोईवास्तवआधारहै यहदूसरापक्ष जोतू अंगीकारकरै सोसंभवैनहीं ॥ काहेतैं? पूर्वउक्तआपणेमहिमा स्वरूप तैंभिन्नपदार्थोंविषेतौ सोभूमा कदाचित्भीरहैनहीं ॥ और आपणेस्वरूपभूतमहिमाविषे जोताभूमाकीस्थिति कथनकरीहै ॥ सो भी व्यवहारदृष्टिकूंलैकेकथनकरीहै ॥ ताव्यवहारदृष्टिकेपरित्यागकियेतैं सोभूमा आधारतैंरहित निराधारकह्याजावैहै ॥ अब सोनि राधारभूमा किसप्रकार बुद्धिविषे आरूढहोवैगा? ऐसीनारदकीशंकाकेनिवृत्तकरणेवासते प्रथम ताभूमाकूं तत्पदार्थरूपकरिकै वर्णनकरै हैं ॥ हेनारद! यहतत्पदार्थरूपभूमाही दशोंदिशाविषेस्थितहै ॥ तथा तीनकालोंविषेस्थितहै॥ और जैसे निर्मलआकाश विषे गंधर्वनगरकल्पितहोवैहै ॥ तैसे सर्वभेदतैंरहितयाभूमाविषे यहदेशकालतैंआदिलैके सर्वस्थूलसूक्ष्मपदार्थ कल्पितहैं ॥ और कल्पितवस्तु अधिष्ठानतैंभिन्नहोवैनहीं याकारणतैं सोभूमाही यासर्वजगत्रूपहै ॥ इसप्रकार यासर्वजगत्काअधिष्ठानरूपकरिकै ताभूमाकूं तू प्रथम आपणीबुद्धिविषेआरूढकर ॥ तिसतैंअनंतर ताभूमाकीतटस्थरूपताकेनिवृत्तकरणेवासते सोसर्वत्रव्यापकभूमा अहंअस्मि याप्रकार ताभूमाकूं तू आपणाआत्मारूपकरिकैजान ॥ शंका ॥ हेभगवन्! परिच्छिन्नअहंकारविशिष्टकावाचक जोअ हंशब्दहै ॥ ताअहंशब्दका व्यापकभूमाविषे प्रयोगकरणा संभवैनहीं ॥ समाधान ॥ हेनारद! यद्यपि अहं याशब्दतैंअहंकारकी प्रतीतिहोवैहै ॥ तथापि ताअहंकारकी ताभूमाविषे सादृश्यताहै ॥ तासादृश्यताकूंग्रहणकरिकै सोअहंशब्द गौणीलक्षणाकरिकै ताभूमाकाहीबोधनकरैहै ॥ अब ताअहंकारकी तथाभूमाआत्माकी सादृश्यता निरूपणकरैहैं ॥ हेनारद! पूर्वादिकदशोंदिशावि षे तथा भूत भविष्यत् वर्तमान यातीनकालोंविषे स्थित जितनेदेहधारीजीवहैं ॥ तेसंपूर्णजीव प्रथम अहं याप्रकारकाअनुभव करतेहुएही पश्चात् वचनउच्चारणादिकव्यवहारोंकूंकरैहैं ॥ ताअहंअनुभवतैंविना कोईभीव्यवहार सिद्धहोवैनहीं ॥ यातैं यहजा

न्याजावैहै ॥ यहअहंकारही याजीवोंकेसर्वव्यवहारोंकाकारणहै ॥ ऐसासर्वव्यवहारोंकाकारणभूतअहंकार जैसे सर्वदिशावोंकूं तथा सर्वभूतप्राणियोंकूं व्याप्यकरिकै स्थितहुआहै ॥ तैसे ताअहंकारकाआश्रयरूपकरिकै यहजीवात्माभी तिनसर्वदिशावोंकूं तथा सर्वभूतप्राणियोंकूं व्याप्यकरिकैस्थितहुआहै ॥ याप्रकार अहंकारकी तथाभूमाआत्माकी सर्वत्रव्यापकतारूप सादृश्यताहै ॥ ता सादृश्यताकूंअंगीकारकरिकै सोअहंशब्द लक्षणावृत्तिकरिकै सर्वउपाधितेंरहितकूटस्थआत्माकूंहीबोधनकरैहै ॥ तिसीकूटस्थआत्माका तत्पदार्थरूपभूमाकेसाथ अभेद तत्त्वमसिआदिकमहावाक्योंनें प्रतिपादनकरताहै ॥ अब ताअभेदज्ञानका जीवन्मुक्तिरूपफल निरूपणकरै हैं ॥ हेनारद! जैसे यालोकविषे यहअज्ञानीपुरुष नेत्रादिकइंद्रियोंकरिकै तथामनकरिकै सर्वव्यवहारोंकूंकरते हुएभी आपणेमनुष्यपणेकूंविस्मरणकरतेनहीं ॥ किंतु आपणेमनुष्यपणेकूं संशयविपर्ययतैंरहितहोइकै सर्वदा अनुभवकरै हैं ॥ तैसे जोपुरुष गुरुशास्त्रकेउपदेशतैं तिनअहंकारादिकउपाधियोंकाविस्मरणकरिकै मैंआत्मा भूमारूपहूं याप्रकारके संशयविपर्ययतैंरहितज्ञानकूंप्राप्तहोवैहै ॥ सोविद्वान्पुरुष वेदांतशास्त्रकेचिंतनकालविषे आनंदस्वरूपआत्माविषेही क्रीडाकरताहुआ स्थितहोवैहै ॥ जैसे बालक बालकोंकेसमुदायविषे क्रीडाकरताहुआ स्थितहोवैहै ॥ और सोविद्वान्पुरुष स्नानभोजनादिककालविषेभी ताआनंदस्वरूपआत्माविषेही चित्तकीशक्तिरूपरतिकूंधारणकरताहुआ स्थितहोवैहै ॥ जैसे कामीपुरुष विदेशविषेस्थितहुआभी चित्तकी शक्तिरूपरतिकूं सर्वदा आपणीस्त्रीविषेहीराखैहै ॥ इतनैंकरिकै यहअर्थबोधनकऱ्या ॥ जीवन्मुक्तपुरुषकी दोप्रकारकीदशाहोवैहै ॥ एकतौ समाधिदशाहोवैहै ॥ और दूसरी तासमाधितैंउत्थानदशाहोवैहै ॥ तहां तासमाधितैंउत्थानदशाभी दोप्रकारकीहोवैहै ॥ एकतौ वेदांतशास्त्रकाचिंतनरूप उत्थानदशाहोवैहै ॥ और दूसरीस्नानभोजनादिकव्यवहाररूप उत्थानदशाहोवैहै ॥ तहां वेदांतशास्त्रकाचिंतनरूप प्रथमउत्थानदशाविषे सोविद्वान्पुरुष जोआत्माकाचिंतनकरैहै ॥ ताआत्मचिंतनकूं श्रुतिनैं क्रीडाशब्दकरिकैकथनकऱ्याहै ॥ और स्नानभोजनादिकव्यवहाररूप दूसरीउत्थानदशाविषे सोविद्वान्पुरुष जोआत्माकाचिंतनकरैहै ॥ ताआत्मचिंतनकूं श्रुतिनैं रतिशब्दकरिकैकथनकऱ्याहै ॥ और जैसे साव्युत्थानदशा दोप्रकारकीहोवैहै ॥ तैसे सासमाधि

दशाभीदोप्रकारकीहोवैहै ॥ एकतौ सविकल्पसमाधिहोवैहै ॥ और दूसरीनिर्विकल्पसमाधिहोवैहै ॥ तहां सविकल्पसमाधि विषे सोविद्वान् जोआत्माकाचिंतनकरेहै ॥ ताआत्मचिंतनकूं श्रुतिनैं मिथुन याशब्दकरिकैकथनकऱ्याहै ॥ और निर्विकल्पस माधिविषे सोविद्वान्पुरुष जोआत्माकाचिंतनकरेहै ॥ ताआत्मचिंतनकूं श्रुतिनैं आनंद याशब्दकरिकैकथनकऱ्याहै ॥ तहां क्रीडा रति यादोनोंशब्दोंकाअर्थ पूर्वनिरूपणकऱ्या ॥ अब मिथुन आनंद यादोनोंशब्दोंकाअर्थ निरूपणकरैहैं ॥ हेनारद ! जैसे यालोक विषे गृहकेसर्वव्यवहारोंकापरित्यागकरिकै एकांतदेशविषे स्थितहुए जेस्त्रीपुरुषहैं ॥ तिनस्त्रीपुरुषदोनोंका जोपरस्परमिथुनीभाव है ॥ सोमिथुनीभाव तिनदोनोंके परस्पर विषयानंदकाहेतुहोवैहै ॥ तैसे याविद्वान्पुरुषका ध्याताध्येयभावकरिकै जोआत्माविषे मिथुनीभावहै ॥ सोमिथुनीभावही याविद्वान्पुरुषकूं सविकल्पसमाधिकालविषे आनंदकाहेतुहोवैहै ॥ और हेनारद ! जैसे यालो कविषे गांधर्वादिकविषयोंकीप्राप्तितैंअनंतर परीक्षकपुरुषोंकूं जोताकेआनंदरूपफलकाअनुभवहोवैहै ॥ सोआनंदकाअनुभव नि र्विकल्पहीहोवैहै ॥ तैसे याविद्वान्पुरुषकूं निर्विकल्पसमाधिकालविषे जोनिरतिशयआनंदकाअनुभवहोवैहै ॥ सोआनंदकाअनुभव भी ध्याता ध्यान ध्येय इत्यादिकत्रिपुटीरूपविकल्पतैंरहितहीहोवैहै ॥ हेनारद ! ताविद्वान्पुरुषकूं जोआत्माविषेहीआनंदहोवैहै ॥ याकेविषे यहकारणहै ॥ अद्वितीयआत्माकूं साक्षात्अनुभवकरताहुआ सोविद्वान्पुरुष जन्ममरणादिकसर्वदुःखोंकीनिवृत्तिविषे किसीदूसरेकीअपेक्षाकरतानहीं ॥ याकारणतैं सोविद्वान्पुरुष विराट्भगवान्कीन्यांई स्वराट् यासंज्ञाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और सोवि द्वान्पुरुषही ब्रह्मरूपहोणेतैं सर्वजीवोंकाआत्मरूपहै ॥ याकारणतैं सोविद्वान्पुरुष संपूर्णश्रेष्ठलोकोंविषे कामचारहोवैहै ॥ इहां प्रतिबंधतैंरहित तिनसर्वलोकोंकेप्राप्तिकानाम कामचारहै ॥ इतनेकरिकै ताभूमाआत्माकेज्ञानकाफल निरूपणकऱ्या ॥ अब ता ज्ञानतैंरहितपुरुषोंकूं अनर्थकेप्राप्तिकावर्णनकरैहैं ॥ हेनारद ! जेमूढपुरुष ताभूमाकूं आपणाआत्मरूपकरिकैनहींजानेहैं ॥ किंतु मोहकेवशतैं ताभूमाकूं आपणेआत्मातैंभिन्नकरिकैजानेहैं ॥ तेमूढपुरुष सर्वदा पराधीनताकूं प्राप्तहोवैहैं ॥ तथा नाशवान्लोकोंकूं प्राप्तहोवैहैं ॥ तथा स्वतंत्रतातैंरहितहोवैहैं ॥ तथा वारंवार जन्ममरणादिकदुःखोंकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ अब तिनविद्वान्पुरुषोंकूं जगत्

काकर्ताईश्वररूपकरिकैवर्णनकरैहैं ॥ हेनारद ! जोपुरुष पूर्वउक्तप्रकारसैं ता तत्पदार्थरूपभूमाकूं आपणाआत्मरूपकरिकैजाने है ॥ ताविद्वान्पुरुषतैंही नामतैंआदिलैकेप्राणपर्यंत पूर्वउक्तपंचदशतत्त्व उत्पन्नहोवैहैं ॥ जैसे रज्जुतैं सर्प उत्पन्नहोवैहै ॥ तैसे ताविद्वान्पुरुषतैं नामादिकउत्पन्नहोवैहैं ॥ और यज्ञादिककर्मोंसहित तथास्वर्गादिकफलोंसहित जेमंत्रब्राह्मणरूप ऋगादिक चारिवेदहैं ॥ तेचारिवेदभी ताविद्वान्पुरुषतैंही उत्पन्नहोवैहैं ॥ हेनारद ! याकेविषे हम बहुतक्याकहैं ? यहजितनास्थूलसूक्ष्मजगत्है ॥ सोसंपूर्णजगत् ताविद्वान्पुरुषतैंही उत्पन्नहोवैहै ॥ हेनारद ! जिनपुरुषोंकूं ताभूमाआत्माकासाक्षात्कारहोवैहै ॥ तिनपुरुषोंके तेसंपूर्णजन्ममरणादिकदुःख निवृत्तहोवैहैं ॥ यहजो हमनैं तुमारेप्रति आत्मज्ञानकाफल कथनकर्याहै ॥ ताकेविषे वेदवेत्तापुरुष याप्रकारकामंत्ररूपश्लोक कथनकरैहैं ॥ नपश्योमृत्युंपश्यति नरोगंनोतदुःखताम् ॥ सर्वंहपश्यःपश्यति सर्वमाप्नोतिसर्वशः ॥ अब याश्लोककाअर्थ निरूपणकरैहैं ॥ हेनारद ! यहजीवात्मा आपणेज्ञानकेबलतैं शुभअशुभरूपसर्वसंसारकूं तथामोक्षकूं देखेहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती याजीवात्माकूं पश्य यानामकरिकैकथनकरैहै ॥ और मृत्युनाम मरणकाहै ॥ तामृत्युशब्दकरिकै ज्वरादिकरोगोंतैंविना जितनेयाशरीरकेजन्मादिकधर्महैं तिनसर्वधर्मोंकाग्रहणकरणा ॥ और उदरविषे जठराग्निकरिकैपरिपक्वकर्याहुआजोअन्नकारसहै ॥ तारसकीन्यूनअधिकतातैं उत्पन्नभयेजेज्वरादिकव्याधिहैं तिनज्वरादिकोंकानाम रोगहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् ! तामंत्ररूपश्लोकविषेस्थितमृत्युशब्दकरिकै जैसे जन्मादिकविकारोंकाग्रहणहोवैहै ॥ तैसे तामृत्युशब्दकरिकै ज्वरादिकरोगोंकाभी ग्रहणहोइसकैहै ॥ यातैं श्रुतिविषे ज्वरादिकरोगोंका पृथक्ग्रहणकरणा असंगतहै ॥ समाधान ॥ हेशिष्य ! जैसे याजीवोंकामरण अल्पकालपर्यंत स्थायीरहेहै ॥ तैसे याजीवोंकेजन्मादिकभी अल्पकालपर्यंत स्थायीरहेहैं ॥ यातैं अल्पकालस्थायीतारूप सामान्यधर्मकूं अंगीकारकरिकै सोमृत्युशब्द तिनजन्मादिकोंकाभी बोधनकरैहै ॥ और ज्वरादिकोंविषे सोअल्पकालपर्यंतस्थायीपणाहैनहीं ॥ किंतु तिनज्वरादिकोंविषे चिरकालपर्यंत स्थायीपणाहै ॥ यातैं श्रुतिविषे तामृत्युशब्दकरिकै तिनज्वरादिकोंकाग्रहणकर्यानहीं ॥ किंतु तामृत्युशब्दतैंभिन्न रोगशब्दकरिकै तिनज्वरादिकोंकाग्रहणकर्याहै ॥ और जरायुज अंडज स्वे

दज उद्भिज्ज याचारिप्रकारकेभूतप्राणियोंकी जेनानाप्रकारकीविलक्षणबुद्धियांहैं ॥ तिनबुद्धियोंविषे प्रतिबिंबितत्वरूपकरिकै नाना प्रकारकेभेदवालेजेजीवहैं ॥ तिनजीवोंका जोजन्मादिकअनेकधर्मवालेशरीरकेसाथ अहंममअध्यासरूपसंबंधहै ताकानाम दुःख है ॥ ऐसे मरणादिकविकारोंकूं तथाज्वरादिकरोगोंकूं तथाअहंममअध्यासरूपदुःखकूं सोपश्यनामाजीव देखतानहीं ॥ हेनारद! सो पश्यनामाविद्वान्जीव तिनमृत्युआदिकोंकूंजोनहींदेखैहै ॥ याकेविषेयहकारणहै ॥ स्थूलसूक्ष्मरूपकरिकैप्रसिद्ध जितना यहद्वै तप्रपंचहै ॥ सोसंपूर्णद्वैतप्रपंच आत्माविषेकल्पितहै ॥ ताकल्पितप्रपंचकी तबपर्यंत स्थितिहोवैहै ॥ जबपर्यंत ताप्रपंचविषे क ल्पितरूपताकूंविषयकरणेहाराज्ञान नहींउत्पन्नभया ॥ ताज्ञानकेउत्पन्नहुएतैंअनंतर ताकल्पितप्रपंचका पुनःदर्शनहोवैनहीं ॥ इस प्रकार यासर्वद्वैतप्रपंचकूं अधिष्ठानआत्माविषे कल्पितरूपकरिकैदेखणेहारा सोविद्वान्पुरुष तिनमरणादिकविकारोंकूंदेखतान हीं ॥ और याभूमाआत्माकेज्ञानतैंअनंतर यहसंपूर्णजगत् ताभूमाआत्माविषे अनन्यभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ सोअनन्यभावही या जीवात्माकूं यासर्वजगत्कीप्राप्तिहै ॥ काहेतें? सर्ववेदोंकेतात्पर्यकाविषय जोयहभूमाआत्माहै ॥ ताभूमाआत्माविषेही यहसंपूर्ण यज्ञलोकादिरूपवेदकाअर्थ अंतर्भूतहै ॥ ताभूमाआत्मातैंभिन्न कोईवेदकाअर्थहैनहीं॥ यातें ताभूमाआत्माकेविज्ञानतैं यहजीवा त्मा तिनसर्वपदार्थोंकूंप्राप्तहोवैहै ॥ यहवार्ता संभवहोइसकैहै ॥ अब ताविद्वान्पुरुषविषे उपाधिकेयोगतें नानारूपताका निरूपण करेहैं ॥ हेनारद! मैं भूमारूपहूं याप्रकारकेज्ञानयुक्त सोविद्वान्पुरुष आपणेवास्तवभूमारूपकरिकैएकहुआभी आपणीमायाकरिकै नानारूपहोवैहै ॥ तहां सोविद्वान्पुरुष आत्मा माया तामायाकाकार्य यातीनरूपोंकूंग्रहणकरिकैतो तीनप्रकारकाहोवैहै ॥ और सो विद्वान्पुरुष आकाश वायु तेज जल पृथिवी यापंचभूतोंकूंग्रहणकरिकै अथवा श्रोत्रादिकपंचज्ञानइंद्रियोंकूंग्रहणकरिकै पंचप्रकार काहोवैहै ॥ और सोविद्वान्पुरुष भूरादिकसप्तलोकोंकूंग्रहणकरिकै सप्तप्रकारकाहोवैहै ॥ और सोविद्वान्पुरुष आदित्य चंद्रमा मं गल बुद्ध बृहस्पति शुक्र शनि राहु केतु यानवग्रहोंकूंग्रहणकरिकै नवप्रकारकाहोवैहै ॥ और पंचज्ञानइंद्रिय पंचकर्मइंद्रिय एकमन याएकादशइंद्रियोंकूंग्रहणकरिकै सोविद्वान्पुरुष एकादशप्रकारकाहोवैहै ॥ और तिनएकादशइंद्रियोंविषे एकएकइंद्रियके दशदश

प्रकारकीवृत्तियोंकूं अंगीकारकरिकै सोविद्वान्पुरुष एकशतदश ११० प्रकारकाहोवैहै ॥ और दिनरात्रिविषे एकविंशतिसहस्र षट्
शत २१६०० श्वासप्रश्वासचालेहैं ॥ तिनश्वासप्रश्वासरूपहंसमंत्रोंकेभेदकूंग्रहणकरिकै सोविद्वान्पुरुष एकविंशतिसहस्रषट्शत
प्रकारकाहोवैहै ॥ इसप्रकार सोब्रह्मरूपविद्वान्पुरुष वास्तवतैंएकअद्वितीयरूपहुआभी उपाधिकेभेदकूंअंगीकारकरिकै नानाप्रकार
काहोवैहै ॥ अब ताआत्मज्ञानके आहारशुद्धिआदिकसाधनोंका निरूपणकरैहैं ॥ हेनारद! जेपुरुष बाह्यतौ सर्वदा पुण्यकर्मोंकाअ
नुष्ठानकरैहैं ॥ परंतु जिनोंकेमनविषे सर्वदा पापवासनारहेहै ॥ ऐसेपुरुषोंकूं शतकोटिजन्मोंकरिकैभी यहसर्वात्मज्ञान अत्यंतदुर्ल
भहै ॥ जबी अंतरपापवासनायुक्त पुण्यवान्पुरुषोंकूंभी यहआत्मज्ञान दुर्लभहुआ ॥ तबी बाह्यअंतर सर्वदा पापकर्मोंकेआचरणक
रणेहारेपुरुषोंकूं यहआत्मज्ञान दुर्लभहै याकेविषेक्याकहणाहै? यातैं जिसअधिकारीपुरुषकूं ताआत्मसाक्षात्कारकी इच्छाहोवै ॥ ति
सअधिकारीपुरुषनैं प्रथम आपणेचित्तकूंशुद्धकरणा ॥ शंका ॥ हेभगवन्! साचित्तशुद्धि किसप्रकारसैंहोवैहै? ॥ समाधान ॥ हेना
रद! आपणेआपणेवर्णआश्रमकेअनुसार प्राप्तभयेजेअन्नपानादिकविषयहैं ॥ तिनविषयोंकेग्रहणकानाम आहारहै ॥ सोआहार जि
सपुरुषका रागद्वेषतैंरहितबुद्धिकरिकै पापतैंरहितशुद्धहुआहै ॥ तिसीपुरुषकाचित्त शुद्धहोवैहै ॥ ताआहारकीशुद्धितैंविना चित्तकी
शुद्धिहोवैनहीं ॥ हेनारद! जैसे आहारशुद्धिवालेपुरुषकी पापकर्मोंविषेप्रीतिहोवैनहीं ॥ तैसे जोपुरुष बीज योनि व्यवहार यातीनों
केशुद्धिवालाहोवैहै ॥ तिसपुरुषकी आपदाकालविषेभी पापकर्मविषेप्रीतिहोवैनहीं ॥ इहां पितृकुलकानाम बीजहै ॥ और मातृकुल
कानाम योनिहै ॥ और पदार्थोंकेग्रहणत्यागकानाम व्यवहारहै ॥ हेनारद! इसप्रकार आहार व्यवहार बीज योनि याचारोंकीशुद्धि
करिकै जिसपुरुषकाचित्त शुद्धहुआहै ॥ तिसपुरुषकी कदाचित्भी पापकर्मविषेप्रीतिहोतीनहीं ॥ और पापकर्महीं चित्तकेएकाग्रता
का प्रतिबंधकहोवैहै ॥ जबी तिनआहारादिकोंकीशुद्धिकरिकै यहपुरुष तिनपापकर्मोंतैंरहितहोवैहै ॥ तबी याअधिकारीपुरुषकाचि
त्त एकाग्रताकूंप्राप्तहोवैहै ॥ ऐसेशुद्धचित्तवालापुरुष ब्रह्मवेत्तागुरुकेउपदेशतैं शीघ्रही आपणेभूमास्वरूपआत्माकूंसाक्षात्कारकरैहै ॥
जैसे भिल्लपुरुषोंकरिकैपालनकऱ्याहुआ कोईक्षत्रियराजाकापुत्र किसीमहात्मापुरुषकेमुखतैं तूंक्षत्रियराजाकापुत्रहै याप्रकारकेवच

नकूंश्रवणकरिकै शीघ्रही आपणेक्षत्रियस्वरूपकूंस्मरणकरेहै ॥ तैसे तूब्रह्मरूपहै याप्रकारकेब्रह्मवेत्तागुरुकेवचनकूंश्रवणकरिकै सो शुद्धचित्तवालापुरुष शीघ्रही आपणेब्रह्मरूपकूंस्मरणकरेहै ॥ हेनारद! जोकोईपुरुष पूर्वलेपुण्यकर्मकेप्रभावतैं ब्रह्मवेत्तागुरुकेउपदेशकरिकै याभूमाआत्माकेस्मृतिकूंप्राप्तहोवैहै ॥ सोपुरुष ताआत्मज्ञानरूपखड्गकरिकै कामक्रोधादिकग्रंथियोंकूं शीघ्रही छेदनकरेहै ॥ ताआत्मज्ञानतैंविना तेकामक्रोधादिकग्रंथियां कदाचित्भी निवृत्तहोवैंनहीं ॥ यातैं याअधिकारीपुरुषनैं ताकामक्रोधादिकबंधकेनिवृत्तकरणेवासतै ताभूमाआत्माकेज्ञानकूं अवश्यकरिकैसंपादनकरणा ॥ अब तानारदमुनिविषे ब्रह्मविद्याकेअधिकारीकेविशेषणोंकानिरूपणकरेहैं ॥ हेशिष्य! सोनारदमुनि पूर्वउक्तआहारादिकोंकीशुद्धिकरिकै शुद्धचित्तवालाहोताभया ॥ ताचित्तशुद्धितैंअनंतर सोनारदमुनि कामक्रोधादिकोंतैंरहितहोताभया ॥ हेशिष्य! हरीतकीआदिकोंतैंउत्पन्नभयाजोरसहै ॥ जिसरसकेसंबंधतैंवस्त्रादिकोंविषे कुसंभादिकोंकारंग अत्यंतदृढहोवैहै ॥ ताहरीतकीआदिकोंकेरसकूं बुद्धिमान्पुरुष कषाय याशब्दकरिकैकथनकरैहैं ॥ ताकषायरसकीन्यांई यहकामक्रोधादिकविकारभी याचित्तरूपवस्त्रकूं रंजितकरैहैं ॥ याकारणतैं तिनकामक्रोधादिकोंकूंभी शास्त्रवेत्तापुरुष कषाय याशब्दकरिकैकथनकरैहैं ॥ और जैसे वस्त्रविषेस्थित ताकषायरसकी क्षारादिकोंकरिकैनिवृत्तिहोवैहै ॥ तैसे तिनकामक्रोधादिककषायोंकीभी ब्रह्मचर्यादिकसाधनोंकरिकैनिवृत्तिहोवैहै ॥ और सोनारदमुनि तिनब्रह्मचर्यादिकसाधनोंकरिकैसंपन्नथा ॥ तथा यासंसारसमुद्रतैंवैराग्यवान्था ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवतीनैं तानारदमुनिकूं मृदितकषाय यानामकरिकैकथनकयाहै ॥ ऐसेमृदितकषायनारदमुनिकेतांई सोभगवान्सनत्कुमार मूलअज्ञानरूपतमका भूमारूपपरपार दिखावताभया ॥ जैसे यालोकविषे यहपुरुष आपणेशत्रुकेप्रति दुःख दिखावैहै ॥ तैसे तानारदमुनिकेप्रति सोभगवान्सनत्कुमार भूमाआत्मा दिखावताभया ॥ जिसभूमाआत्माकेदर्शनकरिकै यहअधिकारीपुरुष पुनः संसाररूपशोककूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ हेशिष्य! जोसनत्कुमारभगवान् तानारदमुनिकेप्रति ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरताभयाहै ॥ सोसनत्कुमारभगवान् दूसरेजन्मविषे स्वामिकार्त्तिकेयअवतारकूंधारणकरताभयाहै ॥ हेशिष्य! याअर्थविषे इतिहासकूंजानणेहारेब्राह्मण याप्रकारकीकथा कहतेभयेहैं ॥ तिसकथाकूं तू श्रवणकर ॥

किसीकालविषे किसीनिमित्तपाइकै सर्वमुनिजन श्रीकाशीजीविषेजातेभये ॥ तहां तेमुनिजन प्रातःकालविषे स्नानादिकनित्य कर्मोंकूंकरिकै श्रीगंगाजीकेतीरविषेस्थितहोतेभये ॥ और तेसर्वमुनिजन आपणीआपणीबुद्धिकरिकै परब्रह्मकाचिंतनकरते भये ॥ तिसकालविषे भवानीदेवीसहित श्रीमहादेव तहांआवताभया ॥ तिसकालविषे यद्यपि सोमहादेव आपणेस्वयंज्योतिआनंदस्वरूपकरिकै तिनमुनिलोकोंकेध्यानकाविषयथा ॥ तथापि सोमहादेव कृपाकरिकै तिनमुनिलोकोंके मांसमयनेत्रोंकाविषयहोताभया ॥ ताभवानीसहितमहादेवकूंदेखिकै तेसर्वमुनिजन आपणेआपणेआसनतैंउठतेभये ॥ तथा अत्यंतहर्षकूंप्राप्तहोतेभये ॥ जैसे प्राणोंकेप्रवेशतैं यहशरीर उठैहै ॥ तथा हर्षकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे तेमुनीश्वर महादेवकूंदेखिकैउठतेभये ॥ तथा हर्षकूंप्राप्तहोतेभये ॥ तिनसर्वमुनियोंविषे एकसनत्कुमारभगवान् आपणेआसनतैं नहींउठताभया ॥ काहेतैं? सोसनत्कुमारभगवान् सर्वकालविषे एकअद्वितीयआत्माकूंही अंतरबाह्यसर्वत्र परिपूर्णदेखैहै ॥ और तिसकालविषेतौ सोसनत्कुमारभगवान् विशेषकरिकैसमाधिविषेस्थितथा ॥ याकारणतैं सोसनत्कुमार महादेवकूंदेखिकै अभ्युत्थान नहींकरताभया ॥ और तासनत्कुमारतैंविना दूसरेमुनिजनतौ तामहादेवकूंदेखिकै अभ्युत्थान करतेभये ॥ तथा ताभवानीसहितमहादेवकूं प्रणामकरतेभये ॥ और तिनमुनिजनोंविषे कितनेकमुनिजनतौ वेदकेपाठादिकोंकरिकै तामहादेवकीस्तुतिकरतेभये ॥ और कितनेकमुनिजनतौ आपणेनवीनस्तोत्रबनाइकै तिनस्तोत्रोंकरिकै तामहादेवकीस्तुतिकरतेभये ॥ और कितनेकमुनिजनतौ प्राचीनपुरुषोंकरिकैकरेहुएस्तोत्रोंकरिकै तामहादेवकीस्तुतिकरतेभये ॥ इसप्रकार सर्वमुनिजन ताभवानीसहितमहादेवकीप्रसन्नताकरिकै आपणेआपणेआसनऊपरि स्थितहोतेभये ॥ इसप्रकार तामुनिजनोंकीश्रद्धाभक्तिकूंदेखिकरिकै अत्यंतप्रसन्नहुआ सोमहादेव तिनसर्वमुनिजनोंकूं मनवांछितवरोंकीप्राप्तिकरताभया ॥ तिसतैंअनंतर सोभवानीसहितमहादेव तिसस्थानतैंजाणेकीइच्छाकरताहुआ तहांसर्वमुनिजनोंकूं जहांतहां देखतेभये ॥ तासमाजविषे सनत्कुमारकूं ध्यानविषेस्थितहुआदेखिकै सोभगवान्महादेव परमहर्षकूंप्राप्तहोताभया ॥ परंतु तासनत्कुमारकूंदेखिकै साभवानी हर्षकूंनहींप्राप्तहोतीभई ॥

किंतु साभवानी आपणेमनविषे याप्रकारकाविचारकरिकै आपणेस्त्रीस्वभावतें परमक्रोधकूंप्राप्तहोतीभई ॥ अब ताभवानीकेविचार कावर्णनकरेहैं ॥ यहभगवान्महादेव अनादिपुरुषहैं॥ और यहमहादेव सर्वदा योगीजनोंकेहृदयविषेस्थितहैं॥ तथा अष्टांगयोगकरि कैयुक्तपुरुषोंकरिकै यहमहादेव सर्वदा ध्यानकरणेयोग्यहैं॥ तथा यहमहादेवही सर्वविद्यावोंका परमगुरुरूपहैं॥ और जैसे यालो कविषे राजादिकपुरुषोंके गर्भदासपुरुष किंकरहोवेहैं॥ तैसे ब्रह्मा विष्णु इंद्र सर्वलोकपाल इसतेंआदिलेकेजितनेदेवताहैं॥ ते सर्वदेवता यामहादेवकेही गर्भदासकिंकरहैं॥ इहां धनकरिकैमोललीनीजोदासीहै ॥ तादासीविषेउत्पन्नहुएपुत्रोंकानाम गर्भदास है ॥ तैसे यामहादेवनें सत्तास्फूर्तिरूपधनदेके यामायारूपदासीकूं आपणेवशकन्याहै ॥ तामायारूपदासीतेंही तिनब्रह्मादिकदेवता वोंकीउत्पत्तिहोवैहै ॥ यातें तेब्रह्मादिकदेवता इनमहादेवके गर्भदासहैं॥ और यहमहादेवही महदादिकतत्त्वोंका तथास्थावरजंग मभूतोंका जनकहैं॥ तथा तिनमहदादिकोंकापालनकरणेहारेहैं॥ तथा तिनमहदादिकोंका संहारकरणेहारेहैं ॥ और यामहा देवकेसमान पूर्व कोईहुआनहीं॥ और आगेकोईहोवैगानहीं॥ और अबीकोईहैनहीं॥ जबी यामहादेवके समानभीकोईनहींभ या ॥ तबी यामहादेवतेंअधिक कौनहोवैगा? किंतु यामहादेवतें कोईभीअधिकनहींहै ॥ और यामहादेवनें कामदेवकूंनाशक न्याहै ॥ यातें यहमहादेवही ब्रह्मचर्यधर्मवालाहै ॥ ऐसेजगद्गुरुमहादेवकूं मैंस्त्रीसहितदेखिकै यहसनत्कुमार स्त्रीकेअधीनमानता भयाहै ॥ और यहसनत्कुमार आपणेकूंब्रह्मचारीमानिकै महान्गर्वयुक्तहुआहै ॥ याकारणतेंही यहसनत्कुमार श्रीमहादेवकूंदेखि कै अभ्युत्थान तथानमस्कार नहींकरताभयाहै ॥ यातें याअभिमानीसनत्कुमारकेप्रति मैं कोईदारुणशापदेवों ॥ हेशिष्य ! इस प्रकार साभवानीदेवी तासनत्कुमारकेप्रति शापदेणेकानिश्चयकरिकै पुनःसाभवानी यासनत्कुमारकेप्रति मैं कौनशापदेवों याप्र कारकाविचारकरतीभई ॥ तहां यालोकविषे महान्दुःखकीप्राप्तिकरणेहारेजेस्थानहैं ॥ तिनस्थानोंविषेनिवासकरणेहारे यद्यपि अ नेकजीवहैं ॥ तथापि तिनसर्वजीवोंविषे अश्वोंकीसेवातें आपणाजीवनकरणेहारेपुरुष मुख्यहैं ॥ काहेतें ? दुर्गंधकरिकैयुक्त जाअ श्वोंकीशालाहै ॥ तादुर्गंधशालाविषे तिनपुरुषोंका सर्वदा निवासरहेहै ॥ तथा बहुतसेवाकरणेतेंभी तिनोंकूं अल्पधनकीप्राप्तिहो

वैहै ॥ यातैं अश्वोंकीसेवाकरणेहारेमनुष्य सर्वमनुष्योंतैंनीचहैं ॥ ऐसेअश्वोंकीसेवाकरणेहारेपुरुषोंकेकुलविषे यासनत्कुमारकाज
न्महोवै ॥ हेशिष्य ! इसप्रकारकाविचारकरिकै साभवानी तासनत्कुमारकेप्रति याप्रकारकाशापदेतीभई ॥ हेसनत्कुमार ! तुमनैं ह
मारे महादेवभर्त्ताकाअपमानकऱ्याहै ॥ यातैं अश्वोंकीसेवाकरणेहारेपुरुषोंकेकुलविषे तुमाराजन्महोवैगा ॥ हेशिष्य ! जिसकालवि
षे साभवानीदेवीतासनत्कुमारकेप्रति याप्रकारकाशापदेतीभई ॥ तिसकालविषे सोमहादेव ताभवानीकेप्रति ताशापदेणेतैं बहुत
निवारणकरताभया ॥ तथापि क्रोधकेवशहुई साभवानी तामहादेवकेवचनकूंभी नहींअंगीकारकरतीभई ॥ हेशिष्य ! ताभवानीके
शापतैं अनंतर सोसनत्कुमार तापूर्वशरीरकापरित्यागकरिकै अश्वोंकेसेवाकरणेहारेशरीरकूंप्राप्तहोताभया ॥ ताशरीरविषेभी सो
सनत्कुमार परमआनंदकूंप्राप्तहोताभया ॥ काहेतैं ? पूर्वब्राह्मणशरीरविषे स्नानादिकनित्यनैमित्तिककर्मोंकेकरणेकरिकै जेक्लेशहोते
थे ॥ तेसर्वक्लेश याअश्वसेवकशरीरविषे निवृत्तहोतेभये ॥ और अश्वोंकेभक्षणकरणेयोग्यजेचणकादिकअन्नहैं ॥ तिनोंकूंभक्षणक
रिकै सोसनत्कुमार अत्यंतस्थूलशरीरवालाहोताभया ॥ और सोसनत्कुमार ताअश्वसेवकशरीरविषे अत्यंतआलसीहोताभया ॥
यातैं ताकेसंबंधियोंनैं तासनत्कुमारकूं अत्यंतआलसीदेखिकै दूसरेकिसीकार्यविषेलगायानहीं ॥ किंतु ताअश्वशालाकेद्वारमात्रकीर
क्षाकरणेवासते तासनत्कुमारकूं ताअश्वशालाकेद्वारऊपरिबैठावतेभये ॥ और सोसनत्कुमार तिनोंकेआज्ञाकूंमानिकै ताअश्वशाला
केद्वारऊपरि रात्रिदिनविषे सुखपूर्वक स्थितहोताभया ॥ हेशिष्य ! इसप्रकार किसीकालकेव्यतीतहुएतैंअनंतर तामहादेवसहित
साभवानीदेवी ताअश्वशालाकेसमीप आवतीभई ॥ और साभवानीदेवी तासनत्कुमारकूं तिसनीचशरीरविषेभी परमआनंदकूंप्रा
प्तहुआदेखिकै प्रसन्नहोतीभई ॥ तिसतैंअनंतर साभवानीदेवी तासनत्कुमारकेप्रति याप्रकारकावचन कहतीभई ॥ हेसनत्कुमार !
मैं तुमारेऊपरिप्रसन्नभईहूं ॥ यातैं जोतुमारेकूंइच्छाहोवै सो हमारेसैंवरमांग ॥ हेशिष्य ! इसप्रकारकावचन जबी ताभवानीदे
वीनैंकह्या ॥ तबी सोसनत्कुमार ताभवानीदेवीकेप्रति याप्रकारकावचनकहताभया ॥ हेदेवी ! आपनैं कृपाकरिकै हमारेतांई जोय
हशरीरदियाहै ॥ सोयहशरीर यद्यपि पूर्वब्राह्मणशरीरतैंश्रेष्ठहै ॥ तथापि याशरीरविषे विष्ठामूत्रादिकोंकेपरित्यागकरणेवासते उठि

केदूरजाणेकरिकैहमारेकूं बहुतक्लेशहोवैहै ॥ यातैं आप कृपाकरिकै हमारेप्रति ऐसेशरीरकीप्राप्तिकरो ॥ जिसशरीरविषे जोकदा चित् मैंबैठाहुआभी विष्ठामूत्रकापरित्यागकरौं तौभी सोविष्ठामूत्र हमारेशरीरतैं दूरजाइकैपडे ॥ ताविष्ठामूत्रका हमारेशरीरके साथ स्पर्शहोवैनहीं ॥ ऐसे शरीरकीप्राप्तिरूपवर हमारेप्रतिदेवौ ॥ हेशिष्य ! तासनत्कुमारनैं जबी ताभवानीदेवीसैं याप्रकारका वर माग्या तबी साभवानीदेवी पुनः क्रोधवान्होइकै याप्रकारकाशापदेतीभई ॥ हेसनत्कुमार ! उष्ट्रशरीरविषे तेविष्ठामूत्रा दिकमल शरीरतैंदूरजाइकैपडैहैं ॥ यातैं तू ताउष्ट्रशरीरकूंप्राप्तहोवैगा ॥ हेशिष्य ! इसप्रकार ताभवानीकेशापतैं अनंतर सोसन त्कुमार ताअश्वसेवकशरीरकापरित्यागकरिकै राजाकेगृहविषे उष्ट्रशरीरकूंप्राप्तहोताभया ॥ तहां उष्ट्रोंकेशिक्षाकरणेहारेपुरुषोंनें ता उष्ट्रकूं बहुतप्रकारकीशिक्षाकरी ॥ परंतु सोउष्ट्र किंचित्मात्रभीतिनपुरुषोंकीशिक्षाकूं नहींमानताभया ॥ तिसतैंअनंतर तेउष्ट्रोंके शिक्षाकरणेहारेपुरुष ताउष्ट्रकूंअत्यंतआलसीजानिकै वनविषेपरित्यागकरतेभये ॥ तावनविषेप्राप्तहुआसोउष्ट्र परमसुखकूंप्राप्तहो ताभया ॥ काहेतैं ? तावनविषे सोउष्ट्र करीरादिकबहुतकंटकोंकूं भक्षणकरताभया ॥ तथा श्रीगंगाजीकेमधुरजलकूंपानकरताभ या ॥ और बैठाहुआही सोउष्ट्र मलमूत्रकापरित्यागकरताभया ॥ याकारणतैं सोसनत्कुमारमुनि ताउष्ट्रशरीरविषे परमआनंदकूंप्राप्त होताभया ॥ किंवा सृष्टिकेआदिकालविषे ब्रह्मानैं जितनैंपशुशरीरोंकूं उत्पन्नकऱ्याथा ॥ तिनसर्वशरीरोंविषे याउष्ट्रशरीरकूंसुख रूपजानिकै सोब्रह्मायाउष्ट्रशरीरकूं सर्वतैंप्रथमउत्पन्नकरताभयाहै ॥ यातैं यहउष्ट्रशरीर सर्वपशुशरीरोंतैंश्रेष्ठहै ॥ याप्रकार ताउष्ट्र शरीरविषे सर्वशरीरोंतैंश्रेष्ठताकाविचारकरिकैभी सोसनत्कुमारमुनि ताउष्ट्रशरीरविषे परमआनंदकूंप्राप्तहोताभया ॥ हेशिष्य ! इसप्रकार कितनेककालकेव्यतीतहुएतैंअनंतर तामहादेवसहित साभवानीदेवी तावनविषेआवतीभई ॥ और तासनत्कुमारकूं ता उष्ट्रशरीरविषेभी परमआनंदकूंप्राप्तहुआदेखिकै साभवानी तासनत्कुमारकेप्रति याप्रकारकावचनकहतीभई ॥ हेसनत्कुमार ! मैं तुमारेऊपरिप्रसन्नभईहूं ॥ यातैं जोतुमारेकूंइच्छाहोवै सोहमारेसैंवरमाँग ॥ हेशिष्य ! इसप्रकारके ताभवानीकेवचनकूंश्रवणक रिकै सोसनत्कुमार ताभवानीके प्रति याप्रकारकावचनकहताभया ॥ हेदेवी ! आपने कृपाकरिकै हमारेताई जोयहउष्ट्रकाशरीर

दियाहै ॥ इसतैंपरेकोईअधिकवर मैं देखतानहीं ॥ याउष्ट्रशरीरविषेही मैं कृतकृत्यहूं ॥ हेदेवी ! याउष्ट्रशरीरविषे हमारेकूं वे दोंतैं तथालोकोंतैं भयकीप्राप्तितथालज्जाकीप्राप्तिहोतीनहीं ॥ और याउष्ट्रशरीरविषे जोकदाचित् मैंबैठाहुआभी विष्ठामूत्रकापरि त्यागकरताहूं तौभी तेविष्ठामूत्र हमारेशरीरकूंस्पर्शकरतेनहीं ॥ किंतु तेविष्ठामूत्र याहमारेशरीरतैं दूरजाइकेपडेहैं ॥ हेदेवी ! मैं ने याउष्ट्रशरीरविषे परमसुखकाअनुभवकर्‍याहै ॥ यातैं जोकदाचित् परमेश्वर हमारेकूं आगेशरीरोंकीप्राप्तिकरै तौ याउष्ट्रशरीरों कीही वारंवार प्राप्तिकरै ॥ ऐसीप्रार्थना मैं परमेश्वरकेआगेकरताहूं ॥ हेदेवी ! याअनादिसंसारविषे मैंनेपूर्व अनेकप्रकारकेऊंचनी चशरीरोंका अनुभवकर्‍याहै ॥ परंतु याउष्ट्रशरीरकेसमान सुखकाहेतु याब्रह्मांडविषेकोईभीशरीर हमनैंदेख्यानहीं ॥ यातैं इसउष्ट्र शरीरतैंपरेकिसीभीवरकीमैं इच्छाकरतानहीं ॥ हेशिष्य ! इसप्रकारकेवचन जबी तासनत्कुमारने ताभवानीकेप्रतिकहैं ॥ तबी साभवानी तासनत्कुमारकूंनिष्कामदेखिकै महादेवकेसाथ विचारकरिकै याप्रकारकावचनकहतीभई ॥ हेसनत्कुमारमुनि ! सर्व कामनावोंतैंरहितहोणेतैं जोतू हमारेसैंवरनहींमागता तौ तू हमारेप्रति मनवांछितवरदेहु ॥ हेशिष्य ! इसप्रकारके ताभवानीके वचनकूं श्रवणकरिकै सोसनत्कुमार ताभवानीकेवचनकूं अंगीकारकरताभया ॥ तिसतैंअनंतर साभवानी तूहमारापुत्रहोहु ॥ याप्र कारकावरमागतीभई ॥ तावरकूंदेकै सोसनत्कुमार ताभवानीदेवीका स्कंदनामापुत्रहोताभया ॥ तिसीस्कंदकूं शास्त्रवेत्तापुरुष स्वा मिकार्तिकेय यानामकरिकैकथनकरेहैं ॥ जोकामकूं आपणवशकरै ताकूंस्कंदकहेहैं ॥ सोसनत्कुमार तास्कंदनामाअवतारविषेभी पू र्वकीन्याांई ब्रह्मचर्यधर्मविषेभीहीस्थितहोताभया ॥ हेशिष्य ! इसप्रकार पूर्व सनत्कुमारभगवान्नैं नारदमुनिकेप्रति जोसुखरूपभू माकाउपदेशकर्‍याहै ॥ सोसंपूर्णउपदेश हमनैं तुमारेप्रति कथनकर्‍या ॥ हेशिष्य ! जैसेआरुणिऋषि श्वेतकेतुपुत्रकेप्रति याआ त्मादेवका सत्यरूपकरिकै उपदेशकरताभयाहै ॥ और जैसे सनत्कुमारभगवान् नारदमुनिकेप्रति याआत्मादेवका आनंदरूपकरि कैउपदेशकरताभयाहै ॥ तैसे ब्रह्माइंद्रकेप्रति तथाविरोचनकेप्रति याआत्मादेवका जाग्रतादिकतीनअवस्थावोंतैंरहितरूपकरिकै उपदेशकरताभयाहै ॥ परंतु तिनदोनोंविषे देवराजइंद्रतौ शुद्धआहारवालाथा तथाशुद्धचित्तवालाथा तथापूर्वउक्तस्मृतिवालाथा त

थाकामक्रोधादिकग्रंथियोंकेपरित्यागकरणेविषे यत्नवालाथा ॥ यातैं सोइंद्र ताब्रह्माकेउपदेशतैं जाग्रतादिकतीनअवस्थावोंतैंभिन्न करिकै ताआत्माकूं साक्षात्कारकरताभया ॥ और विरोचन तिनआहारशुद्धिआदिकोंतैंरहितथा ॥ यातैं सोविरोचन जाग्रतादिक तीनअवस्थावोंतैंभिन्नकरिकै ताआत्माकूंनहींजानताभया ॥ किंतु सोविरोचन यास्थूलशरीरकूंही आत्माजानताभया ॥ हेशिष्य ! यात्रयोदशेअध्यायकेआदिविषे जोतुमनैं आत्माकीसुखरूपतापूँछीथी ॥ सो हमनैं तुमारेप्रति विस्तारतैंकथनकरी ॥ अब जिस अर्थकेश्रवणकरणेकी तुमारेकूं इच्छाहोवै ॥ सोहमारेसैंपूँछ ॥ इतिश्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य स्वामिउद्धवानंदगिरिपूज्यपादशिष्येण स्वामिचिद्घनानंदगिरिणा विरचितेप्राकृताऽऽत्मपुराणे छांदोग्यसारार्थप्रकाशे सनत्कुमारनारदसंवादो नाम त्रयोदशोऽध्यायः समाप्तः ॥ १३ ॥ ॥ श्रीगुरुभ्योनमः ॥ ॥ ॥ ॥ ॥

इति आत्मपुराणे स्वामिचिद्घनानंदगिरिकृतभाषाया

त्रयोदशोऽध्यायः समाप्तः ॥ १३ ॥

अथ आत्मपुराणेश्रीस्वामिचिद्घनानंदगिरिकृतभाषायां

चतुर्दशाऽध्यायप्रारंभः ॥ १४ ॥

ॐ श्रीगणेशायनमः ॥ श्रीगुरुभ्योनमः ॥ श्रीकाशीविश्वेश्वराभ्यांनमः ॥ श्रीशंकराचार्येभ्योनमः ॥ अथ चतुर्दशोऽध्यायप्रारंभः ॥
पूर्वत्रयोदशेअध्यायविषे सामवेदकेछांदोग्यउपनिषद्के सप्तमअध्यायकाअर्थ निरूपणकऱ्या ॥ अब याचतुर्दशेअध्यायविषे तिसी छांदोग्यउपनिषद्केअष्टमअध्यायकाअर्थ निरूपणकरैहैं ॥ तहां पूर्वत्रयोदशेअध्यायविषे ताभूमाआत्माकीसुखरूपताकूंश्रवणकरिकै परमआनंदकूंप्राप्तहुआ सोशिष्य पुनः जाग्रतादिकतीनअवस्थावोंतैंभिन्नरूपकरिकै ताभूमाआत्माकेश्रवणकरणेकीइच्छाकरता हुआ आपणेगुरुकेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ शिष्यउवाच ॥ हेभगवन्! याआत्मपुराणके प्रथमअध्यायविषे आपनैं ऋग्वेदकेऐतरेयउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्याथा ॥ ताप्रथमअध्यायविषे सनकादिकमुनियोंके तथावामदेवादिकअधिकारीजनोंकेसंवादकरिकै आपनैं नानाप्रकारकीब्रह्मविद्या कथनकरीथी ॥ और हेभगवन्! याआत्मपुराणके द्वितीयअध्यायविषे तथा तृतीयअध्यायविषे आपनैं तिसीऋग्वेदके कौषीतकीउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्याथा ॥ तहां याआत्मपुराणकेद्वितीयअध्यायविषे देवराजइंद्रके तथाप्रतर्दनराजाके संवादकरिकै आपनैं नानाप्रकारकीब्रह्मविद्याकथनकरीथी ॥ और याआत्मपुराणकेतृतीयअध्यायविषे राजाअजातशत्रुके तथाबालाकीब्राह्मणकेसंवादकरिकै आपनैं नानाप्रकारकीब्रह्मविद्या कथनकरीथी ॥ और हेभगवन्! याआत्मपुराणके चतुर्थ पंचम षष्ठ सप्तम याचारिअध्यायोंविषे आपनैं यजुर्वेदकेबृहदारण्यकउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्याथा ॥ तहां याआत्मपुराणके चतुर्थअध्यायविषे आपनैं प्रथम एकस्त्रीवंश दोपुरुषवंश यहतीनप्रकारकाऋषियोंकावंश कथनकऱ्याथा ॥ और दध्यङ्अथर्वणऋषिनैं जाब्रह्मविद्या देवराजइंद्रकेप्रति तथाअश्विनीकुमारोंकेप्रति उपदेशकरीथी ॥ साब्रह्मविद्याभी आपनैं कथनकरीथी ॥ तथा तादध्यङ्ऋषिका देवराजइंद्रतैंमरणभी आपनैं कथनकऱ्याथा ॥ तथा तादध्यङ्ऋषिके क्षमादिकगुणोंकाभी आपनैं कथनकऱ्याथा ॥ इसतैंआदिलैकेअनेकप्रकारकीवार्ता ताचतुर्थअध्यायविषे आपनैं कथनकरीथी ॥ और हेभगवन्! याआत्मपुराणकेपंचमेअध्यायविषे जनकराजाकीयज्ञसभाविषे याज्ञवल्क्यमुनिके तथाआश्वलादिकब्राह्मणोंके संवादकरिकै आपनैं नानाप्रकारकीब्रह्मविद्या कथनकरीथी॥तथा याज्ञवल्क्यमुनिकेशापकरिकै शाकल्यब्राह्मणकामृत्यु कथनकऱ्याथा ॥ और हेभगवन्!

याआत्मपुराणकेषष्ठेअध्यायविषे याज्ञवल्क्यमुनिके तथाजनकराजाके दोवारसंवादकरिकै आपनैं नानाप्रकारकीब्रह्मविद्या कथनक
रीथी ॥ जाब्रह्मविद्या सूर्यभगवान् याज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति देताभयाहै ॥ और हेभगवन्! याआत्मपुराणकेसप्तमअध्यायविषे याज्ञ
वल्क्यमुनिके तथा मैत्रेयीस्त्रीके संवादकरिकै आपनैं नानाप्रकारकीब्रह्मविद्या कथनकरीथी ॥ तथा याज्ञवल्क्यमुनिकेसंन्यासआश्र
मका कथनकऱ्याथा ॥ और हेभगवन्! याआत्मपुराणके अष्टमेअध्यायविषे आपनैं तिसीयजुर्वेदके श्वेताश्वतरउपनिषद्काअर्थ
निरूपणकऱ्याथा ॥ ताअष्टमअध्यायविषे श्वेताश्वतरमुनिके तथासंन्यासियोंके संवादकरिकै आपनैं याजगत्केकारणका निरूपण
कऱ्याथा ॥ और हेभगवन्! याआत्मपुराणकेनवमअध्यायविषे आपनैं तिसीयजुर्वेदके कठवल्लीउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्या
था ॥ तानवमअध्यायविषे आपनैं यहवार्ता कथनकरीथी ॥ नचिकेता पिताकेवचनकूंसत्यकरणेवासते यमलोकविषे जाताभया ॥
तहां सोनचिकेता तायमराजातैं पिताकीप्रसन्नता अग्निविद्या आत्मज्ञान यहतीनवरलेताभया ॥ तावरकेप्रभावतैं सोनचिकेता ता
यमराजाकेमुखतैं वैराग्यादिकसाधनोंसहित आत्मज्ञानकूंश्रवणकरताभया ॥ और हेभगवन्! याआत्मपुराणकेदशमेअध्यायविषे
आपनैं तिसीयजुर्वेदके तैत्तिरीयकउपनिषद्का तथानारायणीयउपनिषद्का अर्थ निरूपणकऱ्याथा ॥ तादशमअध्यायविषे आप
नैं वरुणपिताके तथाभृगुपुत्रके संवादकरिकै ब्रह्मकास्वरूपलक्षण तथातटस्थलक्षण निरूपणकऱ्याथा ॥ तथा अन्नमयादिकपंच
कोशोंतैंभिन्नकरिकै ताब्रह्मकास्वरूप वर्णनकऱ्याथा ॥ तथा वेननामागंधर्वका सर्वात्मभावरूपअनुभव आपनैं कथनकऱ्याथा ॥ त
था सत्यादिकसाधनोंकानिरूपणकरिकै तिनसर्वसाधनोंतैं संन्यासआश्रमकीअधिकता वर्णनकरीथी ॥ और हेभगवन्! याआत्म
पुराणकेएकादशेअध्यायविषे आपनैं जाबालादिएकादशउपनिषदोंकाअर्थ निरूपणकऱ्याथा ॥ ताएकादशेअध्यायविषे आपनैं यह
वार्त्ता कथनकरीथी ॥ पूर्वसंवर्त्तकादिकमहान्पुरुष तापरमहंससंन्यासकूंधारणकरतेभयेहैं ॥ और तापरमहंससंन्यासकेप्राप्तिका ए
कवैराग्यहीकारणहै ॥ और तावैराग्यकीप्राप्ति गर्भदुःखोंकेविचारतैंहोवैहै ॥ तथा मरणकेज्ञानतैंहोवैहै ॥ तथा अष्टांगयोगतैंहोवै
है ॥ और सोवैराग्यवान्पुरुषही तासंन्यासकाअधिकारीहै ॥ और तापरमहंससंन्यासीका बाह्यअंतरभेदकरिकै दोप्रकारकाआचार

होवैहै ॥ तहां दंडकमंडलुभिक्षाआदिक बाह्यआचारहोवैहै ॥ और शमदमादिक अंतरआचारहोवैहै ॥ तहां मैंब्रह्मरूपहूं याप्रकार के अभेदज्ञानकातौ सोशमदमादिरूपअंतरआचारही मुख्यकारणहै ॥ सोब्रह्मज्ञानभी आपनैं ब्रह्मउपनिषदादिकोंविषेकथनकऱ्या था ॥ इत्यादिकसर्ववार्ता आपनैं ताएकादशेअध्यायविषेवर्णनकरीथी ॥ और हेभगवन्! याआत्मपुराणकेद्वादशेअध्यायविषे आपनैं सामवेदकेछांदोग्यउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्याथा ॥ ताद्वादशेअध्यायविषे उद्दालकमुनिके तथाश्वेतकेतुके संवादकरिकै आपनैं नानाप्रकारकीब्रह्मविद्या कथनकरीथी ॥ और हेभगवन्! याआत्मपुराणके त्रयोदशेअध्यायविषे आपनैं तिसीछांदोग्यउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्याथा ॥ तात्रयोदशेअध्यायविषे आपनैं सनत्कुमारके तथानारदके संवादकरिकै नानाप्रकारकीब्रह्मविद्या कथनकरीथी ॥ हेभगवन्! तात्रयोदशेअध्यायकेअंतविषे आपनैं यहवार्ता कथनकरीथी ॥ प्रजापतिब्रह्मा इंद्रकेप्रति तथाविरोचनकेप्रति तीनअवस्थातैंरहितभूमाआत्माका उपदेशकरताभया ॥ तिनदोनोंविषे इंद्रतौ ताभूमाआत्माकूंजानताभया ॥ और विरोचन ताभूमाआत्माकूं नहींजानताभया ॥ हेभगवन्! याप्रकारकेविचित्रआख्यानकूं मैं आपकेमुखतैंश्रवणकरणेकीइच्छाकरताहूं ॥ आप कृपाकरिकै हमारेप्रति सोसर्ववृत्तांत कथनकरो ॥ इसप्रकार ताश्रद्धावान्शिष्यकरिकैपूछाहुआ सोश्रीगुरु ताशिष्यकेप्रति छांदोग्यउपनिषद्के अष्टमअध्यायविषेकथनकरीहुईकथाकूं कहताभया ॥ श्रीगुरुरुवाच ॥ हेशिष्य! जोब्रह्मा इंद्रकेप्रति तथाविरोचनकेप्रति ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरताभयाहै ॥ सोब्रह्मा सर्वदा जिसब्रह्मलोकविषे निवासकरेहै ॥ सोब्रह्मलोककैसाहै? अत्यंत विस्तारवालाहै ॥ तथा सर्वदुःखोंकूंनाशकरणेहाराहै ॥ तथा जोब्रह्मलोक शुद्धअंतःकरणवालेसंन्यासियोंकूं अर्चिरादिकमार्गकरिकै प्राप्तहोणेयोग्यहै ॥ तथाभृगुआदिकप्रजापतियोंके जेमहरादिकलोकहैं ॥ तिनसर्वलोकोंतैं सोब्रह्मलोक ऊपरिस्थितहै ॥ और ताब्रह्मलोकविषे ऐरंमदीयनामा एकमहान्सरोवरहै ॥ सोसरोवर अनेकप्रकारकेकमलोंकरिकैशोभायमानहै ॥ तथा तीनतापोंकीनिवृत्ति करणेहाराहै ॥ तथा उपासनाकेबलतैं अल्पफलकेदेणेहारेपुण्यपापकर्मोंकेक्षयहुएतैंअनंतर याउपासकपुरुषोंकूं तासरोवरकीप्राप्ति होवैहै ॥ और सोसरोवर इरानामाअन्नकारसरूपहै ॥ तथा मदकाहेतुहै ॥ याकारणतैं शास्त्रवेत्तापुरुष तासरोवरकूं ऐरंमदीय यानाम

करिकैकथनकरैंहैं ॥ और जिसब्रह्मलोकविषे अश्वत्थवृक्षकेआकार एकसोमसवननामा कल्पद्रुमरहेहै ॥ सोकल्पवृक्ष माताकीन्याईं सर्वभूतप्राणियोंकूं मनवांछितपदार्थोंकीप्राप्तिकरेहै ॥ तावृक्षतैं सर्वदा अमृतस्रवेहै ॥ याकारणतैं शास्त्रवेत्तापुरुष तावृक्षकूं सोमसवन यानामकरिकैकथनकरैंहैं ॥ और जिसब्रह्मलोकविषे एक अरनामा तलावरहेहै ॥ और दूसरा ण्यनामा तलावरहेहै ॥ कैसेहैंतेदोनोंतलाव? समुद्रकेतुल्य विस्तारवालेहैं ॥ तथा दुग्ध दधि घृत यातीनोंकरिकैपूर्णहैं ॥ और जैसे राजाकेभृत्य राजाकेपुत्रकूं आदरपूर्वकराजदरबारविषेलेजावैंहैं ॥ तैसे विद्युतूलोकविषेप्राप्तहुए उपासकपुरुषकूं अमानवपुरुष ताविद्युतूलोकतैं जिसब्रह्मलोकविषेलैजावैंहैं ॥ और जिसब्रह्मलोकविषेप्राप्तहुए उपासकपुरुषकेप्रति ब्रह्माकरिकैप्रेरणाकरीहुई पंचशत ५०० अप्सरा सन्मुखआवैंहैं ॥ कैसीहैंतेअप्सरा? सूर्यकेसमान तेजवालीहैं ॥ तथा षोडशवर्षकीअवस्थावालीहैं ॥ तथा रूपयौवनकरिकैसंपन्नहैं ॥ तथा तुर्यादिकवादित्रोंके मधुरशब्दोंकरिकैशोभायमानहैं ॥ तथा ताउपासकपुरुषकेदेखणेकीहैउत्कंठाजिनोंकूं ॥ तथा ताउपासकपुरुषकेशरीरकूं ब्रह्माकेसमान अलंकारोंकरिकै शोभायमानकरणेहारीहैं ॥ जिनअप्सरावोंकूं श्रुतिविषे अंबा अंबायवीय यादोनामोंकरिकैकथनकर्याहै ॥ ऐसीपंचशतअप्सरा ताउपासकपुरुषकेसमीपआवैंहैं ॥ तिनपंचशतअप्सरावोंविषेभी एकशत १०० अप्सरा तौ ताउपासकपुरुषकेपहरावणेवासते नानाप्रकारकेसुगंधिवालेपुष्पोंकीमालावोंकूं आपणेहस्तविषेलैआवैंहैं ॥ और एकशत १०० अप्सरातौ ताउपासकपुरुषकेलगावणेवासते नानाप्रकारकेअंजनोंकूं आपणेहस्तविषेलैआवैंहैं ॥ और एकशत १०० अप्सरातौ ताउपासकपुरुषकेलगावणेवासते नानाप्रकारकेचूर्णोंकूं आपणेहस्तविषेलेआवैंहैं ॥ और एकशत १०० अप्सरातौ ताउपासकपुरुषकेपहरावणेवासते नानाप्रकारकेवस्त्रोंकूं आपणेहस्तविषेलेआवैंहैं ॥ और एकशत १०० अप्सरातौ ताउपासकपुरुषकेपहरावणेवासते नानाप्रकारकेभूषणोंकूं आपणेहस्तविषेलैआवैंहैं ॥ इहां शरीरकेचाकचिक्यकाहेतु जेसुगंधिवालेतैलादिकहैं तिनोंकानाम अंजनहै ॥ और शरीरकेमर्दनकरणेयोग्य जेसुगंधिवाले केईकपदार्थहैं तिनोंकानामचूर्णहै ॥ इत्यादिकअनेकपदार्थोंकूं आपणेहस्तविषेलैके तेअप्सरा ताउपासकपुरुषकेसमीपआवैंहैं ॥ और जिसब्रह्मलोकविषे एकआरनामाह्रदरहेहै ॥

तथा एकदुस्तरविरजानामा नदीरहेहैं ॥ ताआरनामाहृदके तथाविरजानामानदीके मध्यविषे येष्टिहनामा मुहूर्तोंकेअभिमानीदेव तारहेहैं ॥ तिनदेवतावोंकूं सोउपासकपुरुष आपणेविवेकयुक्तमनकरिकै दूरभगाइदेवैहै ॥ और ताब्रह्मलोकविषे यहउपासकपुरुष जबी ताहृदनदीकूंतरिकै इल्यनामावृक्षकेसमीपजावैहै ॥ तबी ताउपासकपुरुषकूं ब्रह्माकेग्रहणकरणेयोग्य दिव्यगंध प्राप्तहोवैहै ॥ और ताब्रह्मलोकविषे यहउपासकपुरुष जबी शालज्यनामा संस्थानकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तबी ताउपासकपुरुषकूं ब्रह्माकेग्रहणकरणे योग्य दिव्यरस प्राप्तहोवैहै ॥ और ताब्रह्मलोकविषे यहउपासकपुरुष जबी अपराजितनामा आयतनकेसमीपजावैहै ॥ तबी ताउपासकपुरुषकूं नानाप्रकारकेदिव्यरूप प्राप्तहोवैहैं ॥ तथा ताउपासकपुरुषविषे ब्रह्माकातेज प्रवेशकरैहै ॥ और तिसब्रह्मलोकविषे महान्तेजवाले इंद्र तथाप्रजापति येदोनों द्वारपालहैं ॥ तेदोनोंद्वारपाल ताउपासकपुरुषकूं ब्रह्माकेतेजयुक्तदेखिके भययुक्तपुरुषकीन्यांई शीघ्रही भीतरिजाणेकेमार्गकीप्राप्तिकरैहैं ॥ और ताब्रह्मलोकविषे एकहिरण्मयनामा ब्रह्माकाप्रासादहै ॥ कैसाहैसोप्रासाद? महान्विस्तारवालाहै ॥ तथा अनेकप्रकारकेरत्नोंकरिकैजडितहै ॥ तथा सभास्थानकरिकैयुक्तहै ॥ और ताब्रह्माकेप्रासादविषे विचक्षणानामा बुद्धिरूपवेदिकाहै ॥ कैसीहैसाबुद्धिरूपवेदिका? सर्वशुभलक्षणोंकरिकैसंपन्नहै ॥ तथा सर्वजगत्काकारणहै ॥ और ताप्रज्ञारूपवेदिकाविषे एक अमितौजसनामा प्राणरूपपर्यंकास्थितहै ॥ जिसप्राणकूं वाजसनेयशाखावाले ब्राह्मण उद्गातारूपकरिकैउपासनाकरैहैं ॥ और छांदोग्यशाखावालेब्राह्मण ताप्राणकूं उद्गीथरूपकरिकै उपासनाकरैहैं ॥ कैसाहै सोप्राणरूपपर्यंक? जिसपर्यंकके पूर्वदिशाकीतरफकेदोपादतौ भूतभविष्यत्जगत्रूपहैं ॥ और लक्ष्मी पृथिवी येदोनों तापर्यंकके पश्चिमदिशाकीतरफकेदोपादहैं ॥ और बृहत्साम रथंतरसाम यहदोप्रकारकासामवेद तापर्यंकके दक्षिणउत्तरदिशाकेतरफकी दीर्घकाष्ठमयदोपटिकाहैं ॥ और भद्रसाम तथायज्ञायज्ञीयसाम यहदोप्रकारकासामवेद तापर्यंकके पूर्वपश्चिमदिशाकेतरफकी अल्पकाष्ठमयदोपटिकाहैं ॥ और मंत्ररूपऋग्वेद तथामंत्ररूपसामवेद यहदोनों तापर्यंकके पूर्वपश्चिमदिशाकेतरफकी दीर्घसूत्रमयपटियांहैं ॥ और मंत्ररूपयजुर्वेद तापर्यंकके दक्षिणउत्तरदिशाकेतरफकी अल्पसूत्रमयपटियांहैं ॥ जिनसूत्रमयपटियोंकूं

लोकविषे नवारकहेहैं ॥ और जिसपर्यंकका चंद्रमाकीकिरणमय उपस्तरणहै ॥ जिसउपस्तरणकूं लोकविषे गादलाकहेहैं ॥ और उद्गीथनामासामवेद् ताउपस्तरणकेऊपरिविछावणेयोग्य श्वेतवस्त्ररूपहै ॥ और लक्ष्मी तापर्यंककासिराणाहै ॥ ऐसेप्राण रूपपर्यंकविषे जोब्रह्मा सर्वदा विराजमानहै ॥ कैसाहैसोहिरण्यगर्भरूपब्रह्मा? जगत्रूपपटकरिकैआवृतहै ॥ तथा जाहिरण्यगर्भकाशरीर पृथिवीआदिकपंचभूतोंकरिकैपुष्टहुआहै ॥ तथा जोहिरण्यगर्भ सर्वजीवोंकासमष्टिरूपहै ॥ और श्रुतिविषे अंबया या शब्दकरिकैकथनकरीजे उपासनारूपनदियांहैं ॥ तिननदियोंकेनीरकूं जोब्रह्मा सर्वदा पानकरेहै ॥ और ताब्रह्माकी दोप्रियस्त्रियांहैं ॥ तहां एकतौ प्रतिरूपानामाप्रियाहै ॥ कैसीहैसाप्रतिरूपानामाप्रिया ॥ समष्टिरूपतेजकेपुंजकूं आपणेअभिमानकाविषयकरिकै विराजमानहै ॥ तथा सर्वचक्षुइंद्रियोंका उपादानकारणरूपहै ॥ और ताब्रह्माकी दूसरीप्रिया मानसीनामाहै ॥ जामानसीप्रिया सरस्वतीरूपकरिकैप्रसिद्धहै ॥ ऐसीदोपत्नियोंसहित सोब्रह्मा तासभाविषेस्थितहोवैहै ॥ कैसाहैसोब्रह्मा? इंद्रादिकसर्वदेवतावोंकादेवताहै ॥ और सर्वब्रह्मांडविषे व्याप्तहैंविभूतियांजिनोंकी ऐसेजेइंद्रादिकदेवताहैं ॥ तिनसर्वदेवतावोंकरिकै जोब्रह्मा उपासनाकरणेयोग्यहै ॥ ऐसाप्रजापतिब्रह्मा सर्वभूतोंकेहितकीइच्छाकरताहुआ तिनसर्वभूतोंकूंसुखकीप्राप्तिकरणेवासते किसीप्रसंगपाइकै तासभाविषे याप्रकारकावचनकहताभया ॥ जोवस्तुअत्यंतदुर्लक्ष्यत्वरूपकरिकैकथनकऱ्याहै ॥ तथा जोवस्तु भूमारूपकरिकैवर्णनकऱ्याहै ॥ तथा जोवस्तु सर्वदेहधारीजीवोंकूं प्रत्यग्रूपकरिकैप्रसिद्धहै ॥ सोवस्तु सर्वअनात्मपदार्थोंतैं निरतिशयप्रीतिकाविषयहै ॥ याकारणतैं तावस्तुकूं आत्मा याशब्दकरिकैकथनकरेहैं ॥ तथा ताआत्मवस्तुकूं अहंकारादिकोंतैंपरे कथनकरेहैं ॥ और अनित्यफलकीप्राप्तिकरणेहाराजोकर्महै ॥ ताकर्मकानाम पाप्माहै ॥ तापाप्मानाम कर्मोंकाआश्रयभूतजो यहस्थूलसूक्ष्मशरीरहै ॥ तिनदोनोंशरीरोंकेसंगतैं सोआत्मादेव रहितहै ॥ याकारणतैं ताआत्मादेवकूं अपहतपाप्मा यानामकरिकैकथनकरेहैं ॥ और सोआत्मादेव जरा मरण शोक मोह क्षुधा पिपासा याषट्ऊर्मियोंतैंरहितहै ॥ काहेतें? जरा मरण जन्म इत्यादिक यास्थूलशरीरकेधर्महैं ॥ और शोक मोह राग इत्यादिक मनकेधर्महैं ॥ और क्षुधा पिपासा येदोनों प्राणकेधर्महैं ॥ तिनजरामरणादिधर्मोंविषे कोई

भीआत्माकाधर्मनहींहै ॥ याकारणतें ताआत्मादेवकूं श्रुतिभगवती विजर विमृत्यु विशोक विजिघत्स अपिपास इत्यादिकनामोंक
रिकैकथनकरेहै ॥ और ताआत्मादेवका इच्छारूपकाम सत्यहै ॥ तथा ज्ञानरूपसंकल्प सत्यहै ॥ याकारणतें श्रुतिभगवती ताआत्मा
देवकूं सत्यकाम सत्यसंकल्प यानामकरिकैकथनकरेहै ॥ काहेतें ? देह मन प्राण यातीनोंकेअध्यासरूपसंबंधतें याआत्मादेवकूं जन्म
मरणादिकसंसारकीप्राप्तिहोवेहै ॥ तासंसारकालविषे यहआत्मादेव जितनीइच्छारूपकामनाकरेहै ॥ तथा जितनेज्ञानरूपसंक
ल्पकरेहैं ॥ तेसंपूर्णकामना तथासंकल्प बाधितअर्थविषयकहोणेतें मिथ्याहीहोवेहैं ॥ और आत्मज्ञानकरिकै जबी तिनदेहमनप्रा
णादिकोंकाबाधहोवेहै ॥ तबी तेइच्छासंकल्पादिक प्रथमतौ उत्पन्नहीनहींहोवेहैं ॥ और ताज्ञानअवस्थाविषे जोकदाचित् बाधिता
नुवृत्तिकरिकै तेइच्छादिक उत्पन्नभीहोवेहैं ॥ तभी तेइच्छादिक मिथ्याहोवेंनहीं ॥ काहेतें ? ताज्ञानकालविषे सोविद्वान्पुरुष ताइ
च्छासंकल्पादिकसर्वजगतकूं आत्ममात्ररूपकरिकैहीअनुसंधानकरेहै ॥ अधिष्ठानआत्मातेंभिन्नरूपकरिकै तिनइच्छादिकोंकूंदेखेन
हीं ॥ और तेइच्छासंकल्पादिक आपणीउत्पत्तितेंपूर्वभी सत्मात्ररूपहीहैं ॥ याकारणतें ताआत्मादेवके इच्छासंकल्पादिकसत्यरूप
हैं ॥ और सोआत्मादेव यासंसारकेसर्वपदार्थोंतेंरहितहै ॥ तथा बुद्धिआदिकोंतेंविलक्षणहै ॥ ऐसाआत्मादेव याअधिकारीपुरुषोंकूं अ
वश्यजानणेयोग्यहै ॥ ताआत्माकेजानणेकायहप्रकारहै ॥ यहअधिकारीपुरुष प्रथम ब्रह्मचर्यादिकसाधनसंपन्नहोइकै ब्रह्मवेत्तागु
रुकेसमीपजावे ॥ तिसतेंअनंतर प्रमाणगतअसंभावनाकीनिवृत्तिकरणेवासते सोअधिकारीपुरुष ताब्रह्मवेत्तागुरुकेमुखतें वेदांतवच
नोंकूंश्रवणकरै ॥ तिसतेंअनंतर प्रमेयगतअसंभावनाकीनिवृत्तिकरणेवासते यहअधिकारीपुरुष तिनवेदांतवचनोंकेअर्थकामननक
रै ॥ तिसतैंअनंतर विपरीतभावनाकीनिवृत्तिकरणेवासते यहअधिकारीपुरुष तामननकरेहुएअर्थविषे चित्तकेवृत्तियोंकाप्रवाहरूप
निदिध्यासनकूंकरै ॥ इहां वेदांतशास्त्र जीवब्रह्मकेअभेदकाप्रतिपादकहै अथवा भेदकाप्रतिपादकहै याप्रकारकेसंशयकानाम प्रमाण
गतअसंभावनाहै ॥ और यहप्रत्यक्आत्मा ब्रह्मतेंअभिन्नहै अथवा भिन्नहै? इत्यादिकसंशयोंकानाम प्रमेयगतअसंभावनाहै ॥ और प
रिपूर्णआत्माकूंपरिच्छिन्नजानणा इत्यादिकोंकानाम विपरीतभावनाहै ॥ इसप्रकार जोअधिकारीपुरुष श्रवणादिकसाधनोंकरिकै

तिसआत्मादेवकूंसाक्षात्कारकरे है ॥ सोविद्वान्पुरुष सर्वात्मभावकीप्राप्तिकरिकै सर्वभेदतैंरहितहुआ भूरादिकसर्वलोकोंकूंप्राप्तहोवै है ॥ तथा तिनभूरादिकलोकोंविषेवर्त्तमान सर्वभोगोंकूंप्राप्तहोवैहै ॥ काहेतें? सोविद्वान्पुरुष तिनसर्वलोकोंकूं तथातिनसर्वभोग्य पदार्थोंकूं आपणाआत्मारूपकरिकैजानै है ॥ यहसर्वात्मज्ञानही तिनसर्वपदार्थोंकीप्राप्तिहै ॥ हेशिष्य! इसप्रकारकावचन जबीता प्रजापतिब्रह्मानैं सभाविषेस्थितहोइकै कथनकऱ्या ॥ तबी ताब्रह्माकेवचनकूं देवता तथा असुर दोनों श्रवणकरतेभये ॥ शंका ॥ हेभगवन्! आपणेआपणेलोकविषेस्थित जेदेवताहैं तथाअसुरहैं ॥ तेदेवता तथा असुर ताब्रह्माकेवचनकूं किसप्रकार श्रवणकरते भये? ॥ समाधान ॥ हेशिष्य! ताब्रह्माकीसभाविषे ताब्रह्माके वामभागकीतरफ तथादक्षिणभागकीतरफ अनेकसहस्रदेवता तथा असुर रहेहैं ॥ तहां असुर देवतावोंतैंज्येष्ठहैं ॥ यातैं तेअसुर ताब्रह्माकेदक्षिणहस्तकीतरफरहेहैं ॥ और देवता तिनअसुरोंतैंकनिष्ठहैं ॥ यातैं तेदेवता ताब्रह्माके वामहस्तकीतरफरहेहैं ॥ तहांश्रुति ॥ द्वयाहवैप्राजापत्याज्यायांसोऽसुराःकनीयांसोदेवाः ॥ अर्थयह ॥ असुर तथादेवता येदोनों प्रजापतितैंउत्पन्नहुएहैं ॥ तिनोंविषे असुरतौ ज्येष्ठहैं ॥ और देवता कनिष्ठहैं ॥ १ ॥ कैसेहैंते देवता तथा असुर? अत्यंतउग्रतेजवालेब्रह्माविषे जिनोंकेनेत्रोंकीदृष्टिलागीहै ॥ तथा परस्परविरोधकरिकैयुक्तहैं ॥ याकारणतैं ताब्रह्माकीसभाविषे तेदेवतातौ असुरोंकूंनहींदेखते ॥ और तेअसुर देवतावोंकूंनहींदेखते ॥ हेशिष्य! इसप्रकार जबी ताब्रह्माकीसभाविषे ताब्रह्माकेमुखतैं मोक्षकेसाधनकूंप्रकाशकरणेहारेवचन निकसे तबीतिनब्रह्माकेवचनोंकूं तेसभावासीदेवता तथाअसुर श्रवणकरतेभये ॥ तिसतैंअनंतर तेदेवतातौ तीनलोकवर्तिसर्वदेवतावोंकेप्रति सावार्त्ता कहतेभये ॥ और तेअसुरतौ तीनलोकवर्ति सर्वअसुरोंकेप्रति सावार्त्ता कहतेभये ॥ तहां सर्वदेवतावोंकाराजाइंद्र तावार्त्ताकूंश्रवणकरिकै आपणेसर्वदेवतावोंकेप्रति याप्रकार कावचनकहताभया ॥ हेदेवतावो! ब्रह्माकेमुखतैं जोयहवार्त्ता निकसीहै ॥ तावार्त्ताकूं हमारेशत्रुअसुर जैसे नहींजानिसकैं ॥ ऐसा कोईप्रयत्न तुमोंनैंकरणा ॥ इसप्रकार सोसर्वअसुरोंकाराजाविरोचनभी तावार्त्ताकूंश्रवणकरिकै आपणेसर्वअसुरोंकेप्रति याप्रकार कावचनकहताभया ॥ हेसर्वअसुरो! ब्रह्माकेमुखतैं जोयहवार्त्ता निकसीहै ॥ तावार्त्ताकूं हमारेशत्रुदेवता जैसे नहींजानिसकैं ॥ ऐ

साकोईप्रयत्न तुमोनैंकरणा ॥ हेशिष्य! इसप्रकार सोइंद्र तथाविरोचन आपणेआपणेअनुचरोंकेप्रति तावार्त्ताकेप्रगटकरणेकी नि
वारणकरतेभये ॥ तिसतैंअनंतर देवराजइंद्रतौ आपणेदेवतावोंकेसाथ तथाविरोचन आपणेअसुरोंकेसाथ याप्रकारकामंत्र करता
भया ॥ हेबुद्धिमान्अनुचरो! जिसआत्माकेज्ञानतैं हम विनाहीप्रयत्नतैं सर्वलोकोंकूंप्राप्तहोवैं ॥ तथा तिनसर्वलोकवर्तिभोग्यप
दार्थोंकूंप्राप्तहोवैं ॥ ऐसाआत्माकाज्ञान हमारेकूं अवश्यकरिकेसंपादनकरणेयोग्यहै ॥ परंतु ताआत्मज्ञानकीप्राप्तिवासते जोकदा
चित् हमसर्व आपणेलोककापरित्यागकरिके ताब्रह्माकेसभाविषेजावैंगे तौ हमारेछिद्रोंकूंसर्वदादेखणेहारे जोहमारेशत्रुहैं ॥ तेह
मारेशत्रु याहमारेत्रिलोकीकेराजकूं आइकेआपणेवशकरिलेवैंगे यातैं जैसे कोईपुरुष आपणेमूलधनकीवृद्धिकरणेवासते किसी
व्यापारविषेप्रवृत्तहोवै ॥ और ताव्यापारविषे तापुरुषका सोमूलधनभीनष्टहोइजावै तैसे याप्रकारकान्याय हमारेविषेभीप्राप्तहो
वैगा ॥ यातैं आपणेराजकापरित्यागकरिके हमसर्वोंकूं ताब्रह्मलोकविषे जाणायोग्यनहींहै ॥ किंतु हमसर्वोंविषे कोईएकबुद्धिमा
मान्पुरुष ताब्रह्मलोकविषेजावै ॥ जोबुद्धिमान्पुरुष ताब्रह्मातैं आत्मज्ञानकाउपदेशलेके हमसर्वोंकेप्रति गुरुरूपहोइके ताआत्म
ज्ञानकाउपदेशकरे ॥ हेशिष्य! इसप्रकार तेदेवता तथाअसुर आपणेआपणेविषे परस्परमंत्रकरिके तिनदेवतावोंविषेतौ देवरा
जइंद्र निकसताभया ॥ और तिनअसुरोंविषे विरोचनराजा निकसताभया ॥ सोदेवराजइंद्र तथाविरोचनराजा दोनों कैसेहैं?
बलबुद्धिआदिकगुणोंकरिकैयुक्तहैं ॥ तथा धैर्यवान्हैं ॥ तथा सर्वलोकविषेयशवालेहैं ॥ तथा दोनों ब्रह्मविद्याकेप्राप्तिकीइच्छावा
लेहैं ॥ तथा दोनों अत्यंतअभिमानयुक्तहैं ॥ तथा तेदोनों परस्पर जीतणेकीइच्छावालेहैं ॥ ऐसे इंद्र तथा विरोचन दोनों स
मिदादिकपदार्थोंकूंहस्तविषेग्रहणकरिके एकहीकालविषे घटकुटीप्रभातन्यायकीरीतिसैं ताब्रह्माकेसमीपजातेभये ॥ ताघटकुटीप्र
भातन्यायका यहअर्थहै ॥ नदीकेतीरविषे स्थितजाकुटीहै ॥ जिसकुटीविषेस्थितहोइकै राजाकेभृत्य लोकोंतैंअन्नादिकपदार्थों
कामहसूललेवैंहैं ॥ ताकुटीकानाम घटकुटीहै ॥ ताघटकुटीविषेस्थितराजाकेभृत्योंकेप्रति महसूलदीयेतैंविनाही आपणेदेशविषे
जाणेकीइच्छाकरतेहुए केईकवणिक्पुरुष ताकुटीकेमार्गकापरित्यागकरिके किसीदूसरेमार्गविषे रात्रिकूंचलतेभए ॥ तिनवणिक्पु

रुषोंकूं दैवयोगतें तामार्गकाविभ्रमहोइकै तिसीघटकुटीकेसमीपआइकै प्रभातहोतीभई ॥ याकानाम घटकुटीप्रभातन्यायहै ॥ ता घटकुटीप्रभातन्यायकीरीतिसैं सोदेवराजइंद्र तथाअसुरोंकाराजाविरोचन दोनों एकहीकालविषे ताब्रह्माकेसमीपआवतेभये ॥ औ र यहवार्ताहमारेशत्रु नहींजानैं याप्रकारकीजाइच्छा तिनोंनैंकरीथी ॥ सातिनोंकीइच्छा पूर्णनहीं होतीभई ॥ हेशिष्य! सोइंद्र तथावि रोचन दोनों आपणेआपणेकार्यकीसिद्धिकरणेविषे अत्यंतबुद्धिमान्थे ॥ यातें अंतरविषेपरस्परशत्रुभावराखतेहुएभी बाहरिसैं आपणे भ्राताकीन्यांई परस्परस्नेहकरतेभये ॥ और तेइंद्रविरोचनदोनों ब्रह्मविद्याकीप्राप्तिवासते ताब्रह्माकेपादोंऊपरि दंडवत्प्रणामकरि कै ताब्रह्माकेप्रति ताब्रह्मविद्याकाप्रश्नकरतेभये ॥ और सर्वभूतप्राणियोंतैं पूर्वउत्पन्नभयेजेमनुआदिकहैं ॥ तिनमनुआदिकोंतैंभीपू र्वउत्पन्नभया जोचतुर्मुखब्रह्माहै ॥ सोब्रह्मा तिनदोनोंकेअंतरकेसर्वअभिप्रायकूंजानिकै तिनदोनोंकेगर्वादिकदोषोंकीनिवृत्तिकरणेवा सते बत्तीस ३२ वर्षपर्यंत किसीकार्यांतरविषे संलग्नपुरुषकीन्यांई स्थितहोताभया ॥ और सोब्रह्मा तिनदोनोंकेवचनोंकूंश्रवणकर ताहुआभी नहींश्रवणकरतेकीन्यांई स्थितहोताभया ॥ हेशिष्य! इसप्रकार ताब्रह्मानैंकऱ्याजो उपेक्षारूपनिरादर तानिरादरकूं प्राप्तहुए तथासर्वभोगोंतैंरहितहुए तेइंद्रविरोचनदोनों ताब्रह्माकेसमीप स्थितहोतेभए ॥ जैसे यालोकविषे महाराजाकेस्नेहकापा त्रभूत जोकोईपुरुषहै ॥ तिसपुरुषके किसीमहान्अपराधकूंदेखिकै जबी सोमहाराजा तापुरुषकीउपेक्षाकरिदेवैहै ॥ तबी सोदोष वान्पुरुष ताउपेक्षारूपनिरादरकूंप्राप्तहुआ तथासर्वभोगोंतैंरहितहुआ तथाताराजाकेमुखकूंसर्वदादेखताहुआ महान्ग्लानिपूर्व क ताराजाकेसमीपनिवासकरैहै ॥ तिसीप्रकार तेइंद्रविरोचनदोनों ताब्रह्माकेसमीप निवासकरतेभये ॥ हेशिष्य! सायंकालवि षे तथाप्रातःकालविषे करणेयोग्यजेभोजनादिकहैं ॥ तेभोजनादिकक्रियाभी तिनदोनोंकी नियमपूर्वकनहींहोतीभई ॥ जबी भो जनादिकभी तिनदोनोंकूं नियमपूर्वक नहींप्राप्तहोतेभये ॥ तबी स्त्रीसंभोगादिकोंकेप्राप्तिकीक्याआशाहै? हेशिष्य! इसप्रकार तेइंद्रविरोचनदोनों बत्तीसवर्षपर्यंत ब्रह्मचर्यधर्मकूंपालनकरतेभये ॥ तथा यहब्रह्मा कबीहमारेऊपरिअनुग्रहकरैगा याप्रकारकीइ च्छाकरिकै सर्वदा ताब्रह्माकेमुखकीतरफदेखतेभये ॥ तिनबत्तीसवर्षोंकेव्यतीतहुएतैंअनंतर सोब्रह्मा तिनदोनोंकेमुखकीतरफदेख

ताभया ॥ तथा सोब्रह्मा तिनदोनोंकेप्रति याप्रकारकावचनकहताभया ॥ हेइंद्र! हेविरोचन! तुमारेभोगणेयोग्य जेस्वर्गादिकलो
कोंकेस्थूलभोगहैं ॥ तिनस्थूलभोगोंतेंरहित तथामहान्दुःखकरिकैप्राप्तहोणेयोग्यजोयहब्रह्मलोकहै ॥ ताब्रह्मलोकविषे महान्दुःखपू
र्वकआइके तुमदोनों किसप्रयोजनवासते निवासकरतेभयेहो? हेशिष्य! इसप्रकार जबी ताप्रजापतिनैं इंद्रविरोचनसैंपूछा ॥ त
बी सोइंद्रविरोचनदोनों ॥ यआत्माऽपहतपाप्मा ॥ इत्यादिकपूर्वउक्तब्रह्माकेवचनकापाठकरिकै ताब्रह्माकेप्रति याप्रकारकावचन
कहतेभये ॥ हेभगवन्! याअधिकारीपुरुषोंकूं आत्माकेज्ञानतें सर्वलोकोंकी तथातिनसर्वलोकवर्तिभोग्यपदार्थोंकी प्राप्तिहोवैहै ॥
याप्रकारकावचन पूर्वआपनैं सभाविषेकह्याथा ॥ ताआपकेवचनकूं श्रवणकरिकै तिसआत्मज्ञानकेप्राप्तिकीइच्छाकरतेहुए हमदोनों
आपकेसमीप बत्तीसवर्षपर्यंत निवासकरतेभयेहैं ॥ यातें आप कृपाकरिकै हमारेप्रति ताआत्मज्ञानकाउपदेशकरो ॥ हेशिष्य! इ
सप्रकारकावचन जबी ताइंद्रविरोचननैं ब्रह्माकेप्रतिकह्या ॥ तबी मंदमंदहसताहुआ सोप्रजापति तिनदोनोंकेप्रति प्रथम जाग्रत
अवस्थाकेसाक्षीआत्माका चक्षुविषेस्थितरूपकरिकै उपदेशकरताभया ॥ ब्रह्माउवाच ॥ हेइंद्र! हेविरोचन! याअधिकारीपुरुषोंनैं
शास्त्रसंस्कारयुक्तबुद्धिकरिकै चक्षुविषे जोपुरुषदेखाजाताहै ॥ सो चक्षुःस्थपुरुषही आत्माहै तथा सोचक्षुःस्थपुरुषही अपहतपाप्मा
विजर विमृत्यु विशोक विजिघत्स अपिपास सत्यकाम सत्यसंकल्प इत्यादिस्वरूपहै ॥ तथा सोचक्षुःस्थपुरुषही भयतेंरहितनिर्गु
णब्रह्मरूपहै ॥ हेशिष्य! जैसे गुड यद्यपि स्वभावतेंमधुरहीहोवैहै ॥ तथापि जिनपुरुषोंकेरसनविषेपित्तदोषहोवैहै ॥ तेपुरुषताम
धुरगुडकूंभी कटुरूपकरिकैग्रहणकरेहैं ॥ तैसे सोप्रजापतिकावचन यद्यपि आत्माकेवास्तवस्वरूपकाप्रतिपादकहै ॥ तथापिआप
णेविषयसंस्काररूपदोषकेवशतें तेइंद्रविरोचनदोनों ताब्रह्माकेवचनका कोईदूसराअर्थकल्पनाकरिकै ताब्रह्माकेप्रति याप्रकारका
वचन कहतेभये ॥ हेभगवन्! याशरीरकाप्रतिबिंबरूपजोछायाहै ॥ साछायाही ताचक्षुविषेदेखणेमैंआवैहै ॥ यातें आपनैं ताच
क्षुविषेस्थितछायाकूंही आत्मरूपकरिकैकथनकऱ्याहै ॥ ताछायाआत्माकास्वरूप हम आपणीबुद्धिकेबलतें ताचक्षुतेंभिन्नस्थलवि
षेभीजानतेहैं ॥ काहेतें! जैसे चक्षुविषे सोछायारूपआत्मा प्रतीतहोवैहै ॥ तैसे स्वच्छदर्पणविषे तथास्वच्छजलविषे तथास्वच्छव

ङ्गविषेभी सोछायारूपआत्माप्रतीतहोवैहै ॥ हेभगवन्! पूर्वआपनैं यहवचनकह्याथा ॥ दक्षिणचक्षुविषे जोपुरुष देखणेमें आवैहै ॥ सोपुरुषही आत्माहै ॥ सोयहआपकावचन द्रष्टापुरुषकेअभिप्रायकरिकैसंभवैनहीं ॥ काहेतैं? यालोकविषे जिसपुरुषकूं आपणी छायाकेदेखणेकीइच्छाहोवैहै ॥ सोपुरुष दर्पणादिकोंतैंविना केवलआपणीचक्षुविषे आपणीछायाकूंदेखिसकतानहीं ॥ किंतु सोपुरुष दर्पणादिकोंविषेही आपणीछायाकूं देखिसकेहै ॥ यातैं हमोनैंकथनकऱ्येजे दर्पण जल खड्ग आदिकोंविषेस्थितछायारूपआत्माहैं ॥ तथा आपनैंकथनकऱ्याजो चक्षुविषेस्थितछायाआत्माहै ॥ तिनसर्वछायाआत्मावोंविषे कौनछायाआत्मा ग्रहणकरणा? हेशिष्य! इसप्रकारकावचन जबी ताइंद्रविरोचननैं आपणेपंडितपणेकेअभिमानकरिकै ताप्रजापतिकेप्रति कथनकऱ्या ॥ तबी सोप्रजापति तिनदोनोंकेभ्रांतिकूंजानताहुआभी तिनोंकेभ्रांतिकी उपेक्षाकरिकै आपणेयथार्थअनुभवकेअनुसार तिनदोनोंकेप्रति याप्रकारकाव चन कहताभया ॥ हेइंद्र! हेविरोचन! सोआनंदस्वरूपआत्मा तिनदर्पणादिकसर्वउपाधियोंविषे साक्षीरूपकरिकैप्रतीतहोवैहै ॥ यातैं सोआनंदस्वरूपआत्मा तिनदर्पणादिकसर्वउपाधियोंविषे विद्यमानहै ॥ हेशिष्य! इसप्रकार सोब्रह्मा ताइंद्रविरोचनकेप्रति आत्माकाउपदेशकरिकै आपणेमनविषे याप्रकारकाविचारकरताभया ॥ याइंद्रविरोचनकेप्रति हमनैं आनंदस्वरूपस्फुरणकाही आत्मारूपकरिकैउपदेशकऱ्याथा ॥ परंतु याइंद्रविरोचनकूं आपणेबुद्धिकेदोषतैं जैसे प्रथमहमारेउपदेशतैं आत्माकाबोधनहींभ याथा ॥ तैसे यादूसरीवारउपदेशतैंभी इनोंकूं ताआत्माकाबोधहुआनहीं ॥ किंतु हमारेदोनोंउपदेशतैं इनोंनैं छायाकूंही आत्मा जान्याहै ॥ याप्रकारका आपणेमनविषेविचारकरिकै सोब्रह्मा तिनदोनोंकेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ हेइंद्र! हेविरोचन! जलकरिकैपूर्णजोयहशरावनामा मृत्तिकाकापात्रहै ॥ ताशरावविषे तुमदोनों आपणेआत्माकूंजाइकैदेखो ॥ ताशरावविषे जिसव स्तुकूं तुमदेखो ॥ सोवस्तु तुम पुनःहमारेप्रतिआइकैकथनकरो ॥ हेशिष्य! ताब्रह्मानैं इंद्रविरोचनकेप्रति जोयाप्रकारकावचन कथनकऱ्याहै ॥ तावचनकहणेविषे ताब्रह्माकायहअभिप्रायहै ॥ दर्पणजलादिकउपाधियोंविषेस्थितजोछायाहै ॥ साछाया नित्य हैनहीं ॥ किंतु तिनदर्पणादिकउपाधियोंकेभेदकरिकै साछाया परिणामीहै ॥ यातैं घटपटादिकपदार्थोंकीन्यांई ताछायाविषे अना

त्मरूपता स्पष्टहीहै ॥ और सोस्फुरणरूपसाक्षी अंतरबाहरि सर्वत्रपरिपूर्णहै ॥ यातैं सोस्फुरणरूपसाक्षीही आत्मरूपहै ॥ या प्रकार साक्षीआत्माविषे तथाछायाविषे महान्‌विशेषताहै ॥ ताविशेषताकूं येदोनों नहींग्रहणकरतेभयेहैं ॥ काहेतें? यादोनोंकूं आपणेपंडितपणेका बहुतअभिमानहै ॥ तथा परस्परद्वेषकरिकै इनदोनोंकाचित्त मलिनहुआहै ॥ याकारणतैं येदोनों हमारेउपदेशतैं तास्फुरणरूपसाक्षीआत्माकूं नहींजानतेभयेहैं ॥ किंतु उलटा छायाकूंहीआत्मामानिकै येदोनों दर्पणादिकोंविषेस्थित छायाआत्मावोंविषे कौनछायाआत्मा ग्रहणकरणा याप्रकारकेसंशयकूंप्राप्तहुएहैं ॥ जोमैं इनदोनोंकेप्रति याप्रकारकावचनकहौंगा ॥ हमनैं तुमारेप्रति जोआत्माकास्वरूप उपदेशकऱ्याहै ॥ ताहमारेउपदेशकूं तुमोनैं यथार्थग्रहणनहींकऱ्या ॥ किंतु ताहमारेउपदेशकूं तुमोनैं विपरीतग्रहणकऱ्याहै ॥ याप्रकारकावचन जोमैं इनदोनोंकेप्रति कहौंगा तौ इनदोनोंका मानभंगहोवैगा ॥ तामानके भंगहुए इनदोनोंकूं महान्‌लज्जाकीप्राप्तिहोवैगी ॥ तालज्जाकरिकै इनोंकीबुद्धि कुंठितहोइजावैगी ॥ ताकुंठितबुद्धिकरिकै इनोंकूं हमारेवचनकाअर्थ किंचित्‌मात्रभी नहींप्रतीतहोवैगा ॥ यातैं तुमोंनैं हमारेउपदेशकूं विपरीतग्रहणकऱ्याहै याप्रकार इनोंकीभ्रांतिकूंप्रगटकरिकै पुनः इनोंकेप्रति आत्माकाउपदेशकरणा हमारेकूं योग्यनहींहै ॥ किंतु इनदोनोंअभिमानियोंकेप्रति मैं किसीउपायकरिकै ताआत्माकाबोधकरौं ॥ काहेतें? शास्त्रविषे याप्रकारकानियमकह्याहै ॥ जिसप्रकारकीशिष्यकीबुद्धिहोवै ॥ तिसीप्रकारकेबुद्धिकूंग्रहणकरिकै यहगुरु ताशिष्यकेप्रति बोधकरै ॥ शिष्यकेबुद्धिकीउपेक्षाकरिकै यहगुरु ताशिष्यकेप्रति बोधकरैनहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ उत्तम मध्यम मंद याप्रकारकेभेदकरिकै शिष्य तीनप्रकारकेहोवैहैं ॥ तहां जिसशिष्यविषे सत्वगुणतौ अधिकहोवैहै ॥ और रजोतमोगुण अल्पहोवैहै ॥ सोशिष्य उत्तमकह्याजावैहै ॥ और जिसशिष्यविषे रजोगुण अधिकहोवैहै ॥ और सत्त्वगुण तमोगुण अल्पहोवैहै ॥ सोशिष्य मध्यमकह्याजावैहै ॥ और जिसशिष्यविषे तमोगुणअधिकहोवैहै ॥ और सत्त्वगुण तथारजोगुण अल्पहोवैहै ॥ सोशिष्य मंदकह्याजावैहै ॥ और उत्तम मध्यम मंद यहतीनप्रकारकेशिष्यभी बुद्धिकीतीक्ष्णताकरिकै तथाबुद्धिकीमध्यमताकरिकै तथाबुद्धिकीमृदुताकरिकै तीनतीनप्रकारकहोवैहैं ॥ तिनशिष्योंविषे जिसजिसशिष्यकी जैसीजैसीबुद्धिहोवै ॥

तिसतिसशिष्यके तैसीतैसीबुद्धिकूंग्रहणकरिकैही यागुरुनैं बोधकरणा ॥ हेशिष्य! याप्रकारकेअभिप्रायकूंमनविषेराखिकै सो प्रजापति ताइंद्रविरोचनकेप्रति दर्पण जल चक्षु आदिकसर्वउपाधियोंविषे सोआत्माव्यापकहै याप्रकारकाउत्तर कहताभया ॥ हमनैं तुमारेप्रति प्रत्यक्वस्तुकाउपदेशकऱ्याहै ताकूंनजाणिकै तुम अनात्मछायाकूं किसवासतेआत्मामानतेहो? याप्रकारकाउत्तर सोब्रह्मा तिनोंकेप्रति नहींकहताभया ॥ और तिसीअभिप्रायकूं अंगीकारकरिकै सोप्रजापति तिनदोनोंकेप्रति तुमदोनोंजल करिकैपूर्णशरावविषे आपणेकूंदेखो याप्रकारकाउपदेशकरताभया ॥ हेशिष्य! ताब्रह्माकेउपदेशकूंअंगीकारकरिकै तेइंद्रविरोचन दोनों तहांतैंजाइकै शरावविषेआपणेकूंदेखतेभये ॥ ताशरावविषेआपणेकूंदेखिकै तेदोनों पुनः ताप्रजापतिकेसमीपजातेभये ॥ तिनदोनोंकूंआयाहुआदेखिकै सोप्रजापति तिनदोनोंकेप्रति याप्रकारकावचनकहताभया॥ हेइंद्र! हेविरोचन! तुमदोनोंनैं याजलयुक्त शरावविषे आपणेप्रतिबिंबकेदेखणेकरिकै किसतत्वकूंनिश्चयकऱ्याहै? हेशिष्य! इसप्रकारकावचन जबी ताप्रजापतिनैं ताइंद्र विरोचनकेप्रतिकह्या ॥ तबी जैसेमूढबालक आपणेअभिप्रायकूं पिताकेआगे कथनकरैहै ॥ तैसे तेइंद्रविरोचनदोनों ताप्रजापतिके आगे याप्रकारकाआपणाअभिप्राय कथनकरतेभये ॥ हेभगवन्! पादतैंलैकेमस्तकपर्यंत नखकेशादिकोंकरिकैयुक्त जोयहहमाराशरीरहै ॥ ताशरीररूपआत्माकूंही हमदोनों याशरावविषेदेखतेभयेहैं ॥ हेशिष्य! इसप्रकारकावचन जबी ताइंद्रविरोचननैं प्रजापतिकेप्रतिकथनकऱ्या ॥ तबी सोप्रजापति तिनोंकेभ्रांतियुक्तवचनकूंश्रवणकरिकै आपणेउपदेशकरणेकेप्रयत्नकूं निष्फलमानिकै बहुतखेदकूंप्राप्तहोताभया ॥ तिसतैंअनंतर पुनः तिनदोनोंकेबोधकरणेवासते सोप्रजापति आपणेचित्तविषे याप्रकारकाविचार करताभया ॥ याइंद्रविरोचनकेबुद्धिकूंमोहकीप्राप्तिकरणेहारा कोईविचित्रदोषहै ॥ जिसदोषकेबलतैं यहइंद्रविरोचन हमारेउपदेशकूंविपरीतहीग्रहणकरैहै ॥ काहेतैं! प्रथम हमनैं इनोंकेप्रति सूक्ष्मरीतिकरिकै चक्षुविषेआत्माकाउपदेशकऱ्याथा ॥ ताउपदेशतैं यहदोनों छायाकूंही आत्मामानतेभये ॥ तिसतैंअनंतर हमनैं इनदोनोंकेप्रति मध्यमरीतिकरिकै दर्पणजलादिकसर्वउपाधियोंविषे ताआत्माकाउपदेशकऱ्या॥ ताउपदेशतैंभी यहदोनों ताछायाकूंहीआत्मामानतेभये॥ तिसतैंअनंतर हमनैं इनदोनोंकेप्रति मृदुरीति

करिकै शरावविषेदेखणेकाउपदेशकऱ्या ॥ ताउपदेशतैं येदोनों यास्थूलशरीरकूंही आत्मामानतेभये ॥ परंतु तुमदोनों याजलके शरावविषे आपणेकूंदेखो यातीसरीवारकेउपदेशकरिकै इनोंकूं पूर्वलेदोवारकेउपदेशतैं इतनाविशेषबोधहुआहै ॥ पूर्वइनोंनैं दर्पणादिकउपाधियोंविषेस्थित आपणीछायाकूंही आत्मामान्याथा ॥ और अबी शरावकेदेखणेकरिकै येदोनों ताछायाकापरित्यागकरिकै यास्थूलशरीरकूंही आत्मामानतेभये हैं ॥ और इनदोनोंनैं जोछायाआत्माकापरित्यागकऱ्याहै ॥ सो याप्रकारकेविचारकरिकैकऱ्याहै ॥ भेदतैंरहित जोयहद्रष्टापुरुषकाशरीरहै ॥ सोशरीरही दूसरेपुरुषोंकेचक्षुविषे तथादर्पणविषे तथाजलादिकोंविषे प्रतीतहोवैहै ॥ यातैं ताद्रष्टापुरुषकेशरीरविषे भेदनहींहै ॥ और चक्षु दर्पण जल खड्ग इत्यादिकउपाधियोंविषे जाप्रतिबिंबरूपछायाप्रतीतहोवैहै ॥ साछायातौ परिमाणकेभेदकरिकै तथारूपादिकगुणोंकेभेदकरिकै भेदवालीहीहोवैहै ॥ याकारणतैं साछाया आत्मानहींहै ॥ किंतु तिनदर्पणादिकउपाधियोंविषे भेदतैंरहित जोयहस्थूलशरीरहै ॥ सोयहशरीरही आत्माहै ॥ याप्रकारकाविचारकरिकै इनदोनोंनैं ताछायाकेआत्मरूपताकापरित्यागकऱ्याहै ॥ यातैं जैसे छायाविषे नानारूपताकूंदेखिकै यादोनोंनैं ताछायाकेआत्मरूपताकापरित्यागकऱ्याहै ॥ तैसे येदोनों याशरीरविषेभी नानापणेकूंदेखिकै याशरीरकेआत्मत्वबुद्धिकापरित्यागकरैं ॥ ऐसाकोईउपाय मैंकरौं ॥ सोउपाय हमारेकूंयहप्रतीतहोवैहै ॥ यहइंद्रविरोचनदोनों पूर्वजलशरावविषे जिसशरीरकूंदेखतेभयेहैं ॥ सोइनोंकाशरीर नखकेशादिकोंकरिकैयुक्तथा ॥ तथा मलिनथा ॥ तथा मलिनवस्त्रोंवालाथा अबी इनोंकेशरीरकूं नखकेशादिकोंतैं रहितकराइकै तथास्नानकराइकै पुनः ताजलशरावकेदेखणेका उपदेशकरौं ॥ ताआपणेशरीरकूं पूर्वलेशरीरतैं विलक्षणदेखिकै येदोनों ताछायाकीन्यांई याशरीरविषेभी आत्मत्वबुद्धिकापरित्यागकरैंगे ॥ हेशिष्य ! इसप्रकारकाविचारकरिकै सोभगवान्प्रजापति ताइंद्रविरोचनकेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ हेइंद्र ! हेविरोचन ! तुमदोनों आपणेनखकेशोंकामुंडनकराइकै तथास्नानकरिकै तथासुंदरवस्त्रोंकूंपहरिकै तथाश्रेष्ठअलंकारोंकूंधारणकरिकै पुनः ताजलशरावविषे आपणेआत्माकूंदेखो ॥ ताजलशरावविषे जिसवस्तुकूं तुमदेखो ॥ सावस्तु आइकैहमारेआगेकथनकरो ॥ हेशिष्य ! इसप्रकारकावचन जबी ताप्रजापतिनैं ताइंद्रविरोचनकेप्र

तिकथनकऱ्या ॥ तबी सोइंद्रविरोचन ताब्रह्माकेवचनकूंअंगीकारकरिकै आपणेनखकेशोंकामुंडनकराइकै तथावस्त्रभूषणादिकोंकूंधा
रणकरिकै पुनः ताजलशराववविषे आपणेआत्माकूंदेखतेभये ॥ तादेखणेकरिकै तेदोनों पुनःभी याशरीरविषेही दृढआत्मरूपताग्रह
णकरिकै ताप्रजापतिकेसमीपआइकै याप्रकारकावचन कहतेभये ॥ हेभगवन्! हमदोनोंकूं जैसे यास्थूलशरीरविषेही आत्मरूप
तासिद्धहोवै ॥ तैसे हमोंनैं याजलशराववविषे आपणेआत्माकूंदेख्याहै ॥ यातें यहस्थूलशरीरहीआत्माहै ॥ हेशिष्य! इसप्रकारकाव
चन जबी ताइंद्रविरोचननैं ताप्रजापतिकेप्रति कह्या ॥ तबी सोप्रजापति पुनःभी तिनोंकेभ्रांतिकीदृढतादेखिकै आपणेमनविषे या
प्रकारकाविचारकरताभया ॥ अल्पबुद्धिवाले जेयेहमारेदोनोंशिष्यहैं ॥ तिनदोनोंकेप्रति हमनैं अन्वयव्यतिरेककरिकै आत्माके
बोधकरणेकाप्रारंभकऱ्याथा ॥ तहां सर्वपदार्थोंविषे जोआत्माकाअनुगतपणाहै ताकानाम अन्वयहै ॥ और दृश्यपदार्थोंविषे जोआ
गमापायीरूपताहै ताकानाम व्यतिरेकहै ॥ और तुमदोनों आपणेकूंयाजलशराववविषेदेखो यहजोउपदेश हमनैं इनोंकेप्रतिकऱ्या
था ॥ ताउपदेशकरिकैभी हमनैं याशरीरकेनखकेशादिकधर्मोंकी आगमापायितादिखाइकै याशरीरतैंभिन्नकरिकैही आत्माकानिरू
पणकऱ्याथा ॥ याशरीरकीआत्मरूपताविषे कोईहमारातात्पर्यथानहीं ॥ परंतु यादोनोंनैं आपणेबुद्धिकेदोषतैं याशरीरतैंभिन्न
रूपकरिकै ताआत्माकूंजान्यानहीं ॥ किंतु उलटा यास्थूलशरीरकूंही इनोंनैं आत्मरूपकरिकैजान्याहै ॥ यातें इनदोनोंकेभ्रांतिकी
निवृत्तिकरणेवासते हमारेकूं कोईउपायकऱ्याचाहिये ॥ सोउपाय हमारेकूं यहप्रतीतहोवैहै ॥ यालोकविषे यादेहरूपआत्माविषे
जोजोचंदनलेपादिकसंस्कारकरतेहैं ॥ तेसर्वसंस्कार छायारूपआत्माविषेप्रतीतहोवैहैं ॥ ताशरीरकेसंस्कारोंतैंविना ताछायाआ
त्माविषे स्वभावतैंकिंचित्मात्रभीसंस्कारहोवैनहीं ॥ यातें चंदनलेपादिरूपवास्तवसंस्कारोंकाआश्रयहोणेतैं यहशरीरहीआत्माहै ॥
और यहछाया आरोपितधर्मोंकाआश्रयहोणेतैं आत्मरूपनहींहै ॥ किंवा सुखकाअनुभवरूपजोफलहै ॥ सोफलभी याजीवोंकूं
याशरीरकेविद्यमानहुएहीहोवैहै ॥ ताछायाकेविद्यमानहुए सोसुखरूपफल किसीकूंभीप्राप्तहोवैनहीं ॥ याकारणतैंभी यहशरीरही
आत्माहै ॥ याप्रकार याशरीरकेउत्कृष्टताकूंविषयकरणेहारीबुद्धिकूं अंगीकारकरिकै इनदोनोंनैं याशरीरविषेही आत्मरूपतादृढ

करीहै ॥ यातें इनोंकेबुद्धिकूंअंगीकारकरिकैही मैं इनोंकीशरीरविषेआत्मबुद्धिछुडाइकै स्फुरणरूपमुख्यआत्माविषे इनोंकेबुद्धिकूं जोडों ॥ सोमुख्यआत्माविषेबुद्धिकेजोडणेकाप्रकार यहहै ॥ जिसस्थूलशरीरकूं इनोंनैं आत्मामान्याहै ॥ सोस्थूलशरीरकैसाहै? स्वभावतैंजन्ममरणादिकविकारोंवाला देखणेमैंआवैहै ॥ तथा शत्रुवोंतैंभयकूंप्राप्तहुआ देखणेमैंआवैहै ॥ तथा परिच्छिन्नदेखणेमैंआवैहै ॥ ऐसेअनित्यशरीरविषे अमरत्वादिकधर्म जिसस्फुरणकेतादात्म्यसंबंधकरिकैप्रतीतहोवैहैं ॥ तास्फुरणकूंभी इनदोनोंनैं हमारेसर्वउपदेशोंविषेदेख्याहै ॥ काहेतें? जिसशरीरकूं इनोंनैं आत्मामान्याहै ॥ तिनशरीरादिकसर्वपदार्थोंविषे यहआत्मा आध्यासिकसंबंधकरिकैअनुगतहै ॥ तास्फुरणरूपआत्मातेंविना कोईभीपदार्थ प्रतीतहोवैनहीं ॥ यातें जैसे याशरीरविषेस्थितधर्मोंकी छायाविषेअसंभवदेखिकै इनोंनैं ताछायाकापरित्यागकरिकै याशरीरकूंही आत्मामान्याहै ॥ तैसे यास्थूलशरीरविषेभी नहींसंभवहोणेहारे जेअमरत्वादिक स्फुरणकेधर्म हैं ॥ तिनधर्मोंका मैं कथनकरों ॥ जिनधर्मोंकूंदेखिकै यहदोनों आपेही याशरीरविषेआत्मत्वबुद्धिकापरित्यागकरैं ॥ हेशिष्य! इसप्रकारकाविचारकरिकै सोप्रजापति ताइंद्रविरोचनकेप्रति याप्रकारकावचनकहताभया ॥ हेइंद्र! हेविरोचन! यहस्फुरणरूपआत्मा मरणतैंरहितहै तथा भयतैंरहितहै ॥ तथा देशकालवस्तुपरिच्छेदतैंरहितहै ॥ तथा ब्रह्मरूपहै ॥ ऐसेआत्मादेवकेस्फुरणस्वरूपकूं तुमोंनैं हमारेसर्वउपदेशोंविषे सामान्यरूपतैंअनुभवकऱ्याहै ॥ हेशिष्य! इसप्रकारकावचन जबी ताप्रजापतिनैं ताइंद्रविरोचनकेप्रतिकह्या ॥ तबी सोइंद्रविरोचन ताउपदेशकरिकैभी पुनः ताशरीरविषेही आत्मरूपतानिश्चयकरतेभये ॥ और ताप्रजापतिनैं जोआत्माके अमरत्वअभयत्वादिकधर्म कथनकऱ्येथे ॥ तेअमरत्वादिकधर्मभी यास्थूलशरीरविषेहीअंगीकारकरतेभये ॥ हेशिष्य! यास्थूलशरीरविषे यद्यपि अमरत्वअभयत्वादिकधर्म संभवतेनहीं ॥ तथापि जिसअभिप्रायकरिकै ताइंद्रविरोचननैं यास्थूलशरीरविषे तेअमरत्वअभयत्वादिकधर्म अंगीकारकरेहैं ॥ ताअभिप्रायकूं तू श्रवणकर ॥ यालोकविषे जरारोगादिकोंकीनिवृत्तिकरणेहारे जेरसायनरूपऔषधहैं ॥ तथा नानाप्रकारकेमंत्रकल्पादिकउपायहैं ॥ तेसंपूर्णरसायनादिकउपाय याशरीरकूं जरामरणादिकोंतैंरहितकरेहैं ॥ यातें तिनरसायनादिकउपायोंकरिकै यास्थूलशरीरविषेभी अमरपणा संभवहोइसकैहै ॥

यातें यास्थूलशरीरकेअमरकरणेवासते हमोंनें तेरसायनमंत्रकल्पादिकउपाय अवश्यकऱ्येचाहिये ॥ और जबी याहमारेशरीरविषे तिनरसायनादिकोंकरिकै अमरपणा सिद्धहोवैगा ॥ तबी याशरीरविषे अभयपणाभी विनाहीयत्नतैंसिद्धहोवैगा ॥ काहेतें ? यालोकविषे जजीव मरणवालेहैं ॥ तिनजीवोंकूंही आपणेमरणकेकारणोंतेंभयकीप्राप्तिहोवैहै ॥ और जोपुरुषअमरहै ॥ सोपुरुष आपणेशत्रुआदिकोंतें कदाचित्भी भयकूंप्राप्तनहींहोता ॥ और यहशरीर जबीअभयहोवैहै ॥ तबी याशरीरविषे ब्रह्मरूपताभी संभवहोइसकैहै ॥ काहेतें ? व्याकरणकीरीतिसें ब्रह्मशब्दकाअर्थ वृद्धिवालाहै ॥ और संकोचकेअभावकानाम वृद्धिहै ॥ तासंकोचकीप्राप्ति याजीवोंकूं भयकरिकैहोवैहै ॥ भयतैंरहितपुरुषकूं किसीतैंभीसंकोचहोवैनहीं ॥ अथवा नानाप्रकारकेरूपोंकेधारणकरणेकाजोसामर्थ्यहै ॥ ताकानाम वृद्धिहै ॥ याप्रकारकीवृद्धिभी याशरीरविषे संभवहोइसकैहै ॥ काहेतें ? यहपुरुष योगकेबलतें तथादिव्य औषधिसेवनकेबलतें मृग अश्व हस्ती महिष इत्यादिकशरीरोंकेधारणकरणेविषे समर्थहोइसकेहै ॥ तथा पर्वतकेसमानआकारके धारणकरणेविषेभी समर्थहोइसकैहै ॥ तथा साक्षात् पर्वतरूपकेधारणकरणेविषेभी समर्थहोइसकेहै ॥ याकारणतें याशरीरविषेही साब्रह्मरूपतासंभवैहै ॥ किंवा उपदेशकेप्रारंभकालविषे जोब्रह्मानें आत्माके अपहतपाप्मा विजर विमृत्यु विशोक विजिघत्स सत्यकाम सत्यसंकल्प इत्यादिकलक्षणकथनकऱ्येथे ॥ तेसर्वलक्षण योगादिकउपायोंतें याशरीरविषेसंभवहोइसकेहैं ॥ काहेतें ? यहशरीररूपआत्मा तिनरसायनादिकोंकरिकै जबी जरामरणतैंरहितहोवैहै ॥ तबी शोकतेंभीरहितहोवैहै ॥ काहेतें ? यालोकविषे जरामरणादिकविकारोंवालेजीवही सर्वदाशोककूंप्राप्तहोवैहैं ॥ और मंत्रऔषधादिकोंकेबलतें यहशरीर क्षुधापिपासादिकोंतेंभीरहितहोवैहै ॥ इसप्रकार जोअधिकारीपुरुष आपणेशरीरकूं रसायनमंत्रादिकउपायोंकरिकै अमरअभयादिरूपकरेहै ॥ सोअधिकारीपुरुष आपणेबलकेप्रभावतें भूरादिकसर्वलोकोंकूं तथातिनलोकवर्तिसर्वभोग्यपदार्थोंकूं प्राप्तहोवैहै ॥ याअर्थविषे किंचित्मात्रभी संशयनहींहै ॥ किंवा याप्रजापतिनें जोपूर्व हमारेप्रति चक्षुविषे तथाजलशरावविषे आपणीछायादेखणेकाउपदेशकऱ्याथा ॥ताउपदेशकरिकैभी याप्रजापतिनें ताछायाकेदृष्टांतकरिकै याशरीररूपआत्माकूंही जरा मरण पाप शोक भय इत्यादिकविकारोंतें

रहितकह्याथा ॥ ताब्रह्माकेकहणेकायहअभिप्रायथा ॥ जैसे यहछायाशस्त्रोंकरिकै तथाअग्निआदिकोंकरिकै नाशकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ तथा याछायाकूं पाप शोक भय इत्यादिकविकारभी प्राप्तहोवैंनहीं ॥ तैसे यास्थूलशरीरविषेभी जैसे ते मरण पाप शोक भय आदिकविकार नहींप्राप्तहोवैं ॥ ऐसाकोईउपाय याअधिकारीपुरुषोंनैं करणा ॥ किंवा जैसे प्रातःकालविषे तथासायंकालविषे यहछाया वृद्धिकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे यहशरीरभी उपायोंतैंवृद्धिकूंप्राप्तहोवैहै ॥ याकारणतैंभी यहशरीरहीआत्माहै ॥ किंवा जैसे स्वभावतैंनाशरहितहुईभीयहछाया कारणकेनाशतैं नाशकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे स्वभावतैंनाशतैंरहितहुआभीयहशरीर कारणकेनाशतैं नाशकूंप्राप्तहोवैहै ॥ किंवा जैसे ताप्रतिबिंबरूपछायाका यहशरीररूपआत्माही कारणहै ॥ तैसे याशरीररूपआत्माकाभी त्वकादिकसप्तधातुहीकारणहैं ॥ जबी शस्त्रप्रहारादिकबाह्यनिमित्तोंकरिकै तथारोगादिकअंतरनिमित्तोंकरिकै वात पित्त कफ येतीन दोष क्षोभकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ तबी तेत्वकादिकसप्तधातुभी क्षोभकूंप्राप्तहोइकै याशरीरकानाशकरैहैं ॥ यातैं जैसे याशरीररूपबिंबकी स्थिरताकरिकै प्रतिबिंबरूपछायाकीस्थिरताहोवैहै ॥ तैसे यहअधिकारीपुरुष जबी मंत्रऔषधादिकोंकेसेवनतैं शस्त्रअग्निआदिक बाह्यनिमित्तोंकूं तथारोगादिकअंतरनिमित्तोंकूं नहींउत्पन्नहोणदेवैहै ॥ तबी याअधिकारीपुरुषके वात पित्त कफ येतीनदोष क्षोभकूं प्राप्तहोवैंनहीं ॥ तिनदोषोंकेक्षोभतैंविना तेत्वकादिकसप्तधातुभी क्षोभकूंप्राप्तहोवैंनहीं ॥ और जबी तेत्वकादिकसप्तधातु क्षोभकूंनहींप्राप्तहोवैहैं ॥ तबी यहशरीर दाहछेदनादिकोंकरिकै कदाचित्भी नाशहोवैनहीं ॥ किंवा योग मंत्र रसायनादिकऔषध इत्यादिकउपायोंकरिकै सिद्धिकूंप्राप्तहुआजोयहशरीरहै ॥ सोशरीर अग्निविषेतौ जलकीन्यांई शीतलरहैहै ॥ और जलविषे सोशरीर पाषाणकीन्यांई रहैहै ॥ और पृथिवीविषे सोशरीर पृथिवीकेसमानरहैहै ॥ अथवा जलकेसमानरहैहै ॥ और वायुविषे सोशरीर वायुकेसमानरहैहै ॥ और आकाशविषे सोशरीर आकाशकीन्यांईहोवैहै ॥ किंवा योगाभ्यासकालविषे यहपुरुष जबी पृथिवीआदिकपंचभूतोंकीधारणाकरैहै ॥ तबी यापुरुषकाशरीर तापृथिवीआदिकपंचभूतोंकेसादृश्यताकूंप्राप्तहोवैहै ॥ याकारणतैं सोशरीर शस्त्रादिकोंकरिकैभी भेदनकूंप्राप्तहोवैंनहीं ॥ और जैसे बाणादिकोंकरिकैभेदनकूंप्राप्तहुआभीजल

पुनः पूर्वकीन्यांईस्थितहोवैहै ॥ तैसे तायोगसिद्धपुरुषकाशरीर बाणादिकोंकरिकैभेदनकूंप्राप्तहुआभी पुनः पूर्वकीन्यांई स्थितहोवैहै ॥ यातें मंत्र औषध योग आदिकउपायोंकरिकै यास्थूलशरीरविषेभी अजरत्व अमरत्व अभयत्व आदिकधर्म संभवहोइसकैहैं ॥ हेशिष्य! याप्रकारकाविचार आपणेमनविषेकरिकै कुबुद्धिकूंप्राप्तहुए तथाअर्थशास्त्रके तथाकामशास्त्रके संस्कारोंकरिकै दूषितहैचित्तजिनोंका ऐसेइंद्रविरोचनदोनों यास्थूलशरीरकूंहीआत्मामानतेभये ॥ और ताब्रह्माकेउपदेशतें याशरीरकूंआत्माजानिकै तेइंद्रविरोचनदोनों आपणेमनविषे बहुतप्रसन्नहोतेभये ॥ तथा आपणेकूंकृतकृत्यमानतेभये ॥ तिसतैंअनंतर तेइंद्रविरोचनदोनों ताप्रजापतिकूंनमस्कारकरिकै ताब्रह्मलोकतें आपणेलोकविषेजातेभये ॥ और तिसकालविषे सोप्रजापति मौनकूंधारणकरिकैस्थितथा ॥ याकारणतें सोब्रह्मा तिनोंकेप्रति जाणेवासते तथारहणेवासते किंचित्मात्रभी वचन नहींकहताभया ॥ हेशिष्य! इसप्रकार जबी तेइंद्रविरोचन यास्थूलशरीरकूंआत्मामानिकै ताब्रह्मलोकतें आपणे गृहकूंजातेभये ॥ तबी सोब्रह्मा तिनदोनोंकूंजाताहुआदेखिकै आपणेमनविषे याप्रकारकावचनकहताभया ॥ यहदेवतावोंका पतिइंद्र तथाअसुरोंकापतिविरोचन दोनों आपणेकूंपंडितमानतेहैं ॥ तथा लोकविषेभी येइंद्रविरोचन महान्बलबुद्धिवाले हैं ॥ याप्रकारप्रसिद्धहैं ॥ तथा इनदोनोंकी परस्परबहुतस्पर्द्धाहै ॥ तथा पर्वतकेसमानइनोंकूंअभिमानहै ॥ याकारणतें इनदोनोंनें हमारेप्रति पुनःप्रश्नकर्यानहीं ॥ किंतु याशरीरकूंही आत्मामानिकै येदोनों हमारेकूंनमस्कारकरिकै शीघ्रही आपणेलोकविषेजातेभयेहैं ॥ जोमैं अबी किसीआपणेअनुचरकूंभेजिकै तुमदोनोंकूं आत्माकायथार्थबोधनहींभया यातें तुम आपणेलोकविषेमतजावो याप्रकारकावचनकहिकै इनोंकूंजाणेतैंनिवारणकरोंगा तौ राजसप्रकृतिवाले येइंद्रविरोचनदोनों आपणेअभिमानकेनाशहुएतें क्रोधवान्होइकै आपणेजीवनेविषेभी आशातैंरहितहोवैंगे ॥ काहेतें? मानकेभंगकरणेहाराजोवचनहै ॥ ताअल्पवचनकेश्रवणकरिकैभी येदोनों क्रोधरूपशत्रुकेवशकूंप्राप्तहुए हमारेकूंदेखणेविषेआवैंहैं ॥ ऐसेइंद्रविरोचनकूं जोमैं मानभंगकरिकै क्रोधवान् करौंगा तौ क्रोधकूंप्राप्तहुएयेदोनों महान्युद्धकरैंगे ॥ कैसेहैंयेदोनों? देवतावोंकी तथाअसुरोंकी जेस्त्रियांहैं ॥ तिनस्त्रियोंकेपति

योंकूंनाशकरिकै तिनस्त्रियोंकूं विधवाभावकीप्राप्तिकरणेहारे हैं ॥ तथा मांसकेभक्षणकरणेहारे जेगृध्रादिकजीवहैं ॥ तिनोंकूंआनंद कीप्राप्तिकरणेहारे हैं ॥ तथा साधुस्वभाववालेपुरुषोंकूं भयकीप्राप्तिकरणेहारे हैं ॥ ऐसेयेइंद्रविरोचनदोनों क्रोधकूंप्राप्तहोइकै हस्ती अश्व रथ पदात याचतुरंगसेनाकूंनाशकरणेहारेयुद्धकूंकरेंगे ॥ यातैं इनदोनोंकेआत्मज्ञानकेप्रसंगविषे किसीनिमित्ततैंविना अकस्मात्तैंही सर्वभूतोंकानाशहोवैंगा ॥ सोसर्वभूतोंकानाश मतहोवै ॥ याकारणतैं इनदोनोंकूं जाणेतैंनिवारणकरणा योग्यनहीं है ॥ शंका ॥ हेभगवन्! युद्धकेभयतैं ताब्रह्मानैं तिसइंद्रविरोचनकूं जाणेतैंनिवारणकऱ्यानहीं ॥ यहवार्त्ता ब्रह्मानैं श्रेष्ठनहींकरी ॥ काहेतैं? यादेहकूंआत्माजानिकै तेइंद्रविरोचन जबी आपणेआपणेलोकविषे जावैंगे ॥ तबी सर्वजीवोंकेप्रति यादेहात्मवादकाउपदेश करैंगे ॥ तादेहात्मवादकूंनिश्चयकरिकै तेसर्वजीव अनर्थकूंप्राप्तहोवैंगे ॥ समाधान ॥ हेशिष्य! तादेहात्मवादतैं सर्वलोकोंकूंनिवृत्तकरणेवासते सोप्रजापति तादेहात्मवादियोंकेप्रति याप्रकारकाशापदेताभया ॥ जिनदेवतावोंकेप्रति तथाजिनअसुरोंकेप्रति तथा जिनमनुष्योंकेप्रति येइंद्रविरोचन साक्षात्गुरुरूपहोइकै तथापरंपरागुरुरूपहोइकै यादेहात्मवादकाउपदेशकरैंगे ॥ तेसर्वइनोंके शिष्य इसजन्मविषे तथाभावीजन्मविषे श्रेयकेमार्गतैंभ्रष्टहोवैंगे ॥ काहेतैं? तेमूढपुरुष यादेहकूंहीआत्मामानिकै तादेहकेरक्षणकरणेवासते नानाप्रकारकेउपायकरैंगे ॥ तेसर्वउपाय जबी निष्फलहोवैंगे ॥ तबी तेमूढपुरुष महान्दुःखकूंप्राप्तहोवैंगे काहेतैं? जैसे ओदनादिरूपपक्वअन्न अथवा खेतिरूपपक्वअन्न नानाप्रकारकेउपायोंकरिकैभी नाशतैंरहितहुआ स्थितहोवैनहीं ॥ किंतु सोपक्वअन्न अवश्यकरिकैनाशकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे यहस्थूलदेहभी नानाप्रकारकेउपायोंकरिकैभी नाशतैंरहितहुआ स्थितहोवैनहीं ॥ किंतु यहदेह अवश्यकरिकैनाशकूंप्राप्तहोवैहै ॥ किंवा जिसकालविषे सर्वभूतप्राणियोंकूंधारणकरणेहारी तथामहान्पर्वतोंकरिकैयुक्त यहपृथिवीभी नाशकूंप्राप्तहोवैगी ॥ तथा जलकरिकैपूर्णसप्तसमुद्रभी सूखजावैंगे ॥ तथा तेज वायु आकाश येतीनोंभी नाशकूं प्राप्तहोवैंगे ॥ तिसकालविषे जलकेफेनबुद्बुदकेसमान यहशरीर किसप्रकारस्थितहोवैगा ॥ किंतु तिसकालविषे यहशरीर नहींस्थितहोवैगा ॥ किंवा ज्वरादिकव्याधिरूपशत्रु तथामृत्युरूपशत्रु जिसदेहकेअन्नजलकेसाथमिल्येहुएरहे हैं ॥ तथा रक्तवर्णवालेअंगार

रूपअग्निकेसमान क्षुधारूपदाह जिसदेहकेउदरविषे सर्वदारहेहै ॥ तथा जिसदेहकेबाह्यदेशविषेभी सर्वदृश्चिकादिकभूतरूपदाहस र्वदारहेहै ॥ तथा जिसदेहके शस्त्रअस्त्ररूपमृत्यु बाह्यविचरणेहारेहैं ॥ और जैसे कदलीवृक्षकास्तंभ त्वचामात्रहोणेतैं निःसारहोवै है ॥ तैसे विचारकियेतैंयहदेहभी निःसारहीहोवैहै ॥ ऐसायहस्थूलदेहकिसप्रकारअमरहोवैगा? किंतु यादेहविषे किसीप्रकारक रिकैभी अमररूपतासंभवैनहीं ॥ किंवा सर्वजीवोंकायहस्थूलदेह पुण्यपापकर्मरूपनिमित्तकारणतैं उत्पन्नहोवैहै ॥ तथापृथिवीआ दिकपंचभूतरूपउपादानकारणतैंउत्पन्नहोवैहै ॥ जबीतिनकर्मोंका तथापृथिवीआदिकभूतोंकाभी नाशहोवैगा ॥ तबी यहदेह कि सप्रकार स्थितहोवैगा? किंतु नहींस्थितहोवैगा ॥ किंवा यादेहका कारणरूपजोकर्महै ॥ सोकर्म यद्यपि एकशतवर्ष १००आयुष या मनुष्योंकूंदेवैहै ॥ तथापि ताशतवर्षतैं अनंतर सोकर्म अधिकआयुष देवैनहीं ॥ काहेतैं? जगत्केकर्त्ताईश्वरनैं सृष्टिकेआदिकालवि षे जैसीजैसीव्यवस्थाकरीहै ॥ तिसीतिसीप्रकार तेकर्मादिक फलकूंदेवैहैं ॥ यातैं एकशतवर्षतैंउत्तर यादेहविषे सोअमरपणा किस प्रकारहोवैगा? किंतु नहींहोवैगा ॥ किंवा वैद्यकशास्त्रविषे ऋषिलोकोंनैं जेरसायनादिकऔषध कथनकरेहैं ॥ सोकेवल यादेहके रोगादिकोंकीनिवृत्तिवासतेकथनकरेहैं ॥ यादेहकेअमरकरणेवासते नहींकथनकरेहैं ॥ तथा योगाभ्यासकालविषे धारणाकरिकैव शकऱ्येजेपृथिवीआदिकपंचभूतहैं ॥ तेपंचभूतभी तायोगीपुरुषके बलकीवृद्धिकरणेवासतेहीहोवैहैं ॥ तायोगीपुरुषकेअमरकरणे वासतेहोवैनहीं ॥ जोकदाचित् रसायणादिकऔषधोंकरिकै तथा पंचभूतोंकीधारणाकरिकै यहदेह अमरहोताहोवै तौ जिनपुरुषों नैं तेरसायनादिकऔषध प्रवृत्तकरेहैं तथा सापंचभूतोंकीधारणाप्रवृत्तकरीहै ॥ तेपुरुष मृत्युकूंनहींप्राप्तहोणेचाहिये ॥ और तेर सायनादिकोंकूंप्रवृत्तकरणेहारेपुरुषभी मृत्युकूंप्राप्तहोतेभयेहैं ॥ यातैं तिनरसायनादिकोंविषे यादेहकेअमरकरणेकासामर्थ्य संभ वैनहीं ॥ किंवा यालोकविषे जोजोपदार्थ जन्मवालाहोवैहै ॥ तिसतिसपदार्थकानाश अवश्यकरिकैहोवैहै ॥ जैसे घटपटा दिकपदार्थ जन्मवालेहैं ॥ यातैं तिनोंकानाशभी अवश्यकरिकैहोवैहै ॥ तैसे यहदेहभी जन्मवालाहै ॥ यातैं यादेहका नाश भीअवश्यकरिकैहोवैगा ॥ किंवा येसर्वमनुष्योंकेशरीर पंचवर्षपर्यंततौ बाल्यअवस्थावालेहोवैहैं ॥ तिसतैंअनंतर षोडशवर्षप

यैंत कुमारअवस्थावालेहोवैहैं ॥ तिसतैंअनंतर षष्टिवर्षपर्यंत यौवनअवस्थावालेहोवैहैं ॥ तिसतैंअनंतर वृद्धअवस्थावालेहोवैहैं ॥ इसप्रकार सर्वदेहधारीजीवोंकूं आपणेआपणेदेहकानाश अनुभवकरिकैंसिद्धहै ॥ ऐसानाशवान्‌देह किसप्रकारसैंनित्यहोवैगा ? किंवा याजीवोंकामरण यादेहकेसाथही उत्पन्नहोवैहै ॥ तादेहकेविद्यमानहुए तामरणकेनिवृत्तकरणेका कोईभीउपायनहींहै ॥ यह वार्त्ता पुराणविषे व्यासभगवान्‌नैंभीकहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ मृत्युर्जन्मवतांवीर देहेनसहजायते ॥ अद्यवाऽब्दशतांतेवा मृत्युर्वैप्राणिनांध्रुवः ॥ अर्थयह ॥ हेवीर ! जन्मवालेप्राणियोंकामृत्यु देहकेसाथहीउत्पन्नहोवैहै ॥ सोमृत्यु आजदिनविषेहोवै ॥ अथवा शतवर्षतैंअनंतरहोवै ॥ परंतु जन्मवालेप्राणियोंका मृत्युअवश्यकरिकैंहोणाहै ॥१॥ किंवा तामृत्युकेनिवृत्तकरणेका यहएकउपायहै ॥ जो पुनः यादेहकाग्रहणनहींहोणा ॥ याउपायकूंछोडिकै दूसराकोई मृत्युकेनिवृत्तकरणेकाउपाय तीनलोकविषेहैनहीं ॥ यहवार्ता अन्य शास्त्रविषेभीकहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ मृत्योर्बिभेषिकिंमूढ भीतंमुंचतिकिंयमः ॥ अजातंनैवगृह्णाति कुरुयत्नमजन्मनि ॥ अर्थयह ॥ हेमूढ ! मृत्युतैं तू क्यूंभयकरताहै ॥ तुमारेकूंभययुक्तदेखिकै क्या यमराजाछोडिदेवैगा? किंतु नहींछोडेगा ॥ जिसपुरुषकाजन्मनहीं होता ॥ तिसपुरुषकूं सोयमराजा ग्रहणकरतानहीं ॥ यातैं जोतुमारेकूं यमराजातैंछूटणेकीइच्छाहोवै तौ जन्मतैंरहितकरणेहारे आत्मज्ञानविषे तू प्रयत्नकर ॥ १ ॥ ऐसा जन्ममरणकीनिवृत्तिकरणेहारा आत्मज्ञान यादेहात्मवादियोंकूं अत्यंतदुर्लभहै ॥ काहेतें ? जो यहस्थूलदेह मरणतैंअनंतर श्वानादिकोंकरिकैभक्षणकऱ्याहुआतौ विष्ठारूपहोवैहै ॥ तथा अग्निविषेदग्धकऱ्याहुआ भस्मरूपहोवैहै ॥ तथा पृथिवीविषेपूरणकऱ्याहुआ मृत्तिकारूपहोवैहै ॥ ऐसेनाशवान्‌देहकूं जिनोंनें आत्मारूपमान्याहै ॥ ऐसेदेहात्मवादीपुरुष ताआत्मज्ञानकीप्राप्तिवासते मनकरिकैंभी प्रयत्ननहींकरैंगे ॥ किंवा सर्वदेहात्मवादियोंकागुरुरूप जोयहप्रल्हादकापुत्रविरोचनहै तथादेवराजइंद्रहै ॥ तिनदोनोंकादेहभी मरणतैंअनंतर विष्ठाभस्मपृथिवीरूपअवश्यहोवैगा ॥ जबी तिनदोनोंकादेहभी यात्रकारकीगतिकूंप्राप्तहोवैगा ॥ तबी इतरजीवोंकेदेहोंकीक्यावार्ताहै ? किंवा तेमूढपुरुष यादेहकूंहीआत्मामानिकै विवेकसंतोषादिकगुणोंतैंरहितहोइकै केवलपापकर्मोंकूंही करैंगे ॥ तिनपापकर्मोंकरिकै तेदेहात्मवादीपुरुष परलोकविषे किंचित्‌मात्रभी सुखकूंनहीं

प्राप्तहोवैंगे ॥ किंतु केवलदुःखकूंहीप्राप्तहोवैंगे ॥ जिनदुःखोंकूंवाणीकरिकैकहणेविषेभी कोईसमर्थनहींहै ॥ यातैं यहअर्थसिद्धभया ॥
याइंद्रकरिकै तथाविरोचनकरिकै उपदेशकऱ्याजोदेहात्मवादहै ॥ सोदेहात्मवाद जिसजिसजीवकीबुद्धिविषेप्रवेशकरैगा ॥ तेसर्व
जीव दोनोंलोकविषे दुःखकूंहीप्राप्तहोवैहैं ॥ यातैं यहदेहात्मवाद महामोहमयहै ॥ हेशिष्य! इसप्रकार देहात्मवादकरिकै लोकोंकूं
अनर्थकीप्राप्तिरूपफलकाचिंतनकरिकैभी सोप्रजापति युद्धकेभयतैं तिनदोनोंकेप्रति किंचित्मात्रभीवचन नहींकहताभया ॥ किंतु
सोप्रजापति मौनकूंधारणकरिकैस्थितहोताभया ॥ तिसतैंअनंतर तेइंद्रविरोचनदोनों आपणेआपणेलोकविषेजातेभये ॥ अब ति
नदोनोंविषे प्रथम विरोचनकावृत्तांत निरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य! देहरूपआत्माकूंजानिकै अत्यंतप्रसन्नहुआ सोविरोचन ताब्रह्म
लोकतैं शीघ्रही आपणेअसुरोंकीसभाविषेआवताभया ॥ कैसेहैंतेअसुर? स्वभावतैंहीतामसीहैं ॥ तथा रजोगुणकरिकैआवृतहैं ॥
तथा सत्त्वगुणकेलेशमात्रतैंभीरहितहैं ॥ तथा सर्वदाविचारतैंरहितहैं ॥ ऐसेअसुरोंकीसभाविषे सोविरोचन आवताभया ॥ तासभा
विषे असुरोंकरिकैबहुतसन्मानकऱ्याहुआ सोसूर्यकेसमान तेजस्वीविरोचन ऊंचेआसनउपरिस्थितहोताभया ॥ तिसतैंअनंतरसोमू
ढात्माविरोचन ताब्रह्मलोकविषे महान्कष्टकरिकै जिसदेहात्मज्ञानकूं ग्रहणकऱ्याथा ॥ सोदेहात्मज्ञान तिनसर्वअसुरोंकेप्रतिउपदे
शकरताभया ॥ तेअसुर ताउपदेशतैंपूर्वभी अनेकप्रकारकीकुतर्कोंकरिकै यादेहकूंही आत्मामानतेथे ॥ तिसीदेहात्मवादकूं गुरुसंप्र
दायतैंजानिकै अत्यंतदृढनिश्चयकरतेभये ॥ हेशिष्य! इसप्रकार सोविरोचन तिनसर्वअसुरोंकेप्रति ताप्रजापतिकासर्वउपदेशश्र
वणकराइकै पुनः याप्रकारकावचन कहताभया ॥ हेअसुरो! तुमोंनैं यादेहरूपआत्माकाही सर्वदापूजनकरणा ॥ यादेहरूपआत्मा
तैंभिन्न जितनेअग्निब्राह्मणादिकहैं तिनोंका तुमोंनैं कदाचित्भीपूजननहींकरणा ॥ काहेतैं? याशरीरतैंभिन्न जितनेअग्निब्राह्म
णादिकहैं ॥ तेसर्व यादेहऊपरि उपकारकरैहैं ॥ याकारणतैं तेसर्व यादेहरूपआत्माकेशेषभूतहैं ॥ यहदेहरूपआत्माही तिनसर्वो
काशेषीरूपहै ॥ ऐसेदेहरूपआत्माका जोसर्वतैंउत्कृष्टरूपकरिकैज्ञानहै ॥ सोज्ञानही ताआत्माकापूजनहै ॥ और हेअसुरो! जिसअ
धिकारीपुरुषकूं दोनोंलोकोंकेसुखकेप्राप्तिकीइच्छाहोवै ॥ सोपुरुष आपणेगुरुकीन्यांई यादेहरूपआत्माकाही नानाप्रकारकेदुकूलों

करिकैपूजनकरै ॥ तथा सुवर्णकरिकैजडित नानाप्रकारकेरत्नोंकरिकैपूजनकरै ॥ तथा हस्तियोंकेमस्तकतैंनिकसेजेमोतीहैं ॥ तिन मोतियोंकेगुच्छोंकरिकै तादेहरूपआत्माका पूजनकरै॥ तथा सूर्यकेसमानतेजवाले जेनानाप्रकारकेअलंकारहैं ॥ तिनअलंकारोंकरिकै ताकापूजनकरै ॥ और कोमलस्पर्शवाले तथासुंदररूपवाले तथासुगंधिवाले ऐसेजेविचित्रमालारूपपुष्पहैं ॥ तिनपुष्पोंकरिकै तादेहरूपआत्माका पूजनकरै ॥ और कर्पूरादिकोंकरिकैयुक्त तथाशीतलजलकरिकैयुक्त जोचंदनहै ॥ ताचंदनकरिकै ताका पूजनकरै ॥ तथा शय्या आसन अन्न पान इत्यादिकपदार्थोंकरिकै तादेहरूपआत्माकापूजनकरै ॥ इसप्रकार जोपुरुष अनेकप्रकारकेपदार्थोंकरिकैश्रद्धाभक्तिपूर्वक यादेहरूपआत्माकापूजनकरैहै ॥ सोपुरुष दोनोंलोकविषेसुखकूंप्राप्तहोवैहै ॥ यातैं सुखकीइच्छावान्पुरुषनैं यादेहरूपआत्माका अवश्यकरिकैपूजनकरणा ॥ शंका ॥ हेभगवन् ! प्रत्यक्षनाशवान्जोयहदेहहै ॥ ताकेपूजनकरणेकरिकै किसफलकीप्राप्तिहोवैगी? किंतु नहींहोवैगी ॥ समाधान ॥ हेअसुरो ! रसायनादिकउपायोंकरिकैसिद्धिकूंप्राप्तभयाजोयहदेहहै ॥ तादेहरूप आत्माका कदाचित्भी मरणहोवैनहीं ॥ और जोदेह रसायनादिकउपायोंकरिकैसिद्धिकूंनहींप्राप्तभयाहै ॥ तादेहकीमरणअवस्था यद्यपि विचारहीनमूढपुरुषोंनेमानीहै ॥ तथापि विवेकीपुरुषोंनैं यहदेह मरणकूंप्राप्तहुआहै याप्रकारकीमरणबुद्धिकरिकै तादेहकूंअग्निविषेदाहकरणानहीं ॥ काहेतैं ? जैसेसंग्रामशालाविषे शस्त्रअस्त्रोंकेप्रहारकरिकैपीडितहुआकोईशूरवीर किंचित्कालपर्यंत तारथविषे सर्वचेष्टातैंरहित मूर्छितहुआ शयनकरैहै ॥ तैसे यहदेहभी रसायनादिकसिद्धियोंकेअप्राप्तहुए किंचित्कालपर्यंत मच्येहुएकीन्यांई मूर्छाकूंप्राप्तहुआ शयनकरैहै ॥ परंतु सोदेह मृत्युकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ यातैं यादेहरूपआत्माकेबांधवोंनैं मरणकीशंकाकरिकै तादेहकूं अग्निविषेदाहकरणानहीं ॥ किंतु तिनबांधवोंनैं प्रथमतौ तादेहकूंश्रेष्ठजलोंकरिकैस्नानकरावणा ॥ तथा तादेहकूं सुगंधिवालेपुष्पचंदनादिकोंकरिकै शोभायमानकरणा ॥ तथा तादेहकूं नानाप्रकारकेवस्त्रोंकरिकै तथानानाप्रकारकेमालावोंकरिकै शोभायमानकरणा ॥ तथा तिनबंधुजनोंनैं तादेहकूं विमानऊपरिबैठाइकै नानाप्रकारकेवादित्रोंकेशब्दसहित बाहरिलेजाणा ॥ तथा भक्षणकरणेयोग्य जे भक्ष भोज्य लेह्य च्योष्य येचारिप्रकारकेअन्नहैं ॥ तिनअन्नोंकूंबाहरिलेजाणा ॥ तथा सुगंधिवालेशीतल

जलकरिकैपूर्ण कलशोंकूंबाहरिलेजाणा ॥ तहांजाइकै तादेहकेनिवासकरणेयोग्य भूमिविषे खातरूपगृहकरणा ॥ ताखातरूपगृह कूं सर्वओरतैंशुद्धकरणा ॥ तथा तागृहविषे कोमलआसनबिछावणा ॥ ताखातरूपगृहविषे तामृतकदेहकूंरावणा ॥ और तादेह केदोनोंतरफ तेभक्षणकरणेयोग्य भक्ष्यभोज्यादिकपदार्थ रावणे ॥ तथा तेजलकेकलश रावणे ॥ जैसे महाराजाकेभृत्य तामहा राजाकेवासते नानाप्रकारकीसामग्री त्यारकरिकैरखेहैं ॥ तैसे तिनबंधुजनोंनैं तामृतकदेहकेसमीप नानाप्रकारकेभोग्यपदार्थ त्या रकरिकैरावणे ॥ और तिनबांधवोंनैं ताभूमिविषे इसप्रकारकागृह बनावना ॥ जिसकरिकै यादेहरूपआत्माकी सादीर्घनिद्राविषेस्थिति नाशकूंनहींप्राप्तहोवै ॥ और तिनबांधवोंनैं ताभूमिगृहकेऊपरि एकमंडपरूपवेदिकाकरणी ॥ जिसकरिकै ताभूमिगृह काचिरकालपर्यंतभी नाशनहींहोवै ॥ तथा तागृहविषे वृष्टिकाजलभी प्रवेशनहींकरै ॥ तथा ग्रीष्मऋतुकातापभी तागृहविषेप्रवेशनहींकरै ॥ तथा मांसकूंभक्षणकरणेहारे जंबुकादिकजीवभी तागृहविषेप्रवेशनहींकरैं ॥ ऐसीवेदिका ताभूमिगृहकेऊपरिबनावणी ॥ इसप्रकार तेबांधव जबी भलीप्रकारसैंरक्षणकरे हैं ॥ तबी सोदेहरूपआत्मा महाराजाकीन्यांई सुखपूर्वक बहुतकालपर्यंत शयनकरे है ॥ हेअसुरो! जबपर्यंत सोदेहात्मवादकेप्रवृत्तकरणेहाराब्रह्मा तिनआपणेशिष्योंकूं देखणेवासतेनहींआवै है ॥ तबपर्यंत सोदेहसुखपूर्वक तहांशयनकरे है ॥ और जबी सोभगवान्ब्रह्मा कृपाकरिकै आपणेदेहात्मवादीशिष्योंकेदेखणेवासते आवैगा ॥ तबी वायुनैं सर्वत्रव्यापककन्याजो ताब्रह्माकेदेहकासुगंधहै ॥ तासुगंधकरिकै तेसर्वदेह तादीर्घनिद्रातैंउठैंगे ॥ जैसे शस्त्रअस्त्रोंकेप्रहारकरिकै मूर्च्छाकूंप्राप्तहुआकोईशूरवीर किसीवायुकेस्पर्शतैंशीघ्रहीतामूर्च्छातैंउठेहै ॥ तामूर्च्छातैंउठिकै सोशूरवीरपुरुष पूर्वलेसंस्कारोंकेवशतैं पुनः आपणेशत्रुवोंकूंनाशकरे है ॥ तैसे रसायनादिकउपायोंकायत्नकरतेहुए यहपुरुष जबी तादीर्घनिद्राविषेसोइजावै है ॥ तबी ताब्रह्माकेसुगंधकरिकै तेपुरुष तादीर्घनिद्रातैंउठिकै पूर्वसंस्कारोंकेवशतैं पुनः तिनरसायनादिकोंकीप्राप्तिवासते प्रयत्न करे हैं ॥ हेअसुरो! इसप्रकार प्रयत्नकरतेहुए यहदेह किसीकालपाइकै तिनरसायनादिकोंकूंप्राप्तहोइकै अवश्यकरिकैअमरहोवैंगे ॥ ताअमरपणेकूंप्राप्तहुए तिनयोगीपुरुषोंकेदेह कदाचित्भीनाशकूंप्राप्तहोवैंनहीं ॥ यातैं हेअसुरो! यादेहरूपआत्माकेअमरकरणे

वासते तुमसर्वेदैत्य रसायनादिकोंकूंसिद्धकरो ॥ तथा योगपरायणहोवो ॥ तथा दयातैंरहितहोइकै आपणेशत्रुदेवतावोंकूंनाशकरो ॥
और हेअसुरो! याअविवेकीलोकोंकरिकैपूजणेयोग्यजे ब्राह्मण गौवां देवता साधु इत्यादिकहैं ॥ तिनब्राह्मणादिकोंकाशरीर इतर
शरीरोंतैंविलक्षणप्रतीतहोवैनहीं ॥ किंतु समानहीप्रतीतहोवैहै ॥ काहेतें? दोपादवालेजेब्राह्मणादिकहैं ॥ तिनब्राह्मणादिकोंविषे
दोपादवालेशूद्रादिकोंतैं किंचित्मात्रभीविलक्षणतानहींहै ॥ किंतु तेदोनों समानहीहैं ॥ तथा चारिपादवालीजेगौवांहैं ॥ तिनगौ
वोंविषे चारिपादवालेअश्वादिकोंतैं किंचित्मात्रभीविलक्षणतानहींहै ॥ किंतु तेदोनों समानहीहैं ॥ ऐसेसमानस्वभाववालेशरीरों
विषे येब्राह्मणादिक पूज्यहैं यहशूद्रादिक अपूज्यहैं याप्रकारकीविषमताकल्पनाकरणी अयोग्यहै ॥ और हेअसुरो! जैसे तिनब्रा
ह्मणादिकोंकेशरीरविषे विशेषतानहींहै ॥ तैसे तिनशरीरोंकेकारणोंविषेभी विशेषतानहींहै ॥ काहेतें? जैसे तिनब्राह्मणादिकोंकाश
रीर कामयुक्तपितामाताके शुक्रशोणिततैंउत्पन्नहोवैहै ॥ तैसे इतरशूद्रादिकोंकेशरीरभी ताकामयुक्तपितामाताके शुक्रशोणिततैंउ
त्पन्नहोवैहैं॥ यातैं कारणकीविशेषताकरिकैभी तिनब्राह्मणादिकोंविषे विशेषतासंभवैनहीं ॥ और हेअसुरो! जोतुम यहकहो ॥ सर्वज
गत्काकर्त्ता जोईश्वरहै ताईश्वरका ब्राह्मणादिकोंविषेही पक्षपातहै ॥ याकारणतैं तिनब्राह्मणादिकोंविषे सर्वतैंअधिकताहै ॥ सोयहतु
मारा कहणाभी संभवैनहीं ॥ काहेतैं? शास्त्रवालेपुरुषोंनैं जोईश्वरकालक्षण कथनकऱ्याहै ॥ सोलक्षण याकामविषेही घटैहै ॥ यातैं का
मतैंभिन्न दूसराकोईईश्वरहैनहीं ॥ अब सोईश्वरकालक्षण कामविषेदिखावैहैं ॥ हेअसुरो! यहकामही सर्वजीवोंकीजननीहै ॥ तथा य
हकामही सर्वजीवोंकापिताहै ॥ तथा यहकामही विप्रहै ॥ तथा यहकामही गौहै ॥ तथा यहकामही देवताहै ॥ तथा यहकामही साधुहै॥
तथा यहकामही भ्रातादिकबंधुरूपहै ॥ तथा यहकामही दातारूपहै ॥ तथा यहकामही बलात्कारसैं तथाआपणीइच्छाकरिकै वस्तुकेग्र
हणकरणेहारा प्रतिग्रहीतारूपहै ॥ याकारणतैं यहकामही सर्वजगत्काकारणहै ॥ ताकामतैंविना दूसराकोईजगत्काकारणहैनहीं ॥ औ
र हेअसुरो! जैसे पृथिवीविषेस्थितसर्वजल अंशरूपहै ॥ तिनअंशरूपजलोंकीअपेक्षाकरिकै समुद्र अंशीरूपहै ॥ याकारणतैं सोसमु
द्र तिनअंशरूपसर्वजलोंतैंश्रेष्ठहै ॥ तैसे यालोकविषे यादेहतैंभिन्नपदार्थोंकूंविषयकरणेहारे जितनेकामहैं ॥ तिनसर्वकामोंतैं यहदे

हविषयककामही श्रेष्ठहै ॥ काहेतें ? याब्रह्मांडविषे जितनेदेवतामुनीश्वरहैं ॥ तथा जितनेहमदैत्यहैं ॥ तथा तीनकालोंविषेवर्त मान जितनेमनुष्यादिकप्राणीहैं ॥ तेसंपूर्णहम तिसतिसभोग्यपदार्थोंकीकामनाकरिकैही आपणेआपणेदेहकेव्यापारकूंकरेहैं ॥ कामनातेंविना कोईभीप्राणी किसीव्यापारविषेप्रवृत्तहोवैनहीं ॥ यातें यहजान्याजावैहै ॥ यादेहतेंभिन्न सर्वभोग्यपदार्थविषयकाजि तनेकामहैं ॥ तेसर्वकामभी आपणेदेहवास्तेहीहैं ॥ यातें तिनकामोंतें तथातिनकामोंकेविषयसर्वभोग्यपदार्थोंतें यहदेहही अ त्यंतश्रेष्ठहै ॥ यातें हेअसुरो ! याआस्तिकलोकोंकरिकैरक्षणकरणेयोग्य जेब्राह्मणहैं ॥ तथा गौ देवता साधु आदिकहैं ॥ तिनसर्वों तें यहआपणादेह श्रेष्ठहै ॥ तथा तेसर्व यादेहकेऊपरिउपकारकरणेहारेहैं ॥ यातें तुमोंनें याआपणेदेहकूंही ब्राह्मण गौ देवता सा धुरूप जानिकै सर्वदारक्षणकरणा ॥ और हेअसुरो ! यालोकविषे जोकर्म सुखकीप्राप्तिकरेहै ॥ ताकर्मकूं पुण्यकहेहैं ॥ और जो कर्म दुःखकीप्राप्तिकरेहै ॥ ताकर्मकूं पापकहेहैं ॥ और पशुआदिकोंकीहिंसा तथापरस्त्रीगमन तथापरद्रव्यकाहरण इत्यादिककर्म याजीवोंकूं प्रसिद्धसुखकीहीप्राप्तिकरेहैं ॥ यातें तेहिंसादिककर्मही पुण्यकर्महैं ॥ और प्रातःकालस्नान तथाअग्निहोत्र तथाचांद्राय णादिकव्रत इत्यादिककर्मतौ याजीवोंकूं प्रसिद्धदुःखकीहीप्राप्तिकरेहैं ॥ यातें तेप्रातःकालस्नानादिककर्म पापकर्महैं ॥ ऐसेपापकर्मों कूं तुमोंनें कदाचित्भीनहींकरणा ॥ किंतु हिंसादिकपुण्यकर्मोंकूंहीकरणा ॥ और हेअसुरो ! यादेहरूपआत्माके जोअनुकूलवर्तेहै ॥ तिसीकूं तुमोंनें देवताजानणा ॥ तथा तिसीकूं तुमोंनें साधुजानणा ॥ और यादेहरूपआत्माके जोप्रतिकूलवर्तेहैं ॥ तिसीकूं तुमोंनें असुरजानणा ॥ ऐसेदेहकेप्रतिकूलवर्तणेहारेअसुरोंकूं तुमोंनें अवश्यकरिकैमारणा ॥ हेअसुरो ! जोकदाचित् आपणेपितादिकभी यादेहरूपआत्माके प्रतिकूलवर्ततेहोवैं तौ तिनापितादिकोंकूंभी तुमोंनें नाशकरणा ॥ काहेतें ? यालोकविषेभी पिता माता भगिनी भ्राता स्नुषा जाया पुत्र इत्यादिकसंबंधियोंविषे जोकोईसंबंधी आपणेप्रतिकूलहोवैहै ॥ तिससंबंधीकूं कोईभीपुरुष आपणामित्रमा नतानहीं ॥ किंतु तिसकूं सर्वपुरुष आपणाशत्रुहीमानतेहैं ॥ यातें यादेहरूपआत्माके जोप्रतिकूलहोवै ॥ तिसकूं तुमोंनें अवश्यक रिकैमारणा ॥ इतनेंकरिकै ताविरोचननें सर्वअसुरोंकेप्रति आपणेमतकाकथनकऱ्या ॥ अब वैदिकमतविषे दोषकानिरूपणकरेहैं ॥

हेअसुरो! ब्राह्मणादिकोंकेमारणेविषेपापहोवैहै ॥ तथा परस्त्रीकेसंभोगकरणेविषे पापहोवैहै ॥ तथा परधनकेहरणकरणेविषे पाप होवैहै ॥ याप्रकारकेवचन जोवैदिकपुरुषोंनैं कथनकरेहैं ॥ तेसर्ववचन मिथ्याहैं ॥ काहेतें? जिसकर्मकरिकै यापुरुषकूं दुःखरूप फलकीप्राप्तिहोवैहै ॥ ताकर्मकानाम पापकर्म है ॥ सोयहपापकर्मकालक्षण तिनब्राह्मणवधादिककर्मोंविषेघटतानहीं ॥ काहेतें? आपणेविरोधीब्राह्मणादिकोंकेहिंसातैंअनंतर यापुरुषोंकूं सुखकीहीप्राप्तिहोवैहै ॥ तथा परस्त्रीकेसंभोगतें तथापरधनकेहरणतैंभी या पुरुषोंकूं सुखकीहीप्राप्तिहोवैहै ॥ दुःखकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ यातें तेहिंसादिक पापकर्मनहीं हैं ॥ किंतु पुण्यकर्म हैं ॥ और हेअसुरो! तेवैदिकपुरुष जोयाप्रकारकावचनकहेहैं ॥ तेहिंसादिककर्म यद्यपि वर्त्तमानकालविषेतौ सुखकीहीप्राप्तिकरेहैं ॥ तथापि तेहिंसादिककर्म कालांतरविषे यापुरुषकूं दुःखरूपफलकीप्राप्तिकरैंगे ॥ सोयहभीतिनोंकाकहणा संभवैनहीं ॥ काहेतें? कार्यकीउत्पत्तितें अव्यवहितपूर्वक्षणविषे जोपदार्थरहेहै ॥ सोपदार्थ ताकार्यकीउत्पत्तिविषे कारणहोवैहै ॥ जैसे मृत्तिकाकुलालादिक घटरूपकार्यकीउत्पत्तितें अव्यवहितपूर्वक्षणविषेरहेहैं ॥ यातें तेमृत्तिकाकुलालादिक ताघटरूपकार्यकीउत्पत्तिविषे कारणहोवैहैं ॥ याप्रकारका कारणकालक्षण तिनहिंसादिककर्मोंविषेघटतानहीं ॥ काहेतें? तेहिंसादिककर्म तीनचारिक्षणमात्र स्थितरहेहैं ॥ तिसतैंअधिककालपर्यंततेहिंसादिककर्म रहैंनहीं ॥ यातें भावीकालविषेउत्पन्नहोणेहारेदुःखपर्यंत तेहिंसादिककर्म रहैंनहीं ॥ और पूर्वनष्टहुएकर्मोंकूंभी जो भावीदुःखकाकारणमानिये तौ पूर्वनष्टहुआकुलालभी भावीघटकाकारणहोणाचाहिये ॥ और पूर्वनष्टहुआकुलाल जैसे भावीघटकाकारणनहींहोवैहै ॥ तैसे तेनष्टहुएहिंसादिककर्मभी ताभावीदुःखकेकारणहोइसकैंनहीं ॥ और हेअसुरो! तेवैदिकपुरुष जोयाप्रकारकावचनकहेहैं ॥ तेहिंसादिककर्म यद्यपि तिसीकालविषेनष्टहोइजावैहैं ॥ तथापि तिनहिंसादिककर्मोंतें एकपापरूपअदृष्ट उत्पन्नहोवैहै ॥ सोपापरूपअदृष्ट ताभावीदुःखपर्यंतरहेहै ॥ यातें तापापरूपअदृष्टतैंही सोभावीदुःख उत्पन्नहोवैहै ॥ सोयहतिनोंका कहणाभी संभवैनहीं ॥ काहेतें? जिसस्थलविषे दृष्टकारणनहींसंभवैहै ॥ तिसस्थलविषेही अदृष्टकारणकी कल्पनाकरीजावैहै ॥ दृष्टकारणकेसंभवहुए अदृष्टकारणकीकल्पनाहोवैनहीं ॥ और ताभावीदुःखकीउत्पत्तितौ कुपथ्यसेवनादिकदृष्टकारणोंतेंही संभवहो

इसकेंहै ॥ यातें पापरूपअदृष्टकारणतें ताभावीदुःखकीउत्पत्तिमानणी निष्फलहै ॥ और हेअसुरो! अहिंसा सत्य ब्रह्मचर्य इत्यादिकजेतपहैं ॥ तथा यज्ञदानादिकजेकर्महैं ॥ तेसर्व याजीवोंकूं क्लेशकीहीप्राप्तिकरणेहारेहैं ॥ यातें तिनतपयज्ञदानादिकसर्वकर्मोंकूंपापरूपजानिके तुमोंनें परित्यागकरणा ॥ हेअसुरो! तिन तपयज्ञादिककर्मोंविषे केवलहमही पापरूपतानहींकथनकरते ॥ किंतु तिनवैदिकपुरुषोंकेवचनतेंही तिनतपयज्ञादिककर्मोंविषे पापरूपतासिद्धहोवैहै ॥ काहेतें? तिनवैदिकपुरुषोंनें तापुण्यपापकर्मोंका याप्रकारकालक्षणकथनकर्‍याहै ॥ जिसकर्मतें याजीवोंकूं सुखरूपफलकीप्राप्तिहोवैहै ॥ ताकर्मकानाम पुण्यहै ॥ और जिसकर्मतेंयाजीवोंकूं दुःखरूपफलकीप्राप्तिहोवैहै ॥ तिसकर्मकानाम पापहै ॥ सोयहपापकालक्षण तपयज्ञादिककर्मोंविषेहीघटैहै ॥ और सोपुण्यकर्मकालक्षण हिंसापरस्त्रीगमनादिककर्मोंविषेहीघटैहै ॥ यातें तिनतपयज्ञादिकपापकर्मोंकापरित्यागकरिके तुमसर्वअसुर हिंसापरस्त्रीगमनादिकपुण्यकर्मोंकूंकरो ॥ और हेअसुरो! सृष्टिकेआदिकालविषे परंपराउपदेशरूप वेदोंकासंप्रदाय दोप्रकारका प्रवृत्तहुआहै ॥ तहां हिंसादिककर्मोंकेकरणेकरिके हमारेकूं महान्अनर्थकीप्राप्तिहोवैगी याप्रकारकीभयकरिके दूषितहैचित्तजिनोंका ऐसेजेभीरुपुरुषहैं ॥ तिनभीरुपुरुषोंविषेतौ याप्रकारकासंप्रदायप्रवृत्तहुआहै ॥ शीघ्रही सुखकीप्राप्तिकरणेहारे जेहिंसादिककर्महैं ॥ तेहिंसादिककर्मतौ पापरूपहैं ॥ और शीघ्रही दुःखकीप्राप्तिकरणेहारे जेतपयज्ञादिककर्महैं ॥ तेतपयज्ञादिक पुण्यकर्मरूपहैं ॥ याप्रकारकासंप्रदाय तिनभीरुपुरुषोंविषेप्रवृत्तहुआहै ॥ और ताभयदोषतेंरहित जेवीरपुरुषहैं ॥ तिनवीरपुरुषोंविषेतौ याप्रकारकासंप्रदाय प्रवृत्तहुआहै ॥ शीघ्रही दुःखकीप्राप्तिकरणेहारेजे तपयज्ञादिककर्महैं ॥ तेतपयज्ञादिककर्मतौ पापकर्महैं ॥ और शीघ्रही सुखकीप्राप्तिकरणेहारेजे हिंसादिककर्महैं ॥ तेहिंसादिककर्म पुण्यकर्मरूपहैं ॥ याप्रकारकासंप्रदाय वीरपुरुषोंविषेप्रवृत्तहुआहै ॥ इसप्रकार सृष्टिकेआदिकालविषे भीरुपुरुष तथावीरपुरुष यादोप्रकारकेअधिकारियोंकेभेदतें सोवेदकासंप्रदायभी दोप्रकारकाप्रवृत्तहोताभयाहै ॥ हेअसुरो! तासृष्टिकेआदिकालतेंलेके अबपर्यंत सोभीरुपुरुषोंकासंप्रदाय तथावीरपुरुषोंकासंप्रदाय विद्यमानहै ॥ तहां सोभीरुपुरुषोंकासंप्रदायतौ इनब्राह्मणोंविषे तथादेवतावोंविषे वर्तमानहै ॥ और दूसरावीरपुरुषोंकासंप्रदाय

तौ एकहमारेविषेही वर्तमानहै ॥ दूसरेकिसीविषेहैनहीं ॥ हेअसुरो! यावीरसंप्रदायकूं एकतौब्रह्माजानताहै ॥ और दूसरा मैंजान
ताहूं ॥ हमदोनोंतैंविना दूसराकोईपुरुष यावीरसंप्रदायकूं जानतानहीं ॥ काहेतें? हमदोनोंतैंभिन्न दूसरेजितनेब्राह्मणदेवता
दिकहैं ॥ तेसर्व अज्ञानकरिकै तथादुष्टसंगकरिकै तथाअसामर्थ्यकरिकै दूषितहैं ॥ याकारणतैं तेब्राह्मणदेवतादिक यावीरसंप्रदाय
कूंग्रहणकरिसकतेनहीं ॥ उलटा तेब्राह्मणादिक मोहकेवशतैं यावीरसंप्रदायकीनिंदाकरेहैं ॥ हेअसुरो! ऐसाउत्तमवीरसंप्रदाय तु
मारेकूं पूर्वलेकिसीपुण्यकर्मकेप्रभावतैं हमारेउपदेशतैं प्राप्तभयाहै ॥ हेअसुरो! सर्वलोकोंकूंसुखकीप्राप्तिकरणेहारा तथाहिंसादिक
पुण्यकर्मोंकाकारण जोयहवीरसंप्रदायहै ॥ तावीरसंप्रदायकूं तुमसर्वअसुर आपणेभुजावोंकेबलतैं यातीनलोकोंविषे प्रवृत्तकरो ॥
हेअसुरो! यावीरसंप्रदायकीप्रवृत्ति तबी होवैगी ॥ जबी तुम यावीरसंप्रदायकेविरोधीपुरुषोंका हननकरौगे ॥ तिनविरोधीपुरुषोंके
हननतैंविना यावीरसंप्रदायकीप्रवृत्ति होवैगीनहीं ॥ हेअसुरो! यज्ञादिककर्मोंविषेप्रीतिवाले तथाब्रह्मचर्यादिकसाधनोंकरिकैसंपन्न
जेब्राह्मणहैं ॥ तेब्राह्मणभी यावीरसंप्रदायकेविरोधीहैं ॥ और स्वभावतैंहमारेशत्रुजेदेवताहैं ॥ तेदेवताभी यावीरसंप्रदायकेविरोधी
हैं ॥ और हमारेशत्रुवोंकेपक्षविषेस्थित तथासर्वदा हमारीनिंदाकरणेहारे दूसरेभीअनेकदुर्बलप्राणी यावीरसंप्रदायकेविरोधीहैं ॥
और हेअसुरो! तेब्राह्मणदेवता केवल यावीरसंप्रदायकेविरोधीनहींहैं ॥ किंतु तेब्राह्मणदेवता हमअसुरोंकेभीविरोधीहैं ॥ तथा ते
ब्राह्मणदेवता वेदकेअर्थकूंभीअन्यथाकरणेहारेहैं ॥ ऐसेपापात्माब्राह्मणदेवतावोंकूं तुमजाइकैहननकरो ॥ हेअसुरो! याप्रकारके हमा
रे उपदेशकूं अंगीकारकरिकै जबीतुम दयातैंरहितहोइकै तिनब्राह्मणदेवतावोंकाहननकरौगे ॥ तबी तुमारेकूं इसलोकविषेभी सुख
कीप्राप्तिहोवैगी ॥ तथा परलोकविषेभीसुखकीप्राप्तिहोवैगी ॥ हेशिष्य! इसप्रकार जबी ताविरोचनराजानैं सर्वअसुरोंकेप्रति उ
पदेशकऱ्या ॥ तबी तेअसुर तिसीप्रकार सर्वजगत्कूं दुःखकीप्राप्तिकरतेभये ॥ कैसेथेतेअसुर? ताउपदेशतैं पूर्वभी स्वभावतैंहीपा
पात्माथे ॥ तथा दयातैंरहितथे ॥ तथा क्रूरकर्मोंकूंकरणेहारेथे ॥ हेशिष्य! ब्राह्मणादिकोंकेसाथ विरोधकरणा ॥ तथा जीवतअवस्था
विषे सर्वदा यास्थूलदेहकाहीपोषणकरणा ॥ तथा मरणतैंअनंतर यादेहकूं नानाप्रकारकेअलंकारोंकरिकै शोभायमानकरणा ॥ तथा

सर्वदा हिंसादिककर्मकरणे ॥ याप्रकारकाजोअसुरोंकासंप्रदायहै ॥ सोसंप्रदाय अबपर्यंत नष्टनहींभया ॥ किंतु सोसंप्रदाय इदानींकालविषेभी बहुतलोकोंविषे देखणेमेंआवैहै ॥ हेशिष्य ! सोअसुरोंकासंप्रदाय इदानींकालविषेभी बहुतमनुष्योंविषेवर्तेहै ॥ याअर्थविषे महात्मापुरुषोंकेवचनभी प्रमाणहैं ॥ काहेतें ? यालोकविषे जोपुरुष मोक्षकीइच्छातैंरहितहोवैहैं ॥ तथा हिंसादिकपापकर्मोंविषेप्रीतिवालाहोवैहै ॥ तथा शास्त्रतेंविपरीतआचरणकरणेहाराहोवैहै ॥ ऐसेनास्तिकपुरुषकूंदेखिकै महात्माआस्तिकब्राह्मण याप्रकारकावचनकहेहै ॥ असुरोंकूंप्रिय जेहिंसादिकपापकर्महैं ॥ तिनपापकर्मोंकूं यहपुरुष सर्वदाकरेहै ॥ याकारणतें यहपुरुषअसुरोंकीसंप्रदायविषेहै ॥ जोकदाचित् यहपुरुष असुरोंकीसंप्रदायविषे नहींवर्तताहोवै तौ यहपुरुष नास्तिकपणेकरिकै यज्ञादिककर्मोंतेंविमुख किसवासतेहोता ? किंवा यहपुरुष मरणतेंअनंतर तामृतकदेहकूं नानाप्रकारकेअन्नादिकपदार्थोंकरिकै तथा नानाप्रकारकेवस्त्रभूषणादिकोंकरिकै शोभायमानकरेहैं ॥ यातेंयहजान्याजावैहै ॥ यहपुरुष आपणेवास्तवस्वरूपकेअज्ञानरूपमायाकरिकै मूढभावकूंप्राप्तहुएहैं ॥ किंवा मरणतेंअनंतर यामृतकदेहकेपूजनकियेतें तादेहात्माकूं परलोककाजयरूपफल प्राप्तहोवैहै ॥ याप्रकारकेवचन जोयहमूढपुरुष कथनकरेहै ॥ सोतिनोंकेवचनोंतें यहजान्याजावैहै ॥ जो तिनमंदबुद्धिपुरुषोंविषे कोईआश्चर्यरूप मूर्खताकामाहात्म्य विद्यमानहै ॥ जिसमूर्खताकेमाहात्म्यकरिकै यहमूढपुरुष प्रथमतौ यास्थूलदेहकूंही आत्मामानेहै ॥ और दूसरा तादेहरूपआत्माकेमरणतेंअनंतर तामृतकदेहकेअलंकारकरणेतें तादेहरूपआत्माकूं परलोकविषे श्रेष्ठफलकीप्राप्तिमानेहै ॥ हेशिष्य ! विचारकरिकैदेखियेतौ तिनदेहात्मवादियोंकेमतविषे लेशमात्रभीयुक्तिसंभवैनहीं ॥ काहेतें ? मरणतेंअनंतर पृथिवीविषेपूरणकऱ्याहुआ यहस्थूलदेह पृथिवीरूपहीहोइजावैहै ॥ ऐसेदेहका पुनःउत्थान किसप्रकारहोवैगा ? किंतु नहीं होवैगा ॥ और हेशिष्य ! ताआपणेमतकीसिद्धिकरणेवासते तेदेहात्मवादी जोयाप्रकारकीयुक्तिकथनकरेहैं ॥ जैसे जलकेतलावविषेस्थित जेमंडूकहैं ॥ तेमंडूक ताजलकेसूकणेतेंअनंतर मृत्तिकाविषेलयहोइजावैहैं ॥ जबी वर्षाकरिकै सोतलाव जलसैंपूर्णहोवैहै ॥ तबी तेसर्वमंडूक पुनःजीवनकूंप्राप्तहोइकैउठेहैं ॥ तैसेमरणतेंअनंतर यापृथिवीविषे लयभावकूंप्राप्तहुएभी तेदेहताब्रह्माके

है ॥ ताइच्छाकीउत्पत्तितैंअनंतर सोपुरुष तिसीविषयकेप्राप्तिवासते कर्मोंकूंकरेहै ॥ जैसे यामनुष्योंनैं स्वर्गकीदेवांगना अनुभवकरीनहीं ॥ किंतु यामनुष्यलोककीस्त्रियां अनुभवकरीहैं ॥ यातैं यामनुष्योंकूं तिनदेवांगनावोंविषे इच्छाहोवैनहीं ॥ किंतु यामनुष्यलोककीस्त्रियोंविषेही इच्छाहोवैहै ॥ तथा श्वानोंनैं येमनुष्यस्त्रियां अनुभवकरींनहीं ॥ किंतु श्वानिणीस्त्रियां अनुभवकरीं हैं ॥ यातैं तिनश्वानोंकूं यामनुष्यस्त्रियोंविषे इच्छाहोवैनहीं ॥ किंतु तिनश्वानिणीस्त्रियोंविषेही इच्छाहोवैहै ॥ तथा स्वर्गवासीदेवतावोंनैं यामनुष्यलोककीस्त्रियां तथाअन्नपानादिकभोग्यपदार्थ अनुभवकन्येनहीं ॥ किंतु स्वर्गलोककीस्त्रियां तथा स्वर्गलोकके भोग्यपदार्थ अनुभवकरेहैं ॥ यातैं तिनदेवतावोंकूं यामनुष्यलोककीस्त्रियोंविषे तथाअन्नपानादिकभोग्यपदार्थोंविषे इच्छाहोवैनहीं ॥ किंतु तिनस्वर्गकीस्त्रियोंविषे तथाअन्नपानादिकभोग्यपदार्थोंविषेही इच्छाहोवैहै ॥ यातैं अन्वयव्यतिरेककरिकै यहभोगोंकाअनुभवही तिनभोगोंकीप्राप्तिकरणेहारे कर्मोंकेवृद्धिकाकारणहै ॥ और यहजीव जिनजिनभोगोंकूंअनुभवकरेहै ॥ तिनभोगोंविषे वैराग्यकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ किंतु दिनदिनविषे यहजीव तिनभोगोंविषेकुशलहोताजावैहै ॥ यहवार्त्ता योगभाष्यविषेभी कहीहै ॥ योगाभ्यासमनुविवर्द्धंतेकामःकौशलानिचेंद्रियाणां ॥ अर्थयह ॥ भोगोंकेअनुभवतैंअनंतर दिनदिनविषेकामना वृद्धिकूंप्राप्तहोतीजावैहैं ॥ तथा तिनभोगोंविषे इंद्रियोंकीकुशलताभी वृद्धिकूंप्राप्तहोतीजावैहै ॥ १ ॥ हेदेवतावो! अनेकभोगोंकेप्राप्तहुएभीकामना वृद्धिकूंहीप्राप्तहोवैहैं ॥ याअर्थविषे कामीपुरुष तथाबलवान्पुरुष तथाधनीपुरुषही दृष्टांतरूपहैं ॥ काहेतैं? यालोकविषे तेकामीबलवान्धनीपुरुष अनेकप्रकारकेभोगोंकूंप्राप्तहोइकै तिनभोगोंविषेकुशलहुए पुनःपुनः तिनभोगोंकीइच्छाकरतेहुए प्रतीतहोवैहैं ॥ यातैं यहजान्याजावैहै ॥ बहुतभोगोंकेप्राप्तहुए कामनाकीवृद्धिहीहोवैहै ॥ जैसे घृतकाष्ठादिकोंकेपावणेकरिकै अग्निकीवृद्धिहीहोवैहै ॥ हेदेवतावो! जैसे अनुभवकन्येहुएयहभोग स्वविषयकइच्छाकीउत्पत्तिद्वारा यदेहइंद्रियकर्मादिरूपसंसारकाकारणहोवैहैं ॥ तैसे अनुभवकूंप्राप्तहुए येदेहइंद्रियकर्मभी स्वविषयकइच्छाकीउत्पत्तिद्वारा यासंसारकेहीकारणहोवैहैं ॥ काहेतैं? यहजीवात्मा इच्छासंस्कारोंकरिकैयुक्त जिसजिसदेहादिकोंकूं रागपूर्वक सेवनकरेहै ॥ सोजीवात्मा ताइच्छासंस्कारोंकेवशतैं तिसीति

सीजातिवालेदेहादिकोंकूं अनेकवार प्राप्तहोवैहै ॥ हेदेवतावो! इसप्रकार देह इंद्रिय क्रिया भोग येचारों अनुभव इच्छा संस्कार यातीनोंकरिकैहीप्राप्तहोवैहैं ॥ यातें तेदेहादिक जन्मजन्मविषेवृद्धिकूंप्राप्तहुएभी यादेहतेंउत्तर पुनःयहहीदेहप्राप्तहोवैहै या प्रकारकेनियमकाविषयहोवैनहीं ॥ काहेतें? तिनदेहादिकोंकाकारणरूपजे अनुभवइच्छासंस्कारहैं ॥ तिनोंका कोईनियमहैनहीं तौ तिनोंकेदेहादिककार्योंकानियम किसप्रकारहोवैगा? किंतु सोनियमसंभवैनहीं ॥ और यहजीवात्मा इच्छासंस्कारोंकेवशतें पुनःतिसीजातिवालेदेहकूंप्राप्तहोवैहै ॥ याकहणेकातौ यहअभिप्रायहै ॥ याअनादिसंसारविषे याजीवनें पूर्वअनेकजातिवालेशरीरोंकाअनुभवकन्याहै ॥ तहां मरणकालविषे याजीवकूं पुण्यपापकर्मकेवशतें जिसजिसजातिवालेशरीरकेसंस्कार उद्बुद्धहोवैहैं ॥ मरणतेंउत्तर तिसीतिसीशरीरकूं यहजीव प्राप्तहोवैहै ॥ यहवार्त्ता याआत्मपुराणकेषष्ठेअध्यायविषे विस्तारतेंनिरूपणकरिआयेहैं ॥ हेदेवतावो! इंद्रिय क्रिया भोग यातीनोंकरिकैयुक्तजे जरायुज अंडज स्वेदज उद्भिज्ज येचारिप्रकारकेदेहहैं ॥ तेदेहतौ वटवृक्षकेसमानहैं ॥ और संस्कार वटबीजकेसमानहैं ॥ और तिनसर्वसंस्कारोंविषेस्थितजो सामान्यहै ॥ तासामान्यकूं वेदवेत्तापुरुष माया यानामकरिकैकथनकरेहैं ॥ कैसीहैसामाया? सर्वजगत्काकारणरूपहै ॥ तथा अनादिहै ॥ और हेदेवतावो! जैसे तिन वटबीजोंविषे तथाअंकुरोंविषे अनुगतजोसामान्यहै ॥ सोसामान्य नाशतेंरहितहै ॥ याकारणतेंही सोसामान्य कारणरूपहै ॥ और तासामान्यका विशेषरूपजेबीजअंकुरहैं ॥ तेबीजअंकुर तासामान्यरूपकारणतेंभिन्नहैंनहीं ॥ यातें सोसामान्य अद्वितीयरूपहै ॥ और परस्परकारणकार्यरूपकरिकैप्रसिद्ध जेबीजअंकुरहैं ॥ तेबीजअंकुरदोनों नाशवान्हैं ॥ तैसे कारणकार्यरूपकरिकैप्रसिद्धजे संस्कारदेहहैं ॥ तिनदोनोंकेनाशहुएभी सामाया नाशकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ और हेदेवतावो! जैसे तावटबीजतें वटवृक्ष उत्पन्नहोवैहै ॥ और तावटवृक्षतें पुनः बीजउत्पन्नहोवैहै ॥ और तिसबीजतें पुनः वटवृक्ष उत्पन्नहोवैहै ॥ इसप्रकार प्रवाहरूपकरिकै तिनदोनोंका परस्परकार्यकारणभावहोवैहै ॥ तैसे संस्कारोंतेंदेहहोवैहै ॥ तादेहतें पुनःसंस्कारउत्पन्नहोवैहैं ॥ तिनसंस्कारोंतें पुनःदेहहोवैहै ॥ इस प्रकार प्रवाहरूपकरिकै तिनदोनोंका परस्पर कार्यकारणभावहोवैहै ॥ और हेदेवतावो! जैसे कारणकार्यरूपकरिकैप्रसिद्धजे वट

बीज तथावृक्ष येदोनोंहैं ॥ तिनदोनोंविषे पृथिवीकेअवयव अनुगतहोवैहैं ॥ और तिनअवयवोंविषे पृथिवी अनुगतहोवैहै ॥ सा पृथिवी वटबीजके तथावटवृक्षके नाशहुएभी प्रलयअग्नितेंविना नाशकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ तैसे यादेहादिकोंविषे तथातिनदेहादिकों केकारणभूतसंस्कारादिकोंविषे अनुगतजामायाहै ॥ सामाया तिनदेहादिकोंकेनाशहुएभी ब्रह्मज्ञानरूपकालाग्नितेंविना नाशकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन्! जोमायाही सर्वकार्यरकणेविषेसमर्थहोवै तौब्रह्मकूं किसवासतेअंगीकारकरणा? याशंकाकीनिवृत्तिकरणेवासते मायाकास्वरूप तथाब्रह्मकास्वरूप भिन्नभिन्नकरिकैनिरूपणकरैहैं ॥ हेदेवतावो! सर्वकार्योंविषे तथासर्वकारणोंविषे अनुगतजोपरिणामभागहै ॥ तापरिणामभागकूं वेदवेत्तापुरुष माया यानामकरिकैकथनकरैहैं ॥ और तिनकार्यकारणदोनोंका तथातिनदोनोंविषेअनुगतपरिणामभागका प्रकाशकरणेहारा जोस्फुरणरूपसत्वस्तुहै ॥ तास्फुरणरूपसत्वस्तुकूं वेदवेत्तापुरुष ब्रह्म आत्मा यानामकरिकैकथनकरैहैं ॥ हेदेवतावो! यालोकविषे जितनेस्थूलसूक्ष्मपदार्थहैं ॥ तिनसर्वपदार्थोंविषे परिणामरूपकरिकैतौ मायाकाअनुगतपणा देखणेविषेआवैहै ॥ और सत्तारूपकरिकै ब्रह्मकाअनुगतपणा देखणेविषेआवैहै ॥ यातें सामाया तथाब्रह्म दोनोंजगत्केउपादानकारणहैं ॥ परंतु ब्रह्मतौ विवर्तउपादानकारणहै ॥ और माया परिणामीउपादानकारणहै ॥ अब माया ब्रह्म यादोनोंविषे स्पष्टकरिकै याजगत्कीकारणताका निरूपणकरैहैं ॥ हेदेवतावो! सर्वदाएकरूपसत्ताही जोकदाचित् यासर्वकार्योंविषे अनुगतहुईदिखाईदेवै तौ मायाकूं कारणरूपतानहींसिद्धहोवै ॥ परंतु याजगत्विषे केवलएकसत्ताकाहीअनुगतपणा दिखाइदेतानहीं ॥ किंतु सापरिणामरूपमायाभी अनुगतहुईप्रतीतहोवैहै ॥ और जोकदाचित् सापरिणामरूपमायाही केवल याजगत्विषेअनुगतहुईप्रतीतहोवै तौ तासत्तारूपब्रह्मकूं कारणतानहींसिद्धहोवै ॥ परंतु सापरिणामरूपमायाही केवल अनुगतहुईप्रतीतहोवैनहीं ॥ किंतु सोब्रह्मभी आपणेसत्तारूपकरिकै सर्वत्रअनुगतहुआप्रतीतहोवैहै ॥ यातें सोसत्तारूपब्रह्म तथामाया दोनोंही याजगत्काकारणहैं ॥ तापरिणामसामान्यरूपमायाका तथास्फुरणरूपसत्ब्रह्मका परस्परभेद विद्वान्पुरुषोंनें कथनकऱ्याहै ॥ यातें याजगत्कीकारणताविषे तामायाकीन्यांई ब्रह्मकूंभीअवश्यअंगीकारकऱ्याचाहिये ॥

अब जडविकारोंका ताकारणरूपमायाकेस्वरूपतें अभेद निरूपणकरेहैं ॥ हेदेवतावो! जैसे सर्ववटबीजोंविषेअनुगत जोसामा न्यहै ॥ सोसामान्य सर्वबीजोंविषे अनुगतसत्तारूपब्रह्मकाशक्तिरूपहुआ आपणेस्वरूपतेंअभिन्न नानाप्रकारकेवटवृक्षोंकूंउत्पन्नक रेहै ॥ तैसे ब्रह्मकीशक्तिरूप सापरिणामरूपमायाभी देहादिरूपअनेकविश्वकूंउत्पन्नकरेहै ॥ कैसाहैसोविश्व ? ताकारणरूपमाया तेंअभिन्नहै ॥ तथा बीजअंकुरकीन्यांई परस्पर कार्यकारणरूपहै ॥ अब परस्पर व्याप्यव्यापकरूपकरिकैस्थित जेमायाकेतीन स्वरूपहैं तिनोंकानिरूपणकरेहैं ॥ हेदेवतावो! जैसे एकएकवटवृक्षविषेअनुगत कार्यशक्तिनामासामान्य भिन्नहै ॥ और एकए कवटबीजविषे अनुगत कारणशक्तिनामासामान्य भिन्नहै ॥ और वटवृक्ष तथावटबीज यादोनोंविषे समानरूपकरिकैअनुगत जो पृथिवीरूपसामान्यहै ॥ सो तृतीयसामान्यहै ॥ तहां जैसे वटवृक्ष तथावटबीज येदोनों परस्पर कारणरूपहैं ॥ तैसे तिनदोनोंवि षेअनुगतजो तीसरापृथिवीरूपसामान्यहै ॥ सोपृथिवीरूपसामान्यभी तिनदोनोंकाकारणरूपहै ॥ यातें सोतीसरासामान्यव्यर्थ नहींहै ॥ यातें यहअर्थसिद्धभया ॥ जैसे सोपृथिवीरूपसामान्य वटबीजोंकेसंबंधकरिकै तथावटवृक्षोंकेसंबंधकरिकैतौ दोप्रकार काहुआ स्थितहोवैहै ॥ और वटबीज वटवृक्ष यादोनोंविषेअनुगतरूपताकरिकै सोसामान्य एकरूपहुआ स्थितहोवैहै ॥ तैसे सामायारूपशक्तिभी कार्यकेसंबंधकरिकै तथाकारणकेसंबंधकरिकैतौ दोप्रकारकीहुई स्थितहोवैहै ॥ और सर्वकार्य तथासर्वकारण यादोनोंविषेअनुगतहुईसामायाशक्ति एकरूपहुई स्थितहोवैहै ॥ हेदेवतावो! यहमाया यद्यपि व्यापकरूपकरिकैएकहीहै ॥ तथा पि यहमाया कार्यविषे तथाकारणविषे व्याप्तहोइकैस्थितहोवैहै ॥ याकारणतें सामाया भिन्नहुएकीन्यांई स्थितहोवैहै ॥ तहां सा एकहीमाया कार्यावच्छिन्नशक्तिरूपकरिकैतौ जीवकेभेदकाकारणहै ॥ और कारणावच्छिन्नशक्तिरूपकरिकै ईश्वरकेभेदकाकारणहै ॥ हेदेवतावो! जैसे एकहीभूमि घटरूपकूं तथागृहरूपकूं प्राप्तहोइकै घटाकाश गृहाकाश यादोनोंकेभेदकाहेतुहोवैहै ॥ तैसे यहएक हीमाया आपणेकार्यकारणदोनोंरूपकरिकै जीवईश्वरदोनोंकेभेदकाकारणहोवैहै ॥ और हेदेवतावो! जैसे साएकहीभूमि इला धात्री कुः पृथिवी धरणी क्षमा इत्यादिकअनेकनामोंकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे सापरिणामरूपएकहीमाया शक्ति दुर्भणा अविद्या

तम मोह अज्ञान भ्रांति विपर्यय सनातनी इत्यादिकअनेकनामोंकूंप्राप्तहोवैहै ॥ अब तामायाकेचित्रत्वादिकविशेषणोंका निरूपणकरेहैं ॥ हेदेवतावो ! साजीवईश्वरकेभेदकरणेहारी परिणामसामान्यरूपमाया अत्यंतअद्भुतशरीरवालीहै ॥ तथा नानाप्रकारकेसंस्काररूपचित्रोंकरिकैयुक्तहै ॥ और जैसे रजकपुरुष वस्त्रोंकूं नानाप्रकारकेनीलपीतादिकचित्रोंकरिकैयुक्तकरेहै ॥ तैसे यह मायाभी याविचित्रप्रपंचकूं आपणेसंस्काररूपचित्रोंकरिकैउत्पन्नकरेहै ॥ अब तामायाकीदृढता वर्णनकरेहैं ॥ हेदेवतावो ! यहमाया आत्मज्ञानतैंविना नाशतेंरहितहोणेतें दृढकहीजावैहै ॥ काहेतें ? सर्वजगत्‌तैंउत्कृष्टजोईश्वरहै सोईश्वरभी यामायाकूं नाशकरिसकैनहीं ॥ जिसवासते सोईश्वर यामायाकृतबलकरिकैयुक्तहुआही याजगत्‌कीउत्पत्तिस्थितिलयकरणेकीसामर्थ्यरूपईश्वरताकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तामायातैंविना सोईश्वरपणा सिद्धहोवैनहीं ॥ ऐसीउपकारकरणेहारीमायाकूं सोईश्वर किसप्रकारनाशकरैगा ? किंतु सोईश्वर तामायाकूंनाशकरैनहीं ॥ हेदेवतावो ! यालोकविषे जेशास्त्रवेत्तापुरुषहैं ॥ तेशास्त्रवेत्तापुरुष यद्यपि यामायाकूंअनर्थकाकारणजानिकै नाशकरणेविषे समर्थहैं ॥ तथापि यामायानैं आपणेप्रभावतें तिनशास्त्रवेत्तापुरुषोंकेबुद्धिकूं स्त्रीपुत्रधनादिकविषयोंविषे तत्परकरिराख्याहै ॥ यातैं तेशास्त्रवेत्तापुरुषभी यामायाकूंनाशकरिसकतेनहीं ॥ अब याहीअर्थकेस्पष्टकरणेवासते यामायाकूं महाअटवीरूपकरिकैवर्णनकरेहैं ॥ महान्‌वनकानाम महाअटवीहै ॥ हेदेवतावो ! यहमायारूपमहाअटवी नानाप्रकारकेचिदाभासरूपजीवोंकरिकैव्याप्तहै ॥ तथा पंचमहाभूतरूपवृक्षोंकरिकैपरिपूर्णहै ॥ तथा विषयोंविषेरागरूपजेस्नेहहैं ॥ तिनस्नेहरूपमूलोंकरिकैयुक्तहै ॥ तथा नानाप्रकारकेदुःखरूपफलोंकरिकैयुक्तहै ॥ तथा पुत्रस्त्रीआदिरूपपुष्पोंकरिकैयुक्तहै ॥ तथा मातापितादिरूपपल्लवोंकरिकैयुक्तहै ॥ तथा बांधवरूपीशाखावोंकरिकैयुक्तहै ॥ तथा मेरेकूंयहसुखप्राप्तहोवैगा याप्रकारकीदीर्घआशारूपबीजोंकरिकैयुक्तहै ॥ तथा मृत्युरूपदावाग्निकरिकैयुक्तहै ॥ और तामायारूपमहाअटवीकूंनाशकरणेहारी जाशमदमादिरूप विवेकराजाकीसेनाहै ॥ ताशमदमादिरूपसेनाकूंभक्षणकरणेहारीजा कामक्रोधादिरूप महामोहराजाकीसेनाहै ॥ तिनकामक्रोधादिरूपसिंहोंकरिकैपूर्णहै ॥ तथा दुर्जनपुरुषरूपीसर्पकंटकोंकरिकैयुक्तहै ॥ तथा नारीरूपपिशाचोंकरिकैयुक्तहै ॥ तथा जन्ममरणादिकवृश्चिकोंकरिकैयु

क्तहै ॥ ऐसीमायारूपमहाअटवीकूं यद्यपि शास्त्रवेत्तापुरुष ध्यानयोगादिकउपायोंकरिकै नाशकरणेविषेसमर्थहैं ॥ तथापि यामाया रूपअटवीनैं तेशास्त्रवेत्तापुरुष स्त्रीपुत्रादिकोंकेदीनताकूंप्राप्तकरेहैं ॥ यातैं तेशास्त्रवेत्तापुरुषभी यामायारूपमहाअटवीकूंनाशकरणे विषेसमर्थहोतेनहीं ॥ हेदेवतावो! भद्र मंद्र मृग याभेदकरिकै तीनप्रकारकेहस्तीहोवैहैं ॥ तिनतीनोंप्रकारकेहस्तियोंविषे भद्रजाति वालाहस्ती महाबलवान्होवैहै॥ तथा श्रेष्ठलक्षणोंकरिकैयुक्तहोवैहै ॥ तथा सर्वतैंनिर्भयहोवैहै ॥ सोभद्रजातिवालाहस्ती जैसे महान् वनकेनाशकरणेविषेसमर्थहोवैहै ॥ तैसे यहब्रह्मवेत्तारूपभद्रहस्तीभी यामायारूपमहाअटवीकेनाशकरणेविषे समर्थहोवैहै ॥ परंतु ऐसाब्रह्मवेत्तापुरुष यालोकविषे कोईविरलाहीहोवैहै ॥ याकारणतैं शास्त्रवेत्तापुरुष यामायाकूं दृढा यानामकरिकैकथनकरेहैं ॥ अब तामायाके बहुअंकुरत्व गुणभिन्नत्व सर्वत्रब्रह्मादिव्याप्तत्व यातीनधर्मोंकानिरूपणकरेहैं ॥ हेदेवतावो! नानाप्रकारकेभावीशरीरों कीप्राप्तिकरणेहारी जेमरणकालकीअनेकवासनाहैं ॥ तावासनारूपअंकुरोंकरिकै सामायारूपअटवीयुक्तहै ॥ तथा सत्व रज तम यात्रिगुणात्मकपदार्थोंकरिकै नानाप्रकारकीहुई स्थितहै ॥ हेदेवतावो! जैसे यालोकप्रसिद्धमहान्वनविषे केईकमहान्वृक्षहोवै हैं ॥ तैसे यामायारूपमहाअटवीविषे ब्रह्मा विष्णु शिव येतीन महान्वृक्षस्थितहैं ॥ कैसेहैंतेवृक्ष? ॥ सर्वत्रव्यापकहैं ॥ तथा अनेकप्रकारकेफलोंकीप्राप्तिकरिकै यासर्वजीवोंकूं आनंदकीप्राप्तिकरणेहारेहैं ॥ और यामायारूपमहाअटवीतैंबाह्यनिकसणेविषे समर्थ जोविद्वान्रूपभद्रहस्तीहै ॥ सोब्रह्मवेत्तारूपभद्रहस्ती जोकदाचित् कामक्रोधादिरूपसिंहोंतैं तथामृत्युरूपदावाग्नितैं भय भीतहुआभागै तौ सोब्रह्मवेत्तारूपभद्रहस्ती ब्रह्मा विष्णु शिव यातीनवृक्षोंविषे किसीएकवृक्षकूंआश्रयणकरै ॥ तहां तिनब्रह्मा दिकदेवतावोंकीजोउपासनाकरणीहै यहही तिनोंकाआश्रयणकरणाहै ॥ तिनब्रह्मादिकवृक्षोंकेआश्रयणकरणेकेप्रभावतैं यहविद्वान् पुरुष तिनकामक्रोधादिजन्यसर्वतापोंतैंरहितहोवैहै ॥ हेदेवतावो! अद्वितीयरूप जेयेब्रह्मादिकतीनवृक्षहैं ॥ तिनब्रह्मादिकतीन वृक्षोंविषे यहकामक्रोधादिकसिंह तथामृत्युरूपदावाग्नि तथादेहाभिमानीदुर्जनमनुष्य येसर्व प्रवेशकरणेविषेसमर्थहोवैंनहीं ॥ का हेतैं? देशकालवस्तुपरिच्छेदतैंरहित जोतिनब्रह्मादिकदेवतावोंकास्वरूपहै ॥ तापरिपूर्णस्वरूपतैं यहपरिच्छिन्नकामक्रोधादिक सर्वदा

भयकूंहीप्राप्तहोवैहै ॥ याकारणतैं तिनब्रह्मादिकवृक्षोंकेसमीपजाइसकैनहीं ॥ हेदेवतावो! जैसे लोकप्रसिद्धवृक्षोंऊपरिलताहोवै
है ॥ तैसे ब्रह्मारूपवृक्षविषेतौ सरस्वतीरूपलताहै ॥ और विष्णुरूपवृक्षविषे लक्ष्मीरूपलताहै ॥ और शिवरूपवृक्षविषे भवानीरूपल
ताहै ॥ और ब्रह्मारूपवृक्षतौ सुवर्णकेसमानवर्णवालाहै ॥ और विष्णुरूपवृक्ष तमालकीन्यांई श्यामवर्णवालाहै ॥ और शिवरूपवृ
क्ष क्षीरकेसमानशुक्लवर्णवालाहै ॥ तेब्रह्मादिकतीनोंवृक्ष देखणेहारेपुरुषोंकेमनकूं तथानेत्रोंकूं आनंदकीप्राप्तिकरणेहारेहैं ॥ और
ताब्रह्मारूपवृक्षकीलतारूपसरस्वतीतौ श्वेतवर्णवालीहै ॥ और विष्णुरूपवृक्षकीलतारूपलक्ष्मी पीतवर्णवालीहै ॥ और शिवरू
पवृक्षकीलतारूपभवानी श्यामवर्णवालीहै ॥ और हेदेवतावो! ब्रह्मा विष्णु शिव येतीनवृक्ष तथा सरस्वती लक्ष्मी भवानी
येतीनलता निर्विशेषरूपकरिकैतौ सर्ववर्णोंतैंरहितहैं ॥ और सर्वविश्वरूपहोणेतैं सर्ववर्णवालेभीहैं ॥ और दंभयुक्तपुरुषोंकेप्र
तितौ फलतैंरहितहैं ॥ और शरणागतभक्तजनोंकेप्रति नानाप्रकारकेफलोंसहितहैं ॥ और अनादिहोणेतैंतौ बीजतैंरहितहैं ॥
और मंत्ररूपबीजवालेहोणेतैं सबीजहैं ॥ तथा आदिअंततैंरहितहैं ॥ तथा सर्वप्रपंचकाबीजरूपहैं ॥ तथा नित्यहैं ॥ पुनःकैसे
हैंतेब्रह्मादिकवृक्ष? आपणेआश्रितभक्तजनोंके संसारतापकीनिवृत्तिकरणेहारेहैं ॥ तथा मनवांछितरूपोंकूंधारणकरणेहारेहैं ॥
तथा महान्पदार्थोंकीगिणतिविषे अत्यंतमहान्हैं ॥ तथा सूक्ष्मपदार्थोंकीगिणतिविषे अत्यंतसूक्ष्महैं ॥ हेदेवतावो! यद्यपि यह
अविद्यारूपमहाअटवी याजीवोंकूं महान्दुःखोंकीप्राप्तिकरेहै ॥ तथापि जिसब्रह्मवेत्तारूपभद्रहस्तीनैं याब्रह्मादिरूपवृक्षोंकेछाया
कूंआश्रयणकर्‍याहै ॥ ताब्रह्मवेत्तापुरुषकूं साअविद्यारूपमहाअटवी दुःखकीप्राप्तिकरैनहीं ॥ हेदेवतावो! यहलतावोंसहितब्रह्मा
दिकवृक्ष आपणेचैतन्यरूपप्रकाशकरिकै प्रकाशमानहुए सर्वजगत्कूंप्रकाशकरेहैं ॥ यातैं तिनस्वयंप्रकाशरूपवृक्षोंकेशरणकूंप्रा
प्तहुआ यहपुरुष अज्ञानरूपअंधकारतैंरहितहोवैहै ॥ हेदेवतावो! येब्रह्मादिकतीनवृक्ष स्वभावतैंतौ स्वप्रकाशरूपहैं ॥ तथा आनं
दस्वरूपहैं ॥ परंतु पुरुषोंकीभावनाकेअनुसार जंगमरूपहोवैहैं ॥ तथा स्थावररूपहोवैहैं ॥ और धर्म अर्थ काम मोक्ष याचारिप्र
कारकेपुरुषार्थोंकेप्राप्तिकीइच्छाकरिकै आराधनकरणेहारेजेभक्तजनहैं ॥ तिनभक्तजनोंकेप्रति ताचारिप्रकारकेपुरुषार्थोंकीप्राप्ति

करणेहारेहैं ॥ हेदेवतावो! याब्रह्मादिकतीनवृक्षोंकूं तथासरस्वतीआदिकतीनलतावोंकूं जोपुरुष श्रद्धाभक्तिपूर्वक आश्रयणकरेहै ॥
सोपुरुष कदाचित्भी दुःखकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ याकारणतें वेदवेत्तापुरुष तिनब्रह्मादिकतीनवृक्षोंकूं कल्पवृक्ष यानामकरिकेंकथनकरे
हैं ॥ और तिनसरस्वतीआदिकतीनलतावोंकूं कल्पलता यानामकरिकेंकथनकरेहैं ॥ यातें हेदेवतावो! यामायारूपमहाअटवीविषे
हैउत्पत्तिजिसकी तथाब्रह्मज्ञानरूपहैशुंढजिसका ऐसाजो यहब्रह्मवेत्तारूपभद्रहस्ती है॥ सोब्रह्मवेत्तारूपभद्रहस्ती यास्नेहरूपीदृढमू
लवालीअविद्यारूपमहाअटवीकूं अवश्यकरिकेंनाशकरै ॥ और सोब्रह्मवेत्तारूपभद्रहस्ती जबपर्यंत आपणेब्रह्मज्ञानरूपशुंढकूं बा
लभावकरिकें तथाकामक्रोधादिरूपसिंहकृतउपद्रवकरिकें दुर्बलदेखै ॥ तबपर्यंत सोब्रह्मवेत्तारूपहस्ती याब्रह्मादिकतीनवृक्षोंकूं आ
श्रयणकरिकेंस्थितहोवै ॥ तिनब्रह्मादिकवृक्षोंका कदाचित्भी परित्यागनहींकरै ॥ हेदेवतावो! यामायारूपमहाअटवीविषे यहब्रह्मा
विष्णुशिवरूपतीनवृक्ष यासर्वविश्वकूंव्याप्तकरिकेंरहेहैं ॥ और तिनोंकेस्वभावकाभी सर्वत्रअनुगतपणा प्रतीतहोवैहै ॥ याकारणतेंही
यहसर्वजगत् अधिदैव अध्यात्म अधिभूत यातीनरूपकरिकेंउत्पन्नहुआहै ॥ तहां सर्वजगत्विषे जोस्रष्टापणाहै सोब्रह्माकास्वभावहै ॥
और पालकत्वधर्म विष्णुकास्वभावहै ॥ और संहारकर्तृत्व रुद्रकास्वभावहै ॥ हेदेवतावो! जामाया ब्रह्मा विष्णु रुद्र यातीनोंकेसंबं
धकरिकें तथा सत्व रज तम यातीनोंगुणोंकरिकें तीनप्रकारकीहोवैहै ॥ तामायाकेसंबंधकरिकें यहआत्मादेवभी कर्त्ता पालक संह
र्ता यातीनरूपोंकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तथा जाग्रदादिकतीनअवस्थारूपसंसारविषे अहंममअभिमानकूंकरेहै ॥ और सोआत्मादेवही सम
ष्टिस्थूलउपाधिकेसंबंधतें विराट्संज्ञाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और समष्टिसूक्ष्मउपाधिकेसंबंधतें सोआत्मादेव हिरण्यगर्भसंज्ञाकूंप्राप्तहोवै
है ॥ और समष्टिकारणउपाधिकेसंबंधतें सोआत्मादेव ईश्वरसंज्ञाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ अब हिरण्यगर्भभगवान्विषे जीवरूपता तथाई
श्वररूपता सिद्धकरणेवासते ताहिरण्यगर्भकूं अध्यात्मअधिदैवरूपकरिकेंवर्णनकरेहैं ॥ हेदेवतावो! जिसहिरण्यगर्भभगवान्के ॥३०॥
विश्व तैजस प्राज्ञ येअध्यात्मतीनभेदहैं ॥ सोहिरण्यगर्भभगवान्ही समष्टिजाग्रत्विषेस्थितहुआ अधिदैवरूपविराट् कह्याजावै
है ॥ और व्यष्टिस्थूलशरीरोंकेअभिमानकरिकें सोहिरण्यगर्भभगवान् विश्वसंज्ञाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और विविधप्रकारतेंविराजमा

नहोणेतैं विराट्संज्ञाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और समष्टिसूक्ष्मविषे अहंअभिमानकरताहुआ सोआत्मादेव हिरण्यगर्भसंज्ञाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और तेजोप्रधानव्यष्टिसूक्ष्मशरीरकेअभिमानतैं सोआत्मादेव तैजससंज्ञाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और केवलअज्ञानविषे अहंअभिमान करताहुआ सोआत्मादेव निर्विक्षेपसाक्षीरूपज्ञानवालाहोणेतैं प्राज्ञसंज्ञाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तथा सर्वविश्वकाकारणहोणेतैं ईश्वरसंज्ञा कूंप्राप्तहोवैहै ॥ हेदेवतावो ! जोआत्मादेव अधिदैवमर्यादाविषे हिरण्यगर्भ यानामकरिकैकथनकऱ्याहै ॥ सोहिरण्यगर्भरूपआ त्मादेव यासर्वजगत्विषे अहंअभिमानकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जोकारणउपाधिवाला आत्मादेव अधिदैवईश्वररूपकरिकै कथनक ऱ्याहै ॥ सोईहीआत्मादेव यासर्वजगतकूं आपणीआपणी मर्यादाविषेस्थापनकरेहै ॥ याकारणतैं वेदवेत्तापुरुष ताआत्मादेवकूंनि यंता अंतर्यामी यानामकरिकैकथनकरेहै ॥ हेदेवतावो ! जैसे कारणउपाधिवालाईश्वर अध्यात्म अधिदैव अधिभूत यातीनरूपों करिकैस्थितहोवैहै ॥ तैसे यहकार्यउपाधिवाला हिरण्यगर्भनामाजीवभी सर्वत्रव्यापकहोणेतैं अध्यात्म अधिदैव अधिभूत यातीन रूपकरिकैस्थितहोवैहै ॥ और जैसे सोईश्वर स्वयंज्योतिआनंदस्वरूपहै ॥ तथा सर्वत्रव्यापकहै ॥ तैसे यहहिरण्यगर्भभी स्वयंज्यो तिआनंदस्वरूपहै ॥ तथा सर्वत्रव्यापकहै ॥ यातैं यहहिरण्यगर्भ ताईश्वररूपहीहै ॥ यद्यपि यहहिरण्यगर्भ क्रियाशक्तिरूपप्राणवा लाहै ॥ तथा ज्ञानशक्तिरूपबुद्धिवालाहै ॥ ईश्वर ताप्राणबुद्धिरूपउपाधिवालाहैनहीं ॥ यातैं तिनदोनोंकीविलक्षणताभी संभवैहै ॥ तथापि यहहिरण्यगर्भभगवान् स्वतःसिद्धज्ञानकरिकै आपणेस्वरूपकूं सर्वउपाधियोंतैंरहित निर्विशेषस्वरूपहीमानेहै ॥ यातैं या हिरण्यगर्भविषे ईश्वररूपता संभवहोइसकैहै ॥ हेदेवतावो ! जोचेतन मायारूपउपाधिकेसंबंधतैं ईश्वरसंज्ञाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ सोई श्वररूपचेतनही ज्ञानशक्तिरूप तथाक्रियाशक्तिरूप उपाधिवालाहुआ हिरण्यगर्भकह्याजावैहै ॥ जिसहिरण्यगर्भविषे मायाकरिकै कऱ्याहुआ अनेकप्रकारकाविक्षेप प्रतीतहोवैहै ॥ याकारणतैंभी सोहिरण्यगर्भ ईश्वररूपहीहै ॥ अब दोनोंउपाधियोंकेअभेदद्वारा भीतिनदोनोंकाअभेद निरूपणकरेहै ॥ हेदेवतावो ! सामायाही आत्माकूंआवरणकरतीहुई अविद्याकहीजावैहै ॥ जिसअविद्यारू पमायातैं ज्ञान क्रिया दोनोंकीउत्पत्तिहोवैहै ॥ तिनदोनोंकीउत्पत्तिकरिकै यासर्वजगत्कीउत्पत्तिहोवैहै ॥ काहेतैं ? पंचभूतोंसहित

प्राणबुद्धिआदिकजितनेकीपदार्थ विश्वशब्दकरिकैकथनकन्येजावैहैं ॥ तेसर्वपदार्थ ज्ञानक्रियाशक्तिरूपहीहैं ॥ ज्ञानकूं अथवाक्रि
याकूं नहींउत्पन्नकरताहुआ कोईभीपदार्थ देखणेविषेआवतानहीं ॥ और सर्वपरिणामोंविषेअनुगतजोसामान्यहै ॥ तासामान्यकूं
पूर्व अविद्या यानामकरिकैकथनकरिआयेहैं ॥ सामायारूपअविद्याही ईश्वरकीउपाधिहै ॥ और तासामान्यरूपमायाकाकार्यरूप
जोज्ञानक्रियाहै ॥ ताज्ञानक्रियाविषेअनुगतजोकार्यशक्तिहै ॥ साकार्यशक्ति हिरण्यगर्भकीउपाधिहै ॥ और यालोकविषे मृत्तिका
दिककारणोंका तथाघटादिककार्योंका अभेदहीदेखणेविषेआवैहै ॥ यातें तामायारूपईश्वरकेउपाधिका तथाकार्यशक्तिरूपहिरण्य
गर्भकेउपाधिका अभेदहीसिद्धहोवैहै ॥ तिनउपाधियोंकेअभेदहुए ताईश्वरहिरण्यगर्भकाभी अभेदहीसिद्धहोवैहै ॥ **शंका** ॥ हे
भगवन्! यापूर्वउक्तरीतिसैं हिरण्यगर्भकी परमात्माकेसाथ एकतासिद्धहुएभी व्यष्टिजीवोंकी तापरमात्माकेसाथ एकता किस
प्रकारसिद्धहोवैगी? ॥ **समाधान** ॥ हेदेवतावो! ताहिरण्यगर्भकाउपाधिरूप जोसमष्टिलिंगशरीरहै ॥ तालिंगशरीरकेतुल्यहै रू
पजिसका तथा नानासंस्कारोंकाआश्रयहोणेतें विचित्रहैरूपजिसका तथामायातैंहैउत्पत्तिजिसकी ऐसाजो अनेकप्रकारकालिंग
शरीरहै ॥ सोलिंगशरीर याव्यष्टिजीवोंका उपाधिरूपहै ॥ और जैसे वटवृक्षोंविषेस्थित तथावटबीजोंविषेस्थितजो जनकतारू
पसामान्यहै ॥ सोजनकतारूपसामान्य एकएकव्यक्तिविषे परिपूर्णतारूपकरिकैवर्तेहै ॥ तैसे यहअविद्यारूपमायाभी हिरण्यगर्भ
के समष्टिसूक्ष्मउपाधिविषे तथाजीवोंके ज्ञानक्रियाशक्तिरूपव्यष्टिउपाधिविषे परिपूर्णतारूपकरिकैवर्तेहै ॥ जैसे मृत्तिका आपणे
घटशरावादिकसर्वकार्योंविषे अनुगतहोइकैरहेहै तैसे यहईश्वरकीउपाधिरूपमायाभी अधिदैवअधिभूतरूपबाह्यप्रपंचविषे तथा
अध्यात्मरूपअंतरप्रपंचविषे अनुगतहोइकैरहेहै ॥ याकहणेतैंयहअर्थसिद्धभया ॥ व्यष्टिसमष्टिरूपसर्वउपाधियोंका सर्वशक्तिसंप
न्नमायाकेसाथतादात्म्यसंबंधहै ॥ यातैं तेसर्वउपाधियां सर्वरूपहैं ॥ यातैं जैसे उपाधियोंकेअभेदद्वारा ताहिरण्यगर्भका परमात्मा
केसाथअभेदहै ॥ तैसे तिनव्यष्टिजीवोंकाभी तापरमात्माकेसाथ अभेदहीहै ॥ तात्पर्ययह ॥ अविद्यारूपउपाधिविषे तथाउपहितचे
तनआत्माविषे जबी भेदसिद्धनहींभया ॥ तबी व्यष्टिजीवोंविषे तथाताजीवकीकार्यरूपउपाधिविषे सोभेद किसनिमित्तकरिकैसिद्ध

होवैगा ॥ किंतु किसीभीनिमित्तकरिकै सोभेद संभवैनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन् ! जोव्यष्टिसमष्टिका अभेदहीहोवै तौ व्यष्टिविषे परिच्छिन्नता किसवासतेप्रतीतहोवैहै ? ॥ समाधान ॥ हेदेवतावो ! जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति यातीनअवस्थावोंकूंप्राप्तहोणेहारेजे जरायुज अंडज स्वेदज उद्भिज्ज येचारिप्रकारकेजीवहैं ॥ तेसर्वजीव वास्तवतैं हिरण्यगर्भरूपईश्वरकेतुल्यरूपवालेहुए यद्यपि महान्पदार्थोंतैंभी अत्यंतमहान्हैं ॥ तथापि परिच्छिन्नबुद्धिआदिकोंकेयोगतैं तेजीव परिच्छिन्नहुएकीन्यांई प्रतीतहोवैहैं ॥ जैसे वास्तवतैंपरिपूर्णहुआभीआकाश घटमठादिकउपाधियोंकेसंबंधतैं घटाकाश मठाकाश इत्यादिकपरिच्छिन्नरूपकरिकैप्रतीतहोवैहै ॥ हेदेवतावो ! जोसत्चित्आनंदस्वरूपआत्मा हमनैं पूर्व तुमारेप्रति कथनकऱ्याथा ॥ सोईहीआत्मादेव हिरण्यगर्भरूपहोइकैस्थूलविराट्कूंउत्पन्नकरैहै ॥ तथा अग्निआदिकदेवतावोंसहित वाकादिकइंद्रियोंकूंउत्पन्नकरैहै ॥ तथा आकाशादिकपंचभूतोंकूं उत्पन्नकरैहै ॥ तथा अन्नमयादिकपंचकोशोंकूंउत्पन्नकरै है ॥ इसप्रकार सर्वजगत्कूंउत्पन्नकरिकै सोआत्मादेवही जीवरूपकरिकै याजगत्विषेप्रवेशकरताभयाहै ॥ ताप्रवेशतैंअनंतर तिनदेहादिकोंविषे अहंममअभिधानरूपकंचुककरिकै युक्तहुआ सोस्वयंज्योतिआनंदस्वरूपआत्मा वास्तवतैंसर्वज्ञहुआभीमूढकीन्यांई स्थितहोताभया ॥ तिसतैंअनंतर स्थूलादिकतीनशरीरोंविषेवर्तमानजे नानाप्रकारकेव्यवहारहैं ॥ तिनव्यवहारोंकूं साक्षीरूपकरिकैदेखताहुआभी तिनव्यवहारोंकूं आपणेआत्माविषेमानैहै ॥ हेदेवतावो ! वास्तवतैं जीवईश्वरादिकभेदतैंरहित जोआत्मादेवहै ॥ ताआत्मादेवविषे जोयहजीवईश्वरादिकभेद प्रतीतहोवैहै ॥ ताभेदविषे यहमायाहीकारणहै ॥ कैसीहैसामाया ? चेतनकेअधीनहै ॥ तथा अनादिहै ॥ तथा अधिष्ठानकीसत्तातैंभिन्नसत्तातैंरहित है ॥ तथा वास्तवतैं तुच्छरूपहै ॥ ऐसीमिथ्याभूतमायाकरिकै प्रतीतभयाजोजीवईश्वरादिकभेदहै ॥ सोभेदप्रपंचभी मिथ्याही है ॥ अब प्रपंचकेमिथ्यात्ववर्णनकरिकै आत्माविषेसिद्धभयेजे अद्वितीयत्वादिकलक्षण तिनोंकावर्णनकरैहैं ॥ हेदेवतावो ! सोभेद यातुच्छरूपमायाकाकार्यहै ॥ यातैं याआत्मादेवविषे सोकिंचित्मात्रभीभेदहैनहीं ॥ याकारणतैं वेदवेत्तापुरुष याआत्मादेवकूं अद्वितीय यानामकरिकैकथनकरैहैं ॥ हेदेवतावो ! जैसे स्वप्नअवस्थाविषे स्वप्नद्रष्टापुरुषनैं देख्याजो जीवईश्वरादिरूपअनेकप्र

कारकाभेदहै ॥ ताकल्पितभेदकरिकै तास्वप्नद्रष्टापुरुषका किंचित्मात्रभीभेदहोवैनहीं ॥ तैसे मायाकल्पितभेदकरिकै ताअद्विती
यआत्माविषे किंचित्मात्रभी द्वैतभावकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ हेदेवतावो ! याआत्माके जेसत्चित्आनंदस्वरूपहैं ॥ तिनसत्यादिक
स्वरूपोंकातौ परस्पर भेदसंभवैनहीं ॥ तथा पूर्वउक्तरीतिसैं कल्पितप्रपंचकाभी ताआत्माविषे भेदसंभवैनहीं ॥ याकारणतैं सो
आत्मादेव अद्वितीयरूपहै ॥ और यहआनंदस्वरूपआत्मा अद्वितीयरूपहै ॥ याकारणतैं यहआत्मादेव सत्यरूपहै ॥ और हेदेव
तावो ! किसीभीवादीनैं सत्ताकानाश अंगीकारकर्‌यानहीं ॥ किंतु सर्ववादी तासत्ताकूं नाशतैंरहितमानैहैं ॥ और जेनास्ति
कवादी सत्पदार्थकूं क्षणिकमानेहैं ॥ तेनास्तिकवादीभी तासत्ताकेआश्रयरूपपदार्थोंकूंही क्षणिकमानेहैं ॥ तिनसर्वपदार्थोंविषे
अनुगतसत्ताकूं क्षणिकमानैंनहीं ॥ यातैं नाशकेकारणोंतैंरहित तासत्तारूपआत्मादेवकूं वेदवेत्तापुरुष नित्य यानामकरिकैकथन
करेहैं ॥ और हेदेवतावो ! यालोकविषे जोजोपदार्थ जडतारूपकरिकै अशुद्धहोवैहै ॥ सोसोपदार्थही नाशकूंप्राप्तहोवैहै ॥ जैसे
घटादिकजडपदार्थ अशुद्धहोणेतैं नाशकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ और यहआत्मादेवतौ तिनजडघटादिकोंतैंविलक्षणचेतनरूपहै ॥ यातैं यह
आत्मादेव नाशकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ याकारणतैं वेदवेत्तापुरुष याआत्मादेवकूं शुद्ध यानामकरिकैकथनकरेहैं ॥ और हेदेवतावो ! य
हआनंदस्वरूपआत्मा आपणेस्वयंप्रकाशरूपकरिकै सर्वदा आपणेस्वरूपकूंअनुभवकरेहै ॥ यातैं यहआत्मादेव जडअशुद्धरूप जग
त्‌तैं विलक्षणहै ॥ याकारणतैं वेदवेत्तापुरुष याआत्मादेवकूं बुद्ध यानामकरिकैकथनकरेहैं ॥ और हेदेवतावो ! यालोकविषे जोजो
पदार्थ मिथ्यारूपहोवैहै ॥ सोसोपदार्थ आनंदतैंभिन्नहीहोवैहै ॥ जैसे मिथ्यारूपशुक्तिरजत आनंदतैंभिन्नहै ॥ और यहआत्मादेव
तौ स्वयंज्योतिरूपहोणेतैं तिनमिथ्यापदार्थोंतैंविलक्षण आनंदस्वरूपहै ॥ याकारणतैं वेदवेत्तापुरुष याआत्मादेवकूं सत्य यानाम
करिकैकथनकरेहैं ॥ और हेदेवतावो ! यालोकविषे जोजोपदार्थ सत्यहोवैहै ॥ सोसत्यपदार्थ आपणेविषेकल्पितमिथ्यापदार्थों
करिकै बंधायमानहोवैनहीं ॥ जैसे एकहीरज्जुविषे दोषयुक्तअनेकद्रष्टापुरुषोंनैं कल्पनाकर्‌येजेअनेकसर्पहैं ॥ तिनअनेकमिथ्या
सर्पोंकरिकै सासत्यरज्जु बंधायमानहोवैनहीं ॥ तैसे सोसत्यआत्माभी आपणेविषेकल्पितमिथ्याजगत्‌करिकै बंधायमानहोवै

नहीं ॥ याकारणतें वेदवेत्तापुरुष तासत्यआत्माकूं मुक्त यानामकरिकैकथनकरेहैं ॥ और हेदेवतावो! उत्पन्नहुएबंधका जोकार णहोवैहै ॥ ताकूं अंजनकहेहैं ॥ जैसे सर्पकेबंधनकाकारणहोणेतें रज्जु अंजनरूपहै॥ और याआत्मादेवविषे कदाचित्भी बंधहु आनहीं ॥ यातें याआत्मादेवविषे ताबंधकेनिवृत्तकरणेहारेसाधनोंका किंचित्मात्रभीउपयोगहैनहीं ॥ याकारणतें वेदवेत्तापुरुष यानित्यमुक्तआत्मादेवकूं निरंजन यानामकरिकैकथनकरेहैं ॥ और हेदेवतावो! यालोकविषे जोजोपदार्थ कार्यरूपहोवैहै ॥ सो सोपदार्थपरिच्छिन्नहोवैहै ॥ जैसे घटादिकपदार्थ कार्यरूपहोणेतें परिच्छिन्नहैं ॥ और यहआत्मादेव कार्यरूपहैनहीं ॥ यातें याआ त्मादेवविषे परिच्छिन्नरूपताभी संभवैनहीं ॥ याकारणतें वेदवेत्तापुरुष याआत्मादेवकूं विभु यानामकरिकैकथनकरे हैं ॥ और हे देवतावो! यालोकविषे जोजोपदार्थ अधिष्ठानहोवैहै ॥ सोसोपदार्थ आरोपितपदार्थोंतें उत्कृष्टहीहोवैहै ॥ जैसे रज्जुशुक्तिआदिक अधिष्ठानआरोपितसर्परजतादिकोंतें उत्कृष्टहैं ॥ और यहआनंदस्वरूपअद्वितीयआत्माभी यासर्वजगत्काअधिष्ठानरूपहै ॥ यातें यहआत्मादेव ताआरोपितजगत्तें उत्कृष्टहै ॥ याकारणतें वेदवेत्तापुरुष याआत्मादेवकूं पर यानामकरिकैकथनकरेहैं ॥ और हे देवतावो! जैसे बाह्यघटादिकपदार्थोंकीअपेक्षाकरिकै नेत्र अंतरहैं ॥ तैसे बुद्धिआदिकदृश्यपदार्थोंकीअपेक्षाकरिकै यहद्रष्टाआ त्मा सर्वतेंअंतरहै ॥ याकारणतें वेदवेत्तापुरुष याआत्मादेवकूं प्रत्यक् यानामकरिकैकथनकरेहैं ॥ और हेदेवतावो! जैसे नीलपी तादिकअनेकवर्णोंवालीगौवोंकाक्षीर मधुरतारूपकरिकै एकरसहोवैहै ॥ तैसे यहआत्मादेवभी सत्चित्आनंदस्वरूपकरिकैसर्वत्र परिपूर्णहै ॥ तथा तेसत्चित्आनंदरूपभी परस्परभेदतेंरहितहैं॥ याकारणतें वेदवेत्तापुरुष याआत्मादेवकूं एकरस यानामकरिकै कथनकरेहैं ॥ हेदेवतावो! यहआनंदस्वरूपआत्मादेव स्फुरणरूपहै ॥ यातें पूर्वउक्त अद्वितीय यानामतेंआदिलैके एकरस याना मपर्यंत सर्वनामोंकरिकै सोआत्मादेवही जान्याजावैहै ॥ तथा दृश्यपदार्थोंकूंविषयकरणेहारे जेस्फुरणरूपबोधहैं ॥ तिनबोधोंक रिकैभी सोआत्मादेवही जान्याजावैहै ॥ तथा प्रत्यक्षादिकसर्वप्रमाणोंकरिकैभी सोआत्मादेवही जान्याजावैहै ॥ अब याही अर्थकूं स्पष्टकरिकैनिरूपणकरेहैं ॥ हेदेवतावो! प्रमाज्ञानकाजोकरणहोवैहै ॥ तिसीकूंही सर्ववादी प्रमाणकहेहैं ॥ और

बहुतशास्त्रवालेतौ ताप्रमाज्ञानकूं स्फुरणरूपमानेहैं ॥ और कोईकशास्त्रवालेतौ तास्फुरणकाअभिव्यंजक जाअंतःकरणकीवृत्तिहै ॥ तावृत्तिकूंही प्रमाज्ञानमानेहैं ॥ तादोनोंप्रकारसैं तिनप्रमाणोंका स्फुरणकेसाथसंबंध अवश्यकरिकैहोवैहै ॥ और सर्वकालविषेवर्तमानजोस्फुरणहै ॥ सोस्फुरणही सत्तारूपहै ॥ यहवार्त्ता पूर्वकथनकरिआयेहैं ॥ यातैं सर्वबोधोंविषे सत्तारूपकरिकैभासमानजो स्फुरणहै ॥ सोस्फुरणही आवरणकीनिवृत्तिकरणेहारीवृत्तियोंकाविषयहै ॥ काहेतैं? सत्तामात्रंसर्वं॥ याश्रुतिनैं तासत्तारूपस्फुरणतैंभिन्नसर्ववस्तुवोंकाअभाव कथनकऱ्याहै ॥ यातैं तासत्तारूपस्फुरणतैंभिन्न घटपटादिकपदार्थोंविषे किसीभीज्ञानकूं नियमकरिकैप्रमाणरूपता अथवा अप्रमाणरूपता कहीजावैनहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ अयंघटः ॥ याप्रकारकाजोघटविषयकज्ञानहै ॥ सोज्ञान सर्वघटव्यक्तियोंकूंतौ विषयकरैनहीं ॥ किंतु किसीकघटविशेषकूंनहींविषयकरताहुआ किसीकघटविशेषकूंविषयकरैहै ॥ यातैं ताघटज्ञानविषे अर्थबोधकत्व तथाअर्थअबोधकत्व येदोनोंधर्मरहेहैं ॥ तहां अर्थबोधकत्वधर्मतौ प्रमाणरूपताका साधकहै ॥ और अर्थअबोधकत्वधर्म अप्रमाणरूपताका साधकहै ॥ तेदोनोंधर्म परस्परविरोधीहैं ॥ यातैं तिनज्ञानोंविषे नियमकरिकै प्रमाणरूपताका अथवा अप्रमाणरूपताका निश्चयहोणेदेवैनहीं ॥ यातैं जैसे मीमांसकोंकेमतविषे परस्परव्यभिचारी घटादिकव्यक्तियां घटादिकशब्दोंकावाच्यअर्थ होवैनहीं ॥ किंतु तिनघटादिकसर्वव्यक्तियोंविषेअनुगत जेघटत्वादिकजातियांहैं ॥ तेघटत्वादिकजातियांही तिनघटादिकपदोंकावाच्यअर्थहै ॥ तैसे सिद्धांतविषेभी परस्परव्यभिचारीघटादिकव्यक्तियां तिनज्ञानोंकाविषयनहीं हैं ॥ किंतु सर्वत्रअनुगतसत्तारूपस्फुरणही तिनज्ञानोंकाविषयहै ॥ किंवा जेप्रत्यक्षादिकप्रमाण जिसअर्थविषयक निश्चयरूपज्ञानकूं उत्पन्नकरेहैं ॥ तिसीअर्थविषे तिनप्रत्यक्षादिकोंकीप्रमाणरूपता सर्ववादियोंनैं अंगीकारकरीहै ॥ और घटोऽस्ति पटोऽस्ति इत्यादिक सर्वज्ञानोंविषे घटपटादिउपलक्षितसत्ताही प्रतीतहोवैहै ॥ यातैं सर्वलोकोंके प्रमारूपकरिकै तथाअप्रमारूपकरिकै प्रसिद्ध जितनेज्ञानहैं ॥ तेसर्वज्ञान तासत्तामात्रकूंहीविषयकरैहैं ॥ यातैं तिनसर्वबोधोंकूं तास्फुरणरूपसत्ताविषेही प्रमाणरूपताहै ॥ यहवार्त्ता वार्तिककार सुरेश्वराचार्यनैंभीकथनकरीहै ॥ तहांश्लोक ॥ ततोऽनुभवएवैको विषयोऽज्ञातलक्षणः ॥ अक्षादीनांस्वविषये

यत्रतेषाप्रमाणता ॥ अर्थयह ॥ स्फुरणरूपसत्ताही अज्ञानकाआश्रयविषयहोणेतैं प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंकाविषयहै ॥ जिसवासते तास्फुरणरूपसत्ताकेबोधनकरिकैही तिनप्रत्यक्षादिकोंकूं प्रमाणताकीप्राप्तिहोवैहै ॥ अनात्मपदार्थोंकेबोधनकरिकै तिनप्रत्यक्षादिकोंकूंप्रमाणताप्राप्तहोवैनहीं ॥ १ ॥ शंका ॥ हेभगवन्! घटोऽस्ति याज्ञानविषे जैसे सत्ताप्रतीतहोवैहै ॥ तैसे ताघटकेअसत्ताका अभावभी प्रतीतहोवैहै ॥ यातैं सोअसत्ताकाअभावही सर्वप्रमाणकाविषय किसवासतेनहींहोवै? ॥ समाधान ॥ हेदेवतावो! जेज्ञानविशेष असत्ताकेनिवृत्तिकूंबोधनकरेहैं ॥ तेज्ञानभी अंतविषेजाइकै तासत्वस्तुविषेहीसंबंधकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ तासत्वस्तुतैंविना दूसराकोईपदार्थ तिनज्ञानोंकाआश्रयहोइसकैनहीं ॥ किंतु सोसत्वस्तुही तिनज्ञानोंकाआश्रयहै ॥ तात्पर्ययह ॥ सत्अधिष्ठानतैं विना भ्रमहोवैनहीं ॥ और भ्रमकरिकेप्राप्तपदार्थकाही निषेधहोवैहै ॥ यहशास्त्रवेत्तापुरुषोंकासिद्धांतहै ॥ तासिद्धांतकूंअंगीकारकरिकै किसीसत्अधिष्ठानविषे ताअसत्ताकाआरोपणकरिकैनिषेधकरणाहोवैगा ॥ यातैं ताअसत्ताकीनिवृत्तितैंअनंतर तासत्अधिष्ठानकीस्फूर्तिकूं कौन निवारणकरैगा? किंतु ताअसत्ताकीनिवृत्तितैंअनंतर तासत्अधिष्ठानकीस्फूर्ति अवश्यकरिकैहोवैगी ॥ अब सर्वज्ञानोंका सत्वस्तुविषेपर्यवसान स्पष्टकरणेवासते सर्वत्र आधारकीअपेक्षाका वर्णनकरेहैं ॥ हेदेवतावो! असत्ताकूंप्रतिपादनकरणेहाराजो वंध्यापुत्रोनास्ति यहवचनहै ॥ तावचनविषेही प्रथम यहविचारकऱ्याचाहिये ॥ वंध्यापुत्रोनास्ति यावचनविषे आधारकावाचकजो कुत्र याप्रकारकाशब्दहै ताकुत्रशब्दकीअपेक्षाहै अथवा नहींहै? तहां दूसरापक्ष जोवादी अंगीकारकरै ॥ सो संभवतानहीं ॥ काहेतैं? तावचनविषे आधारवाचकपदकीअपेक्षा हमसर्वलोकोंकूं अत्यंतस्पष्ट प्रतीतहोवैहै ॥ तासर्वअनुभवसिद्धअर्थकेनहींअंगीकारकरणेविषे तावादीका केवलहठमात्रहीहै ॥ और वंध्यापुत्रोनास्ति यावचनविषे आधारकेवाचककुत्रशब्दकीअपेक्षाहै यहप्रथमपक्ष जोवादी अंगीकारकरै तौ परिशेषतैं तासत्ताकीहीसिद्धिहोवैहै ॥ काहेतैं? वंध्यापुत्रोनास्ति यावचनकूंअपेक्षितजो आधारकारूपकुत्रशब्दहै ॥ ताकुत्रशब्दका लोकविषेअप्रसिद्धहोणेतैं जोअद्भुतअर्थ प्रतीतहोवैहै ॥ सोअर्थ परिशेषतैं स[illegible] ऐसासत्ता? सर्वपदार्थोंकूं आपणेविषे आश्रयदेणेहारीहै ॥ तात्पर्ययह ॥ भूतलेघटोऽस्ति इत्यादिकस्थलोंविषे

तलादिक घटादिकोंकाआधाररूपकरिकैप्रतीतहोवैहैं ॥ तहांतौ तिनभूतलादिकोंकाआधाररूपकरिकै ता सत्ताकीप्रतीति ॥ और जहां वंध्यापुत्रोनास्ति इत्यादिकस्थलोंविषे कोईलोकप्रसिद्धआधारसंभवैनहीं ॥ तहांतौ साक्षात् सत्ताकीहीआधाररूपकरिकै प्रतीतिहोवैहै ॥ यातैं यहअर्थसिद्धभया ॥ घटोऽस्ति पटोऽस्ति इसतैंआदिलैकेजितनेज्ञानहैं ॥ ते सर्वज्ञान सत्वस्तुविषेस्थितिकूंप्राप्तहुएही प्रमाणरूपहोवैहैं ॥ और सासत्वस्तु आत्मस्वरूपहीहै ॥ यहवार्त्ता पूर्वकथनकरिआये हैं ॥ यातैं तेसर्वज्ञान आत्माविषेही प्रमाणरूपहैं ॥ हेदेवतावो! यादेहतैंआदिलैके जितनाभूतभौतिकरूपद्वैतप्रपंचहै ॥ सो द्वैतप्रपंच जिससत्तारूपअधिष्ठानविषे कल्पितहै ॥ सोसत्तारूपअधिष्ठानही परमार्थतैं सत्यरूपहै ॥ और सोसत्तारूपअधिष्ठान सर्वभेदतैंरहितहोणेतैं ब्रह्मआत्मारूपहै ॥ तथा सत्‌चित्‌आनंदस्वरूपहै ॥ यहवार्त्ता हम पूर्वतुमारेप्रति कथनकरिआयेहैं ॥ हेदेवतावो! जोपुरुष तासत्तासामान्यदृष्टिकूंअंगीकारकरिकै स्थितहोवैहै ॥ ताविद्वान्‌पुरुषकूं याद्वैतप्रपंचकाअनुभवहोवैनहीं ॥ यातैं सोसर्वकाअधिष्ठानरूपसत्‌ब्रह्म अद्वितीयरूपहीसिद्धहोवैहै ॥ शंका ॥ हेभगवन्! याप्रत्यक्षसिद्धद्वैतप्रपंचकेविरोधहोणेतैं ताअद्वैतकी सिद्धि किसप्रकारहोवैगी? ॥ समाधान ॥ हेदेवतावो! एकदेशविषे तथाएककालविषे वर्तमानपदार्थोंकाही परस्परविरोधहोवैहै ॥ भिन्नदेशविषे तथाभिन्नकालविषे वर्तमानपदार्थोंका परस्पर विरोधसंभवैनहीं ॥ सोइहांप्रसंगविषे अद्वैतकीप्रतीति तथाद्वैतकीप्रतीति येदोनों एकदेशविषे तथाएककालविषेवर्तैनहीं ॥ किंतु तेदोनों भिन्नभिन्नदेशकालविषे वर्तैहैं ॥ यातैं तिनदोनोंका परस्पर विरोधसंभवैनहीं ॥ हेदेवतावो! जिनअज्ञानीपुरुषोंकूं अद्वैतकाअनुभवनहींहै ॥ तिनअज्ञानीपुरुषोंनैं देख्याजोद्वैतप्रपंचहै ॥ सोद्वैतप्रपंच ताअद्वितीयरूपअधिकरणविषे कदाचित्‌भी संबंधकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ और जिनविद्वान्‌पुरुषोंकूं ताअद्वितीयवस्तुकाअनुभवहै ॥ तिनविद्वान्‌पुरुषोंकेमतविषेभी ताअद्वितीयवस्तुरूपअधिकरणविषे यहद्वैतप्रपंच कदाचित्‌भी संबंधकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ यातैं भिन्नदेशकालवृत्तिहोणेतैं ताअद्वैतकेसाथ याद्वैतकाविरोधसंभवैनहीं ॥ यातैं पूर्वकथनकऱ्याजो अद्वैतविषेद्वैतप्रपंचकाअभाव सोसंभवहोइसकैहै ॥ हेदेवतावो! जोकदाचित् किसीअज्ञानीपुरुषोंकूं याद्वैतप्रपंचकाअनुभवहोताहोवै तौ निःशंकहोवै ॥ ताभ्रांतपुरुषोंके

अनुभवसिद्धद्वैतप्रपंचकरिकै हमविद्वान्पुरुषोंकेअनुभवसिद्धअद्वैतकी किंचित्मात्रभीहानिहोवैनहीं ॥ काहेतें ? सोमिथ्याद्वैत अधिष्ठानवस्तुकूं स्पर्शकरतानहीं ॥ तथा सोद्वैतप्रपंच अविचारकरिकैही प्रतीतहोवैहै ॥ विचारकूंसहारिसकैनहीं यातें सोद्वैतप्रपंचमायामयहै ॥ मायामयहोणेतैंही सोद्वैतप्रपंच अद्वितीयअधिष्ठानविषेकल्पितहै ॥ ताकल्पितद्वैतकरिकै वास्तवअद्वैतकीहानिहोवैनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन् ! ताकल्पितद्वैतप्रपंचकरिकैतौ अद्वैतकीहानि मतहोवै ॥ तथापि ताकल्पितद्वैतकेअभावकरिकै ताअद्वैतकी हानिहोवैगी ॥ समाधान ॥ हेदेवतावो ! जैसे कल्पितद्वैतप्रपंच ताअद्वितीयकीहानिकरैनहीं ॥ तैसे ताकल्पितद्वैतकाअभावभी ताअद्वितीयकीहानिकरैनहीं ॥ काहेतें ? वेदांतसिद्धांतविषे कल्पितवस्तुकाअभाव अधिष्ठानस्वरूपहीहोवैहै ॥ अधिष्ठानतेंभिन्नहोवैनहीं ॥ जैसे कल्पितसर्पकाअभाव रज्जुरूपअधिष्ठानस्वरूपहीहोवैहै ॥ तैसे याआकाशादिककल्पितप्रपंचकाअभावभी अधिष्ठानस्वरूपहीहोवैहै ॥ और याकल्पितप्रपंचका तथाताप्रपंचकेअभावका अद्वितीयआत्माही अधिष्ठानहै ॥ यातें सोकल्पितद्वैतप्रपंचकाअभाव आपणेस्वरूपभूतअद्वितीयआत्माकीहानिकरिसकैनहीं ॥ हेदेवतावो ! याशुद्धआत्मादेवविषे यहद्वैतप्रपंच पूर्वकबीहुआनहीं ॥ और आगेकबीहोवैगानहीं ॥ और अबीभीहैनहीं ॥ याकारणतें वेदवेत्तापुरुष याआत्मादेवकूं अद्वैत यानामकरिकै कथनकरैहैं ॥ हेदेवतावो ! जैसे आकाशविषे गंधर्वनगर कल्पितहोवैहै ॥ तैसे याआनंदस्वरूपआत्माविषे यहद्वैतप्रपंच कल्पितहै ॥ यातें ताकल्पितद्वैतकरिकै आत्माकेअद्वितीयरूपताकीहानिहोवैनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन् ! याकल्पितप्रपंचकरिकै ताआत्मादेवविषे द्वैतमतहोवै ॥ तथापि यासर्वप्रपंचकाकारणरूपजोमायाहै ॥ तामायाकरिकै ताआत्मादेवविषे द्वैतभावकीप्राप्तिहोवैगी ॥ समाधान ॥ हेदेवतावो ! यहआनंदस्वरूपआत्मा सर्वद्वैततैंरहितहै ॥ तथा बुद्धिआदिकसर्वजगत्कासाक्षीरूपहै ॥ तथा जन्ममरणादिकसर्वविकारोंतें रहितहै ॥ तथा सूर्यभगवान्कीन्यांई प्रकाशमान्है ॥ ऐसेआत्मादेवविषे सूर्यविषेअंधकारकीन्यांई यहतमरूपअविद्या संभवतीनहीं ॥ किंतु तास्वयंज्योतिरूप [illegible]केप्रभावतें यहअविद्यारूपमाया आपहीनिवृत्तहोइजावैहै ॥ यातें तास्वयंज्योतिआत्माविषे जोमायाकीस्थि[illegible]मायादृष्टिकरिकैहीहै ॥ वास्तवदृष्टिकरिकै तामायाकीस्थितिहोवैनहीं ॥ हेदेवतावो ! जैसे प्रकाशमान्सूर्यविषे

कन्याजोअंधकाररूपतमहै ॥ सोतम ताघूकादिकल्पिततमकेबलतैंही सिद्धहोवैहै ॥ सूर्यकेतेजकरिकै तातम
की सिद्धिहोवैनहीं जिसवासते तेजका तथातमका परस्पर अत्यंतविरोधहै ॥ तैसे अद्वितीयस्वयंज्योतिआत्माविषे अज्ञानीपुरुषों
नें कल्पनाकरीजाअविद्यारूपमायाहै ॥ साअविद्यारूपमायाभी तामायाकरिकैही सिद्धहोवैहै ॥ किसीप्रमाणकरिकै तामायाकीसिद्धि
होवैनहीं ॥ हेदेवतावो ! वास्तवतें कार्यसहितमायातैंरहित जोआनंदस्वरूपआत्माहै ॥ ताआत्मादेवविषे जैसे यहमायाकाकार्यरूप
प्रपंच कल्पितहै ॥ तैसे साजडमायाभी कल्पितहै ॥ तापरमात्मादेवतें यहकार्यसहितमाया भिन्नसत्तावालीनहींहै ॥ इतनेकरिकै सर्व
द्वैतप्रपंचविषे कल्पितरूपता निरूपणकरी ॥ अब ॥ योऽयंचौरःसस्थाणुरेव॥ याप्रकार बाधसामानाधिकरण्यकरिकै यासर्वजगत्‌वि
षेपरमेश्वरदृष्टिकानिरूपणकरैहैं ॥ हेदेवतावो ! पूर्वहमनें तुमारेप्रति जोस्वयंज्योतिपरमात्मादेव सत्‌चित्‌आनंदस्वरूपकरिकैकथन
कन्याहै ॥ सोपरमात्मादेवही तामायासहित यासर्वविश्वरूपहै ॥ तथा ब्रह्मा विष्णु शिव इंद्र इसतैंआदिलैके जितनायहस्थावर
जंगमरूपजगत्‌है ॥ तासर्वजगत्‌रूपभी सोपरमात्मादेवहीहै ॥ हेदेवतावो ! ऐसा सर्वात्मरूपपरमात्मादेव यादेहधारीजीवोंकूं यद्य
पि नित्यहीप्राप्तहै ॥ तथापि मायाकेबलतें याजीवोंकूं सोपरमात्मादेव अप्राप्तहुएकीन्यांई स्थितहै ॥ कैसाहैसोपरमात्मादेव ? सर्व
जगत्‌काअधिष्ठानरूपहै ॥ तथा तीनकालोंविषेसत्यरूपहै ॥ तथा नाशतैंरहितहै ॥ तथा स्वप्रकाशसुखरूपहुआभी दुःखरूप
देहादिकोंकेअध्यासतें अन्यथाहोइकैप्रतीतहोवैहै ॥ अब सर्वत्रआत्मदृष्टिविषे ताआत्मादेवकेप्राप्तिकी उपायरूपता बोधनकर
णेवासते याप्रपंचविषेभी सत्यरूपतासिद्धकरैहैं ॥ हेदेवतावो ! पूर्वहमनें तुमारेप्रति जोयहमायासहितसर्वप्रपंच कल्पितरूपक
रिकैवर्णनकन्याहै ॥ सोयहप्रपंचभी वंध्यापुत्रकीन्यांई अत्यंतअसत्‌रूपनहींहै ॥ काहेतें ? याप्रपंचकूं जोकदाचित् वंध्यापुत्रकीन्यां
ई अत्यंतअसत्‌मानिये तौ ताप्रपंचका सोअसत्तारूपधर्मभी किसप्रकारहोवैगा ? जिसवासते सोअसत्तारूपधर्मभी किसीधर्मिके
आश्रितहीरहेहै ॥ धर्मीतैंविना धर्मकीस्थितिसंभवैनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन् ! इसप्रकार जगत्‌की सत्यरूपताकेअंगीकारकियेहु
एभी वंध्यापुत्रनरशृंगादिकअसत्यपदार्थोंविषे साआत्मदृष्टिकरणी संभवैनहीं ॥ यातें सर्वत्रआत्मदृष्टिकरणी अत्यंतदुर्घटहै ॥

समाधान ॥ हेदेवतावो! असत्पदकाअर्थरूपकरिकैप्रसिद्धजेवस्तुहैं ॥ तिनोंविषेभी शास्त्रवेत्तापुरुषोंनें सत्रूपताही कथनकरी है ॥ जैसे अनश्व यापदविषेस्थितजो अन् यहपदहै ॥ सोअन्पद अश्वकेअभावकूंकथनकरैनहीं ॥ किंतु जोभावरूपवस्तु अश्वतैंभिन्नहोवैहै तथाताअश्वकेसदृशहोवैहै ॥ ताभावरूपवस्तुकूंही सोअनश्वपद कथनकरेहै ॥ तैसे नानाप्रकारकेकार्यकरणेविषेसमर्थजे प्रसिद्धसत्पदार्थहैं ॥ तिनसत्पदार्थोंतें कार्यकरणेविषेअसमर्थतारूपकरिकैविलक्षण जेसूक्ष्मपदार्थहैं ॥ तिनसूक्ष्मपदार्थोंकूंही वेदवेत्तापुरुष असत् यानामकरिकैकथनकरेहैं ॥ और आत्माकीसत्ताकूंअंगीकारकरिकै सत्यरूपतातौ तिनसत्असत्रूप सर्वपदार्थोंविषे समानहीहै ॥ यहवार्त्ता याआत्मपुराणकेप्रथमअध्यायविषे कथनकरिआयेहैं ॥ यातें आत्माकीसत्ताकूंअंगीकारकरिकै यासर्वजगत्कूंसत्रूपमानणेविषे किंचित्भीहानिहोवैनहीं ॥ हेदेवतावो! यहकार्यप्रपंचसहितमाया ताआनंदस्वरूपआत्माविषेकल्पितहै ॥ यातें यहकार्यप्रपंचसहितजडमाया वास्तवतें ताआत्मादेवकास्वरूपनहींहै ॥ काहेतें? यहकार्यप्रपंचसहितमाया आपणीसत्तातेंरहितहै ॥ किंतु जैसे कोईनिर्धनपुरुष दूसरेधनीपुरुषोंतें भूषणादिकपदार्थमागिकै आपणेगृहकीशोभाकरैहै ॥ तैसे यह कार्यप्रपंचसहितमायाभी अधिष्ठानआत्माकीसत्ताकूं अंगीकारकरिकै सत्रूपहुईप्रतीतहोवैहै ॥ शंका ॥ हेभगवन्! यहकार्यप्रपंचसहितमाया जोआत्माकावास्तवस्वरूपनहींहोवै तौ ताआत्मादेवका कौनवास्तवस्वरूपहै?॥ समाधान ॥ हेदेवतावो! सत्चित्आनंदस्वरूप तथासर्वकासाक्षीरूप तथास्वयंज्योतिरूप जोआत्मादेवकास्वरूप पूर्वहम कथनकरिआयेहैं ॥ सोईही ताआत्मादेवका वास्तवस्वरूपहै ॥ हेदेवतावो! सोआत्मादेवकास्वरूप सर्वदानित्यहै ॥ यातें आपणीसिद्धिविषे किसीदूसरेकीअपेक्षाकरैनहीं ॥ और तानित्यआत्मातेंभिन्न जितनायहसर्वजगत्है ॥ सोसर्वजगत् जडहोणेतें आपणीसिद्धिविषे परकीअपेक्षावालाहै ॥ याकारणतें यहसर्वजगत् अनित्यहै ॥ ऐसेअनित्यजगत्विषे नित्यरूपताकी संभावनाभी होवैनहीं ॥ यातें कौननित्यहै याप्रकारकाजो मंदबुद्धिपुरुषोंकाप्रश्नहै सो व्यर्थहीहै ॥ हेदेवतावो! ताचेतनआत्माकेबलतेंही याजडप्रपंचकीसिद्धिहोवैहै ॥ ताचेतनआ[illegible]वतें याजडप्रपंचकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ याकारणतें याजडप्रपंचविषे साअनित्यरूपता स्पष्टहीप्रतीतहोवैहै ॥ यातें

अथवा अनित्यहै याप्रकारकासंशय तुमोंनें कदाचित्‌भीनहींकरणा ॥ शंका ॥ हेभगवन्! यहसर्वजगत् कि
सप्रकार ताआत्माकरिकैंसिद्धहोवैहै? ॥ समाधान ॥ हेदेवतावो! जन्ममरणादिकसर्वविकारोंतेंरहित तथाअविद्यारूपमायातेंरहि
त जोबुद्धिकासाक्षीरूप आत्मादेवहै ॥ सोआत्मादेवही साक्षात् अथवा बुद्धिवृत्तिद्वारा सर्वजगत्‌काप्रकाशकरैहै ॥ तहां बाह्यपदा
र्थोंकूंतौ सोआत्मादेव चिदाभासयुक्तबुद्धिवृत्तिद्वारा प्रकाशकरैहै ॥ और अंतर अज्ञानादिकपदार्थोंकूंतौ सोआत्मादेव साक्षात्‌हीप्र
काशकरैहै ॥ तथा सोआत्मादेव सर्वसंगतैंरहितहै ॥ याकारणतें वेदवेत्तापुरुष याआत्मादेवकूं नित्य सिद्ध यानामकरिकैंकथनक
रैहैं ॥ हेदेवतावो! हमनें तुमारेप्रति जोयहआत्मादेव उपदेशकर्याहै ॥ सोआत्मादेव तुमोंनें निश्चयकर्याहै अथवा नहींकर्या
है? ॥ यहवार्त्ता हमारेप्रति तुम कथनकरो ॥ हेशिष्य! इसप्रकारकावचन जबी ताप्रजापतिनें तिनदेवतावोंकेप्रतिकह्या ॥ तबी
तेदेवता पूर्वउपदेशतें चिदाभासकूंआत्मारूपमानिकै ताप्रजापतिकेप्रति याप्रकारकावचन कहतेभये ॥ देवताउवाच ॥ हेभगव
न्! पूर्वउपदेशविषे आपनें हमारेप्रति लौकिकव्यवहारोंतेंरहित तथामनवाणीकाअविषय तथाबुद्धिउपाधिवाला तथाअल्पपरि
माणवाला ऐसा आत्मादेव कथनकर्याथा ॥ हेशिष्य! इसप्रकारके तिनदेवतावोंकेवचनकूंश्रवणकरिकै सोप्रजापति तिनदेवता
वोंकेभ्रांतिकीनिवृत्तिकरणेवासते ताचिदाभासविषे नहींसंभवहोणेहारेधर्मोंकरिकै ताआत्माकास्वरूप वर्णनकरताभया ॥ प्रजाप
तिरुवाच ॥ हेदेवतावो! पूर्वहमनें तुमारेप्रति अल्पपरिमाणवालेआत्माका उपदेशनहींकर्याथा ॥ किंतु यासर्वजगत्‌कासाक्षीरू
पकरिकै ताआत्माकाउपदेशकर्याथा ॥ कैसाहैसोसाक्षीआत्मादेव? नानाप्रकारकेविषयोंकरिकैकरीजाविशेषताहै ताविशेषतातैंर
हितहैस्वरूपजिसका ॥ तथा तुमारेतैंआदिलैकेजितनेप्रमाता हैं तिनप्रमातावोंकेसाथ अधिष्ठानतारूपकरिकै तादात्म्यसंबंधवा
लाहै ॥ तथा सुखदुःखादिकसर्वधर्मोंतेंरहितहै ॥ तथा अद्वितीयरूपहै ॥ तथा सर्वतैंउत्कृष्टहै ॥ तथा सर्वसंघातोंकापालकहै ॥ तथा ॥३६॥
सर्वज्ञहै ॥ तथा सर्वभेदतेंरहितहोणेतें अनंतहै ॥ तहां ताआत्मादेवविषे जासर्वज्ञताहै सासर्वज्ञता कादाचित्कज्ञानकरिकैनहीं है ॥ किं
तु तीनकालविषेवर्तमान स्वप्रकाशचैतन्यरूपकरिकैही सासर्वज्ञताहै ॥ हेदेवतावो! इत्यादिक आत्माकेवास्तवस्वरूपोंतें जोताआ

त्माविषे विपरीतरूपताप्रतीतहोवैहै ॥ ताकेविषे यामायाकाकल्पितसंबंधही कारणहै ॥ यातैं याब्रह्मरूपआत्माका जोपूर्वस्वरूप वर्णनकऱ्याहै ॥ सोस्वरूपही यथार्थहै ॥ हेदेवतावो ! जोआत्मादेव हमनैं तुमारेप्रति वर्णनकऱ्याहै ॥ तथा जोआत्मादेव हमनैं पूर्व तुमारेसैंपूछाथा ॥ ताआत्मादेवतैंभिन्न किंचित्मात्रभी पदार्थहैनहीं ॥ यातैं सोआत्मादेव तुमदेवतावोंका स्वरूपहीहै ॥ हेशिष्य ! इसप्रकार सोप्रजापति तिनदेवतावोंकेप्रति आत्माकाउपदेशकरिकै तिनदेवतावोंकेप्रति याप्रकारपूछताभया ॥ हेदेवतावो ! याहमारेउपदेशतैं तुमोंनैं सोस्वप्रकाशरूपअद्वितीयआत्मा देख्याहै अथवा नहींदेख्याहै ? हेशिष्य ! इसप्रकारके ताप्रजापतिकेवचनकूंश्रवणकरिकै तेदेवता द्वैतकेअनुभवतैं ताआत्माकीस्वप्रकाशताविषे असंभावनाकरतेहुए ताप्रजापतिकेप्रति याप्रकारकावचन कहतेभये ॥ देवताउवाच ॥ हेभगवन् ! ताआत्मादेवकीस्वप्रकाशताही किसप्रकारसंभवैहै ? हेशिष्य ! इसप्रकार तिनदेवतावोंकरिकैपूछाहुआ सोप्रजापति तिनदेवतावोंकेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ प्रजापतिरुवाच ॥ हेदेवतावो ! यामायाकेस्वरूपकूंप्रकाशकरणेहारा जोआत्मादेवहै ॥ ताआत्मादेवविषे यहमाया स्थितहोवैनहीं ॥ जोकदाचित् यहमाया ताआत्मादेवविषे स्थितहोवैगी तौ यहमाया ताआत्मादेवकरिकैप्रकाशितनहींहोवैगी ॥ जैसे चक्षुविषेस्थितअंजन ताचक्षुकरिकैप्रकाशितहोवैनहीं ॥ यातैं यामायाकेअभावहोणेतैं याआत्मादेवविषे तामायाकृतद्वैततौ संभवैनहीं ॥ और ताआत्मादेवतैंविना दूसराकोईप्रकाशकरणेहाराहैनहीं ॥ यातैं परिशेषतैं याआनंदस्वरूपआत्माविषेही स्वयंज्योतिरूपता सिद्धहोवैहै ॥ हेदेवतावो ! इसप्रकार ताआत्मादेवकीस्वप्रकाशताकेबोधनकरणेवासतेही श्रुतिविषे अद्वितीयरूपता कथनकरीहै ॥ ताअद्वितीयरूपताकेकथनकरिकैही याआत्मादेवविषे मायारहितत्व तथास्वयंप्रकाशत्व सिद्धहोवैहै ॥ हेदेवतावो ! जिसआत्मज्ञानदशाविषे यहद्वैतप्रपंच किंचित्मात्रभीनहींरहेहै ॥ तिसआत्मज्ञानदशाविषे तुमाराही सर्वभेदतैंरहितस्वयंज्योतिआनंदस्वरूप बाकीरहेहै ॥ हेशिष्य ! इसप्रकारजबी ताप्रजापतिनैं तिनदेवतावोंकेप्रति आत्माकीअद्वितीयस्वप्रकाशरूपता कथनकरी ॥ तबी तेदेवता आपणेमनविषे याप्रकार जोकदाचित् यहआत्मादेव अद्वितीयरूपहोवै तौ संगादिकदोषोंकरिकैदुष्ट जोयहकार्यप्रपंचसहितमाया

...तीमा ... ई अथवआत्माकेस्वप्रकाशस्वरूपविषेही प्रवेशहोवैगा ॥ तासंगवान्मायाकेप्रवेशतैं सोआत्मादेवभी संगवान्ह...
गा ॥ तासंगवान्कृत्स्मिाविषे स्वप्रकाशतासंभवैनहीं ॥ याप्रकारकाविचारकरिकै तेदेवता ताप्रजापतिकेप्रति पुनः याप्रकारकाप्रश्न
करतेभये ॥ देवताउवाच ॥ हेभगवन्! याजडप्रपंचकेतादात्म्यसंबंधरूपसंगकरिकैयुक्तहुआ तथाहमद्रष्टापुरुषोंकेदृश्यभावकूंप्राप्त
हुआ तथामायारूपउपाधिकेसंबंधतैं ईश्वरसंज्ञाकूंप्राप्तहुआ जोयहआत्मादेवहै ॥ ताआत्मादेवविषे असंगता तथास्वप्रकाशता
संभवैनहीं ॥ हेशिष्य! इसप्रकारकाप्रश्न जबी तिनदेवतावोंनैं ताप्रजापतिकेप्रतिकऱ्या ॥ तबी सोप्रजापति तिनदेवतावोंकेप्र
ति याप्रकारकाउत्तर कहताभया ॥ प्रजापतिरुवाच ॥ हेदेवतावो! तुमारेकूं जोआत्मा द्वैतसहितप्रतीतहोवैहै ॥ सोकेवल अवि
द्यारूपमायाकेप्रभावतैंही प्रतीतहोवैहै ॥ वास्तवतैं ताआत्मदेवविषे सोद्वैतहैनहीं ॥ ऐसेअद्वितीयआत्माविषे जोद्वैतकादर्शनहै ॥
यहही मूढताकाचिन्हहै ॥ हेदेवतावो! जोकदाचित् तुमारेस्वरूपविषे वास्तवतैं कोईभेदसंभवै तौ द्रष्टाआत्माके तथादृश्यप्रपं
चके तादात्म्यसंबंधतैं तास्वरूपविषे संग तथापरप्रकाशता संभवै ॥ परंतु तुमारेवास्तवस्वरूपविषे किंचित्मात्रभीभेदहैन
हीं ॥ किंतु तुमही सर्वद्वैतभावतैंरहित शुद्धआत्मास्वरूपहो ॥ तुमारेस्वरूपतैंभिन्न किंचित्मात्रभी यहद्वैतप्रपंचनहींहै॥ याका
रणतैं तुम स्वप्रकाशस्वरूपहो ॥ ऐसेतुमारेअद्वितीयआत्मस्वरूपविषे सोसंग तथापरप्रकाशता किसप्रकारहोवैगा? यातैं सो
तुमाराअसंगआत्मा स्वप्रकाशरूपहै ॥ हेशिष्य! इसप्रकारकावचन जबी ताप्रजापतिनैं तिनदेवतावोंकेप्रति कह्या ॥ तबी ते
देवता ताप्रजापतिकेप्रति याप्रकारकावचन कहतेभये ॥ देवताउवाच ॥ हेभगवन्! हमदेवता जैसे घटादिकबाह्यपदार्थोंकूं संवि
त्रूपज्ञानका विषयरूपकरिकैजानेहैं ॥ तैसे प्रपंचभावकूंप्राप्तहुएआपणेआत्माकूंभी हम तासंवित्रूपज्ञानका विषयरूपकरिकैजा
नतेहैं ॥ यातैं हमारेविषे जोआपनैं स्वप्रकाशरूपताकथनकरीहै सो संभवैनहीं ॥ हेभगवन्! यहसर्वजगत्हैशरीरजिसका ऐसाजो ॥३७॥
ईश्वरहै॥सोईश्वरभी हमारेतैंभिन्ननहींहै ॥ किंतु सोईश्वर हमाराहीस्वरूपहै ॥ याकारणतैं हम अद्वितीयस्वरूपहै ॥ और अद्विती
यरूपहोणेतैंही हम असंगरूपहैं ॥ ऐसेअद्वितीयअसंगरूपहुएभी हमदेवता सर्वप्रपंचरूपआपणेआत्माकूं तासंवित्रूपज्ञानका

